श्री यतिवृषभाचार्यविरचित

तिलोय-पण्णत्ती

(त्रिलोक-प्रज्ञप्ति)

भाग १

जीवराज जैन ग्रन्थमाला

प्रकाशक

जैन संस्कृति संरक्षक संघ,

शोलापुर

वि. सं. २०००

Jivaraja Jaina Granthamala No. 1.

General Editors :

Prof. **A. N. Upadhye** & Prof. **H. L. Jain.**

JADIVASAHA'S

TILOYA-PAṆṆATTĪ

(An Ancient Prakrit Text Dealing with Jaina Cosmography, Dogmatics etc.)

Authentically edited for the first time with Various Readings etc.

By

Prof. **A. N. Upadhye,** M. A., D. LITT.,
Rajaram College, Kolhapur.

Prof. **Hiralal Jain,** M. A., LL. B.,
King Edward College, Amraoti.

With the Hindi paraphrase of

Pt. Balchandra, Siddhantaśāstri.

PART I

Published by

Jaina Samskrti Samraksaka Samgha,

Sholapur.

1943

Price Rupees Twelve only.

Published by—

Jaina Saṁskṛti Saṁrakṣaka Saṁgha,

Sholapur.

Printed by—

T. M. Patil, *Manager,*

Saraswati Printing Press,

AMRAOTI (Berar)

श्री

जीवराज-जैन-ग्रन्थमालायाः प्रथमो ग्रन्थः

ग्रन्थमाला-संपादकौ

प्रो. आदिनाथ उपाध्यायः ★ प्रो. हीरालालो जैनः

श्री-यतिवृषभाचार्य-विरचिता

तिलोय-पण्णत्ती

(त्रिलोक-प्रज्ञप्तिः)

(जैन-लोकज्ञान-सिद्धान्तविषयकः प्राचीनः प्राकृतग्रंथः)

प्रामाणिकरीत्या प्रथमवारं पाठान्तरादिभिः

प्रो. आदिनाथ उपाध्याय,
एम्. ए., डी. लिट्,
राजाराम कालेज, कोल्हापुर.

प्रो. हीरालाल जैन,
एम्. ए., एल्एल्. बी.,
किंग एड्वर्ड कालेज, अमरावती.

इत्येताभ्याम्

पंडित-बालचन्द्र-सिद्धान्तशास्त्रि-

कृतहिन्दीभाषानुवादेन सह

संपादिता.

प्रथमो भागः

प्रकाशकः

शोलापुरीयो जैन-संस्कृति-संरक्षक-संघः

वि. सं. १९९९] वीर-निर्वाण-संवत् २४६९ [ई. स. १९४३

मूल्यं रूप्यकद्वादशकम्

प्रकाशक—

जैन संस्कृति संरक्षक संघ,

शोलापुर.

संघका उद्देश—

प्राचीन दिगंबर जैन ग्रंथ प्रकाशन, इतिहास संशोधन, ग्रंथ सूची निर्माण, पत्र प्रकाशन आदि।

प्रबंध समिति—

श्री १०५ क्षुल्लक समन्तभद्रजी,
(अध्यक्ष).

ब्र. जीवराज गौतमचंदजी, शोलापुर.

श्रीमान् गुलाबचंद हीराचंदजी दोशी,
शोलापुर.

प्रो. हीरालालजी जैन,
एम्. ए., एल्एल्. बी.,
अमरावती.

पं. सुमेरचन्द्रजी दिवाकर,
बी. ए., एल्एल्. बी., शिवनी.

पं. महेन्द्रकुमार न्यायाचार्य, काशी.

डॉ. आदिनाथ ने. उपाध्ये,
एम्. ए., डी. लिट्.,
कोल्हापुर (मंत्री).

मुद्रक—

टी. एम्. पाटील,

मैनेजर,

सरस्वती प्रिंटिंग प्रेस, अमरावती.

तिलोय-पण्णत्ती—

ब्रह्मचारी जीवराज गौतमचन्दजी दोशी, शोलापुर,
संस्थापक, जैन संस्कृति संरक्षक संघ, और जीवराज जैन ग्रन्थमाला.

हृद्गत

जिस संस्थाकी ओरसे इस ग्रंथका प्रकाशन हो रहा है उस जैन संस्कृति संरक्षक संघकी स्थापना एक पवित्र और महान् उद्देशको लेकर हुई है। इस ग्रंथरत्नका प्रकाशन उस महान् कार्यका अंशमात्र है जिसमें निमित्तरूपसे कारण होनेका सुयोग मुझे प्राप्त हुआ है। इसे मैं अपना सौभाग्य समझता हूं। ग्रंथका सुचारु रूपसे सम्पादन अनुवादादिकी जिम्मेदारी बड़ी भारी है। यह मालाका सौभाग्य है कि मालाके सम्पादन कार्यके लिये विद्वद्वर्य श्री. डा. आदिनाथ नेमिनाथ उपाध्याय तथा प्रो. हीरालालजी जैन जैसे सिद्धहस्त, अधिकार सम्पन्न, अनुभवी सम्पादक प्राप्त हुए। आज विद्वत्संसारके सम्मुख प्रस्तुत ग्रंथरत्न उत्तमत्तासे आ रहा है, इसका सारा श्रेय इन महाशयोंके अनुपम त्याग और वर्षोंके परिश्रमका है जिसके लिये सारा समाज उनका ऋणी और कृतज्ञ रहेगा। परमात्मासे मेरी प्रार्थना है कि डाक्टरसाहब तथा प्रोफेसरसाहब दोनोंको दीर्घायु, आरोग्य और सुखशान्तिका लाभ होते हुए उनके द्वारा जिनवाणीकी सच्ची सेवा व्यापक और अविच्छिन्न रूपसे होती रहे।

ब्र. जीवराज गौतमचन्द

विषय सूची

PREFACE

The Tiloyapaṇṇatti (Sk. Trilokaprajñapti) of Jadivasaha (Sk. Yativṛṣabha) is an ancient Jaina text, in Prākrit, mainly dealing with cosmography. Incidentally it contains a good deal of varied information about Jaina dogmatics, mythology and chronology. Indian cosmography, to which Jaina cosmography can not be an exception, is apparently a dry subject full of technical details, some of them not quite congenial with the outlook of modern knowledge, which have no urgent attraction for an Indologist. The number of scholars interested in this subject is very small; and as far as we know, Kirfel's monograph (Die Kosmographie der Inder, Bonn. U. Leipzig 1920, pp. 208-340) is the only authoritative treatise which presents Jaina cosmography in a systematic form. For a full understanding of the history of Jainism and Jaina literature, texts dealing with cosmography are as much important as any others. The Tilayopaṇṇatti (Tp), however, is a valuable work for various reasons. It is an ancient work belonging to the first stratum of the pro-canon of the Digambaras; the contents alternative views and the repeated remarks about the loss of tradition certainly indicate the antiquity of this text; its author Jadivasaha, who is more a compiler of hereditary knowledge and ancient tradition than a composer, is a revered author of antiquity; this work is quoted extensively in the Dhavalā etc, and many other later Jaina texts appear to be indebted to it; being an old work it deserves to be critically studied in comparison with other works of the Ardhamāgadhī canon; and lastly, its varied contents and Prākrit dialect are not without some interest for the student of Indian antiquity, relgion and language. A critical study of the various problems connected with this text and its author will be presented in the Introduction to the second part.

It is really unfortunate that an important text like the TP should have still remained in Mss. The various studies about a subject necessarily suffer a sort of deficiency, when the scholars have not got, to start with, at least authentic, if not critical, editions of the basic texts which are the *sine qua non* of all critical research. As a preliminary experiment only a small portion of this text was edited by me in the volumes of the Jaina Siddhānta Bhāskara, Arrah (and also separately issued); and now, thanks to the munificence of Br. Jivarajabhai, the editors are able to present the first part of TP, comprising 4 Mahādhikāras, with Hindī paraphrase, as the first volume of the Jīvarāja Jaina Granthamālā.

The Mss. on which our text is based and those which were casually consulted for verifying the readings are fully described in the Hindī Prastāvanā.

The path of the editors of TP has not been strewn with flowers but is covered with unblunted thorns; and their difficulties have been almost insurmountable

for various reasons: First, the subject-matter of TP is often obscure; it has no special attraction excepting for a specialist of dogged perseverence; and consequently the studies in this branch are just in their infancy. Secondly, TP belongs to a branch of literature which is poorly represented in the galaxy of Jaina works. Though Kirfel has given a consolidated and systematic exposition of Jaina cosmography, the individual texts like the Sūrapaṇṇatti Jambuddivapaṇṇatti and Candapaṇṇatti of the Ardhamāgadhi canon, Tiloyasāra of Nemicandra, Lokavibhāga of Simhasūri, Jambūdvīpaprajñapti of Padmanandi, Trailokyadipikā of Indravāmadeva, Trailokyaprajñapti of Subhacandra, etc, are not studied exhaustively for themselves and in comparison with others of the same contents. Thirdly, TP is being edited with Hindī rendering for the first time; the Ms. material is not quite satisfactory; and no help was available to the editors in the form of a Sanskrit commentary, a chāyā or marginal glosses etc. in the absence of which the humble editors had to struggle hard with this imperfect material even to restore a readable and reliable text. Lastly, the Prākrit language presents, in the absence of good Ms. material, manifold difficulties to a conscientious editor.

Quite aware as they are of the standards of Text-criticism, the editors do not claim that the text of TP, presented here, is critical in the strict sense of the term; but they are justified in saying that it is quite authentic within the limits of the material used by them. A critical text can be constituted only after all the available Mss. are collated, classified and evaluated. The two Mss., Da and Ba, being sufficiently independent, many of the scribal errors could be easily eliminated In orthography and such other details, a standardised appearance has been given to the text. The editors have been quite vigilant about the dialectal differences in Prākrit or Middle Indo-Āryan; and as a rule they have followed the readings of the Mss. without forcing them to agree with some or the other later grammatical standard. More than once uncertain words and forms have been verified in the light of the material presented in the Grammatik der Prākrit Sprachen by Pischel (Strassburg 1900, and also its Index published in the volumes of Indian Antiquary) and the Pāiasaddamahaṇṇavo of H. T. Seth (Calcutta Sam 1985). Dialectal traits are meticulously preserved when both the Mss. agreed, not minding whether later Pārkrit grammars approved of them or not. In short, the editors have shown maximum possible fidelity to the Mss., and faithful and intelligent record of the text tradition, as presented by the Mss., has been their guiding principle throughout. Almost as a preliminary experiment, a portion of the text was edited by one of the editors, (Tiloya-paṇṇatti by Yativṛsabha, part 1, ed. Dr. A. N. Upadhye, Jaina Siddhānta Bhavan, Arrah, 1941); and important editorial results were achieved by Prof. Hiralal who is working as the chief editor of the Dhavalā of which five volumes have been already issued. Both of them felt that the text is corrupt in many places in both the Mss., that such works could be published but once in their life time, and that they have to attend not only to the needs of linguists and text-critics but also to the wants of pious readers, who would handle this work mainly for its contents and whose

number is likely to be sufficiently large. These considerations led them to offer certain emendations which are not claimed to be any improvement on the text of the author, but they are essentially sincere attempts of the editors to reach the probable focus-centre, from which these corruptions might have arisen, after taking into account the possible orthographical confusions, metrical needs, exigencies of the context etc. The editors were wavering how and where to give these emendations There were two alternatives before them: The corrupt reading agreed upon by both the Mss. should be kept as it is in the body of the text as a sacred relic which had suffered a sacrilege at the hands of generations of copyists, and the editorial emendation should be given in the foot-notes in square brackets; or the emendation itself should be put in the text, and the so-called corrupt readings of Da and Ba should be given in the foot-notes. Strict method would have welcomed the first alternative, while the second one seemed to possess some practical advantages that majority of the readers, who are after the contents, would like to have a meaningful text which has been followed in preparing the Hindī paraphrase as well. The text-critic may be requested to keep his eye more on the foot-notes to get the actual reading. In a few cases some emendations of remote probability are put in the foot-notes. These emendations are modest proposals; there is full scope for better suggestions; but let us remember that they are all tentative till they are confirmed by the readings of some genuine Mss. The text-critic who has any experience of editing such texts would, we hope, certainly approach our performance with sympathy for the arduous task of the editors of an *editio princeps* and offer his constructive criticism which the editors would gladly welcome and feel thankful for the same.

In giving the Hindi rendering the editors have a twofold aim in view. First, most of the readers, especially from the Jaina community, who look upon the contents of this work with some religious sanctity, would welcome a translation in Hindī more than in any other provincial languages like Bengali, Gujarati, Kannada, Marathi or Tamil. Secondly, of all the modern Indo-Āryan languages Hindī has decidedly superior claims to play the role of the National language of India, and more we enrich it with such translations better would be its prosperity in future. The Hindi translation is a literal paraphrase of the original text; and space prohibited the editors from entering into explanatory digressions.

It is a matter of pleasure to remember with gratitude various friends who have been associated with this work in one way or the other. It was very kind of Pt. K P. Jania, Aliganj, Pt. K. Bhujabali Shastri, Arrah, and Sri Pannalalji, Delhi, who helped me with Ms. material It pains me to note that Sheth Raoji Sakharam Doshi, who lent us the Sholapur Ms, did not live to see this edition published. For their ungrudging co-operation, thanks are due to Pts. Balacandra and Jambukumara whose share in the preparation of this edition has been duly indicated in the Hindi Prākkathana.

I wonder how I would have been able to finish this work without the valuable co-operation of Prof Hiralalaji. Despite heavy work on hand, he kindly

accepted my request to edit this text jointly with me: and his close acquaintance with the contents of Dhavalā came to our rescue in understanding many a difficult passage. Brother Hiralalaji has such a genial temperament that it is a pleasure to work in collaboration with him. Pt. Premiji has been a source of inspiration to both of us; and his kind advice, now and then, has been of great advantage to us.

It is Br. Jivarajaji's silent devotion for Jinavāni and his consequent munificence in the cause of Jaina Literature that enabled the editors to publish their work in the present form. They record their sense of gratitude to Brahmachariji and heartily thank the members of the Prabandha Samiti of the Sangha. It is due to the scarcity of paper that the second part may be delayed for some time. The editors, however, assure the readers that the major portion of the remaining part is ready for the press, and they are eager to finish the work at an early date.

Rajaram College, Kolhapur.
5th March 1943.

A. N. Upadhye.

प्राक्कथन

आजसे छह सात वर्ष पूर्व सन् १९३६ में जब आरा जैन सिद्धान्तभवनसे 'जैन सिद्धान्त-भास्कर' नामक त्रैमासिकके पुनः प्रकाशनका निश्चय किया गया, तब पं. भुजबलिजी शास्त्रीने मुझे तथा मेरे प्रिय मित्र आदिनाथ उपाध्यायको भी उसके सम्पादकोंमें सम्मिलित करना आवश्यक समझा। उपाध्यायजीने उसी समय यह प्रस्ताव किया कि 'तिलोयपण्णत्ती' ग्रंथका मूल पाठ उक्त त्रैमासिकमें क्रमशः निकाला जाय। इसे हम सबने स्वीकार कर लिया और तभीसे उपाध्यायजी द्वारा सम्पादित 'तिलोयपण्णत्ती' का मूल पाठ एक फार्मके प्रमाणसे 'भास्कर' के प्रत्येक अंकमें निकलने लगा।

सन् १९३८ में हमने षट्खंडागमका सम्पादन-प्रकाशन प्रारम्भ किया। उस समय ज्ञात हुआ कि षट्खंडागमकी धवला टीकामें उसके लेखक वीरसेनाचार्यने 'तिलोयपण्णत्ती' के पाठ व विषयका अनेक स्थानोंपर उपयोग किया है। उन स्थलोंपर तुलनात्मक टिप्पण आदिके लिये जब भास्करमें प्रकाशित पाठको सूक्ष्मतासे देखा तब अनुभव हुआ कि इस महत्त्वपूर्ण प्राचीन ग्रंथका एक अच्छा संस्करण शीघ्र प्रकाशित किये जानेकी आवश्यकता है। इस विषयपर कुछ विचार-विनिमय उस समय हुआ जब उपाध्यायजी धवलाके प्रथम भागकी तैयारीके समय उस ग्रंथके संशोधनसम्बंधी नियम निश्चित करनेमें हमारी सहायताके लिये अमरावती आये और कोई १०-१२ दिन हमारे साथ रहे। इसके पश्चात् मेरी इच्छा 'तिलोयपण्णत्ती' को सुसम्पादित होकर ग्रंथरूपमें पानेके लिये उत्तरोत्तर बढ़ती गई और मैंने उपाध्यायजीसे अपनी इच्छाकी पूर्तिके लिये प्रेरणा की। हमने प्रथम तो यह उचित समझा कि यदि जैन सिद्धान्तभवन आरासे ही ग्रंथ पुस्तकाकार शीघ्र निकाला जा सके तो अच्छा होगा। किन्तु उसकी शक्यता न जानकर उनकी ही अनुमतिसे दूसरा प्रबंध सोचा। मेरे पास कारंजा सीरीजकी पुस्तकोंकी बिक्रीसे एकत्र हुआ कुछ द्रव्य था। अतएव पं. नाथूरामजी प्रेमीके परामर्शसे हमने उसी सीरीजमें इस ग्रंथको निकालनेका विचार कर लिया और उपाध्यायजीको तदनुसार सूचना दे दी। उपाध्यायजी भी तत्परतासे कार्यमें जुट गये। उन्होंने ग्रंथकी और भी हस्तलिखित प्रतियोंका संग्रह किया और सम्पादित पाठ पाठान्तरसम्बन्धी टिप्पणियों सहित हमारे पास भेजने लगे। उस समय धवलाके संशोधन कार्यमें सहायक मेरे पास पं. हीरालालजी और पं. फूलचन्दजी ये दो शास्त्री थे। किन्तु तिलोयपण्णत्तिके प्रकाशनकार्यको भी व्यवस्थित रूपसे गतिशील बनानेके लिये एक अलग सहायक की आवश्यकता प्रतीत हुई। अतएव सन् १९४० के अक्टूबर मासमें पंडित

बालचन्द्रजी सि. शास्त्रीकी इस हेतु नियुक्ति करली। इसी बीच यह भी निश्चय किया गया कि ग्रंथके सुसंशोधन तथा व्यापक उपयोगकी दृष्टिसे एक मूलानुगामी हिन्दी अनुवाद जोड़ना भी वाञ्छनीय है। यह कार्य पं. बालचन्द्रजीके सुपुर्द किया गया।

इस समय जब ग्रंथकी प्रेसकापी व शोलापुरकी हस्तलिखित पूरी प्रति हमारे सन्मुख आई, तथा अनुवाद जोड़नेका भी निश्चय हुआ, तब कार्यकी विशालताको देखकर मुझे प्रतीत हुआ कि जिस थोड़ेसे फंडके भरोसे मैंने यह कार्य प्रारंभ किया है वह इसके लिये सर्वथा अपर्याप्त है। अत एव मैंने यह विचार किया कि चूंकि यह ग्रंथ धवला टीकासे बहुत संबंध रखता है और उसके संशोधनमें सहायक है, अत एव उसी फंडमेंसे इसका प्रकाशन करा दिया जाय। तदनुसार मैंने यह प्रस्ताव 'जैन साहित्योद्धारक फंड' के ट्रस्टबोर्ड के सन्मुख रक्खा। बोर्डने मेरा प्रस्ताव स्वीकार तो कर लिया, पर कुछ सदस्योंने इस बातकी चिन्ता भी प्रकट की कि इससे फंडकी शक्ति विभाजित होकर आगे धवलसिद्धान्तके प्रकाशनमें ही कठिनाई न उपस्थित होने लगे? मेरी इस द्विविधाके समयपर ही गजपंथाकी बैठकके लिये ब्रह्मचारी जीवराजजीका निमंत्रण प्राप्त हुआ। और उस बैठकमें इस ग्रंथको 'जीवराज जैन ग्रंथमाला' में प्रकाशित करानेका निश्चय हो गया। इस प्रकार मेरी वह चिन्ता शान्त हो गई। यहींपर डा. उपाध्यायजीने इस बातपर जोर दिया कि ग्रंथके मुद्रणका प्रबंध अमरावतीमें ही किया जाय, और उस संबंधकी तथा हिन्दी अनुवाद रखनेकी आवश्यकताओंका विचार कर उन्होंने मुझसे प्रेरणा की कि तिलोयपण्णत्तीके सम्पादनमें मैं भी उनका साथी बनूं। मैंने इस बातसे बहुत जी चुराया, पर उनकी प्रेरणासे अन्तमें मुझे उनकी बात स्वीकार करना पड़ी।

डा. उपाध्यायजी कृत पाठरचना, सच्चे सावधान संशोधकके अनुकूल, पूर्णतः प्रतियोंके पाठोंके ही आधारसे हुई थी। जहां उन्हें पाठमें अशुद्धि प्रतीत हुई वहां एक मात्रा या वर्णके परिवर्तनसे कल्पित पाठ भी उन्होंने टिप्पणीमें देना उचित समझा था। पर जब पं. बालचन्द्रजी और मैं पाठ व अनुवादके मिलान एवं संशोधनके लिये बैठे तब ज्ञात हुआ कि अनेक दृष्टियोंसे (जिनका खुलासा प्रस्तावनामें किया गया है) यह क्रम ठीक न होगा, किन्तु वही पाठ मूलमें रखना ठीक होगा जो हमें संभव लिपि-दोषका विचार करके शुद्ध और अनुवादके अनुकूल जंचता है। हां, ऐसे स्थलोंपर प्रतियोंके पाठ टिप्पणमें अवश्य सावधानीसे रख दिये जाँय। इसके गुण-दोषोंपर विचार कर अन्ततः डा. उपाध्यायजी भी इससे सहमत हो गये। इसप्रकार हस्तलिखित प्रतियोंके आधारको छोड़कर जो कल्पित पाठ स्वीकार किये गये हैं वे रखे तो हम तीनोंकी सम्मतिसे गये हैं, तथापि उनका विशेष उत्तरदायित्व पं. बालचन्द्रजी शास्त्री और मुझपर ही है, क्योंकि वे कल्पनाएँ प्रायः अनुवादके समय या उसका मूलसे मिलान करते समय हम दोनोंके बीच उत्पन्न हुई हैं।

मूल पाठकी पूरी प्रेसकापी हमारे पास डा. उपाध्यायजीने ही तैयार करके भेजी थी। उन्होंने कापी करने और प्रतियोंके मिलानमें सहायताके लिये कुछ माह तक परिमित समयानुसार पंडित जम्बूकुमारजी को भी अपने पास नियुक्त किया था। उस प्रेसकापीका पंडित बालचन्द्रजी द्वारा किया हुआ अनुवाद डा. उपाध्यायके पास भेजा जाता था। प्रेसमें देनेसे पूर्व मूल और अनुवादको पंडित बालचन्द्रजीके साथ शोलापुरवाली हस्तलिखित प्रति तथा त्रिलोकसार, हरिवंशपुराण आदि सहायक ग्रंथोंको सन्मुख रखकर मैं सूक्ष्मतासे देखता था और उसी समय वे सब परिवर्तित पाठान्तर रखे जाते थे जिनका ऊपर जिक्र कर आये हैं। इसके प्राथमिक प्रूफ पं. बालचन्द्रजी देखते थे और फिर मेरे तथा डा. उपाध्यायके संशोधनके पश्चात् मुद्रित किये जाते थे। प्रारंभमें पं. बालचन्द्रजीको इसके अनुवादमें पं. फूलचन्द्रजी शास्त्रीसे विशेष सहायता मिली थी। पं. हीरालालजी शास्त्रीसे भी प्रूफ संशोधन तथा अनेक स्थलोंपर पाठसम्बंधी कल्पनाओंमें सहायता मिली है। इस सब साहाय्यके लिये सम्पादक उनके ऋणी हैं। प्रस्तावनामें बतलाई गईं कठिनाइयोंके कारण यह सम्पादनकार्य बड़ा क्लेशदायी हुआ है, तथापि ग्रंथमालाके संस्थापक, अनुवादक और सम्पादकोंके बीच जो निरन्तर सौजन्य एवं सौहार्दका व्यवहार बना रहा है और प्रेसके मैनेजर मि. टी. एम. पाटीलकी जो साहाय्यपूर्ण प्रवृत्ति रही है उससे यह भार कभी असहनीय नहीं प्रतीत हुआ, प्रत्युत चित्तमें सदैव एक उल्लास बना रहा है। वर्तमानमें कागजकी दुर्लभताके कारण सम्भव है कि ग्रंथके द्वितीय भागकी छपाई तत्काल प्रारम्भ न की जा सके, पर यदि शेष सब बातें पूर्ववत् अनुकूल बनी रहीं तो आशा है पाठकोंको ग्रंथके उत्तरार्धके लिये बहुत दीर्घकाल तक नहीं तरसना पड़ेगा।

किंग एडवर्ड, कालेज,
अमरावती,
१-१-४३.

हीरालाल जैन

जीवराज जैन ग्रन्थमालाका परिचय

शोलापुरनिवासी ब्रह्मचारी जीवराज गौतमचन्दजी दोशी कई वर्षोंसे संसारसे उदासीन होकर धर्मकार्यमें अपनी वृत्ति लगा रहे हैं। सन् १९४० में उनकी यह प्रबल इच्छा हो उठी कि अपनी न्यायोपार्जित सम्पत्तिका उपयोग विशेष रूपसे धर्म और समाजकी उन्नतिके कार्यमें करें। तदनुसार उन्होंने समस्त देशका परिभ्रमण कर जैन विद्वानोंसे साक्षात् व लिखित सम्मतियां इस बातकी संग्रह कीं कि कौनसे कार्यमें सम्पत्तिका उपयोग किया जाय। स्फुट मत संचय कर लेनेके पश्चात् सन् १९४१ की गर्मियोंमें ब्रह्मचारीजीने तीर्थक्षेत्र गजपंथा (नासिक) के शीतल वातावरणमें विद्वानोंकी समाज एकत्रित की और ऊहापोहपूर्वक निर्णयके लिये उक्त विषय प्रस्तुत किया। विद्वत्सम्मेलनके फलस्वरूप ब्रह्मचारीजीने जैन संस्कृति और साहित्यके समस्त अंगोंके संरक्षण, उद्धार और प्रचारके हेतु 'जैन संस्कृति संरक्षण संघ' की स्थापना की और उसके लिये ३०,०००), तीस हजारके दानकी घोषणा कर दी। इसी संघके अन्तर्गत **'जीवराज जैन ग्रन्थमाला'** के संचालनका निश्चय किया गया और इस ग्रंथमालाका कार्य तत्क्षण प्रारम्भ भी हो गया। प्रस्तुत ग्रंथ इसी मालाका प्रथम पुष्प है।

ब्रह्मचारी जीवराज गौतमचन्दजी दोशी की जीवनी

जीवराज भाई का शुभ जन्म शोलापुरके दोशी कुटुम्बमें हुआ है। यह कुटुम्ब वही है जिसकी गत दो पीढ़ियोंमें उत्पन्न हुए अनेक सुप्रसिद्ध परोपकारी, समाजहितैषी और धर्मिष्ठ पुरुषोंकी सेवासे जैन समाज अच्छी तरह परिचित है। सिद्धान्त ग्रंथोंके संरक्षण व उद्धार के कार्यमें श्रीयुक्त हीराचन्द नेमीचंदजी दोशीने बड़ी अपूर्व सेवा की थी। ये जीवराज भाईके सगे काका थे। हाल ही में स्वर्गवासी हुए श्रीयुक्त रावजी सखारामजी दोशीके नामसे कौन जैनी परिचित न होगा। वे जीवराज भाईके सगे चचेरे भाई थे। यह कौटुम्बिक संबंध निम्न वंशवृक्षसे सुस्पष्ट हो जाता है—

इस कुटुम्ब का प्राचीन निवासस्थान फलटण, जिला सतारा, था। नेमीचन्द निहालचंदजी व्यापारनिमित्त फलटण छोड़कर शोलापुरमें आकर रहे। उनके ज्येष्ठपुत्र ज्योतिचन्द्रजी बड़े व्यापारकुशल, शान्तस्वभाव और गम्भीरप्रकृति थे तथा सार्वजनिक और धार्मिक कार्योंमें उत्साहसे भाग लेते रहे। इनके कोई सन्तान नहीं हुई। अपने भतीजे जीवराज भाई पर ही इनका पुत्रवत् प्रेम रहा। संवत् १९६१ में मैंदरगी ग्राममें इनका देहान्त हो गया।

नेमीचन्दजीके द्वितीय सुपुत्र गौतमचंदजी हमारे कथानायक जीवराज भाईके पिता थे। इनकी बुद्धि बड़ी प्रखर और स्वभाव कुछ तेज था। संस्कृत साहित्यमें आपकी विशेष रुचि थी और कविता भी किया करते थे। किन्तु संग्रहणी रोगसे ग्रस्त हो जानेके कारण उनकी प्रकृति अच्छी नहीं रहती थी। अन्ततः उनका मस्तिष्क भी विचलित हो गया और संवत् १९४६ के मार्गशीर्ष मासमें अपनी ५० वर्षकी अवस्थामें वे स्वर्गवासी हो गये।

गौतमचन्दजीके सन्तानें तो ९-१० हुईं किन्तु उनके जीवनकालमें केवल जीवराजभाई और उनकी ज्येष्ठ बहिन चतुरबाई ही जीवित रहे। शेष सब पुत्र-पुत्रियां अत्यल्प आयुमें ही कालके गालमें समा गये। जीवराजभाईका जन्म फाल्गुन शुक्ल ११, संवत् १९३६ (शक १८०१, व ई. स. १८८०) को हुआ था। केवल दश वर्षके बाल्यकालमें ही उनका पितृ-

वियोग हो गया। इसके लगभग दो ही वर्ष पश्चात् उनकी बड़ी बहिन चतुरबाईका देहान्त हुआ, और उसके दो तीन वर्ष पश्चात् संवत् १९५१ में उनकी मातृश्री भी स्वर्गवासिनी हुईं। इस प्रकार केवल पन्द्रह वर्षकी कोमल अवस्थामें ही पिताके स्नेह, माताके दुलार और ज्येष्ठ भगिनीके लाड़प्यारसे वंचित होकर जीवराजभाई संसारमें अकेले रह गये। पर इनके पिताजीके अस्थिर स्वास्थ्यको देखते हुए अन्य कुटुम्बियोंने उनके जीवनकालमें ही जीवराजभाईका विवाहसंबंध पक्का कर दिया था। यह विवाह संवत् १९४९ में माघ शुक्ल ५ को मातृश्रीके समक्ष जीवराजभाईकी तेरह वर्षकी अवस्थामें ही सम्पन्न हो गया। इस बंधनसे उस वियोग कालमें एक नया सहारा मिल गया। तीन वर्षके वैवाहिक जीवनके पश्चात् संवत् १९५२ में जीवराजजी को कन्यारत्नकी प्राप्ति हुई और इस प्रकार सोलह वर्षकी अवस्थामें वे पिता कहलाने लगे।

संवत् १९५३-५४ में प्रथम प्लेग पड़ा जिसके कारण जीवराज भाई सकुटुम्ब अपने मामाके यहां परंडा और फिर वहांसे मामाके साथ कुंथलगिरि क्षेत्रको गये। इस प्लेगकालमें अनेक कष्ट सहना पड़े किन्तु कुंथलगिरिमें चार पांच मास रहनेसे उन्हें उस क्षेत्रकी सुव्यवस्थाका अवसर मिला और वर्षपट्टी आदि लगाकर उस क्षेत्रके वार्षिक खर्चका सुप्रबंध कर दिया गया। प्लेग शान्त होनेपर शोलापुर लौट आये, पर दो तीन माह पश्चात् ही पुनः प्लेगका प्रकोप बढ़ा। पर इस बार कहीं अन्य ग्राम न जाकर नगरके बाहर पुराने मिलके समीप रहे। पर यहां प्लेगके आक्रमणसे पूरी रक्षा न हो सकी। आपके चचेरे भाई माणिकचंद हीराचंदजीकी धर्मपत्नी तथा दूसरे चचेरे भाई जीवराज हीराचंदजीका यहां स्वर्गवास हो गया। ऐसा भय होने लगा कि क्या कुटुम्बका कोई व्यक्ति नहीं बचेगा? इसी भयके कारण जीवराज हीराचंदजीको उनकी बीमारीमें पृथक् रखनेकी व्यवस्था की गई। पर काकाजी व कुटुम्बके अन्य सब व्यक्तियोंके मना करने-पर भी जीवराज भाईने अपने चचेरे भाईकी उनके अन्त समय तक शुश्रूषा करना नहीं छोड़ी। संकटकालमें आत्मीय जनको परायेकी भांति पृथक् कर देना उन्हें किसी प्रकार भी उचित और न्यायसंगत नहीं जान पड़ा। इन दो वियोगोंके पश्चात् वे स्थानपरिवर्तनके लिये कुर्डुवाड़ी गये। पर वहां भी प्लेगने पीछा नहीं छोड़ा। वहां माणिकचंद हीराचंद और सखारामजीकी धर्मपत्नी उमाबाईका देहान्त हुआ।

पिताजीकी मृत्युके पश्चात् बाल्यावस्थाके कारण जीवराज भाईको अपनी आर्थिक परिस्थितिका यथार्थ ज्ञान नहीं था। आपके पिता गौतमचंदजी पन्नालाल लाहोटी नामक एक मारवाड़ीके साझेमें 'गौतमचंद नेमीचंद' के नामसे सूतका व्यापार करते थे। पिताजी व पन्नालालकी मृत्युके पश्चात् भी कुछ समय तक यह दूकान चलती रही, परन्तु घाटा अधिक रहा। अन्तमें पन्नालालके भतीजे रामप्रतापके साथ आपसमें निपटारा कर लगभग सवा बारह हजार रुपये लेकर उस दूकानसे संबंध हटा लिया। पश्चात् बांडसाड़ियोंका स्वतंत्र धन्धा किया।

कुछ काल पश्चात् अपने मामा माणिकचंद रामचंदके भतीजे हीराचन्द परमचन्दके साथ कपड़े की दूकान खोली। साझेमें दूकान खोलते समय व्यक्तिगत धन्धा न करनेका दोनोंने निश्चित वायदा किया। इस दुकानमें लगभग सात वर्षमें पचास हजारका मुनाफा हुआ। धन्धेकी इस सफलताके पश्चात् ही जीवराज भाईको विश्वास हो सका कि वे अपने पूर्वजोंकी कीर्तिके अनुसार सम्मानपूर्वक रह सकते हैं। संवत् १९५४-५५ में पड़े हुए धार्मिक संस्कारोंके कारण आपको अन्याय व अनीतिसे जीवन व्यतीत करना बहुत ही घृणित प्रतीत होता था। आपने अपना अन्तिम ध्येय शान्ति और सन्तोष निश्चय कर लिया था। एक बार आपने कोइमतूरसे जरीके रुमालोंकी एक पेटी मंगाई। पेटीमें आर्डरसे एक रूमाल अधिक निकला जिसकी कीमत कोई ५) ७) रुपये होगी। इसकी सूचना कोइमतूरवालोंको देना चाहिये थी, पर नहीं दी गई। अपने व्यावसायिक जीवन भरमें केवल यही एक अनिष्ट घटना जीवराज भाई को अब भी याद आती है जिसका उन्हें भारी पश्चात्ताप और दुःख है। इसी पश्चात्तापसे पता चलता है कि वे धन्धेमें कहां तक निष्कपट और निष्पाप रहनेका प्रयत्न करते रहे। निष्पाप और सुरक्षित धन्धा समझकर आपने संवत् १९६४ में सोने-चांदीकी दुकान भी की। उसी समय यूरोपीय युद्धके कारण खूब तेजी हुई और लाभ भी खूब हुआ। पर पश्चात् भाव बहुत गिर जानेसे बहुत हानि उठाकर वह दूकान बंद की। संवत् १९६७ में ही आपने दृढ़ निश्चय कर लिया था कि व्यवसायमें लेशमात्र भी अन्याय वे भविष्यमें अपने हाथों कभी न होने देंगे और निम्न श्लोक मोटे अक्षरोंमें लिखकर आपने अपनी बैठकमें लगा लिया—

अकृत्वा परसंतापं अगत्वा खलनम्रताम्।
अनुत्सृज्य सतां वर्त्म यत्स्वल्पमपि तद् बहु ॥

सं. १९७२ में आपको अनुभव हुआ कि अपनी सांसारिक आवश्यकताओंकी पूर्तिके योग्य पर्याप्त न्यायोपार्जित धन संग्रह हो गया है। अत एव धीरे धीरे आपने साझेके धन्धसे हाथ खींचना प्रारंभ कर दिया और संतोपका अपूर्व आनन्द अनुभव करने लगे। दश ग्यारह हजार रुपयाकी लागतसे आपने एक इमारत बनवा ली और उसका नाम 'संतोष भुवन' रक्खा। कुंथलगिरि क्षेत्रकी इक्कीस हजारकी रकम थी उसकी और अपने मातृपक्षीय परंडकर कुलकी 'दानशूर' कीर्तिकी आपने बड़ी कठिनाई और सावधनीसे रक्षा की। इधर कई वर्षसे तो आपने धंधा-पाता सब बन्द कर दिया है और ब्रह्मचर्य व्रत लेकर शान्तिसे धार्मिककार्योंमें आप काल-यापन करते हैं। यद्यपि अल्प अवस्थामें ही मातृ-पितृविहीन होकर गृहस्थभारसे आहत हो जानेके कारण आपका शिक्षण विशेष नहीं हो पाया—केवल मराठीकी पांच कक्षा और अंग्रेजीकी तीन

कक्षाओं तकका ही अध्ययन हो पाया– तथापि आपने अपनी लगनसे धीरे धीरे अंग्रेजी और संस्कृतमें अच्छी योग्यता प्राप्त कर ली। कितने ही समय तक आपने ' जैनबोधक ' का सम्पादन भी किया। अब आप तन मन और धनसे जैन धर्म, समाज और साहित्यसेवामें पूर्णतः तल्लीन हुए हैं जिसके फलस्वरूप आपने ' जैन संस्कृति संरक्षक संघ ' स्थापित किया है और उसके अन्तर्गत ' जीवराज जैन ग्रंथमाला ' का सुसंघटन किया है इसके फलस्वरूप यह प्रथम पुष्प आज विद्वत्संसारके संमुख आ रहा है।

प्रस्तावना

१ ग्रन्थपरिचय व सम्पादनका उपक्रम

जदिवसह (सं. यतिवृषभ) कृत तिलोयपण्णत्ति (सं. त्रिलोकप्रज्ञप्ति) प्राकृतमें करणानुयोगका एक प्राचीन ग्रन्थ है। इस ग्रन्थमें प्रसंगवश जैनसिद्धान्त, पुराण व इतिहाससम्बन्धी भी बहुतसी वार्ता पायी जाती है। भारतवर्षका प्राचीन जगद्विवरण तथा जैनियोंका लोकसम्बन्धी निरूपण बड़ा शुष्कप्राय विषय है। वह ऐसी पारिभाषिक वारीकियोंसे भरा है जो आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोणके अनुकूल भी नहीं हैं, तथा जिनके लिये भारतीय विद्याविशारदोंको कोई विशेष आकर्षण नहीं है। इस विषयमें रुचि रखनेवाले विद्वानोंकी संख्या अत्यन्त अल्प है, और जहां तक हमें ज्ञात है केवल किरफेलरचित कॉस्मोग्रैफी डेअर इन्डेअर (बान, लीपजिग, १९२०, पृ. २०८-३४०) ही एक ऐसा प्रामाणिक ग्रन्थ है जिसमें जैनलोकविवरणका व्यवस्थितरूपसे प्रतिपादन किया गया है। जैन धर्म और जैन साहित्यके इतिहासका पूरा ज्ञान प्राप्त करनेके लिये लोकविवरणसम्बन्धी ग्रन्थ उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने कोई भी अन्य ग्रन्थ हो सकते हैं। त्रिलोकप्रज्ञप्ति अनेक कारणोंसे महत्वपूर्ण ग्रन्थ है। वह दिगम्बर साहित्यके प्राचीनतम श्रुतांगसे सम्बन्ध रखता है। इसमें जो विषयविवरण हैं, मतान्तर दिये गये हैं, तथा उपदेशके व्युच्छिन्न हो जानेका बार बार उल्लेख किया गया है, उनसे यह ग्रन्थ निश्चयतः प्राचीन प्रतीत होता है। इसके कर्ता यतिवृषभने इस ग्रन्थमें परम्परागत प्राचीन ज्ञानका संग्रह किया है, न कि किसी नवीन विषयका। वे प्राचीन सम्माननीय ग्रन्थकार हैं। धवलामें इस ग्रन्थके विस्तृत उद्धरण पाये जाते हैं और पीछेके अनेक जैन ग्रन्थ इसके आधारसे बने प्रतीत होते हैं। इसकी प्राचीनताके कारण यह अर्धमागधी श्रुतांग ग्रन्थोंके साथ तुलनात्मक दृष्टिसे अध्ययन करने योग्य है, और अन्ततः भारतीय पुरातत्व, धर्म एवं भाषाके अध्येताओंके लिये इस ग्रन्थके विविध विषय और उसकी प्राकृत भाषा रोचकतासे रहित नहीं है।

यह सचमुच दुर्भाग्यकी बात है कि ऐसा महत्वपूर्ण ग्रन्थ अभी तक अप्रकाशित पड़ा रहा। जब तक विद्वानोंको किसी विषयकी खोज प्रारम्भ करते समय तत्सम्बन्धी मौलिक ग्रन्थोंके, यदि पूर्णतया समालोचनात्मक दृष्टिसे संपादित नहीं तो कमसे कम प्रामाणिकतासे सम्पादित, संस्करण लब्ध न हों तब तक उस विषयसम्बन्धी नाना प्रकारके अध्ययनोंमें एक त्रुटि बनी रहती है। प्रारंभिक प्रयोगकी दृष्टिसे प्रस्तुत ग्रन्थका कुछ थोड़ासा भाग वर्तमान सम्पादकोंमेंसे एकने आरासे प्रकाशित होनेवाले जैनसिद्धान्तभास्कर नामक त्रैमासिक पत्रमें सम्पादित किया था जो अलगसे भी प्रकाशित किया जा चुका है। ब्रह्मचारी जीवराज भाईकी दानशीलताको धन्य है कि जिसके द्वारा सम्पादक त्रिलोकप्रज्ञप्तिके प्रथम चार महाधिकारोंको मूलानुगामी हिन्दी अनुवादके साथ जीवराज जैन ग्रन्थमालाके प्रथम ग्रन्थके रूपमें प्रस्तुत करनेमें सफल हुए।

२ हस्तलिखित प्रतियोंका परिचय

तिलोयपण्णत्तिका प्रस्तुत संस्करण निम्न उल्लिखित प्रतियोंके आधारसे तयार किया गया है–

द–यह प्रति देहलीसे श्रीमान् पन्नालालजी अग्रवालने भेजनेकी कृपा की। इस प्रतिके मुख पृष्ठपर " दि. जै. सरस्वती भंडार धर्मपुरा दिल्ली लाला हरसुखराय शुगनचंदजी नंबर ८ (क) श्री नया मंदिरजी" ऐसा अंकित है। इसकी चौड़ाई लगभग ५½ इंच और लंबाई लगभग १२ इंच है। यह पुराने कागजपर देवनागरी लिपिमें लिखी गई है। इस प्रतिकी पृष्ठसंख्याके क्रममें ११, १३, और १४, ये पृष्ठांक छूट गये हैं। किन्तु यह केवल लिपिकारके प्रमादका फल है, क्योंकि यहां गाथाओंकी संख्या बराबर लगातार मिलती है। इसमें २०४ पत्र हैं। प्रत्येक पृष्ठपर १४ पंक्तियां और प्रत्येक पंक्तिमें लगभग ६० अक्षर हैं। प्रत्येक पत्रके एक पृष्ठपर मध्यमें और हांसियामें लाल स्याहीसे बड़ा गोलाकार खिंचा हुआ है, और दूसरे पृष्ठपर केवल मध्यमें ही गोलाकार है। देखनेमें यह प्रति आगे वर्णित बंबईकी प्रतिसे प्राचीन मालूम होती है, और कई स्थानोंपर इसकी स्वतन्त्रता भी स्पष्ट है। सम्पूर्ण प्रति बहुत सावधानीसे लिखी हुई मालूम होती है। तो भी अनेक लिपिदोष तो मिलते ही हैं, जो कहीं कहीं दूसरे किसीके हाथोंसे सुधारे गये हैं। कहीं कहीं पडीमात्रा पद्धतिका उपयोग किया गया है। आरंभमें मंगल चिह्नके बाद प्रति निम्नप्रकार प्रारम्भ होती है–**ॐ नमः सिद्धेभ्यः**। कहीं कहीं सुधारे हुए कुछ अक्षर सम्भवतः पीछेसे कटिंग होनेसे कट गए हैं। कई पत्रोंपर नकशोंके लिये खुली जगह छोड़ी गई है, पर किसी कारणसे नकशे लिखे नहीं जा सके। एक स्थानपर मध्यमें १६ गाथायें छूट गई हैं, जो अन्तमें एक स्वतन्त्र पत्रपर लिखी गई हैं, और साथमें यह टिप्पण है— '**इति गाहा १६ (इस संस्करणमें अधिकार ४, २६२८ आदि) त्रैलोक्यप्रज्ञप्तिमौ पश्चात् प्रक्षिप्ताः**'। जहां जहां पाठ संक्षिप्त किये गये हैं, वहां उनका संकेत (०) दिखलाया गया है।

ब–यह प्रति (नं. १५ क.) श्री ऐलक पन्नालाल जैन सरस्वती भवन सुखानन्द धर्मशाला बंबई ४ के संग्रहकी है। यह प्रति देवनागरी लिपिमें देशी पुष्ट कागजपर काली स्याहीसे लिखी गई है तथा प्रारम्भिक व समाप्तिसूचक शब्दों, दण्डों, संख्याओं, हांसियाकी रेखाओं तथा यत्र तत्र अधिकारशीर्षकोंके लिये लाल स्याहीका उपयोग किया गया है। प्रति सुरक्षित रखी गई है और हस्तलिपि सर्वत्र एकसी है। प्रति लगभग ६ इंच चौड़ी, १२½ इंच लंबी तथा लगभग २½ इंच मोटी है। इसके पत्रोंकी संख्या ३३९ है। प्रथम और अन्तिम पृष्ठ कोरे हैं। प्रत्येक पृष्ठपर १० पंक्तियां और प्रत्येक पंक्तिमें लगभग ४०–४५ अक्षर हैं। हांसियेपर शीर्षक है '**त्रैलोक्यप्रज्ञप्ति**'। मंगल चिह्नके पश्चात् प्रतिके प्रारम्भिक शब्द हैं '**ॐ नमः सिद्धेभ्यः**' तथा अन्तिम पुष्पिका ३३३ वें पत्रपर है '**तिलोयपण्णत्ती सम्मत्ता**'। इसके पश्चात् संस्कृतमें एक लंबी प्रशस्ति है, जिसकी पुष्पिका निम्नप्रकार है—**इति श्रीजिनचन्द्रान्तेवासिना पण्डितमेधावना विर-**

चिता प्रशस्ता प्रशस्तिः समाप्ता ॥ संवत् १८०३ का मिती आसोज वदि १ लिषत मया सागर श्री सवाई जयपुरनगरे । श्रीरस्तु ॥ कल्यं । इसके पश्चात् किसी दूसरे या हलके हाथसे लिखा हुआ वाक्य निम्नप्रकार है—**पोथी तैलोक्यप्रज्ञप्तीकी भट्टारजी नै साधन करवी नै दीनी दुसरी प्रति मीती श्रावण सुदी १३ संवत १९५९** । इस प्रतिके प्रथम ८ पत्रोंके हांसिये-पर कुछ शब्दों व पंक्तिखण्डोंकी संस्कृत छाया है । ५वें पत्रपर टिप्पणमें त्रैलोक्यदीपकसे एक पद्य उद्धृत है । आदिके कुछ पत्र शेष पत्रोंकी अपेक्षा अधिक मलिन हो गये हैं ।

लिपिकी त्रुटियां उक्त दोनों प्रतियोंमें पाई जाती हैं । अन्य देवनागरी प्रतियोंके समान इन प्रतियोंमें भी **ज्ञ** और **ब्भ** तथा **च्छ** और **त्थ** में भ्रान्ति पाई जाती है, तथा **च** और **व** एवं **प, म,** और **व** में सरलतासे भेद नहीं मालूम होता । **द** में **ओ** का रूप **उ** के ऊपर एक खड़ी रेखा देकर अथवा विना रेखाके पाया जाता है । अनुस्वारचिह्नकी उपस्थिति या अनुपस्थितिके सम्बन्धमें प्रतियोंमें कोई एकरूपता नहीं पायी जाती । कहीं कहीं आवश्यकता न होनेपर भी अनुस्वार-चिह्न पाया जाता है । जैसे-देवंम्मि, वंदंइ, आदि । दोनों ही प्रतियोंमें गद्यभाग अत्यन्त भ्रष्ट है, और गाथायें भी यत्र तत्र भ्रष्ट पाठोंसे पूर्ण हैं । उनके पत्रोंपर संदृष्टियोंके स्थान तथा संख्याओंके सम्बन्धमें बड़ी विभिन्नता पायी जाती है । द्वित्वरूप वर्ण तथा अनुस्वारके पश्चात् आये हुए वर्णमें बहुधा विपरिवर्तन पाया जाता है तथा **इ** और **ई** एवं **अं** और **आ** में भी विभ्रान्ति पायी जाती है । दीर्घ और ह्रस्व स्वरोंकी भी दोनों प्रतियोंमें यत्र तत्र भ्रान्ति पायी जाती है । पादान्त स्वर दीर्घ लिखा गया है, क्योंकि उसका उच्चारण दीर्घ होता है । कहीं कहीं किसी प्रतिमें **औ** भी सुरक्षित पाया जाता है । कहीं कहीं **द** और **ध, त** और **थ, प** और **फ, च** और **छ** एवं **य** और **ए** में विपरिवर्तन हुआ है । कुछ गद्यभागोंमें **गणनांक** पाये जाते हैं मानों वे गाथायें हों । ये विशेषतायें दोनों प्रतियोंमें पायी जाती हैं ।

तिलोयपण्णत्तिका प्रस्तुत संस्करण इन्हीं दो हस्तलिखित प्रतियोंके आधारसे तयार किया गया है । इनमें जो पाठभेद पाये गये हैं वे पृष्ठके नीचे टिप्पणमें दे दिये गये हैं । इन दो प्रतियोंके अतिरिक्त तीन और प्रतियां ऐसी हैं, जिनका आंशिक व यथावसर उपयोग मुख्यत: **द** और **ब** प्रतियोंके संदेहात्मक व अनिश्चित पाठोंका निर्णय करनेके लिये किया गया है—

(१) यह जैन सिद्धान्त भवन आराकी आधुनिक कागजपर लिखी गई प्रतिकी नकल है । इसमें केवल प्रथम दो महाधिकार हैं । यह प्रति हमें अलीगंजके पं. कामताप्रसादजी जैन द्वारा प्राप्त हुई थी, जो सधन्यवाद वापिस कर दी गई ।

(२) जब प्रतिमिलानका कार्य चालू था तब दिल्लीके श्रीमान् पन्नालालजी अग्रवालने हमारे पास तिलोयपण्णत्तिकी एक प्रतिके प्रथम १०० पत्र भेजनेकी कृपा की । यह प्रति श्री दि. जैन सरस्वती भवन पंचायती मंदिर, मसजिद खजूर, दिल्ली, के नं. ३१ की है । इस कागजकी

प्रतिकी लंबाई लगभग १४½ और चौड़ाई ८ इंच है। यह अपेक्षाकृत नयीसी दिखायी देती है। यह देवनागरी अक्षरोंमें देशी मोटे कागजपर लिखी गई है। प्रत्येक पृष्ठपर लगभग १४ पंक्तियां और प्रत्येक पंक्तिमें कोई ४६ अक्षर हैं। हांसियेकी रेखायें और दण्ड लाल स्याहीके हैं और शेष सब लिखाई काली स्याहीकी है। हमने इस प्रतिकी कुछ गाथाओंकी **द** प्रतिके पाठोंसे तुलना की, जिससे हमें ऐसा प्रतीत हुआ कि सम्भवतः यह प्रति **द** प्रति परसे लिखी गई है। **द** प्रतिकी विशेष त्रुटियां भी इसमें विद्यमान हैं और उसकी पडीमात्राओंकी यहां गलत नकल की है। इस प्रतिके प्रारम्भिक शब्द मंगल चिह्नके पश्चात् निम्नप्रकार हैं—ॐ **नमः सिद्धेभ्यः। अथ त्रिलोकप्रज्ञप्ति प्राकृत लिख्यते।**

(३) स्वर्गीय सेठ रावजी सखाराम दोशी शोलापुरने हमारे पास तिलोयपण्णत्तिकी एक बड़ी मोटी प्रति भेजनेकी कृपा की। यह प्रति संभवतः शोलापुरकी जैन पाठशालाकी है। इसके मुखपृष्ठपर ॥ **श्रीमान् पेलक पन्नालाल दिगंबर जैन पाठशाला सोलापूर मीति बैशाख शु० १ संवत १९७१** ॥ यह वाक्य लिखा है। इसकी लंबाई १३ इंच और चौड़ाई ८ इंच है। यह नागरी लिपिमें देशी मोटे कागजपर पं. छुट्टीलाल चौबे द्वारा संवत् १९७२ में बैशाख शुक्ला ८ को लिखकर समाप्त की गई है। इसमें २६० पत्र हैं। प्रत्येक पृष्ठपर १४ पंक्तियां और प्रत्येक पंक्तिमें करीब ३७ अक्षर हैं। इसका प्रारम्भ ॥ ॐ **नमः सिद्धं** ॥ वाक्यसे है। ग्रन्थके अन्तमें श्री सूरि जिनचन्द्रान्तेवासी पं. मेधावीरचित १२४ पद्योंका प्रशस्तिपाठ है, जो उपर्युक्त **ब** प्रतिके प्रशस्तिपाठसे अक्षरशः मिलता है। इसके पाठ भी अधिकतर **ब** प्रतिसे मिलते हैं। तो भी पाठ सर्वत्र **ब** प्रतिके समान नहीं हैं। इसमें **त्थ** के स्थानपर **च्छ, ब्भ** के स्थानपर **झ**, विभक्त्यन्त **ओ** के स्थानपर **उ** और **क्ख** के स्थानपर **रक** प्रायः पाया जाता है। इसमें लिपिदोष अत्यधिक है। कहींपर कुछ पाठ छूटा है, तो कहींपर उसकी पुनरावृत्ति की गई है। वर्णव्यत्यय भी बहुत है। इसमें हांसियेकी रेखायें, दण्ड तथा प्रायः अन्तराधिकार-समाप्तिसूचक पुष्पिकायें लाल स्याहीसे और शेष सब भाग काली स्याहीसे लिखा गया है।

जहां तक हमने मिलान किया है इन उपर्युक्त तीन प्रतियोंमें प्रायः कोई ऐसी बात नहीं पायी गई जो **द** और **ब** प्रतियोंसे स्वतन्त्र हो। इसीलिये उनका निर्देश पाठभेदसम्बन्धी टिप्पणोंमें नहीं किया गया है। केवल शोलापुरकी प्रति (३) में एक गाथा (४, २६९७) ऐसी पाई गई है जो **द** और **ब** प्रतियोंमें नहीं है।

हमारे मित्र बंबईनिवासी प्रोफेसर एच. डी. वेलनकरने जैन हस्तलिखित प्रतियोंकी एक उत्तम बृहत् सूची तयार की है, जिसका नाम '**जिनरत्नकोष**' है। यह अभी मुद्रणाधीन है, और पूनाकी 'भण्डारकर ओरियंटल रिसर्च इंस्टिट्यूट' नामक संस्थासे प्रकाशित होनेवाली है। इस सूचीके लेखक द्वारा जो उल्लेख संग्रह किये गये हैं और जो उनकी कृपासे हमें प्राप्त हुए हैं

उनके अनुसार तिलोयपण्णत्तिकी प्रतियां आरा, कारंजा, मूड़बिद्री, पूना और जयपुर जैसे स्थानोंमें विद्यमान हैं । प्रस्तुत संस्करण इन स्थानोंके इस विषयमें रुचि रखनेवाले जिन विद्वानोंके हाथोंमें पहुंचे उनसे हमारी प्रार्थना है कि वे मुद्रित पाठका अपने यहांकी प्रतियोंसे मिलान करें और कमसे कम किसी एक अंशके मुख्य मुख्य पाठभेदोंकी हमें सूचना देने की कृपा करें ।

३ सम्पादन शैली

तिलोयपण्णत्तिके सम्पादकोंका मार्ग पुष्पाच्छादित नहीं, किन्तु बहुत कण्टकाकीर्ण रहा है, तथा अनेक कारणोंसे उनकी कठिनाइयां प्रायः अनुल्लंघनीय रही हैं । प्रथम तो तिलोय-पण्णत्तिका विषय ही बहुत गूढ़ है, जो बड़े व्यवसायी विशेषज्ञको छोड़कर अन्य किसीके लिये विशेष आकर्षक नहीं है । इसी कारण प्राचीन साहित्यकी इस शाखाका अध्ययन अभी तक अपने बाल्यकालमें ही है । दूसरे, तिलोयपण्णत्तिका सम्बन्ध साहित्यकी एक ऐसी शाखासे है, जिसके ग्रन्थोंकी संख्या जैन साहित्य भंडारमें अपेक्षाकृत अल्प ही है । यद्यपि किरफेल सा. ने जैन लोकज्ञानका संग्रहात्मक व्यवस्थित विवरण दिया है, तथापि अर्धमागधी साहित्यके ' सूरिय-पण्णत्ति,' ' जंबुद्दीवपण्णत्ति ' और ' चंदपण्णत्ति ' तथा नेमिचन्द्रकृत ' तिलोयसार', सिंहसूरिकृत ' लोकविभाग', पद्मनन्दिकृत ' जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति', इन्द्रवामदेवकृत 'त्रैलोक्यदीपिका', शुभचन्द्र-कृत ' त्रैलोक्यप्रज्ञप्ति ' आदि ग्रन्थोंका स्वतंत्रतासे अथवा तद्विषयक अन्य साहित्यकी तुलनात्मक दृष्टिसे पूरा पूरा अध्ययन नहीं किया गया है । तीसरे, तिलोयपण्णत्ति हिन्दी अनुवादसहित प्रथम वार ही सम्पादित की जारही है । हस्तलिखित प्रतियोंकी सामग्री संतोषजनक नहीं है तथा ग्रन्थकी किसी संस्कृतटीका, छाया अथवा टिप्पण आदिकी सहायता भी सम्पादकोंको उपलब्ध नहीं हुई । इस अभावके कारण पठनीय व प्रामाणिक पाठ तैयार करनेमें भी अपनी अधूरी सामग्रीके साथ वेचारे सम्पादकोंको कठिन युद्ध करना पड़ा है । अन्ततः, अच्छी प्रतियोंके अभावमें प्राकृत भाषा निश्छलबुद्धि सम्पादकके लिये नाना प्रकारकी कठिनाइयां उपस्थित करती है ।

पाठसंशोधनके आदर्शोंका पूर्ण ध्यान रखते हुए सम्पादक यह दावा नहीं करते कि तिलोयपण्णत्तिका जो पाठ इस संस्करणमें प्रस्तुत किया जा रहा है वह उक्त आदर्शोंपर पूर्ण उतरता है । किन्तु वे यह कह सकते हैं कि प्राप्य सामग्रीकी सीमाओंके भीतर यह पूर्णतः प्रामाणिक है । पूर्णतः विवेचनात्मक पाठ तो तभी तयार किया जासकता है जब समस्त उपलब्ध हस्तलिखित प्रतियोंकी तुलना की जाय, उनके पाठभेद व्यवस्थित किये जाँय, और उनका महत्त्व निश्चित किया जाय । द और ब प्रतियां एक दूसरेसे यथेष्ट स्वतन्त्र हैं, अत एव उनके द्वारा लिपि-कारकृत त्रुटियोंका निराकरण सरलतासे किया जा सका । वर्णविवेक आदि बातोंमें संस्करणमें एक-नियमता रखनेका प्रयत्न किया गया है । संपादक प्राकृत अर्थात् मध्यकालीन भारतीय आर्य-भाषाके अन्तर्गत प्रभेदोंकी ओर पूर्णतया सतर्क रहे हैं, और नियमतः पीछेके व्याकरणसम्बन्धी

आदर्शोंके साथ उनका जबरदस्ती मेल न कराकर उन्होंने हस्तप्रतियोंके पाठोंका ही अनुकरण किया है। अनेक स्थानोंपर संदिग्ध शब्दों व रूपोंका समर्थन पिशलकृत ' ग्रेमैटिक डेर प्राकृत स्प्राख़ ' (स्ट्रासबर्ग १९०० तथा इण्डिअन एण्टीक्वेरीकी जिल्दोंमें छपी हुई उसकी शब्द-सूची) और हरगोविन्द शास्त्री कृत ' पाइअसद्दमहण्णवो ' (कलकत्ता सं. १९८५) में प्रस्तुत की हुई सामग्रीके प्रकाशमें किया गया है। जहां दोनों प्रतियोंका पाठ समान पाया गया है वहां पीछेके प्राकृत वैयाकरणोंकी स्वीकृति या अस्वीकृतिकी चिन्ता न करके भाषाप्रभेदसूचक चिह्नोंको सावधानीसे सुरक्षित रक्खा गया है। संक्षेपमें, सम्पादकोंने प्रतियोंके साथ यथासम्भव पूर्ण सम्पर्क रक्खा है तथा उन हस्तप्रतियों द्वारा प्रस्तुत पाठपरंपराका सच्चा और विवेकपूर्ण संरक्षण करना उनका सर्वत्र मार्गदर्शी नियम रहा है। जैसा कि ऊपर कह आये हैं, इसीके प्रारम्भिक प्रयोगस्वरूप ग्रन्थका एक भाग सम्पादकोंमेंसे एकके द्वारा पहिले भी सम्पादित किया गया था (यतिवृषभकृत तिलोयपण्णत्ति भाग १, डा. ए. एन. उपाध्याय द्वारा सम्पादित व जैन सिद्धान्त भवन आरासे १९४१ में प्रकाशित)। तथा उसीके सम्बन्धमें धवलाके प्रधान सम्पादक प्रोफेसर हीरालाल द्वारा महत्त्वपूर्ण ज्ञातव्य बातें प्रकाशमें लाईं गईं। इसपरसे दोनोंको यह अनुभव हुआ कि उक्त दोनों प्रतियोंके पाठ अनेक जगह भ्रष्ट हैं, ऐसे ग्रन्थ उनके जीवनमें केवल एक बार ही प्रकाशित हो सकते हैं तथा उन्हें केवल भाषाशास्त्रियों और पाठविवेचकोंकी आवश्यकताओंका ही ध्यान नहीं रखना है, किन्तु उन्हें उन धार्मिक पाठकोंका भी विचार करना है जो इस ग्रन्थका उपयोग प्रधानतः उसके विषयके लिये करेंगे और जिनकी संख्या भी अपेक्षाकृत अधिक होगी। इन विचारोंपरसे उन्हें पाठोंमें कुछ संशोधन करनेकी आवश्यकता पड़ी। ये संशोधन ग्रन्थकारकी रचनाके सुधाररूप नहीं हैं, किन्तु वर्णविभ्रान्ति, छन्द व प्रसंगको ध्यानमें रखते हुए सम्पादकोंने केवल उस आधार-भूत पाठपर पहुंचनेका प्रयत्न किया है जहांसे उपलब्ध पाठविकार सम्भवतः प्रारम्भ हुए होंगे। सम्पादक कुछ काल तक इस दुविधामें पड़े रहे कि ऐसे पाठ दिये कहां जांय ? उनके सामने दो मार्ग थे। एक तो यह कि दोनों प्रतियोंमें समानरूपसे पाये जाने वाले विकृत पाठ ही लिपिकारोंकी पीढ़ियोंद्वारा भ्रष्ट किये गये रूपोंके भग्नावशेषस्वरूपसे मूल पाठमें ही रक्खे जांय। दूसरा मार्ग यह था कि संशोधित पाठ ही मूल पाठमें ग्रहण करलिया जाय और **द** व **ब** के भ्रष्ट दिखनेवाले पाठ नीचे टिप्पणमें दे दिये जांय। कड़े नियमके अनुसार प्रथम मार्ग ही वांछनीय था, किन्तु दूसरे मार्गमें कुछ व्यावहारिक सुविधायें दिखायी दीं। एक तो विषयमें रुचि रखनेवाले अधिकांश पाठक सार्थक पाठ ही पसंद करेंगे, और दूसरे जब हम हिन्दी अनुवाद मूल पाठके साथ दे रहे हैं तब उसकी संगति तो उसी संशोधित पाठसे ही बैठती है, न कि प्रतियोंके भ्रष्ट पाठोंसे। पाठविवेचक विद्वानोंसे हमारी प्रार्थना है कि वे अपनी दृष्टि प्रतियोंके पाठ देखनेके लिये टिप्पणोंकी ओर रक्खें। कहीं कहीं कुछ दूरंदेशी संशोधन टिप्पणोंमें भी कोष्ठकके भीतर रक्खे गये हैं। ये सब संशोधन केवल सम्भवनीय ही हैं और उनके स्थानपर अधिक

अच्छे सुझावके लिये पूर्ण क्षेत्र है। हमें यह ध्यान रखना चाहिये कि ये संशोधन तब तक सम्भवनीय कोटिमें ही रहेंगे जब तक कि उनका समर्थन किन्हीं प्राचीन प्रतियोंके पाठोंसे न हो जाय।

प्रतियोंके कुछ पत्रोंपर संदृष्टियां इसप्रकार रखी गई हैं कि बहुधा इस बातका निर्णय करना कठिन है कि उनका सम्बन्ध किन गाथाओंसे हैं। कहीं कहीं उनमेंकी संख्यायें सर्वथा शुद्ध नहीं हैं, और कहीं कहीं वे समझमें भी नहीं आतीं, जैसे—पृ. ११ गा. ९१, पृ. १७ गा. १३८, पृ. २५ गा. १८०, पृ. ३३ गा. २२०, पृ. ५० पंक्ति ४, पृ. ६६ गा. ९५, पृ. ८३ गा. १९५ व पृ. ९९ गा. २८८ इत्यादि। प्रथम दो प्रकारके स्थलोंपर गाथाओंके सावधानतापूर्वक अर्थनिर्णयसे संदृष्टियोंके स्थानका निर्णय करनेमें सहायता मिली है। किन्तु अन्तिम प्रकारके स्थलोंपर संदृष्टियोंको मूलके अनुसार रखकर ही छोड़ देना पड़ा है। हमारा यह निश्चित मत है कि दोनों ही प्रतियोंमें कहीं कहींपर कुछ गाथायें छूट गई हैं। उदाहरणार्थ द्वितीय महाधिकारमें गाथा १९३-१९४ के बीच, चतुर्थ महाधिकार गाथा ६८०-६८१, १०५१-१०५२, २४१५-२४२६ व २४४९-२४५० के बीच। कुछ गाथाओंकी रचना एक ही ढांचेकी है और इसीके सहारे हम कहीं कहीं त्रुटित गाथाओंकी पूर्ति कर सके। ऐसे कल्पित पाठोंको कोष्टकमें रक्खा गया है (देखो पृ. १७९, १८०, १८१, १८२, २२८, २२९, ४८९)। कोष्टकका उपयोग प्रायः सम्पादकीय कल्पनाओंके लिये किया गया है। गद्य भाग इतने भ्रष्ट हैं कि उनमें सम्पादक बहुत चकराये। किन्तु सौभाग्यसे कुछ स्थलोंपर धवला टीकासे सहायता मिली, जिसके कर्ताने तिलोयपण्णत्तिका उपयोग किया है। (देखो ति. प. पृ. ४३-४६, ध. पु. ४ पृ. ५१-५५; ति. प. पृ. ४८, ४९, ध. पु. ४ पृ. ८८-९१)।

जिन पाठविवेचकोंको ऐसे ग्रन्थोंके सम्पादन करनेका अनुभव है वे वर्तमान सम्पादकोंके इस पाठव्यवस्थासम्बन्धी प्राथमिक प्रयासको सहानुभूतिपूर्वक देखेंगे ऐसी आशा है। वे जो कुछ विधानात्मक समालोचना करेंगे उसका सम्पादक धन्यवादपूर्वक स्वागत करेंगे। अनुभवने हमें एक ओर, विशेषतः जैन समाजमेंसे, ऐसे समालोचकगणका ध्यान रखना सिखाया है, जिन्हें विवेचनात्मक पाठसंशोधनप्रणालीका परिचय नहीं है और जो उपदेशक भावके साथ यह कह कर इस प्रयासकी उपेक्षा करेंगे कि पाठको और भी अच्छे रूपमें प्रस्तुत करना चाहिये था। किन्तु उचित यही है कि उनकी कटु समालोचनाकी विशेष परवाह न की जाय। हमारा उनसे केवल यही निवेदन है कि बहतर प्रयास करनेसे उन्हें किसीने नहीं रोका तथा स्वयं उनका बहतर प्रयास भी आदर्शसे कोसों दूर रहेगा—'न हि वन्ध्या विजानाति परप्रसववेदनाम्'। यह तो एक प्राथमिक पाठव्यवस्थाका प्रयास है। आशा यही की जाती है कि और अधिक प्राचीन प्रतियोंके पाठ मिलाये य और तिलोयपण्णत्तिके पूर्ण समालोचनात्मक पाठपर पहुंचनेके लिये और और प्रयास किये

जाँय। सम्पादकोंका यह तो दावा ही नहीं है कि उनके द्वारा व्यवस्थित पाठ तथा उसका प्रस्तुत अनुवाद ही इस ग्रन्थका शुद्ध अन्तिम रूप है। यह तो केवल प्रथम प्रयास है और सम्पादकोंने उपलब्ध सामग्रीकी सीमाके भीतर भरसक प्रयत्न किया है।

हिन्दी अनुवाद देनेमें सम्पादकोंका लक्ष्य दो बातोंपर रहा है। एक तो अधिकांश पाठक, विशेषतः जैन समाजके, जो इस ग्रन्थके विषयको धार्मिक श्रद्धाकी दृष्टिसे देखेंगे, वे गुजराती, मराठी, कन्नड या बंगाली जैसी प्रान्तीय भाषाओंकी अपेक्षा हिन्दी भाषामें अनुवादका अधिक आदर करेंगे। दूसरे, भारतवर्षकी समस्त प्रचलित भाषाओंमेंसे हिन्दी भाषाको राष्ट्रीय भाषा बननेका निश्चयतः सर्वोच्च अधिकार है और जितना ही हम उसे ऐसे अनुवादोंसे पुष्ट बनावेंगे उतनी ही अधिक भविष्यमें उसकी समृद्धि होगी। प्रस्तुत हिन्दी अनुवाद मूल पाठका यथासंभव शब्दानुगामी है। स्थानाभावसे सम्पादक विषयसम्बन्धी विशेष विवरणमें नहीं जासके। जहांपर विषय प्रसंगको स्पष्ट करनेके लिये मूल पाठके अतिरिक्त कुछ विषय जोड़ना या सुधारना आवश्यक प्रतीत हुआ वहां त्रिलोकसार, हरिवंशपुराण, जंबूदीवपण्णत्तिसंगह, महापुराण, लोकप्रकाश, प्रवचन-सारोद्धार, क्षेत्रसमास (लघु व बृहत्) व बृहत्संग्रहणी आदि ग्रन्थोंके आधारसे विशेषार्थ, उदाहरणके रूपमें, अथवा कोष्टकमें या ' अर्थात् ' पद देकर जोड़ या सुधार किया गया है।

४ विरोध परिहार

कितने ही उत्तरदायी स्थानोंसे हमें यह सूचना प्राप्त हुई कि तिलोयपण्णत्तीके पाठके साथ हिन्दी अनुवादके अतिरिक्त संस्कृत छाया भी दी जानी चाहिये। सम्पादक इस सूचनाके सद्भावका आदर करते हैं, किन्तु उन्हें खेदके साथ कहना पड़ता है कि जो इस सूचनाको सिद्धान्तरूपसे प्रस्तुत करते हैं उन्होंने कभी उसकी आवश्यकताके विवेचन करनेका प्रयत्न नहीं किया। अतएव यह प्रश्न खड़ा हो सकता है कि क्या संस्कृत छाया न देनेमें सम्पादक अपने कर्तव्यसे च्युत या उसमें शिथिलप्रयत्न हो रहे हैं? इस प्रश्नका शान्त हृदयसे उत्तर दिया जा सकता है। सिद्धान्ततः तिलोयपण्णत्तिका अध्ययन भिन्न भिन्न पाठक भिन्न भिन्न दृष्टिकोणोंसे कर सकते हैं। धार्मिक पाठक उसे उसके विषयके लिये श्रद्धासे पढ़ेंगे, क्योंकि वह यतिवृषभ जैसे प्राचीन और प्रामाणिक आचार्यकी रचना है। उनके शब्दोंका हमें अवश्य श्रद्धापूर्वक आदर करना चाहिये। उन्होंने यह ग्रन्थ प्राकृतमें रचा है और जहां तक प्राचीन प्रतियोंसे पता चलता है, उन्होंने कहीं कोई छाया इसमें नहीं दी है। वैयक्तिक शिकायतको व्यापक बनाकर नहीं चलना चाहिये। जो केवल पाली भाषा जानता है उसे यह आशा नहीं करना चाहिये कि किसी संस्कृत ग्रन्थका सम्पादक उसके साथ पालीभाषान्तर जोड़े और न संस्कृतके ज्ञाताको प्राकृत ग्रन्थके साथ संस्कृत छाया दी जाने की आशा करना चाहिये, जब कि स्वयं ग्रन्थकारने कोई छाया नहीं जोड़ी। व्यावहारिक दृष्टिसे भी जब हम विचार करते हैं तो ज्ञात होता है कि

दुर्भाग्यसे आजकल प्राकृत समझनेवालोंकी संख्या बहुत नहीं है और विशेषतः ऐसे ही पाठकोंके हितार्थ हिन्दी अनुवाद जोड़ा गया है। जो प्राकृत व हिन्दी दोनों नहीं जानते और केवल संस्कृत जानते हैं उनकी संख्या इतनी अल्प है कि उंगलियोंपर गिनी जा सकती है। उन इन गिने सज्जनोंकी वैयक्तिक शिकायत हमें छाया जोड़ने तथा ग्रन्थका कलेवर व मूल्य बढ़ानेकी ओर प्रोत्साहित करनेके लिये पर्याप्त नहीं है। यह सत्य है कि विद्वानोंमें भी प्राकृत ग्रन्थोंको केवल छायाके आधारसे पढ़ने-पढ़ानेकी पद्धति हो गई है। पर इसके फलस्वरूप बड़े अनर्थ उत्पन्न हुए हैं, जिनके विरुद्ध सम्पादकोंने कई बार आवाज उठाई है। ऐतिहासिक व भाषात्मक दृष्टिसे भी छाया देना न्यायसंगत नहीं ठहरता। छायाका ऐसा अनर्थकारी प्रभाव पड़ता है कि बहुतसे पाठक केवल छायाको ही पढ़ते हैं और ग्रंथकारकृत मूल पाठको चुपचाप छोड़ बैठते हैं। प्राकृत ग्रन्थोंकी दृष्टिसे लापरवाहीके कारण बहुत क्षति हुई है, क्योंकि भाषाकी दृष्टिसे अनेक ग्रन्थोंकी लिपि-परम्परा सावधानीसे सुरक्षित नहीं रक्खी गई। हमें कुछ ऐसे ग्रन्थोंका भी परिचय है, जिनकी हस्तलिखित प्रतियोंमें केवल संस्कृत छाया ही सुरक्षित रही है। उदाहरणार्थ, मद्राससे प्राप्त 'चन्द्रलेखा' नामक प्राकृत सट्टक (दृश्यकाव्य-विशेष) की प्रतिमें केवल संस्कृत छाया उपलब्ध है, मूल प्राकृत पाठ नहीं है। यह छाया देनेकी प्रणालीका ही फल है कि दिगम्बर पण्डितोंमें प्रायः प्राकृत अध्ययनका अभाव ही हो गया है। ऐसी परिस्थितिमें हम जितने जल्दी ठीक मार्गपर आजांय उतना ही भविष्यकी शिक्षाप्रणालीके लिये हितकारी होगा। अत एव सम्पादकोंको यह कहनेमें कोई संकोच नहीं कि वे छाया न देनेमें सैद्धान्तिक व व्यावहारिक दोनों दृष्टियोंसे अभीष्ट प्रणालीका ही अनुकरण कर रहे हैं। उनका आन्तरिक ध्येय यही है कि विद्वान् ऐसे ग्रन्थोंका परकृत छायापरसे अध्ययन न करके स्वयं ग्रन्थकारद्वारा लिखित मौलिक भाषामें ही अध्ययन करें।

विषयानुक्रमणिका

विषय	गाथा

महाधिकार ४ १–२९६१

जदिवसहाइरिय-विरइदा

तिलोयपण्णत्ती

[पढमो महाधियारो]

[1]अट्ठविहकम्मवियला णिट्ठियकज्जा पणट्ठसंसारा । दिट्ठसयलत्थसारा सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु ॥ १
घणघाइकम्ममहणा तिहुवणवरभव्वकमलमत्तंडा । अरिहा [2]अणंतणाणे अणुवमसोक्खा जयंतु जए ॥ २
पंचमहव्वयतुंगा तक्कालियसपरसमयसुदधारा । णाणागुणगणभरिया आइरिया मम पसीदंतु[3] ॥ ३
अण्णाणघोरतिमिरे[4] दुरंततीरम्हि हिंडमाणाणं । भवियाणुज्जोययरा[5] उवज्झया वरमदिं देंतु[6] ॥ ४
थिरधरियसीलमाला[7] ववगयराया जसोहपडहत्था । बहुविणयभूसियंगा सुहाइं साहू पयच्छंतु ॥ ५
एवं वरपंचगुरू तियरणसुद्धेण णमंसिऊणाहं । भव्वजणाण पदीवं वोच्छामि तिलोयपण्णत्तिं ॥ ६

जो आठ प्रकार के कर्मोंसे विकल अर्थात् रहित हैं, करने योग्य कार्योंको कर चुके हैं अर्थात् कृतकृत्य हैं, जिनका जन्म-मरण रूप संसार नष्ट हो चुका है, और जिन्होंने सम्पूर्ण पदार्थोंके सारको देख लिया है अर्थात् जो सर्वज्ञ हैं, ऐसे सिद्ध परमेष्ठी मेरे लिये सिद्धि प्रदान करें ॥ १ ॥

जो प्रबल घातिया कर्मोंका मथन करनेवाले हैं, तीन लोकके उत्कृष्ट भव्य जीवरूपी कमलों के विकसित करनेमें मार्तण्ड अर्थात् सूर्य के समान हैं, अनंतज्ञानी हैं, और अनुपम सुखका अनुभव करनेवाले हैं, ऐसे अरिहन्त भगवान् जगमें जयवन्त होवें ॥ २ ॥

जो श्रेष्ठ पांच महाव्रतों से उन्नत हैं, तत्कालीन स्वसमय और परसमयरूप श्रुतके धारण करनेवाले हैं, और नाना गुणोंके समूहसे भरपूर हैं, ऐसे आचार्य महाराज मुझपर प्रसन्न होवें ॥ ३ ॥

दुर्गम है तीर जिसका ऐसे अज्ञानरूपी घोर अन्धकारमें भटकते हुए भव्य जीवोंको ज्ञान-रूपी प्रकाश प्रदान करनेवाले उपाध्याय परमेष्ठी मुझे उत्कृष्ट बुद्धि प्रदान करें ॥ ४ ॥

शीलव्रतोंकी मालाको दृढ़तापूर्वक धारण करनेवाले, रागसे रहित, अपने यश के समूहसे परिपूर्ण और विविध प्रकारके विनयसे विभूषित शरीरवाले साधु परमेष्ठी मुझे सुख प्रदान करें ॥ ५ ॥

इस प्रकार मैं तीन करण अर्थात् मन, वचन और कायकी शुद्धिपूर्वक पांचों परमेष्ठियोंको नमस्कार करके भव्य जनोंके लिये दीपकके समान लोकके स्वरूपको दिखलानेवाले इस 'त्रिलोकप्रज्ञप्ति' ग्रन्थको कहता हूं ॥ ६ ॥

१ ब ओं नमः सिद्धेभ्यः, द ओं नमः सिद्धेभ्यः २ [अणंतणाणा]. ३ द पसीयंतु. ४ द °तिमिरं, ब °तिमिर- ५ द °णुज्जोवयरा. ६ द दिंतु. ७ ब सिलामाला.

मंगलकारणहेदू सत्थस्स पमाणणामकत्तारा । पढमं चिय कहिदव्वा एसा आइरियपरिभासा ॥ ७
पुण्णं पूदपवित्ता पसत्थसिवभद्दखेमकल्लाणा । सुहसोक्खादी सव्वे णिद्दिट्ठा मंगलस्स पज्जाया ॥ ८
गालयदि विणासयदे घादेदि दहेदि हंति सोधयदे । विद्धंसेदि मलाइं जम्हा तम्हा य मंगलं भणिदं ॥ ९
दोण्णि वियप्पा होंति हु मलस्स इमं दव्वभावभेएहिं । दव्वमलं दुविहप्पं बाहिरमब्भंतरं चेय ॥ १०
[1]सेदमलरेणुकद्दमपहुदी बाहिरमलं समुद्दिट्ठं । पुणु[2] दिढजीवपदेसे णिबंधरूवाइ पयडिठिदिआई[3] ॥ ११
[4]अणुभागपदेसाइं चउहिं पत्तेक्कभेज्जमाणं तु । णाणावरणप्पहुदीअट्ठविहं कम्ममखिलपावरयं ॥ १२
अब्भंतरदव्वमलं जीवपदेसे [5]णिबद्धमिदि हेदो । भावमलं णादव्वं अणाणदंसणादिपरिणामो ॥ १३
अहवा बहुभेयगयं णाणावरणादिदव्वभावमलभेदा । ताइं गालेइ पुढं जदो तदो मंगलं भणिदं ॥ १४
अहवा मंगं सोक्खं लादि हु गेण्हेदि मंगलं तम्हा । एदेण कज्जसिद्धिं मंगइ गच्छेदि[6] गंथकत्तारो ॥ १५
पुव्वं आइरिएहिं मंगलपुव्वं च वाचिदं भणिदं[7] । तं लादि हु आदत्ते जदो तदो मंगलं पवरं ॥ १६

शास्त्रके मङ्गल, कारण, हेतु, प्रमाण, नाम और कर्ता, इन छह अधिकारोंका वर्णन शास्त्र-व्याख्यानसे पूर्व ही करना चाहिये; यह आचार्योंकी परिभाषा या पद्धति है ॥ ७ ॥

पुण्य, पूत, पवित्र, प्रशस्त, शिव, भद्र, क्षेम, कल्याण, शुभ, और सौख्य, इत्यादिक सब मङ्गलके ही पर्याय अर्थात् समानार्थक शब्द कहे गये हैं ॥ ८ ॥

क्योंकि यह मलोंको गलाता है, विनष्ट करता है, घातता है, दहन करता है, हनता है, शुद्ध करता है और विध्वंस करता है, इसीलिये इसे ' मङ्गल ' कहा गया है ॥ ९ ॥

द्रव्य और भावके भेदसे इस मलके दो भेद हैं। इनमेंसे द्रव्यमल भी दो प्रकारका है; एक बाह्य द्रव्यमल, और दूसरा आभ्यन्तर द्रव्यमल ॥ १० ॥

स्वेद, मल, रेणु (धूलि), कर्दम (कीचड़), इत्यादिक बाह्य द्रव्यमल कहा गया है। और दृढ़रूपसे जीवके प्रदेशोंमें एक क्षेत्रावगाहरूप बंधको प्राप्त, तथा प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेश, इन चार बन्धके भेदोंसे हर एक भेदको प्राप्त होनेवाला ऐसा ज्ञानावरणादि आठ प्रकारका सम्पूर्ण कर्मरूपी पापरज चूंकि जीवके प्रदेशोंमें सम्बद्ध है, इस हेतुसे वह (ज्ञानावरणादि कर्मरज) आभ्यन्तर द्रव्यमल है। अज्ञान, अदर्शन इत्यादिक जीवके परिणामोंको भावमल समझना चाहिये ॥ ११–१३ ॥

अथवा, ज्ञानावरणादिक द्रव्यमलके और ज्ञानावरणादिक भावमलके भेदसे मलके अनेक भेद हैं; उन्हें चूंकि यह पृथक् गलाता है, अर्थात् नष्ट करता है, इसीलिये यह ' मंगल ' कहा गया है ॥ १४ ॥

अथवा, चूंकि यह मंगको अर्थात् सुखको लाता है, इसलिये भी इसे ' मंगल ' समझना चाहिये। इसीके द्वारा ग्रंथकर्ता अपने कार्यकी सिद्धिपर पहुंच जाता है ॥ १५ ॥

पूर्वमें आचार्योंद्वारा मङ्गलपूर्वक ही शास्त्रका पठन-पाठन हुआ है। उसीको निश्चयसे लाता है, अर्थात् ग्रहण कराता है, इसीलिये यह मंगल श्रेष्ठ है ॥ १६ ॥

१ द सीदजलरेणु°. २ द पुण. ३ ब ठिदिआइं. ४ द अणुभावपदेसाई. ५ ब णिबंधमिदि. ६ द गत्थेदिसिगथ°, ब मंगलगत्थेदि. ७ द वाचियं भणियं.

पावं मलं ति भण्णइ उवचारसरूवएण जीवाणं । तं गालेदि विणासं णेदि त्ति भणंति मंगलं केई ॥ १७
णामणिट्ठावणा दो दव्वखेत्ताणि कालभावा य । इय छब्भेयं भणियं मंगलमाणंदसंजणणं ॥ १८
अरहाणं सिद्धाणं आइरियउवज्झयाइसाहूणं[1] । णामाइं णाममंगलमुद्दिट्ठं वीयराएहिं ॥ १९
ठावणमंगलमेदं अकट्टिमाकट्टिमाणि जिणबिंबा । सूरिउवज्झयसाहूदेहाणि हु दव्वमंगलयं ॥ २०
गुणपरिणदासणं परिणिक्कमणं केवलस्स णाणस्स । उप्पत्ती इयपहुदी बहुभेयं खेत्तमंगलयं ॥ २१
एदस्स उदाहरणं पावाणगरुज्जयंतचंपादी । आउट्ठहत्थपहुदी पणुवीसब्भहियपणसयधणूणि ॥ २२
देहअवट्ठिदकेवलणाणावट्ठद्धगयणदेसो वा । 'सेढिघणमेत्तअप्पप्पदेसगदलोयपूरणापुण्णा[2][3] ॥ २३
विस्साणं[4] लोयाणं होदि पदेसा वि मंगलं खेत्तं । जस्सिं काले केवलणाणादिमंगलं परिणमंति ॥ २४
परिणिक्कमणं केवलणाणुब्भवणिव्वुदिप्पवेसादी । पावमलगालणादो पण्णत्तं कालमंगलं एदं ॥ २५

जीवोंके पापको उपचारसे मल कहा जाता है। उसे यह मंगल गलाता है, विनाशको प्राप्त करता है, इस कारण भी कोई कोई आचार्य इसे मंगल कहते हैं ॥ १७ ॥

आनन्दको उत्पन्न करनेवाला यह मंगल नाम और स्थापना ये दो, तथा द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव (ये चार), इस प्रकार छह भेदरूप कहा गया है ॥ १८ ॥

वीतराग भगवान्ने अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु, इनके नामोंको नाममंगल कहा है ॥ १९ ॥

जिन भगवान्के जो अकृत्रिम और कृत्रिम प्रतिबिम्ब हैं, वे सब स्थापनामंगल हैं। तथा आचार्य, उपाध्याय और साधुके शरीर द्रव्यमंगल है ॥ २० ॥

गुणपरिणत आसनक्षेत्र, अर्थात् जहांपर योगासन, वीरासन आदि विविध आसनोंसे तदनुकूल ध्यानाभ्यास आदि अनेक गुण प्राप्त किये गये हों ऐसा क्षेत्र, परिनिष्क्रमण अर्थात् दीक्षाका क्षेत्र, केवलज्ञानोत्पत्ति-क्षेत्र, इत्यादिरूपसे क्षेत्रमंगल बहुत प्रकारका है ॥ २१ ॥

इस क्षेत्रमंगलके उदाहरण पावानगर, ऊर्जयन्त (गिरनार पर्वत) और चम्पापुर आदि हैं। अथवा, साढ़े तीन हाथसे लेकर पांचसौ पच्चीस धनुषप्रमाण शरीरमें स्थित और केवलज्ञानसे व्याप्त आकाश-प्रदेशोंको क्षेत्रमंगल समझना चाहिये। अथवा, जगश्रेणीके घनमात्र अर्थात् लोकप्रमाण आत्माके प्रदेशोंसे लोकपूरणसमुद्घात द्वारा पूरित सभी (ऊर्ध्व, अधो व तिर्यक्) लोकोंके प्रदेश भी क्षेत्रमंगल हैं।

जिस कालमें जीव केवलज्ञानादिरूप मंगलमय पर्यायको प्राप्त करता है उसको, तथा परिनिष्क्रमण अर्थात् दीक्षाकाल, केवलज्ञानके उद्भवका काल, और निर्वृति अर्थात् मोक्षके प्रवेशका काल, यह सब पापरूपी मलके गलानेका कारण होनेसे कालमंगल कहा गया है ॥ २२–२५ ॥

---

१ ब उवज्झायाइ°. २ द सेढिघणमित्तअप्पपदेसजदं. ३ ब °पूरणं पुण्णं. ४ द ब विण्णासं.

एवं अणेयभेयं हवेदि तं कालमंगलं पवरं । जिणमहिमासंबंधं णंदीसरदीवपहुदीओ ॥ २६
मंगलपज्जाएहिं उवलक्खियजीवदव्वमेत्तं च । भावं मंगलमेदं पढियं[1] सत्थादिमज्झयंतेसु ॥ २७
पुव्विल्लाइरिएहिं उत्तो सत्थाण मंगलं जो सो[2] । आइम्मि मज्झअवसाणे य सुणियमेण कायव्वो ॥ २८
पढमे मंगलवयणे सिस्सा सत्थस्स पारगा होंति । मज्झिम्मे णीविग्घं विज्जा विज्जाफलं चरिमे ॥ २९
णासदि विग्घं भेददि यंहो दुट्ठा सुरा[3] ण लंघंति । इट्ठो अत्थो[4] लब्भइ जिणणामग्गहणमेत्तेण ॥ ३०
सत्थादिमज्झअवसाणएसु जिणतोत्तमंगलुच्चारो । णासइ णिस्सेसाइं विग्घाइं रवि व्व तिमिराइं ॥ ३१

। इदि मंगलं गदं ।

विविहवियप्पं लोगं बहुभेयप्पमाणदो[5] भव्वा । जाणंति त्ति णिमित्तं कहिदं गंथावतारस्स ॥ ३२
केवलणाणदिवायरकिरणकलावादु यत्थअवदारो[6] । [7]गणधरदेवें गंथुप्पत्ति हु सो हंदि संजादो[8] ॥ ३३

इसप्रकार जिनमहिमासे सम्बन्ध रखनेवाला वह श्रेष्ठ कालमंगल अनेक भेदरूप है, जैसे नन्दीश्वर द्वीपसंबंधी पर्व आदि ॥ २६ ॥

वर्तमानमें मंगलरूप पर्यायोंसे परिणत जो शुद्ध जीवद्रव्य है वह भावमंगल है । ऐसे अनेक भेदरूप यह मंगल शास्त्रके आदि, मध्य और अन्तमें पढ़ा गया है ॥ २७ ॥

पूर्वकालीन आचार्योंने जो शास्त्रोंका मंगल कहा है उस मंगलको नियमसे शास्त्रोंके आदि, मध्य और अन्तमें करना ही चाहिये ॥ २८ ॥

शास्त्रके आदिमें मंगलके पढ़नेपर शिष्यलोग शास्त्रके पारगामी होते हैं, मध्यमें मङ्गलके करनेपर निर्विघ्न विद्याकी प्राप्ति होती है, और अन्तमें मंगलके करनेपर विद्याका फल प्राप्त होता है ॥ २९ ॥

जिनभगवान्‌के नामके ग्रहण करनेमात्रसे विघ्न नष्ट हो जाते हैं, पाप खण्डित होता है, दुष्ट देव लांघते नहीं, अर्थात् किसी प्रकारका उपद्रव नहीं करते, और इष्ट अर्थकी प्राप्ति होती है ॥३०॥

शास्त्रके आदि, मध्य और अन्तमें किया गया जिनस्तोत्ररूप मङ्गलका उच्चारण सम्पूर्ण विघ्नोंको उसीप्रकार नष्ट करदेता है जिसप्रकार सूर्य अंधकारको ॥ ३१ ॥

इसप्रकार मंगलका कथन समाप्त हुआ ।

नाना भेदरूप लोकको भव्य जीव अनेक प्रकारके प्रमाणोंसे जान जांय, यह इस त्रिलोकप्रज्ञप्तिरूप ग्रन्थके अवतारका निमित्त कहा गया है ॥ ३२ ॥

केवलज्ञानरूपी सूर्यकी किरणोंके समूहसे श्रुतके अर्थका अवतार हुआ, तथा गणधरदेवकेद्वारा ग्रंथकी उत्पत्ति हुई । इस प्रकार कल्याणकारी श्रुतकी उत्पत्ति हुई ॥ ३३ ॥

१ द पच्चियपच्छादि, ब पव्वियसत्थादि°. २ द ब सेठाणमंगलंघोसो. ३ द दुट्ठासुत्ताण, ब दुट्ठासुवाण. ४ द ब लद्धो. ५ ब भेयपमाणदो. ६ द अवहारो, ब अवहारे. ७ द गणधरदेहें. ८ द सोहंति संजादो, ब सोहंति सो जादो.

छद्दव्वणवपयत्थे सुदणाणंदुमणिकिरणसत्तीए । देक्खंतु भव्वजीवा अण्णाणतमेण संछण्णा ॥ ३४

। णिमित्तं गदं ।

दुविहो हवेदि हेदू तिलोयपण्णत्तिगंथयज्झयणे[1] । जिणवरवयणुद्दिट्ठो पच्चक्खपरोक्खभेएहिं ॥ ३५
सक्खापच्चक्खपरंपच्चक्खा दोण्णि होदि[2] पच्चक्खा । अण्णाणस्स विणासं णाणदिवायरस्स उप्पत्ती ॥ ३६
देवमणुस्सादीहिं संततमब्भच्चणप्पयाराणि । पडिसमयमसंखेज्जयगुणसेढिकम्मणिज्जरणं ॥ ३७
इय सक्खापच्चक्खं पच्चक्खपरंपरं च णादव्वं । सिस्सपडिसिस्सपहुदीहिं सददमब्भच्चणपयारं ॥ ३८
दोभेदं च परोक्खं अब्भुदयसोक्खाइं मोक्खसोक्खाइं । सादादिविविहसुपसत्थकम्मतिव्वाणुभागउदएहिं[3] ॥ ३९
इंदपडिंददिगिंदयतेत्तीसामरसमाणपहुदिसुहं[4] । राजाहिराजमहराजद्धमंडलिमंडलयाणं ॥ ४०
महमंडलियाणं अद्धचक्किचक्कहरितित्थयरसोक्खं । अट्ठारसमेत्ताणं सामी सेणाण[5] भत्तिजुत्ताणं ॥ ४१
वररयणमउडधारी सेवयमाणाण वत्ति तह अट्ठं[6] । देंता हवेदि राजा जितसत्तू समरसंघट्टे ॥ ४२

अज्ञानरूप अँधेरेमे आच्छन्न हुए भव्य जीव श्रुतज्ञानरूपी द्युमणि अर्थात् सूर्यकी किरणोंकी शक्तिसे छह द्रव्य और नौ पदार्थोको देखें, अर्थात् जानें, (यही ग्रंथके अवतारका निमित्त है) ॥ ३४ ॥

इसप्रकार निमित्तका कथन समाप्त हुआ ।

त्रिलोकप्रज्ञप्ति ग्रन्थके अध्ययनमें, जिनेन्द्र देवके वचनोंसे उपदिष्ट हेतु, प्रत्यक्ष और परोक्षके भेदसे दो प्रकारका है ॥ ३५ ॥

प्रत्यक्ष हेतु साक्षात् प्रत्यक्ष और परंपरा प्रत्यक्षके भेदसे दो प्रकारका है। अज्ञानका विनाश, ज्ञानरूपी दिवाकरकी उत्पत्ति, देव और मनुष्यादिकोंकेद्वारा निरन्तर कीजानेवाली विविध प्रकारकी अभ्यर्चना अर्थात् पूजा, और प्रत्येक समयमें असंख्यात गुणश्रेणीरूपसे होनेवाली कर्मोंकी निर्जरा, इसे साक्षात् प्रत्यक्षहेतु समझना चाहिये। और शिष्य प्रतिशिष्य आदिके द्वारा निरंतर अनेक प्रकारसे कीजानेवाली पूजाको परंपरा प्रत्यक्षहेतु जानना चाहिये ॥ ३६–३८ ॥

परोक्ष हेतु भी दो प्रकारका है, एक अभ्युदय सुख और दूसरा मोक्षसुख। सातावेदनीय आदि विविध प्रकारके सुप्रशस्त कर्मोंके तीव्र अनुभागके उदयसे प्राप्त हुआ इन्द्र, प्रतीन्द्र, दिगिन्द्र (लोकपाल) त्रायस्त्रिंश व सामानिक आदि देवोंका सुख; तथा राजा, अधिराज, महाराज, अर्धमण्डलीक, मण्डलीक, महामण्डलीक, अर्धचक्री (नारायण-प्रतिनारायण), चक्रधारी (चक्रवर्ती) और तीर्थंकर, इनका सुख अभ्युदयसुख है। जो भक्तियुक्त अठारह प्रकारकी सेनाओंका स्वामी है, उत्कृष्ट रत्नोंके मुकुटको धारण करनेवाला है, सेवकजनोंको वृत्ति (भूमि आदि) तथा अर्थ (धन) प्रदानकरनेवाला है, और समरके संघर्षमें शत्रुओंको जीत चुका है, वह राजा है ॥ ३९–४२ ॥

....

१ ब गंथयज्झयणो. २ [होंति] ३ [सुपसत्थ°] ४ ब तेत्तीससायरपमाण°. ५ द ब सामी॰ सेणेण. ६ द वंति दह अद्धं, ब वंति दह अट्ठं.

करितुरयरहाहिवई सेणवइपदत्तिसेट्ठिदंडवई । सुद्दक्खत्तियवइसा हवंति तह महयरा पवरा ॥ ४३
गणरायमंतितलवरपुरोहियामत्तया महामत्ता । बहुविहपइण्णया य अट्ठारस होंति सेणीओ[1] ॥ ४४
पंचसयरायसामी अहिराजो होदि कित्तिभरिददिसो । रायाण जो सहस्सं पालइ सो होदि महराजो ॥ ४५
दुसहस्समउडबद्धभुववसहो[2] तत्थ अद्धमंडलिओ । चउराजसहस्साणं अहिणाओ होइ मंडलिओ[3] ॥ ४६
महमंडलिओ णामो अट्ठसहस्साण अहिवई ताणं । रायाणं अद्धचक्की सामी सोलससहस्समेत्ताणं ॥ ४७
छक्खंडभरहणाहो बत्तीससहस्समउडबद्धपहुदीओ । होदि हु सयलंचक्की तित्थयरो सयलभुवणवई ॥ ४८

। अब्भुदयसोक्खं गदं ।

सोक्खं तित्थयराणं कप्पातीदाण तह य इंदियादीदं । अतिसयमादसमुत्थं णिस्सेयसमणुवमं पवरं ॥ ४९

। मोक्खसोक्खं गदं ।

सुदणाणभावणाए णाणंमत्तंडकिरणउज्जोओ । आदं चंदुज्जलं चरित्तं चित्तं हवेदि भव्वाणं ॥ ५०

हस्ति, तुरंग (घोड़ा) और रथ, इनके अधिपति, सेनापति, पदाति (पादचारी सेना), श्रेष्ठि (सेठ), दण्डपति, शूद्र, क्षत्रिय, वैश्य, महत्तर, प्रवर अर्थात् ब्राह्मण, गणराज, मन्त्री, तलवर (कोतवाल), पुरोहित, अमात्य और महामात्य व बहुत प्रकारके प्रकीर्णक, ऐसी अठारह प्रकारकी श्रेणियां हैं ॥ ४३-४४ ॥

जो पांचसौ राजाओंका स्वामी हो वह अधिराज है । उसकी कीर्ति सारी दिशाओंमें फैली रहती है। जो एक हजार राजाओंका पालन करता हो वह महाराज है ॥ ४५ ॥

जो दो हजार मुकुटबद्ध भूपोंमें वृषभ अर्थात् प्रधान हो (उनका स्वामी हो) वह अर्धमण्डलीक कहलाता है। जो चार हजार राजाओंका अधिनाथ हो, वह मण्डलीक कहलाता है ॥ ४६ ॥

जो आठ हजार राजाओंका अधिपति हो, उसका नाम महामण्डलीक है। सोलह हजार राजाओंका स्वामी अर्धचक्री कहलाता है ॥ ४७ ॥

जो छह खण्डरूप भरतक्षेत्रका स्वामी हो और बत्तीस हजार मुकुटबद्ध राजाओंका तेजस्वी अधिपति हो वह सकलचक्री होता है; व तीर्थंकर समस्त लोकोंका अधिपति कहलाता है ॥ ४८ ॥

इसप्रकार अभ्युदय-सुखका कथन हुआ।

तीर्थंकर (अरिहन्त), और कल्पातीत अर्थात् सिद्ध, इनके अतीन्द्रिय, अतिशयरूप आत्मोत्पन्न, अनुपम और श्रेष्ठ सुखको निश्रेयस-सुख कहते हैं ॥ ४९ ॥

इसप्रकार मोक्षसुखका कथन हुआ।

श्रुतज्ञान की भावनासे भव्यजीवोंका आत्मा ज्ञानरूपी सूर्य की किरणोंसे उद्योतरूप अर्थात् प्रकाशमान होता है, और उनका चरित्र और चित्त चन्द्रमाके समान उज्ज्वल होता है ॥ ५० ॥

---

१ द ब सेणेओ. २ द बद्धासेवसहो. ३ द ब मंडलियं.

कणयधराधरधीरं मूढत्तयविरहिदं हयट्ठमलं[1] । जायदि पवयणपढणे सम्मद्दंसणमणुवमाणं ॥ ५१
सुरखेयरमणुवाणं लब्भंति सुहाइं आरिसब्भासा[2] । तत्तो णिव्वाणसुहं णिण्णासिदघादु णट्ठमलं ॥ ५२

[हेदु गदं]

विविहत्थेहिं अणंतं संखेज्जं अक्खराण गणणाए । एदं पमाणमुदिदं सिस्साणं मइविकासयरं ॥ ५३

। पमाणं गदं ।

भव्वाण जेण एसा तेलोक्कपयासणे परमदीवा[3] । तेण गुणणाममुदिदं तिलोयपण्णत्ति णामेणं ॥ ५४

। णाम गदं ।

कत्तारो दुवियप्पो णादव्वो अत्थगंथभेदेहिं । दव्वादिचउपयारेहिं भासिमो अत्थकत्तारं[4] ॥ ५५
सेदरजाइमलेणं रत्तच्छिकडक्खबाणमोक्खेहिं । इयपहुदिदेहदोसेहिं संततमदूसिदसरीरो ॥ ५६
आदिमसंहणणजुदो समचउरस्संगचारुसंठाणो । दिव्ववरगंधधारी पमाणठिदरोमणखरूवो ॥ ५७

....

प्रवचन अर्थात् परमागमके पढ़नेपर सुमेरुपर्वतके समान निश्चल; लोकमूढ़ता, देवमूढ़ता, गुरुमूढ़ता, इन तीन मूढ़ताओंसे रहित, और शंका-कांक्षा आदि आठ दोषोंसे विमुक्त अनुपम सम्यग्दर्शनकी प्राप्ति होती है ॥ ५१ ॥

आर्ष वचनोंके अभ्याससे देव, विद्याधर तथा मनुष्योंके सुखोंकी प्राप्ति होती है, और अन्तमें नोकर्ममलसे विहीन, तथा द्रव्यकर्म और उनसे सम्बन्ध रखनेवाले भावकर्मोंसे भी रहित, इसप्रकार त्रिविध मलवर्जित मोक्षसुखकी भी प्राप्ति होती है ॥ ५२ ॥

इसप्रकार हेतुका कथन हुआ ।

श्रुत विविध प्रकारके अर्थोंकी अपेक्षा अनन्त है, और अक्षरोंकी गणनाकी अपेक्षा संख्यात है । इसप्रकार शिष्योंकी बुद्धिको विकसित करनेवाला श्रुतप्रमाण कहा गया है ॥ ५३ ॥

इसप्रकार प्रमाणका वर्णन हुआ ।

क्योंकि यह शास्त्र भव्यजीवोंके लिये तीनों लोकोंके स्वरूपके प्रकाशित करनेमें दीपकके समान है, इसीलिये 'त्रिलोकप्रज्ञप्ति' नामसे इसका यह गुणनाम कहा गया है ॥ ५४ ॥

इसप्रकार नामका कथन हुआ ।

अर्थकर्ता और ग्रन्थकर्ताके भेदसे कर्ता दो प्रकारके समझना चाहिये । इनमेंसे द्रव्यादिक चार प्रकारसे अर्थकर्ताका निरूपण करते हैं ॥ ५५ ॥

जिनका शरीर पसीना, रज (धूली) आदि मलसे तथा लाल नेत्र और परको दुख पहुंचानेवाले कटाक्ष-बाणोंका छोड़ना इत्यादि शरीरसम्बन्धी दूषणोंसे सदा अदूषित है, जो आदिके अर्थात् वज्रर्षभनाराच संहननसे युक्त हैं, समचतुरस्रसंस्थानरूप सुन्दर आकृतिसे शोभायमान हैं, दिव्य और उत्कृष्ट

....

१ द ब हयग्गमलं. २ द ब आरिसंभासा. ३ द परमदीवं. ४ ब अत्थकत्तारो.

णिम्भूसणायुधंबरभीदी सोम्माणणादिदिव्वतणू । अट्ठब्भहियसहस्सप्पमाणवरलक्खणोपेदो ॥ ५८
चउविहउवसग्गेहिं णिच्चविमुक्को कसायपरिहीणो । छुहपहुदिपरिसहेहिं परिचत्तो रायदोसेहिं ॥ ५९
जोयणपमाणसंठिदतिरियामरमणुवणिवहपडिबोहो । मिदुमधुरगभीरतराविसदविसयसयलभासाहिं[1] ॥ ६०
अट्ठरस महाभासा खुल्लयभासा वि सत्तसयसंखा । अक्खरअणक्खरप्पय सण्णीजीवाण सयलभासाओ ॥ ६१
एदासिं भासाणं तालुवदंतोट्ठकंठवावारं । परिहरिय एक्ककालं भव्वजणाणंदकरभासो ॥ ६२
भावणवेंतरजोइसियकप्पवासेहिं केसवबलेहिं । विज्जाहरेहिं चक्किप्पमुहेहिं णरेहिं तिरिएहिं ॥ ६३
एदेहिं अण्णेहिं विरचिदचरणारविंदजुगपूजो । दिट्ठसयलट्ठसारो महवीरो अत्थकत्तारो ॥ ६४
सुरखेयरमणहरणे गुणणामे पंचसेलणयरम्मि[2] । विउलम्मि पव्वदवरे वीरजिणो अट्ठकत्तारो ॥ ६५
चउरस्सो पुव्वाए रिसिसेलो[3] दाहिणाए वेभारो । णइरिदिदिसाए विउलो दोण्णि तिकोणट्ठिदायारा ॥ ६६
चावसरिच्छो छिण्णो वरुणाणिलसोमदिसविभागेसु । ईसाणाए पंडू वण्णा सव्वे कुसग्गपरियरणा ॥ ६७

सुगन्धिके धारक हैं, जिनके रोम और नख प्रमाणसे स्थित हैं अर्थात् वृद्धिसे रहित है, जो भूषण, आयुध, वस्त्र और भीतिसे रहित व सुन्दर मुखादिकसे शोभायमान दिव्य देहसे विभूषित हैं, शरीरके उत्तम एक हजार आठ लक्षणोंसे युक्त हैं; देव, मनुष्य, तिर्यंच और अचेतनकृत चार प्रकारके उपसर्गोंसे सदा विमुक्त हैं, कषायोंसे रहित हैं, क्षुधादिक बाईस परीषहों व राग-द्वेषसे परित्यक्त हैं; मृदु, मधुर, अति गम्भीर और विषयको विशद करनेवाली भाषाओंसे एक योजनप्रमाण समवसरण-सभामें स्थित तिर्यंच, देव और मनुष्योंके समूहको प्रतिबोधित करनेवाले है, संज्ञी जीवोंकी अक्षर और अनक्षररूप अठारह महाभाषा तथा सातसौ छोटी भाषाओंमें परिणत हुई और तालु, दन्त, ओठ तथा कण्ठके हलन-चलनरूप व्यापारसे रहित होकर एकही समयमें भव्यजनोंको आनन्द करनेवाली भाषा (दिव्यध्वनि) के स्वामी हैं, भवनवासी, व्यन्तर, ज्योतिषी और कल्पवासी देवों के द्वारा तथा नारायण, बलभद्र, विद्याधर और चक्रवर्ती आदि प्रमुख मनुष्य, तिर्यंच और अन्य भी ऋषि-महर्षियोंसे जिनके चरणारविन्दयुगलकी पूजा की गयी है, और जिन्होंने सम्पूर्ण पदार्थोंके सारको देख लिया है, ऐसे महावीर भगवान् (द्रव्यकी अपेक्षा) अर्थागमके कर्ता हैं ॥ ५६–६४ ॥

देव और विद्याधरोंके मनको मोहित करनेवाले और सार्थक नामसे प्रसिद्ध पंचशैल (पांच पहाड़ोंसे सुशोभित) नगर अर्थात् राजगृही नगरीमें, पर्वतोंमें श्रेष्ठ विपुलाचल पर्वतपर श्रीवीरजिनेंद्र (क्षेत्र की अपेक्षा) अर्थ-शास्त्रके कर्ता हुए ॥ ६५ ॥

राजगृह नगरके पूर्वमें चतुष्कोण ऋषिशैल, दक्षिणमें वैभार और नैऋत्य दिशामें विपुलाचल पर्वत हैं। ये दोनों, वैभार और विपुलाचल, पर्वत त्रिकोण आकृतिसे युक्त हैं ॥ ६६ ॥

पश्चिम, वायव्य और सोम (उत्तर) दिशामें फैला हुआ धनुषके आकार छिन्ननामका पर्वत है, और ईशान दिशामें पाण्डु नामका पर्वत है। उपर्युक्त पांचों ही पर्वत कुशसमूहसे वेष्टित हैं ॥ ६७ ॥

१ ब विसदयसमसयल°. २ द °णययम्मि. ३ द ब सिरिसेलो.

एत्थावसप्पिणीए चउत्थकालस्स चरिमभागम्मि । तेत्तीसवासअडमासपण्णरसदिवससेसम्मि ॥ ६८
वासस्स पढममासे सावणणामम्मि बहुलपडिवाए । अभिजीणक्खत्तम्मि य उप्पत्ती धम्मतित्थस्स ॥ ६९
सावणबहुले पाडिवरुद्दमुहुत्ते[1] सुहोदये[2] रविणो । अभिजस्स पढमजोए जुगस्स आदी [3]इमस्स पुढं ॥ ७०
णाणावरणप्पहुदिअणिच्छयववहारपायअतिसयए । संजादेण अणंतणाणेणं दंसणसुहेहिं ॥ ७१
विरिएण तहा खाइयसम्मत्तेणं पि दाणलाहेहिं । भोगोपभोगणिच्छयववहारेहिं च [4]परिपुण्णो ॥ ७२
दंसणमोहे णट्ठे घादित्तिदए चरित्तमोहम्मि । सम्मत्तणाणदंसणवीरियचरियाइ होंति खइयाइं ॥ ७३
जादे अणंतणाणे णट्ठे छदुमट्ठिदियम्मि[5] णाणम्मि । णवविहपदत्थसारा दिव्वझुणी कहइ सुत्तत्थं ॥ ७४
अण्णेहिं अणंतेहिं गुणेहिं जुत्तो विसुद्धचारित्तो । भवभयभंजणदच्छो महवीरो अत्थकत्तारो ॥ ७५
महवीरभासियत्थो तस्सिं खेत्तम्मि तत्थ काले य । खायोवसमविवड्ढिदचउरमलमईहि[6] पुण्णेण ॥ ७६
लोयालोयाण तहा जीवाजीवाण विविहविसयेसु । संदेहणासणत्थं उवगदसिरिवीरचलणमूलेण ॥ ७७

यहां अवसर्पिणीके चतुर्थ कालके अन्तिम भागमें तेतीस वर्ष, आठ माह और पन्द्रह दिन शेष रहनेपर वर्षके श्रावणनामक प्रथम महिनेमें, कृष्ण पक्षकी प्रतिपदाके दिन अभिजित् नक्षत्रके उदित रहनेपर धर्मतीर्थकी उत्पत्ति हुई ॥ ६८-६९ ॥

श्रावणकृष्णा पड़िवाके दिन रुद्रमुहूर्तके रहते हुए सूर्यका शुभ उदय होनेपर अभिजित् नक्षत्रके प्रथम योगमें इस युग का प्रारंभ हुआ, यह स्पष्ट है ॥ ७० ॥

ज्ञानावरणादि चार घातिया कर्मोंके निश्चय और व्यवहाररूप विनाशके कारणोंकी प्रकर्षता होनेपर उत्पन्न हुए अनन्तज्ञान, अनन्तदर्शन, अनन्तसुख और अनन्तवीर्य, इन चार अनन्तचतुष्टय, तथा क्षायिकसम्यक्त्व, क्षायिकदान, क्षायिकलाभ, क्षायिकभोग और क्षायिकउपभोग, इसप्रकार नव लब्धियोंके निश्चय एवं व्यवहारस्वरूपोंसे परिपूर्ण हुए ॥ ७१-७२ ॥

दर्शनमोह, तीन घातिया (ज्ञानावरण, दर्शनावरण, अन्तराय) और चारित्रमोहके नष्ट होनेपर क्रमसे सम्यक्त्व, ज्ञान, दर्शन, वीर्य और चारित्र, ये पांच क्षायिक भाव प्राप्त होते हैं ॥ ७३ ॥

अनन्तज्ञान अर्थात् केवलज्ञानकी उत्पत्ति और छद्मस्थ अवस्थामें रहनेवाले मति, श्रुत, अवधि तथा मनःपर्ययरूप चार ज्ञानोंका अभाव होनेपर नौ प्रकारके पदार्थोंके सारको विषय करनेवाली दिव्यध्वनि सूत्रार्थको कहती है ॥ ७४ ॥

इसके अतिरिक्त और भी अनन्त गुणोंसे युक्त, विशुद्ध चारित्रके धारक और संसारके भयको नष्ट करनेमें दक्ष श्रीमहावीर प्रभु (भावकी अपेक्षा) अर्थकर्ता हैं ॥ ७५ ॥

भगवान् महावीरके द्वारा उपदिष्ट पदार्थस्वरूप, उसी क्षेत्र और उसी कालमें, ज्ञानावरणके विशेष क्षयोपशमसे वृद्धिको प्राप्त निर्मल चार बुद्धियों (कोष्ठ, बीज, संभिन्न-श्रोतृ और पदानुसारी) से परिपूर्ण, लोक, अलोक और जीवाजीवादि विविध विषयोंमें उत्पन्न हुए संदेहको नष्ट करनेके लिये श्रीवीर-

१ द ब मुद्दमुहुत्ते. २ ब सुहोदिए. ३ द आदीइ यिमस्स. ४ ब परपुण्णो. ५ द ब चदुमट्ठिदिदम्मि. ६ ब चउउर°.

विमले गोदमगोत्ते आदेणं [1]इंदभूदिणामेण । चउवेदपारगेणं सिस्सेण[2] विसुद्धसीलेण ॥ ७८
भावसुदपज्जयेहिं परिणदमयिणा[3] अ बारसंगाणं । चोद्दसपुव्वाण तहा एक्कमुहुत्तेण विरचणा विहिदो[4] ॥ ७९
इय मूलतंतकत्ता सिरिवीरो इंदभूदिविप्पवरो । उवतंते कत्तारो अणुतंते सेसआइरिया ॥ ८०
णिण्णट्ठरायदोसा महेसिणो [5]दिव्वसुत्तकत्तारो । किं कारणं पभणिदा कहिदुं सुत्तस्स पामण्णं[6] ॥ ८१
जो ण पमाणणयेहिं णिक्खेवेणं णिरक्खदे अत्थं । तस्साजुत्तं जुत्तं जुत्तमजुत्तं च पडिहादि ॥ ८२
णाणं होदि पमाणं णओ वि णादुस्स हिदयभावत्थो[7] । णिक्खेओ वि उवाओ जुत्तीए अत्थपडिगहणं ॥ ८३
इय णायं अवहारिय आइरियपरंपरागदं मणसा । पुव्वाइरियाआराणुसरणं तिरयणणिमित्तं ॥ ८४
मंगलपहुदिच्छक्कं वक्खाणिय विविहगंथजुत्तीहिं । जिणवरमुहणिक्कंतं गणहरदेवेहिं गथितपदमालं ॥ ८५
सासदपदमावण्णं पवाहरूवत्तणेण दोसेहिं । णिस्सेसेहिं विमुक्कं आइरियअणुक्कमाआदं ॥ ८६
भव्वजणाणंदयरं वोच्छामि अहं तिलोयपण्णत्तिं । णिब्भरभत्तिपसादिदवरगुरुचलणाणुभावेण ॥ ८७

भगवान्‌के चरण-मूलकी शरणमें आये हुए, निर्मल गौतम गोत्रमें उत्पन्न हुए, प्रथमानुयोग, करणानुयोग, चरणानुयोग और द्रव्यानुयोग, इन चार वेदोंमें, अथवा ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद, इन चारों वेदोमें पारंगत, विशुद्ध शीलके धारक, भावश्रुतरूप पर्यायसे बुद्धिकी परिपक्वताको प्राप्त, ऐसे इन्द्रभूतिनामक शिष्य अर्थात् गौतम गणधरद्वारा एक मुहूर्तमें बारह अंग और चौदह पूर्वोंकी रचनारूपसे ग्रथित किया गया ॥ ७६–७९ ॥

इसप्रकार श्रीवीरभगवान् मूलतंत्रकर्ता, ब्राह्मणोंमें श्रेष्ठ इन्द्रभूति गणधर उपतंत्र-कर्ता, और शेष आचार्य अनुतंत्र-कर्ता हैं ॥ ८० ॥

गणधरदेव राग-द्वेषसे रहित होते हुए द्रव्यश्रुतके कर्ता हैं, यह कथन यहां किस कारणसे किया गया है ? सूत्रकी प्रमाणताका कथन करनेके लिये ॥ ८१ ॥

जो नय और प्रमाण तथा निक्षेपसे अर्थका निरीक्षण नहीं करता है, उसको अयुक्त पदार्थ युक्त और युक्त पदार्थ अयुक्त ही प्रतीत होता है ॥ ८२ ॥

सम्यग्ज्ञानको प्रमाण और ज्ञाताके हृदयके अभिप्रायको नय कहते हैं । निक्षेप उपायस्वरूप है । युक्तिसे अर्थका प्रतिग्रहण करना चाहिये ॥ ८३ ॥

इसप्रकार आचार्यपरंपरासे ज्ञात हुए न्यायको मनसे अवधारण करके पूर्व आचार्योंके आचारका अनुसरण करना रत्नत्रयका कारण है ॥ ८४ ॥

विविध ग्रंथ और युक्तियोंसे मंगलादि छह अर्थात् मंगल, कारण, हेतु, प्रमाण, नाम और कर्ता, इनका व्याख्यान करके जिनेन्द्र भगवान् के मुखसे निकले हुए, गणधरदेवोंद्वारा पदोंकी, अर्थात् शब्दरचनारूप, मालामें गूंथे गये, प्रवाहरूपसे शाश्वतपद अर्थात् अनन्तकालीनता को प्राप्त, सम्पूर्ण दोषोंसे रहित, और आचार्यपरंपरासे आये हुए तथा भव्यजनों को आनन्ददायक 'त्रिलोकप्रज्ञप्ति' शास्त्रको मैं अतिशय भक्तिद्वारा प्रसादित उत्कृष्ट गुरुके चरणोंके प्रभावसे कहता हूं ॥ ८५–८७ ॥

१ ब यंदभूदि°. २ ब मिस्सेण. ३ [परिणदमइणा य]. ४ [विहिदा]. ५ [दव्वसुत°]
६ द ब सामण्णं. ७ ब णउ वि णादुसहहिदयभावत्थो.

सामण्णजगसरूवं तम्मि ठियं णारयाण लोयं च । भावणणरतिरियाणं वेंतरजोइसियकप्पवासीणं ॥ ८८
सिद्धाणं लोगो त्ति य [1]अहियारे पयददिट्ठणवभेए । तम्मि णिबद्धे जीवे पसिद्धवरवण्णणासहिए ॥ ८९
वोच्छामि [2]लयलईए भव्वजणाणंदपसरसंजणणं[3] । जिणमुहकमलविणिग्गयतिलोयपण्णत्तिणामाए ॥ ९०
जगसेढिघणपमाणो लोयायासो सपंचदव्वरिदी[4] । एस अणंताणंतालोयायासस्स बहुमज्झे ॥ ९१

≡ १६ ख ख ख[5] ।

जीवा पोग्गलधम्माधम्मा काला इमाणि दव्वाणि । सव्वं लोयायासं[6] आधूइय[7] पंच चिट्ठंति[8] ॥ ९२
एत्तो सेढिस्स घणप्पमाणाण णिण्णयरं परिभासा उच्चदे–
पल्लसमुद्दे उवमं अंगुलयं सूइपदरघणणामं । जगसेढिलोयपदरो अ लोओ अट्ठप्पमाणाणि ॥ ९३

प० १ । सा० २ । सू० ३ । प्र० ४ । घ० ५ । ज० ६ । लोकप्र० ७ । लोय० ८ ।

ववहारुद्धारद्धा तियपल्ला पढमयम्मि संखाओ । बिदिए दीवसमुद्दा तदिए मिज्जेदि कम्मठिदी ॥ ९४

....

सामान्य जगत्का स्वरूप, उसमें स्थित नारकियोंका लोक, भवनवासी, मनुष्य, तिर्यंच, व्यन्तर, ज्योतिषी, कल्पवासी और सिद्धोंका लोक, इस प्रकार प्रकृतमें उपलब्ध भेदरूप नौ अधिकारों, तथा उस उस लोकमें निबद्ध जीवोंको, नयविशेषोंका आश्रय लेकर उत्कृष्ट वर्णनासे युक्त, भव्यजनोंको आनन्दके प्रसारका उत्पादक और जिनभगवान्के मुखरूपी कमलसे निकले हुए इस त्रिलोकप्रज्ञप्तिनामक ग्रंथकेद्वारा कहता हूं ॥ ८८–९० ॥

अनन्तानन्त अलोकाकाशके बहुमध्यभागमें स्थित, जीवादि पांच द्रव्योंसे व्याप्त और जगश्रेणिके घनप्रमाण यह लोकाकाश है ॥ ९१ ॥

≡ १६ ख ख ख ।

जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म और काल, ये पाचों द्रव्य सम्पूर्ण लोकाकाशको व्याप्त कर स्थित हैं ॥ ९२ ॥

अब यहांसे आगे श्रेणिके घनप्रमाण लोकका निर्णय करनेके लिये परिभाषाएं अर्थात् पल्योपमादिका स्वरूप कहते हैं—

पल्योपम, सागरोपम, सूच्यंगुल, प्रतरांगुल, घनांगुल, जगश्रेणि, लोकप्रतर और लोक, ये आठ उपमाप्रमाणके भेद हैं ॥ ९३ ॥

प. १ । सा. २ । सू. ३ । प्र. ४ । घ. ५ । ज. ६ । लोक प्र. ७ । लो. ८ ॥

व्यवहारपल्य, उद्धारपल्य, और अद्धापल्य, ये पल्यके तीन भेद हैं । इनमें प्रथम पल्यसे संख्या, द्वितीयसे द्वीप-समुद्रादिक और तृतीयसे कर्मोंकी स्थितिका प्रमाण लगाया जाता है ॥ ९४ ॥

....

१ ब अहिआरो. २ ब लयं=नयविशेषम्, द वोच्छामि सयलईए. ३ ब जणाणंदए सरसं. ४ [दव्वठिदो]. ५ द ब ख ख ख × २. ६ द ब लोयायासो. ७ द आउवड्ढिदिआधूइय. ८ द ब चरंति.

खंदं सयलसमत्थं तस्स य अद्धं भणंति देसो त्ति । अद्धद्धं च पदेसो अविभागी होदि परमाणू ॥ ९५
सत्थेण [1]सुतिक्खेणं छेत्तुं भेत्तुं च जं किरस्सक्कं । जलयणलादिहिं णासं ण एदि सो[2] होदि परमाणू ॥ ९६
एक्करसवण्णगंधं दो पासा सद्दकारणमसद्दं । खंदंतरिदं दव्वं तं परमाणुं भणंति बुधा ॥ ९७
अंतादिमज्झहीणं अपदेसं इंदिएहिं ण हु गेज्झं । जं दव्वं अविभत्तं तं परमाणुं कहंति जिणा ॥ ९८
पूरंति गलंति जदो पूरणगलणेहि पोग्गला तेण । परमाणु च्चिय जादा इय दिट्ठं दिट्ठिवादम्हि ॥ ९९
वण्णरसगंधफासे पूरणगलणाइ सव्वकालम्हि । खंदं पिव कुणमाणा परमाणू पुग्गला तम्हा[3] ॥ १००
आदेसमुत्तमुत्तो धादुचउक्कस्स कारणं जादो । सो णेओ परमाणू परिणामगुणो य खंदस्स[4] ॥ १०१
परमाणूहिं अणंताणंतेहिं बहुविहेहि दव्वेहिं । उवसण्णासण्णो त्ति य सो खंदो होदि णामेण ॥ १०२

सब प्रकारसे समर्थ, अर्थात् सर्वांशपूर्ण स्कंध कहलाता है। उसके अर्धभागको देश और आधेके आधे भागको प्रदेश कहते हैं। स्कंधके अविभागी अर्थात् जिसके और विभाग न होसकें ऐसे अंशको परमाणु कहते हैं ॥ ९५ ॥

जो अत्यन्त तीक्ष्ण शस्त्रसे भी छेदा या भेदा नहीं जा सकता, तथा जल और अग्नि आदिके द्वारा नाशको भी प्राप्त नहीं होता, वह परमाणु है ॥ ९६ ॥

जिसमें पांच रसोंमेंसे एक रस, पांच वर्णोंमेंसे एक वर्ण, दो गंधोंमेंसे एक गंध, और स्निग्ध-रूक्षमेंसे एक तथा शीत-उष्णमेंसे एक ऐसे दो स्पर्श, इसप्रकार कुल पांच गुण हों, और जो स्वयं शब्दरूप न होकर भी शब्दका कारण हो एवं स्कन्धके अन्तर्गत हो, ऐसे द्रव्यको पण्डित जन परमाणु कहते हैं ॥ ९७ ॥

जो द्रव्य अन्त, आदि एवं मध्यसे विहीन हो, प्रदेशोंसे रहित अर्थात् एक प्रदेशी हो, इन्द्रिय द्वारा ग्रहण नहीं किया जासकता हो और विभागरहित हो, उसे जिन भगवान् परमाणु कहते हैं ॥ ९८ ॥

क्योंकि स्कन्धोंके समान परमाणु भी पूरते हैं और गलते हैं, इसीलिये पूरण-गलन क्रियाओंके रहने से वे भी पुद्गल के अंतर्गत हैं, ऐसा दृष्टिवाद अंगमें निर्दिष्ट है ॥ ९९ ॥

परमाणु स्कन्धकी तरह सब कालमें वर्ण, रस, गन्ध और स्पर्श, इन गुणोंमें पूरण-गलन को किया करते हैं, इसलिये वे पुद्गल ही हैं ॥ १०० ॥

जो नयविशेषकी अपेक्षा कथंचित् मूर्त व कथंचित् अमूर्त है, चार धातुरूप स्कन्धका कारण है, और परिणमनस्वभावी है, उसे परमाणु जानना चाहिये ॥ १०१ ॥

नानाप्रकारके अनन्तानन्त परमाणु-द्रव्योंसे उवसन्नासन्न नामसे प्रसिद्ध एक स्कंध उत्पन्न होता है ॥ १०२ ॥

---

१ ब सुतिक्खेण य च्छेत्तुं च जं किरस्सका. २ द ब सा. ३ तस्स. ४ पञ्चा. ८५

उवसण्णासण्णो वि य गुणिदो अट्ठेहि होदि णामेण । सण्णासण्णो त्ति तदो दु इदि खंधो पमाणट्ठं ॥ १०३
अट्ठेहि गुणिदेहिं सण्णासण्णेहिं होदि तुडिरेणू । तित्तियमेत्तहदेहिं तुडिरेणूहिं पि तसरेणू ॥ १०४
तसरेणू रथरेणू उत्तमभोगावणीए वालग्गं । मज्झिमभोगखिदीए वालं पि जहण्णभोगखिदिवालं ॥ १०५
कम्ममहीए वालं लिक्खं जूवं जवं च अंगुलयं । इगिउत्तरा य भणिदा पुव्वेहिं अट्ठगुणिदेहिं ॥ १०६
तिवियप्पमंगुलं तं उच्छेहपमाणअप्पअंगुलयं । परिभासाणिप्पण्णं होदि हु उस्सेहसूचिअंगुलयं ॥ १०७
तं चिय पंच सयाइं अवसप्पिणिपढमभरहचक्किस्स । अंगुलं[1] एक्कं चेव य तं तु पमाणंगुलं णाम ॥ १०८
जस्सिं जस्सिं काले भरहेरावदमहीसु[2] जे मणुवा । तस्सिं तस्सिं ताणं अंगुलमादंगुलं णाम ॥ १०९
[3]उस्सेहअंगुलेणं सुराण णरतिरियणारयाणं च । उस्सेहंगुलमाणं चउदेवणिकेदणयराणिं[4] ॥ ११०
दीवोदहिसेलाणं वेदीण णदीण कुंडजगदीणं । वस्साणं[5] च पमाणं होदि पमाणंगुलेणेव ॥ १११
भिंगारकलसदप्पणवेणुपडहजुगाण सयणसगदाणं[6] । हलमुसलसत्तितोमरसिंहासणबाणणालिअक्खाणं ॥ ११२
चामरदुंदुहिपीढच्छत्ताणं णरणिवासणगराणं । उज्जाणपहुदियाणं संखा आदंगुलं णेया ॥ ११३

उवसन्नासन्नको भी आठसे गुणित करनेपर सन्नासन्न नामका स्कंध होता है अर्थात् आठ उवसन्नासन्नोंका एक सन्नासन्न नामका स्कंध होता है । आठसे गुणित सन्नासन्नों अर्थात् आठ सन्नासन्नोंसे एक त्रुटिरेणु, और इतने ही [आठ] त्रुटिरेणुओंसे एक त्रसरेणु होता है । इसप्रकार पूर्वपूर्व स्कन्धोंसे आठ आठ गुणे क्रमशः रथरेणु, उत्तम भोगभूमिका बालाग्र, मध्यमभोगभूमिका बालाग्र, जघन्यभोगभूमिका बालाग्र, कर्मभूमिका बालाग्र, लीक, जूं, जौ और अंगुल, ये उत्तरोत्तर स्कंध कहे गये हैं ॥ १०३–१०६ ॥

अंगुल तीन प्रकारका है– उत्सेधांगुल, प्रमाणांगुल और आत्मांगुल । इनमेंसे जो अंगुल उपर्युक्त परिभाषासे सिद्ध किया गया है, वह उत्सेध सूच्यंगुल है ॥ १०७ ॥

पांचसौ उत्सेधांगुलप्रमाण अवसर्पिणी कालके प्रथम भरत चक्रवर्तीका एक अंगुल होता है, और इसीका नाम प्रमाणांगुल है ॥ १०८ ॥

जिस जिस कालमें भरत और ऐरावत क्षेत्रमें जो जो मनुष्य हुआ करते हैं, उस उस कालमें उन्हीं मनुष्योंके अंगुलका नाम आत्मांगुल है ॥ १०९ ॥

उत्सेधांगुलसे देव, मनुष्य, तिर्यंच एवं नारकियोंके शरीरकी ऊंचाईका प्रमाण, और चारों प्रकारके देवोंके निवासस्थान व नगरादिका प्रमाण जाना जाता है ॥ ११० ॥

द्वीप, समुद्र, कुलाचल, वेदी, नदी, कुंड या सरोवर जगती और भरतादिक क्षेत्र इन सबका प्रमाण प्रमणांगुलसे ही हुआ करता है ॥ १११ ॥

झारी, कलश, दर्पण, वेणु, भेरी, युग, शय्या, शकट (गाड़ी), हल, मूसल, शक्ति, तोमर, सिंहासन, बाण, नालि, अक्ष, चामर, दुंदुभि, पीठ, छत्र, मनुष्योंके निवासस्थान व नगर और उद्यानादिकोंकी संख्या आत्मांगुलसे समझना चाहिये ॥ ११२–११३ ॥

....

१ [अंगुलमेक्कं]. २ ब °महीस. ३ ब उस्सेहअंगुलो णं. ४ ब °णिकेदणणयराणि. ५ द ब वंसाणं. ६ [°सगडाणं].

छहिं अंगुलेहि वादो बेवादेहिं विहत्थिणामा य । दोण्णि विहत्थी हत्थो बेहत्थेहिं हवे रिक्कू ॥ ११४
बेरिक्कूहिं दंडो दंडसमा [1]जुगधणूगि मुसलं वा । तस्स तहा णाली वा दोदंडसहस्सयं कोसं ॥ ११५
चउकोसेहिं जोयण तं चिय [2]वित्थारगत्तसमवट्टं । तत्तियमेत्तं घणफलमाणेज्जं करणकुसलेहिं ॥ ११६
समवट्टवासवग्गे दहगुणिदे करणिपरिधओ होदि । वित्थारतुरिमभागे परिधिहदे तस्स खेत्तफलं ॥ ११७
उणवीसजोयणेसुं चउवीसेहिं तहावहरिदेसु । तिविहवियप्पे पल्ले घणखेत्तफला[3] हु [4]पत्तेकं ॥ ११८

$\frac{१९}{२४}$ ।

उत्तमभोगखिदीए उप्पण्णविजुगलरोमकोडीओ । एक्कादिसत्तदिवसावहिम्मि च्छेत्तूण संगहियं ॥ ११९
अइवट्टेहिं तेहिं रोमग्गेहिं णिरंतरं पढमं । अच्चंतं णविदूणं भरियव्वं जाव भूमिसमं ॥ १२०
दंडपमाणंगुलए उस्सेहंगुल जवं च जूवं च । लिक्खं तह कादूणं वालग्गं कम्मभूमीए ॥ १२१
[5]अवरमज्झिमउत्तमभोगखिदीणं च वालअग्गाइं । [6]एक्केक्कमट्ठघणहदरोमा ववहारपल्लस्स ॥ १२२

....

छह अंगुलोंका पाद, दो पादोंका वितस्ति, दो वितस्तियोंका हाथ, दो हाथका रिक्कू, दो रिक्कुओंका दण्ड, दण्डके बराबर अर्थात् चार हाथप्रमाण ही धनुष, मूसल, तथा नाली, और दो हजार दण्ड या धनुषका एक कोश होता है ॥ ११४–११५ ॥

चार कोशका एक योजन होता है। उतने ही अर्थात् एक योजन विस्तार वाले गोल गड्ढेका गणितशास्त्रमें निपुण पुरुषोंको घनफल ले आना चाहिये ॥ ११६ ॥

समान गोलक्षेत्रके व्यासके वर्गको दशसे गुणा करके जो गुणनफल प्राप्त हो उसका वर्गमूल निकालनेपर परिधिका प्रमाण निकलता है। तथा विस्तार अर्थात् व्यासके चौथे भागसे परिधिको गुणाकरनेपर उसका क्षेत्रफल निकलता है ॥ ११७ ॥

तथा उन्नीस योजनोंको चौबीससे विभक्त करनेपर तीन प्रकारके पल्योंमेंसे प्रत्येकका घन क्षेत्रफल होता है ॥ ११८ ॥

उदाहरण—१ योजन व्यासवाले गोल क्षेत्रका घनफल—

$१ \times १ \times १० = १०$; $\sqrt{१०} = \frac{१९}{६}$ परिधि; $\frac{१९}{६} \times \frac{१}{४} = \frac{१९}{२४}$ क्षेत्रफल; $\frac{१९}{२४} \times १ = \frac{१९}{२४}$ घनफल.

उत्तम भोगभूमिमें एक दिनसे लेकर सात दिनतकके उत्पन्न हुए मैढ़ेके करोड़ों रोमोंके अविभागी खण्ड करके उन खण्डित रोमाग्रोंसे उस एक योजन विस्तारवाले प्रथम पल्यको (गड्ढेको) पृथिवीके बराबर अत्यन्त सघन भरना चाहिये ॥ ११९–१२० ॥

ऊपर जो $\frac{१९}{२४}$ प्रमाण घनफल आया है उसके दण्ड करके प्रमाणांगुल करलेना चाहिये। पुनः प्रमाणांगुलोंके उत्सेधांगुल करना चाहिये। पुनः जौ, जूं, लीख, कर्मभूमिके बालाग्र, जघन्य भोगभूमिके बालाग्र, मध्यम भोगभूमिके बालाग्र, उत्तम भोगभूमिके बालाग्र, इनकी अपेक्षा प्रत्येकको आठके घनसे गुणाकरनेपर व्यवहारपल्यके रोमोंकी संख्या निकल आती है ॥ १२१-१२२ ॥

....

१ द पुगधणूणि. २ ब वित्थारं. ३ [घणखेत्तफलं]. ४ ब पत्तेका. ५ ब अवरमज्झिम° ६ द पुक्कि°

८० | ९६ | ५०० | ८ | ८ | ८ | ८ | ८ | ८ | ८ | ८ |
८० | ९६ | ५०० | ८ | ८ | ८ | ८ | ८ | ८ | ८ | ८ |
८० | ९६ | ५०० | ८ | ८ | ८ | ८ | ८ | ८ | ८ | ८ |

| पल्ल[1] रोमस्स |

[2]अट्ठरसं अंताणे[3] सुण्णाणिं दोणवेक्कदोएक्का[4] । पणणवचउक्कसत्ता सगसत्ता एक्कतियसुण्णा ॥ १२३
दोअट्ठसुण्णतिअणहतियच्छदोण्णिपणचउतिण्णि य[5] । [6]एक्कचउक्काणिं ते अंक कमेण[7] पल्लस्स ॥ १२४

४१३४५२६३०३०८२०३१७७७४९५१२१९२०००००००००००००००००० |

एक्केक्कं रोमग्गं वस्ससदे पेल्लिदम्हि सो पल्लो । रित्तो होदि स कालो उद्धारणिमित्तववहारो ॥ १२५

| ववहारपल्लं |

ववहाररोमरासिं पत्तेक्कमसंखकोडिवस्साणं । समयसमं छेत्तूणं बिदिए पल्लम्हि भरिदम्हि ॥ १२६
समयं पडि एक्केक्कं[8] वालग्गं पेल्लिदम्हि सो पल्लो । रित्तो होदि स कालो उद्धारं णाम पल्लं तु ॥ १२७

| उद्धारपल्लं |

$\frac{१९}{२४}$ × ४ × ४ × ४ × २००० × २००० × २००० × ४ × ४ × ४ × २४ × २४ × २४ × ५०० × ५०० × ५०० × ८ = ४१३४५२६३०३०८२०३१७७७४९५१२१९२००००००००००००००००००.

अन्तमें १८ शून्य, दो, नौ, एक, दो, एक, पांच, नौ, चार, सात, सात, सात, एक, तीन, शून्य, दो, आठ, शून्य, तीन, शून्य, तीन, छह, दो, पांच, चार, तीन, एक, और चार, ये क्रमसे पल्यके अंक हैं ॥ १२३–१२४ ॥

सौ सौ वर्षमें एक एक रोम-खण्डके निकालनेपर जितने समयमें वह गड्ढा खाली हो, उतने कालको व्यवहारपल्योपम कहते हैं। वह व्यवहारपल्य उद्धारपल्यका निमित्त है ॥ १२५ ॥

व्यवहारपल्य समाप्त हुआ।

व्यवहारपल्यकी रोमराशिमेंसे प्रत्येक रोमखण्डको, असंख्यात करोड़ वर्षोंके जितने समय हों उतने खण्ड करके, उनसे दूसरे पल्यको भरकर पुनः एक एक समयमें एक एक रोम-खण्डको निकाले। इस प्रकार जितने समयमें वह दूसरा पल्य खाली होजाय उतने कालको उद्धारपल्योपम समझना चाहिये ॥ १२६–१२७ ॥

उद्धारपल्य समाप्त हुआ।

---

१ [पल्लं]. २ द अट्ठरसंताणे. ३ [अंतेणं]. ४ द दोणविक्क°. ५ द तियच्छंचपदोण्णिपणचउण्णिति. ६ द ए एक्क°. ७ [अंका कमेण]. ८ ब पडियकेक्कं.

एदेणं पल्लेणं दीवसमुद्दाण होदि परिमाणं । उद्धाररोमरासिं [1]छेत्तूणमसंखवाससमयसमं ॥ १२८

पुव्वं व विरचिदेणं तदियं अद्धारपल्लणिप्पत्ती । णारयतिरियणरसुराण[2] विण्णेया कम्मट्ठिदी तम्हि ॥ १२९

। अद्धारपल्लं । एवं पल्ल समत्तं ।

एदाणं पल्लाणं दहप्पमाणाउ कोडिकोडीओ । सागरउवमस्स पुढं एक्कस्स हवेज्ज परिमाणं ॥ १३०

। सागरोपमं समत्तं ।

अद्धारपल्लछेदो तस्सासंखेयभागमेत्ते य । पल्लघणंगुलवग्गिदसंवग्गिदयम्हि सूइजगसेढी ॥ १३१

सू. २ । जग. — ।

तं वग्गे पदरंगुलपदराइ घणे घणंगुलं लोगो । जगसेढीए सत्तमभागो रज्जू पभासंते ॥ १३२

४ । = । ६ । ≡ ।

। एवं परिभासा गदा ।

इस उद्धारपल्यमें द्वीप और समुद्रोंका प्रमाण जाना जाता है । उद्धारपल्यकी रोमराशिमेंसे प्रत्येक रोमखण्डके असंख्यात वर्षोंके समयप्रमाण खण्ड करके तीसरे गड्ढेके भरनेपर और पाहिलेके समान एक एक समयमें एक एक रोमखण्डको निकालनेपर जितने समयमें वह गड्ढा रिक्त हो जाय उतने कालको अद्धापल्योपम कहते हैं । इस अद्धा पल्यसे नारकी, तिर्यंच, मनुष्य और देवोंकी आयु तथा कर्मोंकी स्थितिका प्रमाण जानना चाहिये ॥ १२८--१२९ ॥

इस प्रकार पल्य समाप्त हुआ ।

इन दशकोड़ाकोड़ी पल्योंका जितना प्रमाण हो उतना पृथक् पृथक् एक सागरोपमका प्रमाण होता है । अर्थात् दश कोड़ाकोड़ी व्यवहार पल्योंका एक व्यवहारसागरोपम, दश कोड़ाकोड़ी उद्धारपल्योंका एक उद्धारसागरोपम और दश कोड़ाकोड़ी अद्धापल्योंका एक अद्धासागरोपम होता है ॥ १३० ॥ सागरोपम समाप्त हुआ ।

अद्धापल्यके जितने अर्धच्छेद हों, उतनी जगह पल्यको रखकर परस्परमें गुणाकरने पर जो राशि उत्पन्न हो उसे सूच्यंगुल, और अद्धापल्यकी अर्धच्छेद राशिके असंख्यात वें भागप्रमाण घनांगुलको रखकर उनके परस्पर गुणाकरनेपर जो राशि उत्पन्न हो उसे जगश्रेणी कहते हैं, ॥ १३१ ॥

जगश्रे. — सू. अं. २

उद्धार पल्य समाप्त हुआ ।

उपर्युक्त सूच्यङ्गुलका वर्ग करनेपर प्रतरांगुल और जगश्रेणी का वर्ग करनेपर जगप्रतर होता है । इसी प्रकार सूच्यंगुलका घन करनेपर घनांगुल और जगश्रेणीका घन करनेपर लोकका प्रमाण होता हैं । जगश्रेणीके सातवें भाग प्रमाण राजूका प्रमाण कहा जाता है ॥ १३२ ॥

प्र. अं. ४; ज. प्र. =; घ. अं. ६; घ. लो. ≡ ।

इसप्रकार परिभाषा समाप्त हुई ।

---

१ द छेत्तूण संख°. २ द णराणं सुराण.

आदिणिहणेण हीणो पगदिसरूवेण एस संजादो । जीवाजीवसमिद्धो सव्वण्हावलोइओ[1] लोओ ॥ १३३

धम्माधम्मणिबद्धा गदिरागदी जीवपोग्गलाणं च । जेत्तियमेत्ताआसे[2] लोयाआसो स णादव्वो ॥ १३४

लोयायासट्ठाणं सयंपहाणं सदव्वछक्कं हु । सव्वमलोयायासं तं सव्वासं[4] हवे णियमा ॥ १३५

सयलो एस य लोओ णिप्पण्णो सेढिविंदमाणेण । तिवियप्पो[5] णादव्वो हेट्ठिममज्झिमउड्ढभेएण ॥ १३६

हेट्ठिमलोयायारो वेत्तासणसण्णिहो सहावेण । मज्झिमलोयायारो उब्भियमुरअद्धसारिच्छो ॥ १३७

▽ △

उवरिमलोयाआरो उब्भियमुरवेण होइ सरिसत्तो । संठाणो एदाणं लोयाणं एण्हिं साहेमि ॥ १३८

संदिट्ठी—बादरं ।

तंमज्झे मुहमेक्कं भूमि जहा होदि सत्त रज्जूवो । तह छिंदिदम्मि मज्झे हेट्ठिमलोयस्स आयारो ॥ १३९

दोपक्खखेत्तमेत्तं उचलयंतं[6] पुण ठवेदूणं । विवरीदेणं मेलिदे वासुच्छेहा सत्त रज्जूओ ॥ १४०

सर्वज्ञ भगवान्‌से अवलोकित यह लोक आदि और अन्तसे रहित अर्थात् अनाद्यनन्त है, स्वभावसे ही उत्पन्न हुआ है, और जीव एवं अजीव द्रव्योंसे व्याप्त है ॥ १३३ ॥

जितने आकाशमें धर्म और अधर्म द्रव्यके निमित्तसे होनेवाली जीव और पुद्गलोंकी गति एवं स्थिति हो, उसे लोकाकाश समझना चाहिये ॥ १३४ ॥

छह द्रव्योंसे सहित यह लोकाकाशस्थान निश्चय ही स्वयंप्रधान है । इसकी सब दिशाओंमें नियमसे सब अलोकाकाश स्थित है ॥ १३५ ॥

श्रेणीवृंदके मानसे अर्थात् जगश्रेणीके घनप्रमाणसे निष्पन्न हुआ यह सम्पूर्ण लोक अधोलोक, मध्यलोक और ऊर्ध्वलोकके भेदसे तीन प्रकारका है ॥ १३६ ॥

इनमेंसे अधोलोकका आकार स्वभावसे वेत्रासनके सदृश, और मध्यलोकका आकार खड़े किए हुए मृदंगके ऊर्ध्वभागके समान है ॥ १३७ ॥

ऊर्ध्वलोकका आकार खड़े किये हुए मृदंगके सदृश है । अब इन तीनों लोकोंके आकारको कहते हैं ॥ १३८ ॥

उस सम्पूर्ण लोकके बीचमेंसे जिसप्रकार मुख एक राजु और भूमि सात राजु हो, इस-प्रकार मध्यमें छेदनेपर अधोलोकका आकार होता है ॥ १३९ ॥

दोनों ओर फैले हुए क्षेत्रको उठाकर अलग रखदे, फिर विपरीतक्रमसे मिलानेपर विस्तार और उत्सेध सात सात राजु होता है ॥ १४० ॥

१ द सव्वणहावअववो, ब सव्वणहावलोयवो. २ द ब गदिरागदि. ३ द ब मेत्ताआसो. ४ ब तं संवासं. ५ द तिव्वियप्पो. ६ द उचलइयतं.

मज्झम्हि पंच रज्जू कमसो हेट्ठोवरिम्हि इगि रज्जू । सग रज्जू उच्छेहो होदि जहा तह य छेत्तूणं ॥ १४१
हेट्ठोवरिदं मेलिदखेत्तायारं तु चरिमलोयस्स । एदे पुव्विल्लस्स य खेत्तोवरि ठावए पयदं ॥ १४२
उड्डियदिवड्ढमुरवधजोवमाणो[1] य तस्स आयारो । एक्कपदे सगबहलो[2] चोद्दसरज्जूदवो तस्स ॥ १४३
तस्स य एक्कम्हि दए वासो पुव्वावरेण भूमिमुहे । सत्तेक्कपंचएक्का रज्जूवो मज्झहाणिचयं ॥ १४४
खेस्संठियचउखंडं सरिसट्ठाणं आइ[3] घेत्तूणं । तमणुज्झोभयपक्खे विवरीयकमेण मेलिज्जो ॥ १४५
एवँजिय[4] अवसेसे खेत्ते गहिऊण पदरपरिमाणं । पुव्वं पित्र कादूणं बहलं बहलम्मि मेलिज्जो ॥ १४६
एवमवसेसखेत्तं जाव समप्पेदि[5] ताव घेत्तव्वं । एक्केक्कपदरमाणं एक्केक्कपदेसबहलेणं ॥ १४७
एदेण पयारेणं णिप्पण्णतिलोयखेत्तदीहत्तं । वासउदयं भणामो णिस्संदं[6] दिट्ठिवादादो ॥ १४८
सेढिपमाणायामं भागेसु दक्खिणुत्तरेसु पुढं । पुव्वावरेसु वासं भूमिमुहे सत्त येक्कपंचेक्का ॥ १४९

— । — । —१/७ । —५/७ । —१/७ ।

जिस प्रकार मध्यमें पांच राजु, नीचे और ऊपर क्रमसे एक राजु और उंचाई सात राजु हो, इसप्रकार खण्डित करनेपर नीचे और ऊपर मिले हुए क्षेत्रका आकार अन्तिम लोक अर्थात् ऊर्ध्वलोकका आकार होता है। इसको पूर्वोक्त क्षेत्र अर्थात् अधोलोकके ऊपर रखनेपर प्रकृतमें खड़े किये हुए ध्वजयुक्त डेढ़ मृदंगके सदृश उस सम्पूर्ण लोकका आकार होता है। इसको एकत्र करनेपर उस लोकका बाहल्य सात राजु और उंचाई चौदह राजु होती है ॥ १४१–१४३ ॥

इस लोककी भूमि और मुखका व्यास पूर्व-पश्चिमकी अपेक्षा एक ओर क्रमशः सात, एक, पांच और एक राजुमात्र है, तथा मध्यमें हानि-वृद्धि है ॥ १४४ ॥

आकाशमें स्थित चारों सदृश आकारवाले खण्डोंको ग्रहण करके उन्हें विचारपूर्वक उभय पक्षमें विपरीत क्रमसे मिलाना चाहिये। इसीप्रकार अवशेष क्षेत्रोंको ग्रहण करके और पूर्वके समान ही प्रतरप्रमाण करके बाहल्यको बाहल्यमें मिलादे। इस क्रमसे जबतक अवशिष्ट क्षेत्र समाप्त न हो जाय, तबतक एक एक प्रदेश बाहल्यरूप एक एक प्रतरप्रमाणको ग्रहण करना चाहिये ॥ १४५–१४७ ॥

इसप्रकारसे सिद्ध हुए त्रिलोकरूप क्षेत्रकी मुटाई, चौड़ाई और उंचाईका हम वैसा ही वर्णन करते हैं जैसा कि दृष्टिवाद अंगमे निकला है ॥ १४८ ॥

दक्षिण और उत्तर भागमें लोकका आयाम जगश्रेणीप्रमाण अर्थात् सात राजु है, पूर्व और पश्चिम भागमें भूमि तथा मुखका व्यास क्रमसे सात, एक, पांच और एक राजु है। तात्पर्य यह है कि लोककी मुटाई सर्वत्र सात राजु है, और विस्तार क्रमशः अधोलोकके नीचे सात राजु, मध्यलोकमें एक राजु, ब्रह्मस्वर्गपर पांच राजु और लोकके अन्तमें एक राजु है ॥ १४९ ॥

राजु. ७ । ७ । १ । ५ । १ ।

१ द उब्भियदिवड्ढमुरवद्ध°. २ द ब सव्वहलो. ३ ब अइ. ४ [एवं चिय]. ५ द ब समं पेरि. ६ द ब णिस्सदं.

चोद्दसरज्जुपमाणो उच्छेहो होदि सयललोगस्स । अद्धमुरजस्सुदवो समग्गमुरवोदयसरिच्छो ॥ १५०

१४ ।—।—।

हेट्ठिममज्झिमउवरिमलोउच्छेहो कमेण रज्जूवो । सत्त य जोयणलक्खं जोयणलक्खूणसगरज्जू ॥ १५१

७ । जो. १००००० । ७ रिण जो. १००००० ।

इह रयणसक्करावालुपंकधूमतममहातमादिपहा । मुरवद्धम्मि महीओ सत्त च्चिय रज्जुअन्तरिया ॥ १५२

घम्मावंसामेघाअंजणरिट्ठाणउब्भमघवीओ । माघविया इय ताणं पुढवीणं गोत्तणामाणि ॥ १५३

मज्झिमजगस्स हेट्ठिमभागादो णिग्गदो पढमरज्जू । सक्करपहपुढवीए हेट्ठिमभागम्मि णिट्ठादि ॥ १५४

— १ ।

तत्तो दोइदरज्जू वालुवपहहेट्ठि समप्पेदि । तह य तइज्जा रज्जू पंकपहहेट्ठस्स भागम्मि ॥ १५५

— २ । — ३ ।

सम्पूर्ण लोककी उंचाई चौदह राजुप्रमाण है। अर्ध मृदंगकी उंचाई सम्पूर्ण मृदंगकी उंचाईके सदृश है अर्थात् अर्ध मृदंगसदृश अधोलोक जैसे सात राजु ऊंचा है, उसीप्रकार पूर्ण मृदंगके सदृश ऊर्ध्वलोक भी सात ही राजु ऊंचा है ॥ १५० ॥

क्रमसे अधोलोककी उंचाई सात राजु, मध्यलोककी उंचाई एक लाख योजन और ऊर्ध्वलोककी उंचाई एक लाख योजन कम सात राजु है ॥ १५१ ॥

अ. लो. ७ रा. । म. लो. १००००० यो. । ऊ. लो. रा. ७ ऋण १००००० यो. ।

इन तीनों लोकोंमेंसे अर्धमृदंगाकार अधोलोकमें रत्नप्रभा, शर्कराप्रभा, बालुप्रभा, पंकप्रभा, धूमप्रभा, तमःप्रभा और महातमःप्रभा, ये सात पृथिवियां एक एक राजुके अन्तरालसे हैं ॥ १५२ ॥

विशेषार्थ—ऊपर प्रत्येक पृथिवीके मध्यका अन्तर जो एक राजु कहा है, वह सामान्य कथन है। विशेषरूपसे विचार करनेपर पहली और दूसरी पृथिवीकी मुटाई एक राजुमें शामिल है, अतएव इन दोनों पृथिवियोंका अन्तर दो लाख बारह हजार योजन कम एक राजु होगा। इसीप्रकार आगे भी पृथिवियोंकी मुटाई प्रत्येक राजुमें शामिल है, अतएव मुटाईका जहां जितना प्रमाण है, उतना उतना कम एक राजु वहां अन्तर जानना चाहिये।

धर्मा, वंशा, मेघा, अंजना, अरिष्टा, मघवी, और माघवी, ये इन उपर्युक्त पृथिवियोंके गोत्रनाम हैं ॥ १५३ ॥

मध्यलोकके अधोभागसे प्रारम्भ होकर पहिला राजु शर्कराप्रभा पृथिवीके अधोभागमें समाप्त होता है ॥ १५४ ॥

रा. १.

इसके आगे दूसरा राजु प्रारम्भ होकर बालुकाप्रभाके अधोभागमें समाप्त होता है, तथा तीसरा राजु पंकप्रभाके अधोभागमें समाप्त होता है ॥ १५५ ॥

रा. २ । ३ ।

१ ब सामग्ग°. २ ब गाच°. ३ द ब सक्करसेह.

धूमपहाए हेट्ठिमभागम्मि समप्पदे तुरियरज्जू । तह पंचमिया रज्जू तमप्पहाहेट्ठिमपएसे ॥ १५६

$\frac{—}{७}$ ४ । $\frac{—}{७}$ ५ ।

महतमहेट्ठिमयंते छट्ठी हि समप्पदे रज्जू । तत्तो सत्तमरज्जू लोयस्स तलम्मि णिट्ठादि ॥ १५७

$\frac{—}{७}$ ६ । $\frac{—}{७}$ ७ ।

मज्झिमजगस्स उवरिमभागादु दिवड्ढरज्जुपरिमाणं । इगिजोयणलक्खूणं सोहम्मविमाणधयदंडे ॥ १५८

$\frac{—}{१४}$ ३ । रि. यो. १००००० ।[3]

वच्चदि दिवड्ढरज्जू माहिंदसणक्कुमारउवरिम्मि । णिट्ठादि अद्धरज्जू बंभुत्तरउड्ढभागम्मि ॥ १५९

$\frac{—}{१४}$ ३ । $\frac{—}{१४}$ ।

अवसादि अद्धरज्जू काविट्ठस्सोवरिट्ठभागम्मि । स च्चिय महसुक्कोवरि सहसारोवरि अ स च्चेय ॥ १६०

$\overline{१४}$ । $\overline{१४}$ । $\overline{१४}$ ।

तत्तो य अद्धरज्जू आणदकप्पस्स उवरिमपएसे । स य आरणस्स कप्पस्स[5] उवरिमभागम्मि गेविज्जं[6] ॥ १६१

इसके अनन्तर चौथा राजु धूमप्रभाके अधोभागमें और पांचवां राजु तमःप्रभाके अधोभागमें समाप्त होता है ॥ १५६ ॥

रा. ४ । ५ ।

पूर्वोक्त क्रमसे छठवां राजु महातमःप्रभाके अन्तमें समाप्त होता है, और इसके आगे सातवां राजु लोकके तलभागमें समाप्त होता है ॥ १५७ ॥

रा. ६ । ७ ।

मध्यलोकके ऊपरी भागसे सौधर्म विमानके ध्वजदण्डतक एक लाख योजन कम डेढ़ राजुप्रमाण उंचाई है ॥ १५८ ॥

रा. १$\frac{१}{२}$ ऋण — १००००० यो. ।

इसके आगे डेढ़ राजु माहेन्द्र और सानत्कुमार स्वर्गके ऊपरी भागमें समाप्त होता है । अनन्तर आधा राजु ब्रह्मोत्तर स्वर्गके ऊपरी भागमें पूर्ण होता है ॥ १५९ ॥

रा. १$\frac{१}{२}$ । $\frac{१}{२}$ ।

इसके पश्चात् आधा राजु कापिष्ठके ऊपरी भागमें, आधा राजु महाशुक्रके ऊपरी भागमें, और आधा राजु सहस्रारके ऊपरी भागमें समाप्त होता है ॥ १६० ॥

रा. $\frac{१}{२}$ । $\frac{१}{२}$ । $\frac{१}{२}$ ।

इसके अनन्तर अर्ध राजु आनत स्वर्गके ऊपरी भागमें और अर्ध राजु आरण स्वर्गके ऊपरी

१ ब छट्ठीहिं. २ द लक्खोणं. ३ द ब $\frac{—}{१४}$ ३ । $\overline{१४}$ ३ ।. ४ ब अद्धरज्जूवमुत्तर°. ५ द ब कप्पं सो ६ ब गेवज्जं.

तत्तो उवरिमभागे णवाणुत्तरओ होंति एक्करज्जूवो । एवं उवरिमलोए रज्जुविभागो समुद्दिट्ठं ॥ १६२

$\frac{-}{१४}$ । $\frac{-}{१४}$ । $\frac{-}{१४}$ २ ।

णियणियचरिमिंदयधयदंडग्गं कप्पभूमिअवसाणं । कप्पादीदमहीए विच्छेदो लोयविच्छेदो ॥ १६३

सेढीए सत्तंसो हेट्ठिमलोयस्स होदि मुहवासो । भूमीवासो सेढीमेत्ताअवसाणउच्छेहो ॥ १६४

$\frac{-}{७}$ । — । — ।

मुहभूमिसमासमद्धिय गुणिदं पुण तह य वेदेण । घणघणिदं णादव्वं वेत्तासणसण्णिए खेत्ते ॥ १६५

हेट्ठिमलोए लोओ चउगुणिसगहिदो विंदफलं[1] । तस्सद्धे सयलजुगो दोगुणिदो सत्तपरिभागो[4] ॥ १६६

$\frac{\equiv}{७}$ ४ । $\frac{\equiv}{७}$ २ ।

छेत्तूणं तसणालिं अण्णत्थं ठाविदूण विंदफलं । आणेज तप्पमाणं उणवण्णेहिं विभत्तलोयसमं ॥ १६७

....

भागमें पूर्ण होता है । बाद एक राजुकी उंचाईमें नौ ग्रैवेयक, नौ अनुदिश और पांच अनुत्तर विमान हैं । इसप्रकार ऊर्ध्वलोकमें राजुका विभाग कहा गया है ॥ १६१-१६२ ॥

रा. $\frac{१}{२}$ । $\frac{१}{२}$ । १ ।

अपने अपने अन्तिम इन्द्रक विमानसम्बन्धी ध्वजदण्डके अग्रभागतक उन उन स्वर्गोंका अन्त समझना चाहिये । और लोकका जो अन्त है वही कल्पातीत भूमिका भी अन्त है ॥ १६३ ॥

अधोलोकके मुखका विस्तार जगश्रेणीका सातवां भाग, भूमिका विस्तार जगश्रेणीप्रमाण, और अधोलोकके अन्ततक उंचाई भी जगश्रेणीप्रमाण ही है ॥ १६४ ॥

रा. १ । ७ । ७ ।

मुख और भूमिके योगको आधा करके पुनः उंचाईसे गुणा करनेपर वेत्रासनसदृश लोक (अधोलोक) का क्षेत्र-फल जानना चाहिये ॥ १६५ ॥

१ + ७ ÷ २ × ७ = २८ रा० क्षे. फ.

लोकको चारसे गुणाकरके उसमें सातका भागदेनेपर अधोलोकके घनफलका प्रमाण निकलता है, और सम्पूर्ण लोकको दोसे गुणाकर प्राप्त गुणनफलमें सातका भाग देनेपर अधोलोकसम्बंधी आधे क्षेत्रका घनफल होता है ॥ १६६ ॥

३४३ × ४ ÷ ७ = १९६ रा. अ. लो. का घ. फ.

३४३ × २ ÷ ७ = ९८ रा. अर्द्ध अ. लो. का घ. फ.

अधोलोकमेंसे त्रसनालीको छेदकर और उसे अन्यत्र रखकर उसका घनफल निकालना चाहिये । इस घनफलका प्रमाण, लोकके प्रमाणमें उनंचासका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना होता है ॥ १६७ ॥

रा. ७ × १ × १ = ७ अ. लो. त्र. ना. का घ. फ. = ३४३ ÷ ४९ = ७ ।

....

१ द मेत्ता अ उच्छेहो. २ द ब समासमद्धिय. ३ द सगहिदो य विंद. ४ ब तस्सद्धे सयलजुदागो, द ब सत्तपरिमाणो.

सगवीसगुणिदलोओ उगवण्णहिदो अ सेसखिदिसंखा। तसखित्ते सम्मिलिदे चउगुणिदो सगहिदो लोओ ॥ १६८

≡ २७ । ≡ ४ ।[1]
४९   ७

मुरजायारं उड्ढं खेत्तं छेत्तूण मेलिदं सयलं । पुव्वावरेण जायदि वेत्तासणसरिससंठाणं[2] ॥ १६९

सेढीए सत्तमभागो उवरिमलोयस्स होदि मुहवासो । पणगुणिदो तब्भूमी उस्सेहो तस्स इगिसेढी ॥ १७०

— । — ५ ।
७   ७

तियगुणिदो सत्तहिदो उवरिमलोयस्स घणफलं लोओ । तस्सद्धे खेत्तफलं तिउणो चोद्दसहिदो लोओ ॥ १७१

≡ ३ । ≡ ३ ।
७   १४

छेत्तूणं तसणालिं[3] अण्णत्थं[4] ठाविऊण विंदफलं[5] । आणेज्ज तं पमाणं उगवण्णेहिं विभत्तलोयसमं ॥ १७२

≡ १ ।
४९

लोकको सत्ताईससे गुणा कर उसमें उनंचासका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना त्रसनालीको छोड़ शेष अधोलोकका घनफल समझना चाहिये। और लोकप्रमाणको चारसे गुणा कर उसमें सातका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना त्रसनालीसे युक्त पूर्ण अधोलोकका घनफल समझना चाहिये ॥ १६८ ॥

३४३ × २७ ÷ ४९ = १८९ त्रसनाली छोड़ शेष अ. लो. का घ. फ.

३४३ × ४ ÷ ७ = १९६ पूर्ण अ. लो. का घनफल ।

मृदंगके आकार जो सम्पूर्ण ऊर्ध्वलोक है, उसे छेदकर मिलादेनेपर पूर्व-पश्चिमसे वेत्रासनके सदृश अधोलोकका आकार बन जाता है ॥ १६९ ॥

ऊर्ध्वलोकके मुखका व्यास जगश्रेणीका सातवां भाग है, और इससे पांचगुणा (५ राजु) उसकी भूमिका व्यास, तथा उंचाई एक जगश्रेणी है ॥ १७० ॥

रा. १ । ५ । ७ ।

लोकको तीनसे गुणा करके उसमें सातका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना ऊर्ध्वलोकका घनफल है, और लोकको तीनसे गुणाकरके उसमें चौदहका भाग देनेपर लब्धराशिप्रमाण ऊर्ध्वलोकसम्बन्धी आधे क्षेत्रका फल (घनफल) होता है ॥ १७१ ॥

३४३×३÷७=१४७ ऊ. लो. घ. फ.

३४३×३÷१४=७३ $\frac{1}{2}$ अर्द्ध ऊ. लो. घ. फ.

ऊर्ध्वलोकसे त्रसनालीको छेदकर और उसे अलग रखकर उसका घनफल निकाले। इस घनफलका प्रमाण उनंचाससे विभक्त लोकके बराबर होगा ॥ १७२ ॥

३४३ ÷ ४९ = ७ अ. लो. त्र. ना. घ. फ.

१ द ≡ । ≡ ४ ।. २ द ब °संठाणा. ३ द तस्सणालिं. ४ द ब अण्णद्धं. ५ द बिंदुफलं.

विंसदिगुणिदो लोओ उगवण्णहिदो य सेसखिदिसंखा । तसखेत्ते सम्मिलिदे लोओ तिगुणो अ सत्तहिदो ॥ १७३

$\frac{\equiv}{४९}$ २० । $\frac{\equiv}{७}$ ३ ।

घणफलमुवरिमहेट्ठिमलोयाणं मेलिदम्मि सेढिघणं । वित्थररुइबोहत्थं वोच्छं णाणावियप्पे वि ॥ १७४

सेढियसत्तमभागो हेट्ठिमलोयस्स होदि मुहवासो । भूवित्थारो सेढी सेढि त्ति य तस्स उच्छेहो ॥ १७५

$\frac{—}{७}$ ।—।—।

भूमिय मुहं विसोहिय उच्छेहहिदं मुहाउ भूमीदो । सव्वेसु खेत्तेसुं पत्तेक्कं वड्ढिहाणीओ ॥ १७६

तक्खयवड्ढिपमाणं णियणियउदयाहदं जइच्छाए । हीणब्भहिए संते वासाणि हवंति भूमुहाहिंतो ॥ १७७

$\frac{—}{४९}$ ६ । [3]

लोकको बीससे गुणाकरके उसमें उनंचासका भाग देनेपर त्रसनालीको छोड़ बाकी ऊर्ध्व-लोकका घनफल निकल आता है । लोकको तिगुणा कर उसमे सातका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना त्रसनालीयुक्त पूर्ण ऊर्ध्वलोकका घनफल है ॥ १७३ ॥

३४३ × २० ÷ ४९ = १४० त्रसनालीसे रहित ऊ. लो. का घ. फ.

३४३ × ३ ÷ ७ = १४७ त्रसनालीयुक्त ऊ. लो. का घनफल.

ऊर्ध्व और अधोलोकके घनफलको मिलादेनेपर वह श्रेणीके घनप्रमाण (लोक) होता है । अब विस्तारमें अनुराग रखनेवाले शिष्योंको समझानेकेलिये अनेक विकल्पोंद्वारा भी इसका कथन करता हूं ॥ १७४ ॥

ऊ. घ. १४७ + अ. घ. १९६ = ३४३ (७ × ७ × ७ = ३४३ श्रे. घ.)

अधोलोकके मुखका व्यास श्रेणीका सातवां भाग अर्थात् एक राजु, और भूमिका विस्तार श्रेणीप्रमाण (७ रा.) है, तथा उसकी उंचाई भी श्रेणीमात्र ही है ॥ १७५ ॥

रा. १ । ७ । ७ ।

भूमिके प्रमाणमेंसे मुखका प्रमाण घटाकर शेषमें उंचाईके प्रमाणका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना, सब भूमियोंमेंसे प्रत्येक पृथिवीक्षेत्रकी, मुखकी अपेक्षा वृद्धि और भूमिकी अपेक्षा हानिका प्रमाण निकलता है ॥ १७६ ॥

७ – १ ÷ ७ = $\frac{६}{७}$ वृद्धि और हानि का प्रमाण ।

विवक्षित स्थानमें अपनी अपनी उंचाईसे उस वृद्धि और क्षयके प्रमाणको ($\frac{६}{७}$) गुणा करके जो गुणनफल प्राप्त हो, उसको भूमिके प्रमाणमेंसे घटानेपर अथवा मुखके प्रमाणमें जोड़देनेपर उक्त स्थानमें व्यासका प्रमाण निकलता है॥ १७७ ॥

विशेषार्थ—कल्पना कीजिये कि यदि हमें भूमिकी अपेक्षा चतुर्थ स्थानके व्यासका प्रमाण निकालना है, तो हानिका प्रमाण जो छह बटे सात ($\frac{६}{७}$) है, उसे उक्त स्थानकी उंचाईसे (३ रा.)

१ द ब वित्थररुहि°. २ द ब सत्ते. ३ द ब $\frac{—}{४०}$ ६.

उणवण्णभजिदसेढी अट्ठसु ठाणेसु[2] ठाविदूण कमे । वासट्ठं गुणआरा सत्तादिछक्कवड्ढिगदा ॥ १७८

$\frac{-}{४९}$ ७ । $\frac{-}{४९}$ १३ । $\frac{-}{४९}$ १९ । $\frac{-}{४९}$ २५ । $\frac{-}{४९}$ ३१ । $\frac{-}{४९}$ ३७ । $\frac{-}{४९}$ ४३ । $\frac{-}{४९}$ ४९ ।

सत्तघणहरिदलोयं सत्तसु ठाणेसु ठाविदूण कमे । विंदफले गुणयारा दसपभवा छक्कवड्ढिगदा ॥ १७९

$\frac{\equiv}{३४३}$ १० । $\frac{\equiv}{३४३}$ १६ । $\frac{\equiv}{३४३}$ २२ । $\frac{\equiv}{३४३}$ २८ । $\frac{\equiv}{३४३}$ ३४ । $\frac{\equiv}{३४३}$ ४० । $\frac{\equiv}{३४३}$ ४६ ।

गुणाकर प्राप्त हुए गुणन-फलको भूमिके प्रमाणमेंसे घटा देना चाहिये । इस रीतिसे चतुर्थ स्थानका व्यास निकल आवेगा । इसीप्रकार मुखकी अपेक्षा चतुर्थ स्थानके व्यासको निकालनेके लिये वृद्धिके प्रमाण ($\frac{६}{७}$) को उक्त स्थानकी उंचाई (४ राजु) से गुणाकरके प्राप्त हुए गुणन-फलको मुखमें जोड़ देनेपर विवक्षित स्थानके व्यासका प्रमाण निकल आवेगा ।

उदाहरण—$\frac{६}{७}$×३=$\frac{१८}{७}$; भू. $\frac{४९}{७}$−$\frac{१८}{७}$=$\frac{३१}{७}$ भूमिकी अपेक्षा चतुर्थ स्थानका व्यास ।

$\frac{६}{७}$×४=$\frac{२४}{७}$; $\frac{२४}{७}$ + मु. $\frac{७}{७}$=$\frac{३१}{७}$ मुखकी अपेक्षा चतुर्थ स्थानका व्यास ।

श्रेणीमें उनंचासका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसे क्रमसे आठ जगह रखकर व्यासके निमित्त गुणा करनेकेलिये आदिमें गुणकार सात है । पुनः इसके आगे क्रमसे छह छह गुणकारकी वृद्धि होती गई है ॥ १७८ ॥

श्रेणीप्रमाण रा. ७; $\frac{७}{४९}$ × ७; $\frac{७}{४९}$ × १३; $\frac{७}{४९}$ × १९; $\frac{७}{४९}$ × २५; $\frac{७}{४९}$ × ३१; $\frac{७}{४९}$ × ३७; $\frac{७}{४९}$ × ४३; $\frac{७}{४९}$ ४९.

सातके घन अर्थात् तीनसौ तेतालीससे भाजित लोकको क्रमसे सात जगह रखकर अधोलोकके सात क्षेत्रोंमेसे प्रत्येक क्षेत्रके घनफलको निकालनेकेलिये आदिमें गुणकार दश और फिर इसके आगे क्रमसे छह छहकी वृद्धि होती गई है ॥ १७९ ॥

लो. प्र. ३४३; ३४३ ÷ $७^{३}$ = १; १ × १०; १ × १६; १ × २२; १ × २८; १ × ३४; १ × ४०; १ × ४६.

विशेषार्थ—मुख और भूमिको जोड़कर उसे आधा करनेपर प्राप्त हुए प्रमाणको विवक्षित क्षेत्रकी उंचाई और मुटाईसे गुणा करनेपर विषम क्षेत्रका घनफल निकलता है । इस नियमके अनुसार उपर्युक्त सात पृथिवियोंका घन-फल निम्नप्रकार है—

प्र. पृथिवीक्षेत्रका घ. फ.—मु. $\frac{७}{७}$ + भू. $\frac{१३}{७}$ ÷ २ × १ × ७ = $\frac{१४०}{१४}$ = १० रा.

द्वि. पृ. क्षे. „ „ $\frac{१३}{७}$ + $\frac{१९}{७}$ ÷ २ × १ × ७ = $\frac{२२४}{१४}$ = १६ रा.

तृ. „ „ „ „ $\frac{१९}{७}$ + $\frac{२५}{७}$ ÷ २ × १ × ७ = $\frac{३०८}{१४}$ = २२ रा.

च. „ „ „ „ $\frac{२५}{७}$ + $\frac{३१}{७}$ ÷ २ × १ × ७ = $\frac{३९२}{१४}$ = २८ रा.

पं. „ „ „ „ $\frac{३१}{७}$ + $\frac{३७}{७}$ ÷ २ × १ × ७ = $\frac{४७६}{१४}$ = ३४ रा.

ष. „ „ „ „ $\frac{३७}{७}$ + $\frac{४३}{७}$ ÷ २ × १ × ७ = $\frac{५६०}{१४}$ = ४० रा.

स. „ „ „ „ $\frac{४३}{७}$ + $\frac{४९}{७}$ ÷ २ × १ × ७ = $\frac{६४४}{१४}$ = ४६ रा.

कुल योग १९६ रा.

१ ब उणवणभाजिद° २ द ठाणेण. ३ ब वासद्धं गुणआए.

उदओ हवेदि पुव्वावरेहि लोयंतउभयपासेसु । तिदुइगिरज्जुपवेसे सेढी दुतिभागतिदसेढीओ[1] ॥ १८०

भुजपडिभुजमिलिदद्धं विंदफलं वासमुदयवेदहदं । एक्कायय्नबाहू वासद्धहदा य वेदहदा ॥ १८१

अवधि, कुमति, कुश्रुत और विभंग, इन छह ज्ञानोंसे संयुक्त; विविध प्रकारके असंयमों (अविरति-भेदों) से परिपूर्ण; चक्षु, अचक्षु, अवधि, इन तीन दर्शनोंसे युक्त; भावकी अपेक्षा कृष्ण, नील, कापोत, इन तीन लेश्याओं और द्रव्यकी अपेक्षा उत्कृष्ट कृष्ण लेश्यासे सहित; भव्यत्व और अभव्यत्व परिणामसे युक्त; औपशमिक, क्षायिक, वेदक, मिथ्यात्व, सासादन, मिश्र, इन छह सम्यक्त्वोंसे सहित; संज्ञी; आहारक व अनाहारक; इसप्रकार चौदह मार्गणाओंमेंसे भिन्न भिन्न मार्गणाओंसे सहित होते हैं ॥ २७८–२८२ ॥

उन नारकी जीवोंके साकार (ज्ञान) और निराकार (दर्शन) दोनों ही उपयोग होते हैं । ये नारकी तीव्र कषाय और तीव्र उदयवाली पाप-प्रकृतियोंसे युक्त होते है ॥ २८३ ॥

इसप्रकार गुणस्थानादिका वर्णन समाप्त हुआ ।

प्रथम पृथिवीके अंततक असंज्ञी, तथा प्रथम और द्वितीयमें सरीसृप जाता है । पहिलीसे तीसरी पृथिवीपर्यन्त पक्षी, तथा चौथीतक भुजंगादिक उत्पन्न होते हैं ॥ २८४ ॥

पांचवीं पृथिवीपर्यन्त सिंह, छठी पृथिवीतक स्त्री, और सातवीं भूमितक मत्स्य एवं मनुज (पुरुष) ही जाते हैं ॥ २८५ ॥

उपर्युक्त सात पृथिवियोंमें क्रमसे वे असंज्ञी आदिक जीव उत्कृष्ट रूपसे आठ, सात, छह, पांच, चार, तीन और दो वार ही उत्पन्न होते हैं ॥ २८६ ॥

इसप्रकार उत्पद्यमान जीवोंका वर्णन समाप्त हुआ ।

---

१ ब खु. २ द °किण्हो. ३ ब सासणिमिस्सा. ४ द °भुयंगावियए.

चउवीस मुहुत्ताणिं सत्त दिणा एक्क पक्ख मासं च । दोचउछम्मासाइं पढमादो जम्ममरणअंतरयं ॥ २८७

मु २४, दि ७, दि १५, मा १, मा २, मा ४, मा ६ ।

। जम्मणमरणाणंतरकालपमाणं सम्मत्तं[1] ।

रयणादिणारयाणं णियसंखादो यसंखभागमिदा । पडिसमयं जायंते तेत्तियमेत्ता य मरंति पुढं ॥ २८८

२ । ३ । १२२ । १०३ । ६२ । ३२ । ५२ ।[3] (?)
१ २

। उप्पज्जणमरणाण परिमाणवण्णणा सम्मत्ता ।

णिक्कंता णिरयादो गब्भेसुं कम्मसंणिपज्जत्ते । णरतिरिएसुं जम्मदि [5]तिरियंचिय चरमपुढवीए ॥ २८९

वालेसुं[6] दाढीसुं[7] पक्खीसुं जलचरेसु जाऊणं । संखेज्जाउगजुत्ता तेई णिरएसु वच्चंति ॥ २९०

केसवबलचक्कहरा ण होंति कइयावि णिरयसंचारी । जायंते तित्थयरा तदीयखोणीय परियंतं ॥ २९१

चौबीस मुहूर्त, सात दिन, एक पक्ष, एक मास, दो मास, चार मास और छह मास, यह क्रमसे प्रथमादिक पृथिवियोंमें जन्म-मरणके अन्तरका प्रमाण है ॥ २८७ ॥

प्र. पृ. में मुहूर्त २४; द्वि. पृ. दि. ७; तृ. पृ. दि. १५; च. पृ. मा. १; पं. पृ. मा. २; ष. पृ. मा. ४; स पृ. मा. ६ ।

इसप्रकार जन्म-मरणके अन्तरकालका प्रमाण समाप्त हुआ ।

रत्नप्रभादिक पृथिवियोंमें स्थित नारकियोंके अपनी संख्याके असंख्यातवें भागप्रमाण नारकी प्रत्येक समयमें उत्पन्न होते हैं और उतने ही मरते भी हैं ॥ २८८ ॥

इसप्रकार एक समयमें उत्पन्न होनेवाले व मरनेवाले जीवोंका कथन समाप्त हुआ ।

नरकसे निकले हुए जीव गर्भज, कर्मभूमिज, संज्ञी, एवं पर्याप्त ऐसे मनुष्य और तिर्यंचोंमें ही जन्म लेते हैं। परन्तु अन्तिम पृथिवीसे निकला हुआ जीव केवल तिर्यंच ही होता है, अर्थात् मनुष्य नहीं होता ॥ २८९ ॥

नरकोंसे निकले हुए उनमेंसे कितने ही जीव व्यालों (सर्पादिकों) में, डाढ़ों अर्थात् तीक्ष्ण दांतोंवाले व्याघ्रादिक पशुओंमें, गृद्धादिक पक्षियोंमें, तथा जलचर जीवोंमें जाकर और संख्यात वर्षकी आयुसे युक्त होकर पुनः नरकोंमें जाते हैं ॥ २९० ॥

नरकमें रहनेवाले जीव वहांसे निकलकर नारायण, प्रतिनारायण, बलभद्र, और चक्रवर्ती कदापि नहीं होते। तीसरी पृथिवीतकके नारकी जीव वहांसे निकलकर तीर्थंकर हो सकते है ॥ २९१ ॥

१ द सम्मत्ता. २ द तेत्तियमेत्ताए. ३ द ३२५५२ । . ४ द ब उप्पज्जं. ५ द तिरियचिय. ६ द ब वालीसुं. ७ द दालीसुं.

आतुरिमखिदी चरमंगधारिणो संजदा य धूमंतं । छट्ठंतं देसवदा सम्मत्तधरा केइ चरिमंतं ॥ २९२

। आगमणवण्णणा सम्मत्ता ।

आउस्स बंधसमए सिलो व्व सेलो[1] व्व वेणुमूले य । किमिरायकसायाणं उदयम्मि बंधेदि णिरयाऊ ॥२९३

किण्हाय णीलकाऊणुदयादो बंधिऊण णिरयाऊ । मरिऊण ताहिं जुत्तो पावइ णिरयं महाघोरं[2] ॥ २९४

किण्हादितिलेस्सजुदा जे पुरिसा ताण लक्खणं एदं । गोत्तं तह सकलत्तं एक्कं वंछेदि मारिदुं दुट्ठो ॥ २९५

धम्मदयापरिचत्तो[3] अमुक्कवेरो पयंडकलहयरो । बहुकोहो किण्हाए जम्मदि धूमादिचरिमंते ॥ २९६

विसयासत्तो विमदी माणी विण्णाणवज्जिदो मंदो । अलसो भीरू मायापवंचबहुलो य णिद्दालू ॥ २९७

परवंचणप्पसत्तो लोहंधो धणसुहाकंखी[4] । बहुसण्णा णीलाए जम्मदि तं चेव धूमंतं ॥ २९८

अप्पाणं मण्णंता अण्णं णिंदेदि अलियदोसेहिं । भीरू सोकविसण्णो परावमाणी यसूयी[5] य ॥ २९९

चौथी पृथिवीतकके नारकी वहांसे निकलकर चरमशरीरी, धूमप्रभा पृथिवीतकके जीव सकल-संयमी और छठी पृथिवीतकके नारकी जीव देशव्रती हो सकते हैं। अन्तिम (सातवीं) पृथिवीसे निकले हुए जीवोंमें कोई विरले ही सम्यक्त्वके धारक होते हैं। ॥ २९२ ॥

इसप्रकार आगमनका वर्णन समाप्त हुआ।

आयुबन्धके समय सिलकी रेखाके समान क्रोध, शैलके समान मान, बांसकी जड़के समान माया और कृमिरागके समान लोभ कषायका उदय होनेपर नरकायुका बन्ध होता है ॥ २९३ ॥

कृष्ण, नील अथवा कापोत इन तीन लेश्याओंका उदय होनेसे नरकायुको बांधकर और मरकर उन्हीं लेश्याओंसे युक्त होकर महा भयानक नरकको प्राप्त करता है ॥ २९४ ॥

जो पुरुष कृष्णादि तीन लेश्याओंसे सहित हैं, उनका लक्षण यह है—कृष्ण लेश्यासे युक्त दुष्ट पुरुष अपने ही गोत्रीय तथा एकमात्र स्वकलत्रको भी मारनेकी इच्छा करता है ॥ २९५ ॥

दया धर्मसे रहित, वैरको न छोड़नेवाला, प्रचंड कलह करनेवाला और बहुत क्रोधी जीव कृष्ण लेश्याके साथ धूमप्रभा पृथिवीसे लेकर अन्तिम पृथिवीतकमें जन्म लेता है ॥ २९६ ॥

विषयोंमें आसक्त, मतिहीन, मानी, विवेकबुद्धिसे रहित, मंद (मूर्ख), आलसी, कायर, प्रचुर मायाप्रपंचमें संलग्न, निद्राशील, दूसरोंके ठगनेमें तत्पर, लोभसे अन्ध, धन-धान्यजनित सुखका इच्छुक, और बहुसंज्ञायुक्त अर्थात् आहारादि चारों संज्ञाओंमें आसक्त, ऐसा जीव नील लेश्याके साथ धूमप्रभा पृथिवीतकमें जन्म लेता है ॥ २९७–२९८ ॥

जो अपने आपकी प्रशंसा और असत्य दोषोंको दिखाकर दूसरोंकी निन्दा करता है, तथा जो भीरु, शोक व विषादसे युक्त, परका अपमान करनेवाला और ईर्ष्यासे संयुक्त है, जो कार्य-

१ द ब सिलोव्व सिलोव्व. २ द ब मत्योः गाथेयं अग्रिमगाथायाः पश्चादुपलभ्यते. ३ द ब °परिचित्तो. ४ द धणधणसुहाकंखी. ५ द ब यसूयाअ.

अमुणियकज्जाकज्जो धूवंतो परमपहे सद्दहइ[1] । अप्पं पिव मण्णंतो परं पि कस्स वि ण पत्तिअइ ॥ ३००

थुव्वंतो देइ धणं मरिदुं वंछेदि[2] समरसंघट्टे । काऊए संजुत्तो जम्मदि घम्मादिमेघंतं ॥ ३०१

। आउगबंधणपरिणामा सम्मत्ता ।

इंदयसेढीबद्ध[3]प्पइण्णयाणं हवंति उवरिम्मि । बाहिं बहुलस्सिजुदा अद्धो वट्टा यधोमुहाकंठा ॥ ३०२

चेट्ठेदि जम्मभूमी सा घम्मप्पहुदिखेत्ततिदयम्मि । उट्टिय[4]कोत्थलिकुंभीमोद्दलिमोग्गरमुइंगणालिणिहा ॥ ३०३

गोहत्थितुरयभत्थो अज्जप्पुड[5]अंबरीसदोणीओ । चउपंचमपुढवीसुं आयारो जम्मभूमीणं ॥ ३०४

झल्लरिमल्लयपत्थीकेयूरमसूरसाणयकिलिंजा । धयदीवि[6]चक्कवायस्सिगालसरिसा महाभीमा ॥ ३०५

अजखरकरहसरिसा[7] संदोलअरिक्खसंणिहायारा । छस्सत्तमपुढवीणं दुरिक्खणिज्जा[8] महाघोरा ॥ ३०६

करवत्तसरिच्छाओ अंते वट्टा समंतदाऊ य[9] । मज्जवमइवो णारयजम्मणभूमीओ भीमा य[10] ॥ ३०७

अजगजमहिसतुरंगमखरोट्टमज्जालमेसपहुदीणं । कुथितोणं[11] गंधादो णिरए गंधा अणंतगुणा ॥ ३०८

....

अकार्यको न समझकर चंचलचित्त होता हुआ परम पथका श्रद्धान करता है, अपने समान ही दूसरेको भी समझकर किसीका भी विश्वास नहीं करता है, स्तुति करनेवालोंको धन देता है, और समरसंघर्षमें मरनेकी इच्छा करता है, ऐसा प्राणी कापोत लेश्यासे संयुक्त होकर घर्मासे लेकर मेघा पृथिवीतकमें जन्म लेता है ॥ २९९–३०१ ॥

इसप्रकार आयुबंधक परिणामोंका कथन समाप्त हुआ ।

इन्द्रक, श्रेणीबद्ध और प्रकीर्णक बिलोंके ऊपर अनेक प्रकारकी तलवारोंसे युक्त, अर्धवृत्त और अधोमुखवाली जन्मभूमियां हैं । ये जन्मभूमियां घर्मा पृथिवीको आदि लेकर तीसरी पृथिवीतक उष्ट्रिका, कोथली, कुम्भी, मुद्गालिका, मुद्गर, मृदंग और नालिके सदृश हैं ॥ ३०२–३०३ ॥

चतुर्थ और पंचम पृथिवीमें जन्मभूमियोंका आकार गाय, हाथी, घोड़ा, भस्त्रा, अब्जपुट, अम्बरीष और द्रोणी जैसा है ॥ ३०४ ॥

छठी और सातवीं पृथिवीकी जन्मभूमियां झालर (वाद्यविशेष), मल्लक (पात्रविशेष), पात्री, केयूर, मसूर, शाणक, किलिंज (तृणकी बनी बड़ी टोकरी), ध्वज, द्वीपी, चक्रवाक, शृगाल, अज, खर, करभ, संदोलक (झूला), और ऋक्ष (रीछ) के सदृश हैं । ये जन्मभूमियां दुष्प्रेक्ष्य एवं महा भयानक हैं ॥ ३०५–३०६ ॥

उपर्युक्त नारकियोंकी जन्मभूमियां अन्तमें करोंतके सदृश, चारों तरफसे गोल, मज्जवमयी (?) और भयंकर हैं ॥ ३०७ ॥

बकरी, हाथी, भैंस, घोड़ा, गधा, ऊंट, बिलाव और मैंढ़े आदिके सड़े-गले शरीरोंकी दुर्गन्धकी अपेक्षा नरकोंमें अनन्तगुणी दुर्गन्ध है ॥ ३०८ ॥

. . . .

१ द ब परमपहइ सव्वहइ. २ द वुंछेदि. ३ ब इंदियसेढी°. ४ द उव्विय°, ब उतिय°. ५ द ब अंतंपुड. ६ द °चक्कवायासीगाल°, ब चक्कवात्रासीगाल°. ७ द °सरिच्छसंदोलअ°. ८ द धुरिक्खणिज्जा. ९ द समंतदाऊ. १० द ब भीमाए. ११ द कुथिताणं.

पणकोसवासजुत्ता होंति जहण्णम्हि जम्मभूमीओ । जेट्ठे चउस्सयाणिं दहपण्णरसं च मज्झिमए ॥ ३०९

५ । ४०० । १० । १५ ।

जम्मणखिदीण उदया णियणियरुंदाणि पंचगुणिदाणि । सत्ततिदुगेक्ककोणा पणकोणा होंति एदाओ ॥ ३१०

२५ । २००० । ५० । ७५ ।

एक्क दु ति पंच सत्त य जम्मणखेत्तेसु दारकोणाणि । तेत्तियमेत्ता दारा सेढीबद्धे पइण्णए एवं ॥ ३११

तिद्दारतिकोणाओ इंदयणिरयाणं जम्मभूमीओ । णिच्चंधयारबहुला कत्थुरिहिंतो अणंतगुणो ॥ ३१२

। जम्मणभूमी गदा ।

पावेणं णिरयबिले जादूणं ता मुहुत्तगंमेत्ते[4] । छप्पज्जत्ती पाविय आकस्सियभयजुदो[5] होदि[6] ॥ ३१३

भीदीए कंपमाणो चलिदुं दुक्खेण पट्ठिओ[7] संतो । छत्तीसाउहमज्झे पडिदूणं तत्थ उप्पलइ ॥ ३१४

उच्छेहजोयणाणिं सत्त धणू छस्सहस्सपंचसया । उप्पलइ पढमखेत्ते दुगुणं दुगुणं कमेण सेसेसु ॥ ३१५

जो ७, ध ६५०० ।

उपर्युक्त जन्मभूमियोंका विस्तार जघन्यरूपसे पांच कोस, उत्कृष्टरूपसे चारसौ कोस और मध्यमरूपसे दश-पन्द्रह कोसप्रमाण है ॥ ३०९ ॥

जन्मभूमियोंका ज. विस्तार को. ५; उ. वि. को. ४००; म. वि. को. १०–१५ ।

जन्मभूमियोंकी उंचाई अपने अपने विस्तारकी अपेक्षा पांचगुणी है। ये जन्मभूमियां सात, तीन, दो, एक और पांच कोनवाली हैं ॥ ३१० ॥

ज. भू. की ज. उंचाई को. २५; उ. उंचाई २०००; म. उं. ५० – ७५ ।

जन्मभूमियोंमें एक, दो, तीन, पांच और सात द्वार-कोन और इतने ही दरवाजे होते हैं। इसप्रकारकी व्यवस्था केवल श्रेणीबद्ध और प्रकीर्णक बिलोंमें ही है ॥ ३११ ॥

इन्द्रक बिलोंमें ये जन्मभूमियां तीन द्वार और तीन कोनोंसे युक्त हैं। उक्त सब ही जन्मभूमियां नित्य ही कस्तूरीसे अनन्तगुणित काले अन्धकारसे व्याप्त हैं ॥ ३१२ ॥

इसप्रकार जन्मभूमियोंका वर्णन समाप्त हुआ ।

नारकी जीव पापसे नरकबिलमें उत्पन्न होकर और एक मुहूर्तमात्र कालमें छह पर्याप्तियोंको प्राप्त कर आकस्मिक भयसे युक्त होता है ॥ ३१३ ॥

पश्चात् वह नारकी जीव भयसे कांपता हुआ बड़े कष्टसे चलनेकेलिये प्रस्तुत होकर और छत्तीस आयुधोंके मध्यमें गिरकर वहांसे उछलता है ॥ ३१४ ॥

प्रथम पृथिवीमें जीव सात उत्सेध योजन और छह हजार पांचसौ धनुषप्रमाण ऊपर उछलता है, इसके आगे शेष पृथिवियोंमें उछलनेका प्रमाण क्रमसे उत्तरोत्तर दूना दूना है ॥ ३१५ ॥

यो० ७, ध० ६५०० ।

---

१ द चउस्सयणिं. २ द ब °कोणे. ३ द ब °णिरयाणि. ४ द तामुहुत्तणं मेत्ते, ब ता मुहुत्तणंमेत्ते. ५ द भयजुदा. ६ ब होंदि. ७ द पविओ, ब पच्चिओ.

दट्ठूण मयसिलंबं जह वग्घो तह पुराणणेरइया । णवणारयं णिसंसा णिब्भच्छंता पधावंति[1] ॥ ३१६
साणगणा एक्केक्के दुक्खं दावंति दारुणपयारं । तह अण्णोण्णं णिच्चं दुस्सहपीडादि कुव्वंति ॥ ३१७
चक्कसरसूलतोमरमोग्गरकरवत्तकोंतसूईणं[2] । मुसलासिप्पहुदीणं वणणगदावाणलादीणं[3] ॥ ३१८
वयवग्घतरच्छसिगालसाणमज्जालसीहपहुदीणं[4] । अण्णोण्णं[5] च सदा ते णियणियदेहं विगुव्वंति ॥ ३१९
गहिरबिलधूममारुदअइतत्तकहल्लिजंतचुल्लीणं[6] । कंडणिपीसणिदव्वीण रूवमण्णे विकुव्वंति ॥ ३२०
सूवरवणग्गिसोणिदकिमिसरिदहकूववाइ[7]पहुदीणं । पुहुपुहुरूवविहीणा णियणियदेहं पकुव्वंति ॥ ३२१
पुच्छिय पलायमाणं णारइयं वग्घकेसरिप्पहुदी । वज्जमयवियलतोंडा कत्थवि[8] भक्खंति रोसेण ॥ ३२२
पीलिज्जंते केई जंतसहस्सेहिं विरसविलवंता । अण्णे हम्मंति तहिं अवरे छेज्जंति विविहभंगीहिं ॥ ३२३
अण्णोण्णं बज्झंते वज्जोवमसंखलेहिं थंभेसु । पज्जलिदम्मि हुदासे केई छुब्भंति दुप्पिच्छे ॥ ३२४

...

जिसप्रकार दुष्ट व्याघ्र मृगके बच्चेको देखकर उसके ऊपर टूट पड़ता है, उसीप्रकार क्रूर पुराने नारकी उस नवीन नारकीको देखकर धमकाते हुए उसकी ओर दौड़ते हैं ॥ ३१६ ॥

जिसप्रकार कुत्तोंके झुंड एक दूसरेको दारुण दुख देते हैं, उसीप्रकार नारकी नित्य ही परस्पर दुस्सह पीड़ादिक किया करते हैं ॥ ३१७ ॥

वे नारकी जीव चक्र, बाण, शूली, तोमर, मुद्गर, करोंत, भाला, सुई, मूसल और तलवार इत्यादिक शस्त्रास्त्र; वन एवं पर्वतकी आग, तथा भेड़िया, व्याघ्र, तरक्ष, शृगाल, कुत्ता, बिलाव और सिंह, इन पशुओंके अनुरूप परस्परमें सदैव अपने अपने शरीरकी विक्रिया किया करते हैं ॥ ३१८-१९ ॥

अन्य नारकी जीव गहरा बिल, धुआं, वायु, अत्यन्त तपा हुआ खप्पर, यंत्र, चूल्हा, कण्डनी (एक प्रकारका कूटनेका उपकरण), चक्की और दर्वी (वर्छी), इनके आकाररूप अपने अपने शरीरकी विक्रिया करते हैं ॥ ३२० ॥

उपर्युक्त नारकी शूकर, दावानल तथा शोणित और कीड़ोंसे युक्त सरित्, द्रह, कूप और वापी आदिरूप पृथक् पृथक् रूपसे रहित अपने अपने शरीरकी विक्रिया किया करते हैं । तात्पर्य यह कि नारकियोंके अपृथक् विक्रिया होती है, देवोंके समान उनके पृथक् विक्रिया नहीं होती ॥ ३२१ ॥

वज्रमय विकट मुखवाले व्याघ्र और सिंहादिक, पीछेको भागनेवाले अन्य नारकीको कहींपर भी क्रोधसे खा डालते हैं ॥ ३२२ ॥

कोई नारकी जीव विरस विलाप करते हुए हजारों यंत्रों (कोल्हुओं) से पेले जाते हैं । दूसरे नारकी जीव वहींपर हने जाते हैं, और इतर नारकी विविध प्रकारोंसे छेदे जाते हैं ॥ ३२३ ॥

कोई नारकी परस्परमें एक दूसरेके द्वारा वज्रतुल्य सांकलोंसे खंभोंमें बांधे जाते हैं, और कोई अत्यन्त जाज्वल्यमान दुष्प्रेक्ष्य अग्निमें फेंके जाते हैं ॥ ३२४ ॥

---

१ द ब धावंति. २ द कुंतसुईणं. ३ द ब °दावाणणादीणं. ४ द ब पसूणं. ५ द अण्णाणं. ६ ब °जंतच्चूलीणं. ७ द कूववाव°. ८ द °तुंडो खत्थवि.

फालिज्जंते केई दारुणकरवत्तकंटअमुहेहिं । अण्णे भयंकरेहिं विज्झंति विचित्तभल्लेहिं ॥ ३२५
लोहकलाहावट्ठिदतेल्ले तत्तम्मि के वि छुब्भंति । पचूणं[1] पच्चंते जलंतजालुक्कडे जलणे ॥ ३२६
इंगालजालमुम्मुरअग्गीदज्झंतमहसरीरा ते । सीदलजलमण्णंता धाविण पविसंति वइतरिणिं ॥ ३२७
कत्तरिसलिलायारा णारइया तत्थ ताण अंगाणि । छिंदंति दुस्सहावो[2] पावंता विविहपीडाओ ॥ ३२८
जलयरकच्छवमंडूकमयरपहुदीण विविहरूवधरा[3] । अण्णोण्णं भक्खंते[4] वइतरिणिजलम्मि[5] णारइया ॥ ३२९
विउलसिलाविच्चाले दट्ठूण बिलाणि झत्ति[6] पविसंति । तत्थ वि विसालजालो उट्ठदि सहसा महाअग्गी ॥ ३३०
दारुणहुदासजालामालाहिं दज्झमाणसव्वंगा । सीदलछायं मण्णिय असिपत्तवणम्मि पविसंति ॥ ३३१
तत्थ वि विविहतरूणं पवणहदा तवअपत्तफलपुंजा । णिवडंति ताण उवरिं दुप्पिच्छा वज्जदंडो व्व ॥ ३३२
चक्कसरकणयतोमरमोग्गरकरवालकोंतमुसलाणिं । अण्णाणि वि ताण सिरं असिपत्तवणादु णिवडंति ॥ ३३३

कोई नारकी करोंत (आरी) के काटोंके मुखोंसे फाड़े जाते हैं, और इतर नारकी भयंकर और विचित्र भालोंसे वेधे जाते हैं ॥ ३२५ ॥

कितने ही नारकी जीव लोहेकी कड़ाहियोंमें स्थित तपे हुए तेलमें फेंके जाते हैं, और कितने ही जलती हुई ज्वालाओंसे उत्कट अग्निमें पकाये जाते हैं ॥ ३२६ ॥

कोयले और उपलोंकी आगमें जल रहा है महान् शरीर जिनका, ऐसे वे नारकी जीव शीतल जल समझ दौड़कर वैतरिणी नदीमें प्रवेश करते हैं ॥ ३२७ ॥

उस वैतरिणी नदीमें कर्तरी (कैंची) के समान तीक्ष्ण जलके आकार परिणत हुए दूसरे नारकी उन नारकियोंके शरीरोंको दुस्सह अनेक प्रकारकी पीडाओंको पहुंचाते हुए छेदते हैं ॥ ३२८ ॥

वैतरिणी नदीके जलमें नारकी कछुआ, मेंढक और मगरप्रभृति जलचर जीवोंके विविध रूपोंको धारण कर एक दूसरेका भक्षण करते हैं ॥ ३२९ ॥

पश्चात् वे नारकी विस्तीर्ण शिलाओंके बीचमें बिलोंको देखकर झटपट उनमें प्रवेश करते हैं, परन्तु वहांपर भी सहसा विशाल ज्वालाओंवाली महान् अग्नि उठती है ॥ ३३० ॥

पुनः जिनके सम्पूर्ण अंग तीक्ष्ण अग्निकी ज्वालाओंके समूहोंसे जल रहे हैं, ऐसे वे ही नारकी शीतल छाया जानकर असिपत्र वनमें प्रवेश करते हैं ॥ ३३१ ॥

वहांपर भी विविध प्रकारके वृक्षोंके गुच्छे, पत्र और फलोंके पुंज पवनसे ताड़ित होकर उन नारकियोंके ऊपर दुष्प्रेक्ष्य (अदर्शनीय) वज्रदण्डके समान गिरते हैं ॥ ३३२ ॥

इसके अतिरिक्त उस असिपत्रवनसे चक्र, बाण, कनक (शलाकाकार ज्योतिःपिंड), तोमर (बाणविशेष), मुद्गर, तलवार, भाला, मूसल तथा और भी अस्त्र-शस्त्र उन नारकियोंके सिरपर गिरते हैं ॥ ३३३ ॥

---

१ द पुरूणं. २ द दुस्सहावे. ३ द विविहस्सयरूवधरा. ४ द भक्खंता. ५ द ब °जलचरंमि. ६ द झंति, ब जंति.

छिण्णसिरो[1] भिण्णकरा तुदियच्छो[2] लंबमाणअंतचया । रुहिरारुणघोरतणा णिस्सरणा तं वणं पि[3] मुंचंति ॥ ३३४

गिद्धा गरुडा काया विहगा अवरे वि वज्जमयतोंडा । कादूणं खंडुदंता ताणंगे[4] ताणि कवलंति ॥ ३३५

अंगोवंगट्ठीणं चुण्णं कादूण चंडघादेहिं । विउलवणाणं मज्झे छुहिंति बहुखारदव्वाणि ॥ ३३६

जइ विलवयंति करुणं लग्गंते[5] जइ वि चलणजुगलम्मि । तहविह सण्णं खंडिय छुहंति चुल्लीसु णारइया ॥ ३३७

लोहमयजुवइपडिमं परदाररदाणं[6] गाढमंगेसुं । लायंते अइतत्तं खिवंति जलणे जलंतम्मि ॥ ३३८

मंसाहाररदाणं णारइया ताण अंगमंसाणिं । छेत्तूण तम्मुहेसुं छुहंति रुहिरोल्लरूवाणिं ॥ ३३९

महुमज्जाहाराणं णारइया तम्मुहेसु अइतत्तं । लोहदवं[7] घल्लंते विलीयमाणंगपब्भारं ॥ ३४०

करवालपहरभिण्णं कूवजलं जह पुणो वि संघडदि । तह णारयाण अंगं छिज्जंतं विविहसत्थेहिं[8] ॥ ३४१

अनन्तर, जिनके शिर छिद गये हैं, हाथ खण्डित होगये हैं, नेत्र व्यथित हैं, आंतोंके समूह लंबायमान हैं, और शरीर खूनसे लाल तथा भयानक हैं, ऐसे वे नारकी अशरण होकर उस वनको भी छोड़ देते हैं ॥ ३३४ ॥

गृद्ध, गरुड़, काक, तथा और भी वज्रमय मुखवाले व तीक्ष्ण दांतोंवाले पक्षी नारकियोंके शरीरको काटकर उन्हें खाते हैं ॥ ३३५ ॥

अन्य नारकी उन नारकियोंके अंग और उपांगोंकी हड्डियोंका प्रचंड घातोंसे चूर्ण करके उत्पन्न हुए विस्तृत घावोंमें बहुत क्षार पदार्थोंको डालते हैं ॥ ३३६ ॥

घावोंमें क्षार द्रव्योंके डालनेसे यद्यपि वे नारकी करुणापूर्ण विलाप करते हैं और चरण-युगलमें लगते हैं, तथापि अन्य नारकी उसप्रकार खिन्न अवस्थामें ही उन्हें खंड खंड करके चूल्हेमें डालते हैं ॥ ३३७ ॥

इतर नारकी परस्त्रीमें आसक्त रहनेवाले जीवोंके शरीरोंमें अतिशय तपी हुई लोहमय युवती स्त्रीकी मूर्तिको दृढ़तासे लगाते हैं और उन्हें जलती हुई आगमें फेंकते हैं ॥ ३३८ ॥

जो पूर्व भवमें मांसभक्षणके प्रेमी थे, उनके शरीरके मांसको काटकर अन्य नारकी रक्तसे भीगे हुए उन्हींके अंगके मांसखंडोंको उनके ही मुखोंमें डालते हैं ॥ ३३९ ॥

मधु और मद्यका सेवन करनेवाले प्राणियोंके मुखोंमें नारकी अत्यन्त तपे हुए द्रवित लोहेको डालते हैं, जिससे उनके अवयवसमूह भी पिघल जाते हैं ॥ ३४० ॥

जिसप्रकार तलवारके प्रहारसे भिन्न हुआ कुएँका जल फिरसे भी मिल जाता है, इसीप्रकार अनेकानेक शस्त्रोंसे छेदा गया नारकियोंका शरीर भी फिरसे मिल जाता है। तात्पर्य यह कि अनेकानेक शस्त्रोंसे छेदनेपर भी नारकियोंका अकाल-मरण कभी नहीं होता ॥३४१॥

१ ब णिच्छिण्णसिरा. २ द ब वुदियंछा. ३ द ब तव्वणम्मि. ४ द खंडुदंताणंगं, ब खड्डुदंता ताणंगं. ५ द असंगंते, ब अंगंते. ६ द परदाररदाणि. ७ ब लोहदव्वं. ८ द विविहसत्तेहिं.

कच्छुरिकरकचसूजीखइरंगारादिविविहभंगीहिं[1] । अण्णोण्णं[2]जादणाओ कुणंति णिरएसु णारइया ॥ ३४२

अइतित्तकडुवकत्थरिसत्तीदो मट्टियं[3] अणंतगुणं । घम्माए णारइया थोवं ति चिरेण भुंजंति ॥ ३४३

अजगजमहिसतुरंगमखरोट्टमज्जारमेसँ[4]पहुदीणं । कुँ[5]थिताणं गंधादो अणंतगंधो हुवेदि आहारो ॥ ३४४

अदिकुणिममसुहमण्णं रयणप्पहपहुदि जाव चरिमखिदिं । संखातीदगुणेणं दुगुच्छणिज्जो हु आहारो ॥ ३४५

घम्माए आहारो कोसस्सब्भंतरम्मि ठिदजीवे । इह मारदि[6] गंधेणं सेसे कोसद्धवड्ढिया सत्ती ॥ ३४६

$1 \mid \frac{3}{2} \mid 2 \mid \frac{5}{2} \mid 3 \mid \frac{7}{2} \mid 4 \mid$

पुव्वंबद्धसुराऊ अणंतअणुबंधिअण्णदरउदया । णासियतिरयणभावा णरतिरिया केइ असुरसुरा ॥ ३४७

सिकँ[7]दाणणासिपत्ता महबलकाला य सामसवला[8] हि । रुद्दंबरिसा विलसिदणामो महरुद्दखरणामा ॥ ३४८

कालग्गिरुद्दणामा कुंभो[9] वेतरणिपहुदिअसुरसुरा । गंतूण वालुकंतं णारइयाणं पकोपंति[10] ॥ ३४९

नरकोंमें कच्छुरि (कपिकच्छु, केवाँच), करोंत, सुई और खैरकी आग इत्यादि विविध प्रकारोंसे नारकी परस्परमें एक दूसरेको यातनायें किया करते हैं ॥ ३४२ ॥

घर्मा पृथिवीके नारकी अत्यन्त तीखी और कड़वी कत्थरि (कचरी या अचार ?) की शक्तिसे अनन्तगुणी तीखी और कड़वी थोड़ीसी मट्टीको चिरकालमें खाते हैं ॥ ३४३ ॥

नरकोंमें बकरी, हाथी, भैंस, घोड़ा, गधा, ऊंट, बिल्ली और मैढ़े आदिके सड़े हुए शरीरोंकी गन्धसे अनन्तगुणी दुर्गन्धवाला आहार होता है ॥ ३४४ ॥

रत्नप्रभासे लेकर अन्तिम पृथिवीपर्यन्त अत्यन्त सड़ा, अशुभ और उत्तरोत्तर असंख्यात-गुणा ग्लानिकर अन्न आहार होता है ॥ ३४५ ॥

घर्मा पृथिवीमें जो आहार है, उसकी गन्धसे यहांपर एक कोसके भीतर स्थित जीव मर सकते हैं, इसके आगे शेष द्वितीयादिक पृथिवियोंमें इसकी घातक शक्ति, आधा आधा कोस और भी बढ़ती गई है ॥ ३४६ ॥

घर्मा १; वंशा $\frac{3}{2}$; मेघा २; अंज. $\frac{5}{2}$; अरि. ३; मघ. $\frac{7}{2}$; माघ. ४ कोस।

पूर्वमें देवायुका बन्ध करनेवाले कोई नर या तिर्यंच अनन्तानुबन्धीमेंसे किसी एकका उदय आजानेसे रत्नत्रयको नष्ट करके असुरकुमार जातिके देव होते हैं ॥ ३४७ ॥

सिकतानन, असिपत्र, महाबल, महाकाल, श्याम और शबल, रुद्र, अंबरीष, विलसित नामक, महारुद्र, महाखर नामक, काल, तथा अग्निरुद्र नामक, कुम्भ और वैतरणि आदिक असुरकुमार जातिके देव तीसरी वालुकाप्रभा पृथिवीतक जाकर नारकियोंको क्रोधित कराते हैं ॥ ३४८–३४९ ॥

१ द ब सूजीए°. २ द ब अण्णेण. ३ द संत्तीदोमंधिअं, ब संतीदोवमंधियं. ४ द ब °तुरग. ५ द कुधिताणं. ६ द ब मातहि. ७ अंबे अंबरिसी चेव, सामे य सबलेवि य । रोद्दोवरुद्द काले य, महाकालेत्ति आवरे ॥ ६८ ॥ असिपत्ते धणुं कुंभे, वालुवेयरणीवि य । खरस्सरे महाघोसे, एवं पण्णरसाहिया ॥ ६९ ॥ सूत्रकृतांग-निर्युक्तिः; प्रवचनसारोद्धारः पृष्ठ ३२१. ८ द ब °सवलं. ९ द ब कुंभी. १० द णारयप्पकोपंति.

इह खेत्ते जह मणुवा पेच्छंते मेसमहिसजुद्धादिं । तह णिरये असुरसुरा णारयकलहं पतुट्ठमणा ॥ ३५०
एक्क ति सग दस सतरस तह यं बावीसं होंति तेत्तीसं । जा अण्णवुमा पावंते ताव महा य बहुदुक्खं ॥ ३५१
णिरएसु णत्थि सोक्खं णिमेसमेत्तं[3] पि णारयाण सदा । दुक्खाइं दारुणाइं वट्टंते पच्चमाणाणं ॥ ३५२
कदलीघादेण विणा णारयगत्ताणि आउअवसाणे । मारुदपहदब्भाइ व णिस्सेसाणिं विलीयंते ॥ ३५३
एवं बहुविहदुक्खं जीवा पावंति पुव्वकददोसा । तद्दुक्खस्स सरूवं को सक्कइ वण्णिदुं सयलं ॥ ३५४
सम्मत्तरयणपव्वदसिहरादो मिच्छभावखिदिपडिदो । णिरयादिसु अइदुक्खं पाविय पविसइ णिगोदम्मि[4] ॥ ३५५
सम्मत्तं देसजमं लहिदूणं विसयहेदुणा चलिदो । णिरयादिसु अइदुक्खं पाविय पविसइ णिगोदम्मि ॥ ३५६
सम्मत्तं सयलजमं लहिदूणं[5] विसयकारणा चलिदो । णिरयादिसु[6] अइदुक्खं पाविय पविसइ णिगोदम्मि ॥ ३५७

इस क्षेत्रमें जिसप्रकार मनुष्य मेंढ़े और भैंसे आदिके युद्धको देखते हैं, उसीप्रकार नरकमें असुरकुमार जातिके देव नारकियोंके युद्धको देखते हैं और मनमें सन्तुष्ट होते हैं ॥ ३५० ॥

रत्नप्रभादिक पृथिवियोंमें नारकी जीव, जबतक क्रमशः एक, तीन, सात, दश, सत्तरह, बाईस और तेतीस अर्णवोपम (सागरोपम) पूर्ण होते हैं, तबतक बहुत भारी दुखको प्राप्त करते हैं ॥ ३५१ ॥

नरकोंमें पचनेवाले नारकियोंको क्षणमात्रकेलिये भी सुख नहीं है, किन्तु उन्हें सदैव दारुण दुखोंका अनुभव होता रहता है ॥ ३५२ ॥

नारकियोंके शरीर कदलीघात (अकालमरण) के विना आयुके अन्तमें वायुसे ताड़ित मेघोंके समान निःशेष विलीन हो जाते हैं ॥ ३५३ ॥

इसप्रकार पूर्वमें किये गये दोषोंसे जीव नरकोंमें जिस नाना प्रकारके दुखको प्राप्त करते हैं, उस दुखके संपूर्ण स्वरूपका वर्णन करनेकेलिये भला कौन समर्थ है ? ॥ ३५४ ॥

सम्यक्त्वरूपी रत्नपर्वतके शिखरसे मिथ्यात्वभावरूपी पृथिवीपर पतित हुआ प्राणी नारकादिक पर्यायोंमें अत्यन्त दुःखको प्राप्तकर निगोदमें प्रवेश करता है ॥ ३५५ ॥

सम्यक्त्व और देश चारित्रको प्राप्तकर यह जीव विषयसुखके निमित्त उससे (सम्यक्त्व और चारित्रसे) चलायमान होजाता है, और इसीलिये वह नरकोंमें अत्यन्त दुखको भोगकर निगोदमें प्रविष्ट होता है ॥ ३५६ ॥

कभी सम्यक्त्व और सकल संयमको भी प्राप्तकर विषयोंके कारण उनसे चलायमान होता हुआ नरकोंमें अत्यन्त दुःखको पाकर निगोदमें प्रवेश करता है ॥ ३५७ ॥

१ द तसय. २ द जह अरउवमा, ब जह अरडवुमा. ३ द ब अणुभिसमेचं पि. ४ द पावी पइसं णिगोदम्मि. ५ द लद्धूणं. ६ द णिरयादीअइदुक्खं.

सम्मत्तरहिदचित्तो जोइसमंतादिएहि वट्टंतो । णिरयादिसु बहुदुक्खं पाविय पविसइ णिगोदम्मि ॥ ३५८

। दुक्खसरूवा समत्ता ।

घम्मादीखिदितिदये णारइया मिच्छभावसंजुत्ता । जाइभरणेण केई केई दुव्वारवेदणाभिहदा ॥ ३५९

केई देवाहिंतो धम्मणिबद्धा कहा वसोदूणं । गिण्हंते सम्मत्तं अणंतभवचूरणणिमित्तं ॥ ३६०

पंकपहापहुदीणं णारइया तिदसबोहणेण विणा । सुमरिदजाई दुक्खप्पहदा गेण्हंति[1] सम्मत्तं ॥ ३६१

। दंसणगहणं[2] गदं ।

मज्जं पिबंता पिसिदं लसंता जीवे हणंते मिगलाण तत्ता ।
णिमेसमेत्तेण[3] सुहेण पावं पावंति[4] दुक्खं णिरए अणंतं ॥ ३६२

लोहकोहभयमोहबलेणं जे वदंति वयणं पि असच्चं । ते णिरंतरभये[5] उरुदुक्खे दारुणम्मि णिरयम्मि पडंते ॥ ३६३

छेत्तूण भित्तिं वधिदूण पीयं[6] पट्टादि घेत्तूण धणं हरंता ।
अण्णेहि अण्णाअसएहि[7] मूढा भुंजंति दुक्खं णिरयम्मि घोरे ॥ ३६४

....

जिसका चित्त सम्यग्दर्शनसे विमुख है तथा जो ज्योतिष और मंत्रादिकोंसे आजीविका (वृत्ति) करता है, ऐसा जीव नरकादिकमें बहुत दुःखको पाकर निगोदमें प्रवेश करता है ॥ ३५८ ॥

दुःखके स्वरूपका वर्णन समाप्त हुआ।

घर्मा आदि तीन पृथिवियोंमें मिथ्यात्व भावसे संयुक्त नारकियोंमेंसे कोई जातिस्मरणसे, कोई दुर्वार वेदनासे व्यथित होकर, और कोई धर्मसे सम्बन्ध रखनेवाली कथाओंको देवोंसे सुनकर अनन्त भवोंके चूर्ण करनेमें निमित्तभूत ऐसे सम्यग्दर्शनको ग्रहण करते हैं ॥ ३५९-३६० ॥

पंकप्रभादिक शेष चार पृथिवियोंके नारकी जीव देवकृत प्रबोधके विना जातिस्मरण और वेदनाके अनुभवमात्रसे ही सम्यग्दर्शनको ग्रहण करते हैं ॥ ३६१ ॥

सम्यग्दर्शनके ग्रहणका कथन समाप्त हुआ।

जो मद्यको पीते हैं, मांसकी अभिलाषा करते हैं, जीवोंका घात करते हैं, और मृगयामें तृप्त होते हैं, वे क्षणमात्रके सुखकेलिये पाप उत्पन्न करते हैं और नरकमें अनन्त दुखको पाते हैं ॥ ३६२ ॥

जो जीव लोभ, क्रोध, भय अथवा मोहके बलसे असत्य वचन बोलते हैं, वे निरंतर भयको उत्पन्न करनेवाले, महान् कष्टकारक, और अत्यंत भयानक नरकमें पडते हैं ॥ ३६३ ॥

भीतको छेदकर, प्रिय जनको मारकर, और पट्टादिकको ग्रहण करके धनको हरने तथा अन्य सैकडों अन्यायोंसे मूर्ख लोग भयानक नरकमें तीव्र दुखको भोगते हैं ॥ ३६४ ॥

....

१ द गेण्णंति. २ द ब °भगदं. ३ ब णिमेसमोहेण. ४ द सुह ण पावंति. ५ द णिरंतरभयं. ६ द पिंपं, ब पियं. ७ द ब अण्णाअसहेइ.

लज्जाए चत्ता मयणेण मत्ता तारुण्णरत्ता परदारसत्ता ।
रत्तीदिणं मेहुणमाचरंता पावंति दुक्खं णिरएसु घोरं ॥ ३६५

पुत्ते कलत्ते सजणम्मि मित्ते जे जीवणत्थं परवंचणेणं ।
वड्ढंति तिण्णा दविणं हरंते ते तिव्वदुक्खे णिरयम्मि जंति ॥ ३६६

संसारण्णवमहणं तिहुवणभव्वाण पेम्मसुहजणणं[1] । संदरिसियसयलट्ठं संभवदेवं णमामि तिविहेण ॥ ३६७

एवमाइरियपरंपरागयतिलोयपण्णत्तीए णारयलोयसरूवणिरूवणपण्णत्ती णाम

बिदुओ महाधियारो समत्तो[2] ॥ २ ॥

लज्जासे रहित, कामसे उन्मत्त, जवानीमें मस्त, परस्त्रीमें आसक्त, और रात-दिन मैथुनका सेवन करनेवाले प्राणी नरकोंमें जाकर घोर दुःखको प्राप्त करते हैं ॥ ३६५ ॥

पुत्र, स्त्री, स्वजन और मित्रके जीवनार्थ जो लोग दूसरोंको ठगकर तृष्णाको बढ़ाते हैं, तथा परके धनको हरते हैं, वे तीव्र दुखको उत्पन्न करनेवाले नरकमें जाते हैं ॥ ३६६ ॥

संसारसमुद्रका मथन करनेवाले (वीतराग), तीनों लोकोंके भव्य जनोंको धर्मप्रेम और सुखके दायक (हितोपदेशक), और सम्पूर्ण पदार्थोंके यथार्थ स्वरूपको दिखलानेवाले (सर्वज्ञ), ऐसे सम्भवनाथको मैं मन, वचन और कायसे नमस्कार करता हूं ॥ ॥ ३६७ ॥

इसप्रकार आचार्यपरंपरागत त्रिलोक-प्रज्ञप्तिमें नारकलोकस्वरूप-निरूपणप्रज्ञप्तिनामक

द्वितीय महाधिकार समाप्त हुआ ॥ २ ॥

---

१ द पेमसुह°. २ द समतो.

[तिदियो महाधियारो]

भव्वजणमोक्खजणणं मुणिंददेविंदपणदपयकमलं । णमिय अभिणंदणेसं भावणलोयं परूवेमो ॥ १
भावणणिवासखेत्तं भवणसुराणं वियप्पचिण्हाणि । भवणाणं परिसंखा इंदाण पमाणणामाइं ॥ २
दक्खिणउत्तरइंदा पत्तेक्कं ताण भवणपरिमाणं । अप्पमहाद्धियमज्झिमभावणदेवाण भवणवासं[2] च ॥ ३
भवणं वेदी कूडा जिणघरपासादइंदभूदीओ । भवणामराण संखा आउपमाणं जहाजोग्गं ॥ ४
उस्सेहोहिपमाणं गुणठाणादीणि एक्कसमयम्मि । उप्पज्जणमरणाण य परिमाणं तह य आगमणं ॥ ५
भावणलोयस्साऊबंधणपावोग्गभावभेदा य । सम्मत्तगहणहेऊ अहियारा इत्थ चउवीसं ॥ ६
रयणप्पहपुढवीए खरभाए पंकबहुलभागम्मि । भवणसुराणं भवणाइं होंति वररयणसोहाणि ॥ ७
सोलससहस्समेत्तो खरभागो पंकबहुलभागो वि । चउसीदिसहस्साणिं जोयणलक्खं दुवे मिलिदा ॥ ८

१६००० । ८४००० ।

। भावणदेवाणं णिवासखेत्तं गदं ।

....

जो भव्य जीवोंको मोक्ष प्रदान करनेवाले हैं, तथा जिनके चरणकमलोंमें मुनीन्द्र अर्थात् गणधर एवं देवोंके इन्द्रोंने भी नमस्कार किया है, ऐसे अभिनन्दन स्वामीको नमस्कार करके भावन-लोकका निरूपण करते हैं ॥ १ ॥

भवनवासियोंका निवासक्षेत्र[1], भवनवासी देवोंके भेद[2], उनके चिह्न[3], भवनोंकी संख्या[4], इन्द्रोंका प्रमाण[5], इन्द्रोंके नाम[6], दक्षिण इन्द्र और उत्तर इन्द्र[7], उनमेंसे प्रत्येकके भवनका परिमाण[8], अल्पर्द्धिक, महर्द्धिक और मध्यमर्द्धि भवनवासी देवोंके भवनोंका व्यास[9] (विस्तार), भवन[10], वेदी[11], कूट[12], जिनमन्दिर[13], प्रासाद[14], इन्द्रोंकी विभूति[15], भवनवासी देवोंकी संख्या[16], यथायोग्य आयुका[17] प्रमाण, उनके शरीरकी उंचाईका[18] प्रमाण, उनके अवधिज्ञानके[19] क्षेत्रका प्रमाण, गुणस्थानादिक[20], एक समयमें उत्पन्न होनेवाले और मरनेवाले भवनवासी देवोंका प्रमाण[21], तथा आगमन[22], भवनवासी देवोंकी आयुके बन्धयोग्य भावोंके[23] भेद, और सम्यक्त्व-ग्रहणके[24] कारण, इसप्रकार इस तृतीय महाधिकारमें ये चौबीस अधिकार हैं ॥ २–६ ॥

रत्नप्रभा पृथिवीके खर भाग और पंकबहुल भागमें उत्कृष्ट रत्नोंसे शोभायमान भवनवासी देवोंके भवन हैं ॥ ७ ॥

इन दोनों भागोंमेंसे खर भाग सोलह हजार योजन और पंकबहुल भाग चौरासी हजार योजनप्रमाण मोटा है । उक्त दोनों भागोंकी मुटाई मिलकर एक लाख योजनप्रमाण है ॥ ८ ॥

खर भागकी मुटाई १६००० + पंकबहुल भाग ८४००० = १००००० योजन ।

भवनवासी देवोंके निवासक्षेत्रका कथन समाप्त हुआ ।

....

१ द ब भवणपुराणं. २ द भवणं वासं.

असुरा णागसुवण्णा दीओवहित्थणिदविज्जुदिसअग्गी । वाउकुमारा परया दसभेदा होंति भवणसुरा ॥ ९

। वियप्पा सम्मत्ता ।

चूडामणिअहिगरुडा करिमयरा वड्ढमाणवज्जहरी । कलसो तुरवो मउडे कमसो चिण्हाणि एदाणि ॥ १०

। चिण्हा सम्मत्ता ।

चउसट्ठी चउसीदी बावत्तरि होंति छस्सु ठाणेसु । छाहत्तरि छण्णउदी लक्खाणिं[1] भवणवासिभवणाणिं ॥ ११

६४००००० । ८४००००० । ७२००००० । ७६००००० । ७६००००० । ७६००००० । ७६००००० ।

७६००००० । ७६००००० । ९६००००० ।

एदाणं भवणाणं एक्कस्सिं मेलिदाण परिमाणं । बाहत्तरि लक्खाणिं कोडीओ सत्तमेत्ताओ ॥ १२

७७२००००० ।

। भवणसंखा गदा ।

दससु कुलेसुं पुह पुह दो दो[2] इंदा हवंति णियमेण । ते एक्कस्सिं मिलिदा[3] वीस विराजंति भूदीहिं[4] ॥ १३

। इंदपमाणं सम्मत्तं ।

असुरकुमार, नागकुमार, सुपर्णकुमार, द्वीपकुमार, उदधिकुमार, स्तनितकुमार, विद्युत्कुमार, दिक्कुमार, अग्निकुमार और वायुकुमार, इसप्रकार भवनवासी देव दश प्रकार हैं ॥ ९ ॥

विकल्पोंका वर्णन समाप्त हुआ ।

उपर्युक्त दश भवनवासी देवोंके मुकुटमें क्रमसे चूडामणि, सर्प, गरुड़, हाथी, मगर, वर्द्धमान (स्वस्तिक), वज्र, सिंह, कलश और तुरग, ये (दश) चिह्न होते हैं ॥ १० ॥

चिह्नोंका वर्णन समाप्त हुआ ।

चौंसठ लाख, चौरासी, लाख, बहत्तर लाख, छह स्थानोंमें छयत्तर लाख और छ्यानबै लाख, इसप्रकार क्रमसे दश स्थानोंमे उन भवनवासी देवोंके भवनोंकी संख्या है ॥ ११ ॥

असुरकु. ६४०००००, नागकु. ८४०००००, सुपर्णकु. ७२०००००, दीपकु. ७६०००००, उदधिकु. ७६०००००, स्तनितकु. ७६०००००, विद्युत्कु. ७६०००००, दिक्कु. ७६०००००, अग्निकु. ७६०००००, वायुकु. ९६००००० ।

इन सब भवनोंके प्रमाणको एकत्र मिलानेपर सात करोड़ बहत्तर लाख होता है ॥ १२ ॥　७७२००००० ।

भवनोंकी संख्याका कथन समाप्त हुआ ।

उपर्युक्त दश भवनवासियोंके कुलोंमें नियमसे पृथक् पृथक् दो दो इन्द्र होते हैं । वे सब मिलकर वीस इन्द्र होते हैं, जो अपनी अपनी विभूतिसे शोभायमान हैं ॥ १३ ॥

इन्द्रोंका प्रमाण समाप्त हुआ ।

---

१ द ब एक्काणिं. २ ब दो दो. ३ द ब मेलिदा. ४ द भूदीही.

पढमो हु चमरणामो इंदो वइरोयणो त्ति बिदिओ य । भूदाणंदो धरणाणंदो वेणू य[1] वेणुधारी य ॥ १४
पुण्णवसिट्ठजलप्पहजलकंता तह य घोसमहघोसा । हरिसेणो हरिकंतो अमिदगदी अमिदवाहणग्गिसिही ॥ १५
अग्गीवाहणणामो वेलंबपभंजणाभिधाणा य । एदे असुरप्पहुदिसु कुलेसु दोद्दो कमेण देविंदा ॥ १६

। इंदाण णाम सम्मत्ता ।

दक्खिणइंदा चमरो भूदाणंदो य वेणुपुण्णा य । जलपहघोसा हरिसेणामिदगदी अग्गिसिहिवेलंबा ॥ १७
वइरोअणो[2] य धरणाणंदो तह वेणुधारअवसिट्ठा[3] । जलकंतमहाघोसा हरिकंता अमिदअग्गिवाहणया ॥ १८
तह य पभंजणणामो उत्तरइंदा हवंति दह एदे । अणिमादिगुणेहि जुदा[4] मणिकुंडलमंडियकवोला ॥ १९

। दक्खिणउत्तरइंदा गदा ।

चउतीसं[5] चउदालं अट्ठत्तीसं हवंति लक्खाणिं । चालीसं छट्ठाणे तत्तो पण्णासलक्खाणि ॥ २०
तीसं चालं चउतीसं छस्सु वि ठाणेसुं[6] छत्तीसं । छत्तालं चरिमम्मि य इंदाणं भवणलक्खाणिं ॥ २१

असुरकुमारोंमें प्रथम चमर नामक और दूसरा वैरोचन इन्द्र, नागकुमारोंमें भूतानन्द और धरणानन्द, सुपर्णकुमारोंमें वेणु और वेणुधारी, द्वीपकुमारोंमें पूर्ण और वशिष्ठ, उदधिकुमारोंमें जलप्रभ और जलकान्त, स्तनितकुमारोंमें घोष और महाघोष, विद्युत्कुमारोंमें हरिषेण और हरिकान्त, दिक्कुमारोंमें अमितगति और अमितवाहन, अग्निकुमारोंमें अग्निशिखी और अग्निवाहन, वायुकुमारोंमें वेलम्ब और प्रभंजन नामक, इसप्रकार ये दो दो इन्द्र क्रमसे उन असुरादिक निकायोंमें होते हैं ॥ १४–१६ ॥

इन्द्रोंके नामोंका कथन समाप्त हुआ।

चमर, भूतानन्द, वेणु, पूर्ण, जलप्रभ, घोष, हरिषेण, अमितगति, अग्निशिखी और वेलंब, ये दश दक्षिण इन्द्र; तथा वैरोचन, धरणानन्द, वेणुधारक, वशिष्ठ, जलकान्त, महाघोष, हरिकान्त, अमितवाहन, अग्निवाहन और प्रभंजन नामक, ये दश उत्तर इन्द्र हैं। ये सब इन्द्र अणिमादिक ऋद्धियोंसे युक्त और मणिमय कुण्डलोंसे अलंकृत कपोलोंको धारण करनेवाले हैं ॥ १७ – १९ ॥

दक्षिण उत्तर इन्द्रोंका वर्णन समाप्त हुआ।

चौंतीस लाख, चवालीस लाख, अड़तीस लाख, छह स्थानोंमें चालीस लाख, इसके आगे पचास लाख, तीस लाख, चालीस लाख, चौंतीस लाख, छह स्थानोंमें छत्तीस लाख, और अन्तमें छयालीस लाख, इसप्रकार क्रमशः उन दक्षिण इन्द्र और उत्तर इन्द्रोंके भवनोंकी संख्याका प्रमाण है ॥ २०–२१ ॥

१ द वेणु व. २ ब वइरो अण्णो. ३ ब वेणुदारअ°. ४ द अणिमादिगुणे जुदा, ब अणिमादिगुणे-जुत्ता. ५ द चोत्तीसं. ६ द ब छसु वि ठाण.

३४०००००। ४४०००००। ३८०००००। ४००००००। ४००००००। ४००००००। ४००००००।
४००००००। ४००००००। ५००००००। ३००००००। ४००००००। ३४०००००। ३६०००००।
३६०००००। ३६०००००। ३६०००००। ३६०००००। ३६०००००। ४६०००००

भवणा भवणपुराणिं आवासा अ सुराण होदि तिविहा णं।
रयणप्पहाए भवणा दीवसमुद्दाण उवरि भवणपुरा॥ २२

दहसेलदुमादीणं रम्माणं उवरि होंति आवासा। णागादीणं केसिं तियणिलया भवणमेक्कमसुराणं॥ २३

। भवणवण्णणा सम्मत्ता।

अप्पमहद्धियमज्झिमभावणदेवाण होंति भवणाणि। दुगवादालसहस्सा लक्खमधोधो खिदीय गंतूण॥ २४

२०००। ४२०००। १०००००।

अप्पमहद्धियमज्झिमभावणदेवाण वासवित्थारो[2]। समचउरस्सा भवणा वज्जमयद्दारछज्जिया सव्वे॥ २५

चमर ३४०००००, भूतानंद ४४०००००, वेणु ३८०००००, पूर्ण ४००००००, जलप्रभ ४००००००, घोष ४००००००, हरिषेण ४००००००, अमितगति ४००००००, अग्निशिखी ४००००००, वेलंब ५००००००, वैरोचन ३००००००, धरणानंद ४००००००, वेणुधारी ३४०००००, वसिष्ठ ३६०००००, जलकान्त ३६०००००, महाघोष ३६०००००, हरिकान्त ३६०००००, अमितवाहन ३६०००००, अग्निवाहन ३६०००००, प्रभंजन ४६०००००।

भवनवासी देवोंके निवास-स्थान भवन, भवनपुर और आवासके भेदसे तीन प्रकारके होते है। इनमेंसे रत्नप्रभा पृथिवीमें स्थित निवासस्थानोंको भवन, द्वीप-समुद्रोंके ऊपर स्थित निवासस्थानोंको भवनपुर, और रमणीय तालाब, पर्वत तथा वृक्षादिकके ऊपर स्थित निवास-स्थानोंको आवास कहते है। नागकुमारादिक देवोंमेंसे किन्हींके तो भवन, भवनपुर और आवासरूप तीनों ही तरहके निवासस्थान होते हैं, परन्तु असुरकुमारोंके केवल एक भवनरूप ही निवासस्थान होते हैं॥ २२-२३॥

भवनोंका वर्णन समाप्त हुआ।

अल्पर्द्धिक, महर्द्धिक और मध्यम ऋद्धिके धारक भवनवासी देवोंके भवन क्रमशः चित्रा पृथिवीके नीचे नीचे दो हजार, ब्यालीस हजार और एक लाख योजनपर्यन्त जाकर है॥ २४॥

अल्पर्द्धिक २०००, महर्द्धिक ४२०००, मध्य. १००००।

अब अल्पर्द्धिक, महर्द्धिक और मध्यम ऋद्धिके धारक भवनवासी देवोके निवासस्थानोंका विस्तार कहा जाता है। ये सब भवन समचतुष्कोण तथा वज्रमय द्वारोंसे शोभायमान हैं॥ २५॥

१ द भुवण°. २ द ब णिवासखेत्तवि°.

बहलत्ते तिसयाणिं संखासंखेज्जजोयणा वासे । संखेज्जरुंदभवणेसु भवणदेवा वसंति संखेज्जा ॥ २६

संखातीदा सेयं छत्तीससुरा[1] य होदि संखेज्जा (?) । भवणसरूवा एदे[2] वित्थारा होइ जाणिज्जो ॥ २७

। भवणवण्णणं सम्मत्तं[3] ।

तेसिं चउसु दिसासुं जिणदिट्ठपमाणजोयणे गंता । मज्झम्मि दिव्ववेदी पुह पुह वेट्ठेदि एक्केक्का ॥ २८

दो कोसा उच्छेहा वेदीणमकट्टिमाण सव्वाणं । पंचसयाणिं दंडा वासो वररयणछण्णाणं ॥ २९

गोउरदारजुदाओ उवरिम्मि जिणिंदगेहसहिदाओ । भवणसुररक्खिदाओ वेदीओ ताओ[4] सोहंति ॥ ३०

तब्बाहिरे असोयंसत्तच्छदचंपचूदवण पुण्णा । णियणाणातरुजुत्ता चेट्ठंति चेत्ततरूसहिदा ॥ ३१

चेत्तदुमत्थलरुंदं दोण्णि सया जोयणाणि पण्णासा । चत्तारो मज्झम्मि य अंते कोसद्धमुच्छेहो ॥ ३२

ये भवन बाहल्यमें (उंचाईमें) तीनसौ योजन, और विस्तारमें संख्यात व असंख्यात योजनप्रमाण होते हैं। इनमेंसे संख्यात योजन विस्तारवाले भवनोंमें संख्यात, और शेष असंख्यात योजन विस्तारवाले भवनोंमें असंख्यात भवनवासी देव रहते हैं (?)। ऐसा भवनोंका स्वरूप और विस्तार जानना चाहिये ॥ २६–२७ ॥

भवनोंके विस्तारका कथन समाप्त हुआ ।

उन भवनोंकी चारों दिशाओंमें जिनभगवान्‌से उपदिष्ट योजनप्रमाण जाकर एक एक दिव्य वेदी (कोट) पृथक् पृथक् उन भवनोंको मध्यमें वेष्टित करती है ॥ २८ ॥

उत्तमोत्तम रत्नोंसे व्याप्त इन सब अकृत्रिम वेदियोंकी उंचाई दो कोस और विस्तार पांचसौ धनुषप्रमाण होता है ॥ २९ ॥

गोपुरद्वारोंसे युक्त और उपरिम भागमें जिनमन्दिरोंसे सहित वे वेदियां भवनवासी देवोंसे रक्षित होती हुई सुशोभित होती हैं ॥ ३० ॥

वेदियोंके बाह्य भागमें चैत्यवृक्षोंसे सहित और अपने नाना वृक्षोंसे युक्त पवित्र अशोक वन, सप्तच्छदवन, चंपकवन और आम्रवन स्थित हैं ॥ ३१ ॥

चैत्यवृक्षोंके स्थलका विस्तार दोसौ पचास योजन, तथा उंचाई मध्यमें चार योजन और अन्तमें अर्ध कोसप्रमाण होती है ॥ ३२ ॥

१ [सेसच्छत्तसि°]. २ ब एदो. ३ द ब सम्मत्ता. ४ द ब भवणासुरतक्खिदाओ वेदीणं तेह्य.

छद्दोभूमुहरुंदा[1] चउजोयणउच्छिदाणि पीढाणि । पीढोवरि बहुमज्झे रम्मा चेट्ठंति चेत्तदुमा ॥ ३३

६ । २ । ४ ।

पत्तेक्कं रुक्खाणं अवगाढं कोसमेक्कमुद्दिट्ठं । जोयण खंदुच्छेहो साहादीहत्तणं च चत्तारि ॥ ३४

को १ । जो १ । ४ ।[2]

विविहवररयणसाहा विचित्तकुसुमोवसोभिदा सव्वे । वरमरगयवरपत्ता दिव्वतरू ते विरायंति ॥ ३५

विविहंकुरुचेंचइया विविहफला विविहरयणपरिणामा[3] । छत्तादिछत्तजुत्ता घंटाजालादिरमणिज्जा ॥ ३६

आदिणिहणेण हीणा पुढविमया सव्वभवणचेत्तदुमा । जीवुप्पत्तिलयाणं होंति णिमित्ताणि ते णियमा[5] ॥ ३७

चेत्ततरूणं मूले पत्तेक्कं चउदिसासु पंचेव । चेट्ठंति जिणप्पडिमा पलियंकठिया सुरेहिं महणिज्जा ॥ ३८

चउतोरणाभिरामा अट्ठमहामंगलेहिं सोहिल्ला । वररयणणिम्मिदेहिं माणत्थंभेहिं अइरम्मा ॥ ३९

। वेदीवण्णणा गदा ।

वेदीणं बहुमज्झे जोयणसयमुच्छिदा महाकूडा । वेत्तासणसंठाणा रयणमया होंति सव्वट्ठ ॥ ४०

पीठोंकी भूमिका विस्तार छह योजन, मुखका विस्तार दो योजन, और उंचाई चार योजन होती है । इन पीठोंके ऊपर बहुमध्यभागमें रमणीय चैत्यवृक्ष स्थित होते हैं ॥ ३३ ॥

भूविस्तार ६, मु. वि. २, उंचाई ४ यो. ।

प्रत्येक वृक्षका अवगाढ़ एक कोस, स्कंधका उत्सेध एक योजन, और शाखाओंकी लंबाई चार योजनप्रमाण कही गयी है ॥ ३४ ॥

अवगाढ़ को. १, स्कन्धकी उंचाई यो. १, शाखाओंकी लंबाई यो. ४ ।

वे सब दिव्य वृक्ष विविध प्रकारके उत्तम रत्नोंकी शाखाओंसे युक्त, विचित्र पुष्पोंसे अलंकृत, और उत्कृष्ट मरकत मणिमय उत्तम पत्रोंसे व्याप्त होते हुए अतिशय शोभाको प्राप्त हैं ॥ ३५ ॥

विविधप्रकारके अंकुरोंसे मंडित, अनेक प्रकारके फलोंसे युक्त, नानाप्रकारके रत्नोंसे निर्मित, छत्रके ऊपर छत्रसे संयुक्त, घंटाजालादिसे रमणीय, और आदि-अन्तसे रहित, ऐसे वे पृथिवीके परिणामरूप सब भवनोंके चैत्यवृक्ष नियमसे जीवोंकी उत्पत्ति और विनाशके निमित्त होते हैं ॥ ३६-३७ ॥

चैत्यवृक्षोंके मूलमें चारों दिशाओंमेंसे प्रत्येक दिशामें पद्मासनसे स्थित और देवोंसे पूजनीय पांच पांच जिनप्रतिमायें विराजमान होती हैं ॥ ३८ ॥

ये जिनप्रतिमायें चार तोरणोंसे रमणीय, आठ महा मंगल द्रव्योंसे सुशोभित, और उत्तमोत्तम रत्नोंसे निर्मित मानस्थम्भोंसे अतिशय शोभायमान होती हैं ॥ ३९ ॥

इसप्रकार वेदियोंका वर्णन समाप्त हुआ ।

इन वेदियोंके बहुमध्य भागमें सर्वत्र एकसौ योजन ऊंचे, वेत्रासनके आकार, और रत्नमय महाकूट स्थित हैं ॥ ४० ॥

१ द ब °रुंदो. २ ब अवगाढ°. ३ ब को १ । जो ४. ४ द °परिमाणा. ५ द ब °उदा. ६ द ब जीदप्पतिआयाणं. ७ द ब णिआयामा.

ताणं मूले उवरिं समंतदो होंति दिव्ववेदीओ[1] । पुव्विल्लवेदियाणं सारिच्छं वण्णणं सव्वं ॥ ४१

वेदीणब्भंतरए वणसंडा वरविचित्ततरुणियरा । पुक्खरिणीहिं समग्गा तप्परदो दिव्ववेदीओ ॥ ४२

। कूडा गदा ।

कूडोवरि पत्तेक्कं जिणवरभवणं हुवेदि[2] एक्केक्कं । वररयणकंचणमयं विचित्तविण्णासरमणिज्जं[3] ॥ ४३

चउगोउरा तिसाला वीहिं पडि[4] माणथंभणवथूहा । वणधयचेत्तखिदीओ[5] सव्वेसुं जिणणिकेदेसुं ॥ ४४

णंदादिओ तिमेहल तिपीढपुव्वाणि धम्मविभवाणि । चउवणमज्झेसु ठिदा चेत्ततरू तेसु सोहंति ॥ ४५

हरिकरिवसहखगाहिव[6]सिहिससिरविहंसपउमचक्कधया । एक्केक्कमट्ठजुदसयमेक्केक्कं अट्ठसय खुल्ला ॥ ४६

वंदणभिसेय[7]णच्चणसंगीआलोयमंडवेहिं जुदा । कीडणगुणणगिहेहिं विसालवरपट्टसालेहिं ॥ ४७

सिरिदेवीसुददेवीसव्वाणसणक्कुमारजक्खाणं । रूवाणि अट्ठमंगल देवच्छंदम्मि[8] जिणणिकेदेसुं ॥ ४८

इन कूटोंके मूलभागमें और ऊपर चारों तरफ दिव्य वेदियां हैं । इन वेदियोंका सम्पूर्ण वर्णण पूर्व वेदियों जैसा ही समझना चाहिये ॥ ४१ ॥

इन वेदियोंके भीतर उत्तम एवं विविध प्रकारके वृक्षसमूहसे व्याप्त और वापिकाओंसे परिपूर्ण वनसमूह हैं, फिर इनके आगे दिव्य वेदियां हैं ॥ ४२ ॥

इसप्रकार कूटोंका वर्णन समाप्त हुआ ।

प्रत्येक कूटके ऊपर एक एक जिनेन्द्रभवन है, जो उत्तम रत्न एवं सुवर्णसे निर्मित, तथा विचित्र विन्याससे रमणीय है ॥ ४३ ॥

सब जिनालयोंमें चार चार गोपुरोंसे संयुक्त तीन कोट, प्रत्येक वीथीमें एक मानस्थम्भ व नौ स्तूप, तथा (कोटोंके अन्तरालमें) क्रमसे वनभूमि, ध्वजभूमि और चैत्यभूमि होती हैं ॥ ४४ ॥

उन जिनालयोंमें चारों वनोंके मध्यमें स्थित तीन मेखलाओंसे युक्त नन्दादिक वापिकायें, और तीन पीठोंसे संयुक्त धर्मविभव, तथा चैत्यवृक्ष शोभायमान होते हैं ॥ ४५ ॥

ध्वजभूमिमें सिंह, गज, वृषभ, गरुड़, मयूर, चन्द्र, सूर्य, हंस, पद्म और चक्र, इन चिह्नोंसे अंकित प्रत्येक चिह्नवाली एकसौ आठ महाध्वजायें, और एक एक महाध्वजाके आश्रित एकसौ आठ क्षुद्रध्वजायें होती हैं ॥ ४६ ॥

उपर्युक्त जिनालय वंदनमंडप, अभिषेकमंडप, नर्तनमंडप, संगीतमंडप और आलोक (प्रेक्षण) मंडप, इन मंडपों तथा क्रीड़ागृह, गुणनगृह अर्थात् स्वाध्यायशाला एवं विशाल व उत्तम पट्टशालाओंसे (चित्रशालाओंसे) युक्त होते हैं ॥ ४७ ॥

जिनमन्दिरोंमें देवच्छंदके भीतर श्रीदेवी, श्रुतदेवी, तथा सर्वाह्ण और सनत्कुमार यक्षोंकी मूर्तियां एवं आठ मंगल द्रव्य होते हैं ॥ ४८ ॥

१ द दिव्वदेवीओ. २ द हुवेदि. ३ द ब °विण्णाणरमणिज्जं. ४ द ब परि. ५ ब णवधय°. ६ द ब °खगावइ°. ७ द वंदणाभिसेय°. ८ द °देवंणच्चाणि; ब देवच्चाणि.

भिंगारकलसदप्पणधयचामरछत्तवियणसुपइट्ठा । इय अट्ठमंगलाणिं पत्तेक्कं अट्ठअहियसयं[1] ॥ ४९
दिप्पंतरयणदीवा जिणभवणा पंचवण्णरयणमया । गोसीसमलयचंदणकालागरुधूवगंधड्ढा[2] ॥ ५०
भंभामुइंगमद्दलजयघंटाकंसतालतिवलीणं । दुंदुहिपडहादीणं सद्देहिं णिच्चहलबोला ॥ ५१
सिंहासणादिसहिदा चामरकरणागजक्खमिहुणजुदा । णाणाविहरयणमया जिणपडिमा तेसु भवणेसुं ॥ ५२
बाहत्तरि लक्खाणिं कोडीओ सत्त जिणणिकेदाणिं । आदिणिहणुज्झिदाणिं भवणसमाइं विराजंति ॥ ५३
७७२००००० ।
सम्मत्तरयणजुत्ता णिब्भरभत्तीय णिच्चमच्चंति । कम्मक्खवणणिमित्तं देवा जिणणाहपडिमाओ ॥ ५४
कुलदेवा इदि मण्णिय अण्णेहिं बोहिया बहुपयारं । मिच्छाइट्ठी णिच्चं पूजंति जिणिंदपडिमाओ ॥ ५५
। जिणभवणा गदा ।
कूडाण समंतादो[3] पासादा[4] होंति भवणदेवाणं । णाणाविहविण्णासा[5] वरकंचणरयणणियरमया[6] ॥ ५६
सत्तट्ठणवदसादियविचित्तभूमीहिं भूसिदा सव्वे । लंबंतरयणमाला दिप्पंतमणिप्पदीयकंतिल्ला ॥ ५७

झारी, कलश, दर्पण, ध्वजा, चामर, छत्र, व्यजन और सुप्रतिष्ठ, इन आठ मंगल द्रव्योंमेंसे वहां प्रत्येक एकसौ आठ होते हैं ॥ ४९ ॥

ये जिनभवन चमकते हुए रत्नदीपकोंसे सहित, पांच वर्णके रत्नोंसे निर्मित, गोशीर्ष, मलयचंदन, कालागरु और धूपके गंधसे व्याप्त, तथा भंभा, मृदंग, मर्दल, जयघंटा, कांस्यताल, तिवली, दुंदुभि एवं पटहादिकके शब्दोंसे नित्य ही शब्दायमान रहते हैं ॥ ५०-५१ ॥

उन भवनोंमें सिंहासनादिकसे सहित, हाथमें चँवर लिये हुए नागयक्षयुगलसे युक्त, और नानाप्रकारके रत्नोंसे निर्मित, ऐसी जिनप्रतिमायें विराजमान हैं ॥ ५२ ॥

आदि-अन्तसे रहित (अनादिनिधन) वे जिनभवन, भवनवासी देवोंके भवनोंकी संख्याप्रमाण सात करोड़ बहत्तर लाख, सुशोभित होते हैं ॥ ५३ ॥

७७२००००० ।

जो देव सम्यग्दर्शनरूपी रत्नसे युक्त हैं, अर्थात् सम्यग्दृष्टि हैं, वे कर्मक्षयके निमित्त नित्य ही इन जिनप्रतिमाओंकी भक्तिसे पूजा करते हैं ॥ ५४ ॥

इसके अतिरिक्त अन्य सम्यग्दृष्टि देवोंसे सम्बोधित किये गये मिथ्यादृष्टि देव भी कुलदेवता मानकर उन जिनेन्द्र-मूर्तियोंकी नित्य ही बहुतप्रकारसे पूजा करते हैं ॥ ५५ ॥

जिनभवनोंका वर्णन समाप्त हुआ ।

कूटोंके चारों तरफ नानाप्रकारकी रचनाओंसे युक्त और उत्तम सुवर्ण एवं रत्नसमूहसे निर्मित भवनवासी देवोंके प्रसाद हैं ॥ ५६ ॥

सब भवन सात, आठ, नौ, दश, इत्यादिक विचित्र भूमियोंसे भूषित; लंबायमान रत्नमालाओंसे सहित; चमकते हुए मणिमय दीपकोंसे सुशोभित; जन्मशाला, अभिषेकशाला, भूषणशाला,

१ ब अडअहियसयं. २ द ब गोसीर॰. ३ द ब समचादो. ४ द ब पासादो. ५ द ब णाणाविविहविणासं. ६ ब ॰कंचणणियर॰.

जम्माभिसेयभूसणमेहुणओलं[1]गमंतसालाहिं[2] । विविधाहिं[3] रमणिज्जा मणितोरणसुंदरदुवारा ॥ ५८
सा[4]मण्णगब्भकदलीचित्तासणणालयादिगिहजुत्ता । कंचणपायारजुदा विसालवलहीविराजमाणा य ॥ ५९
धुव्वंतधयवडाया पोक्खरणीवाविकूव[5]संडाहिं[6] । सव्वे कीडणजुत्ता णाणावरमत्तवारणोपेता ॥ ६०
मणहरजालकवाडा णाणाविहसालभंजिकाबहुला । आदिणिहणेण हीणा किं बहुणा ते णिरुवमा णेया ॥ ६१
चउपासाणिं तेसुं विचित्तरूवाणि आसणाणिं च । वररयणविरचिदाणिं[7] सयणाणि हवंति दिव्वाणिं[8] ॥ ६२

। पासादा गदा ।

एक्केक्कस्सिं इंदे परिवारसुरा हवंति दस एदे[9] । पडिइंदा तेत्तीसत्तिदसा सामाणीयदिसाइंदा ॥ ६३
तणुरक्खा तिप्परिसा सत्ताणीया पइण्णगभियोगा । किब्बिसया इदि कमसो पवण्णिदा इंदपरिवारा ॥ ६४
इंदा रायसरिच्छा जुवरायसमा हुवंति पडिइंदा । पुत्तणिहा तेत्तीसत्तिदसा सामाणिया कलत्तसमा ॥ ६५
चत्तारि लोयपाला सावण्णा[10] होंति तंतवालाणं । तणुरक्खाण समाणा सरीररक्खा[11] सुरा सव्वे ॥ ६६

मैथुनशाला, ओलगशाला (परिचर्यागृह) और मंत्रशाला, इन विविध प्रकारकी शालाओंसे रमणीय; मणिमय तोरणोंसे सुंदर द्वारोंवाले; सामान्यगृह, गर्भगृह, कदलीगृह, चित्रगृह, आसनगृह, नादगृह और लतागृह, इत्यादि गृहविशेषोंसे सहित; सुवर्णमय प्राकारसे संयुक्त; विशाल छज्जोंसे विराजमान; फहराती हुई ध्वजापताकाओंसे सहित; पुष्करिणी, वापी और कूप, इनके समूहोंसे युक्त; क्रीडनयुक्त; अनेक उत्तम मत्तवारणोंसे संयुक्त; मनोहर गवाक्ष और कपाटोंसे सुशोभित; नानाप्रकारकी पुत्तलिकाओंसे सहित; और आदि-अन्तसे हीन अर्थात् अनादिनिधन हैं। बहुत कहनेसे क्या ? ये सब प्रासाद उपमासे रहित अर्थात् अनुपम हैं ऐसा जानना चाहिये ॥ ५७-६१ ॥

उन भवनोंके चारों पार्श्वभागोंमें विचित्र रूपवाले आसन और उत्तम रत्नोंसे रचित दिव्य शय्यायें स्थित हैं ॥ ६२ ॥

प्रासादोंका कथन समाप्त हुआ।

प्रतीन्द्र, त्रायस्त्रिंश देव, सामानिक, दिशाइन्द्र (लोकपाल), तनुरक्षक, तीन पारिषद, सात अनीक, प्रकीर्णक, आभियोग्य और किल्बिषिक, ये दश प्रत्येक इन्द्रके परिवार देव होते हैं। इसप्रकार क्रमसे इन्द्रके परिवार देव कहे गये हैं ॥ ६३-६४ ॥

इनमेंसे इन्द्र राजाके सदृश, प्रतीन्द्र युवराजके समान, त्रायस्त्रिंश देव पुत्रके सदृश, और सामानिक कलत्रके तुल्य होते हैं ॥ ६५ ॥

चारों लोकपाल तंत्रपालोंके सदृश और सब तनुरक्षक देव राजाके अंगरक्षकके समान होते हैं ॥ ६६ ॥

१ द ओलंग°, ब उलग°. २ द ब सालाइं. ३ द ब विदिलाहिं. ४ ब सामेण. ५ ब °कूड°. ६ द ब °संडाइं. ७ द ब °विरचिदाणं. ८ द ब दव्वाणिं. ९ द दस भेदा. १० द ब सावंता. ११ द बसरीरं, ब सरीरं वा.

बाहिरमज्झब्भंतरतंडयसरिसा हुवंति तिप्परिसा । सेणोवमा यणीया पइण्णया पुरिजणसरिच्छा ॥ ६७
परिवारसमाणा ते अभियोगसुरा हुवंति किब्बिसया । पाणोवमाणधारी[3] देवाणिंदस्स णादव्वं ॥ ६८
इंदसमा पडिइंदा तेत्तीससुरा हवंति तेत्तीसं । चमरादीइंदाणं पुह पुह सामाणिया इमे देवा ॥ ६९
चउसट्ठि सहस्साणिं छट्ठी छप्पण्ण चमरतिदयम्मि । पण्णास सहस्साणिं पत्तेक्कं होंति सेसेसु ॥ ७०

६४००० । ६०००० । ५६००० । सेसे १७ । ५०००० ।

पत्तेक्कइंदयाणं सोमो यमवरुणधणदणामा य । पुव्वादिलोयपाला [4]हवंति चत्तारि चत्तारि ॥ ७१
छप्पण्णसहस्साधियबेलक्खा होंति चमरतणुरक्खा । चालसहस्सब्भहिया बे लक्खा बिदियइंदम्मि ॥ ७२
चउवीससहस्साधियलक्खदुगं [5]तदियइंदतणुरक्खा । सेसेसुं पत्तेक्कं णादव्वा दोण्णि लक्खाणि ॥ ७३

२५६००० । २४०००० । २२४००० । सेसे १७ । २००००० ।

राजाकी बाह्य, मध्य और अभ्यन्तर समितिके समान देवोंमें भी तीन प्रकारकी परिषद् होती हैं। इन तीनों परिषदोंमें बैठने योग्य देव क्रमशः बाह्य पारिषद, मध्यम पारिषद और अभ्यन्तर पारिषद कहलाते हैं। अनीक देव सेनाके तुल्य और प्रकीर्णक देव पौर जन अर्थात् प्रजाके सदृश होते हैं ॥ ६७ ॥

वे आभियोग्य जातिके देव दासके समान और किल्विषिक देव चण्डालकी उपमाको धारण करनेवाले हैं। इसप्रकार यह देवोंके इन्द्रका परिवार जानना चाहिये ॥ ६८ ॥

प्रतीन्द्र इन्द्रके बराबर, और त्रायस्त्रिंश देव तेतीस होते हैं। चमर-वैरोचनादिक इन्द्रोंके सामानिक देवोंका प्रमाण पृथक् पृथक् निम्नप्रकार समझना चाहिये ॥ ६९ ॥

चमरादिक तीन इन्द्रोंके सामानिक देव क्रमशः चौंसठ हजार, साठ हजार, और छप्पन हजार होते हैं। इसके आगे शेष सत्तरह इन्द्रोंमेंसे प्रत्येकके पचास हजारप्रमाण सामानिक देव होते हैं ॥ ७० ॥

सामानिक—चमर ६४०००, वैरोचन ६००००, भूतानंद ५६०००, शेष सत्तरह ५०००० ।

प्रत्येक इन्द्रके पूर्वादिक दिशाओंके रक्षक क्रमसे सोम, यम, वरुण, और धनद (कुवेर) नामक चार चार लोकपाल होते हैं ॥ ७१ ॥

चमरेन्द्रके तनुरक्षक देव दो लाख छप्पन हजार, और द्वितीय इन्द्रके दो लाख चालीस हजार होते हैं ॥ ७२ ॥

तनुरक्षक—चमर २५६०००, वैरोचन २४०००० ।

तीसरे इन्द्रके तनुरक्षक देव दो लाख चौबीस हजार, और शेष इन्द्रोंमेंसे प्रत्येकके दो लाखप्रमाण जानना चाहिये ॥ ७३ ॥

तनुरक्षक—भूतानंद २२४०००, शेष सत्तरह २००००० ।

---

१ द हुवंति. २ द हुवंति. ३ द ब माणाधीरी. ४ द हुवंति. ५ ब तदियतणु°.

अडवीसं छब्बीसं छच्च सहस्साणि चमरतिदयम्मि । आदिमपरिसाए[1] सुरा सेसे पत्तेक्कचउसहस्साणिं ॥ ७४

२८००० । २६००० । ६००० । सेसे १७ । ४००० ।

तीसं अट्ठावीसं अट्ठ सहस्साणि चमरतिदयम्मि । मज्झिमपरिसाए सुरा सेसेसुं छस्सहस्साणि ॥ ७५

३०००० । २८००० । ८००० । सेसे १७ । ६००० ।

बत्तीसं तीसं दस होंति सहस्साणि चमरतिदयम्मि । बाहिरपरिसाए सुरा अट्ठ सहस्साणि सेसेसु ॥ ७६

३२००० । ३०००० । १०००० । सेसे १७ । ८००० ।

सत्ताणीयं होंति हु पत्तेक्कं सत्त सत्त कक्खजुदा । पढमं ससमाणसमा तद्दुगुणा चरमकक्खंतं ॥ ७७

असुरम्मि महिसतुरगा रहकरिणो[2] तह पदातिगंधव्वो । णच्चणया एदाणं महत्तरा छ महत्तरी एक्का ॥ ७८

। ७ ।

णावा गरुडगइंदा मयरुट्टा खग्गिसीहसिविकस्सा[3] । णागादीणं पढमाणीया बिदियाय असुरं वा ॥ ७९

चमरादिक तीन इन्द्रोंके आदिम पारिषद क्रमसे अट्ठाईस हजार, छब्बीस हजार, और छह हजारप्रमाण, तथा शेष इन्द्रोंमेंसे प्रत्येकके चार हजारमात्र होते हैं ॥ ७४ ॥

आदिम पारिषद— चमर २८०००, वैरोचन २६०००, भूतानंद ६०००, शेष सत्तरह ४००० ।

चमरादिक तीन इन्द्रोंके मध्यम पारिषद देव क्रमसे तीस हजार, अट्ठाईस हजार और आठ हजार, तथा शेष इन्द्रोंमेंसे प्रत्येकके छह हजारमात्र होते हैं ॥ ७५ ॥

म. पारिषद— चमर ३००००, वैरोचन २८०००, भूतानंद ८०००, शेष सत्तरह ६००० ।

चमरादिक तीन इन्द्रोंके क्रमसे बत्तीस हजार, तीस हजार, और दश हजार, तथा शेष इन्द्रोंमेंसे प्रत्येकके आठ हजारप्रमाण बाह्य पारिषद देव होते हैं ॥ ७६ ॥

बा. पारिषद— चमर ३२०००, वैरोचन ३००००, भूतानंद १००००, शेष सत्तरह ८००० ।

सात अनीकोंमेंसे प्रत्येक अनीक सात सात कक्षाओंसे युक्त होती है । उनमेंसे प्रथम कक्षाका प्रमाण अपने अपने सामानिक देवोंके बराबर, तथा इसके आगे अन्तिम कक्षातक उत्तरोत्तर प्रथम कक्षासे दूना दूना प्रमाण होता गया है ॥ ७७ ॥

असुरकुमारोंमें महिष, घोड़ा, रथ, हाथी, पादचारी, गन्धर्व और नर्तकी, ये सात अनीक होती हैं । इनमेंसे आदिकी छह अनीकोंमें छह महत्तर (प्रधान देव) और अन्तिम अनीकमें एक महत्तरी (प्रधान देवी) होती है ॥ ७८ ॥

नागकुमारादिकोंके क्रमसे नाग, गरुड़, गजेन्द्र, मगर, ऊंट, गेंड़ा, सिंह, शिविका और अश्व, ये प्रथम अनीक होती हैं । शेष द्वितीयादि अनीकें असुरकुमारोंके ही समान होती हैं ॥ ७९ ॥

१ द 'परिसाण. २ ब रहकरणो. ३ द खग्ग'.

गच्छसमे गुणयारे परप्परं गुणिय रूवपरिहीणे[1] । एक्कोणगुणविहत्ते गुणिदे वयणेण गुणगणिदं ॥ ८०

एक्कासीदी लक्खा अडवीससहस्ससंजुदा चमरे । होंति हु महिसाणीया पुह पुह तुरयादिया वि तम्मेत्ता ॥ ८१

८१२८००० ।

तिट्ठाणे सुण्णाणिं छण्णवअडछक्कपंचअंककमे । चमरिंदस्स[2] य मिलिदा सत्ताणीया हवंति इमे ॥ ८२

५६८९६००० ।

छाहत्तरि लक्खाणिं वीससहस्साणि होंति महिसाणं । वइरोयणम्मि इंदे पुह पुह तुरगादिणो वि तम्मेत्ता ॥ ८३

७६२०००० ।

चउठाणेसुं सुण्णा चउतितिपंचंक एव मालाए । वइरोयणस्स मिलिदा सत्ताणीया इमे होंति ॥ ८४

५३३४०००० ।

एक्कत्तरि लक्खाणिं णावाओ होंति बारससहस्सा । भूदाणंदे पुह पुह तुरं[3]गप्पहुदीणि तम्मेत्ता ॥ ८५

७११२००० ।

गच्छके बराबर गुणकारको परस्परमें गुणा करके प्राप्त गुणनफलमेंसे एक कम करके शेषमें एक कम गुणकारका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसको मुखसे गुणा करनेपर गुणसंकलित धनका प्रमाण आता है ॥ ८० ॥

उदाहरण—गच्छका प्रमाण ७, गुणकारका प्रमाण २, और मुखका प्रमाण ६४००० है ।

२ × २ × २ × २ × २ × २ × २ – १ ÷ (२–१) × ६४००० = ८१२८००० चमरेन्द्रकी महिषानीक ।

चमरेन्द्रके इक्यासी लाख अट्ठाईस हजार महिष सेना, तथा पृथक् पृथक् तुरगादिक भी इतने ही होते हैं ॥ ८१ ॥ ८१२८००० ।

तीन स्थानोंमें शून्य, छह, नौ, आठ, छह और पांच, इन अंकोंके क्रमसे, अर्थात् पांच करोड़ अड़सठ लाख छ्यानबै हजार, यह चमरेन्द्रकी सातों अनीकोंका सम्मिलित प्रमाण होता है ॥ ८२ ॥ ५६८९६००० ।

वैरोचन इन्द्रके छयत्तर लाख, बीस हजार महिष, और पृथक् पृथक् तुरगादिक भी इतने ही होते हैं ॥ ८३ ॥ ७६२०००० ।

चार स्थानोमें शून्य, चार, तीन, तीन और पांच, इन अंकोंके क्रमशः मिलानेपर जो संख्या हो, इतनेमात्र वैरोचन इन्द्रके मिलकर ये सात अनीक होती हैं ॥ ८४ ॥ ५३३४०००० ।

भूतानन्दके इकहत्तर लाख बारह हजार नाग, और पृथक् पृथक् तुरगादिक भी इतने ही होते हैं ॥ ८५ ॥ ७११२००० ।

---

१ ब परिहीणो. २ द चमरिंदयस्स. ३ ब पुहपुहउरग°.

तिट्ठाणे सुण्णाणिं चउक्कअडसत्तणवचउक्ककमे । सत्ताणीया[1] मिलिदे भूदाणंदस्स णावव्वा[2] ॥ ८६

४९७८४००० ।

तेसट्ठी लक्खाइं पण्णास सहस्सयाणि पत्तेक्कं । सेसेसु इंदेसु पढमाणीयाण परिमाणा ॥ ८७

६३५०००० ।

चउठाणेसुं[3] सुण्णा पंच य तिट्ठाणए चउक्काणिं । अंककमे सेसाणं सत्ताणीयाण[4] परिमाणं ॥ ८८

४४४५०००० ।

होंति पयण्णयपहुदी जेत्तियमेत्ता य सयलइंदेसुं । तप्परिमाणपरूवणउवएसो[5] णत्थि कालवसा ॥ ८९

किण्हा रयणसुमेघा देवीणामा सुकंदअभिधाणा । णिरुवमरूवधराओ चमरे पंचग्गमहिसीओ ॥ ९०

अग्गमहिसीण ससमं अट्ठसहस्साणि होंति पत्तेक्कं । परिवारा देवीओ चालसहस्साणि संमिलिदा ॥ ९१

८००० । ४०००० ।

चमरग्गिममहिसीणं अट्ठसहस्सा विकुव्वणा संति । पत्तेक्कं अप्पसमं णिरुवमलावण्णरूवेहिं ॥ ९२

तीन स्थानोंमें शून्य, चार, आठ, सात, नौ और चार, इन अंकोंके क्रमसे अर्थात् चार करोड़ सत्तानबै लाख चौरासी हजारप्रमाण भूतानन्द इन्द्रके मिलकर सात अनीक समझना चाहिये ॥ ८६ ॥ ४९७८४००० ।

शेष सत्तरह इन्द्रोंमेंसे प्रत्येकके प्रथम अनीकका प्रमाण तिरेसठ लाख पचास हजारमात्र है ॥ ८७ ॥ ६३५०००० ।

चार स्थानोंमें शून्य, पांच और तीन स्थानोंमें चार, इसप्रकार अंकोंके क्रमसे, अर्थात् चार करोड़ चवालीस लाख पचास हजार, यह शेष इन्द्रोंमेंसे प्रत्येकके सात अनीकोंका प्रमाण होता है । ॥ ८८ ॥ ४४४५०००० ।

सम्पूर्ण इन्द्रोंमें जितने प्रकीर्णक आदिक देव हैं, कालके वशसे उनके प्रमाणके प्ररूपणका उपदेश नहीं है ॥ ८९ ॥

चमरेन्द्रके कृष्णा, रत्ना, सुमेघा, देवी नामक और सुकंदा या सुकांता (शुकाढ्या) नामकी अनुपम रूपको धारण करनेवाली पांच अग्रमहिषियां होती हैं ॥ ९० ॥

अग्रदेवियोंमेंसे प्रत्येकके अपने साथ आठ हजार परिवार-देवियां होती हैं । इसप्रकार मिलकर सब परिवार-देवियां चालीस हजारप्रमाण होती हैं ॥ ९१ ॥ ८००० × ५ = ४०००० ।

चमरेन्द्रकी अग्रमहिषियोंमेंसे प्रत्येक अपने साथ, अर्थात् मूल शरीरसहित, अनुपम रूप-लावण्यसे युक्त आठ हजारप्रमाण विक्रियानिर्मित रूपोंको धारण कर सकती है ॥ ९२ ॥

---

१ ब अट्ठसत्त. २ द सत्ताणीआ. ३ ब चवट्ठाणेसुं. ४ द ब सत्ताणीयाणि. ५ द ब तप्परिमाण-परूणा.

सोलससहस्समेत्ता वल्लहियाओ हवंति चमरस्स । छप्पण्णसहस्साणिं संमिलिदे सव्वदेवीओ ॥ ९३

१६००० । ५६००० ।

पउमापउमसिरीओ कणयसिरी कणयमालमहपउमा । अग्गमहिसीउ बिदिए विक्किरियापहुदि पुव्वं वे ॥ ९४

पण अग्गमहिसियाओ पत्तेक्कं वल्लभा दससहस्सा । णागिंदाणं विक्किरियापहुदि होदि पुव्वं वे ॥ ९५

५ । १०००० । ४०००० । ५०००० ।

चत्तारि सहस्सा णं वल्लहियाओ हवंति पत्तेक्कं । गरुलिंदाणं सेसं पुव्वं पिव एत्थ वत्तव्वं ॥ ९६

५ । ४००० । ४०००० । ४४००० ।

सेसाणं इंदाणं पत्तेक्कं पंच अग्गमहिसीओ । एदेसु छस्सहस्सा ससमं परिवारदेवीओ ॥ ९७

५ । ६००० । ३०००० ।

दीविंदप्पहुदीणं देवीणं वरविउव्वणा संति । छस्सहस्सं च समं पत्तेक्कं विविहरूवेहिं ॥ ९८

चमरेन्द्रके सोलह हजारप्रमाण वल्लभा देवियां होती हैं । इसप्रकार चमरेन्द्रके, पांचों अग्रदेवियोंकी परिवार-देवियों और वल्लभा देवियोंको मिलाकर, सब देवियां छप्पन हजार होती हैं ॥९३॥

वल्लभा १६००० + सपरिवार अग्रमहिषी ४०००० = ५६००० ।

द्वितीय इन्द्रके पद्मा, पद्मश्री, कनकश्री, कनकमाला, और महापद्मा, ये पांच अग्र-देवियां होती हैं । इनके विक्रिया आदिका प्रमाण पूर्वके समान अर्थात् प्रथम इन्द्रके समान ही जानना चाहिये ॥ ९४ ॥

नागेन्द्रोंमेंसे (भूतानन्द और धरणानन्दमेंसे) प्रत्येकके पांच अग्रदेवियां और दश हजार वल्लभायें होती हैं । शेष विक्रिया आदिका प्रमाण पहिले जैसा ही है ॥ ९५ ॥

अग्रदेवी ५, वल्लभा १००००, सपरिवार अग्रदेवी ४००००, समस्त ५०००० ।

गरुड़ेन्द्रोंमेंसे प्रत्येकके चार हजार वल्लभायें होती हैं । शेष कथन पूर्वके समान ही यहांपर भी करना चाहिये ॥ ९६ ॥

अ. दे. ५, वल्लभा ४०००, सपरिवार अ. दे. ४००००, समस्त ४४००० ।

शेष इन्द्रोंमेंसे प्रत्येकके पांच अग्रदेवियां, और उनमेंसे प्रत्येकके अपनेको सम्मिलित कर छह हजार परिवार-देवियां होती हैं ॥ ९७ ॥ अ. दे. ५, परि. दे. ६००० × ५ = ३०००० ।

द्वीपेन्द्रादिकोंकी देवियोंमेंसे प्रत्येकके मूल शरीरके साथ विविधप्रकारके रूपोंसे छह हजार-प्रमाण विक्रिया होती है ॥ ९८ ॥

---

१ द ब. २ द ब. ३ द ब गरुणिंदाणं. ४ द ब देविंद°. ५ द वरविवणा, ब वारविव्वणा.

पुह पुह सेसिंदाणं वल्लभिया होंति दो सहस्साणि । बत्तीस सहस्साणिं संमिलिदे सव्वदेवीओ ॥ ९९

२००० । ३२००० ।

पडिइंदादिचउण्हं वल्लहियाणं तहेव देवीणं । सव्वं विउव्वणादिं णियणियइंदाण सारिच्छं ॥ १००

सव्वेसुं इंदेसुं तणुरक्खसुराण होंति देवीओ । पत्तेक्कं सयमेत्ता णिरुवमलावण्णबालाओ ॥ १०१

१०० ।

अड्ढाइज्जसयाणिं देवीओ दुवे सया दिवड्ढसयं । आदिममज्झिमबाहिरपरिसासुं होंति चमरस्स ॥ १०२

२५० । २०० । १५० ।

देवीओ तिण्णि सया अड्ढाइज्जं सयाणि दुसयाणिं । आदिममज्झिमबाहिरपरिसासुं होंति बिदियइंदस्स ॥ १०३

३०० । २५० । २०० ।

दोण्णि सया देवीओ सट्ठीचालादिरित्तएक्कसयं[1] । णागिंदाणं अब्भिंतरादितिप्परिसदेवेसुं[2] ॥ १०४

२०० । १६० । १४० ।

सट्ठीजुदमेक्कसयं चालीसजुदं वीससहियमेक्कसयं । गरुडिंदाणं अब्भंतरादितिप्परिसदेवीओ ॥ १०५

१६० । १४० । १२० ।

शेष इन्द्रोंके पृथक् पृथक् दो हजार वल्लभा देवियां होती हैं। इसप्रकार मिलकर प्रत्येक इन्द्रके सब देवियां बत्तीस हजारप्रमाण होती हैं ॥ ९९ ॥

वल्लभा २००० + सपरिवार अग्रदेवी ३०००० = ३२००० ।

प्रतीन्द्र, त्रायस्त्रिंश, सामानिक और लोकपाल, इन चारके वल्लभायें, तथा इन देवियोंकी सम्पूर्ण विक्रिया आदि अपने अपने इन्द्रोंके समान ही समझना चाहिये ॥ १०० ॥

सब इन्द्रोंके तनुरक्षक देवोंमेंसे प्रत्येकके अनुपम लावण्यको धारण करनेवाली सौ बाला देवियां होती हैं ॥ १०१ ॥ १०० ।

चमरेन्द्रके आदिम पारिषद, मध्यम पारिषद और बाह्य पारिषद देवोंके क्रमसे ढाईसौ, दोसौ और डेढ़सौ देवियां होती हैं ॥ १०२ ॥ २५०, २००, १५० ।

द्वितीय इन्द्रके आदिम पारिषद, मध्य पारिषद और बाह्य पारिषद देवोंके क्रमसे तीनसौ, ढाईसौ और दोसौ देवियां होती हैं ॥ १०३ ॥ ३००, २५०, २०० ।

नागेन्द्रोंके अभ्यन्तरादिक तीनोंप्रकारके पारिषद देवोंके क्रमसे दोसौ, एकसौ साठ और एकसौ चालीस देवियां होती हैं ॥ १०४ ॥ २००, १६०, १४० ।

गरुड़ेन्द्रोंके अभ्यन्तरादिक तीनों पारिषद देवोंके क्रमसे एकसौ साठ, एकसौ चालीस और एकसौ बीस देवियां होती हैं ॥ १०५ ॥ १६०, १४०, १२०

---

१ द ब चालादिरत्त°. २ द ब °तिप्परिसिदेवीसु.

चालीसुत्तरमेक्कं[1] वीसब्भहियं सयं च केवलयं । सेसिंदाणं[2] आदिमपरिसप्पहुदीसु देवीओ ॥ १०६

१४० । १२० । १०० ।

असुरादिदसकुलेसुं हुवंति सेणासुराण पत्तेक्कं । पण्णासा देवीओ सयं च परो महत्तरसुराणं ॥ १०७

५० । १०० ।

जिणदिट्ठपमाणाओ[3] होंति पइण्णयतियस्स देवीओ । सव्वणिगिट्ठसुराणं पि देवीओ बत्तीस पत्तेक्कं ॥ १०८

३२ ।

एदे सव्वे देवा देविंदाणं पहाणपरिवारा । अण्णे वि यप्पधाणा संखातीदा विधायंति ॥ १०९

इंदपडिंदप्पहुदी तद्देवीओ मणेण आहारं । अमयमयमइसिणिद्धं संगिण्हंते णिरुवमाणं[4] ॥ ११०

चमरदुगे[5] आहारो वरिससहस्सेण[6] होदि णियमेण । पणुवीसदिणाण दलं भूदाणंदादिछण्णं पि ॥ १११

व १००० । दि २५/२ ।

बारसदिणेसु जलपहपहुदीछण्णं पि भोयणावसरो । पण्णरसवासदलं अमिदगदिप्पहुदिछक्कम्मि ॥ ११२

१२ । १५/२ ।

शेष इन्द्रोंके आदिम पारिषदादिक देवोंके क्रमसे एकसौ चालीस, एकसौ बीस और केवल सौ देवियां होती हैं ॥ १०६ ॥ १४०, १२०, १०० ।

असुरादिक दश कुलोंमें सेना-सुरोंमेंसे प्रत्येकके उत्कृष्ट पचास, और महत्तर सुरोंके सौ देवियां होती हैं ॥ १०७ ॥ ५०, १०० ।

प्रकीर्णक, आभियोग्य और किल्बिषिक, इन तीन देवोंकी देवियां जिनभगवान्से कहे गये प्रमाणरूप होती हैं । सम्पूर्ण निकृष्ट देवोंमेंसे भी प्रत्येकके बत्तीस देवियां होती हैं ॥ १०८ ॥ ३२ ।

ये सब उपर्युक्त देव इन्द्रोंके प्रधान परिवारस्वरूप होते हैं । इनके अतिरिक्त अन्य और भी अप्रधान परिवाररूप होते हैं, जो असंख्यात कहे गये हैं ॥ १०९ ॥

इन्द्र और प्रतीन्द्रादिक तथा इनकी देवियां अति स्निग्ध और अनुपम अमृतमय आहारको मनसे ग्रहण करती हैं ॥ ११० ॥

चमरेन्द्र और वैरोचन इन दो इन्द्रोंके नियमसे एक हजार वर्षोंके वीतनेपर आहार होता है । इसके आगे भूतानन्दादिक छह इन्द्रोंके पच्चीस दिनोंके आधे अर्थात् साढ़े बारह दिनोंमें आहार होता है ॥ १११ ॥ वर्ष १००० । दि. २५/२ ।

जलप्रभादिक छह इन्द्रोंके बारह दिनमें, और अमितगतिप्रभृति छह इन्द्रोंके पन्द्रहके आधे अर्थात् साढ़े सात दिनमें आहारका अवसर आता है ॥ ११२ ॥ दि. १२ । १५/२ ।

---

१ द ब °मेक्कसयं. २ द ब देविंदाणं. ३ द °प्पमाणाओ. ४ द ब णिवरुवमणं. ५ द चरमदुगे. ६ द वरस°.

इंदादीपंचण्णं सरिसो आहारकालपरिमाणं । तणुरक्खप्पहुदीणं तस्सिं उवदेस उच्छिण्णो[1] ॥ ११३

चमरदुगे उस्सासं पण्णरसदिणाणि पंचवीसदलं । पुह पुह मुहुत्तयाणिं भूदाणंदादिछक्कम्मि ॥ ११४

दि १५ । मु २५/२ ।

बारसमुहुत्तयाणिं जलपहपहुदीसु छस्सु उस्सासा । पण्णरसमुहुत्तदलं अमिदगदिप्पहुदिछण्णं पि ॥ ११५

मु १२ । १५/२ ।

दसवरससमहस्साऊ जो देवो तस्स भोयणावसरो । दोसु दिवसेसु पंचसु पल्लपमाणाउजुत्तस्स ॥ ११६

जो अजुदाऊ देवो उस्सासा तस्स सत्तपाणेहिं । ते पंचमुहुत्तेहिं पलिदोवमआउजुत्तस्स ॥ ११७

पडिइंदादिचउण्णं इंदस्सरिसा हुवंति उस्सासा । तणुरक्खप्पहुदीसुं उवएसो संपइ पणट्ठो ॥ ११८

सव्वे असुरा किण्हा हुवंति णागा वि कालसामलया । गरुडा दीवकुमारा सामलवण्णा सरीरेहिं ॥ ११९

उदधित्थणिदकुमारा ते सव्वे कालसामलायारा । विज्जू विज्जुसरिच्छा सामलवण्णा दिसकुमारा ॥ १२०

इन्द्रादिक (इन्द्र, प्रतीन्द्र, सामानिक, त्रायस्त्रिंश और पारिषद) पांचके आहारकालका प्रमाण समान है। इसके आगे तनुरक्षकादि देवोंके आहारकालके प्रमाणका उपदेश नष्ट होगया है ॥ ११३ ॥

चमरेन्द्र और वैरोचन इन्द्रके पन्द्रह दिनमें, तथा भूतानन्दादिक छह इन्द्रोंके पृथक् पृथक् पच्चीसके आधे अर्थात् साढ़े बारह मुहूर्तोंमें उच्छ्वास होता है ॥ ११४ ॥ दि. १५ । मुहूर्त २५/२ ।

जलप्रभादिक छह इन्द्रोंके बारह मुहूर्तोंमें, और अमितगति आदि छह इन्द्रोंके पन्द्रहके आधे अर्थात् साढ़े सात मुहूर्तोंमें उच्छ्वास होता है ॥ ११५ ॥ मु. १२ । १५/२ ।

जो देव दश हजार वर्षकी आयुवाला है, उसके दो दिनमें, और पल्योपमप्रमाण आयुसे युक्त देवके पांच दिनमें भोजनका अवसर आता है ॥ ११६ ॥

जो देव अयुत अर्थात् दश हजार वर्षप्रमाण आयुवाला है, उसके सात श्वासोच्छ्वास-प्रमाण कालमें, और पल्योपमप्रमाण आयुसे युक्त देवके पांच मुहूर्त्तोंमें उच्छ्वास होते हैं ॥ ११७ ॥

प्रतीन्द्रादिक चार देवोंके उच्छ्वास इन्द्रोंके समान ही होते हैं। इसके आगे तनुरक्षकादि देवोंमें उच्छ्वासकालके प्रमाणका उपदेश इस समय नष्ट हो गया है ॥ ११८ ॥

सब असुरकुमार शरीरसे कृष्ण, नागकुमार कालश्यामल, और गरुड़कुमार व द्वीपकुमार श्यामलवर्ण होते हैं ॥ ११९ ॥

सम्पूर्ण उदधिकुमार और स्तनितकुमार कालश्यामल आकारवाले, विद्युत्कुमार बिजलीके सदृश, और दिक्कुमार श्यामलवर्ण होते हैं ॥ १२० ॥

१ द °रक्खपहूदीणं. २ द ब उवदेस उच्छिण्णा. ३ ब पणरस°. ४ ब °मुहुत्तयाणं. ५ द °पमाणा-वजुत्तस्स. ६ द देओ. ७ द ब पलिदोवमयावजुत्तस्स. ८ द ब उदधिंधणिद°.

अग्गिकुमारा सव्वे जलंतसिहिजालसरिसदित्तिधरा । णवकुवलयसमभावा वादकुमारा वि णादव्वा ॥ १२१
पंचसु कल्लाणेसुं जिणिंदपडिमाण पूजणणिमित्तं । णंदीसरम्मि दीवे इंदा जायंति भत्तीए ॥ १२२
सीलादिसंजुदाणं पूजणहेदुं परिक्खणणिमित्तं । णियणियकीडणकज्जुव वइरिसमूहस्स मारणिच्छाए[1] ॥ १२३
असुरप्पहुदीण गदी उड्ढसरूवेण जाव ईसाणं । णियवसदो परवसदो अच्चुदकप्पावही होदि ॥ १२४
कणयं व णिरुवलेवा णिम्मलकंती सुगंधणिस्सासा । णिरुवमयरूवरेखा समचउरस्संगसंठाणा ॥ १२५
लक्खणजुत्ता संपुण्णमियंकसुंदरमहाभासा । णिच्चं चेय कुमारा देवा देवी य तारिसिया ॥ १२६
रोगजरापरिहीणा णिरुवमबलवीरिएहिं परिपुण्णा । आरत्तपाणिचरणा कदलीघादेण परिचत्ता ॥ १२७
वररयणमोउड[2]धारी [illegible]विहविभूसणेहिं सोहिल्ला । [3]मंसट्ठिमेधलोहिदमज्जवसासुक्क[4]परिहीणा ॥ १२८
कररुहकेसविहीणा णिरुवमलावण्णदित्तिपरिपुण्णा । बहुविहविलाससत्ता देवा देवी य ते होंति ॥ १२९
असुरादी भवणसुरा सव्वे ते होंति कायपविचारा[5] । वेदस्सुदीरणाए[6] अणुभवणं माणुस[7]समाणं ॥ १३०

सब अग्निकुमार जलती हुई अग्निकी ज्वालाके सदृश कान्तिके धारक और वातकुमार देव नवीन कुवलय (नील कमल) के सदृश जानना चाहिये ॥ १२१ ॥

इन्द्र लोग भक्तिसे पांच कल्याणकों के निमित्त (ढाई द्वीपमें) तथा जिनेन्द्र-प्रतिमाओंकी पूजनके निमित्त नन्दीश्वर द्वीपमें जाते हैं ॥ १२२ ॥

शीलादिकसे संयुक्त किन्हीं मुनिवरादिककी पूजन व परीक्षाके निमित्त, अपनी अपनी क्रीडा करनेके लिये, अथवा शत्रुसमूहको नष्ट करनेकी इच्छासे असुरकुमारादिक देवोंकी गति ऊर्ध्वरूपसे अपने वश, अर्थात् अन्यकी सहायतासे रहित, ईशान स्वर्गतक, और परके वशसे अच्युत स्वर्गतक होती है ॥ १२३–१२४ ॥

उक्त देव सुवर्णके समान मलके संसर्गसे रहित, निर्मल कान्तिके धारक, सुगंधित निश्वाससे संयुक्त, अनुपम रूपरेखावाले, समचतुरस्र नामक शरीरसंस्थानसे सहित, लक्षणोंसे युक्त, पूर्ण चन्द्रके समान सुन्दर महाकान्तिवाले, और नित्य ही कुमार होते हैं । देवोंके समान उनकी देवियां भी वैसे ही गुणोंसे युक्त होती हैं ॥ १२५–१२६ ॥

वे देव और देवियां रोग एवं जरासे विहीन, अनुपम बल-वीर्यसे परिपूर्ण, किंचित् लालिमायुक्त हाथ-पैरोंसे सहित, कदलीघात अर्थात् अकालमरणसे रहित, उत्कृष्ट रत्नोंके मुकुटको धारण करनेवाले, उत्तमोत्तम विविधप्रकारके भूषणोंसे शोभायमान, मांस-हड्डी-मेदा-लोहू-मज्जा-वशा और शुक्र, इन सात धातुओंसे विहीन, नख एवं बालोंसे रहित, अतुल्य लावण्य व दीप्तिसे परिपूर्ण, और अनेक प्रकारके हाव-भावोंमें आसक्त होते हैं ॥ १२७–१२९ ॥

वे सब असुरादिक भवनवासी देव कायप्रवीचारसे युक्त होते हैं, तथा वेद नोकषायकी उदीरणा होनेपर वे मनुष्योंके समान कामसुखका अनुभव करते हैं ॥ १३० ॥

---

१ द मारणिट्ठाए. २ **ब** मेड°. ३ द मंसट्ठि. ४ द मज्जवसूसुक्क°. ५ द **ब** °पडिचारा. ६ द **ब** वेदसुदीरणयाए. ७ द **ब** माणस°.

धाउविहीणत्तादो रेदविणिग्गमणमत्थि ण हु ताणं । संकप्पसुहं जायदि वेदस्स उदीरणाविगमे ॥ १३१

बहुविहपरिवारजुदा देविंदा विविहछत्तपहुदीणं । सोहंति विभूदीहिं पडिइंदादी य चत्तारो ॥ १३२

पडिइंदादिचउण्हं सिंहासणआदवत्तचमराणिं । णियणियइंदसमाणिं आयारे होंति किंचूणा ॥ १३३

सव्वेसिं इंदाणं चिण्हाणि तिरीटमेव मणिखजिदं । पडिइंदादिचउण्हं चिण्हं मउडं मुणेदव्वा ॥ १३४

ओलगसालापुरदो चेत्तदुमा होंति विविहरयणमया । असुरप्पहुदिकुलाणं ते चिण्हाइं इमा होंति[1] ॥ १३५

अस्सत्थसत्तवण्णा संमलजंबू य वेतसकडंबा । तहे[2] पीयंगू सिरसा पलासरायद्दुमा कमसो ॥ १३६

चेत्तदुमामूलेसुं पत्तेक्कं चउदिसासु चेट्ठंते[3] । पंच जिणिंदप्पडिमा पलियंकठिदी परमरम्मा ॥ १३७

पडिमाणं अग्गेसुं रयणत्थंभा हवंति वीस फुडं[4] । पडिमापीढसरिच्छा पीढा थंभाण णादव्वा ॥ १३८

एक्केक्कमाणथंभे अट्ठावीसं जिणिंदपडिमाओ । चउसु दिसासुं सिंहासणविण्णासजुत्ताओ ॥ १३९

परन्तु सप्त धातुओंसे रहित होनेके कारण निश्चयसे उन देवोंके वीर्यका क्षरण नहीं होता। केवल वेद नोकषायकी उदीरणाके शान्त होनेपर उन्हें संकल्पसुख उत्पन्न होता है ॥ १३१ ॥

बहुत प्रकारके परिवारसे युक्त इन्द्र और प्रतीन्द्रादिक चार देव भी विविध प्रकारकी छत्रादिरूप विभूतियोंसे शोभायमान होते हैं ॥ १३२ ॥

प्रतीन्द्रादिक चार देवोंके सिंहासन, छत्र और चमर, ये अपने अपने इन्द्रोंके समान होते हुए भी आकारमें कुछ कम होते हैं ॥ १३३ ॥

सब इन्द्रोंके चिह्न मणियोंसे खचित किरीट (तीन शिखरवाला मुकुट) और प्रतीन्द्रादिक चार देवोंका चिह्न साधारण मुकुट ही जानना चाहिये ॥ १३४ ॥

ओलगशालाओंके आगे विविध प्रकारके रत्नोंसे निर्मित चैत्यवृक्ष होते हैं। वे ये (अग्रिम गाथामें निर्दिष्ट) चैत्यवृक्ष असुरादिक कुलोंके चिह्नरूप होते हैं ॥ १३५ ॥

अश्वत्थ (पीपल), सप्तपर्ण, शाल्मलि, जामुन, वेतस, कदंब, तथा प्रियंगु, शिरीष, पलाश और राजद्रुम, ये दश चैत्यवृक्ष क्रमसे उन असुरादिक कुलोंके चिह्नरूप होते हैं ॥ १३६ ॥

प्रत्येक चैत्यवृक्षके मूल भागमें चारों ओर पल्यंकासनसे स्थित परम रमणीय पांच पांच जिनेन्द्रप्रतिमायें विराजमान होती हैं ॥ १३७ ॥

प्रतिमाओंके आगे बीस रत्नमय स्तम्भ (मानस्तम्भ) होते हैं। स्तम्भोंकी पीठिकायें प्रतिमाओंकी पीठिकाओंके सदृश जानना चाहिये ॥ १३८ ॥

एक एक मानस्तम्भके ऊपर चारों दिशाओंमें सिंहासनके विन्यासले युक्त अट्ठाईस जिनेन्द्रप्रतिमायें होती हैं ॥ १३९ ॥

१ ब चिण्हा इंदमाहोंति. २ ब तय. ३ द चेट्ठंतो. ४ ब पुढं.

सेसाओ वण्णणाओ चउवणमज्झत्थचेत्ततरुसरिसा[1] । छत्तादिछत्तपहुदीजुदाण[2] जिणणाहपडिमाणं ॥ १४०

चमरिंदो सोहम्मे ईसदि वइरोयणो य ईसाणे[3] । भूदाणंदे[4] वेणू धरणाणंदम्मि वेणुधारि[5] त्ति ॥ १४१

एदे अट्ठ सुरिंदा अण्णोण्णं बहुविहाओ भूदीओ । दट्ठूण मच्छरेणं ईसंति सहावदो केई ॥ १४२

। इंदविभवो[6] समत्तो[7] ।

संखातीदा सेढी भावणदेवाण दसविकप्पाणं । तीए पमाणं सेढी बिंदंगुलपढममूलहदा ॥ १४३

। संखा समत्ता ।

रयणाकरेक्कउवमा चमरदुगे होदि आउपरिमाणं । तिण्णि पलिदोवमाणिं भूदाणंदादिजुगलम्मि ॥ १४४

वेणुदुगे पंचदलं पुण्णवसिट्ठेसु दोण्णि पल्लाइं । जलपहुदिसेसयाणं दिवड्ढपल्लं तु पत्तेक्कं ॥ १४५

सा १ । प ३ । प $\frac{५}{२}$ । प २ । प $\frac{३}{२}$ से १२ ।

अहवा उत्तरइंदेसु पुव्वभणिदं हुवेदि अदिरित्तं । पडिइंदादिचउण्णं आउपमाणाणि इंदसमं ॥ १४६

छत्रके ऊपर छत्र इत्यादिकसे युक्त इन जिनेन्द्रप्रतिमाओंका शेष वर्णन चार वनोंके मध्यमें स्थित चैत्यवृक्षोंके सदृश जानना चाहिये ॥ १४० ॥

चमरेन्द्र सौधर्मसे ईर्षा करता है, वैरोचन ईशानसे, वेणु भूतानन्दसे, और वेणुधारी धरणानन्दसे । इसप्रकार ये आठ सुरेन्द्र परस्पर नानाप्रकारकी विभूतियोंको देखकर मात्सर्यसे, व कितने ही स्वभावसे, ईर्षा करते हैं ॥ १४१–१४२ ॥

इन्द्रोंका वैभव समाप्त हुआ ।

दश भेदरूप भवनवासी देवोंका प्रमाण असंख्यात जगश्रेणीरूप है । उसका प्रमाण घनांगुलके प्रथम वर्गमूलसे गुणित जगश्रेणीमात्र है ॥ १४३ ॥

संख्या समाप्त हुई ।

चमरेन्द्र एवं वैरोचन इन दो इन्द्रोंकी आयुका प्रमाण एक सागरोपम, भूतानन्द एवं धरणानन्दयुगलकी आयुका प्रमाण तीन पल्योपम, वेणु एवं वेणुधारी इन दोकी आयुका प्रमाण पांचके आधे अर्थात् ढाई पल्योपम, पूर्ण एवं वशिष्ठकी आयुका प्रमाण दो पल्योपम, तथा जलप्रभ आदि शेष बारह इन्द्रोंमेंसे प्रत्येककी आयुका प्रमाण डेढ़ पल्योपम है ॥ १४४–१४५ ॥

आयु—प्र. द्वि. इन्द्र. १ सागर, तृ. च. ३ पल्य, पं. ष. $\frac{५}{२}$ प., स. अ. २ प., शेष १२ इन्द्र $\frac{३}{२}$ प. ।

अथवा, उत्तर इन्द्रों (वैरोचन और धरणानन्दप्रभृति) की पूर्वमें जो आयु कही गयी है, वह कुछ अधिक होती है । प्रतीन्द्रादिक चार देवोंकी आयुका प्रमाण इन्द्रोंके समान है ॥ १४६ ॥

---

१ द ब °सहस्सा. २ द ब °जुदाणि. ३ ब ईसाणो. ४ ब ईसाणंदे. ५ ब वेणुदारि. ६ द इंदविभवे. ७ द ब समत्ता. ८ द ब पमाणसेढीबिंदंगुणगार°.

एक्कपलिदोवमाऊ सरीररक्खाण होदि चमरस्स । वइरोयणस्स[1] अधियं भूदाणंदस्स कोडिपुव्वाणि ॥ १४७

प १ । प १ । पु को १ ।

धरणिंदे अधियाणिं वच्छरकोडी हुवेदि वेणुस्स । तणुरक्खाउपमाणं अदिरित्तो वेणुधारिस्स ॥ १४८

पु को १ । व को १ । व को १ ।

पत्तेक्कमेक्कलक्खं वासा आऊ सरीररक्खाणं । सेसम्मि दक्खिणिंदे उत्तरइंदम्मि अदिरित्तं ॥ १४९

१००००० । १००००० ।

अड्ढाइज्जा दोण्णि य पल्लाणि दिवड्ढ आउपरिमाणं । आदिममज्झिमबाहिरतिप्परिससुराण चमरस्स ॥ १५०

प $\frac{५}{२}$ । २ । $\frac{३}{२}$ ।

तिण्णि पलिदोवमाणिं अड्ढाइज्जा दुवे कमा होदि । वइरोयणस्स आदिमपरिसप्पहुदीण जेट्ठाऊ ॥ १५१

प ३ । $\frac{५}{२}$ । २ ।

अट्ठं सोलसबत्तीसेवं[2] पलिदोवमस्स भागाणि । भूदाणंदे अधिओ धरणाणंदस्स परिसतिदयाऊ ॥ १५२

प $\frac{१}{८}$ । प $\frac{१}{१६}$ । प $\frac{१}{३२}$ ।

चमरेन्द्रके शरीररक्षक देवोंकी आयु एक पल्योपम, वैरोचन इन्द्रके शरीररक्षक देवोंकी आयु एक पल्योपमसे अधिक, और भूतानन्दके शरीररक्षकोंकी आयु एक पूर्वकोटिप्रमाण होती है ॥ १४७ ॥ प. १, प. १, पू. को. १ ।

धरणानन्दके शरीररक्षकोंकी आयु एक पूर्वकोटिसे अधिक, वेणुके शरीररक्षकोंकी आयु एक करोड़ वर्ष, और वेणुधारीके शरीररक्षकोंकी आयु एक करोड़ वर्षसे अधिक होती है ॥ १४८ ॥

पू. को. १ (सातिरेक), वर्ष कोटि १, वर्ष कोटि १ (सातिरेक) ।

शेष दक्षिण इन्द्रोंके शरीररक्षकोंमेंसे प्रत्येककी आयु एक लाख वर्ष और उत्तर इन्द्रोंके शरीररक्षकोंकी आयु एक लाख वर्षसे अधिक होती है ॥ १४९ ॥

वर्ष १ लाख, वर्ष १ लाख (सातिरेक) ।

चमरेन्द्रके आदि, मध्यम और बाह्य, इन तीन पारिषद देवोंकी आयुका प्रमाण क्रमशः ढाई पल्योपम, दो पल्योपम और डेढ़ पल्योपम है ॥ १५० ॥ प. $\frac{५}{२}$, २, $\frac{३}{२}$ ।

वैरोचन इन्द्रके आदिम पारिषदादिक देवोंकी उत्कृष्ट आयु क्रमसे तीन पल्योपम, ढाई पल्योपम, और दो पल्योपम है ॥ १५१ ॥ प. ३, $\frac{५}{२}$, २ ।

भूतानन्दके तीनों पारिषद देवोंकी आयु क्रमशः पल्योपमके आठवें, सोलहवें, और बत्तीसवें भागप्रमाण, तथा धरणानन्दके तीनों पारिषद देवोंकी आयु इससे अधिक होती है ॥ १५२ ॥ प. $\frac{१}{८}$, प. $\frac{१}{१६}$, प. $\frac{१}{३२}$ ।

---

१ द वयरोयणस्स. २ ब अट्ठसोल°.

परिसत्तयजेट्ठाऊ तियदुगएक्का य पुव्वकोडीओ । वेणुस्स होंदि कमसो अदिरित्ता वेणुधारिस्स ॥ १५३

पु को ३ । २ । १ ।

तिप्परिसाणं आऊ तियदुगएक्काओ वासकोडीओ । सेसम्मि दक्खिणिंदे अदिरित्तं उत्तरिंदम्मि ॥ १५४

व को ३ । २ । १ ।

एक्कपलिदोवमाऊ सेणाधीसाण होदि चमरस्स । वइरोयणस्स अधियं भूदाणंदस्स कोडिपुव्वाणि ॥ १५५

प १ । पुव्वको १ ।

धरणाणंदे अधियं वच्छरकोडी हुवेदि वेणुस्स । सेणामहत्तराऊ अदिरित्ता[^2] वेणुधारिस्स ॥ १५६

वर्ष को १ ।

पत्तेक्कमेक्कलक्खं आऊ सेणावईण[^3] णादव्वो । सेसम्मि दक्खिणिंदे अदिरित्तं[^4] उत्तरिंदम्मि ॥ १५७

१००००० ।

पलिदोवमद्धमाऊ आरोहकवाहणाण चमरस्स । वइरोयणस्स अधियं भूदाणंदस्स कोडिवरिसाइं ॥ १५८

प $\frac{1}{2}$ । व को १ ।

धरणाणंदे अधियं वच्छरलक्खं हुवेदि वेणुस्स । आरोहवाहणाऊ[^5] तु अदिरित्तं वेणुधारिस्स[^6] ॥ १५९

१००००० ।

वेणुके तीनों पारिषद देवोंकी उत्कृष्ट आयु क्रमसे तीन, दो और एक पूर्वकोटि, तथा वेणुधारीके तीनों पारिषदोंकी उत्कृष्ट आयु इससे अधिक है ॥ १५३ ॥ पू. को. ३, २, १ ।

शेष दक्षिण इन्द्रोंके तीनों पारिषद देवोंकी आयु क्रमसे तीन, दो और एक करोड़ वर्ष, तथा उत्तर इन्द्रोंके तीनों पारिषद देवोंकी आयु इससे अधिक है ॥ १५४ ॥ वर्षकोटि ३, २, १ ।

चमरेन्द्रके सेनापति देवोंकी आयु एक पल्योपम, वैरोचनके सेनापति देवोंकी आयु इससे अधिक, और भूतानन्दके सेनापति देवोंकी आयु एक पूर्वकोटि है ॥ १५५ ॥ प. १, पू. को. १ ।

धरणानन्दके सेनापति देवोंकी आयु एक पूर्वकोटिसे अधिक, वेणुके सेनापति देवोंकी आयु एक करोड़ वर्ष, और वेणुधारीके सेनापति देवोंकी आयु एक करोड़ वर्षसे अधिक है ॥ १५६ ॥ वर्षकोटि १ ।

शेष दक्षिण इन्द्रोंके सेनापतियोंमेंसे प्रत्येककी आयु एक लाख वर्ष और उत्तर इन्द्रोंके सेनापतियोंकी आयु इससे अधिक जानना चाहिये ॥ १५७ ॥ वर्ष १ लाख ।

चमरेन्द्रके आरोहक वाहनोंकी आयु अर्ध पल्योपम, वैरोचनके आरोहक वाहनोंकी आयु अर्ध पल्योपमसे अधिक, और भूतानन्दके आरोहक वाहनोंकी आयु एक करोड़ वर्ष होती है ॥१५८॥ प. $\frac{1}{2}$, वर्षकोटि १ ।

धरणानन्दके आरोहक वाहनोंकी आयु एक करोड़ वर्षसे अधिक, वेणुके आरोहक वाहनोंकी एक लाख वर्ष, और वेणुधारीके आरोहक वाहनोंकी आयु एक लाख वर्षसे अधिक होती है ॥ १५९ ॥ वर्ष १ लाख ।

[^2]: द ब अधिरित्ता.
[^3]: द सेणवईण.
[^4]: ब अधिरित्तं.
[^5]: ब वाहणाइं.
[^6]: ब वेणुदारिस्स.

१ द ब सेसा महत्तराऊ. २ द ब अधिरित्ता. ३ द सेणवईण. ४ ब अधिरित्तं. ५ ब वाहणाइं. ६ ब वेणुदारिस्स.

पत्तेक्कमद्धलक्खं आरोहकवाहणाण जेट्ठाऊ । सेसम्मि दक्खिणिंदे अदिरित्तं उत्तरिंदम्मि ॥ १६०

५०००० ।

जेत्तियमेत्तो[1] आऊ पइण्णअभिजोग[2]किब्बिससुराणं । तप्परिमाणपरूवणउवएसा[3] संपइं णट्ठा ॥ १६१

दसवाससहस्साऊ जो देओ[4] माणुसाण सयमेत्तं । मारिदुमह पोसेदुं सो सक्कदि अप्पसत्तीए ॥ १६२

खेत्तं दिवड्ढसयधणुपमाणआयामवासबहलत्तं । बाहाहिं वेढेदुं[5] उप्पाडेदुं[6] पि सो सक्को ॥ १६३

दं १५० ।

एक्कपलिदोवमाऊ उप्पाडेदुं महीए छक्खंडं । तग्गदणरतिरियाणं मारेदुं पोसिदुं सक्को ॥ १६४

उवहिउवमाणजीवी जंबूदीवं समुद्दए[7] खिविदुं । तग्गदणरतिरियाणं मारेदुं पोसिदुं सक्को ॥ १६५

दसवाससहस्साऊ सदरूवाणि विगुव्वणं कुणदि । उक्कस्सम्मि जहण्णे सगरूवा मज्झिमे विविहा ॥ १६६

अवसेससुरा सव्वे णियणियओहिप्पमाण[8]खेत्ताणिं । जेत्तियमेत्ताणि[9] पुढं पूरंति विकुव्वणीए[10] एदाइं ॥ १६७

संखेज्जाऊ जस्स य सो संखेज्जाणि जोयणाणि सुरो[11] । गच्छेदि एक्कसमए आगच्छदि तेत्तियाणि पि ॥ १६८

शेष दक्षिण इन्द्रोंके आरोहक वाहनोंमेंसे प्रत्येककी उत्कृष्ट आयु अर्ध लाख वर्ष और उत्तर इन्द्रोंके आरोहक वाहनोंकी उत्कृष्ट आयु इससे अधिक है ॥ १६० ॥ वर्ष ५० हजार ।

प्रकीर्णक, आभियोग्य और किल्विषिक देवोंकी जितनी आयु होती है, उसके प्रमाणके प्ररूपणके उपदेश इस समय नष्ट होचुके हैं ॥ १६१ ॥

जिस देवकी आयु दश हजार वर्षकी है, वह अपनी शक्तिसे एकसौ मनुष्योंको मारने अथवा पोसनेकेलिये समर्थ है ॥ १६२ ॥

उपर्युक्त आयुका धारक वह देव डेढ़सौ धनुषप्रमाण लंबे, चौड़े और मोटे क्षेत्रको बाहुओंसे वेष्टित करने और उखाड़नेकेलिये भी समर्थ है ॥ १६३ ॥ द. १५० ।

एक पल्योपम आयुका धारक देव पृथिवीके छह खण्डोंको उखाड़ने तथा वहां रहनेवाले मनुष्य एवं तिर्यंचोंको मारने अथवा पोसनेकेलिये समर्थ है ॥ १६४ ॥

एक सागरोपम कालतक जीवित रहनेवाला देव जम्बूद्वीपको समुद्रमें फेंकने और उसमें स्थित मनुष्य एवं तिर्यंचोंको मारने अथवा पोसनेकेलिये समर्थ है ॥ १६५ ॥

दश हजार वर्षकी आयुवाला देव उत्कृष्टरूपसे सौ, जघन्यरूपसे सात, और मध्यमरूपसे विविध रूपोंकी, अर्थात् सातसे अधिक और सौसे कम रूपोंकी, विक्रिया करता है ॥ १६६ ॥

शेष सब देव, अपने अपने अवधिज्ञानके क्षेत्रोंका जितना प्रमाण है, उतने क्षेत्रोंको पृथक् पृथक् विक्रियासे पूरित करते हैं ॥ १६७ ॥

जिस देवकी संख्यात वर्षकी आयु है, वह एक समयमें संख्यात योजन जाता है और इतने ही योजन आता है ॥ १६८ ॥

१ द मेत्तयाऊ. २ द अभियोग. ३ द ब उवएसं. ४ ब देवाउ. ५ द वेदेदुं. ६ द ब उप्पादेदुं. ७ द ब जंबूदीवस्सउग्गमे. ८ द ब उहइपमाण. ९ ब जित्तिय. १० ब विउव्वणाए. ११ द ब सुरा.

जस्स असंखेज्जाऊ सो वि यसंखेज्जजोयणाणि पुढं । गच्छेदि एक्कसमये आगच्छदि तेत्तियाणिं पि ॥ १६९

अड्ढाइज्जं पल्लं आऊ देवीण होदि चमरम्मि । वइरोयणम्मि तिण्णि य भूदाणंदम्मि पल्लमट्ठंसो ॥ १७०

प ५/२ । ३ । १/८ ।

धरणाणंदे अधियं वेणुम्मि हुवेदि पुव्वकोडि त्ति । देवीणं आउसंखा अदिरित्तं वेणुधारिस्स ॥ १७१

पु को ३ ।

पत्तेक्कमाउसंखा देवीणं तिण्णि वरसकोडीओ । सेसम्मि दक्खिणिंदे अदिरित्तं उत्तरिंदम्मि ॥ १७२

व को ३ ।

पडिइंदादिचउण्णं आऊ देवीण होदि पत्तेक्कं । णियणियइंदपवण्णिददेवीआउस्स सारिच्छा ॥ १७३

जेत्तियमेत्ता आऊ सरीररक्खाण होइ देवीणं । तस्स पमाणणिरूवणउवएसो णत्थि कालवसा ॥ १७४

असुरादिदसकुलेसुं सव्वणिगिट्ठाणं होदि देवाणं । दसवाससहस्साणिं जहण्णआउस्स परिमाणं ॥ १७५

। आउपरिमाणं सम्मत्तं[4] ।

असुराण पंचवीसं सेससुराणं हुवंति दस दंडा । एस सहाउच्छेहो विक्किरियंगेसु बहुभेया ॥ १७६

२५ । १० ।

। उच्छेहो गदो[5] ।

तथा जिस देवकी असंख्यात वर्षकी आयु है, वह एक समयम असंख्यात योजन जाता है और इतने ही योजन आता है ॥ १६९ ॥

चमरेन्द्रकी देवियोंकी आयु ढाई पल्योपम, वैरोचनकी देवियोंकी तीन पल्योपम, और भूतानन्दकी देवियोंकी आयु पल्योपमके आठवें भागमात्र होती है ॥ १७० ॥ प. ५/२, ३, १/८ ।

धरणानन्दकी देवियोंकी आयु पल्यके आठवें भागसे अधिक, वेणुकी देवियोंकी आयु तीन पूर्वकोटि, और वेणुधारीकी देवियोंकी आयु तीन पूर्वकोटिसे अधिक है ॥ १७१ ॥ पू. को. ३ ।

अवशिष्ट दक्षिण इन्द्रोंमेंसे प्रत्येककी देवियोंकी आयु तीन करोड़ वर्ष और उत्तर इन्द्रोंमेंसे प्रत्येक इन्द्रकी देवियोंकी आयु इससे अधिक है ॥ १७२ ॥ वर्षकोटि ३ ।

प्रतीन्द्रादिक चार देवोंकी देवियोंमेंसे प्रत्येककी आयु अपने अपने इन्द्रोंकी देवियोंकी कही गई आयुके सदृश होती है ॥ १७३ ॥

शरीररक्षक देवोंकी देवियोंकी जितनी आयु होती है, उसके प्रमाणके कथनका उपदेश कालके वशसे इस समय नहीं है ॥ १७४ ॥

असुरादिक दश निकायोंमें सब निकृष्ट देवोंकी जघन्य आयुका प्रमाण दश हजार वर्ष है ॥ १७५ ॥ आयुका प्रमाण समाप्त हुआ ।

असुरकुमारोंकी उंचाई पच्चीस धनुष और शेष देवोंकी उंचाई दश धनुषमात्र होती है । यह जो उंचाईका प्रमाण कहा है, वह स्वाभाविक (मूल) शरीरका समझना चाहिये । विक्रियानिर्मित शरीरोंकी उंचाई अनेक प्रकार होती है ॥१७६॥ दं. २५, १० । उत्सेधका कथन समाप्त हुआ ।

१ द ब अंदेवीण. २ द ब इंदाणि. ३ ब णिरिट्ठाण. ४ द ब सम्मत्ता. ५ द गदा.

णियणियभवणठिदाणं उक्कस्से भवणवासिदेवाणं । उड्ढेण होदि णाणं कंचणगिरिसिहरपरियंतं ॥ १७७
तट्ठाणादो[1] धोवं धोवं पसरेदि ओही । तिरियसरूवेण पुणो बहुतरखेत्तेसु अक्खलिदं ॥ १७८
पणुवीस जोयणाणं होदि जहण्णेण ओहिपरिमाणं । भावणवासिसुराणं एकदिणब्भंतरे काले ॥ १७९
असुराणमसंखेज्जा जोयणकोडीउ ओहिपरिमाणं । खेत्ते कालम्मि पुणो होंति असंखेज्जवासाणिं ॥ १८०
संखातीदसहस्सा उक्कस्से जोयणाणि सेसाणं । असुराणं कालादो संखेज्जगुणेण हीणा य ॥ १८१
णियणियओहिक्खेत्तं णाणारूवाणि तह विकुव्वंता[2] । पूरंति असुरपहुदी भावणदेवा दसवियप्पा ॥ १८२
। ओही गदा ।
गुणजीवा पज्जत्ती पाणा सण्णा य मग्गणा कमसो । उवजोगा कहिदव्वा एदाण कुमारदेवाणं ॥ १८३
भवणसुराणं अवरे दो गुणठाणं च[3] तम्मि चउसंखा । मिच्छाइट्ठी सासणसम्मो मिस्सो विरदसम्मा ॥ १८४
जीवसमासा दो च्चिय णिव्वत्तिअपुण्णपुण्णभेदेण । पज्जत्ती छब्भेया[4] य तेत्तियमेत्ता अपज्जत्ती ॥ १८५

अपने अपने भवनमें स्थित भवनवासी देवोंका ज्ञान (अवधि) ऊर्ध्वदिशामें उत्कृष्टरूपसे मेरुपर्वतके शिखरपर्यन्त क्षेत्रको विषय करता है ॥ १७७ ॥

भवनवासी देवोंका अवधिज्ञान अपने अपने भवनोंके नीचे नीचे थोड़े थोड़े क्षेत्रमें प्रवृत्ति करता है, परन्तु वही तिरछेरूपसे बहुत अधिक क्षेत्रमें अबाधित प्रवृत्ति करता है ॥ १७८ ॥

भवनवासी देवोंके अवधिज्ञानका प्रमाण जघन्यरूपसे पच्चीस योजन है । पुनः कालकी अपेक्षा उक्त अवधिज्ञान एक दिनके भीतरकी वस्तुको विषय करता है ॥ १७९ ॥

असुरकुमार देवोंके अवधिज्ञानका प्रमाण क्षेत्रकी अपेक्षा असंख्यात करोड़ योजन और कालकी अपेक्षा असंख्यात वर्षमात्र है ॥ १८० ॥

शेष देवोंके अवधिज्ञानका प्रमाण उत्कृष्टरूपसे क्षेत्रकी अपेक्षा असंख्यात हजार योजन और कालकी अपेक्षा असुरकुमारोंके अवधिज्ञानके कालसे संख्यातगुणा कम है ॥ १८१ ॥

असुरादिक दशप्रकारके भवनवासी देव अनेक रूपोंकी विक्रिया करते हुए अपने अपने अवधिज्ञानके क्षेत्रको पूरित करते हैं ॥ १८२ ॥　　अवधिज्ञानका कथन समाप्त हुआ ।

अब इन कुमारदेवोंके क्रमसे गुणस्थान, जीवसमास, पर्याप्ति, प्राण, संज्ञा, चौदह मार्गणा और उपयोग, इनका कथन करना चाहिये ॥ १८३ ॥

भवनवासी देवोंके अपर्याप्त अवस्थामें मिथ्यात्व और सासादन ये दो, तथा पर्याप्त अवस्थामें मिथ्यादृष्टि, सासादनसम्यक्त्व, मिश्र और अविरतसम्यग्दृष्टि, ये चार गुणस्थान होते हैं ॥ १८४ ॥

इन देवोंके निर्वृत्त्यपर्याप्त और पर्याप्तके भेदसे दोनों जीवसमास, छहों पर्याप्तियां और इतनी ही अपर्याप्तियां होती हैं ॥ १८५ ॥

---

१ द तट्ठाणादो धोदो, ब तट्ठाणादोदो. २ द बकुव्वंता. ३ ब गुणट्ठाणं चउ. ४ ब छमेव.

पंच वि इंदियपाणा मणवचकायाणि आउआणपाणाइं । पज्जत्ते दस पाणा इदरे मणवयणआणपाणूणा ॥ १८६

चउसण्णा ताओ भयमेहुणआहारगंथणामाणि । देवगदी पंचक्खा तसकाया एक्करसजोगा ॥ १८७

चउ मण चउ वयणाइं वेगुव्वदुगं तहेव कम्मइयं । पुरिसित्थी संढूणा[1] सयलकसाएहिं परिपुण्णा ॥ १८८

सव्वे छण्णाणजुदा मदिसुदणाणाणि ओहिणाणं च । मदिअण्णाणं तुरिमं सुदअण्णाणं विभंगणाणं पि ॥ १८९

सव्वे असंजदा तिदंसणजुत्ता अचक्खुचक्खोही[2] । लेस्सा किण्हा णीला कउया पीता य मज्झिमंसजुदा[3] ॥ १९०

भव्वाभव्वा एवं हि[4] सम्मत्तेहिं सवण्णिदा सव्वे । उवसमवेदगमिच्छासासणमिस्साणि ते होंति ॥ १९१

सण्णी[5] य भवणदेवा हवंति आहारिणो अणाहारा । सायारअणायारा उवजोगा होंति सव्वाणं ॥ १९२

मज्झिमविसोहिसहिदा उदयागदसत्थपयडिसत्तिगदा । एवं गुणठाणादीजुत्ता देवा य होंति देवीओ ॥ १९३

। गुणठाणादी सम्मत्ता ।

सेढीअसंखभागो विदंगुलपढमवग्गमूलहदो । भवणेसु एक्कसमए जायंति मरंति तम्मेत्ता ॥ १९४

। जम्मणमरणजीवाणं संखा समत्ता ।

उपर्युक्त देवोंके पर्याप्त अवस्थामें पांचों इन्द्रिय प्राण, मन, वचन, काय, आयु और आनप्राण, ये दश प्राण, तथा अपर्याप्त अवस्थामें मन, वचन और श्वासोच्छ्वाससे रहित शेष सात प्राण होते हैं ॥ १८६ ॥

उन देवोंके भय, मैथुन, आहार और परिग्रह नामक प्रसिद्ध चार संज्ञायें होती हैं । ये कुमारदेव देवगतिविशिष्ट; पंचेन्द्रिय; त्रसकायसे संयुक्त; चारों मनोयोग, चारों वचनयोग, दो वैक्रियिक (वैक्रियिक, वैक्रियिकमिश्र) तथा कार्मण, इसप्रकार ग्यारह योगोंसे सहित; नपुंसक वेदको छोड़ शेष पुरुष और स्त्री इन दो वेदोंसे युक्त; सम्पूर्ण कषायोंसे परिपूर्ण; सब ही मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मति अज्ञान, श्रुत अज्ञान, और विभंग, इन छह ज्ञानोंसे सहित; सब असंयत; अचक्षु-दर्शन, चक्षुदर्शन और अवधिदर्शन इन तीन दर्शनोंसे संयुक्त; कृष्ण, नील, कापोत और पीतके मध्यम अंशसे युक्त; भव्य एवं अभव्य; तथा सभी औपशमिक, वेदक, मिथ्यात्व, सासादन और मिश्र इन पांच सम्यक्त्वोंसे समन्वित होते हैं ॥ १८७–१९१ ॥

भवनवासी देव संज्ञी तथा आहारक और अनाहारक होते हैं । इन सब देवोंके साकार (ज्ञान) और निराकार (दर्शन) ये दोनों ही उपयोग होते हैं ॥ १९२ ॥

वे देव मध्यम विशुद्धिसे सहित और उदयमें आई हुई प्रशस्त प्रकृतियोंकी अनुभाग-शक्तिको प्राप्त हैं । इसप्रकार गुणस्थानादिसे युक्त देवोंके समान ही देवियां होती हैं ॥ १९३ ॥

गुणस्थानादिका वर्णन समाप्त हुआ ।

घनांगुलके प्रथम वर्गमूलसे गुणित जगश्रेणीके असंख्यातवें भागप्रमाण जीव एक समयमें भवनवासियोंमें उत्पन्न होते हैं और इतने ही मरते हैं ॥ १९४ ॥

उत्पन्न होनेवाले व मरनेवाले जीवोंकी संख्या समाप्त हुई ।

---

१ द ब संढूणा. २ द ब असंजदाइंदंसणजुत्ता य चक्खुअचक्खोही. ३ द मज्झिमस्सजुदा, ब मज्झिमसजुदा. ४ ब एवम हि. ५ ब सायासण. ६ द ब सव्वे. ७ द ब 'परिदि'. ८ द ब एवं गुणठाणजुत्ता देवा वा होंत देवीओ.

णिक्कंता भवणादो गब्भे सम्मुच्छिे कम्मभूमीसुं । पज्जत्ते उप्पज्जदि णरेसु तिरिएसु मिच्छभावजुदा ॥ १९५
सम्माइट्ठी देवा णरेसुपज्जंति कम्मभूमीए । गब्भे पज्जत्तेसुं सलागपुरिसा ण होंति कइयाइं ॥ १९६
तेसिमणंतरजम्मे णिव्वुदिगमणं हवंति केसिं पि । संजमदेसवदाइं गेण्हंते केइ भवभीरू ॥ १९७

। आगमणं गदं ।

अवमिदसंका केई णाणचरित्ते किलिट्ठभावजुदा । भवणामरेसु आउं बंधंति हु मिच्छभावजुदा ॥ १९८
अविणयसत्ता केई कामिणिविरहज्जरेण जज्जरिदा । कलहपिया पाविट्ठा जायंते भवणदेवेसु[3] ॥ १९९
सण्णिअसण्णी जीवा मिच्छाभावेण संजुदा केई । जायंति[4] भावणेसुं दंसणसुद्धा ण कइया वि ॥ २००
मरणे विराधिदम्मि य केई कंदप्पकिब्बिसा देवा । अभियोगा संमोहप्पहुदीसुरदुग्गदीसु जायंते ॥ २०१
जे सच्चवयणहीणा हस्सं[5] कुव्वंति बहुजणे णियमा । कंदप्परत्तहिदया ते कंदप्पेसु जायंति ॥ २०२
जे भूदिकम्ममंताभियोगकोदूहलाइसंजुत्ता । जणवण्णे य पअट्टा वाहणदेवेसु ते होंति ॥ २०३

भवनोंसे निकले हुए जीव मिथ्यात्वभावसे युक्त होते हुए गर्भ अथवा सम्मूर्च्छन जन्मका आश्रयकर कर्मभूमियोंमें पर्याप्त मनुष्य अथवा तिर्यंचोंमें उत्पन्न होते हैं ॥ १९५ ॥

उन भवनोंसे निकले हुए सम्यग्दृष्टी देव गर्भजन्मका अवलम्बन कर कर्मभूमिके पर्याप्त मनुष्योंमें उत्पन्न होते हैं, किन्तु वे शलाका-पुरुष कदापि नहीं होते ॥ १९६ ॥

उनमेंसे किन्हींके आगामी भवमें मोक्षकी भी प्राप्ति होजाती है और कितने ही संसारसे भयभीत होकर सकल संयम अथवा देशव्रतोंको ग्रहण करते हैं । ॥ १९७ ॥

आगमनका कथन समाप्त हुआ ।

ज्ञान और चारित्रके विषयमें जिन्होंने शंकाको दूर नहीं किया है, तथा जो क्लिष्ट भावसे युक्त हैं, ऐसे जीव मिथ्यात्वभावसे सहित होते हुए भवनवासी देवोंसम्बन्धी आयुको बांधते हैं ॥१९८॥

कामिनीके विरहरूपी ज्वरसे जर्जरित, कलहप्रिय और पापिष्ठ कितने ही अविनयी जीव भवनवासी देवोंमें उत्पन्न होते हैं ॥ १९९ ॥

मिथ्यात्वभावसे संयुक्त कितने ही संज्ञी और असंज्ञी जीव भवनवासियोंमें उत्पन्न होते हैं, परन्तु विशुद्ध सम्यग्दृष्टि इन देवोंमें कदापि नहीं उत्पन्न होते ॥ २०० ॥

मरणके विराधित करनेपर, अर्थात् समाधिमरणके विना, कितने ही जीव देवदुर्गतियोंमें कन्दर्प, किल्बिष, आभियोग्य और सम्मोह इत्यादि देव उत्पन्न होते हैं ॥ २०१ ॥

जो प्राणी सत्य वचनसे रहित हैं, नित्य ही बहुजनमें हास्य करते हैं और जिनका हृदय कामासक्त रहता है, वे कन्दर्पदेवोंमें उत्पन्न होते हैं ॥ २०२ ॥

जो भूतिकर्म, मंत्राभियोग और कौतूहलादिसे संयुक्त हैं, तथा लोगोंके गुणगान (खुशामद) में प्रवृत्त रहते हैं, वे वाहन देवोंमें उत्पन्न होते हैं ॥ २०३ ॥

१ द ब सम्मुच्छ. २ द ब आवलिदसंखा. ३ द भवणादिवेसु. ४ द जायंते. ५ द ब हिंसं.

तित्थयरसंघमहिमाआगमगंथादिएसु पडिकूला । दुव्विणया णिगादिल्ला जायंते किब्बिससुरेसुं ॥ २०४
उप्पहउवएसयरा विप्पडिवण्णा जिणिंदमग्गम्मि । मोहेणं संमोधा संमोहसुरेसु जायंते ॥ २०५
जे कोहमाणमायालोहासत्ताकिविट्ठचारित्ता । वइराणुबद्धरुचिरा ते उप्पज्जंति असुरेसुं ॥ २०६
उप्पज्जंते भवणे उववादपुरे महारिहे सण्णे । पावंति छपज्जत्तिं जादा अंतोमुहुत्तेण ॥ २०७
अट्ठिसिरारुहिरवसामुत्तपुरीसाणि केसलोमाइं । चम्मडमंसप्पहुदी[1] ण होइ देवाण संघडणे ॥ २०८
वण्णरसगंधफासे[2] अइसयवेकुव्वदिव्वखंदा हि । णेदेसु रोयवादिउवठिदी[3] कम्माणुभावेण ॥ २०९
उप्पण्णे सुरभवणे[4] पुव्वमणुग्घाडिदं कवाडजुगं । उग्घडदि तम्मि समए पसरदि आणंदभेरिरवं ॥ २१०
आयण्णिय भेरिरवं ताणं पासम्मि कयजयंकारा । एंति परिवारदेवा देवीओ पमोदभरिदाओ ॥ २११
वायंता जयघंटापडहपडा किब्बिसा य गायंति । संगीयणट्टमागधदेवा एदाण देवीओ ॥ २१२
देवीदेवसमूहं दट्ठूणं तस्स विम्हओ होदि । तक्काले उप्पज्जदि विभंगं[5] थोवपच्चक्खं ॥ २१३

जो लोग तीर्थंकर व संघकी महिमा एवं आगम-ग्रन्थादिकके विषयमें प्रतिकूल हैं, दुर्विनयी और मायाचारी हैं, वे किल्विषिक देवोंमें उत्पन्न होते हैं ॥ २०४ ॥

उत्पथ अर्थात् कुमार्गका उपदेश करनेवाले, जिनेन्द्रोपदिष्ट मार्गमें विरोधी और मोहसे संमुग्ध जीव संमोह जातिके देवोंमें उत्पन्न होते हैं ॥ २०५ ॥

जो जीव क्रोध, मान, माया और लोभमें आसक्त हैं; अकृपिष्टचारित्र अर्थात् क्रूराचारी हैं; तथा वैरभावमें रुचि रखते हैं, वे असुरोंमें उत्पन्न होते हैं ॥ २०६ ॥

उक्त जीव भवनवासियोंके भवनके भीतर महार्ह कोमल उपपादशालामें उत्पन्न होते हैं, और उत्पन्न होनेके पश्चात् अन्तर्मुहूर्तमें ही छह पर्याप्तियोंको प्राप्त कर लेते हैं ॥ २०७ ॥

देवोंके शरीरमें हड्डी, नस, रुधिर, चर्बी, मूत्र, मल, केश, रोम, चमड़ा और मांसादिक नहीं होता ॥ २०८ ॥

चूंकि वर्ण, रस, गन्ध, और स्पर्शके विषयमें अतिशयको प्राप्त वैक्रियिक दिव्य स्कंध होते हैं, इसीलिये इन देवोंके कर्मके प्रभावसे रोग आदिकी उपस्थिति नहीं होती ॥ २०९ ॥

सुरभवनमें उत्पन्न होनेपर पहिले अनुद्घाटित दोनों कपाट खुलते हैं, और फिर उसी समय आनन्द-भेरीका शब्द फैलता है ॥ २१० ॥

भेरीके शब्दको सुनकर पारिवारिक देव और देवियां हर्षसे परिपूर्ण हो जयकार करते हुए उन देवोंके पास आते हैं ॥ २११ ॥

उस समय किल्विषिक देव जयघंटा, पटह और पट इन बाजोंको बजाते हैं, और संगीत व नाट्यमें चतुर मागध देव एवं उनकी देवियां गाती हैं ॥ २१२ ॥

इन देव-देवियोंके समूहको देखकर उस नवजात देवको आश्चर्य होता है। पश्चात् उसी समय उसे अल्प प्रत्यक्षरूप विभंगज्ञान उत्पन्न होता है ॥ २१३ ॥

१ द ब चम्मह°. २ द °पासे. ३ द ब गेण्हेसु रोयवादिं उवठिदि. ४ द ब उप्पण्णसुरविमाणे. ५ [विब्भंगं].

मणुस्सतेरिच्छभवम्हि पुव्वे लद्धो ण सम्मत्त[1]मणी पुरूवं ।
तिलप्पमाणस्स सुहस्स कज्जे चत्तं मए कामविमोहिदेण ॥ २१४

जिणोवदिट्ठागमभावणिज्जं देसव्वदं गेण्हिय[2] सोक्खहेदुं ।
मुक्कं मए दुव्विसयत्थमप्पस्सोक्खाणुरत्तेण विचेदणेण ॥ २१५

अणंतणाणा[3]दिचउक्कहेदुं णिव्वाणबीजं जिणणाहलिंगं । पभूदकालं धरिदूण चत्तं मए मयंधेण वधूणिमित्तं ॥ २१६

कोहेण लोहेण भयंकरेणं माया[4]पवंचेण समच्छरेणं । माणेण वड्ढं[5]तमहाविमोहो मेल्लाविरो हं जिणणाहमग्गं ॥ २१७

तत्तो ववसायपुरं[6] पविसिय पूजाभिसेयजोग्गाइं । गहिदूणं दव्वाइं देवा देवीहिं[7] संजुत्ता ॥ २१८

णच्चिदविचित्तकीडणमालावरचमरछत्तसोहिल्ला । णिब्भरभत्तिपसण्णा वच्चंते कूडजिणभवणं ॥ २१९

पाविय जिणपासादं वरमंगलतोरणं रइदहलबोला । देवा देवीसहिदा कुव्वंति पदाहिणं णमिदा ॥ २२०

सिंहासणछत्तत्तयभामंडलचामरादिचारुणिभा । दट्ठूण जिणप्पडिमा जयजयसद्दा पकुव्वंति ॥ २२१

पडुपडहसंखमद्दलजयघंटाकहलगीयसंजुत्ता । वाइज्जंतेहि सुरा जिणिंदपूजा पकुव्वंति ॥ २२२

मैंने पूर्व कालमें मनुष्य और तिर्यंच भवमें उत्कृष्ट सम्यक्त्वरूपी मणिको प्राप्त नहीं किया और यदि प्राप्त भी किया है तो उसे कामसे विमोहित होकर तिलके बराबर अर्थात् किंचित् सुखकेलिये छोड़ दिया ॥ २१४ ॥

जिनोपदिष्ट आगममें भावनीय एवं वास्तविक सुखके निमित्तभूत देशचारित्रको ग्रहण करके मेरे जैसे मूर्खने अल्प सुखमें अनुरक्त होकर दुष्ट विषयोंकेलिये उसे छोड़ दिया ॥ २१५ ॥

अनन्तज्ञानादि-चतुष्टयके कारण और मुक्तिके बीजभूत जिनेन्द्रलिंग अर्थात् सकलचारित्रको बहुत कालतक धारण करके मैंने मदान्ध होकर कामिनीके निमित्त उसे छोड़ दिया ॥ २१६ ॥

भयंकर क्रोध, लोभ और मात्सर्यभावसहित मायाप्रपंच एवं मानसे वृद्धिंगत अज्ञानभावको प्राप्त हुआ मैं जिनेन्द्रोपदिष्ट मार्गको छोड़े रहा ॥ २१७ ॥

इसके पश्चात् व्यवसायपुरमें प्रवेशकर पूजा और अभिषेकके योग्य द्रव्योंको लेकर वे देव देवियोंसे सहित; नर्तन, विचित्र क्रीडन, माला, उत्कृष्ट चमर और छत्रसे शोभायमान; एवं गाढ़ भक्तिसे प्रसन्न होते हुए कूटपर स्थित जिनभवनको जाते हैं ॥ २१८–२१९ ॥

उत्कृष्ट मंगल और तोरणोंसे सहित जिनभवनको प्राप्त कर कोलाहल करते हुए वे देव देवियोंके साथ नमस्कारपूर्वक प्रदक्षिणा करते हैं ॥ २२० ॥

वे देव वहांपर सिंहासन, तीन छत्र, भामण्डल और चामरादि आठ प्रातिहार्योंसे सुशोभित जिनेन्द्रमूर्तियोंका दर्शनकर जय जय शब्द करते हैं ॥ २२१ ॥

उक्त देव जिनमन्दिरमें उत्तम पटह, शंख, मृदंग, जयघंटा और काहल, इन बाजोंसे संयुक्त होकर गानपूर्वक जिनेन्द्रपूजन करते हैं ॥ २२२ ॥

---

१ द ब सम्मत्तमणं. २ द ब गेण्हय. ३ द ब °णाणाणि. ४ द मायापवत्तेण. ५ द ब वंदंत°. ६ द तत्तो वसाय°. ७ द ब देवेहिं.

भिंगारकलसदप्पणछत्तत्तयचमरपहुदिदव्वेहिं । पूजंति फलिहदंडोवमाणवरवारिधारेहिं ॥ २२३
गोसीरमलयचंदणकुंकुमपंकेहिं परिमलिल्लेहिं । मुत्ताहलपुंजेहिं सालीए तंदुलेहिं सयलेहिं[1] ॥ २२४
वरविविहकुसुममालासएहिं धूवंगरंगगंधेहिं । अमयादो मुहुरेहिं णाणाविहदिव्वभक्खेहिं ॥ २२५
धूवेहिं सुगंधेहिं रयणपईवेहिं दित्तकिरणेहिं । पक्केहिं फणसकदलीदाडिमदक्खादियफलेहिं ॥ २२६
पूजाए अवसाणे कुव्वंते णाडयाइं विविहाइं । पवरच्छरापजुत्ताबहुरसभावाभिणेयाइं ॥ २२७

णिस्सेसकम्मक्खवणेक्कहेदुं[3] मण्णंतया तत्थ जिणिंदपूजं ।
सम्मत्तविरया[4] कुव्वंति णिच्चं देवा महाणंतविसोहिपुव्वं ॥ २२८
कुलाहिदेवा[5] इव मण्णमाणा पुराणदेवाण पबोधणेण ।
मिच्छाजुदा ते य जिणिंदपूजं भत्तीए[6] णिच्चं णियमा कुणंति ॥ २२९

कादूण दिव्वपूजं आगच्छिय णियणियम्मि पासादे । सिंहासणाधिरूढा ओलगसालंति[7] देवा णं ॥ २३०
विविहरतिकरणभाविदविसुद्धबुद्धीहि दिव्वरूवेहिं । णाणाविकुव्वणंबहुविलाससंपत्तिजुत्ताहिं ॥ २३१
मायाचारविवज्जिदपकिदिपसण्णाहिं अच्छराहिं समं । णियणियविभूदिजोग्गं संकप्पवसंगदं सोक्खं ॥ २३२

....

वे देव झारी, कलश, दर्पण, तीन छत्र और चामरादि द्रव्योंसे, स्फटिकमणिमय दण्डके तुल्य उत्तम जलधाराओंसे; सुगन्धित गोशीर, मलयचन्दन, और केशरके पंकोंसे; मोतियोंके पुंजरूप शालिधान्यके अखण्डित तंदुलोंसे; जिनका रंग और गंध फैल रहा है ऐसी उत्तमोत्तम विविधप्रकारकी सैकड़ों मालाओंसे; अमृतसे भी मधुर नानाप्रकारके दिव्य नैवेद्योंसे; सुगंधित धूपोंसे; प्रदीप्त किरणोंसे युक्त रत्नमयी दीपकोंसे; और पके हुए कटहल, केला, दाडिम, एवं दाख इत्यादि फलोंसे पूजा करते हैं ॥ २२३–२२६ ॥

पूजाके अन्तमें वे देव उत्तम अप्सराओंसे प्रयुक्त किये गये और बहुत प्रकारके रस, भाव और अभिनयसे युक्त विविध प्रकारके नाटकोंको करते हैं ॥ २२७ ॥

वहांपर अविरत सम्यग्दृष्टि देव जिनपूजाको समस्त कर्मोंके क्षयकरनेमें एक अद्वितीय कारण समझकर नित्य ही महान् अनन्तगुणी विशुद्धिपूर्वक उसे करते हैं ॥ २२८ ॥

पुराने देवोंके उपदेशसे वे मिथ्यादृष्टि देव भी जिनप्रतिमाओंको कुलाधिदेवता मानकर नित्य ही नियमसे भक्तिपूर्वक जिनेन्द्रार्चन करते हैं ॥ २२९ ॥

इसप्रकार दिव्य जिनपूजा करनेके पश्चात् अपने अपने भवनमें आकर वे देव ओलगशालामें सिंहासनपर विराजमान हो जाते हैं ॥ २३० ॥

फिर वे देव विविध रतिके प्रकटीकरणमें चतुर, दिव्य रूपोंसे युक्त, नानाप्रकारकी विक्रिया व बहुत विलास-सम्पत्तिसे सहित, और मायाचारसे रहित होकर स्वभावसे ही प्रसन्न रहनेवाली ऐसी अप्सराओंके साथ अपनी अपनी विभूतिके योग्य एवं संकल्पमात्रसे प्राप्त होनवाले सुख

....

१ द ब पलिह. २ द सालेहिं. ३ द ब °क्खवणकहेदुं. ४ द ब सम्मत्तविरयं. ५ द ब कुलाइदेवा°. ६ द भत्तीय. ७ [ओलगसालम्मि].

पडुपडहप्पहुदीहिं सत्तसराभरणमहुरगीदेहिं । वरललितणच्चणेहिं देवा भुंजंति उवभोगं ॥ २३३
ओहिं पि विजाणंतो अण्णोण्णुप्पण्णपेम्ममूलमणा । कामंधा ते सव्वे गदं पि कालं ण याणंति ॥ २३४
वररयणकंचणाए विचित्तसयलुज्जलम्मि पासादे । कालागरुगंधड्ढे रागणिधाणे रमंति सुरा ॥ २३५
सयणाणि आसणाणिं मउवाणि विचित्तरूवरइदाणिं । तणुमणवयणाणंदणजणणाणिं होंति देवाणं ॥ २३६
पासरसरूवसद्दुणिगंधेहिं[1] वड्ढियाणि सोक्खाणिं[2] । उवभुंजंता[3] देवा तित्तिं ण लहंति णिमिसं पि ॥ २३७
दीवेसु णगिंदेसुं भोगखिदीए वि णंदणवणेसुं । वरपोक्खरिणीपुलिणत्थलेसु कीडंति राएण ॥ २३८

। एवं सुहसरूवं[4] समत्तं ।

भवणेसु समुप्पण्णा पज्जत्तिं पाविदूण छब्भेयं । जिणमहिमदंसणेणं केई देविद्धिदंसणदो[5] ॥ २३९
जादीए सुमरणेणं वरधम्मप्पबोहणावलद्धीए । गेण्हंते सम्मत्तं दुरंतसंसारणासकरं ॥ २४०

। सम्मत्तगहणं गदं ।

तथा उत्तम पटह इत्यादि वादित्र, सात स्वरोंसे शोभायमान मधुर गीत, एवं उत्कृष्ट सुन्दर नृत्यका उपभोग करते हैं ॥ २३१-२३३ ॥

अवधिज्ञानसे जानते हुए भी परस्परमें उत्पन्न हुए प्रेमके मूलभूत मानसिक विचारोंसे युक्त वे सब देव कामांध होकर बीते हुए समयको भी नहीं जानते हैं ॥ २३४ ॥

उक्त देव उत्तम रत्न और सुवर्णसे विचित्र और सर्वत्र उज्वल, कालागरुकी सुगन्धसे व्याप्त और रागके स्थानभूत प्रासादमें रमण करते हैं ॥ २३५ ॥

देवोंके शयन और आसन मृदुल, विचित्ररूपसे रचित, तथा शरीर, मन एवं वचनको आनन्दोत्पादक होते हैं ॥ २३६ ॥

ये देव स्पर्श, रस, रूप, सुन्दर शब्द और गंधसे वृद्धिको प्राप्त हुए सुखोंका अनुभव करते हुए क्षणमात्रकेलिये भी तृप्तिको प्राप्त नहीं होते हैं ॥ २३७ ॥

ये कुमार देव रागसे द्वीप, कुलाचल, भोगभूमि, नन्दनवन और उत्तम बावड़ी अथवा नदियोंके तटस्थानोंमें भी क्रीड़ा करते हैं ॥ २३८ ॥

इसप्रकार देवोंके सुखस्वरूपका कथन समाप्त हुआ।

भवनोंमें उत्पन्न होकर छह प्रकारकी पर्याप्तियोंको प्राप्त करनेके पश्चात् कोई जिनमहिमा (कल्याणकादि) के दर्शनसे, कोई देवोंकी ऋद्धिके देखनेसे, कोई जातिस्मरणसे, और कितने ही देव उत्तम धर्मोपदेशकी प्राप्तिसे दुरन्त संसारको नष्ट करनेवाले सम्यग्दर्शनको ग्रहण करते हैं ॥ २३९-२४० ॥ सम्यक्त्वका ग्रहण समाप्त हुआ ।

१ द °रूववज्जूणि गंधेहि, ब °रूवचक्खूणि गंधेहिं. २ द ब सोक्खाणि. ३ द ब उवयंजुत्ता. ४ द ब सरूवप्पं. ५ द ब देविंद°.

जे केइ अण्णाणतवेहिं जुत्ता णाणाविहुप्पादिददेहदुक्खा।
घेत्तूण सण्णाणतवं पि पावा डज्झंति जे दुव्विसयप्पसत्ता ॥ २४१
विसुद्धलेस्साहि सुराउबंधं काऊण[1] कोहादिसुघादिदाऊ।
सम्मत्तसंपत्तिविमुक्कबुद्धी जायंति एदे भवणेसु सव्वे ॥ २४२
सण्णाणरयणदीओ लोयालोयप्पयासणसमत्थो । पणमामि सुमइसामिं सुमइकरं भव्वलोगस्स ॥ २४३

एवमाइरियपरंपरागयतिलोयपण्णत्तीए भवणवासियलोयसरूवणिरूवणपण्णत्ती णाम

तिदियो महाधियारो सम्मत्तो[2] ॥ ३ ॥

जो कोई अज्ञानतपोंसे युक्त होकर शरीरमें नानाप्रकारके कष्टोंको उत्पन्न करते हैं, तथा जो पापी सम्यग्ज्ञानसे युक्त तपको ग्रहण करके भी दुष्ट विषयोंमें आसक्त होकर जला करते हैं, वे सब विशुद्ध लेश्याओंसे पूर्वमें देवायुको बांधकर पश्चात् क्रोधादि कषायोंद्वारा उस आयुका घात करते हुए सम्यक्त्वरूप संपत्तिसे मनको हटाकर भवनवासियोंमें उत्पन्न होते हैं ॥ २४१–२४२ ॥

जिनका सम्यग्ज्ञानरूपी रत्नदीपक लोकालोकके प्रकाशनमें समर्थ है और जो भव्य जीवोंको सुमति देनेवाले हैं, उन सुमतिनाथ स्वामीको मैं नमस्कार करता हूं ॥ २४३ ॥

इसप्रकार आचार्यपरंपरागत त्रिलोक-प्रज्ञप्तिमें भवनवासीलोकस्वरूप-निरूपणप्रज्ञप्तिनामक

तृतीय महाधिकार समाप्त हुआ ॥ ३ ॥

---

१ द ब कोऊण. २ द समत्ता.

[चउत्थो महाधियारो]

इदं उवरि माणुसलोयसरूवं वण्णयामि—

लोयालोयपयासं पउमप्पहजिणवरं णमंसित्ता[1] । माणुसजगपण्णत्ती[2] वोच्छामो आणुपुव्वीए ॥ १

णिद्देसस्स सरूवं जंबूदीओ त्ति लवणजलही य । धादगिसंडो दीओ कालोदसमुद्दपोक्खरद्धाइं ॥ २

तेसुं ठिदमणुयाणं भेदा संखा य थोवबहुअत्तं । गुणठाणप्पहुदीणं[3] संकमणं विविहभेयजुदं ॥ ३

आऊबंधणभावं जोणिपमाणं सुहं च दुक्खं च । सम्मत्तगहणहेदू णिव्वुदिगमणाण परिमाणं ॥ ४

एवं सोलससंखे अहियारे एत्थ वत्तइस्सामो[4] । जिणमुहकमलविणिग्गयणरजगपण्णत्तिणामाए ॥ ५

तसणालीबहुमज्झे चित्ताय खिदीय उवरिमे भागे । अइवट्टो मणुवजगो जोयण[5]पणदाललक्खविक्खंभो[6] ॥ ६

जोयणलक्ख ४५००००० ।

जगमज्झादो उवरिं तब्बहलं जोयणाणि इगिलक्खं । णवचदुदुगखतियदुगचउक्केक्कम्हि तप्परिही ॥ ७

१००००० । १४२३०२४९ ।

सुण्णणभगयणपणदुगएक्कखतियसुण्णणवणहासुण्णं । छक्केक्कजोयणा चिय अंककमे मणुवलोयखेत्तफलं ॥ ८

१६००९०३०१२५००० ।

....

इससे आगे मानुषलोकके स्वरूपका वर्णन करता हूं—

लोकालोकको प्रकाशित करनेवाले पद्मप्रभ जिनेन्द्रको नमस्कार करके अब अनुक्रमसे मनुष्यलोक-प्रज्ञप्तिको कहता हूं ॥ १ ॥

[1]निर्देशका स्वरूप, [2]जम्बूद्वीप, [3]लवणसमुद्र, [4]धातकीखण्डद्वीप, [5]कालोदसमुद्र, [6]पुष्करार्द्धद्वीप, [7]इन द्वीपोंमें स्थित मनुष्योंके भेद, [8]संख्या, [9]अल्पबहुत्व, [10]गुणस्थानादिकका विविध भेदोंसे युक्त संक्रमण, [11]आयुबन्धनके निमित्तभूत परिणाम, [12]योनिप्रमाण, [13]सुख, [14]दुःख, [15]सम्यक्त्वग्रहणके हेतु, और [16]मोक्ष जानेवालोंका प्रमाण, इसप्रकार जिनभगवान्के मुखरूपी कमलसे निकले हुए नरजगप्रज्ञप्ति नामक इस तृतीय महाधिकारमें इन सोलह अधिकारोंको कहेंगे ॥ २–५ ॥

त्रसनालीके बहुमध्यभागमें चित्रा पृथिवीके उपरिम भागमें पैंतालीस लाख योजनप्रमाण विस्तारवाला अतिगोल मनुष्यलोक है ॥ ६ ॥ यो. ४५००००० ।

लोकके मध्यभागसे ऊपर उस मनुष्यलोकका बाहल्य एक लाख योजन, और परिधि क्रमशः नौ, चार, दो, शून्य, तीन, दो, चार और एक, इन अंकोंके प्रमाण है ॥ ७ ॥

बाहल्य १०००००, परिधि १४२३०२४९ ।

शून्य, शून्य, शून्य, पांच, दो, एक, शून्य, तीन, शून्य, नौ, शून्य, शून्य, छह और एक इसप्रकार इन अंकोंके प्रमाण मनुष्यलोकका क्षेत्रफल है ॥ ८ ॥ १६००९०३०१२५००० ।

....

१ द णमस्सित्ता, ब णमस्सित्तो. २ [पण्णत्तिं]. ३ द गुणट्ठाण. ४ ब वत्तयंस्सामो. ५ ब जोयणाण. ६ द ब विक्खंभा.

वासकदी दसगुणिदा करणी परिही च मंडले खेत्ते । विक्खंभचउब्भागप्पहदा सा होदि खेत्तफलं ॥ ९
अट्ठत्थाणं सुण्णं पंचदुरिगिगयणतिणहणवसुण्णा । अंबरछक्केक्केहिं अंककमे तस्स विंदफलं ॥ १०

१६००९०३०१२५०००००००० ।

। णिद्देसो गदो[2] ।

माणुसजगबहुमज्झे विक्खादो होदि जंबुदीओ त्ति । एक्कज्जोयणलक्खविक्खंभजुदो सरिसवट्टो ॥ ११
जगदीविण्णासाइं भरहक्खिदी तम्मि कालभेदं च । हिमगिरिहेमवदा[3] महहिमवंहरिवरिसणिसहद्दी ॥ १२
विजओ विदेहणामो[4] णीलगिरी रम्मवरिसरुम्मिगिरी । हेरण्णवदो विजओ सिहरी एरावदो त्ति वरिसो य ॥ १३
एवं सोलसभेदो[5] जंबूदीवम्मि अंतरहियारा[6] । एण्हं[7] ताण सरूवं वोच्छामो आणुपुव्वीए ॥ १४
वेढेदि[8] तस्स जगदी अट्ठं चिय जोयणाणि उत्तुंगा । [9]दीवं तं मणिबंधस्सरिसं होदूण वडयणिहा ॥ १५

जो ८ ।

विस्तारके प्रमाणका वर्ग करके उसे दशसे गुणा करनेपर जो गुणनफल प्राप्त हो उसके वर्गमूलप्रमाण गोल क्षेत्रकी परिधि होती है। इस परिधिको व्यासके चतुर्थांशसे गुणा करनेपर प्राप्त गुणनफलप्रमाण उसका क्षेत्रफल होता है ॥ ९ ॥

उदाहरण—मनुष्यलोकका विस्तार ४५ लाख योजन है; $\sqrt{४५०००००^२ \times १०} =$ १४२३०२४९ परिधि; $१४२३०२४९ \times \frac{४५०००००}{४} =$ १६००९०३०१२५००० क्षेत्रफल।

आठ स्थानोंमें शून्य, पांच, दो, एक, शून्य, तीन, शून्य, नौ, शून्य, शून्य, छह और एक, इन अंकोंके क्रमशः रखनेपर जो राशि उत्पन्न हो तत्प्रमाण मनुष्यलोकका घनफल है ॥ १० ॥

क्षेत्रफल—१६००९०३०१२५०००×१०००००=१६००९०३०१२५०००००००० घ. फ.

निर्देश समाप्त हुआ।

मनुष्यक्षेत्रके बहुमध्यभागमें एक लाख योजन विस्तारसे युक्त, सदृश गोल और जम्बूद्वीप इस नामसे प्रसिद्ध पहिला द्वीप है ॥ ११ ॥

उस जम्बूद्वीपके वर्णन करनेमें जगती (वेदिका), विन्यास, भरत क्षेत्र, उस (भरत) क्षेत्रमें होनेवाला कालोंका भेद, हिमवान् पर्वत, हैमवत क्षेत्र, महाहिमवान् पर्वत, हरि क्षेत्र, निषध पर्वत, विदेह क्षेत्र, नील पर्वत, रम्यक क्षेत्र, रुक्मि पर्वत, हैरण्यवत क्षेत्र, शिखरी पर्वत और ऐरावत क्षेत्र, इसप्रकार सोलह अंतराधिकार हैं। अब उनके स्वरूपको अनुक्रमसे कहते हैं ॥ १२–१४ ॥

आठ योजन ऊंची उसकी जगती मणिबंधके सदृश उस द्वीपको वलय अर्थात् कड़ेके सदृश होकर वेष्टित करती है ॥ १५ ॥ यो. ८ ।

१ ब विक्खंभयचउ°. २ द ब गदा. ३ द ब हिमवदा. ४ द विदेहणामे. ५ द ब °भेदो. ६ द ब °हियारो. ७ द वण्णं, ब वण्हं. ८ द ब वेढेवि. ९ द दीवंतमिणियत्त, ब दीवं तं मणियत्तं.

मूले बारस मज्झे अट्ठ च्चिय जोयणाणि णिद्दिट्ठा । सिहरे चत्तारि पुढं जगदीरुंदस्स[1] परिमाणं ॥ १६

१२ । ८ । ४ ।

दो कोसा अवगाढा तेत्तियमेत्ता हुवेदि वज्जमयी[2] । मज्झे बहुरयणमयी[3] सिहरे वेरुलियपरिपुण्णा ॥ १७

कोस २ ।

तीए मूलपएसे पुव्वावरदो य सत्त सत्त गुहा । वरतोरणाहिरामा[4] अणाइणिधणा विचित्तयरा ॥ १८

जगदीउवरिमभाए बहुमज्झे कणयवेदिया दिव्वा । बे कोसा उत्तुंगा वित्थिण्णा पंचसयदंडा ॥ १९

को २ । दंड ५०० ।

जगदीउवरिमरुंदो[5] वेदीरुंदं खु सोधियद्धकदो । जं लद्धमेक्कपासे[6] तं विक्खंभस्स परिमाणं ॥ २०

पण्णरससहस्साणिं सत्तसया धणूणि[7] पण्णासा । अब्भंतरविक्खंभा बाहिरवासो वि तम्मेत्तो[8] ॥ २१

१५७५० ।

वेदीदोपासेसुं उववणसंडा[9] हवंति रमणिज्जा । वरवावीसंजुत्ता विचित्तमणिगेहपरिपुण्णा[10] ॥ २२

जेट्ठा दोसयदंडा[11] विक्खंभजुदा हवेदि मज्झिमया । पण्णासब्भहियसयं जघण्णवावी वि सयमेक्कं ॥ २३

दं २०० । १५० । १०० ।

जगतीके विस्तारका प्रमाण मूलमें बारह, मध्यमें आठ और सिखरपर चार योजन कहा गया है ॥ १६ ॥ जगतीविस्तार—मूलमें १२, मध्यमे ८, शिखरपर ४ यो. ।

उक्त जगतीकी गहराई अर्थात् नीव दो कोस है, जो सब ही वज्रमय है। यह मध्यमें बहुत रत्नोंसे निर्मित और शिखरपर वैडूर्यमणियोंसे परिपूर्ण है ॥ १७ ॥ कोस २.

उस जगतीके मूल प्रदेशमें पूर्व-पश्चिमकी ओर सात सात गुफायें है, जो उत्कृष्ट तोरणोंसे रमणीय, अनादिनिधन एवं अत्यन्त विचित्र है ॥ १८ ॥

इस जगतीके उपरिम भागपर ठीक बीचमें दिव्य सुवर्णमय वेदिका है। यह दो कोस ऊंची और पांचसौ धनुषप्रमाण चौड़ी है ॥ १९ ॥ उंचाई को. २, विस्तार दंड ५०० ।

जगतीके उपरिम विस्तारमेंसे वेदीके विस्तारको घटाकर शेषको आधा करनेपर जो प्राप्त हो उतना वेदीके एक पार्श्वभागमे जगतीका विस्तार है ॥२०॥ $\frac{32000 - 500}{2}$=१५७५० धनुष ।

जगतीका अभ्यन्तर विस्तार पन्द्रह हजार सातसौ पचास धनुष और इतना ही उसका बाह्य विस्तार भी है ॥ २१ ॥ १५७५० ।

वेदीके दोनों पार्श्वभागोंमें उत्तम वापियोंसे संयुक्त और विचित्र मणिगृहोंसे परिपूर्ण रमणीय उपवनोंके समूह है ॥ २२ ॥

इनमेंसे उत्कृष्ट बावड़ियोंका विस्तार दोसौ धनुष, मध्यमोंका एकसौ पचास धनुष और जघन्योंका एकसौ धनुषप्रमाण है ॥ २३ ॥ उत्कृष्ट २००, मध्य. १५०, ज. १०० धनुष ।

१ द ब जगदीमदस्स. २ द ब वज्जमय. ३ द ब °रयणमवो. ४ द °तोरणाइ°, ब °तोरणाय°. ५ द ब °रुंदो. ६ द ब अद्धमेकपासे. ७ द ब दंडधणूणि. ८ द ब °वासोधितमेत्ता. ९ द °संदो, ब °संडो. १० द ब °मुणिआर°. ११ द ब °दंडो.

तिविहाओ वावीओ णियरुंददसंसमेत्तमवगाढा । कहृआरकमलकुवलयकुमुदामोदेहिं परिपुण्णा ॥ २४

२० । १५[1] । १० ।

पायारपरिगदाइं[2] वरगोउरदारतोरणाइं पि । अब्भंतरम्मि भागे महोरगाणं च चेट्ठंति ॥ २५

पाठान्तरम् ।

णयरेसुं रमणिज्जा पासादा होंति विविहविण्णासा । अब्भंतरचेत्तरयो[3] णाणावररयणणियरमया ॥ २६

दिप्पंतरयणदीवा समंतदो विविहधूवघडजुत्ता । वज्जमयवरकवाडा वेदीगोउरदुवारजुदा ॥ २७

पणुहत्तरि[4] चावाणिं[5] उत्तुंगा सयधणूणि दीहजुदा । पण्णासदंडरुंदा होंति जहण्णम्मि पासादा ॥ २८

७५ । १०० । ५० ।

पासादद्वारेसुं बारस चावाणि होंति उच्छेहो । पत्तेक्कं छण्णाहं अवगाढं तं पि चत्तारि ॥ २९

१२ । ६ । ४ ।

पणुवीसं दोण्णि सया उच्छेहो होदि जिट्ठपासादा । दीहं तिसयधणूणिं[6] पत्तेक्कं सद्ध विक्खंभो[7] ॥ ३०

२२५ । ३०० । १५० ।

ताण दुवारुच्छेहो[8] दंडा छत्तीसं[9] होदि पत्तेक्कं । अट्ठारस विक्खंभो बारस णियमेण अवगाढं ॥ ३१

दं ३६ । १८ । १२ ।

तीनों ही तरहकी बावड़ियां अपने अपने विस्तारके दशवें भागप्रमाण गहरी और कैरव (सफेद कमल), कमल, नील कमल एवं कुमुदोंकी सुगन्धसे परिपूर्ण हैं ॥ २४ ॥

वेदीके अभ्यन्तरभागमें प्राकारसे वेष्टित एवं उत्तम गोपुरद्वार व तोरणोंसे संयुक्त ऐसे महोरग देवोंके (भवन) स्थित हैं ॥ २५ ॥ पाठांतर ।

नगरोंमें विविधप्रकारकी रचनाओंसे युक्त, अनेक उत्तमोत्तम रत्नसमूहोंसे निर्मित, अभ्यन्तर-भागमें चैत्यतरुओंसे सहित, चारों ओर प्रदीप्त रत्नदीपकोंसे सुशोभित, विविधप्रकारके धूपघटोंसे युक्त, वज्रमय कपाटोंसे संयुक्त, और वेदी व गोपुरद्वारोंसे सहित रमणीय प्रासाद हैं ॥ २६–२७ ॥

ये प्रासाद जघन्यरूपसे पचहत्तर धनुष ऊंचे, सौ धनुष लंबे और पचास धनुषप्रमाण विस्तारयुक्त हैं ॥ २८ ॥ उंचाई ७५; लंबाई १००; विस्तार ५० धनुष ।

इन प्रासादोंके द्वारोंमें प्रत्येककी उंचाई बारह धनुष, व्यास छह धनुष, और अवगाढ़ चार धनुषप्रमाण है ॥ २९ ॥ उंचाई १२; व्यास ६; अवगाढ़ ४ धनुष ।

उत्कृष्ट प्रासादोंमें प्रत्येककी उंचाई दोसौ पच्चीस धनुष, लम्बाई तीनसौ धनुष और विष्कंभ इससे आधा अर्थात् एकसौ पचास धनुषप्रमाण है ॥३०॥ उं. २२५; लं. ३००; वि. १५० ध. ।

उत्कृष्ट प्रासादोंके द्वारोंमें प्रत्येक द्वारकी उंचाई छत्तीस धनुष, विष्कंभ अठारह धनुष, और अवगाढ़ नियमसे बारह धनुषप्रमाण है ॥ ३१ ॥ उं. ३६; वि. १८; अव. १२ ध. ।

---

१ द ब २५. २ द ब परिमदाइं. ३ द ब अब्भंतचेत्तरया. ४ द ब णूणं. ५ ब चावालणिं. ६ ब तिसयधणूणं. ७ द सव्वविक्खंभो. ८ द ब दुवारच्छेहो. ९ ब बत्तीस.

मज्झिमपासादाणं हुवेदि उदओ दिवड्ढसयदंडा । दोण्णि सया दीहत्तं पत्तेक्कं एक्कसय रुंदं ॥ ३२

१५० । २०० । १०० ।

चउवीसं चावाणिं ताण दुवारेसु होदि उच्छेहो । बारस अट्ठ कमेणं दंडा वित्थारअवगाढा ॥ ३३

२४ । १२ । ८ ।

सामण्णचित्तकदलीगब्भलदाणादआसणगिहाओ । गेहा होंति विचित्ता वेंतरणयरेसु रमयारा ॥ ३४

मेहुणमंडणओलेगवंदणअभिसेयणच्चणाणं पि । णाणाविहसालाओ वररयणविणिम्मिदा होंति ॥ ३५

करिहरिसुकमोराणं मयरपवालाण गरुडहंसाणं । सारिच्छाइं तेसुं रम्मेसुं आसणाणि चेट्ठंते ॥ ३६

वररयणविरइदाणि विचित्तसयणाणि मउव्वपासाइं । रेहंति मंदिरेसुं दोपासठिदोवधाणाणि ॥ ३७

कणय व्व णिरुवलेवा णिम्मलकंती सुगंधणिस्सासा । वरविविहभूसणयरा रविमंडलसरिसमउडसिरा ॥ ३८

रोगजरापरिहीणा पत्तेक्कं दसधणूणि उत्तुंगा । वेंतरदेवा तेसुं सुहेण कीडंति सच्छंदा ॥ ३९

जिर्णमंदिरजुत्ताइं विचित्तविण्णासभवणपुण्णाइं । सददं अकिट्टिमाइं वेंतरणयराणि रेहंति ॥ ४०

....

मध्यम प्रासादोंमें प्रत्येककी उंचाई डेढ़सौ धनुष, लम्बाई दोसौ धनुष और चौड़ाई एकसौ धनुषप्रमाण है ॥ ३२ ॥ उंचाई १५०; लंबाई २००; चौड़ाई १०० धनुष ।

इन प्रासादोंके प्रत्येक द्वारकी उंचाई चौबीस धनुष, चौड़ाई बारह धनुष और अवगाढ़ आठ धनुषमात्र है ॥ ३३ ॥ उंचाई २४; चौड़ाई १२; अव. ८ धनुष ।

व्यंतरोंके नगरोंमें सामान्यगृह, चित्तगृह (चित्रशाला या चैत्यगृह), कदलीगृह, गर्भगृह, लतागृह, नादगृह और आसनगृह; ये रम्य आकारवाले विचित्र गृहविशेष होते हैं ॥ ३४ ॥

इसके अतिरिक्त वहांपर मैथुनशाला, मण्डनशाला, ओलगशाला, वंदनशाला, अभिषेकशाला, और नृत्यशाला, इसप्रकार उत्तम रत्नोंसे निर्मित नानाप्रकारकी शालायें होती हैं ॥ ३५ ॥

इन रमणीय प्रासादोंमें हाथी, सिंह, शुक, मयूर, मगर, व्याल, गरुड़ और हंस, इनके सदृश आसन रखे हुए हैं ॥ ३६ ॥

महलोंमें उत्तम रत्नोंसे निर्मित, मृदुल स्पर्शवाले और दोनों पार्श्वभागोंमें स्थित तकियोंसे युक्त विचित्र शय्यायें शोभायमान हैं ॥ ३७ ॥

सुवर्णके समान निर्लेप, निर्मल कान्तिके धारक, सुगन्धमय निश्वाससे युक्त, उत्तमोत्तम विविधप्रकारके भूषणोंको धारणकरनेवाले, सिरपर सूर्यमण्डलके समान मुकुटके धारक, रोग एवं जरासे रहित, और प्रत्येक दश धनुष ऊंचे, ऐसे व्यन्तर देव उन नगरोंमें सुखपूर्वक स्वच्छंद क्रीड़ा करते हैं ॥ ३८–३९ ॥

जिनमन्दिरोंसे संयुक्त, विचित्र रचनावाले भवनोंसे परिपूर्ण, और अकृत्रिम वे व्यन्तरनगर सदैव शोभायमान होते हैं ॥ ४० ॥

---

१ द 'मंडल ओलंग', ब मंडणउलगं'. २ द ब णिरुवलेहो. ३ द ब 'मंडसिरा. ४ द ब जीमंदरं.

विजयंतवेजयंतं जयंतअपराजयंतणामेहिं । चत्तारि दुवाराइं जंबूदीवे चउदिसासुं ॥ ४१

पुव्वदिसाए विजयं दक्खिणआसाय वइजयंतं हि । अवरदिसाय जयंतं अवराजिदमुत्तरासाए ॥ ४२

एदाणं दाराणं पत्तेक्कं अट्ठ जोयणा उदओ । उच्छेहद्धं[2] रुंदं होदि पवेसो वि वाससमं ॥ ४३

८ । ४ । ४ ।

वरवज्जकवाडजुदा णाणाविहरयणदामरमणिज्जा । णिच्चं रक्खिज्जंते वेंतरदेवेहिं चउदारा ॥ ४४

दारोवरिमपएसे पत्तेक्कं होदि दारपासादा । सत्तारहभूमिजुदा णाणावर[3]मत्तवारणया ॥ ४५

दिप्पंतरयणदीवा विचित्तवरसालभंजिअत्थंभा[4] । धुव्वंत[5]धयवडाया विविहालोच्चेहिं रमणिज्जा ॥ ४६

उब्भंतरयणसाणू[6] समंतदो विविहरूवपुढजुत्ता । देवच्छराहिं[7] भजिदा[8] पट्टंसुयपहुदिकयसोहा ॥ ४७

उच्छेहवास[9]पहुदिसु दारब्भवणाण जेत्तिया संखा । तप्परिमाणपरूवणउवएसो संपहि पणट्ठो ॥ ४८

सीहासणछत्तत्तयभामंडलचामरादिरमणिज्जा । रयणमया जिणपडिमा गोउरदारेसु सोहंति ॥ ४९

जम्बूद्वीपकी चारों दिशाओंमें विजयन्त (विजय), वैजयन्त, जयन्त और अपराजयन्त (अपराजित) इन नामोंसे प्रसिद्ध चार द्वार हैं ॥ ४१ ॥

इनमेंसे विजय पूर्व दिशामें, वैजयन्त दक्षिण दिशामें, जयन्त पश्चिम दिशामें, और अपराजित द्वार उत्तर दिशामें है ॥ ४२ ॥

उपर्युक्त द्वारोंमेंसे प्रत्येक द्वारकी उंचाई आठ योजन, विस्तार उंचाईसे आधा अर्थात् चार योजन, और प्रवेश भी विस्तारके समान चार योजन है ॥४३॥ उंचाई ८; व्यास ४; प्रवेश ४ यो.।

उत्कृष्ट वज्रमय कपाटोंसे युक्त और नानाप्रकारके रत्नोंकी मालाओंसे रमणीय ये चारों द्वार व्यन्तर देवोंसे सदा रक्षित हैं ॥ ४४ ॥

प्रत्येक द्वारके उपरिम भागमें सत्तरह भूमियोंसे युक्त, अनेकानेक उत्तम बरामदोंसे सुशोभित, प्रदीप्त रत्नदीपकोंसे सहित, नानाप्रकारकी उत्तम पुत्तलिकाओंसे युक्त स्तम्भोंवाले, लहलहाती हुई ध्वजापताकाओंसे युक्त, विविधप्रकारके दृश्योंसे रमणीय, उत्तुंग रत्नशिखरोंसे संयुक्त, सब ओर नानाप्रकारके स्पष्ट रूपोंसे युक्त, देवों व अप्सराओंसे सेवित, और पट्टांशुक आदिसे शोभायमान द्वारप्रासाद हैं ॥ ४५-४७ ॥

इन द्वारभवनोंकी उंचाई तथा विस्तारका जितना प्रमाण है, उस प्रमाणके प्ररूपणका उपदेश इस समय नष्ट होचुका है ॥ ४८ ॥

गोपुरद्वारोंपर सिंहासन, तीन छत्र, भामण्डल और चामरादिसे रमणीय रत्नमय जिन-प्रतिमायें शोभायमान होती हैं ॥ ४९ ॥

....

१ द जयं च अपराजयं च. २ द ब उच्छेहमद्ध. ३ द वरचत्त, ब वरवत्त. ४ द °भंजिअद्धंभा, ब °भंजिअद्धंहा. ५ द ब दुब्भंत. ६ द अब्भंतरयणमाणुसमंतादो, ब अब्भंतरयणसाणुसमंतादो. ७ द ब दोवच्छाराहिं. ८ द ब भविदा. ९ द उच्छेहओस°, ब उच्छेहउस°.

तस्सिं दीवे परिही लक्खाणिं तिण्णि सोलससहस्सा । जोयणसयाणि दोण्णि य सत्तावीसादिरित्ताणि ॥ ५०

३१६२२७ ।

पादूणं जोयणयं अट्ठावीसुत्तरं सयं दंडा । किंकूहत्था णत्थि हवेदि एक्को विहत्थीह[1] ॥ ५१

३ । दं १२८ । ० । ० । १ ।
४

पादट्ठाणे सुण्णं अंगुलमेक्कं तहा जवा पंच । एक्को जूवो एक्को लिक्खं कम्मक्खिदीण छव्वालं ॥ ५२

० । अं १ । ज ५ । जू १ । लि १ । क ६[2] ।

सुण्णं जहण्णभोगक्खिदिए मज्झिल्लभोगभूमीए । सत्त च्चिय वालग्गा पंचुत्तमभोगछोणीए ॥ ५३

० । ७ । ५ ।

एक्को तह रहरेणू तसरेणू तिण्णि णत्थि तुडरेणू । दो वि य[3] सण्णासण्णा ओसण्णासण्णया वि तिण्णि पुढं ॥ ५४

१ । ३ । ० । २ । ३ ।

परमाणू य अणंताणंता संखा हुवेदि णियमेणं । वोच्छामि तप्पमाणं णिस्संददि दिट्ठिवादादो[4] ॥ ५५

तेवीस सहस्साणिं बेण्णि सयाणिं च तेरसं अंसा । हारो एक्कं लक्खं पंच सहस्साणि चउ सयाणि[5] णवं ॥ ५६

२३२१३ |
१०५४०९ |

खखपदस्संसस्स[6] पुढं गुणगारा होदि तस्स परिमाणं । जाण अणंताणंता परिभासकमेण उप्पण्णा ॥ ५७[7]

उस जंबूद्वीपकी परिधि तीन लाख सोलह हजार दोसौ सत्ताईस योजन, पादून एक योजन अर्थात् तीन कोस, एकसौ अट्ठाईस धनुष, किष्कू और हाथके स्थानमें शून्य, एक वितस्ति, पादके स्थानमें शून्य, एक अंगुल, पांच जौ, एक यूक, एक लीख, कर्मभूमिके छह बाल, जघन्य भोगभूमिके बालोंके स्थानमें शून्य, मध्यम भोगभूमिके सात बालाग्र, उत्तम भोगभूमिके पांच बालाग्र, एक रथरेणु, तीन त्रसरेणु, त्रुटरेणुके स्थानमें शून्य, दो सन्नासन्न, तीन अवसन्नासन्न और अनन्तानन्त परमाणुप्रमाण है। उसके प्रमाणको, दृष्टिवादसे जैसा निकलता है, कहता हूं ॥ ५०–५५ ॥

यो. ३१६२२७, को. ३, ध. १२८, किष्कू०, हाथ०, वित. १, पा.०, अं १, जौ ५, यूक १, लीख १, क. भू, ६, ज. भो.०, म. भो. ७, उ. भो. ५, र. १, त्र. ३, त्रु.०, सन्ना. २, अव. ३, परमाणु अनंतानन्त।

तेईस हजार दोसौ तेरह अंश और एक लाख पांच हजार चारसौ नौ हार है ॥ ५६ ॥

$\frac{23213}{105409}$

'खखपदस्संसस्स पुढं' (?) यह उस परिमाणका गुणकार है जिसका अनन्तानन्त परिमाण परिभाषाक्रमसे उत्पन्न हुआ है ॥ ५७ ॥

---

१ द णत्थि हुवेदीयं कोविहंदीहं, ब णत्थि हवेदी एको विहंदीहं. २ द ब कहा. ३ द ब चिय. ४ ब णिस्संसिदादिट्ठि॰. ५ द सयाणं. ६ द ॰पदस्संस पुढं. ७ द ७९०५६९४१५० । ब ७९९०५६९४१५० ।

अंबरपंचेक्कचऊणवछप्पणसुण्णणवयसत्तो व । अंककमे जोयणया जंबूदीवस्स खेत्तफलं ॥ ५८

७९०५६९४१५० ।

एक्को कोसो दंडा सहस्समेक्कं हुवेदि पंचसया । तेवण्णाए सहिदा किंकूहत्थेसुं[1] सुण्णाइं ॥ ५९

को १ । दंड १५५३ । ० । ० ।

एक्को होदि विहत्थी सुण्णं पादम्मि[2] अंगुलं एक्कं । छच्च जवा[3] तिय जूवा लिक्खाओ तिण्णि णादव्वा ॥ ६०

१ । ० । १ । ६ । ३ । ३ ।

कम्मक्खोणीए दुवे वालग्गा अवरभोगभूमीए । सत्त हुवंते मज्झिमभोगखिदीए त्ति तिण्णि पुढं ॥ ६१

२ । ७ । ३ ।

सत्त य सण्णासण्णा ओसण्णासण्णया तहा एक्को । परमाणूण अणंताणंता संखा इमा होदि ॥ ६२

७ । १ ।

अडतालसहस्साइं पणवण्णुत्तरचउस्सया अंसा । हारो एक्कं लक्खं पंच सहस्साणि चउ सया णवयं ॥ ६३

$\frac{48455}{105409}$

खखपदसंसस्स पुढं गुणगारा होदि तस्स परिमाणं । एत्थ अणंताणंता परिभासकमेण उप्पण्णा ॥ ६४

सोळसजोयणहीणे जंबूदीवस्स परिधिमज्झम्मि । दारंतरपरिमाणं चउभजिदे होदि जं लद्धं ॥ ६५

....

शून्य, पांच, एक, चार, नौ, छह, पांच, शून्य, नौ और सात, इन अंकोंके क्रमसे रखनेपर जितनी संख्या हो, उतने योजनप्रमाण जम्बूद्वीपका क्षेत्रफल है ॥ ५८ ॥ ७९०५६९४१५० ।

इसके अतिरिक्त एक कोस, एक हजार पांचसौ तिरेपन धनुष, किष्कू और हाथके स्थानमें शून्य, एक वितस्ति, पादके स्थानमें शून्य, एक अंगुल, छह जौ, तीन यूक, तीन लीख, कर्मभूमिके दो वालाग्र, जघन्य भोगभूमिके सात बालाग्र, मध्यम भोगभूमिके तीन बालाग्र, सात सन्नासन्न, तथा एक अवसन्नासन्न एवं अनन्ताअन्त परमाणु, इतना उक्त जम्बूद्वीपके क्षेत्रफलका प्रमाण है ॥ ५९-६२ ॥

को. १, ध. १५५३, कि. ०, हा. ०, वि. १, पा. ०, अं. १, जौ. ६, यू. ३, ली. ३, क. २, ज. ७, म. ३, स. ७, अ. १, परमाणु अनंतानन्त ।

अडतालीस हजार चारसौ पचवन अंश और एक लाख पांच हजार चारसौ नौ हार है ॥ ६३ ॥ $\frac{48455}{105409}$

' खखपदसंसस्सपुढं ' (?) यह उस परिमाणका गुणकार है जिसका अनन्तानन्त परिमाण परिभाषाक्रमसे उत्पन्न हुआ है ॥ ६४ ॥

जम्बूद्वीपकी परिधिमेंसे सोलह योजन कम करके शेषमें चारका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना द्वारोंके अन्तरालका प्रमाण है ॥ ६५ ॥

....

१ द ब हत्थेस. २ द ब सोदंमि. ३ द ब जव क.

जगदीबाहिरभागे[1] दाराणं होदि अंतरपमाणं । उणसीदिसहस्साणं बावण्णा जोयणाणि अदिरेगो ॥ ६६
सत्त सहस्साणि धणू पंचसयाणिं हवंति बत्तीसं । तिण्णि च्चिय पव्वाणिं[2] तिण्णि जवा किंचिदिरित्ता ॥ ६७
७९०५२ । ध ७५३२ । अं ३ । ज ३ ।
जगदीअब्भंतरए परिही लक्खाणि तिण्णि जोयणया । सोलससहस्सइगिसैयबावण्णा[3] होंति किंचूणा ॥ ६८
३१६१५२ ।
जगदीअब्भंतरए दाराणं होदि अंतरपमाणं । उणसीदिसहस्साणं चउतीसं जोयणाणि किंचूणं ॥ ६९
७९०३४ ।
विक्खंभद्धकदीओ विगुणा वट्टे दिसंतरे दीवे । वग्गो पणगुणचउभजिदो होदि धणुकरणी[4] ॥ ७०
सत्तरिसहस्सजोयण सत्त सया दसजुदो य अदिरित्तो । जगदीअब्भंतरए दाराणं रिजुसमाणविच्चालं ॥ ७१
७०७१० ।
उणसीदिसहस्साणिं छप्पण्णा जोयणाणि दंडाइं । सत्त सहस्सा पणसयबत्तीसा होंति किंचूणा ॥ ७२
७९०५६ । दं ७५३२ ।

जगतीके बाह्यभागमें द्वारोंके अन्तरालका प्रमाण उन्यासी हजार बावन योजनसे अधिक है ॥ ६६ ॥ ७९०५२ ।

सात हजार पांचसौ बत्तीस धनुष, तीन अंगुल और कुछ अधिक तीन जौ, इतने प्रमाणसे उपर्युक्त द्वारोंके अन्तरालका प्रमाण अधिक है ॥ ६७ ॥ ध. ७५३२, अं. ३, जौ ३ ।

जगतीके अभ्यन्तरभागमें जम्बूद्वीपकी परिधि तीन लाख सोलह हजार एकसौ बावन योजनसे कुछ कम है ॥ ६८ ॥ ३१६१५२ ।

जगतीके अभ्यन्तरभागमें द्वारोंके अन्तरालका प्रमाण उन्यासी हजार चौंतीस योजनसे कुछ कम है ॥ ६९ ॥ ७९०३४ ।

विष्कम्भके आधेके वर्गका दुगुणा वृत्ताकार द्वीपकी चतुर्थांश परिधिरूप धनुषकी जीवाका वर्ग होता है, इस वर्गको पांचसे गुणा कर चारका भाग देनेपर धनुषका वर्ग, तथा उसका मूल धनुषका प्रमाण होता है ॥ ७० ॥

उदाहरण:—विष्कम्भ १००००० यो. । चतुर्थांश धनुषकी जीवाका वर्ग $५००००^2 \times २ = ५०००००००००$; धनुषका वर्ग $\frac{५००००००००० \times ५}{४} = ६२५०००००००$; जीवाका प्रमाण $\sqrt{५०००००००००} = ७०७१०$ यो. धनुषका प्रमाण $\sqrt{६२५०००००००} = ७९०५६$ यो. ७५३२ ध. ।

जगतीके अभ्यन्तरभागमें द्वारोंका सीधा अन्तराल सत्तर हजार सातसौ दश योजनोंसे अधिक है ॥ ७१ ॥ ७०७१० ।

उक्त विजयादि द्वारोंका उन्तराल उन्यासी हजार छप्पन योजन और सात हजार पांचसौ बत्तीस धनुषसे कुछ कम है ॥ ७२ ॥ यो. ७९०५६, दं, ७५३२ ।

१ द ब °भागो. २ द पंचाणि. ३ द °इगिस्सय°. ४ ब धणुकरणी.

विजयादिदुवाराणं पंचसया जोयणाणि वित्थारो । पत्तेक्कं उच्छेहो सत्त सयाणिं च पण्णासा ॥ ७३

जो ५०० । ७५० ।

दारोवरिमपुराणं रुंदा दो जोयणाणि पत्तेक्कं । उच्छेहो चत्तारिं केई एवं परूवंति ॥ ७४

२ । ४ । पाठान्तरम् ।

एदेसिं दाराणं अहिवइदेवो[1] हुवंति वितरया[2] । जंणामा ते दारा तंणामा ते वि रक्खादो[3] ॥ ७५

एक्कपलिदोवमाऊ दसदंडसमाणतुंगवरदेहा[4] । दिव्वामलमउडधरा सहिदा देवीसहस्सेहिं ॥ ७६

दारस्स उवरिदेसे विजयस्स पुरं हवेदि गयणम्मि[5] । बारससहस्सजोयणदीहं तस्सद्धविक्खंभं ॥ ७७

१२००० । ६००० ।

चउगोउरसंजुत्ता तडवेदी तम्मि होदि कणयमई । चरियट्टालयचारू[6] दारोवरि जिणपुरेहिं रमयारा ॥ ७८

विजयपुरम्मि विचित्ता पासादा विविहरयणकणयमया । समचउरस्सा दीहा अणेयसंठाणसोहिल्ला ॥ ७९

कुंदेंदुसंखधवला मरगयवण्णा सुवण्णसंकासा । वरपउमरायसरिसा विचित्तवण्णंतरा पउरा ॥ ८०

ओलँगगमंतभूसणअभिसेउप्पत्तिमेहुणादीणं[7][8] । सालाओ विसालाओ रयणमईओ विराजंति ॥ ८१

विजयादिक द्वारोंमेंसे प्रत्येकका विस्तार पांचसौ योजन और उंचाई सातसौ पचास योजनप्रमाण है ॥ ७३ ॥ विस्तार यो. ५००, उत्सेध ७५० ।

द्वारोंपर स्थित पुरोंमेंसे प्रत्येकका विस्तार दो योजन और उंचाई चार योजनमात्र है, ऐसा कितने ही आचार्य प्ररूपण करते हैं ॥ ७४ ॥ विस्तार २, उत्सेध ४ यो. । पाठांतर ।

इन द्वारोंके अधिपति व्यन्तर देव हैं। द्वारोंके जो नाम हैं, वे ही नाम रक्षाके निमित्तसे इन देवोंके भी हैं ॥ ७५ ॥

ये देव एक पल्योपमप्रमाण आयुके भोक्ता, दश धनुषप्रमाण उन्नत उत्तम शरीरवाले, दिव्य निर्मल मुकुटके धारक, और हजारों देवियोंसे सहित हैं ॥ ७६ ॥

द्वारके ऊपर आकाशमें बारह हजार योजन लंबा और इससे आधे विस्तारवाला विजयदेवका नगर है ॥ ७७ ॥ लंबाई १२०००; विस्तार ६००० यो. ।

उस विजयपुरमें चार गोपुरोंसे संयुक्त सुवर्णमयी तटवेदी है, जो मार्ग व अट्टालिकाओंसे सुन्दर और द्वारोंके ऊपर स्थित जिनपुरोंसे रमणीय है ॥ ७८ ॥

विजयपुरमें नानाप्रकारके रत्नों और सुवर्णसे निर्मित, समचतुरस्र दीर्घ और अनेक आकृतियोंसे शोभायमान विचित्र प्रासाद हैं ॥ ७९ ॥

वे प्रासाद कुन्दपुष्प, चन्द्रमा एवं शंखके समान धवल, मरकत मणियों जैसे वर्णवाले, सुवर्णके सदृश, उत्तम पद्मरागमणियोंके समान व बहुतसे अन्य विचित्र वर्णोंवाले हैं ॥ ८० ॥

उपर्युक्त प्रासादोंमें ओलगशाला, मंत्रशाला, भूषणशाला, अभिषेकशाला, उत्पत्तिशाला और मैथुनशाला, इत्यादिक रत्नमई विशाल शालायें शोभायमान हैं ॥ ८१ ॥

१ द ब °देवो. २ द ब चित्तरया. ३ द रिक्खादे, ब रक्खादे. ४ द ब °धरदेहा. ५ द ब रयणम्मि. ६ द चरिमद्दालय°. ७ द ओगलं मंत°, ब पुउलंगमंत°. ८ ब °उप्पच्छि°.

ते पासादा सव्वे विचित्तवणसंडमंडणा रम्मा । दिप्पंतरयणदीवा वरधूवघडेहिं संजुत्ता ॥ ८२
सत्तट्ठणवदसादियविचित्तभूमीहिं भूसिदा विउला । धुव्वंतधयवडाया[1] अकट्टिमा सुट्ठु सोहंति ॥ ८३
पासरसवण्णवररणिगंधेहिं बहुविधेहिं कदसरिसा । उज्जलविचित्तबहुविधसयणासणणिवहसंपुण्णा ॥ ८४
एदस्सिं[2] णयरवरे बहुविहपरिवारपरिगदो[3] णिच्चं । देवीजुत्तो[4] भुंजदि उवचारसुहाइं विजयसुरो[5] ॥ ८५
एवं अवसेसाणं देवाणं पुरवराणि रम्माणि । दारोवरिमपदेसे[6] णहम्मि जिणभवणजुत्ताणि ॥ ८६
जगदीए अब्भंतरभागे[7] बेकोसवाससंजुत्ता । भूमितले वणसंडा[8] वरतरुणियरा विराजंति ॥ ८७
तं उज्जाणं सीयलछायं वरसुरहिकुसुमपरिपुण्णं । दिव्वामोदसुगंधं सुरखेयरमिहुणमणहरणं ॥ ८८
बे कोसा उव्विद्धा उज्जाणवणस्स वेदिया दिव्वा । पंचसयचावरुंदा कंचणवररयणणियरमई[9] ॥ ८९

। जगदी सम्मत्ता ।

तस्सिं जंबूदीवे सत्तविहा होंति जणपदा पवरा । एदाणं[10] विच्चाले छक्कुलसेला विरायंते ॥ ९०

वे सब भवन विचित्र वनसमूहोंसे सुशोभित, रमणीय, प्रदीप्त रत्नदीपकोंसे युक्त, श्रेष्ठ धूपघटोंसे संयुक्त; सात, आठ, नौ, और दश इत्यादि विचित्र भूमियोंसे विभूषित; विशाल, फहराती हुई ध्वजापताकाओंसे सहित, और अकृत्रिम होते हुए अच्छीतरह शोभायमान हैं ॥ ८२-८३ ॥

उपर्युक्त भवन नानाप्रकारके स्पर्श, रस, वर्ण, उत्तम ध्वनि एवं गन्धसे सदृशताको प्राप्त और उज्वल एवं विचित्र बहुत प्रकारके शयन तथा आसनोंके समूहसे परिपूर्ण हैं ॥ ८४ ॥

इस श्रेष्ठ नगरमें बहुतप्रकारके परिवारसे परिपूर्ण विजयदेव अपनी देवियोंसे युक्त होकर सर्वदा उपचारसुखोंको भोगता है ॥ ८५ ॥

इसीप्रकार अन्य द्वारोंके उपरिम भागपर आकाशमें जिनभवनोंसे युक्त अवशिष्ट देवोंके रमणीय उत्तम नगर हैं ॥ ८६ ॥

जगतीके अभ्यन्तरभागमें पृथ्वीतलपर दो कोस विस्तारसे युक्त और उत्तम वृक्षोंके समूहोंसे परिपूर्ण वनसमूह शोभायमान हैं ॥ ८७ ॥

वह उद्यान शीतल छायासे युक्त, उत्तम सुगन्धित पुष्पोंसे परिपूर्ण, दिव्य सुगन्धसे सुगंधित और देव एवं विद्याधरयुगलोंके चित्तको हरनेवाला है ॥ ८८ ॥

सुवर्ण एवं उत्तमोत्तम रत्नोंके समूहसे निर्मित उस उद्यानवनकी दिव्य वेदिका दो कोस ऊंची और पांचसौ धनुषप्रमाण चौड़ी है ॥ ८९ ॥

जगतीका वर्णन समाप्त हुआ।

उस जंबूद्वीपके बीचमें सात प्रकारके श्रेष्ठ जनपद हैं और इन जनपदोंके अन्तरालमें छह कुलाचल शोभायमान हैं ॥ ९० ॥

१ द जुत्तंतरपरदाया, ब दुच्छंतरपरदाया. २ द ब एदेसिं. ३ द ब °परिभदा. ४ द ब जुत्ता. ५ द ब विजयपुरा. ६ द ब °पवेसे. ७ द ब °भागो. ८ द ब °संडो. ९ द ब °तणु°. १० द ब एदाणि.

दक्खिणदिसाए भरहो हेमवदो हरिविदेहरम्माणि । हेरण्णवदेरावदवरिसा कुलपव्वदंतरिदा ॥ ९१
कप्पतरुधवलछत्ता वरउववणचामरेहिं चारुधरा । वरकुंडकुंडलेहिं विचित्तरूवेहिं रमणिज्जा ॥ ९२
वरवेदीकडिसुत्ता बहुरयणुज्जलणगिंदमउडधरा । सरिजलपवाहहारा खेत्तणरिंदा विराजंति ॥ ९३
हिमवंतमहाहिमवंतणिसिधणील[1]द्दिरुम्मिसिहरिगिरी । मूलोवरिसमवासा पुव्वावरजलधीहिं[2] संलग्गा ॥ ९४
एदे हेमज्जुणतवणिज्जयवेरुलियरजदहेममया । एक्कदुचदुचदुदुगइगिजोयणसयउदयसंजुदा कमसो ॥ ९५

१०० । २०० । ४०० । ४०० । २०० । १०० ।

वरदहसिदादवत्ता[3] सरि[4]चामरविज्जमाणया परिदो । कप्पतरुचारुचिंधा[5] वसुम[6]ईसिंहासणारूढा ॥ ९६
वरवेदीकडिसुत्ता विविहुज्जलरयणकूडमउडधरा । अंबरणिज्झरहारा चंचलतरुकुंडलाभरणा ॥ ९७
गोउरतिरीटरम्मा पायारसुगंधकुसुमदामग्गा । सुरपुरकंठाभरणा [7]वणराजिविचित्तवत्थकयसोहा ॥ ९८
तो[8]रणकंकणजुत्ता वज्जपणा[9]लीफुरंतकेयूरा । जिणवरमंदिरतिलया भूधरराया विराजंति ॥ ९९

दक्षिण दिशासे लेकर भरत, हैमवत, हरि, विदेह, रम्यक, हैरण्यवत और ऐरावत, ये सात क्षेत्र हैं, जो कुलपर्वतोंसे विभक्त हैं ॥ ९१ ॥

कल्पवृक्षरूपी सफेद छत्रसे विभूषित, उत्तम उपवनरूपी चामरोंसे शोभित पृथिवीसे युक्त, विचित्र रूपवाले उत्तम कुण्डरूपी कुण्डलोंसे रमणीय, उत्तम वेदीरूपी कटिसूत्रसे अलंकृत, बहुत प्रकारके रत्नोंसे उज्वल कुलपर्वतरूपी मुकुटको धारण करनेवाले, और नदियोंके जलप्रवाहरूपी हारसे संयुक्त, ऐसे ये भरतादिक क्षेत्ररूपी राजा विराजमान हैं ॥ ९२-९३ ॥

हिमवान्, महाहिमवान्, निषध, नील, रुक्मि और शिखरी, ये छह कुलपर्वत मूलमें व ऊपर समान विस्तारसे युक्त तथा पूर्वापर समुद्रोंसे संलग्न हैं ॥ ९४ ॥

सुवर्ण, चांदी, तपनीय, वैडूर्यमणि, रजत और सुवर्णके समान वर्णवाले ये छहों कुलपर्वत क्रमसे एकसौ, दोसौ, चारसौ, चारसौ, दोसौ और एकसौ योजनप्रमाण उंचाईसे संयुक्त हैं ॥ ९५ ॥

हिम. १००, महा. २००, निषध ४००, नील ४००, रुक्मि २००, शिखरी १०० यो.

उत्तम द्रहरूपी सफेद छत्रसे विभूषित, चारों ओर नदीरूपी चामरोंसे वीज्यमान, कल्पवृक्षरूपी सुन्दर चिह्नोंसे सहित, वसुमतीरूपी सिंहासनपर विराजमान, उत्तम वेदीरूपी कटिसूत्रसे युक्त, विविध प्रकारके उज्वल रत्नोंके कूटरूपी मुकुटको धारण करनेवाले, आकाशके निर्झररूपी हारसे शोभायमान, चंचल वृक्षरूपी कुण्डलोंसे भूषित, गोपुररूप किरीटसे सुन्दर, कोटरूपी सुगन्धित फूलोंकी मालासे अग्रभागमें सुशोभित, सुरपुररूपी कण्ठाभरणसे अभिराम, वनपंक्तिरूप विचित्र वस्त्रोंसे शोभायमान, तोरणरूपी कंकणसे युक्त, वज्रप्रणालीरूपी स्फुरायमान केयूरोंसे सहित, और जिनालयरूप तिलकसे मनोहर, ऐसे कुलाचलरूपी राजा विराजमान हैं ॥ ९६-९९ ॥

१ द ब णीलद्धि. २ द ब जलदेहिं. ३ द ब वरदा हसिदा रत्ता. ४ द ब सवि°. ५ द ब °चारुविंदा. ६ द ब वसुहमही°. ७ ब वरराजि°. ८ द ब तारिण°. ९ द वज्जफणाली°.

णउदीजुदसदभजिदे जंबूदीवस्स वासपरिमाणे । जं लद्धं तं रुंदं भरहक्खेत्तम्मि णादव्वं ॥ १००
पुव्वावरदो दीहा सत्त वि खेत्ता अणादिविण्णासा । कुलगिरिकयमज्जादा वित्थिण्णा दक्खिणुत्तरदो ॥ १०१
भरहम्मि होदि एक्का तत्तो दुगुणा य चुल्लहिमवंते[1] । एवं दुगुणा दुगुणा[2] होदि सलाया विदेहंतं ॥ १०२

१ । २ । ४ । ८ । १६ । ३२ । ६४ ।

अद्धं खु विदेहादो णीले णीलादु रम्मके होदि । एवं अद्धद्धाओ एरावदखेत्तपरियंतं ॥ १०३

३२ । १६ । ८ । ४ । २ । १ ।

वरिसादीण सलाया[3] मिलिदे णउदीयमधियमेक्कसयं । एसा जुत्ती हारस्स भासिदा आणुपुव्वीए ॥ १०४
भागभाजिदम्मि लद्धं पणसयछव्वीसजोयणाणिं[4] पि । छच्चिय[5] कला य कहिदो भरहक्खेत्तम्मि विक्खंभो ॥ १०५

५२६ । $\frac{६}{१९}$ ।

जम्बूद्वीपके विस्तारप्रमाणमें एकसौ नब्बैका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना भरत क्षेत्रका विस्तार समझना चाहिये ॥ १०० ॥

सातों क्षेत्र पूर्व-पश्चिममें लंबे, अनादि रचनायुक्त (अनादिनिधन), कुलाचलोंसे सीमित, और दक्षिण-उत्तरमें विस्तीर्ण हैं ॥ १०१ ॥

भरत क्षेत्रमें एक शलाका है, क्षुद्र हिमवान् पर्वतकी शलाकायें भरत क्षेत्रसे दूनी हैं, इसीप्रकार विदेह क्षेत्रपर्यन्त शलाकायें दूनी दूनी हैं ॥ १०२ ॥

भरत १, हिम. २, हैम. ४, महा. ८, हरि १६, निषध ३२, विदेह ६४ ।

विदेहसे आधी शलाकायें नील पर्वतमें और नील पर्वतसे आधी रम्यक क्षेत्रमें हैं । इसीप्रकारसे ऐरावत क्षेत्रपर्यन्त शलाकायें उत्तरोत्तर आधी आधी होती गई हैं ॥ १०३ ॥

नील ३२, रम्यक १६, रुक्मि ८, हैर. ४, शिखरी २, ऐरा. १.

क्षेत्रादिकोंकी शलाकायें मिलकर एकसौ नब्बै होती हैं । इसप्रकार अनुक्रमसे यह हार (भाजक) की युक्ति बतलायी गयी है ॥ १०४ ॥

$$१ + २ + ४ + ८ + १६ + ३२ + ६४ + ३२ + १६ + ८ + ४ + २ + १ = १९०$$

उपर्युक्त रीतिसे जम्बूद्वीपके विस्तारमें एकसौ नब्बैका भाग देनेपर लब्ध हुए पांचसौ छब्बीस योजन और छह कलाप्रमाण (छह बटे उन्नीस) भरत क्षेत्रका विस्तार कहा गया है ॥ १०५ ॥ जम्बूद्वीपका विस्तार $१००००० \div १९० = ५२६\frac{६}{१९}$ यो. भरत क्षे. का विस्तार ।

---

१ द ब 'हिमवंतो. २ ब दुगुणदुगुणा. ३ ब ललायां. ४ द 'जोयणायं. ५ द ब छव्विह.

वरिसा दुगुणो अद्दी अद्दीदो[1] दुगुणिदो परो वरिसो । जाव विदेहं होदि हु तत्तो अद्धद्धहाणीए ॥ १०६

१०५२ । $\frac{१२}{१९}$ | २१०५ । $\frac{५}{१९}$ | ४२१० । $\frac{१०}{१९}$ | ८४२१ । $\frac{१}{१९}$ | १६८४२ । $\frac{२}{१९}$ | ३३६८४ । $\frac{४}{१९}$ |

१६८४२ । $\frac{२}{१९}$ | ८४२१ । $\frac{१}{१९}$ | ४२१० । $\frac{१०}{१९}$ | २१०५ । $\frac{५}{१९}$ | १०५२ । $\frac{१२}{१९}$ | ५२६ । $\frac{६}{१९}$ |

। एवं विण्णासो सम्मत्तो ।

भरहखिदीबहुमज्झे विजयड्ढो णाम भूधरो तुंगो । रजदमओ [2]चेट्ठेदि हु णाणावररयणरमणिज्जो ॥ १०७

पणुवीसजोयणुदओ वुत्तो[3] तद्दुगुणमूलविक्खंभो । उदयतुरिमंसगाढो जलणिहिपुट्ठो तिसेढिगओ ॥ १०८

२५ । ५० । $\frac{२५}{४}$ ।

दसजोयणाणि उवरिं गंतूणं तस्स दोसु पासेसुं । विज्जाहराण सेढी एक्केक्का जोयणाणि दस रुंदा ॥ १०९

१० ।

विजयड्ढायामेणं हुवंति विज्जाहराण सेढीओ । एक्केक्का तह वेदी णाणाविहतोरणेहिं कियसोहा ॥ ११०

दक्खिणदिससेढीए पण्णास पुराणि पुव्ववरदिसम्मि[4] । उत्तरसेढीए तह णयराणिं[5] सट्ठि चेट्ठंति ॥ १११

द ५० । उ ६० ।

वर्षसे दूना कुलपर्वत और पर्वतसे दूना आगेका वर्ष, इसप्रकार विदेह क्षेत्रपर्यन्त क्षेत्रसे पर्वत और पर्वतसे क्षेत्रके विस्तारमें क्रमशः दूनी दूनी वृद्धि होती गयी है। इसके पश्चात् क्रमशः क्षेत्रसे पर्वत और पर्वतसे क्षेत्रका विस्तार आधा आधा होता गया है ॥ १०६ ॥

हिमवान् १०५२ $\frac{१२}{१९}$, हैम. २१०५ $\frac{५}{१९}$, महाहि. ४२१० $\frac{१०}{१९}$, हरि ८४२१ $\frac{१}{१९}$, निषध १६८४२ $\frac{२}{१९}$, विदेह ३३६८४ $\frac{४}{१९}$, नील १६८४२ $\frac{२}{१९}$, रम्यक ८४२१ $\frac{१}{१९}$, रुक्मि ४२१० $\frac{१०}{१९}$, हैर. २१०५ $\frac{५}{१९}$, शिखरी १०५२ $\frac{१२}{१९}$, ऐरावत ५२६ $\frac{६}{१९}$ । इसप्रकार विन्यास समाप्त हुआ।

भरत क्षेत्रके बहुमध्यभागमें रजतमय और नानाप्रकारके उत्तम रत्नोंसे रमणीय विजयार्द्ध नामक उन्नत पर्वत स्थित है ॥ १०७ ॥

वह पर्वत पच्चीस योजन ऊंचा, इससे दूने अर्थात् पचास योजनप्रमाण मूलमें विस्तारसे युक्त, उंचाईके चतुर्थ भागप्रमाण (६$\frac{१}{४}$ यो.) नीवसे सहित, पूर्वापर समुद्रको स्पर्श करनेवाला, और तीन श्रेणियोंमें विभक्त कहा गया है ॥ १०८ ॥ ऊंचा २५, मूलविस्तार ५०, अवगाह $\frac{२५}{४}$ यो. ।

दश योजन ऊपर जाकर उस पर्वतके दोनों पार्श्वभागोंमें दश योजन विस्तारसे युक्त विद्याधरोंकी एक एक श्रेणी है ॥ १०९ ॥ १० ।

विजयार्द्धके आयामप्रमाण विद्याधरोंकी श्रेणियां तथा नानाप्रकारके तोरणोंसे शोभायमान एक एक वेदिका है ॥ ११० ॥

पूर्वसे पश्चिम दिशाकी ओर दक्षिण दिशाकी श्रेणीमें पचास, और उत्तर श्रेणीमें साठ नगर स्थित हैं ॥ १११ ॥ द. श्रे. ५० । उ. श्रे. ६० ।

१ द ब वरिसाद् दुगुणवड्ढी आदीदो. २ द वट्टेदि. ३ द ब जुत्ता. ४ द °वहुदम्मि, ब °वहुदिम्मि. ५ ब णयराणं.

तण्णामा किंणामिदकिंणरगीदाइं तह य णरगीदं । बहुकेदुपुंडरीया सीहद्धयसेदकेदूइं ॥ ११२
गरुडद्धयं सिरिप्पहसिरिधरलोहग्गला[1] अरिंजयकं । वइरग्गलवइरड्ढा[2] विमोजिया जयपुरी य सगडमुही ॥ ११३
[3]चदुमुहबहुमुहअरजक्खयाणि विरजक्खणामविक्खादं । तत्तो रहणेउरमेहलग्गखेमंपुरावराजिदया ॥ ११४
णामेण कामपुप्फं गयणचरी विजयचरियसुक्कपुरी । तह संजयंतणयरी जयंतविजयवइजयंतं च ॥ ११५
खेमंकरचंदाभा सूराभपुरुत्तमापुराइं पि[4] । चित्तमहाकूडाइं सुवण्णकूडा तिकूडा य ॥ ११६
वइचित्तमेहकूडा[5] तत्तो वइसवणकूडसूरपुरा । चंदं णिच्चुज्जोयं विमुही तह णिच्चवाहिणी सुमुही ॥ ११७
५० ।

[6]अज्जुणअरुणीकइलासवारुणीओ[7] य विज्जुपहणामा । किलकिलचूडामणियं ससिपहवंसालपुप्फचूलाइं ॥ ११८
णामेण हंसगब्भं बलाहकसिवंकरा सिरिसउधं । चमरं सिवमंदिरवसुवक्खावसुमाइमा णामा ॥ ११९
सव्वत्थपुरं सत्तुंजयं च णामेण केदुमालं ति । सुरवइकंतं तह गगणणंदणं पुरमसोगं च ॥ १२०
तत्तो विसोकयं वीदसोकअलकाइतिलकणामं च । अंबरतिलकं मंदरकुमुदा कुंदं च गयणवल्लभयं ॥ १२१
दिव्वतिलयं च भूमीतिलयं गंधव्वपुरवरं तत्तो । मुत्ताहरणइमिसणामं तहग्गिजालमहजाला[8] ॥ १२२
णामेण सिरिणिकेदं जयावहं सिरिणिवासमणिवज्जं । भद्दस्सव्वधणंजयमाहिंदो विजयणयरं च ॥ १२३
तह य सुगंधिणिवेरद्धदरा[9] गोखीरफेणमक्खोभा । गिरिसिहरधरणिवारणिदुग्गाइं दुद्धरं सुदंसणयं ॥ १२४
रयणायररयणपुरा उत्तरसेढीय सट्ठि णयरीओ । विजयद्धायामेणं विरचिदपंतीय णिवसंति ॥ १२५
६० ।

उन नगरोंके नाम ये हैं— किंनामित, किन्नरगीत, नरगीत, बहुकेतु, पुण्डरीक, सिंहध्वज, श्वेतकेतु, गरुड़ध्वज, श्रीप्रभ, श्रीधर, लोहार्गल, अरिंजय, वज्रार्गल, वज्राढ्य, विमोचिता, जयपुरी, शकटमुखी, चतुर्मुख, बहुमुख, अरजस्का, विरजस्का, रथनूपुर, मेखलाग्र, क्षेमपुर, अपराजित, कामपुष्प, गगनचरी, विजयचरी (विनयपुरी), शुक्रपुरी, संजयंत नगरी, जयंत, विजय, वैजयंत, क्षेमंकर, चन्द्राभ, सूर्याभ, पुरोत्तम, चित्रकूट, महाकूट, सुवर्णकूट, त्रिकूट, विचित्रकूट, मेघकूट, वैश्रवणकूट, सूर्यपुर, चन्द्र, नित्योद्योत, विमुखी, नित्यवाहिनी और सुमुखी, ये पचास नगरियां दक्षिण श्रेणीमें हैं ॥ ११२–११७ ॥ ५० ।

अर्जुनी, अरुणी, कैलाश, वारुणी, विद्युत्प्रभ, किलकिल, चूडामणि, शशिप्रभ, वंशाल, पुष्पचूल, हंसगर्भ, वलाहक, शिवंकर, श्रीसौध, चमर, शिवमंदिर, वसुमत्का, वसुमती, सर्वार्थपुर, (सिद्धार्थपुर), शत्रुंजय, केतुमाल, सुरपतिकान्त, गगननन्दन, अशोक, विशोक, वीतशोक, अलका, तिलक, अंबरतिलक, मन्दर, कुमुद, कुंद, गगनवल्लभ, दिव्यतिलक, भूमितिलक, गन्धर्वपुर, मुक्ताहर, नैमिष, अग्निज्वाल, महाज्वाल, श्रीनिकेत, जयावह, श्रीनिवास, मणिवज्र, भद्राश्व, धनंजय, माहेन्द्र, विजयनगर, सुगन्धिनी, वज्रार्द्धतर, गोक्षीरफेन, अक्षोभ, गिरिशिखर, धरणी, वारिणी (धारिणी), दुर्ग, दुर्द्धर, सुदर्शन, रत्नाकर और रत्नपुर, ये उत्तरश्रेणीमें साठ नगरियां हैं, जो विजयार्द्धकी लम्बाईमें पंक्तिसे स्थित हैं ॥ ११८–१२५ ॥ ६० ।

१ द ब लोयग्गला. २ द ब °वइरंदा. ३ द ब चंदुमुह°. ४ द ब °पुवाइं पि. ५ द ब हेमकूडा. ६ द ब अंजुल. ७ ब कइलासे. ८ द ब तह अग्गि°. ९ द ब °वेरंतदराणं खीर°.

विज्जाहरणयरवरा अणाइणिहणा सहावणिप्पण्णा । णाणाविहरयणमया गोउरपासायतोरणादिजुदा ॥ १२६
उज्जाणवणसंजुत्ता पोक्खरणीकूवदिग्घियासहिदा । धुव्वंतधयवडाया[1] पासादा ते च रयणमया ॥ १२७
णाणाविहजिणगेहा विज्जाहरपुरवरेसु रमणिज्जा । वररयणकंचणमया ट्ठाणट्ठाणेसु[2] सोहंति ॥ १२८
वणसंडवत्थणाहा वेदीकडिसुत्तएहि[3] कंतिल्ला । तोरणकंकणजुत्ता[4] विज्जाहररायभवणमउडधरा[5] ॥ १२९
मणिगिहकंठाभरणा चलंतहिंदोलकुंडलेहिं जुदा । जिणवरमंदिरतिलया णयरणरिंदा विरायंति ॥ १३०
[6]पुप्फिदकमलवणेहिं वावीणिचएहिं मंडिया विउला । पुरबाहिरभूभागा उज्जाणवणेहिं रेहंति ॥ १३१
कल्हारकमलकुवलयकुमुदुज्जलजलपवाहपडहत्था । दिव्वतलाया विउला तेसु पुरेसुं विरायंति ॥ १३२
जमणालवल्लतुवरीतिलजवगोधुम्ममासपहुदीहिं । सव्वेहिं सुधण्णेहिं[7] पुराइं सोहंति भूमीहिं ॥ १३३
बहुदिव्वगामसहिदा दिव्वमहापट्टणेहिं रमणिज्जा । कव्वडदोणमुहेहिं संवाहमडंबएहि परिपुण्णा ॥ १३४
रयणाण यायरेहिं[8] विभूसिदा पउमरायपहुदीणं[9] । दिव्वणरेहिं[10] पुण्णा धणधण्णसमिद्धिरम्मेहिं ॥ १३५

उपर्युक्त विद्याधरोंके श्रेष्ठ नगर अनादिनिधन, स्वभावसिद्ध, अनेकप्रकार रत्नमय, तथा गोपुर, प्रासाद और तोरणादिसे सहित हैं ॥ १२६ ॥

उन नगरोंमें उद्यान-वनोंसे संयुक्त; पुष्करिणी, कूप एवं दीर्घिकाओंसे सहित, और फहराती हुई ध्वजा-पताकाओंसे सुशोभित रत्नमय प्रासाद हैं ॥ १२७ ॥

इन श्रेष्ठ विद्याधरपुरोंमें रमणीय, उत्तम रत्न और सुवर्णमय नानाप्रकारके जिनमंदिर स्थान स्थानपर शोभायमान होते हैं ॥ १२८ ॥

वनखंडरूपी वस्त्रसे आच्छादित, वेदिकारूप कटिसूत्रसे कान्तिमान्, तोरणरूपी कंकणसे युक्त, विद्याधरोंके राजभवनरूप मुकुटको धारण करनेवाले, मणिगृहरूप कंठाभरणसे विभूषित, चंचल हिंडोलेरूप कुण्डलोंसे युक्त, और जिनेन्द्रमन्दिररूपी तिलकसे सुशोभित, ऐसे विद्याधरनगर-रूपी राजा विराजमान हैं ॥ १२९-१३० ॥

नगरके बाहरी विशाल प्रदेश प्रफुल्लित कमलवनोंवाले और वापीसमूहोंसे युक्त उद्यानवनोंसे मंडित होते हुए शोभायमान हैं ॥ १३१ ॥

उन नगरोंमें कल्हार, कमल, कुवलय, और कुमुदोंसे उज्वल जलप्रवाहसे परिपूर्ण बहुत दिव्य तालाब शोभायमान हैं ॥ १३२ ॥

यवनाल (जुवार), वल्ल, तूवर, तिल, जौ, गेहूं, और उड़द, इत्यादिक समस्त उत्तम धान्योंसे युक्त भूमियोंद्वारा वे नगर शोभाको प्राप्त हैं ॥ १३३ ॥

वे नगर बहुत दिव्य ग्रामोंसे सहित, दिव्य महापट्टनोंसे रमणीय; कर्वट, द्रोणमुख, संवाह, और मटंबोंसे परिपूर्ण; पद्मरागादिक रत्नोंकी खानोंसे विभूषित, और धन-धान्यकी वृद्धिसे रमणीय दिव्य मनुष्योंसे परिपूर्ण हैं ॥ १३४--१३५ ॥

---

१ द ब धुव्वंतरयवदाया. २ द ब ताण ट्ठाणेसु. ३ द वेदीवडि°. ४ द °कंचण°. ५ द ब भवणमोड°. ६ द ब पुव्विद°. ७ द सुधणेहिं. ८ ब सयायारहिं. ९ द ब पंचमराय°. १० द ब °णयरेहिं.

जंबकुमारसरिच्छो[1] बहुविहविज्जाहिं संजुदा पवरा । विज्जाहरा मणुस्सा छक्कम्मजुदा हुवंति सदा ॥ १३६

अच्छरसरिच्छरूवा अहिणवलावण्णदिव्वरमणिज्जा । विज्जाहरवणिताओ बहुविहविज्जासमिद्धाओ ॥ १३७

कुलजाईविज्जाओ साहियविज्जा अणेयभेयाओ । विज्जाहरपुरिसपुरंधियाणं[2] वरसोक्खजणणीओ ॥ १३८

रम्मुज्जाणेहिं जुदा होंति हु विज्जाहराण सेढीओ । जिणभवणभूसिदाओ को सक्कइ वण्णिदुं सयलं ॥ १३९

दसजोयणाणि तत्तो उवरिं गंतूण दोसु पासेसुं । अभियोगामरसेढी दसजोयणवित्थरा[3] होदि ॥ १४०

वरकप्परुक्खरम्मा फलिदेहिं उववणेहि परिपुण्णा । वावितलायप्पउरा वरअच्छरकीडणेहिं जुदा ॥ १४१

कंचणवेदीसहिदा वरगोउरसुंदरा य बहुचित्ता । मणिमयमंदिरबहुला परिखापायारपरियरिया ॥ १४२

सोहम्मसुरिंदस्स य वाहणदेवा हुवंति वितरया[4] । दक्खिणउत्तरपासेसु तिए वरदिव्वरूवधरा ॥ १४३

अभियोगपुरेहिंतो[5] गंतूणं पंचजोयणाणि तदो । दसजोयणवित्थिण्णं वेयड्ढगिरिस्स वरसिहरं ॥ १४४

उन नगरोंमें रहनेवाले उत्तम विद्याधर मनुष्य जम्बुकुमार (कामदेव) के समान बहुतप्रकारकी विद्याओंसे संयुक्त और सदा छह कर्मोंसे सहित हैं ॥ १३६ ॥

विद्याधरोंकी स्त्रियां अप्सराओंके सदृश रूपसे युक्त, नवीन दिव्य लावण्यसे रमणीय, और बहुत प्रकारकी विद्याओंसे समृद्ध हैं ॥ १३७ ॥

अनेकप्रकारकी कुलविद्याएं, जातिविद्याएं और साधितविद्याएं विद्याधर पुरुष एवं पुरंध्रियोंको उत्तम सुखकी देनेवाली हैं ॥ १३८ ॥

विद्याधरोंकी श्रेणियां रमणीय उद्यानोंसे युक्त और जिनभवनोंसे भूषित हैं। इनका सम्पूर्ण वर्णन करनेके लिये कौन समर्थ हो सकता है ? ॥ १३९ ॥

विद्याधरश्रेणियोंसे आगे दश योजन ऊपर जाकर विजयार्धके दोनों पार्श्वभागोंमें दश योजन विस्तारवाली आभियोग्य देवोंकी श्रेणी है ॥ १४० ॥

यह श्रेणी उत्कृष्ट कल्पवृक्षोंसे रमणीय, फलित उपवनोंसे परिपूर्ण, प्रचुर वापी एवं तलावोंसे सहित, उत्तम अप्सराओंकी क्रीड़ाओंसे युक्त, सुवर्णमय वेदीसे सहित, उत्कृष्ट गोपुरोंसे सुन्दर, बहुत चित्रोंसे युक्त, बहुतसे मणिमय भवनोंसे परिपूर्ण, और परिखा एवं प्राकारसे वेष्टित है ॥ १४१–१४२ ॥

इस श्रेणीके दक्षिण-उत्तर पार्श्वभागोंमें उत्तम दिव्य रूपके धारी सौधर्म इन्द्रके व्यंतर वाहन देव हैं ॥ १४३ ॥

अभियोगपुरोंसे पांच योजन ऊपर जाकर दश योजन विस्तारवाला वैताढ्य पर्वतका उत्तम शिखर है ॥ १४४ ॥

१ द ब अंबकुमारसरिच्छो. २ द ब °पुरंवियाण. ३ द °वित्थदो. ४ द ब चित्तरया. ५ द ब पुराहिंतो.

तियसिंदचावसरिसं विसालवरवेदियाहि परियरियं । बहुतोरणदारजुदं[1] विचित्तरयणेहिं[2] रमणिज्जं ॥ १४५

तत्थ समभूमिभागे फुरंतवररयणकिरणणियरम्मि[3] । चेट्ठंते णव कूडा कंचणमणिमंडिया दिव्वा ॥ १४६

णामेहिं सिद्धकूडो पुव्वदिसंतो तदो भरहकूडो । खंडप्पवादणामो तुरिमो तह माणिभद्दो त्ति ॥ १४७

विजयड्ढकुमारो पुण्णतिमिस्सगुहाभिधाणो[4] य । उत्तरभरहो कूडो पच्छिमयंतम्मि वेसमणो ॥ १४८

कूडाणं उच्छेहो पुह पुह छज्जोयणाणि इगिकोसं । तेत्तियमेत्तं णियमा हुवेदि मूलम्मि विक्खंभो ॥ १४९

जो ६ को १ । जो ६ को १ ।

तस्सद्धं वित्थारो पत्तेक्कं होदि कूडसिहरम्मि । मूलसिहराण[5] रुंदं मेलिय दलिदम्मि मज्झस्स ॥ १५०

जो ३ को $\frac{१}{२}$ । जो ४ को $\frac{११}{४}$ ।

आदिमकूडे[6] चेट्ठदि जिणिंद[7]भवणं विचित्तधयमालं । वरकंचणरयणमयं[8] तोरणजुत्तं विमाणं च ॥ १५१

दीहत्तमेक्ककोसो विक्खंभो होदि कोसदलसम्मेत्तं[9] । गाउतियचरणभागो उच्छेहो जिणणिकेदस्स ॥ १५२

को १ । $\frac{१}{२}$ । $\frac{३}{४}$ ।

यह शिखर त्रिदशेन्द्रचाप अर्थात् इन्द्रधनुषके सदृश, विशाल व उत्तम वेदिकाओंसे वेष्टित, बहुत तोरणद्वारोंसे संयुक्त, और विचित्र रत्नोंसे रमणीय है ॥ १४५ ॥

वहांपर स्फुरायमान उत्तम रत्नोंके किरणसमूहोंसे युक्त समभूमिभागमें सुवर्ण और मणियोंसे मंडित दिव्य नौ कूट स्थित हैं ॥ १४६ ॥

पूर्व दिशाके अन्तमें सिद्धकूट, इसके पश्चात् भरतकूट, खण्डप्रपात, चतुर्थ माणिभद्र, विजयार्द्धकुमार, पूर्णभद्र, तिमिश्रगुह नामक, उत्तर भरतकूट और पश्चिम दिशाके अन्तमें वैश्रवण, ये उन नौ कूटोंके नाम हैं ॥ १४७-१४८ ॥

इन कूटोंकी उंचाई पृथक् पृथक् छह योजन और एक कोस, तथा इतना ही नियमसे मूलमें विस्तार भी है ॥ १४९ ॥ उंचाई यो. ६ को. १, मूलविस्तार यो. ६ को १ ।

प्रत्येक कूटका विस्तार शिखरपर इससे आधा अर्थात् तीन योजन और आधा कोस है । मूल और शिखरके विस्तारको मिलाकर आधा करनेपर जो प्रमाण हो उतना विस्तार उक्त कूटोंके मध्यमें है ॥ १५० ॥ शिखरपर यो. ३ को $\frac{१}{२}$, मध्यमें यो. ४ को $\frac{११}{४}$ ($\frac{६\frac{१}{४} + ३\frac{१}{८}}{२}$) ।

प्रथम कूटपर विचित्र ध्वजासमूहोंसे शोभायमान जिनेन्द्रभवन तथा उत्तम सुवर्ण और रत्नोंसे निर्मित तोरणोंसे युक्त विमान भी स्थित है ॥ १५१ ॥

उक्त जिनभवनकी लम्बाई एक कोस, चौड़ाई आधा कोस, और उंचाई गव्यूतिके तीन चौथाई भागप्रमाण है ॥ १५२ ॥ दीर्घता १, विष्कंभ $\frac{१}{२}$, उत्सेध $\frac{३}{४}$ कोस ।

---

१ द °हारजुदं. २ °रयणम्मि. ३ द पुरत्त°, ब पुरंत°. ४ द ब °विधाणो. ५ द ब °सिहराणि. ६ द आदिमकूडो. ७ द जिणंद°. ८ द ब °मया. ९ द °समेत्तं.

कंचणपायारत्तयपरियरिओ गोउरेहिं संजुत्तो[1] । वरवज्जणीलविद्दुममरगयवेरुलियपरिणामो ॥ १५३

लंबंतरयणदामो णाणाकुसुमोपहारकयसोहो । गोसीरमलयचंदणकालागुरुधूवगंधड्ढो[2] ॥ १५४

वरवज्जकवाडजुदो बहुविहदारेहिं सोहिदो विउलो । वरमाणथंभसहिओ जिणिंदगेहो णिरुवमाणो ॥ १५५

भिंगारकलसदप्पणचामरघंटादवत्तपहुदीहिं । पूजादव्वेहिं तदो विचित्तवरवत्थएहिं[3] वा ॥ १५६

पुण्णायणायचंपयअसोयवउलादिरुक्खपुण्णेहिं । उज्जाणेहिं सोहदि विविहेहिं जिणिंदपासादो ॥ १५७

सच्छजलपूरिदाहिं कमलुप्पलसंडमंडणधराहिं[4] । पोक्खरणीहिं रम्मो मणिमयसोवाण[5]मालाहिं[6] ॥ १५८

तस्सिं जिणिंदपडिमा अट्ठमहामंगलेहिं संपुण्णा । सीहासणादिसहिदा चामरकरणागजक्खमिहुणजुदा ॥ १५९

भिंगारकलसदप्पणवीयणधयछत्तचमरसुपइट्ठा । इय अट्ठमंगलाइं पत्तेक्कं अट्ठअहियसयं ॥ १६०

किं तीए वण्णिज्जइ जिणिंदपडिमाय सासदड्ढीएं[7] । जा[8] हरइ सयलदुरियं सुमरणमेत्तेण भव्वाणं ॥ १६१

एवं हिरूवं पडिमं जिणस्स तत्थट्ठिदं भत्तिए सच्छचित्ता[9] ।
झायंति केई सुविणट्ठकम्मा ते मोक्खमग्गं[10] सकलं लहंते ॥ १६२

तीन सुवर्णमय प्राकारोंसे वेष्टित, गोपुरोंसे संयुक्त; उत्तम वज्र, नील, विद्रुम, मरकत और वैडूर्य मणियोंसे निर्मित; लटकती हुई रत्नमालाओंसे युक्त; नानाप्रकारके फूलोंके उपहारसे शोभायमान; गोशीर, मलयचंदन, कालागुरु और धूपकी गन्धसे व्याप्त; उत्कृष्ट वज्रकपाटोंसे युक्त, बहुतप्रकारके द्वारोंसे सुशोभित, विशाल और उत्तम मानस्तम्भोंसे सहित वह जिनेंद्रभवन अनुपम है ॥ १५३-१५५ ॥

वह जिनेंद्रप्रासाद झारी, कलश, दर्पण, चामर, घंटा और आतपत्र (छत्र) इत्यादि पूजाद्रव्योंसे; विचित्र व उत्तम वस्त्रोंसे; तथा नाग, पुंनाग, चंपक, अशोक और बकुलादिक वृक्षोंसे परिपूर्ण विविधप्रकारके उद्यानोंसे शोभायमान है ॥ १५६-१५७ ॥

वह जिनभवन स्वच्छ जलसे परिपूर्ण, कमल और नील कमलोंके समूहसे अलंकृत भूमिभागोंसे युक्त, और मणिमय सोपानपंक्तियोंसे शोभायमान, ऐसी पुष्करिणियोंसे रमणीय है ॥ १५८ ॥

उस जिनेन्द्रमन्दिरमें अष्ट महामंगलद्रव्योंसे परिपूर्ण, सिंहासनादिकसे सहित, और हाथमें चामरोंको लिये हुए नागयक्षोंके युगलसे युक्त, ऐसी जिनेन्द्रप्रतिमा विराजमान है ॥ १५९ ॥

झारी, कलश, दर्पण, व्यजन, ध्वजा, छत्र, चमर और सुप्रतिष्ठ (ठौना), इन आठ मंगलद्रव्योंमेंसे प्रत्येक वहां एकसौ आठ आठ हैं ॥ १६० ॥

जो स्मरणमात्रसे ही भव्य जीवोंके सम्पूर्ण पापको नष्ट करती है, ऐसी उस शाश्वत ऋद्धिसे युक्त जिनेन्द्रप्रतिमाका कितना वर्णन किया जाय ? ॥ १६१ ॥

उस जिनमन्दिरमें स्थित इसप्रकारकी सुन्दर जिनमूर्तिका जो कोई भव्य जीव निर्मलचित्त होकर भक्तिसे ध्यान करते हैं, वे कर्मोंको नष्ट करके सम्पूर्ण मोक्षमार्गको प्राप्त करते हैं ॥ १६२ ॥

१ द संजुत्ता. २ ब कालागरु. ३ द ब °वत्थसोहिं. ४ द °मंडणधराइं. ५ द ब सोहाण°. ६ द मालाइं. ७ ब सासदरिद्धीए. ८ ब जो. ९ द भत्तिपसत्थचित्तो, ब भत्तिए सच्छचित्तो. १० द ब मोक्खमाणं.

एसा जिणिंदप्पडिमा जणाणं[1] झाणंति णिच्चं सुबहुप्पयारं ।
भावाणुसारेण अणंतसोक्खं णिस्सेयसं अब्भुदयं च देदि[2] ॥ १६३

भरहादिसु कूडेसुं अट्ठसु वेंतरसुराण पासादा । वररयणकंचणमया वेदीगोउरदुवारकयसोहा ॥ १६४
उज्जाणेहिं जुत्ता मणिमयसयणासणेहिं परिपुण्णा । णच्चंतधयवडाया बहुविहवण्णा विरायंति ॥ १६५
बहुदेवदेविसहिदा वेंतरदेवाण होंति पासादा । जिणवरभवणपवण्णिदपासादसरिच्छरुंदादी ॥ १६६

को १ । १/२ । ३/४ ।

भरहे कूडे भरहो खंडप्पवादम्मि णट्टमालसुरो[3][4] । कूडम्मि माणिभद्दे अहिवइदेवो अ माणिभद्दो त्ति ॥ १६७
वेदड्ढकुमारसुरो वेयड्ढकुमारणामकूडम्मि[5] । चेट्ठेदि पुण्णभद्दो अहिणाहो होइ पुण्णभद्दम्मि ॥ १६८
तिमिसगुहम्मि य कूडे देवो णामेण वसदि कदमालो । उत्तरभरहे कूडे अहिवइदेवो भरहणामो ॥ १६९
कूडम्मि य वेसमणे वेसमणो णाम अहिवरो देवो । दसधणुदेहुच्छेहा[7] सव्वे ते एक्कपल्लाऊ ॥ १७०
बेगाऊविच्छिण्णा दोसु वि पासेसु गिरिसमायामा । वेयड्ढम्मि गिरिंदे वणसंडा होंति भूमितले[8] ॥ १७१

यह जिनेन्द्रप्रतिमा उसका ध्यान करनेवाले जीवोंको उनके भावोंके अनुसार नित्य अनन्तसुखस्वरूप मोक्ष एवं नानाप्रकारके अभ्युदयको भी देती है ॥ १६३ ॥

भरतादिक आठ कूटोंपर व्यन्तर देवोंके उत्तम रत्न और सुवर्णसे निर्मित, वेदी एवं गोपुर-द्वारोंसे शोभायमान, उद्यानोंसे युक्त, मणिमय शय्या और आसनोंसे परिपूर्ण, नाचती हुई ध्वजा-पताकाओंसे सुशोभित, और अनेक वर्णवाले प्रासाद विराजमान हैं ॥ १६४–१६५ ॥

ये व्यन्तर देवोंके प्रासाद बहुतसे देव-देवियोंसे सहित हैं । जिनभवनोंके वर्णनमें जो प्रासादोंके विस्तारादिका प्रमाण बतलाया जाचुका है, उसीके समान इनका भी विस्तारादिक जानना चाहिये ॥ १६६ ॥ दीर्घता १, विष्कंभ १/२, उत्सेध ३/४ कोस ।

भरत कूटपर भरत नामक देव, खण्डप्रपात कूटपर नृत्यमाल देव, और माणिभद्र कूटपर माणिभद्र नामक अधिपति देव है ॥ १६७ ॥

वैताढ्यकुमार नामक कूटपर वैताढ्यकुमार देव और पूर्णभद्र कूटपर पूर्णभद्र नामक अधिपति देव स्थित है ॥ १६८ ॥

तिमिश्रगुह कूटपर कृतमाल नामक देव और उत्तरभरत कूटपर भरत नामक अधिपति देव रहता है ॥ १६९ ॥

वैश्रवण नामक कूटपर वैश्रवण नामक अधिनायक देव है । ये सब देव दश धनुष ऊंचे शरीरके धारक और एक पल्योपमप्रमाण आयुसे युक्त हैं ॥ १७० ॥

वैताढ्य पर्वतके भूमितलपर दोनों पार्श्वभागोंमें दो गव्यूति विस्तीर्ण और पर्वतके बराबर लंबे वनखण्ड हैं ॥ १७१ ॥

१ द जिणाण. २ ब देहि. ३ द ब विंदपवादम्मि. ४ द ब सुरा. ५ द °कूटम्मि. ६ द ब अहिणामो. ७ द ब °देहुच्छेहो. ८ द ब भूमितलिं.

दोकोसं उच्छेहो[1] पणसयचावप्पमाणरुंदो दु[2] । वणवेदीआयारो[3] तोरणदारेहिं संजुत्तो ॥ १७२
चरियट्टालयचारू[4] णाणाविहजंतलक्खसंछण्णा । विविहवररयणखचिदा णिरुवमसोहा हि वेदीओ ॥ १७३
सव्वेसु उववणेसुं वेंतरदेवाण होंति वरणयरा । पायारगोउरजुदा जिणभवणविभूसिया विउला ॥ १७४
रजदणगे दोण्णि गुहा पण्णासा जोयणाणि दीहाओ । अट्ठं उव्विद्धाओ बारसविक्खंभसंजुत्ता ॥ १७५

५० । ८ । १२ ।

पुव्वाए तिमिसगुहा खंडपवादा[5] दिसाए अवराए[6] । वज्जकवाडेहि[7] जुदा अणादिणिहणा हि सोहंति ॥ १७६
जमलकवाडा दिव्वा होंति हु छज्जोयणाणि विच्छिण्णा । अट्ठुच्छेहा[8] दोसु वि गुहासु दाराण[9] पत्तेक्कं ॥ १७७
पण्णासजोयणाणिं वेयड्ढणगस्स मूलवित्थारो । तं भरहादो सोधिय[10] सेसद्धं दक्खिणद्धं तु ॥ १७८
दुसया अट्टत्तीसं तिण्णि कलाओ य दक्खिणद्धम्मि । तस्स सरिच्छपमाणो उत्तरभरहो हि णियमेण ॥ १७९

२३८ । $\frac{3}{19}$ ।

दो कोस उंचाई तथा पांचसौ धनुषप्रमाण विस्तारसे सहित और तोरणद्वारोंसे संयुक्त वनवेदीका आकार होता है ॥ १७२ ॥

ये वेदियां मार्ग और अट्टालिकाओंसे सुन्दर, नानाप्रकारके लाखों यंत्रोंसे व्याप्त, विविधप्रकारके उत्कृष्ट रत्नोंसे खचित, और अनुपम शोभाको धारणकरनेवाली हैं ॥ १७३ ॥

इन सब उपवनोंमें प्राकार और गोपुरोंसे युक्त, तथा जिनभवनोंसे भूषित व्यन्तरदेवोंके विशाल उत्कृष्ट नगर हैं ॥ १७४ ॥

रजतपर्वत अर्थात् विजयार्द्धमें पचास योजन लम्बी, आठ योजन ऊंची, और बारह योजन विस्तारसे युक्त दो गुफायें है ॥ १७५ ॥ दीर्घता ५०, उंचाई ८, विष्कंभ १२ यो.

इनमेंसे पूर्वमें तिमिश्र गुफा और पश्चिम दिशामें खण्डप्रपात गुफा है । ये दोनों गुफायें वज्रमय कपाटोंसे युक्त और अनादिनिधन होती हुई शोभायमान हैं ॥ १७६ ॥

दोनों ही गुफाओंमें द्वारोंके दिव्य युगल कपाटोंमेंसे प्रत्येक कपाट छह योजन विस्तीर्ण और आठ योजन ऊंचा है ॥ १७७ ॥

विजयार्द्ध पर्वतका विस्तार मूलमें पचास योजन है । इसको भरत क्षेत्रके विस्तारमेंसे कम करके शेषका आधा दक्षिण अर्द्ध भरत क्षेत्रका विस्तार होता ॥ १७८ ॥

दक्षिणार्द्ध भरतका विस्तार दोसौ अड़तीस योजन और एक योजनके उन्नीस भागोंमेंसे तीन भागप्रमाण है । इसीके सदृश विस्तारवाला नियमसे उत्तर भरत भी है ॥ १७९ ॥

(५२६$\frac{6}{19}$ – ५०) ÷ २, = २३८$\frac{3}{19}$ यो.

१ द दोकोसुं वित्थाओ, ब दोकोसुं वित्थारो. २ द ब °चावा पमाणरुंदो उ. ३ द ब ° आयारो होंति हु. ४ द चरियट्टले य. ५ द ब खंदपवाला. ६ द ब अवरधरा. ७ द ब °कवाडाहि. ८ द अट्ठवेयसिद्धाओ, ब अट्ठवेयसद्धाओ. ९ द ब दाराणि. १० द ब सोधय.

रुंदद्धं इसुहीणं वग्गिय अवणिज्ज रुंददलवग्गे । सेसं चउगुणमूलं जीवाए होदि परिमाणं ॥ १८०

बाणजुदरुंदवग्गे[1] रुंदकदी सोधिदूण दुगुणकदो । जं लद्धं तं होदि हु करणीचावस्स परिमाणं ॥ १८१

जीवाकदितुरिमंसा वासद्धकदीयं[2] सोहिदूण पदं । रुंदद्धम्मि विहीणो लद्धं[3] बाणस्स परिमाणं ॥ १८२

....

बाणसे रहित अर्द्ध विस्तारका वर्ग करके उसे विस्तारके अर्द्धभागके वर्गमेंसे घटा देनेपर अवशिष्ट राशिको चारसे गुणा करके प्राप्त राशिका वर्गमूल निकालनेपर जीवाका प्रमाण प्राप्त होता है ॥ १८० ॥

उदाहरण—विष्कंभ १ लाख योजन; बाण २३८ $\frac{३}{१९}$ = $\frac{४५२५}{१९}$ यो.

$$\sqrt{४ \left\{ \left(\frac{१०००००}{२} \right)^{२} - \left(\frac{१०००००}{२} - \frac{४५२५}{१९} \right)^{२} \right\}}$$

$$= \sqrt{४ \left(२५०००००००० - \frac{८९३९२२९७५६२५}{३६१} \right)}$$

$$= \sqrt{४ \times \frac{८५७७०२४३७५}{३६१}} = \sqrt{\frac{३४३०८०९७५००}{३६१}}$$

$= ९७४८ \frac{१२}{१९}$ योजन दक्षिण विजयार्धकी जीवाका प्रमाण ।

बाणसे युक्त व्यासके वर्गमेंसे व्यासके वर्गको घटाकर शेषको दुगुणा करनेपर जो प्राप्त हो वह धनुषका वर्ग होता है और उसका वर्गमूल धनुषका प्रमाण होता है ॥ १८१ ॥

उदाहरण—बाण २३८ $\frac{३}{१९}$; व्यास १ लाख योजन ।

$$२ \left\{ \left(१००००० + २३८ \frac{३}{१९} \right)^{२} - \left(१००००० \right)^{२} \right\}$$

$$= २ \left\{ \left(१००२३८ \frac{३}{१९} \right)^{२} - १०००००००००० \right\}$$

$$= २ \left\{ \frac{३६२७२१५४७५६२५}{३६१} - \frac{१००००००००००}{१} \right\}$$

$$= २ \left\{ \frac{१७२१५४७५६२५}{३६१} \right\}$$

$$= \frac{३४४३०९५१२५०}{३६१}$$

$= \left(\frac{१८५५५५}{१९} \right)^{२} = \left(९७६६ \frac{१}{१९} \right)^{२}$ धनुषका वर्ग,

$९७६६ \frac{१}{१९}$ धनुषका प्रमाण.

जीवाके वर्गके चतुर्थ भागको अर्ध विस्तारके वर्गमेंसे घटाकर शेषका वर्गमूल निकालनेपर जो प्राप्त हो उसे विस्तारके अर्ध भागमेंसे कम करदेनेपर शेष बाणका प्रमाण प्राप्त होता है ॥ १८२ ॥

....

१ ब रुंदवग्गो. २ द ब सावद्धकदीय. ३ द ब अद्धं.

एक्कसहस्सट्ठसया बाणउदी जोयणाणि भागा वि । पण्णरसद्धं एसा भरहक्खेत्तस्स पस्सभुजा ॥ १९४

१८९२ । १५[1] / २ / १९

हिमवंताचलमज्झे पउमदहो पुव्वपच्छिमायामो । पणसयजोयणरुंदो तद्दुगुणायामसंपण्णो ॥ १९५

५०० । १००० ।

दसजोयणावगाढो चउतोरणवेदियाहिं संजुत्तो । तस्सिं पुव्वदिसाए णिग्गच्छदि णिम्मगा गंगा ॥ १९६

छज्जोयणेक्ककोसा णिग्गदठाणम्मि होदि वित्थारो । गंगातरंगिणीए उच्छेहो[4] कोसदलमेत्तो ॥ १९७

गंगाणईए णिग्गमठाणे चिट्ठेदि तोरणो दिव्वो । णवजोयणाणि तुंगो[5] दिवड्ढकोसादिरित्तो य ॥ १९८

९ । ३/२ ।

चामरघंटाकिंकिणिवंदणमालासएहिं[6] कयसोहा । भिंगारकलसदप्पणपूयणदव्वेहिं रमणिज्जा ॥ १९९

रयणमयथंभजोजिदविचित्तवरसालभंजियारम्मा[7] । वज्जिंदणीलमरगयकक्केयणपउमरायजुदा ॥ २००

ससिकंतसूरकंतप्पमुहमऊखेहि णासियतमोघा । लंबंतकणयदामा अणाइणिहणा अणुवमाणा ॥ २०१

छत्तत्तयादिसहिदा वररयणमईओ फुरिदकिरिणोघा । सुरखेयरमहिदाओ जिणपडिमा तोरणुवरि णिवसंति ॥ २०२

एक हजार आठसौ बानबै योजन और एक योजनके उन्नीस भागोंमेंसे पन्द्रहके आधे अर्थात् साढ़े सात भागप्रमाण यह भरत क्षेत्रकी पार्श्वभुजा है ॥ १९४ ॥ १८९२$\frac{15}{38}$ ।

हिमवान् पर्वतके मध्यमें पूर्व-पश्चिम लंबा, पांचसौ योजन विस्तारसे सहित, और इससे दुगुणा अर्थात् एक हजार योजन लंबा पद्म द्रह है ॥ १९५ ॥ विष्कंभ ५००, आयाम १००० ।

यह द्रह दश योजन गहरा और चार तोरण एवं वेदिकाओंसे संयुक्त है। इसकी पूर्व दिशासे गंगा नदी निकलती है ॥ १९६ ॥

उद्गमस्थानमें गंगा नदीका विस्तार छह योजन एक कोस और ऊंचाई आधा कोसमात्र है ॥ १९७ ॥

गंगा नदीके निर्गमनस्थानमें नौ योजन और डेढ़ कोस ऊंचा दिव्य तोरण है ॥१९८॥ ९$\frac{3}{8}$ ।

इस तोरणपर चामर, घंटा, किंकिणी (क्षुद्र घंटिका) और सैकड़ों वन्दनमालाओंसे शोभायमान; झारी, कलश, दर्पण तथा पूजाद्रव्योंसे रमणीय; रत्नमय स्तम्भोंपर नियोजित विचित्र और उत्तम पुत्तलिकाओंसे सुन्दर; वज्र, इन्द्रनील, मरकत, कर्केतन एवं पद्मराग मणियोंसे युक्त; चन्द्रकान्त, सूर्यकान्त प्रमुख मणियोंकी किरणोंसे अन्धकारसमूहको नष्ट करनेवाली; लटकती हुई सुवर्णमालाओंसे सुशोभित, अनादिनिधन, अनुपम, छत्रत्रयादिसे सहित, उत्तम रत्नमय, प्रकाशमान किरणोंके समूहसे युक्त और देव एवं विद्याधरोंसे पूजित, ऐसी जिनप्रतिमायें विराजमान हैं ॥ १९९–२०२ ॥

१ द $\frac{१५}{१९}$ । २ द पत्रमदहो. ३ द तरंगणिए. ४ द उच्छेदो, ब उच्चेदो. ५ द तुंगा. ६ द ब मालासहेर. ७ द ब °सालभदियारम्मो. ८ द ब °मईखेहि. ९ द ब लंबंद.

तम्हि समभूमिभागे पासादा विविहरयणकणयमया । वज्जकवाडेहिं जुदा चउतोरणवेदियाजुत्ता ॥ २०३
एदेसु मंदिरेसुं होंति दिसाकण्णयाउ देवीओ । बहुपरिवाराणुगदा[1] णिम्मललावण्णरूवगदा ॥ २०४
पउमदहादु दिसाए पुव्वाए थोवभूमिमेत्तम्मि । गंगाणईण मज्झे उब्भासदि एउ मणिमओ कूडो ॥ २०५
वियसियकमलायारो रम्मो वेरुलियणालसंजुत्तो । तस्स दला अइरत्ता[2] पत्तेक्कं कोसदलमेत्तं ॥ २०६
सलिलादुवरी उदओ एक्कं कोसं हुवेदि एदस्स । दो कोसा वित्थारो चामीयरकेसरेहिं संजुत्तो ॥ २०७
इगिकोसोदयरुंदा रयणमई तस्स कण्णिया होदि । तीए उवरिं चेट्ठदि पासादो मणिमओ दिव्वो ॥ २०८
तप्पासादे[3] णिवसदि वेंतरदेवी बलेत्ति विक्खादा[4] । [5]एक्कपलिदोवमाऊ बहुपरिवारेहि संजुत्ता ॥ २०९
एवं पउमदहादो पंचसया जोयणाणि गंतूणं । गंगा कूडमपत्ता[6] जोयणअद्धेण दक्खिणावलिया ॥ २१०
चुल्लहिमवंतरुंदे णइरुंदं सोधिदूण[7] अद्धकदो । दक्खिणभागे पव्वदउवरिम्मि हवेदि णइदीहं ॥ २११

....

उस सम भूमिभागमें विविधप्रकारके रत्न एवं सुवर्णसे निर्मित, वज्रमय कपाटोंसे सहित, और चार तोरण व वेदिकाओंसे संयुक्त प्रासाद हैं ॥ २०३ ॥

इन भवनोंमें बहुत परिवारसे युक्त और निर्मल लावण्यरूपको प्राप्त दिक्कन्या देवियां हैं ॥ २०४ ॥

पद्म द्रहसे पूर्व दिशामें थोड़ीसी भूमिपर गंगा नदीके बीचमें एक मणिमय कूट प्रकाशमान है ॥ २०५ ॥

यह मणिमय कूट विकसित कमलके आकार, रमणीय, और वैडूर्यमणिमय नालसे संयुक्त है । इसके पत्ते अत्यन्त लाल हैं, और प्रत्येक पत्रका विस्तार आधा कोसमात्र है ॥ २०६ ॥

पानीसे ऊपर इसकी उंचाई एक कोस और विस्तार दो कोस है । यह सुवर्णमय परागसे संयुक्त है ॥ २०७ ॥

इस कमलाकार कूटकी रत्नमय कर्णिका एक कोस ऊंची और इतने ही विस्तारसे युक्त है । इसके ऊपर मणिमय दिव्य भवन स्थित है ॥ २०८ ॥

उस भवनमें बला इस नामसे विख्यात, एक पल्योपम आयुवाली, और बहुत परिवारसे युक्त व्यन्तर देवी निवास करती है ॥ २०९ ॥

इसप्रकार गंगा नदी पद्म द्रहसे पांचसौ योजन आगे जाकर और गंगाकूटतक न पहुंचकर उससे आधा योजन पहिले ही दक्षिणकी ओर मुड़ जाती है ॥ २१० ॥

क्षुद्र हिमवान्के विस्तारमेंसे नदीके विस्तारको घटाकर अवशिष्टको आधा करनेपर दक्षिण भागमें पर्वतके ऊपर नदीकी लम्बाईका प्रमाण निकलता है ॥ २११ ॥

....

१ ब °परिवाराणुमदा. २ द ब अहिरत्तो. ३ द ब तप्पासादा. ४ द ब विक्खादो. ५ ब एका. ६ द ब कूडमपत्तो. ७ द °रुंदस्साधिदूण.

पंचसया तेवीसं अट्ठहदा[1] ऊणतीसभागा य । दक्खिणदो आगच्छिय गंगा गिरिजिब्भियं पत्ता ॥ २१२

५२३ | २९[2] / १९ । ८ |

हिमवंतयंतमणिमयवरकूडमुहम्मि वसहरूवम्मि ।
पविसिय णिवलइ धारा दसजोयणवित्थरा य ससिधवला ॥ २१३

छज्जोयणेक्ककोसा पणालियाए हुवेदि विक्खंभो । आयामो बे कोसा तेत्तियमेत्तं[3] च बहलत्तं ॥ २१४

६ । को १ । को २ । को २ ।

सिंगमुहकण्णजिंहालोयणभूआदिएहि गोसरिसो[4] । वसहो त्ति तेण भण्णइ रयणामरजीहिया तत्थ ॥ २१५

पणुवीसं[5] जोयणाणिं हिमवंते तत्थ अंतरेदूणं । दसजोयणवित्थारे गंगाकुंडम्मि[6] णिवसदे गंगा ॥ २१६[7]

पणुवीसजोयणाइं धारापमुहम्मि होदि विक्खंभो । सग्गायणिकत्तारो एवं णियमा[8] परूवेदि ॥ २१७

२५ । पाठान्तरम् ।

जोयगसट्ठीरुंदं समवट्टं अत्थि तत्थ वरकुंडं । दसजोयणउच्छेहं मणिमयसोवाणसोहिल्लं ॥ २१८

६० । १० ।

पांचसौ तेईस योजन और आठसे गुणित (उन्नीस) अर्थात् एकसौ बावनमेंसे उनतीस भागप्रमाण दक्षिणसे आकर गंगा नदी पर्वतके तटपर स्थित जिह्विकाको प्राप्त होती है ॥ २१२ ॥

$$\frac{१०५२\frac{१२}{१९} - ६\frac{१}{४}}{२} = ५२३\frac{२९}{१५२} ।$$

हिमवान् पर्वतके अन्तमें वृषभाकार मणिमय उत्तम कूटके मुखमें प्रवेशकर चन्द्रमाके समान धवल और दश योजन विस्तारवाली गंगाकी धारा नीचे गिरती है ॥ २१३ ॥

उस प्रणालीका विस्तार छह योजन और एक कोस, लंबाई दो कोस, और बाहल्य भी इतना ही अर्थात् दो कोस है ॥२१४॥ विष्कंभ यो. ६ को. १, आयाम को. २, बाहल्य को. २ ।

वह कूटमुख सींग, मुख, कान, जिह्वा, लोचन और भ्रुकुटी आदिकसे गौके सदृश है, इसीलिये उस रत्नमय जिह्विका (जृम्भिका) को 'वृषभ' कहते हैं ॥ २१५ ॥

वहांपर गंगानदी पच्चीस योजन हिमवान् पर्वतको छोड़कर दश योजन विस्तारवाले गंगा-कुण्डमें गिरती है ॥ २१६ ॥

धाराके प्रमुखमें गंगा नदीका विस्तार पच्चीस योजन है । सग्गायणीके कर्ता इसप्रकार नियमसे निरूपण करते हैं ॥ २१७ ॥ २५ । पाठान्तर ।

वहांपर साठ योजन विस्तारवाला, समवृत्त, दश योजन ऊंचा और मणिमय सीढ़ियोंसे शोभायमान उत्तम कुण्ड है ॥ २१८ ॥ ६० । १० ।

१ द ब अट्ठहिदा. २ द ब $\frac{२९}{१९}$ ।. ३ ब तत्तियमेत्तं. ४ द ब °भूदाओएहि गासरिसो. ५ द पणवीस. ६ द ब गंगाकूडम्मि. ७ ब-पुस्तके द्विरुक्ता. ८ द °सव्वाणिकत्ताणयवंण्णियमा, ब सव्वाणिकत्ताणय एवं णियमा.

बासट्ठि जोयणाइं दो कोसा होदि कुंडवित्थारो । संगोयणिकत्तारो एवं णियमा णिरूवेदि ॥ २१९

६२ । को २ । पाठान्तरम् ।

चउतोरणवेदिजुदो सो कुंडो तत्थ होदि बहुमज्झे । दीवो रयणविचित्तो चउतोरणवेदियाहि कयसोहो ॥ २२०

दसजोयणउच्छेहो सो जलमज्झम्मि अट्ठवित्थारो । जलउवरिं दो कोसो तम्मज्झे होदि वज्जमयसेलो ॥ २२१

१० । कोस २ ।

मूले मज्झे उवरिं चउदुगएक्का कमेण वित्थिण्णो । दसजोयणउच्छेहो चउतोरणवेदियाहि कयसोहो ॥ २२२

तप्पव्वदस्स उवरिं बहुमज्झे होदि दिव्वपासादो । वररयणकंचणमओ गंगाकूडं ति णामेण ॥ २२३

चउतोरणेहिं जुत्तो वरवेदीपरिगदो[1] विचित्तयरो । बहुविहजंतसहस्सो सो पासादो णिरुवमाणो ॥ २२४

मूले मज्झे उवरिं तिदुगेक्कसहस्सदंडवित्थारो[2] । दोण्णिसहस्सोत्तुंगो सो दीसदि कूडसंकासो ॥ २२५

३००० । २००० । १००० । २००० ।

तस्सब्भंतररुंदो पण्णासब्भहियसत्तसयदंडा । चालीसचाववासं असीदिउदयं च तद्दारं ॥ २२६

७५० । ४० । ८० ।

मणितोरणरमणिज्जं वरवज्जकवाडजुगलसोहिल्लं । णाणाविहरयणप्पहाणिच्चुज्जोयं विराजदे दारं ॥ २२७

उस कुण्डका विस्तार बासठ योजन और दो कोस है, संगोयनीके कर्ता इसप्रकार नियमसे निरूपण करते हैं ॥ २१९ ॥ ६२ । को. २ । पाठान्तर ।

वह कुण्ड चार तोरण और वेदिकासे युक्त है । उसके बहुमध्यभागमें रत्नोंसे विचित्र और चार तोरण एवं वेदिकासे शोभायमान एक द्वीप है ॥ २२० ॥

वह द्वीप जलके मध्यमें दश योजन ऊंचा और आठ योजन विस्तारवाला तथा जलके ऊपर दो कोस ऊंचा है । इसके बीचमें एक वज्रमय शैल स्थित है ॥२२१॥ यो. १० । कोस २ ।

उसका विस्तार मूलमें चार योजन, मध्यमें दो योजन, और ऊपर एक योजन है । वह दश योजन ऊंचा और चार तोरण एवं वेदिकासे शोभायमान है ॥ २२२ ॥

उस पर्वतके ऊपर बहुमध्यभागमें उत्तम रत्न एवं सुवर्णसे निर्मित और गंगाकूट इस नामसे प्रसिद्ध एक दिव्य प्रासाद है ॥ २२३ ॥

वह प्रासाद चार तोरणोंसे युक्त, उत्तम वेदीसे वेष्टित, अति विचित्र, बहुत प्रकारके हजारों यंत्रोंसे सहित, और अनुपम है ॥ २२४ ॥

वह प्रासाद मूलमें तीन हजार, मध्यमें दो हजार, और ऊपर एक हजार धनुषप्रमाण विस्तारयुक्त, तथा दो हजार धनुषप्रमाण ऊंचा होता हुआ कूटके सदृश दिखता है ॥ २२५ ॥

मूलवि. ३०००, मध्यवि. २०००, उपरिमवि. १०००, उत्सेध २००० धनुष ।

उसका अभ्यन्तर विस्तार सातसौ पचास धनुष, तथा द्वार चालीस धनुष विस्तारवाला और अस्सी धनुष ऊंचा है ॥ २२६ ॥ अभ्यं. वि. ७५०, द्वारवि. ४०, उत्सेध ८० धनुष ।

उसका द्वार मणिमय तोरणोंसे रमणीय, उत्तम वज्रमय दोनों कपाटोंसे शोभायमान, और नाना प्रकारके रत्नोंकी प्रभासे नित्य प्रकाशमान होता हुआ विराजमान है ॥ २२७ ॥

---

१ द ब परिमदो. २ द ब तिदुमेक

वरवेदीपरिखित्ते चउगोउरमंदिरम्मि[1] पासादे । रम्मुज्जाणे तस्सिं गंगादेवी सयं वसइ ॥ २२८

भवणोवरि कूडम्मि य जिणिंदपडिमाओ[2] सा[3]सदरिधीओ । चेट्ठंति किरणमंडलउज्जोइदसयलआसाओ[4] ॥ २२९

आदिजिणप्पडिमाओ ताओ जडमउडसेहरिल्लाओ[5] । पडिमोवरिम्मि गंगा अभिसित्तुमणा[6] व सा पडदि ॥ २३०

पुप्फिदं[7]पंकजपीढा कमलोदरसरिसवण्णवरदेहा । पढमजिणप्पडिमाओ [8]भरंति जे ताण देंति णिव्वाणं ॥ २३१

कुंडस्स दक्खिणेणं तोरणदारेण णिग्गदा गंगा । भूमिविभागे वक्का होदूण गदा य रजदगिरिं ॥ २३२

रम्मायारा[9] गंगा संकुलिदूणं पि दूरदो एसा । विजयड्ढगिरिगुहाए [10]पविसदि मेदिणिबिले भुजंगी व[11] ॥ २३३

गंगातरंगिणीए उभय[12]त्तडवेदियाण वणसंडा । अत्तुट्टसरूवेणं संपत्ता[13] रजदसेलंतं ॥ २३४

वरवज्जकवाडाणं संवरणपवेसणाइं मुत्तूणं । सेसगुहब्भंतरयं गंगातडवेदिवणसंडा ॥ २३५

रुप्पगिरिस्स गुहाए गमणपदेसम्मि होदि वित्थारो । गंगातरंगिणीए अट्ठं चिय जोयणाणि पुढं ॥ २३६

...

उत्तम वेदीसे वेष्टित, चार गोपुर एवं मन्दिरसे सुशोभित और रमणीय उद्यानसे युक्त उस भवनमें स्वयं गंगादेवी रहती है ॥ २२८ ॥

उस भवनके ऊपर कूटपर किरणसमूहसे सम्पूर्ण दिशाओंको प्रकाशित करनेवाली, और शाश्वत ऋद्धिको प्राप्त, ऐसी जिनेन्द्रप्रतिमायें स्थित हैं ॥ २२९ ॥

वे आदि जिनेन्द्रकी प्रतिमायें जटामुकुटरूप शेखरसे सहित हैं। इन प्रतिमाओंके ऊपर वह गंगा नदी मानों मनमें अभिषेककी भावनाको रखकर ही गिरती है ॥ २३० ॥

वे आदि जिनेन्द्रकी प्रतिमायें फूले हुए कमलासनपर विराजमान और कमलके उदर अर्थात् मध्यभागके सदृश वर्णवाले उत्तम शरीरसे युक्त हैं। जो भव्य जीव इनका स्मरण करते हैं उन्हें ये निर्वाण प्रदान करती हैं ॥ २३१ ॥

गंगानदी इस कुण्डके दक्षिण तोरणद्वारसे निकलकर भूमिप्रदेशमें मुड़ती हुई रजतगिरि अर्थात् विजयार्द्ध पर्वतको प्राप्त हुई है ॥ २३२ ॥

यह रम्याकार गंगा नदी दूरसे ही संकुचित होकर विजयार्द्ध पर्वतकी गुफामें इसप्रकार प्रवेश करती है जैसे भुजंगी मेदिनीबिलमें ॥ २३३ ॥

गंगा नदीकी दोनों ही तटवेदियोंपर स्थित वनखंड अत्रुटितरूपसे विजयार्द्ध पर्वत तक चले गये हैं ॥ २३४ ॥

गंगातटवेदीसंबंधी ये वनखंड उत्तम वज्रमय कपाटोंके संवरण और प्रवेशभागको छोड़कर शेष गुफाके भीतर हैं ॥ २३५ ॥

रूपाचलकी गुफामें प्रवेश करनेके स्थानपर गंगा नदीका विस्तार आठ योजनप्रमाण होजाता है ॥ २३६ ॥

---

१ द मंदरम्मि. २ द ब °पडिमादि. ३ द सासदरिदीओ, ब सासदरदीउ. ४ द सयलयसओ, ब सयलदिसओ. ५ द ब तोउज्ञदमउडपासेहरिल्लाओ. ६ द अभिसित्तूमणप्पसा, ब अभिसत्तूमणप्पसा. ७ द ब पुव्विद°. ८ द सरंति. ९ द ब रम्मायाए. १० द ब परिसदि. ११ द ब मेदामिलेभुजंगिद्दं. १२ द ब उभयंतर°. १३ द ब संपत्तं.

विजयड्ढगिरिगुहाए[1] संगंतूणं जोयणाणि पणुवीसं । पुव्वावरायदाओ[2] उम्मग्गणिमग्गसरिआओ ॥ २३७

णियजलपवाहपडिदं दव्वं गरुवं पि णेदि उवरिम्मि । जम्हा तम्हा भण्णइ उम्मग्गा वाहिणी एसा ॥ २३८

णियजलभरउवरिगदं दव्वं लहुगं पि णेदि हेट्ठम्मि । जेणं तेणं भण्णइ एसा सरिया णिमग्ग त्ति ॥ २३९

सेलगुहाकुंडाणं मणितोरणदार णिस्सरंतीओ । वड्ढइ[3]रयणविणिम्मियसंकमपहुदीय विच्छिण्णा[4] ॥ २४०

वणवेदीपरिखित्ता पत्तेक्कं दोण्णि जोयणायामा । वररयणमया गंगाणइस्स पवहम्मि पविसंति ॥ २४१

पण्णासजोयणाइं अधियं गंतूण पव्वयगुहाए । दक्खिणदिसदारेणं खुभिदा भोगीव णिग्गदा गंगा ॥ २४२

णिस्सरिदूणं एसा दक्खिणभरहम्मि रुप्पसेलादो[5] । उणवीसं सहियसयं आगच्छदि जोयणा अधिया ॥ २४३

११९ । ३ ।
१९

आगंतूण णियंते[6] पुव्वमुही[7] मागधम्मि तित्थयरे । चोद्दससहस्ससरियापरिवारा पविसदे उवहिं[8] ॥ २४४

गंगामहाणदीए अड्ढाइज्जेसु मेच्छखंडेसु । कुंडजसरिपरिवारा हुवंति ण हु वज्जखंडम्मि ॥ २४५

विजयार्द्ध पर्वतकी गुफामें पच्चीस योजन जानेपर उन्मग्ना और निमग्ना ये दो नदियां पूर्व-पश्चिमसे आई हुई हैं ॥ २३७ ॥

क्योंकि यह नदी अपने जलप्रवाहमें गिरे हुए भारीसे भारी द्रव्यको भी ऊपर ले आती है, इसलिये यह नदी 'उन्मग्ना' कही जाती है ॥ २३८ ॥

क्योंकि यह अपने जलप्रवाहके ऊपर आयी हुई हलकीसे हलकी वस्तुको भी नीचे ले जाती है, इसीलिये यह नदी 'निमग्ना' कही जाती हैं ॥ २३९ ॥

ये दोनों नदियां पर्वतीय गुफाकुंडोंके मणिमय तोरणद्वारोंसे निकलकर बढ़ई (स्थपति) रत्नसे निर्मित संक्रम (एक प्रकारके पुल) आदिसे विभक्त, वनवेदीसे वेष्टित, प्रत्येक दो योजनप्रमाण आयामसे सहित, और उत्कृष्ट रत्नमय होती हुईं गंगा नदीके प्रवाहमें प्रवेश करती हैं ॥ २४०-२४१ ॥

गंगा नदी पचास योजन अधिक जाकर पर्वतकी गुफाके दक्षिणद्वारसे क्रोधित हुए सर्पके समान निकली है ॥ २४२ ॥

यह नदी विजयार्द्ध पर्वतसे निकलकर एकसौ उन्नीस योजनोंसे कुछ अधिक दक्षिण भरतमें आती है ॥ २४३ ॥ ११९ $\frac{3}{19}$ ।

इसप्रकार गंगा नदी दक्षिण भरतमें आकर और पूर्वकी ओर मुड़कर चौदह हजारप्रमाण परिवारनदियोंसे युक्त होती हुई अन्ततः मागध तीर्थपर समुद्रमें प्रवेश करती है ॥ २४४ ॥

गंगा महानदीकी ये कुण्डोंसे उत्पन्न हुई परिवारनदियां ढाई म्लेच्छखण्डोंमें ही हैं, आर्यखण्डमें नहीं हैं ॥ २४५ ॥

---

१ द गुहासुं गंतूणं. २ ब पुव्वावरा णदाओ. ३ द वत्थ (च्छ) इ. ४ द ब विच्छिण्णा. ५ द ब वंदसेलादो. ६ द ब णियंतो. ७ द ब पुव्वमही. ८ द उवरिं.

बासट्ठि जोयणाइं दोण्णि य कोसाणि वित्थरा गंगा । पण कोसा गाढत्तं[1] उवहिपदेसप्पवेसम्मि ॥ २४६
दीवजगदीय पासे णइबिलवदणम्मि[2] तोरणं दिव्वं । विविहवररयणखजिदं खंभट्ठियसालभंजियाणिवहं ॥ २४७
थंभाणं उच्छेहो तेणउदी जोयणाणि तिय कोसा । एदाण अंतरालं बासट्ठी जोयणा दुवे कोसा[3] ॥ २४८

९३ । को ३ । ६२ । को २ ।

छत्तत्तयादिसहिदा जिणिंदपडिमा य तोरणुवरिम्मि । चेट्ठंति सासदाओ[4] सुमरणमेत्तेण दुरिदहणा ॥ २४९
वरतोरणस्स उवरिं पासादा होंति रयणकणयमया । चउतोरणवेदिजुदा[5] वज्जकवाडुज्जलदुवारा ॥ २५०
एदेसु मंदिरेसुं देवीओ दिक्कुमारिणामाओ । णाणाविहपरिवारा वेंतरियाओ विरायंति ॥ २५१
पउमदहादो[6] पच्छिमदारेणं णिस्सरेदि सिंधुणदी । तट्ठाणव्वासादी[7] तोरणपहुदी य सुरणदीसरिसा[8] ॥ २५२
गंतूण थोवभूमिं सिंधूमज्झम्मि होदि वरकूडो । वियसियकमलायारो रम्मो वेरुलियणालजुदो ॥ २५३
तस्स दला[9] अइरत्ता[10] दीहजुदा होंति कोसदलमेत्तं । उच्छेहो सलिलादो उवरिपएसम्मि इगिकोसो ॥ २५४

उदधिप्रदेशमें प्रवेश करते समय गंगाका विस्तार बासठ योजन दो कोस, और गहराई पांच कोस हो गई है ॥ २४६ ॥

द्वीपकी वेदीके पास नदीबिलके मुखपर अनेक प्रकारके उत्तमोत्तम रत्नोंसे खचित और खम्भोंपर स्थित पुत्तलिकासमूहसे युक्त दिव्य तोरण है ॥ २४७ ॥

स्तम्भोंकी उंचाई तेरानबै योजन और तीन कोस, तथा इनका अन्तराल बासठ योजन और दो कोस है ॥ २४८ ॥ उंचाई यो. ९३ को. ३, अंतराल यो. ६२ को. २ ।

तोरणोंके ऊपर तीन छत्रादिसे सहित, शाश्वत और स्मरणमात्रसे ही पापको नष्ट करनेवाली, ऐसी जिनेन्द्रप्रतिमायें स्थित हैं ॥ २४९ ॥

उत्कृष्ट तोरणके ऊपर चार तोरण और वेदीसे युक्त तथा वज्रमय कपाटोंसे उज्वल द्वारवाले रत्न एवं सुवर्णमय भवन हैं ॥ २५० ॥

इन भवनोंमें नानाप्रकारके परिवारसे युक्त दिक्कुमारी नामक व्यन्तरिणी देवियां विराजमान हैं ॥ २५१ ॥

पद्म द्रहके पश्चिमद्वारसे सिन्धु नदी निकलती है । इसके स्थानके विस्तार आदिक और तोरणादिका कथन गंगा नदीके सदृश है ॥ २५२ ॥

कुछ थोड़ी दूर चलकर सिन्धु नदीके बीचमें विकसित कमलके आकार, रमणीय और वैडूर्यमणिमय नालसे युक्त एक उत्तम कूट है ॥ २५३ ॥

उसके पत्ते अत्यंत लाल और आधे कोसप्रमाण लम्बाईसे युक्त हैं । जलके उपरिम भागमें इसकी उंचाई एक कोस है ॥ २५४ ॥

---

१ द आगाढत्तं. २ ब णइविदवद°. ३ द दुरेकोसो, ब पुरेकोसो. ४ द ब सासभाओ. ५ द ब चौतोरण°. ६ द °दहादु. ७ द ब तट्ठाणव्वासरादी. ८ द ब पहुदी सुरणदिसरिच्छा, ९ द ब तला. १० ब अइरित्ता.

बे कोसा विस्थिण्णो [1]तेत्तियमेत्तोदएण संपुण्णो । वियसंतपउमकुसुमोवमाणसंठाणसोहिल्लो ॥ २५५
इगिकोसोदयरुंदा[2] रयणमई कण्णिया य अदिरम्मा[3] । तीए उवरि विचित्तो पासादो होदि रमणिज्जो ॥ २५६
वररयणकंचणमओ फुरंतकिरणो पणासिभतमोहो[4] । सो उत्तुंगत्तोरणदुवारसुंदेरसुट्ठुसोहिल्लो[5] ॥ २५७
तस्सिं णिलए णिवसइ अवणा णामेण वेंतरा देवी । एक्कपलिदोवमाऊ णिरुवमलावण्णपरिपुण्णा ॥ २५८
पउमदहादो पणुसयमेत्ताइं जोयणाइं गंतूणं । सिंधूकूडमपत्ता दुकोसमेत्तेण दक्खिणावलिदा ॥ २५९
उभयतडवेदिसहिदा उववणसंडेहिं सुट्ठु सोहिल्ला । गंग व्व पडइ सिंधू जिब्भादो सिंधुकूडउवरिम्मि ॥ २६०
कुंडं दीवो सेलो भवणं भवणस्स उवरिमं कूडं । तस्सिं जिणपडिमाओ सव्वं पुव्वं व वत्तव्वं ॥ २६१
णवरि विसेसो एसो सिंधूकूडम्मि सिंधुदेवि त्ति । बहुपरिवारेहिं जुदा उवभुंजदि विविहसोक्खाणिं[6] ॥ २६२
गंगाणई व सिंधू विजयड्ढगुहाय उत्तरदुवारे । पविसिय वेदीजुत्ता दक्खिणदारेण णिस्सरदि ॥ २६३
दक्खिणभरहस्सद्धं पाविय पच्छिमपभासतित्थम्मि । चोद्दससहस्ससरियापरिवारा पविसए उवहिं ॥ २६४

उपर्युक्त कमलाकार कूट दो कोस विस्तीर्ण और इतनी ही उंचाईसे परिपूर्ण एवं विकसित कमलपुष्पके सदृश आकारसे शोभायमान है ॥ २५५ ॥

उसकी एक कोस ऊंची और उतनी ही विस्तृत रमणीय रत्नमयी कर्णिका है। इस कर्णिकाके ऊपर रमणीय विचित्र प्रासाद है ॥ २५६ ॥

यह भवन उत्तम रत्न और सुवर्णसे निर्मित, प्रकाशमान किरणोंसे युक्त, अंधकारसमूहको नष्ट करनेवाला और उन्नत तोरणद्वारोंके सौन्दर्यसे भलेप्रकार शोभायमान है ॥ २५७ ॥

उस भवनमें एक पल्योपम आयुवाली और अनुपम लावण्यसे परिपूर्ण अवना (लवणा) नामकी व्यन्तर देवी रहती है ॥ २५८ ॥

पद्म द्रहसे पांचसौ योजनमात्र आगे चलकर और सिन्धुकूटको प्राप्त न होकर उससे दो कोस पहिले ही दक्षिणकी ओर मुड़ती हुई दोनों तटोंपर स्थित वेदिकासे सहित और उपवनखंडोंसे भलेप्रकार शोभायमान सिन्धु नदी भी गंगा नदीके समान ही जिह्विकासे सिन्धुकूटके ऊपर गिरती है ॥ २५९-२६० ॥

कुण्ड, द्वीप, पर्वत, भवन, भवनके ऊपर कूट और उसके ऊपर जिनप्रतिमायें, इन सबका पहिलेके समान ही कथन करना चाहिये ॥ २६१ ॥

विशेषता केवल यह है कि सिन्धुकूटपर बहुत परिवारसे युक्त सिन्धुदेवी विविधप्रकारके सुखोंका उपभोग करती है ॥ २६२ ॥

गंगा नदीके समान सिन्धु नदी भी विजयार्द्धकी गुफाके उत्तर द्वारमेंसे प्रवेश करके वेदी-सहित दक्षिण द्वारसे निकलती है ॥ २६३ ॥

पश्चात् दक्षिण भरतके अर्द्ध भागको प्राप्त करके चौदह हजार परिवारनदियोंसे सहित होती हुई पश्चिम प्रभास तीर्थपर समुद्रमें प्रवेश करती है ॥ २६४ ॥

१ ब तत्तिय°. २ द ब कोसं बे रुंदा. ३ द ब कण्णिया य धीरम्मा. ४ द ब पणासिअंतमो. ५ द ब सुंदार. ६ द ब °सोक्खाणं.

तोरणउच्छेहादी[1] गंगाए वण्णिदा जहा पुव्वं । तस्संख्वा[2] सिंधूए वत्तव्वा णिउणबुद्धीहिं ॥ २६५

गंगासिंधुणईहिं[3] वेयड्ढणगेणं[4] भरहखेत्तम्मि । छक्खंडं संजादं ताण विभागं परूवेमो ॥ २६६

उत्तरदक्खिणभरहे[5] खंडाणिं तिण्णि होंति पत्तेक्कं । दक्खिणतियखंडेसुं अज्जाखंडो त्ति मज्झिम्मो[6] ॥ २६७

सेसा वि पंच खंडा णामेणं होंति मेच्छखंड त्ति[7] । उत्तरतियखंडेसुं मज्झिमखंडस्स बहुमज्झे ॥ २६८

चक्कीण माणमलणो णाणाचक्कहरणामसंछण्णो । मूलोवरिमज्झेसुं रयणमओ होदि वसहगिरी ॥ २६९

जोयणसयमुव्विद्धो पणुवीसं जोयणाणि अवगाढो । एक्कसयमूलरुंदो पण्णत्तरि मज्झविस्थारो ॥ २७०

१०० । २५ । १०० । ७५ ।

पण्णासजोयणाइं वित्थारो होदि तस्स सिहरम्मि । मूलोवरिमज्झेसुं चेट्ठंते वेदिवणसंडा ॥ २७१

चउतोरणेहिं जुत्ता[8] पोक्खरिणीवाविकूवपरिपुण्णा[9] । वज्जिंदणीलमरगयकक्केयणपउमरायमया ॥ २७२

होंति हु वरपासादा विचित्तविण्णासमणहरायारा । दिप्पंतरयणदीवा वसहगिरिंदस्स सिहरम्मि ॥ २७३

वररयणकंचणमया जिणभवणा विविहसुंदरायारा । चेट्ठंति वण्णणाओ पुव्वं पि व होंति सव्वाओ ॥ २७४

जिसप्रकार पहिले गंगा नदीके वर्णनमें तोरणोंकी उंचाई आदिक बतलाई जाचुकी है, उसीप्रकार बुद्धिमानोंको उन सबका कथन यहांपर भी करना चाहिये ॥ २६५ ॥

गंगा व सिन्धु नदी और विजयार्द्ध पर्वतसे भरत क्षेत्रके जो छह खण्ड होगये हैं, उनके विभागको कहते हैं ॥ २६६ ॥

उत्तर और दक्षिण भरत क्षेत्रमेंसे प्रत्येकके तीन तीन खण्ड हैं। इनमेंसे दक्षिण भरतके तीन खण्डोंमेंसे मध्यका आर्यखण्ड है ॥ २६७ ॥

शेष पांचों ही खण्ड म्लेच्छखण्ड नामसे प्रसिद्ध हैं। उत्तर भरतके तीन खण्डोंमेंसे मध्यम खण्डके बहुमध्यभागमें चक्रवर्तियोंके मानका मर्दन करनेवाला, नाना चक्रवर्तियोंके नामोंसे व्याप्त; और मूलमें, ऊपर एवं मध्यमें रत्नोंसे निर्मित; ऐसा वृषभगिरि है ॥ २६८--२६९ ॥

यह पर्वत सौ योजन ऊंचा, पच्चीस योजनप्रमाण नीवसे युक्त, मूलमें सौ योजन और मध्यमें पचहत्तर योजन विस्तारवाला है ॥२७०॥ ऊं. १००, अव. २५, मू. वि. १००, म. वि. ७५ ।

उक्त पर्वतका विस्तार शिखरपर पचास योजनमात्र है। इसके मूलमें, ऊपर और मध्यमें वेदी और वनखंड स्थित हैं ॥ २७१ ॥ ५० ।

वृषभ गिरीन्द्रके शिखरपर चार तोरणोंसे सहित, पुष्करिणी, और कूपोंसे परिपूर्ण; वज्र, इन्द्रनील, मरकत, कर्केतन और पद्मराग, इन मणिविशेषोंसे निर्मित; विचित्र रचनाओंसे मनोहर आकृतिको धारण करनेवाले, और देदीप्यमान रत्नोंके दीपकोंसे संयुक्त, ऐसे उत्तम भवन हैं ॥ २७२--२७३ ॥

वहांपर उत्तम रत्न एवं सुवर्णसे निर्मित विविध प्रकारके सुन्दर आकारोंवाले जिनभवन स्थित हैं। इनका सब वर्णन पहिलेके ही समान है ॥ २७४ ॥

१ ब उस्सेहादी. २ द ब सस्सव्वं. ३ द ब °णईणं. ४ द °णगे भरह°. ५ द ब भरहो. ६ द ब मज्झिवा. ७ द मेच्छखंडम्मि. ८ द ब जुत्तो. ९ द पोक्खरणी°.

गिरिउवरिमपासादे वसहो णामेण वेंतरो देवो । विविहपरिवारसहिदो उवभुंजदि विविहसोक्खाइं ॥ २७५
एक्कपलिदोवमाऊ दसचावसमाणदेहउच्छेहो । पिहुवच्छो[1] दीहभुजो[2] एसो सव्वंगसोहिल्लो ॥ २७६

। छक्खंडं गदं ।

तस्सिं अज्जाखंडे णाणाभेदेहिं संजुदो कालो । वट्टइ तस्स सरूवं वोच्छामो आणुपुव्वीए ॥ २७७
पासरसगंधवण्णव्वदिरित्तो[3] अगुरुलहुगसंजुत्तो । वत्तणलक्खणकलियं कालसरूवं इमं होदि ॥ २७८
कालस्स दो वियप्पा मुक्खामुक्खा हुवंति एदेसुं । मुक्खाधारबलेणं अमुक्खकालो पयट्टेदि ॥ २७९
जीवाण पुग्गलाणं हुवंति परियट्टणाइ विविहाइं । एदाणं पज्जाया वट्टंते मुक्खकालआधारे ॥ २८०
सव्वाण पयत्थाणं णियमा परिणामपहुदिवित्तीओ । बहिरंतरंगहेदुहि सव्वब्भेदेसु वट्टंति ॥ २८१
बाहिरहेदू कहिदो णिच्छयकालो त्ति सव्वदरिसीहिं । अब्भंतरं णिमित्तं णियणियदव्वेसु चेट्ठेदि ॥ २८२
कालस्स भिण्णभिण्णा अण्णुण्णपवेसणेण परिहीणा । पुह पुह लोयायासे चेट्ठंते संचएण विणा ॥ २८३

पर्वतके उपरिम भवनमें विविध प्रकारके परिवारसे सहित और वृषभ इस नामसे प्रसिद्ध व्यन्तर देव अनेक प्रकारके सुखोंका उपभोग करता है ॥ २७५ ॥

यह देव एक पल्योपम आयुसे युक्त, दश धनुषप्रमाण शरीरकी उंचाईवाला, विस्तृतवक्षःस्थल, दीर्घबाहु, और सर्वांगसुन्दर है ॥ २७६ ॥

छह खण्डोंका वर्णन समाप्त हुआ।

उस आर्यखण्डमें नाना भेदोंसे संयुक्त जो काल प्रवर्तता है, उसके स्वरूपको अनुक्रमसे कहते हैं ॥ २७७ ॥

स्पर्श, रस, गन्ध और वर्णसे रहित, अगुरुलघु गुणसे सहित, और वर्त्तनालक्षणसे संयुक्त, यह कालका स्वरूप है ॥ २७८ ॥

उस कालके मुख्य और अमुख्य इसप्रकार दो भेद हैं। इनमेंसे मुख्य कालके आश्रयसे अमुख्य कालकी प्रवृत्ति होती है ॥ २७९ ॥

जीव और पुद्गलोंमें विविध प्रकारके परिवर्त्तन हुआ करते हैं। इनकी पर्यायें मुख्य कालके आश्रयसे प्रवर्तती हैं ॥ २८० ॥

सर्व पदार्थोंके समस्त भेदोंमें नियमसे बाह्य और अभ्यन्तर निमित्तोंके द्वारा परिणामादिक (परिणाम, क्रिया, परत्वापरत्व) वृत्तियां प्रवर्तती हैं ॥ २८१ ॥

सर्वज्ञ देवने सर्व पदार्थोंके प्रवर्तनेका बाह्य निमित्त निश्चयकाल कहा है। अभ्यन्तर निमित्त अपने अपने द्रव्योंमें स्थित है ॥ २८२ ॥

अन्योन्यप्रवेशसे रहित कालके भिन्न भिन्न अणु संचयके विना पृथक् पृथक् लोकाकाशमें स्थित हैं ॥ २८३ ॥

१ द वधुवंछो, ब बहुवंछो. २ द ब दिहभुंजो. ३ द ब वण्णोवदि°.

समयावलिउस्सासा पाणा थोवा य आदिया भेदा[1] । ववहारकालणामा णिद्दिट्ठा वीयराएहिं ॥ २८४

परमाणुस्स णियट्ठिदगयणपदेसस्सदिक्कमणमेत्तो[2] । जो कालो अविभागी होदि पुढं समयणामा सो ॥ २८५

होंति हु असंखसमया आवलिणामो तहेव उस्सासो । संखेज्जावलिणिवहो सो चिय पाणो[3] त्ति विक्खादो ॥ २८६

१ । १ । १ ।
२   ६

सत्तुस्सासो थोवं सत्तत्थोवा लवित्ति[4] णादव्वो । सत्तत्तरिदलिदलवा[5] णाली बे णालिया मुहुत्तं च ॥ २८७

७ । ७ । ७७ । २ ।[6]
१   १   २

समऊणेक्कमुहुत्तं भिण्णमुहुत्तं मुहुत्तया तीसं । दिवसो पण्णरसेहिं दिवसेहिं एक्कपक्खो[7] हु ॥ २८८

दो पक्खेहिं मासो मासदुगेणं उडू उडुत्तिदयं । अयणं अयणदुगेणं वरिसो पंचेहिं वच्छरेहिं जुगं ॥ २८९

माघादी होंति उडू सिसिरवसंता णिदाघपाउसया । सरओ हेमंता वि य णामाइं ताण जाणिज्जं ॥ २९०

बेण्णि जुगा दस वरिसा ते दसगुणिदा हवेदि वाससदं । एदस्सिं[8] दसगुणिदे वाससहस्सं वियाणेहि ॥ २९१

समय, आवलि, उच्छ्वास, प्राण और स्तोक, इत्यादिक भेदोंको वीतराग भगवानने व्यवहार कालके नामसे निर्दिष्ट किया है ॥ २८४ ॥

पुद्गलपरमाणुका निकटमें स्थित आकाशप्रदेशके अतिक्रमणप्रमाण जो अविभागी काल है वही 'समय' नामसे प्रसिद्ध है ॥ २८५ ॥

असंख्यात समयोंकी आवलि और इसीप्रकार संख्यात आवलियोंके समूहरूप उच्छ्वास होता है। यही उच्छ्वासकाल 'प्राण' इस नामसे प्रसिद्ध है ॥ २८६ ॥

सात उच्छ्वासोंका एक स्तोक, और सात स्तोकोंका एक लव जानना चाहिये। सतत्तरके आधे अर्थात् साढ़े अड़तीस लवोंकी एक नाली और दो नालियोंका एक मुहूर्त होता है ॥ २८७ ॥

७ उ. = १ स्तोक। ७ स्तोक = १ लव। ३८$\frac{1}{2}$ लव = १ नाली। २ नाली = १ मुहूर्त।

समय कम एक मुहूर्तको भिन्नमुहूर्त कहते हैं। तीस मुहूर्तका एक दिन और पन्द्रह दिनोंका एक पक्ष होता है ॥ २८८ ॥

दो पक्षोंका एक मास, दो मासोंकी एक ऋतु, तीन ऋतुओंका एक अयन, दो अयनोंका वर्ष, और पांच वर्षोंका एक युग होता है ॥ २८९ ॥

माघ माससे लेकर जो ऋतुएँ होती हैं उनके नाम शिशिर, वसन्त, निदाघ (ग्रीष्म), प्रावृष (वर्षा), शरद और हेमन्त, इसप्रकार जानना चाहिये ॥ २९० ॥

दो युगोंके दश वर्ष होते हैं; इन दश वर्षोंको दशसे गुणा करनेपर शतवर्ष, और शतवर्षको दशसे गुणा करनेपर सहस्रवर्ष जानना चाहिये ॥ २९१ ॥

१ ब भेदो. २ द ब °क्कमेणंतो. ३ द ब पंणो. ४ द थोवायआवलित्ति, ब थोवायलित्ति. ५ द ब °लया. ६ द ब $\frac{१}{७}$ । $\frac{७}{१}$ । $\frac{७७}{२}$ । $\frac{१}{१}$. ७ द ब एक्कपक्खा. ८ ब एदेस्सिं.

दस वाससहस्साणिं वाससहस्सम्मि दसहदे होंति । तेहिं दसगुणिदेहिं लक्खं णामेण णादव्वं ॥ २९२
चुलसीदिहदं लक्खं पुव्वंगं होदि तं पि गुणिदव्वं । चउसीदीलक्खेहिं णादव्वं पुव्वपरिमाणं ॥ २९३
पुव्वं चउसीदिहदं णिउदंगं[1] होदि तं पि गुणिदव्वं । चउसीदीलक्खेहिं णिउदस्स[2] पमाणमुद्दिट्ठं ॥ २९४
णिउदं चउसीदिहदं कुमुदंगं होदि तं पि णादव्वं । चउसीदिलक्खगुणिदं[3] कुमुदं णामं समुद्दिट्ठं ॥ २९५
कुमुदं चउसीदिहदं पउमंगं होदि तं पि गुणिदव्वं । चउसीदिलक्खवासे[4] पउमं णामं समुद्दिट्ठं ॥ २९६
पउमं चउसीदिहदं णलिणंगं होदि तं पि गुणिदव्वं । चउसीदिलक्खवासे णलिणं णामं वियाणाहि ॥ २९७
णलिणं चउसीदिगुणं कमलंगं णाम तं पि गुणिदव्वं । चउसीदीलक्खेहिं कमलं णामेण णिद्दिट्ठं ॥ २९८
कमलं चउसीदिगुणं तुडिदंगं होदि तं पि गुणिदव्वं । चउसीदीलक्खेहिं तुडिदं णामेण णादव्वं ॥ २९९
तुडिदं चउसीदिहदं अडडंगं होदि तं पि गुणिदव्वं । चउसीदीलक्खेहिं अडडं णामेण णिद्दिट्ठं ॥ ३००

....

सहस्रवर्षको दशसे गुणा करनेपर दश सहस्रवर्ष, और इनको भी दशसे गुणा करनेपर लक्षवर्ष जानना चाहिये ॥ २९२ ॥

लक्षवर्षको चौरासीसे गुणा करनेपर एक 'पूर्वाङ्ग', और इस पूर्वाङ्गको चौरासी लाखसे गुणा करनेपर एक 'पूर्व' का प्रमाण समझना चाहिये ॥ २९३ ॥

पूर्वको चौरासीसे गुणा करनेपर एक 'नियुतांग' होता है, और इसको चौरासी लाखसे गुणा करनेपर एक 'नियुत' का प्रमाण कहा गया है ॥ २९४ ॥

चौरासीसे गुणित नियुतप्रमाण एक 'कुमुदांग' होता है । इसको चौरासी लाखसे गुणा करनेपर 'कुमुद' नाम कहा गया जानना चाहिये ॥ २९५ ॥

चौरासीसे गुणित कुमुदप्रमाण एक 'पद्मांग' होता है । इसको चौरासी लाख वर्षोंसे गुणा करनेपर 'पद्म' नाम कहा गया है ॥ २९६ ॥

चौरासीसे गुणित पद्मप्रमाण एक 'नलिनांग' होता है । इसको चौरासी लाख वर्षोंसे गुणा करनेपर 'नलिन' यह नाम जानना चाहिये ॥ २९७ ॥

चौरासीसे गुणित नलिनप्रमाण एक 'कमलांग' होता है । इसको चौरासी लाखसे गुणा करनेपर 'कमल' इस नामसे कहा गया है ॥ २९८ ॥

कमलसे चौरासीगुणा 'त्रुटितांग' होता है । इसको चौरासी लाखसे गुणा करनेपर 'त्रुटित' नाम समझना चाहिये ॥ २९९ ॥

चौरासीसे गुणित त्रुटितप्रमाण एक 'अटटांग' होता है । इसके चौरासी लाखसे गुणित होनेपर ' अटट ' इस नामसे कहा गया है ॥ ३०० ॥

....

१ द पुव्वंगं, ब णिवदंगं. २ ब पव्वपमाणं स णादव्वं. ३ द °गुणिदे. ४ द ब °वासेहिं.

अडडं चउसीदिगुणं अममंगं होदि तं पि गुणिदव्वं । चउसीदीलक्खेहिं अममं णामेण णिद्दिट्ठं ॥ ३०१
अममं चउसीदिगुणं हाहंगं होदि तं पि गुणिदव्वं । चउसीदीलक्खेहिं हाहाणामं समुद्दिट्ठं ॥ ३०२
हाहाचउसीदिगुणं हूहंगं होदि तं पि गुणिदव्वं । चउसीदीलक्खेहिं हूहूणामस्स परिमाणं ॥ ३०३
हूहूचउसीदिगुणं एक्कलदंगं हुवेदि गुणिदं तं । चउसीदीलक्खेहिं परिमाणमिदं लदाणामे ॥ ३०४
चउसीदिहदलदाए महालदंगं[1] हुवेदि गुणिदं तं । चउसीदीलक्खेहिं महालदाणाममुद्दिट्ठं ॥ ३०५
चउसीदिलक्खगुणिदा महालदादो हुवेदि सिरिकप्पं[2] । चउसीदिलक्खगुणिदं तं हत्थपहेलिदं णाम ॥ ३०६
हत्थपहेलिदणामं गुणिदं चउसीदिलक्खवासेहिं । अचलप्पणाम चेओ[3] कालं कालाणुवेदिणिद्दिट्ठं[4] ॥ ३०७
एक्कत्तीसट्ठाणे चउसीदिं पुह पुह ट्ठवेदूणं । अण्णोण्णहदे लद्धं अचलप्पं होदि णउदिसुण्णंगं ॥ ३०८

८४ । ३१ । ९० ।

एवं एसो[7] कालो संखेज्जो वच्छराण गणणाए । उक्कस्सं संखेज्जं जावं तावं[8] पवत्तेओ[9] ॥ ३०९

चौरासीसे गुणित अटटप्रमाण एक 'अममांग' होता है। इसको चौरासी लाखसे गुणा करनेपर 'अमम' नामसे निर्दिष्ट किया गया है ॥ ३०१ ॥

चौरासीसे गुणित अममप्रमाण एक 'हाहांग' होता है। इसको चौरासी लाखसे गुणा करनेपर 'हाहा' नाम कहा गया है ॥ ३०२ ॥

हाहाको चौरासीसे गुणा करनेपर एक 'हूहांग' होता है। इसको चौरासी लाखसे गुणा करनेपर 'हूहू' नामक कालका प्रमाण समझना चाहिये ॥ ३०३ ॥

चौरासीसे गुणित हूहूका एक 'लतांग' होता है। इसको चौरासी लाखसे गुणा करनेपर यह 'लता' नामक प्रमाण उत्पन्न होता है ॥ ३०४ ॥

चौरासीसे गुणित लताप्रमाण एक 'महालतांग' होता है। इसको चौरासी लाखसे गुणा करनेपर 'महालता' नाम कहा गया है ॥ ३०५ ॥

चौरासी लाखसे गुणित महालताप्रमाण एक 'श्रीकल्प' होता है। इसको चौरासी लाखसे गुणा करनेपर 'हस्तप्रहेलित' नामक प्रमाण उत्पन्न होता है ॥ ३०६ ॥

चौरासी लाख वर्षोंसे गुणित हस्तप्रहेलितप्रमाण एक 'अचलात्म' नामका काल होता है, ऐसा कालाणुओंके जानकार अर्थात् सर्वज्ञ भगवान्ने निर्दिष्ट किया है ॥ ३०७ ॥

इकतीस स्थानोंमें पृथक् पृथक् चौरासीको रखकर परस्पर गुणा करनेपर 'अचलात्म' का प्रमाण प्राप्त होता है, जो नब्बै शून्यांकरूप है ॥ ३०८ ॥

इसप्रकार यह संख्यात काल वर्षोंकी गणनाद्वारा उत्कृष्ट संख्यात जबतक प्राप्त हो तबतक ले जाना चाहिये ॥ ३०९ ॥

---

१ द लतंगं, ब °लतांगं. २ द सिरिकंपं, ब सिरकंपं. ३ द अचलप्पं णाभदओ. ४ द कालाउ हवेदि. ५ द ब णिद्दिट्ठा. ६ द णवदी. ७ ब एवं सो. ८ द ब जावलतोवं. ९ ब पवत्तं उ.

वयण—

एत्थ उक्कस्ससंखेज्जयजाणणिमित्तं जंबूदीववित्थारं सहस्सजोयणउव्वेधपमाणचत्तारिसरावया[1] कादव्वा। सलागा पडिसलागा महासलागा एदे तिण्णि वि अवट्ठिदा चउत्थो अणवट्ठिदो। एदे सव्वे पण्णाए ठविदा। एत्थ चउत्थसरावयअब्भंतरे दुवे सरिसवे च्छुदे तं जहण्णं संखेज्जयं जादं। एदं पढमवियप्पं। तिण्णि सरिसवे च्छुद्धे[3] अजहण्णमणुक्कस्ससंखेज्जयं। एवं सरावए[4] पुण्णे[5] एदमुवरि मज्झिमवियप्पं। पुणो भरिदसरावया देओ वा दाणओ वा हत्थे घेत्तूण दीवे समुद्दे एक्केक्कं सरिसवं देऊ[6]। सो णिट्ठिदो तक्काले सलायअब्भंतरे एगसरिसओ च्छुद्धो। जम्हि सलाया समत्ता तम्हि सरावओ वड्ढावेयव्वो[9]। तं भरिदूण हत्थे घेत्तूण दीवे समुद्दे णिट्ठिदव्वा। जम्हि णिट्ठिदं तम्हि सरावयं वड्ढावेयव्वं। सलायसरावए सरिसवे च्छुद्धे[10] एदा सलायसरावया पुण्णा[11], पडिसलायसरावया पुण्णा[11], महासलायसरावयो[12] पुण्णो। जह दीवसमुद्दे तिण्णि सरावया पुण्णा[11] तस्संखेज्जदीवसमुद्दवित्थरेण सहस्सजोयणगाधेण (सरावये वड्ढाविदे) सरिसवं भरिदे ५

....

वचन—

यहां उत्कृष्ट संख्यातके जाननेके निमित्त जम्बूद्वीपके समान विस्तारवाले (एक लाख योजन) और एक हजार योजनप्रमाण गहरे चार गड्ढे करना चाहिये। इनमें शलाका, प्रतिशलाका और महाशलाका, ये तीन गड्ढे अवस्थित और चौथा अनवस्थित है। ये सब गड्ढे बुद्धिसे स्थापित किये गये हैं। इनमेंसे चौथे कुण्डके भीतर दो सरसोंके डालनेपर वह जघन्य संख्यात होता है। यह संख्यातका प्रथम विकल्प है। तीन सरसोंके डालनेपर अजघन्यानुत्कृष्ट (मध्यम) संख्यात होता है। इसीप्रकार एक एक सरसोंके डालनेपर उस कुण्डके पूर्ण होनेतक यह तीनसे ऊपर सब मध्यम संख्यातके विकल्प होते हैं। पुनः इस सरसोंसे भरे हुए कुण्डमेंसे देव अथवा दानव हाथमें ग्रहण करके क्रमसे द्वीप और समुद्रमें एक एक सरसों देता जाय। इसप्रकार जब वह कुण्ड समाप्त हुआ तब उस समय शलाका कुण्डके भीतर एक सरसों डाला। जहांपर प्रथम कुण्डकी शलाकायें समाप्त हुई हों, उस द्वीप या समुद्रकी सूचीप्रमाण उस अनवस्थाकुण्डको बढ़ा दे। पुनः उसे सरसोंसे भरकर पहिलेके ही समान हाथमें ग्रहण करके क्रमसे आगेके द्वीप और समुद्रमें एक एक सरसों डालकर उन्हें पूरा कर दे। जिस द्वीप या समुद्रमें इस कुण्डके सरसों पूर्ण हो जावें उसकी सूचीके बराबर फिरसे उक्त कुण्डको बढ़ावे और शलाका कुण्डमें एक अन्य सरसों डाले। (इसप्रकार सरसों डालते डालते जब शलाका कुण्ड भरजावे तब एक सरसों प्रतिशलाका कुण्डमें डालना चाहिये। उपर्युक्त रीतिसे जब प्रतिशलाका कुण्ड भी भरजाय तब महाशलाका कुण्डमें एक सरसों डाले। इसप्रकार सरसों डालते डालते) शलाका कुंड पूर्ण होगये, प्रतिशलाका कुंड पूर्ण होगये, और महाशलाका कुंड पूर्ण होगया। जिस द्वीप या समुद्रमें शलाका, प्रतिशलाका और महाशलाका ये तीनों कुण्ड भरजावें उतने संख्यात द्वीपसमुद्रोंके विस्ताररूप और एक हजार योजन गहरे गड्ढेको सरसोंसे भरदेनेपर उत्कृष्ट संख्यातका

....

१ द ब उवेव°. २ द ब सरावयं. ३ द ब त्थुदे. ४ द सरावयो. ५ द ब पुण्णो. ६ द ब देय. ७ द ब त्थूदो. ८ ब सम्मत्ता. ९ द ब सरावउ वढ्ढारेयंतु. १० द ब सरिसवत्थूदे. ११ द ब पुण्णो. १२ °सरावया.

तं उक्कस्ससंखेज्जयं अदिच्छिदूणं जहण्णपरित्तासंखेज्जयं गंतूण पदिदं। तदो एगरूवमवणीदे जादमुक्कस्ससंखेज्जयं। जम्हि जम्हि संखेज्जयं मग्गिज्जदि तम्हि तम्हि यजहण्णमणुक्कस्ससंखेज्जयं गंतूण[1] घेत्तव्वं। तं कस्स विसओ। चोद्दसपुव्विस्स।

उक्कस्ससंखमज्झे इगिसमयजुदे जहण्णयमसंखं[4]। तत्तो असंखकालो उक्कस्सयसंखसमयंतं ॥ ३१०

जं तं असंखेज्जयं तं तिविधं, परित्तासंखेज्जयं, जुत्तासंखेज्जयं, असंखेज्जासंखेज्जयं चेदि। जं तं परित्तासंखेज्जयं तं तिविधं[5], जहण्णपरित्तासंखेज्जयं, अजहण्णमणुक्कस्सपरित्तासंखेज्जयं, उक्कस्सपरित्तासंखेज्जयं चेदि। जं तं जुत्तासंखेज्जयं तं तिविधं, जहण्णजुत्तासंखेज्जयं, अजहण्णमणुक्कस्सजुत्तासंखेज्जयं, उक्कस्सजुत्तासंखेज्जयं चेदि। जं तं असंखेज्जासंखेज्जयं तं तिविधं, जहण्णअसंखेज्जासंखेज्जयं, अजहण्णमणुक्कस्सअसंखेज्जासंखेज्जयं, उक्कस्सअसंखेज्जासंखेज्जयं चेदि।

जं तं जहण्णपरित्तासंखेज्जयं तं विरलेदूण[6] एक्केक्कस्स रूवस्स जहण्णपरित्तासंखेज्जयं देदूण अण्णोण्णब्भत्थे कदे उक्कस्सपरित्तासंखेज्जयं अदिच्छेदूण[7] जहण्णजुत्तासंखेज्जयं गंतूण पडिदं[8]। तदो एगरूवे अवणीदे जादं उक्कस्सपरित्तासंखेज्जयं। (जम्हि जम्हि असंखेज्जयं) अधिकज्जं[9] तम्हि तम्हि जहण्णजुत्त-

अतिक्रमण कर यह जघन्य परीतासंख्यात जाकर प्राप्त होता है। उसमेंसे एक रूप कम करदेनेपर उत्कृष्ट संख्यातका प्रमाण होता है। जहां जहां संख्यातको खोजना हो वहां वहां अजघन्यानुत्कृष्ट संख्यातका (मध्यम संख्यातका) जाकर ग्रहण करना चाहिये। यह किसका विषय है? यह चौदह पूर्वके ज्ञाता श्रुतकेवलीका विषय है।

उत्कृष्ट संख्यातमें एक समय मिलानेपर जघन्य असंख्यात होता है। इसके आगे उत्कृष्ट असंख्यातके प्राप्त होने तक असंख्यात काल है ॥ ३१० ॥

अब जो यह असंख्यात है वह तीन प्रकार है— परीतासंख्यात, युक्तासंख्यात और असंख्यातासंख्यात। जो यह परीतासंख्यात है वह तीन प्रकारका है— जघन्य परीतासंख्यात, अजघन्यानुत्कृष्ट परीतासंख्यात और उत्कृष्ट परीतासंख्यात। इसीप्रकार युक्तासंख्यात भी तीन प्रकार है— जघन्य युक्तासंख्यात, अजघन्यानुत्कृष्ट युक्तासंख्यात और उत्कृष्ट युक्तासंख्यात। जो यह असंख्यातासंख्यात है सो भी तीन प्रकार है—जघन्य असंख्यातासंख्यात, अजघन्यानुत्कृष्ट असंख्यातासंख्यात और उत्कृष्ट असंख्यातासंख्यात।

जो यह जघन्य परीतासंख्यात है उसका विरलन करके एक एक रूपके प्रति जघन्य परीतासंख्यात देकर परस्पर गुणा करनेपर उत्कृष्ट परीतासंख्यातका उल्लंघन कर जघन्य युक्तासंख्यात जाकर प्राप्त होता है। इसमेंसे एक अंक कम करनेपर उत्कृष्ट परीतासंख्यात होता है। (जहां जहां असंख्यातका) अधिकार हो, वहां वहां जघन्य युक्तासंख्यातका ग्रहण करना चाहिये। जो यह जघन्य

१ द अदिच्छि जहण्णं. २ द ब संखेयं. ३ द संखेजयं घेत्तवं. ४ द ब क जहण्णयमसंखं. ५ ब विधिं. ६ द विरलेदूण. ७ द अदलिच्छेत्तूण, ब आविच्छेदूण. ८ ब पडिदपादो. ९ द ब अधियाकज्जं.

असंखेज्जयं घेत्तव्वं । जं तं जहण्णजुत्तासंखेज्जयं तं सयं वग्गिदो उक्कस्सजुत्तासंखेज्जयं अदिच्छिदूण जहण्णमसंखेज्जासंखेज्जयं गंतूणं पडिदं । तदो एगरूवं अवणीदे जादं उक्कस्सजुत्तासंखेज्जयं । तदा जहण्णमसंखेज्जासंखेज्जयं दोप्पडिरासियं कादूण एगरासिं सलायपमाणं ठविय एगरासिं विरलेदूण[1] एक्केक्कस्स रूवस्स एगपुंजपमाणं दादूण अण्णोण्णब्भत्थं करिय सलायरासिदो एगरूवं अवणेदव्वं । पुणो वि उप्पण्णरासिं विरलेदूण[2] एक्केक्कस्स रूवस्सुप्पण्णरासिपमाणं दादूण अण्णोण्णब्भत्थं[3] कादूण ५ सलायरासिदो एयरूवं[4] अवणेदव्वं । एदेण कमेण सलायरासी णिट्ठिदा । णिट्ठियतदणंतररासिं दुप्पडिरासिं कादूण एयपुंजं सलायं ठविय एयपुंजं विरलिदूण एक्केक्कस्स रूवस्स उप्पण्णरासिं दादूण अण्णोण्णब्भत्थं कादूण सलायरासिदो एयं रूवं अवणेदव्वं । एदेण सरूवेण बिदियसलागपुंजं समत्तं । सम्मत्तकाले उप्पण्णरासिं दुप्पडिरासिं कादूण एयपुंजं सलायं ठविय एयपुंजं विरलिदूण एक्केक्कस्स रूवस्स उप्पण्णरासिपमाणं दादूण अण्णोण्णब्भत्थं कादूण सलायरासीदो एयरूवं[5] अवणेदव्वं । १० एदेण कमेण तदियपुंजं णिट्ठिदं । एवंकदे[6] उक्कस्सअसंखेज्जासंखेज्जयं ण पावदि । धम्माधम्मलोगागासएग-जीवपदेसा चत्तारि वि लोगागासमेत्ता, पत्तेगसरीरबादरपदिट्ठिया एदे दो वि (कमसो असंखेज्जलोगमेत्ता)[7],

....

युक्तासंख्यात है, उसका एकवार वर्ग करनेपर उत्कृष्ट युक्तासंख्यातको लांघकर जघन्य असंख्यातासंख्यात जाकर प्राप्त होता है। इसमेंसे एक रूप कम करदेनेपर उत्कृष्ट युक्तासंख्यात हो जाता है। फिर जघन्य असंख्यातासंख्यातकी दो प्रतिराशियां करके उनमेंसे एक राशिको शलाकाप्रमाण स्थापित करके और एक राशिका विरलन करके एक एक रूपके प्रति एक एक पुंजप्रमाण देकर परस्पर गुणा करके शलाकाराशिमेंसे एक अंक कम करदेना चाहिये, इसप्रकार जो राशि उत्पन्न हो उसको फिरसे विरलित करके एक एक अंकके प्रति उत्पन्न राशिके प्रमाणको देकर और परस्पर गुणा करके शलाकाराशिमेंसे एक अंक और कम करना चाहिये। इसी क्रमसे शलाकाराशि समाप्त हो गई। उस राशिकी समाप्तिके अनन्तर उत्पन्न हुई राशिप्रमाण दो प्रतिराशियां करके उनमेंसे एक पुंजको शलाकारूपसे स्थापित करके और एक पुंजको विरलित करके एक एक अंकके प्रति उत्पन्न राशिको देकर परस्पर गुणा करनेके पश्चात् शलाकाराशिमेंसे एक रूप कम करना चाहिये। इस प्रक्रियासे द्वितीय शलाकाराशि समाप्त हो गई। उसकी समाप्तिकालमें उत्पन्न राशिप्रमाण दो प्रतिराशियां करके उनमेंसे एक पुंजको शलाकारूपसे स्थापित करके और एक पुंजका विरलन करके एक एक अंकके प्रति उत्पन्न राशिप्रमाणको देकर परस्पर गुणा करनेपर शलाकाराशिमेंसे एक अंक कम करदेना चाहिये। इस क्रमसे तृतीय पुंज समाप्त हो गया। ऐसा करनेपर भी उत्कृष्ट असंख्याता-संख्यात प्राप्त नहीं होता। तब धर्म द्रव्य, अधर्म द्रव्य, लोकाकाश और एक जीव, इन चारोंके प्रदेश, जो लोकाकाशप्रमाण हैं उनको, तथा प्रत्येकशरीर और बादरप्रतिष्ठित (अप्रतिष्ठित प्रत्येकराशि और प्रतिष्ठित प्रत्येकराशि), जो दोनों क्रमशः असंख्यात लोकप्रमाण हैं, इन छहों असंख्यातराशियोंको पूर्व

....

१ द सलायममाण, ब सलायासणाम. २ द विरलोदूण. ३ द ब अण्णोण्णमत्प्पो. ४ द ब यरूवं. ५ द ब एयरूवस्स. ६ द ब कदो. ७ द ब किंचूणसायरोवमं विरलेदूण विभंगे कादूण अण्णोण्णब्भत्थे रासिपमाणं होदि.

छप्पि एदे[1] असंखेज्जरासीओ पुव्विल्लरासिस्स उवरि पक्खिविदूण पुव्वं व तिण्णिवारवग्गिदे कदे उक्कस्स-असंखेज्जासंखेज्जयं[2] ण उप्पज्जदि। तदा ठिदिबंधज्झवसायठाणाणि[3] अणुभागबंधज्झवसायठाणाणि योगपलिच्छेदाणि उस्सप्पिणिओसप्पिणीसमयाणि च एदाणि पक्खिविदूण पुव्वं व वग्गिदसंवग्गिदं कदे (उक्कस्स-असंखेज्जासंखेज्जयं अदिच्छिदूण जहण्णपरित्ताणंतयं गंतूण पडिदं।) तदो (रूगरूवं अवणीदे जादं) उक्कस्सअसंखेज्जासंखेज्जयं। जम्हि जम्हि असंखेज्जासंखेज्जयं मग्गिज्जदि[4] तम्हि तम्हि अजहण्णमणुक्कस्स- ५ असंखेज्जासंखेज्जयं घेत्तव्वं। कस्स विसओ। ओधिणाणिस्स।

उक्कस्सअसंखेज्जे अवराणंतो हुवेदि रूवजुदे। तत्तो वड्ढदि कालो केवलणाणस्स परियंतं ॥ ३११

जं तं (अणंतं) तं तिविहं, परित्ताणंतयं, जुत्ताणंतयं, अणंताणंतयं चेदि। जं[5] तं परित्ताणंतयं तं तिविहं, जहण्णपरित्ताणंतयं, अजहण्णमणुक्कस्सपरित्ताणंतयं, उक्कस्सपरित्ताणंतयं चेदि। जं तं जुत्ताणंतयं तं तिविहं, जहण्णजुत्ताणंतयं, अजहण्णमणुक्कस्सजुत्ताणंतयं, उक्कस्सजुत्ताणंतयं चेदि। जं तं अणंताणंतयं तं तिविधं, १० जहण्णमणंताणंतयं, अजहण्णमणुक्कस्सअणंताणंतयं, उक्कस्सअणंताणंतयं चेदि।

उत्पन्न राशिमें (तीन वार वर्गितसंवर्गित राशिमें) मिलाकर पहिलेके समान तीन वार वर्गित-संवर्गित करनेपर भी उत्कृष्ट असंख्यातासंख्यात उत्पन्न नहीं होता। तब फिर इस राशिमें स्थितिबन्धाध्यवसायस्थान, अनुभागबन्धाध्यवसायस्थान, योगोंके अविभागप्रतिच्छेद और उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी कालके समय, इन राशियोंको मिलाकर पूर्वके समान ही वर्गितसंवर्गित करनेपर (उत्कृष्ट असंख्याता-संख्यातका अतिक्रमण कर जघन्य परीतानन्त जाकर प्राप्त होता है।) इसमेंसे (एक अंक कम कर देनेपर) उत्कृष्ट असंख्यातासंख्यात होता है। जहां जहां असंख्यातासंख्यातकी खोज करना हो वहां वहां अजघन्यानुत्कृष्ट असंख्यातासंख्यातको ग्रहण करना चाहिये। यह किसका विषय है? यह अवधिज्ञानीका विषय है।

उत्कृष्ट असंख्यातमें (असंख्यातसंख्यातमें) एक रूपके मिलानेपर जघन्य अनन्त होता है। उसके आगे केवलज्ञानपर्यन्त काल बढ़ता जाता है ॥ ३११ ॥

जो यह अनन्त है वह तीन प्रकार है—परीतानन्त, युक्तानन्त, और अनन्तानन्त। इनमेंसे जो परीतानन्त है वह तीन प्रकार है—जघन्य परीतानन्त, अजघन्यानुत्कृष्ट परीतानन्त और उत्कृष्ट परीतानन्त। इसीप्रकार युक्तानन्त भी तीन प्रकार है—जघन्य युक्तानन्त, अजघन्यानुत्कृष्ट युक्तानन्त और उत्कृष्ट युक्तानन्त। अनन्तानन्त भी तीन प्रकार है—जघन्य अनन्तानन्त, अजघन्यानुत्कृष्ट अनन्तानन्त और उत्कृष्ट अनन्तानन्त।

१ द ब छक्कि पदे. २ ब संखेज्जदी. ३ द ब ठिदिबंधठाणाणि ठिदिबंधज्झवसाणठाणाणि कसायोदयट्ठाणाणि. ४ द ब वग्गिज्जदि. ५ द ब जुत्तं.

जं तं जहण्णपरित्ताणंतयं तं विरलेदूण एक्केक्कस्स रूवस्स जहण्णपरित्ताणंतयं दादूण अण्णोण्णब्भत्थे कदे उक्कस्सपरित्ताणंतयं अदिच्छिदूण जहण्णजुत्ताणंतयं गंतूण पडिदं। एवदिओ अभवसिद्धियरासी। तदो एगरूवे अवणीदे जादं उक्कस्सपरित्ताणंतयं। तदा जहण्णजुत्ताणंतयं सयं वग्गिदं उक्कस्सजुत्ताणंतयं अदिच्छिदूण जहण्णमणंताणंतयं गंतूण पडिदं। तदो एगरूवे अवणीदे जादं उक्कस्सजुत्ताणंतयं। तदा जहण्णमणंताणंतयं पुव्वं व वग्गिदसंवग्गिदं कदे उक्कस्सअणंताणंतयं ण पावदि।

सिद्धा णिगोदजीवा वणप्फदि कालो य पोग्गला चेव। सव्वमलोगागासं[1] छप्पेदे[2] णंतपक्खेवा ॥ ३१२

ताणि पक्खिदूण पुव्वं व तिण्णिवारे वग्गिदसंवग्गिदं कदे तदा उक्कस्सअणंताणंतयं ण पावदि। तदा धम्मट्ठियं अधम्मट्ठियं अगुरुलहुगुणं अणंतं पक्खिविदूण पुव्वं व तिण्णिवारे वग्गिदसंवग्गिदं कदे उक्कस्सअणंताणंतयं ण उप्पज्जदि। तदा केवलणाणकेवलदंसणस्स वाणंता भागा तस्सुवरिं पक्खित्ते[3] उक्कस्सअणंताणंतयं उप्पण्णं। अत्थि तं भायणं णत्थि तं दव्वं एवं भणिदो। एवं वग्गिय उप्पण्णसव्व- १० वग्गरासीणं पुंजं केवलणाणकेवलदंसणस्स अणंतिमभागं होदि तेण कारणेण अत्थि तं भाजणं णत्थि तं दव्वं। जम्हि जम्हि अणंताणंतयं मग्गिज्जदि[4] तम्हि तम्हि अजहण्णमणुक्कस्सअणंताणंतयं घेत्तव्वं। कस्स विसओ। केवलणाणिस्स।

यह जो जघन्य परीतानन्त है, उसका विरलन करके और एक एक रूपके प्रति जघन्य परीतानन्तको देकर परस्पर गुणा करनेपर उत्कृष्ट परीतानन्तका उल्लंघन कर जघन्य युक्तानन्त जाकर प्राप्त होता है। इतनी ही अभव्यसिद्धराशि है। इस जघन्य युक्तानन्तमेंसे एक रूप कम करनेपर उत्कृष्ट परीतानन्त होता है। तत्पश्चात् जघन्य युक्तानन्तका एकवार वर्ग करनेपर उत्कृष्ट युक्तानन्तको लांघकर जघन्य अनन्तानन्त जाकर प्राप्त होता है। इसमेंसे एक अंक कम करनेपर उत्कृष्ट युक्तानन्तका प्रमाण होता है। पश्चात् जघन्य अनन्ताअनन्तको पूर्ववत् वर्गितसंवर्गित करनेपर उत्कृष्ट अनन्तानन्त प्राप्त नहीं होता। तब इस उत्पन्न राशिमें—

सिद्ध, निगोद जीव, वनस्पति, काल, पुद्गल और सब अलोकाकाश, ये छह अनन्तप्रक्षेप हैं ॥ ३१२ ॥

इन छहों राशियोंको मिलाकर पूर्वके समान तीनवार वर्गितसंवर्गित करनेपर उत्कृष्ट अनन्तानन्त प्राप्त नहीं होता। तब इस राशिमें, धर्म द्रव्यमें स्थित और अधर्म द्रव्यमें स्थित अनन्त अगुरुलघु गुणको, मिलाकर पूर्वके समान तीनवार वर्गितसंवर्गित करनेपर उत्कृष्ट अनन्तानन्त उत्पन्न नहीं होता। तब केवलज्ञान अथवा केवलदर्शनके अनन्त बहुभागको (उक्त प्रकारसे प्राप्त राशिसे हीन) उस पूर्वोक्त राशिमें मिलानेपर उत्कृष्ट अनन्तानन्त उत्पन्न हुआ। वह भाजन है, द्रव्य नहीं है, इसप्रकार कहा गया है। क्योंकि इसप्रकार वर्ग करके उत्पन्न सब वर्गराशियोंका पुंज केवलज्ञान-केवलदर्शनके अनन्तवें भाग है, इसी कारणसे वह भाजन है, द्रव्य नहीं है। जहां जहां अनन्तानन्तका ग्रहण करना हो वहां वहां अजघन्यानुत्कृष्ट अनन्तानन्तका ग्रहण करना चाहिये। यह किसका विषय है? यह केवलज्ञानीका विषय है।

१ द ब सव्वं वमलोगागासं. २ द ब थप्पेदि. ३ द ब पक्खित्तो. ४ द ब वग्गिज्जदि.

भरहक्खेत्तम्मि इमे अज्जाखंडम्मि कालपरिभागा[1] । अवसप्पिणिउस्सप्पिणिपज्जाया दोण्णि होंति पुढं ॥ ३१३

णरतिरियाणं आऊ उच्छेह[2]विभूदिपहुदियं सव्वं । अवसप्पिणिए हायदि उस्सप्पिणियासु वड्ढेदि ॥ ३१४

अद्धारपल्लसायरउवमा दस होंति[3] कोडकोडीओ । अवसप्पिणिपरिमाणं तेत्तियमुस्सप्पिणीकालो ॥ ३१५

दोण्णि वि मिलिदे कप्पं छब्भेदा होंति तत्थ एक्केक्कं ।
सुसमसुसमं च सुसमं तइज्जयं सुसमदुस्समयं[4] ॥ ३१६

दुस्समसुसमं दुस्समम‍दिदुस्समयं च तेसु पढमम्मि । चत्तारिसायरोवमकोडाकोडीओ परिमाणं ॥ ३१७

सुसमम्मि तिण्णि जलहीउवमाणं होंति कोडकोडीओ ।
दोण्णि तदियम्मि तुरिमे बादालसहस्सविरहिदो एक्को ॥ ३१८

इगिवीससहस्साणिं वासाणिं दुस्समम्मि[5] परिमाणं । अतिदुस्समम्मि कालो तेत्तियमेत्तं मि णादव्वं ॥ ३१९

सुसमसुसमम्मि काले[6] भूमी[7] रजधूमजलणहिमरहिदा । कंटयअब्भसिलाई[8]विंछिआदिकीडोवसग्गपरिचत्ता ॥ ३२०

णिम्मलदप्पणसरिसा[9] णिंदिददव्वेहिं विरहिदा तीए । सिकदा हवेदि दिव्वा[10] तणुमणणयणाण सुहजणणी ॥ ३२१

विप्फुरिदपंचवण्णा सहावमउवा य मधुररसजुत्ता । चउअंगुलपरिमाणा तणा[11] त्ति जाएदि सुरहिगंधड्ढा ॥ ३२२

भरत क्षेत्रके आर्यखण्डमें ये कालके विभाग हैं। यहां पृथक् पृथक् अवसर्पिणी और उत्सर्पिणीरूप दोनों ही कालकी पर्यायें होती हैं ॥ ३१३ ॥

अवसर्पिणी कालमें मनुष्य एवं तिर्यञ्चोंकी आयु, शरीरकी उंचाई और विभूति इत्यादिक सब ही घटते तथा उत्सर्पिणी कालमें बढ़ते रहते हैं ॥ ३१४ ॥

अद्धापल्योंसे निर्मित दश कोड़ाकोड़ी सागरोपमप्रमाण अवसर्पिणी और इतना ही उत्सर्पिणी काल भी है ॥ ३१५ ॥

इन दोनोंको मिलानेपर बीस कोड़ाकोड़ी सागरोपमप्रमाण एक कल्प काल होता है। अवसर्पिणी और उत्सर्पिणीमेंसे प्रत्येकके छह भेद हैं—सुषमसुषमा, सुषमा, सुषमदुष्षमा, दुष्षमसुषमा, दुष्षमा और अतिदुष्षमा। इन छहोंमेंसे प्रथम सुषमसुषमा चार कोड़ाकोड़ी सागरोपमप्रमाण, सुषमा तीन कोड़ाकोड़ी सागरोपमप्रमाण, तृतीय दो कोड़ाकोडी सागरोपमप्रमाण, चतुर्थ ब्यालीस हजार वर्ष कम एक कोड़ाकोड़ी सागरोपमप्रमाण, पंचम दुष्षमा इक्कीस हजार वर्षप्रमाण और अतिदुष्षमा काल भी इतने ही (इक्कीस हजार वर्ष) प्रमाण जानना चाहिये ॥ ३१६-३१९ ॥

सुषमसुषमा कालमें भूमि रज, धूम, अग्नि और हिमसे रहित, तथा कण्टक, अभ्रशिला (बर्फ), आदि एवं विच्छू आदिक कीड़ोंके उपसर्गोंसे रहित होती है ॥ ३२० ॥

इस कालमें निर्मल दर्पणके सदृश और निन्दित द्रव्योंसे रहित दिव्य बालु तन, मन और नयनोंको सुखदायक होती है ॥ ३२१ ॥

उस पृथिवीपर पांच प्रकारके वर्णोंसे स्फुरायमान, स्वभावसे मृदुल, मधुर रससे युक्त, सुगन्धसे परिपूर्ण, और चार अंगुलप्रमाण ऊंचे तृण उत्पन्न होते हैं ॥ ३२२ ॥

---

१ द °पविभागा. २ ब उच्छेहा. ३ द हुंति. ४ द सुसम°. ५ द ब दुसहम्मि. ६ द कालो. ७ द ब भूमि. ८ द ब सलाइं. ९ ब °सरसा. १० द ब दव्वा. ११ द ब भणं ति.

तीए गुंछा गुम्मा कुसुमंकुरफलपवालपरिपुण्णा । बहओ विचित्तवण्णा रुक्खसमूहा समुत्तुंगा ॥ ३२३

कल्हारकमलकुवलयकुमुदुज्जलपवाहपडहत्था[1] । पोक्खरणीवावीओ मअरादिविवज्जिया[2] होंति ॥ ३२४

पुक्खरणीपहुदीणं चउतडभूमीसु रयणसोवाणा[3] । तेसुं वरपासादा[4] सयणासणणिवहपरिपुण्णा ॥ ३२५

णिस्सेसवाहिणासणअमिदोवमं[5]विमलसलिलपरिपुण्णा ।
रेहंति दिग्घियाओ जलकीडणदिव्वदव्वजुदा ॥ ३२६

अइमुत्तयाण भवणा सयणासणसोभिदा सुपासादा । विविचित्तं भासंते[6] णिरुवमं भोगभूमीए ॥ ३२७

धरणिधरा उत्तुंगा[7] कंचणवररयणणियरपरिणामा । णाणाविहकप्पदुमसंपुण्णा[8] दिग्घिआदिजुदा ॥ ३२८

धरणी वि पंचवण्णा तणुमणणयणाण णंदणं कुणइ । वज्जिंदणीलमरगदमुत्ताहलपउमरायफलिहजुदा[9] ॥ ३२९

पवराउ वाहिणीओ दोतडसोहंतरयणसोवाणा[10] । अमयवरखीरपुण्णा मणिमयसिगदाहि सोहंति ॥ ३३०

संखपिपीलियमक्कुणगोमच्छीदंसमसयकिमिपहुदी । वियलिंदिया ण होंति हु णियमेणं पढमकालम्मि ॥ ३३१

उस कालमें पृथिवीपर गुच्छा, गुल्म (झाड़ी), पुष्प, अंकुर, फल एवं नवीन पत्तोंसे परिपूर्ण, विचित्र वर्णवाले और ऊंचे, ऐसे बहुतसे वृक्षोंके समूह होते है ॥ ३२३ ॥

वहांपर कल्हार, कमल, कुवलय और कुमुद, इन विशेष जातिके कमल पुष्पों तथा उज्वल प्रवाहसे परिपूर्ण और मकरादिक जलजंतुओंसे रहित, ऐसी पुष्करिणी व वापिकायें होती हैं ॥ ३२४ ॥

इन पुष्करिणी आदिककी चारों तटभूमियोंमें रत्नोकी सीढ़ियां होती हैं। उनमें शय्या और आसनोंके समूहोंसे परिपूर्ण उत्तम भवन है ॥ ३२५ ॥

सम्पूर्ण व्याधियोंको नष्ट करनेवाले अमृतोपम निर्मल जलसे परिपूर्ण और जलक्रीड़ाके निमित्तभूत दिव्य द्रव्योंसे संयुक्त, ऐसी दीर्घिकायें शोभायमान होती है ॥ ३२६ ॥

भोगभूमिमें अतिमुक्तकों अर्थात् अति स्वच्छंद भोगभूमिजोंके भवन शय्या एवं आसनोंसे सुशोभित सुन्दर प्रासाद अनुपम और सुविचित्र प्रतिभासित होते है ॥ ३२७ ॥

वहांपर सुवर्ण एवं उत्तम रत्नसमूहोंके परिणामरूप, नाना प्रकारके कल्पवृक्षोंसे परिपूर्ण, और दीर्घिकादिकसे संयुक्त उन्नत पर्वत हैं ॥ ३२८ ॥

पंचवर्णवाली और हीरा, इन्द्रनील मरकत, मुक्ताफल, पद्मराग तथा स्फटिक मणिसे संयुक्त वहांकी पृथिवी भी तन, मन एवं नयनोंको आनन्द देती है ॥ ३२९ ॥

वहां उभय तटोंपर शोभायमान रत्नमय सीढ़ियोंसे संयुक्त और अमृतके समान उत्तम क्षीर (जल) से परिपूर्ण, ऐसी प्रवर नदियां मणिमय वालुकासे शोभायमान होती हैं ॥ ३३० ॥

प्रथम कालमें नियमसे शंख, चीटी, खटमल, गोमक्षिका, डांस, मच्छर और कृमि इत्यादिक विकलेन्द्रिय जीव नहीं होते ॥ ३३१ ॥

१ द ब °पदहत्थो. २ द ब अमरादिविवज्जिया. ३ ब सोवाणो. ४ द ब पासादो. ५ द ब अविदावम°. ६ द ब भासंतो. ७ द उदंगा. ८ द ब °कप्पदुमा. ९ द ब °पउररायपलिह°. १० द ब °सोहाणो.

णत्थि असण्णी जीवा णत्थि तहा सामिभिच्चभेदो य[1] । विकलपहा[2] जुद्धादीरुद्धणभावा दु[3] ण हु होंति ॥ ३३२
रत्तिदिणाणं भेदो तिमिरादवसीदवेदणा णिंदा । परदाररदी परधणचोरी[4] णं णत्थि णियमेण ॥ ३३३
जमलाजमलपसूदा वरवेंजणलक्खणेहिं परिपुण्णा । बदरपमाणाहारं अट्ठमभत्तेसु भुंजंति ॥ ३३४
तस्सिं काले छ च्चिय[5] चावसहस्साणि[6] देहउस्सेहो । तिण्णि पलिदोवमाइं आऊणि णराण णारीणं ॥ ३३५
पुट्ठीए होंति अट्ठी छप्पण्णा समधिया य दोण्णि सया । सुसमसुसमम्मि काले णराण णारीण पत्तेक्कं ॥ ३३६
भिण्णिंदणीलकेसा णिरुवमलावण्णरूवपरिपुण्णा । सुहसायरमज्झगया णीलुप्पलसुरहिणिस्सासा ॥ ३३७
तब्भोगभूमिजादा णवणागसहस्ससरिसबलजुत्ता । आरत्तपाणिपादा वणचंपयकुसुमगंधड्ढा ॥ ३३८
मद्दवअज्जवजुत्ता मंदकसाया सुसीलसंपुण्णा । आदिमसंहडणजुदा समचउरस्संगसठाणा ॥ ३३९
बालरवीसमतेया कवलाहारा वि विगदणीहारा । ते जुगलधम्मजुत्ता परिवारा णत्थि तक्काले ॥ ३४०
गामणयरादि सव्वं ण होदि ते होंति सव्वकप्पतरू । णियणियमणसंकप्पियवत्थूणिं[7] देंति जुगलाणं ॥ ३४१

इस कालमें असंज्ञी जीव नहीं होते तथा स्वामी और भृत्यका भी भेद नहीं होता। इसीप्रकार नर-नारी कान्तिसे रहित और युद्धादिक विरोधकारक भाव भी नहीं होते ॥ ३३२ ॥

प्रथमकालमें नियमसे रात-दिनका भेद, अन्धकार, गर्मी व शीतकी निंद्य वेदना, परस्त्रीरमण और परधनहरण नहीं होता ॥ ३३३ ॥

इसकालमें युगल-युगलरूपसे उत्पन्न हुए मनुष्य उत्तम व्यंजनों (तिल मशा इत्यादिक) और चिह्नों (शंख चक्र इत्यादिक) से परिपूर्ण होते हुए अष्टम भक्तमें अर्थात् चौथे दिन बेरके बराबर आहार ग्रहण करते हैं ॥ ३३४ ॥

इस कालमें पुरुष और स्त्रियोंके शरीरकी उंचाई छह हजार धनुष तथा आयु तीन पल्योपमप्रमाण होती है ॥ ३३५ ॥

सुषमसुषमाकालमें पुरुष और स्त्रियोंमेंसे प्रत्येकके पृष्ठभागमें दोसौ छप्पन हड्डियां होती हैं ॥ ३३६ ॥

इस कालमें मनुष्य भिन्न इन्द्रनील मणिके सदृश केशवाले, अनुपम लावण्यरूपसे परिपूर्ण, सुखसागरके मध्यमें मग्न, और नील कमलके समान सुगंधित निश्वासवायुसे युक्त होते हैं ॥ ३३७ ॥

उस भोगभूमिमें उत्पन्न हुए मनुष्य नौ हजार हाथियोंके सदृश बलसे युक्त, किंचित् लाल हाथ-पैरवाले, वनचम्पकके फूलोंकी सुगन्धसे व्याप्त, मार्दव एवं आर्जवसे सहित, मन्दकषायी, सुशीलतापूर्ण, आदिके अर्थात् वज्रवृषभनाराचसंहननसे युक्त, समचतुरस्रशरीरसंस्थानवाले उगते हुए सूर्यके सदृश तेजस्वी, कवलाहारको करते हुए भी मल-मूत्रसे रहित, और युगलधर्मसे सहित होते हैं। इस कालमें नर-नारीके अतिरिक्त अन्य परिवार नहीं होता ॥ ३३८–३४० ॥

इस समय वहांपर गांव व नगरादिक सब नहीं होते, केवल वे सब कल्पवृक्ष होते हैं जो युगलोंको अपने अपने मनकी कल्पित वस्तुओंको दिया करते हैं ॥ ३४१ ॥

---

१ द ब भेदाओ. २ द ब पहो. ३ द ब भावा हु. ४ द ब चारी. ५ द ब छव्विह. ६ द सहस्सा. ७ द वत्थूणं, ब वत्थूणं.

पाणंगतूरियंगा भूसणवत्थंगभोयणंगा य । आलयदीविमभायणमालातेजंगआदिकप्पतरू ॥ ३४२
पाणं मधुरसुसादं छरसेहि जुदं पसत्थमइसीदं । बत्तीसभेदजुत्तं पाणंगा देंति तुट्ठिपुट्ठियरं ॥ ३४३
तूरंगा वरवीणापटुपटहमुइंगझल्लरीसंखा[1] । दुंदुभिभंभाभेरीकाहलपहुदाइ देंति तूर[2] ॥ ३४४
तरओ वि भूसणंगा कंकणकडिसुत्तहारकेयूरा । मंजीरकडयकुंडलतिरीडमउडादियं देंति ॥ ३४५
वत्थंगा णित्तं पडचीणसुवरखउमपहुदिवत्थाणिं[3] । मणणयणाणंदकरं णाणावत्थादि ते देंति ॥ ३४६
सोलसविहमाहारं सोलसभेयाणि वेंजणाणिं पि । चोद्दसविहसोवाइं खज्जाणिं विगुणचउवण्णं ॥ ३४७
सायाणं च पयारे तेसट्ठीसंजुदाणि तिसयाणि । रसभेदा तेसट्ठी देंति फुडं भोयणंगदुमा ॥ ३४८
सत्थिअणंदावत्तप्पमुहा जे के वि दिव्वपासादा । सोलसभेदा रम्मा देंति हु ते आलयंगदुमा ॥ ३४९
दीवंगदुमा साहापवालफलकुसुममंकुरादीहिं[4] । दीवा इव पज्जलिदा पासादे देंति उज्जोवं ॥ ३५०
भायणअंगा कंचणबहुरयणविणिम्मियाइ धवलाइं । भिंगारकलसगग्गरिचामरपीढादियं देंति ॥ ३५१

भोगभूमिमें पानांग, तूर्यांग, भूषणांग, वस्त्रांग, भोजनांग, आलयांग, दीपांग, भाजनांग, मालांग और तेजांग आदि कल्पवृक्ष होते हैं ॥ ३४२ ॥

इनमेंसे पानांग जातिके कल्पवृक्ष भोगभूमिजोंको मधुर, सुस्वादु, छह रसोंसे युक्त, प्रशस्त, अति शीत, और तुष्टि एवं पुष्टिको करनेवाले, ऐसे बत्तीस प्रकारके पेय द्रव्यको दिया करते हैं ॥३४३॥

तूर्यांग जातिके कल्पवृक्ष उत्तम वीणा, पटु पटह, मृदंग, झालर, शंख, दुंदुभि, भंभा, भेरी और काहल इत्यादि भिन्न भिन्न प्रकारके वादित्रोंको देते हैं ॥ ३४४ ॥

भूषणांग जातिके कल्पवृक्ष कंकण, कटिसूत्र, हार, केयूर, मंजीर, कटक, कुण्डल, किरीट और मुकुट इत्यादि आभूषणोंको प्रदान करते हैं ॥ ३४५ ॥

वे वस्त्रांग जातिके कल्पवृक्ष नित्य चीनपट एवं उत्तम क्षौमादि वस्त्र तथा अन्य मन और नयनोंको आनन्दित करनेवाले नाना प्रकारके वस्त्रादि देते हैं ॥ ३४६ ॥

भोजनांग जातिके कल्पवृक्ष सोलह प्रकारका आहार व सोलह प्रकारके व्यंजन, चौदह प्रकारके सूप (दाल आदि), चउवनके दुगुणे अर्थात् एकसौ आठ प्रकारके खाद्य पदार्थ, स्वाद्य पदार्थोंके तीनसौ तिरेसठ प्रकार, और तिरेसठ प्रकारके रसभेदोंको पृथक् पृथक् दिया करते हैं ॥ ३४७–४८ ॥

आलयांग जातिके कल्पवृक्ष, स्वस्तिक और नन्द्यावर्त इत्यादिक जो सोलह प्रकारके रमणीय दिव्य भवन होते हैं, उनको दिया करते हैं ॥ ३४९ ॥

दीपांग जातिके कल्पवृक्ष प्रासादोंमें शाखा, प्रवाल (नवजात पत्र), फल, फूल और अंकुरादिकके द्वारा जलते हुए दीपकोंके समान प्रकाश देते हैं ॥ ३५० ॥

भाजनांग जातिके कल्पवृक्ष सुवर्ण एवं बहुतसे रत्नोंसे निर्मित धवल झारी, कलश, गागर, चामर और आसनादिक प्रदान करते हैं ॥ ३५१ ॥

---

१ द पंटुह. २ द ब °तूरंगा. ३ द ब पडिवीण°. ४ द सोहा°.

वल्लीतरुगुच्छलदुब्भवाणं सोलससहस्सभेदाणं । मालंगदुमा देंति हु कुसुमाणं विविहमालाओ ॥ ३५२
तेजंगा मज्झंदिणदिणयरकोडीण किरणसंकासा । णक्खत्तचंदसूरप्पहुदीणं कंतिसंहरणा[२] ॥ ३५३
ते सव्वे कप्पदुमा ण वणप्फदी णो वेंतरा[३] सव्वे । णवरि[४] पुढविसरूवा पुण्णफलं देंति जीवाणं ॥ ३५४
गीदरवेसुं सोत्तं रूवे चक्खू सुसोरभे घाणं । जीहा विविहरसेसुं पासे पासिंदियं रमइ ॥ ३५५
इय अण्णोण्णासत्ता ते जुगला वर णिरंतरे भोगे[५] । सुलभे वि ण संतित्तिं इंदियविसएसु पावंति ॥ ३५६
जुगलाणि अणंतगुणं भोगं चक्कहरभोगयोहादो[६] । भुंजंति जावँ आउं कदलीघादेण रहिदाणि ॥ ३५७
कप्पदुमदिण्णवत्थुं घेत्तूण विकुव्वणाय बहुदेहे । कादूणं ते जुगला अणेयभोगाइं भुंजंति ॥ ३५८
पुरिसा वरमंउडधरा देविंदादो वि सुंदरायारा । अच्छरसरिसा इत्थी मणिकुंडलमंडियकओला ॥ ३५९
मउडं कुंडलहारा मेहलपालंबबम्हसुत्ताइं । अंगदकडयप्पहुदी होंति सहावेण आभरणा ॥ ३६०
कुंडलमंगदहारा मउडं केयूरपट्टकडयाइं । पालंबसुत्तणेउरदोमुद्दीमेहलासिछुरियाओ ॥ ३६१

मालांग जातिके कल्पवृक्ष वल्ली, तरु, गुच्छ और लताओंसे उत्पन्न हुए सोलह हजार भेदरूप पुष्पोंकी विविध मालाओंको देते हैं ॥ ३५२ ॥

तेजांग जातिके कल्पवृक्ष मध्यंदिनके करोड़ों सूर्योंकी किरणोंके समान होते हुए नक्षत्र, चन्द्र और सूर्यादिककी कान्तिका संहरण करते हैं ॥ ३५३ ॥

ये सब कल्पवृक्ष न तो वनस्पति ही हैं और न कोई व्यन्तर देव हैं। किन्तु विशेषता यह है कि ये सब पृथिवीरूप होते हुए जीवोंको उनके पुण्य कर्मका फल देते हैं ॥ ३५४ ॥

भोगभूमिजोंकी श्रोत्र इन्द्रिय गीतरवोंमें, चक्षु रूपमें, घ्राण सुन्दर सौरभमें, जिह्वा विविध प्रकारके रसोंमें, और स्पर्शन इंद्रिय स्पर्शमें रमण करती है ॥ ३५५ ॥

इसप्रकार परस्परमें आसक्त हुए वे युगल नर-नारी उत्तम भोगसामग्रीके निरन्तर सुलभ होनेपर भी इन्द्रियविषयोंमें तृप्तिको नहीं पाते ॥ ३५६ ॥

ये भोगभूमिजोंके युगल कदलीघातमरणसे रहित होते हुए आयुपर्यन्त चक्रवर्तीके भोगसमूहकी अपेक्षा अनन्तगुणे भोगको भोगते हैं ॥ ३५७ ॥

वे युगल कल्पवृक्षोंसे दी गई वस्तुओंको ग्रहण करके और विक्रियासे बहुतसे शरीरोंको बनाकर अनेक प्रकारके भोगोंको भोगते हैं ॥ ३५८ ॥

वहांपर उत्तम मुकुटको धारणकरनेवाले पुरुष इन्द्रसे भी अधिक सुन्दराकार और मणिमय कुण्डलोंसे विभूषित कपोलोंवाली स्त्रियां अप्सराओंके सदृश होती हैं ॥ ३५९ ॥

मुकुट, कुण्डल, हार, मेखला, प्रालंब, ब्रह्मसूत्र, अंगद और कटक इत्यादिक आभूषण भोगभूमिजोंके स्वभावसे ही हुआ करते हैं ॥ ३६० ॥

भोगभूमिमें कुण्डल[१], अंगद[२], हार[३], मुकुट[४], केयूर[५], पट्ट[६] (भालपट्ट), कटक[७], प्रालंब[८], सूत्र[९] (ब्रह्मसूत्र), नूपुर[१०], दो मुद्रिकाएँ[११], मेखला[१२], असि[१३] (करवाल), छुरी[१४], ग्रैवेयक[१५] और कर्णपूर[१६], ये सोलह

१ द ब °लदुब्भवणा. २ द ब संहरणं. ३ द वणप्पदीणो ण वेंतरा. ४ द ब णवरी. ५ द ब भागे. ६ द ब °भोगयाहादो. ७ द ब जाद. ८ द ब वरमौड°. ९ द ब °सुछुरियाओ.

गेवज्जं[1] कण्णपुरा पुरिसाणं होंति सोलसाभरणं । चोद्दस इत्थीआणं छुरियाकरवालहीणाइं ॥ ३६२
केडयकडिसुत्तणेउरतिरीटपालंबसुत्तमुद्दीओ । हारा कुंडलमउलद्धहारचूडामणी वि गेविज्जा ॥ ३६३
अंगदछुरिया खग्गा पुरिसाणं होंति सोलसाभरणं । चोद्दस इत्थीण तहा छुरियाखग्गेहिं परिहीणा ॥ ३६४
पाठान्तरम् ।

भोगमहीए सव्वे जायंते मिच्छभावसंजुत्ता । मंदकसाया मणुवा पेसुण्णासूयदव्वपरिहीणा ॥ ३६५
वज्जिदमंसाहारा मधुमज्जोदुंबरेहिं परिचत्ता[3] । सच्चजुदा[4] मदरहिदा वारियपरदारपरिहीणा ॥ ३६६
गुणधरगुणेसु रत्ता[5] जिणपूजं जे कुणंति परवसतो । उववासतणुसरीरा अज्जवपहुदीहिं संपण्णा ॥ ३६७
आहारदाणणिरदा जदीसु वरविविहजोगजुत्तेसुं । विमलतरसंजमेसु य विमुक्कगंथेसु भत्तीए ॥ ३६८
पुव्वं बद्धणराऊ पच्छा तित्थयरपादमूलम्मि । पाविदखाइयसम्मा जायंते केइ भोगभूमीए ॥ ३६९
एवं मिच्छाइट्ठी णिग्गंथाणं जदीण दाणाइं[6] । दादूण पुण्णपाके भोगमही केइ जायंति ॥ ३७०
आहाराभयदाणं विविहोसहपोत्थयादिदाणं च । सेसे णाणोयरणं दादूणं भोगभूमि जायंते ॥ ३७१

आभरण पुरुषोंके होते हैं । इनमेंसे छुरी तथा करवालसे रहित शेष चौदह आभरण स्त्रियोंके होते हैं ॥ ३६१--३६२ ॥

कड़ा[1], कटिसूत्र[2], नूपुर[3], किरीट[4], प्रालम्ब[5], सूत्र[6], मुद्रिका[7], हार[8], कुण्डल[9], मुकुट[10], अर्द्धहार[11], चूड़ामणि[12], ग्रैवेय[13], अंगद[14], छुरी[15] और तलवार[16], ये सोलह आभरण पुरुषोंके, तथा छुरी और तलवारसे रहित शेष चोदह आभरण स्त्रियोंके होते हैं ॥ ३६३--३६४ ॥　　　　पाठांतर ।

भोगभूमिमें वे सब जीव उत्पन्न होते हैं जो मिथ्यात्वभावसे युक्त होते हुए भी, मंदकषायी हैं, पैशून्य एवं असूयादि द्रव्योंसे रहित हैं, मांसाहारके त्यागी हैं, मधु मद्य और उदुम्बर फलोंके भी त्यागी हैं, सत्यवादी हैं, अभिमानसे रहित हैं, वेश्या और परस्त्रीके त्यागी हैं, गुणियोंके गुणोंमें अनुरक्त हैं, पराधीन होकर जिनपूजा करते हैं, उपवाससे शरीरको कृश करनेवाले हैं, आर्जवादिसे संपन्न हैं; तथा उत्तम एवं विविध प्रकारके योगोंसे युक्त, अत्यन्त निर्मल संयमके धारक, और परिग्रहसे रहित, ऐसे यतियोंको भक्तिसे आहारदान देनेमें तत्पर हैं ॥ ३६५--३६८ ॥

जिन्होंने पूर्वमें मनुष्य आयुको बांधलिया है, और पश्चात् तीर्थंकरके पादमूलमें क्षायिक सम्यग्दर्शनको प्राप्त किया है, ऐसे कितने ही सम्यग्दृष्टि पुरुष भी भोगभूमिमें उत्पन्न होते हैं ॥ ३६९ ॥

इसप्रकार कितने ही मिथ्यादृष्टि मनुष्य निर्ग्रंथ यतियोंको दानादि देकर पुण्यका उदय आनेपर भोगभूमिमें उत्पन्न होते हैं ॥ ३७० ॥

शेष कितने ही मनुष्य आहारदान, अभयदान, विविध प्रकारकी औषध तथा ज्ञानके उपकरण पुस्तकादिके दानको देकर भोगभूमिमें उत्पन्न होते हैं ॥ ३७१ ॥

---

१ ब गेवज्जा. २ द ब कडिबं. ३ ब परिचित्ता. ४ द ब सत्थजुदा. ५ द ब रत्तो. ६ ब दीणाई.

दादूण केइ दाणं पत्तविसेसेसु के वि दाणाणं । अणुमोदणेण तिरिया भोगखिदीए वि जायंति ॥ ३७२

गहिदूणं[1] जिणलिंगं संजमसम्मत्तभावपरिचत्ता । मायाचारपयट्टा चारित्तं णासयंति जे पावा ॥ ३७३

दादूण कुलिंगीणं[2] णाणादाणाणि जे णरा मुद्धा । तव्वेसधरा[3] केई भोगमहीए हुवंति ते तिरिया ॥ ३७४

भोगजणरतिरियाणं णवमासपमाणआउअवसेसे । ताणं हुवंति गब्भा णामे कालम्मि जायंति ॥ ३७५

पुण्णम्मि[4] य णवमासे भूसयणे सोविदूण जुगलाइं । गब्भादो जुगलेसुं णिक्कंतेसुं मरंति[5] तक्कालं ॥ ३७६

छिक्केण मरदि पुंसो जिंभारंभेण कामिणी दोण्हं । सारदमेघ व्व[6] तणू आमूलादो विलीएदि ॥ ३७७

भावणवेंतरजोइससुरेसु जायंति मिच्छभावजुदा । सोहम्मदुगे भोगजणरतिरिया सम्मभावजुदा ॥ ३७८

सादाण भोगभूवे सयणोवरि बालयाण सुत्ताणं । णियअंगुट्ठयलिहणे गच्छंते तिण्णि दिवसाणि ॥ ३७९

वइसणं[7]अत्थिरगमणं थिरगमणकलागुणेण पत्तेक्कं । तारुण्णेणं[8] सम्मत्तगहणपाउग्ग तिदिणाइं[9] ॥ ३८०

कोई पात्रविशेषोंको दान देकर और कोई दानोंकी अनुमोदना करनेसे तिर्यंच भी भोगभूमिमें उत्पन्न होते हैं ॥ ३७२ ॥

जो पापी जिनलिंगको (मुनिव्रतको) ग्रहण करके संयम एवं सम्यक्त्वभावको छोड़ देते हैं और पश्चात् मायाचारमें प्रवृत्त होकर चारित्रको नष्ट करते हैं; तथा जो कोई मूर्ख मनुष्य कुलिंगियोंको नाना प्रकारके दान देते हैं या उनके भेषको धारण करते हैं, वे भोगभूमिमें तिर्यंच होते हैं ॥ ३७३-३७४ ॥

भोगभूमिके मनुष्य और तिर्यञ्चोंकी नौ मास आयु शेष रहनेपर उनके गर्भ रहता है, और नाशकाल अर्थात् मृत्युका समय आनेपर (उनके युगल बालक-बालिका) जन्म लेते हैं ॥ ३७५ ॥

नव मासके पूर्ण होनेपर नर-नारीयुगल भूशय्यापर सोकर गर्भसे युगलके निकलनेपर तत्काल ही मरणको प्राप्त होते हैं ॥ ३७६ ॥

पुरुष छींकसे और स्त्री जृम्भाके (जिंभाईके) आनेसे मृत्युको प्राप्त होती है । उन दोनोंके शरीर शरदकालीन मेघके समान आमूल विलीन हो जाते हैं ॥ ३७७ ॥

मृत्युके होनेपर भोगभूमिज मिथ्यादृष्टि मनुष्य-तिर्यंच भवनवासी, व्यंतर और ज्योतिषी देवोंमें, तथा सम्यग्दृष्टि मनुष्य-तिर्यञ्च सौधर्मयुगलमें उत्पन्न होते हैं ॥ ३७८ ॥

भोगभूमिमें उत्पन्न हुए बालकोंके शय्यापर सोते हुए अपने अंगूठेके चूसनेमें तीन दिन व्यतीत होते हैं ॥ ३७९ ॥

इसके पश्चात् उपवेशन (बैठने), अस्थिरगमन, स्थिरगमन, कलागुणोंकी प्राप्ति, तारुण्य और सम्यग्दर्शनके ग्रहण करनेकी योग्यता, इनमेंसे क्रमशः प्रत्येक अवस्थामें उन बालकोंके तीन तीन दिन व्यतीत होते हैं ॥ ३८० ॥

---

१ द ब गरहिदूणं. २ द गुलिंगीणं. ३ द ब तं वेसं, ४ द ब पुव्वम्मि. ५ द ब णिक्कंते सम्मरंति. ६ द ब सारमेपुव्व. ७ द ब पीइसणं. ८ ब ता पुण्णेण. ९ द ब पाउग्गाठिदिणाइं.

जादिभरणेण केई केई पडिबोहणेण देवाणं । चारणमुणिपहुदीणं सम्मत्त तत्थ गेण्हंति ॥ ३८१
देवीदेवसरिच्छा बत्तीसपसत्थलक्खणेहि जुदा । कोमलदेहाविहुणो समचउरस्संगसंठाणा[1] ॥ ३८२
धादुमयंगा वि तहा छेत्तुं भेत्तुं च किर ण सक्का । असुचिविहीणत्तादो मुत्तपुरीसासवो णत्थि ॥ ३८३
ताण जुगलाण देहा अब्भंगुव्वट्टणजणविहीणा । मुहदंतणयणधोवणणहकट्टणविरहिदा वि रेहंति ॥ ३८४
अक्खरआलेक्खेसुं गणिदे गंधव्वसिप्पपहुदीसुं । ते चउसट्ठिकलासु होंति सहावेण णिउणयरा ॥ ३८५
ते सव्वे वरजुगला अण्णोण्णुप्पण्णपेमसंमूढा । जम्हा तम्हा तेसुं सावयवदसंजमो णत्थि ॥ ३८६
कोइलमहुरालावा किण्णरकंठा हुवंति ते जुगला । कुलजादिभेदहीणा सुहसत्ता चत्तदारिद्दा ॥ ३८७
तिरिया भोगखिदीए जुगला जुगला हुवंति वरवण्णा । सरला मंदकसाया णाणाविहजादिसंजुत्ता ॥ ३८८
गोकेसरिकरिमयरा सूवरसारंगरोज्झमहिसवया । वाणरगवयतरच्छा वग्घसिगालच्छभल्ला य ॥ ३८९
कुक्कुडकोइलकीरा पारावदरायहंसकोरंडा । वरकाककोंचकंजकपहुदीओ होंति अण्णे वि ॥ ३९०

वहांपर कोई जीव जातिस्मरणसे, कोई देवोंके प्रतिबोधित करनेसे, और कोई चारणमुनि आदिकके सदुपदेशसे सम्यक्त्वको ग्रहण करते हैं ॥ ३८१ ॥

वे भोगभूमिज जीव देव-देवियोंके सदृश बत्तीस प्रशस्त लक्षणोंसे सहित, सुकुमार देहरूप विभवके धारक, समचतुरस्रसंस्थानसे संयुक्त होते हैं और उनका शरीर धातुमय होते हुए भी छेदा भेदा नहीं जा सकता । एवं अशुचित्वसे रहित होनेके कारण इनके शरीरमें मूत्र व विष्टाका आस्रव नहीं होता ॥ ३८२–३८३ ॥

उन युगल नर-नारियोंके शरीर तैलमर्दन, उबटन और अंजनसे तथा मुख, दांत एवं नेत्रोंके धोने व नाखूनोंके काटनेसे रहित होते हुए भी शोभायमान होते हैं ॥ ३८४ ॥

वे अक्षर, चित्र, गणित, गन्धर्व और शिल्प इत्यादि चौंसठ कलाओंमें स्वभावसे ही अतिशय निपुण होते हैं ॥ ३८५ ॥

क्योंकि ये सब उत्तम युगल पारस्परिक प्रेममें अत्यन्त मुग्ध रहा करते हैं, इसीलिये उनके श्रावकके व्रत और संयम नहीं होता ॥ ३८६ ॥

वे नर-नारीयुगल कोयलके समान मधुरभाषी, किन्नरके समान कंठवाले, कुल-जातिके भेदसे रहित, सुखमें आसक्त, और दारिद्र्यसे रहित होते हैं ॥ ३८७ ॥

भोगभूमिमें उत्तम वर्णविशिष्ट, सरल, मन्दकषायी और नाना प्रकारकी जातियोंवाले तिर्यञ्च जीव युगल-युगलरूपसे होते हैं ॥ ३८८ ॥

भोगभूमिमें गाय, सिंह, हाथी, मगर, शूकर, सारंग, रोझ (ऋष्य), भैंस, वृक (भेड़िया), बन्दर, गवय, तेंदुआ, व्याघ्र, शृगाल, रीछ, भालू, मुर्गा, कोयल, तोता, कबूतर, राजहंस, कोरंड काक, क्रौंच और कंजक तथा और भी तिर्यञ्च होते हैं ॥ ३८९–३९० ॥

१ द ब °चउरस्ससठाण. २ ब किर ण ण सक्का. ३ द ब °णयरुदण°. ४ द ब सगूदा. ५ ब °संजुदा. ६ ब वग्घसिग्घालस्सभल्ला. ७ द किंजक, ब किंजक°.

जह मणुवाणं भोगा तह तिरियाणं हुवंति एदाणं । णियणियजोग्गत्तेणं फलकंदतणंकुरादीणि ॥ ३९१

वग्घादी भूमिचरा वायसपहुदी य खेयरा तिरिया । मंसाहारेण विणा भुंजंते सुरतरूण मुहुरफलं ॥ ३९२

हरिणादियतणयचरा[1] तह भोगमहीए तणाणि दिव्वाणि । भुंजंति जुगलजुगला उदयदिणेसप्पहा सव्वे ॥ ३९३

कालम्मि सुसमसुसमे चउकोडाकोडिउवहिउवमाणं[2] । पढमादो हीयंते उच्छेहाऊबलद्धितेआइं[3] ॥ ३९४

उच्छेहपहुदि खीणे सुसमो णामेण पविसदे कालो । तस्स पमाणं सायरउवमाणं तिण्णि कोडिकोडीओ ॥ ३९५

सुसमस्सादिम्मि णराणुच्छेहो[4] चउसहस्सचावाणि । दो पल्लपमाणाऊ संपुण्णमियंकसरिसपहा ॥ ३९६

दं ४००० ।

अट्ठावीसुत्तरसयमट्ठी पुट्ठीय होंति एदाणं । अच्छरसरिसा इत्थी तिदससरिच्छा[5] णरा होंति ॥ ३९७

तस्सिं काले मणुवा अक्खप्फलसरिसममिदआहारं[6] । भुंजंति छट्ठभत्ते समचउरस्संगसंठाणा ॥ ३९८

तस्सिं संजादाणं सयणोवरि बालयाण सुत्ताणं । णियअंगुट्ठविलिहणे[7] पंच दिणाणिं पवच्चंति[8] ॥ ३९९

वहां जिसप्रकार मनुष्योंके भोग होते हैं उसीप्रकार इन तिर्यञ्चोंके भी अपनी अपनी योग्यतानुसार फल, कंद, तृण और अंकुरादिरूप भोग होते हैं ॥ ३९१ ॥

वहां व्याघ्रादिक भूमिचर और काकप्रभृति नभचर तिर्यञ्च मांसाहारके विना कल्पवृक्षोंका मधुर फल भोगते हैं ॥ ३९२ ॥

तथा भोगभूमिमें उदयकालीन सूर्यके समान प्रभावाले समस्त हरिणादिक तृणजीवी पशुओंके युगल दिव्य तृणोंका भक्षण करते हैं ॥ ३९३ ॥

चार कोड़ाकोड़ी सागरोपमप्रमाण सुषमसुषमा कालमें पहिलेसे शरीरकी उंचाई, आयु, बल, ऋद्धि और तेज आदि हीन हीन होते जाते हैं ॥ ३९४ ॥

इसप्रकार उत्सेधादिकके क्षीण होनेपर सुषमा नामका द्वितीय काल प्रविष्ट होता है। उसका प्रमाण तीन कोड़ाकोड़ी सागरोपम है ॥ ३९५ ॥

सुषमाकालके आदिमें मनुष्योंके शरीरका उत्सेध चार हजार धनुष, आयु दो पल्योपमप्रमाण, और प्रभा (शरीरकी कान्ति) पूर्ण चन्द्रमाके सदृश होती है ॥३९६॥ दं. ४००० ।

इनके पृष्ठभागमें एकसौ अट्ठाईस हड्डियां होती हैं। उस समय अप्सराओं जैसी स्त्रियां और देवों जैसे पुरुष होते हैं ॥ ३९७ ॥

उस कालमें मनुष्य समचतुरस्रसंस्थानसे युक्त होते हुए षष्ठ भक्तमें अर्थात् तीसरे दिन अक्ष (बहेड़ा) फलके बराबर अमृतमय आहारको ग्रहण करते हैं ॥ ३९८ ॥

उस कालमें उत्पन्न हुए बालकोंके शय्यापर सोते हुए अपने अंगूठेके चूसनेमें पांच दिन व्यतीत होते हैं ॥ ३९९ ॥

१ ब °तणचारा. २ द चउकोडा°. ३ द ब °तेआयं. ४ द ब णरा उच्छेहो. ५ ब °सरिसा. ६ द °मविदआहारं. ७ द °विलीहणे. ८ द ब दिणाणेव वच्चंति.

बइसणअत्थिरगमणं थिरगमणकलागुणेण पत्तेक्कं । तारुण्णेणं[1] सम्मग्गहणेणं जंति[2] पंचदिणं ॥ ४००

एत्तियमेत्तविसेसं मोत्तूणं सेसवण्णणपयारा । सुसमसुसमम्मि काले जे भणिदा[3] एत्थ वत्तव्वा ॥ ४०१

कालम्मि सुसमणामे तियकोडीकोडिउवहिउवमम्मि । पढमादो हायंते उच्छेहाऊबलद्धितेजादी ॥ ४०२

उच्छेहपहुदिखीणे पविसेदि हु सुसमदुस्समो कालो ।
तस्स पमाणं सायरउवमाणं दोण्णि कोडिकोडीओ ॥ ४०३

तक्कालादिम्मि णराणुच्छेहो[4] दो सहस्सचावाणि । एक्कपलिदोवमाऊ पियंगुसारिच्छवण्णधरा ॥ ४०४

चउसट्ठी पुट्ठीए णराण णारीण होंति अट्ठी वि । अच्छरसरिसा णारी अमरसमाणो णरो होदि ॥ ४०५

तक्काले ते मणुवा आमलकपमाणममियआहारं । भुंजंति दिणंतरिया समचउरस्संगसंठाणा ॥ ४०६

तस्सिं संजादाणं सयणोवरि बालयाण सुत्ताणं । णियअंगुट्ठविलिहणे[5] सत्त दिणाणि[6] पवच्चंति ॥ ४०७

बइसणअत्थिरगमणं थिरगमणकलागुणेण पत्तेक्कं । तारुण्णेणं सम्मग्गहणंजोगेण सत्तदिणं ॥ ४०८

पश्चात् उपवेशन, अस्थिरगमन, स्थिरगमन, कलागुणप्राप्ति, तारुण्य और सम्यक्त्वग्रहणकी योग्यता, इनमेंसे प्रत्येक अवस्थामें उन बालकोंके पांच पांच दिन जाते हैं ॥ ४०० ॥

उपर्युक्त इतनीमात्र विशेषताको छोड़कर शेष वर्णनके प्रकार जो सुषमसुषमा कालमें कहे गये हैं, उन्हें यहांपर भी कहना चाहिये ॥ ४०१ ॥

तीन कोड़ाकोड़ी सागरोपमप्रमाण सुषमा नामक कालमें पहिलेसे ही उत्सेध, आयु, बल, ऋद्धि और तेज इत्यादिक उत्तरोत्तर हीन हीन होते जाते हैं ॥ ४०२ ॥

उत्सेधादिकके क्षीण होनेपर सुषमदुषमा काल प्रवेश करता है । उस कालका प्रमाण दो कोड़ाकोड़ी सागरोपम है ॥ ४०३ ॥

उस कालके प्रारम्भमें मनुष्योंकी ऊंचाई दो हजार धनुष, आयु एक पल्योपमप्रमाण और वर्ण प्रियंगु फलके समान होता है ॥ ४०४ ॥

उस कालमें स्त्री-पुरुषोंके पृष्ठभागमें चौंसठ हड्डियां होती हैं, तथा नारियां अप्सराओंके समान और पुरुष देवोंके समान होते हैं ॥ ४०५ ॥

उस कालमें वे मनुष्य समचतुरस्रसंस्थानसे युक्त होते हुए एक दिनके अन्तरालसे आंवलेके बराबर अमृतमय आहारको ग्रहण करते हैं ॥ ४०६ ॥

उस कालमें उत्पन्न हुए बालकोंके शय्यापर सोते हुए अपने अंगूठेके चूसनेमें सात दिन व्यतीत होते हैं ॥ ४०७ ॥

इसके पश्चात् उपवेशन, अस्थिरगमन, स्थिरगमन, कलागुणप्राप्ति, तारुण्य और सम्यक्त्वग्रहणकी योग्यता, इनमेंसे प्रत्येक अवस्थामें क्रमशः सात सात दिन जाते हैं ॥ ४०८ ॥

---

१ द तरुणोणं, ब तारुणेणं. २ द ब जोग जुत्ति. ३ द ब जो भणिदो. ४ द ब णराउच्छेहो. ५ द णियअंगुट्ठालहणे. ६ द ब दिणाणं.

एत्तियमेत्तविसेसं मोत्तूणं सेसवण्णणपयारा । कालम्मि सुसमणामे जे भणिदा[1] एत्थ वत्तव्वा ॥ ४०९
भोगखिदीए ण होंति हु चोरारिप्पहुदिविविहबाधाओ । असिपहुदिच्छक्कम्मा सीदादववादवरिसाणि ॥ ४१०
गुणजीवा पज्जत्ती पाणा सण्णा य मग्गणा कमसो । उवजोगो कहिदव्वा भोगखिदीसंभवाण जहजोग्गं[2] ॥ ४११
जीवसमासा दोण्णि य णिव्वत्तियपुण्णपुण्णभेदेणं । पज्जत्ती छब्भेया तेत्तियमेत्ता अपज्जत्ती ॥ ४१२
अक्खा मणवचिकाआ उस्सासाऊ हुवंति दस पाणा । पज्जत्ते[4] इदरस्सिं मणवचिउस्सासपरिहीणा ॥ ४१३
चउसण्णा णरतिरिया सयला तसकाय जोगएक्करसं । चउमणचउवयणाइं ओरालदुगं[5] च कम्मइयं ॥ ४१४
पुरिसित्थीवेदजुदं सयलकसाएहिं संजुदा णिच्चं । छण्णाणजुदा ताइं मदिओहीणाणसुदणाणे ॥ ४१५
मदिसुदअण्णाणाइं विभंगणाणं असंजदा सव्वे । तिदंसणा य ताइं चक्खुअचक्खूहिं ओहिदंसणयं ॥ ४१६

भोगापुण्णए[6] मिच्छे सासणसम्मे य असुहतियलेस्सं ।
काऊ जहण्ण सम्मे मिच्छचउक्के सुभतियं पुण्णे[7] ॥ ४१७

इतनीमात्र विशेषताको छोड़कर शेष वर्णनके प्रकार, जो सुषमा नामक कालमें कह आये हैं, वही यहांपर भी कहना चाहिये ॥ ४०९ ॥

भोगभूमिमें चोर एवं शत्रु आदिकी विविध बाधायें, असि इत्यादिक छह कर्म, और शीत, आतप, वात्या (प्रचंड वायु) एवं वर्षा नहीं होतीं ॥ ४१० ॥

भोगभूमिमें उत्पन्न हुए जीवोंके यथायोग्य गुणस्थान, जीवसमास, पर्याप्ति, प्राण, संज्ञा, मार्गणा और उपयोग, इनका क्रमसे कथन करना चाहिये ॥ ४११ ॥

इन जीवोंके निर्वृत्यपर्याप्त और पर्याप्तके भेदसे दो जीवसमास, छह प्रकारकी पर्याप्तियां और इतनी ही अपर्याप्तियां भी होती हैं ॥ ४१२ ॥

उनके पर्याप्त अवस्थामें पांचों इन्द्रियां, मन, वचन, काय, श्वासोच्छ्वास और आयु, ये दश प्राण; तथा इतर अर्थात् अपर्याप्त अवस्थामें मन, वचन और श्वासोच्छ्वाससे रहित शेष सात प्राण होते हैं ॥ ४१३ ॥

उन जीवोंके आहार, भय, मैथुन और परिग्रह, ये चारों संज्ञायें होती हैं। चौदह मार्गणाओंमेंसे गतिकी अपेक्षा वे जीव मनुष्य और तिर्यंच; इन्द्रियकी अपेक्षा सकल अर्थात् पंचेन्द्रिय; कायकी अपेक्षा त्रस; योगकी अपेक्षा चार मन, चारों वचन, दो औदारिक (औदारिक, औदारिकमिश्र), कार्मण, इसप्रकार ग्यारह योग; वेदकी अपेक्षा पुरुष और स्त्रीवेदसे युक्त; कषायकी अपेक्षा नित्य सभी कषायोंसे संयुक्त; ज्ञानकी अपेक्षा मति, श्रुत, अवधि, मतिअज्ञान, श्रुतअज्ञान और विभंग ये छह ज्ञान; संयमकी अपेक्षा सब ही असंयत; दर्शनकी अपेक्षा चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन और अवधिदर्शन ये तीन दर्शन; लेश्यांकी अपेक्षा भोगभूमिजोंके अपर्याप्त अवस्थामें मिथ्यात्व एवं सासादन गुणस्थानमें तीन अशुभ लेश्यायें, और चतुर्थ गुणस्थानमें कपोत लेश्याका जघन्य अंश, तथा पर्याप्त

1 द ब जो भणिदो. 2 द जहजोगं. 3 द मणुवचि. 4 द ब पज्जत्ती. 5 ब उरालदुगं. 6 द ब पुण्णग. 7 ब पुणे.

भव्वाभव्वा छस्सम्मत्ता उवसमियखइयसम्मत्ता[1] । तह वेदयसम्मत्तं सासणमिस्सा य मिच्छो य ॥ ४१८
सण्णी जीवा होंति हु दोण्णि य आहारिणो अणाहारा । सायारअणायारा उवजोगा होंति णियमेणं ॥ ४१९
मंदकसायेण जुदा उदयागदसत्थपयडिसंजुत्ता । विविहविणोदासत्ता णरतिरिया भोगजा होंति ॥ ४२०
पलिदोवमट्ठमंसे किंचूणे तदियकालअवसेसे । पढमो कुलकरपुरिसो उप्पज्जदि पडिसुदी सुवण्णणिहो ॥ ४२१
एक्कसहस्सं अडसयसहिदं चावाणि तस्स उच्छेहो । पल्लस्स दसमभागो आऊ देवी सयंपहा[2] णाम ॥ ४२२

१८०० । प $\frac{१}{१०}$[3]

णभगजघंटणिभाणिं[4] चंदाइच्चाण मंडलाणि तदा । आसाढपुण्णिमाए दट्ठूणं भोगभूमिजा सव्वे ॥ ४२३
आकंसिकमदिघोरं उप्पादं जादमेदमिदि[5] मत्ता । पज्जाउला पकंपं पत्ता पवणेण पहदरुक्खो व्व ॥ ४२४
पदिसुदिणामो[6] कुलकरपुरिसो एदाण देइ अभयगिरं । तेअंगा कालवसा संजादा मंदकिरणोघा ॥ ४२५
तक्कारणेण एण्हिं[7] सम्महरसविमंडलाणि गयणम्मि । पयडाणि णत्थि तुम्हं एदाण दिसाए भयहेदू[8] ॥ ४२६

अवस्थामें मिथ्यात्वादि चारों गुणस्थानोंमें तीन शुभ लेश्यायें; भव्यत्वकी अपेक्षा भव्य और अभव्य; सम्यक्त्वकी अपेक्षा औपशमिक, सम्यक्त्व क्षायिक सम्यक्त्व, वेदक सम्यक्त्व, सासादन, मिश्र और मिथ्यात्व ये छहों सम्यक्त्व; संज्ञीकी अपेक्षा संज्ञी; और आहारमार्गणाकी अपेक्षा आहारक एवं अनाहारक दोनों ही होते हैं। इनके साकार (ज्ञान) और अनाकार (दर्शन) दोनों ही उपयोग नियमसे होते हैं ॥ ४१४-४१९ ॥

ये भोगभूमिज मनुष्य और तिर्यंच मन्द कषायसे युक्त, उदयमें आयी हुई पुण्यप्रकृतियोंसे संयुक्त, एवं विविध प्रकारके विनोदोंमें आसक्त होते हैं ॥ ४२० ॥

कुछ कम एक पल्योपमके आठवें भागमात्र तृतीय कालके शेष रहनेपर सुवर्णके सदृश प्रभासे युक्त प्रतिश्रुति नामक प्रथम कुलकर पुरुष उत्पन्न होता है ॥ ४२१ ॥

उसके शरीरका उत्सेध एक हजार आठसौ धनुष, आयु पल्यके दशवें भागप्रमाण, और देवी स्वयंप्रभा नामक थी ॥ ४२२ ॥ उत्सेध दं. १८००, आयु प. $\frac{१}{१०}$ ।

उस समय समस्त भोगभूमिज अषाढ़ मासकी पूर्णिमाको आकाशरूपी हाथीके घंटेके सदृश चन्द्र और सूर्यके मण्डलोंको देखकर 'यह कोई आकस्मिक महा भयानक उत्पात हुआ है' ऐसा समझकर व्याकुल होते हुए वायुसे आहत वृक्षके समान प्रकम्पनको प्राप्त हुए ॥ ४२३-४२४ ॥

तब प्रतिश्रुति नामक कुलकर पुरुषने उनको निर्भय करनेवाली वाणीसे बतलाया कि कालवश अब तेजांग जातिके कल्पवृक्षोंके किरणसमूह मंद पड़ गये हैं, इस कारण इस समय आकाशमें चन्द्र और सूर्यके मण्डल प्रगट हुए हैं। इनकी ओरसे तुम लोगोंको भयका कोई कारण नहीं है ॥ ४२५-४२६ ॥

....

१ द चेवसमिय. २ द ब सयंपहो. ३ द प १० । ऽ ।. ४ द ब णिभाणं. ५ द ब जादमोदमिदि. ६ द मदिसुदि. ७ द ब यण्हिं. ८ द ब भयदेहो.

णिच्चं चिय एदाणं उदयत्थमणाणि होंति आयासे । पडिहदकिरणाण[1] पुढं तेयंगदुमाण तेएहिं ॥ ४२७
जंबूदीवे मेरुं कुव्वंति पदाहिणं तरणिचंदा । रत्तिदिणाण विभागं कुणमाणा[2] किरणसत्तीए ॥ ४२८
सोऊण तस्स वयणं संजादा णिब्भया तदा सव्वे । अच्चंति चलणकमले[3] थुणंति बहुविहपयारेहिं ॥ ४२९
पदिसुदिमरणादु तदा पल्लस्सासीदिमंसविच्छेदे । उप्पज्जदि बिदियमणू सम्मदिणामो सुवण्णणिहो ॥ ४३०

प १ / ८०

एक्कसहस्सं तिसयस्सहिदं दंडाणि तस्स उच्छेहो । पलिदोवमसदभागं आऊ देवी जसस्सदी णामो ॥ ४३१

दंड १३०० । प १ / १००

तक्काले तेयंगा णट्ठपमाणा हुवंति ते सव्वे । तत्तो सूरत्थमणे दट्ठूण तमाइं ताराइं ॥ ४३२
उप्पादा अइघोरा अदिट्ठपुव्वा विअंभिदो[5] एदे । इय भोगजणरतिरिया णिब्भरभयभंभला[6] जादा ॥ ४३३
सम्मदिणामो कुलकरपुरिसो भीदाण[7] देदि अभयगिरं । तेयंगा कालवसा णिम्मूलपणट्ठकिरणोघा ॥ ४३४
तेण तमं वित्थरिदं ताराणं मंडलं पि गयणतले । तुम्हाण[8] णत्थि किंचि वि एदाण दिसाय भयहेदू ॥ ४३५

आकाशमें यद्यपि इनका उदय और अस्त नित्य ही होता रहा है, परन्तु तेजांग जातिके कल्पवृक्षोंके तेजसे इनकी किरणोंके प्रतिहत होनेसे वे पहिले प्रगट नहीं दिखते थे ॥४२७॥

जम्बूद्वीपमें ये सूर्य और चन्द्रमा अपनी किरणशक्तिसे रात्रि-दिनके विभागको करते हुए मेरु पर्वतकी प्रदक्षिणा किया करते हैं ॥ ४२८ ॥

इसप्रकार उन प्रतिश्रुति कुलकरके वचनोंको सुनकर वे सब नर-नारी निर्भय होकर बहुत प्रकारसे उनके चरणकमलोंकी पूजा और स्तुति करते हैं ॥ ४२९ ॥

प्रतिश्रुति कुलकरकी मृत्युके पश्चात् पल्यके अस्सीवें भागके व्यतीत हो जानेपर सुवर्णके समान कान्तिवाला सन्मति नामक द्वितीय मनु उत्पन्न होता है ॥ ४३० ॥ प. $\frac{१}{८०}$ ।

उसके शरीरकी ऊंचाई एक हजार तीनसौ धनुष, आयु पल्योपमके सौवें भागप्रमाण, तथा देवीका नाम यशस्वती था ॥ ४३१ ॥ उत्सेध दं. १३००, आयु प. $\frac{१}{१००}$ ।

उस समय वे सब तेजांग जातिके कल्पवृक्ष नष्टप्राय होजाते हैं, इसीलिये सूर्यके अस्तंगत होनेपर अन्धकार और ताराओंको देखकर 'ये अत्यन्त भयानक अदृष्टपूर्व उत्पात प्रकट हुए' इसप्रकार वे भोगभूमिज मनुष्य और तिर्यंच अत्यन्त भयसे व्याकुल हुए ॥ ४३२–४३३ ॥

तब सन्मति नामक कुलकर इन भयभीत हुए भोगभूमिजोंको निर्भय करनेवाली वाणीसे बतलाते हैं कि अब कालवशसे तेजांग कल्पवृक्षोंके किरणसमूह सर्वथा प्रनष्ट होचुके हैं। इस कारण आकाशप्रदेशमें इस समय अन्धकार और ताराओंका समूह भी फैल गया है। तुम लोगोंको इनकी ओरसे कुछ भी भयका कारण नहीं है ॥ ४३४–४३५ ॥

१ ब पुदाणि. २ द ब किरणाणि. ३ ब कुणमाणो. ४ द °कमलो. ५ द विअव्विदा, ब विअंभिदा. ६ द भयभेत्तला, ब भब्भला. ७ द ब भेदाण देवि. ८ द ब तम्हाण.

अत्थि सदा अंधारं ताराओ तेयंगतरुगणेहिं[1] । पडिहदकिरणा पुव्वं कालवसेणज्ज पायडा[2] जादा ॥ ४३६
जंबूदीवे मेरुं कुव्वंति पदाहिणं गहा तारा । णक्खत्ता णिच्चं ते तेजविणासा तमो होदि ॥ ४३७
सोऊण तस्स वयणं संजादा णिब्भया तदा सव्वे । अच्चंति चरणकमले थुणंति विविहेहि भंगेहिं[3] ॥ ४३८
सम्मादिसग्गपवेसे अट्ठसयावहिदपल्लविच्छेदे । खेमंकरो त्ति कुलकरपुरिसो उप्पज्जदे तदियो ॥ ४३९
अट्ठ[4]सयचावतुंगो सहस्सहरिदेक्कपल्लपरमाऊ । चामीयरसमवण्णो तस्स सुणंदा महादेवी ॥ ४४०

दं ८०० । प $\frac{१}{१०००}$

वग्घादितिरियजीवा कालवसा कूरभावमावण्णा । तब्भयदो[5] भोगणरा सव्वे अब्बाउला[6] जादा ॥ ४४१
खेमंकरणाम मणू भीदाणं देदि[7] दिव्वउवदेसं[8] । कालस्स विकारादो एदे कूरत्तणं पत्ता ॥ ४४२
ता एण्हिं विस्सासं पावाणं मा करेज्ज कइयाँ[9] वि । तासेज्ज कलुसवयंणा[10] इय भणिदे णिब्भया जादा ॥ ४४३

अंधकार और तारागण तो सदा ही रहते हैं, किन्तु पूर्वमें तेजांग जातिके कल्पवृक्षोंके समूहोंसे वे प्रतिहतकिरण थे, सो अब आज कालके वशसे प्रकट होगये हैं ॥ ४३६ ॥

ये ग्रह, तारा और नक्षत्र जम्बू द्वीपमें नित्य ही मेरुकी प्रदक्षिणा किया करते हैं। तेजके विनाशसे ही अन्धकार होरहा है ॥ ४३७ ॥

तब कुलकरके वचनको सुनकर वे सब निर्भय हो गये और विविध प्रकारसे इसके चरणकमलोंकी पूजा और स्तुति करने लगे ॥ ४३८ ॥

सन्मति नामक इस द्वितीय कुलकरके स्वर्गारोहण करनेपर आठसौसे भाजित एक पल्यके पश्चात् क्षेमंकर नामक तीसरा कुलकर पुरुष उत्पन्न हुआ ॥ ४३९ ॥ प. $\frac{१}{८००}$ ।

इस कुलकरके शरीरकी उंचाई आठसौ धनुष, आयु हजारसे भाजित एक पल्यप्रमाण, और वर्ण सुवर्ण जैसा था। इसके सुनन्दा नामक महादेवी थीं ॥ ४४० ॥

उंचाई दं. ८००, आयु प. $\frac{१}{१०००}$ ।

उस समय कालवश व्याघ्रादिक तिर्यञ्च जीव क्रूरताको प्राप्त हो गये थे। इस कारण सब भोगभूमिज मनुष्य उनके भयसे अत्यन्त व्याकुल हुए ॥ ४४१ ॥

तब क्षेमंकर नामक मनु उन भयभीत प्राणियोंको दिव्य उपदेश देते हैं कि कालके विकारसे ये तिर्यंच जीव क्रूरताको प्राप्त हुए हैं, इसलिये अब इन पापियोंका विश्वास कदापि मत करो; ये विकृतमुख प्राणी तुम्हें त्रास दे सकते हैं। उनके ऐसा कहनेपर वे भोगभूमिज निर्भयताको प्राप्त हुए ॥ ४४२-४४३ ॥

---

१ द तेयअंतरगतेहिं, ब तेयअंगतरगतेहिं. २ द पायदा. ३ द ब विविहेरमंतेहिं. ४ द ब सद्व°. ५ द ब तब्भयदा. ६ द अब्भाउला. ७ द ब अभयदाणं देहि. ८ ब उवएसं. ९ द ब कइयामि, १० द ब कलुववयणा.

तम्मणुवे तिदसगदे अट्ठसहस्सावहरिदपल्लम्मि । अंतरिदे उप्पज्जदि तुरिमो खेमंधरो[1] य मणू ॥ ४४४

१ | ८०००

तस्सुच्छेहो दंडा सत्तसया पंचहत्तरीजुत्ता । सयकदिहिदेक्कपल्ला आउपमाणं पि एदस्स ॥ ४४५

१ | ७७५ । १०००० |

सो कंचणसमवण्णो देवी विमल त्ति तस्स विक्खादा[2] । तक्काले सीहादी कूरयमा[3] खंति मणुवमंसाइं ॥ ४४६

सीहप्पहुदिभणुणं अदिभीदा भोगभूमिजा ताधे[4] । उवदिसदि मणू ताणं दंडादि सुरक्खणोपायं ॥ ४४७

तम्मणुवे णाकगदे सीदिसहस्सावहरिदपल्लम्मि । अंतरिदे पंचमओ[5] जम्मदि सीमंकरो त्ति मणू ॥ ४४८

१ | ८०००० |

तस्सुच्छेहो दंडा पण्णासब्भहियसत्तसयमेत्ता । लक्खेण भजिदपल्लं आऊ वण्णो सुवण्णणिहो ॥ ४४९

१ | ७५० । १००००० |

देवी तस्स पसिद्धा णामेण मणोहरि त्ति तक्काले । कप्पतरू अप्पफला अदिलोहो होदि[6] मणुवाणं ॥ ४५०

उस कुलकरका स्वर्गवास होनेपर आठ हजारसे भाजित पल्यप्रमाण कालके अनन्तर क्षेमंधर नामक चतुर्थ मनु उत्पन्न हुआ ॥ ४४४ ॥ प. $\frac{1}{8000}$ ।

उसके शरीरकी उंचाई सातसौ पचत्तर धनुप और आयु सौके वर्गसे भाजित एक पल्यप्रमाण थी ॥ ४४५ ॥ उंचाई दं. ७७५; आयु प. $\frac{1}{10000}$ ।

उसका वर्ण सुवर्णके समान और देवी 'विमला' इस नामसे विख्यात थी। उस समय क्रूरताको प्राप्त हुए सिंहादिक मनुष्योंके मांसको खाने लगे थे ॥ ४४६ ॥

तब सिंहादिकके भयसे अत्यन्त भयभीत हुए भोगभूमिजोंको क्षेमंधर मनुने उनसे अपने सुरक्षणके उपायभूत दण्डादिकके रखनेका उपदेश दिया ॥ ४४७ ॥

इस कुलकरके स्वर्गगमनके पश्चात् अस्सी हजारसे भाजित पल्यप्रमाण कालके अन्तरसे पांचवें सीमंकर मनुका जन्म हुआ ॥ ४४८ ॥ $\frac{1}{80000}$ ।

उसके शरीरका उत्सेध सातसौ पचास धनुष, आयु एक लाखसे भाजित पल्यप्रमाण, और वर्ण सुवर्णके सदृश था ॥ ४४९ ॥ उंचाई दं. ७५०; आयु प. $\frac{1}{100000}$ ।

उसकी देवी मनोहरी नामसे प्रसिद्ध थी। इस कुलकरके समयमें कल्पवृक्ष अल्प फल देने लगे थे, और मनुष्योंमें लोभ अत्यन्त हो चला था ॥ ४५० ॥

१ द ब खेमंधरा. २ द ब विक्खादो. ३ द ब कूरमया. ४ द तावे, ब तावो. ५ द ब पंचमवी. ६ द अदिलोहादि.

सुरतरुलुद्धा[1] जुगला अण्णोण्णं ते कुणंति संवादं । सीमंकरेण सीमं काढूण णिवारिदा सव्वे ॥ ४५१
सिक्खं कुणंति ताणं पडिसुदिपहुदी कुलंकरा पंच । सिक्खणकम्मणिमित्तं दंडं कुव्वंति हाकारं[2] ॥ ४५२
तम्मणुवे तिदिवगदे अडलक्खावहिदपल्लपरिकंते । सीमंधरो त्ति छट्ठो उप्पज्जदि कुलकरो पुरिसो ॥ ४५३

१ / ८००००० |

तस्सुच्छेहो दंडा पणवीसब्भहियसत्तसयमेत्ता । दसलक्खभजिदपल्लं आऊ देवी जसोधरा णाम ॥ ४५४

दंड ७२५ । प १ / १००००००० |

तक्काले कप्पदुमा अदिविरला अप्पफलरसा होंति । भोगणराणं तेसुं कलहो उप्पज्जदे णिच्चं ॥ ४५५
सव्वकलहणिवारणहेदूओ ताण कुणइ सीमाणं । तरुगच्छादी चिण्हं तेण य सीमंकरो भणिदो ॥ ४५६
तम्मणुवे सग्गगदे असीदिलक्खावहरिदपल्लम्मि । वोलीणे उप्पण्णो सत्तमओ विमलवाहणो[3] त्ति मणू ॥ ४५७

१ / ८०००००० |

वे भोगभूमिजयुगल कल्पवृक्षोंके विषयमें लोभयुक्त होकर परस्परमें विवाद करने लगे थे । तब सीमंकर कुलकरने सीमा करके उन सबको परस्परके संघर्षसे रोका ॥ ४५१ ॥

उपर्युक्त प्रतिश्रुति आदिक पांच कुलकर उन भोगभूमिजोंको शिक्षा करते हैं और इस शिक्षणकार्यके निमित्त 'हा' इसप्रकारका दण्ड भी करते हैं ॥ ४५२ ॥

इस कुलकरके स्वर्गगमनके पश्चात् आठ लाखसे भाजित पल्यप्रमाण कालके व्यतीत होनेपर सीमन्धर नामक छठा कुलकर पुरुष उत्पन्न होता है ॥ ४५३ ॥ १/८००००० ।

उसके शरीरका उत्सेध सातसौ पच्चीस धनुष और आयु दश लाखसे भाजित पल्यप्रमाण थी । इसकी देवीका नाम यशोधरा था ॥ ४५४ ॥ दं. ७२५ । प. १/१००००००० ।

इस कुलकरके समयमें कल्पवृक्ष अत्यन्त विरल और अल्प फल व रससे युक्त हो जाते हैं, इसीलिये भोगभूमिज मनुष्योंके बीच इनके विषयमें नित्य ही कलह उत्पन्न होने लगता है ॥ ४५५ ॥

वह छठा कुलकर इस सब कलहको दूर करनेके निमित्तभूत वृक्षसमूहादिकको चिह्नरूप मानकर सीमा नियत करता है, इसीलिये वह सीमङ्कर कहा गया है ॥ ४५६ ॥

इस मनुके स्वर्गगमनके पश्चात् अस्सी लाखसे भाजित पल्यप्रमाण कालका व्यतिक्रम होनेपर विमलवाहन नामक सातवां मनु उत्पन्न हुआ ॥ ४५७ ॥ प. १/८०००००० ।

१ द सुरतरुलद्धा. २ द हुकारं. ३ द ब °वाहण त्ति.

सत्तसयचावतुंगो इगिकोडीभजिदपल्लपरमाऊ । कंचणसरिच्छवण्णो सुमदीणामा महादेवी ॥ ४५८

दंड ७०० । प $\frac{1}{10000000}$

तक्काले भोगणरा गमणागमणेहिं पीडिदा संता । आरोहंति करिंदप्पहुदिं तस्सोवदेसेणं ॥ ४५९

सत्तमए णाकगदे अडकोडीभजिदपल्लविच्छेदे । उप्पज्जदि[1] अट्ठमओ चक्खुम्मो कणयवण्णतणू ॥ ४६०

प $\frac{1}{80000000}$

तस्सुच्छेहो दंडा पणवीसविहीणसत्तसयमेत्ता । दसकोडिभजिदमेक्कं पलिदोवममाउपरिमाणं ॥ ४६१

६७५ । प $\frac{1}{100000000}$

देवी धारिणिणामा तक्काले भोगभूमिजुगलाणं । संजणिदे[2] णियबाले दट्ठूण महब्भयं होदि ॥ ४६२

एस मणू भीदाणं[3] ताणं भासेदि दिव्वमुवदेसं । तुम्हाणं[4] सुदा एदे पेच्छह पुण्णिंदुसुंदरं वयणं ॥ ४६३

तम्मणुउवएसादो बालकवयणाणि देक्खिदूण फुडं । भोगणरा तक्काले आउविहीणा विलीयंति ॥ ४६४

....

यह मनु सातसौ धनुषप्रमाण ऊंचा, एक करोड़से भाजित पल्यप्रमाण आयुका धारक और सुवर्णके सदृश वर्णवाला था। इसके सुमती नामकी महादेवी थी ॥ ४५८ ॥

उंचाई दं. ७००, आयु प. $\frac{1}{10000000}$ ।

इसके समयमें गमनागमनसे पीड़ाको प्राप्त हुए भोगभूमिज मनुष्य इस मनुके उपदेशसे हाथी आदिकपर सवार होने लगे ॥ ४५९ ॥

सप्तम कुलकरके स्वर्गस्थ होनेपर आठ करोड़से भाजित पल्यप्रमाण कालके पश्चात् सुवर्णके सदृश वर्णवाले शरीरसे युक्त चक्षुष्मान् नामक आठवां कुलकर उत्पन्न होता है ॥ ४६० ॥

प. $\frac{1}{80000000}$ ।

उसके शरीरकी उंचाई पच्चीस कम सातसौ धनुष और आयु दश करोड़से भाजित एक पल्योपमप्रमाण थी ॥ ४६१ ॥ दं. ६७५ । प. $\frac{1}{100000000}$ ।

इस कुलकरके धारिणी नामकी देवी थी। इसके समयमें उत्पन्न हुए अपने बालयुगलको देखकर भोगभूमिज युगलोंको महा भय उपस्थित होता है ॥ ४६२ ॥

तब यह आठवां मनु उन भयभीत भोगभूमिजयुगलोंको दिव्य उपदेश देता है कि ये तुम्हारे पुत्र-पुत्री हैं, इनके पूर्ण चन्द्रके समान सुन्दर मुखको देखो ॥ ४६३ ॥

इसप्रकार इस मनुके उपदेशसे स्पष्टरूपसे अपने बालकोंके मुखको देखकर वे भोगभूमिज युगल तत्काल ही आयुसे रहित होकर विलीन हो जाते थे ॥ ४६४ ॥

....

१ द ब उप्पण्णदि. २ ब साजाणिदे. ३ द ब मेदाणं. ४ द ब तुम्हेण.

अट्ठमए णाकगदे असीदिकोडीहिं भजिदपल्लम्मि । वोलीणे उप्पज्जदि जसस्सिणामो मणू णवमो ॥ ४६५

१ | ८००००००००

पण्णासाधियछस्सयकोदंडपमाणदेहउच्छेहो । कंचणवण्णसरीरो सयकोडीभजिदपल्लाऊ ॥ ४६६

१ | ६५० । १०००००००००

णामेण कंतमाला हुवेदि देवी इमस्स तक्काले । णामकरणुच्छवट्ठं उवदेसं देदि जुगलाणं ॥ ४६७

लद्धूणं उवदेसं णामाणि कुणंति ते वि बालाणं । णिवमिय थोवं कालं पक्खीणाऊ विलीयंति ॥ ४६८

णवमे सुरलोयगदे अडसयकोडीहिं भजिदपल्लम्मि । अंतरिदे उप्पज्जदि अभिचंदो णाम दसममणू ॥ ४६९

१ | ८०००००००००

पणुवीसाधियछस्सयकोदंडपमाणदेहउच्छेहो । कोडीसहस्सभजिदा पलिदोवममेत्तपरमाऊ ॥ ४७०

१ | ६२५ । १००००००००००

कंचणसमाणवण्णो देवी णामेण सिरिमदी तस्स । सो वि सिसूणं रोदणवारणहेदू कहेदि उवदेसं ॥ ४७१

आठवें कुलकरके स्वर्गगमनके पश्चात् अस्सी करोड़से भाजित पल्यके व्यतीत होनेपर यशस्वी नामक नवम मनु उत्पन्न हुआ ॥ ४६५ ॥ प. $\frac{१}{८००००००००}$ ।

इसका शरीर सुवर्ण जैसे वर्णवाला था, जो छहसौ पचास धनुष ऊंचा था और आयु सौ करोड़से भाजित पल्योपमप्रमाण थी ॥ ४६६ ॥ ऊंचाई दं. ६५०; आयु प. $\frac{१}{१०००००००००}$ ।

इसके कान्तमाला नामकी देवी थी। उस समय यह कुलकर युगलोंको अपनी सन्तानके नामकरणके उत्सवके लिये उपदेश देता है ॥ ४६७ ॥

इस उपदेशको पाकर वे युगल भी बालकोंके नामोंको करते हैं और थोड़े समय रहकर आयुके क्षीण होनेपर विलीन होजाते हैं ॥ ४६८ ॥

नवम कुलकरके स्वर्गस्थ होनेपर आठसौ करोड़से भाजित पल्यके अनन्तर अभिचन्द्र नामक दशवां मनु उत्पन्न होता है ॥ ४६९ ॥ प. $\frac{१}{८०००००००००}$ ।

उसके शरीरकी उंचाई छहसौ पच्चीस धनुष और आयु एक हजार करोड़से भाजित पल्योपमप्रमाण थी ॥ ४७० ॥ दं. ६२५ । प. $\frac{१}{१००००००००००}$ ।

उसके शरीरका वर्ण सुवर्णके समान और देवीका नाम श्रीमती था। वह भी बालकोंके रुदनको रोकनेके निमित्त उपदेश देता है ॥ ४७१ ॥

१ ब परिखीणाऊ. २ द णवमो.

रत्तीए ससिबिंबं दरिसिय खेलावणाणि कादूणं । ताण वअणोवदेसं सिक्खावह कुणह जदणं मि ॥ ४७२
सोऊणं उवएसं भोगणरा तह करंति बालाणं । अच्छिय थोवदिणाइं पक्खीणाऊ विलीयंति ॥ ४७३
लोभेणाभिहदाणं सीमंकरपहुदिकुलकरा पंच । ताणं सिक्खणहेदू हा-मा-कारं कुणंति दंडत्थं ॥ ४७४
अभिचंदे तिदिवगदे दसघणहदअट्ठकोडिहिदपल्ले । अंतरिदे चंदाभो एक्कारसमो हुवेदि मणू ॥ ४७५

$\frac{1}{8000000000}$

छस्सयदंडुच्छेहो वरचामीयरसरिच्छतणुवण्णो । दसकोडिसहस्सेहिं भाजिदपल्लप्पमाणाऊ ॥ ४७६

दं ६०० । $\frac{1}{10000000000}$

णिरुवमलावण्णजुदा तस्स य देवी पहावदीणामा । तक्काले अदिसीदं होदि तुसारं च अदिवाऊ ॥ ४७७
सीदाणिलफासादो अइदुक्खं पाविदूण भोगणरा । चंदादीजोदिगणे तुसारछण्णे ण पेच्छंति ॥ ४७८
अदिभीदाण इमाणं चंदाभो देदि तस्स उवदेसं । भोगावणिहाणीए जादा कम्मक्खिदी णिअडा ॥ ४७९

रात्रिमें चन्द्रमण्डलको दिखलाकर और खिलावन करके उन्हें वचनोपदेश अर्थात् बोलना सिखावो और उनका यत्न (पूर्वक रक्षण) करो ॥ ४७२ ॥

इस उपदेशको सुनकर भोगभूमिज मनुष्य बालकोंके साथ वैसा ही व्यवहार करते हैं। अब वे (युगल) थोड़े दिन रहकर आयुके क्षीण होनेपर विलीन होते हैं ॥ ४७३ ॥

सीमंकरादिक पांच कुलकर लोभसे आक्रान्त उन युगलोंके शिक्षणके निमित्त दण्डके लिये हा (खेदप्रकाशक) और मा (निषेधसूचक) इन दो शब्दोंका उपयोग करते हैं ॥ ४७४ ॥

अभिचन्द्र कुलकरके स्वर्गारोहण करनेपर दसके घन अर्थात् एक हजारसे गुणित आठ करोड़से भाजित पल्यप्रमाण अन्तरालके पश्चात् चन्द्राभ नामक ग्यारहवां मनु उत्पन्न होता है ॥ ४७५ ॥ प. $\frac{1}{8000000000}$ ।

उसके शरीरकी उंचाई छहसौ धनुष, शरीरका वर्ण उत्तम सुवर्ण जैसा और आयु दश हजार करोड़से भाजित पल्योपमप्रमाण थी ॥ ४७६ ॥

उंचाई द. ६००; आयु प. $\frac{1}{10000000000}$ ।

इस कुलकरके अनुपम लावण्यसे युक्त प्रभावती नामकी देवी थी। उस समय अति शीत, तुषार और अति वायु चलने लगी ॥ ४७७ ॥

शीत वायुके स्पर्शसे अत्यन्त दुख पाकर वे भोगभूमिज मनुष्य तुषारसे आच्छन्न चन्द्रादिक ज्योतिस्समूहको नहीं देख पाते ॥ ४७८ ॥

इस कारण अत्यन्त भयको प्राप्त हुए उन भोगभूमिज पुरुषोंको चन्द्राभ कुलकर इसका उपदेश देता है, और समझाता है कि भोगभूमिकी हानि होनेपर अब कर्मभूमि निकट आगई है ॥ ४७९ ॥

---

१ द ब खेलावलाणि. २ द वअणोदीमं, ब वअणोवदीगं. ३ द ब लोभेणाभयदाणं. ४ द दंडत्था. ५ द ब दसपुणहदं. ६ द दंडुच्छेदो. ७ ब भजिदे. ८ द °पासदो. ९ द ब णअदा.

कालस्स विकारादो एस सहाओ पयट्टदे णियमा । णासइ तुसारमेयं एण्हिं मत्तंडकिरणेहिं ॥ ४८०

सोदूण तस्स वयणं ते सव्वे भोगभूमिजा मणुवा । रविकरणासिदसीदा[1] पुत्तकलत्तेहिं जीवंति ॥ ४८१

चंदाभे सग्गगदे सीदिसहस्सेहिं गुणिदकोडिहिदे । पल्ले गयम्मि जम्मइ मरुदेवो णाम बारसमो ॥ ४८२

१ / ८०००००००००००

पंचसया पण्णत्तरिसहिदा चावाणि तस्स उच्छेहो । इगिलक्खकोडिभजिदं पलिदोवममाउपरिमाणं ॥ ४८३

१ / ५७५ । १०००००००००००००

कंचणणिहस्स तस्स य सच्चा णामेण अणुवमा देवी । तक्काले गज्जंता मेघा वरिसंति तडिवंता ॥ ४८४

कद्दमपवहणदीओ अदिट्ठपुव्वाओ तीव[2] दट्ठूणं । अदिभीदाण णराणं कालविभागं भणेदि[3] मरुदेवो ॥ ४८५

कालस्स विकारादो आसण्णा होदि तुम्ह कम्ममही । णावादीणि[4] णदीणं उत्तारह भूधरेसु सोवाणं ॥ ४८६

कादूण चलह तुम्हे[5] पाउसकालम्मि धरह छत्ताइं[6] । सोदूण तस्स वयणं सव्वे ते भोगभूमिणरा ॥ ४८७

उत्तरिय वाहिणीओ आरुहिऊणं च तुंगसेलेसुं[7] । विणिवारिदवरिसाओ पुत्तकलत्तेहिं जीवंति ॥ ४८८

कालके विकारसे नियमतः यह स्वभाव प्रवृत्त हुआ है। अब यह तुषार सूर्यकी किरणोंसे नष्ट होगा ॥ ४८० ॥

उस कुलकरके वचनोंको सुनकर वे सब भोगभूमिज मनुष्य सूर्यकी किरणोंसे शैत्यको नष्ट करते हुए पुत्र-कलत्रके साथ जीवित रहने लगे ॥ ४८१ ॥

चन्द्राभ कुलकरके स्वर्ग जानेपर अस्सी हजार करोड़से भाजित पल्यके व्यतीत होनेपर मरुदेव नामक बारहवें कुलकरने जन्म लिया ॥ ४८२ ॥ प. १ / ८०००००००००००० ।

उसके शरीरकी उंचाई पांचसौ पचत्तर धनुष और आयु एक लाख करोड़से भाजित पल्योपमप्रमाण थी ॥ ४८३ ॥ उंचाई दं. ५७५; आयु प. १ / १०००००००००००००० ।

सुवर्ण जैसी प्रभावाले उस कुलकरके सत्या नामकी अनुपम देवी थी। उसके समयमें बिजलीयुक्त मेघ गरजते हुए बरसने लगे ॥ ४८४ ॥

उस समय पूर्वमें कभी नहीं देखी गयीं कीचड़युक्त जलप्रवाहवाली नदियोंको देखकर अत्यन्त भयभीत हुए भोगभूमिज मनुष्योंको मरुदेव कालके विभागको प्ररूपित करता है ॥ ४८५ ॥

कालके विकारसे अब कर्मभूमि तुम्हारे निकट है। अब तुम लोग नदियोंमें नौका आदि डालकर उन्हें पार करो, पहाड़ोंपर सीढ़ियोंको रचकर चलो, और वर्षाकालमें छत्रादिकको धारण करो। उस कुलकरके वचन सुनकर वे सब भोगभूमिज मनुष्य नदियोंको उतरकर और ऊंचे पहाड़ोंपर चढ़कर, वर्षाका निवारण करते हुए पुत्र एवं कलत्रके साथ जीवित रहने लगे ॥ ४८६-४८८ ॥

---

१ द ब रविकिरणासदसीदो. २ द ब लाव. ३ द ब च णेदि. ४ द ब णावादीण. ५ द ब तुम्हो. ६ द ब च्छत्ताहिं. ७ द ब तुरगसेलेसुं.

मरुदेवे तिदिवगदे अडकोडीलक्खभजिदपल्लम्मि । अंतरिदे उप्पज्जदि पसेणजिण्णाम तेरसमो ॥ ४८९

$\frac{१}{८००००००००००००}$

चामीयरसमवण्णो दसहदपणवण्णचावउच्छेहो । दसकोडिलक्खभाजिदपलिदोवममेत्तपरमाऊ ॥ ४९०

५५० । $\frac{१}{१००००००००००००००}$

अमिदमदी तद्देवी तक्काले वत्तिपडलपरिवेढा । जायंता जुगबाला देक्खिय भीदा किमेदमिदि ॥ ४९१

भयजुत्ताण णराणं पसेणजिब्भणदि दिव्वउवदेसं । वत्तिपडलावहरणं कहिदम्मि कुणंति ते सव्वे ॥ ४९२

पेच्छंते बालाणं मुहाणि य विप्फट्टकमलसरिसाणि । कुव्वंति पयत्तेणं सिसूण रक्खा णरा सव्वे ॥ ४९३

तम्मणुतिदिवपवेसे कोडिहदासीदिलक्खहिदपल्ले । अंतरिदे संभूदो चोद्दसमो णाभिराजमणू ॥ ४९४

$\frac{१}{८००००००००००००००}$

पणुवीसुत्तरपणसयचाउच्छेहो सुवण्णवण्णणिहो । इगिपुव्वकोडिआऊ मरुदेवी णाम तस्स वधू ॥ ४९५

दं ५२५ । पूर्वकोटि १ आउ ।

मरुदेवके स्वर्गस्थ हो जानेपर आठ लाख करोड़से भाजित पल्यप्रमाण अन्तरालके पश्चात् प्रसेनजित् नामक तेरहवां कुलकर उत्पन्न होता है ॥ ४८९ ॥ प. $\frac{१}{८००००००००००००}$ ।

वह कुलकर सुवर्णके सदृश वर्णसे युक्त, दशसे गुणित पचवन अर्थात् पांचसौ पचास धनुषप्रमाण ऊंचा, और दश लाख करोड़से भाजित पल्योपमप्रमाण आयुवाला हुआ ॥ ४९० ॥

उंचाई दं० ५५०; आयु प. $\frac{१}{१००००००००००००००}$ ।

उसके अमितमती नामक देवी थी । इसके समयमें वर्तिपटल (जरायु) से वेष्टित युगल बालकोंको जन्म लेते देखकर ' यह क्या है ? ' इसप्रकार भयसे संयुक्त मनुष्योंको प्रसेनजित् कुलकर वर्तिपटलके दूर करनेका दिव्य उपदेश देते हैं । तब उनके कथनानुसार वे सब मनुष्य वर्तिपटलको दूर करने लगे ॥ ४९१-४९२ ॥

तथा, सब भोगभूमिज मनुष्य विकसित कमलके सदृश बालकोंके मुखोंको देखने और प्रयत्नपूर्वक उन शिशुओंकी रक्षा करने लगे ॥ ४९३ ॥

उस मनुके स्वर्गस्थ होनेपर अस्सी लाख करोड़से भाजित पल्यप्रमाण कालके अन्तरालसे चौदहवें नाभिराय मनु उत्पन्न हुए ॥ ४९४ ॥ प. $\frac{१}{८००००००००००००००}$ ।

वह पांचसौ पच्चीस धनुष ऊंचा, सुवर्णके सदृश वर्णवाला, और एक पूर्वकोटिप्रमाण आयुसे युक्त था । उसके मरुदेवी नामकी पत्नी थी ॥ ४९५ ॥

ऊंचाई दं० ५२५; आयु पूर्वकोटि १ ।

१ द पसेणदिण्णाम. २ द ब °समवण्णा. ३ द ब °परिवेदा. ४ द ब जायंता. ५ ब विन्ति°. ६ द ब मुहाणि बसह°. ७ द ब °तिदव°. ८ द ब अंतरिदो.

तस्सिं काले होदि हु बालाणं णाभिणालमइदीहं । तक्कत्तणोवदेसं कहदि मणू ते पकुव्वंति ॥ ४९६
कप्पद्दुमा पणट्ठा तांहे[1] विविहोसहीणि सस्साणिं[2] । महुररसाइं फलाइं पेच्छंति सहावदो धरित्तीसु ॥ ४९७
कप्पतरूण विणासे तिव्वभया भोगभूमिजा मणुवा । सव्वे वि णाभिराजं सरणं पविसंति रक्खेत्ति ॥ ४९८
करुणाए णाभिराजो णराण उवदिसदि जीवणोवायं । संजह वणप्फदीणं चोचादीणं फलाइं भक्खाणिं ॥ ४९९
सालिजववल्लतुवरीतिलमासप्पहुदिविविहधण्णाइं[3] । उंवभुंजह[4] पियह तहा सुरभिप्पहुदीण दुद्धाणि ॥ ५००
अण्णं बहु उवदेसं देदि दयालू णराण सयलाणं । तं कादूणं सुखिदा[5] जीवंते तप्पसादेणं ॥ ५०१
पलिदोवमदसमंसो ऊणो थोवेण पदिसुदिस्साऊ । अममं अडडं तुडियं कमलं णलिणं च पउमपउमंगा ॥५०२
कुमुदकुमुदंगणउदा[6] णउदंगं पव्वपुव्वकोडीओ । सेसमणूणं आऊ कमसो केई णिरूवेंति[7] ॥ ५०३

पाठान्तरम् ।

एदे चउदस मणुओ पदिसुदिपहुदी हु णाहिरायंता । पुव्वभवम्मि विदेहे राजकुमारा महाकुले जादा[8] ॥ ५०४

उस समय बालकोंका नाभिनाल अत्यन्त लम्बा होने लगा था, इसलिये नाभिराय कुलकर उसके काटनेका उपदेश देते हैं और वे भोगभूमिज मनुष्य वैसा ही करते हैं ॥ ४९६ ॥

उस समय कल्पवृक्ष नष्ट होगये और पृथिवीपर स्वभावसे ही उत्पन्न हुई अनेक प्रकारकी औषधियां, सस्य (धान्यादि) एवं मधुर रसयुक्त फल दिखाई देने लगे ॥ ४९७ ॥

कल्पवृक्षोंके नष्ट होजानेपर तीव्र भयसे युक्त सब ही भोगभूमिज मनुष्य नाभिराय कुलकरकी शरणमें पहुंचे और बोले 'रक्षा करो' ॥ ४९८ ॥

तब करुणापूर्वक नाभिराय उन मनुष्योंको आजीविकाके उपायका उपदेश देते हैं। चोचादिक वनस्पतियोंके भक्षण करने योग्य फलोंका संचय करो ॥ ४९९ ॥

शालि, जौ, वल्ल, तुवर, तिल और उड़द इत्यादिक विविध प्रकारके धान्योंको खाओ और गाय आदिकके दूधको पिओ ॥ ५०० ॥

इसके अतिरिक्त दयालु नाभिराय उन सब मनुष्योंको और भी बहुतसा उपदेश देते हैं। तदनुसार आचरण करके वे सब मनुष्य नाभिराय कुलकरके प्रसादसे सुखपूर्वक जीवन व्यतीत करने लगे ॥ ५०१ ॥

कुछ कम पल्योपमके दशवें भागप्रमाण प्रतिश्रुति कुलकरकी आयु थी। इसके आगे शेष तेरह कुलकरोंकी आयु क्रमसे अमम, अडड, त्रुटित, कमल, नलिन, पद्म, पद्मांग, कुमुद, कुमुदांग, नयुत, नयुतांग, पर्व और पूर्वकोटिप्रमाण थी, ऐसा कोई आचार्य कहते हैं ॥ ५०२-५०३ ॥

पाठांतर ।

प्रतिश्रुतिको आदि लेकर नाभिरायपर्यन्त ये चौदह मनु पूर्वभवमें विदेह क्षेत्रके भीतर महा कुलमें राजकुमार थे ॥ ५०४ ॥

१ द तादे, ब तहि. २ द ब विविहोसहीण सत्थाणं. ३ द ब तोवरी "विविहवण्णाइं. ४ द ब उवभुंजदि. ५ द ब सुखिदो. ६ द ब कुमुदंगणलिणा. ७ द णिरूवंति. ८ ब जादो.

कुसला दाणादीसु संजमत[1]वणाणवंतपत्ताणं । णिय[2]जोग्गअणुट्ठाणा मद्दवअज्जवगुणेहिं संजुत्ता ॥ ५०५
मिच्छत्तभावणाए भोगाउं बंधि[3]ऊण ते सव्वे । प[4]च्छा खाइयसम्मं गेण्हंति जिणिंदचलणमूलम्हि ॥ ५०६
णियजोग्गसुदं पढि[5]दा खीणे आउम्हि ओहिणाणजुदा[6] । उप्पज्जिदूण भोगे केइ[7] णरा ओहिणाणेणं ॥ ५०७
जादिभरणेण केई भोगमणुस्साण जीवणोवायं । भासंति जेण तेणं मणुणो भणिदा मुणिंदेहिं ॥ ५०८
कुलधारणादु सव्वे कुलधरणामेण भुवणविक्खादा । कुलकरणम्मि य कुसला कुलकरणामेण सुपसिद्धा ॥ ५०९
एत्तो सलाय[8]पुरिसा तेसट्ठी सयलभुव[9]णविक्खादा । जायंति भरहखेत्ते णरसीहा पुण्णपाकेण ॥ ५१०
तित्थयरचक्कबलहरिपडिसत्तू णाम विस्सुदा कमसो । बिउणियबारसबारसपयत्थणिधिरंधसंखाए ॥ ५११

२४ । १२ । ९ । ९ । ९ ।

उसहमजियं च संभवमहिणंदणसुमइणामधेयं च । पउमप्पहं सुपासं चंदप्पहपुप्फयंतसीयलए ॥ ५१२
सेयंसवासुपुज्जे विमलाणंते य धम्मसंती य । कुंथुअरमल्लिसुव्वयणमिणेमीपासवड्ढमाणा य ॥ ५१३
पणमह चउवीसजिणे तित्थयरे तत्थ भरहखेत्तम्मि । भव्वाणं भवरुक्खं छिंदंते णाणपरसूहिं ॥ ५१४

वे सब संयम, तप और ज्ञानसे युक्त पात्रोंके लिये दानादिकके देनेमें कुशल; अपने योग्य अनुष्ठानसे संयुक्त, और मार्दव-आर्जव गुणोंसे सहित होते हुए पूर्वमें मिथ्यात्वभावनासे भोगभूमिकी आयुको बांधकर पश्चात् जिनेन्द्रभगवान्के चरणोंके समीप क्षायिक सम्यक्त्वको ग्रहण करते हैं ॥५०५–५०६॥

अपने योग्य श्रुतको पढ़कर इन राजकुमारोंमेंसे कितने ही आयुके क्षीण होनेपर अवधिज्ञानके साथ भोगभूमिमें मनुष्य उत्पन्न होकर अवधिज्ञानसे, और कितने ही जातिस्मरणसे भोगभूमिज मनुष्योंको जीवनके उपाय बतलाते हैं, इसीलिये मुनीन्द्रोंके द्वारा ये 'मनु' कहे गये हैं ॥ ५०७-५०८ ॥

ये सब कुलोंके धारणकरनेसे 'कुलधर' नामसे और कुलोंके करनेमें कुशल होनेसे 'कुलकर' नामसे भी लोकमें प्रसिद्ध हैं ॥ ५०९ ॥

अब यहांसे आगे (नाभिराय कुलकरके पश्चात्) पुण्योदयसे भरत क्षेत्रमें मनुष्योंमें श्रेष्ठ और सम्पूर्ण लोकमें प्रसिद्ध तिरेसठ शलाकापुरुष उत्पन्न होने लगते हैं ॥ ५१० ॥

ये शलाकापुरुष तीर्थंकर, चक्रवर्ती, बलभद्र, नारायण और प्रतिशत्रु, इन नामोंसे प्रसिद्ध हैं। इनमेंसे तीर्थकरोंकी बारहके दुगुणे अर्थात् चौबीस, चक्रवर्तियोंकी बारह, बलभद्रोंकी नौ (पदार्थ), नारायणोंकी नौ (निधि) और प्रतिशत्रुओंकी भी नौ (रंध्र) संख्या है ॥ ५११ ॥

तीर्थंकर २४ + चक्री १२ + बल. ९ + नारा. ९ + प्रतिशत्रु ९ = ६३ ।

उनमेंसे ऋषभ[1], अजित[2], संभव[3], अभिनन्दन[4], सुमति[5], पद्मप्रभ[6], सुपार्श्व[7], चन्द्रप्रभ[8], पुष्पदन्त[9], शीतल[10], श्रेयांस[11], वासुपूज्य[12], विमल[13], अनन्त[14], धर्म[15], शान्ति[16], कुंथु[17], अर[18], मल्लि[19], सुव्रत[20], नमि[21], नेमि[22], पार्श्व[23] और वर्द्धमान[24], इन भरत क्षेत्रमें उत्पन्न हुए चौबीस तीर्थङ्करोंको नमस्कार करो। ये ज्ञानरूपी फरसेसे भव्य जीवोंके संसाररूपी वृक्षको छेदते हैं ॥ ५१२–५१४ ॥

---

१ द ब संजव°. २ ब णियजोगा. ३ द बंधदूण. ४ द ब पच्छा. ५ द ब पडिदा. ६ द ब जुदो. ७ ब केई. ८ द ब 'पुरिसो. ९ ब °भवण°.

भरहो सगरो मघवो सणंकुमारो य संतिकुंथुअरा। तह य सुभोमो[1] पउमो हरिजयसेणा[2] य बम्हदत्तो य ॥५१५

छक्खंडपुढविमंडलपसाहणा कित्तिभरियभुवणयला[3] । एदे बारस जादा चक्कहरा भरहखेत्तम्मि ॥ ५१६

विजयो अचल सुधम्मो सुप्पहणामो सुदंसणो णंदी । तह णंदिमित्त रामो पउमो णव होंति बलदेवा ॥ ५१७

तह य तिविट्टदुविट्ठा सयंभु पुरिसुत्तमो पुरिससीहो। पुंडरियदत्तणारायणा य किण्हो हुवंति णव विण्हू ॥५१८

अस्सग्गीवो तारयमेरकमधुकीडभा तह णिसुंभो । बलिपहरणरावणओ जरसंधो य णव य पडिसत्तू ॥ ५१९

भीमावलिजियसत्तू रुद्दो वइसाणलो[4] य सुपइट्ठो। तह अचल पुंडरीओ अजियंधर अजियणाभिपेढाला ॥ ५२०

सच्चइसुदो य एदे एक्कारस होंति तित्थयरकाले । रुद्दा रउद्दकम्मा अहम्मवावारसंलग्गा ॥ ५२१

सव्वट्ठसिद्धिठाणा अवइण्णा उसहधम्मपहुदितिया । विजया णंदणअजिया चंदप्पह वइजयंतादु ॥ ५२२

अपराजियाभिधाणा अरणमिमल्लीओ णेमिणाहो य । सुमई जयंतठाणा आरणजुगला य सुविहिसीयलया[5] ॥५२३

पुप्फोत्तराभिधाणा अणंतसेयंसवड्ढमाणजिणा । विमलो य सदाराणदपाणदकप्पा[6] य सुव्वदा पासा ॥ ५२४

हेट्ठिममज्झिमउवरिमगेवज्जादागदा महासत्ता । संभवसुपासपउमा महसुक्का[7] वासुपुज्जजिणो[8] ॥ ५२५

भरत, सगर, मघवा, सनत्कुमार, शान्ति, कुन्थु, अर, सुभौम, पद्म, हरिषेण, जयसेन और ब्रह्मदत्त, ये छह खण्डरूप पृथिवीमण्डलको सिद्ध करनेवाले और कीर्तिसे भुवनतलको भरनेवाले बारह चक्रवर्ती भरत क्षेत्रमें उत्पन्न हुए ॥ ५१५-५१६ ॥

विजय, अचल, सुधर्म, सुप्रभ, सुदर्शन, नन्दी, नन्दिमित्र, राम और पद्म, ये नौ भरत क्षेत्रमें बलदेव हुए ॥ ५१७ ॥

तथा त्रिपृष्ठ, द्विपृष्ठ, स्वयम्भू, पुरुषोत्तम, पुरुषसिंह, (पुरुष-) पुण्डरीक, (पुरुष-) दत्त, नारायण (लक्ष्मण) और कृष्ण, ये नौ विष्णु (नारायण) हैं ॥ ५१८ ॥

अश्वग्रीव, तारक, मेरक, मधुकैटभ, निशुम्भ, बलि, प्रहरण, रावण और जरासंध, ये नौ प्रतिशत्रु हैं ॥ ५१९ ॥

भीमावलि, जितशत्रु, रुद्र, विश्वानल, सुप्रतिष्ठ, अचल, पुण्डरीक, अजितंधर, अजितनाभि, पीठ और सात्यकिसुत, ये ग्यारह तीर्थंकरकालमें रुद्र होते हैं। ये सब अधर्मपूर्ण व्यापारमें संलग्न होकर रौद्रकर्म किया करते हैं ॥ ५२०-५२१ ॥

ऋषभ और धर्मादिक (धर्म, शान्ति, कुंथु) तीन तीर्थङ्कर सर्वार्थसिद्धिसे अवतीर्ण हुए थे; अभिनन्दन और अजितनाथ विजयसे; चन्द्रप्रभ वैजयंतसे; अर, नमि, मल्लि और नेमिनाथ, ये चार तीर्थंकर अपराजित नामक विमानसे; सुमति जयन्त विमानसे; पुष्पदन्त और शीतल क्रमशः आरणयुगलसे; अनन्त, श्रेयांस और वर्द्धमान, ये तीन तीर्थंकर पुष्पोत्तर विमानसे; विमल शतार कल्पसे; सुव्रत और पार्श्वनाथ क्रमशः आनत एवं प्राणत कल्पसे; संभव, सुपार्श्व और पद्मप्रभ, ये तीन महापुरुष क्रमशः अधोग्रैवेयक, मध्यग्रैवेयक और ऊर्ध्वग्रैवेयकसे; तथा वासूपूज्य जिनेन्द्र महाशुक्र कल्पसे अवतीर्ण हुए थे ॥ ५२२-५२५ ॥

---

१ ब सुभोम्मो. २ ब °जयसेणो. ३ द ब °भवण. ४ द ब वेइसायणो. ५ द ब सुहर°. ६ द सहारापाणद. ७ द ब महसुके. ८ द ब °जिणा.

जादो हु अवज्झाए उसहो मरुदेविणाभिराएहिं । चेत्तासियणवमीए णक्खत्ते उत्तरासाढे[1] ॥ ५२६
माघस्स सुक्कपक्खे रोहिणिरिक्खम्मि दसमिदिवसम्मि । साकेदे अजियजिणो जादो जियसत्तुविजयाहिं ॥ ५२७
साविस्थीए संभवदेवो य जिदारिणा[2] सुसेणाए । मग्गसिरपुण्णिमाए जेट्ठारिक्खम्मि संजादो ॥ ५२८
माघस्स बारसीए सिदम्मि पक्खे पुणव्वसूरिक्खे । संवरसिद्धत्थाहिं साकेदे णंदणो जादो ॥ ५२९
मेघ[3]प्पहेण सुमई साकेदपुरम्मि मंगलाए य । सावणसुक्केयारसिदिवसम्मि मघासु संजणिदो ॥ ५३०
अस्सजुदकिण्हतेरसिदिणम्मि पउमप्पहो अ चित्तासु । धरणेण सुसीमाए कोसंबिपुरवरे जादो ॥ ५३१
वारणसीए पुहवी[4]सुपइट्ठेहिं सुपासदेवो य । जेट्ठस्स सुक्कबारसिदिणम्मि जादो विसाहाए ॥ ५३२
चंदे[5]पहो चंदपुरे जादो महसेणलच्छिमइआहिं[6] । पुस्सस्स किण्हएयारसिए अणुराहणक्खत्ते ॥ ५३३
रामासुग्गीवेहिं काकंदीए य पुप्फयंतजिणो । मग्गसिरपाडिवाए सिदाए मूलम्मि संजणिदो ॥ ५३४
माघस्स बारसीए पुव्वासाढासु किण्हपक्खम्मि । सीयलसामी दिढरहणंदाहिं भद्दिले जादो ॥ ५३५

ऋषभनाथ तीर्थंकर अयोध्या नगरीमें, मरुदेवी माता, एवं नाभिराय पितासे, चैत्रकृष्णा नवमीके दिन, उत्तरापाढा नक्षत्रमें उत्पन्न हुए ॥ ५२६ ॥

अजित जिनेन्द्र साकेत नगरीमें पिता जितशत्रु एवं माता विजयासे माघके शुक्लपक्षमें दशमीके दिन रोहिणी नक्षत्रमें उत्पन्न हुए ॥ ५२७ ॥

संभवदेव श्रावस्ती नगरीमे पिता जितारि और माता सुसेनासे मगसिर मासकी पूर्णमासीके दिन ज्येष्ठा नक्षत्रमें उत्पन्न हुए ॥ ५२८ ॥

अभिनन्दन स्वामी साकेतपुरीमें पिता संवर और माता सिद्धार्थासे माघशुक्ला द्वादशीके दिन पुनर्वसु नक्षत्रमें उत्पन्न हुए ॥ ५२९ ॥

सुमतिनाथ तीर्थंकर साकेत पुरीमें पिता मेघप्रभ और माता मंगलासे श्रावणशुक्ला एकादशीको मघा नक्षत्रमें उत्पन्न हुए ॥ ५३० ॥

पद्मप्रभ तीर्थंकरने कौशाम्बी पुरीमें पिता धरण और माता सुसीमासे आसोजकृष्णा त्रयोदशीके दिन चित्रा नक्षत्रमें अवतार लिया ॥ ५३१ ॥

सुपार्श्व देव वाराणसी (बनारस) नगरीमें माता पृथिवी और पिता सुप्रतिष्ठसे ज्येष्ठशुक्ला द्वादशीके दिन विशाखा नक्षत्रमे उत्पन्न हुए ॥ ५३२ ॥

चन्द्रप्रभ जिनेन्द्र चन्द्रपुरीमें पिता महासेन और माता लक्ष्मीमती (लक्ष्मणा) से पौषकृष्णा एकादशीको अनुराधा नक्षत्रमें अवतीर्ण हुए ॥ ५३३ ॥

भगवान् पुष्पदन्त काकन्दी नगरीमें माता रामा और पिता सुग्रीवसे मगसिरशुक्ला प्रतिपद्के दिन मूल नक्षत्रमें उत्पन्न हुए ॥ ५३४ ॥

शीतलनाथ स्वामी भद्दलपुरमें (भद्रिकापुरीमें) पिता दृढ़रथ और माता नन्दासे माघके कृष्णपक्षकी द्वादशीके दिन पूर्वापाढ़ा नक्षत्रमें उत्पन्न हुए ॥ ५३५ ॥

१ द ब उत्तरासाढा. २ द ऐजिदारिणा, ब राजिदारिणा. ३ द मेघव्वएण, ब मेघरथएण. ४ ब पुहईवीसु°. ५ द चंदप्पहो. ६ द °आईहिं, ब आइहिं.

सीहपुरे सेयंसो विण्हुणरिंदेण वेणुदेवीए । एक्कारसिए फग्गुणसिदपक्खे सवणभे जादो ॥ ५३६
चंपाए वासुपुंज्जो वसुपुज्जणरेसरेण विजयाए । फग्गुणसुद्धचउद्दसिदिणम्मि जादो विसाहासु ॥ ५३७
कंपिल्लपुरे विमलो जादो कदवम्मजयस्सामाहिं । माघसिदचोद्दसीए णक्खत्ते पुव्वभद्दपदे ॥ ५३८
जेट्ठस्स बारसीए किण्हाए रेवदीसु य अणंतो । साकेदपुरे जादो सव्वजसासीहसेणेहिं ॥ ५३९
रयणपुरे धम्मजिणो भाणुणरिंदेण सुव्वदाए य । माघसिदतेरसीए जादो पुस्सम्मि णक्खत्ते ॥ ५४०
जेट्ठसिदबारसीए भरणीरिक्खम्मि संतिणाहो य । हत्थिणउरम्मि जादो अइराए विस्ससेणेण ॥ ५४१
तत्थ च्चिय कुंथुजिणो सिरिमइदेवीसु सूरसेणेण । वइसाहपाडिवाए सियपक्खे कित्तियासु संजणिदो ॥ ५४२
मग्गसिरचोद्दसीए सिदपक्खे रोहिणीसु अरदेवो । णागपुरे संजणिदो मित्ताए सुदरिसणावणिंदेसुं ॥ ५४३
मिहिलाए मल्लिजिणो पहवदिए कुंभअक्खिदीसेहिं । मग्गसिरसुक्कएक्कादसीए अस्सिणीए संजादो ॥ ५४४
रायगिहे मुणिसुव्वयदेवो पउमासुमित्तराएहिं । अस्सजुदबारसीए सिदपक्खे सवणभे जादो ॥ ५४५

भगवान् श्रेयांस सिंहपुरीमें पिता विष्णु नरेन्द्र और माता वेणुदेवीसे फाल्गुन शुक्ला एकादशीके दिन श्रवण नक्षत्रमें अवतीर्ण हुए ॥ ५३६ ॥

वासुपूज्य भगवान् चम्पा नगरीमें पिता वसुपूज्य राजा और माता विजयासे फाल्गुन शुक्ला चतुर्दशीके दिन विशाखा नक्षत्रमें उत्पन्न हुए ॥ ५३७ ॥

भगवान् विमलनाथ कंपिलापुरीमें पिता कृतवर्मा और माता जयश्यामासे माघशुक्ला चतुर्दशीके दिन पूर्वभाद्रपद नक्षत्रमें उत्पन्न हुए ॥ ५३८ ॥

भगवान् अनन्तनाथ अयोध्यापुरीमें माता सर्वयशा और पिता सिंहसेनसे ज्येष्ठकृष्णा द्वादशीको रेवती नक्षत्रमें अवतीर्ण हुए ॥ ५३९ ॥

धर्मनाथ तीर्थंकर रत्नपुरमें पिता भानु नरेन्द्र और माता सुव्रतासे माघशुक्ला त्रयोदशीके दिन पुष्य नक्षत्रमें उत्पन्न हुए ॥ ५४० ॥

भगवान् शान्तिनाथ हस्तिनापुरमें माता ऐरा और पिता विश्वसेनसे ज्येष्ठशुक्ला द्वादशीके दिन भरणी नक्षत्रमें उत्पन्न हुए ॥ ५४१ ॥

कुन्थुनाथ जिनेन्द्र हस्तिनापुरमें माता श्रीमतीदेवी और पिता सूर्यसेनसे वैशाखशुक्ला प्रतिपदाको कृत्तिका नक्षत्रमें अवतीर्ण हुए ॥ ५४२ ॥

भगवान् अरनाथ हस्तिनापुरमें माता मित्रा और पिता सुदर्शन राजासे मगसिरशुक्ला चतुर्दशीके दिन रोहणी नक्षत्रमें अवतीर्ण हुए ॥ ५४३ ॥

मल्लिनाथ जिनेन्द्र मिथलापुरीमें माता प्रभावती और पिता कुम्भसे मगसिरशुक्ला एकादशीको अश्विनी नक्षत्रमें उत्पन्न हुए ॥ ५४४ ॥

भगवान् मुनिसुव्रत राजगृह नगरमें माता पद्मा और पिता सुमित्रराजासे आसोजशुक्ला द्वादशीके दिन श्रवण नक्षत्रमें उत्पन्न हुए ॥ ५४५ ॥

१ द वसुपुज्जो. २ द ब °वम्मजाद°. ३ द ब सुव्वलाए अं. ४ द महिलाए. ५ द ब कुंथुअ-क्खिदीसेहिं. ६ द °एकादसिए. ७ द ब अस्सिणीजदा एसं.

मिहिलापुरिए जादो विजयणरिंदेण वप्पिलाए य । अस्सिणिरिक्खे आसाढसुक्कदसमीए णमिसामी ॥ ५४६
सउरीपुरम्मि जादो सिवदेवीए समुद्दविजएण । वइसाहतेरसीए सिदाए चित्तासु णेमिजिणो ॥ ५४७
हयसेणवम्मिलाहिं जादो हि वाणारसीए पासजिणो । पूसस्स बहुलएक्कारसिए रिक्खे विसाहाए ॥ ५४८
सिद्धत्थरायपियकारिणीहिं णयरम्मि कुंडले वीरो । उत्तरफग्गुणिरिक्खे चित्तसियातेरसीए उप्पण्णो ॥ ५४९

इंदवज्जा—

धम्मारकुंथू कुरुवंसजादा णाहोग्गवंसेसु वि वीरपासा ।
सो सुव्वदो जादववंसजम्मा णेमी अ इक्खाकुकुलम्मि सेसा ॥ ५५०
एदे जिणिंदे भरहम्मि खेत्ते भव्वाण पुण्णेहिं कदावतारे ।
काएण वाचा मणसा णमंता सोक्खाइं मोक्खाइं लहंति भव्वा ॥ ५५१

धोडकं—

केवलणाणवणप्फइकंदे तित्थयरे चउवीसजिणिंदे । जो अहिणंदइ भत्तिपयट्टो बज्झइ तस्स पुरंदरपट्टो ॥ ५५२
सुसमदुसमम्मि णामे सेसे चउसीदिलक्खपुव्वाणिं । वासतए अडमासे इगिपक्खे उसहउप्पत्ती ॥ ५५३

पुव्व ८४०००००, व ३, मा ८, दि १५ ।

नमिनाथ स्वामी मिथिलापुरीमें पिता विजयनरेन्द्र और माता वप्रिलासे आषाढ़शुक्ला दशमीके दिन अश्विनी नक्षत्रमें अवतीर्ण हुए ॥ ५४६ ॥

नेमि जिनेन्द्र शौरीपुरमें माता शिवदेवी और पिता समुद्रविजयसे वैशाखशुक्ला त्रयोदशीको चित्रा नक्षत्रमें अवतीर्ण हुए ॥ ५४७ ॥

भगवान् पार्श्वनाथ वाराणसी नगरीमें पिता अश्वसेन और माता वर्मिला (वामा) से पौषकृष्णा एकादशीके दिन विशाखा नक्षत्रमें उत्पन्न हुए ॥ ५४८ ॥

भगवान् महावीर कुण्डलपुरमें पिता सिद्धार्थ और माता प्रियकारिणीसे चैत्रशुक्ला त्रयोदशीके दिन उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्रमें उत्पन्न हुए ॥ ५४९ ॥

धर्मनाथ, अरनाथ और कुंथुनाथ ये तीन तीर्थंकर कुरु वंशमें उत्पन्न हुए । महावीर और पार्श्वनाथ क्रमसे नाथ और उग्र वंशमें, मुनिसुव्रत और नेमिनाथ यादव वंश (हरिवंश) में, तथा अवशिष्ट तीर्थङ्कर इक्ष्वाकु कुलमें उत्पन्न हुए ॥ ५५० ॥

भव्य जीवोंके पुण्योदयसे भरतक्षेत्रमें अवतीर्ण हुए इन चौबीस तीर्थंकरोंको जे भव्य जीव मन-वचन-कायसे नमस्कार करते हैं, वे मोक्षसुखको पाते हैं ॥ ५५१ ॥

केवलज्ञानरूप वनस्पतिके कंद और तीर्थके प्रवर्तक चौबीस जिनेन्द्रोंका जो भक्तिसे प्रवृत्त होकर अभिनन्दन करता है, उसको इन्द्रका पट्ट बांधा जाता है ॥ ५५२ ॥

सुषमदुषमा नामक कालमें चौरासी लाख पूर्व, तीन वर्ष, आठ माह और एक पक्ष शेष रहनेपर भगवान् ऋषभ देवका अवतार हुआ ॥ ५५३ ॥

पूर्व ८४ लाख, व. ३, मा. ८, दि. १५ (१ पक्ष) ।

---

१ द वप्पिलोए. २ द ब रेक्खे. ३ द आसाढे. ४ द °वम्मिणाहिं. ५ द कुंडलो धीरा. ६ ब सुविवीरपासो. ७ द ब मव्वो. ८ [दोधकम्]. ९ द °वणप्पइ°. १० द °जिणंदो.

पण्णासकोडिलक्खा बारसहदपुव्वलक्खवासजुदा । जादम्हि उवहिउवमा उसहुप्पत्तीए अजियउप्पत्ती ॥ ५५४

सागरोवम ५०००००००००००००० पुव्व धण १२०००००।

अह तीसकोडिलक्खे बारसहदपुव्वलक्खवासजुदे । गलिदम्मि उवहिउवमे अजिउप्पत्तीए संभउप्पत्ती ॥ ५५५

सा ३००००००००००००० धण पुव्व १२०००००।

दसपुव्वलक्खसंजुदसायरदसकोडिलक्खवोच्छेए । संभवउप्पत्तीए[1] अहिणंदणदेवउप्पत्ती ॥ ५५६

सा १०००००००००००००० धण पुव्व १००००००।

दसपुव्वलक्खसंजुदसायरणवकोडिलक्खपडिवित्ते[2] । अहिणंदणउप्पत्तिए सुमइजिणिंदस्स उप्पत्ती ॥ ५५७

सा ९०००००००००००००० धण पुव्व १००००००।

दसपुव्वलक्खसमधियसायरकोडीसहस्सणवदीए । पक्खित्ते पउमप्पहजम्मो सुमइस्स जम्मादो ॥ ५५८

सा ९०००००००००००० धण पुव्व १००००००।

दसपुव्वलक्खसमधियसायरकोडीसहस्सणवकम्मि । वोलीणे पउमप्पहसंभूदीए सुपासंसंभूदी ॥ ५५९

सा ९००००००००००० धण पुव्व १००००००।

भगवान् ऋषभदेवकी उत्पत्तिके पश्चात पचास लाख करोड़ सागरोपम और बारह लाख वर्षपूर्वोके बीत जानेपर अजितनाथ तीर्थङ्करका अवतार हुआ ॥ ५५४ ॥

सागरोपम ५० लाख करोड़ + वर्षपूर्व १२ लाख।

अजितनाथकी उत्पत्तिके पश्चात बारह लाख वर्षपूर्व सहित तीस लाख करोड़ सागरोपमोंके निकल जानेपर भगवान् सम्भवनाथकी उत्पत्ति हुई ॥ ५५५ ॥

सा० ३० लाख करोड़ + वर्षपूर्व १२ लाख।

सम्भव जिनेन्द्रकी उत्पत्तिके पश्चात् दश लाख पूर्व सहित दश लाख करोड़ सागरोपमोंके बीत जानेपर अभिनन्दन भगवान्‌ने अवतार लिया ॥ ५५६ ॥

सा० १० लाख करोड़ + वर्षपूर्व १० लाख।

अभिनन्दन स्वामीकी उत्पत्तिके पश्चात् दश लाख पूर्व सहित नौ लाख करोड़ सागरोपमोंके बीत जानेपर सुमति जिनेन्द्रकी उत्पत्ति हुई ॥ ५५७ ॥

सा० ९ लाख करोड़ + वर्षपूर्व १० लाख।

सुमतिनाथ तीर्थंकरके जन्मके पश्चात् दश लाख पूर्व सहित नब्बै हजार करोड़ सागरोपमोंके बीत जानेपर पद्मप्रभका जन्म हुआ ॥ ५५८ ॥

सा० ९० हजार करोड़ + वर्षपूर्व १० लाख।

पद्मप्रभके जन्मके पश्चात् दश लाख पूर्व सहित नौ हजार करोड़ सागरोपमोंका अतिक्रमण होनेपर भगवान् सुपार्श्वनाथका जन्म हुआ ॥ ५५९ ॥

सा० ९ हजार करोड़ + वर्षपूर्व १० लाख।

१ द समवप्पत्ती. २ ब °परिवत्ते.

दसपुव्वलक्खसंजुदसायरणवकोडिसयविरामम्मि । चदप्पहउप्पत्ती उप्पत्तीदो सुपासस्स ॥ ५६०

सा ९०००००००००० पुव्व १०००००० ।

अडलक्खपुव्वसमधियसायरकोडीण णउदिविच्छेदे[1] । चंदपहुप्पत्तीदो[2] उप्पत्ती पुप्फदंतस्स ॥ ५६१

सा ९००००००००० पुव्व ८००००० ।

इगिपुव्वलक्खसमधियसायरणवकोडिमेत्तकालम्मि । गलियम्मि पुप्फदंतुप्पत्तीदो सीयलुप्पत्ती ॥ ५६२

सा ९०००००००० पुव्व १००००० ।

इगिकोडिपण्णल[3]क्खाछव्वीससहस्सवासमेत्ताए । अब्भहिएणं जलणिहिउवमसयेणं विहीणाए ॥ ५६३

वोलीणाए सायरकोडीए पुव्वलक्खजुत्ताए । सीयलसंभूदीदो सेयंसजिणस्स संभूदी ॥ ५६४

सा १००००००० पुव्व १००००० रिण सागरोपम १०० व १५०२६००० ।

बारसहदइगिलक्खब्भहियाए वासउवहिमाणेसु । चउवण्णेसु गदेसुं सेयंसभवादु वासुपुज्जभवो[4] ॥ ५६५

सा ५४ वस्स १२००००० ।

तीसोवहीण विरमे बारसहदवरिसलक्खअधियाणं । जाणेज्ज वासुपुज्जुप्पत्तीदो[5] विमलउप्पत्ती ॥ ५६६

सा ३० वस्स १२००००० ।

उवहिउवमाणणवके तियहदहलक्खवासअदिरित्ते[6] । वोलीणे विमलजिणुप्पत्तीदो[7] तह अणंतउप्पत्ती ॥ ५६७

सा ९ वस्स ३०००००० ।

सुपार्श्वनाथकी उत्पत्तिके पश्चात् दश लाख पूर्व सहित नौसौ सागरोपमोके बीत जानेपर चन्द्रप्रभ जिनेन्द्रकी उत्पत्ति हुई ॥ ५६० ॥ सा० ९ सौ करोड + वर्षपूर्व १० लाख ।

चन्द्रप्रभकी उत्पत्तिसे आठ लाख पूर्व सहित नब्बै करोड़ सागरोपमोंका विच्छेद होनेपर भगवान् पुष्पदन्तकी उत्पत्ति हुई ॥ ५६१ ॥ सा० ९० करोड़ + वर्षपूर्व ८ लाख ।

पुष्पदन्तकी उत्पत्तिके अनन्तर एक लाख पूर्व सहित नौ करोड़ सागरोपमोके बीतनेपर शीतलनाथ तीर्थंकरने जन्म लिया ॥ ५६२ ॥ सा० ९ करोड़ + वर्षपूर्व १ लाख ।

शीतलनाथकी उत्पत्तिके पश्चात् सौ सागरोपम और एक करोड़ पचास लाख छब्बीस हजार वर्ष कम एक लाख पूर्व सहित करोड़ सागरोपमोके अतिक्रान्त होनेपर श्रेयांस जिनेन्द्र उत्पन्न हुए ॥ ५६३–५६४ ॥

(सा० १ करोड़ + वर्षपूर्व १ लाख) – (सा० १००, वर्ष १५०२६०००) ।

भगवान् श्रेयांसकी उत्पत्तिके पश्चात् बारह लाख वर्ष सहित चौवन सागरोपमोंके व्यतीत हो जानेपर वासुपूज्य तीर्थंकरने अवतार लिया ॥ ५६५ ॥ सा० ५४, वर्ष १२ लाख ।

वासुपूज्य भगवान्की उत्पत्तिके अनन्तर बारह लाख वर्ष अधिक तीस सागरोपमोके बीतनेपर विमलनाथ तीर्थंकरकी उत्पत्ति जानना चाहिये ॥ ५६६ ॥ सा० ३०, वर्ष १२ लाख ।

विमल जिनकी उत्पत्तिके पश्चात् तीस लाख वर्ष अधिक नौ सागरोपमोंके व्यतीत होजानेपर भगवान् अनन्तनाथ उत्पन्न हुए ॥ ५६७ ॥ सा० ९, वर्ष ३० लाख ।

१ द विच्छेदो. २ द ब चंदप्पहउप्पत्तीदो. ३ द °पचलक्खा. ४ द ब °भवा. ५ द वासुपुज्जुप्पत्तीदा. ६ द ब °अधिरित्तो. ७ द °जिणुप्पत्तीदा.

वीसहदवासलक्खब्भहिएसुं चउसु उवहिउवमेसुं । विरदेसु धम्मजम्मो अणंतसामिस्स जम्मादो ॥ ५६८

सा ४ वस्स २००००००।

उवहिउवमाणतिदए वोलीणे णवयलक्खवासजुदे । पादोणपल्लरहिदो संतिभवो धम्मभवदो य ॥ ५६९

सा ३ वस्स धण ९०००० रिण प $\frac{3}{4}$

पल्लद्धे वोलीणे पणवाससहस्समाणअदिरित्ते । कुंथुजिणेसंजणणं जणणादो संतिणाहस्स ॥ ५७०

प $\frac{1}{2}$ धण वस्स ५०००

एक्कारसहस्सूणियकोडिसहस्सोणपल्लपादम्मि । विरदम्मि अरजिणिंदो कुंथुप्पत्तीए उप्पण्णो ॥ ५७१

$\frac{1}{4}$ रिण ९९९९९८९०००

उणतीससहस्साधियकोडिसहस्सम्मि वस्सतीदम्मि । अरजिणउप्पत्तीओ उप्पत्ती मल्लिणाहस्स ॥ ५७२

वा १००००२९००० ।

पणुवीससहस्साहियणवहदछल्लक्खवासवोच्छेदे । मल्लिजिणुब्भूदीदो उब्भूदी सुव्वयजिणस्स ॥ ५७३

वा ५४२५००० ।

वीससहस्सब्भधिया छल्लक्खपमाणवासवोच्छेदे । सुव्वयउप्पत्तीदो उप्पत्ती णमिजिणिंदस्स ॥ ५७४

६२०००० ।

अनन्तनाथ स्वामीके जन्मके पश्चात् बीस लाख वर्ष अधिक चार सागरोपमोंके बीतनेपर धर्मनाथ प्रभुने जन्म लिया ॥ ५६८ ॥ सा० ४, वर्ष २० लाख।

धर्मनाथकी उत्पत्तिके पश्चात् पौन पल्य कम और नौ लाख वर्ष सहित तीन सागरोपमोंके बीत जानेपर शान्तिनाथ भगवान्‌ने जन्म लिया ॥ ५६९ ॥ (सा० ३ + वर्ष ९ लाख) – प. $\frac{3}{4}$।

भगवान् शान्तिनाथके जन्मके पश्चात् पांच हजार वर्ष अधिक आधे पल्यके बीतनेपर कुन्थुनाथ जिनेन्द्र उत्पन्न हुए ॥ ५७० ॥ प० $\frac{1}{2}$, वर्ष ५ हजार।

कुंथुनाथकी उत्पत्तिके पश्चात् ग्यारह हजार कम एक हजार करोड़ वर्षसे रहित पाव पल्यके बीतनेपर अर जिनेन्द्र उत्पन्न हुए ॥ ५७१ ॥ प० $\frac{1}{4}$ – वर्ष ९९९९९८९०००।

अर जिनेन्द्रकी उत्पत्तिके पश्चात् उनतीस हजार अधिक एक हजार करोड़ वर्षोंके बीतनेपर मल्लिनाथ भगवान्‌का जन्म हुआ ॥ ५७२ ॥ व० १००००२९०००।

भगवान् मल्लिनाथकी उत्पत्तिके पश्चात् पच्चीस हजार अधिक नौसे गुणित छह अर्थात् चौवन लाख वर्षोंके बीत जानेपर सुव्रत जिनेन्द्रकी उत्पत्ति हुई ॥ ५७३ ॥ व० ५४२५०००।

भगवान् सुव्रतकी उत्पत्तिके पश्चात् बीस हजार अधिक छह लाख वर्षप्रमाण कालके व्यतीत होनेपर नमिनाथ जिनेन्द्रका जन्म हुआ ॥ ५७४ ॥ व० ६२००००।

१ द पादाणं. २ द ब संतिमवा. ३ द ब मास अभिरित्तो. ४ द ब १.

पणलक्खेसु गदेसुं णवयसहस्साधिएसु वासाणं । णमिणाहुप्पत्तीदो उप्पत्ती णेमिणाहस्स ॥ ५७५

५०९००० ।

पण्णासाधियछस्सयचुलसीदिसहस्सवस्सपरिवत्ते । णेमिजिणुप्पत्तीदो उप्पत्ती पासणाहस्स ॥ ५७६

८४६५० ।

अट्ठत्तरिअधियाए बेसदपरिमाणवासअदिरित्ते[1] । पासजिणुप्पत्तीदो उप्पत्ती वड्ढमाणस्स ॥ ५७७

वा २७८ ।

एदं जिणाणं (समयं-) तरालप्पमाणमाणंदकरं जणस्स ।
कम्मग्गलाइं[2] विहडाविदूण उग्घाडए मोक्खपुरीकवाडं[3] ॥ ५७८

। उप्पत्ती सम्मत्ता ।

उसहादिदससु आऊ चुलसीदी तह बहत्तरी[4] सट्ठी । पण्णासचालतीसा वीसं दसदुइगिपुव्वलक्खाइं ॥ ५७९

आदिजिणे पुव्व ८४००००० । अजिय पुव्व ७२००००० । संभव पुव्व ६०००००० । अहिणंदण पुव्व ५०००००० । सुमइ पुव्व ४०००००० । पउमप्पह पुव्व ३०००००० । सुपासणाह पुव्व २०००००० । चंदप्पह पुव्व १०००००० । पुप्फदंत पुव्व २००००० । सीयल पुव्व १००००० ।

नमिनाथकी उत्पत्तिके पश्चात् नौ हजार अधिक पांच लाख वर्षोंके व्यतीत होनेपर भगवान् नेमिनाथकी उत्पत्ति हुई ॥ ५७५ ॥ ५०९००० ।

नेमिनाथ तीर्थंकरकी उत्पत्तिके पश्चात् चौरासी हजार छहसौ पचास वर्षोंके व्यतीत होनेपर भगवान् पार्श्वनाथकी उत्पत्ति हुई ॥ ५७६ ॥ ८४६५० ।

भगवान् पार्श्वनाथकी उत्पत्तिके पश्चात् दोसौ अठत्तर वर्षोंके बीत जानेपर वर्धमान तीर्थंकर अवतीर्ण हुए ॥ ५७७ ॥ व० २७८ ।

लोगोंको आनंदित करनेवाला यह तीर्थंकरोंके अन्तरालकालका प्रमाण उनकी कर्मरूपी अर्गलाको नष्ट करके मोक्षपुरीके कपाटको उद्घाटित करता है ॥ ५७८ ॥

उत्पत्तिका कथन समाप्त हुआ ।

वृषभादिक दश तीर्थंकरोंकी आयु क्रमशः चौरासी लाख पूर्व, बहत्तर लाख पूर्व, साठ लाख पूर्व, पचास लाख पूर्व, चालीस लाख पूर्व, तीस लाख पूर्व, बीस लाख पूर्व, दश लाख पूर्व, दो लाख पूर्व और एक लाख पूर्वप्रमाण थी ॥ ५७९ ॥

ऋषभ पूर्व ८४ लाख । अजित पूर्व ७२ लाख । संभव पूर्व ६० लाख । अभिनन्दन पूर्व ५० लाख । सुमति पूर्व ४० लाख । पद्म पूर्व ३० लाख । सुपार्श्व पूर्व २० लाख । चन्द्रप्रभ पूर्व १० लाख । पुष्पदन्त पूर्व २ लाख । शीतल पूर्व १ लाख ।

---

१ द ब अदिरित्ते. २ ब कम्मणिगलाइं. ३ द ब विहदाविदूण उग्घाडमोक्खस्स पुरीकवाडं. ४ द बिहत्तरी.

तत्तो य वरिसलक्खं चुलसीदी तह बहत्तरी[1] सट्ठी । तीसदसएक्कमाऊ सेयंसप्पहुदिछक्कस्स ॥ ५८०

सेयंस वरिसलक्ख ८४००००० । वासुपुज्ज वस्स ७२००००० । विमल वस्स ६०००००० अणंत वस्स ३०००००० । धम्म वस्स १०००००० । संति वस्स १००००० ।

तत्तो वरिससहस्सा पणणउदी चउरसीदि पणवण्णं । तीसदसएक्कमाऊ कुंथुजिणप्पहुदिछक्कस्स ॥ ५८१

कुंथुणाह वरिस ९५००० । अर वरिस ८४००० । मल्लि वरिस ५५००० । सुव्वय वरिस ३०००० । णमि वरिस १०००० । णेमिणाह वरिस १००० ।

वाससदमेक्कमाऊ पासजिणिंदस्स होइ णियमेण । सिरिवड्ढमाणआऊ बाहत्तरिवस्सपरिमाणो ॥ ५८२

पासजिणे वस्स १०० । वीरजिणिंदस्स वस्स ७२ ।

। आउ समत्तं ।

पढमे कुमारकालो जिणरिसहे वीसपुव्वलक्खाणि । अजिआदिअरजिणंते सगसगआउस्स पादेगो[3] ॥ ५८३

उसह पुव्व २०००००० । अजिय पुव्व १८००००० । संभव पुव्व १५००००० । अहिणंदण पुव्व १२५०००० । सुमइ पुव्व १०००००० । पउमप्पह पुव्व ७५००००[4] । सुपास पुव्व ५००००० । चंदप्पह पुव्व २५०००० । पुप्फदंत पुव्व ५०००० । सीयल पुव्व २५००० ।

इसके आगे श्रेयांसप्रभृति छह तीर्थंकरोंकी आयु क्रमसे चौरासी लाख, बहत्तर लाख, साठ लाख, तीस लाख, दश लाख और एक लाख वर्षप्रमाण थी ॥ ५८० ॥

श्रेयांस वर्ष ८४ लाख । वासुपूज्य वर्ष ७२ लाख । विमल वर्ष ६० लाख । अनन्त वर्ष ३० लाख । धर्म वर्ष १० लाख । शान्ति वर्ष १ लाख ।

इसके आगे कुंथुनाथप्रभृति छह तीर्थंकरोंकी आयु क्रमसे पंचानबै हजार, चौरासी हजार, पचवन हजार, तीस हजार, दश हजार और एक हजार वर्षप्रमाण थी ॥ ५८१ ॥

कुंथुनाथ ९५ हजार वर्ष । अरनाथ ८४ हजार वर्ष । मल्लिनाथ ५५ हजार वर्ष । सुव्रत ३० हजार वर्ष । नमिनाथ १० हजार वर्ष । नेमिनाथ १ हजार वर्ष ।

भगवान् पार्श्वनाथकी आयु नियमसे सौ वर्ष और श्री वर्धमानजिनकी आयु बहत्तर वर्ष-प्रमाण थी ॥ ५८२ ॥ पार्श्वनाथ वर्ष १०० । वर्धमान वर्ष ७२ ।

आयु समाप्त हुई ।

प्रथम जिनेन्द्रका कुमारकाल बीस लाख पूर्व और अजितनाथको आदि लेकर अर जिनतक अपनी अपनी आयुके चतुर्थ भागप्रमाण कुमारकाल था ॥ ५८३ ॥

ऋषभ पूर्व २० लाख । अजित पूर्व, १८ लाख । संभव पूर्व १५ लाख । अभिनन्दन पूर्व १२ लाख ५० हजार । सुमति पूर्व १० लाख । पद्मप्रभ पूर्व ७ लाख ५० हजार । सुपार्श्व पूर्व ५ लाख । चन्द्रप्रभ पूर्व २ लाख ५० हजार । पुष्पदन्त पूर्व ५० हजार । शीतल पूर्व २५ हजार ।

-----

१ द बिहत्तरी. २ ब तिसदस्स. ३ द ब पादोणा. ४ द ७५०००००.

सेयंस वं २१००००० । वासुपुज्ज व १८००००० । विमल वस्स १५००००० । अणंत ७५०००० । धम्म २५०००० । संति २५००० । कुंथु २३७५० । अरणाह २१००० ।

तत्तो कुमारकालो एगैसयं सगसहस्सपंचसया । पणुवीससयं तिसयं तीसं तीसं च छक्कस्स ॥ ५८४

मल्लिणाह १००[3] । मुणिसुव्वय ७५०० । णमि २५०० । णेमि ३०० । पासणाह ३० । वीरणाह ३० ।

। एवं कुमारकालो समत्तो[4] ।

पंचसयधणुपमाणो उसहजिणिंदस्स होदि उच्छेहो । तत्तो पण्णासूणा णियमेण य पुप्फदंतपेरंते ॥ ५८५

उ ५०० । अ ४५० । सं ४०० । अ ३५० । सु ३०० । प २५० । सु २०० । चंद १५० । पुप्फ १०० ।

एत्तो जाव अणंतं दसदसकोदंडमेत्तपरिहीणो । तत्तो णेमिजिणंतं पणपणचावेहिं परिहीणो ॥ ५८६

सी ९० । से ८० । वा ७० । वि ६० । अ ५० । ध ४५ । सं ४० । कुं ३५ । अर ३० । म २५ । सुव्व २० । ण १५ । णे १० ।

श्रेयांस वर्ष २१ लाख । वासुपूज्य वर्ष १८ लाख । विमल वर्ष १५ लाख । अनन्त वर्ष ७ लाख ५० हजार । धर्म वर्ष २ लाख ५० हजार । शान्ति वर्ष २५ हजार । कुंथु वर्ष २३७५० । अर वर्ष २१ हजार ।

इसके आगे छह तीर्थंकरोंका कुमारकाल क्रमसे एकसौ, सात हजार पांचसौ, पच्चीससौ, तीनसौ, तीस और तीस वर्षप्रमाण था ॥ ५८४ ॥

मल्लिनाथ वर्ष १०० । मुनिसुव्रत वर्ष ७५०० । नमिनाथ वर्ष २५०० । नेमिनाथ वर्ष ३०० । पार्श्वनाथ वर्ष ३० । महावीर वर्ष ३० ।

इसप्रकार कुमारकाल समाप्त हुआ ।

भगवान् ऋषभनाथके शरीरकी उंचाई पांचसौ धनुषप्रमाण थी । इसके आगे पुष्पदन्त-पर्यन्त शरीरकी उंचाई नियमसे पचास धनुष कम होती गई है ॥ ५८५ ॥

ऋषभ ध० ५०० । अजित ध० ४५० । सम्भव ध० ४०० । अभिनन्दन ध० ३५० । सुमति ध० ३०० । पद्मप्रभ ध० २५० । सुपार्श्व ध० २०० । चन्द्रप्रभ ध० १५० । पुष्पदन्त ध० १०० ।

इसके आगे अनन्तनाथ तीर्थंकरपर्यन्त दश दश धनुष और फिर नेमिनाथतक पांच पांच धनुष उत्सेध कम होता गया है ॥ ५८६ ॥

शीतल ध० ९० । श्रेयांस ध० ८० । वासुपूज्य ध० ७० । विमल ध० ६० । अनन्त ध० ५० । धर्म ध० ४५ । शान्ति ध० ४० । कुंथु ध० ३५ । अर ध० ३० । मल्लि ध० २५ । मुनिसुव्रत ध० २० । नमि ध० १५ । नेमि ध० १० ।

१ [वस्स]. २ द एकसयं. ३ द १००००. ४ द समत्ता, ब सम्मत्ता.

णव हत्था पासजिणे[1] सग हत्था वड्ढमाणणामम्मि । एत्तो तित्थयराणं सरीरवण्णं परूवेमो ॥ ५८७

पा ह ९ । वीर ह ७ ।

। उच्छेहो समत्तो[2] ।

चंदपहपुप्फदंता[3][4] कुंदेंदुतुसारहारसंकासा । हरिदा सुपासपासा सुव्वयणेमी सणीलवण्णाओ ॥ ५८८
विद्दुमसमाणदेहा पउमप्पहवासुपुज्जजिणणाहो[5] । सेसाण जिणवराणं काया चामीयरायारा ॥ ५८९

। सरीरवण्णं[6] गदं ।

तेसट्ठिपुव्वलक्खा पढमजिणे रज्जकालपरिमाणं । तेवण्णपुव्वलक्खा अजिदे पुव्वंगसंजुत्ता ॥ ५९०

पुव्व ६३०००००। अजि ५३००००० पुव्वंग १ ।

चउदालपमाणाइं संभवसामिस्स पुव्वलक्खाइं । चउपुव्वंगजुदाइं णिद्दिट्ठं सव्वदरिसीहिं ॥ ५९१

पुव्व ४४००००० अं ४ ।

छत्तीसपुव्वलक्खा पण्णाससहस्सपुव्वसंजुत्ता । अडपुव्वंगेहिं जुदा अहिणंदणजिणवरिंदस्स ॥ ५९२

पुव्व ३६५०००० अं ८ ।

एक्कोणतीसपरिमाणपुव्वलक्खाणि वच्छराणं पि । पुव्वंगाणिं बारससहिदाणिं सुमइसामिस्स ॥ ५९३

पुव्व २९००००० अं १२ ।

भगवान् पार्श्वनाथके शरीरका उत्सेध नौ हाथ और वर्धमान स्वामीके शरीरका उत्सेध सात हाथप्रमाण था । अब इसके आगे तीर्थंकरोंके शरीरके वर्णको कहते हैं ॥ ५८७ ॥

पार्श्वनाथ हस्त ९ । वर्धमान हस्त ७ । उत्सेधका कथन समाप्त हुआ ।

भगवान् चन्द्रप्रभ और पुष्पदन्त कुन्दपुष्प, चन्द्रमा, बर्फ एवं हारके सदृश धवल; सुपार्श्व और पार्श्वनाथ हरितवर्ण; सुव्रत और नेमिनाथ नीलवर्ण, पद्मप्रभ और वासुपूज्य जिनेन्द्रका शरीर मूंगेके समान रक्तवर्ण, तथा शेष तीर्थङ्करोंके शरीर सुवर्णके सदृश पीत थे ॥ ५८८-५८९ ॥

शरीरके वर्णका कथन समाप्त हुआ ।

आदि जिनेन्द्रके राज्यकालका प्रमाण तिरेसठ लाख पूर्व और अजित जिनेन्द्रके एक पूर्वांग सहित तिरेपन लाख पूर्व था ॥ ५९० ॥

ऋषभ पूर्व ६३००००० । अजित पूर्व ५३००००० + पूर्वांग १ ।

सम्भव स्वामीके राज्यकालका प्रमाण सर्वज्ञदेवने चार पूर्वाङ्ग सहित चवालीस लाख पूर्व-प्रमाण बतलाया है ॥ ५९१ ॥ संभव पूर्व ४४००००० + पूर्वांग ४ ।

अभिनन्दन जिनेन्द्रके राज्यकालका प्रमाण आठ पूर्वाङ्ग सहित छत्तीस लाख पचास हजार पूर्व था ॥ ५९२ ॥ अभिनन्दन पूर्व ३६५०००० + पूर्वांग ८ ।

सुमतिनाथ स्वामीका राज्यकाल बारह पूर्वांग सहित उनतीस लाख वर्षपूर्वप्रमाण था ॥ ५९३ ॥ सुमतिपूर्व २९००००० + पूर्वांग १२ ।

---

१ द पासजिणा. २ द ब सम्मत्ता. ३ द चंदप्पह°. ४ द ब °पुप्फदंतो. ५ द ब जिणणाहो. ६ द ब सरीरवण्णणं.

इगिवीसपुव्वलक्खा पण्णाससहस्सपुव्वसंजुत्ता । सोलसपुव्वंगहिया रज्जं पउमप्पहजिणस्स ॥ ५९४

पुव्व २१५०००० अंग १६ ।

चोद्दस सयस्सहस्सा पुव्वाणं तह य पुव्वअंगाइं । विंसदिपरिमाणाइं णेयाणि सुपाससामिस्स ॥ ५९५

पुव्व १४००००० अंग २० ।

पण्णाससहस्साधियछल्लक्खपमाणवरिसपुव्वाणि । पुव्वंगा चउवीसा चंदप्पहजिणवरिंदस्स ॥ ५९६

पुव्व ६५०००० अंग २४ ।

अडवीसपुव्वअंगब्भहियं सुविहिस्स पुव्वलक्खद्धं । सीयलदेवस्स तहा केवलयं पुव्वलक्खद्धं ॥ ५९७

पुव्व ५०००० अंग २८ । पुव्व ५०००० ।

सेयंसजिणेसस्स य दुचालसंखाणि वासलक्खाणि । पढमं चिय परिहरिया रज्जसिरी वासुपुज्जेण ॥ ५९८

वस्साणि ४२००००० ।

विमलस्स तीसलक्खा अणंतणाहस्स पंचदसलक्खा । लक्खा पणप्पमाणा वासाणं धम्मसामिस्स ॥ ५९९

वासाणि ३०००००० । १५००००० । ५००००० ।

लक्खस्स पादमाणं संतिजिणेसस्स मंडलीसत्तं । तस्स य चक्कधरत्तो तत्तियमेत्ताणि वस्साणि ॥ ६००

२५००० । २५००० ।

पद्मप्रभ जिनेन्द्रका राज्यकाल सोलह पूर्वांग सहित इक्कीस लाख पचास हजार पूर्व-प्रमाण था ॥ ५९४ ॥ पद्मप्रभ पूर्व २१५०००० + पूर्वांग १६ ।

सुपार्श्वनाथ स्वामीका राज्यकाल बीस पूर्वांग सहित चौदह लाख पूर्वप्रमाण जानना चाहिये ॥ ५९५ ॥ सुपार्श्व पूर्व १४००००० + पूर्वांग २० ।

चन्द्रप्रभ जिनेन्द्रके राज्यकालका प्रमाण छह लाख पचास हजार वर्षपूर्व और चौबीस पूर्वांग है ॥ ५९६ ॥ चन्द्रप्रभ पूर्व ६५०००० + पूर्वांग २४ ।

सुविधिनाथ (पुष्पदन्त) स्वामीका राज्यकाल अट्ठाईस पूर्वांग अधिक अर्ध लाख पूर्व, और शीतलनाथका केवल अर्ध लाख पूर्वप्रमाण ही था ॥ ५९७ ॥

सुविधि पूर्व ५०००० पूर्वांग २८ । शीतल पूर्व ५०००० ।

भगवान् श्रेयांसका राज्यकाल ब्यालीस लाख वर्षप्रमाण था । वासुपूज्य जिनेन्द्रने पहिले ही राज्यलक्ष्मीको छोड़ दिया था ॥ ५९८ ॥ श्रेयांस ४२००००० वर्ष ।

विमलनाथका राज्यकाल तीस लाख, अनन्तनाथका पन्द्रह लाख, और धर्मनाथ स्वामीका पांच लाख वर्षप्रमाण था ॥५९९॥ विमल वर्ष ३००००००, अनंत १५०००००, धर्म ५००००० ।

शान्ति जिनेन्द्रका मण्डलेशत्वकाल एक लाखके चतुर्थांशप्रमाण और चक्रवर्तित्वकाल भी इतने ही वर्षप्रमाण था ॥ ६०० ॥ शान्ति मंडलेशत्व २५०००, चक्रवर्तित्व २५००० वर्ष ।

---

१ द ब दुवाल.

तेवीस सहस्साइं सगसयपण्णास मंडलीसत्तं । कुंथुजिणिंदस्स तहा ताइं चिय चक्कवट्टित्ते[2] ॥ ६०१

२३७५० । २३७५० ।

इगिवीस सहस्साइं वस्साइं होंति मंडलीसत्ते । अरणामम्मि जिणिंदे ताइं चिय चक्कवट्टित्ते ॥ ६०२

२१००० । २१००० ।

ण हि रज्जं मल्लिजिणे पण्णारसपणसहस्सवासाइं । सुव्वयणमिणाहाणं णेमित्तिदयस्स ण हि रज्जं[3] ॥ ६०३

मल्लि ० । मुणिसुव्वय १५००० । णमि ५००० । णेमि ० । पास ० । वीर ० ।

रिसहादीणं चिण्हं गोवदिगयतुरगवाणरा कोकं । पउमं णंदावत्तं अद्धससी मयरसोत्तीया ॥ ६०४

गंडं महिसवराहों[4] साहीवज्जाणि[5] हरिणछगलों[6] य । तगरकुसुमा य कलसा कुम्मुप्पलसंखअहिसिंहा ॥ ६०५

अरकुंथुसंतिणामा तित्थयरा चक्कवट्टिणो[7] भूदा । सेसा अणुवमभुवबलसाहियरिवुमंडला[8] जादा ॥ ६०६

संतिदुयवासुपुज्जा सुमइदुयं सुव्वुदादि[9]पंचजिणा । णियपच्छिमजम्माणं उपभोगा जादवेरग्गा ॥ ६०७

अजियजिणपुप्फदंता अणंतदेओ य धम्मसामी य । दट्ठूण उक्कवडणं संसारसरीरभोगणिव्विण्णा ॥ ६०८

अरसंभवविमलजिणा अब्भविणासेण जादवेरग्गा । सेयंससुपासजिणा वसंतवणलच्छिणासेण ॥ ६०९

कुंथु जिनेन्द्र तेईस हजार सातसौ पचास वर्षतक मण्डलेश और फिर इतने ही वर्षप्रमाण चक्रवर्ती रहे ॥ ६०१ ॥ २३७५० । २३७५० ।

अरनाथ जिनेन्द्रके इक्कीस हजार वर्ष मण्डलेश अवस्थामें और इतने ही वर्ष चक्रवर्तित्वमें व्यतीत हुए ॥ ६०२ ॥ २१००० । २१००० ।

मल्लि जिनेन्द्रने राज्य नहीं किया। सुव्रत और नमिनाथका राज्यकाल क्रमशः पन्द्रह हजार और पांच हजार वर्षप्रमाण था । नेमि आदिक शेष तीनों तीर्थंकरोंने राज्य नहीं किया ॥ ६०३ ॥

मल्लि ० । मुनिसुव्रत १५००० वर्ष । नमि ५००० वर्ष । नेमि ० । पार्श्व ० । वीर ० ।

बैल, गज, अश्व, बन्दर, चकवा, कमल, नंद्यावर्त, अर्धचन्द्र, मगर, स्वस्तिक, गेंडा, भैंसा, शूकर, सेही, वज्र, हरिण, छाग, तगरकुसुम (मत्स्य), कलश, कूर्म, उत्पल (नीलकमल), शंख, सर्प और सिंह ये क्रमशः ऋषभादिक चौवीस तीर्थंकरोंके चिह्न हैं ॥ ६०४–६०५ ॥

अरनाथ, कुंथुनाथ और शान्तिनाथ नामके तीन तीर्थंकर चक्रवर्ती हुए और शेष तीर्थंकर अपने अनुपम बाहुबलसे रिपुवर्गको सिद्ध करनेवाले (माण्डलिक राजा) हुए हैं ॥ ६०६ ॥

शान्ति और कुंथु, वासुपूज्य, सुमति और पद्म, तथा सुव्रतादिक पांच तीर्थंकर अपने पिछले जन्मोंके स्मरणसे वैराग्यको प्राप्त हुए ॥ ६०७ ॥

अजिताजिन, पुष्पदन्त, अनन्तदेव और धर्मनाथ स्वामी उल्कापातको देखकर संसार, शरीर एवं भोगोंसे विरक्त हुए ॥ ६०८ ॥

अरनाथ, संभवनाथ, और विमल जिनेन्द्र मेघके विनाशसे; तथा भगवान् श्रेयांस और सुपार्श्व जिनेन्द्र वसन्तकालीन वनलक्ष्मीके विनाशसे वैराग्यको प्राप्त हुए ॥ ६०९ ॥

---

१ द ब तायं चिय. २ एषा गाथा ब-पुस्तके पुनरुक्ता. ३ ब 'त्तिदयसणाहि'. ४ द वराहो. ५ द ब तीहा. ६ द ब तगरा. ७ द ब चक्कवट्टिणा. ८ द 'रिसमंडला, ब 'रिवमंडला. ९ ब सुवुदादि.

चंदप्पहमल्लिजिणा अद्धुवपहुदीहिं जादवेरग्गा । सीयलओ हिमणासे उसहो णीलंजसाए मरणाओ ॥ ६१०

गंधब्वणयरणासे णंदणदेवा वि जादवेरग्गा । इय बाहिरहेदूहिं जिणा विरागेण चिंतेंति ॥ ६११

णिरएसु णत्थि सोक्खं णिमेसमेत्तं [1]पि णारयाण सदा । दुक्खाइं[2] दारुणाइं वट्टंते[3] पच्चमाणाणं ॥ ६१२

जं कुणदि विसयलुद्धो[4] पावं तस्सोदयम्मि णिरएसु । तिव्वाउ[5] वेदणाओ पावंतो विलवदि वसण्णो ॥ ६१३

खणमित्ते[6] विसयसुहे जे दुक्खाइं असंखकालाइं । पविसंति घोरणिरए ताण समो णत्थि णिब्बुद्धी ॥ ६१४

अंधो[7] णिवडइ कूवे बहिरो ण सुणेदि साधुउवदेसं । पेच्छंतो णिसुणंतो णिरए जं पडइ तं चोज्जं ॥ ६१५

भोत्तूण णिमिसमेत्तं विसयसुहं विसयदुक्खबहलाइं । तिरयगदीए पावा चेट्ठंति अणंतकालाइं ॥ ६१६

ताडणतासणबंधणवाहणलंछणविहेडणं[8] दमणं । कण्णच्छेदणणासाविंधणणिल्लंछणं[9] चेव ॥ ६१७

छेदणभेदणदहणं णिप्पीडणगालणं छुधा तण्हा । भक्खणमद्दणमलणं विकत्तणं सीदमुण्हं च ॥ ६१८

चन्द्रप्रभ और मल्लिजिन अध्रुव (बिजली) आदिसे, शीतलनाथ हिमके नाशसे, और भगवान् ऋषभदेव नीलंजसाके मरणसे विरक्तिको प्राप्त हुए ॥ ६१० ॥

गन्धर्व नगरके नाशसे अभिनन्दन स्वामी विरक्त हुए । इसप्रकार इन बाह्य हेतुओंसे विरक्त होकर वे तीर्थंकर चिन्तवन करते हैं ॥ ६११ ॥

नरकोंमें पचनेवाले नारकियोंको क्षणमात्र भी सुख नहीं है, किन्तु उन्हें सदैव दारुण दुःखोंका अनुभव होता रहता है ॥ ६१२ ॥

विषयोंमें लुब्ध होकर जीव जो कुछ पाप करता है उसका उदय आनेपर नरकोंमें तीव्र वेदनाओंको पाकर विषण्ण हो विलाप करता है ॥ ६१३ ॥

जो लोग क्षणमात्र रहनेवाले विषयसुखके निमित्त असंख्यात कालतक दुःखोंका अनुभव करते हुए घोर नरकोंमें प्रवेश करते हैं उनके समान निर्बुद्धि और कोई नहीं है ॥ ६१४ ॥

यदि अंधा कुँएमें गिरता है और बहिरा सदुपदेशको नहीं सुनता है तो यह कोई आश्चर्यकी बात नहीं हैं, परन्तु जीव जो देखता व सुनता हुआ भी नरकमें पड़ता है यह आश्चर्य है ॥ ६१५ ॥

पापी जीव क्षणमात्र विषयसुखको भोगकर विषम एवं प्रचुर दुःखोंको भोगते हुए अनन्त कालतक तिर्यंच गतिमें रहते हैं ॥ ६१६ ॥

तिर्यंच गतिमें ताड़ना, त्रास देना, बांधना, बोझा लादकर देशान्तरको लेजाना, शंखादिकके आकारसे जलाना, कष्ट पहुंचाना, दमन करना, कानोंका छेदना, नासाका वेधना, अण्डकोशको नष्ट करना, छेदन, भेदन, दहन, निष्पीडन, गालन, क्षुधा, तृष्णा, भक्षण, मर्दन, मलन, विकर्तन, शीत और उष्ण (इत्यादिक दुख प्राप्त होते हैं) ॥ ६१७–६१८ ॥

---

१ द णिमेसमेत्तंमि. २ द दुक्खाइं. ३ द वड्ढंते. ४ द ब लुद्धा. ५ द तिव्वाओ. ६ द खणमत्तो. ७ द ब अंधा. ८ द ब विहेदणं. ९ द मेलिच्छणं, ब मेलाच्छिणं.

एवं अणंतखुत्तो णिच्चचदुग्गदिणिगोदमज्झम्मि । जम्मणमरणरहट्टं अणंतखुत्तो परिगदो[1] जं ॥ ६१९
पुव्वगदपावगुरगो मादापिदरस्स रत्तसुक्कादो । जादूण य दसरत्तं अच्छदि कलेलस्सरूवेणं[2] ॥ ६२०
कलुसीकदम्मि[3] अच्छदि दसरत्तं तत्तियं मि थिरभूदं । पत्तेक्कं मासं चिय वुब्वुदघणभूदमांसपेसी[4] य ॥ ६२१
पंचपुलगाउअंगोवंगाइं[5] चम्मरोमणहरूवं[6] । फंदणमट्ठममासे णवमे दसमे य णिग्गमणं ॥ ६२२
असुची यपेक्खणिज्जं दुग्गंधं मुत्तसोणिददुवारं । वोत्तुं पि लज्जणिज्जं पोट्टमुहं जम्मभूमी से ॥ ६२३
आमासयस्स हेट्ठा उवरिं पक्कासयस्स गूधम्मि । मज्झम्मि वत्थिपडले[7] पच्छण्णो वमिकपिज्जंतो ॥ ६२४
अच्छदि णवदसमासे गब्भे आहरदि[8] सव्वअंगेसु । गूधरसं अइकुणिमं घोरतरं दुक्खसंभूदं ॥ ६२५
बालत्तणम्मिं[9] गुरुगं दुक्खं पत्तो यजाणमागेण । जोव्वणकाले मज्झे इत्थीपासम्मि संसत्तो ॥ ६२६
वेढेदि[10] विसयहेदुं[11] कलत्तपासेहिं दुव्विमोचेहिं । कोसेण कोसकारो व दुम्मदी[12] मोहपासेसु ॥ ६२७

इसप्रकार अनन्तवार नित्य और चतुर्गति (इतर) निगोदमें जाकर अनन्तवार जिस जन्म-मरणरूप अरहट (घटीयंत्र) को प्राप्त किया है (उसके विषयमें विचार कर) ॥ ६१९ ॥

पूर्वकृत महा पापके उदयसे जीव माताके रक्त और पिताके शुक्रसे उत्पन्न होकर दश रात्रितक कललरूप पर्यायमें रहता है ॥ ६२० ॥

पश्चात् दश रात्रितक कलुषीकृत पर्यायमें और इतनी ही अर्थात् दश रात्रितक स्थिरीभूत पर्यायमें रहता है । इसके पश्चात् प्रत्येक मासमें क्रमसे बुद्बुद, घनभूत, मांसपेशी, पांच पुलक, आंगोपांग और चर्म, तथा रोम व नखोंकी उत्पत्ति होती है । पुनः आठवें मासमें स्पंदन क्रिया और नववें या दशवें मासमें निर्गमन होता है ॥ ६२१-६२२ ॥

जो अशुचि है, अदर्शनीय है, दुर्गंधसे युक्त है, मूत्र और खूनका द्वार है, और जिसके कहनेमें भी लज्जा आती है, ऐसा जो उदरका मुख (योनि) है, वह इस प्राणीके जन्मका स्थान है ॥ ६२३ ॥

यह प्राणी गर्भसमयमें आमाशयके नीचे और पक्वाशयके ऊपर मलमें बीचोंबीच वस्तिपटलसे (जरायुपटलसे) आच्छादित, वान्ति (वमन) को पीता हुआ नौ दश मास गर्भमें स्थित रहता है और वहां सब अंगोंमें अत्यन्त दुर्गन्धसे युक्त एवं भयानक दुखसे उत्पन्न ऐसे विष्टारसको आहारके रूपमें ग्रहण करता हैं ॥ ६२४--६२५ ॥

यह जीव बालकपनमें अज्ञान रहनेसे भारी दुखको प्राप्त हुआ, और यौवनकालमें स्त्रीके पासमें आसक्त रहा ॥ ६२६ ॥

जिसप्रकार रेशमका कीड़ा रेशमके तन्तुजालसे अपने आपको वेष्टित करता है, उसीप्रकार यह दुर्मति जीव मोहपाशमें बंधकर विषयके निमित्त दुर्विमोच स्त्रीरूप पाशोंसे अपनेको मोहजालमें फंसा लेता है ॥ ६२७ ॥

---

१ द परिगदा जं, ब परिगदाज्जं. २ द कललहस्स. ३ द ब कलुसे°. ४ द 'च्छुच्छुदघणभूद°. ५ द ब पंचबलकाउ°. ६ द चमणमरोमरूवं, ब चणमरोमरूवं. ७ द ब तिव्वपडले. ८ ब आहारदि. ९ द ब बालत्तणंपि. १० द ब वेदेदि. ११ द ब °हेदू. १२ द बद्धुमदी, ब बद्धुममदी°.

कामातुरस्स गच्छदि खणमिवं[1] संवच्छराणि बहुगाणि । पाणितलधरिदगंडो[2] बहुसो चिंतेदि दीणमुहो[3] ॥ ६२८
कामुम्मत्तो पुरिसो कामिज्जंते जणे यलभमाणे[4] । घत्तदि[5] मरिदुं बहुधा मरुप्पपातादिकरणेहिं ॥ ६२९
कामप्पुण्णो[6] पुरिसो तिलोक्कसारं पि जहदि सुदलाहं । कुणदि असंजमबहुलं अणंतसंसारसंजणणं ॥ ६३०
उच्चो[7] धीरो वीरो बहुमाणीओ वि विसयलुद्धमई[8] । सेवदि णीचं णिच्चं सहदि हु बहुगं पि[9] अवमाणं ॥ ६३१
दुक्खं दुज्जसबहुलं इह लोगे दुग्गदिं पि परलोगे । हिंडदि दूरमपारे संसारे विसयलुद्धमई ॥ ६३२
विसयामिसेहिं पुण्णो[10] अणंतसोक्खाण हेदु सम्मत्तं । सच्चारित्तं जहदि[11] हु तणं व लज्जं च मज्जादं ॥ ६३३
सीदं उण्हं तण्हं छुधं च दुस्सेज्जभत्तपंथसमं । सुकुमालको वि कामी सहदि वहदि भारमतिगुरुगं ॥ ६३४
अवि य वधो जीवाणं मेहुणसण्णाए होदि बहुगाणं । तिलणालीए[12] तत्तायसप्पवेसो व्व जोणीए[13] ॥ ६३५
इह लोके वि महल्लं दोसं[14] कामस्स वसगदो पत्तो । कालगदो वि अणंतं दुक्खं पावेदि कामंधो ॥ ६३६

कामातुर जीवके बहुतसे वर्ष क्षणमात्रके समान चले जाते हैं । वह हस्ततलपर कपोलको रखकर दीनमुख होता हुआ बहुतप्रकार चिन्ता करता है ॥ ६२८ ॥

कामोन्मत्त पुरुष अभीष्ट जनको न पाकर बहुधा मरुप्रपातादि साधनोंसे मरनेकी चेष्टा करता है ॥ ६२९ ॥

कामसे परिपूर्ण पुरुष तीन लोकमें श्रेष्ठ श्रुतलाभको छोड़ देता है और अनन्त संसारको उत्पन्न करनेवाले प्रचुर असंयमको करता है ॥ ६३० ॥

उच्च, धीर, वीर और बहुत मानी भी मनुष्य विषयमें लुब्धबुद्धि होकर नित्य ही नीचका सेवन करता है और बहुत प्रकारके अपमानको सहता है ॥ ६३१ ॥

जिसकी बुद्धि विषयोंमें लुब्ध है, वह पुरुष इस लोकमें प्रचुर अपकीर्तियुक्त दुःखको तथा परलोकमें दुर्गतिको प्राप्त करके अपार संसारमें बहुत कालतक परिभ्रमण करता है ॥ ६३२ ॥

विषयभोगोंसे परिपूर्ण पुरुष अनन्तसुखके कारणभूत सम्यक्त्व, सम्यक्चारित्र, तथा लज्जा और मर्यादाको तृणके समान छोड़ देता है ॥ ६३३ ॥

सुकुमार भी कामी पुरुष शीत, उष्ण, तृष्णा, क्षुधा, दुष्ट शय्या, खोटा आहार और मार्गश्रमको सहता है तथा अत्यन्त भारी बोझेको ढोता है ॥ ६३४ ॥

तथा, मैथुनसंज्ञासे तिलोंकी नालीमें तप्त लोहेके प्रवेशके समान योनिमें बहुतसे जीवोंका वध होता है ॥ ६३५ ॥

कामके वशीभूत हुआ पुरुष इस लोकमें भी महान् दोषको प्राप्त होता है और कामान्ध हुवा मरकर परलोकमें भी अनन्त दुःख पाता है ॥ ६३६ ॥

---

१ द खणमवि. २ ब पालितल°. ३ द ब दीणमुहे. ४ द जणो य अभमाणो, ब जणे य अममाणो. ५ द ब पुत्तदि. ६ द कामं पुणो, ब कामं पुण्णो. ७ द ब उच्चा. ८ द °लद्धमई. ९ द ब बहुवाणि. १० ब पुणो. ११ ब जादि हु. १२ द तिलणाणीए, ब तिलघाणीए. १३ द ब जाणीए. १४ द ब दोसा.

सोणियसुक्कुपाइयदेहो[1] दुक्खाइ गब्भवासम्मि । सहिदूण दारुणाइं धिट्ठो[2] पावाइं कुणइ पुणो ॥ ६३७
वाहिणिहाणं[3] देहो बहुपोससुपोसियो वि सयधाइं[4] । अत्थी पवणपणोल्लियपा[5]यवदलचंचलसहावो[6] ॥ ६३८
तारुण्णं तडितरलं विसयाहिरत्तं विरसवित्थारा । अत्था अणत्थमूलं अविचारियसुंदरं सव्वं ॥ ६३९
मादा पिदा कलत्तं पुत्ता बंधू य इंदजाला य । दिट्ठपणट्ठाइ खणे[7] मणस्स दुसहाइं[8] सल्लाइं ॥ ६४०
पत्ता यत्थावेहिं सोक्खं भावेहिं णिच्चगरुवाइं[9] । दुक्खाइ माणसाइं देवगदीए अणुभवंति ॥ ६४१
चइदूण चउगदीओ दारुणदुव्वारदुक्खखाणीओ । परमाणंदणिहाणं णिव्वाणं आसु वच्चामो ॥ ६४२
तम्हा मोक्खस्स कारणं—
दारवदीए[10] णेमी सेसा तेवीस तेसु तित्थयरा । णियणियजादपुरेसुं गिण्हंति जिणिंददिक्खाइं ॥ ६४३
चेत्तासिदणवमीए तदिए पहरम्मि उत्तरासाढे । सिद्धत्थवणे उसहो उववासे छट्ठमम्मि णिक्कंतो[11] ॥ ६४४
माघस्स सुक्कणवमीअवरण्हे रोहिणीसु अजियजिणो । रम्मे सहेदुगवणे[12] अट्ठमभत्तम्मि णिक्कंतो ॥ ६४५

शोणित और शुक्रसे उत्पन्न हुई देहसे युक्त जीव महा भयानक दुःखोंको सहकर निर्लज्ज हुआ फिरसे पापोंको करता है ॥ ६३७ ॥

बहुतसे पुष्टिकारक पदार्थोंसे अच्छी तरह सैकडों प्रकारसे पोषा गया भी यह व्याधियोंका निधानभूत शरीर पवनसे प्रेरित वृक्षके पत्तेके समान चंचल स्वभाववाला है ॥ ६३८ ॥

विषयाभिरक्त तारुण्य बिजलीके समान चंचल है और अर्थ अर्थात् इंद्रियविषय नीरसतापूर्ण हैं, अनर्थके मूलकारण हैं इसप्रकार ये सब अनर्थके मूल और अविचारितरम्य ही हैं ॥ ६३९ ॥

माता, पिता, कलत्र, पुत्र और बन्धुजन ये सब इन्द्रजालके समान क्षण भरमें देखते देखते नष्ट होते हुए मनके लिये दुस्सह शल्य हैं ॥ ६४० ॥

देवगतिमें सुखको प्राप्त हुए जीव उस सुखके विनाशकी चिन्तारूप भावोंसे नित्य ही महान् मानासिक दुःखोंका अनुभव किया करते हैं ॥ ६४१ ॥

अत एव दारुण और दुर्निवार दुःखोंकी खानिभूत इन चारों गतियोंको छोड़कर हम उत्कृष्ट आनन्दके निधानस्वरूप मोक्षको शीघ्र ही प्राप्त करें ॥ ६४२ ॥

इसीलिये मोक्षके निमित्त—

उन चौबीस तीर्थंकरोंमेसे भगवान् नेमिनाथ द्वारावती नगरीमें और शेष तेईस तीर्थंकर अपने अपने जन्मस्थानोंमें जिनेन्द्रदीक्षाको ग्रहण करते हैं ॥ ६४३ ॥

भगवान् ऋषभदेव चैत्रकृष्णा नवमीके तीसरे पहर उत्तराषाढ़ नक्षत्रमें सिद्धार्थवनमें षष्ठ उपवासके साथ दीक्षित हुए ॥ ६४४ ॥

अजित जिनेन्द्र माघशुक्ला नवमीके दिन अपराह्ण कालमें रोहिणी नक्षत्रके रहते सुन्दर सहेतुकवनमें अष्टम भक्तके साथ दीक्षित हुए ॥ ६४५ ॥

१ द ब °सुकंपाइयदाहो. २ द दिट्ठो, ब विट्ठो. ३ द ब वाहिणिणाहं. ४ द ब सयधारं. ५ द ब पणोचिय. ६ द ब °सहावा. ७ ब खणो. ८ द ब दुसमाइं. ९ द ब °गरुवाहिं. १० ब दारवदीये. ११ द ब णिकंता. १२ द ब सुहेदुगवणे.

मग्गसिरपुण्णिमाए तदिए पहरम्मि तदियउववासे । जेट्ठाए णिक्कंतो संभवसामी सहेदुगम्मि वणे ॥ ६४६
सिदबारसिपुव्वण्हे माघे मासे पुणव्वसूरिक्खे । उग्गवणे उववासे तदिए अभिणंदणो य णिक्कंतो[1] ॥ ६४७
णवमीए पुव्वण्हे मघासु वइसाहसुक्कपक्खम्मि । सुमई सहेदुगवणे णिक्कंतो तदियउववासे ॥ ६४८
चेत्तासु किण्हतेरसिअवरण्हे कत्तियस्स[2] णिक्कंतो । पउमप्पहो जिणिंदो तदिए खवणे मणोहरुज्जाणे ॥ ६४९
सिदबारसिपुव्वण्हे जेट्ठस्स विसाहभम्मि जिणदिक्खं । गेण्हेदि तदियखवणे सुपासदेवो सहेदुगम्मि वणे ॥ ६५०
अणुराहाए पुस्से बहुले एयारसीए अवरण्हे । चंदपहो[3] धरइ तवं सव्वत्थवणम्मि तदियउववासे ॥ ६५१
अणुराहाए पुस्से सिदपक्खेकारसीए अवरण्हे । पव्वजिओ[4] पुप्फवणे तदिए खवणम्मि पुप्फयंतजिणो ॥ ६५२
माघस्स किण्हबारसिअवरण्हे[5] मूलभम्मि पव्वज्जा । गहिया य[6] सहेदुवणे सीयलदेवेण तदियउववासे ॥ ६५३
एक्कारसिपुव्वण्हे फग्गुणबहुले मणोहरुज्जाणे । सवणम्मि तदियखवणे सेयंसो धरइ जिणदिक्खं ॥ ६५४
फग्गुणकसणचउद्दसिअवरण्हे वासुपुज्जतवगहणं । रिक्खम्मि विसाखाए इगिउववासे मणोहरुज्जाणे ॥ ६५५

सम्भवनाथ स्वामीने मगसिर मासकी पूर्णिमाको तृतीय पहरमें ज्येष्ठा नक्षत्रके रहते सेहतुक वनमें तृतीय उपवासके साथ दीक्षा ग्रहण की ॥ ६४६ ॥

अभिनन्दन भगवान्ने माघशुक्ला द्वादशीके दिन पुर्वाह्ण कालमें पुनर्वसु नक्षत्रके रहते उग्रवनमें तृतीय उपवासके साथ दीक्षा धारण की ॥ ६४७ ॥

भगवान् सुमतिनाथ वैशाखशुक्ला नवमीको पूर्वाह्ण कालमें मघा नक्षत्रके रहते सहेतुक वनमें तृतीय उपवासके साथ दीक्षित हुए ॥ ६४८ ॥

पद्मप्रभ जिनेन्द्र कार्तिककृष्णा त्रयोदशीके अपराह्ण समयमें चित्रा नक्षत्रके होते हुए मनोहर उद्यानमें तृतीय भक्तके साथ दीक्षित हुए ॥ ६४९ ॥

भगवान् सुपार्श्वनाथने ज्येष्ठशुक्ला द्वादशीको पूर्वाह्ण कालमें विशाखा नक्षत्रके रहते सहेतुक-वनमें तृतीय उपवासके साथ जिनदीक्षा ग्रहण की ॥ ६५० ॥

चन्द्रप्रभ भगवान्ने पौषकृष्णा एकादशीके दिन अपराह्ण कालमें अनुराधा नक्षत्रके रहते तृतीय उपवासके साथ सर्वार्थवनमें तपको धारण किया ॥ ६५१ ॥

पुष्पदन्त तीर्थंकर पौषशुक्ला एकादशीको अपराह्ण समयमें अनुराधा नक्षत्रके रहते पुष्पवनमें तृतीय भक्तके साथ दीक्षित हुए ॥ ६५२ ॥

शीतलनाथ स्वामीने माघकृष्णा द्वादशीके दिन अपराह्ण समयमें मूल नक्षत्रके होते हुए सहेतुक वनमें तृतीय उपवासके साथ प्रव्रज्या (दीक्षा) ग्रहण की ॥ ६५३ ॥

भगवान् श्रेयांसने फाल्गुनकृष्णा एकादशीको पूर्वाह्ण समयमें श्रवण नक्षत्रके रहते मनोहर उद्यानमें तृतीय भक्तके साथ जिनदीक्षा धारण की ॥ ६५४ ॥

वासुपूज्य जिनेन्द्रने फाल्गुनकृष्णा चतुर्दशीके दिन अपराह्ण कालमें विशाखा नक्षत्रके रहते मनोहर उद्यानमें एक उपवासके साथ तप ग्रहण किया ॥ ६५५ ॥

१ ब णिकंता. २ ब कित्तियस्स. ३ द ब चंदप्प. ४ द ब पवज्जिय. ५ द किण्हे. ६ द ब र.

माघस्स सिदचउत्थीअवरण्हे तह सहेदुगम्मि वणे । उत्तरभद्दपदाणं विमलो णिक्कमइ तदियउववासे ॥ ६५६
जेट्ठस्स बहुलबारसिअवरण्हे रेवदीसु खवणतिए । धरिया सहेदुगवणे अणंतदेवेण तवलच्छी ॥ ६५७
सिदतेरसिअवरण्हे भद्दपदे पुस्सभम्मि खवणतिए । णमिऊणं सिद्धाणं सालिवणे णिक्कमइ धम्मो ॥ ६५८
जेट्ठस्स बहुलचोत्थी[1]अवरण्हे भरणिभम्मि चूदवणे । पडिवज्जदि पव्वज्जं संतिजिणो तदियउववासे ॥ ६५९
वइसाहसुद्धपाडिवअवरण्हे कित्तियासु खवणतिए । कुंथू सहेदुगवणे पव्वजिओ पणमिऊण सिद्धाणं[2] ॥ ६६०
मग्गसिरसुद्धदसमीअवरण्हे रेवदीसु अरदेओ । तदियखवणम्मि गेण्हदि जिणिंदरूवं सहेदुगम्मि वणे ॥ ६६१
मग्गसिरसुद्धएक्कारसिए तह अस्सिणीसु पुव्वण्हे । धरदि[3] तवं सालिवणे मल्ली[4] छट्ठेण भत्तेण ॥ ६६२
वइसाहबहुलदसमीअवरण्हे समणभम्मि णीलवणे । उववासे तदियम्मि य सुव्वदेवो[5] महावदं धरदि ॥ ६६३
आसाढबहुलदसमीअवरण्हे अस्सिणीसु चेत्तवणे[6] । णमिणाहो पव्वज्जं पडिवज्जदि तदियखवणम्हि ॥ ६६४
चेत्तासु सुद्धसट्ठीअवरण्हे सावणम्मि णेमिजिणो । तदियखवणम्मि गिण्हदि सहकारवणम्मि तवचरणं ॥ ६६५

विमलनाथ स्वामीने माघशुक्ला चतुर्थीको अपराह्न कालमें उत्तर भाद्रपद नक्षत्रके रहते सहेतुक वनमें तृतीय उपवासके साथ दीक्षा ग्रहण की ॥ ६५६ ॥

भगवान् अनन्तनाथने ज्येष्ठकृष्णा द्वादशीके दिन अपराह्न कालमें रेवती नक्षत्रके रहते सहेतुक वनमें तृतीय उपवासके साथ तपोलक्ष्मी धारण की ॥ ६५७ ॥

धर्मनाथ तीर्थंकरने भाद्रपदशुक्ला त्रयोदशीको अपराह्न कालमें पुष्य नक्षत्रके रहते शालिवनमें तृतीय उपवासके साथ सिद्धोंको नमस्कार कर जिनदीक्षा ग्रहण की ॥ ६५८ ॥

शान्तिनाथ जिनेन्द्रने ज्येष्ठकृष्णा चतुर्थी (? चतुर्दशी) के दिन अपराह्न कालमें भरणी नक्षत्रके रहते आम्रवनमें तृतीय उपवासके साथ जिनदीक्षा धारण की ॥ ६५९ ॥

भगवान् कुंथुनाथ वैशाखशुक्ला प्रतिपद्को अपराह्न कालमें कृत्तिका नक्षत्रके रहते सहेतुक वनमें तृतीय भक्तके साथ सिद्धोंको प्रणाम कर दीक्षित हुए ॥ ६६० ॥

अरनाथ तीर्थंकरने मगसिरशुक्ला दशमीके दिन अपराह्न समयमें रेवती नक्षत्रके रहते सहेतुक वनमें तृतीय भक्तके साथ जिनेन्द्ररूपको ग्रहण किया ॥ ६६१ ॥

मल्लि जिनेन्द्रने मगसिरशुक्ला एकादशीके दिन पूर्वाह्नमें अश्विनी नक्षत्रके रहते शालिवनमें षष्ठभक्तके साथ तपको धारण किया ॥ ६६२ ॥

सुव्रत देवने वैशाखकृष्णा दशमीको अपराह्न कालमें श्रवण नक्षत्रके रहते नीलवनमें तृतीय उपवासके साथ महाव्रतोंको धारण किया ॥ ६६३ ॥

नमिनाथ भगवान्ने आषाढ़कृष्णा दशमीके दिन अपराह्न कालमें अश्विनी नक्षत्रके रहते चैत्रवनमें तृतीय भक्तके साथ दीक्षा स्वीकार की ॥ ६६४ ॥

भगवान् नेमिनाथने श्रावणशुक्ला षष्ठीको चित्रा नक्षत्रके रहते सहकार वनमें तृतीय भक्तके साथ तपको ग्रहण किया ॥ ६६५ ॥

१ द ब चोत्ती. २ ब सिद्धाणां. ३ द घरिदि, ब धरिद. ४ द ब मर्छि. ५ द ब °देवा. ६ द ब चेतवणे.

माघस्सिदएक्कारसिपुव्वण्हे गेण्हदे विसाहासु । पव्वज्जं पासजिणो अस्सत्थवणम्मि छट्ठभत्तेण ॥ ६६६

मग्गसिरबहुलदसमीअवरण्हे उत्तरासु णाधवणे । तदियखवणम्मि गहिदं महव्वदं वड्ढमाणेण ॥ ६६७

पव्वजिदो मल्लिजिणो रायकुमारेहिं तिसयमेत्तेहिं । पासजिणो वि तह च्चिय एक्क च्चिय वड्ढमाणजिणो ॥ ६६८

मल्लि ३०० । पास ३०० । वीर १ ।

छावत्तरिजुदछस्सयसंखेहिं वासुपुज्जसामी य । उसहो तालसएहिं सेसा पुह पुह सहस्समेत्तेहिं ॥ ६६९

वासु ६७६ । उसह ४००० । सेसे १००० ।

णेमी मल्ली वीरो कुमारकालम्मि वासुपुज्जो य । पासो वि य गहिदतवा सेसजिणा रज्जचरमम्मि ॥ ६७०

एक्कवरिसेण उसहो उच्छुरसं कुणइ पारणं अवरे । गोक्खीरे णिप्पण्णं अण्णं बिदियम्मि दिवसम्मि ॥ ६७१

सव्वाण पारणदिणे णिवडइ वररयणवरिसमंबरदो । पणघणहदंदहलक्खं जेट्ठं अवरं सहस्सभागं च ॥ ६७२

दत्तिविसोहिविसेसोब्भेदणिमित्तं खु रयणमल्लीए । वायंति दुंदुहीओ देवा जलदेहि अंतरिदा ॥ ६७३

पार्श्वनाथ जिनेन्द्रने माघशुक्ला एकादशीको पूर्वाह्ण कालमें विशाखा नक्षत्रके रहते षष्ठ भक्तके साथ अश्वत्थ वनमें दीक्षाको ग्रहण किया ॥ ६६६ ॥

वर्धमान भगवान्‌ने मगसिरकृष्णा दशमीके दिन अपराह्ण कालमें उत्तरा नक्षत्रके रहते नाथवनमें तृतीय भक्तके साथ महाव्रतोंको ग्रहण किया ॥ ६६७ ॥

भगवान् मल्लिनाथ तीनसौ राजकुमारोंके साथ दीक्षित हुए । पार्श्वनाथ भी उतने ही अर्थात् तीनसौ राजकुमारोंके साथ, तथा वर्धमान जिनेन्द्र अकेले ही दीक्षित हुए ॥ ६६८ ॥

मल्लि ३०० । पार्श्व ३०० । वीर १ ।

वासुपूज्य स्वामी छहसौ छयत्तर, ऋषभनाथ चालीससौ, और शेष तीर्थंकर पृथक् पृथक् एक हजार राजकुमारोंके साथ दीक्षित हुए ॥ ६६९ ॥

वासु० ६७६ । ऋषभ ४००० । शेष १००० ।

भगवान् नेमिनाथ, मल्लिनाथ, महावीर, वासुपूज्य और पार्श्वनाथ, इन पांच तीर्थंकरोंने कुमारकालमें, और शेष तीर्थंकरोंने राज्यके अन्तमें तपको ग्रहण किया ॥ ६७० ॥

भगवान् ऋषभदेवने एक वर्षमें इक्षुरसकी पारणा की थी और इतर तीर्थंकरोंने दूसरे दिन गोक्षीरमें निष्पन्न अन्न अर्थात् खीरकी पारणा की थी ॥ ६७१ ॥

पारणाके दिन सब दाताओंके यहां आकाशसे उत्तम रत्नोंकी वर्षा होती है, जिसमें अधिकसे अधिक पांचके घनसे गुणित दश लाखप्रमाण अर्थात् साढ़े बारह करोड़ और कमसे कम इसके हजारवें भागप्रमाण रत्न बरसते हैं ॥ ६७२ ॥

दानविशुद्धिकी विशेषताको प्रकट करनेके निमित्त देव मेघोंसे अन्तर्हित होते हुए रत्नवृष्टिपूर्वक दुंदुभी बाजोंको बजाते हैं ॥ ६७३ ॥

१ द उत्तरासुणाधरणे, ब उत्तरासुणापवणे. २ ब पव्वाजिदो. ३ ब वड्ढमाणजिणे. ४ द गोखीरे. ५ [तिदियम्मि]. ६ द ब पणपणहदं.

पसरइ दाणुग्घोसो वादि सुयंधो[1] सुसीयलो पवणो । दिव्वकुसुमेसु गयणं वरिसइ इय पंच चोज्जाणि[2] ॥ ६७४
उसहादीसुं वासा सहस्सबारसचउद्दसट्ठरसा । बीस छदुमत्थकालो[3] छ च्चिय पउमप्पहे मासा ॥ ६७५

वासा १००० । १२ । १४ । १८ । २० । मा ६ ।

वासाणि णव सुपासे मासा चंदप्पहम्मि तिण्णि तदो । चदुतिदुएक्का तिदुइगिसोलसचउवग्गचउकदी वासा ॥ ६७६

सुपास वास ९ । चंद मा ३ । पुप्फ वा ४ । सीयल वास ३ । सेयं वा २ । वासु १ । विमल ३ । अणंत २ । धम्म १ । संति १६ । कुंथु १६ । अर १६ ।

मल्लिजिणे छद्दिवसा एक्कारस सुव्वदे जिणे मासा । णमिणाहे णव मासा दिणाणि छप्पण्ण णेमिजिणे[4] ॥ ६७७

मल्लि दिण ६ । सुव्वद मा. ११ । णमि मा. ९ । णेमि दि ५६ ।

पासजिणे चउमासा बारसवासाणि वड्ढमाणजिणे । एत्तियमेत्ते समए केवलणाणं[5] ण ताण उप्पण्णं ॥ ६७८

पास मास ४ । वीर वासा १२ ।

फग्गुणकिण्हेयारसपुव्वण्हे पुरिमतालणयरम्मि । उत्तरसाढे उसहे उप्पण्णं केवलं णाणं ॥ ६७९

उस समय दानका उद्घोष अर्थात् 'जय जय' शब्द फैलता है, सुगन्धित एवं शीतल वायु चलती है और आकाशसे दिव्य फूलोंकी वर्षा होती है । इस तरह ये पंचाश्चर्य होते हैं ॥ ६७४ ॥

ऋषभादिक पांच तीर्थंकरोंका क्रमसे एक हजार वर्ष, बारह वर्ष, चौदह वर्ष, अठारह वर्ष और बीस वर्षप्रमाण तथा पद्मप्रभका केवल छह मासप्रमाण ही छद्मस्थकाल है ॥ ६७५ ॥

ऋषभ वर्ष १००० । अजित १२ । संभव १४ । अभिनंदन १८ । सुमति २० । पद्मप्रभ मास ६ ।

सुपार्श्वनाथ स्वामीका छद्मस्थकाल नौ वर्ष, चन्द्रप्रभका तीन मास, और इसके आगे क्रमशः चार, तीन, दो, एक, तीन, दो, एक, सोलह, चारका वर्ग (सोलह) और फिर चारकी कृति अर्थात् वर्ग (सोलह) वर्षप्रमाण है ॥ ६७६ ॥

सुपार्श्व वर्ष ९ । चन्द्र. मा. ३ । पुष्प. व. ४ । शीतल व. ३ । श्रेयांस व. २ । वासु. व. १ । विमल व. ३ । अनन्त व. २ । धर्म व. १ । शान्ति व. १६ । कुन्थु व. १६ । अर. व. १६ ।

छद्मस्थकालमें मल्लि जिनेन्द्रके छह दिन, सुव्रत जिनेन्द्रके ग्यारह मास, नमिनाथके नौ मास और नेमिनाथके छप्पन दिन व्यतीत हुए ॥ ६७७ ॥

मल्लि दि. ६ । सुव्रत मा. ११ । नमि मा. ९ । नेमि दि. ५६ ।

पार्श्व जिनेन्द्रका चार मास और वर्धमान स्वामीका बारह वर्षप्रमाण छद्मस्थकाल रहा है । इतने समयतक अर्थात् उपर्युक्त छद्मस्थकालतक उन तीर्थंकरोंके केवलज्ञान उत्पन्न नहीं हुआ था ॥ ६७८ ॥ पार्श्व मास ४ । वीर वर्ष १२ ।

ऋषभनाथ भगवान्को फाल्गुनकृष्णा एकादशीके पूर्वाह्ण कालमें उत्तराषाढ़ नक्षत्रके रहते पुरिमताल नगरमें केवलज्ञान उत्पन्न हुआ ॥ ६७९ ॥

---

१ द सुयंधा. २ द ब चोजाणि. ३ ब छदुमट्ठ. ४ द ब छव्विह. ५ ब केवलणाणे.

पुस्सस्स सुक्कचोद्दसिअवरण्हे रोहिणिम्मि णक्खत्ते । अजियजिणे उप्पण्णं अणंतणाणं सहेदुगम्मि वणे ॥ ६८०
कत्तियसुक्के पंचमिअवरण्हे पुणव्वसुम्मि णक्खत्ते । उग्गवणे अभिणंदणजिणस्स संजाद सव्वगयं ॥ ६८१
पुस्सस्स पुण्णिमाए रिक्खम्मि करे[1] सहेदुगम्मि वणे । अवरण्हे उप्पण्णं सुमइजिणे केवलं णाणं ॥ ६८२
वइसाहसुक्कदसमीचित्तारिक्खे मणोहरुज्जाणे । अवरण्हे उप्पण्णं पउमप्पहजिणवरिंदस्स ॥ ६८३
फग्गुणकसिणे सत्तमिविसाहरिक्खे सहेदुगम्मि वणे । अवरण्हे असवत्तं[2] सुपासणाहस्स संजादं ॥ ६८४
तद्दिवसे अणुराहे सव्वत्थवणे दिणस्स पच्छिमए । चंदप्पहजिणणाहे संजादं सव्वभावगदं ॥ ६८५
कत्तियसुक्के तइए अवरण्हे मूलभे य पुप्फवणे । सुविहिजिणे उप्पण्णं तिहुवणसंखोभयं णाणं ॥ ६८६
पुस्सस्स किण्हचोद्दसिपुव्वासाढे दिणस्स पच्छिमए । सीयलजिणस्स जादं अणंतणाणं सहेदुगम्मि वणे ॥ ६८७
माघस्स य अमवासे [सवणे रिक्खे मणोहरुज्जाणे । अवरण्हे संजादं सेयंसजिणस्स केवलयं ॥ ६८८]

अजित जिनेन्द्रको पौषशुक्ला चतुर्दशीके अपराह्ण समयमें रोहिणी नक्षत्रके रहते सहेतुक-वनमें केवलज्ञान उत्पन्न हुआ ॥ ६८० ॥

[संभवनाथ जिनेन्द्रको कार्तिककृष्णा पंचमीके अपराण्ह कालमें जेष्ठा नक्षत्रके रहते सहेतुक वनमें केवलज्ञान उत्पन्न हुआ ॥६८०*१॥]

अभिनन्दन जिनेन्द्रको कार्तिकशुक्ला पंचमीके अपराह्ण कालमें पुनर्वसु नक्षत्रके रहते उग्रवनमें सर्वगत अर्थात् केवलज्ञान उत्पन्न हुआ ॥ ६८१ ॥

सुमति जिनेन्द्रको पौष मासकी पूर्णिमाके अपराह्ण कालमें हस्त नक्षत्रके रहते सहेतुक वनमें केवलज्ञान उत्पन्न हुआ ॥ ६८२ ॥

पद्मप्रभ जिनेन्द्रको वैशाखशुक्ला दशमीके अपराह्ण कालमें चित्रा नक्षत्रके रहते मनोहर उद्यानमें केवलज्ञान उत्पन्न हुआ ॥ ६८३ ॥

सुपार्श्वनाथ स्वामीको फाल्गुनकृष्णा सप्तमीके अपराह्ण कालमें विशाखा नक्षत्रके रहते सहेतुक वनमें असपत्न अर्थात् केवलज्ञान उत्पन्न हुआ था ॥ ६८४ ॥

चन्द्रप्रभ जिनेन्द्रको उसी दिन अर्थात् फाल्गुनकृष्णा सप्तमीको दिनके पश्चिम भागमें अनुराधा नक्षत्रके रहते सर्वार्थ वनमें सम्पूर्ण पदार्थोंको अवगत करनेवाला केवल ज्ञान उत्पन्न हुआ ॥ ६८५ ॥

सुविधिनाथ तीर्थंकरको कार्तिकशुक्ला तृतीयाके दिन अपराह्ण कालमें मूल नक्षत्रके रहते पुष्पवनमें तीनों लोकोंको क्षोभित करनेवाला केवलज्ञान उत्पन्न हुआ ॥ ६८६ ॥

शीतलनाथ तीर्थंकरको पौषकृष्णा चतुर्दशीको दिनके पश्चिम भागमें पूर्वाषाढ़ा नक्षत्रके रहते सहेतुक वनमें अनन्तज्ञान उत्पन्न हुआ ॥ ६८७ ॥

श्रेयांस जिनेन्द्रको माघ मासकी अमावस्याके दिन (अपराह्ण कालमें श्रवण नक्षत्रके रहते मनोहर उद्यानमें केवलज्ञान प्राप्त हुआ) ॥ ६८८ ॥

१ द रिक्खंमि रके. २ द ब असत्तं.

[माघस्स सुक्कबिदिये] विसाहरिक्खे मणोहरुज्जाणे । अवरण्हे संजादं केवलणाणं खु वासुपुज्जम्मि ॥ ६८९
पुस्से सिददसमीए अवरण्हे तह य उत्तरासाढे । विमलजिणिंदे[1] जादं अणंतणाणं सहेदुगम्मि वणे ॥ ६९०
चेत्तस्स य अमवासे रेवदिरिक्खे सहेदुगम्मि वणे । अवरण्हे संजादं केवलणाणं अणंतजिणे ॥ ६९१
पुस्सस्स पुण्णिमाए पुस्से रिक्खे सहेदुगम्मि वणे । अवरण्हे संजादं धम्मजिणिंदस्से[2] सव्वगदं ॥ ६९२
पुस्से सुक्केयारसिभरणीरिक्खे[3] दिणस्स पच्छिमए । चूदवणे संजादं[4] संतिजिणेसस्स केवलं णाणं ॥ ६९३
चेत्तस्स सुक्कतदिए किंत्तियरिक्खे सहेदुगम्मि वणे । अवरण्हे उप्पण्णं कुंथुजिणेसस्स केवलं णाणं ॥ ६९४
कत्तियसुक्के बारसिरेवदिरिक्खे सहेदुगम्मि वणे । अवरण्हे उप्पण्णं केवलणाणं अरजिणस्स ॥ ६९५
फग्गुणकिण्हे बारसिअस्सिणिरिक्खे मणोहरुज्जाणे । अवरण्हे मल्लिजिणे केवलणाणं समुप्पण्णं ॥ ६९६
फग्गुणकिण्हे सट्ठीपुव्वण्हे सवणभे य णीलवणे । मुणिसुव्वयस्स जादं असहायपरक्कमं णाणं ॥ ६९७
चित्तस्स सुक्कतइए अस्सिणिरिक्खे दिणस्स पच्छिमए । चित्तवणे संजादं अणंतणाणं णमिजिणस्स ॥ ६९८

वासुपूज्य जिनेंद्रको (माघशुक्ला द्वितीयाके दिन) अपराह्न कालमें विशाखा नक्षत्रके रहते मनोहर उद्यानमें केवलज्ञान उत्पन्न हुआ ॥ ६८९ ॥

विमलनाथ जिनेन्द्रके पौषशुक्ला दशमीको अपराह्न कालमें उत्तराषाढ़ा नक्षत्रके रहते सहेतुक वनमें अनन्तज्ञान उत्पन्न हुआ ॥ ६९० ॥

भगवान् अनन्तनाथके चैत्रमासकी अमावस्याको अपराह्न कालमें रेवती नक्षत्रके रहते सहेतुक वनमें केवलज्ञान उत्पन्न हुआ ॥ ६९१ ॥

धर्मनाथ जिनेन्द्रको पौष मासकी पूर्णिमाके दिन अपराह्न समयमें पुष्य नक्षत्रके रहते सहेतुक वनमें सर्व पदार्थोंको अवगत करनेवाला केवलज्ञान उत्पन्न हुआ ॥ ६९२ ॥

शान्ति जिनेशको पौषशुक्ला एकादशीके दिन दिवसके पश्चिम भागमें भरणी नक्षत्रके रहते आम्रवनमें केवलज्ञान उत्पन्न हुआ ॥ ६९३ ॥

कुंथुनाथ जिनेन्द्रको चैत्रशुक्ला तृतीयाके दिन अपराह्न कालमें कृतिका नक्षत्रके रहते सहेतुक वनमें केवलज्ञान उत्पन्न हुआ ॥ ६९४ ॥

अरनाथ जिनेन्द्रको कार्तिकशुक्ला द्वादशीके अपराह्न कालमें रेवती नक्षत्रके रहते सहेतुक वनमें केवलज्ञान उत्पन्न हुआ ॥ ६९५ ॥

भगवान् मल्लिनाथको फाल्गुनकृष्णा द्वादशीके अपराह्न कालमें अश्विनी नक्षत्रके रहते मनोहर उद्यानमें केवलज्ञान उत्पन्न हुआ ॥ ६९६ ॥

मुनिसुव्रतनाथ तीर्थंकरको फाल्गुनकृष्णा षष्ठीके पूर्वाह्न समयमें श्रवण नक्षत्रके रहते नीलवनमें असहायपराक्रमरूप केवलज्ञान उत्पन्न हुआ ॥ ६९७ ॥

नमिनाथ जिनको चैत्रशुक्ला तृतीयाको दिनके पश्चिम भागमें अश्विनी नक्षत्रके रहते चित्रवनमें अनन्तज्ञान उत्पन्न हुआ ॥ ६९८ ॥

१ ब °जिणंदे. २ ब °जिणंदस्स. ३ द सुक्केबारसि. ४ द ब संजादो.

अस्सउजसुक्कपडिवदपुव्वण्हे उज्जयंतगिरिसिहरे । चित्ते रिक्खे जादं णेमिस्स य केवलं णाणं ॥ ६९९
चित्ते बहुलचउत्थीविसाहरिक्खम्मि पासणाहस्स । सक्कपुरे पुव्वण्हे केवलणाणं समुप्पण्णं ॥ ७००
वइसाहसुद्धदसमीमाघारिक्खम्मि वीरणाहस्स । रिजुकूलणदीतीरे[1] अवरण्हे केवलं णाणं ॥ ७०१
जणणंतरेसु पुह पुह पुव्विल्लाणं[2] कुमाररज्जत्तं । छदुमत्थस्स य कालं अवणिय पच्छिल्लतित्थकत्ताणं[3][4] ॥ ७०२
कोमाररज्जछदुमत्थसमयमाणम्हि मेलिदे होदि । केवलणाणुप्पत्तीअंतरमाणं जिणिंदाणं[5] ॥ ७०३

अ सा ५०००८००००००००० व ८३९९०१२ । सं सा ३०००००००००००० अंगाणि ३ वास २ । अ सा १०००००००००००० अं ४ वा ४ । सु सा ९०००००००००००० अं ४ व २ ।[6] प सा ९००००००००००० अं ३ व ८३९९९८० मा ६ ।[7] सु सा ९०००००००००० अं ४ वा ८ मा ६ । चं सा ९००००००००० अं ३ वरस ८३९९९१ मा ३ ।[8] पु सा ९०००००००० अं ४ वा ३ मा ९ । सी मा ९००००००० पू ७४९९९ अं ८३९९९१ व ८३९९९९९ । से सा ९९९९९०० पु २४९९९ वास ७०५५९९९१२७३९९९ । वासु सा ५४ रिण वा ३३००००१ । वि सा ३० धण ३९००००२ । अ सा ९ धण वस्स

नेमिनाथ भगवान्‌को आसोजशुक्ला प्रतिपदाके पूर्वाह्ण समयमें चित्रा नक्षत्रके रहते ऊर्जयंत गिरिके शिखरपर केवलज्ञान उत्पन्न हुआ ॥ ६९९ ॥

भगवान् पार्श्वनाथको चैत्रकृष्णा चतुर्थीके पूर्वाह्ण कालमें विशाखा नक्षत्रके रहते शक्रपुरमें केवलज्ञान उत्पन्न हुआ ॥ ७०० ॥

वीरनाथ भगवान्‌को वैशाखशुक्ला दशमीके अपराह्ण कालमें मघा नक्षत्रके रहते ऋजुकूला नदीके किनारेपर केवलज्ञान उत्पन्न हुआ ॥ ७०१ ॥

जन्मके अन्तरकालमेंसे पृथक् पृथक् पूर्व तीर्थंकरोंके कुमारकाल, राज्यकाल और छद्मस्थकालको कम करके तथा पिछले तीर्थंकरोंके कुमार, राज्य और छद्मस्थकालके प्रमाणको मिला देनेपर जिनेन्द्रोंके केवलज्ञानकी उत्पत्तिके अन्तरकालका प्रमाण होता है ॥ ७०२–७०३ ॥

अजित सा. ५०००००००००००० व. ८३९९०१२ । संभव सा. ३०००००००००००० पू. अं. ३ व. २ । अभिनंदन सा. १०००००००००००० पू. अं. ४ व. ४ । सुमति सा. ९०००००००००००० पू. अ. ४ व २ । पद्म सा. ९०००००००००००० पू. अं. ३ व. ८३९९९८० मा. ६ । सुपार्श्व सा. ९०००००००००० पू. अं. ४ व. ८ मास ६ । चन्द्रप्रभ सा. ९००००००००० पू. अं. ३ व. ८३९९९१ मा. ३ । पुष्पदंत सा. ९०००००००० पू. अं. ४ व. ३ मा. ९ । शीतल सा. ९००००००० पू. ७४९९९ पू. अं. ८३९९९१ व. ८३९९९९९ । श्रेयांस सा. ९९९९९०० पू. २४९९९ व. ७०५५९९९१२७३९९९ । वासुपूज्य सा. ५४ + वर्ष ३३००००१ । विमल सा. ३० व. ३९००००२ । अनंत सा. ९ + व.

१ ब ऋजुकूल°. २ द ब पच्छिल्लाणं. ३ द ब पुव्विल्ल°. ४ ब तित्थकत्तार. ५ द ब अणंतमाणं विणिंदाणं. ६ द वा. ३३५९९९१ मा. ३. ७ द व. ३३५९५९८०. ८ द वा. ३३५९९९१ मा. ३.

७४९९९९ । ध सा ४ वा ४९९९९९ । संति सा ३ वरिस २२५०१५ रिण प ३/४ | कुंथु प १/२ धण व १२५०[1] । अर प १/४ रिण वस्स ९९९९९९७२५० । मल्लि वा ९९९९९६६०८४ दिण ६ । सु वा ५४४७४०० मा १० दिण २४ । णमि ६०५००८ मा १ । णेमि वा ५०१७९१[2] दिण ५६ । पास वस्स ८४३८० मा २ दिण ४ । वीर वास २८९ मा ८ ।

। केवलणाणंतरं गयं ।

जे[3] संसारसरीरभोगविसए णिव्वेयणिव्वाहिणो, जे सम्मत्तविभूसिदा सविणया घोरं चरंता दवं ।
जे सज्झायमहड्ढिवड्ढिव गदा झाणं च कम्मंतकं, ताणं केवलणाणमुत्तमपदं जायदि किं कोदुकं ॥ ७०४
जादे केवलणाणे परमोरालं जिणाण सव्वाणं । गच्छदि उवरिं[4] चावा पंचसहस्साणि वसुहाओ ॥ ७०५
भुवणत्तयस्स ताहे[5] अइसयकोडीय[6] होदि पक्खोहो । सोहम्मपहुदिइंदाण आसणाइं[7] पि कंपंति ॥ ७०६
तक्कंपेणं इंदा संखुग्घोसेण भवणवासिसुरा । पडहरवेहिं वेंतर सीहणिणादेण जोइसिया ॥ ७०७
घंटाए कप्पवासी णाणुप्पत्तिं जिणाण णादूणं । पणमंति भत्तिजुत्ता गंतूणं सत्त वि कमाओ[8] ॥ ७०८

७४९९९९ । धर्म सा. ४ व. ४९९९९९ । शान्ति सा. ३ व. २२५०१५ – पल्य ३/४ । कुंथु प. १/२ + व. १२५० । अर प. १/४ – व. ९९९९९९७२५० । मल्लि व. ९९९९९६६०८४ दिन ६ । मुनिसुव्रत व. ५४४७४०० मा. १० दिन २४ । नमि व. ६०५००८ मा. १ । नेमि व. ५०१७९१ दिन ५६ । पार्श्व व. ८४३८० मा. २ दिन ४ । वीर व. २८९ मा. ८ ।

केवलज्ञानका अन्तरकाल समाप्त हुआ ।

जो संसार, शरीर और भोग-विषयोंमें निर्वेदको धारण करनेवाले हैं, जो सम्यक्त्वसे विभूषित हैं, विनयसे संयुक्त हैं, और घोर तपका आचरण करते हैं, जो स्वाध्यायसे महान् ऋद्धि व वृद्धिको प्राप्त हैं और कर्मोंका अन्त करनेवाले ध्यानको भी प्राप्त हैं, उनके यदि केवलज्ञानरूप उत्तम पद उत्पन्न होता है तो इसमें क्या आश्चर्य है ? ॥ ७०४ ॥

केवलज्ञानके उत्पन्न होनेपर समस्त तीर्थंकरोंका परमौदारिक शरीर पृथिवीसे पांच हजार धनुषप्रमाण ऊपर चला जाता है ॥ ७०५ ॥

उस समय तीनों लोकोंमें अतिशय क्षोभ उत्पन्न होता है और सौधर्मादिक इन्द्रोंके आसन कंपायमान होते हैं ॥ ७०६ ॥

आसनोंके कंपित होनेसे इन्द्र, शंखके उद्घोषसे भवनवासी देव, पटहके शब्दसे व्यन्तर देव, सिंहनादसे ज्योतिषी देव, और घंटाके शब्दसे कल्पवासी देव तीर्थंकरोंके केवलज्ञानकी उत्पत्तिको जानकर भक्तियुक्त होते हुए सात पैर जाकर प्रणाम करते हैं ॥ ७०७-७०८ ॥

१ द १२७०. २ द ५१७९१. ३ द जो. ४ द ब उवरे. ५ द ब तासो. ६ ब अइसया. ७ द ब इंदा आसंणाइं. ८ द ब सच विक्खाओ.

अहमिंदा जे देवा आसणकंपेण तं वि णादूणं । गंतूण तेत्तियं चिय तत्थ ठिया ते णमंति जिणे[1] ॥ ७०९

ताहे सक्काणाए जिणाण सयलाण समवसरणाणिं । विक्किरियाए धणदो विरएदि विचित्तरूवेहिं ॥ ७१०

उवमातीतं ताणं को सक्कइ वण्णिदुं सयलरूवं । एण्हिं[2] लवमेत्तमहं साहेमि जहाणुपुव्वीए ॥ ७११

सामण्णभूमिमाणं माणं सोवाणयाण विण्णासो । वीही धूलीसाला चेत्तप्पासादभूमीओ ॥ ७१२

णट्टयसाला थंभा वेदी खादी य वेदि-वल्लिखिदी । साला उववणवसुहा णट्टयसाला य वेदि-धयखोणी ॥ ७१३

सालो कप्पमहीओ णट्टयसाला य वेदि-भवणमही । थूहा साला सिरिमंडव य रिसिगणाणं[3] विण्णासो ॥ ७१४

वेदी पढमं बिदियं तदियं पीढं च गंधउडिमाणं । इदि इगितीसा पुह पुह अहियारा समवसरणाणं ॥ ७१५

रविमंडल व्व[4] वट्टा सयला वि य खंधइंदणीलमई । सामण्णखिदी बारस जोयणमेत्तं मि उसहस्स ॥ ७१६

तत्तो बेकोसूणा पत्तेक्कं णेमिणाहपज्जंतं । चउभागेण विरहिदा पासस्स य वड्ढमाणस्स ॥ ७१७

उ जोयण १२ । अजिय $\frac{२३}{२}$ । सं ११ । अहिणं $\frac{२१}{२}$ । सु १० । प $\frac{१९}{२}$ । सु ९ । चं $\frac{१७}{२}$ । पु ८ ।

सी $\frac{१५}{२}$ । से ७ । वा $\frac{१३}{२}$ । वि ६ । अ $\frac{११}{२}$ । ध ५ । सं $\frac{९}{२}$ । कुं ४ । अ $\frac{७}{२}$ । म ३ । मु $\frac{५}{२}$ ।

ण २ । णे $\frac{३}{२}$ । पा $\frac{५}{४}$ । वी १ ।

जो अहमिन्द्र देव हैं, वे भी आसनोंके कंपित होनेसे केवलज्ञानकी उत्पत्तिको जानकर और उतने ही (सात पैर) आगे जाकर वहां स्थित होते हुए जिन भगवान्‌को नमस्कार करते हैं ॥ ७०९ ॥

उस समय सौधर्म इन्द्रकी आज्ञासे कुबेर विक्रियाके द्वारा सम्पूर्ण तीर्थङ्करोंके समवसरणोंको विचित्ररूपसे रचता है ॥ ७१० ॥

उन समवसरणोंके अनुपम सम्पूर्ण स्वरूपका वर्णन करनेके लिये कौन समर्थ है ! अब मैं आनुपूर्वीके अनुसार समवसरणके स्वरूपका लेशमात्र कथन करता हूं ॥ ७११ ॥

[1]सामान्य भूमिका प्रमाण, [2]सोपानोंका प्रमाण, [3]विन्यास, [4]वीथी, [5]धूलिशाल, [6]चैत्यप्रासाद-भूमियां, [7]नृत्यशाला, [8]मानस्तम्भ, [9]वेदी, [10]खातिका, [11]वेदी, [12]लताभूमि, [13]साल, [14]उपवनभूमि, [15]नृत्यशाला, [16]वेदी, [17]ध्वजक्षोणी, [18]साल, [19]कल्पभूमि, [20]नृत्यशाला, [21]वेदी, [22]भवनमही, [23]स्तूप, [24]साल, [25]श्रीमण्डप, [26]ऋषि आदि गणोंका विन्यास, [27]वेदी, [28]पीठ, [29]द्वितीय पीठ, [30]तृतीय पीठ और [31]गंधकुटीका प्रमाण, इस-प्रकार समवसरणके कथनमें पृथक् पृथक् ये इकतीस अधिकार हैं ॥ ७१२–७१५ ॥

भगवान् ऋषभदेवके समवसरणकी सम्पूर्ण सामान्यभूमि सूर्यमण्डलके सदृश गोल, स्कंध (भिन्न) इन्द्रनीलमणिमयी, और बारह योजनप्रमाण विस्तारसे युक्त थी ॥ ७१६ ॥

इसके आगे भगवान् नेमिनाथपर्यन्त प्रत्येक तीर्थंकरके समवसरणकी सामान्यभूमि दो कोस कम और पार्श्वनाथ एवं वर्धमान तीर्थंकरकी योजनके चतुर्थ भागसे कम थी ॥ ७१७ ॥

---

१ द ब जिणो. **२** द इण्हं. **३** द सिरिमंददिय हरिसगाणाण, ब °सिरिमंदवि य हरिसिगणाण. **४** द रविमंडलद्धवट्टा.

अवसप्पिणिए एदं भणिदं उस्सप्पिणीए विवरीदं । बारसजोयणमेत्ता सा सयलविदेहकत्ताणं ॥ ७१८

१ । ५ । ३ । २ । ५ । ३ । ७ । ४ । ९ । ५ । ११ । ६ । १३ । ७ । १५ । ८ । १७ । ९ । १९ ।
　 ४ 　२ 　　 २ 　　 २ 　　 २ 　　 २ 　　 २ 　　 २ 　　 २ 　　 २

१० । २१ । ११ । २३ । १२ ।
　　 २ 　　　 २

इह केई आइरिया पण्णारसकम्मभूमिजादाणं । तित्थयराणं बारसजोयणपरिमाणमिच्छंति ॥ ७१९

। सामण्णभूमी समत्ता[1] ।　　　　　　　**पाठान्तरम् ।**

सुरणरतिरियारोहणसोवाणा चउदिसासु पत्तेक्कं । वीससहस्सा गयणे कणयमया उड्ढउड्ढम्मि ॥ ७२०

२०००० ।

उसहादी चउवीसं जोयण एक्कूण णेमिपज्जंतं । चउवीसं भजिदव्वा दीहं सोवाण णादव्वा ॥ ७२१

२४	२३	२२	२१	२०	१९	१८	१७	१६	१५	१४	१३	१२	११	१०	९
२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४

८	७	६	५	४	३
२४	२४	२४	२४	२४	२४

पासम्मि पंच कोसा चउ वीरे अट्ठतालअवहरिदा । इगिहत्थुच्छेहा ते सोवाणा एक्कहत्थवासा य ॥ ७२२

५	४	१	१
४८	४८		

। सोवाणा समत्ता ।

यह जो सामान्य भूमिका प्रमाण बतलाया गया है, वह अपसर्पिणी कालका है । उत्सर्पिणी कालमें इससे विपरीत है । विदेह क्षेत्रके संपूर्ण तीर्थंकरोंके समवसरणकी भूमि बारह योजनप्रमाण **ही** रहती है ॥ ७१८ ॥

यहां कोई आचार्य पन्द्रह कर्मभूमियोंमें उत्पन्न हुए तीर्थंकरोंकी समवसरणभूमिको बारह योजनप्रमाण मानते हैं ॥ ७१९ ॥　　　　　　　　　　पाठान्तर ।

सामान्यभूमिका वर्णन समाप्त हुआ ।

देव, मनुष्य और तिर्यञ्चोंके चढ़नेके लिये आकाशमें चारों दिशाओंमेंसे प्रत्येक दिशामें ऊपर ऊपर सुवर्णमय बीस हजार सीढ़ियां होती हैं ॥ ७२० ॥

वृषभादिक चौबीस तीर्थंकरोंमेंसे भगवान् नेमिनाथपर्यन्त क्रमशः चौबीस और एक एक योजन कम चौबीसको चौबीससे भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतनी सोपानोंकी लम्बाई जानना चाहिये ॥ ७२१ ॥

भगवान् पार्श्वनाथके समवसरणमें सीढ़ियोंकी लम्बाई अड़तालीससे भाजित पांच कोस और वीरनाथके अड़तालीससे भाजित चार कोसप्रमाण थी । वे सीढ़ियां एक हाथ ऊंची और एक हाथ ही विस्तारवाली थीं ॥ ७२२ ॥

सोपानोंका कथन समाप्त हुआ ।

१ ब सम्मत्ता.

चउ साला वेदीओ पंच तदंतेसु अट्ठ भूमीओ । सव्वत्थंतरभागे पत्तेक्कं तिण्णि पीढाणि ॥ ७२३

सा ४ । वे ५ । भू ८ । पी ३ ।

। विण्णासो समत्तो[1] ।

पत्तेक्कं चउसंखा वीहीओ पढमपीढपज्जंता । णियणियजिणसोवाणयदीहत्तणसरिसवित्थारा ॥ ७२४

२४	२३	२२	२१	२०	१९	१८	१७	१६	१५	१४	१३	१२	११	१०	९
२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४

८	७	६	५	४	[३	५	४]
२४	२४	२४	२४	२४	२४	४८	४८

एक्केक्काणं दोद्दो[2] कोसा वीहीण रुंदपरिमाणं । कमसो हीणं जाव य वीरजिणं के वि[3] इच्छंति ॥ ७२५

पाठान्तरम् ।

च-सद्देण णियसोवाणाण दीहत्तणं पि ।

पंचसया बावण्णा कोसाणं वीहियाण दीहत्तं । चउवीसहिदा कमसो तेवीसोणा य[4] णेमिपज्जंतं ॥ ७२६

५५२	५२९	५०६	४८३	४६०	४३७	४१४	३९१	३६८	३४५	३२२	२९९
२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४

२७६	२५३	२३०	२०७	१८४	१६१	१३८	११५	९२	६९
२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४

चार कोट, पांच वेदियां, इनके बीचमें आठ भूमियां और सर्वत्र प्रत्येक अन्तरभागमें तीन पीठ होते है ॥ ७२३ ॥

विन्यास समाप्त हुआ ।

प्रथम पीठपर्यन्त प्रत्येकमें अपने अपने तीर्थंकरके समवसरणभूमिस्थ सोपानोंकी लम्बाईके बराबर विस्तारवाली चार वीथियां होती है ॥ ७२४ ॥

एक एक वीथीके विस्तारका परिमाण दो दो कोस है और वीर जिनेन्द्र तक क्रमसे हीन होता गया है, ऐसा कितने ही अन्य आचार्य मानते हैं ॥ ७२५ ॥ पाठान्तर ।

च शब्दसे अपने अपने सोपानोंकी दीर्घता भी (उसी प्रकार दो दो कोस है और क्रमसे कम होती गई है, ऐसा जानना चाहिये ।)

भगवान् ऋषभदेवके समवसरणमें चौबीससे भाजित पांचसौ बावन कोसप्रमाण वीथियोंकी लंबाई थी और इसके आगे नेमिनाथपर्यन्त क्रमशः भाज्य राशि (५५२) मेंसे उत्तरोत्तर तेईस कम करके चौबीसका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतनी वीथियोंकी दीर्घता होती है ॥ ७२६ ॥

---

१ द ब सम्मत्ता. २ द दो दो. ३ ब केचि. ४ द तेवीसा य णेमि॰.

पण्णारसेहि अहियं कोसाण सयं च पासणाहम्मि । देवम्मि वड्ढमाणे बाणउदी अट्टतालहिदा ॥ ७२७

११५/४८ | ९२/४८ |

वीहीदोपासेमुं णिम्मलपलिहोवलेहिं[1] रइदाओ । दो वेदीओ वीहीदीहत्तसमाणदीहत्ता ॥ ७२८

५५२/२४ | ५२९/२४ | ५०६/२४ | ४८३/२४ | ४६०/२४ | ४३७/२४ | ४१४/२४ | ३९१/२४ | ३६८/२४ | ३४५/२४ | ३२२/२४ | २९९/२४ | २७६/२४ |

२५३/२४ | २३०/२४ | २०७/२४ | १८४/२४ | १६१/२४ | १३८/२४ | ११५/२४ | ९२/२४ | ६९/२४ | ११५/४८ | ९२/४८ |

वेदीण रुंद दंडा अट्ठहरिदाणि[2] छस्सहस्साणि । अड्ढाइज्जसएहिं कमेण हीणाणि णेमिपज्जंत्तं ॥ ७२९

६०००/८ | ५७५०/८ | ५५००/८ | ५२५०/८ | ५०००/८ | ४७५०/८ | ४५००/८ | ४२५०/८ | ४०००/८ | ३७५०/८ |

३५००/८ | ३२५०/८ | ३०००/८ | २७५०/८ | २५००/८ | २२५०/८ | २०००/८ | १७५०/८ | १५००/८ | १२५०/८ |

१०००/८ | ७५०/८ |

कोदंडछस्सयाइं पणवीसजुदाइं अट्ठहरिदाइं[3] । पासम्मि वड्ढमाणे पणघणदंडाणि दलिदाणि ॥ ७३०

६२५/८ । १२५/२ ।

अट्ठाणं भूमीणं मूले बहवा हु तोरणद्दारा[4] । सोहियवज्जकवाडा सुरणरतिरिएहिं संचरिदा ॥ ७३१

भगवान् पार्श्वनाथके समवसरणमें वीथियोंकी दीर्घता अड़तालीससे भाजित एकसौ पन्द्रह कोस और वर्धमान जिनके अड़तालीससे भाजित बानबै कोसप्रमाण थी ॥ ७२७ ॥

वीथियोंके दोनों पार्श्वभागोंमें वीथियोंकी दीर्घताके समान दीर्घतासे युक्त और निर्मल स्फटिकपाषाणसे रचित दो वेदियां होती हैं ॥ ७२८ ॥

भगवान् ऋषभदेवके समवसरणमें वेदियोंका विस्तार आठसे भाजित छह हजार धनुष-प्रमाण था । पुनः इससे आगे भगवान् नेमिनाथपर्यन्त क्रमसे उत्तरोत्तर छह हजारमेंसे अढ़ाईसौ कम होते गये हैं ॥ ७२९ ॥

भगवान् पार्श्वनाथके समवसरणमें वेदियोंका विस्तार आठसे भाजित छहसौ पच्चीस धनुष और वर्धमान स्वामीके दोसे भाजित पांचके घन अर्थात् एकसौ पच्चीस धनुषप्रमाण था ॥ ७३० ॥

आठों भूमियोंके मूलमें वज्रमय कपाटोंसे सुशोभित और देव, मनुष्य एवं तिर्यञ्चोंके संचारसे युक्त बहुतसे तोरणद्वार होते हैं ॥ ७३१ ॥

१ द पलिहोवदेहि. २ द रहिदाणि. ३ द अड्वीसहत्थाइं, ब अट्ठहत्थाइं. ४ द ब तोरणादारा.

णियणियजिणेसयाणं देहुस्सेहेण चउहि गुणिदेण । चरियट्टालयचेंचइयाणं वेदीण उस्सेहो ॥ ७३२

२००० । १८०० । १६०० । १४०० । १२०० । १००० । ८०० । ६०० । ४०० । ३६० । ३२० । २८० । २४० । २०० । १८० । १६० । १४० । १२० । १०० । ८० । ६० । ४० । हत्थाणि[3] ३६ । २८ ।

। वीही समत्ता[4] ।

सव्वाणं बाहिरए धूलीसाला विसाल[5]समवट्टा । विप्फुरियपंचवण्णा मणुसुत्तरपव्वदायारा ॥ ७३३

चरियट्टालयरम्मा पयलपदायाकलप्पकमणिज्जा । तिहुवणविम्हयजणणी चउहिं दुवारेहिं परिअरिया ॥ ७३४

विजयं ति पुव्वदारं[6] दक्खिणदारं च वइजयंतं ति । पच्छिमउत्तरदारा जयंतअपराजिदा णामा ॥ ७३५

एदे गोउरदारा तवणीयमया तिभूमिभूसणया । सुरणरमिहुणसणाहा तोरणणच्चंतमणिमाला ॥ ७३६

एक्केक्कगोउराणं बाहिरमज्झम्मि दारदो पासे । बाउलया वित्थिण्णा मंगलणिहिधूवघडभरिदा ॥ ७३७

भिंगारकलसदप्पणचामरधयवियणछत्तसुपइट्ठा । इय अट्ठ मंगलाइं अट्ठुत्तरसयजुदाणि एक्केक्कं ॥ ७३८

कालमहकालपंडू माणवसंखा य पउमणइसप्पा । पिंगलणाणारयणा अट्ठुत्तरसयजुदाणि णिहि एदे ॥ ७३९

मार्ग व अट्टालिकाओंसे रमणीक वेदियोंकी उंचाई अपने अपने जिनेन्द्रोंके शरीरके उत्सेधसे चौगुनी होती है ॥ ७३२ ॥

वीथियोंका वर्णन समाप्त हुआ ।

सबके बाहिर पांचों वर्णोंसे स्फुरायमान, विशाल एवं समान गोल, मानुषोत्तर पर्वतके आकार धूलिसाल नामक कोट होता है ॥ ७३३ ॥

उपर्युक्त धूलिसाल कोट मार्ग व अट्टालिकाओंसे रमणीय, चंचल पताकाओंके समूहसे सुन्दर, तीनों लोकोंको विस्मित करनेवाला, और चार द्वारोंसे युक्त होता है ॥ ७३४ ॥

इन चार द्वारोंमेंसे पूर्वद्वारका नाम विजय, दक्षिणद्वारका नाम वैजयन्त, पश्चिमद्वारका नाम जयन्त और उत्तरद्वारका नाम अपराजित होता है ॥ ७३५ ॥

ये चारों गोपुरद्वार सुवर्णसे निर्मित, तीन भूमियोंसे भूषित, देव एवं मनुष्योंके मिथुनोंसे (जोड़ोंसे) संयुक्त और तोरणोंपर नाचती हुई (लटकती हुई) मणिमालाओंसे शोभायमान होते हैं ॥ ७३६ ॥

प्रत्येक गोपुरके बाहिर और मध्य भागमें द्वारके पार्श्वभागोमें मंगलद्रव्य, निधि और धूपघटसे युक्त विस्तीर्ण पुतलियां होती हैं ॥ ७३७ ॥

झारी, कलश, दर्पण, चमर, ध्वजा, व्यजन, छत्र और सुप्रतिष्ठ, ये आठ मङ्गलद्रव्य हैं । इनमेंसे प्रत्येक एकसौ आठ होते हैं ॥ ७३८ ॥

काल, महाकाल, पाण्डु, माणवक, शंख, पद्म, नैसर्प, पिंगल और नानारत्न, ये नव निधियां प्रत्येक एकसौ आठ होती हैं ॥ ७३९ ॥

१ द ब 'जिणेसठाणं. २ द ब 'चेत्तइयाण. ३ द ब पुव्वाणि. ४ ब सम्मत्ता. ५ ब विसाला. ६ द ब पुव्वदारा.

उडुजोग्गदव्वभायणधण्णायुहतूरवत्थहम्माणि । आभरणसयलरयणा देंति[1] कालादिया कमसो ॥ ७४०
गोसीसमलयचंदणकालागरुपहुदिधूवगंधड्ढा । एक्केक्कबाउलाए धूवघडो होदि एक्केक्कं ॥ ७४१
धूलीसालागोउरबाहिरए मयरतोरणसयाणि । अब्भंतरम्मि भागे पत्तेयं रयणतोरणसयाणि ॥ ७४२
गोउरदुवारमज्झे दोसु वि पासेसु रयणणिम्मविया । एक्केक्कणट्टसाला णच्चंतसुरंगणाणिवहा ॥ ७४३
धूलीसालागोउरदारेसुं चउसु होंति पत्तेक्कं । वररयणदंडहत्था जोइसिया दाररक्खणया ॥ ७४४
चउगोउरदारेसुं बाहिरअब्भंतरम्मि भागम्मि । सुहसुंदरसंचारा सोवाणा विविहरयणमया ॥ ७४५
धूलीसालाण पुढं णियजिणदेहोदयप्पमाणेण । चउगुणिदेणं उदओ सव्वेसुं समवसरणेसुं ॥ ७४६

२००० । १८०० । १६०० । १४०० । १२०० । १००० । ८०० । ६०० । ४०० । ३६० ।
३२० । २८० । २४० । २०० । १८० । १६० । १४० । १२० । १०० । ८० । ६० । ४० ।
९ । ७ ।

तोरणउदओ अहिओ धूलीसालाण उदयसंखादो । तत्तो य मादिरेको गोउरदाराण सयलाणं ॥ ७४७

उक्त कालादिक निधियां क्रमसे ऋतुके योग्य द्रव्य (मालादिक), भाजन, धान्य, आयुध, वादित्र, वस्त्र, महल, आभरण और सम्पूर्ण रत्नोंको देती हैं ॥ ७४० ॥

एक एक पुतलीके ऊपर गोशीर्ष, मलयचन्दन और कालागरु आदिक धूपोंके गंधसे व्याप्त एक एक धूपघट होता है ॥ ७४१ ॥

धूलिसालसम्बन्धी गोपुरोंके प्रत्येक बाह्य भागमें सैकड़ों मकरतोरण और अभ्यन्तर भागमें सैकड़ों रत्नमय तोरण होते हैं ॥ ७४२ ॥

गोपुरद्वारोंके बीच दोनों पार्श्वभागोंमें रत्नोंसे निर्मित, और नृत्य करती हुई देवांगनाओंके समूहसे युक्त एक एक नाट्यशाला होती है ॥ ७४३ ॥

धूलिसालके चारों गोपुरोंमेसे प्रत्येकमें, हाथमें उत्तम रत्नदण्डको लिये हुए ज्योतिष्क देव द्वाररक्षक होते हैं ॥ ७४४ ॥

चारों गोपुरद्वारोंके बाह्य और अभ्यन्तर भागमें विविध प्रकारके रत्नोंसे निर्मित एवं सुखपूर्वक सुन्दर संचारके योग्य सीढ़ियां होती हैं ॥ ७४५ ॥

सब समवसरणोंमें धूलिसालोंकी उंचाई अपने अपने तीर्थंकरके शरीरके उत्सेधप्रमाणसे चौगुणी होती है ॥ ७४६ ॥

धूलिसालोंकी उंचाईकी संख्यासे तोरणोंकी उंचाई अधिक होती है और इससे भी अधिक समस्त गोपुरोंकी उंचाई होती है ॥ ७४७ ॥

---

१ द °रयणादी दंती.

चउवीसं चेय कोसा धूलीसालाण मूलवित्थारा । बारसवग्गेण हिदा णेमिजिणंतं कमेण एक्कूणा ॥ ७४८

२४/१४४	२३/१४४	२२/१४४	२१/१४४	२०/१४४	१९/१४४	१८/१४४	१७/१४४	१६/१४४	१५/१४४	१४/१४४	१३/१४४	१२/१४४
११/१४४	१०/१४४	९/१४४	८/१४४	७/१४४	६/१४४	५/१४४	४/१४४	३/१४४				

अडसीदिदोसएहिं भजिदा पासम्मि पंच कोसा य । एक्को य वड्ढमाणे कोसो[1] बाहत्तरीहरिदो ॥ ७४९

५/२८८ | १/७२

मज्झिमउवरिमभागे धूलीसालाण रुंदउवएसो । कालवसेण पणट्ठो सरितीरुप्पण्णविडओ व्व[2] ॥ ७५०

। धूलीसाला समत्ता ।

ताणब्भंतरभागे चेत्तप्पासादणामभूमीओ । वेढंति[3] सयलछित्तं[4] जिणपुरपासादसरिसाओ[5] ॥ ७५१

एक्केक्कं जिणभवणं पासादा पंच पंच अंतरिदा । विविहवणसंडमंडणवरवावीकूवकमणिज्जा ॥ ७५२

जिणपुरपासादाणं उस्सेहो णियजिणिंदउदएण । बारहदेण य सरिसो णट्ठो दीहत्तवासउवदेसो ॥ ७५३

६००० । ५४०० । ४८०० । ४२०० । ३६०० । ३००० । २४०० । १८०० । १२०० । १०८० । ९६० । ८४० । ७२० । ६०० । ५४० । ४८० । ४२० । ३६० । ३०० । २४० । १८० । १२० । २७ । २१ ।

भगवान् ऋषभदेवके समवसरणमें धूलिसालका मूलविस्तार बारहके वर्गसे भाजित चौबीस कोसप्रमाण था । फिर इसके आगे भगवान् नेमिनाथपर्यन्त भाज्य राशिमेंसे क्रमशः एक एक कम होता गया है ॥ ७४८ ॥

भगवान् पार्श्वनाथके समवसरणमें धूलिसालका मूलविस्तार दोसौ अठासीसे भाजित पांच कोस और वर्धमान भगवान्के बहत्तरसे भाजित एक कोसप्रमाण था ॥ ७४९ ॥

धूलिसालोंके मध्य और उपरिम भागमें जो विस्तार होता है, उसका उपदेश कालवशसे नदीतीरोत्पन्न वृक्षके समान नष्ट हो गया है ॥ ७५० ॥

धूलिसालोंका वर्णन समाप्त हुआ ।

उन धूलिसालोंके अभ्यन्तर भागमें जिनपुरसम्बन्धी प्रासादोंके सदृश चैत्य-प्रासाद नामक भूमियां सकल क्षेत्रको वेष्टित करती हैं ॥ ७५१ ॥

एक एक जिनभवनके अन्तरालसे पांच पांच प्रासाद हैं, जो विविध प्रकारके वनसमूहोंसे मण्डित और उत्तम वापिकाओं एवं कुओंसे रमणीय होते हैं ॥ ७५२ ॥

जिनपुर और प्रासादोंकी उंचाई अपने अपने तीर्थंकरकी उंचाईसे बारहगुणी होती है । इनकी लम्बाई और विस्तारके प्रमाणका उपदेश नष्ट हो गया है ॥ ७५३ ॥

---

१ द कोसा. २ द ब सरितीपप्पणविदओ व्व. ३ द ब वेदंति. ४ द सयलछत्तं. ५ द ब पासादसरिधाओ.

दुसयचउसट्ठिजोयणमुसहे एक्कारसोणमणुकमसो[1] । चउवीसवग्गभजिदं णेमिजिणं जाव पढमखिदिरुंदं ॥ ७५४

२६४	२५३	२४२	२३१	२२०	२०९	१९८	१८७	१७६	१६५	१५४	१४३	१३२
५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६

१२१	११०	९९	८८	७७	६६	५५	४४	३३
५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६

पणवण्णासा कोसा पासजिणे अट्ठसीदिदुसयहिदा । बावीस वीरणाहे[2] बारसवग्गेहिं पविभत्ता ॥ ७५५

को	५५	४४
	२८८	२८८

। चेदियपासादभूमी सम्मत्ता ।

आदिमखिदीसु पुह पुह वीहीणं दोसु दोसु पासेसुं । दोद्दो णट्टयसाला वरकंचणरयणणिम्मविदा ॥ ७५६

२ । २ ।

णट्टयसालाण पुढं उस्सेहो णियजिणंगउदएहिं । बारसहदेहिं सरिसो णट्ठा दीहत्तवासउवएसा ॥ ७५७

६००० । ५४०० । ४८०० । ४२०० । ३६०० । ३००० । २४०० । १८०० । १२०० । १०८० ।
९६० । ८४० । ७२० । ६०० । ५४० । ४८० । ४२० । ३६० । ३०० । २४० । १८० । १२० ।
२७ । २१ ।

एक्केक्काए णट्टयसालाए चउहदट्ठरंगाणि । एक्केक्कस्सिं[3] रंगे भावणकण्णाउ बत्तीसं ॥ ७५८

गायंति जिणिंदाणं विजयं विविहत्थदिव्वगीदेहिं । अभिणइय णच्चणीओ[4] खिवंति कुसुमंजलिं ताओ ॥ ७५९

भगवान् ऋषभदेवके समवसरणमें प्रथम पृथिवीका विस्तार चौबीसके वर्गसे भाजित दोसौ चौसठ योजन था । फिर इससे आगे नेमिनाथ तीर्थंकरतक भाज्य राशिमेंसे क्रमशः उत्तरोत्तर ग्यारह कम होते गये हैं ॥ ७५४ ॥

पार्श्वनाथ तीर्थंकरके समवसरणमें प्रथम पृथिवीका विस्तार दोसौ अठासीसे भाजित पचवन कोस और वीरनाथ भगवान्के बारहके वर्ग अर्थात् एकसौ चवालीससे भाजित बाईस कोसप्रमाण था ॥ ७५५ ॥

चैत्य-प्रासादभूमिका कथन समाप्त हुआ ।

प्रथम पृथिवियोंमें पृथक् पृथक् वीथियोंके दोनों पार्श्वभागोंमें उत्तम सुवर्ण एवं रत्नोंसे निर्मित दो दो नाट्यशालायें होती हैं ॥ ७५६ ॥

नाट्यशालाओंकी उंचाई बारहसे गुणित अपने अपने तीर्थंकरोंके शरीरकी उंचाईके सदृश होती है तथा इनकी लम्बाई और विस्तारका उपदेश नष्ट हो गया है ॥ ७५७ ॥

प्रत्येक नाट्यशालामें चारसे गुणित आठ अर्थात् बत्तीस रंगभूमियां और प्रत्येक रंगभूमिमें बत्तीस भवनवासीकन्यायें अभिनयपूर्वक नृत्य करती हुईं नाना प्रकारके अर्थोंसे युक्त दिव्य गीतोंद्वारा तीर्थंकरोंकी विजयके गीत गाती हैं और पुष्पांजलियोंका क्षेपण करती हैं ॥७५८–७५९॥

१ द एक्कारसाणि अणु॰, ब एक्कारसोणअणु॰. २ द वीरणाहो. ३ द एक्केकेस्सिं, ब एक्केकस्सिं. ४ द अभिणइयणिव्वणीओ.

एक्केकाए[1] णट्टयसालाए दोण्णि दोण्णि धूवघडा । णाणासुगंधधूवप्पसरेणं वासियदिगंता ॥ ७६०

। णट्टयसाला समत्ता ।

णियणियपढमखिदीए[2] बहुमज्झे चउसु वीहिमज्झम्मि ।
माणत्थंभखिदीओ समवट्टा विविहवण्णणसहाओ ॥ ७६१

अब्भंतरम्मि ताणं चउगोउरदारसुंदरा साला । णच्चंतधयवडाया मणिकिरणुज्जोइअदियंतो[3] ॥ ७६२

ताणं पि मज्झभागे वणसंडा विविहदिव्वतरुभरिया[4] । कलकोइलकलकलया किण्णरमिहुणेहि[5] संकिण्णा ॥ ७६३

तम्मज्झे रम्माइं पुव्वादिदिसासु लोयपालाणं । सोमजमवरुणधणदा होंति महाकीडणपुराइं ॥ ७६४

ताणब्भंतरभागे साला चउगोउरादिपरियरिया । तत्तो वणवावीओ कलिंदवरमाणणसहाओ ॥ ७६५

ताणं मज्झे णियणियदिसासु दिव्वाणि कीडणपुराणिं । हुदवहणेरिदमारुदईसाणाणं च लोयपालाणं ॥ ७६६

ताणब्भंतरभागे सालाओ वरविसालदाराओ । तम्मज्झे पीढाणिं एक्केक्के[6] समवसरणम्मि ॥ ७६७

वेरुलियमयं पढमं पीढं तस्सोवरिम्मि कणयमयं । दुइयं तस्स अ उवरिं तदियं बहुवण्णरयणमयं ॥ ७६८

प्रत्येक नाट्यशालामें नाना प्रकारकी सुगन्धित धूपके प्रसारसे दिङ्मण्डलको सुवासित करनेवाले दो दो धूपघट रहते हैं ॥ ७६० ॥

नाट्यशालाओंका वर्णन समाप्त हुआ ।

अपनी अपनी प्रथम पृथिवीके बहुमध्यभागमें चारों वीथियोंके बीचोंबीच समान गोल और विविध प्रकार वर्णनके योग्य मानस्तम्भ-भूमियां होती है ॥ ७६१ ॥

उनके अभ्यन्तर भागमें चार गोपुरद्वारोंसे सुंदर, नाचती हुई ध्वजा-पताकाओंसे सहित और मणियोंकी किरणोंसे दिङ्मण्डलको प्रकाशित करनेवाले कोट होते हैं ॥ ७६२ ॥

इनके भी मध्य भागमें विविध प्रकारके दिव्य वृक्षोंसे युक्त, सुन्दर कोयलोंके कल-कल शब्दोंसे मुखरित और किन्नर-युगलोंसे संकीर्ण वनखंड होते हैं ॥ ७६३ ॥

इनके मध्यमें पूर्वादिक दिशाओंमें क्रमसे सोम, यम, वरुण और कुबेर, इन लोकपालोंके रमणीय महा क्रीडानगर होते है ॥ ७६४ ॥

उनके अभ्यन्तर भागमें चार गोपुरादिसे वेष्टित कोट और फिर इसके आगे वनवापिकायें होती है जो प्रफुल्लित नीलकमलोंसे शोभायमान है ॥ ७६५ ॥

उनके बीचमें लोकपालोंके अपनी अपनी दिशा तथा आग्नेय, नैऋत्य, वायव्य और ईशान, इन विदिशाओंमें भी दिव्य क्रीडन-पुर होते है ॥ ७६६ ॥

उनके अभ्यन्तर भागमें उत्तम विशाल द्वारोंसे युक्त कोट होते है और फिर इनके बीचमें पीठ होते हैं । ऐसी रचना प्रत्येक समवसरणमें होती है ॥ ७६७ ॥

इनमेंसे पहिला पीठ वैडूर्यमणिमय, उसके ऊपर सुवर्णमय द्वितीय पीठ, और उसके भी ऊपर बहुत वर्णके रत्नोंसे निर्मित तृतीय पीठ होता है ॥ ७६८ ॥

१ द ब एक्केकाणं. २ द ब खिदीए. ३ द 'मणिकरणुज्जोइअधियंतो, ब मणिकरणुज्जोइअदियंते. ४ द दिव्वतरुवरिया. ५ द ब °मिहुणाणि. ६ ब एक्केकं.

आदिमपीढुच्छेहो दंडा चउवीस रूवतियहरिदा । उसहजिणिंदे कमसो रूवूणा णेमिपज्जंते ॥ ७६९

२४ २३ | २२ | २१ | २० | १९ | १८ | १७ | १६ १५ | १४ | १३ | १२ | ११ १० | ९ | ८ |
३ | ३ | ३ | ३ | ३ ३ ३ ३ | ३ ३ ३ | ३ | ३ | ३ | ३ | ३ | ३ |

७ | ६ | ५ ४ | ३ |
३ | ३ | ३ | ३ | ३ |

पासे पंच च्छहिदा तिदयहिदा दोण्णि वड्ढमाणजिणे । सेसाण अद्धमाणा आदिमपीढस्स उदयाओ ॥ ७७०

५ | २
६ | ३

बिदियपीढाण उदओ दंडा—

२४ | २३ २२ | २१ | २० | १९ १८ | १७ १६ १५ | १४ १३ | १२ | ११ | १० ९ | ८ | ७ |
६ ६ | ६ ६ | ६ | ६ ६ | ६ ६ ६ | ६ | ६ | ६ | ६ | ६ | ६ | ६ | ६ |

६ | ५ ४ ३ | ५ २
६ | ६ ६ ६ | १२ ६

तदियपीढाणं उदयं दंडो—

२४ | २३ २२ २१ २० १९ १८ १७ | १६ १५ | १४ १३ १२ | ११ १० ९ | ८ | ७ |
६ | ६ ६ | ६ ६ | ६ ६ ६ | ६ ६ ६ | ६ | ६ | ६ ६ | ६ | ६ | ६ |

६ | ५ | ४ ३ | ५ २ |
६ | ६ | ६ | ६ १२ ६

पीढत्तयस्स कमसो सोवाणं चउदिसासु एक्केक्कं । अट्ठं चउ चउ माणं जिणजाणिददीहविस्थारा ॥ ७७१

पढमपीढाणं—

८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ८ ।
८ । ८ । ८ । ८ ।

भगवान् ऋषभ देवके समवसरणमे प्रथम पीठकी उंचाई तीनसे भाजित चौबीस धनुष-प्रमाण थी । फिर इसके आगे नेमिनाथपर्यन्त क्रमसे उत्तरोत्तर भाज्य राशिमेंसे एक अंक कम होता गया है ॥ ७६९ ॥

इसके आगे पार्श्वनाथ तीर्थंकरके समवसरणमें प्रथम पीठकी उंचाई छहसे भाजित पांच, और वर्धमान जिनके तीनसे भाजित दो धनुषप्रमाण थी । शेष दो पीठोंकी उंचाई प्रथम पीठकी उंचाईसे आधी थी ॥ ७७० ॥

द्वितीय पीठोंकी उंचाई—(मूलमें देखिये).

तृतीय पीठोंकी उंचाई—(मूलमें देखिये).

चारों दिशाओंमेंसे प्रत्येक दिशामें इन तीनों पीठोंकी सीढ़ियोंका प्रमाण क्रमसे आठ, चार और चार है । इन सीढ़ियोंकी लम्बाई और विस्तार जिन भगवान् ही जानते है, अर्थात् उसका उपदेश नष्ट हो गया है ॥ ७७१ ॥

प्रथम पीठोंकी सीढ़ियोंका प्रमाण—(मूलमें देखिये).

१ द उदयदंडा.

बिदियपीढाणं सोवाणं—

४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ ।
४ । ४ । ४ । ४ ।

[तदियपीढाणं सोवाणं—]

४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ ।
४ । ४ । ४ । ४ ।

पढमाणं बिदियाणं वित्थारं माणथंभपीढाणं । जाणेदि जिणिंदो त्ति य उच्छिण्णो अम्ह उवएसो ॥ ७७२

दंडा तिण्णि सहस्सा तियहरिदा तदियपीढवित्थारो । उसहजिणिंदे कमसो पणघणहीणा य जाव णेमिजिणं ॥ ७७३

३०००/३ | २८७५/३ | २७५०/३ | २६२५/३ | २५००/३ | २३७५/३ | २२५०/३ | २१२५/३ | २०००/३ | १८७५/३ |
१७५०/३ | १६२५/३ | १५००/३ | १३७५/३ | १२५०/३ | ११२५/३ | १०००/३ | ८७५/३ | ७५०/३ | ६२५/३ |
५००/३ | ३७५/३ |

पणवीसाधियछस्सयधणूणि पासम्मि छक्कभजिदाणि । दंडाणं पंचसदा छक्कहिदा वीरणाहम्मि ॥ ७७४

६२५/६ | ५००/६ |

पीढाण उवरि माणत्थंभा उसहम्मि ताण बहलत्तं । दुपणणवतिदुगदंडा अंककमे तिगुणअट्ठपविहत्ता ॥ ७७५

अडणउदिअधियणवसयऊणा कमसो य णेमिपरियंतं । पणकदी पंचूणा चउवीसहिदा य पासणाहम्मि ॥ ७७६

....

द्वितीय पीठोंकी सीढ़ियोंका प्रमाण—(मूलमें देखिये).

तृतीय पीठोंकी सीढ़ियोंका प्रमाण—(मूलमें देखिये).

प्रथम और द्वितीय मानस्तम्भ-पीठोंका विस्तार जिनेंद्र ही जानते हैं, हमारे लिए तो इसका उपदेश अब नष्ट हो चुका है ॥ ७७२ ॥

ऋषभ देवके समवसरणमें तृतीय पीठका विस्तार तीनसे भाजित तीन हजार धनुष-प्रमाण था। फिर इसके आगे नेमिजिनेन्द्रतक क्रमशः उत्तरोत्तर पांचका घन अर्थात् एकसौ पच्चीस भाज्य राशिमेंसे कम होते गये हैं ॥ ७७३ ॥

भगवान् पार्श्वनाथके समवसरणमें तृतीय पीठका विस्तार छहसे भाजित छहसौ पच्चीस धनुष और वीरनाथ भगवान्के छहसे भाजित पांचसौ धनुषप्रमाण था ॥ ७७४ ॥

पीठोंके ऊपर मानस्तम्भ होते हैं। उनका बाहल्य ऋषभ देवके समवसरणमें आठके तिगुणे अर्थात् चौबीससे प्रविभक्त, अंकक्रमसे दो, पांच, नौ, तीन और दो अर्थात् तेईस हजार नौसौ बावन (२३९५२) धनुषप्रमाण था। इसके आगे नेमिनाथ तीर्थंकरतक भाज्य राशिमेंसे क्रमसे उत्तरोत्तर नौसौ अट्ठानबै कम होते गये हैं। भगवान् पार्श्वनाथके समवसरणमें मानस्तम्भोंका बाहल्य चौबीससे भाजित पचासके वर्गमेंसे पांच कम अर्थात् दो हजार चारसौ पंचानबे बटे चौबीस धनुषप्रमाण था ॥ ७७५-७७६ ॥

....

१ द पुणवीसधिय°, ब पणवीसधिय°. २ द तालबहलत्तं.

उसहादिणेमिपरियंतं—

२३९५२/२४ | २२९५४/२४ | २१९५६/२४ | २०९५८/२४ | १९९६०/२४ | १८९६२/२४ | १७९६४/२४ | १६९६६/२४ |

१५९६८/२४ | १४९७०/२४ | १३९७२/२४ | १२९७४/२४ | १११७६/२४ | १०९७८/२४ | ९९८०/२४ | ८९८२/२४ |

७९८४/२४ | ६९८६/२४ | ५९८८/२४ | ४९९०/२४ | ३९९२/२४ | २९९४/२४ | २४९५/२४

पंचसया रूऊणा छक्कहिदा वड्ढमाणदेवम्मि । णियणियजिणउदयेहिं बारसगुणिदेहिं थंभउच्छेहो ॥ ७७७

४९९/६ । ६००० । ५४०० । ४८०० । ४२०० । ३६०० । ३००० । २४०० । १८०० ।

१२०० । १०८० । ९६० । ८४० । ७२० । ६०० । ५४० । ४८० । ४२० । ३६० ।

३०० । २४० । १८० । १२० । २७ । २१ ।

जोयणमधियं उदयं माणत्थंभाण उसहसामिम्मि । कमहीणं सेसेसुं एवं केई परूवेंति ॥ ७७८

पाठान्तरम् ।

२४/२४ २३/२४ २२/२४ | २१/२४ २०/२४ १९/२४ | १८/२४ १७/२४ | १६/२४ १५/२४ १४/२४ | १३/२४ | १२/२४ | ११/२४ |

१०/२४ ९/२४ ८/२४ ७/२४ | ६/२४ | ५/२४ | ४/२४ | ३/२४ | ५/४८ | ४/४८ [1]

थंभाण मूलभागा दुसहस्सपमाण वज्जदारड्ढा । मज्झिमभागा वट्टा एक्केक्कं फलिहणिम्मविया ॥ ७७९

२००० ।

उवरिमभागा उज्जलवेरुलियमया विभूसिया परदो । चामरघंटाकिंकिणिरयणावलिकेदुपहुदीहिं ॥ ७८०

ऋषभादिनेमिपर्यन्त– (मानस्तम्भोंका बाहल्य मूलमें देखिये).

वर्धमान तीर्थंकरके समवसरणमें मानस्तम्भोंका बाहल्य छहसे भाजित एक कम पांचसौ धनुषप्रमाण था । इन मानस्तम्भोंकी ऊंचाई अपने अपने तीर्थंकरके शरीरकी उंचाईसे बारहगुणी होती है ॥ ७७७ ॥

ऋषभनाथ स्वामीके समवसरणमें मानस्तम्भोंकी उंचाई एक योजनसे अधिक थी । शेष तीर्थंकरोंके मानस्तंभोंकी उंचाई क्रमसे हीन होती गई है, ऐसा कितने ही आचार्य निरूपण करते हैं ॥ ७७८ ॥ पाठान्तर ।

प्रत्येक मानस्तम्भके मूलभाग दो हजार (धनुष) प्रमाण वज्रद्वारोंसे युक्त और मध्यम भाग स्फटिक मणिसे निर्मित वृत्ताकार होते हैं ॥ ७७९ ॥

इन मानस्तम्भोंके उज्वल वैडूर्य मणिमय उपरिम भाग चारों ओर चमर, घंटा, किंकिणी, रत्नहार एवं ध्वजा इत्यादिकोंसे विभूषित रहते हैं ॥ ७८० ॥

---

१ ब ५/२४ । ४/४८ ।. २ द ब वज्जदारंदा. ३ द मज्झिमभावी.

ताणं चूले उवरिं अट्ठमहापाडिहेरजुत्ताओ । पडिदिसमेक्केक्काओ रम्माओ जिणिंदपडिमाओ ॥ ७८१

माणुल्लासयमिच्छा वि दूरदो दंसणेण थंभाणं । जं होंति गलिदमाणा माणत्थंभं[1] ति तं[2] भणिदं ॥ ७८२

सालत्तयबाहिरए पत्तेक्कं चउदिसासु होंति[3] दहा । वीहिं पडि पुव्वादिक्कमेण सव्वेसु समवसरणेसु ॥ ७८३

णंदुत्तरणंदाओ णंदिमई णंदिघोसणामाओ । पुव्वत्थंभे पुव्वादिएसु भागेसु चत्तारो ॥ ७८४

विजया य वइजयंता जयंतअवराजिदाइ णामेहिं । दक्खिणथंभे[4] पुव्वादिएसु भागेसु चत्तारो ॥ ७८५

अभिधाणे य असोगा सुप्पइजुद्धाउ[5] कुमुदपुंडरिया । पच्छिमथंभे पुव्वादिएसु भाएसु चत्तारो ॥ ७८६

हिदयमहाणंदाओ सुप्पइबुद्धा पहंकरा णामा । उत्तरथंभे पुव्वादिएसु भाएसु चत्तारो ॥ ७८७

एदे समचउरस्सा पवरदहा पउमपहुदिसंजुत्ता । टंकुक्किण्णा वेदियचउतोरणरयणमालरमणिज्जा ॥ ७८८

सव्वदहाणं मणिमयसोवाणा चउतडेसु पत्तेक्कं । जलकीडणजोग्गेहिं संपुण्णं दिव्वदव्वेहिं ॥ ७८९

इनके शिखरपर उपरिम भागमे प्रत्येक दिशामें, आठ महाप्रातिहार्योंसे युक्त रमणीय एक एक जिनेन्द्रप्रतिमाएं होती हैं ॥ ७८१ ॥

चूंकि दूरसे ही मानस्तम्भोके देखनेसे मानसे युक्त मिथ्यादृष्टि लोग अभिमानसे रहित हो जाते हैं, इसीलिये इनको 'मानस्तम्भ' कहा गया है ॥ ७८२ ॥

सब समवसरणोमें तीनों कोटोंके बाहिर चार दिशाओंमेसे प्रत्येक दिशामें क्रमसे पूर्वादिक बीथीके आश्रित द्रह (वापिकायें) होते है ॥ ७८३ ॥

पूर्व मानस्तम्भके पूर्वादिक भागोंमें क्रमसे नन्दोत्तरा, नन्दा, नन्दिमती और नन्दिघोषा नामक चार द्रह होते हैं ॥ ७८४ ॥

दक्षिण मानस्तम्भके आश्रित पूर्वादिक भागोंमें क्रमशः विजया, वैजयन्ता, जयन्ता और अपराजिता नामक चार द्रह होते है ॥ ७८५ ॥

पश्चिम स्तम्भके आश्रित पूर्वादिक भागोंमें क्रमसे अशोका, सुप्रतियुद्धा (सुप्रसिद्धा, या सुप्रबुद्धा) कुमुदा और पुण्डरीका नामक चार द्रह होते हैं ॥ ७८६ ॥

उत्तर मानस्तम्भके आश्रित पूर्वादिक भागोंमें क्रमसे हृदयानन्दा, महानन्दा, सुप्रतिबुद्धा और प्रभंकरा नामक चार द्रह होते हैं ॥ ७८७ ॥

ये उपर्युक्त उत्तम द्रह समचतुष्कोण, कमलादिकसे संयुक्त, टङ्कोत्कीर्ण, और वेदिका, चार तोरण एवं रत्नमालाओंसे रमणीय होते हैं ॥ ७८८ ॥

सब द्रहोंके चारों तटोंमेंसे प्रत्येक तटपर जलक्रीड़ाके योग्य दिव्य द्रव्योंसे परिपूर्ण मणिमयी सोपान होते हैं ॥ ७८९ ॥

१ द माणत्थंभं तित्थयं भणिदं. २ द ब गं. ३ द ब होदि. ४ द दक्खिणथंभा. ५ द ब सुप्पइजुंधाऊ.

भावणवेंतरजोइसकप्पंवासी य कोडणपयट्टा । णरकिण्णरमिहुणाण य कुंकुमपंकेण पिंजरिदा ॥ ७९०
एक्केक्ककमलसडे दोहो कुंडाणि णिम्मलजलाइं । सुरणरतिरिया तेसुं धुव्वंतो चरणरेणूवो ॥ ७९१

। माणत्थंभा समत्ता ।

वररयणकेदुतोरणघंटाजालादिएहिं जुत्ताओ । आदिमवेदी वि तहा सव्वेसु वि समवसरणेसु ॥ ७९२
गोउरदुवारवाउलपहुदी सव्वाण वेदियाणं तहा । अट्टुत्तरसयमंगलणवणिहिदव्वाइं पुव्वं व ॥ ७९३
णवरि विसेसो णियणियधूलीसालाण मूलरुंदेहिं । मूलोवरिभागेसुं समाणवासाओ वेदीओ ॥ ७९४

२४/१४४ | २३/१४४, २२/१४४ २१/१४४ २०/१४४ | १९/१४४ | १८/१४४ | १७/१४४ १६/१४४ १५/१४४ | १४/१४४ | १३/१४४

१२/१४४ | ११/१४४ | १०/१४४ | ९/१४४ ८/१४४ | ७/१४४ | ६/१४४ ५/१४४ ४/१४४ ३/१४४ ५/२८८ १/७२ |

। पढमवेदी समत्ता ।

खाइयखेत्ताणिं तदो हवंति वरसच्छसलिलपुण्णाणि ।
णियणियजिणउदएहिं चउभजिदेहिं सरिच्छगहिराणि ॥ ७९५

१२५ | २२५/२ | १०० | १७५/२ | ७५ | १२५/२ | ५० | ७५/२ | २५ | ४५/२ | २० | ३५/२ | १५ |

२५/२ | ४५/४ | १० | ३५/४ | १५/२ | २५/४ | ५ | १५/४ | ५/२ | हत्था | ९/४ | ७/४ |

इन द्रहोंमें भवनवासी, व्यन्तर, ज्योतिषी और कल्पवासी देव क्रीडामें प्रवृत्त होते है, तथा वे मनुष्य एवं किन्नरयुगलोंके कुंकुमपंकसे पीतवर्ण रहते हैं ॥ ७९० ॥

प्रत्येक कमलखंड अर्थात् द्रहके आश्रित निर्मल जलसे परिपूर्ण दो दो कुण्ड होते हैं, जिनमें देव, मनुष्य और तिर्यञ्च अपने पैरोंकी धूलिको धोया करते हैं ॥ ७९१ ॥

मानस्तम्भोंका वर्णन समाप्त हुआ।

सब समवसरणोंमें उत्तम रत्नमय ध्वजा, तोरण और घंटाओंके समूहादिकसे युक्त प्रथम वेदियां भी उसीप्रकार होती हैं ॥ ७९२ ॥

सब वेदियोंके गोपुरद्वार और पुत्तलिकाप्रभृति तथा एकसौ आठ मंगलद्रव्य एवं नौ निधियां पूर्वके ही समान होती हैं ॥ ७९३ ॥

विशेषता केवल यह है कि इन वेदियोंके मूल और उपरिम भागका विस्तार अपने अपने धूलिसालोंके मूलविस्तारके समान होता है ॥ ७९४ ॥

प्रथम वेदीका कथन समाप्त हुआ।

इसके आगे उत्तम एवं स्वच्छ जलसे परिपूर्ण और अपने जिनेन्द्रकी उंचाईके चतुर्थ भागप्रमाण गहरे खातिकाक्षेत्र होते हैं ॥ ७९५ ॥

१ द ब तदा. २ द वेदिआण. ३ द खादयमेत्ताणि. ४ द ब वरसत°.

फुल्लंतकुमुदकुवलयकमलवणामोदभवसुगंधीणि[1] । मणिमयसोवाणजुदाणि पक्खीहिं[2] हंसपहुदीहिं ॥ ७९६

णियणियपढमखिदीणं जेत्तियमेत्तं खु वासपरिमाणं । णियणियबिदियखिदीणं तेत्तियमेत्तं च पत्तेक्कं ॥ ७९७

२६४	२५३	२४२	२३१	२२०	२०९	१९८	१८७	१७६	१६५	१५४	१४३
५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६

१३२	१२१	११०	९९	८८	७७	६६	५५	४४	३३	५५	११
५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	२८८	७२

चेत्तप्पासादखिदिं केई णेच्छंति ताण[3] उवएसे । खाइयखिदीय जोयणमुसहे सेसेसु कमहीणं ॥ ७९८

पाठान्तरम् ।

धूलीसालाणं वित्थरेहिं सहियखाइयखेत्ताणं कमसो रुंदजोयणाणि—

२४	२३	२२	२१	२०	१९	१८	१७	१६	१५	१४	१३	१२
२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४

११	१०	९	८	७	६	५	४	३	५	४
२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	४८	४८

तद्धूलीसालाणं कमसो मूलवित्थारा[4]—

२४	२३	२२	२१	२०	१९	१८	१७	१६	१५	१४	१३
२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८

१२	११	१०	९	८	७	६	५	४	३	५	४
२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	५७६	५७६

सगसगधूलीसालाणं वित्थारेण विरहिदसगसगखाइयखेत्ताणं[5] वित्थारा—

२६४	२५३	२४२	२३१	२२०	२०९	१९८	१८७	१७६	१६५	१५४	१४३
२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८

ये खातिकायें फूले हुए कुमुद, कुवलय और कमलके वनोंके आमोदसे सुगन्धित तथा मणिमय सोपानों एवं हंसप्रभृति पक्षियोंसे सहित होती हैं ॥ ७९६ ॥

अपनी अपनी प्रथम पृथिवीके विस्तारका जितना प्रमाण होता है, उतना ही अपनी अपनी प्रत्येक द्वितीय पृथिवीका भी विस्तार हुआ करता है ॥ ७९७ ॥

कोई कोई आचार्य चैत्यप्रासादभूमिको स्वीकार नहीं करते हैं। उनके उपदेशानुसार भगवान् ऋषभ देवके समवसरणमें खातिकाभूमिका विस्तार एक योजनप्रमाण था और शेष तीर्थंकरोंके क्रमसे हीन था ॥ ७९८ ॥ पाठान्तर ।

धूलिसालके विस्तारके साथ खातिकाक्षेत्रका विस्तार क्रमसे इतने योजन रहता है (मूलमें देखिये).

क्रमसे धूलिसालका मूलविस्तार (मूलमें देखिये).

१ द भवणएसगंधीणि. २ द ब पक्खेहिं. ३ द माण. ४ द °वित्थारो. ५ द खाइयचेत्ताणं.

१३२	१२१	११०	९९	८८	७७	६६	५५	४४	३३	५५	४४
२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	५७६	५७६

। खादीभूमी समत्ता ।

बिदियाओ वेदीओ णियणियपढमिल्लवेदियाहिं समा । एसो णवरि विसेसो वित्थारा दुगुणपरिमाणं ॥ ७९९

वित्थारं दुगुणदुगुणं होदि—

२४	२३	२२	२१	२०	१९	१८	१७	१६	१५	१४	१३	१२	११	१०	९
७२	७२	७२	७२	७२	७२	७२	७२	७२	७२	७२	७२	७२	७२	७२	७२

८	७	६	५	४	३	५	१
७२	७२	७२	७२	७२	७२	१४४	३६

। बिदियवेदीपमाणं सम्मत्तं ।

पुण्णायणायकुज्जयसयवत्तइमुत्तपहुदिजुत्ताणि[1] । वल्लीखेत्ताणि तदो[2] कीडणगिरिगुरुवसोहाणि[3] ॥ ८००

मणिसोवाणमणोहरपोक्खरणीफुल्लकमलसंडाणि । ताणं रुंदो दुगुणो खाइयखेत्ताण रुंदादो ॥ ८०१

२६४	२५३	२४२	२३१	२२०	२०९	१९८	१८७	१७६	१६५	१५४	१४३
२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८

१३२	१२१	११०	९९	८८	७७	६६	५५	४४	३३	५५	४४
२८८	२८८	९८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	१४४	१४४

। तदियवल्लीभूमी सम्मत्ता ।

तत्तो बिदिया साला धूलीसालाणं[4] वण्णणेहिं समा । दुगुणो रुंदो[5] दारा रजदमया जक्खरक्खणा णवरि ॥८०२[6]

अपने अपने धूलिसालोंके विस्तारसे रहित अपने अपने खातिकाक्षेत्रोंका विस्तार (मूलमें देखिये).

खातिकाभूमिका वर्णन समाप्त हुआ ।

दूसरी वेदियां अपनी अपनी पूर्व वेदिकाओंके सदृश है । परन्तु विशेषता यह है कि इनका विस्तार दुगुणे प्रमाण है ॥ ७९९ ॥

विस्तार दूना दूना होता है (मूलमें देखिये).

द्वितीय वेदियोंका प्रमाण समाप्त हुआ ।

इसके आगे पुन्नाग, नाग, कुब्जक, शतपत्र एवं अतिमुक्त इत्यादिसे संयुक्त, क्रीड़ापर्वतोंसे अतिशय शोभायमान और मणिमय सोपानोंसे मनोहर वापिकाओंके विकसित कमलसमूहोंसे सहित वल्लीक्षेत्र होते हैं । इनका विस्तार खातिकाक्षेत्रोंके विस्तारसे दुगुणा रहता है ॥ ८००-८०१ ॥　　　　तृतीय वल्लीभूमि समाप्त हुई ।

इसके आगे दूसरा कोट है, जिसका वर्णन धूलिसालोंके समान ही है । परन्तु इतना विशेष है कि इसका विस्तार दुगुणा और द्वार रजतमय एवं यक्षजातिके देवोंद्वारा रक्षित हैं ॥८०२॥

द्वितीय कोटका वर्णन समाप्त हुआ ।

१ ब 'सयवत्तयमुत्त'. २ द ब तदा. ३ द 'गरूवसोहाणि. ४ द ब सालोण. ५ द मंदा. ६ एषा गाथा संदृष्टिश्च द पुस्तक एव.

२४/७२ | २३/७२ २२/७२ | २१/७२ | २०/७२ | १९/७२ | १८/७२ | १७/७२ | १६/७२ १५/७२ १४/७२ | १३/७२ १२/७२ ११/७२ | १०/७२ |

९/७२ | ८/७२ | ७/७२ | ६/७२ ५/७२ | ४/७२ | ३/७२ ५/१४४ १/३६ |

। बिदियसाला सम्मत्ता ।

तत्तो चउत्थउववणभूमीए असोयसत्तवण्णवणं । चंपयचूदवणाणं पुव्वादिदिसासु राजंति ॥ ८०३

विविहवणसंडमंडणविविहणईपुलिणकीडणगिरीहिं ।
विविहवरवाविआहिं उववणभूमीउ[1] रम्माओ ॥ ८०४

एक्केक्काए उववणखिदिए तरवो यसोयसत्तदला । चंपयचूदा सुंदरभूदा[2] चत्तारि चत्तारि ॥ ८०५

चामरपहुदिजुदाणं चेत्ततरूणं हवंति उच्छेहो[3] । णियणियजिणउदएहिं बारसगुणिदेहिं सारिच्छा ॥ ८०६

६००० । ५४०० । ४८०० । ४२०० । ३६०० । ३००० । २४०० । १८०० । १२०० ।
१०८० । ९६० । ८४० । ७२० । ६०० । ५४० । ४८० । ४२० । ३६० । ३०० । २४० ।
१८० । १२० । २७ । २१ ।

मणिमयजिणपडिमाओ अट्ठमहापाडिहेरसंजुत्ता[4] । एक्केक्कस्सिं चेत्तद्दुमम्मि चत्तारि चत्तारि ॥ ८०७

उववणवाविजलेणं सित्ता पेच्छंति एक्कभवजाइं । तस्स णिरिक्खणमेत्ते सत्तभवातीदभाविजादीओ ॥ ८०८

सालत्तयपरिअरियो[5] पीढत्तयउवरि माणथंभा य । चत्तारो चत्तारो एक्केक्के चेत्तरुक्खम्मि ॥ ८०९

इसके आगे चौथी उपवनभूमि होती है, जिसमें पूर्वादिक दिशाओंके क्रमसे अशोकवन, सप्तपर्णवन, चम्पकवन और आम्रवन, ये चार वन शोभायमान होते हैं ॥ ८०३ ॥

ये उपवनभूमियां विविध प्रकारके वनसमूहोंसे मण्डित, विविध नदियोंके पुलिन, और क्रीडापर्वतोंसे तथा अनेक प्रकारकी उत्तम वापिकाओंसे रमणीय होती हैं ॥ ८०४ ॥

एक एक उपवनभूमिमें अशोक, सप्तच्छद, चम्पक और आम्र, ये चार चार सुन्दर वृक्ष होते हैं ॥ ८०५ ॥

चामरादिसे सहित चैत्यवृक्षोंकी उंचाई बारहसे गुणित अपने अपने तीर्थंकरोंकी उंचाईके सदृश होती है ॥ ८०६ ॥

एक एक चैत्यवृक्षके आश्रित आठ महाप्रातिहार्योंसे संयुक्त चार चार मणिमय जिन-प्रतिमायें होती हैं ॥ ८०७ ॥

उपवनकी वापिकाओंके जलसे अभिषिक्त जनसमूह एक भवजातिको देखते हैं और उसके निरीक्षणमात्रके होनेपर अर्थात् वापीके जलमें निरीक्षण करनेपर सात अतीत व अनागत भवजातियोंको देखते हैं ॥ ८०८ ॥

एक एक चैत्यवृक्षके आश्रित तीन कोटोंसे वेष्टित व तीन पीठोंके ऊपर चार चार मानस्तम्भ होते हैं ॥ ८०९ ॥

१ ब उववणभूमी व. २ द पच्चयभूदा सुंदरभूया. ३ द ब उच्छेहो. ४ द ब संजुत्तो. ५ द सालसत्तयपरिहरिया.

सहिदा वरवावीहिं कमलुप्पलकुमुदपरिमलिल्लाहिं[1] । सुरणरमिहुणतणुग्गदकुंकुमपंकेहिं पिंजरजलाहिं ॥ ८१०

कत्थ वि हम्मा रम्मा कीडणसालाओ कत्थ वि वराओ । कत्थ वि णट्टयसाला णच्चंतसुरंगणाइण्णो[2] ॥ ८११

बहुभूमीभूसणया सव्वे वरविविहरयणणिम्मविदा । एदे पंतिकमेणं उववणभूमीसु सोहंति ॥ ८१२

ताणं हम्मादीणं सव्वेसुं[3] होंति समवसरणेसुं । णियणियजिण[4]उदएहिं बारसगुणिदेहिं समउदया ॥ ८१३

णियणियपढमखिदीणं जेत्तियमेत्तं हु रुंदपरिमाणं । णियणियवणभूमीणं तेत्तियमेत्तं हवे दुगुणं ॥ ८१४

२६४	२५३	२४२	२३१	२२०	२०९	१९८	१८७	१७६	१६५	१५४	१४३
२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८

१३२	१२१	११०	९९	८८	७७	६६	५५	४४	३३	५५	४४
२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	५७६	५७६

। [5]तुरिमवणभूमी सम्मत्ता ।

दोद्दोसुं पासेसुं सव्ववणप्पणिधिसव्ववीहीण । दोद्दो णट्टयसाला ताण पुढं आदिमट्टसालासु ॥ ८१५

भावणसुरकण्णाओ णच्चंते कप्पवासिकण्णाओ । अग्गिमअडसालासुं पुव्वा व सुवण्णणा[6] सव्वा ॥ ८१६

। णट्टयसाला सम्मत्ता ।

ये मानस्तम्भ कमल, उत्पल, और कुमुदोंकी सुगन्धिसे युक्त तथा देव एवं मनुष्य-युगलोंके शरीरसे निकली हुई केशरके पंकसे पीत जलवाली उत्तम वापियोंसे सहित होते हैं ॥८१०॥

वहां कहींपर रमणीय भवन, कहीं उत्तम क्रीड़नशाला, और कहीं नृत्य करती हुई देवांगनाओंसे आकीर्ण नाट्यशालायें होती हैं ॥ ८११ ॥

बहुत भूमियोंसे (खण्डोंसे) भूषित तथा उत्तम और नाना प्रकारके रत्नोंसे निर्मित ये सब भवन पंक्तिक्रमसे उपवनभूमियोंमें शोभायमान होते हैं ॥ ८१२ ॥

सब समवसरणोंमें इन हर्म्यादिकोंकी उंचाई बारहसे गुणित अपने अपने तीर्थंकरोंकी उंचाईके बराबर होती है ॥ ८१३ ॥

अपनी अपनी प्रथम पृथिवीके विस्तारका जितना प्रमाण होता है, उससे दूना अपनी अपनी उपवनभूमियोंके विस्तारका प्रमाण होता है ॥ ८१४ ॥

चतुर्थ वनभूमिका कथन समाप्त हुआ ।

सब वनोंके आश्रित सब वीथियोंके दोनों पार्श्वभागोंमें दो दो नाट्यशालायें होती हैं। इनमेंसे आदिकी आठ नाट्यशालाओंमें भवनवासिनी देवकन्यायें और इससे आगेकी आठ नाट्यशालाओंमे कल्पवासिनी कन्यायें नृत्य किया करती हैं। इन नाट्यशालाओंका सुन्दर वर्णन पूर्वके समान ही है ॥ ८१५-८१६ ॥

नाट्यशालाओंका कथन समाप्त हुआ ।

१ द परिमलुल्लाहिं. २ ब °सुरंगणाइगणा. ३ ब सव्वेसिं. ४ ब णियजिणजिण°. ५ द चरिमवण°. ६ द ब पुव्वासुरवण्णणा.

तदियाओ वेदीओ हवंति णियबिदियवेदियाहिं समा । णवरि विसेसो एसो जक्खिदा दाररक्खणया ॥ ८१७

। तदिया वेदी सम्मत्ता ।

तत्तो धयभूमीए दिव्वधया होंति ते च दसभेया । सीहगयवसहखगवइसिहिससिरविहंसपउमचक्का य ॥ ८१८

अट्ठुत्तरसयसहिए[1] एक्केक्का तं पि अट्ठअधियसया । खुल्लयधयसंजुत्ता पत्तेक्कं चउदिसेसु फुडं ॥ ८१९

सुण्णअडअट्ठणहसगचउक्कअंकक्कमेण मिलिदाणं । सव्वधयाणं संखा एक्केक्के समवसरणम्हि ॥ ८२०

४७०८८० ।

संलग्गा सयलधया कणयत्थंभेसु रयणखचिदेसुं । थंभुच्छेहो णियणियजिणाणं[2] उदएहिं बारसहदेहिं ॥ ८२१

६००० । ५४०० । ४८०० । ४२०० । ३६०० । ३००० । २४०० । १८०० । १२०० ।
१०८० । ९६० । ८४० । ७२० । ६०० । ५४० । ४८० । ४२० । ३६० । ३०० । २४० ।
१८० । १२० । २७ । २१ ।

उसहम्मि थंभरुंदं चउसट्ठीअधियदुसयपव्वाणि । तियभजिदाणिं कमसो एक्करसूणाणि णेमिपरियंतं ॥ ८२२

तीसरी वेदियां अपनी अपनी दूसरी वेदियोंके समान होती हैं। केवल विशेषता यह है कि यहांपर द्वाररक्षक यक्षेन्द्र हुआ करते हैं ॥ ८१७ ॥

तृतीय वेदी समाप्त हुई।

इसके आगे ध्वजभूमिमें दिव्य ध्वजायें होती हैं जो सिंह, गज, वृषभ, गरुड़, मयूर, चन्द्र, सूर्य, हंस, पद्म और चक्र, इन चिह्नोंसे चिह्नित दश प्रकारकी होती हैं ॥ ८१८ ॥

चारों दिशाओंमेंसे प्रत्येक दिशामें इन दश प्रकारकी ध्वजाओंमेंसे एक एक एकसौ आठ रहती हैं और इनमेंसे भी प्रत्येक ध्वजा अपनी एकसौ आठ क्षुद्रध्वजाओंसे संयुक्त होती हैं ॥ ८१९ ॥

शून्य, आठ, आठ, शून्य, सात, और चार, इन अंकोंके क्रमशः मिलानेपर जो संख्या उत्पन्न हो उतनी ध्वजायें एक एक समवसरणमें हुआ करती हैं ॥ ८२० ॥

महाध्वजा १० × १०८ × ४ = ४३२० । क्षुद्रध्वजा १० × १०८ × १०८ × ४ = ४६६५६० । समस्त ध्वजा ४३२० + ४६६५६० = ४७०८८० ।

समस्त ध्वजायें रत्नोंसे खचित सुवर्णमय स्तम्भोंमें संलग्न रहती हैं। इन स्तम्भोंकी उंचाई अपने अपने तीर्थंकरोंकी उंचाईसे बारहगुणी हुआ करती है ॥ ८२१ ॥

भगवान् ऋषभ देवके समवसरणमें इन स्तम्भोंका विस्तार तीनसे भाजित दोसौ चौंसठ अंगुल था। फिर इसके आगे नेमिनाथपर्यन्त क्रमशः भाज्य राशिमें ग्यारह कम होते गये हैं ॥ ८२२ ॥

---

१ ब अट्ठुत्तरसहिए. २ द 'जिणअट्ठ'.

पासम्मि थंभरुंदा पव्वा पणवण्ण छक्कपविहत्ता । चउदाल च्छक्कहिदा णिद्दिट्ठा वड्ढमाणम्मि ॥ ८२३

२६४	२५३	२४२	२३१	२२०	२०९	१९८	१८७	१७६	१६५	१५४	१४३
३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३

१३२	१२१	११०	९९	८८	७७	६६	५५	४४	३३	५५	४४
३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	६	६

धयदंडाणं अंतरमुसहजिणे छस्सयाणि चावाणि । चउवीसेहिं हिदाणिं पणकदिहीणाणि जाव णेमिजिणं ॥ ८२४

६००	५७५	५५०	५२५	५००	४७५	४५०	४२५	४००	३७५	३५०	३२५	३००
२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४

२७५	२५०	२२५	२००	१७५	१५०	१२५	१००	७५
२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४

पणुवीसअधियधणुसय अडदालहिदं च[1] पासणाहम्मि । वीरजिणे एक्कसयं तेत्तियमेत्तेहिं अवहरिदं ॥ ८२५

१२५	१००
४८	४८

णियणियवल्लिखिदीणं जेत्तियमेत्ता[2] हवंति वित्थारा । णियणियधयभूमीणं तेत्तियमेत्ता मुणेदव्वं ॥ ८२६

२६४	२५३	२४२	२३१	२२०	२०९	१९८	१८७	१७६	१६५	१५४	१४३
२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८

१३२	१२१	११०	९९	८८	७७	६६	५५	४४	३३	५५	४४
२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	५७६	५७६

। पंचमधयभूमी सम्मत्ता ।

भगवान् पार्श्वनाथके समवसरणमें इन स्तम्भोंका विस्तार छहसे विभक्त पचवन अंगुल और वर्धमान स्वामीके छहसे भाजित चवालीस अंगुलप्रमाण बतलाया गया है ॥ ८२३ ॥

ऋषभ जिनेन्द्रके समवसरणमें ध्वजदण्डोंका अन्तर चौबीससे भाजित छहसौ धनुष-प्रमाण था । फिर इसके आगे नेमिजिनेन्द्रतक भाज्य राशिमेंसे क्रमशः उत्तरोत्तर पांचका वर्ग अर्थात् पच्चीस पच्चीस कम होते गये हैं ॥ ८२४ ॥

पार्श्वनाथ तीर्थंकरके समवसरणमें इन ध्वजदण्डोंका अन्तर अड़तालीससे भाजित एकसौ पच्चीस धनुष और वीर जिनेन्द्रके समवसरणमें इतनेमात्र अर्थात् अड़तालीससे भाजित एकसौ धनुषप्रमाण था ॥ ८२५ ॥

अपनी अपनी लताभूमियोंका जितना विस्तार होता है उतना ही विस्तार अपनी अपनी ध्वजभूमियोंका भी समझना चाहिये ॥ ८२६ ॥

पंचम ध्वजभूमिका वर्णन समाप्त हुआ ।

१ द अडदालसहिदं च. २ द ब जेत्तियमेत्तो.

तदिया साला अज्जुणवण्णा णियधूलिसालसरिसमणा। णवरि य दुगुणो[1] वासो भावणया दाररक्खणया ॥ ८२७

२४	२३	२२	२१	२०	१९	१८	१७	१६	१५	१४	१३
२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८
१२	११	१०	९	८	७	६	५	४	३	५	१
२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	५७६	१४४

। तदियसाला समत्ता[2] ।

तत्तो छट्ठी भूमी दसविहकप्पदुमेहिं संपुण्णा । णियणियधयभूमीणं वाससमा कप्पतरुभूमी ॥ ८२८

२६४	२५३	२४२	२३१	२२०	२०९	१९८	१८७	१७६	१६५	१५४	१४३
२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८
१३२	१२१	११०	९९	८८	७७	६६	५५	४४	३३	५५	४४
२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	५७६	५७६

पाणंगतूरियंगा भूसणवत्थंगभोयणंगा य । आलयदीवियं[3]भायणमालातेयंगया तरओ ॥ ८२९

कत्थ वि वरवावीओ कमलुप्पलकुमुदपरिमालिल्लाओ । सुरणरमिहुणतणुग्गदकुंकुमपंकेहिं पिंजरिजलाओ ॥ ८३०

कत्थ त्रि हम्मा रम्मा कीडणसालाओ कत्थ वि वराओ ।

कत्थ वि पेक्खणसाला गिज्जंतजिणिंदजयचरिया ॥ ८३१

बहुभूमीभूसणया सव्वे वरविविहरयणणिम्मविदा । एदे पंतिकमेणं सोहंते कप्पभूमीसु ॥ ८३२

इसके आगे चांदीके समान वर्णवाला तीसरा कोट अपने धूलिसाल कोटके ही सदृश होता है। परन्तु यहां इतनी विशेषता है कि इस कोटका विस्तार दूना और द्वाररक्षक भवनवासी देव होते हैं ॥ ८२७ ॥

तीसरे कोटका वर्णन समाप्त हुआ ।

इसके आगे छठी कल्पभूमि है, जो दश प्रकारके कल्पवृक्षोंसे परिपूर्ण और अपनी अपनी ध्वजभूमियोंके विस्तारके सदृश विस्तारवाली होती है ॥ ८२८ ॥

इस भूमिमें पानांग, तूर्यांग, भूषणांग, वस्त्रांग, भोजनांग, आलयांग, दीपांग, भाजनांग, मालांग और तेजांग, ये दश प्रकारके कल्पवृक्ष होते हैं ॥ ८२९ ॥

उक्त भूमिमें कहींपर कमल, उत्पल और कुमुदोंकी सुगंधसे परिपूर्ण एवं देव और मनुष्य-युगलोंके शरीरसे निकले हुए केशरके कर्दमसे पीत जलवाली उत्तम वापिकायें, कहींपर रमणीय प्रासाद, कहींपर उत्तम क्रीड़नशालायें, और कहींपर जिनेन्द्र देवके विजयचरित्रके गीतोंसे युक्त प्रेक्षणशालायें होती हैं ॥ ८३०-८३१ ॥

ये सब हर्म्यादिक बहुत भूमियों (खण्डों) से भूषित और उत्तम विविध प्रकारके रत्नोंसे निर्मित होते हुए पंक्तिक्रमसे इन कल्पभूमियोंमें शोभायमान होते हैं ॥ ८३२ ॥

१ ब दुगुणा. २ ब सम्मत्ता. ३ द आलयवीरिय°.

चत्तारो चत्तारो पुव्वादिसु[1] महा णमेरुमंदारा । संताणपारिजादा सिद्धत्था[2] कप्पभूमीसुं ॥ ८३३

सव्वे सिद्धत्थतरू तिप्पायारा तिमेहलसिरत्था[3] । एक्केक्कस्स य तरुणो मूले चत्तारि चत्तारि ॥ ८३४

सिद्धाणं पडिमाओ विचित्तपीढाओ रयणमइयाओ । वंदणमेत्तणिवारियदुरंतसंसारभीदीओ ॥ ८३५

सालत्तयपरिवेढियतिपीढउवरम्मि माणथंभा य । चत्तारो चत्तारो सिद्धत्थतरुम्मि एक्केक्के ॥ ८३६

कप्पतरू सिद्धत्था कीडणसालाओ तासु पासादा[4] । णियणियजिणउदयेहिं बारसगुणिदेहिं समउदया ॥ ८३७

६००० । ५४०० । ४८०० । ४२०० । ३६०० । ३००० । २४०० । १८०० । १२०० । १०८० । ९६० । ८४० । ७२० । ६०० । ५४० । ४८० । ४२० । ३६० । ३०० । २४० । १८० । १२० । २७ । २१ ।

। छट्ठमतरुखेत्ताओ सम्मत्ता ।

कप्पतरुभूमिपणधिसु वीहिं पडि दिव्वरयणणिम्मविदा ।
चउ चउ णट्टयसाला णियचेत्ततरूहिं सरिसउच्छेहो ॥ ८३८

६००० । ५४०० । ४८०० । ४२०० । ३६०० । ३००० । २४०० । १८०० । १२०० । १०८० । ९६० । ८४० । ७२० । ६०० । ५४० । ४८० । ४२० । ३६० । ३०० । २४० । १८० । १२० । २७ । २१ ।

पणभूमिभूसिदाओ सव्वाओ दुतीसरंगभूमीओ । जोदिसियकण्णयाहिं पणच्चमाणाहिं रम्माओ ॥ ८३९

। णट्टयसाला समत्ता ।

कल्पभूमियोंके भीतर पूर्वादिक दिशाओंमें नमेरु, मंदार, संतानक और पारिजात, ये चार चार महान् सिद्धार्थ वृक्ष होते हैं ॥ ८३३ ॥

ये सब सिद्धार्थ वृक्ष तीन कोटोंसे युक्त और तीन मेखलाओंके ऊपर स्थित होते हैं । इनमेंसे प्रत्येक वृक्षके मूलभागमें विचित्र पीठोंसे संयुक्त और वंदना करनेमात्रसे ही दुरन्त संसारके भयको नष्ट करनेवाली ऐसी रत्नमय चार चार सिद्धोंकी प्रतिमायें होती हैं ॥ ८३४–८३५ ॥

एक एक सिद्धार्थ वृक्षके आश्रित, तीन कोटोंसे वेष्टित पीठत्रयके ऊपर चार चार मानस्तम्भ होते हैं ॥ ८३६ ॥

कल्पभूमियोंमें स्थित सिद्धार्थ कल्पवृक्ष, क्रीडनशालाएं और प्रासाद बारहसे गुणित अपने अपने जिनेन्द्रकी उंचाईके समान उंचाईवाले होते हैं ॥ ८३७ ॥

छठे तरुक्षेत्रोंका वर्णन समाप्त हुआ ।

कल्पतरुभूमिके पार्श्वभागोंमें प्रत्येक वीथीके आश्रित दिव्य रत्नोंसे निर्मित और अपने चैत्यवृक्षोंके सदृश उंचाईवाली चार चार नाट्यशालायें होती हैं ॥ ८३८ ॥

सब नाट्यशालायें पांच भूमियोंसे विभूषित, बत्तीस रंगभूमियोंसे सहित और नृत्य करती हुई ज्योतिषी कन्याओंसे रमणीय होती हैं ॥ ८३९ ॥

नाट्यशालाओंका वर्णन समाप्त हुआ ।

१ द पुव्वादिसुहाणं. २ द सिद्धंता. ३ द तिमेहलसरिच्छा. ४ द ब पासादा.

तत्तो चउत्थवेदी हुवेदि णियपढमवेदियासरिसा । णवरि विसेसो भावणदेवा दाराणि रक्खंति ॥ ८४०

। चतुर्थवेदी सम्मत्ता ।

त ो भवणखिदीओ भवणाइं तासु रयणरइदाओ । धुव्वंतधयवडाइं[1] वरतोरणतुंगदाराइं ॥ ८४१

सुरमिहुणगेयणच्चणतूररवेहिं जिणाभिसेएहिं । सोहंते तं भवणा एक्केक्के भवणभूमीसु ॥ ८४२

उववणपहुदिं सव्वं पुव्वं विय भवणपंतिविक्खंभा । णियपढमवेदिवासे गुणिदे एक्कारसेहिं सारिच्छा ॥ ८४३

२६४	२५३	२४२	२३१	२२०	२०९	१९८	१८७	१७६	१६५	१५४	१४३
५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६

१३२	१२१	११०	९९	८८	७७	६६	५५	४४	३३	५५	४४
५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	५७६	११५२	११५२

। सत्तमभवणावणी सम्मत्ता ।

भवणखिदिप्पणिधीसुं वीहिं पडि होंति णवणवा थूहा । जिणसिद्धप्पडिमाहिं अप्पडिमाहिं समाइण्णा ॥ ८४४

छत्तादिछत्तजुत्ता णच्चंतविचित्तधयवलालोला[2] । अडमंगलपरियरिया ते सव्वे दिव्वरयणमया ॥ ८४५

एक्केक्कस्सिं थूहे अंतरयं मयरतोरणाण सयं । उच्छेहो थूहाणं[3] णियचेत्तदुमाण उदयसमं ॥ ८४६

६००० । ५४०० । ४८०० । ४२०० । ३६०० । ३००० । २४०० । १८०० । १२०० । १०८० ।

इससे आगे अपनी प्रथम वेदीके सदृश चौथी वेदी होती है । विशेषता केवल इतनी है कि यहां भवनवासी देव द्वारोंकी रक्षा करते हैं ॥ ८४० ॥

चतुर्थ वेदीका वर्णन समाप्त हुआ ।

इससे आगे भवनभूमियां होती हैं; जिनमें रत्नोंसे रचित, फहराती हुई ध्वजा-पताकाओंसे सहित और उत्तम तोरणयुक्त उन्नत द्वारोंवाले भवन होते हैं ॥ ८४१ ॥

भवनभूमियोंपर स्थित वे एक एक भवन सुरयुगलोंके गीत, नृत्य एवं वाजेके शब्दोंसे तथा जिनाभिषेकोंसे शोभायमान होते हैं ॥ ८४२ ॥

यहां उपवनादिक सब पहिलेके ही समान होते हैं । उपर्युक्त भवनपंक्तियोंका विस्तार ग्यारहसे गुणित अपनी प्रथम वेदीके विस्तारके समान होता है ॥ ८४३ ॥

सातवीं भवनभूमिका वर्णन समाप्त हुआ ।

भवनभूमिके पार्श्वभागोंमें प्रत्येक वीथीके मध्यमें जिन और सिद्धोंकी अनुपम प्रतिमाओंसे व्याप्त नौ नौ स्तूप होते हैं ॥ ८४४ ॥

वे सब स्तूप छत्रके ऊपर छत्रसे संयुक्त, फहराती हुई ध्वजाओंके समूहसे चंचल, आठ मंगलद्रव्योंसे सहित, और दिव्य रत्नोंसे निर्मित होते हैं ॥ ८४५ ॥

एक एक स्तूपके बीचमें मकरके आकार सौ तोरण होते हैं । इन स्तूपोंकी उंचाई अपने चैत्यवृक्षोंकी उंचाईके समान होती है ॥ ८४६ ॥

---

१ द ब °धयवदाई. २ द धयवलालोवा. ३ द ब थूहाणि.

९६० । ८४० । ७२० । ६०० । ५४० । ४८० । ४२० । ३६० । ३०० । २४० । १८० । १२० ।
२७ । २१ ।

दीहत्तरुंदमाणं ताणं संपइ पणट्ठउवएसं[1] । भव्वा अभिसेयच्चणपदाहिणं तेसु कुव्वंति ॥ ८४७

। थूहा सम्मत्ता ।

तत्तो चउत्थसाला हवेइ आयासफलिहसंकासा । मरगयमणिमयगोउरदारचउक्केण रमणिज्जा ॥ ८४८

वररयणदंडमंडणभुवदंडा कप्पवासिणो देवा । जिणपादकमलभत्ता गोउरदाराणि रक्खंति ॥ ८४९

सालाणं विक्खंभो कोसं चउवीस वसहणाहम्मि । अडसीदिदुसयभजिदा एक्कूणा जाव णेमिजिणं ॥ ८५०

२४	२३	२२	२१	२०	१९	१८	१७	१६	१५	१४	१३
२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८
१२	११	१०	९	८	७	६	५	४	३		
२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८		

पणवीसाधियछस्सयदंडा छत्तीसगंविभत्ता य[2] । पासम्मि वड्ढमाणे णवहिदपणुवीसअधियसयं ॥ ८५१

६२५[3] । १२५
३६ । ९

। तुरिमसाला समत्ता ।

अह सिरिमंडवभूमी अट्ठमया अणुवमा[4] मणोहरया । वररयणथंभधरिया मुत्ताजालाइकयसोहा[5] ॥ ८५२

इन स्तूपोंकी लम्बाई और विस्तारके प्रमाणका उपदेश इस समय नष्ट होचुका है। भव्य जीव इन स्तूपोंका अभिषेक, पूजन और प्रदक्षिणा करते है ॥ ८४७ ॥

स्तूपोंका कथन समाप्त हुआ।

इसके आगे आकाश-स्फटिकके (ओला या मणि-विशेषके) सदृश और मरकत मणिमय चार गोपुरद्वारोंसे रमणीय ऐसा चतुर्थ कोट होता है ॥ ८४८ ॥

जिनके भुजदण्ड उत्तम रत्नमय दण्डोंसे मण्डित है और जो जिन भगवान्के चरण-कमलोंकी भक्तिसे सहित है ऐसे कल्पवासी देव यहां गोपुरद्वारोंकी रक्षा करते हैं ॥ ८४९ ॥

वृषभनाथ भगवान्के समवसरणमें कोटका विस्तार दोसौ अटासीसे भाजित चौबीस कोस-प्रमाण था। इसके आगे भगवान् नेमिनाथपर्यन्त क्रमशः एक कम होता गया है ॥ ८५० ॥

भगवान् पार्श्वनाथके समवसरणमें कोटका विस्तार बत्तीससे विभक्त छहसौ पच्चीस धनुष और वर्धमान स्वामीके नौसे भाजित एकसौ पच्चीस धनुषप्रमाण था ॥ ८५१ ॥

चतुर्थ कोटका वर्णन समाप्त हुआ।

इसके पश्चात् अनुपम, मनोहर, उत्तम रत्नोंके स्तम्भोंपर स्थित और मुक्ताजालादिसे शोभायमान आठवीं श्रीमण्डपभूमि होती है ॥ ८५२ ॥

१ द भव्वाओ. २ ब बत्तीस. ३ द ब ६२५/३२ । ४ द मणुवमा, ब मणुवमाणमणो. ५ द ब जालाओ कमसोहा.

णिम्मलपडिहविणिम्मियसोलसभित्तीण अंतरे कोट्ठा । बारस ताणं उदओ णियजिणउदएहिं बारसहदेहिं ॥ ८५३

६००० । ५४०० । ४८०० । ४२०० । ३६०० । ३००० । २४०० । १८०० । १२०० ।
१०८० । ९६० । ८४० । ७२० । ६०० । ५४० । ४८० । ४२० । ३६० । ३०० । २४० ।
१८० । १२० । २७ । २१ ।

वीसाहियकोससयं रुंदं कोट्ठाण उसहणाहम्मि । बारसवग्गेण हिदं पणहीणं जाव णेमिजिणं ॥ ८५४

१२० ११५ | ११० १०५ | १०० ९५ ९० ८५ ८० ७५ | ७० ६५ |
१४४ १४४ | १४४ १४४ | १४४ १४४ १४४ १४४ १४४ १४४ | १४४ १४४ |

६० ५५ ५० | ४५ ४० | ३५ ३० २५ | २० | १५
१४४ १४४ १४४ | १४४ १४४ | १४४ १४४ १४४ | १४४ | १४४ |

पासजिणे पणवीसा अडसीदीअधियदुसयपविहत्ता । वीरजिणिंदे दंडा पंचघणा दसहदा य णवभजिदा ॥ ८५५

२५ | १२५० |
२८८ ९

। सिरिमंडवा समत्ता ।

चेट्ठंति रिसिगणाइं[1] कोट्ठाणब्भंतरेसु पुव्वादी । पुह पुह पदाहिणेणं गणाण साहेमि विण्णासा ॥ ८५६

अक्खीणमहाणसिया सप्पीखीरामियासवरसाओ[2] । गणहरदेवप्पमुहा[3] कोट्ठे पढमम्मि चेट्ठंति ॥ ८५७

बिदियम्मि फलिहभित्तीअंतरिदे कप्पवासिदेवीओ । तदियम्मि अज्जियाओ सावइयाओ विणीदाओ[4] ॥ ८५८

निर्मल स्फटिकमणिसे निर्मित सोलह दीवालोंके बीचमें बारह कोठे होते हैं । इन कोठोंकी उंचाई अपने अपने जिनेन्द्रकी उंचाईसे बारहगुणी होती है ॥ ८५३ ॥

ऋषभनाथ तीर्थंकरके समवसरणमें कोठोंका विस्तार बारहके वर्ग अर्थात् एकसौ चवालीससे भाजित एकसौ बीस कोसप्रमाण था । इसके आगे नेमिनाथ तीर्थंकरतक क्रमशः उत्तरोत्तर पांच पांच कम होते गये है ॥ ८५४ ॥

पार्श्वनाथ तीर्थंकरके समवसरणमें इन कोठोंका विस्तार दोसौ अठासीसे भाजित पच्चीस कोस और महावीर स्वामीके पांचके घनको दशसे गुणा करके नौका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतने धनुषप्रमाण था ॥ ८५५ ॥

श्रीमण्डपोंका वर्णन समाप्त हुआ ।

इन कोठोंके भीतर पूर्वादि प्रदक्षिणक्रमसे पृथक् पृथक् ऋषि आदि बारह गण बैठते हैं । इन गणोंके विन्यासका आगे कथन करता हूं ॥ ८५६ ॥

इन बारह कोठोंमेंसे प्रथम कोठेमें अक्षीणमहानसिक ऋद्धि तथा सर्पिरास्रव, क्षीरास्रव व अमृतास्रवरूप रसऋद्धियोंके धारक गणधर देवप्रमुख बैठा करते हैं ॥ ८५७ ॥

स्फटिकमणिमयी दीवालोंसे व्यवहित दूसरे कोठेमें कल्पवासिनी देवियां और तीसरे कोठेमें अतिशय नम्र आर्यिकायें तथा श्राविकायें बैठा करती हैं ॥ ८५८ ॥

१ द हिरगणाइं, ब रिहिगणाइं. २ द ब °मियामिवीरसओ. ३ द मणहरदेव°. ४ द सावइयाओ वि विणिदाओ.

तुरिमे जोदिसियाणं देवीओ परमभत्तिमंतीओ । पंचमए विणिदाओ वितरदेवाण देवीओ ॥ ८५९

छट्ठम्मि जिणवरच्चणकुसलाओ भवणवासिदेवीओ । सत्तमए जिणभत्ता दसभेदा भावणा देवा ॥ ८६०

अट्ठमए अट्ठविहा वेंतरदेवा य किण्णरप्पहुदी । णवमे ससिरविपहुदी जोइसिया जिणणिविट्ठमणा ॥ ८६१

सोहम्मादी अच्चुदकप्पंता देवराइणो दसमे । एक्करसे चक्कहरा मंडलिया पत्थिवा मणुवा ॥ ८६२

बारसमम्मि य तिरिया करिकेसरिवग्घहरिणपहुदीओ[१] । मोत्तूण पुव्ववेरं सत्तू वि सुमित्तभावजुदा ॥ ८६३

। गणविण्णासा समत्ता ।

अह पंचमवेदीओ णिम्मलफलिहोवलेहि रइदाओ । णियणियचउत्थसालासरिच्छउच्छेहपहुदीओ ॥ ८६४

२४	२३	२२	२१	२०	१९	१८	१७	१६	१५	१४	१३
२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८
१२	११	१०	९	८	७	६	५	४	३	५	४
२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	२८८	५७६	५७६

। पंचमवेदी समत्ता ।

तत्तो पढमे पीढा वेरुलियमणीहि णिम्मिदा ताणं । णियमणथंभादिमहीउच्छेहा हवंति उच्छेहा[२] ॥ ८६५

२४	२३	२२	२१	२०	१९	१८	१७	१६	१५	१४	१३	१२	११	१०	९	८
३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३

७	६	५	४	३	५	४
३	३	३	३	३	६	६

चतुर्थ कोठेमें परम भक्तिसे संयुक्त ज्योतिषी देवोंकी देवियां और पांचवें कोठेमें व्यन्तर देवोंकी विनीत देवियां बैठा करती हैं ॥ ८५९ ॥

छठे कोठेमें जिनेन्द्रदेवके अर्चनमें कुशल भवनवासिनी देवियां और सातवें कोठेमें जिन-भक्त दश प्रकारके भवनवासी देव बैठते हैं ॥ ८६० ॥

आठवें कोठेमें किन्नरादिक आठ प्रकारके व्यन्तर देव और नवम कोठेमें जिनदेवमें मनको निविष्ट करनेवाले चन्द्र-सूर्यादिक ज्योतिषी देव बैठते हैं ॥ ८६१ ॥

दशवें कोठेमें सौधर्म स्वर्गसे आदि लेकर अच्युत स्वर्गतकके देव और उनके इन्द्र तथा ग्यारहवें कोठेमें चक्रवर्ती, माण्डलिक राजा एवं अन्य मनुष्य बैठते हैं ॥ ८६२ ॥

बारहवें कोठेमें हाथी, सिंह, व्याघ्र और हरिणादिक तिर्यंच जीव बैठते हैं । इनमें पूर्व वैरको छोड़कर शत्रु भी उत्तम मित्रभावसे युक्त होते हैं ॥ ८६३ ॥

गणोंकी रचना समाप्त हुई ।

इसके अनन्तर निर्मल स्फटिक पाषाणोंसे विरचित और अपने अपने चतुर्थ कोटके सदृश विस्तारादिसे सहित पांचवीं वेदियां होती हैं ॥ ८६४ ॥

पांचवीं वेदीका वर्णन समाप्त हुआ ।

इसके आगे वैडूर्यमणियोंसे निर्मित प्रथम पीठ हैं । इन पीठोंकी उंचाई अपनी अपनी मानस्तम्भादिपृथिवीकी उंचाईके सदृश है ॥ ८६५ ॥

१ द बग्घहरिणि°. २ द ब महीदुच्छेहो हवंति दुच्छेहो.

पत्तेक्कं कोट्ठाणं पणधीसुं तह य सयलवीहीणं[1] । होंति हु सोलस सोलस सोवाणा पढमपीढेसुं ॥ ८६६

रुंदेण पढमपीढा कोसा चउवीस बारसेहिं हिदा[2] । उसहजिणिंदे कमसो एक्कोणा जाव णेमिजिणं ॥ ८६७

२४	२३	२२	२१	२०	१९	१८	१७	१६	१५	१४	१३	१२	११
१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२

१०	९	८	७	६	५	४	३
१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२

पणपरिमाणा कोसा चउवीसहिदा य पासणाहम्मि । एक्को चिय छक्काहिदे देवे सिरिवड्ढमाणम्मि ॥ ८६८

५	१
२४	६

पीढाणं परिहीओ णियणियवित्थारतिउणियपमाणा । वररयणणिम्मियाओ अणुवमरमणिज्जसोहाओ ॥ ८६९

२४	२३	२२	२१	२०	१९	१८	१७	१६	१५	१४	१३	१२	११	१०	९
४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४

८	७	६	५	४	३	५	४
४	४	४	४	४	४	८	८

वलयोवमपीढेसुं विविहच्चणदव्वमंगलजुदेसुं । सिरधरिदधम्मचक्का चेट्ठंते चउदिसासु जक्खिंदा ॥ ८७०

चावाणि छस्सहस्सा अट्ठहिदा पीढमेहलारुंदं । उसहजिणे पण्णाधियदोसयऊणाणि जाव णेमिजिणं ॥ ८७१

६०००	५७५०	५५००	५२५०	५०००	४७५०	४५००	४२५०	४०००	३७५०
८	८	८	८	८	८	८	८	८	८

३५००	३२५०	३०००	२७५०	२५००	२२५०	२०००	१७५०	१५००	१२५०
८	८	८	८	८	८	८	८	८	८

१०००	७५०
८	८

प्रथम पीठोंके ऊपर उपर्युक्त बारह कोठोंमेंसे प्रत्येक कोठोंके प्रवेशद्वारोंमें और समस्त (चार) वीथियोंके सन्मुख सोलह सोलह सोपान होते हैं ॥ ८६६ ॥

ऋषभदेवके समवसरणमें प्रथम पीठका विस्तार बारहसे भाजित चौबीस कोस था। फिर इसके आगे नेमि जिनेन्द्रतक क्रमशः एक एक अंश कम होता गया है ॥ ८६७ ॥

पार्श्वनाथ तीर्थंकरके समवसरणमें प्रथम वेदीका विस्तार चौबीससे भाजित पांच कोस, और श्रीवर्धमान भगवान्के छहसे भाजित एक कोसप्रमाण था ॥ ८६८ ॥

पीठोंकी परिधियोंका प्रमाण अपने अपने विस्तारसे तिगुणा होता है। ये पीठिकायें उत्तम रत्नोंसे निर्मित और अनुपम रमणीय शोभासे संपन्न होती हैं ॥ ८६९ ॥

चूडीके सदृश अर्थात् गोल और नाना प्रकारकी पूजाद्रव्य एवं मंगलद्रव्योंसे सहित इन पीठोंपर चारों दिशाओंमें सिरपर धर्मचक्रको रखे हुए यक्षेन्द्र स्थित रहते हैं ॥ ८७० ॥

ऋषभ जिनेन्द्रके समवसरणमें पीठकी मेखलाका विस्तार आठसे भाजित छह हजार धनुषप्रमाण था। पुनः इसके आगे नेमिनाथ तीर्थंकरतक क्रमशः उत्तरोत्तर दोसौ पचास अंश कम होते गये हैं ॥ ८७१ ॥

-----

१ द पणवीसुच्चयसयवीहीण, ब पणधीसुच्चयसयलवीहीणं. २ द ब हदा.

पणवीसाहियछस्सयं[1] अट्ठविहत्तं च पासणाहम्मि । एक्कसयं पणवीसब्भहियं वीरम्मि दोहि हिदं ॥ ८७२

६२५	१२५
८	२

आरुहिदूणं तेसुं गणहर[2]देवादिबारसगणा ते । कादूणं वि प्पदाहिणं[3]मच्चंति संमुहं[4] णाहं ॥ ८७३

थोदूण थुदिसएहिं असंखगुणसेढिकम्मणिज्जरणं । कादूण पसण्णमणा णियणियकोट्ठेसु पविसंति ॥ ८७४

। पढमपीढा सम्मत्ता ।

पढमोवरिम्मि बिदिया पीढा चेट्ठंति ताण उच्छेहो । चउदंडा आदिजिणे छब्भागोणा[5] य जाव णेमिजिणं ॥ ८७५

२४	२३	२२	२१	२०	१९	१८	१७	१६	१५	१४	१३	१२	११	१०	९	८	७
६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६

६	५	४	३
६	६	६	६

पासजिणे पणदंडा बारसभजिदा य वीरणाहम्मि । एक्को च्चिय तियभजिदा णाणावररयणणिलयइला[6] ॥ ८७६

५	१
१२	३

चावाणि छस्सहस्सा अट्ठहिदा ताण मेहलारुंदा । उसहजिणे पण्णाहियदोसयऊणा य णेमिपेरंतं ॥ ८७७

भगवान् पार्श्वनाथके समवसरणमें पीठकी मेखलाका विस्तार आठसे भाजित छहसौ पच्चीस धनुष, और वीर भगवान्के दोसे भाजित एकसौ पच्चीस धनुषप्रमाण था ॥ ८७२ ॥

वे गणधरदेवादिक बारह गण उन पीठोंपर चढ़कर और प्रदक्षिणा देकर जिनेन्द्रदेवके सम्मुख होते हुए पूजा करते हैं ॥ ८७३ ॥

पश्चात् सैकड़ों स्तुतियोंद्वारा कीर्तन करके व असंख्यात गुणश्रेणीरूप कर्मोंकी निर्ज्जरा करके प्रसन्नचित्त होते हुए अपने अपने कोठोंमें प्रवेश करते हैं ॥ ८७४ ॥

प्रथम पीठोंका वर्णन समाप्त हुआ ।

प्रथम पीठोंके ऊपर दूसरे पीठ होते हैं । भगवान् ऋषभदेवके समवसरणमें प्रथम पीठकी उंचाई चार धनुष थी । फिर इसके आगे उत्तरोत्तर क्रमशः नेमि जिनेन्द्रतक एक छठवां भाग कम होता गया है ॥ ८७५ ॥

पार्श्वनाथ तीर्थंकरके समवसरणमें प्रथम पीठका विस्तार बारहसे भाजित पांच धनुष, और वीरनाथके तीनसे भाजित एक धनुषमात्र था । ये द्वितीय पीठिकायें नाना प्रकारके उत्तम रत्नोंसे खचित भूमियुक्त होती हैं ॥ ८७६ ॥

ऋषभनाथ तीर्थंकरके समवसरणमें उन द्वितीय पीठोंकी मेखलाओंका विस्तार आठसे भाजित छह हजार धनुष था । फिर इसके आगे नेमिनाथपर्यन्त क्रमशः उत्तरोत्तर दोसौ पचास भाग कम होता गया है ॥ ८७७ ॥

---

१ द पणवीससहियछस्सय. २ द ब गणगणदेवादि°. ३ द विप्पणदाहीण°. ४ द मुहंमुहे. ५ द छभागो जाव. ६ ब णिलइयला.

६०००	५७५०	५५००	५२५०	५०००	४७५०	४५००	४२५०	४०००	३७५०
८	८	८	८	८	८	८	८	८	८
३५००	३२५०	३०००	२७५०	२५००	२२५०	२०००	१७५०	१५००	१२५०
८	८	८	८	८	८	८	८	८	८
१०००	७५०								
८	८								

पणवीसाधियछस्सय अट्ठविभत्तं च पाससामिस्स । एक्कसयं पणवीसब्भहियं वीरम्मि दोहि हिदं[1] ॥ ८७८

६२५	१२५
८	२

ताणं कणयमयाणं पीढाणं पंचवण्णरयणमया । समपट्टा सोवाणा चेट्ठंते चउदिसासु अट्ठट्ठं ॥ ८७९

केसरिवसहसरोरुहचक्कं वरदामगरुडहत्थिधया । मणिथंभलंबमाणा राजंते बिदियपीढेसुं ॥ ८८०

धूवघडा णवणिहिणो अच्चणदव्वाइं मंगलाणिं[2] पि । चेट्ठंति बिदियपीढे को सक्कइ ताण वण्णेदुं ॥ ८८१

वीसाहियसयकोसा उसहजिणे बिदियपीढवित्थारा । पंचूणा छण्णउदीभजिदा कमसो य णेमिपरियंतं ॥ ८८२

१२०	११५	११०	१०५	१००	९५	९०	८५	८०	७५	७०	६५	६०
९६	९६	९६	९६	९६	९६	९६	९६	९६	९६	९६	९६	९६
५५	५०	४५	४०	३५	३०	२५	२०	१५				
९६	९६	९६	९६	९६	९६	९६	९६	९६				

पासजिणे पणुवीसं अट्ठोणंदोसएहिं अवहरिदा । पंच च्चिय वीरजिणे पविहत्ता अट्ठतालेहिं ॥ ८८३

२५	५
१९२	४८

। बिदियपीढा समत्ता ।

पार्श्वनाथ स्वामीके समवसरणमें द्वितीय पीठकी मेखलाका विस्तार आठसे भाजित छहसौ पच्चीस धनुष, और वीरनाथ भगवान्‌के दोसे भाजित एकसौ पच्चीस धनुषप्रमाण था ॥ ८७८ ॥

उन सुवर्णमय पीठोंके ऊपर चढ़नेकेलिये चारों दिशाओंमें पांच वर्णके रत्नोंसे निर्मित समपृष्ठ सोपान होते हैं ॥ ८७९ ॥

द्वितीय पीठोंके ऊपर मणिमय स्तम्भोंपर लटकती हुई सिंह, बैल, कमल, चक्र, उत्तम माला, गरुड़ और हाथी, इनके चिह्नोंसे युक्त ध्वजायें शोभायमान होती हैं ॥ ८८० ॥

द्वितीय पीठपर जो धूपघट, नव निधियां, पूजनद्रव्य और मंगलद्रव्य स्थित रहते हैं, उनका वर्णन करनेके लिये कौन समर्थ है ? ॥ ८८१ ॥

ऋषभनाथ तीर्थंकरके समवसरणमें द्वितीय पीठका विस्तार छ्यानबैसे भाजित एकसौ बीस कोसप्रमाण था । पश्चात् इसके आगे नेमिनाथपर्यन्त क्रमसे पांच पांच भाग कम होते गये हैं ॥ ८८२ ॥

पार्श्वनाथ तीर्थंकरके समवसरणमें द्वितीय पीठका विस्तार आठ कम दोसौसे भाजित पच्चीस कोस और वीर जिनेन्द्रके अड़तालीससे भाजित पांच कोसमात्र था ॥ ८८३ ॥

द्वितीय पीठोंका वर्णन समाप्त हुआ ।

१ द हिदो. २ द ब मंगलाणं.

ताणोवरि तदियाइं पीढाइं विविहरयणरइदाइं । णियणियदुइज्जपीदुच्छेधसमो ताण उच्छेधो ॥ ८८४

२४ | २३ | २२ | २१ २० | १९ | १८ १७ | १६ | १५ | १४ | १३ १२ | ११ | १० | ९ | ८ ७ |
६ | ६ | ६ | ६ ६ | ६ | ६ ६ | ६ | ६ | ६ | ६ ६ | ६ | ६ | ६ | ६ ६ |

६ | ५ | ४ | ३ | ५ १ |
६ | ६ | ६ | ६ | १२ ३

णियआदिमपीढाणं वित्थारचउत्थभागसारिच्छा । एदाणं वित्थारा तिउणकदे तत्थ समधिए परिधी ॥ ८८५

२४ | २३ २२ | २१ २० | १९ | १८ | १७ | १६ | १५ | १४ | १३ | १२
४८ ४८ ४८ | ४८ ४८ | ४८ | ४८ | ४८ ४८ | ४८ ४८ | ४८ | ४८

११ १० | ९ | ८ ७ | ६ | ५ ४ ३ | ५ ४
४८ | ४८ ४८ | ४८ ४८ ४८ ४८ | ४८ ४८ १६ | १६

ताणं दिणयरमंडलसमवट्टाणं हवंति अट्टट्टं । सोवाणा रयणमया चउसु दिसासुं सुहप्पासा ॥ ८८६

। तदियपीढा सम्मत्ता ।

एक्केक्का गंधउडी होदि तदो तदियपीढउवरिम्मि । चामरकिंकिणिवंदणमालाहारादिरमणिज्जा ॥ ८८७

गोसीसमलयचंदणकालागरुपहुदिधूवगंधड्ढा । पजलंतरयणदीवा णच्चंतविचित्तधयपंती ॥ ८८८

तीए रुंदायामा छस्सयदंडाणि उसहणाहम्मि । पणकदिपरिहीणाणिं कमसो सिरिणेमिपरियंतं ॥ ८८९

६०० । ५७५ । ५५० । ५२५ । ५०० । ४७५ । ४५० । ४२५ । ४०० । ३७५ । ३५० । ३२५ ।
३०० । २७५ । २५० । २२५ । २०० । १७५ । १५० । १२५ । १०० । ७५ ।

द्वितीय पीठोंके ऊपर विविध प्रकारके रत्नोंसे रचित तीसरी पीठिकायें होती हैं । इन तीसरी पीठिकाओंकी उंचाई अपनी अपनी दूसरी पीठिकाओंकी उंचाईके समान होती है ॥ ८८४ ॥

इनका विस्तार अपनी प्रथम पीठिकाओंके विस्तारके चतुर्थ भागप्रमाण होता है, और तिगुणे विस्तारसे कुछ अधिक इनकी परिधि होती है ॥ ८८५ ॥

सूर्यमण्डलके समान गोल उन पीठोंके चारों ओर रत्नमय और सुखकर स्पर्शवाली आठ आठ सीढ़ियां होती हैं ॥ ८८६ ॥

तृतीय पीठिकाओंका वर्णन समाप्त हुआ ।

इसके आगे इन तीसरी पीठिकाओंके ऊपर एक एक गंधकुटी होती है । यह गंधकुटी चमर, किंकिणी, वन्दनमाला और हारादिकसे रमणीय, गोशीर, मलयचन्दन और कालागरु इत्यादिक धूपोंके गंधसे व्याप्त, प्रज्वलित रत्नोंके दीपकोंसे सहित, तथा नाचती हुई विचित्र ध्वजाओंकी पंक्तियोंसे संयुक्त होती है ॥ ८८७-८८८ ॥

उस गन्धकुटीकी चौड़ाई और लम्बाई भगवान् ऋषभनाथके समवसरणमें छहसौ धनुषप्रमाण थी । फिर इसके पश्चात् श्रीनेमिनाथपर्यन्त क्रमसे उत्तरोत्तर पांचका वर्ग अर्थात् पच्चीस पच्चीस धनुष कम होती गयी है ॥ ८८९ ॥

१ द 'पीदच्छेद'. २ द ब उच्छेधो. ३ ब तउणकदे. ४ द ब सुहप्पासं. ५ द ब गंधउदी. ६ ब गोसीर°.

पणवीसब्भहियसयं दोहि विहत्तं च पासणाहम्मि । विगुणियपणवीसाइं तित्थयरे वड्ढमाणम्मि ॥ ८९०

१२५/२ | ५० |

उदए गंधउडीए दंडाणं णवसयाणि उसहजिणे । कमसो णेमिजिणंतं चउवीसविभत्तपभवहीणाणि ॥ ८९१

९०० | १७२५/२ | १६५०/२ | १५७५/२ | १५००/२ | १४२५/२ | १३५०/२ | १२७५/२ | १२००/२ | ११२५/२ |

१०५०/२ | ९७५/२ | ९००/२ | ८२५/२ | ७५०/२ | ६७५/२ | ६००/२ | ५२५/२ | ४५०/२ | ३७५/२ | ३००/२ | २२५/२ |

पणुहत्तरिजुदतिसया पासजिणिंदम्मि चउविहत्ता य । पणुवीसोणं[1] च सयं जिणपवरे वीरणाहम्मि ॥ ८९२

३७५/४ | ७५ |

सिंहासणाणि मज्झे गंधउडीणं[2] सपादपीढाणि । वरफलिहणिम्मिदाणिं[3] घंटाजालादिरम्माणि ॥ ८९३

रयणखचिदाणि ताणिं जिणिंदउच्छेहजोग्गउदयाणिं । इत्थं तित्थयराणं कहिदाइं समवसरणाइं ॥ ८९४

। समवसरणा समत्ता[4] ।

चउरंगुलंतराले[5] उवरिं सिंहासणाणि अरहंता । चेट्ठंति गयणमग्गे[6] लोयालोयप्पयासमत्तंडा ॥ ८९५

भगवान् पार्श्वनाथके समवसरणमें गन्धकुटीका विस्तार दोसे विभक्त एकसौ पच्चीस धनुष, और वर्धमान तीर्थंकरके दुगुणित पच्चीस अर्थात् पचास धनुषप्रमाण था ॥ ८९० ॥

ऋषभ जिनेन्द्रके समवसरणमें गन्धकुटीकी उंचाई नौसौ धनुषप्रमाण थी। फिर इसके आगे क्रमसे नेमिनाथ तीर्थंकरपर्यंत चौबीससे विभक्त मुखप्रमाण (९०० ÷ २४ ७५/२) से हीन होती गयी है ॥ ८९१ ॥

पार्श्वनाथ जिनेन्द्रके समवसरणमें गंधकुटीकी उंचाई चारसे विभक्त तीनसौ पचत्तर धनुष, और वीरनाथ जिनेन्द्रके पच्चीस कम सौ धनुषप्रमाण थी ॥ ८९२ ॥

गन्धकुटियोंके मध्यमें पादपीठ सहित, उत्तम स्फटिक मणियोंसे निर्मित और घंटाओंके समूहादिकसे रमणीय सिंहासन होते हैं ॥ ८९३ ॥

रत्नोंसे खचित उन सिंहासनोंकी उंचाई तीर्थंकरोंकी उंचाईके ही योग्य हुआ करती है। इसप्रकार यहां तीर्थंकरोंके समवसरणोंका कथन किया गया है ॥ ८९४ ॥

समवसरणोंका वर्णन समाप्त हुआ।

लोक और अलोकको प्रकाशित करनेके लिये सूर्यके समान भगवान् अरहन्त देव उन सिंहासनोंके ऊपर आकाशमार्गमें चार अंगुलके अन्तरालसे स्थित रहते हैं ॥ ८९५ ॥

१ द पणवीसोलं च. **२ द ब** गंधमदीणं. **३ द ब** °णिम्मदाणिं. **४ द ब** इति समवसरण सम्मत्ता. **५ द ब** °लंतरालो. **६ द** रयणमग्गे.

णिस्सेदत्तं णिम्मलगत्तत्तं दुद्धधवलरुहिरत्तं । आदिमसंहडणत्तं समचउरस्संगसंठाणं ॥ ८९६

अणुवमरूवत्तं णवचंपयवरसुरहिगंधधारित्तं । अट्ठुत्तरवरलक्खणसहस्सधरणं अणंतबलविरियं ॥ ८९७

मिदहिदमधुरालाओ साभावियअदिसयं च दसभेदं । एदं तित्थयराणं जम्मग्गहणादिउप्पण्णं ॥ ८९८

जोयणसदमज्जादं सुभिक्खदा चउदिसासु णियराणा । णहगमणाणमहिंसा भोयणउवसग्गपरिहीणा ॥ ८९९

सव्वाहिमुहट्ठियत्तं अच्छायत्तं अपम्हफंदित्तं[1] । विज्जाणं ईसत्तं समणहरोमत्तणं सजीवम्हि ॥ ९००

अट्ठरसमहाभासा खुल्लयभासा सयाइं सत्त तहा । अक्खरअणक्खरप्पय सण्णीजीवाण सयलभासाओ ॥ ९०१

एदासुं भासासुं तालुवदंतोट्ठकंठवावारे[2] । परिहरिय एक्ककालं भव्वजणे दिव्वभासित्तं ॥ ९०२

पगदीए अक्खलिओ संझत्तिदयम्मि णवमुहुत्ताणि । णिस्सरदि णिरुवमाणो दिव्वज्झुणी जाव जोयणयं[3] ॥ ९०३

सेसेसुं समएसुं गणहरदेविंदचक्कवट्टीणं । पण्हाणुरूवमत्थं[4] दिव्वज्झुणी अ सत्तभंगीहिं ॥ ९०४

छद्दव्वणवपयत्थे[5] पंचट्ठीकायसत्ततच्चाणि । णाणाविहहेदूहिं दिव्वज्झुणी[6] भणइ भव्वाणं ॥ ९०५

घादिक्खएण[7] जादा एक्कारस अदिसया महच्छरिया । एदे तित्थयराणं केवलणाणम्मि उप्पण्णे ॥ ९०६

माहप्पेण जिणाणं संखेज्जेसुं च जोयणेसु वणं । पल्लवकुसुमफलद्धीभरिदं जायदि अकालम्मि ॥ ९०७

स्वेदरहितता, निर्मलशरीरता, दूधके समान धवल रुधिर, आदिका वज्रर्षभनाराचसंहनन, समचतुरस्ररूप शरीरसंस्थान, अनुपमरूप, नृपचम्पककी उत्तम गन्धके समान गन्धका धारण करना, एक हजार आठ उत्तम लक्षणोंका धारण करना, अनन्त बल-वीर्य, और हित मित एवं मधुर भाषण, ये स्वाभाविक अतिशयके दश भेद हैं। यह दशभेदरूप अतिशय तीर्थंकरोंके जन्मग्रहणसे ही उत्पन्न हो जाता है ॥ ८९६-८९८ ॥

अपने पाससे चारों दिशाओंमें एकसौ योजनतक सुभिक्षता, आकाशगमन, हिंसाका अभाव, भोजनका अभाव, उपसर्गका अभाव, सबकी ओर मुखकरके स्थित होना, छायारहितता, निर्निमेष दृष्टि, विद्याओंकी ईशता, सजीव होते हुए भी नख और रोमोंका समान रहना, अठारह महाभाषा, सातसौ क्षुद्रभाषा, तथा और भी जो संज्ञी जीवोंकी समस्त अक्षरानक्षरात्मक भाषायें हैं उनमें तालु, दांत, ओष्ठ और कण्ठके व्यापारसे रहित होकर एक ही समय भव्य जनोंको दिव्य उपदेश देना। भगवान् जिनेन्द्रकी स्वभावतः अस्खलित और अनुपम दिव्य ध्वनि तीनों संध्याकालोंमें नव मुहूर्तोंतक निकलती है और एक योजनपर्यन्त जाती है। इसके अतिरिक्त गणधरदेव, इन्द्र अथवा चक्रवर्तीके प्रश्नानुरूप अर्थके निरूपणार्थ वह दिव्य ध्वनि शेष समयोंमें भी निकलती है। यह दिव्यध्वनि भव्य जीवोंको छह द्रव्य, नौ पदार्थ, पांच अस्तिकाय और सात तत्वोंका नाना प्रकारके हेतुओंद्वारा निरूपण करती है। इसप्रकार घातियाकर्मोंके क्षयसे उत्पन्न हुए ये महान् आश्चर्यजनक ग्यारह अतिशय तीर्थंकरोंको केवलज्ञानके उत्पन्न होनेपर प्रगट होते हैं ॥ ८९९-९०६ ॥

तीर्थंकरोंके माहात्म्यसे संख्यात योजनोंतक वन असमयमें ही पत्र, फूल और फलोंकी वृद्धिसे संयुक्त हो जाता है; कंटक और रेती आदिको दूर करती हुई सुखदायक वायु चलने लगती

१ द ब अपम्हयंदित्तं. २ द ब वावारो. ३ द ब जोयणं. ४ द ब पण्हाणरूवमत्थं. ५ द ब °पयत्थो. ६ द दिव्वज्झणि. ७ ब घादिक्खएण य.

कंटयसक्करपहुदिं अवणेंतो वादि सुक्खदो वाऊ । मोत्तूण पुव्ववेरं जीवा वट्टंति मेत्तीसु ॥ ९०८
दप्पणतलसारिच्छा रयणमई होदि तेत्तिया भूमी । गंधोदकाइं[1] वरिसइ मेघकुमारो य सक्कआणाए ॥ ९०९
फलभारणमिदसालीजवादिसस्सं सुरा विकुव्वंति । सव्वाणं जीवाणं उप्पज्जदि णिच्चमाणंदं ॥ ९१०
वायदि विक्किरियाए वाउकुमारो य सीयलो पवणो । कूवतडायादीणि णिम्मलसलिलेण पुण्णाणि ॥ ९११
धूमुक्कपडणपहुदीहिं विरहिदं होदि णिम्मलं गयणं । रोगादीण बाधा ण होंति सयलाण जीवाणं ॥ ९१२
जक्खिंदमत्थएसुं किरणुज्जलदिव्वधम्मचक्काणि । दट्ठूण संठियाइं[2] चत्तारि जणस्स अच्छरिया ॥ ९१३
छप्पण चउदिसासुं कंचणकमलाणि तित्थकत्ताणं । एक्कं च पायपीढं अच्चणदव्वाणि दिव्वविविधाणि ॥ ९१४

। चोत्तीस अइसया समत्ता ।

जेसिं तरूण मूले उप्पण्णं जाण केवलं णाणं । उसहप्पहुदिजिणाणं ते चिय असोयरुक्ख त्ति ॥ ९१५
णग्गोहसत्तपण्णं सालं सरलं पियंगु तं चेव । सिरिसं णागतरू वि य अक्खा धूली पलास तेंदूवं ॥ ९१६
पाडलजंबू पिप्पलदहिवण्णो णंदितिलयचूदा य । कंकलि[3]चंपबउलं मेसयसिंगं[4] धवं सालं ॥ ९१७
सोहंति असोयतरू पल्लवकुसुमाणदाहि साहाहिं । लंबंतमालदामा घंटाजालादिरमणिज्जा ॥ ९१८

है, जीव पूर्व वैरको छोड़कर मैत्रीभावसे रहने लगते हैं, उतनी भूमि दर्पणतलके सदृश स्वच्छ और रत्नमय होजाती है, सौधर्म इन्द्रकी आज्ञासे मेघकुमार देव सुगन्धित जलकी वर्षा करता है, देव विक्रियासे फलोंके भारसे नम्रीभूत शालि और जौ आदि सस्यको रचते हैं, सब जीवोंको नित्य आनन्द उत्पन्न होता है, वायुकुमार देव विक्रियासे शीतल पवन चलाता है, कूप और तालाब आदिक निर्मल जलसे पूर्ण होजाते हैं, आकाश धुआं और उल्कापातादिसे रहित होकर निर्मल होजाता है, संपूर्ण जीवोंको रोगादिक की बाधायें नहीं होती हैं, यक्षेन्द्रोंके मस्तकोंपर स्थित और किरणोंसे उज्वल ऐसे चार दिव्य धर्मचक्रोंको देखकर जनोंको आश्चर्य होता है, तीर्थंकरोंके चारों दिशाओंमें (विदिशाओंसहित) छप्पन सुवर्णकमल, एक पादपीठ और दिव्य एवं विविध प्रकारके पूजनद्रव्य होते है ॥ ९०७–९१४ ॥

चौतीस अतिशयोंका वर्णन समाप्त हुआ।

ऋषभादि तीर्थंकरोंको जिन वृक्षोंके नीचे केवलज्ञान उत्पन्न हुआ है वे ही अशोक वृक्ष हैं ॥ ९१५ ॥

न्यग्रोध, सप्तपर्ण, शाल, सरल, प्रियंगु, फिर वही (प्रियंगु), शिरीष, नागवृक्ष, अक्ष (बहेड़ा), धूली (मालिवृक्ष), पलाश, तेंदू, पाटल, पीपल, दधिपर्ण, नन्दी, तिलक, आम्र, कंकेलि (अशोक), चम्पक, बकुल, मेषशृङ्ग, धव और शाल, ये अशोकवृक्ष लटकती हुई मालाओंसे युक्त और घंटासमूहादिकसे रमणीय होते हुए पल्लव एवं पुष्पोंसे झुकी हुई शाखाओंसे शोभायमान होते हैं ॥ ९१६–९१८ ॥

१ द ब गंधोदकेव. २ ब संठियाइं. ३ ब किंकलि. ४ द ब मेसयसिंगं.

णियणियजिणउदएणं बारसगुणिदेहिं सरिसउच्छेहा । उसहजिणप्पहुदीणं असोयरुक्खा विरायंति ॥ ९१९

किं वण्णणेण बहुणा दट्ठूणमसोयपादवे एदे । णियउज्जाणवणेसुं ण रमदि चित्तं सुरेसस्स ॥ ९२०

ससिमंडलसंकासं मुत्ताजालप्पयाससंजुत्तं । छत्तत्तयं विरायदि सव्वाणं तित्थकत्ताणं[1] ॥ ९२१

सिंहासणं विसालं विसुद्धफलिहोवलेहिं णिम्मविदं । वररयणणिकरखचिदं को सक्कइ वण्णिदुं ताणं ॥ ९२२

णिब्भरभत्तिपसत्ता अंजलिहत्था पफुल्लमुहकमला । चेट्ठंति गणा सव्वे एक्केक्कं वेढिऊणं[2] जिणं ॥ ९२३

विसयकसायासत्ता हदमोहा[3] पविस जिणपहूसरणं । कहिदुं वा भव्वाणं गहिरं सुरदुंदुही रसइ ॥ ९२४

रुणरुणरुणंतछप्पयछण्णा वरभत्तिभरिदसुरमुक्का । णिवडंति कुसुमविट्ठी जिणिंदपयकमलमूलेसुं ॥ ९२५

भवसयदंसणहेदुं दरिसणमेत्तेण सयललोयस्स । भामंडलं जिणाणं रविकोडिसमुज्जलं जयइ ॥ ९२६

चउसट्ठिचामरेहिं मुणालकुंदेंदुसंखधवलेहिं । सुरकरपणच्चिदेहिं विज्जिज्जंता जयंतु जिणा ॥ ९२७

। अट्ठ महपाडिहेरा समत्ता ।

ऋषभादिक तीर्थंकरोंके उपर्युक्त चौबीस अशोकवृक्ष बारहसे गुणित अपने अपने जिनकी उंचाईसे युक्त होते हुए शोभायमान होते हैं ॥ ९१९ ॥

बहुत वर्णनसे क्या ? इन अशोक वृक्षोंको देखकर इन्द्रका भी चित्त अपने उद्यानवनोंमें नहीं रमता है ॥ ९२० ॥

सब तीर्थंकरोंके चन्द्रमण्डलके सदृश और मुक्तासमूहोंके प्रकाशसे संयुक्त तीन छत्र शोभायमान होते हैं ॥ ९२१ ॥

उन तीर्थंकरोंका निर्मल स्फटिकपाषाणोंसे निर्मित और उत्कृष्ट रत्नोंके समूहसे खचित जो विशाल सिंहासन होता है, उसका वर्णन करनेके लिये कौन समर्थ होसकता है ? ॥ ९२२ ॥

गाढ़ भक्तिमें आसक्त, हाथोंको जोड़े हुए, और विकसित मुखकमलसे संयुक्त, ऐसे सम्पूर्ण गण प्रत्येक तीर्थंकरको घेरकर स्थित रहते हैं ॥ ९२३ ॥

विषय-कषायोंमें अनासक्त और मोहसे रहित होकर जिनप्रभुके शरणमें जाओ, ऐसा भव्य जीवोंको कहनेके लिये ही मानों देवोंका दुंदुभी बाजा गम्भीर शब्द करता है ॥ ९२४ ॥

जिनेन्द्र भगवान्‌के चरणकमलोंके मूलमें, रुण-रुण शब्द करते हुए भ्रमरोंसे व्याप्त और उत्तम भक्तिसे युक्त देवोंके द्वारा छोड़ी गई पुष्पवृष्टि गिरती है ॥ ९२५ ॥

जो दर्शनमात्रसे ही सम्पूर्ण लोगोंको अपने सौ (सात ?) भवोंके देखनेमें निमित्त है और करोड़ों सूर्योंके समान उज्वल है ऐसा वह तीर्थंकरोंका प्रभामण्डल जयवन्त होता है ॥ ९२६ ॥

मृणाल, कुन्दपुष्प, चन्द्रमा और शंखके समान सफेद तथा देवोंके हाथोंसे नचाये गये (ढोरे गये) चौंसठ चमरोंसे वीज्यमान जिनभगवान् जयवन्त होवें ॥ ९२७ ॥

आठ महाप्रातिहार्योंका कथन समाप्त हुआ ।

---

१ ब तित्थकत्तारं. २ द वेदिऊण. ३ द ब मोहो हद.

चउतीसातिसयमिदे[1] अट्ठमहापाडिहेरसंजुत्ते । मोक्खयरे तित्थयरे तिहुवणणाहे णमंसामि ॥ ९२८
जिणवंदणापयट्टा पल्लासंखेज्जभागपरिमाणा । चेट्ठंति विविहजीवा एक्केक्के समवसरणेसुं ॥ ९२९
कोट्ठाणं खेत्तादो जीवक्खेत्तंफलं असंखगुणं । होदूण अपुट्ठ त्ति हु जिणमाहप्पेण ते सव्वे ॥ ९३०
संखेज्जजोयणाणिं बालप्पहुदी पवेसणिग्गमणे । अंतोमुहुत्तकाले जिणमाहप्पेण गच्छंति ॥ ९३१
मिच्छाइट्ठिअभव्वा[2] तेसुमसण्णी ण होंति कइआइं । तह य अणज्झवसाया संदिद्धा विविहविवरीदा ॥ ९३२
आतंकरोगमरणुप्पत्तीओ वेरकामबाधाओ । तण्हाछुहपीडाओ जिणमाहप्पेण ण हवंति ॥ ९३३

जक्खणाम—

गोवदणमहाजक्खा तिमुहो जक्खेसरो य तुंबुरओ । मादंगविजयअजिओ बम्हो बम्हेसरो य कोमारो ॥ ९३४
छम्मुहओ पादालो किण्णरकिंपुरुसगरुडगंधव्वा । तह य कुबेरो वरुणो भिउडीगोमेधपासमातंगा[3] ॥ ९३५
गुज्झकओ इदि एदे जक्खा चउवीस उसहपहुदीणं । तित्थयराणं पासे चेट्ठंते भत्तिसंजुत्ता ॥ ९३६

जो चौंतीस अतिशयोंको प्राप्त हैं, आठ महाप्रातिहार्योंसे संयुक्त हैं, मोक्षको करनेवाले अर्थात् मोक्षमार्गके नेता हैं, और तीनों लोकोंके स्वामी हैं, ऐसे तीर्थंकरोंको मैं नमस्कार करता हूं ॥ ९२८ ॥

एक एक समवसरणमें पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण विविध प्रकारके जीव जिनदेवकी वन्दनामें प्रवृत्त होते हुए स्थित रहते हैं ॥ ९२९ ॥

कोठोंके क्षेत्रसे यद्यपि जीवोंका क्षेत्रफल असंख्यातगुणा है, तथापि वे सब जीव जिनदेवके माहात्म्यसे एक दूसरेसे अस्पृष्ट रहते हैं ॥ ९३० ॥

जिनभगवान्‌के माहात्म्यसे बालकप्रभृति जीव प्रवेश करने अथवा निकलनेमें अन्तर्मुहूर्त कालके भीतर संख्यात योजन चले जाते हैं ॥ ९३१ ॥

इन कोठोंमें मिथ्यादृष्टि, अभव्य और असंज्ञी जीव कदापि नहीं होते तथा अनध्यवसायसे युक्त, सन्देहसे संयुक्त और विविध प्रकारकी विपरीतताओंसे सहित जीव भी नहीं होते हैं ॥ ९३२ ॥

इसके अतिरिक्त वहांपर जिन भगवान्‌के माहात्म्यसे आतंक, रोग, मरण, उत्पत्ति, वैर, कामबाधा तथा तृष्णा (पिपासा) और क्षुधाकी पीड़ायें नहीं होती हैं ॥ ९३३ ॥

यक्षोंके नाम—

गोवदन[1], महायक्ष[2], त्रिमुख[3], यक्षेश्वर[4], तुम्बुरव[5], मातंग[6], विजय[7], अजित[8], ब्रह्म[9], ब्रह्मेश्वर[10], कुमार[11], षण्मुख[12], पाताल[13], किन्नर[14], किंपुरुष[15], गरुड़[16], गंधर्व[17], कुबेर[18], वरुण[19], भृकुटि[20], गोमेध[21], पार्श्व[22], मातंग[23] और गुह्यक[24], इसप्रकार ये भक्तिसे संयुक्त चौबीस यक्ष ऋषभादिक तीर्थंकरोंके पासमें स्थित रहते हैं ॥ ९३४–९३६ ॥

---

१ द ब 'सयमेदे. २ द ब मिच्छाइट्ठीभव्वा. ३ द ब भिउदी.

जक्खीओ चक्केसरिरोहिणिपण्णत्तिवज्जसिंखलया । वज्जंकुसा य अप्पदिचक्केसरिपुरिसदत्ता[1] य ॥ ९३७
मणवेगाकालीओ तह जालामालिणी महाकाली । गउरीगंधारीओ वेरोटी सोलसा अणंतमदी ॥ ९३८
माणसिमहमाणसिया जया य विजयापराजिदाओ य । बहुरूपिणिकुंभंडी पउमासिद्धायिणीओ त्ति ॥ ९३९

वसन्ततिलकम्—

पीऊसणिज्झरणिहं जिणचंदवाणिं सोऊण बारस गणा णिअकारएसुं[2] ।
णिच्चं अणंतगुणसेढिविसोहिअंगा छेदंति कम्मपडलं खु असंखसेणिं ॥ ९४०

इंद्रवज्रा—

भत्तीए आसत्तमणा जिणिंदपायारविंदेसु णिवेसियत्था ।
णादीदकालं ण पयट्टमाणं णो भाविकालं पविभावयंति ॥ ९४१
एवंपभावा भरहस्स खेत्ते धम्मप्पमुत्तिं[3] परमं दिसंता ।
सव्वे जिणिंदा वरभव्वसंघस्सप्पोत्थिदंमोक्खसुहाइ[4] देंतु ॥ ९४२

पुव्वाण एक्कलक्खं वासाणं ऊणिदं सहस्सेण । उसहजिणिंदे कहियं केवलिकालस्स परिमाणं ॥ ९४३
उसह पुव्व ९९९९९ पुव्वंग ८३९९९९९ वस्स ८३९९०००।
बारसवच्छरसमधियपुव्वंगविहीणपुव्वइगिलक्खं । केवलिकालपमाणं अजियजिणिंदे मुणेदव्वं ॥ ९४४
अजिय पुव्व ९९९९९ पुव्वंग ८३९९९९८ वस्स ८३९९९८८ ।

चक्रेश्वरी, रोहिणी, प्रज्ञप्ति, वज्रशृंखला, वज्रांकुशा, अप्रतिचक्रेश्वरी, पुरुषदत्ता, मनोवेगा, काली, ज्वालामालिनी, महाकाली, गौरी, गांधारी, वैरोटी, सोलसा अनन्तमती, मानसी, महामानसी, जया, विजया, अपराजिता, बहुरूपिणी, कुष्माण्डी, पद्मा और सिद्धायिनी, ये यक्षिणियां भी क्रमशः ऋषभादिक चौबीस तीर्थंकरोंके समीपमें रहा करती हैं ॥ ९३७-९३९ ॥

जैसे चन्द्रमासे अमृत झरता है उसीप्रकार खिरती हुई जिनभगवान्‌की वाणीको अपने कर्तव्यके बारेमें सुनकर वे भिन्न भिन्न जीवोंके बारह गण नित्य अनन्तगुणश्रेणीरूप विशुद्धिसे संयुक्त शरीरको धारण करते हुए असंख्यातश्रेणीरूप कर्मपटलको नष्ट करते हैं ॥ ९४० ॥

जिनका मन भक्तिमें आसक्त है और जिन्होंने जिनेन्द्रदेवके पादारविन्दोंमें आस्था (विश्वास) को रक्खा है ऐसे भव्य जीव अतीत, वर्तमान और भावी कालको भी नहीं जानते हैं ॥ ९४१ ॥

उपर्युक्त प्रभावसे संयुक्त वे सब तीर्थंकर भरतक्षेत्रमें उत्कृष्ट धर्मप्रवृत्तिका उपदेश देते हुए उत्तम भव्यसमूहको आत्मासे उत्पन्न हुए मोक्षसुखोंको प्रदान करें ॥ ९४२ ॥

भगवान् ऋषभ देवके केवलीकालका प्रमाण हजार वर्ष कम एक लाख पूर्व कहा गया है ॥ ९४३ ॥ ऋषभ पूर्व ९९९९९, पूर्वांग ८३९९९९९, वर्ष ८३९९००० ।

अजितनाथ तीर्थंकरके केवलीकालका प्रमाण बारह वर्ष और एक पूर्वांग कम एक लाख पूर्व जानना चाहिये ॥ ९४४ ॥ अजित पूर्व ९९९९९, पूर्वांग, ८३९९९९८, वर्ष ८३९९९८८ ।

१ ब पुरुसदत्ती. २ द अंकारएसु. ३ द धम्मप्पमत्तिं. ४ ब संघस्सुप्पोत्थिदंमोक्ख.

चोद्दसवच्छरसमधियचउपुव्वंगोणपुव्वइगिलक्खं । संभवजिणिंदे भणिदं केवलिकालस्स परिमाणं ॥ ९४५

संभव पुव्व ९९९९९ पुव्वंग ८३९९९९५ वस्स ८३९९९८६ ।

अट्ठारसवरिसाधियअडपुव्वंगोणपुव्वइगिलक्खं । केवलिकालपमाणं णंदणणाहम्मि णिद्दिट्ठं ॥ ९४६

णंदण पुव्व ९९९९९ पुव्वंग ८३९९९९१ वस्स ८३९९९८२ ।

वीसदिवच्छरसमधियबारसपुव्वंगहीणपुव्वाणं । एक्कं लक्खं होदि हु केवलिकालं सुमइणाहम्मि ॥ ९४७

सुमइ पुव्व ९९९९९ अंग ८३९९९८७ वस्स ८३९९९८० ।

विगुणियतिमाससमधियसोलसपुव्वंगहीणपुव्वाणं । इगिलक्खं पउमपहे केवलिकालस्स परिमाणं ॥ ९४८

पउम पुव्व ९९९९९ अंग ८३९९९८३ वस्स ८३९९९९९ मा ६ ।

णवसंवच्छरसमधियवीसदिपुव्वंगहीणपुव्वाणं । एक्कं लक्खं केवलिकालपमाणं सुपासजिणे ॥ ९४९

सुपास पुव्व ९९९९९ अंग ८३९९९७९ वस्स ८३९९९९१ ।

मासत्तिदयाहियचउवीसदिपुव्वंगरहिदपुव्वाणं । इगिलक्खं चंदप्पहकेवलिकालस्स संखाणं ॥ ९५०

चंद पुव्व ९९९९९ पुव्वंग ८३९९९७५ वस्स ८३९९९९९ मास ९ ।

चउवच्छरसमधियअडवीसदिपुव्वंगऊणपुव्वाणं । एक्कं लक्खं केवलिकालपमाणं च पुप्फदंतजिणे ॥ ९५१

पुप्फ पुव्व ९९९९९ अंग ८३९९९७१ वस्स ८३९९९९६ ।

सम्भवनाथ तीर्थंकरके केवलीकालका प्रमाण चौदह वर्ष और चार पूर्वांग कम एक लाख पूर्व कहा गया है ॥ ९४५ ॥ संभव पूर्व ९९९९९, पूर्वांग ८३९९९९५, वर्ष ८३९९९८६ ।

अभिनन्दननाथके केवलीकालका प्रमाण अठारह वर्ष और आठ पूर्वांग कम एक लाख पूर्व निर्दिष्ट किया गया है ॥ ९४६ ॥

अभिनन्दन पूर्व ९९९९९, पूर्वांग ८३९९९९१, वर्ष ८३९९९८२ ।

सुमतिनाथके केवलीकालका प्रमाण बीस वर्ष और बारह पूर्वांग कम एक लाख पूर्व है ॥ ९४७ ॥ सुमति पूर्व ९९९९९, पूर्वांग ८३९९९८७ वर्ष ८३९९९८० ।

भगवान् पद्मप्रभके केवलीकालका प्रमाण छह मास और सोलह पूर्वांग कम एक लाख पूर्व है ॥ ९४८ ॥ पद्म पूर्व ९९९९९, पूर्वांग ८३९९९८३, वर्ष ८३९९९९९, मास ६ ।

सुपार्श्व जिनेन्द्रके केवलीकालका प्रमाण नौ वर्ष और बीस पूर्वांग कम एक लाख पूर्व है ॥ ९४९ ॥ सुपार्श्व पूर्व ९९९९९, पूर्वांग ८३९९९७९ वर्ष ८३९९९९१ ।

चन्द्रप्रभ तीर्थंकरके केवलीकालकी संख्या तीन माह और चौबीस पूर्वांग कम एक लाख पूर्व है ॥ ९५० ॥ चन्द्र पूर्व ९९९९९, पूर्वांग ८३९९९७५, वर्ष ८३९९९९९ मास ९ ।

पुष्पदन्त तीर्थंकरके केवलीकालका प्रमाण चार वर्ष और अट्ठाईस पूर्वांग कम एक लाख पूर्व है ॥ ९५१ ॥ पुष्पदन्त पूर्व ९९९९९, पूर्वांग ८३९९९७१, वर्ष ८३९९९९६ ।

---

१ द अडपुव्वंगाण. २ द ब मासं तिदया वि य.

संवच्छरतिदऊणियपणवीससहस्सयाणि पुव्वाणिं । सीयलजिणम्मि कहिदं केवलिकालस्स परिमाणं ॥ ९५२
सीअ पुव्व २४९९९ अंग ८३९९९९९ वस्स ८३९९९९७ ।

इगिवीसवस्सलक्खा दोहि विहीणा पुहुम्मि[1] सेयंसे । चउवण्णवासलक्खं ऊणं एक्केण वासुपुज्जजिणे ॥ ९५३
सेयंस वस्सं[2] २०९९९९८ । वासुपुज्ज ५३९९९९९ ।

पण्णरसवासलक्खा तिदयविहीणा य विमलणाहम्मि । सयकदिहदपण्णत्तरिवासा दोविरहिदा अणंतजिणे ॥ ९५४
विमल[3] १४९९९९७ । अणंत वास ७४९९९८ ।

पंचसयाणं वग्गो ऊणो एक्केण धम्मणाहम्मि । दसघणहदपणुवीसा सोलसहीणा य संतीसे ॥ ९५५
धम्म वस्स २४९९९९ । संति २४९८४ । .

चोत्तीसाधियसगसय तेवीससहस्सयाणि कुंथुम्मि । चुलसीदीजुदणवसयवीससहस्सा अरम्मि वासाणं ॥ ९५६
कुंथु २३७३४ । अर २०९८४ ।

णवणउदिअधियअडसयचउवण्णसहस्सयाणि वासाणि । एक्करसं चिय मासा चउवीस दिणाइ मल्लिम्मि ॥ ९५७
मल्लि वास ५४८९९ मा ११ दि २४ ।

णवणउदिअधियचउसयसत्तसहस्साणि वच्छराणिं पि । इगिमासो सुव्वदए केवलिकालस्स परिमाणं ॥ ९५८
सुव्वद ७४९९ मा १ ।

शीतलनाथ तीर्थंकरके केवलीकालका प्रमाण तीन वर्ष कम पच्चीस हजार पूर्व कहा गया है ॥ ९५२ ॥ शीतल पूर्व २४९९९, पूर्वांग ८३९९९९९, वर्ष ८३९९९९७ ।

भगवान् श्रेयांस प्रभुका केवलीकाल दो कम इक्कीस लाख वर्ष, और वासुपूज्य जिनेन्द्रका एक कम चौवन लाख वर्ष है ॥ ९५३ ॥ श्रेयांस वर्ष २०९९९९८ । वासुपूज्य वर्ष ५३९९९९९ ।

विमलनाथ तीर्थंकरका केवलीकाल तीन कम पन्द्रह लाख वर्ष और अनन्तनाथ जिनका सौके वर्गसे गुणित पचत्तरमेंसे दो कम अर्थात् सात लाख उनंचास हजार नौसौ अट्ठानबै वर्षप्रमाण है ॥ ९५४ ॥ विमल वर्ष १४९९९९७ । अनन्त वर्ष ७४९९९८ ।

धर्मनाथ तीर्थंकरका केवलीकाल पांचसौके वर्गमेंसे एक कम, और शान्तिनाथ भगवान्का दशके घनसे गुणित पच्चीसमेंसे सोलह वर्ष कम है ॥ ९५५ ॥

धर्म वर्ष २४९९९९ । शान्ति २४९८४ ।

भगवान् कुंथुनाथका केवलीकाल तेईस हजार सातसौ चौंतीस वर्ष, और अरनाथ तीर्थंकरका बीस हजार नौसौ चौरासी वर्षप्रमाण है ॥ ९५६ ॥

कुंथु वर्ष २३७३४ । अर वर्ष २०९८४ ।

मल्लिनाथ तीर्थंकरके केवलीकालका प्रमाण चौवन हजार आठसौ निन्यानबै वर्ष ग्यारह मास और चौबीस दिन है ॥ ९५७ ॥ मल्लि वर्ष ५४८९९, मास ११, दिन २४ ।

सुव्रतनाथके केवलीकालका प्रमाण सात हजार चारसौ निन्यानबै वर्ष और एक मास है ॥ ९५८ ॥ सुव्रत वर्ष ७४९९, मास १ ।

---

१ [पहुम्मि]. २ द ब पुव्व. ३ ब विमलस्स पुव्व.

वासाण दो सहस्सा चत्तारि सयाणि णमिम्मि इगिणउदी। एक्कोणा सत्तसया दस मासा चउदिणाणि णेमिस्स॥ ९५९
णमि २४९१। णेमि वा ६९९ मास १० दि ४।
अडमाससमधियाणं ऊणत्तरि वच्छराणि पासजिणे। वीरम्मि तीस वासा केवलिकालस्स संख त्ति॥ ९६०
पास ६९ मा ८। वीर ३०।
चुलसीदि णउदि पण-तिग-सोलस-एक्कारसुत्तरसयाइं। पणणउदी तेणउदी गणहरदेवा हु अट्ठपरियंतं॥ ९६१
उ ८४, अ ९०, सं १०५, णं १०३, सु ११६, प १११, सु ९५, चं ९३।
अडसीदी सगसीदी सत्तत्तरि छक्कममधिया छट्ठी। पणवण्णा पण्णासा तत्तो य अणंतपरियंतं॥ ९६२
पु ८८, सी ८७, से ७७, वासु ६६, वि ५५, अणं ५०।
तेदालं छत्तीसा पणतीसा तीस अट्ठवीसा य। अट्ठारस-सत्तरसेक्कारस-दस-एक्करस य वीरंतं॥ ९६३
ध ४३, संति ३६, कुंथु ३५, अर ३०, म २८, मु १८, ण १७, णे ११, पा १०, वीर ११।
पढमो[1] हु उसहसेणो केसरिसेणो य चारुदत्तो य। वज्जचमरो[2] य वज्जो चमरो बलदत्तवेदब्भा॥ ९६४
णागो कुंथू धम्मो मंदिरणामा जओ अरिट्ठो य। सेणो चक्काउधणो सयंभु कुंभो विसाखो य॥ ९६५

नमिनाथ तीर्थंकरका केवलीकाल दो हजार चारसौ एकानबे वर्ष, और नेमिनाथका एक कम सातसौ वर्ष, दश मास तथा चार दिन है॥ ९५९॥

नमि वर्ष २४९१। नेमि वर्ष ६९९ मास १० दिन ४।

पार्श्वनाथ जिनेन्द्रके केवलीकालकी संख्या आठ मास अधिक उनत्तर वर्ष, और वीर भगवान्के तीस वर्षप्रमाण है॥ ९६०॥ पार्श्व वर्ष ६९, मास ८। वीर वर्ष ३०।

आठवें तीर्थंकरपर्यन्त क्रमसे चौरासी, नब्बे, एकसौ पांच, एकसौ तीन, एकसौ सोलह, एकसौ ग्यारह, पंचानबै और तेरानबै गणधर देव थे॥ ९६१॥

ऋषभ ८४, अजित ९०, संभव १०५, अभिनन्दन १०३, सुमति ११६, पद्म १११, सुपार्श्व ९५, चन्द्र ९३।

भगवान् पुष्पदन्तसे लेकर अनन्तनाथ तीर्थंकरतक क्रमसे अठासी, सतासी, सतत्तर, छ्यासठ, पचवन और पचास गणधर थे॥ ९६२॥

पुष्पदन्त ८८, शीतल ८७, श्रेयांस ७७, वासुपूज्य ६६, विमल ५५, अनन्त ५०।

धर्मनाथ तीर्थंकरसे लेकर महावीरपर्यन्त क्रमशः तेतालीस, छत्तीस, पैंतीस, तीस, अट्ठाईस, अठारह, सत्तरह, ग्यारह, दश और ग्यारह गणधर थे॥ ९६३॥

धर्म ४३, शान्ति ३६, कुंथु ३५, अर ३०, मल्लि २८, मुनिसुव्रत १८, नमि १७, नेमि ११, पार्श्व १०, वीर ११।

ऋषभसेन[1], केशरिसेन[2] (सिंहसेन), चारुदत्त[3], वज्रचमर[4], वज्र[5], चमर[6], बलदत्त[7], (बलि, दत्तक), वैदर्भ[8], नाग[9] (अनगार), कुंथु[10], धर्म[11], मन्दिर[12], जय[13], अरिष्ट[14], सेन[15] (अरिष्टसेन), चक्रायुध[16],

---

१ द ब पढमा. २ द ब वज्जदमरो.

मल्लीणामो सुप्पहवरदत्ता सयंभुइंदभूदीओ । उसहादीणं आदिमगणधरणामाणि एदाणि ॥ ९६६
एदे गणधरदेवा सव्वे वि हु अट्ठरिद्धिसंपण्णा । ताणं रिद्धिसरूवं लवमेत्तं तं णिरूवेमो ॥ ९६७
बुद्धी विकिरिय-किरिया तव-बल-ओसहि-रसक्खिदी रिद्धी । एदासु बुद्धिरिद्धी अट्ठारसभेदविक्खादा ॥ ९६८
ओहिमणपज्जवाणं केवलणाणी वि बीजबुद्धी य । पंचमिया कोट्ठमई पदाणुसारित्तणं छट्ठं ॥ ९६९
संभिण्णस्सोदित्तं दूरस्सादं च दूरपस्सं च । दूरग्घाणं दूरस्सवणं तह दूरदंसणं चेय ॥ ९७०
दसचोद्दसपुव्वित्तं णिमित्तरिद्धीए तत्थ कुसलत्तं । पण्णसमणाभिधाणं कमसो पत्तेयबुद्धिवादित्तं ॥ ९७१
अंतिमखंदंताइं[2] परमाणुप्पहुदिमुत्तिदव्वाइं । जं पच्चक्खं जाणइ तमोहिणाणं ति णायव्वं ॥ ९७२

। ओहिणाणं गदं ।

चिंताए अचिंताए अद्धंचिंताए[3] विविहभेयगयं । जं जाणइ णरलोए तं चिय मणपज्जवं णाणं ॥ ९७३

। मणपज्जवं णाणं गदं ।

असवत्तसयलभावं लोयालोएसु तिमिरपरिचत्तं । केवलमखंडमेदं केवलणाणं भणंति जिणा[4] ॥ ९७४

। केवलणाणं गदं ।

[28] स्वयंभू, [29] कुम्भ (कुंथु), [30] विशाख, [31] मल्लि, [32] सुप्रभ (सोमक), [33] वरदत्त, [34] स्वयंभू और [35] इन्द्रभूति, ये क्रमशः ऋषभादि तीर्थंकरोंके प्रथम गणधरोंके नाम हैं ॥ ९६४-९६६ ॥

ये सब ही गणधर देव आठ ऋद्धियोंसे सहित होते हैं। यहां उन गणधरोंकी ऋद्धियोंके लवमात्र स्वरूपका हम निरूपण करते हैं ॥ ९६७ ॥

बुद्धि, विक्रिया, क्रिया, तप, बल, औषधि, रस और क्षिति (क्षेत्र) इन भेदोंसे ऋद्धि आठ प्रकारकी है। इनमेंसे बुद्धि ऋद्धि अवधिज्ञान, मनःपर्ययज्ञान, केवलज्ञान, बीजबुद्धि, कोष्ठमति, पदानुसारित्व, संभिन्नश्रोतृत्व, दूरास्वादन, दूरस्पर्श, दूरघ्राण, दूरश्रवण, दूरदर्शन, दशपूर्वित्व, चौदह पूर्वित्व, निमित्तऋद्धि इनमें कुशलता, प्रज्ञाश्रवण, प्रत्येकबुद्धित्व और वादित्व, इन अठारह भेदोंसे विख्यात है ॥ ९६८-९७१ ॥

जो प्रत्यक्ष ज्ञान अन्तिम स्कन्धपर्यन्त परमाणु आदिक मूर्त द्रव्योंको जानता है उसको अवधिज्ञान जानना चाहिये ॥ ९७२ ॥

अवधिज्ञान समाप्त हुआ।

चिन्ता, अचिन्ता या अर्धचिन्ताके विषयभूत अनेक भेदरूप पदार्थको जो ज्ञान नरलोकके भीतर जानता है वह मनःपर्यय ज्ञान है ॥ ९७३ ॥

मनःपर्ययज्ञान समाप्त हुआ।

जो ज्ञान असपत्न अर्थात् प्रतिपक्षीसे रहित होकर सम्पूर्ण पदार्थोंको विषय करता है, लोक एवं अलोकके विषयमें अज्ञानरूप तिमिरसे रहित है, केवल अर्थात् इन्द्रियादिककी सहायतासे विहीन है, और अखण्ड है उसे जिन भगवान् केवलज्ञान कहते हैं ॥ ९७४ ॥

केवलज्ञान समाप्त हुआ।

१ द बुद्धीविकिरिय°. २ द °खंदत्ताई, ब °खंदत्ताइं. ३ द ब अत्थंचिंता य. ४ ब जिणा णं.

णोइंदियसुदणाणावरणाणं वीरअंतरायाए[1] । तिविहाणं पगदीणं उक्कस्सखउवसमविसुद्धस्स ॥ ९७५
संखेज्जसरूवाणं सद्दाणं[2] तत्थ लिंगसंजुत्तं । एक्कं चिय बीजपदं लद्धूण परोपदेसेणं ॥ ९७६
तम्मि पदे आधारे सयलसुदं चिंतिऊणं[3] गेण्हेदि । कस्स वि महेसिणो जा बुद्धी सा बीजबुद्धि त्ति ॥ ९७७
। बीजबुद्धी समत्ता ।
उक्करिसधारणाए जुत्तो पुरिसो गुरूवएसेणं । णाणाविहगंथेसुं वित्थारे लिंगसद्दबीजाणि[4] ॥ ९७८
गहिऊण णियमदीए मिस्सेण विणा धरेदि मदिकोट्ठे । जो कोइ तस्स बुद्धी णिद्दिट्ठा कोट्ठबुद्धि त्ति ॥ ९७९
। कोट्ठबुद्धी गदा[5] ।
बुद्धी वियक्खणाणं पदाणुसारी हवेदि तिविहप्पा । अणुसारी पडिसारी जहत्थणामा उभयसारी ॥ ९८०
आदिअवसाणमज्झे गुरूवदेसेण एक्कबीजपदं । गेण्हिय उवरिमगंथं जा गिण्हदि सा मदी हु अणुसारी ॥ ९८१
। अणुसारी गदं[6] ।
आदिअवसाणमज्झे गुरूवदेसेण एक्कबीजपदं । गेण्हिय हेट्ठिमगंथं बुज्झदि जा सा च पडिसारी ॥ ९८२
। पडिसारी गदं[6] ।

नोइन्द्रियावरण, श्रुतज्ञानावरण और वीर्यान्तराय, इन तीन प्रकारकी प्रकृतियोंके उत्कृष्ट क्षयोपशमसे विशुद्ध हुए किसी भी महर्षिकी जो बुद्धि, सख्यातस्वरूप शब्दोके बीचमेंसे लिंगसहित एक ही बीजभूत पदको परके उपदेशसे प्राप्त करके उस पदके आश्रयसे सम्पूर्ण श्रुतको विचार कर ग्रहण करती है, वह बीजबुद्धि है ॥ ९७५–९७७ ॥

बीजबुद्धि समाप्त हुई ।

उत्कृष्ट धारणासे युक्त जो कोई पुरुष गुरुके उपदेशसे नाना प्रकारके ग्रन्थोमेसे विस्तार-पूर्वक लिंगसहित शब्दरूप बीजोंको अपनी बुद्धिसे ग्रहण करके उन्हें मिश्रणके बिना बुद्धिरूपी कोठेमें धारण करता है, उसकी बुद्धि कोष्ठबुद्धि कही गई है ॥ ९७८–९७९ ॥

कोष्ठबुद्धि समाप्त हुई ।

विचक्षण पुरुषोकी पदानुसारिणी बुद्धि अनुसारिणी, प्रतिसारिणी और उभयसारिणीके भेदसे तीन प्रकार है, इस बुद्धिके ये यथार्थ नाम है ॥ ९८० ॥

जो बुद्धि आदि, मध्य अथवा अन्तमे गुरुके उपदेशसे एक बीज पदको ग्रहण करके उपरिम ग्रन्थको ग्रहण करती है, वह अनुसारिणी बुद्धि कहलाती है ॥ ९८१ ॥

अनुसारिणी बुद्धि समाप्त हुई ।

गुरुके उपदेशसे आदि, मध्य अथवा अन्तमें एक बीज पदको ग्रहण करके जो बुद्धि अधस्तन ग्रन्थको जानती है, वह प्रतिसारिणी बुद्धि कहलाती है ॥ ९८२ ॥

प्रतिसारिणी बुद्धि समाप्त हुई ।

१ द वीरियं अंतरायाए. २ द ब तत्ताण. ३ द ब चिंतियाण. ४ द गंथत्थेसु वित्थरे लिंगसद्दु°. ५ द ब कोट्ठबुद्धि गदं. ६ [गदा].

णियमेण अणियमेण य जुगवं एगस्स बीजसद्दस्स । उवरिमहेट्ठिमगंथं जो बुज्झइ उभयसारी सा ॥ ९८३

। उभयसारी गदं[1] ।

। एवं पदाणुसारी गदं[2] ।

सोदिंदियसुदणाणावरणाणं[3] वीरियंतरायाए । उक्कस्सक्खउवसमे उदिदंगोवंगणामकम्मम्मि ॥ ९८४

सोदुक्कस्सखिदीदो बाहिं संखेज्जजोयणपएसे । संठियणरतिरियाणं बहुविहसद्दे समुट्ठंते ॥ ९८५

अक्खरअणक्खरमए सोदूणं दसदिसासु पत्तेक्कं । जं दिज्जदि पडिवयणं तं चिय संभिण्णसोदित्तं ॥ ९८६

। संभिण्णसोदित्तं गदं ।

जिब्भिंदियसुदणाणावरणाणं वीरियंतरायाए । उक्कस्सक्खउवसमे उदिदंगोवंगणामकम्मम्मि ॥ ९८७

जिब्भुक्कस्सखिदीदो बाहिं संखेज्जजोयणठियाणं । विविहरसाणं सादं जं जाणइ दूरसादित्तं ॥ ९८८

। दूरसादित्तं गदं ।

पासिंदियसुदणाणावरणाणं वीरियंतरायाए । उक्कस्सक्खउवसमे उदिदंगोवंगणामकम्मम्मि ॥ ९८९

पासुक्कस्सखिदीदो बाहिं संखेज्जजोयणठियाणि । अट्ठविहप्पासाणिं जं जाणइ दूरपासत्तं ॥ ९९०

। दूरपासं गदं ।

जो बुद्धि नियम अथवा अनियमसे एक बीजशब्दके (ग्रहण करनेपर) उपरिम और अधस्तन ग्रन्थको एक साथ जानती है, वह उभयसारिणी बुद्धि है ॥ ९८३ ॥

उभयसारिणी बुद्धि समाप्त हुई ।

इसप्रकार पदानुसारिणी बुद्धिका कथन समाप्त हुआ ।

श्रोत्रेन्द्रियावरण, श्रुतज्ञानावरण और वीर्यान्तरायका उत्कृष्ट क्षयोपशम तथा आंगोपांग नामकर्मका उदय होनेपर श्रोत्र इन्द्रियके उत्कृष्ट क्षेत्रसे बाहिर दशों दिशाओंमें संख्यात योजनप्रमाण क्षेत्रमें स्थित मनुष्य एवं तिर्यञ्चोंके अक्षरानक्षरात्मक बहुत प्रकारके उठनेवाले शब्दोंको सुनकर जिससे प्रत्युत्तर दिया जाता है, वह संभिन्नश्रोतृत्व नामक बुद्धिऋद्धि कहलाती है ॥ ९८४-९८६॥

संभिन्नश्रोतृत्वबुद्धिऋद्धि समाप्त हुई ।

जिह्वेन्द्रियावरण, श्रुतज्ञानावरण और वीर्यान्तरायका उत्कृष्ट क्षयोपशम तथा आंगोपांग नामकर्मका उदय होनेपर जिह्वा इन्द्रियके उत्कृष्ट विषयक्षेत्रसे बाहिर संख्यात योजनप्रमाण क्षेत्रमें स्थित विविध रसोंके स्वादके जाननेको दूरास्वादित्वऋद्धि कहते हैं ॥ ९८७-९८८ ॥

दूरास्वादित्वऋद्धि समाप्त हुई ।

स्पर्शनेन्द्रियावरण, श्रुतज्ञानावरण और वीर्यान्तरायका उत्कृष्ट क्षयोपशम तथा आंगोपांग नामकर्मका उदय होनेपर स्पर्शनेन्द्रियके उत्कृष्ट विषयक्षेत्रसे बाहिर संख्यात योजनोंमें स्थित आठ प्रकारके स्पर्शोंको जान लेना, यह दूरस्पर्शत्वबुद्धिऋद्धि है ॥ ९८९-९९० ॥

दूरस्पर्शत्वऋद्धि समाप्त हुई ।

१ द ब जो. २ [गदा]. ३ ब सोदिंदय.

घाणिंदियसुदणाणावरणाणं वीरियंतरायाए । उक्कस्सक्खउवसमे उदिदंगोवंगणामकम्मम्मि ॥ ९९१
घाणुक्कस्सखिदीदो बाहिं संखेज्जजोयणगदाणिं[1] । जं बहुविधगंधाणिं[2] तं घायदि दूरघाणत्तं ॥ ९९२
। दूरघाणत्तं गदं ।
सोदिंदियसुदणाणावरणाणं वीरियंतरायाए । उक्कस्सक्खउवसमे उदिदंगोवंगणामकम्मम्मि ॥ ९९३
सोदुक्कस्सखिदीदो बाहिरसंखेज्जजोयणपएसे । चेट्ठंताणं माणुसतिरियाणं बहुवियप्पाणं ॥ ९९४
अक्खरअणक्खरमए बहुविहसद्दे विसेससंजुत्ते । उप्पण्णे आयण्णइ जं भणिअं दूरसवणत्तं ॥ ९९५
। दूरसवणत्तं गदं ।
रूविंदियसुदणाणावरणाणं वीरिअंतरायाए । उक्कस्सक्खउवसमे उदिदंगोवंगणामकम्मम्मि ॥ ९९६
रूउक्कस्सखिदीदो बाहिं संखेज्जजोयणठिदाइं । जं बहुविहदव्वाइं देक्खइ तं दूरदरिसिणं णाम ॥ ९९७
। दूरदरिसिणं गदं ।
रोहिणिपहुदीण महाविज्जाणं देवदाउ पंच सया । अंगुट्ठपसेणाइं खुद्दअविज्जाणं[3] सत्त सया ॥ ९९८
एत्तूण पेसणाइं मग्गंते दसमपुव्वपढणम्मि । णेच्छंति संजमंता ताओ जे ते[4] अभिण्णदसपुव्वी ॥ ९९९
भुवणेसु सुप्पसिद्धा विज्जाहरसमणणामपज्जाया । ताणं मुणीण बुद्धी दसपुव्वी णाम बोद्धव्वा ॥ १०००
। दसपुव्वित्तं गदं[5] ।

घ्राणेन्द्रियावरण, श्रुतज्ञानावरण और वीर्यान्तरायका उत्कृष्ट क्षयोपशम तथा आंगोपांग नामकर्मका उदय होनेपर घ्राणेन्द्रियके उत्कृष्ट विषयक्षेत्रसे बाहिर संख्यात योजनोंमें प्राप्त हुए बहुत प्रकारके गन्धोंको सूंघना इसे दूरघ्राणत्व कहते हैं ॥ ९९१–९९२ ॥

दूरघ्राणत्वऋद्धि समाप्त हुई ।

श्रोत्रेन्द्रियावरण, श्रुतज्ञानावरण और वीर्यान्तरायका उत्कृष्ट क्षयोपशम तथा आंगोपांग नामकर्मका उदय होनेपर श्रोत्रेन्द्रियके उत्कृष्ट विषयक्षेत्रसे बाहिर संख्यात योजनप्रमाण क्षेत्रमें स्थित रहनेवाले बहुत प्रकारके मनुष्य और तिर्यञ्चोंके विशेषतासे संयुक्त अनेक प्रकारके अक्षरानक्षरात्मक शब्दोंके उत्पन्न होनेपर उनका श्रवण करना, इसे दूरश्रवणत्व कहा गया है ॥ ९९३–९९५ ॥ दूरश्रवणत्वऋद्धि समाप्त हुई ।

चक्षुरिन्द्रियावरण, श्रुतज्ञानावरण और वीर्यान्तरायका उत्कृष्ट क्षयोपशम तथा आंगोपांग नामकर्मका उदय होनेपर चक्षुरिन्द्रियके उत्कृष्ट विषयक्षेत्रसे बाहिर संख्यात योजनोंमें स्थित बहुत प्रकारके द्रव्योंको देखना, यह दूरदर्शित्वऋद्धि है ॥ ९९६–९९७ ॥

दूरदर्शित्वऋद्धि समाप्त हुई ।

दशवें पूर्वके पढ़नेमें रोहिणीप्रभृति महाविद्याओंके पांचसौ और अंगुष्ठप्रसेनादिक (-प्रश्नादिक) क्षुद्रविद्याओंके सातसौ देवता आकर आज्ञा मांगते हैं । इस समय जो महर्षि जितेन्द्रिय होनेके कारण उन विद्याओंकी इच्छा नहीं करते हैं, वे 'विद्याधरश्रमण' इस पर्यायनामसे भुवनमें प्रसिद्ध होते हुए अभिन्नदशपूर्वी कहलाते हैं । उन मुनियोंकी बुद्धिको दशपूर्वी जानना चाहिये ॥ ९९८--१००० ॥

दशपूर्वित्वऋद्धि समाप्त हुई ।

१ ब जोयणगदाणं. २ द ब °गंधाणं. ३ द ब अक्खअविज्ञाण. ४ द ब तं. ५ द ब दसपुव्वी गदं.

सयलागमपारगया सुदकेवलिणामसुप्पसिद्धा जे । एदाण बुद्धिरिद्धी चोद्दसपुव्वि त्ति णामेण ॥ १००१

। चोद्दसपुव्वित्तं[1] गदं ।

णइमित्तिका य रिद्धी णभभउमंगंसराइ वेंजणयं । लक्खणचिण्हं सउणं अट्ठवियप्पेहि वित्थरिदं ॥ १००२

रविससिगहपहुदीणं उदयत्थमणादिआइं[2] दट्ठूणं । खीणत्तं दुक्खसुहं जं जाणइ तं हि णहणिमित्तं ॥ १००३

। णहणिमित्तं गदं ।

घणसुसिरणिद्धलुक्खप्पहुदिगुणे भाविदूण भूमीए । जं जाणइ खयवड्ढिं तम्मयसैकणयरजदपमुहाणं[3] ॥ १००४

दिसिविदिसअंतरेसुं चउरंगबलं ठिदं च दट्ठूणं । जं जाणइ जयमजयं तं भउमणिमित्तमुद्दिट्ठं ॥ १००५

। भउमणिमित्तं गदं ।

वातादिप्पगिदीओ[4] रुहिरप्पहुदिस्सहावसत्ताइं[5] । णिण्णाण उण्णयाणं[6] अंगोवंगाण दंसणा पासा[7] ॥ १००६

णरतिरियाणं दट्ठुं जं जाणइ दुक्खसोक्खमरणाइं । कालत्तयणिप्पण्णं अंगणिमित्तं पसिद्धं तु ॥ १००७

। अंगणिमित्तं गदं ।

जो महर्षि सम्पूर्ण आगमके पारंगत हैं और श्रुतकेवली नामसे सुप्रसिद्ध हैं उनके चौदहपूर्वी नामक बुद्धिऋद्धि होती है ॥ १००१ ॥

चौदहपूर्वित्वऋद्धि समाप्त हुई ।

नैमित्तिक ऋद्धि नभ, भौम, अंग, स्वर, व्यंजन, लक्षण, चिह्न (छिन्न ?) और स्वप्न इन आठ भेदोंसे विस्तृत है ॥ १००२ ॥

सूर्य, चन्द्र और ग्रह इत्यादिकके उदय व अस्तमन आदिकोंको देखकर जो क्षीणता और दुखसुखका जानना है, वह नभनिमित्त है ॥ १००३ ॥

नभनिमित्त समाप्त हुआ ।

पृथिवीके घन (सांध्रता), सुषिर (पोलापन), स्निग्धता और रूक्षताप्रभृति गुणोंको विचार कर जो तांबा, लोहा, सुवर्ण और चांदी आदिक धातुओंकी हानि-वृद्धिको तथा दिशा-विदिशाओंके अन्तरालमें स्थित चतुरंग बलको देखकर जो जय-पराजयको भी जानना है, इसे भौमनिमित्त कहा गया है ॥ १००४–१००५ ॥

भौमनिमित्त समाप्त हुआ ।

मनुष्य और तिर्यंचोंके निम्न व उन्नत अंग-उपांगोंके दर्शन व स्पर्शसे वातादि तीन प्रकृतियों और रुधिरादि सात स्वभावों (धातुओं) को देखकर तीनों कालोंमें उत्पन्न होनेवाले सुख, दुख या मरणादिको जानना, यह अंगनिमित्त नामसे प्रसिद्ध है ॥ १००६–१००७ ॥

अंगनिमित्त समाप्त हुआ ।

---

१ द ब पुव्विर्त्ति. २ द ब °मणादिआदि. ३ द ब तंमयग°. ४ द ब °प्पारिदीओ. ५ द ब °सत्तेइं, ६ द ब तिण्हाणउण्हयाणं. ७ द ब पासं.

णरतिरियाण विचित्तं सद्दं सोदूण दुक्खसोक्खाइं । कालत्तयणिप्पण्णं जं जाणइ तं सरणिमित्तं ॥ १००८[1]

। सरणिमित्तं गदं ।

सिरमुहकंधप्पहुदिसु तिलमसयप्पहुदिआइं[2] दट्ठूणं । जं तियकालसुहाइं जाणइ तं वेंजणणिमित्तं ॥ १००९

। वेंजणणिमित्तं गदं ।

करचरणतलप्पहुदिसु पंकयकुलिसादियाणि दट्ठूणं । जं तियकालसुहाइं लक्खइ तं लक्खणणिमित्तं ॥ १०१०

। लक्खणणिमित्तं गदं ।

सुरदाणवरक्खसणरतिरिएहिं छिण्णसत्थ[3]वत्थाणि । पासादणयरदेसादियाणि चिण्हाणि दट्ठूणं ॥ १०११

कालत्तयसंभूदं सुहासुहं मरणविविहदव्वं च । सुहदुक्खाइं लक्खइ चिण्हणिमित्तं ति तं जाणइ ॥ १०१२

। चिण्हणिमित्तं गदं ।

वातादिदोस[4]चत्तो पच्छिमरत्ते मुयंकरविपहुदिं । णियमुहकमलपविट्ठं देक्खिय सउणम्मि सुहसउणं ॥ १०१३

घडतेल्लब्भंगादिं रासहकरभादिए[5]सु आरुहणं । परदेसगमणसव्वं जं देक्खइ असुहसउणं तं ॥ १०१४

जं भासइ दुक्खसुहप्पमुहं कालत्तए वि संजादं । तं चिय सउणणिमित्तं चिण्हो मालो त्ति दोभेदं[6] ॥ १०१५

मनुष्य और तिर्यंचोंके विचित्र शब्दोंको सुनकर कालत्रयमें होनेवाले दुख-सुखको जानना, यह स्वरनिमित्त है ॥ १००८ ॥

स्वरनिमित्त समाप्त हुआ ।

सिर, मुख और कंधे आदिपर तिल एवं मशे आदिको देखकर तीनों कालके सुखादिकको जानना, यह व्यञ्जननिमित्त है ॥ १००९ ॥

व्यञ्जननिमित्त समाप्त हुआ ।

हस्ततल और चरणतलादिकमें कमल, वज्र इत्यादि चिह्नोंको देखकर कालत्रयमें होनेवाले सुखादिको जानना, यह लक्षणनिमित्त है ॥ १०१० ॥

लक्षणनिमित्त समाप्त हुआ ।

देव, दानव, राक्षस, मनुष्य और तिर्यंचोंके द्वारा छेदे गये शस्त्र एवं वस्त्रादिक तथा प्रासाद, नगर और देशादिक चिह्नोंको देखकर त्रिकालभावी शुभ, अशुभ, मरण, विविध प्रकारके द्रव्य और सुख-दुखको जानना, यह चिह्ननिमित्त है ॥ १०११-१०१२ ॥

चिह्ननिमित्त समाप्त हुआ ।

वात-पित्तादि दोषोंसे रहित व्यक्ति सोते हुए रात्रिके पश्चिम भागमें अपने मुखकमलमें प्रविष्ट चन्द्र-सूर्यादिरूप शुभ स्वप्नको; और घृत व तैलकी मालिश आदि, गर्दभ व ऊंट आदिपर चढ़ना, तथा परदेशगमनादिरूप जो अशुभ स्वप्नको देखता है, इसके फलस्वरूप तीन कालमें होनेवाले दुख-सुखादिकको बतलाना यह स्वप्ननिमित्त है । इसके चिह्न और मालारूपसे दो भेद हैं ।

---

१ एषा गाथा द-पुस्तक एव. २ द ब 'प्पहुदिआदि. ३ द ब छंदसत्थ°. ४ द वालादिदोस°. ५ द करभादिएसु. ६ द ब चिण्हा मालोत्तिदो भेदं.

करिकेसरिपहुदीणं दंसणमेत्तादि[1] चिण्हसउणं तं । पुव्वावरसंबंधं सउणं तं मालसउणो त्ति ॥ १०१६

। सउणणिमित्तं गदं ।

। एवं णिमित्तरिद्धी सम्मत्ता ।

पगडीए सुदणाणावरणाए वीरियंतरायाए । उक्कस्सक्खउवसमे उप्पज्जइ पण्णसमणद्धी ॥ १०१७

पण्णासवणद्धिजुदो चोद्दसपुव्वीसु विसयसुहुमत्तं ।

सव्वं हि सुदं जाणदि अकअज्झअणो वि णियमेण ॥ १०१८

भासंति तस्स बुद्धी पण्णासमणद्धि सा च चउभेदा। अउपत्तिअ-परिणामिय-वइणइकी-कम्मजा णेया ॥ १०१९

अउपत्तिकी भवंतरसुदविणएणं समुल्लसिदभावा। णियणियजादिविसेसे उप्पण्णा पारिणामिकी णामा ॥ १०२०

वइणइकी विणएणं उप्पज्जदि बारसंगसुदजोग्गं। उवदेसेण विणा तवविसेसलाहेण कम्मजा तुरिमा ॥ १०२१

। पण्णसवणं गदं ।

कम्माण उवसमेण य गुरूवदेसं विणा वि पावेदि । सण्णाणतवप्पगमं जीए[2] पत्तेयबुद्धी सा ॥ १०२२

। पत्तेयबुद्धी गदा[3] ।

इनमेंसे स्वप्नमें हाथी व सिंहादिकके दर्शनमात्र आदिकको चिह्नस्वप्न और पूर्वापर सम्बन्ध रखनेवाले स्वप्नको मालास्वप्न कहते हैं ॥ १०१३-१०१६ ॥

स्वप्ननिमित्त समाप्त हुआ।

इसप्रकार निमित्तऋद्धि समाप्त हुई।

श्रुतज्ञानावरण और वीर्यान्तरायका उत्कृष्ट क्षयोपशम होनेपर प्रज्ञाश्रमणऋद्धि उत्पन्न होती है। प्रज्ञाश्रवणऋद्धिसे युक्त जो महर्षि अध्ययनके बिना किये ही चौदह पूर्वोंमें विषयकी सूक्ष्मताको लिये हुए सम्पूर्ण श्रुतको जानता है और उसका नियमपूर्वक निरूपण करता है उसकी बुद्धिको प्रज्ञाश्रमणऋद्धि कहते हैं। वह औत्पत्तिकी, पारणामिकी, वैनयिकी और कर्मजा, इन भेदोंसे चार प्रकारकी जानना चाहिये ॥ १०१७-१०१९ ॥

इनमेंसे पूर्व भवमें किये गये श्रुतके विनयसे उत्पन्न होनेवाली औत्पत्तिकी, निज निज जातिविशेषमें उत्पन्न हुई परिणामिकी, द्वादशांगश्रुतके योग्य विनयसे उत्पन्न होनेवाली वैनयिकी, और उपदेशके बिना ही विशेष तपकी प्राप्तिसे आविर्भूत हुई चतुर्थ कर्मजा प्रज्ञाश्रमणऋद्धि समझना चाहिये ॥ १०२०-१०२१ ॥

प्रज्ञाश्रवणऋद्धि समाप्त हुई।

जिसके द्वारा गुरुके उपदेशके बिना ही कर्मोंके उपशमसे सम्यग्ज्ञान और तपके विषयमें प्रगति होती है, वह प्रत्येकबुद्धि कहलाती है ॥ १०२२ ॥

प्रत्येकबुद्धि समाप्त हुई।

१ द ब दंसणजेट्ठादि. २ द ब जीवे. ३ द ब गदं.

सक्कादीण वि पक्खं बहुवादेहिं णिरुत्तरं कुणदि । परदव्वाइं[1] गवेसइ जीए वादित्तरिद्धी सा ॥ १०२३

। वादित्तं गदं ।

। एवं बुद्धिरिद्धी समत्ता ।

अणिमा-महिमा-लघिमा-गरिमा-पत्ती य तह[2] अ पाकम्मं । ईसत्तवसित्ताइं[3] अप्पडिघादंतधाणा य ॥ १०२४

रिद्धी हु कामरूवा एवंरूवेहिं विविहभेएहिं । रिद्धिविकिरिया णामा समणाणं तवविसेसेणं ॥ १०२५

अणुतणुकरणं अणिमा अणुछिद्दे पविसिदूण तत्थेव । विकरदि खंदावारं णिएसमवि[4] चक्कवट्टिस्स ॥ १०२६

मेरूवमाणदेहा[5] महिमा अणिलाउ लहुतरो लहिमा । वज्जाहिंतो गुरुवत्तणं च गरिम त्ति भण्णंति ॥ १०२७

भूमीए चेट्ठंतो अंगुलिअग्गेण सूरससिपहुदिं । मेरुसिहराणि अण्णं जं पावदि पत्तिरिद्धी सा ॥ १०२८

सलिले विय भूमीए उम्मज्जणिमज्जणाणि[6] जं कुणदि । भूमीए विय सलिले गच्छदि पाकम्मरिद्धी सा ॥ १०२९

णिस्सेसाण पहुत्तं जगाण ईसत्तणामरिद्धी सा । वसमेंति तववलेणं जं जीओहा वसित्तरिद्धी सा ॥ १०३०

जिस ऋद्धिके द्वारा शाक्यादिक (या शक्रादि) के पक्षको भी बहुत वादसे निरुत्तर कर दिया जाता है और परके द्रव्योंकी गवेषणा (परीक्षा) करता है (या दूसरोंके छिद्र अथवा दोष ढूंढता है) वह वादित्वऋद्धि कहलाती है ॥ १०२३ ॥

वादित्वऋद्धि समाप्त हुई ।

इसप्रकार बुद्धिऋद्धि समाप्त हुई ।

अणिमा, महिमा, लघिमा, गरिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशत्व, वशित्व, अप्रतिघात, अन्तर्धान और कामरूप, इसप्रकारके अनेक भेदोंसे युक्त विक्रिया नामक ऋद्धि तपोविशेषसे श्रमणोंके हुआ करती है ॥ १०२४--१०२५ ॥

अणुके बराबर शरीरको करना अणिमाऋद्धि है । इस ऋद्धिके प्रभावसे महर्षि अणुके बराबर छिद्रमें प्रविष्ट होकर वहां ही चक्रवर्तीके कटक और निवेशकी विक्रियाद्वारा रचना करता है ॥ १०२६ ॥

मेरुके बराबर शरीरके करनेको महिमा, वायुसे भी लघु शरीरके करनेको लघिमा, और वज्रसे भी अधिक गुरुतायुक्त शरीरके करनेको गरिमाऋद्धि कहते हैं ॥ १०२७ ॥

भूमिपर स्थित रहकर अंगुलिके अग्रभागसे सूर्य-चन्द्रादिकको, मेरुशिखरोंको तथा अन्य वस्तुको प्राप्त करना यह प्राप्तिऋद्धि कहलाती है ॥ १०२८ ॥

जिस ऋद्धिके प्रभावसे जलके समान पृथिवीपर भी उन्मज्जन-निमज्जन क्रियाको करता है और पृथिवीके समान जलपर भी गमन करता है, वह प्राकाम्यऋद्धि है ॥ १०२९ ॥

जिससे सब जगत्पर प्रभुत्व होता है, वह ईशत्वनामक ऋद्धि; और जिससे तपोबलद्वारा जीवसमूह वशमें होते हैं, वह वशित्वऋद्धि कही जाती है ॥ १०३० ॥

१ [पराछिद्दाइं]. २ द तह अप्पकम्मं, ब तहा अ पाकम्मं. ३ द ब °वसत्ताइं. ४ द णिएस चक्कवट्टिस्स. ५ ब मेरूवमाणा. ६ द ब उम्मज्जणाणि.

सेलसिलातरुपमुहाणब्भंतरं होइदूण[1] गयणं व । जं वच्चदि सा रिद्धी अप्पडिघादेत्ति गुणणामं ॥ १०३१
जं हवदि अदिस्सत्तं[2] अंतद्धाणाभिधाणरिद्धी सा । जुगवं बहुरूवाणिं जं विरयदि कामरूवरिद्धी सा ॥ १०३२

। विक्किरियारिद्धी[3] समत्ता ।

दुविहा किरियारिद्धी णहयलगामित्तचारणत्तेहिं । उट्ठीओ[4] आसीणो काउस्सग्गेण इदरेणं ॥ १०३३
गच्छेदि जीए एसा रिद्धी गयणगामिणी णाम । चारणरिद्धी बहुविहवियप्पसंदोहवित्थरिदा ॥ १०३४
जलजंघाफलपुप्फं पत्तग्गिसिहाण धूममेघाणं । धारामक्कडतंतू[5]जोदीमरुदाण चारणा कमसो ॥ १०३५
अविराहियप्पुकाए जीवे पदक्खेवणेहिं जं जादि । धावेदि जलहिमज्झे स च्चिय जलचारणा[6] रिद्धी ॥ १०३६
चउरंगुलमेत्तमहिं छंडिय गयणम्मि कुडिलजाणु विणा । जं बहुजोयणगमणं सा जंघाचारणा रिद्धी ॥ १०३७
अविराहिदूण जीवे तल्लीणे वणफलाण विविहाणं । उवरिम्मि जं पधावदि स च्चिय फलचारणा रिद्धी ॥ १०३८
अविराहिदूण जीवे तल्लीणे बहुविहाण पुप्फाणं । उवरिम्मि जं पसप्पदि सा रिद्धी पुप्फचारणा णामा ॥ १०३९

जिस ऋद्धिके बलसे शैल, शिला और वृक्षादिकके मध्यमें होकर आकाशके समान गमन किया जाता है, वह सार्थक नामवाली अप्रतिघातऋद्धि है ॥ १०३१ ॥

जिस ऋद्धिसे अदृश्यता प्राप्त होती है, वह अन्तर्धाननामक ऋद्धि; और जिससे युगपत् बहुतसे रूपोंको रचता है, वह कामरूपऋद्धि है ॥ १०३२ ॥

विक्रियाऋद्धि समाप्त हुई ।

नभस्तलगामित्व और चारणत्वके भेदसे क्रियाऋद्धि दो प्रकार है। इनमेंसे जिस ऋद्धिके द्वारा कायोत्सर्ग अथवा अन्य प्रकारसे ऊर्ध्व स्थित होकर या बैठकर जाता है, वह आकाशगामिनी नामक ऋद्धि है। तथा दूसरी चारणऋद्धि क्रमसे जलचारण, जंघाचारण, फलचारण, पुष्पचारण, पत्रचारण, अग्निशिखाचारण, धूमचारण, मेघचारण, धाराचारण, मर्कटतन्तुचारण, ज्योतिश्चारण और मरुच्चारण इत्यादि अनेक प्रकारके विकल्पसमूहोंसे विस्तारको प्राप्त है ॥ १०३३-१०३५ ॥

जिस ऋद्धिसे जीव पैरोंके रखनेसे जलकायिक जीवोंकी विराधना न करके समुद्रके मध्यमें जाता है और दौड़ता है, वह जलचारणऋद्धि है ॥ १०३६ ॥

चार अंगुलप्रमाण पृथिवीको छोड़कर आकाशमें घुटनोंको मोड़े विना जो बहुत योजनोंतक गमन करना है, वह जंघाचारणऋद्धि है ॥ १०३७ ॥

जिस ऋद्धिसे विविध प्रकारके वनफलोंमें रहनेवाले जीवोंकी विराधना न करके उनके ऊपरसे दौड़ता है, वह फलचारणऋद्धि है ॥ १०३८ ॥

जिस ऋद्धिके प्रभावसे बहुत प्रकारके फूलोंमें रहनेवाले जीवोंकी विराधना न करके उनके ऊपरसे जाता है, वह पुष्पचारण नामक ऋद्धि है ॥ १०३९ ॥

१ द ब पमुहाणं अंतरतं होइदम्मि. २ द ब लद्धिसत्तं. ३ द ब ऋद्धि. ४ द ब उद्धीओ. ५ द अक्कडतंतु. ६ द जलचालणा.

अविराहिदूण जीवे तल्लीणे[1] बहुविहाण पत्ताणं । जा उवरि वच्चदि मुणी सा रिद्धी पत्तचारणा णामा ॥ १०४०
अविराहिदूण जीवे अग्गिसिहासंठिए विचित्ताणं । जं ताण उवरि गमणं अग्गिसिहाचारणा रिद्धी ॥ १०४१
अधउड्डुतिरियपसरं धूमं अवलंबिऊणं[2] जं देंति । पदखेवे अक्खलिआ सा रिद्धी धूमचारणा णाम ॥ १०४२
अविराहिदूण जीवे अपुकाए बहुविहाण मेघाणं । जं उवरि गच्छिद्द मुणी सा रिद्धी मेघचारणा णाम ॥ १०४३
अविराहिय तल्लीणे जीवे घणमुक्कवारिधाराणं । उवरिं[3] जं जादि मुणी सा धाराचारणा रिद्धी ॥ १०४४
मक्कडयतंतुपंतीउवरिं अदिलघुओ तुरिदपदखेवे । गच्छेदि मुणिमहेसी सा मक्कडतंतुचारणा रिद्धी ॥ १०४५
अधउड्डुतिरियपसरे किरणे अवलंबिदूण[4] जोदीणं । जं गच्छेदि तवस्सी सा रिद्धी जोदिचारणा णाम ॥ १०४६
णाणाविहगदिमारुदपदेसपंतीसुं[5] देंति[6] पदखेवे । जं अक्खलिया मुणिणो सा मारुदचारणा रिद्धी ॥ १०४७
अण्णे विविहा भंगा[7] चारणरिद्धीए भाजिदा भेदा । ताण सरूवंकहणे[8] उवएसो अम्ह उच्छिण्णो ॥ १०४८

। एवं किरियारिद्धी समत्ता ।

जिस ऋद्धिका धारक मुनि बहुत प्रकारके पत्तोंमें रहनेवाले जीवोंकी विराधना न करके उनके ऊपरसे जाता है, वह पत्रचारण नामक ऋद्धि है ॥ १०४० ॥

अग्निशिखाओंमें स्थित जीवोंकी विराधना न करके उन विचित्र अग्निशिखाओंपरसे गमन करनेको अग्निशिखाचारणऋद्धि कहते हैं ॥ १०४१ ॥

जिस ऋद्धिके प्रभावसे मुनिजन नीचे, ऊपर और तिरछे फैलनेवाले धुएँका अवलंबन करके अस्खलित पादक्षेप देते हुए गमन करते हैं, वह धूमचारण नामक ऋद्धि है ॥ १०४२ ॥

जिस ऋद्धिसे मुनि अप्कायिक जीवोंको पीड़ा न पहुंचाकर बहुत प्रकारके मेघोंपरसे गमन करता है, वह मेघचारण नामक ऋद्धि है ॥ १०४३ ॥

जिसके प्रभावसे मुनि मेघोंसे छोड़ी गयी जलधाराओंमें स्थित जीवोंको पीड़ा न पहुंचाकर उनके ऊपरसे जाते हैं, वह धाराचारणऋद्धि है ॥ १०४४ ॥

जिसकेद्वारा मुनि-महर्षि शीघ्रतासे किये गये पदविक्षेपमें अत्यन्त लघु होते हुए मकड़ीके तन्तुओंकी पंक्तिपरसे गमन करता है, वह मकड़ीतन्तुचारणऋद्धि है ॥ १०४५ ॥

जिससे तपस्वी नीचे, ऊपर और तिरछे फैलनेवाली ज्योतिषी देवोंके विमानोंकी किरणोंका अवलंबन करके गमन करता है, वह ज्योतिश्चारणऋद्धि है ॥ १०४६ ॥

जिसके प्रभावसे मुनि नाना प्रकारकी गतिसे युक्त वायुके प्रदेशोंकी पंक्तियोंपर अस्खलित होकर पदविक्षेप करते हैं, वह मारुतचारणऋद्धि है ॥ १०४७ ॥

इस चारणऋद्धिके विविध भंगोंसे युक्त विभक्त किये हुए और भी भेद होते हैं, परन्तु उनके स्वरूपका कथन करनेवाला उपदेश हमारे लिये नष्ट होचुका है ॥ १०४८ ॥

इसप्रकार क्रियाऋद्धि समाप्त हुई ।

१ द तल्लीणा. २ द ब अविलंबिऊण. ३ द ब उवरिम. ४ द ब अविलंबिदूण. ५ द ब पदेससतीसु. ६ द दिंति. ७ द भंजा. ८ द °कहणो.

उग्गतवा दित्ततवा तत्ततवा तह महातवा तुरिमा । घोरतवा पंचमिया घोरपरक्कमतवा छट्टी ॥ १०४९

तवरिद्धीए कहिदं सत्तमयमघोरबम्हचारित्तं । उग्गतवा दो भेदा उग्गोग्गअवट्ठिदुग्गतवणामा ॥ १०५०

दिक्खोववासमादिं कादूणं[1] एक्काहिएक्कपचएणं[2] । आमरणंतं जवणं सा होदि उग्गोग्गतवरिद्धी ॥ १०५१

बहुविहउववासेहिं रविसमवड्ढंतकायकिरणोघो । कायमणवयणबलिणो जीए[3] सा दित्ततवरिद्धी ॥ १०५२

तत्ते लोहकडाहे पडिअंबुकणं व जीए भुत्तण्णं । झिज्जदि धाऊहिं सा णियझाणाएहिं तत्ततवा ॥ १०५३

मंदरपंतिप्पमुहे महोववासे[4] करेदि सव्वे वि । चउसण्णाणबलेणं [5]जीए सा महातवा रिद्धी ॥ १०५४

जलसूलप्पमुहाणं रोगेणच्चंतपीडिअंगा[6] वि । साहंति दुद्धरतवं जीए[7] सा घोरतवरिद्धी ॥ १०५५

णिरुवमवड्ढंततवा तिहुवणसंहरणकरणसत्तिजुदा । कंटयसिलग्गिपव्वयधूमुक्कापहुदिवरिसणसमत्था ॥ १०५६

उग्रतप, दीप्ततप, तप्ततप, तथा चतुर्थ महातप, पांचवीं घोरतप, छठी घोरपराक्रमतप और सातवीं अघोरब्रह्मचारित्व, इसप्रकार तपऋद्धिके सात भेद कहे गये हैं। इनमेंसे उग्रतप-ऋद्धिके दो भेद हैं—उग्रोग्रतप और अवस्थितउग्रतप ॥ १०४९–१०५० ॥

दीक्षोपवासको आदि करके आमरणान्त एक एक अधिक उपवासको बढ़ाकर यापन अर्थात् निर्वाह करना, यह उग्रोग्रतपऋद्धि है ॥ १०५१ ॥

[दीक्षार्थ एक उपवास करके पारणा करे और पुनः एक एक दिनका अन्तर देकर उपवास करता जाय। पुनः कुछ निमित्त पाकर षष्ठ भक्त, पुनः अष्टम भक्त, पुनः दशम भक्त, पुनः द्वादशम भक्त, इत्यादि क्रमसे नीचे न गिरकर उत्तरोत्तर आमरणान्त उपवासोंको बढ़ाते जाना अवस्थितउग्रतपऋद्धि है ॥ १०५१*१ ॥]

जिस ऋद्धिके प्रभावसे मन, वचन और कायसे बलिष्ठ ऋषिके बहुत प्रकारके उपवासोंद्वारा सूर्यके समान शरीरकी किरणोंका समूह बढ़ता हो वह दीप्ततपऋद्धि है ॥ १०५२ ॥

तपी हुई लोहेकी कड़ाहीमें गिरे हुए जलकणके समान जिस ऋद्धिसे खाया हुआ अन्न धातुओंसहित क्षीण हो जाता है, अर्थात् मल-मूत्रादिरूप परिणमन नहीं करता है, वह निज ध्यानसे उत्पन्न हुई तप्ततपऋद्धि है ॥ १०५३ ॥

जिस ऋद्धिके प्रभावसे मुनि चार सम्यग्ज्ञानोंके बलसे मंदरपंक्तिप्रमुख सब ही महान् उपवासोंको करता है, वह महातपऋद्धि है ॥ १०५४ ॥

जिस ऋद्धिके बलसे ज्वर और शूलादिक रोगसे शरीरके अत्यन्त पीड़ित होनेपर भी साधुजन दुर्द्धर तपको सिद्ध करते हैं, वह घोरतपऋद्धि है ॥ १०५५ ॥

जिस ऋद्धिके प्रभावसे मुनिजन अनुपम एवं वृद्धिंगत तपसे सहित, तीनों लोकोंके संहार करनेकी शक्तिसे युक्त; कंटक, शिला, अग्नि, पर्वत, धुआं तथा उल्का आदिके

---

१ द कादुं. २ द ब पंचेण. ३ द ब जीवे. ४ द ब महोववासो. ५ द ब जीवे. ६ द ब 'पीडिअंगो. ७ द ब जीवे.

सहस त्ति सयलसायरसलिलुप्पीलस्स सोसणसमत्था । जायंति जीए मुणिणो घोरपरक्कमतव त्ति सा रिद्धी ॥ १०५७
जीए ण होंति मुणिणो खेत्तम्मि वि चोरपहुदिबाधाओ । कालमहाजुद्धादी रिद्धी साघोरबम्हचारित्ता ॥ १०५८
उक्कस्सक्खउवसमे चारित्तावरणमोहकम्मस्स । जा दुस्सिमणं णासइ रिद्धी साघोरबम्हचारित्ता ॥ १०५९
अथवा—
सव्वगुणेहिं अघोरं महेसिणो बम्हसद्दचारित्तं । विप्फुरिदाए जीए रिद्धी साघोरबम्हचारित्ता ॥ १०६०
। एवं तवरिद्धी समत्ता ।
बलरिद्धी तिविहप्पा मणवयणसरीरयाण भेएण । सुदणाणावरणाए पगडीए वीरयंतरायाए ॥ १०६१
उक्कस्सक्खउवसमे मुहुत्तमेत्तंतरम्मि सयलसुदं । चिंतइ जाणइ जीए सा रिद्धी मणबला णामा ॥ १०६२
जिब्भिंदियणोइंदियसुदणाणावरणविरियविग्घाणं । उक्कस्सखओवसमे मुहुत्तमेत्तंतरम्मि मुणी ॥ १०६३
सयलं पि सुदं जाणइ उच्चारइ जीए विप्फुरंतीए[3] ।
असमो अहिकंठो सा रिद्धीउ णेया वयणबलणामा ॥ १०६४

बरसानेमें समर्थ; और सहसा सम्पूर्ण समुद्रके सलिलसमूहके सुखानेकी शक्तिसे भी संयुक्त होते हैं, वह घोरपराक्रमतपऋद्धि है ॥ १०५६–१०५७ ॥

जिस ऋद्धिसे मुनिके क्षेत्रमें भी चौरादिककी बाधायें और काल (महामारी) एवं महा-युद्धादिक नहीं होते हैं, वह अघोरब्रम्हचारित्वऋद्धि है ॥ १०५८ ॥

चारित्रनिरोधक मोहकर्म अर्थात् चारित्रमोहनीयका उत्कृष्ट क्षयोपशम होनेपर जो ऋद्धि दुस्स्वप्नको नष्ट करती हैं, वह अघोरब्रम्हचारित्वऋद्धि है ॥ १०५९ ॥

अथवा—

जिस ऋद्धिके आविर्भूत होनेसे महर्षिजन सब गुणोंके साथ अघोर अर्थात् अविनश्वर ब्रम्हचर्यका आचरण करते हैं, वह अघोरब्रम्हचारित्वऋद्धि है ॥ १०६० ॥

इसप्रकार तपऋद्धिका कथन समाप्त हुआ।

मन, वचन और कायके भेदसे बलऋद्धि तीन प्रकार है। इनमेंसे जिस ऋद्धिके द्वारा श्रुतज्ञानावरण और वीर्यान्तराय, इन दो प्रकृतियोंका उत्कृष्ट क्षयोपशम होनेपर मुहूर्तमात्र कालके भीतर अर्थात् अन्तर्मुहूर्त कालमें सम्पूर्ण श्रुतका चिन्तवन करता है व जानता है, वह मनोबल नामक ऋद्धि है ॥ १०६१–१०६२ ॥

जिह्वेन्द्रियावरण, नोइन्द्रियावरण, श्रुतज्ञानावरण और वीर्यान्तरायका उत्कृष्ट क्षयोपशम होनेपर जिस ऋद्धिके प्रगट होनेसे मुनि श्रमरहित और अहीनकंठ होता हुआ मुहूर्तमात्र कालके भीतर सम्पूर्ण श्रुतको जानता व उसका उच्चारण करता है, उसे वचनबल नामक ऋद्धि जानना चाहिये ॥ १०६३–१०६४ ॥

१ द ब जिय. २ द ब °महाउद्दादी. ३ द ब जिय विप्फुरंतिए. ४ द ब यसमे.

उक्कस्सक्खउवसमे पविसेसे विरियविग्घपगडीए[1] । मासचउमासपमुहे[2] काउस्सग्गे वि समहीणा ॥ १०६५
उच्चट्टिय तेल्लोक्कं[3] झत्ति कणिट्ठंगुलीए अण्णत्थं । थविदुं जीए समत्था सा रिद्धी कायबलणामा ॥ १०६६

। एवं बलरिद्धी समत्ता ।

आमरिसखेलजल्ला मलविप्पुसव्वा ओसहीपुव्वा । मुहदिट्ठिणिव्विसाओ अट्ठविहा ओसही रिद्धी ॥ १०६७
रिसिकरचरणादीणं अल्लियमेत्तम्मि जीए पासम्मि । जीवा होंति णिरोगा सा अम्मरिसोसही रिद्धी ॥ १०६८
जीए लालासेमच्छीमल[4]सिंहाणआदिआ सिग्घं । जीवाण रोगहरणा स च्चिय खेलोसही रिद्धी ॥ १०६९
सेयजलो अंगरयं जल्लं भण्णेत्ति जीए तेणावि । जीवाण रोगहरणं रिद्धी जल्लोसही णामा ॥ १०७०
जीहोट्ठदंतणासासोत्तादिमलं पि जीए सत्तीए । जीवाण रोगहरणं मलोसही णाम सा रिद्धी ॥ १०७१
मुत्तपुरीसो वि पुढं दारुणबहुजीववायसंहरणा । जीए महामुणीणं विप्पोसहि णाम सा रिद्धी ॥ १०७२
जीए पस्सजलाणिलरोमणहादीणि[5] वाहिहरणाणि । दुक्करतवजुत्ताणं रिद्धी सव्वोसही णामा ॥ १०७३

जिस ऋद्धिके बलसे वीर्यान्तराय प्रकृतिके उत्कृष्ट क्षयोपशमकी विशेषता होनेपर मुनि मास व चतुर्मासादिरूप कायोत्सर्गको करते हुए भी श्रमसे रहित होते हैं, तथा झटिति (शीघ्रतासे) तीनों लोकोंको कनिष्ठ अंगुलीके ऊपर उठाकर अन्यत्र स्थापित करनेके लिये समर्थ होते हैं, वह कायबल नामक ऋद्धि है ॥ १०६५-१०६६ ॥

इसप्रकार बलऋद्धिका वर्णन समाप्त हुआ ।

आमर्शौषधि, क्ष्वेलौषधि, जल्लौषधि, मलौषधि, विप्रौषधि (विडौषधि), सर्वौषधि, मुखनिर्विष और दृष्टिनिर्विष, इसप्रकार औषधिऋद्धि आठ प्रकारकी है ॥ १०६७ ॥

जिस ऋद्धिके प्रभावसे जीव पासमें आनेपर ऋषिके हस्त व पादादिकके स्पर्शमात्रसे ही नीरोग होजाते हैं, वह आमर्शौषधिऋद्धि है ॥ १०६८ ॥

जिस ऋद्धिके प्रभावसे लार, कफ, अक्षिमल और नासिकामल शीघ्र ही जीवोंके रोगोंको नष्ट करता है, वह क्ष्वेलौषधिऋद्धि है ॥ १०६९ ॥

स्वेदजल (पसीना) के आश्रित अंगरज जल्ल कहा जाता है । जिस ऋद्धिके प्रभावसे उस अंगरजसे भी जीवोंके रोग नष्ट होते हैं, वह जल्लौषधिऋद्धि कहलाती है ॥ १०७० ॥

जिस शक्तिसे जिह्वा, ओष्ठ, दांत, नासिका और श्रोत्रादिकका मल भी जीवोंके रोगोंको दूर करनेवाला होता है, वह मलौषधि नामक ऋद्धि है ॥ १०७१ ॥

जिस ऋद्धिके प्रभावसे महामुनियोंका मूत्र व विष्ठा भी जीवोंके बहुत भयानक रोगोंको नष्ट करनेवाला होता है, वह विप्रौषधि नामक ऋद्धि कहलाती है ॥ १०७२ ॥

जिस ऋद्धिके बलसे दुष्कर तपसे युक्त मुनियोंका स्पर्श किया हुआ जल व वायु, तथा उनके रोम और नखादिक व्याधिके हरनेवाले हो जाते हैं, वह सर्वौषधि नामक ऋद्धि है ॥ १०७३ ॥

---

१ द °पयडीए. २ द ब °पमुही. ३ द तेलोकं. ४ द ब °सेमच्छेत्तर. ५ द ब रोमपहादीणि.

तित्तादिविविहमण्णं विसजुत्तं जीए वयणमेत्तेण । पावेदि णिव्विसत्तं[1] सा रिद्धी वयणणिव्विसा णामा ॥ १०७४
अहवा बहुवाहीहिं परिभूदा झत्ति होंति णीरोगा । सोदुं वयणं जीए सा रिद्धी वयणणिव्विसा णामा ॥ १०७५
रोगविसेहिं पहदा[2] दिट्ठीए जीए झत्ति पावंति । णीरोगणिव्विसत्तं सा भणिदा दिट्ठिणिव्विसा रिद्धी ॥ १०७६

। एवमोसहिरिद्धी समत्ता ।

छब्भेया रसरिद्धी यासीदिट्ठिविसा य दो तेसुं । खीरमहु[3]अमियसप्पीसविओ चत्तारि होंति कमे ॥ १०७७
मर इदि भणिदे जीओ मरेइ सहस त्ति जीए सत्तीए। दुक्खरतवजुदमुणिणा आसीविसणामरिद्धी सा ॥ १०७८
जीए जीओ दिट्ठो महासिणा रोसभरिदहिदएण । अहिदट्ठं व मरिज्जदि दिट्ठिविसा णाम सा रिद्धी ॥ १०७९
करयलणिक्खित्ताणिं[4] रुक्खाहारादियाणि[5] तक्कालं । पावंति खीरभावं जीए खीरोसवी रिद्धी ॥ १०८०
अहवा दुक्खप्पहुदी जीए मुणिवयणसवणमेत्तेणं[6] । पसमदि णरतिरियाणं स च्चिय खीरोसवी रिद्धी ॥ १०८१
मुणिकरणिक्खित्ताणिं लुक्खाहारादियाणि होंति खणे । जीए महुररसाइं स च्चिय महुवोसवी रिद्धी ॥ १०८२

जिस ऋद्धिसे तिक्तादिक रस व विषसे युक्त विविध प्रकारका अन्न वचनमात्रसे ही निर्विषताको प्राप्त हो जाता है, वह वचननिर्विष नामक ऋद्धि है ॥ १०७४ ॥

अथवा, जिस ऋद्धिके प्रभावसे बहुत व्याधियोंसे युक्त जीव वचनको सुनकर ही झटसे नीरोग हो जाया करते हैं, वह वचननिर्विष नामक ऋद्धि है ॥ १०७५ ॥

रोग और विषसे युक्त जीव जिस ऋद्धिके प्रभावसे झट देखनेमात्रसे ही नीरोगता और निर्विषताको प्राप्त करते हैं, वह दृष्टिनिर्विषऋद्धि कही गयी है ॥ १०७६ ॥

इसप्रकार औषधिऋद्धि समाप्त हुई ।

आशीविष और दृष्टिविष ऐसे दो, तथा क्षीरस्रवी, मधुस्रवी, अमृतस्रवी और सर्पिस्रवी ऐसे चार, इसप्रकार क्रमसे रसऋद्धिके छह भेद हैं ॥ १०७७ ॥

जिस शक्तिसे दुष्कर तपसे युक्त मुनिके द्वारा 'मर जाओ' इसप्रकार कहनेपर जीव सहसा मर जाता है, वह आशीविष नामक ऋद्धि कही जाती है ॥ १०७८ ॥

जिस ऋद्धिके बलसे रोषयुक्त हृदयवाले महर्षिसे देखा गया जीव सर्पद्वारा काटे गयेके समान मर जाता है, वह दृष्टिविष नामक ऋद्धि है ॥ १०७९ ॥

जिससे हस्ततलपर रखे हुए रूखे आहारादिक तत्काल ही दुग्धपरिणामको प्राप्त हो जाते हैं, वह क्षीरस्रवीऋद्धि कही जाती है ॥ १०८० ॥

अथवा, जिस ऋद्धिसे मुनिओंके वचनोंके श्रवणमात्रसे ही मनुष्य-तिर्यंचोंके दुःखादिक शान्त हो जाते हैं, उसे क्षीरस्रवीऋद्धि समझना चाहिये ॥ १०८१ ॥

जिस ऋद्धिसे मुनिके हाथमें रखे गये रूखे आहारादिक क्षणभरमें मधुर रससे युक्त हो जाते हैं, वह मध्वास्रवऋद्धि है ॥ १०८२ ॥

१ द ब णिव्विसंते. २ द ब यदा. ३ द खीरमुहु. ४ द ब निक्खित्ताणं. ५ द ब °रादियाण. ६ ब समण°.

अहवा दुक्खप्पहुदी जीए मुणिवयणसवणमेत्तेणं । णासदि णरतिरियाणं तच्चिय[1] महुवासवी[2] रिद्धी ॥ १०८३

मुणिपाणिसंठियाणिं रुक्खाहारादियाणि जीए खणे[3] । पावंति अमियभावं एसा अमियासवी रिद्धी ॥ १०८४

अहवा दुक्खादीणं महेसिवयणस्स सवणकालम्मि[4] । णासंति जीए सिग्घं सा रिद्धी अमियआसवी णामा ॥ १०८५

रिसिपाणितलणिखित्तं[5] रुक्खाहारादियं पि खणमेत्ते । पावेदि सप्पिरूवं जीए सा सप्पियासवी रिद्धी ॥ १०८६

अहवा दुक्खप्पमुहं सवणेण मुणिंददिव्ववयणस्स । उवसामदि जीवाणं एसा सप्पियासवी रिद्धी ॥ १०८७

। एवं रसरिद्धी समत्ता ।

तिहुवणविम्हयजणणा दो भेदा होंति खेत्तरिद्धीए । अक्खीणमहाणसिया अक्खीणमहालया य णामेण ॥ १०८८

लाभंतरायकम्मक्खउवसमसंजुदाए जीए फुडं । मुणिभुत्तसेसमण्णं धामत्थं पियं जं कं पि[6] ॥ १०८९

तद्दिवसे खज्जंतं खंधावारेण चक्कवट्टिस्स । झिज्जइ ण लवेण वि सा अक्खीणमहाणसा रिद्धी ॥ १०९०

अथवा, जिस ऋद्धिसे मुनिके वचनोंके श्रवणमात्रसे मनुष्य-तिर्यंचोंके दुःखादिक नष्ट हो जाते हैं, वह मध्वास्रवीऋद्धि है ॥ १०८३ ॥

जिस ऋद्धिके प्रभावसे मुनिके हाथमें स्थित रूखे आहारादिक क्षणमात्रमें अमृतपनेको प्राप्त करते हैं, वह अमृतास्रवी ऋद्धि है ॥ १०८४ ॥

अथवा, जिस ऋद्धिसे महर्षिके वचनोंके श्रवणकालमें शीघ्र ही दुःखादिक नष्ट हो जाते हैं, वह अमृतास्रवी नामक ऋद्धि है ॥ १०८५ ॥

जिस ऋद्धिसे ऋषिके हस्ततलमें निक्षिप्त रूखा आहारादिक भी क्षणमात्रमें घृतरूपको प्राप्त करता है, वह सर्पिरास्रवीऋद्धि है ॥ १०८६ ॥

अथवा, जिस ऋद्धिके प्रभावसे मुनीन्द्रके दिव्य वचनोंके सुननेसे ही जीवोंके दुःखादिक शान्त होजाते हैं, वह सर्पिरास्रवीऋद्धि है ॥ १०८७ ॥

इसप्रकार रसऋद्धि समाप्त हुई ।

क्षेत्रऋद्धिके त्रिभुवनको विस्मित करनेवाले दो भेद होतें हैं, एक अक्षीणमहानसिक और दूसरा अक्षीणमहालय ॥ १०८८ ॥

लाभान्तरायकर्मके क्षयोपशमसे संयुक्त जिस ऋद्धिके प्रभावसे मुनिके आहारसे शेष भोजनशालामें रखे हुए अन्नमेंसे जिस किसी भी प्रिय वस्तुको यदि उस दिन चक्रवर्तीका सम्पूर्ण कटक भी खावे तो भी वह लेशमात्र क्षीण नहीं होता है, वह अक्षीणमहानसिकऋद्धि है ॥ १०८९-१०९० ॥

१ [स च्चिय]. २ ब महुरोसवी. ३ द जीवखणे. ४ द ब सवणकादम्मि. ५ द पाणितला°. ६ द ब मुणिभुत्तसेसेसुमण्णद्धामज्झं पियं कं पि ।

जीए चउधणुमाणे समचउरसालयम्मि णरतिरिया । मंति यसंखेज्जा सा अक्खीणमहालया रिद्धी ॥ १०९१

। एवं खेत्तरिद्धी सम्मत्ता ।

। एवं चउसट्ठिरिद्धी सम्मत्ता ।

एत्तो[1] उवरि रिसिसंखं भणिस्सामि—

चउसीदिसहस्साणिं रिसिप्पमाणं हुवेदि उसहजिणे ।
इगि-दु-तिलक्खा कमसो अजियजिणे संभवम्मि णंदणए ॥ १०९२

उस ८४००० । अजि १००००० । संभव २००००० । अभि ३००००० ।

वीससहस्सजुदाइं लक्खाइं तिण्णि सुमइदेवम्मि । तीससहस्सजुदाणिं पउमपहे तिण्णि लक्खाणिं ॥ १०९३

सुमइ ३२०००० । पउम ३३०००० ।

तिण्णि सुपासे चंदप्पहदेवे दोण्णि अद्धसंजुत्ता । सुविहिजिणिंदम्मि दुवे सीयलणाहम्मि इगिलक्खं ॥ १०९४

सुपास ३००००० । चंद २५०००० । पुप्फ २००००० । सीय १००००० ।

....

जिस ऋद्धिसे समचतुष्कोण चार धनुषप्रमाण क्षेत्रमें असंख्यात मनुष्य-तिर्यंच समा जाते हैं, वह अक्षीणमहालयऋद्धि है ॥ १०९१ ॥

इसप्रकार क्षेत्रऋद्धि समाप्त हुई ।

इसप्रकार चौंसठ ऋद्धियोंका वर्णन समाप्त हुआ ।

यहांसे आगे अब ऋषियोंकी संख्याका कथन किया जाता है—

भगवान् ऋषभनाथ तीर्थंकरके समयमें ऋषियोंका प्रमाण चौरासी हजार और अजितनाथ, सम्भवनाथ एवं अभिनन्दननाथ तीर्थंकरके वह क्रमसे एक लाख, दो लाख और तीन लाख था ॥ १०९२ ॥

ऋषभ ८४००० । अजित १००००० । संभव २००००० । अभिनन्दन ३००००० ।

सुमतिनाथ तीर्थंकरके समयमें ऋषियोंका प्रमाण तीन लाख बीस हजार और पद्मप्रभके समयमें वह तीन लाख तीस हजार था ॥ १०९३ ॥

सुमति ३२०००० । पद्म ३३०००० ।

सुपार्श्वनाथ स्वामीके समयमें ऋषियोंकी संख्या तीन लाख, चन्द्रप्रभ जिनेन्द्रके अढ़ाई लाख, सुविधिनाथ तीर्थंकरके दो लाख और शीतलनाथके एक लाखप्रमाण थी ॥ १०९४ ॥

सुपार्श्व ३००००० । चन्द्रप्रभ २५०००० । पुष्पदन्त २००००० । शीतल १००००० ।

....

१ ब तत्तो.

चउसीदिसहस्साइं सेयंसे वासुपुज्जणाहम्मि । बावत्तरि अडसट्ठी विमले छावट्ठिया अणंतम्मि ॥ १०९५

से ८४००० । वा ७२००० । विम ६८००० । अणं ६६००० ।

धम्मम्मि संतिकुंथूअरमल्लीसुं कमा सहस्साणि । चउसट्ठी बासट्ठी सट्ठी पण्णास चालीसा ॥ १०९६

धम्म ६४००० । सं ६२००० । कुं ६०००० । अर ५०००० । म ४०००० ।

सुव्वदणमिणेमीसुं कमसो पासम्मि वड्ढमाणम्मि । तीसं वीसट्ठारस सोलसचोद्दससहस्साणि ॥ १०९७

सु ३०००० । ण २०००० । णेमि १८००० । पास १६००० । वीर १४००० ।

पुव्वधरसिक्खकोहीकेवलिवेकुव्विविउलमदिवादी । पत्तेक्कं सत्तगणा सव्वाणं तित्थकत्ताणं ॥ १०९८

चत्तारि सहस्साइं सगसयपण्णास पुव्वधरसंखा । सिक्खगसंखा स च्चिय छस्सय ऊणिं कदं णवरिं ॥ १०९९

उसह पुव्व ४७५०, सिक्ख ४१५०,

णववीससहस्साणिं कमेण ओहिकेवलीणं पि । वेकुव्वीण सहस्सा स च्चिय छस्सयब्भहिया ॥ ११००

ओ ९०००, के २००००, वे २०६००,

भगवान् श्रेयांसके समयमें ऋषियोंका प्रमाण चौरासी हजार, वासुपूज्य स्वामीके बहत्तर हजार, विमलनाथके अड़सठ हजार, और अनन्तनाथके छ्यासठ हजार था ॥ १०९५ ॥

श्रेयांस ८४००० । वासुपूज्य ७२००० । विमल ६८००० । अनन्त ६६००० ।

धर्मनाथ, शान्तिनाथ, कुंथुनाथ, अरनाथ और मल्लिनाथ तीर्थंकरके समयमें क्रमसे चौंसठ हजार, बासठ हजार, साठ हजार, पचास हजार और चालीस हजारप्रमाण ऋषियोंकी संख्या थी ॥ १०९६ ॥

धर्म ६४००० । शान्ति ६२००० । कुंथु ६०००० । अर ५०००० । मल्लि ४०००० ।

भगवान् सुव्रत, नमि, नेमि, पार्श्वनाथ और वर्धमान स्वामीके समयमें क्रमशः तीस हजार, बीस हजार, अठारह हजार, सोलह हजार और चौदह हजारप्रमाण ऋषि थे ॥ १०९७ ॥

सुव्रत ३०००० । नमि २०००० । नेमि १८००० । पार्श्व १६००० । वीर १४००० ।

सब तीर्थंकरोंमेंसे प्रत्येक तीर्थंकरके पूर्वधर, शिक्षक, अवधिज्ञानी, केवली, विक्रियाऋद्धिके धारक, विपुलमति और वादी, इसप्रकार ये सात संघ होते हैं ॥१०९८ ॥

ऋषभनाथ तीर्थंकरके इन सात गणोंमेंसे पूर्वधरोंकी संख्या चार हजार सातसौ पचास थी। शिक्षकोंकी भी यही संख्या थी, परन्तु इसमेंसे छहसौ कम थे, इतनी यहां विशेषता है ॥ १०९९ ॥

उक्त तीर्थंकरके क्रमसे अवधिज्ञानी नौ हजार, केवली बीस हजार, और विक्रियाधारी छहसौ अधिक बीस हजार थे ॥ ११०० ॥

---

१ द 'चउदस'.

विउलमदीणं बारससहस्सया सगसयाइं पण्णासा । वादीण तत्तियं चिय एदे उसहम्मि सत्तगणा ॥ ११०१

वि १२७५०, वा १२७५० ।

तिसहस्सा सत्तसया पण्णासाजियपहुम्मि पुव्वधरा । इगिवीससहस्साणिं सिक्खकया छस्सयाइं पि ॥ ११०२

पु ३७५०, सि २१६००,

चउणउदिसया ओही वीससहस्साणि होंति केवलिणो । वेकुव्वीण सहस्सा वीस सयाणिं पि चत्तारि ॥ ११०३

ओ ९४००, के २००००, वे २०४००,

विउलमदीओ बारस सहस्सया चउसयाणि पण्णासा । वादीण सहस्साइं बारस चत्तारि यं सयाइं ॥ ११०४

वि १२४५०, वा १२४०० ।

पुव्वधरा पण्णाधियइगिवीससयाणि संभवजिणम्मि । उणतीससहस्साइं इगिलक्खं सिक्खगा तिसया ॥ ११०५

पु २१५०, सि १२९३००,

छण्णउदिसया ओही केवलिणो पण्णरससहस्साणिं । उणवीससहस्साइं वेगुव्विय अडसयाणिं पि ॥ ११०६

ओ ९६००, केवलि १५०००, वे १९८००,

होंति सहस्सा बारस पण्णाधियमिगिसयं च विउलमदी ।
छक्केण य गुणिदाणिं दोण्णि सहस्साणिं वादिगणा ॥ ११०७

वि १२१५०, वादि १२००० ।

इसके अतिरिक्त विपुलमति बारह हजार सातसौ पचास, और वादी भी इतने ही थे। इसप्रकार ऋषभदेवके ये सात गण थे ॥ ११०१ ॥

ऋषभ—पूर्वधर ४७५०, शिक्षक ४१५०, अवधिज्ञानी ९०००, केवली २००००, विक्रियाधारक २०६००, विपुलमति १२७५०, वादी १२७५० ।

अजितप्रभुके सात गणोंमेंसे पूर्वधर तीन हजार सातसौ पचास, शिक्षक इक्कीस हजार छहसौ, अवधिज्ञानी चौरानबैसौ, केवली बीस हजार, विक्रियाऋद्धिधारक बीस हजार चारसौ, विपुलमति बारह हजार चारसौ पचास, और वादी बारह हजार चारसौ थे ॥ ११०२–११०४ ॥

अजित—पूर्व ३७५०, शि. २१६००, अव ९४००, के. २००००, विक्रिया. २०४००, विपु १२४५०, वादी १२४०० ।

सम्भवनाथ जिनेन्द्रके सात गणोंमेंसे पूर्वधर इक्कीससौ पचास, शिक्षक एक लाख उनतीस हजार तीनसौ, अवधिज्ञानी छ्यानबैसौ, केवली पन्द्रह हजार, विक्रियाऋद्धिके धारक उन्नीस हजार आठसौ, विपुलमति बारह हजार एकसौ पचास, और वादिगण छहसे गुणित दो अर्थात् बारह हजार थे ॥ ११०५–११०७ ॥

सम्भव.— पूर्व. २१५०, शि. १२९३००, अव. ९६००, के. १५०००, विक्रि. १९८००, विपु. १२१५०, वादी १२००० ।

---

१ द ब चउ°.

पंचसयब्भहियाइं दोण्णि सहस्साइं होंति पुव्वधरा । दो सिक्खगलक्खाइं तीससहस्साइं पण्णासा ॥ ११०८

पु २५००, सि २३००५०,

अडणउदिसया ओही केवलिणो विउणअडसहस्साणि । वेकुव्विसहस्साइं भवंति एक्कूणवीसाणि ॥ ११०९

ओ ९८००, के १६०००, वे १९०००,

इगिवीससहस्साइं पण्णाधियछस्सया य विउलमदी । एक्कं चेय सहस्सा वादी अभिणंदणे देवे ॥ १११०

वि २१६५०, वा १००० ।

दोण्णि सहस्सा चउसय देवे सुमदिप्पहुम्मि पुव्वधरा ।
अड्ढाइज्जं लक्खा तेदालसयाणि सिक्खगा पण्णा ॥ ११११

पुव्व २४००, सि २५४३५०,

एक्करसतेरसाइं कमे[1] सहस्साणि ओहिकेवलिणो । अट्ठरससहस्साणिं चत्तारि सयाणि वेकुव्वी ॥ १११२

ओ ११०००, के १३०००, वे १८४००,

विउलमदी य सहस्सा दससंखा चउसएहिं संजुत्ता । पण्णासजुदसहस्सा दस चउसयअधिय वादिगणा ॥ १११३

वि १०४००, वा १०४५० ।

दोण्णि सहस्सा तिसया पुव्वधरा सिक्खया दुवे लक्खा । ऊणत्तरिं सहस्सा ओहिगणा दससहस्साणिं ॥ १११४

पुव्व २३००, सि २६९०००, ओ १००००,

चउवंके[2]ताडिदाइं तिण्णि सहस्साणिं होंति केवलिणो । अट्ठसएहिं जुत्ता वेकुव्वी सोलससहस्सा ॥ १११५

के १२०००, वे १६८००,

अभिनन्दन जिनके सात गणोंमेंसे पूर्वधर दो हजार पांचसौ, शिक्षक दो लाख तीस हजार पचास, अवधिज्ञानी अट्ठानबैसौ, केवली दुगुणे आठ हजार अर्थात् सोलह हजार, विक्रिया-ऋद्धिके धारक एक कम बीस अर्थात् उन्नीस हजार, विपुलमति इक्कीस हजार छहसौ पचास, और वादी केवल एक हजार ही थे ॥ ११०८-१११० ॥

अभिनन्दन— पूर्व. २५००, शिक्षक २३००५०, अव. ९८००, केवली १६०००, विक्रिया. १९०००, विपु. २१६५०, वादी १००० ।

सुमति प्रभुके सात गणोंमेंसे पूर्वधर दो हजार चारसौ, शिक्षक अढ़ाई लाख तेतालीससौ पचास, अवधिज्ञानी ग्यारह हजार, केवली तेरह हजार, विक्रियाऋद्धिके धारक अठारह हजार चारसौ, विपुलमति दश हजार चारसौ, और वादी दश हजार चारसौ पचास थे ॥ ११११-१११३ ॥

सुमति— पूर्व. २४००, शिक्षक २५४३५०, अव. ११०००, के. १३०००, विक्रि. १८४००, विपुल. १०४००, वादी १०४५० ।

पद्मप्रभजिनके सात गणोंमेंसे पूर्वधर दो हजार तीनसौ, शिक्षक दो लाख उनहत्तर हजार, अवधिज्ञानी दश हजार, केवली चारसे गुणित तीन अर्थात् बारह हजार, विक्रिया-

---

१ द ब कमेण. २ ब चउकं.

विउणा पंचसहस्सा तिण्णि सयाइं हवंति विउलमदी । छाधियणउदिसदा णं वादी पउमप्पहे देवे ॥ १११६

वि १०३००, वा ९६०० ।

पुव्वधरा तीसाधियदोण्णिसहस्सा हवंति सिक्खगणा । चोदाल सहस्साणिं दो लक्खा णवसया वीसा ॥ १११७

पु २०३०, सि २४४९२०,

णव य सहस्सा ओही केवलिणो एक्करससहस्साणिं । तेवण्णसयब्भहिया वेकुव्वी दस सहस्साणि ॥ १११८

ओ ९०००, के ११०००, वे १५३००,

एक्काणउदिसयाइं पण्णासासंजुदाइं विउलमदी । अट्ठ सहस्सा छस्सयसहिदा वादी सुपासजिणे ॥ १११९

वि ९१५०, वा ८६०० ।

चत्तारि सहस्साइं देवे चंदप्पहम्मि पुव्वधरा । दोलक्खदससहस्सा चत्तारि सयाइं सिक्खगणा ॥ ११२०

पु ४०००, सि २१०४००,

बे अट्ठरस सहस्सा छच्च सया अट्ठ सग सहस्साइं । कमसो ओहीकेवलिवेउव्वीविउलमदिवादी ॥ ११२१

ओ २०००, के १८०००, वे ६००, वि ८०००, वा ७००० ।

तिगुणियपंचसयाइं पुव्वधरा सिक्खयाइं इगिलक्खा । पणवण्णसहस्साइं अब्भहियाइं पणसएहिं ॥ ११२२

पु १५००, सि १५५५०० ।

ऋद्धिके धारक सोलह हजार आठसौ, विपुलमति पांच हजारके दुगुणे अर्थात् दश हजार तीनसौ, और वादी छ्यानबैसौ थे ॥ १११४-१११६ ॥

पद्म— पूर्व. २३००, शि. २६९०००, अ. १००००, के. १२०००, विक्रिया. १६८००, विपुल. १०३००, वादी ९६०० ।

सुपार्श्वजिनके सात गणोंमेंसे पूर्वधर दो हजार तीस, शिक्षकगण दो लाख चवालीस हजार नौसौ बीस, अवधिज्ञानी नौ हजार, केवली ग्यारह हजार, विक्रियाऋद्धिके धारक तिरेपनसौ अधिक दश हजार, अर्थात् पन्द्रह हजार तीनसौ, विपुलमति एक्कानबैसौ पचास, और वादी आठ हजार छहसौ थे ॥ १११७-१११९ ॥

सुपार्श्व— पूर्व. २०३०, शिक्षक २४४९२०, अव. ९०००, के. ११०००, विक्रिया. १५३००, विपुल. ९१५०, वादी ८६०० ।

चन्द्रप्रभदेवके सात गणोंमेंसे पूर्वधर चार हजार, शिक्षकगण दो लाख दश हजार चारसौ; और अवधिज्ञानी, केवली, विक्रियाधारी, विपुलमति तथा वादी क्रमसे दो हजार, अठारह हजार, छहसौ, आठ हजार और सात हजार थे ॥ ११२०-११२१ ॥

चन्द्रप्रभ— पूर्व. ४०००, शि. २१०४००, अवधि. २०००, के. १८०००, विक्रिया. ६००, विपुल. ८०००, वादी ७००० ।

श्रीपुष्पदन्त तीर्थंकरके सात गणोंमेंसे पूर्वधर पांचसौके तिगुणे अर्थात् पन्द्रहसौ, शिक्षक एक लाख पचवन हजार पांचसौ, अवधिज्ञानी चौरासीसौ, केवली सात हजार पांचसौ,

चउसीदिसया ओही केवलिणो सगसहस्सपंचसया । णहसुण्णसुण्णतियइगिअंककमेणं पि वेगुव्वी ॥ ११२३

ओ ८४००, के ७५००, वे १३०००,

सगसंखसहस्साणिं जुत्ताणिं पणसएहिं विउलमदी । छावट्ठि सया वादी देवे सिरिपुप्फदंतम्मि ॥ ११२४

वि ७५००, वा ६६०० ।

एक्कसहस्सं चउसयसंजुत्तं सीयलम्मि पुव्वधरा । उणसट्ठिसहस्साइं बेण्णि सया सिक्खगा होंति ॥ ११२५

पु १४००, सि ५९२००,

दुसयजुदसगसहस्सा सत्तसहस्साणि ओहि-केवलिणो । चउवंकताडिदाणिं तिण्णि सहस्साणि वेकुव्वी ॥ ११२६

ओ ७२००, के ७०००, वे १२०००,

सत्तसहस्साणि पुढं जुत्ताणिं पणसदेहिं विउलमदी । सत्तावण्ण सयाइं वादी सिरिसीयलेसम्मि ॥ ११२७

वि ७५००, वा ५७०० ।

एक्कं चेय सहस्सा संजुत्ता तियसएहिं पुव्वधरा । अडदालसहस्साइं दोसयजुत्ताइं सिक्खगणा ॥ ११२८

पु १३००, सि ४८२००,

छसहस्साइं ओही केवलिणो छसहस्सपंचसया । एक्कारसमेत्ताणिं होंति सहस्साणि वेकुव्वी ॥ ११२९

ओ ६०००, के ६५००, वे ११०००,

बेरूवताडिदाइं तिण्णि सहस्साइ तह य विउलमदी । पणगुणिदसहस्साइं वादी सेयंसदेवम्मि ॥ ११३०

वि ६०००, वा ५००० ।

एक्कं चेव सहस्सा संजुत्ता दोसएहिं पुव्वधरा । उणतालसहस्साणिं दोण्णि सयाणिं पि सिक्खगणा ॥ ११३१

पु १२००, सि ३९२००,

....

विक्रियाऋद्धिके धारक क्रमसे शून्य, शून्य, शून्य, तीन, और एक अंकप्रमाण अर्थात् तेरह हजार, विपुलमति सात हजार पांचसौ, और वादी छ्यासठसौ थे ॥ ११२२-११२४ ॥

पुष्पदन्त— पूर्व. १५००, शिक्षक १५५५००, अवधि. ८४००, के. ७५००, विक्रिया. १३०००, विपुल. ७५००, वादी ६६०० ।

शीतलनाथ स्वामीके सात गणोंमेंसे पूर्वधर एक हजार चारसौ, शिक्षक उनसठ हजार दोसौ, अवधिज्ञानी सात हजार दोसौ, केवली सात हजार, विक्रियाऋद्धिके धारी चारसे गुणित तीन अर्थात् बारह हजार, विपुलमति सात हजार पांचसौ, और वादी सत्तावनसौ थे ॥११२५-११२७॥

शीतल— पूर्व. १४००, शि. ५९२००, अ. ७२००, के. ७०००, विक्रि. १२०००, विपुल. ७५००, वा. ५७०० ।

श्रेयांस जिनेन्द्रके सात गणोंमेंसे पूर्वधर एक हजार तीनसौ, शिक्षकगण अड़तालीस हजार दोसौ, अवधिज्ञानी छह हजार, केवली छह हजार पांचसौ, विक्रियाऋद्धिके धारी ग्यारह हजार, विपुलमति दोसे गुणित तीन अर्थात् छह हजार, तथा वादी पांच हजार थे ॥ ११२८-११३०॥

श्रेयांस— पूर्व. १३००, शि. ४८२००, अ. ६०००, के. ६५००, विक्रि. ११०००, विपु. ६०००, वा. ५००० ।

श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्रके सात गणोंमेंसे पूर्वधर एक हजार दोसौ, शिक्षकगण उनतालीस

पंचसहस्सा चउसयजुत्ता ओही हवंति केवलिणो । छच्चेव सहस्साणिं वेगुव्वी दस सहस्साइं ॥ ११३२

ओ ५४००, के ६०००, वे १००००,

छच्चेव सहस्साणिं चत्तारि सहस्सया य दुसयजुदा[1] । विउलमदी वादीओ कमसो सिरिवासुपुज्जजिणे ॥ ११३३

वि ६०००, वा ४२०० ।

एक्कसएणब्भहियं एक्कसहस्सं हवंति पुव्वधरा । अट्ठत्तीस सहस्सा पणसयसहिदा य सिक्खगणा ॥ ११३४

पुव्व ११००, सि ३८५००,

अडदालसयं ओही केवलिणो पणसएण जुत्ताणिं । पणसंखसहस्साणिं वेकुव्वी णव सहस्साणिं ॥ ११३५

ओ ४८००, के ५५००, वि ९०००,

पंचसहस्साणि पुढं जुत्ताणिं पणसएहिं विउलमदी । तिण्णि सहस्सा छस्सयसहिदा वादी विमलदेवे ॥ ११३६

वि ५५००, वा ३६०० ।

एक्कं चेव सहस्सा पुव्वधरा सिक्खगा य पंचसया । उणदाल सहस्साणिं ओही तेदालसयसंखा ॥ ११३७

पु १०००, सि ३९५००, ओ ४३००,

पंचट्ठपणसहस्सा केवलिवेकुव्विविउलमदितिदए । तिण्णि सहस्सा बेसयजुदाणि वादी अणंतजिणे ॥ ११३८

के ५०००, वे ८०००, वि ५०००, वा ३२०० ।

हजार दोसौ, अवधिज्ञानी पांच हजार चारसौ, केवली छह हजार, विक्रियाऋद्धिधारी दश हजार, विपुलमति छह हजार, और वादी चार हजार दोसौ थे ॥ ११३१–११३३ ॥

वासुपूज्य— पूर्व. १२००, शि. ३९२००, अ. ५४००, के. ६०००, विक्रि. १००००, विपु. ६०००, वा. ४२०० ।

विमलनाथ तीर्थंकरके सात गणोंमेंसे पूर्वधर एक हजार एकसौ, शिक्षकगण अड़तीस हजार पांचसौ, अवधिज्ञानी अड़तालीससौ, केवली पांच हजार पांचसौ, विक्रियाऋद्धिके धारी नौ हजार, विपुलमति पांच हजार पांचसौ, और वादी तीन हजार छहसौ थे ॥ ११३४–११३६ ॥

विमल—पूर्व. ११००, शि. ३८५००, अ. ४८००, के. ५५००, विक्रि. ९०००, विपुल. ५५००, वा. ३६०० ।

अनन्तनाथजिनके सात गणोंमेंसे पूर्वधर एक हजार, शिक्षक उनतालीस हजार पांचसौ, अवधिज्ञानी तेतालीससौ, केवली पांच हजार, विक्रियाऋद्धिधारी आठ हजार, विपुलमति पांच हजार, और वादी तीन हजार दोसौ थे ॥ ११३७–११३८ ॥

अनंत—पूर्व. १०००, शि. ३९५००, अ. ४३००, के. ५०००, विक्रिया. ८०००, विपु. ५०००, वा. ३२०० ।

---

१ ब दुसयजुदं.

णव पुव्वधरसयाइं चालसहस्साइं सगसया सिक्खा । छत्तीससया ओही पणदालसयाणि केवलिणो ॥ ११३९

पु ९००, सि ४०७००, ओ ३६००, के ४५००,

वेगुव्वि[1] सगसहस्सा पणदालसयाणि होंति विउलमदी । अट्ठावीससयाणिं वादी सिरिधम्मसामिम्मि ॥ ११४०

वे ७०००, वि ४५००, वा २८०० ।

अट्ठसया पुव्वधरा इगिदालसहस्सअडसया सिक्खा । तिण्णि सहस्सा ओही केवलिणो चउसहस्साणिं ॥ ११४१

पु ८००, सि ४१८००, ओ ३०००, के ४०००,

वेकुव्वि छस्सहस्सा चत्तारि सहस्सयाणि विउलमदी । दोण्णि सहस्सा चउसयजुत्ता संतीसरे वादी ॥ ११४२

वे ६०००, वि ४०००, वा २४०० ।

सत्त सयाणिं चेव य पुव्वधरा होंति सिक्खगा य तहा । तेदालसहस्साइं पण्णासब्भहियमेक्कसयं ॥ ११४३

पु ७००, सि ४३१५०,

पणुवीससया[2] ओही बत्तीससयाणि होंति केवलिणो । एक्कसयब्भहियाणिं पंचसहस्साणि वेकुव्वी ॥ ११४४

ओ २५००, के ३२००, वे ५१००,

तीणि सहस्साणि[3] तिण्णि सया पण्णब्भहिया हवंति विउलमदी ।
दोण्णि सहस्साणि पुढं वादी सिरिकुंथुणाहम्मि ॥ ११४५

वि ३३५०, वा २००० ।

श्रीधर्मनाथ स्वामीके सात गणोंमेंसे पूर्वधर नौसौ, शिक्षक चालीस हजार सातसौ, अवधिज्ञानी छत्तीससौ, केवली पैंतालीससौ, विक्रियाऋद्धिके धारक सात हजार, विपुलमति पैंतालीससौ, और वादी अट्ठाईससौ थे ॥ ११३९-११४० ॥

धर्म— पूर्व. ९००, शि. ४०७००, अ. ३६००, के. ४५००, विक्रि. ७०००, विपु. ४५००, वा. २८०० ।

शान्तिनाथ स्वामीके सात गणोंमेंसे पूर्वधर आठसौ, शिक्षक इकतालीस हजार आठसौ, अवधिज्ञानी तीन हजार, केवली चार हजार, विक्रियाऋद्धिके धारी छह हजार, विपुलमति चार हजार, और वादी दो हजार चारसौ थे ॥ ११४१-११४२ ॥

शान्ति— पूर्व. ८००, शि. ४१८०० अ. ३०००, के. ४०००, विक्रि. ६०००, विपु. ४०००, वा. २४०० ।

श्रीकुंथुनाथ स्वामीके सात गणोंमेंसे पूर्वधर सातसौ, शिक्षक तेतालीस हजार एकसौ पचास, अवधिज्ञानी पच्चीससौ, केवली बत्तीससौ, विक्रियाऋद्धिधारक पांच हजार एकसौ, विपुलमति तीन हजार तीनसौ पचास, और वादी दो हजार थे ॥ ११४३-११४५ ॥

कुंथु— पूर्व. ७००, शि. ४३१५०, अ. २५००, के. ३२००, विक्रि. ५१००, विपु. ३३५०, वा. २००० ।

---

१ द विगुव्वि. २ द पणबीस. ३ [तिसहस्सा तिण्णि].

दसअधिया छस्सया य पुव्वधरा होंति सिक्खगा सवणा । पणतीससहस्साणिं अडसयजुत्ताणि पणतीसं ॥ ११४६

पु ६१०, सि ३५८३५,

अट्ठावीस सयाणिं ओहीओ तेत्तियाणि केवलिणो । चत्तारि सहस्साणिं तिसयब्भहियाणि वेउव्वी ॥ ११४७

ओ २८००, के २८००, वे ४३००,

पणवण्णब्भहियाणिं दोण्णि सहस्साइं होंति विउलमदी । एक्कसहस्सं छस्सयसंजुत्तं अरजिणे वादी ॥ ११४८

वि २०५५, वा १६०० ।

पण्णासब्भहियाणिं पंचसयाणि य हवंति पुव्वधरा । एक्कूणतीसंसंखा सिक्खगसमणा सहस्सा य ॥ ११४९

पु ५५०, सि २९०००,

बावीससया ओही तेत्तियमेत्ता य होंति केवलिणो । णवसयअब्भहियाणिं दोण्णि सहस्साणि वेकुव्वी ॥ ११५०

ओ २२००, के २२००, वे २९००,

एक्कसहस्सा सगसयसहिदं पण्णा य होंति विउलमदी । चउसयजुदं सहस्सं वादी सिरिमल्लिणाहम्मि ॥ ११५१

वि १७५०, वा १४०० ।

पंचसया पुव्वधरा सिक्खगणा एक्कवीस य सहस्सा । अडसयजुदं सहस्सं ओही तं चेव केवलिणो ॥ ११५२

पु ५००, सि २१०००, ओ १८००, के १८००,

बावीसं पण्णारस बारस कमसो सयाणि वेउव्वी । विउलमदी वादीओ सुव्वयणामम्मि जिणणाहे ॥ ११५३

वे २२००, वि १५००, वा १२०० ।

अरनाथ जिनेन्द्रके सात गणोंमेंसे पूर्वधर छहसौ दश, शिक्षक श्रमण पैंतीस हजार आठसौ पैंतीस, अवधिज्ञानी अट्ठाईससौ, इतने ही केवली, विक्रियाऋद्धिके धारी चार हजार तीनसौ, विपुलमति दो हजार पचवन, और वादी एक हजार छहसौ थे ॥ ११४६–११४८ ॥

अर— पूर्व. ६१०, शि. ३५८३५, अ. २८००, के. २८००, विक्रि. ४३००, विपु. २०५५, वा. १६०० ।

श्रीमल्लिनाथ तीर्थंकरके सात गणोंमेंसे पूर्वधर पांचसौ पचास, शिक्षक श्रमण एक कम तीस अर्थात् उनतीस हजार, अवधिज्ञानी बाईससौ, इतने ही केवली, विक्रियाऋद्धिके धारी दो हजार नौसौ, विपुलमति एक हजार सातसौ पचास, और वादी एक हजार चारसौ थे ॥ ११४९–११५१ ॥

मल्लि— पूर्व. ५५०, शि. २९०००, अ. २२००, के. २२००, विक्रि. २९००, विपु. १७५०, वा. १४०० ।

सुव्रत नामक जिनेन्द्रके सात गणोंमेंसे पूर्वधर पांचसौ, शिक्षक इक्कीस हजार, अवधिज्ञानी एक हजार आठसौ, उतने ही केवली, विक्रियाऋद्धिधारी बाईससौ, विपुलमति पन्द्रहसौ, और वादी बारहसौ थे ॥ ११५२–११५३ ॥

सुव्रत— पूर्व. ५००, शि. २१०००, अ. १८००, के. १८००, विक्रि. २२००, विपु. १५००, वा. १२०० ।

---

१ द ब अब्भहियाणं. २ द अट्ठसजुदं. ३ द बारसकमसो.

चत्तारि सया पण्णा पुव्वधरा सिक्खया सहस्साइं। बारस छसयजुदाइं ओही सोलससयाणि णमिणाहे ॥ ११५४

पु ४५०, सि १२६००, ओ १६००,

ताइं चिय केवलिणो पण्णारससयाइं होंति वेकुव्वी। बारस सया य पण्णा विउलमदी दससया वादी ॥ ११५५

के १६००, वे १५००, वि १२५०, वा १००० ।

वीसकदी पुव्वधरा एक्करससहस्सअडसया सिक्खा। पण्णरससया ओही तेत्तियमेत्ता य केवलिणो ॥ ११५६

पु ४००, सि ११८००, ओ १५००, के १५००,

इगिसयजुदं सहस्सं वेकुव्वी णव सयाणि विउलमदी। अट्ठ सयाइं वादी तिहुवणसामिम्मि णेमिम्मि ॥ ११५७

वे ११००, वि ९००, वा ८०० ।

तिण्णि सयाणिं पण्णा पुव्वधरा सिक्खगा सहस्साणिं। दह णवसयजुत्ताणिं ओहिमुणी चोद्दससयाणि ॥ ११५८

पु ३५०, सि १०९००, ओ १४००,

दसघणकेवलणाणी वेकुव्वी तेत्तियं पि विउलमदी। सत्तसयाणिं पण्णा पासजिणे छस्सया वादी ॥ ११५९

के १०००, वे १०००, वि ७५०, वा ६०० ।

तिसयाइं पुव्वधरा [1]णवणउदिसयाइं होंति सिक्खगणा। तेरससयाणि ओही सत्तसयाइं पि केवलिणो ॥ ११६०

पु ३००, सि ९९००, ओ १३००, के ७००,

नमिनाथ तीर्थंकरके सात गणोंमेंसे पूर्वधर चारसौ पचास, शिक्षक बारह हजार छहसौ, अवधिज्ञानी सोलहसौ, केवली भी सोलहसौ, विक्रियाऋद्धिके धारक पन्द्रहसौ, विपुलमति बारहसौ पचास, और वादी दशसौ थे ॥ ११५४-११५५ ॥

नमि— पूर्व. ४५०, शि. १२६००, अ. १६००, के. १६००, विक्रि. १५००, विपु. १२५०, वा. १००० ।

तीन लोकके स्वामी भगवान् नेमिनाथके सात गणोंमेंसे पूर्वधर बीसके वर्गप्रमाण अर्थात् चारसौ, शिक्षक ग्यारह हजार आठसौ, अवधिज्ञानी पन्द्रहसौ, इतने ही केवली, विक्रियाऋद्धिके धारी एक हजार एकसौ, विपुलमति नौसौ, और वादी आठसौ थे ॥ ११५६-११५७ ॥

नेमि— पूर्व. ४००, शि. ११८००, अ. १५००, के. १५००, विक्रि. ११००, विपु. ९००, वा. ८०० ।

पार्श्वनाथ जिनेन्द्रके सात गणोंमेंसे पूर्वधर तीनसौ पचास, शिक्षक दश हजार नौसौ, अवधिज्ञानी मुनि चौदहसौ, केवली दशके घनप्रमाण अर्थात् एक हजार, इतने ही विक्रियाऋद्धिके धारक, विपुलमति सातसौ पचास, और वादी छहसौ थे ॥ ११५८-११५९ ॥

पार्श्व— पूर्व. ३५०, शि. १०९००, अ. १४००, के. १०००, विक्रि. १०००, विपु. ७५०, वा. ६०० ।

वर्धमानजिनके सात गणोंमेंसे पूर्वधर तीनसौ, शिक्षकगण निन्यानवैसौ, अवधिज्ञानी

१ द णवणवदि.

इगिसयरहिदसहस्सं वेकुव्वी पणसयाणि विउलमदी। चत्तारिसया वादी गणसंखा वड्ढमाणजिणे ॥ ११६१

वे ९००, वि ५००, वा ४०० ।

णभचउणवछक्कतियं पुव्वधरा सव्वतित्थकत्ताणं। पणपंचपणणभा णभणभदुगअंकक्कमेण सिक्खगणा ॥ ११६२

सव्वपुव्वधरांककमेण जाणिज्जइ ३६९४० । सव्व सि २०००५५५ ।

गयणंबरछसत्तदुएक्का सव्वे वि ओहिणाणीओ । केवलणाणी सव्वे गयणंबरअट्ठपंचअट्ठेक्का ॥ ११६३

सव्वओही १२७६०० । सव्वके १८५८०० ।

आयासणभणवंपणंदुदुअंककमेण सव्ववेकुव्वी । पंचंबरणवयचऊपणमेक्कं चिय सव्वविउलमदी ॥ ११६४

सव्ववे २२५९०० । सव्ववि १५४९०५ ।

णभणभतिछएक्केक्कं अंककमे होंति सव्ववादी णं । सत्तगणाणं अंबररयणट्ठचउक्कअडदोण्णि ॥ ११६५

सव्ववादिगणा ११६३००। सव्वगणा २८४८००० ।

पण्णाससहस्साणिं लक्खाणिं तिण्णि उसहणाहस्स। अजियस्स तिण्णि लक्खा वीससहस्साणि विरदीओ ॥११६६

३५०००० । ३२०००० ।

तेरहसौ, केवली सातसौ, विक्रियाऋद्धिधारी सौ कम एक हजार अर्थात् नौसौ, विपुलमति पांचसौ, और वादी चारसौ थे ॥ ११६०–११६१ ॥

वर्धमान — पूर्व. ३००, शि. ९९००, अ. १३००, के. ७००, विक्रि. ९००, विपु. ५००, वा. ४०० ।

सब तीर्थंकरोंके शून्य, चार, नौ, छह और तीन इतने अंकप्रमाण पूर्वधर; तथा पांच, पांच, पांच, शून्य, शून्य, शून्य और दो इतने अंकप्रमाण शिक्षकगण थे ॥ ११६२ ॥

सब पूर्वधरोंको अंकक्रमसे जानना चाहिये ३६९४० । सर्व शिक्षक २०००५५५ ।

सब अवधिज्ञानी शून्य, शून्य, छह, सात, दो और एक इतने अंकप्रमाण; तथा सब केवली शून्य, शून्य, आठ, पांच, आठ और एक इतने अंकप्रमाण थे ॥ ११६३ ॥

सर्व अवधिज्ञानी १२७६००, सर्व केवली १८५८०० ।

सर्व विक्रियाऋद्धिधारी अंकक्रमसे शून्य, शून्य, नौ, पांच, दो और दो अंकप्रमाण; तथा सर्व विपुलमति पांच, शून्य, नौ, चार, पांच और एक अंकप्रमाण थे ॥ ११६४ ॥

सर्व विक्रियाधारी २२५९००, सर्व विपुलमति १५४९०५ ।

सर्व वादी अंकक्रमसे शून्य, शून्य, तीन, छह, एक और एक अंकप्रमाण थे । इन उपर्युक्त सातों गणोंकी संख्या तीन शून्य, आठ, चार, आठ और दो इन अंकोंप्रमाण होती है ॥ ११६५ ॥ सर्व वादी ११६३०० । सातों गण २८४८००० ।

ऋषभनाथ तीर्थंकरके तीर्थमें तीन लाख पचास हजार और अजितनाथके तीर्थमें तीन लाख बीस हजार आर्यिकाएं थीं ॥ ११६६ ॥ ३५०००० । ३२०००० ।

---

१ द 'णवपण'.

तीससहस्सब्भहिया तियलक्खा संभवस्स तित्थम्मि ।
विरदीओ तिण्णि लक्खा तीससहस्साणि छसय तुरिमम्मि ॥ ११६७

३३०००० । ३३०६०० ।

तीससहस्सब्भहिया सुमइजिणिंदस्स तिण्णि लक्खाइं । विरदीओ चउलक्खा वीससहस्साणि पउमपहणाहे॥ ११६८

३३०००० । ४२०००० ।

तीससहस्सा तिण्णि य लक्खा तित्थे सुपासदेवस्स । चंदपहे[1] तियलक्खा सीदिसहस्साणि विरदीओ ॥ ११६९

३३०००० । ३८०००० ।

ताई चिय पत्तेक्कं सुविहिजिणेसम्मि सीयलजिणिंदे[2] । तीससहस्सब्भहियं लक्खं सेयंसदेवम्मि ॥ ११७०

३८०००० । ३८०००० । १३०००० ।

विरदीओ वासुपुज्जे इगिलक्खं होंति छस्सहस्साणिं । इगिलक्खं तिसहस्सा विरदीओ विमलदेवस्स ॥ ११७१

१०६००० । १०३००० ।

अट्ठसहस्सब्भहियं अणंतसामिस्स होंति इगिलक्खं । बासट्ठिसहस्साणिं[3] चत्तारि सयाणि धम्मणाहस्स ॥ ११७२

१०८००० । ६२४०० ।

सट्ठिसहस्सा तिसयब्भहिया संतीसतित्थे[4] विरदीओ । सट्ठिसहस्सा तिसया पण्णासा कुंथुदेवस्स ॥ ११७३

६०३०० । ६०३५० ।

सम्भवनाथके तीर्थमें तीन लाख तीस हजार और चतुर्थ तीर्थंकरके तीर्थमें तीन लाख तीस हजार छहसौ आर्यिकायें थीं ॥ ११६७ ॥ ३३०००० । ३३०६०० ।

सुमति जिनेन्द्रके तीर्थमें तीन लाख तीस हजार और पद्मप्रभ स्वामीके तीर्थमें चार लाख बीस हजार आर्यिकायें थीं ॥ ११६८ ॥ ३३०००० । ४२०००० ।

सुपार्श्वजिनके तीर्थमें तीन लाख तीस हजार और चन्द्रप्रभके तीर्थमें तीन लाख अस्सी हजार आर्यिकायें थीं ॥ ११६९ ॥ ३३०००० । ३८०००० ।

सुविधि और शीतल जिनेन्द्रमेंसे प्रत्येकके तीर्थमें उतनी ही अर्थात् तीन लाख अस्सी हजार, तथा श्रेयांसजिनके एक लाख तीस हजार आर्यिकायें थीं ॥ ११७० ॥

३८०००० । ३८०००० । १३०००० ।

वासुपूज्य स्वामीके तीर्थमें एक लाख छह हजार और विमलदेवके तीर्थमें एक लाख तीन हजार आर्यिकायें थीं ॥ ११७१ ॥ १०६००० । १०३००० ।

अनन्तनाथ स्वामीके तीर्थमें एक लाख आठ हजार और धर्मनाथके तीर्थमें बासठ हजार चारसौ आर्यिकायें थीं ॥ ११७२ ॥ १०८००० । ६२४०० ।

शान्तिनाथके तीर्थमें साठ हजार तीनसौ और कुन्थुजिनके तीर्थमें साठ हजार तीनसौ पचास आर्यिकायें थीं ॥ ११७३ ॥ ६०३०० । ६०३५० ।

---

१ द ब चंदप्पहे. २ ब जिणिंदो. ३ द सहस्साणं. ४ द ब °तित्थ.

अरजिणवरिंदतित्थे सट्ठिसहस्साणि होंति विरदीओ । पणवण्णसहस्साणिं मल्लिजिणेसस्स तित्थम्मि ॥ ११७४

६०००० । ५५००० ।

पण्णाससहस्साणिं विरदीओ सुव्वदस्स तित्थम्मि । पंचसहस्सब्भहिया चालसहस्सा णमिजिणम्मि ॥ ११७५

५०००० । ४५००० ।

विगुणियवीससहस्सा णेमिस्स कमेण पासवीराणं । अडतीसं छत्तीसं होंति सहस्साणि विरदीओ ॥ ११७६

४०००० । ३८००० । ३६००० ।

णभपणदुछपंचंबरपंचंककमेण तित्थकत्ताणं । सव्वाणं विरदीओ चंदुज्जलणिक्कलंकसीलाओ ॥ ११७७

५०५६२५० ।

बंम्हप्पकुज्जणामा धम्मसिरी मेरुसेणअयणंता । तह रतिसेणा मीणा वरुणा घोसा य धरणा य ॥ ११७८

चारणवरसेणाओ पम्मासव्वस्सिसुव्वदाओ वि । हरिसेणभावियाओ कुंथूमधुसेणपुव्वदत्ताओ ॥ ११७९

मग्गिणिजक्खिसुलोया चंदणणामाओ उसहपहुदीणं । एदा पढमगणीओ एक्केक्का सव्वविरदीओ ॥ ११८०

लक्खाणि तिण्णि सावयसंखा उसहादिअट्ठतित्थेसु । पत्तेक्कं दो लक्खा सुविहिप्पहुदीसु अट्ठतित्थेसुं ॥ ११८१

८ । ३००००० । २००००० ।

अर जिनेन्द्रके तीर्थमें साठ हजार और मल्लि जिनेन्द्रके तीर्थमें पचवन हजार आर्यिकायें थीं ॥ ११७४ ॥ ६०००० । ५५००० ।

सुव्रतके तीर्थमें पचास हजार और नमिजिनके तीर्थमें पांच हजार अधिक चालीस हजार अर्थात् पैतालीस हजार आर्यिकाये थी ॥ ११७५ ॥ ५०००० । ४५००० ।

नेमिनाथके तीर्थमें द्विगुणित बीस हजार अर्थात् चालीस हजार और क्रमसे पार्श्वनाथ एवं वीर भगवान्के तीर्थमें अड़तीस तथा छत्तीस हजार आर्यिकायें थी ॥ ११७६ ॥

४०००० । ३८००० । ३६००० ।

सब तीर्थंकरोंके तीर्थमें चन्द्रके समान उज्ज्वल एवं निष्कलंक शीलसे संयुक्त समस्त आर्यिकायें क्रमसे शून्य, पांच, दो, छह, पांच, शून्य और पांच, इन अंकोंके प्रमाण थी ॥ ११७७ ॥

५०५६२५० ।

ब्राह्मी[1], प्रकुब्जा[2], धर्मश्री[3], मेरुषेणा[4], अनन्ता[5], रतिषेणा[6], मीना[7], वरुणा[8], घोषा[9], धरणा[10], चारणा[11] (धारणा), वरसेना[12], पद्मा[13], सर्वश्री[14], सुव्रता[15], हरिषेणा[16], भाविता[17], कुंथुसेना[18], मधुसेना[19] (बंधुसेना), पूर्वदत्ता[20] (पुष्पदत्ता), मार्गिणी[21], यक्षिणी[22], सुलोका[23] (सुलोचना) और चन्दना[24] नामक ये एक एक आर्यिकायें क्रमसे ऋषभादिकके तीर्थमें रहनेवाली आर्यिकाओके समूहमे मुख्य थी ॥ ११७८-११८० ॥

श्रावकोंकी संख्या ऋषभादिक आठ तीर्थंकरोंमेसे प्रत्येकके तीर्थमें तीन लाख और सुविधिनाथप्रभृति आठ तीर्थंकरोंमेंसे प्रत्येकके तीर्थमें दो लाख थी ॥ ११८१ ॥

ऋषभादिक ८— ३०००००, सुविधिनाथप्रभृति ८— २००००० ।

....

१ द ब 'णिम्मलंक'. २ द ब बम्हप्पकुव्वणामा. ३ ब णामा. ४ द ब पम्मासत्तस्ससुद्धाओ वि. ५ द सुविहप्पहुदीसु.

एक्केक्कं चिय लक्खं कुंथुजिणिंदादिअट्ठतित्थेसुं । सव्वाण सावयाणं मेलिदे अडदाललक्खाणिं ॥ ११८२
८ । १०००००। ४८०००००[2] ।

पणचउतियलक्खाइं पण्णविदाट्ठट्ठतित्थेसुं । पुह पुह सावगिसंखा सव्वा छण्णउदिलक्खाइं ॥ ११८३
५००००० । ४००००० । ३००००० । ९६००००० ।

देवीदेवसमूहा संखातीदा हुवंति णरतिरिया । संखेज्जा एक्केक्के[4] तित्थे विहरंति भत्तिजुत्ता य[5] ॥ ११८४

माघस्स किण्हचोद्दसिपुव्वण्हे णिययजम्मणक्खत्ते । अट्ठावयम्मि उसहो अजुदेण समं गओ णोमि[6] ॥ ११८५
१०००० ।

चेत्तस्स सुद्धपंचमिपुव्वण्हे भरणिणामरिक्खम्मि । सम्मेदे अजियजिणे मुत्तिं पैत्तो सहस्ससमं ॥ ११८६
१००० ।

चेत्तस्स सुक्कछट्ठीअवरण्हे जम्मभम्मि सम्मेदे । संपत्तो अपवग्गं संभवसामी सहस्सजुंदो ॥ ११८७
१००० ।

वइसाहसुक्कसत्तमिपुव्वण्हे जम्मभम्मि सम्मेदे । दससयमहेसिसहिदो णंदणदेवो[9] गदो मोक्खं ॥ ११८८
१००० ।

इसके आगे कुंथुनाथादि आठ तीर्थंकरोंमेंसे प्रत्येकके तीर्थमें श्रावकोंकी संख्या एक एक लाख कही गयी है । सब श्रावकोंकी संख्याको मिलानेपर समस्त प्रमाण अड़तालीस लाख होता है ॥ ११८२ ॥ कुंथुनाथप्रभृति ८—१००००० । समस्त ४८००००० ।

आठ आठ तीर्थंकरोंके तीर्थोंमें श्राविकाओंकी संख्या पृथक् पृथक् क्रमसे पांच लाख, चार लाख, और तीन लाख; तथा सम्पूर्ण श्राविकाओंकी संख्या छ्यानबै लाख कही गयी है ॥ ११८३ ॥
५००००० । ४००००० । ३००००० । ९६००००० ।

प्रत्येक तीर्थंकरके तीर्थमें असंख्यात देव-देवियोंके समूह और संख्यात मनुष्य एवं तिर्यंच जीव भक्तिसे संयुक्त होते हुए विहार किया करते हैं ॥ ११८४ ॥

ऋषभनाथ तीर्थंकर माघकृष्णा चतुर्दशीके पूर्वाह्णकालमें अपने जन्मनक्षत्रके रहते कैलाशपर्वतसे दश हजार मुनियोंके साथ [मुक्तिको] प्राप्त हुए हैं । उनको मैं नमस्कार करता हूं ॥ ११८५ ॥ १०००० ।

अजित जिनेन्द्र चैत्रशुक्ला पंचमीके दिन पूर्वाह्णकालमें भरणी नामक नक्षत्रके रहते सम्मेदशिखरसे एक हजार मुनियोंके साथ मुक्तिको प्राप्त हुए हैं ॥ ११८६ ॥ १००० ।

सम्भवनाथ स्वामी चैत्रशुक्ला षष्ठीके दिन अपराह्णसमयमें जन्मनक्षत्रके रहते सम्मेद-शिखरसे एक हजार मुनियोंके साथ अपवर्ग अर्थात् मोक्षको प्राप्त हुए हैं ॥ ११८७ ॥ १००० ।

अभिनन्दनजिन वैशाखशुक्ला सप्तमीको पूर्वाह्णसमयमें अपने जन्म नक्षत्रके रहते सम्मेद-शिखरसे दशसौ महर्षियोंके साथ मोक्षको प्राप्त हुए हैं ॥ ११८८ ॥ १००० ।

१ ब एक्कंकं. २ ब ८४०००००. ३ द ब पण्णिदिरा. ४ द एक्केक्को. ५ द ब भत्तिजुत्तो. ६ द ब जोमि. ७ द ब मुत्ति पत्ता. ८ द ब सहस्सजुदा. ९ द ब देवा.

चेत्तस्स सुक्कदसमीपुव्वण्हे जम्मभम्मि सम्मेदे । दससयरिसिसंजुत्तो[1] सुमइस्सामी स मोक्खगदो ॥ ११८९

१००० ।

फग्गुणकिण्हचउत्थीअवरण्हे जम्मभम्मि सम्मेदे । चउवीसाधियतियसयसहिदो पउमप्पहो देवो ॥ ११९०

३२४ ।

फग्गुणबहुलच्छट्टीपुव्वण्हे पव्वदम्मि सम्मेदे । अणुराहाए पणसयजुत्तो[2] मुत्तो सुपासजिणो ॥ ११९१

५०० ।

सिदसत्तमिपुव्वण्हे भद्दपदे मुणिसहस्ससंजुत्तो[3] । जेट्ठासुं सम्मेदे चंदप्पहजिणवरो सिद्धो ॥ ११९२

१००० ।

अस्सजुदसुक्कअट्ठमिअवरण्हे जम्मभम्मि सम्मेदे । मुणिवरसहस्ससहिदो सिद्धिगदो पुप्फदंतजिणो ॥ ११९३

१००० ।

कत्तियसुक्के पंचमिपुव्वण्हे जम्मभम्मि सम्मेदे । णिव्वाणं संपत्तो सीयलदेवो सहस्सजुदो ॥ ११९४

१००० ।

सावणियपुण्णिमाए[4] पुव्वण्हे मुणिसहस्ससंजुत्तो । सम्मेदे सेयंसो सिद्धिं पत्तो धणिट्ठासुं ॥ ११९५

१००० ।

सुमतिनाथ स्वामी चैत्रशुक्ला दशमीके दिन पूर्वाह्णकालमें अपने जन्मनक्षत्रके रहते सम्मेदशिखरसे दशसौ ऋषियोंके साथ मोक्षको प्राप्त हुए हैं ॥ ११८९ ॥ १००० ।

पद्मप्रभदेव फाल्गुनकृष्णा चतुर्थीके दिन अपराह्णकालमें अपने जन्मनक्षत्रके रहते सम्मेदशिखरसे तीनसौ चौबीस मुनियोंसे सहित होते हुए मुक्तिको प्राप्त हुए हैं ॥ ११९० ॥ ३२४ ।

सुपार्श्व जिनेन्द्र फाल्गुनकृष्णा षष्ठीको पूर्वाह्णसमयमें अनुराधा नक्षत्रके रहते सम्मेदपर्वतसे पांचसौ मुनियोंसे युक्त होते हुए मुक्तिको प्राप्त हुए हैं ॥ ११९१ ॥ ५०० ।

चन्द्रप्रभ जिनेन्द्र भाद्रपदशुक्ला सप्तमीको पूर्वाह्णकालमें ज्येष्ठा नक्षत्रके रहते एक हजार मुनियोंसे संयुक्त होते हुए सम्मेदशिखरसे मुक्त हुए हैं ॥ ११९२ ॥ १००० ।

पुष्पदन्तजिन आश्विनशुक्ला अष्टमीके दिन अपराह्णकालमें अपने जन्मनक्षत्रके रहते सम्मेदशिखरसे एक हजार मुनियोंके साथ सिद्धिको प्राप्त हुए हैं ॥ ११९३ ॥ १००० ।

शीतलदेव कार्तिकशुक्ला पंचमीके पूर्वाह्णसमयमें अपने जन्मनक्षत्रके रहते सम्मेदशिखरसे एक हजार मुनियोंके साथ निर्वाणको प्राप्त हुए हैं ॥ ११९४ ॥ १००० ।

भगवान् श्रेयांस श्रावणकी पूर्णिमाको पूर्वाह्णमें धनिष्ठानक्षत्रके रहते सम्मेदशिखरसे एक हजार मुनियोंसे सहित होते हुए सिद्धिको प्राप्त हुए हैं ॥ ११९५ ॥ १००० ।

---

१ द ब संजुदा. २ द ब °जुदा. ३ द ब °संजुदो. ४ ब पुण्णमाए.

फग्गुणबहुले पंचमिअवरण्हे अस्सिणीसु चंपाए । रूवाहियछसयजुदो[1] सिद्धिगदो वासुपुज्जजिणो ॥ ११९६
६०१ ।

सुक्कट्ठमीपदोसे आसाढे जम्मभम्मि सम्मेदे । छस्सयमुणिसंजुत्तो मुत्तिं पत्तो विमलसामी ॥ ११९७
६०० ।

चेत्तस्स किण्हपच्छिमदिणप्पदोसम्मि जम्मणक्खत्ते । सम्मेदम्मि अणंतो सत्तसहस्सेहिं संपत्तो ॥ ११९८
७००० ।

जेट्ठस्स किण्हचोद्दसिपच्चूसे[2] जम्मभम्मि सम्मेदे । सिद्धो धम्मजिणिंदो रूवाहियअडसएहिं जुदो ॥ ११९९
८०१ ।

जेट्ठस्स किण्हचोद्दसिपदोससमयम्मि[3] जम्मणक्खत्ते । सम्मेदे संतिजिणो णवसयमुणिसंजुदो[4] सिद्धो ॥ १२००
९०० ।

वइसाहसुक्कपाडिवपदोससमए हि जम्मणक्खत्ते । सम्मेदे कुंथुजिणो सहस्ससहिदो गदो सिद्धिं ॥ १२०१
१००० ।

चेत्तस्स बहुलचरिमे दिणम्मि[5] णियजम्मभम्मि पच्चूसे । सम्मेदे अरदेओ सहस्ससहिदो गदो मोक्खं ॥ १२०२
१००० ।

वासुपूज्य जिनेन्द्र फाल्गुनकृष्णा पंचमीके दिन अपराह्णकालमें अश्विनीनक्षत्रके रहते छहसौ एक मुनियोंसे संयुक्त होते हुए चम्पापुरसे सिद्धिको प्राप्त हुए हैं ॥ ११९६ ॥ ६०१ ।

विमलनाथ स्वामी आषाढ़शुक्ला अष्टमीके दिन प्रदोपकालमें अपने जन्मनक्षत्रके रहते छहसौ मुनियोंसे संयुक्त होते हुए सम्मेदशिखरसे मुक्तिको प्राप्त हुए हैं ॥ ११९७ ॥ ६०० ।

अनन्तनाथ भगवान् चैत्रमासके कृष्णपक्षसम्बन्धी पश्चिम दिन अर्थात् अमावस्याको प्रदोपकालमें अपने जन्मनक्षत्रके रहते सम्मेदशिखरसे सात हजार मुनियोंके साथ मोक्षको प्राप्त हुए हैं ॥ ११९८ ॥ ७००० ।

धर्मनाथ जिनेन्द्र ज्येष्ठकृष्णा चतुर्दशीके दिन प्रत्यूषकालमें अपने जन्म नक्षत्रके रहते आठसौ एक मुनियोंसे युक्त होते हुए सम्मेदशिखरसे सिद्ध हुए हैं ॥ ११९९ ॥ ८०१ ।

शान्तिनाथ तीर्थंकर ज्येष्ठकृष्णा चतुर्दशीके दिन प्रदोषसमयमें अपने जन्मनक्षत्रके रहते नौसौ मुनियोंसे संयुक्त होते हुए सम्मेदशिखरसे सिद्ध हुए हैं ॥ १२०० ॥ ९०० ।

कुंथुजिन वैशाखशुक्ला प्रतिपदाके दिन प्रदोपसमयमें अपने जन्मनक्षत्रके रहते एक हजार मुनियोंसे सहित होते हुए सम्मेदशिखरसे सिद्धिको प्राप्त हुए हैं ॥ १२०१ ॥ १००० ।

अरनाथ भगवान् चैत्रकृष्णा अमावस्याके दिन प्रत्यूषकालमें अपने जन्मनक्षत्रके रहते एक हजार मुनियोंके साथ सम्मेदशिखरसे मोक्षको प्राप्त हुए हैं ॥ १२०२ ॥ १००० ।

---

१ द छसयजुदा. २ द ब °पज्जूसे. ३ द ब किण्हपदोसे ४ द ब °संजुदा सिद्धा. ५ द दिणिम्मि.

पंचमिपदोससमए फग्गुणबहुलम्मि भरणिणक्खत्ते । सम्मेदे मल्लिजिणो पंचसयसमं गदो[1] मोक्खं ॥ १२०३

५०० ।

फग्गुणकिण्हे बारसिपदोससमयम्मि जम्मणक्खत्ते । सम्मेदे सिद्धिगदो सुव्वददेओ सहस्ससंजुत्तो ॥ १२०४

१००० ।

वइसाहकिण्हचोद्दसिपच्चूसे जम्मभम्मि सम्मेदे । णिस्सेयससंपण्णो समं सहस्सेण णमिसामी ॥ १२०५

१००० ।

बहुलट्ठमीपदोसे आसाढे जम्मभम्मि उज्जंते । छत्तीसाधियपणसयसहिदो णेमीसरो सिद्धो[2] ॥ १२०६

५३६ ।

सिदसत्तमीपदोसे सावणमासम्मि जम्मणक्खत्ते । सम्मेदे पासजिणो छत्तीसजुदो गदो मोक्खं ॥ १२०७

३६ ।

कत्तियकिण्हे चोद्दसिपच्चूसे[3] सादिणामणक्खत्ते । पावाए णयरीए एक्को वीरेसरो सिद्धो ॥ १२०८

१ ।

उसहो चोद्दसदिवसे दुदिणं वीरेसरस्स सेसाणं । मासेण य विणिवित्ते जोगादो मुत्तिसंपण्णो ॥ १२०९

उसहो य वासुपुज्जो णेमी पल्लंकबद्धया[4] सिद्धा । काउस्सग्गेण जिणा सेसा मुत्तिं समावण्णा ॥ १२१०

मल्लिनाथ तीर्थंकर फाल्गुनकृष्णा पंचमीको प्रदोषसमयमें भरणीनक्षत्रके रहते सम्मेदशिखरसे पांचसौ मुनियोंके साथ मोक्षको प्राप्त हुए हैं ॥ १२०३ ॥ ५०० ।

सुव्रतदेव फाल्गुनकृष्णा बारसके दिन प्रदोषसमयमें अपने जन्मनक्षत्रके रहते एक हजार मुनियोंसे सहित होते हुए सम्मेदशिखरसे सिद्धिको प्राप्त हुए हैं ॥ १२०४ ॥ १००० ।

नमिनाथ स्वामी वैशाखकृष्णा चतुर्दशीके दिन प्रत्यूषकालमें अपने जन्मनक्षत्रके रहते सम्मेदशिखरसे एक हजार मुनियोंके साथ निश्रेयसपदको प्राप्त हुए हैं ॥ १२०५ ॥ १००० ।

भगवान् नेमीश्वर आषाढ़कृष्णा अष्टमीके दिन प्रदोषकालमें अपने जन्मनक्षत्रके रहते पांचसौ छत्तीस मुनियोंसे सहित होते हुए ऊर्जयन्तगिरिसे सिद्ध हुए हैं ॥ १२०६ ॥ ५३६ ।

पार्श्वनाथ जिनेन्द्र श्रावणमासमें शुक्लपक्षकी सप्तमीको प्रदोषकालमें अपने जन्मनक्षत्रके रहते छत्तीस मुनियोंसे युक्त होते हुए सम्मेदशिखरसे मोक्षको प्राप्त हुए हैं ॥ १२०७ ॥ ३६ ।

भगवान् वीरेश्वर कार्तिककृष्णा चतुर्दशीके दिन प्रत्यूषकालमें स्वाति नामक नक्षत्रके रहते पावापुरसे अकेले ही सिद्ध हुए हैं ॥ १२०८ ॥ १ ।

भगवान् ऋषभदेवने चौदह दिन पहिले, महावीर स्वामीने दो दिन पहिले, और शेष तीर्थंकरोंने एक मास पूर्वमें योगसे विनिवृत्त होनेपर मुक्तिको प्राप्त किया है ॥ १२०९ ॥

भगवान् ऋषभनाथ, वासुपूज्य और नेमिनाथ पल्यंकबद्धआसनसे, तथा शेष जिनेन्द्र कायोत्सर्गसे मुक्तिको प्राप्त हुए हैं ॥ १२१० ॥

---

१ द ब °सयस्समगदो. २ द सिद्धा. ३ द ब °पज्जूसे. ४ द पल्लंकउड्ढया.

वसन्ततिलकम्—

घोरट्ठकम्मणियरे दलिदूण लद्धंणिस्सेयसा जिणवरा जगवंदणिज्जा[1] ।
सिद्धिं दिसंतु तुरिदं सिरिबालचंदसिद्धंतियप्पहुदिभव्वजणाण[2] सव्वे ॥ १२११

दसमंते चउसीदी कमसो अणुबद्धकेवली होंति । बाहत्तरि चउदालं सेयंसे वासुपुज्जे य ॥ १२१२

पत्तेयं ८४ । से ७२ । वा ४४ ।

विमलजिणे चालीसं णवसु तदो चउविवज्जिदा कमसो। तिण्णि च्चिय पासजिणे तिण्णि च्चिय वड्ढमाणम्मि ॥ १२१३

४० । ३६ । ३२ । २८ । २४ । २० । १६ । १२ । ८ । ४ । ३ । ३ ।

आ सत्तममेक्कसयं उवरितिए णउदि णउदि चउसीदी । सेसेसु पुव्वसंखा हवंति अणुबद्धकेवली अहवा ॥१२१४[3]

पत्तेयं १०० । १०० । १०० । १०० । १०० । १०० । १०० । ९० । ९० । ९० । ९० । ८४ ।
४० । ३६ । ३२ । २८ । २४ । २० । १६ । १२ । ८ । ४ । ३ । ३ ।

जिन्होंने घोर अष्ट कर्मोंके समूहको नष्ट करके निश्रेयसपदको प्राप्त कर लिया है और जो जगत्के वन्दनीय हैं ऐसे वे सर्व जिनेन्द्र शीघ्र ही, श्रीबालचन्द्र सैद्धांतिक आदि भव्यजनोंको मुक्ति प्रदान करें ॥ १२११ ॥

आदिनाथसे लेकर दशवें तीर्थंकर तक चौरासी, तथा श्रेयांस और वासुपूज्य भगवान्के क्रमसे बहत्तर और चवालीस अनुबद्ध केवली हुए हैं ॥ १२१२ ॥

ऋषभादि प्रत्येकके ८४ । श्रेयांस ७२ । वासुपूज्य ४४ ।

विमलनाथ भगवान्के चालीस, फिर इसके आगे नौ तीर्थंकरोंके क्रमसे उत्तरोत्तर चार चार हीन, पार्श्वनाथ जिनेन्द्रके तीन, और वर्धमान स्वामीके भी तीन ही अनुबद्ध केवली हुए हैं ॥ १२१३ ॥

विमल ४० । अनंत ३६ । धर्म ३२ । शान्ति २८ । कुंथु २४ । अर २० । मल्लि १६ । सुव्रत १२ । नमि ८ । नेमि ४ । पार्श्व ३ । वीर ३ ।

अथवा सातवें तीर्थंकर तक एकसौ, इसके आगे तीन तीर्थंकरोंके नब्बै, पुनः नब्बै, चौरासी, और शेष तीर्थंकरोंके पूर्वोक्त संख्याप्रमाण ही अनुबद्ध केवली हुए हैं ॥ १२१४ ॥

ऋषभ १०० । अजित १०० । संभव १०० । अभि. १०० । सुमति १०० । पद्म १०० । सुपार्श्व १०० । चन्द्र ९० । पुष्प ९० । शीतल ९० । श्रेयांस ९० । वासु. ८४ । विमल ४० । अनन्त ३६ । धर्म ३२ । शान्ति २८ । कुंथु २४ । अर २० । मल्लि १६ । सुव्रत १२ । नमि ८ । नेमि ४ । पार्श्व ३ । वीर ३ ।

१ जगवदंणिज्जं. २ द ब °चंदं °सिद्धंतियं पहुदिभव्वजणाणु. ३ ब-पुस्तके एषा गाथा नास्ति.

उसहतियाणं सिस्सा वीससहस्सा यणुत्तरेसु गदा[1]। कमसो पंचजिणेसुं तत्तो बारससहस्साणिं ॥ १२१५

अ २०००० । २०००० । २०००० । १२००० । १२००० । १२००० । १२००० । १२००० ।

तत्तो पंचजिणेसुं एक्कारसहस्सयाणि पत्तेक्कं । पंचसु सामिसु तत्तो एक्केक्के दससहस्साणिं ॥ १२१६

११००० । ११००० । ११००० । ११००० । ११००० । १०००० । १०००० । १०००० । १०००० । १०००० ।

अट्ठासीदिसयाणिं कमेण सेसेसु जिणवरिंदेसुं । गयणणभअट्ठसगसगदोअंककमेण सव्वपरिमाणं ॥ १२१७

८८०० । ८८०० । ८८०० । ८८०० । ८८०० । ८८०० । संमेलिदा २७७८०० ।

। अणुत्तरं गदं ।

सट्ठिसहस्सा णवसयसहिदा सिद्धिं गदा अदीण गणा। उसहस्स अजियपहुणो एक्कसया सत्तहत्तरिसहस्सा॥१२१८

६०९०० । ७७१०० ।

सत्तरिसहस्सइगिसयसंजुत्ता संभवस्स इगिलक्खं। दो लक्खा एक्कसयं सीदिसहस्साणि णंदणजिणस्स॥१२१९

१७०१०० । २८०१०० ।

ऋषमादिक तीन तीर्थंकरोंके क्रमसे बीस बीस हजार और इसके आगे पांच तीर्थंकरोंके बारह बारह हजार शिष्य अनुत्तर विमानोंमें गये है ॥ १२१५ ॥

ऋषभ २०००० । अजित २०००० । संभव २०००० । अभि. १२००० । सुमति १२००० । पद्म १२००० । सुपार्श्व १२००० । चन्द्र १२००० ।

इसके आगे पांच तीर्थंकरोंमेंसे प्रत्येकके ग्यारह हजार और फिर पांच तीर्थंकरोंमेंसे एक एकके दश हजार शिष्य अनुत्तर विमानोंमें गये हैं ॥ १२१६ ॥

पुष्प. ११००० । शीतल ११००० । श्रेयांस ११००० । वासु. ११००० । विमल ११००० । अनंत १०००० । धर्म १०००० । शान्ति १०००० । कुंथु १०८०० । अर १०००० ।

इसके आगे शेष जिनेन्द्रोंके क्रमसे अठासीसौ शिष्य अनुत्तर विमानोंमें गये हैं। अनुत्तर विमानोंमें जानेवाले इन सब शिष्योंका प्रमाण अंकक्रमसे शून्य, शून्य, आठ, सात, सात और दो, इन अंकोंसे निर्मित संख्याके बराबर है ॥ १२१७ ॥

मल्लि ८८०० । सुव्रत ८८०० । नमि ८८०० । नेमि ८८०० । पार्श्व ८८०० । वर्धमान ८८०० । सम्मिलित २७७८०० ।

अनुत्तर जानेवालोंका कथन समाप्त हुआ ।

भगवान् ऋषभनाथके साठ हजार नौसौ, और अजित प्रभुके सतत्तर हजार एकसौ यतिगण सिद्धिको प्राप्त हुए हैं ॥ १२१८ ॥ ऋ. ६०९०० । अजि. ७७१०० ।

सम्भवनाथ स्वामीके एक लाख सत्तर हजार एकसौ, और नन्दन जिनेन्द्रके दो लाख अस्सी हजार एकसौ यतिगण सिद्ध हुए हैं ॥ १२१९ ॥ सं. १७०१०० । अभि. २८०१०० ।

.... ..

1 द ब गदो.

लक्खाणि तिण्णि सोलससएहिं जुत्ताणि सुमइसामिस्स ।
चोद्दससहस्ससहिदा पउमप्पहजिणवरस्स तियलक्खा[1] ॥ १२२०

३०१६०० । ३१४००० ।

पंचासीदिसहस्सा दो लक्खा छस्सया सुपासस्स । चउतीससहस्सजुदा दो लक्खा चंदपहपहुणो ॥ १२२१

२८५६०० । २३४००० ।

उणसीदिसहस्साणिं इगिलक्खं छस्सयाणि सुविहिस्स । सीदिसहस्सा[2] छस्सयजुत्ता हि[3] सीयलस्स देवस्स ॥ १२२२

१७९६०० । ८०६०० ।

पण्णट्ठिसहस्साणिं सेयंसजिणस्स छस्सयाणिं पि । चउवण्णसहस्साइं छच्च सया वासुपुज्जस्स ॥ १२२३

६५६०० । ५४६०० ।

एक्कावण्णसहस्सा तिण्णि सयाणिं पि विमलणाहस्स । तेत्तियमेत्तसहस्सा तियसयहीणा अणंतस्स ॥ १२२४

५१३०० । ५१००० ।

उणवण्णसहस्साणिं सत्तसएहिं जुदाणि धम्मस्स । अडदालसहस्साइं चत्तारि सदाणि संतिस्स ॥ १२२५

४९७०० । ४८४०० ।

छादालसहस्साणिं अट्ठसदाणिं च कुंथुणाहस्स । सत्तत्तीससहस्सा दोसयजुत्ता य अरजिणिंदस्स ॥ १२२६

४६८०० । ३७२०० ।

सुमतिनाथ स्वामीके तीन लाख सोलहसौ, और पद्मप्रभ जिनेन्द्रके तीन लाख चौदह हजार मुनि सिद्ध हुए ॥ १२२० ॥ सुम. ३०१६०० । प. ३१४००० ।

सुपार्श्वनाथ भगवान्‌के दो लाख पचासी हजार छहसौ, और चन्द्रप्रभ प्रभुके दो लाख चौंतीस हजार यति मुक्त हुए ॥ १२२१ ॥ सुपा. २८५६०० । चं. २३४००० ।

सुविधिनाथ भगवान्‌के एक लाख उन्यासी हजार छहसौ, और शीतलदेवके अस्सी हजार छहसौ ऋषि मुक्तिको प्राप्त हुए ॥ १२२२ ॥ सुवि. १७९६०० । शी. ८०६०० ।

श्रेयांसजिनके पैंसठ हजार छहसौ, और वासुपूज्य भगवान्‌के चौवन हजार छहसौ मुनि मोक्षको प्राप्त हुए ॥ १२२३ ॥ श्रे. ६५६०० । वा. ५४६०० ।

विमलनाथ तीर्थंकरके इक्यावन हजार तीनसौ, और अनन्तनाथजिनके तीनसौ कम इतने ही अर्थात् इक्यावन हजार यति सिद्ध हुए ॥ १२२४ ॥ वि. ५१३०० । अन. ५१००० ।

धर्मनाथ प्रभुके उनंचास हजार सातसौ, और शान्तिनाथ स्वामीके अड़तालीस हजार चारसौ ऋषि सिद्धपदको प्राप्त हुए ॥ १२२५ ॥ ध. ४९७०० । शा. ४८४०० ।

कुंथुनाथ तीर्थंकरके छ्यालीस हजार आठसौ, और अरनाथ जिनेन्द्रके सैंतीस हजार दोसौ मुनि मुक्त हुए ॥ १२२६ ॥ कुं. ४६८०० । अर ३७२०० ।

---

१ ब तिसयलक्खा. २ द ब °सहस्सं. ३ द ब °जुत्ताहिं.

अट्ठावीससहस्सा अट्ठसदाणिं पि मल्लिणाहस्स । उणवीससहस्साइं दोण्णि सया सुव्वदजिणस्स ॥ १२२७

२८८०० । १९२०० ।

णव य सहस्सा छस्सयसंजुत्ता णमिजिणस्स सिस्सगणा । णेमिस्स अडसहस्सा बासट्ठिसयाणि पासस्स ॥ १२२८

९६०० । ८००० । ६२०० ।

चउदालसया वीरेसरस्स सव्वाण मेलिदपमाणं[1] । चउवीसदिलक्खाणिं चउसट्ठिसहस्सचउसयाणि त्ति ॥ १२२९

४४०० । २४६४४०० ।

उसहादिसोलसाणं केवलणाणप्पसूदिदिवसम्मि । पढमं चिय सिस्सगणा णिस्सेयससंपयं पत्ता ॥ १२३०

कुंथुचउक्के कमसो इगिदुतिछम्मासमसमयपेरंते । णमिपहुदिजिणिंदेसुं इगिदुतिछव्वाससंखाए[2] ॥ १२३१

१ । २ । ३ । ६ ।   १ । २ । ३ । ६ ।

सोहम्मादियउवरिमगेवज्जा जाव उवगदा सग्गं । उसहादीणं सिस्सा ताण पमाणं परूवेमो ॥ १२३२

इगिसय तिण्णिसहस्सा णवसयअब्भहियदोसहस्साणिं ।
णवसयणवयसहस्सा णवसयसंजुत्तसगसहस्साणिं ॥ १२३३

३१०० । २९०० । ९९०० । ७९०० ।

मल्लिनाथ भगवान्‌के अट्ठाईस हजार आठसौ, और सुव्रतजिनके उन्नीस हजार दोसौ यति सिद्ध हुए ॥ १२२७ ॥ म. २८८०० । सुव्र. १९२०० ।

नमिनाथ जिनेन्द्रके नौ हजार छहसौ, नेमिनाथके आठ हजार, और पार्श्वनाथ भगवान्‌के बासठसौ शिष्यगण सिद्धपदको प्राप्त हुए ॥ १२२८ ॥

न. ९६०० । ने. ८००० । पा. ६२०० ।

वीरेश्वरके चवालीससौ शिष्यगण मुक्तिको प्राप्त हुए । सब शिष्योंका सम्मिलित प्रमाण चौबीस लाख चौंसठ हजार चारसौ होता है ॥ १२२९ ॥ वीर ४४०० । सम्मिलित २४६४४०० ।

ऋषभादिक सोलह तीर्थंकरोंके शिष्यगण केवलज्ञान उत्पन्न होनेके दिन पहिले ही निश्रेयस-संपदाको प्राप्त हुए ॥ १२३० ॥

कुंथुनाथ आदिक चार तीर्थंकरोंके शिष्यगण क्रमसे एक, दो, तीन, और छह मासतक तथा नमिनाथप्रभृति चार जिनेन्द्रोंके शिष्यगण एक, दो, तीन और छह वर्षतक निश्रेयसपदको प्राप्त हुए ॥ १२३१ ॥ १, २, ३, ६ । १, २, ३, ६ ।

ऋषभादिक तीर्थंकरोंके जो शिष्य सौधर्मसे लेकर ऊर्ध्व ग्रैवयक तक स्वर्गको प्राप्त हुए हैं, उनके प्रमाणका प्ररूपण किया जाता है ॥ १२३२ ॥

तीन हजार एकसौ, नौसौ अधिक दो हजार, नौ हजार नौसौ, सात हजार नौसौ, छह हजार चारसौ, चालीससौ, दो हजार चारसौ, चालीससौ, प्रत्येकके चारसौके साथ नौ हजार और

---

१ द ब परिमाणं. २ द ब °छम्मासमसंखाए.

चउसयछसहस्साणिं चालसया दो सहस्स चारि सया।
चालसया पत्तेक्कं चारिसदेण वि य णव अड सहस्सा[1] ॥ १२३४
६४०० । ४००० । २४०० । ४००० । ९४०० । ८४०० ।

चउसयसत्तसहस्सा चउसयअदिरित्तछस्सहस्साणिं । सगसयसंखासमधियपंचसहस्सा पण सहस्सा ॥ १२३५
७४०० । ६४०० । ५७०० । ५००० ।

तियसयचउस्सहस्सा छस्सयसंजुत्ततियसहस्साणिं । दोसयजुदतिसहस्सा अट्ठसयब्भहियदोसहस्साणिं ॥ १२३६
४३०० । ३६०० । ३२०० । २८०० ।

चउसदजुददुसहस्सा दोण्णि सहस्साणि सोलससयाणिं । बारससया सहस्सं अट्ठसयाणिं जहा कमसो ॥ १२३७
२४०० । २००० । १६०० । १२०० । १००० । ८०० ।

लक्खं पंचसहस्सा अट्ठसयाणिं[2] पि मिलिदपरिमाणं । विणयसुदणियमसंजमभरिदाणं भावसमणाणं ॥ १२३८
१०५८०० ।

तियवासा[3] अडमासं पक्खं तह तदियकालअवसेसे । सिद्धो रिसहजिणिंदो वीरो तुरिमस्स तेत्तिए सेसे ॥ १२३९
वा ३, मा ८, दि १५ ।

सिद्धिं गदम्मि उसहे सायरकोडीण पण्णलक्खेसुं । वोलीणेसुं अजिओ णिस्सेयससंपयं पत्तो[4] ॥ १२४०
सा ५००००००००००००० ।

आठ हजार अर्थात् नौ हजार चारसौ और आठ हजार चारसौ, सात हजार चारसौ, चारसौ अधिक छह हजार, सातसौ संख्यासे अधिक पांच हजार, पांच हजार, चार हजार तीनसौ, छहसौ सहित तीन हजार, दोसौ सहित तीन हजार, आठसौ अधिक दो हजार, चारसौसे युक्त दो हजार, दो हजार, सोलहसौ, बारहसौ, एक हजार, और आठसौ, इसप्रकार क्रमसे ये ऋषभादिक चौबीस तीर्थंकरोंके शिष्य सौधर्मादिकको प्राप्त हुए ॥ १२३३-१२३७ ॥

ऋ. ३१०० । अजि. २९०० । सं. ९९०० । अभि. ७९०० । सुम. ६४०० । प. ४००० । सुपा. २४०० । चं. ४००० । पुष्प. ९४०० । शी. ८४०० । श्रे. ७४०० । वा. ६४०० । वि. ५७०० । अनं. ५००० । ध. ४३०० । शा. ३६०० । कुं. ३२०० । अर २८०० । म. २४०० । सुव्र. २००० । न. १६०० । ने. १२०० । पा. १००० । व. ८०० ।

विनय, श्रुत, नियम और संयमसे युक्त इन सब भावमुनियोंका सम्मिलित प्रमाण एक लाख पांच हजार आठसौ होता है ॥ १२३८ ॥ १०५८०० ।

तृतीय कालमें तीन वर्ष, आठ मास और एक पक्षके अवशिष्ट रहनेपर ऋषभ जिनेन्द्र, तथा इतना ही चतुर्थ कालमें अवशेष रहनेपर वीर प्रभु सिद्धपदको प्राप्त हुए ॥ १२३९ ॥

वर्ष ३, मास ८, दिन १५ ।

भगवान् ऋषभदेवके मुक्त हो जानेके पश्चात् पचास लाख करोड़ सागरोंके व्यतीत होनेपर अजितनाथ तीर्थंकरने निश्रेयससंपदाको प्राप्त किया ॥ १२४० ॥ सा. ५० लाख करोड़ ।

---

१ ब चारिसहस्सा पणसहस्सा. २ द ब सयाणं. ३ द ब वासो. ४ द ब पत्ता.

उवहीसु तीस[1] दसणवसंखेसुं कोडिलक्खपहदेसुं[2] । तत्तो कमेण संभवणंदणसुमदी गदा सिद्धिं ॥ १२४१

३०००००००००००००० । १०००००००००००००० । ९००००००००००००० ।

उवहिउवमाण णउदी णउसु सहस्सेसु कोडिपहदेसुं[3] ।
तत्तो गदेसु कमसो सिद्धो पउमप्पहो सुपासो य[4] ॥ १२४२

९०००००००००००० । ९००००००००००० ।

णवसयणउदिणवेसुं कोडिहदेसुं समुद्दउवमाणं । जादेसु तदो[5] सिद्धा चंदप्पहसुविहिसीयलया[6] ॥ १२४३

९०००००००००० । ९००००००००० । ९०००००००० ।

छव्वीससहस्साधियछसट्ठिलक्खेहि[7] सायरसएण । ऊणम्मि कोडिसायरकाले सिद्धो य सेयंसो ॥ १२४४

९९९९९०० व रिण ६६२६००० ।

चउवण्णतीसणवचउसायरउवमेसु तह अदीदेसु । सिद्धो य वासुपुज्जो कमेण विमलो अणंतधम्मा य[8] ॥ १२४५

५४ । ३० । ९ । ४ ।

तिसु सायरोवमेसुं तिचरणपल्लूणिएसु संतिजिणो । पलिदोवमस्स अद्धे तत्तो सिद्धिं गदो कुंथू ॥ १२४६

सा ३ रिण प $\frac{3}{4}$ | कुं प $\frac{1}{2}$ |

इसके आगे तीस लाख करोड़, दश लाख करोड़ और नौ लाख करोड़ सागरोंके चले जानेपर क्रमसे सम्भव, अभिनन्दन और सुमतिनाथ भगवान् सिद्धिको प्राप्त हुए ॥ १२४१ ॥

३० लाख करोड़ । १० लाख करोड़ । ९ लाख करोड़ ।

इसके पश्चात् नब्बै हजार करोड़ और नौ हजार करोड़ सागरोंके बीत जानेपर क्रमसे पद्मप्रभ और सुपार्श्वनाथ तीर्थंकर सिद्ध हुए ॥ १२४२ ॥ ९० हजार करोड़। ९ हजार करोड़।

इसके पश्चात् एक करोड़से गुणित नौसौ, नब्बै और नौ सागरोपम अर्थात् नौसौ करोड़ सागरोपम, नब्बै करोड़ सागरोपम और नौ करोड़ सागरोपमोंके चले जानेपर क्रमसे चन्द्रप्रभ, सुविधिनाथ और शीतलनाथ भगवान् सिद्ध हुए ॥ १२४३ ॥

९०० करोड़ । ९० करोड़ । ९ करोड़ ।

छ्यासठ लाख छब्बीस हजार सौ सागर कम एक करोड़ सागरप्रमाण कालके चले जानेपर भगवान् श्रेयांस सिद्ध हुए ॥ १२४४ ॥ सा. ३३७३९०० ।

पश्चात् चौवन, तीस, नौ और चार सागरोपमोंके व्यतीत होनेपर क्रमसे वासुपूज्य, विमल, अनन्त और धर्मनाथ तीर्थंकर सिद्ध हुए ॥ १२४५ ॥ ५४ । ३० । ९ । ४ ।

इसके पश्चात् पौन पल्य कम तीन सागरोपमोंके व्यतीत होनेपर शान्तिनाथ जिनेन्द्र और फिर अर्द्ध पल्योपमकालके बीत जानेपर भगवान् कुंथुनाथ मुक्तिको प्राप्त हुए ॥ १२४६ ॥

सा० ३ – प. $\frac{3}{4}$ । प. $\frac{1}{2}$ ।

१ द ब तीसु°. २ द ब °पहुदेसुं. ३ द ब पहुदीसु. ४ द ब सिद्धा पउमप्पहा सुपासा य. ५ द ब जादे स तदो. ६ द ब °सुहदसी°. ७ ब छसट्ठि°. ८ ब अणंतधम्मो य.

पलिदोवमस्स पादे इगिकोडिसहस्सवस्सपरिहीणे । अरदेओ मल्लिजिणो कोडिसहस्सम्मि वासाणं ॥ १२४७

अ प १ रिण वस्स १०००००००००० । मल्लि १०००००००००० ।
४

चउवण्णछक्कपंचसु लक्खेसुं ववगदेसु वासाणं । कमसो सिद्धिं पत्ता[1] सुव्वयणमिणेमिजिणणाहा[2] ॥ १२४८

वास ५४००००० । ६००००० । ५००००० ।

तेसीदिसहस्सेसुं पण्णाधियसगसएसु जादेसुं । तत्तो पासो सिद्धो पण्णब्भहियम्मि दोसए वीरो ॥ १२४९

८३७५० । २५० ।

। कम्मक्खयंतरं समत्तं ।

पुव्वंगब्भहियाणिं सायरउवमाणकोडिलक्खाणिं । पण्णास तित्थवट्टणकालो उसहस्स णिद्दिट्ठो[3] ॥ १२५०

५०००००००००००००० पुव्वंग १ ।

पुव्वंगतयजुदाइं समुद्दउवमाण कोडिलक्खाणिं । तीसं चिय सो कालो अजियजिणिंदस्स णादव्वो ॥ १२५१

सा ३०००००००००००००० पुव्वंग ३ ।

चउपुव्वंगजुदाइं समुद्दउवमाण कोडिलक्खाणिं । दसमेत्ताइं भणिदो संभवसामिस्स सो कालो ॥ १२५२

सा १०००००००००००००० पुव्वंग ४ ।

पश्चात् एक हजार करोड़ वर्ष कम पाव पल्योपमके बीत जानेपर अरनाथ भगवान् और फिर एक हजार करोड़ वर्षोंके पश्चात् मल्लिनाथजिन मुक्त हुए ॥ १२४७ ॥

प. $\frac{१}{४}$ – वर्ष १००० करोड़ । १००० करोड़ ।

इसके पश्चात् चौवन लाख, छह लाख और पांच लाख वर्षोंके बीत जानेपर क्रमसे सुव्रत, नमि और नेमिनाथ जिनेन्द्र मुक्तिको प्राप्त हुए ॥ १२४८ ॥

वर्ष ५४ लाख । ६ लाख । ५ लाख ।

इसके पश्चात् तेरासी हजार सातसौ पचास वर्षोंके बीत जानेपर पार्श्वनाथ तीर्थंकर और फिर दोसौ पचास वर्षोंके बीत जानेपर वीर भगवान् सिद्ध हुए ॥ १२४९ ॥

८३७५० । २५० ।

मोक्षका अन्तर समाप्त हुआ ।

भगवान् ऋषभनाथका तीर्थप्रवर्तनकाल एक पूर्वांग अधिक पचास लाख करोड़ सागर-प्रमाण कहा गया है ॥ १२५० ॥ सा. ५० लाख करोड़ + पूर्वांग १ ।

अजितनाथ तीर्थंकरका वह तीर्थप्रवर्तनकाल तीन पूर्वांग सहित तीस लाख करोड़ सागरोपमप्रमाण जानना चाहिये ॥ १२५१ ॥ सा. ३० लाख करोड़ + पूर्वांग ३ ।

सम्भवनाथ स्वामीका वह काल चार पूर्वांग सहित दश लाख करोड़ सागरोपमप्रमाण कहा गया है ॥ १२५२ ॥ सा. १० लाख करोड़ + पूर्वांग ४ ।

१ द ब पत्तो. २ द ब जिणणाहं. ३ द ब णिद्दिट्ठा.

चउपुव्वंगजुदाइं वारिधिउवमाण कोडिलक्खाणिं । णवमेत्ताणिं कहिदो णंदणसामिस्स सो समओ ॥ १२५३

९००००००००००००० पुव्वंग ४ ।

चउपुव्वंगब्भहिया पओहिउवमाण णउदिमेत्ताणं । कोडिसहस्सा हि पुढं सो समओ सुमइसामिस्स ॥ १२५४

९०००००००००००० अंग ४ ।

चउपुव्वंगब्भहिया सिंधुवमा णवसहस्सकोडीओ । तित्थपवट्टणसमओ पउमप्पहजिणवरिंदस्स ॥ १२५५

९००००००००००० अंग ४ ।

चउपुव्वंगजुदाओ णवसयकोडीओ जलहिउवमाणं । धम्मपयट्टणकालप्पमाणमेदं सुपासस्स ॥ १२५६

९०००००००००० अंग ४ ।

चउपुव्वंगजुदाओ रयणायरउवमणउदिकोडीओ । णिस्सेयपयपयट्टणकालो चंदप्पहजिणस्स ॥ १२५७

९००००००००० अंग ४ ।

अडवीसपुव्वअंगाधियपल्लचउत्थभायहीणाओ । मयरायरउवमाणं णवकोडीओ समधिआओ ॥ १२५८

८९९९९९९९ प ९९९९९९९९९९९९९९९ प $\frac{३}{४}$ रिण अंग २८ ।

अदिरेगस्स पमाणं पुव्वाणं लक्खमेक्कपरिमाणं । मोक्खस्सेणिपयट्टणकालो सिरिपुप्फदंतस्स ॥ १२५९

१०००००० ।

अभिनन्दन स्वामीका वह काल चार पूर्वांग सहित नौ लाख करोड़ सागरोपमप्रमाण कहा गया है ॥ १२५३ ॥ सा. ९ लाख करोड़ + पूर्वांग ४ ।

सुमतिनाथ स्वामीका वह समय चार पूर्वांग अधिक नब्बै हजार करोड़ सागरोपमप्रमाण कहा गया है ॥ १२५४ ॥ सा. ९० हजार करोड़ + पूर्वांग ४ ।

पद्मप्रभ जिनेन्द्रका तीर्थप्रवर्तनसमय चार पूर्वांग अधिक नौ हजार करोड़ सागरोपम-प्रमाण है ॥ १२५५ ॥ सा. ९ हजार करोड़ + पूर्वांग ४ ।

सुपार्श्वनाथ तीर्थंकरके धर्मप्रवर्तनकालका प्रमाण चार पूर्वांग सहित नौसौ करोड़ सागरोपम है ॥ १२५६ ॥ सा. ९०० करोड़ + पूर्वांग ४ ।

चन्द्रप्रभजिनका निश्रेयसपदप्रवर्तनकाल चार पूर्वांग सहित नब्बै करोड़ सागरोपमप्रमाण है ॥ १२५७ ॥ सा. ९० करोड़ + पूर्वांग ४ ।

श्रीपुष्पदन्त तीर्थंकरका मोक्षमार्गप्रवर्तनकाल अट्ठाईस पूर्वांग अधिक पल्यके चतुर्थ भागसे हीन नौ करोड़ सागरोपमोंसे अधिक है । इस अधिक कालका प्रमाण एक लाख पूर्व है ॥ १२५८–१२५९ ॥

सा. ८९९९९९९९, प. ९९९९९९९९९९९९९९९$\frac{३}{४}$ – पूर्वांग २८ + पूर्व १००००० ।

१ द मोक्खस्सेण°.

पलिदोवमद्धसमधियतोयहिउवमाण एक्कसयहीणा । रयणायरुवमकोडी सीयलदेवस्स अदिरित्ता ॥ १२६०

सा ९९९९८९९ प ९९९९९९९९९९९९९९९ । $\frac{1}{2}$

अदिरेगस्स पमाणं पणुवीससहस्स होंति पुव्वाणि । छव्वीससहस्साधियवच्छरछावट्ठिलक्खपरिहीणा ॥ १२६१

पुव्व २५००० रिण व ६६२६००० ।

इगिवीसलक्खवच्छरविरहिदपल्लस्स तिचरणेणूणा । चउवण्णउवहिउवमा सेयंसजिणस्स तित्थकत्तित्तं ॥ १२६२

सा ५४ वा २१०००००० रिण प $\frac{3}{4}$

चउवण्णलक्खवच्छरऊणियपल्लेण विरहिदा होंति । तीस महण्णवउवमा सो कालो वासुपुज्जस्स ॥ १२६३

सा ३० व ५४००००० रिण प १ ।

पण्णरसलक्खवच्छरविरहिदपल्लस्स तिचरणेणूणा । णववारिहिउवमाणा सो कालो विमलणाहस्स ॥ १२६४

सा ९ व १५००००० रिण प $\frac{3}{4}$

पण्णाससहस्साधियसगलक्खेणूणपल्लदलमेत्ते । विरहिदचउरो सायरउवमाणि अणंतसामिस्स ॥ १२६५

सा ४ व ७५०००० रिण प $\frac{1}{2}$

पण्णाससहस्साधियदुलक्खवासूणपल्लपरिहीणा । तिण्णि महण्णवउवमा धम्मे धम्मोवदेसणाकालो[1] ॥ १२६६

सा ३ व २५०००० रिण प १ ।

शीतलनाथका तीर्थप्रवर्तनकाल अर्ध पल्योपम और एकसौ सागर कम एक करोड़ सागरोपमप्रमाण कालसे अतिरिक्त है ॥ १२६० ॥

सा. ९९९९८९९, प. ९९९९९९९९९९९९९९९ $\frac{1}{2}$ ।

इस अतिरिक्त कालका प्रमाण छयासठ लाख छब्बीस हजार वर्ष कम पच्चीस हजार पूर्व है ॥ १२६१ ॥ पूर्व २५००० — वर्ष ६६२६००० ।

श्रेयांस जिनेन्द्रका तीर्थकर्तृत्वकाल इक्कीस लाख वर्ष कम एक पल्यके तीन चतुर्थांशसे रहित चौवन सागरोपमप्रमाण है ॥ १२६२ ॥ सा. ५४ + वर्ष २१००००० – प. $\frac{3}{4}$ ।

वासुपूज्य भगवान्का वह काल चौवन लाख वर्ष कम एक पल्यसे रहित तीस सागरोपमप्रमाण है ॥ १२६३ ॥ सा. ३० + वर्ष ५४००००० – प. १ ।

विमलनाथ तीर्थंकरका वह काल पन्द्रह लाख वर्ष कम पल्यके तीन चतुर्थांशसे हीन नौ सागरोपमप्रमाण है ॥ १२६४ ॥ सा. ९ + वर्ष १५००००० – प. $\frac{3}{4}$ ।

अनन्तनाथ स्वामीका तीर्थप्रवर्तनकाल सात लाख पचास हजार वर्ष कम अर्ध पल्यमात्रसे रहित चार सागरोपमप्रमाण है ॥ १२६५ ॥ सा. ४ + वर्ष ७५०००० – प. $\frac{1}{2}$ ।

धर्मनाथ स्वामीके धर्मोपदेशका काल दो लाख पचास हजार वर्ष कम एक पल्यसे हीन तीन सागरोपमप्रमाण है ॥ १२६६ ॥ सा. ३ वर्ष २५०००० – प १ ।

---

१ द ब धम्मोवदेसणो कालो.

बारससयाणि पण्णाधियाणि संवच्छराणि पल्लद्धं । मोक्खोवदेसकालो संतिजिणिंदस्स णिद्दिट्ठं ॥ १२६७

प १ व १२५० ।
२

णभपणदुगसगछक्कट्ठाणे णवसंखवासपरिहीणो । पल्लस्स चउब्भागो सो कालो कुंथुणाहस्स ॥ १२६८

प १ रिण व ९९९९९९७२५० ।
४

कोडिसहस्सा णवसयतेत्तीससहस्सवस्सपरिहीणा । णिव्वाणपथपयट्टणकालपमाणं अरजिणस्स ॥ १२६९

९९९९९६६१०० ।

पणवण्णवस्सलक्खा बावण्णसहस्सछस्सयविहीणा । अपवग्गमग्गपयडणकालो सिरिमल्लिसामिस्स ॥ १२७०

वा ५४४७४०० ।

पंचसहस्सजुदाणिं छ च्चिय संवच्छराण लक्खाणिं । णिस्सेयपयपयट्टणकालो सुव्वयजिणिंदस्स ॥ १२७१

वा ६०५००० ।

अडसयएक्कसहस्सब्भहियाणं संवच्छराण पणलक्खा । तित्थावयारवट्टणकालपमाणं णमिजिणस्स ॥ १२७२

व ५०१८०० ।

चउरासीदिसहस्सा तिण्णि सया होंति विउणचालीसा । वरधम्मपयपयट्टणकालो सिरिणेमिसामिस्स ॥ १२७३

व ८४३८० ।

शान्तिनाथ जिनेन्द्रका मोक्षोपदेशकाल अर्द्ध पल्य और बारहसौ पचास वर्षप्रमाण कहा गया है ॥ १२६७ ॥ प. $\frac{१}{२}$ वर्ष १२५० ।

कुंथुनाथ स्वामीका वह काल शून्य, पांच, दो, सात और छह स्थानोंमें नौ, इन अंकोंसे निर्मित संख्याप्रमाण वर्षोंसे हीन पल्यके चतुर्थभागप्रमाण है ॥ १२६८ ॥

प. $\frac{१}{४}$ – ९९९९९९७२५० ।

अरनाथ जिनेन्द्रके निर्वाणपदप्रवर्तनकालका प्रमाण तेतीस हजार नौसौ वर्ष कम एक हजार करोड़ वर्ष है ॥ १२६९ ॥ ९९९९९६६१०० ।

श्रीमल्लिनाथ स्वामीका मोक्षमार्गप्रवर्तनका काल बावन हजार छहसौसे रहित पचवन लाख वर्षप्रमाण है ॥ १२७० ॥ वर्ष ५४४७४०० ।

सुव्रत जिनेन्द्रका निश्रेयसपदप्रवर्तनकाल छह लाख पांच हजार वर्षप्रमाण है ॥ १२७१ ॥

वर्ष ६०५००० ।

नमिनाथ जिनेन्द्रके तीर्थावतारवर्तनकालका प्रमाण पांच लाख एक हजार आठसौ वर्ष है ॥ १२७२ ॥ वर्ष ५०१८०० ।

श्रीनेमिनाथ स्वामीका उत्कृष्ट धर्मपथके प्रवर्तनका काल चौरासी हजार तीनसौ और चालीसके दुगुणे अर्थात् अस्सी वर्षप्रमाण है ॥ १२७३ ॥ वर्ष ८४३८० ।

---

१ द ब °संग.

दोण्णि सया अडहत्तरिजुत्ता वासाण पासणाहस्स । इगिवीससहस्साणिं दुदाल वीरस्स सो कालो ॥ १२७४

वा २७८ । वास २१०४२ ।

तोडकं—

तित्थपयट्टणकालपमाणं दारुणकम्मविणासयराणं । जे णिसुणंति पढंति थुणंते ते अपवग्गसुहाइं लहंते ॥ १२७५

उसहजिणे णिव्वाणे वासतए अट्ठमास मासद्धे । वोलीणम्मि पविट्ठो दुस्समसुसमो तुरिमकालो ॥ १२७६

वा ३, मा ८, दि १५ ।

तस्स य पढमपएसे कोडिंपुव्वाणि आउउक्कस्सो । अडदाला पुट्ठट्ठी पणसयपणुवीसदंडया उदओ ॥ १२७७

पु ४८ । उदय ५२५ । पु १०००००००।

उच्छण्णो सो धम्मो सुविहिप्पमुहेसु सत्ततित्थेसुं । सेसेसु सोलसेसुं णिरंतरं धम्मसंताणं ॥ १२७८

पल्लस्स पादमद्धं तिचरणपल्लं खु तिचरणं अद्धं । पल्लस्स पादमेत्तं वोच्छेदो धम्मतित्थस्स ॥ १२७९

हुंडावसप्पिणिस्स य दोसेणं सत्त होंति विच्छेदा । दिक्खाहिमुहाभावे अत्थमिदो धम्मरविदेओ ॥ १२८०

भरहो सगरो मघओ सणक्कुमारो य संतिकुंथुअरा । कमसो सुभउमपउमा हरिजयसेणा य बम्हदत्तो य ॥ १२८१

एदे बारस चक्की पच्चक्खपरोक्खवंदणासत्ता । णिब्भरभत्तिसमग्गा सव्वाणं तित्थकत्ताणं ॥ १२८२

पार्श्वनाथ स्वामीका वह तीर्थकाल दोसौ अठत्तर वर्ष और वीर भगवान्का इक्कीस हजार व्यालीस वर्षप्रमाण है ॥ १२७४ ॥ वर्ष २७८ । वर्ष २१०४२ ।

जो तीक्ष्ण कर्मोंको नष्ट करनेवाले इस तीर्थप्रवर्तनकालके प्रमाणको सुनते हैं, पढ़ते हैं, और स्तुति करते हैं, वे मोक्षसुखोंको प्राप्त करते हैं ॥ १२७५ ॥

ऋषभनाथ तीर्थंकरके निर्वाण होनेके पश्चात् तीन वर्ष और साढ़े आठ मासके व्यतीत होनेपर दुषमसुषमा नामक चतुर्थ काल प्रविष्ट हुआ ॥ १२७६ ॥ वर्ष ३, मास ८, दिन १५।

उस चतुर्थ कालके प्रथम प्रवेशमें उत्कृष्ट आयु एक पूर्वकोटि, पृष्ठभागकी हड्डियां अड़तालीस, और शरीरकी उंचाई पांचसौ पच्चीस धनुषप्रमाण थी ॥ १२७७ ॥

आयु पूर्व १०००००००। पृष्ठास्थियां ४८ । उंचाई ध. ५२५ ।

सुविधिनाथको आदि लेकर सात तीर्थोंमें उस धर्मकी व्युच्छित्ति हुई थी और शेष सोलह तीर्थोंमें धर्मकी परंपरा निरन्तर रही है ॥ १२७८ ॥

उक्त सात तीर्थोंमें क्रमसे पाव पल्य, अर्द्ध पल्य, पौन पल्य, पल्य, पौन पल्य, अर्द्ध पल्य और पाव पल्यप्रमाण धर्मतीर्थका उच्छेद रहा था ॥ १२७९ ॥

हुण्डावसर्पिणीके दोषसे यहां सात धर्मके विच्छेद होते हैं । उस समय दीक्षाके अभिमुख होनेवालोंका अभाव होनेपर धर्मरूपी सूर्यदेव अस्तमित होगया था ॥ १२८० ॥

भरत, सगर, मघवा, सनत्कुमार, शान्ति, कुंथु, अर, सुभौम, पद्म, हरिषेण, जयसेन और ब्रह्मदत्त, ये क्रमसे बारह चक्रवर्ती सब तीर्थंकरोंकी प्रत्यक्ष एवं परोक्ष वंदनामें आसक्त और अत्यन्त गाढ़ भक्तिसे परिपूर्ण रहे हैं ॥ १२८१-१२८२ ॥

१ द तोदिक, ब तोदक. २ द ब °विणासणराणं. ३ द सति°. ४ द ब वत्ति. ५ द ब विच्छेदो. ६ द ब धम्मवर. ७ द ब °पउमो.

रिसहेसरस्स भरहो सगरो अजिएसरस्स पच्चक्खं । मघवा सणक्कुमारो दो चक्की धम्मसंतिविच्चाले ॥ १२८३
अह संतिकुंथुअरजिण तित्थयरा ते च चक्कवट्टित्ते । एक्को सुभउमचक्की अरमल्लीअंतरालम्मि ॥ १२८४
अह पउमचक्कवट्टी मल्लीमुणिसुव्वयाण विच्चाले । सुव्वयणमीण मज्झे हरिसेणो णाम चक्कहरो ॥ १२८५
जयसेणचक्कवट्टी णमिणेमिजिणाणमंतरालम्मि । तह बम्हदत्तणामो चक्कवई णेमिपासविच्चाले ॥ १२८६
चउसहियतीस कोट्ठा कादव्वा तिरियरूवपंतीए । उड्ढेणं बे कोट्ठा कादूणं पढमकोट्ठेसुं ॥ १२८७
पण्णरसेसु जिणिंदा णिरंतरं दोसु सुण्णया तत्तो । तीसु जिणा दो सुण्णा[1] इगि जिण दो सुण्ण एक्क जिणो[2] ॥ १२८८

दो सुण्णो[3] एक्क जिणो इगि सुण्णो इगि जिणो य इगि सुण्णो ।
दोण्णि जिणा इदि[4] कोट्ठा णिद्दिट्ठा तित्थकत्ताणं[5] ॥ १२८९
दो कोट्ठेसुं चक्की सुण्णं तेरससु चक्किणो छक्के ।
सुण्ण तिय चक्कि सुण्णं चक्की दो सुण्ण चक्कि सुण्णो[6] य ॥ १२९०

चक्की दो सुण्णाइं छक्खंडवईण चक्कवट्टीणं । एदे कोट्ठा कमसो संदिट्ठी एक्कदो अंका ॥ १२९१

१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	०	०	१	१	१	०	०	१	०	०	१	०	०	१	०	१	०	१	१[7]
२	२	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	२	२	२	२	२	२	०	०	०	२	०	२	०	०	२	०	२	०	०

पंच सया पण्णाधियचउस्सया दोसुहरिदपणसीदी । दुविहत्ता चउसीदी चालं पणतीस तीसं च ॥ १२९२

दंड ५०० । ४५० । ८५ । ८४ । ४० । ३५ । ३० ।
२ २

भरत चक्रवर्ती ऋषभेश्वरके समक्ष, सगर चक्रवर्ती अजितेश्वरके समक्ष, तथा मघवा और सनत्कुमार ये दो चक्रवर्ती धर्मनाथ और शान्तिनाथके अन्तरालमें हुए हैं । शान्तिनाथ, कुंथुनाथ और अरनाथ, ये तीन चक्रवर्ती होते हुए तीर्थंकर भी थे । सुभौम चक्रवर्ती अरनाथ और मल्लिनाथ भगवान्‌के अन्तरालमें, पद्म चक्रवर्ती मल्लि और मुनिसुव्रतके अन्तरालमें, हरिषेण नामक चक्रधर सुव्रत और नमिनाथके मध्यमें, जयसेन चक्रवर्ती नमिनाथ और नेमिनाथजिनके अन्तरालमें, तथा ब्रह्मदत्त नामक चक्रवर्ती नेमिनाथ और पार्श्वनाथ तीर्थंकरके अन्तरालमें हुए हैं ॥ १२८३-१२८६ ॥

तिरछी पंक्तिके रूपमें चौंतीस कोठा, और ऊर्ध्वरूपसे दो कोठा बना करके इनमेंसे ऊपरके पन्द्रह प्रथम कोठोंमें निरन्तर तीर्थंकर, इसके आगे दो कोठोंमें शून्य, तीन कोठोंमें तीर्थंकर, दोमें शून्य, एकमें जिन, दोमें शून्य, एकमें तीर्थंकर, दोमें शून्य, एक जिन, एक शून्य, एक जिन, एक शून्य और दो जिन, इसप्रकार ये तीर्थंकरोंके कोठे निर्दिष्ट किये गये हैं । इनसे नीचेके कोठोंमेंसे दोमें चक्रवर्ती, तेरहमें शून्य, छहमें चक्रवर्ती, फिर तीन शून्य, चक्रवर्ती, शून्य, चक्रवर्ती, दो शून्य, चक्रवर्ती, शून्य, चक्रवर्ती और फिर दो शून्य, ये छह खण्डोंके अधिपति चक्रवर्तियोंके क्रमशः कोठे हैं जिनमें संदृष्टिके लिये क्रमशः एक और दो अंक ग्रहण किये गये हैं ॥ १२८७-१२९१ ॥

(संदृष्टि मूलमें देखिये)

भरतादिक चक्रवर्तियोंकी उंचाई क्रमसे पांचसौ, पचास अधिक चारसौ, दोसे भाजित

१ द ब सुण्णं. २ द ब जिणा. ३ द ब सुण्णो. ४ द ब इगि. ५ द तित्थकत्तीणं. ६ द ब सुण्णा. ७ द ब प्रत्योः अधस्तनकोष्ठेषु सर्वत्र २स्थाने १इति पाठः ।

अट्ठावीस दुवीसं वीसं पण्णरस सत्त इय कमसो । दंडा चक्कहराणं भरहप्पमुहाण उस्सेहो ॥ १२९३

२८ । २२ । २० । १५ । ७ ।

आऊकुमारमंडलिअरिजयरज्जाण संजमठिदीएं[1] । चक्कीण कालमाणं वोच्छामि जहाणुपुव्वीए ॥ १२९४

चउरब्भहिया सीदी बाहत्तरि पुव्वयाणि लक्खाणि । पंच तिय एक्क वच्छरलक्खाणं पंचणउदि चुलसीदी ॥ १२९५

सट्ठी तीसं दस तिय वाससहस्साणि सत्त य सयाणि । कमसो भरहादीणं चक्कीणं आउपरिमाणं ॥ १२९६

आउ पुव्व ८४००००० । पुव्व ७२००००० । वरिस ५००००० । ३००००० । १००००० ।

९५००० । ८४००० । ६०००० । ३०००० । १०१०० । ३००० । ७०० ।

सत्तत्तरिलक्खाणिं पण्णाससहस्सयाणि पुव्वाणं । पणुवीससहस्साइं वासाणं ताइं विगुणाइं ॥ १२९७

पुव्व ७७००००० । ५०००० । २५००० । ५०००० ।

पणुवीससहस्साइं तेवीससहस्ससत्तसयपण्णा । इगिवीससहस्साणिं पंचसहस्साणि पंचसया ॥ १२९८

२५००० । २३७५० । २१००० । ५००० । ५०० ।

पणुवीसाधियतिसया तिसयाइं अट्ठवीस इय कमसो । भरहादिसुचक्कीणं कुमारकालस्स परिमाणं ॥ १२९९

३२५ । ३०० । २८ ।

पचासी, दोसे विभक्त चौरासी, चालीस, पैंतीस, तीस, अट्ठाईस, बाईस, बीस, पन्द्रह और सात धनुषप्रमाण थी ॥ १२९२-१२९३ ॥

उत्सेध—भरत ५०० । सगर ४५० । मघवा $\frac{८५}{२}$ = ४२½ । सनत् $\frac{८४}{२}$ = ४२ । शांति ४० । कुंथु ३५ । अर ३० । सु. २८ । प. २२ । हरि. २० । जय. १५ । ब्रह्म. ७ ।

अब अनुक्रमसे चक्रवर्तियोंकी आयु, कुमारकाल, मण्डलीककाल, अरिजय-(दिग्विजय-) काल, राज्यकाल और संयमकालके प्रमाणको कहता हूं ॥ १२९४ ॥

भरतादिक चक्रवर्तियोंकी आयुका प्रमाण क्रमसे चार अधिक अस्सी अर्थात् चौरासी लाख पूर्व, बहत्तर लाख पूर्व, पांच लाख वर्ष, तीन लाख वर्ष, एक लाख वर्ष, पंचानबै हजार, चौरासी हजार, साठ हजार, तीस हजार, दश हजार, तीन हजार और सातसौ वर्ष है ॥ १२९५-१२९६ ॥

आयु—भरत पूर्व ८४००००० । सगर पूर्व ७२००००० । मघवा वर्ष ५००००० । सनत् ३००००० । शान्ति १००००० । कुंथु ९५००० । अर ८४००० । सुभौम ६०००० । पद्म ३०००० । हरिषेण १०००० । जयसेन ३००० । ब्र. ७०० ।

सतत्तर लाख पूर्व, पचास हजार पूर्व, पच्चीस हजार वर्ष, फिर इससे दुगुणे अर्थात् पचास हजार वर्ष, पच्चीस हजार वर्ष, तेईस हजार सातसौ पचास वर्ष, इक्कीस हजार वर्ष, पांच हजार वर्ष, पांचसौ वर्ष, तीनसौ पच्चीस वर्ष, तीनसौ वर्ष और अट्ठाईस वर्ष, इस क्रमसे भरतादिक चक्रवर्तियोंके कुमारकालका प्रमाण है ॥ १२९७-१२९९ ॥

कुमारकाल—भरत पूर्व ७७००००० । सगर पूर्व ५०००० । मघवा वर्ष २५००० । सन. ५०००० । शान्ति २५००० । कुंथु २३७५० । अर २१००० । सुभौम ५००० । पद्म ५०० । हरिषेण ३२५ । जयसेन ३०० । ब्रह्मदत्त २८ ।

---

१ द ब पज्जमविदीए.

एक्कं वाससहस्सं पण्णाससहस्सयाणि पुव्वाणिं । पणुवीससहस्साणिं पण्णाससहस्साणि वासाणं ॥ १३००

१००० । ५००८० । २५००० । ५०००० ।

पणुवीससहस्साणिं तेवीससहस्ससत्तसयपण्णा । इगिवीससहस्साणिं पंचसहस्साणि पंचसया ॥ १३०१

२५००० । २३७५० । २१००० । ५०००० । ५०० ।

पणुवीसाधियतिसया तिसया छप्पण्ण इयकमेण पुढं । मंडलियकालमाणं भरहप्पमुहाण चक्कीणं ॥ १३०२

३२५ । ३०० । ५६ ।

अह भरहप्पमुहाणं आयुधसालासु भुवणविम्हयरा । गदजम्मंतरकयतवबलेण उप्पज्जदे चक्कं ॥ १३०३

चक्कुप्पत्तिपहिट्ठा पूजं कादूण जिणवरिंदाणं । पच्छा विजयपयाणं ते पुव्वदिसाए कुव्वंति ॥ १३०४

सुरसिंधूए तीरं धरिऊणं जंति पुव्वदिब्भाए । मरुदेवणाममण्णे णो कालादो जावमुवजलधिं ॥ १३०५

अप्पविसिऊण गंगाउववणवेदीए तोरणद्दारे । उत्तरमुहेण पविसिय चउरंगबलेण संजुत्ता ॥ १३०६

गंतुं पुव्वाहिमुहं दीओववणस्स वेदियादारे । सोवाणे चडिदूणं गंगादारम्मि[1] गच्छंति ॥ १३०७

गंतूणं लीलाए तण्णिम्मगरम्मदिव्ववणमज्झे । पुव्वावरआयामे चउरंगबलाणि अच्छंति ॥ १३०८

....

एक हजार वर्षपूर्व, पचास हजार वर्षपूर्व, पच्चीस हजार वर्ष, पचास हजार वर्ष, पच्चीस हजार वर्ष, तेईस हजार सातसौ पचास वर्ष, इक्कीस हजार वर्ष, पांच हजार वर्ष, पांचसौ वर्ष, तीनसौ पच्चीस, तीनसौ और छप्पन वर्ष, इस क्रमसे पृथक् पृथक् भरतादिक चक्रवर्तियोंके मण्डलीककालका प्रमाण है ॥ १३००–१३०२ ॥

मण्डलीककाल— भरत पूर्व १००० । सगर ५००८० । मघवा वर्ष २५००० । सन. ५००००। शान्ति २५०००। कुंथु २३७५०। अर २१००० । सुभौम ५०००। पद्म ५०० । हरिषेण ३२५ । जयसेन ३०० । ब्रह्म. ५६ ।

पूर्व जन्ममें किये गये तपके बलसे भरतादिकोंकी आयुधशालाओंमें भुवनको विस्मित करनेवाला चक्ररत्न उत्पन्न होता है ॥ १३०३ ॥

चक्रकी उत्पत्तिसे अतिशय हर्षको प्राप्त हुए वे चक्रवर्ती जिनेन्द्रोंकी पूजा करके पश्चात् विजयके निमित्त पूर्वदिशामें प्रयाण करते है ॥ १३०४ ॥

वे गंगानदीके तटका सहारा लेकर पूर्वदिशाभागमें....(?) कितने ही कालमें, उपसमुद्रपर्यन्त जाते हैं ॥ १३०५ ॥

इसके आगे गंगानदीसम्बन्धी उपवनवेदीके तोरणद्वारमें प्रवेश न करके चतुरंग बलसे संयुक्त होते हुए वे चक्रवर्ती उत्तरमुखसे प्रवेश करके पूर्वकी ओर जानेके लिये जम्बूद्वीपसम्बन्धी उपवनवेदिकाके द्वारमें सीढ़ियोंपर चढ़कर गंगाद्वारमे होकर जाते हैं ॥ १३०६–१३०७ ॥

इसप्रकार लीलामात्रसे जाकर पूर्वसे पश्चिम तक लम्बे नदीसम्बन्धी रमणीय दिव्य वनमें चतुरंग बल ठहर जाते हैं ॥ १३०८ ॥

....

१ द ब गंगादारंति.

मंतीणं उवरोधे जलथंभं साहयंति चक्कहरे । दसवरतुरंगधरिदे अजिदंजयणामधेयरहे ॥ १३०९
आरुहिऊणं गंगादारेणं पविसिदूण अणुउवहिं । बारसजोयणमेत्तं सव्वे गच्छंति णो परदो ॥ १३१०
मागधदेवस्स तदो ओलगसालाए रयणवरकलसं । विंधंति सणामंकिदबाणेण अमोघणामेणं ॥ १३११
सोदूण सरणिणादं मागधदेवो[१] वि कोधमुव्वहइ । ताहे[२] तस्स य मंती वारंते महुरसद्देणं ॥ १३१२
रयणमयपडलियाए कंडं[३] घेत्तूण कुंडलादिं च । दत्ता मागधदेवो[४] पणमइ चक्कीण पयमूले ॥ १३१३
ते तस्स अभयवयणं दादूण य मागधेण सह सव्वे । पविसिय खंधावारं[५] विजयपयाणाणि कुव्वंति ॥ १३१४
तत्तो उववणमज्झे दीवस्स पदक्खिणेण ते जंति । जंबूदीवस्स पुढं दक्खिणवरवइजयंतदारंतं ॥ १३१५
दारम्मि वइजयंते पविसिय लवणंबुहिम्मि[६] चक्कहरा । पुव्वं व कुणंति वसं वरतणु णामंकियसरेणं ॥ १३१६
तत्तो आगंतूणं खंधावारम्मि पविसिऊणं च । दीउववणप्पहेणं गच्छंते सिंधुवणवेदिं ॥ १३१७
तीए तोरणदारं[७] पविसिय पुव्वं व चेट्ठदे सेण्णं । सिंधुणदीए दारं पविसिय साहंति ते पभाससुरं ॥ १३१८

वहांपर चक्रवर्ती मंत्रियोंके उपरोधसे जलस्तम्भ (जलस्तम्भिनी) विद्याको सिद्ध करते हैं। पुनः दश उत्तम घोड़ोंसे धारण किये गये अजितंजय नामक रथपर चढ़कर और गंगाद्वारसे प्रवेश कर वे सब समुद्रतटके अनुसार बारह योजनप्रमाण जाते हैं, आगे नहीं ॥ १३०९-१३१० ॥

फिर वहांसे अपने नामसे अंकित अमोघ नामक बाणद्वारा मागधदेवकी ओलगशालाके रत्नमय उत्तम कलशको भेदते हैं ॥ १३११ ॥

मागधदेव भी बाणके शब्दको सुनकर क्रोधको धारण करता है, परन्तु उस समय उसके मंत्री उसे मधुर शब्दोंके द्वारा निवारण करते हैं ॥ १३१२ ॥

तब वह मागधदेव रत्नमय पटलिकामें उस बाण और कुण्डलादिकको लेकर और उन्हें देकर चक्रवर्तियोंके चरणोंमें प्रमाण करता है ॥ १३१३ ॥

वे उसे अभयवचन देकर और मागधदेवके साथ सब कटकमें प्रवेशकर विजयके लिये प्रस्थान करते हैं ॥ १३१४ ॥

फिर वे वहांसे उपवनके बीचमें होकर द्वीपके प्रदक्षिणरूपसे जम्बूद्वीपके वैजयन्त नामक उत्तम दक्षिणद्वारके समीप तक जाते हैं ॥ १३१५ ॥

वे चक्रवर्ती वैजयन्तद्वारसे लवणाम्बुधिमें प्रवेशकर पहिलेके समान ही अपने नामांकित बाणसे वरतनु नामक देवको वशमें करते हैं ॥ १३१६ ॥

पुनः वहांसे आकर और कटकमें प्रवेशकर द्वीपोपवनके मार्गसे सिन्धुनदीसम्बन्धी वन-वेदिकाकी ओर जाते हैं ॥ १३१७ ॥

उसके तोरणद्वारमें प्रवेशकर पहिलेके समान ही सेना ठहर जाती है और वे चक्रवर्ती सिन्धुनदीके द्वारमें प्रविष्ट होकर प्रभासदेवको सिद्ध करते हैं ॥ १३१८ ॥

---

१ द ब मागधदेवा. २ द ब तादे. ३ द ब कंदं. ४ द ब मागधदेवा. ५ द ब खंधादारं. ६ ब लवणंबुहम्मि. ७ द ब तोरणेहिं दारं.

तत्तो पुव्वाहिमुहा दीउववणस्स दारसोवाणं । चडिदूणं वणमज्झे चलंति उवजलधिसीमंतं ॥ १३१९
तप्पणिधिवेदिदारे पंचंगबलाणि ताणि णिस्सरिया । सारितीरेण चलंते वेयड्ढगिरिस्स जाव वणवेदिं ॥ १३२०
तत्तो तव्वणवेदिं धरिदूणं जंति पुव्वदिब्भाए । तग्गिरिमज्झिमकूडप्पणिधिम्मि य वेदिदारपरियंतं ॥ १३२१
तद्दारेणं पविसिय वणमज्झे जंति उत्तराभिमुहा । रजदाचलतडवेदिं पाविय तीए वि चेट्ठंति ॥ १३२२
तांधे तग्गिरिमज्झिमकूडे वेयड्ढवेंतरो णाम । आगंतुगभयवियलो पणमिय चक्कीण पइसरइ ॥ १३२३
तग्गिरिदक्खिणभाए संठियपण्णासणयरखयरगणा । साहियं आगच्छंते पुव्विल्लयतोरणद्दारा ॥ १३२४
तत्तो तव्वणवेदिं धरिदूणं गुंति पच्छिमाभिमुहा । सिंधुवणवेदिपासे पविसंते तग्गिरिस्स दिव्ववणं ॥ १३२५
तांधे तग्गिरिवासी कदमालो णाम वेंतरो देओ । आगंतूणं वेयढगिरिदारकवाडफेडणोवायं ॥ १३२६
तस्सुवदेसवसेणं[3] सेणवई तुरगरयणमारुहिय । गहिऊण दंडरयणं णिस्सरदि[4] सडंगबलजुत्तो ॥ १३२७
सिंधुवणवेदिदारं पविसिय गिरिवेदितोरणद्दारे । गच्छिय खंधपहाए सोवाणे चडदि[5] बलजुत्तो ॥ १३२८

वहांसे वे पूर्वाभिमुख होकर द्वीपोपवनके द्वारकी सीढ़ियोंपर चढ़कर वनके मध्यमेंसे उपसमुद्रकी सीमा तक जाते हैं ॥ १३१९ ॥

समुद्रके समीपकी वेदीके द्वारसे वे पंचांग बल निकलकर विजयार्द्धगिरिकी वनवेदिका तक नदीके तीरसे जाते हैं ॥ १३२० ॥

फिर इसके आगे उस वनवेदीका आश्रय करके पूर्वदिशामें उस पर्वतके मध्यम कूटके समीपमें वेदीद्वारपर्यन्त जाते हैं ॥ १३२१ ॥

पश्चात् उस वेदीद्वारसे प्रविष्ट होकर वनके मध्यमेंसे उत्तरकी ओर गमन करते हैं और रजताचल अर्थात् विजयार्द्धके तटकी वेदीको पाकर वहांपर ही ठहर जाते हैं ॥ १३२२ ॥

उस समय विजयार्द्धगिरिके मध्यम कूटपर रहनेवाला वैताढ्य नामक व्यन्तर देव आगन्तुक भयसे विकल होता हुआ प्रणाम करके चक्रवर्तियोंकी सेवा करता है ॥ १३२३ ॥

उस पर्वतके दाक्षिणभागमें स्थित पचास नगरोंके विद्याधरसमूहोंको सिद्ध करके पूर्वोक्त तोरणद्वारसे वापिस आते हैं ॥ १३२४ ॥

इसके आगे उस वनवेदीका आश्रय करके पश्चिमकी ओर जाते हैं और सिन्धुवनवेदीके पासमें उस पर्वतके दिव्य वनमें प्रवेश करते हैं ॥ १३२५ ॥

तब उस पर्वतपर रहनेवाला कृतमाल नामक व्यन्तर देव आकरके विजयार्द्ध पर्वतके द्वार कपाटोंके खोलनेका उपाय [बतलाता है] ॥ १३२६ ॥

उसके उपदेशसे सेनापति तुरग रत्नपर चढ़कर और दण्ड रत्नको ग्रहण करके षडंगबलसहित निकलता है ॥ १३२७ ॥

वह सिन्धुवनवेदीके द्वारमें प्रवेश करके पर्वतीय वेदीके तोरणद्वारमें होकर सैन्यसहित स्कंधप्रभा (खण्डप्रपात) नामक गुफाकी सीढ़ियोंपर चढ़ता है ॥ १३२८ ॥

१ द ब तावे. २ द सोहिय. ३ द ब °तस्सुवदेसएणं. ४ ब णिब्भरदि. ५ द ब चलदि.

अवराहिमुहे गच्छिय सोवाणसएहिं दक्खिणमुहेणं। उत्तारिय[1] सव्वबलं वच्चदि सो सरिवणस्स मज्झेणं॥ १३२९
तत्तो सेणाहिवई करयलधरिदेण दंडरयणेण। अहणदि कवाडजुगलं आणाए चक्कवट्टीणं॥ १३३०
उग्घलियकवाडजुगलब्भंतरपसत्तउण्हभीदीए। बारसजोयणमेत्तं तुरंगरयणेण लंघंति॥ १३३१
गंतूण दक्खिणमुहो पडिवासिदबलम्मि[2] पविसेदि। पच्छा पच्छिमवयणो सेणवई गिरिवणं एदि॥ १३३२
दक्खिणमुहेण तत्तो गिरिवणवेदीए तोरणद्दारे। णिस्सरिय मेच्छखंडं साहेदि य वाहिणीजुत्तो[3]॥ १३३३
सव्वे छम्मासेहिं मेच्छणरिंदा वसम्मि कादूणं। एदि[4] हु पुव्वपहेणं वेयड्ढगुहाए दारपरियंतं॥ १३३४
कादूण दाररक्खं देवबलं मेच्छरायपडियरिओ। पविसिय खंधावारं पणमइ[5] चक्कीण[6] पयकमले॥ १३३५
इय दक्खिणम्मि भरहे खंडदुवं साहिदूण लीलाए। पविसंति हु चक्कधरा सिंधुणईए वणं विउलं॥ १३३६
गिरितडवेदीदारे पविसिय गिरिदाररयणसोवाणे। आरुहिदूणं वच्चदि सयलबलं तण्णईयँ[7] दोतीरे॥ १३३७

सो सीढ़ियोंसे पश्चिमकी ओर जाकर और फिर दक्षिणकी ओरसे सब सैन्यको उतारकर वह सेनापति नदीवनके मध्यमें होकर जाता है॥ १३२९॥

तदनन्तर सेनाधिपति चक्रवर्तियोंकी आज्ञासे हस्ततलमें धारण किये हुए दण्ड रत्नसे दोनों कपाटोंको ठोकर मारता है॥ १३३०॥

उद्घाटित कपाटयुगलके भीतर स्थित उष्णताके भयसे बारह योजनप्रमाण क्षेत्रको तुरंग रत्नसे लांघते हैं॥ १३३१॥

वह दक्षिणकी ओर जाकर प्रतिवासित सैन्यमें (पड़ावमें) प्रवेश करता है। पश्चात् वह सेनापति पश्चिमाभिमुख होकर पर्वतके वनको जाता है॥ १३३२॥

पश्चात् दक्षिणमुख होकर पर्वतीय वनवेदीके तोरणद्वारमेंसे निकलकर सैन्यसे संयुक्त होता हुआ वह म्लेच्छखण्डको सिद्ध करता है॥ १३३३॥

सेनापति छह महिनोंमें सब म्लेच्छ राजाओंको वशमें करके पूर्व मार्गसे वैताढ्यगुहाके द्वारपर्यन्त आता है॥ १३३४॥

वहांपर देवसेनाको द्वारका रक्षक करके म्लेच्छ राजाओंसे परिचारित वह सेनापति पड़ावमें प्रविष्ट होकर चक्रवर्तीके चरणकमलोंमें नमस्कार करता है॥ १३३५॥

इसप्रकार दक्षिणभरतमें दो खण्डोंको अनायास ही सिद्ध करके चक्रवर्ती सिन्धुनदीके विशाल वनमें प्रवेश करते हैं॥ १३३६॥

पुनः गिरितटसम्बन्धी वेदीके द्वारमें प्रवेश करके और गिरिद्वारकी रत्नमय सीढ़ियोंपर चढ़कर सम्पूर्ण सेना उस नदीके दोनों किनारोंपरसे जाती है॥ १३३७॥

१ द ब उत्तोट्टिय. २ द ब पडिवासिद°. ३ द ब सासादि पदाहिणं जुत्तो. ४ द ब एदे. ५ द ब पणम्मि. ६ द ब चक्कीय. ७ द ब तण्णई.

दोतीरवीहिरुंदं दोदोजोयणपमाणमेक्केक्कं[1] । तेसुं महंधयारे ण सक्कदे तब्बलं गंतुं[2] ॥ १३३८
उवदेसेण सुराणं काकिणिरयणेण तुरिदमालिहियं । ससहररविबिंबाणिं सेलगुहाउभयभित्तीसुं ॥ १३३९
एक्केक्कजोयणंतरलिहिदाणं ताण दिंति उज्जोवे । वच्चेदि सडंगबलं उम्मग्गणिमग्गसरियंतं ॥ १३४०
ताण सरियाण गहिरं जलप्पवाहं सुदूरवित्थिण्णं । उत्तरिदुं पि ण सक्कइ सयलबलं चक्कवट्टीणं ॥ १३४१
सुरउवएसबलेणं वड्ढइरयणेण रइदसंकमणे । आरुहदि सडंगबलं ताओ सरियाओ उत्तरदि ॥ १३४२
सेलगुहाए उत्तरदारा णं णिस्सरेदि बलसहिदो । णइपुव्ववेदिदारे गंतुं गिरिणंदणस्स मज्झम्मि ॥ १३४३
तत्थ य पसत्थसोहे णाणातरुमंडणे[4] विउले । चित्तहरे चक्कहरा खंधावारं णिवेसंति ॥ १३४४
आणाए चक्कीणं सेणवई अवरभागमेच्छमहिं । साहिय छम्मासेहिं खंधावारं समल्लियइ ॥ १३४५
णिग्गच्छंते चक्की गिरिवणवेदीय दारमग्गेणं । मज्झम्मि मेच्छखंडप्पसाहणट्ठं बलेण जुदा ॥ १३४६
मेच्छमहिं पहिदेहिं[5] तेहिं सह मेच्छणरवई सव्वे । कुलदेवदाबलेणं जुज्झं कुव्वंति घोरयरं ॥ १३४७

दोनों तीरकी वीथियोंमेंसे प्रत्येकका विस्तार दो।दो योजनप्रमाण है। उनमें महा अन्धकारके होनेसे चक्रवर्तीका सैन्य आगे जानेके लिये समर्थ नहीं होता है ॥ १३३८ ॥

तब देवोंके उपदेशसे विजयार्द्ध पर्वतकी गुफाकी दोनों भित्तियोंपर काकिणी रत्नसे शीघ्र ही चन्द्रकिरण और सूर्यमण्डलोंको लिख दिया ॥ १३३९ ॥

एक एक योजनके अन्तरालसे लिखे हुए उन बिंबोंके प्रकाश देनेपर षडंग बल उन्मग्ननिमग्न नदियों तक जाता है ॥ १३४० ॥

उन नदियोंके गहरे और दूर तक विस्तीर्ण जलप्रवाहको उतरनेके लिये चक्रवर्तियोंका सकल सैन्य समर्थ नहीं होता ॥ १३४१ ॥

तब देवके उपदेशबलसे बढ़ई रत्नके द्वारा पुलकी रचना करनेपर षडंग बल पुलपर चढ़ता है और उन नदियोंको पार करता है ॥ १३४२ ॥

इसप्रकार आगे गमन करते हुए नदीके पूर्व वेदीद्वारसे पर्वतवनके मध्यमें पहुंचनेके लिये चक्रवर्ती सैन्यसहित विजयार्द्धकी गुफाके उत्तरद्वारसे निकलता है ॥ १३४३ ॥

वहां चक्रवर्ती प्रशस्त शोभाको प्राप्त, विस्तृत एवं मनोहर तथा नाना वृक्षोंसे मंडित वनमें सैन्यको ठहराते हैं ॥ १३४४ ॥

पुनः चक्रवर्तियोंकी आज्ञासे सेनापति पश्चिमभागके म्लेच्छखण्डको वशमें करके छह मासमें पड़ावमें सम्मिलित होजाता है ॥ १३४५ ॥

पश्चात् मध्यम म्लेच्छखण्डको सिद्ध करनेके लिये चक्रवर्ती सैन्यसहित पर्वतीय वनवेदीके द्वारमार्गसे निकलते हैं ॥ १३४६ ॥

उस समय म्लेच्छमहीकी ओर प्रस्थित हुए उनके साथ सब म्लेच्छ राजा कुलदेवताओंके बलसे अतिशय घोर युद्ध करते हैं ॥ १३४७ ॥

१ द पमाणमेकंकं. २ द ब तब्बलं भयभित्तीसु. ३ द ब ससिकर. ४ द ब तरुसंडणे. ५ द ब पहिरेहिं.

जेत्तूण मेच्छराए तत्तो सिंधूए तीरमग्गेणं । गंतूण उत्तरमुहा सिंधूदेविं कुणंति वसं ॥ १३४८
पुव्वाहिमुहा तत्तो हिमवंतवणस्स वेदिमग्गेणं । हिमवंतकूडपणिहीपरियंतं जाव गंतूणं ॥ १३४९
णियणामंकिदइसुणा चक्कहरा विंधिदूण साहंति । हिमवंतकूडसंठियवेंतरहिमवंतणामसुरं ॥ १३५०
अह दक्खिणभाएणं वसहगिरिं जाव ताव वच्चंति । तग्गिरितोरणदारं पविसंते णियणामलिहणट्ठं ॥ १३५१
बहुविजयपसत्थीहिं गयचक्कीणं णिरंतरं भरिदं । वसहगिरिं ते सव्वे पदाहिणेणं पुलोवंति[1] ॥ १३५२
णियणामलिहणठाणं[2] तिलमेत्तं पव्वए[3] अपावंता । गलिदविजयाभिमाणा चक्की चिंताए चेट्ठंति ॥ १३५३
मंतीणं अमराणं उवरोधवसेण पुव्वचक्कीणं । णामाणि एक्कठाणे णिण्णासिय दंडरयणेणं ॥ १३५४
लिहदूणं णियणामं तत्तो गंतूण उत्तरमुहेणं । पाविय गंगाकूडं गंगादेविं कुणंति वसं ॥ १३५५
अह दक्खिणभाएणं गंगासरियाए तीरमग्गेणं । गंतूणं चेट्ठंते वेयड्ढवणम्मि चक्कहरा ॥ १३५६
आणाए चक्कीणं तिमिसगुहाए कवाडजुगलं पि । उग्घाडिय सेणवई पुव्वं पिव मेच्छखंडं पि ॥ १३५७
साहिय तत्तो पविसिय खंधावारं पसण्णभत्तमणा । चक्कीण चलणकमले पणमंति कुणंति दासत्तं ॥ १३५८

अनन्तर वे चक्रवर्ती म्लेच्छ राजाओंको जीतकर सिन्धुनदीके तटवर्ती मार्गसे उत्तरकी ओर जाकर सिन्धुदेवीको वशमें करते हैं ॥ १३४८ ॥

इसके पश्चात् पूर्वाभिमुख होते हुए हिमवान् पर्वतसम्बन्धी वनके वेदीमार्गसे हिमवान् कूटके समीप तक जाकर वे चक्रवर्ती अपने नामसे अंकित बाणके द्वारा वेधकर हिमवान् कूटपर स्थित हिमवान् नामक व्यन्तर देवको सिद्ध करते हैं ॥ १३४९-१३५० ॥

अनन्तर वे दक्षिणभागसे वृषभगिरिपर्यन्त जाकर अपना नाम लिखनेके लिये उस पर्वतके तोरणद्वारमें प्रवेश करते हैं ॥ १३५१ ॥

वहां जाकर गत चक्रवर्तियोंकी बहुतसी विजयप्रशस्तियोंसे निरन्तर भरे हुए वृषभगिरिको वे सब प्रदक्षिणरूपसे देखते हैं ॥ १३५२ ॥

पुनः निज नामको लिखनेके लिये पर्वतपर तिलमात्र भी स्थान न पाकर चक्रवर्ती विजयाभिमानसे रहित होकर चिन्तायुक्त खड़े रह जाते हैं ॥ १३५३ ॥

तब मंत्रियों और देवताओंके उपरोधवश एक स्थानमें पूर्व चक्रवर्तियोंके नामोंको दण्ड रत्नसे नष्ट करके और अपना नाम लिखकर वहांसे उत्तरकी ओर जाते हुए गंगाकूटको पाकर गंगादेवीको वशमें करते हैं ॥ १३५४-१३५५ ॥

इसके पश्चात् वे चक्रधर गंगानदीके तटवर्ती मार्गसे दक्षिणकी ओर जाकर विजयार्द्ध पर्वतके वनमें ठहर जाते हैं ॥ १३५६ ॥

पुनः चक्रवर्तियोंकी आज्ञासे सेनापति तिमिश्रगुफाके दोनों कपाटोंको खोलकर और पूर्व म्लेच्छखण्डको भी वशमें करके वहांसे कटकमें प्रवेश कर प्रसन्न एवं भक्तिसे युक्त चित्तवाले होते हुए चक्रवर्तियोंके चरणकमलोंमें प्रमाण करते एवं दासत्वको प्रगट करते हैं ॥ १३५७-१३५८ ॥

---

१ द ब पुदोवंति. २ द ब 'लिहणराणं. ३ द ब पुव्वए.

वेयड्ढउत्तरदिसासंठियणयराण खयररायों य । चक्कीण चलणकमले पणमंति कुणंति दासत्तं ॥ १३५९

इय उत्तरम्मि भरहे भूचरखचरादि साहिय समग्गं । वच्चंति बलेण जुदा गंगाए जाव वणवेदिं ॥ १३६०

तव्वेदीए दारे तीए उववणखिदीसु लीलाए । पविसिय बलं समग्गं णिक्कामदि दक्खिणमुहेणं ॥ १३६१

गिरितडवेदीदारं गच्छिय गुहदाररयणसोवाणे । चडिय सडंगबलं तं वच्चदि णइउभयतीरेसुं ॥ १३६२

तग्गिरिदारं पविसिय दोतीरेसुं णईए उभयतडे । वच्चदि दोद्दो जोयणमेत्ते रुंदत्तेतीरवीहीणं ॥ १३६३

पुव्वं व गुहामज्झे गंतूणं दक्खिणेण दारेणं । णिक्कलिय सडंगबलं गंगावणमज्झमायादि ॥ १३६४

णइवणवेदीदारे गंतूणं गिरिवणस्स मज्झम्मि । चेट्ठंते चक्कहरा खंधावारेण परियरिया ॥ १३६५

आणाए चक्कीणं सेणवई पुव्वमेच्छखंडं पि । छहि मासेहिं साहिय खंधावारं समल्लियदि ॥ १३६६

तग्गिरिवणवेदीए तोरणदारेण दक्खिणमुहेणं । णिक्कलिय चक्कवट्टी णियणियणयरेसु पविसंति ॥ १३६७

विजयार्द्धकी उत्तरदिशामें स्थित नगरोंके विद्याधर राजा भी चक्रवर्तियोंके चरणकमलोंमें नमस्कार करते और दासत्वको स्वीकार करते हैं ॥ १३५९ ॥

इसप्रकार वे चक्रवर्ती उत्तरभरतमें सम्पूर्ण भूमिगोचरी और विद्याधरोंको वशमें करके सैन्यसे युक्त होते हुए गंगाकी वनवेदी तक जाते हैं ॥ १३६० ॥

उस वेदीके द्वारसे उसकी उपवनभूमियोंमें लीलासे प्रवेश करके समस्त सैन्य दक्षिण-मुखसे निकलता है ॥ १३६१ ॥

तत्पश्चात् पर्वतकी तटवेदीके द्वार तक जाकर और फिर गुफाद्वारके रत्नसोपानोंपर चढ़कर वह षडंग बल नदीके दोनों तीरोंपरसे जाता है ॥ १३६२ ॥

उस पर्वतके द्वारमेंसे प्रवेश करके वह सैन्य नदीके दोनों ओर दो तीरोंपर दो दो योजन विस्तारवाली तटवीथियोंपरसे जाता है ॥ १३६३ ॥

पूर्वके समान ही गुफाके बीचमेंसे जाकर और दक्षिणद्वारसे निकलकर वह षडंग बल गंगावनके मध्यमें आ पहुंचता है ॥ १३६४ ॥

इसके पश्चात् सैन्यसे परिवारित चक्रवर्ती नदीकी वनवेदीके द्वारमेंसे जाकर पर्वतसम्बन्धी वनके मध्यमें ठहर जाते हैं ॥ १३६५ ॥

पुनः चक्रवर्तियोंकी आज्ञासे सेनापति छह मासमें पूर्व म्लेच्छखण्डको भी वशमें करके स्कन्धाचारमें आ मिलता है ॥ १३६६ ॥

अनन्तर चक्रवर्ती उस पर्वतकी वनवेदीके दक्षिणमुख तोरणद्वारसे निकलकर अपने अपने नगरोंमें प्रवेश करते हैं ॥ १३६७ ॥

---

१ द °रायाए. २ [रुंदुत्त°] ३ द ब गंतावण°. ४ द ब छट्ठे.

सट्ठिं तीसं दस दस वाससहस्सा सणक्कुमारंतं । अड छच्चउ पण ति सया कमेण तत्तो य पउमंतं ॥ १३६८

६०००० । ३०००० । १०००० । १०००० । ८०० । ६०० । ४०० । ५०० । ३०० ।

पण्णब्भहियं च सयं सयमेक्कं सोलसं पि पत्तेयं । हरिसेणप्पमुहाणं परिमाणं विजयकालस्स ॥ १३६९

१५० । १०० । १६ ।

। एवं चक्कहराणं विजयकालो समत्तो[1] ।

अह णियणियणयरसुं चक्कीण रमंतयाण लीलाए । विभवस्सं य लवमेत्तं वोच्छामि जहाणुपुव्वीए ॥ १३७०

आदिमसंहडणजुदा सव्वे तवणिज्जवण्णवरदेहा । सयलसुलक्खणभरिया समचउरस्संगसंठाणा[3] ॥ १३७१

सव्वाओ मणहराओ अहिणवलावण्णरूवरेहाओ । छण्णउदिसहस्साइं पत्तेक्कं होंति जुवदीओ ॥ १३७२

९६००० ।

तासुं अज्जाखंडे बत्तीससहस्सराजकण्णाओ । खेचरराजसुदाओ तेत्तियमेत्ताओ मेच्छधूवाओ ॥ १३७३

३२००० । ३२००० । ३२००० ।

एक्केक्कजुवइरयणं एक्केक्काणं हवेदि चक्कीणं । भुंजंति हु तेहि समं संकप्पवसंगदं सोक्खं ॥ १३७४

सनत्कुमार चक्रवर्तीपर्यन्त क्रमसे साठ हजार, तीस हजार, दश हजार, और पुनः दश हजार वर्ष विजयकालका प्रमाण है। इसके आगे पद्म चक्रवर्ती तक वह क्रमसे आठसौ, छहसौ, चारसौ, पांचसौ और तीनसौ वर्ष है। पुनः हरिषेणादिक चक्रवर्तियोंमेंसे प्रत्येकका क्रमसे एकसौ पचास, एकसौ और सोलह वर्ष ही विजयकालका प्रमाण है ॥ १३६८-१३६९ ॥

भरत ६००००, सगर ३००००, मघवा १००००, सन. १००००, शांति ८००, कुंथु ६००, अर ४००, सुभौम ५००, पद्म ३००, हरि. १५०, जय. १००, ब्रह्म. १६ ।

इसप्रकार चक्रधरोंके विजयकालका वर्णन समाप्त हुआ।

इसके पश्चात् अपने अपने नगरोंमें लीलासे रमण करते हुए उन चक्रवर्तियोंके विभवका यहां अनुक्रमसे लवमात्र कथन किया जाता है ॥ १३७० ॥

सब चक्रवर्ती आदिके वज्रवृषभनाराचसंहननसे सहित, सुवर्णके समान वर्णवाले उत्तम शरीरके धारक, सम्पूर्ण सुलक्षणोंसे युक्त, और समचतुरस्ररूप शरीरसंस्थानसे संयुक्त होते हैं ॥ १३७१ ॥

इनमेंसे प्रत्येक चक्रवर्तीके मनको हरण करनेवाली और अभिनव लावण्यरूपरेखासे युक्त ऐसी सब छ्यानबै हजार युवतियां होती हैं ॥ १३७२ ॥ ९६००० ।

उनमेंसे बत्तीस हजार आर्यखण्डकी राजकन्यायें, इतनी ही विद्याधर राजाओंकी सुतायें, और इतनी ही म्लेच्छकन्यायें भी होती हैं ॥ १३७३ ॥

राजकन्या ३२००० । विद्याधरकन्या ३२००० । म्लेच्छकन्या ३२००० ।

प्रत्येक चक्रवर्तीके एक एक युवति रत्न होता है। उनके साथ वे संकल्पित (यथेच्छ) सुखको भोगते हैं ॥ १३७४ ॥

१ द ब ॰काल समत्ता. २ द ब वीभस्स. ३ द ब समचउरंगस्स संठाणा.

संखेज्जसहस्साइं पुत्तापुत्तीओ होंति चक्कीणं । गणबद्धदेवणामा बत्तीससहस्स ताण अभिधाणा ॥ १३७५

गण ३२००० ।

तणुतों[1] च महाणिसिया कमसो तिसयाइं सट्ठिजुत्ताइं । चोद्दसवररयणाइं जीवाजीवप्पभेददुविहाइं[2] ॥ १३७६

३६० । ३६० । १४ ।

पवणंजयविजयगिरी भद्दमुहो[3] तह य कामउट्ठी य । होंति यउज्झ सुभद्दा बुद्धिसमुद्दो त्ति पत्तेयं ॥ १३७७

तुरएभइत्थिरयणा विजयड्ढगिरिम्मि होंति चत्तारि । अवसेसजीवरयणा णियणियणयरेसु जम्मंति ॥ १३७८

छत्तासिदंडचक्का काकिणिचिंतामणि त्ति रयणाइं । चम्मरयणं च सत्तम इय णिज्जीवाणि रयणाणि ॥ १३७९

आदिमरयणचउक्कं आयुधसालाय उप्पदे[4] तत्तो । तिण्णि वि रयणाइ पुढं सिरिगिहे ताण णाम इमे ॥ १३८०

सूरप्पहभद्दमुहा पयद्धवेगा सुदरिसिणा तुरिमो । चिंताजणणी चूडामणि वज्जमओ त्ति पत्तेयं ॥ १३८१

जह जह जोग्गट्ठाणे उप्पण्णा चोद्दसाइं रयणाइं । इदि केई आयरिया णियमसरूवं ण मण्णंति ॥ १३८२

[पाठान्तरम् ।]

चक्रवर्तियोंके संख्यात हजार पुत्र-पुत्रियां होती हैं और बत्तीस हजार गणबद्ध नामक देव उनके परिचारक (?) होते हैं ॥ १३७५ ॥ ३२००० ।

उनके तनुत्र (शरीररक्षक) और महानसिक अर्थात् रसोइये क्रमसे तीनसौ साठ, तथा चौदह उत्तम रत्न होते हैं। ये रत्न जीव और अजीवके भेदसे दो प्रकारके हुआ करते हैं ॥१३७६॥

तनुत्र ३६० । रसोइया ३६० । रत्न १४ ।

पवनंजय (अश्व), विजयगिरि (गज), भद्रमुख (गृहपति), कामवृष्टि (स्थपति), अयोध्य (सेनापति), सुभद्रा (युवति) और बुद्धिसमुद्र (पुरोहित), ये प्रत्येक जीवरत्न है ॥१३७७॥

इनमेंसे तुरग, हाथी और स्त्री, ये तीन रत्न विजयार्द्ध पर्वतपर तथा अवशिष्ट चार जीवरत्न अपने अपने नगरोंमें उत्पन्न होते हैं ॥ १३७८ ॥

छत्र, असि, दण्ड, चक्र, काकिणी, चिन्तामणि और चर्म, ये सात रत्न निर्जीव होते हैं ॥ १३७९ ॥

इनमेंसे आदिके चार रत्न आयुधशालामें और तीन रत्न श्रीगृहमें उत्पन्न होते हैं । उन सातों रत्नोंके नाम ये हैं ॥ १३८० ॥

सूर्यप्रभ, भद्रमुख, प्रवृद्धवेग, चौथा सुदर्शन, चिन्ताजननी और चूड़ामणि, इनमेंसे प्रत्येक वज्रमय होता है ॥ १३८१ ॥

ये चौदह रत्न यथायोग्य स्थानमें उत्पन्न होते हैं। इसप्रकार कोई कोई आचार्य इनके नियमरूपको नहीं भी मानते हैं ॥ १३८२ ॥ [पाठान्तर ।]

१ द ब तणुत्तं ज. २ द जीवप्पभेददुविहाइं. ३ द ब भद्दमहा. ४ द ब उपदे.

चक्कीण चामराणिं जक्खा बत्तीस विक्खिवंति तहा । आउट्ठा कोडीओ पत्तेक्कं बंधुकुलमाणं ॥ १३८३

३२ । ३५००००००।

कालमहकालपंडू माणवसंखा य पउमणइसप्पा । पिंगलणाणारयणा णवणिहिणो सिरिपुरे जादा ॥ १३८४

कालप्पमुहा णाणारयणंता ते णईमुहे णिहिणो । उप्पज्जदि इदि केई पुव्वाइरिया परूवेंति ॥ १३८५

पाठान्तरम् ।

उडुजोग्गदव्वभायणधण्णायुहतूरवत्थहम्माणिं । आभरणरयणणियरा णवणिहिणो देंति[1] पत्तेयं ॥ १३८६

दक्खिणमुहआवत्ता चउवीस हवंति धवलवरसंखा । एक्कोडिकोडिअंका हलाणि पुढवी वि छक्खंडा ॥१३८७

सं २४ । ह १००००००००००००००० । पु ६ ।

भेरी पडहा रम्मा बारस पुह पुह हवंति चक्कीणं । बारस जोयणमेत्ते देसे सुव्वंतवरसद्दों[2] ॥ १३८८

कोडितियं गोसंखा थालीओ एक्ककोडिमेत्ताओ । चुलसीदीं लक्खाइं पत्तेक्कं भद्दवारणरहाणिं[3] ॥ १३८९

३०००००००। १००००००० । ८४००००० ।

अट्ठारस कोडीओ तुरया चुलसीदिकोडिवरवीरा । खयरा बहुकोडीओ अडसीदिसहस्समेच्छणरणाहा ॥ १३९०

१८००००००० । ८४०००००००। ८८००० ।

चक्रवर्तियोंके चामरोंको बत्तीस यक्ष ढुराया करते हैं। तथा प्रत्येकके बन्धुकुलका प्रमाण साढ़े तीन करोड़ होता है ॥ १३८३ ॥ यक्ष ३२ । बन्धुकुल ३५०००००० ।

काल, महाकाल, पाण्डु, मानव, शंख, पद्म, नैसर्प, पिंगल और नानारत्न, ये नौ निधियां श्रीपुरमें उत्पन्न हुआ करती हैं ॥ १३८४ ॥

कालनिधिको आदि लेकर नानारत्नपर्यंत वे निधियां नदीमुखमें उत्पन्न होती हैं, इस-प्रकार भी कितने ही पूर्वाचार्य निरूपण करते हैं ॥ १३८५ ॥ पाठान्तर ।

इन नौ निधियोंमेंसे प्रत्येक क्रमसे ऋतुके योग्य द्रव्य, भाजन, धान्य, आयुध, वादित्र, वस्त्र, हर्म्य, आभरण और रत्नसमूहोंको दिया करती हैं ॥ १३८६ ॥

चक्रवर्तियोंके चौबीस दक्षिणमुखावर्त धवल व उत्तम शंख, एक कोड़ाकोड़ी हल और छह खण्डरूप पृथिवी होती है ॥१३८७॥ शंख २४ । हल १००००००००००००००० । पृथिवी ६ ।

चक्रवर्तियोंके रमणीय भेरी और पटह पृथक् पृथक् बारह होते हैं, जिनका उत्तम शब्द बारह योजनप्रमाण देशमें सुना जाता है ॥ १३८८ ॥

उनकी गौओंकी संख्या तीन करोड़, एक करोड़ थालियां तथा भद्र हाथी एवं रथोंमेंसे प्रत्येक चौरासी लाखप्रमाण होते हैं ॥ १३८९ ॥

गाय ३००००००० । थाली १००००००० । हाथी ८४००००० । रथ ८४००००० ।

इसके अतिरिक्त अठारह करोड़ घोड़े, चौरासी करोड़ उत्तम वीर, अनेकों करोड़ विद्याधर और अठासी हजार म्लेच्छ राजा होते हैं ॥ १३९० ॥

तुरग १८००००००० । वीर ८४०००००००। म्लेच्छ नरनाथ ८८००० ।

---

१ द दिंति. २ द ब 'वरसद्दं. ३ द ब वहाणि.

सव्वाण मउडबद्धा बत्तीस सहस्सयाणि पत्तेक्कं । तेत्तियमेत्ता णाडयसाला संगीयसालाओ ॥ १३९१

३२००० । ३२००० । ३२००० ।

होंति पदाआणीया दुगुणियचउवीसकोडिपरिमाणा । बत्तीससहस्साणिं देसा चक्कीण पत्तेक्कं ॥ १३९२

४८००००००० । ३२०० ।

छण्णउदिकोडि गामा णयराइं पंचहत्तरिसहस्सा । अडहदटुसहस्साणिं खेडा सव्वाण पत्तेक्कं ॥ १३९३

९६००००००० । ७५००० । १६००० ।

चउवीससहस्साणिं कब्बडणामा मडंबणामा य । चत्तारि सहस्साइं अडदालसहस्सपट्टणाइं पि ॥ १३९४

२४००० । ४००० । ४८००० ।

णवणउदिसहस्साइं संखा दोणामुहाण चक्कीसु । संवाहाणि चउद्दससहस्समेत्ता य पत्तेक्कं ॥ १३९५

९९००० । १४००० ।

छप्पण्णंतरदीवा कुक्खिणिवासा हवंति सत्तसया । अडवीससहस्साइं दुग्गादीआणि सव्वेसुं ॥ १३९६

५६ । ७०० । २८००० ।

दिव्वपुरं रयणणिहिं चमु¹भायणभोयणाइ सयणिज्जं । आसणवाहणणट्टा दसंगभोगा इमे ताणं ॥ १३९७

सब चक्रवर्तियोंमेंसे प्रत्येकके बत्तीस हजार मुकुटबद्ध राजा, इतनी ही नाट्यशालायें और इतनी ही संगीतशालायें भी होती हैं ॥ १३९१ ॥

मुकुटबद्ध ३२००० । नाट्यशाला ३२००० । संगीतशाला ३२००० ।

प्रत्येक चक्रवर्तीके पदानीक (पदाति) दुगुणित चौबीस अर्थात् अड़तालीस करोड़ और देश बत्तीस हजार होते हैं ॥ १३९२ ॥ पदाति ४८०००००० । देश ३२००० ।

सब चक्रवर्तियोंमेंसे प्रत्येकके छयानबे करोड़ ग्राम, पचत्तर हजार नगर और आठसे गुणित दो अर्थात् सोलह हजार खेड़े (खेट) होते हैं ॥ १३९३ ॥

ग्राम ९६०००००००। नगर ७५००० । खेट १६००० ।

कर्बट नामक चौबीस हजार, मटंब नामक चार हजार और पट्टन अड़तालीस हजार होते हैं ॥ १३९४ ॥ कर्बट २४००० । मटंब ४००० । पट्टन ४८००० ।

प्रत्येक चक्रवर्तीके निन्यानबै हजार द्रोणमुख और चौदह हजारप्रमाण संवाहन हुआ करते हैं ॥ १३९५ ॥ द्रोणमुख ९९००० । संवाहन १४००० ।

सब चक्रवर्तियोंके छप्पन अन्तरद्वीप, सातसौ कुक्षिनिवास और अट्ठाईस हजार दुर्गादिक होते हैं ॥ १३९६ ॥ अन्तर्द्वीप ५६ । कुक्षिनिवास ७०० । दुर्गादि २८००० ।

दिव्य पुर[1], रत्न[2], निधि[3], चमू[4] (सैन्य), भाजन[5], भोजन[6], शय्या[7], आसन[8], वाहन[9] और नाट्य[10], ये उन चक्रवर्तियोंके दशांग भोग होते हैं ॥ १३९७ ॥

---

१ द ब चमुहभायण°.

वइपरिवेढो[1] गामो णयरं चउगोउरेहि रमणिज्जं । गिरिसरिकदपरिवेढं[2] खेडं गिरिवेढिदं[3] च कव्वडयं ॥१३९८

पणसयपमाणगामप्पहाणभूदं मडंबणामं खु । वररयणाणं जोणी पट्टणणामं त्ति णिद्दिट्ठं ॥ १३९९

दोणामुहाभिधाणं सरिवइवेलाए वेढियं[4] जाण । संवाहणं ति बहुविहरण्णमहासेलसिहरत्थं ॥ १४००

[। एवं विभवो समत्तो ।]

भरहे छलक्खपुव्वा इगिसट्ठिसहस्सवासपरिहीणा । तीससहस्सूणाणिं सत्तरि लक्खाणि पुव्व सगरम्मि ॥ १४०१

६००००० रिण वरिस ६१००० । सगर पुव्व ७०००००० रिण ३०००० ।

णउदिसहस्सजुदाणिं लक्खाणिं तिण्णि मघवणामम्मि । णउदिसहस्सा वासं सणक्कुमारम्मि चक्कहरे ॥ १४०२

३९०००० । ९०००० ।

चउवीससहस्साणिं वासाणिं दोसयाणि संतिम्मि । तेवीससहस्साइं इगिसयपण्णाधियाइं कुंथुम्मि ॥ १४०३

२४२०० । २३१५० ।

वीससहस्सा वस्सा छस्सयजुत्ता अरम्मि चक्कहरे । उणवण्णसहस्साइं[5] पणसयजुत्ता सुभउमम्मि ॥ १४०४

२०६०० । ४९५०० ।

वृतिसे वेष्टित ग्राम, चार गोपुरोंसे रमणीय नगर, पर्वत और नदीसे घिरा हुआ खेट, और केवल पर्वतसे वेष्टित कर्वट कहलाता है ॥ १३९८ ॥

जो पांचसौ ग्रामोंमें प्रधानभूत होता है उसका नाम मटंब, और जो उत्तम रत्नोंकी योनि होता है उसका नाम पट्टन कहा गया है ॥ १३९९ ॥

समुद्रकी वेलासे वेष्टित द्रोणमुख और बहुत प्रकारके अरण्योंसे युक्त महापर्वतके शिखरपर स्थित संवाहन जानना चाहिये ॥ १४०० ॥

[इसप्रकार विभवका वर्णन समाप्त हुआ ।]

भरत चक्रवर्तीके [राज्यकालका प्रमाण] इकसठ हजार वर्ष कम छह लाख पूर्व और सगर चक्रवर्तीके राज्यकालका प्रमाण तीस हजार वर्ष कम सत्तर लाख पूर्वप्रमाण है ॥१४०१॥

भरत पूर्व ६००००० – वर्ष ६१००० । सगर पूर्व ७०००००० – वर्ष ३००० ।

मघवा नामक चक्रवर्तीका राज्यकाल तीन लाख नब्बै हजार वर्ष और सनत्कुमार चक्रवर्तीका राज्यकाल नब्बै हजार वर्षप्रमाण है ॥ १४०२ ॥

मघवा ३९०००० । सनत्कुमार ९०००० ।

शान्तिनाथ चक्रवर्तीके राज्यकालका प्रमाण चौबीस हजार दोसौ वर्ष और कुंथुनाथके राज्यकालका प्रमाण तेईस हजार एकसौ पचास वर्ष है ॥ १४०३ ॥

शान्ति २४२०० । कुंथु २३१५० ।

अरनाथ चक्रधरका राज्यकाल बीस हजार छहसौ वर्ष, और सुभौम चक्रवर्तीका राज्यकाल उनंचास हजार पांचसौ वर्षप्रमाण है ॥ १४०४ ॥ अर २०६०० । सुभौम ४९५०० ।

१ द ब परिवेदो. २ द ब परिवेदं. ३ द ब गिरिवेदेदं. ४ द ब वेदियं. ५ द सहस्सा.

अट्ठारसहस्साणिं सत्तसएहिं समं तहा पउमो । अट्ठसहस्सा अडसयपण्णब्भहिया य हरिसेणे ॥ १४०५

१८७०० । ८८५० ।

उणवीससया वस्सा जयसेणे बम्हदत्तणामम्मि । चक्कहरे छसयाणिं परिमाणं रज्जकालस्स ॥ १४०६

१९०० । ६०० ।

। एवं रज्जकालो समत्तो ।

एक्केक्कलक्खपुव्वा पण्णाससहस्स वच्छरा लक्खं । पणवीससहस्साणिं तेवीससहस्ससत्तसयपण्णा ॥ १४०७

पुव्व १०००००। १०००००। वस्स ५००००। १०००००। २५०००। २३७५०।

इगिवीससहस्साइं तत्तो सुण्णं च दस सहस्साइं । पण्णाधियातिण्णिसया चत्तारि सयाणि सुण्णं च ॥ १४०८

२१०००। सुं। १००००। ३५०। ४००। सुं।

कमसो भरहादीणं रज्जाविरत्ताण चक्कवट्टीणं । णिव्वाणलाहकारणसंजमकालस्स[1] परिमाणं ॥ १४०९

अट्ठेव गया मोक्खं बम्हसुभउमो[2] य सत्तमं पुढविं । मघवस्सणक्कुमारा सणक्कुमारं गआ कप्पं ॥ १४१०

। एवं चक्कहराणं परूवणा सम्मत्ता ।

विजयो अचलो धम्मो सुप्पहणामो[3] सुदंसणो णंदी । णंदिमित्तो य रामो पउमो णव होंति बलदेवा[4] ॥ १४११

पद्म चक्रवर्तीके राज्यकालका प्रमाण अठारह हजार सातसौ वर्ष, और हरिषेण चक्रवर्तीके राज्यकालका प्रमाण आठसौ पचास अधिक आठ हजार वर्ष है ॥ १४०५ ॥

पद्म १८७०० । हरिषेण ८८५० ।

जयसेन चक्रवर्तीके राज्यकालका प्रमाण उन्नीससौ वर्ष, और ब्रह्मदत्त नामक चक्रधरके राज्यकालका प्रमाण छहसौ वर्ष है ॥ १४०६ ॥ जयसेन १९०० । ब्रह्मदत्त ६०० ।

इसप्रकार राज्यकालका कथन समाप्त हुआ ।

एक लाख पूर्व, एक लाख पूर्व, पचास हजार वर्ष, एक लाख वर्ष, पच्चीस हजार वर्ष, तेईस हजार सातसौ पचास वर्ष, इक्कीस हजार वर्ष, फिर शून्य, दश हजार वर्ष, पचास अधिक तीनसौ वर्ष, चारसौ वर्ष और शून्य, इसप्रकार यह क्रमशः राज्यसे विरक्त भरतादिक चक्रवर्तियोंके निर्वाणलाभके कारणभूत संयमकालका प्रमाण है ॥ १४०७-१४०९ ॥

भरत पूर्व १०००००। सगर १०००००। मघवा वर्ष ५००००। सनत्कुमार १०००००। शान्ति २५०००। कुंथु २३७५०। अर २१०००। सुभौम ०। पद्म १००००। हरिषेण ३५०। जयसेन ४००। ब्रह्मदत्त ०।

इन बारह चक्रवर्तियोंमेंसे आठ मोक्ष गये, ब्रह्मदत्त और सुभौम सातवीं पृथिवी, तथा मघवा और सनत्कुमार चक्रवर्ती सनत्कुमार कल्पको प्राप्त हुए ॥ १४१० ॥

इसप्रकार चक्रवर्तियोंकी प्ररूपणा समाप्त हुई ।

विजय, अचल, धर्म, सुप्रभ, सुदर्शन, नन्दी, नन्दिमित्र, राम और पद्म, ये नौ बलदेव होते हैं ॥ १४११ ॥

---

१ द ब 'कारणं संजम'. २ द ब बम्हसुमउमो. ३ द ब सुहप्पणामो. ४ द ब पउमो एदे णव बलदेवा य विण्णेया.

होंति तिविट्टदुविट्टा सयंभुपुरुसुत्तमा य पुरिससीहो । पुरिसवरपुंडरीओ[1] दत्तो णारायणो किण्हो ॥ १४१२
अस्सग्गीवो तारगमेरगमधुकीटभो[2] णिसुंभो य । बलिपहरणो य रावणजरसंधा[3] णव य पडिसत्तू ॥ १४१३

बलदेववासुदेवप्पडिसत्तूणं जाणावणट्ठं संदिट्ठी—

पंच जिणिंदे वंदंति केसवा पंच आणुपुव्वीए । सेयंससामिपहुदिं तिविट्ठपमुहा य पत्तेक्कं ॥ १४१४
अरमल्लिअंतराले णादव्वो पुंडरीयणामो सो[4] । मल्लिमुणिसुव्वयाणं विच्चाले दत्तणामो सो[5] ॥ १४१५
सुव्वयणमिसामीणं मज्झे णारायणो समुप्पण्णो । णेमिसमयम्मि किण्णो एदे णव वासुदेवा य ॥ १४१६
दस सुण्ण पंच केसव छस्सुण्णा केसि सुण्ण केसीओ। तियसुण्णमेक्ककेसी दो सुण्णं एक्क केसि तिय सुण्णं ॥ १४१७

१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	०	०	१	१	१	०	०	१	०	०	१	०	०	१	०	१	०	१	१
२	२	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	२	२	२	२	२	२	०	०	०	२	०	२	०	०	२	०	२	०	०
०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	३	३	३	३	३	०	०	०	०	०	०	३	०	३	०	०	०	३	०	०	३	०	०	०

सीदी सत्तरि सट्ठी पण्णा पणदाल ऊणतीसाणिं । बावीससोलदसधणु केसित्तिदयम्मि[6] उच्छेहो ॥ १४१८

८० । ७० । ६० । ५० । ४५ । २९ । २२ । १६ । १० ।

। इदि उस्सेहो ।

त्रिपृष्ठ, द्विपृष्ठ, स्वयम्भु, पुरुषोत्तम, पुरुषसिंह, पुरुषपुण्डरीक, (पुरुष-) दत्त, नारायण और कृष्ण, ये नौ नारायण हुए ॥ १४१२ ॥

अश्वग्रीव, तारक, मेरक, मधुकैटभ, निशुम्भ, बलि, प्रहरण, रावण और जरासंध, ये नौ प्रतिशत्रु (प्रतिनारायण) हुए ॥ १४१३ ॥

बलदेव, वासुदेव और प्रतिशत्रुओंके जाननेके लिये संदृष्टि—

त्रिपृष्ठ आदिक पांच नारायणोंमेंसे प्रत्येक क्रमसे श्रेयांस स्वामी आदिक पांच तीर्थंकरोंकी वन्दना करते हैं, अर्थात् ये पांच नारायण अनुक्रमसे श्रेयांस स्वामी आदिक पांच तीर्थंकरोंके कालमें हुए ॥ १४१४ ॥

अर और मल्लिनाथ तीर्थंकरके अन्तरालमें वह पुण्डरीक नामक तथा मल्लि और मुनिसुव्रतके अन्तरालमें दत्त नामक नारायण जानना चाहिये ॥ १४१५ ॥

सुव्रत और नमि स्वामीके मध्यमें नारायण (लक्ष्मण) और भगवान् नेमिनाथके समयमें कृष्ण नामक नारायण उत्पन्न हुए । ये नौ वासुदेव हुए ॥ १४१६ ॥

दश शून्य, पांच नारायण, छह शून्य, नारायण, शून्य, नारायण, तीन शून्य, एक नारायण, दो शून्य, एक नारायण और अन्तमें तीन शून्य, (इसप्रकार नौ नारायणोंकी संदृष्टिका क्रम जानना चाहिये) ॥ १४१७ ॥ (संदृष्टि मूलमें देखिये)

अस्सी, सत्तर, साठ, पचास, पैंतालीस, उनतीस, बाईस, सोलह और दश धनुषप्रमाण क्रमसे उन केशवत्रितय अर्थात् नारायण, प्रतिनारायण और बलदेवोंके शरीरकी उंचाई थी ॥ १४१८ ॥
प्रथम ८० । द्वि. ७० । तृ. ६० । च. ५० । पं. ४५ । ष. २९ । स. २२ । अ. १६ । न. १० धनुष ।

इसप्रकार उत्सेधका कथन समाप्त हुआ ।

१ द ब °पुंडरीया. २ द ब °मधुकीटगा. ३ द ब जरसिंधू. ४ द ब °णामस्स. ५ द ब दत्तणामस्स. ६ द ब केसित्तदयम्मि.

सगसीदी सत्तत्तरि सगसट्ठी सत्ततीस सत्तरसा । वस्सा लक्खाण पुढो आऊ विजयादिपंचण्हं ॥ १४१९

८७००००० । ७७००००० । ६७००००० । ३७००००० । १७००००० ।

सगसट्ठी सगतीसं सत्तरससहस्स बारससयाणि । कमसो आउपमाणं णंदिप्पमुहाचउक्कम्मि ॥ १४२०

६७००० । ३७००० । १७००० । १२०० ।

चुलसीदी बाहत्तरि सट्ठी तीसं दसं च लक्खाणिं । पणसट्ठिसहस्साणिं तिविट्ठछक्के कमे आऊ ॥ १४२१

८४००००० । ७२००००० । ६०००००० । ३०००००० । १०००००० । ६५००० ।

बत्तीसबारसेक्कं सहस्समाऊणि दत्तपहुदीणं । पडिसत्तुआउमाणं[1] णियणियणारायणाउसमं[2] ॥ १४२२

३२००० । १२००० । १००० ।

एदे णव पडिसत्तू णवाण हत्थेहिं वासुदेवाणं । णियचक्केहि रणेसुं समाहदा जंति णिरयखिदिं ॥ १४२३

पणुवीससहस्साइं वासा कोमारमंडलित्ताइं । पढमहरिस्स कमेणं वाससहस्सं विजयकालो ॥ १४२४

२५००० । २५००० । १००० ।

विजयादिक पांच बलदेवोंकी आयु क्रमसे सतासी लाख, सतत्तर लाख, सड़सठ लाख, सैंतीस लाख और सत्तरह लाख वर्षप्रमाण थी ॥ १४१९ ॥

विजय ८७ लाख । अचल ७७ लाख । धर्म ६७ ला. । सुप्रभ ३७ ला. । सुदर्शन १७ ला. वर्ष ।

नन्दिप्रमुख चार बलदेवोंकी आयु क्रमसे सड़सठ हजार, सैंतीस हजार, सत्तरह हजार और बारहसौ वर्षप्रमाण थी ॥ १४२० ॥

नन्दि ६७००० । नन्दिमित्र ३७००० । राम १७००० । पद्म १२०० बर्ष ।

त्रिपृष्ठादिक छह नारायणोंकी आयु क्रमसे चौरासी लाख, बहत्तर लाख, साठ लाख, तीस लाख, दश लाख और पैंसठ हजार वर्षप्रमाण थी ॥ १४२१ ॥

त्रिपृष्ठ ८४००००० । द्विपृष्ठ ७२००००० । स्वयंभु ६०००००० । पुरुषोत्तम ३०००००० । पुरुषसिंह १०००००० । पुरुषपुंडरीक ६५००० ।

दत्तप्रभृति शेष तीन नारायणोंकी आयु क्रमसे बत्तीस हजार, बारह हजार और एक हजार वर्षप्रमाण थी । प्रतिशत्रुओंकी आयुका प्रमाण अपने अपने नारायणोंकी आयुके समान है ॥ १४२२ ॥ पुरुषदत्त ३२००० । नारायण १२००० । कृष्ण १००० ।

ये नौ प्रतिशत्रु युद्धमें नौ वासुदेवोंके हाथोंसे निज चक्रोंके द्वारा मृत्युको प्राप्त होकर नरकभूमिमें जाते हैं ॥ १४२३ ॥

प्रथम नारायणका कुमारकाल और मण्डलित्वकाल क्रमसे पच्चीस पच्चीस हजार वर्ष और विजयकाल एक हजार वर्षप्रमाण है ॥ १४२४ ॥

त्रिपृष्ठ—कुमार २५०००, मंडलीक २५०००, विजय १००० ।

१ द ब आउसाणं. २ द ब णारायणाउउदयसमं.

तेसीदिं लक्खाणिं उणवण्णसहस्ससंजुदाइं पि । वरिसाणि रज्जकालो णिद्दिट्ठो पढमकिण्हस्स ॥ १४२५

८३४९००० ।

कोमारमंडलित्ते ते च्चिय[1] विदिए जवो वि वाससदं । इगिहत्तरिलक्खाइं उणवण्णसहस्सणवसया रज्जं ॥ १४२६

२५००० । २५००० । १०० । ७१४९९०० ।

बिदियादो[2] अद्धाइं सयंभूकुमारमंडलित्ताणिं । विजयो णउदी रज्जं तियकालविहीणसट्ठिलक्खाइं ॥ १४२७

१२५०० । १२५०० । ९० । ५९७४९१० ।

तुरिमस्स सत्त तेरस सयाणि कोमारमंडलित्ताणिं । विजयो सीदी रज्जं तियकालविहीणतीसलक्खाइं ॥ १४२८

७०० । १३०० । ८० । २९९७९२० ।

कोमारो तिण्णिसया बारससयपण्ण मंडलीयत्तं । पंचमे[3] विजओ सत्तरि रज्जं तियकालहीणदहलक्खा ॥ १४२९

३०० । १२५० । ७० । ९९८३८० ।

प्रथम नारायणका राज्यकाल तेरासी लाख उनंचास हजार वर्षप्रमाण निर्दिष्ट किया गया है ॥ १४२५ ॥ राज्य ८३४९००० ।

द्वितीय नारायणका कुमार और मण्डलित्वकाल उतना ही अर्थात् प्रथम नारायणके समान क्रमसे पच्चीस पच्चीस हजार वर्ष, जयकाल सौ वर्ष और राज्यकाल इकत्तर लाख उनंचास हजार नौसौ वर्षप्रमाण कहा गया है ॥ १४२६ ॥

द्विपृष्ठ— कु. २५०००, मं. २५०००, वि. १००, रा. ७१४९९०० ।

स्वयंभु नारायणका कुमार और मण्डलित्वकाल द्वितीय नारायणकी अपेक्षा आधा अर्थात् बारह हजार पांचसौ वर्ष, विजयकाल नब्बै वर्ष और राज्यकाल इन तीनों (कुमार, मण्डलित्व, विजय) कालोंसे रहित साठ लाख वर्षप्रमाण कहा गया है ॥ १४२७ ॥

स्वयंभु— कु. १२५००, मं. १२५००, वि. ९०, रा. ६०००००० – (१२५०० + १२५०० + ९०) = ५९७४९१० ।

चतुर्थ नारायणका कुमार और मण्डलित्वकाल क्रमसे सातसौ और तेरहसौ वर्ष, विजयकाल अस्सी वर्ष तथा राज्यकाल इन तीनों कालोंसे रहित तीस लाख वर्षप्रमाण कहा गया है ॥१४२८॥ पुरुषो.— कु. ७००, मं. १३००, वि. ८०, रा. ३०००००० – (७०० + १३०० + ८०) = २९९७९२० ।

पांचवें नारायणका कुमारकाल तीनसौ वर्ष, मण्डलीककाल बारहसौ पचास वर्ष, विजयकाल सत्तर वर्ष और राज्यकाल इन तीनों कालोंसे हीन दश लाख वर्षप्रमाण कहा गया है ॥ १४२९ ॥ पु. सिं.— कु. ३००, मं. १२५०, वि. ७०, रा. १०००००० – (३०० + १२५० + ७०) = ९९८३८० ।

१ द °मंडलित्तो तच्चिय. २ द ब तिदियादो. ३ द ब पंचम.

कोमारमंडलित्ते कमसो छट्ठे सपण्णदोण्णिसया । विजओ सट्ठी रज्जं चउसट्ठिसहस्सचउसया तालं ॥ १४३०

२५० । २५० । ६० । ६४४४० ।

कोमारो दोण्णि सया वासा पण्णास मंडलीयत्तं । दत्ते विजओ पण्णा इगितीससहस्ससगसया रज्जं ॥ १४३१

२०० । ५० । ५० । ३१७०० ।

अट्ठमए इगितिसया कमेण कोमारमंडलीयत्तं । विजयं चालं रज्जं एक्करससहस्सपणसया सट्ठी ॥ १४३२

१०० । ३०० । ४० । ११५६० ।

सोलस छप्पण्ण कमे वासा कोमारमंडलीयत्तं[1] । किण्हस्स अट्ठ विजओ वीसाधियणवसया रज्जं ॥ १४३३

१६ । ५६ । ८ । ९२० ।

सत्तीकोदंडगदा चक्ककिवाणाणि संखदंडाणिं । इय सत्त महारयणा सोहंते अद्धचक्कीणं ॥ १४३४

७ ।

मुसलाइं लंगलाइं संदाइ रयणावलीओ चत्तारि । रयणाइं राजंते बलदेवाणं णवाणं पि ॥ १४३५

अणिदाणगदा सव्वे बलदेवा केसवा णिदाणगदा । उड्ढंगामी सव्वे बलदेवा केसवा अधोगामी ॥ १४३६

छठे नारायणका कुमार और मण्डलित्वकाल क्रमसे दोसौ पचास वर्ष, विजयकाल साठ वर्ष, और राज्यकाल चौंसठ हजार चारसौ चालीस वर्षप्रमाण कहा गया है ॥ १४३० ॥

पुंडरीक— कु. २५०, मं. २५०, वि. ६०, रा. ६४४४० ।

दत्त नारायणका कुमारकाल दोसौ वर्ष, मण्डलीककाल पचास वर्ष, विजयकाल पचास वर्ष और राज्यकाल इकतीस हजार सातसौ वर्षप्रमाण कहा गया है ॥ १४३१ ॥

दत्त— कु. २००, मं. ५०, वि. ५०, रा. ३१७०० ।

आठवें नारायणका कुमार और मण्डलीककाल क्रमसे एकसौ और तीनसौ वर्ष, विजयकाल चालीस वर्ष और राज्यकाल ग्यारह हजार पांचसौ साठ वर्षप्रमाण निर्दिष्ट किया गया है ॥ १४३२ ॥ नारायण— कु. १००, मं. ३००, वि. ४०, रा. ११५६० ।

कृष्ण नारायणका कुमार और मण्डलीककाल क्रमसे सोलह और छप्पन वर्ष, विजयकाल आठ वर्ष और राज्यकाल नौसौ बीस वर्षप्रमाण है ॥ १४३३ ॥

कृष्ण— कु. १६, मं. ५६, वि. ८, रा. ९२० ।

शक्ति, धनुष, गदा, चक्र, कृपाण, शंख और दण्ड, ये सात महारत्न अर्धचक्रियोंके पास शोभायमान रहते हैं ॥ १४३४ ॥

मूसल, लांगल (हल), स्यन्दन (रथ) और रत्नावली (हार), ये चार रत्न नौ ही बलदेवोंके यहां शोभायमान रहते हैं ॥ १४३५ ॥

सब बलदेव निदानसे रहित और सब नारायण निदानसे सहित होते हैं । इसीप्रकार सब बलदेव ऊर्ध्वगामी अर्थात् स्वर्ग व मोक्षको और सब नारायण अधोगामी अर्थात् नरकमें जानेवाले होते हैं ॥ १४३६ ॥

---

१ द ब मंडलीयत्ता.

णिस्सेयसमट्ठ गया हलिणो[1] चरिमो दु बम्हकप्पगदो। तत्तो कालेण मदो सिज्झदि किण्हस्स तित्थम्मि ॥ १४३७

पढमहरी सत्तमिए पंच च्छट्ठम्मि पंचमी एक्को। एक्को तुरिमे चरिमो तदिए णिरए तहेव पडिसत्तू ॥ १४३८

भीमावलिजिदसत्तू रुद्दो वइसाणलो य सुपइट्ठो। अचलो य पुंडरीओ अजितंधरअजियणाभी य ॥ १४३९

पीढो सच्चइपुत्तो अंगधरा तित्थकत्तिसमएसु। रिसहम्मि पढमरुद्दो[2] जितसत्तू होदि अजियसामिम्मि ॥ १४४०

सुविहिपमुहेसु रुद्दा सत्तसु सत्त क्कमेण संजादा। संतिजिणिंदे दसमो सच्चइपुत्तो य वीरतित्थम्मि ॥ १४४१

सव्वे दसमे पुव्वे रुद्दा भट्ठा तवाउ विसयत्थं[3]। सम्मत्तरयणरहिदा बुड्डा घोरेसु णिरएसुं ॥ १४४२

दो रुद्द सुण्ण छक्का सग रुद्दा तह य दोण्णि सुण्णाइं। रुद्दो पण्णरसाइं सुण्णं रुद्दं च चरिमम्मि ॥ १४४३

१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	०	०	१	१	१	०	०	१	०	०	१	०	०	१	०	१	०	१	१
२	२	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	२	२	२	२	२	२	०	०	०	२	०	२	०	०	२	०	२	०	०
०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	३	३	३	३	३	०	०	०	०	०	०	३	०	३	०	०	०	३	०	०	३	०	०	०
४	४	०	०	०	०	०	०	४	४	४	४	४	४	४	०	०	४	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	४

पंचसया पण्णाधियचउस्सया इगिसयं च णउदी य। सीदी सत्तरि सट्ठी पण्णासा अट्ठवीसं पि ॥ १४४४

आठ बलदेव मोक्ष और अन्तिम बलदेव ब्रह्मस्वर्गको प्राप्त हुए हैं। यह अन्तिम बलदेव स्वर्गसे च्युत होकर कृष्णके तीर्थमें सिद्धपदको प्राप्त होगा ॥ १४३७ ॥

प्रथम नारायण सातवें नरकमें, पांच नारायण छठे नरकमें, एक पांचवेंमें, एक चतुर्थ नरकमें, और अन्तिम नारायण तीसरे नरकमें गया है। इसीप्रकार प्रतिशत्रुओंकी भी गति जानना चाहिये ॥ १४३८ ॥

भीमावलि, जितशत्रु, रुद्र, वैश्वानर (विश्वानल), सुप्रतिष्ठ, अचल, पुण्डरीक, अजितंधर, अजितनाभि, पीठ और सात्यकिपुत्र, ये ग्यारह रुद्र अंगधर होते हुए तीर्थकर्ताओंके समयोंमें हुए हैं। इनमेंसे प्रथम रुद्र भगवान् ऋषभनाथके कालमें और जितशत्रु अजितनाथ स्वामीके कालमें हुआ है। इसके आगे सात रुद्र क्रमसे सुविधिनाथप्रमुख सात तीर्थंकरोंके समयमें हुए हैं। दशवां रुद्र शान्तिनाथ तीर्थंकरके समयमें और सात्यकिपुत्र वीर भगवान्के तीर्थमें हुआ है ॥ १४३९-१४४१ ॥

सब रुद्र दशवें पूर्वका अध्ययन करते समय विषयोंके निमित्त तपसे भ्रष्ट होकर सम्यक्त्वरूपी रत्नसे रहित होते हुए घोर नरकोंमें डूब गये ॥ १४४२ ॥

दो रुद्र, छह शून्य, सात रुद्र, तथा दो शून्य, रुद्र, पन्द्रह शून्य और अन्तिम कोठेमें एक रुद्र, इसप्रकार रुद्रोंकी संदृष्टि है ॥ १४४३ ॥ (संदृष्टि मूलमें देखिये)

भीमावलिप्रभृति दश रुद्रोंकी उंचाई क्रमसे पांचसौ, पचास अधिक चारसौ, एकसौ,

१ द हरिणो. २ द ब पढमरुद्दा. ३ द ब विसयत्तं.

चउवीसा वि य दंडा भीमावलिपहुदिरुद्दसकस्स । उच्छेहो णिद्दिट्ठो सग हत्था सच्चइसुअस्स ॥ १४४५

५०० । ४५० । १०० । ९० । ८० । ७० । ६० । ५० । २८ । २४ । ७ ।

तेसीदी इगिहत्तरि दोण्णि एक्कं च पुव्वलक्खाणिं। चुलसीदि सट्ठि पण्णा चालिसवस्साणि[1] लक्खाणिं ॥ १४४६

वीस दस चेव लक्खा वासा एक्कूणसत्तरी कमसो । एक्कारसरुद्दाणं पमाणमाउस्स णिद्दिट्ठं ॥ १४४७

८३०००००० । ७१०००००० । २०००००० । १०००००० । व ८४०००००० । ६००००००

५०००००० । ४०००००० । २०००००० । १०००००० । ६९ ।

सत्तावीसा लक्खा छावट्ठिसहस्सयाणि छच्च सया । छावट्ठी पुव्वाणिं कुमारकालो पहिल्लस्स ॥ १४४८

पु २७६६६६६ ।

सत्तावीसं लक्खा छावट्ठिसहस्सयाणि छच्च सया । अडसट्ठी पुव्वाणिं भीमावलिसंजमकालो[2] ॥ १४४९

पुव्व २७६६६६८ ।

सत्तावीसं लक्खा छावट्ठिसहस्सछस्सअब्भहिया । छावट्ठी पुव्वाणिं भीमावलिभंगतवकालो ॥ १४५०

पुव्व २७६६६६६ ।

नव्वै, अस्सी, सत्तर, साठ, पचास, अट्ठाईस और चौबीस धनुष तथा सात्यकिसुतकी उंचाई केवल सात हाथ कही गयी है ॥ १४४४–१४४५ ॥

प्रथम दण्ड ५०० । द्वि. ४५० । तृ. १०० । च. ९० । पं. ८० । प. ७० । स. ६० । अ. ५० । न. २८ । द. २४ । ग्या. ह. ७ ।

तेरासी लाख पूर्व, इकत्तर लाख पूर्व, दो लाख पूर्व, एक लाख पूर्व, चौरासी लाख वर्ष, साठ लाख वर्ष, पचास लाख वर्ष, चालीस लाख वर्ष, बीस लाख वर्ष, दश लाख वर्ष और एक कम सत्तर वर्ष, यह क्रमसे ग्यारह रुद्रोंकी आयुका प्रमाण निर्दिष्ट किया गया है ॥ १४४६–१४४७ ॥

प्र. पूर्व ८३०८० । द्वि. ७१०००००० । तृ. २०००००० । च. १०००००० । पं. वर्ष ८४०००००० । प. ६०००००० । स. ५०००००० । अ. ४०००००० । न. २०००००० । द. १०००००० । ग्या. ६९ ।

प्रथम रुद्रका कुमारकाल सत्ताईस लाख छ्यासठ हजार छहसौ छ्यासठ पूर्वप्रमाण है ॥ १४४८ ॥ पूर्व २७६६६६६ ।

भीमावलि (प्रथम) रुद्रका संयमकाल सत्ताईस लाख छ्यासठ हजार छहसौ अड़सठ पूर्वप्रमाण है ॥ १४४९ ॥ पूर्व २७६६६६८ ।

भीमावलि रुद्रका भंगतपकाल सत्ताईस लाख छ्यासठ हजार छहसौ छ्यासठ पूर्वप्रमाण है ॥ १४५० ॥ पूर्व २७६६६६६ ।

१ द चालीसं वासाणि, ब चालीसं वस्साणि. २ ब भीमावलिं. ३ द ब संजमे कालो.

तेवीस पुव्वलक्खा छावट्ठिसहस्सछसयछावट्ठी । जिदसत्तूकोमारो तेत्तियमेत्तो य भंगतवकालो ॥ १४५१

पु २३६६६६६ । २३६६६६६ ।

तेवीस पुव्वलक्खा छावट्ठिसहस्सछसयअडसट्ठी । संजमकालपमाणं एदं जिदसत्तुरुद्दस्स ॥ १४५२

पु २३६६६६८ ।

छावट्ठिसहस्साइं छावट्ठब्भहियछस्सयाइं पि । पुव्वाणं कोमारो विणट्ठकालो य रुद्दस्स ॥ १४५३

पु ६६६६६ । ६६६६६ ।

छासट्ठिसहस्साइं पुव्वाणं छस्सयाणि अडसट्ठी । संजमकालपमाणं तइज्जरुद्दस्स णिद्दिट्ठं ॥ १४५४

पु ६६६६८ ।

तेत्तीससहस्साणिं पुव्वाणिं तियसयाणि तेत्तीसं । वइसाणरस्स कहिदो कोमारो भंगतवकालो ॥ १४५५

पु ३३३३३ । ३३३३३ ।

तेत्तीससहस्साणिं पुव्वाणिं तियसयाणि चउतीसं[1] । संजमसमयपमाणं वइसाणलणामधेयस्स ॥ १४५६[2]

पु ३३३३४[3] ।

अट्ठावीसं लक्खा वासाणं सुप्पइट्ठकोमारो । तेत्तियमेत्तो संजमकालो तवभट्टसमयस्स ॥ १४५७

२८००००० । २८००००० । २८००००० ।

वासाओ वीसलक्खा कुमारकालो य अचलणामस्स । तेत्तियमेत्तो[4] संजमकालो तवभट्ठकालो य ॥ १४५८

२०००००० । २०००००० । २०००००० ।

जितशत्रु रुद्रका तेईस लाख छ्यासठ हजार छहसौ छ्यासठ पूर्वप्रमाण कुमारकाल और इतना ही भंगतपकाल भी है ॥ १४५१ ॥ पूर्व २३६६६६६ । २३६६६६६ ।

जितशत्रु रुद्रके संयमकालका प्रमाण तेईस लाख छ्यासठ हजार छहसौ अड़सठ पूर्व है ॥ १४५२ ॥ पूर्व २३६६६६८ ।

तृतीय रुद्र नामक रुद्रका कुमारकाल और विनष्टसंयमकाल छ्यासठ हजार छहसौ छ्यासठ पूर्वप्रमाण कहा गया है ॥ १४५३ ॥ पूर्व ६६६६६ । ६६६६६ ।

तृतीय रुद्रके संयमकालका प्रमाण छ्यासठ हजार छहसौ अड़सठ पूर्व कहा गया है ॥ १४५४ ॥ पूर्व ६६६६८ ।

वैश्वानर (विश्वानल) का कुमार और भंगतपकाल तेतीस हजार तीनसौ तेतीस पूर्वप्रमाण कहा गया है ॥ १४५५ ॥ पूर्व ३३३३३ । ३३३३३ ।

वैश्वानर (विश्वानल) नामक रुद्रके संयमसमयका प्रमाण तेतीस हजार तीनसौ चौंतीस पूर्व कहा गया है ॥ १४५६ ॥ पूर्व ३३३३४ ।

सुप्रतिष्ठका अट्ठाईस लाख वर्षप्रमाण कुमारकाल, इतना ही संयमकाल और इतना ही तपभ्रष्टकालका भी प्रमाण कहा गया है ॥ १४५७ ॥

वर्ष २८००००० । २८००००० । २८००००० ।

अचल नामक रुद्रका कुमारकाल बीस लाख वर्ष, इतना ही संयमकाल और इतना ही तपभ्रष्टकाल भी है ॥ १४५८ ॥ २०००००० । २०००००० । २०००००० ।

१ द छावट्ठि. २ द अडतीसं. ३ द ३३३३८. ४ द ब °मेत्ता.

वासा सोलसलक्खा छावट्ठिसहस्सछसयछावट्ठी । कोमारभंगकालो पत्तेयं पुंडरीयस्स ॥ १४५९

१६६६६६६ । १६६६६६६ ।

वासा सोलसलक्खा छावट्ठिसहस्सछसयअडसट्ठी । जिणदिक्खगमणकालप्पमाणयं पुंडरीयस्स ॥ १४६०

१६६६६६८ ।

तेरसलक्खा वासा तेत्तीससहस्सतिसयतेत्तीसा । अजियंधरकोमारो जिणदिक्खाभंगकालो य ॥ १४६१

१३३३३३३ । १३३३३३३ ।

वासा तेरसलक्खा तेत्तीससहस्सतिसयचोत्तीसा । अजियंधरस्स एसो जिणिंददिक्खग्गहणकालो ॥ १४६२

१३३३३३४ ।

वासाणं लक्खा छह छासट्ठिसहस्सछसयछावट्ठी । कोमारभंगकालो पत्तेयं अजियणाभिस्स ॥ १४६३

६६६६६६ । ६६६६६६ ।

छल्लक्खा वासाणं छासट्ठिसहस्सछसयअडसट्ठी । जिणरूवधरियकालो परिमाणो अजियणाभिस्स ॥ १४६४

६६६६६८ ।

वरिसाण तिण्णि लक्खा तेत्तीससहस्सतिसयतेत्तीसा । कोमारभट्ठसमया कमसो पीढालरुद्दस्स ॥ १४६५

३३३३३३ । ३३३३३३ ।

तियलक्खाणिं वासा तेत्तीससहस्सतिसयचोत्तीसा । संजमकालपमाणं णिद्दिट्ठं दसमरुद्दस्स ॥ १४६६

३३३३३४ ।

....

पुण्डरीक रुद्रका कुमारकाल और भंगसंयमकाल प्रत्येक सोलह लाख छ्यासठ हजार छहसौ छ्यासट वर्षप्रमाण है ॥ १४५९ ॥ १६६६६६६ । १६६६६६६ ।

पुण्डरीक रुद्रके जिनदीक्षाप्राप्तिकालका प्रमाण सोलह लाख छ्यासठ हजार छहसौ अड़सठ वर्ष कहा गया है ॥ १४६० ॥ १६६६६६८ ।

अजितंधर रुद्रका कुमार और जिनदीक्षाभंगकाल तेरह लाख तेतीस हजार तीनसौ तेतीस वर्षप्रमाण कहा गया है ॥ १४६१ ॥ १३३३३३३ । १३३३३३३ ।

तेरह लाख तेतीस हजार तीनसौ चौंतीस वर्ष, यह अजितंधर रुद्रका जिनेन्द्रदीक्षा-ग्रहणकाल है ॥ १४६२ ॥ १३३३३३४ ।

अजितनाभिके कुमार और भंगसंयमकाल प्रत्येक छह लाख छ्यासठ हजार छहसौ छ्यासठ वर्षप्रमाण हैं ॥ १४६३ ॥ ६६६६६६ । ६६६६६६ ।

अजितनाभिका जिनरूपधारणकाल छह लाख छ्यासठ हजार छहसौ अड़सठ वर्षप्रमाण है ॥ १४६४ ॥ ६६६६६८ ।

पीठाल (पीठ) रुद्रका कुमार और भ्रष्टतपकाल क्रमसे तीन लाख तेतीस हजार तीनसौ तेतीस वर्षप्रमाण है ॥ १४६५ ॥ ३३३३३३ । ३३३३३३ ।

दशवें रुद्रके संयमकालका प्रमाण तीन लाख तेतीस हजार तीनसौ चौंतीस वर्ष निर्दिष्ट किया गया है ॥ १४६६ ॥ ३३३३३४ ।

....

१ द छावट्ठि, ब बासट्ठि. २ ब छावट्ठि.

सगवासं कोमारो संजमकालो हवेदि चोत्तीसं । अडवीस भंगकालो एयारसमस्स रुद्दस्स ॥ १४६७

। ७ । ३४ । २८ ।

दो रुद्दा सत्तमए पंच च्छट्ठम्मि पंचमे एक्को । दोण्णि चउत्थे पडिदा एक्करसो तदियणिरयम्मि ॥ १४६८

भीममहभीमरुद्दा महरुद्दो[1] दोण्णि कालमहकाला । दुम्मुहणिरयमुहाधोमुहणामा णव य णारद्दा ॥ १४६९

रुद्दावइ अइरुद्दा पावणिहाणा हवंति सव्वे दे । कलहमहाजुज्झपिया अधोगया वासुदेव[2] व्व ॥ १४७०

उस्सेहआउतित्थयरदेवपच्चक्खभावपहुदीसुं । एदाण णारदाणं उवएसो अम्ह उच्छिण्णो[3] ॥ १४७१

। णारदा गया ।

कालेसु जिणवराणं चउवीसाणं हवंति चउवीसा । ते बाहुबलिप्पमुहा कंदप्पा णिरुवमायारा ॥ १४७२

तित्थयरा तग्गुरओ चक्कीबलकेसिरुद्दणारद्दा । अंगजकुलयरपुरिसा भविया सिज्झंति णियमेणं ॥ १४७३

णिव्वाणे वीरजिणे वासतये अट्ठमासपक्खेसुं । गलिदेसुं पंचमओ दुस्समकालो समल्लियदि ॥ १४७४[4]

ग्यारहवें रुद्रका कुमारकाल सात वर्ष, संयमकाल चौंतीस वर्ष और भंगसंयमकाल अट्ठाईस वर्षप्रमाण है ॥ १४६७ ॥ ७ । ३४ । २८ ।

इन ग्यारह रुद्रोंमेंसे दो रुद्र सातवें नरकमें, पांच छठेमें, एक पांचवेंमें, दो चौथेमें, और ग्यारहवां तृतीय नरकमें गया ॥ १४६८ ॥

भीम, महाभीम, रुद्र, महारुद्र, काल, महाकाल, दुर्मुख, नरकमुख और अधोमुख, ये नौ नारद हुए ॥ १४६९ ॥

ये सब नारद अनिरुद्र होते हुए दूसरोंको रुलाया करते हैं और पापके निधान होते हैं। सब ही नारद कलह एवं महायुद्धप्रिय होनेसे वासुदेवोंके समान अधोगत अर्थात् नरकको प्राप्त हुए ॥ १४७० ॥

इन नारदोंकी उंचाई, आयु और तीर्थंकरदेवोंके प्रत्यक्षभावादिकके विषयमें हमारे लिये उपदेश नष्ट हो चुका है ॥ १४७१ ॥

नारदोंका कथन समाप्त हुआ।

चौबीस तीर्थंकरोंके समयोंमें अनुपम आकृतिके धारक वे बाहुबलिप्रमुख चौबीस कामदेव होते हैं ॥ १४७२ ॥

तीर्थंकर, उनके गुरुजन (माता-पिता), चक्रवर्ती, बलदेव, नारायण, रुद्र, नारद, कामदेव और कुलकर पुरुष, ये सब भव्य होते हुए नियमसे सिद्ध होते हैं ॥ १४७३ ॥

वीर भगवान्का निर्वाण होनेके पश्चात् तीन वर्ष, आठ मास और एक पक्षके व्यतीत हो जानेपर दुषमाकाल प्रवेश करता है ॥ १४७४ ॥

---

१ द ब महरुद्दा. २ ब वासुदेवो. ३ द ब उच्छिण्णं. ४ द ब °बलि.

तप्पढमपवेसम्मिं य वीसाधियइगिसयं पि परमाऊ । सगहत्थो उस्सेहो णराण चउवीस पुट्ठट्ठी ॥ १४७५

जादो सिद्धो वीरो तद्दिवसे गोदमो परमणाणी । जादो तस्सिं सिद्धे सुधम्मसामी तदो जादो ॥ १४७६

तम्मि कदकम्मणासे जंबूसामि त्ति केवली जादो । तत्थ वि सिद्धिपवण्णे केवलिणो णत्थि अणुबद्धा ॥ १४७७

बासट्ठी वासाणिं गोदमपहुदीण णाणवंताणं । धम्मपयट्टणकाले परिमाणं पिंडरूवेणं ॥ १४७८

कुंडलगिरिम्मि चरिमो केवलणाणीसु सिरिधरो सिद्धो । चारणरिसीसु चरिमो सुपासचंदाभिधाणो य ॥ १४७९

पण्णसमणेसु चरिमो वइरजसो णाम ओहिणाणीसुं[2] । चरिमो सिरिणामो सुदविणयसुसीलादिसंपण्णो ॥ १४८०

मउडधरेसुं चरिमो जिणदिक्खं धरदि[3] चंदगुत्तो य । तत्तो मउडधरा दुं प्पव्वज्जं णेव गेण्हंति ॥ १४८१

णंदी य णंदिमित्तो बिदिओ अवराजिदो तइज्जो यं । गोवद्धणो चउत्थो पंचमओ भद्दबाहु त्ति ॥ १४८२

पंच इमे पुरिसवरा चउदसपुव्वी जगम्मि विक्खादा । ते बारसअंगधरा तित्थे सिरिवड्ढमाणस्स ॥ १४८३

पंचाण मेलिदाणं कालपमाणं हवेदि वाससदं । वीदम्मि[6] य पंचमए भरहे सुदकेवली णत्थि ॥ १४८४

। चोद्दसपुव्वी ।

इस दुषमाकालके प्रथम प्रवेशमें मनुष्योंकी उत्कृष्ट आयु एकसौ बीस वर्ष, उंचाई सात हाथ और पृष्ठभागकी हड्डियां चौबीस होती हैं ॥ १४७५ ॥

जिस दिन भगवान् महावीर सिद्ध हुए उसी दिन गौतम गणधर केवलज्ञानको प्राप्त हुए। पुनः गौतमके सिद्ध होनेपर उनके पश्चात् सुधर्मस्वामी केवली हुए ॥ १४७६ ॥

सुधर्मस्वामीके कर्मनाश करने अर्थात् मुक्त होनेपर जम्बूस्वामी केवली हुए। पश्चात् जम्बूस्वामीके भी सिद्धिको प्राप्त होनेपर फिर कोई अनुबद्ध केवली नहीं रहे ॥ १४७७ ॥

गौतमादिक केवलियोंके धर्मप्रवर्तनकालका प्रमाण पिण्डरूपसे बासठ वर्ष है ॥ १४७८ ॥

केवलज्ञानियोंमें अन्तिम श्रीधर कुण्डलगिरिसे सिद्ध हुए, और चारणऋषियोंमें अन्तिम सुपार्श्वचन्द्र नामक ऋषि हुए ॥ १४७९ ॥

प्रज्ञाश्रमणोंमें अन्तिम वज्रयश और अवधिज्ञानियोंमें अन्तिम श्रुत, विनय एवं सुशीलादिसे सम्पन्न श्री नामक ऋषि हुए ॥ १४८० ॥

मुकुटधरोंमें अन्तिम चन्द्रगुप्तने जिनदीक्षा धारण की। इसके पश्चात् मुकुटधारी प्रव्रज्याको ग्रहण नहीं करते ॥ १४८१ ॥

नन्दी, द्वितीय नन्दिमित्र, तृतीय अपराजित, चतुर्थ गोवर्द्धन और पंचम भद्रबाहु, इसप्रकार ये पांच पुरुषोत्तम जगमें 'चौदहपूर्वी' इस नामसे विख्यात हुए। वे बारह अंगोंके धारक पांचों श्रुतकेवली श्रीवर्धमान स्वामीके तीर्थमें हुए ॥ १४८२–१४८३ ॥

इन पांचों श्रुतकेवलियोंका काल मिलाकर सौ वर्ष होता है। पांचवें श्रुतकेवलीके पश्चात् फिर भरतक्षेत्रमें कोई श्रुतकेवली नहीं हुआ ॥ १४८४ ॥

चौदह पूर्वधारियोंका कथन समाप्त हुआ।

---

१ द ब 'पवेसि सव्विय. २ द ब 'णाणिस्स. ३ द धरिदि. ४ द ब दो. ५ द ब अवराजिदं तइं जाइं. ६ द ब वीरम्मि.

पढमो विसाहणामो पुट्ठिल्लो खत्तिओ जओ णागो । सिद्धत्थो धिदिसेणो विजओ बुद्धिल्लगंगदेवा य ॥ १४८५
एक्करसो य सुधम्मो दसपुव्वधरा इमे सुविक्खादा । पारंपरिओवगदो[1] तेसीदि सदं च ताण वासाणिं ॥ १४८६
१८३ ।
सव्वेसु वि कालवसा तेसु अदीदेसु भरहखेत्तम्मि । वियसंतभव्वकमला ण संति[2] दसपुव्विदिवसयरा ॥ १४८७
। दसपुव्वी ।
णक्खत्तो जयपालो पंडुयधुवसेणकंसआइरिया[3] । एक्कारसंगधारी पंच इमे वीरतित्थम्मि ॥ १४८८
दोण्णि सया वीसजुदा वासाणं ताण पिंडपरिमाणं । तेसु अतीदे णत्थि हु भरहे एक्कारसंगधरा ॥ १४८९
२२० ।
। एक्कारसंगधरा ।
पढमो सुभद्दणामो जसभद्दो तह य होदि जसबाहू । तुरिमो य लोहणामो[4] एदे आयारअंगधरा ॥ १४९०
सेसेक्करसंगाणं[5] चोद्दसपुव्वाणमेक्कदेसधरा । एक्कसयं अट्ठारसवासजुदं ताण परिमाणं ॥ १४९१
११८ ।
। आचारंगधरा ।

प्रथम विशाख, प्रोष्ठिल, क्षत्रिय, जय, नाग, सिद्धार्थ, धृतिषेण, विजय, बुद्धिल, गंगदेव और सुधर्म, ये ग्यारह आचार्य दश पूर्वके धारी विख्यात हुए है। परंपरासे प्राप्त इन सबका काल एकसौ तेरासी वर्ष है ॥ १४८५-१४८६ ॥ १८३ ।

कालके वश उन सब श्रुतकेवलियोंके अतीत होनेपर भरतक्षेत्रमें भव्यरूपी कमलोंको विकसित करनेवाले दशपूर्वधररूप सूर्य फिर नहीं होते है ॥ १४८७ ॥

दशपूर्वियोंका कथन समाप्त हुआ।

नक्षत्र, जयपाल, पाण्डु, ध्रुवसेन और कंस, ये पांच आचार्य वीर भगवान्‌के तीर्थमें ग्यारह अंगके धारी हुए ॥ १४८८ ॥

इनके कालका प्रमाण पिण्डरूपसे दोसौ बीस वर्ष है। इनके स्वर्गस्थ होनेपर फिर भरतक्षेत्रमे कोई ग्यारह अंगोके धारक नहीं रहे ॥ १४८९ ॥ २२० ।

ग्यारह अंगोंके धारकोंका कथन समाप्त हुआ।

प्रथम सुभद्र, तथा फिर यशोभद्र, यशोबाहु और चतुर्थ लोहार्य, ये चार आचार्य आचारांगके धारक हुए ॥ १४९० ॥

उक्त चारों आचार्य आचारांगके सिवाय शेष ग्यारह अंग और चौदह पूर्वोके एक देशके धारक थे। इनके कालका प्रमाण एकसौ अठारह वर्ष है ॥ १४९१ ॥ ११८ ।

आचारांगधारियोंका वर्णन समाप्त हुआ।

१ ब पारपरिओवगमदो. २ ब °कमलाणि संति. ३ द पंडूमधुसेण, ब पंडुसधुसेण. ४ द ब लोयणामो. ५ द ब °संगाणिं.

तेसु अदीदेसु तदा आचारधरा ण होंति भरहम्मि । गोदममुणिपहुदीणं वासाणं छस्सदाणि तेसीदी ॥ १४९२
६८३ ।

वीससहस्सं तिसदा सत्तारस वच्छराणि सुदतित्थं । धम्मपयट्टणहेदू वोच्छिस्सदि कालदोसेणं ॥ १४९३
२०३१७ ।

तेत्तियमेत्ते काले जम्मिस्सदि चाउरण्णसंघाओ । अविणी[1] दुम्मेधो[2] वि य असूयको तह य पाएणं ॥ १४९४
सत्तभयअडमदेहिं संजुत्तो[3] सल्लगारववरेहिं[4] । कलहपिओ रागिट्टो[5] कूरो कोहालुओ[6] लोओ[7] ॥ १४९५
। सुदितित्थकहणं सम्मत्तं ।

वीरजिणे[8] सिद्धिगदे चउसदइगिसट्ठिवासपरिमाणे[9] । कालम्मि अदिक्कंते[10] उप्पण्णो एत्थ सकराओ ॥ १४९६
४६१ ।

अहवा वीरे सिद्धे सहस्सणवकम्मि सगसयब्भहिए । पणसीदिम्मि यतीदे पणमासे सकणिओ जादो[11] ॥ १४९७
९७८५ मास ५ । पाठान्तरम् ।

चोद्दससहस्ससगसयतेणउदीवासकालविच्छेदे । वीरेसरसिद्धीदो[12] उप्पण्णो सगणिओ अहवा ॥ १४९८
१४७९३ । पाठान्तरम् ।

इनके स्वर्गस्थ होनेपर भरतक्षेत्रमें फिर कोई आचारांगके धारक नहीं होते । गौतममुनि-प्रभृतिके कालका प्रमाण छहसौ तेरासी वर्ष होता है ॥ १४९२ ॥

६२ + १०० + १८३ + २२० + ११८ = ६८३ ।

जो श्रुततीर्थ धर्मप्रवर्तनका कारण है, वह बीस हजार तीनसौ सत्तरह वर्षोंमें कालदोषसे व्युच्छेदको प्राप्त हो जायगा ॥ १४९३ ॥ २०३१७ ।

इतनेमात्र समयमें चातुर्वर्ण्य संघ जन्म लेता रहेगा । किन्तु लोक प्रायः अविनीत, दुर्बुद्धि, असूयक, सात भय व आठ मदोंसे संयुक्त, शल्य एवं गारवोंसे सहित, कलहप्रिय, रागिष्ठ, क्रूर एवं क्रोधी होगा ॥ १४९४-१४९५ ॥

श्रुतितीर्थका कथन समाप्त हुआ ।

वीर जिनेन्द्रके मुक्तिप्राप्त होनेके पश्चात् चारसौ इकसठ वर्षप्रमाण कालके व्यतीत होनेपर यहां शक राजा उत्पन्न हुआ ॥ १४९६ ॥

अथवा, वीर भगवान्के सिद्ध होनेके पश्चात् नौ हजार सातसौ पचासी वर्ष और पांच मासोंके बीत जानेपर शक नृप उत्पन्न हुआ ॥ १४९७ ॥ पाठान्तर ।
वर्ष ९७८५ मास ५ ।

अथवा, वीर भगवान्की मुक्तिके पश्चात् चौदह हजार सातसौ तेरानबै वर्षोंके व्यतीत होनेपर शक नृप उत्पन्न हुआ ॥ १४९८ ॥ १४७९३ । पाठान्तर ।

---

१ द अवणी. २ द ब दुम्मेधा. ३ द ब संजुत्ता. ४ द °गारउवरे एहिं, ब °गारववेरे एहिं. ५ ब रागट्ठो. ६ द ब कोहादुओ. ७ द ब लोहो. ८ द ब वीरजिणं. ९ द ब °परिमाणो. १० द अदिकंतो. ११ द ब सकनिज जादा. १२ द वीरेसरस्स सिद्धीदो.

णिव्वाणे वीरजिणे छव्वाससदेसु पंचवरिसेसुं । पणमासेसु गदेसुं संजादो सगणिओ अहवा ॥ १४९९

६०५ मा ५ ।　　[पाठान्तरम् ।]

वीसुत्तरवाससदे विसवो वासाणि सोहिऊण तदो । इगिवीससहस्सेहिं भजिदे आऊण खयवड्ढी ॥ १५००

२१० ।[1]

सकणिववासजुदाणं चउसदइगिसट्ठिवीसपहुदीणं[2] । दसजुददोसयहरिदे लद्धं सोहेज्ज बिउणसट्ठी ॥ १५०१

तस्सिं जं[3] अवसेसं तस्सेय पवट्टमाणजेट्ठाऊ । रायंतरेसुं[4] एसा जुत्ती सव्वेसु पत्तेक्कं ॥ १५०२

णिव्वाणगदे वीरे चउसदइगिसट्ठिवासविच्छेदे । जादो य सगणरिंदो रज्जं वंसस्स[5] दुसयबादाला[6] ॥ १५०३

४६१ । २४२ ।

दोण्णि सदा पणवण्णा गुत्ताणं[7] चउमुहस्स बादालं । वस्सं होदि सहस्सं केई एवं परूवंति ॥ १५०४

२५५ । ४२ ।　　[पाठान्तरम् ।]

अथवा, वीर भगवान्‌के निर्वाणके पश्चात् छहसौ पांच वर्ष और पांच महिनोंके चले जानेपर शक नृप उत्पन्न हुआ ॥ १४९९ ॥ वर्ष ६०५ मास ५ ।

एकसौ बीस वर्षोंमेंसे बीस वर्षोंको घटाकर जो शेष रहे, उसमें इक्कीस हजारका भाग देनेपर आयुके क्षय-वृद्धिका प्रमाण आता है ॥ १५०० ॥ १२० − २० ÷ २१००० = $\frac{१}{२१०}$ ।

शक नृपके वर्षोंसे युक्त चारसौ इकसठ वर्षप्रभृतिको दोसौ दशसे भाजित करनेपर जो लब्ध आवे उसे दुगुणे साठ अर्थात् एकसौ बीसमेंसे कम करनेपर जो अवशिष्ट रहे उतना उसके समयमें प्रवर्तमान उत्कृष्ट आयुका प्रमाण था। यह युक्ति सब अन्य राजाओंमेंसे प्रत्येकके समयमें भी जानना चाहिये ॥ १५०१–१५०२ ॥

उदाहरण— शक नृप वीरनिर्वाणके पश्चात् ४६१ वर्षमें उत्पन्न हुआ। शकोंका राज्य-काल २४२ वर्ष है।

(१) १२० − { (४६१ + २४२) ÷ २१० } = ११६$\frac{१३७}{२१०}$ वर्ष शकराज्यके अन्तमें उत्कृष्ट आयुका प्रमाण ।

(२) १२० − { (९७८५$\frac{५}{१२}$ + २४२) ÷ २१० } = ७२$\frac{६३१}{२५२०}$ वर्ष ।

(३) १२० − { (१४७९३ + २४२) ÷ २१० } = ४८$\frac{१७}{४२}$ वर्ष ।

(४) १२० − { (६०५$\frac{५}{१२}$ + २४२) ÷ २१० } = ११५$\frac{२४३१}{२५२०}$ वर्ष ।

वीर भगवान्‌के निर्वाणके पश्चात् चारसौ इकसठ वर्षोंके बीतनेपर शक नरेन्द्र उत्पन्न हुआ। इस वंशके राज्यकालका प्रमाण दोसौ व्यालीस वर्ष है ॥ १५०३ ॥ ४६१ । २४२ ।

गुप्तोंके राज्यकालका प्रमाण दोसौ पचवन वर्ष और चतुर्मुखके राज्यकालका प्रमाण व्यालीस वर्ष है। इस सबको मिलानेपर एक हजार वर्ष होते हैं, ऐसा कितने ही आचार्य निरूपण करते हैं ॥ १५०४ ॥ २५५ । ४२ ।

४६१ + २४२ + २५५ + ४२ = १००० वर्ष ।

---

१ द २१०, ब २१०० ।. २ द ब °बीस. ३ द ब तिस्सजं. ४ द ब पारंतरेसु. ५ द ब वस्सस्स. ६ द दुयबादाला. ७ ब जुत्ताणं.

जक्काले[1] वीरजिणो णिस्सेयससंपयं समावण्णो । तक्काले अभिसित्तो पालयणामो अवंतिसुदो ॥ १५०५

पालकरज्जं सट्ठिं इगिसयपणवण्ण विजयवंसभवा । चालं मुरुदयवंसो[2] तीसं वस्सा सुपुस्समित्तम्मि ॥ १५०६

६० । १५५ । ४० । ३० ।

वसुमित्तअग्गिमित्ता सट्ठी गंधव्वया वि सयमेक्कं । णरवाहणा य चालं तत्तो भत्थट्टणा जादा ॥ १५०७

६० । १०० । ४० ।

भत्थट्टणाण कालो दोण्णि सयाइं हवंति बादाला । तत्तो गुत्ता ताणं रज्जे दोण्णि य सयाणि[3] इगितीसा ॥ १५०८

२४२ । २३१ ।

तत्तो कक्की जादो इंदसुदो तस्स चउमुहो णामो । सत्तरि वरिसा आऊ विगुणियइगिवीस रज्जंतो[4] ॥ १५०९

७० । ४२ ।

आचारंगधरादो पणहत्तरिजुत्तदुसयवासेसुं । वोलीणेसुं बद्धो पट्टो कक्किस्स णरवइणो ॥ १५१०

२७५ ।

अह साहियाण कक्की णियजोग्गे[5] जणपदे पयत्तेणं । सुक्कं जाचदि[6] लुद्धो पिंडग्गं[7] जाव ताव समणाओ ॥ १५११

जिस कालमें वीर भगवान्‌ने निश्रेयससंपदाको प्राप्त किया था, उसी समय पालक नामक अवन्तिसुतका राज्याभिषेक हुआ ॥ १५०५ ॥

साठ वर्ष पालकका, एकसौ पचवन वर्ष विजयवंशियोंका, चालीस वर्ष मुरुंडवंशियोंका, और तीस वर्ष पुष्यमित्रका राज्य रहा ॥ १५०६ ॥ ६० । १५५ । ४० । ३० ।

इसके पश्चात् साठ वर्ष वसुमित्र-अग्निमित्र, एकसौ वर्ष गन्धर्व, और नरवाहन चालीस वर्ष राज्य करते रहे । पश्चात् भृत्य-आंध्र (?) उत्पन्न हुए ॥ १५०७ ॥

६० । १०० । ४० ।

इन भृत्य-आन्ध्रोंका काल दोसौ व्यालीस वर्ष है । इसके पश्चात् फिर गुप्तवंशी हुए, जिनके राज्यकालका प्रमाण दोसौ इकतीस वर्ष रहा है ॥ १५०८ ॥ २४२ । २३१ ।

फिर इसके पश्चात् इन्द्रका सुत कल्की उत्पन्न हुआ । इसका नाम चतुर्मुख, आयु सत्तर वर्ष, और राज्यकाल दुगुणित इक्कीस अर्थात् व्यालीस वर्षप्रमाण रहा ॥ १५०९ ॥ ७० । ४२ ।

६० + १५५ + ४० + ३० + ६० + १०० + ४० + २४२ + २३१ + ४२ = १००० वर्ष ।

आचारांगधरोंके पश्चात् दोसौ पचत्तर वर्षोंके व्यतीत होनेपर कल्की नरपतिको पट्ट बांधा गया था ॥ १५१० ॥ २७५ । ६८३ + २७५ + ४२ = १००० वर्ष ।

तदनन्तर वह कल्की प्रयत्नपूर्वक अपने योग्य जनपदोंको सिद्ध करके लोभको प्राप्त होता हुआ मुनियोंके आहारमेंसे भी अग्रपिंडको शुल्क मांगने लगा ॥ १५११ ॥

---

१ द ब जं कारे. २ द मुरुदवंसा. ३ द ब सयामि. ४ द ब रज्जत्तो. ५ ब णियजोग्गो. ६ द ब जातदि. ७ द ब पिक्कं.

दादूणं पिंडग्गं समणा कालो य अंतराणं पि । गच्छंति ओहिणाणं उप्पज्जइ तेसु एक्कम्मि[1] ॥ १५१२

अह को वि असुरदेवो[2] ओहीदो मुणिगणाण उवसग्गं । णादूणं तं कक्किं मारेदि हु धम्मदोहि त्ति ॥ १५१३

कक्किसुदो अजिदंजयणामो[3] रक्ख त्ति णमदि तच्चरणे । तं रक्खदि असुरदेओ धम्मे रज्जं करेज्ज त्ति ॥ १५१४

तत्तो दोवे वासो[4] सम्मद्धम्मो पयट्टदि जणाणं । कमसो दिवसे दिवसे कालमहप्पेण हाएदे ॥ १५१५

एवं वस्ससहस्से पुह पुह कक्की हवेइ एक्केक्को[5] । पंचसयवच्छरेसुं एक्केक्को तह य उवकक्की ॥ १५१६

कक्की पडि एक्केक्कं दुस्समसाहुस्स ओहिणाणं पि । संघा य चादुवण्णा थोवा जायंति तक्काले ॥ १५१७

चंडालसबरपाणा पुलिंदणाहलचिलाय[6]पहुदीओ । दीसंति णरा बहवो पुव्वणिबद्धेहिं पावेहिं ॥ १५१८

दीणाणाहा कूरा णाणाविहवाहिवेयणाजुत्ता । खप्परकरंकहत्था देसंतरगमेण संतत्ता ॥ १५१९

एवं दुस्समकाले हीयंते धम्मआउउदयादी । अंते विसमसहाओ उप्पज्जदि एक्कवीसमो कक्की ॥ १५२०

तब श्रमण (मुनि) अग्रपिण्डको देकर और 'यह अन्तरायोंका काल है' ऐसा समझकर [निराहार] चले जाते हैं। उस समय उनमेंसे किसी एकको अवधिज्ञान उत्पन्न हो जाता है ॥ १५१२ ॥

इसके पश्चात् कोई असुरदेव अवधिज्ञानसे मुनिगणोंके उपसर्गको जानकर और धर्मका द्रोही मानकर उस कल्कीको मार डालता है ॥ १५१३ ॥

तब अजितंजय नामक उस कल्कीका पुत्र 'रक्षा करो' इसप्रकार कहकर उस देवके चरणोंमें नमस्कार करता है। तब वह देव 'धर्मपूर्वक राज्य करो' इसप्रकार कहकर उसकी रक्षा करता है ॥ १५१४ ॥

इसके पश्चात् दो वर्ष तक लोगोंमें समीचीन धर्मकी प्रवृत्ति रहती है। फिर क्रमशः कालके माहात्म्यसे वह प्रतिदिन हीन होती जाती है ॥ १५१५ ॥

इसप्रकार एक हजार वर्षोंके पश्चात् पृथक् पृथक् एक एक कल्की, तथा पांचसौ वर्षोंके पश्चात् एक एक उपकल्की होता है ॥ १५१६ ॥

प्रत्येक कल्कीके प्रति एक एक दुष्षमाकालवर्ती साधुको अवधिज्ञान प्राप्त होता है और उसके समयमें चातुर्वर्ण्य संघ भी अल्प होजाते हैं ॥ १५१७ ॥

उस समय पूर्वमें बांधे हुए पापोंके उदयसे चण्डाल, शबर, श्वपच, पुलिन्द, लाहल (म्लेच्छविशेष) और किरातप्रभृति, तथा दीन, अनाथ, क्रूर, और जो नाना प्रकारकी व्याधि एवं वेदनासे युक्त हैं, हाथोंमें खप्पर तथा भिक्षापात्रको लिये हुए हैं, और देशान्तरगमनसे संतप्त हैं, ऐसे बहुतसे मनुष्य दिखते हैं ॥ १५१८-१५१९ ॥

इसप्रकारसे दुषमाकालमें धर्म, आयु और उंचाई आदि कम होती जाती है। फिर अन्तमें विषम स्वभाववाला इक्कीसवां कल्की उत्पन्न होता है ॥ १५२० ॥

---

१ द ब एक्कंपि. २ द ब असुरदेवा. ३ द ब अदिदंजयणामो. ४ द ब वासो. ५ ब हवे इक्केक्को. ६ द घिलाण, ब चिलाण.

वीरंगजाभिधाणो[1] तक्काले मुणिवरो भवे एक्को। सव्वसिरी तह विरदी सावयजुगमग्गिदत्त[2]पंगुसिरी ॥ १५२१

आणाए कक्किणिओ णियजोग्गे साहिदूण जणपदए ।
सो कोइ णत्थि मणुओ जो मम ण वस त्ति भणदि मंतिवरे[3] ॥ १५२२

अह विण्णविंति मंती सामिय[4] एक्को मुणी वसो णत्थि। तत्तो भणेदि कक्की कहह रिसी कोविणीओ सो[5] ॥ १५२३

सचिवा[6] चवंति सामिय सयलअहिंसावदाण आधारो । संतो विमोक्कसंगो तणुट्ठाण[7]कारणेण मुणी ॥ १५२४

परघर[8]दुवारएसुं मज्झण्हे कायदरिसणं किच्चा । पासुयमसणं[9] भुंजदि पाणिपुडे विग्घपरिहीणं[10] ॥ १५२५

सोदूण मंतिवयणं भणेदि कक्की अहिंसवदधारी । [11]कहिं सो वच्चदि पावो अप्पा [12]जाणाहि य सव्वभंगीहिं ॥ १५२६

तं तस्स अग्गपिंडं सुक्कं गेण्हेह[13] अप्पघादिस्स । अथ जाचिदम्हि पिंडे दादूणं मुणिवरो तुरिदं ॥ १५२७

कादूणमंतरायं गच्छदि पावेदि ओहिणाणं पि । अक्कारिय अग्गिलयं पंगुसिरीविरदिसव्वसिरी[14] ॥ १५२८

भासइ पसण्णहिदओ दुस्समकालस्स जादमवसाणं । तुम्हम्हं[15] तिदिणमाऊ एसो अवसाणकक्की हु ॥ १५२९

ताहे चत्तारि जणा चउविहआहारसंगपहुदीणं । जावज्जीवं छंडिय सण्णासं ते करंती य[16] ॥ १५३०

उसके समयमें वीरांगज नामक एक मुनि, सर्वश्री नामक आर्यिका तथा अग्निदत्त (अग्निल) और पंगुश्री नामक श्रावकयुगल (श्रावक-श्राविका) होते हैं ॥ १५२१ ॥

वह कल्की आज्ञासे अपने योग्य जनपदोंको सिद्ध करके मंत्रिवरोंसे कहता है कि ऐसा कोई पुरुष तो नहीं है जो मेरे वशमें न हो ? ॥ १५२२ ॥

तब मंत्री निवेदन करते हैं कि हे स्वामिन् ! एक मुनि आपके वशमें नहीं है। तब कल्की कहता है कि कहो वह अविनीत मुनि कौन है ? इसके उत्तरमें सचिव अर्थात् मंत्री कहते हैं कि हे स्वामिन् ! सकल अहिंसाव्रतोंका आधारभूत वह मुनि विमुक्तसंग अर्थात् परिग्रहसे रहित होता हुआ शरीरकी स्थितिके निमित्त दूसरोंके घरद्वारोंपर कायको दिखलाकर मध्याह्नकालमें अपने हस्तपुटमें विघ्नरहित प्राशुक अशनको ग्रहण करता है ॥ १५२३–१५२५ ॥

इसप्रकार मंत्रिवचनको सुनकर वह कल्की कहता है कि वह अहिंसाव्रतका धारी पापी कहां जाता है, यह तुम स्वयं सर्व प्रकारसे पता लगाओ। उस आत्मघाती मुनिके प्रथम पिण्डको शुल्कके रूपमें ग्रहण करो। तत्पश्चात् [कल्कीकी आज्ञानुसार] प्रथम पिंडके मांगे जानेपर मुनीन्द्र तुरंत उसे देकर और अन्तराय करके वापिस चले जाते हैं तथा अवधिज्ञानको भी प्राप्त करते हैं। उस समय वे मुनीन्द्र अग्निल श्रावक, पंगुश्री श्राविका और सर्वश्री आर्यिकाको बुलाकर प्रसन्नचित्त होते हुए कहते हैं कि अब दुषमाकालका अन्त आचुका है, तुम्हारी और हमारी तीन दिनकी आयु शेष है, और यह अन्तिम कल्की है ॥ १५२६–१५२९ ॥

तब वे चारों जन चार प्रकारके आहार और परिग्रहादिकको जन्मपर्यन्त छोड़कर सन्यासको ग्रहण करते हैं ॥ १५३० ॥

१ द ब 'भिधाणा. २ द ब मग्गिदाति. ३ द मंतिपुरो, ब मंतिपुरे. ४ द ब सामय. ५ द ब केविणीआओ. ६ द ब सचिवी. ७ द ब तणुवाण. ८ द ब परपर°. ९ द पासुयमसणं हि, ब पासुयमसणहिं. १० द ब विप्पुपरिहीणं. ११ द ब कह. १२ द ब जायणदि सव्वभंगीहिं. १३ द ब गेण्हेव. १४ द ब 'सव्वसिद्धीहिं. १५ द तुम्हम्हि. १६ द ब करंतीए.

कत्तियबहुलस्संते सादीसुं दिणयरम्मि उग्गमिए । कियसण्णासो[1] सव्वे पावंति समाहिमरणं हि ॥ १५३१

उवहिउवमाउजुत्तो[2] सोधम्मे मुणिवरो[3] तदो जादो। तम्मि य ते तिण्णि जणा साधियपलिदोवमाउजुदा[4]॥ १५३२

तद्दिवसे मज्झण्हे कयकोहो को वि असुरवरदेओ । मारेदि कक्किरायं अग्गी णासेदि दिणयरत्थमणे ॥ १५३३

एवमिगिवीस कक्की उवकक्की तेत्तिया य घम्माए। जम्मंति धम्मदोहा जलणिहिउवमाणआउजुदा ॥ १५३४

वासतए अडमासे पक्खे गलिदम्मि पविसदे तत्तो । सो अदिदुस्समणामो छट्ठो कालो महाविसमो ॥ १५३५

वा ३, मा ८, दि १५ ।

तस्स पढमप्पएसे तिहत्थदेहो[5] अहुट्ठहत्थो य । तह बारह पुट्ठट्ठी परमाऊ वीस वासाणिं ॥ १५३६

३ । ७/२ । १२ । २० ।

मूलप्फलमच्छादी सव्वाणं माणुसाण आहारो । तांहे[6] वासा वच्छा गेहप्पहुदी णरा ण दीसंति ॥ १५३७

तत्तो णग्गा सव्वे भवणविहीणा वणेसु हिंडंता । सव्वंगधूमवण्णा[7] गोधम्मपरायणा कूरा ॥ १५३८

वे सब कार्तिक मासके कृष्णपक्षके अन्तमें अर्थात् अमावस्याके दिन सूर्यके स्वाति नक्षत्रके ऊपर उदित रहनेपर सन्यासको करके समाधिमरणको प्राप्त करते हैं ॥ १५३१ ॥

समाधिमरणके पश्चात् वीरांगद मुनि एक सागरोपम आयुसे युक्त होते हुए सौधर्म स्वर्गमें उत्पन्न हुए (होंगे) और वे तीनों जन भी एक पल्योपमसे कुछ अधिक आयुको लेकर वहांपर ही (सौधर्म स्वर्गमें) उत्पन्न होंगे ॥ १५३२ ॥

उसी दिन मध्याह्नकालमें क्रोधको प्राप्त हुआ कोई असुरकुमार जातिका उत्तम देव कल्की राजाको मारता है और सूर्यास्तसमयमें अग्नि नष्ट होती है ॥ १५३३ ॥

इसप्रकार इक्कीस कल्की और इतने ही उपकल्की धर्मके द्रोहसे एक सागरोपम आयुसे युक्त होकर घर्मा पृथिवीमें जन्म लेते हैं ॥ १५३४ ॥

इसके पश्चात् तीन वर्ष, आठ मास और एक पक्षके बीत जानेपर महा विषम वह अति-दुषमा नामक छठा काल प्रविष्ट होता है ॥ १५३५ ॥ वर्ष ३, मास ८, दिन १५ ।

उसके प्रथम प्रवेशमें शरीरकी उंचाई तीन अथवा साढ़े तीन हाथ, पृष्ठभागकी हड्डियां बारह और उत्कृष्ट आयु बीस वर्षप्रमाण होती है ॥ १५३६ ॥ ३ । ७/२ । १२ । २० ।

उस कालमें सब मनुष्योंका आहार मूल, फल और मत्स्यादिक होते हैं । उस समय वस्त्र, वृक्ष और मकानादिक मनुष्योंको दिखाई नहीं देते ॥ १५३७ ॥

इसीलिये सब मनुष्य नंगे और भवनोंसे रहित होकर वनोंमें घूमते हैं । उस समयके लोग सर्वांग धूम्रवर्ण, गोधर्मपरायण अर्थात् पशुओं जैसा आचरण करनेवाले, क्रूर, बहिरे, अन्धे,

१ द ब कियसण्णासो. २ द ब °जुत्ता. ३ द ब मुणिवरे. ४ द ब जुदो. ५ द दुहत्थवेदओ, ब तिहत्थदेहओ. ६ द थावे, ब थादे. ७ द ब °धूमवण्णो.

बहिरा अंधा काणा मूका दारिद्दकोधपरिपुण्णा । दीणा वाणररूवा अइमेच्छा[1] हुंडसंठाणा ॥ १५३९
कुज्जा वामणतणुआ[2] णाणाविहवाहिवेयणावियला[3] । बहुकोहलोहमोहा पउराहवा सहावपाविट्ठा ॥ १५४०
संबद्धसजणबंधवधणपुत्तकलत्तमित्तपरिहीणा । पुदिदंगपुदिदकेसा जूवालिक्खाहि संछण्णा ॥ १५४१
णारयतिरियगदीदो आगदजीवा हु एत्थ जम्मंति । मरिदूण य अइघोरे णिरए तिरियम्मि जायंते ॥ १५४२
उच्छेहआउविरिया दिवसे दिवसम्मि ताण हीयंते । दुक्खाण ताण कहिदुं को सक्कइ एक्कजीहाए ॥ १५४३
उणवण्णदिवसविरहिदइगिवीससहस्सवस्सविच्छेदे[4] । जंतुभयंकरकालो पलयो त्ति पयट्टदे घोरो[5] ॥ १५४४
ताहे गरुवगभीरो पसरदि पवणो रउद्दसंवट्टो[6] । तरुगिरिसिलपहुदीणं कुणेदि चुण्णाइं सत्तदिणे ॥ १५४५
तरुगिरिभंगेहिं णरा तिरिया य लहंति गुरुवदुक्खाइं । इच्छंति वसणठाणं[7] विलवंति बहुप्पयारेणं ॥ १५४६
गंगासिंधुणदीणं वेयड्ढवणंतरम्मि पविसंति । पुह पुह संखेज्जाइं बाहत्तरि सयलजुवलाइं ॥ १५४७
देवा विज्जाहरया कारुण्णपरा णराण तिरियाणं । संखेज्जजीवरासिं णिंति तेसुं पएसेसुं ॥ १५४८

... काने, गूंगे, दारिद्र्य एवं क्रोधसे परिपूर्ण, दीन, बन्दर जैसे रूपवाले, अतिम्लेच्छ, हुण्डकसंस्थानसे युक्त, कुबड़े, बौने शरीरवाले, नाना प्रकारकी व्याधि और वेदनासे विकल, बहुत क्रोध, लोभ एवं मोहसे संयुक्त, प्रचुर क्षोभसे युक्त, स्वभावसे ही पापिष्ठ; संबन्धी, स्वजन, बान्धव, धन, पुत्र, कलत्र और मित्रोंसे विहीन; पूतिक अर्थात् दुर्गन्धयुक्त शरीर एवं दूषित केशोंसे संयुक्त, तथा जूं और लीख आदिसे आच्छन्न होते हैं ॥ १५३८-१५४१ ॥

इस कालमें नरक और तिर्यंच गतिसे आये हुए जीव ही यहां जन्म लेते हैं तथा यहांसे मरकर वे अत्यन्त घोर नरक व तिर्यंच गतिमें उत्पन्न होते हैं ॥ १५४२ ॥

दिन-प्रतिदिन उन जीवोंकी उंचाई, आयु और वीर्य हीन होते जाते हैं। इनके दु:खोंको एक जिह्वासे कहनेके लिये भला कौन समर्थ हो सकता है? ॥ १५४३ ॥

उनंचास दिन कम इक्कीस हजार वर्षोंके बीतनेपर जन्तुओंको भयदायक घोर प्रलय-काल प्रवृत्त होता है ॥ १५४४ ॥

उस समय महा गम्भीर एवं भीषण संवर्तक वायु चलती है, जो सात दिन तक वृक्ष, पर्वत और शिलाप्रभृतिको चूर्ण करती है ॥ १५४५ ॥

वृक्ष और पर्वतोंके भंग होनेसे मनुष्य एवं तिर्यंच महा दुखको प्राप्त करते है तथा वस्त्र और स्थानकी अभिलाषा करते हुए बहुत प्रकारसे विलाप करते हैं ॥ १५४६ ॥

इस समय पृथक् पृथक् संख्यात व सम्पूर्ण बहत्तर युगल गंगा-सिन्धु नदियोंकी वेदी और विजयार्द्धवनके मध्यमें प्रवेश करते हैं ॥ १५४७ ॥

इसके अतिरिक्त देव और विद्याधर दयार्द्र होकर मनुष्य और तिर्यंचोंमेंसे संख्यात जीव-राशिको उन प्रदेशोंमें ले जाकर रखते हैं ॥ १५४८ ॥

१ द ब अइमेछा. २ द ब वामणतणुणा. ३ ब विउला. ४ द ब °विच्छेदो. ५ द ब घोरे. ६ द ब °संवट्टा. ७ द वासणट्ठाणं.

ताहे गर्भीरगज्जी मेघा[1] मुंचंति तुहिणखारजलं । विससलिलं पत्तेक्कं पत्तेक्कं सत्त दिवसाणिं ॥ १५४९
धूमो धूली वज्जं जलंतजाला य दुप्पेच्छा[2] । वरिसंति जलदणिवहा एक्केक्कं सत्त दिवसाणिं ॥ १५५०[3]
एवं कमेण भरहे अज्जाखंडम्मि जोयणं एक्कं । चित्ताए उवरि ठिदा दज्झइ वड्ढिगदा भूमी ॥ १५५१
वज्जमहग्गिबलेणं अज्जाखंडस्स वड्ढिया[4] भूमी । पुव्विल्लखंधरूवं मुत्तूणं जादि लोयंतं ॥ १५५२
ताहे[5] अज्जाखंडं दप्पणतलतुलिदकंतिसमवट्टं । गयधूलिपंककलुसं होइ समं सेसभूमीहिं ॥ १५५३
तत्थुवत्थिदणराणं हत्थं[6] उदओ य सोलसं वस्सा । अहवा पण्णरसाऊ विरियादी तदणुरूवा य ॥ १५५४
तत्तो पविसदि रम्मो कालो उस्सप्पिणि त्ति विक्खादो[7] । पढमो अइदुस्समओ दुइज्जओ दुस्समाणामा ॥ १५५५
दुस्समसुसमो तदिओ चउत्थओ सुसमदुस्समो णामा । पंचमओ तह सुसमो जणप्पिओ सुसमसुसमओ छट्ठो ॥ १५५६
एदाण कालमाणं अवसप्पिणिकालमाणसारिच्छं । उच्छेहआउपहुदी दिवसे दिवसम्मि वड्ढंते ॥ १५५७

उस समय गम्भीर गर्जनासे सहित मेघ तुहिन अर्थात् शीतल और क्षार जल तथा विषजलमेंसे प्रत्येकको सात सात दिन तक बरसाते हैं ॥ १५४९ ॥

इसके अतिरिक्त वे मेघोंके समूह धूम, धूलि, वज्र, एवं जलती हुई दुष्प्रेक्ष्य ज्वाला, इनमेंसे हर एकको सात दिन तक बरसाते हैं ॥ १५५० ॥

इस क्रमसे भरतक्षेत्रके भीतर आर्यखण्डमें चित्रा पृथिवीके ऊपर स्थित वृद्धिंगत एक योजनकी भूमि जलकर नष्ट हो जाती है ॥ १५५१ ॥

वज्र और महाअग्निके बलसे आर्यखण्डकी बढ़ी हुई भूमि अपने पूर्ववर्ती स्कन्ध स्वरूपको छोड़कर लोकान्त तक पहुंच जाती है ॥ १५५२ ॥

उस समय आर्यखण्ड शेष भूमियोंके समान दर्पणतलके सदृश कान्तिसे स्थित और धूलि एवं कीचड़की कलुषतासे रहित हो जाता है ॥ १५५३ ॥

वहांपर उपस्थित मनुष्योंकी उंचाई एक हाथ, आयु सोलह अथवा पन्द्रह वर्षप्रमाण और वीर्यादिक भी तदनुसार ही होते हैं ॥ १५५४ ॥

इसके पश्चात् उत्सर्पिणी इस नामसे विख्यात रमणीय काल प्रवेश करता है। इसके छह भेदोंमेंसे प्रथम अतिदुषमा, द्वितीय दुषमा, तृतीय दुषमसुषमा, चतुर्थ सुषमदुषमा, पांचवां सुषमा और छठा जनोंको प्रिय सुषमसुषमा है ॥ १५५५-१५५६ ॥

इनका कालप्रमाण अवसर्पिणीकालप्रमाणके सदृश होता है। इस उत्सर्पिणीकालमें उंचाई और आयु आदिक दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जाती हैं ॥ १५५७ ॥

---

१ द ब मेघो. २ द ब दुपेच्छे. ३ एषा गाथा ब-पुस्तके नास्ति. ४ द ब वड्ढिका. ५ द ब तहे. ६ ब हत्थुं. ७ द विक्खाओ.

अइदुस्समकाल २१००० । दु २१००० । दुसमसुसम सा १०००००००००००००० रिण वास ४२००० । सा २०००००००००००००० । सा ३०००००००००००००० । सु सा ४०००००००००००००० ।

पोक्खरमेघा सलिलं वरिसंति दिणाणि सत्त सुहजणणं । वज्जग्गिणिए दड्ढा भूमी सयला वि सीयला होदि ॥ १५५८

वरिसंति खीरमेघा खीरजलं तेत्तियाणि दिवसाणिं । खीरजलेहिं भरिदा सच्छाया होदि सा भूमी ॥ १५५९

तत्तो अमिदपयोदा अमिदं वरिसंति सत्त दिवसाणिं । अमिदेणं सित्ताए महिए जायंति वेल्लिगोम्मादी[1] ॥ १५६०

ताधे रसजलवाहा दिव्वरसं पवरिसंति सत्तदिणे । दिव्वरसेणाउण्णा रसवंता होंति ते सव्वे ॥ १५६१

विविहरसोसहिभरिदा भूमी सुस्सादपरिणदा होदि । तत्तो सीयलगंधं णादित्तो[2] णिस्सरंति णरतिरिया ॥ १५६२

फलमूलदलप्पहुदिं छुहिदो[3] खादंति मत्तपहुदीणं । णग्गा गोधम्मपरा णरतिरिया वणपएसेसुं ॥ १५६३

तक्कालपढमभाए आऊ पण्णरस सोलस समा वा । उच्छेहो इगिहत्थं वड्ढंते आउपहुदीणिं ॥ १५६४

अतिदुषमा २१००० वर्ष । दुषमा २१००० वर्ष । दुषमसुषमा सागर १००००००००००००० – वर्ष ४२००० । सु. दु. सा. २०००००००००००००० । सु. सा. ३०००००००००००००० । सु. सु. सा. ४०००००००००००००० ।

उत्सर्पिणीकालके प्रारम्भमें पुष्कर मेघ सात दिन तक सुखोत्पादक जलको बरसाते हैं, जिससे वज्राग्निसे जली हुई सम्पूर्ण पृथिवी शीतल हो जाती है ॥ १५५८ ॥

क्षीरमेघ उतने ही दिन तक क्षीरजलकी वर्षा करते हैं । इसप्रकार क्षीरजलसे भरी हुई वह पृथिवी उत्तम कान्तियुक्त हो जाती है ॥ १५५९ ॥

इसके पश्चात् सात दिन तक अमृतमेघ अमृतकी वर्षा करते हैं । इसप्रकार अमृतसे अभिषिक्त भूमिपर लता, गुल्म इत्यादि उगने लगते हैं ॥ १५६० ॥

उस समय रसमेघ सात दिन तक दिव्य रसकी वर्षा करते हैं । इस दिव्य रससे परिपूर्ण वे सब रसवाले हो जाते हैं ॥ १५६१ ॥

विविध रसपूर्ण औषधियोंसे भरी हुई भूमि सुस्वादपरिणत हो जाती है । पश्चात् शीतल-गंधको ग्रहणकर वे मनुष्य और तिर्यंच गुफाओंसे बाहर निकल आते हैं ॥ १५६२ ॥

उस समय मनुष्य और तिर्यंच नग्न रहकर गोधर्मपरायण अर्थात् पशुओं जैसा आचरण करते हुए क्षुधित होकर वनप्रदेशोंमें मत्त (धतूरा) आदि वृक्षोंके फल, मूल एवं पत्ते आदिको खाते हैं ॥ १५६३ ॥

उस कालके प्रथम भागमें आयु पन्द्रह अथवा सोलह वर्ष और उंचाई एक हाथप्रमाण होती है । इसके आगे वे आयु आदि बढ़ती ही जाती हैं ॥ १५६४ ॥

१ ब वलि°. २ द ब णादित्ते. ३ द ब छुदिदं.

आऊ तेजो बुद्धी बाहुबलं तह य देहउच्छेहो । खंतिधिदिप्पहुदीओ कालसहावेण वड्ढंति ॥ १५६५

एवं वोलीणेसुं इगिवीससहस्ससंखवासेसुं । पूरेदि भरहखेत्ते कालो अदिदुस्समो णाम ॥ १५६६

। अदिदुस्समं समत्तं ।

ताहे दुस्समकालो पविसदि तस्सिं च मणुवतिरियाणं । आहारो पुव्वं चिय[1] वीससहस्सावधिं जाव ॥ १५६७

२०००० ।

तस्स पढमप्पवेसे वीसं वासाणि होइ परमाऊ । उदओ य तिण्णि हत्था आउट्ठहत्था[2] चवंति परे ॥ १५६८

२० । ३ । ७ ।
२

वाससहस्से सेसे उप्पत्ती कुलकराण भरहम्मि । अथ चोद्दसाण ताणं कमेण णामाणि वोच्छामि ॥ १५६९

कणओ कणयप्पहकणयरायकणयद्धजा कणयपुंखो ।
णलिणो[3] णलिणप्पहणलिणरार्यणलिणद्धजा णलिणपुंखो ॥ १५७०

पउमपहपउमराजा पउमद्धयपउमपुंखणामा य । आदिमकुलकरउदओ चउ हत्था अंतिमस्स सत्तेव ॥ १५७१

सेसाणं उस्सेहे[5] संपदि अम्हाण णत्थि उवदेसो । कुलकरपहुदी णामा एदाणं होंति गुणणामा ॥ १५७२

४ । ७ ।

आयु, तेज, बुद्धि, बाहुबल, देहकी उंचाई, क्षमा तथा धृति (धैर्य) इत्यादि सब कालस्वभावसे उत्तरोत्तर बढ़ते जाते हैं ॥ १५६५ ॥

इसप्रकार इक्कीस हजार संख्याप्रमाण वर्षोंके बीत जानेपर भरतक्षेत्रमें अतिदुषमा नामक काल पूर्ण होता है ॥ १५६६ ॥

अतिदुषमा काल समाप्त हुआ ।

तब दुषमाकालका प्रवेश होता है । इस कालमें मनुष्य-तिर्यञ्चोंका आहार बीस हजार वर्ष तक पहिलेके ही समान रहता है ॥ १५६७ ॥ २०००० ।

इस कालके प्रथम प्रवेशमें उत्कृष्ट आयु बीस वर्ष और उंचाई तीन हाथप्रमाण होती है। दूसरे आचार्य उंचाई साढ़े तीन हाथप्रमाण कहते हैं ॥ १५६८ ॥ आयु २० । उत्सेध ३ । ७/२ ।

इस कालमें एक हजार वर्षोंके शेष रहनेपर भरतक्षेत्रमें चौदह कुलकरोंकी उत्पत्ति होने लगती है । अब क्रमसे उन कुलकरोंके नामोंको कहता हूं ॥ १५६९ ॥

कनक[1], कनकप्रभ[2], कनकराज[3], कनकध्वज[4], कनकपुंख[5] (कनकपुंगव), नलिन[6], नलिनप्रभ[7], नलिनराज[8], नलिनध्वज[9], नलिनपुंख[10] (नलिनपुंगव), पद्मप्रभ[11], पद्मराज[12], पद्मध्वज[13], और पद्मपुंख[14] (पद्मपुंगव), ये क्रमसे उन चौदह कुलकरोंके नाम हैं । इनमेंसे प्रथम कुलकरकी उंचाई चार हाथ और अन्तिम कुलकरकी उंचाई सात हाथ होती है ॥ १५७०-१५७१ ॥ ४ । ७ ।

शेष कुलकरोंकी उंचाईके विषयमें हमारे पास इस समय उपदेश नहीं है । इनके जो कुलकरप्रभृति नाम हैं, वे गुणनाम अर्थात् सार्थक हैं ॥ १५७२ ॥

---

१ द ब पुव्वचिय. २ द ब आउट्टहत्था. ३ द ब वोलीणो. ४ द ब णलिणप्पह णराय°. ५ द ब उस्सेहो.

ताधे बहुविहओसहिजुदाणं[1] पुंडरियपावको णत्थि । अह कुलकरा णराणं[2] उवदेसं देंति[3] विणयजुत्ताणं ॥ १५७३

मधिदूण कुणह अग्गिं पचेह अण्णाणि भुंजह जहिच्छं । करियं[4] विवाहं बंधवपहुदिद्दारेण सोक्खेणं ॥ १५७४

अइमेच्छा ते पुरिसा जे सिक्खावंति कुलयरा इत्थं । णवरि विवाहविहीओ वट्टंते पउमपुंखाओ ॥ १५७५

। दुस्समकालो सम्मत्तो[5] ।

तत्तो दुस्समसुसमो कालो पविसेदि तस्स पढमस्स । सगहत्था उस्सेहो वीसब्भहियं सयं आऊ ॥ १५७६

७ । १२० ।

पुट्ठट्ठी चउवीसं मणुवा तह पंचवण्णदेहजुदा । मज्जायविणयलज्जा संतुट्ठा[6] होदि संपण्णा ॥ १५७७

२४ ।

तक्काले तित्थयरा चउवीस हवंति ताण पढमजिणो[7] । अंतिल्लकुलकरसुदो विदेहवत्ती तदो होदि ॥ १५७८

महपउमो सुरदेओ सुपासणामो सयंपहो तह य । सव्वपहो देवसुदो कुलसुदउदका य पोट्ठिलओ ॥ १५७९

जयकित्ती मुणिसुव्वयअरयअपापा य णिक्कसायाओ । विउलो णिम्मलणामा अ चित्तगुत्तो समाहिगुत्तो य॥ १५८०

उणवीसमो सयंभू अणिअट्टी जयो[8] य विमलणामो य । तह देवपालणामा अणंतविरिओ अ होदि चउवीसा॥ १५८१

उस समय विविध प्रकारकी औषधियोंके होते हुए भी पुण्डरीक (श्रेष्ठ) अग्नि नहीं रहती । तब विनयसे युक्त उन मनुष्योंको कुलकर उपदेश देते हैं ॥ १५७३ ॥

मथ करके आगको उत्पन्न करो और अन्नको पकाओ । तथा विवाह करके बान्धवादिकके निमित्तसे इच्छानुसार सुखका उपभोग करो ॥ १५७४ ॥

जिनको कुलकर इसप्रकारकी शिक्षा देते हैं, वे पुरुष अत्यन्त म्लेच्छ होते हैं । विशेष यह है कि पद्मपुंख कुलकरके समयसे विवाहविधियां प्रचलित होजाती है ॥ १५७५ ॥

इसप्रकार दुषमाकालका वर्णन समाप्त हुआ ।

इसके पश्चात् दुषमसुषमा कालका प्रवेश होता है । इसके प्रारंभमें उंचाई सात हाथ और आयु एकसौ बीस वर्षप्रमाण होती है ॥ १५७६ ॥ उत्सेध ७ हाथ । आयु १२० वर्ष ।

इस समय पृष्ठभागकी हड्डियां चौबीस होती हैं। तथा मनुष्य पांच वर्णवाले शरीरसे युक्त, मर्यादा, विनय एवं लज्जासे सहित, सन्तुष्ट और सम्पन्न होते हैं ॥ १५७७ ॥ २४ ।

इस कालमें चौबीस तीर्थंकर होते हैं । उनमेंसे प्रथम तीर्थंकर अन्तिम कुलकरका पुत्र होता है । उस समयसे यहां विदेहक्षेत्र जैसी वृत्ति होने लगती है ॥ १५७८ ॥

महापद्म[1], सुरदेव[2], सुपार्श्व[3] नामक, स्वयंप्रभ[4], सर्वप्रभ[5] (सर्वात्मभूत), देवसुत[6], कुलसुत[7], उदर्क[8] (उदंक), प्रोष्ठिल[9], जयकीर्ति[10], मुनिसुव्रत[11], अर[12], अपाप[13], निष्कषाय[14], विपुल[15], निर्मल[16], चित्रगुप्त[17], समाधिगुप्त[18], उन्नीसवां स्वयंभू[19], अनिवृत्ति[20] (अनिवर्तक), जय[21], विमल[22] नामक, देवपाल[23] नामक और अनन्तवीर्य[24], ये चौबीस तीर्थंकर होते हैं ॥ १५७९–१५८१ ॥

---

१ द ब ओसहिजुदाय. २ द ब णठाणं. ३ द दिति. ४ द ब करण. ५ द ब काला सम्मत्ता. ६ द ब सन्तुच्छा. ७ द ब पढमजिणा. ८ द ब जया.

आदिमजिणउदयाऊ सगहत्था सोलसुत्तरं च सदं । चरिमस्स पुव्वकोडी आऊ पणसयधणूणि उस्सेहो ॥ १५८२

७ । ११६ । पु को १ । ५०० ।

उच्छेहाऊपहुदिसु सेसाणं णत्थि अम्ह उवएसो । एदे तित्थयरजिणा तदियभवे तिभुवणस्स खोभकरं ॥ १५८३

तित्थयरणामकम्मं बंधंते ताण ते इमे णामा । सेणिगसुपासणामा उदंकपोट्ठिलकदसूया ॥ १५८४

खत्तियसेपाविलसंखा य णंदसुणंदा ससंकसेवगया । पेमगतोरणरेवदकिण्हा सिरिभगलिविगलिणामा य ॥ १५८५

दीवायणमाणवका णारदणामा सुरूवदत्तो य । सच्चइपुत्तो चरिमो णरिंदवंसम्मि ते जादा ॥ १५८६

तित्थयराणं काले चक्कहरा होंति ताण णामाइं । भरहो अ दिग्घदंतो मुत्तरदंतो य गूढदंतो य ॥ १५८७

सिरिसेणो सिरिभूदी सिरिकंतो पउमणाममहपउमा । तह चित्तवाहणो विमलवाहणो रिट्ठसेणणामा य ॥ १५८८

चंदो य महाचंदो चंदधरो चंदसीहवरचंदो । हरिचंदो सिरिचंदो सुपुण्णचंदो सुचंदो य ॥ १५८९

पुव्वभवे अणिदाणा एदे जायंति पुण्णपाकेहिं । अणुजा कमसो णंदी तह णंदिमित्तसेणा य ॥ १५९०

तुरिमो य णंदिभूदी बलमहबलदिबला तिविट्ठो य । णवमो दुविट्ठणामो ताणं जायंति णव य पडिसत्तू ॥ १५९१

सिरिहरिणीलंकंठा यसकंठसुकंठसिखिकंठा । अस्सग्गीवहयग्गीवमउरगीवा य पडिसत्तू ॥ १५९२

इनमेंसे प्रथम तीर्थंकरकी उंचाई सात हाथ और आयु एकसौ सोलह वर्ष तथा अन्तिम तीर्थंकरकी आयु एक पूर्वकोटि और उंचाई पांचसौ धनुषप्रमाण होती है ॥ १५८२ ॥

प्रथम— उत्सेध ७ । आयु ११६ । द्वितीय—आयु पूर्वकोटि १ । उत्सेध ५०० ।

शेष तीर्थंकरोंकी उंचाई और आयु इत्यादिके विषयमें हमारे पास उपदेश नहीं है । ये तीर्थंकर जिन तृतीय भवमें तीनों लोकोंको क्षोभित करनेवाले तीर्थंकर नामकर्मको बांधते हैं । उनके उस समयके वे नाम ये हैं— श्रेणिक[1], सुपार्श्व[2] नामक, उदंक[3], प्रोष्ठिल[4], कृतसूर्य[5] (कटप्रू), क्षत्रिय[6], पाविल[7] (श्रेष्ठी), शंख[8], नन्द[9], सुनन्द[10], शशांक[11], सेवक[12], प्रेमक[13], अतोरण[14], रैवत[15], कृष्ण[16], सीरी[17] (बलराम), भगलि[18], विगलि[19], द्वीपायन, माणवक[21], नारद[22], सुरूपदत्त[23], और अन्तिम सत्यकिपुत्र[24] । ये सब राजवंशमें उत्पन्न हुए थे ॥ १५८३-८६ ॥

तीर्थंकरोंके समयमें जो चक्रवर्ती होते हैं, उनके ये नाम हैं—भरत[1], दीर्घदन्त[2], मुक्तदन्त[3], गूढदन्त[4], श्रीषेण[5], श्रीभूति[6], श्रीकान्त[7], पद्म नाभक[8], महापद्म[9], चित्रवाहन[10], विमलवाहन[11], और अरिष्टसेन[12] ॥ १५८७-१५८८ ॥

चन्द्र[1], महाचन्द्र[2], चन्द्रधर[3] (चक्रधर), वरचन्द्र[4], सिंहचन्द्र[5], हरिचन्द्र[6], श्रीचन्द्र[7], पूर्णचन्द्र[8] और सुचन्द्र[9] (शुभचन्द्र), ये पूर्वभवमें निदानको न करके पुण्यके उदयसे नौ बलदेव होते हैं । नन्दी[1], नन्दिमित्र[2], नन्दिषेण[3], चतुर्थ नन्दिभूति[4], बल[5], महाबल[6], अतिबल[7], त्रिपृष्ठ[8], और नववां द्विपृष्ठ[9], ये नौ नारायण क्रमसे उन उपर्युक्त बलदेवोंके अनुज होते हैं । इन नारायणोंके श्रीकंठ[1], हरिकंठ[2], नीलकंठ[3], अश्वकंठ[4], सुकंठ[5], शिखिकंठ[6], अश्वग्रीव[7], हयग्रीव[8] और मयूरग्रीव[9], ये क्रमसे नौ प्रतिशत्रु हुआ करते हैं ॥ १५८९-१५९२ ॥

---

१ ब उदंक°. २ द ब खंमिय°. ३ द ब प्रेमगरो णाम वदकिण्हा. ४ द ब चंदा. ५ द ब चंदसीहचंदो य. ६ द ब °दिबलो तिविच्छाह. ७ द ब °णीलंकंकंठायसकंठासुकंठ°. ८ द ब महुरग्गीवा.

एदे तेसट्ठिणरा सलागपुरिसा तइज्जकालम्मि । उप्पज्जंति हु कमसो एक्कोवहिओमकोडकोडीए ॥ १५९३
१०००००००००००००० ।
एक्को णवरि विसेसो बादालसहस्सवासपरिहीणो[1] । तच्चरिमम्मि णराणं आऊ इगिपुव्वकोडिपरिमाणं ॥ १५९४
पणवीसब्भहियाणि[2] पंच सयाणि धणूणि उच्छेहो । चउसट्ठी पुट्ठट्ठी णरणारी देवअच्छरसरिच्छा ॥ १५९५
। दुस्समसुसमो सम्मत्तो ।
तत्तो पविसदि तुरिमं णामेणं सुसमदुस्समो कालो । तप्पढमम्मि णराणं आऊ वासाण पुव्वकोडीओ ॥ १५९६
ताहे ताणं उदया पंचसयाणि धणूणि पत्तेक्कं । कमसो आऊउदया कालबलेणं पवड्ढंति[3] ॥ १५९७
ताहे एसा वसुहा वण्णिज्जइ अवरभोगभूमि त्ति । तच्चरिमम्मि णराणं एक्क पल्लं भवे आऊ ॥ १५९८
उदएण एक्ककोसं सव्वणरा ते पियंगुवण्णजुदा । तत्तो पविसदि कालो पंचमओ सुसमणामेणं ॥ १५९९
तस्स पढमप्पवेसे आउप्पहुदीणि होंति पुव्वं वं । कालसहावेण तहा वड्ढंते मणुवतिरियाणं ॥ १६००

ये तिरेसठ शलाकापुरुष एक कोडाकोडी सागरोपप्रमाण इस तृतीय कालमे क्रमसे उत्पन्न होते है ॥ १५९३ ॥ १०००००००००००००० ।

यहां विशेषता एक यह है कि यह काल एक कोड़ाकोडी सागरोपमोमेसे व्यालीस हजार वर्ष हीन होता है । इस कालके अन्तमे मनुष्योकी आयु एक पूर्वकोटिप्रमाण, उचाई पाचसौ पचीस धनुष और पृष्ठभागकी हड्डियां चौसठ होती है । इस समय नर-नारी देव एव अप्सराओके सदृश होते है ॥ १५९४–१५९५ ॥

दुषमसुषमाकालका वर्णन समाप्त हुआ ।

इसके पश्चात् सुषमदुषमा नामक चतुर्थ काल प्रविष्ट होता है । इसके प्रारम्भमे मनुष्योकी आयु एक पूर्वकोटि वर्षप्रमाण होती है ॥ १५९६ ॥

उस समय उन मनुष्योकी उंचाई पांचसौ धनुषप्रमाण होती है । पुनः क्रमसे उत्तरोत्तर आयु और उंचाई प्रत्येक कालके बलसे बढती ही जाती है ॥ १५९७ ॥

उस समय यह पृथिवी जघन्य भोगभूमि कही जाती है । इस कालके अन्तमे मनुष्योकी आयु एक पल्यप्रमाण होती है ॥ १५९८ ॥

उस समय वे सब मनुष्य एक कोस ऊंचे और प्रियंगु जैसे वर्णसे युक्त होते है । इसके पश्चात् पांचवां सुषमा नामक काल प्रविष्ट होता है ॥ १५९९ ॥

उस कालके प्रथम प्रवेशमे मनुष्य-तिर्यञ्चोकी आयुप्रभृति पूर्वके ही समान होती है, परन्तु कालस्वभावसे वे उत्तरोत्तर बढ़ती जाती है ॥ १६०० ॥

१ द ब परिहीणा. २ द ब °हियाण. ३ ब पवदते. ४ द ब तादे हेसा. ५ द ब पुव्वण्हं.

दो कोसा उच्छेहा णारिणरा पुण्णविंदुसरिसमुहा । बहुविणयसीलवंता विगुणियचउसट्ठिपुट्टट्ठी ॥ १६०१

। सुसमो समत्तो[1] ।

सुसमसुसमाभिधाणो ताहे पविसेदि छट्ठमो कालो । तस्स पढमे पएसे आऊपहुदीणि पुव्वं व ॥ १६०२

कालसहावबलेणं वड्ढंते ताइं मणुवतिरियाणं । ताधे एस धरित्ती उत्तमभोगावणि त्ति सुपसिद्धा ॥ १६०३

तच्चरिमम्मि णराणं आऊ पल्लत्तयप्पमाणं च । उदएण तिण्णि कोसा उदयदिणिंदुज्जलसरीरा ॥ १६०४

बेसदछप्पण्णाइं पुट्टट्ठी होंति ताण मणुवाणं । बहुपरिवारविकुव्वणसमत्थसत्तीहिं संजुत्ता ॥ १६०५

ताहे पविसदि णियमा कमेण अवसप्पिणि त्ति सो कालो । एवं अज्जाखंडे परियट्टंते दु-काल-चत्तारि ॥ १६०६

पणमेच्छखयरसेढिसु अवसप्पुस्सप्पिणीए तुरिमम्मि । तदियाए हाणिचयं कमसो पढमादु चरिमो त्ति ॥ १६०७

उस्सप्पिणीए अज्जाखंडे अदिदुस्समस्स पढमखणे । होंति हु णरतिरियाणं जीवा सव्वाणि थोवाणिं ॥ १६०८

उस समयके नर-नारी दो कोस ऊंचे, पूर्ण चन्द्रमाके सदृश मुखवाले, बहुत विनय एवं शीलसे सम्पन्न और दुगुणित चौंसठ अर्थात् एकसौ अट्ठाईस पृष्ठभागकी हड्डियोंसे सहित होते हैं ॥ १६०१ ॥

सुषमाकालका कथन समाप्त हुआ।

तदनन्तर सुषमसुषमा नामक छठा काल प्रविष्ट होता है। उसके प्रथम प्रवेशमें आयुप्रभृति पहिलेके समान ही होते हैं ॥ १६०२ ॥

कालस्वभावके बलसे मनुष्य और तिर्यंचोंकी वे आयु आदिक क्रमसे आगे आगे बढ़ती जाती हैं। उस समय यह पृथिवी उत्तम भोगभूमिके नामसे सुप्रसिद्ध हो जाती है ॥ १६०३ ॥

उस कालके अन्तमें मनुष्योंकी आयु तीन पल्यप्रमाण और उंचाई तीन कोस होती है। उस समयके मनुष्य उदय होते हुए सूर्यके समान उज्वल शरीरवाले होते हैं ॥ १६०४ ॥

उन मनुष्योंके पृष्ठभागकी हड्डियां दोसौ छप्पन होती हैं, तथा वे बहुत परिवारकी विक्रिया करनेमें समर्थ ऐसी शक्तियोंसे संयुक्त होते हैं ॥ १६०५ ॥

इसके पश्चात् फिर नियमसे वह अवसर्पिणीकाल प्रवेश करता है। इसप्रकार आर्यखण्डमें दो और चार अर्थात् छह काल प्रवर्तते रहते हैं ॥ १६०६ ॥

पांच म्लेच्छखण्ड और विद्याधरश्रेणियोंमें अवसर्पिणी एवं उत्सर्पिणीकालमें क्रमसे चतुर्थ और तृतीय कालके प्रारम्भसे अन्त तक हानि व वृद्धि होती रहती है। (अर्थात् इन स्थानोंमें अवसर्पिणीकालमें चतुर्थकालके प्रारम्भसे अन्त तक हानि और उत्सर्पिणी कालमें तृतीय कालके प्रारम्भसे अन्त तक वृद्धि होती रहती है। यहां अन्य कालोंकी प्रवृत्ति नहीं होती है) ॥ १६०७ ॥

उत्सर्पिणीकालके आर्यखण्डमें अतिदुषमाकालके प्रथम क्षणमें मनुष्य और तिर्यञ्चोंमेंसे सब जीव थोड़े होते हैं ॥ १६०८ ॥

१ द ब °सुसमदुस्सम समत्ता.

तत्तो कमसो बहवा मणुवा तेरिच्छसयलवियलक्खा। उप्पज्जंति हु जाव य दुस्समसुसमस्स चरिमो त्ति॥ १६०९
णासंति एक्कसमए वियलक्खायंगिणिवहकुलभेया[1] । तुरिमस्स पढमसमए कप्पतरूणं पि उप्पत्ती ॥ १६१०
पविसंति मणुवतिरिया जेत्तियमेत्ता जहण्णभोगखिदिं । तेत्तियमेत्ता होंति हु तक्काले भरहखेत्तम्मि ॥ १६११
अवसप्पिणीए दुस्समसुसमपवेसस्स पढमसमयम्मि। वियलिंदियउप्पत्ती वड्ढी जीवाण थोवकालम्मि ॥ १६१२
कमसो वड्ढंति हु तियकाले मणुवतिरियाणमवि संखा[2] । तत्तो उस्सप्पिणिए तिदए वट्टंति पुव्वं वा ॥ १६१३
अवसप्पिणिउस्सप्पिणिकाल च्चिय रहटघटियणाएणं । होंति अणंताणंता भरहेरावदखिदिम्मि पुढं ॥ १६१४
अवसप्पिणिउस्सप्पिणिकालसलाया गदे यसंखाणिं । हुंडावसप्पिणी सा एक्का[3] जाएदि तस्स चिण्हमिमं ॥ १६१५
तस्सिं[4] पि सुसमदुस्समकालस्स ठिदिम्मि[5] थोवअवसेसे । णिवडदि पाउसपहुदी वियलिंदियजीवउप्पत्ती ॥ १६१६
कप्पतरूण विरामो वावारो होदि कम्मभूमीए । तक्काले जायंते पढमजिणो पढमचक्की य ॥ १६१७

इसके पश्चात् फिर क्रमसे दुषमसुषमाकालके अन्त तक बहुतसे मनुष्य और सकलेन्द्रिय एवं विकलेन्द्रिय तिर्यंच जीव उत्पन्न होते हैं ॥ १६०९ ॥

तत्पश्चात् एक समयमें विकलेन्द्रिय प्राणियोंके समूह व कुलभेद नष्ट होजाते हैं तथा चतुर्थ कालके प्रथम समयमें कल्पवृक्षोंकी भी उत्पत्ति हो जाती है ॥ १६१० ॥

जितने मनुष्य और तिर्यञ्च जघन्य भोगभूमिमें प्रवेश करते हैं उतने ही इस कालके भीतर भरतक्षेत्रमें होते हैं ॥ १६११ ॥

अवसर्पिणीकालमें दुषमसुषमाकालके प्रारंभिक प्रथम समयमें थोड़े ही समयके भीतर विकलेन्द्रियोंकी उत्पत्ति और जीवोंकी वृद्धि होने लगती है ॥ १६१२ ॥

इसप्रकार क्रमसे तीन कालोंमें मनुष्य और तिर्यञ्च जीवोंकी संख्या बढ़ती ही रहती है। फिर इसके पश्चात् उत्सर्पिणीके तीन कालोंमें भी पहिलेके समान ही वे जीव वर्तमान रहते है ॥१६१३॥

भरत और ऐरावत क्षेत्रमें रँहटघटिकान्यायसे अवसर्पिणी और उत्सर्पिणी काल अनन्तानन्त होते हैं। (अर्थात् जिसप्रकार रँहटकी घरियां बार बार ऊपर व नीचे आती-जाती हैं इसीप्रकार अवसर्पिणीके फिर पश्चात् उत्सर्पिणी और उत्सर्पिणीके पश्चात् अवसर्पिणी, इस क्रमसे सदा इन कालोंका परिवर्तन होता ही रहता है) ॥ १६१४ ॥

असंख्यात अवसर्पिणी-उत्सर्पिणीकालकी शलाकाओंके बीत जानेपर प्रसिद्ध एक हुण्डावसर्पिणी आती है; उसके चिह्न ये हैं ॥ १६१५ ॥

इस हुण्डावसर्पिणीकालके भीतर सुषमदुषमाकालकी स्थितिमेंसे कुछ कालके अवशिष्ट रहनेपर भी वर्षा आदिक पड़ने लगती है और विकलेन्द्रिय जीवोंकी उत्पत्ति होने लगती है ॥ १६१६ ॥

इसके अतिरिक्त इसी कालमें कल्पवृक्षोंका अन्त और कर्मभूमिका व्यापार प्रारम्भ होजाता है। उस कालमें प्रथम तीर्थंकर और प्रथम चक्रवर्ती भी उत्पन्न हो जाते हैं ॥ १६१७ ॥

---

१ द ब °णिवहकुल°. २ द °तिरियपविसंखा, ब तिरियमविसंखा. ३ द ब सो एक्का. ४ द ब तस्सं. ५ द ब विंदिम्मि.

चक्किस्स विजयभंगो णिव्वुदिगमणं च थोवजीवाणं । चक्कधराउ दिजाणं[1] हवेदि वंसस्स उप्पत्ती ॥ १६१८
दुस्समसुसमे काले अट्ठावण्णा सलायपुरिसा य । णवमादिसोलसंतं सत्तसु तित्थेसु धम्मवोच्छेदो ॥१६१९
एक्करस होंति रुद्दा कलहपिया णारदा य णवसंखा । सत्तमतेवीसंतिमतित्थयराणं च उवसग्गो ॥ १६२०
तदियचदुपंचमेसुं कालेसुं परमधम्मणासयरा । विविहकुदेवकुलिंगी दीसंते दुट्ठपाविट्ठो[2] ॥ १६२१
चंडालसबरपाणप्पुलिंदणाहलचिलाय[3]पहुदिकुला । दुस्समकाले कक्की उवकक्की होंति बादाला ॥ १६२२
अइवुट्ठिअणावुट्ठी भूवड्ढी वज्जअग्गिपमुहा य । इय णाणाविहदोसा विचित्तभेदा हवंति पुढं ॥ १६२३

। एवं कालविभागो समत्तो ।

। एवं भरहखेत्तपरूवणं[4] समत्तं ।

सदमुव्विद्धं हिमवं खुल्लो पणुवीसजोयणुव्वेहो[5] । विक्खंभेण सहस्सं बावण्णा बारसेहिं भागेहिं[6] ॥ १६२४

१०० । २५ । १०५२ । $\frac{१२}{१९}$ ।

चक्रवर्तीका विजयभंग और थोड़ेसे जीवोंका मोक्षगमन भी होता है। इसके अतिरिक्त चक्रवर्तीसे की गयी द्विजोंके वंशकी (वर्णकी) उत्पत्ति भी होती है ॥ १६१८ ॥

दुषमसुषमाकालमें अट्ठावन ही शलाकापुरुष होते हैं और नौवेंसे सोलहवें तीर्थंकर तक सात तीर्थोंमें धर्मकी व्युच्छित्ति होती है ॥ १६१९ ॥

ग्यारह रुद्र और कलहप्रिय नौ नारद होते हैं तथा इसके अतिरिक्त सातवें, तेईसवें और अन्तिम तीर्थंकरके उपसर्ग भी होता है ॥ १६२० ॥

तृतीय, चतुर्थ व पंचम कालमें उत्तम धर्मको नष्ट करनेवाले विविध प्रकारके दुष्ट पापिष्ठ कुदेव और कुलिंगी भी दिखने लगते हैं ॥ १६२१ ॥

दुषमाकालमें चाण्डाल, शबर, पाण (श्वपच), पुलिंद, लाहल और किरात इत्यादि जातियां तथा व्यालीस कल्की व उपकल्की होते हैं ॥ १६२२ ॥

अतिवृष्टि, अनावृष्टि, भूवृद्धि (भूकंप?), और वज्राग्नि आदिका गिरना, इत्यादि विचित्र भेदोंको लिये हुए नाना प्रकारके दोष इस हुण्डावसर्पिणीकालमें हुआ करते हैं ॥ १६२३ ॥

इसप्रकार कालका विभाग समाप्त हुआ।

इसप्रकार भरतक्षेत्रका प्ररूपण समाप्त हुआ।

क्षुद्र हिमवान् पर्वतकी उंचाई सौ योजन, अवगाह पच्चीस योजन, विस्तार एक हजार बावन योजन तथा एक योजनके उन्नीस भागोंमेंसे बारह भाग अधिक है ॥ १६२४ ॥

उत्सेध १०० । अवगाह २५ । विष्कम्भ १०५२$\frac{१२}{१९}$ ।

---

१ ब चक्कधराओ जिदाणं. २ द ब कट्ठपाविट्ठा. ३ द ब °चिलालपहुदि°. ४ द ब °सरूवणं. ५ द ब जोयणोवेदो. ६ द ब भागो य.

तस्स य उत्तरजीवा चउवीससहस्सणवसयाइं पि । बत्तीसं एक्ककला सव्वसमासेण णिद्दिट्ठा ॥ १६२५

२४९३२ । $\frac{1}{19}$ ।

खुल्लहिमवंतसेले उत्तरभागम्मि होदि धणुपट्टं । पणुवीससहस्साइं दोण्णिसया तीस चउकलब्भहिया ॥ १६२६

२५२३० । $\frac{4}{19}$ ।

तस्स य चूलियमाणं पंचसहस्साणि जोयणाणं पि । तीसाधियदोण्णिसया सत्तकला अद्धअदिरित्ता ॥ १६२७

५२३० । $\frac{15}{38}$ ।

पंचसहस्सा तिसया पण्णासा जोयणाणि अद्धजुदा । पण्णरस य कलाओ पस्सभुजा खुल्लहिमवंते ॥ १६२८

५३५० । $\frac{31}{38}$ ।

हिमवंतसरिसदीहा तडवेदी दोण्णि होंति भूमितले[3] । बे कोसा उत्तुंगा पंचधणुस्सदपमाणविच्छिण्णा ॥ १६२९

को २ । दं ५०० ।

जोयणदलविक्खंभो उभए पासेसु होदि वणसंडो । बहुतोरणदारजुदा वेदी पुव्विल्लवेदिएहिं समा[4] ॥ १६३०

व जो । $\frac{1}{2}$ ।

खुल्लहिमवंतसिहरे समंतदो पउमवेदिया दिव्वा । वणभवणवेदिसव्वं पुव्वं पिव एत्थ वत्तव्वं ॥ १६३१

हिमवान् पर्वतकी उत्तरजीवा सब मिलाकर चौबीस हजार नौसौ बत्तीस योजन और योजनके उन्नीस भागोंमेंसे एक भागप्रमाण है ॥ १६२५ ॥ २४९३२ $\frac{1}{19}$ ।

क्षुद्र हिमवान् पर्वतका धनुषपृष्ठ उत्तरभागमें पच्चीस हजार दोसौ तीस योजन और एक योजनके उन्नीस भागोंमेंसे चार भाग अधिक है ॥ १६२६ ॥ २५२३० $\frac{4}{19}$ ।

इस पर्वतकी चूलिकाका प्रमाण पांच हजार दोसौ तीस योजन और एक योजनके उन्नीस भागोंमेंसे साढ़े सात भाग अधिक है ॥ १६२७ ॥ ५२३० $\frac{15}{38}$ ।

क्षुद्र हिमवान् पर्वतकी पार्श्वभुजाका प्रमाण पांच हजार तीनसौ पचास योजन और एक योजनके उन्नीस भागोंमेंसे साढ़े पन्द्रह भाग अधिक है ॥ १६२८ ॥ ५३५० $\frac{31}{38}$ ।

भूमितलपर हिमवान् पर्वतके सदृश लम्बी उसकी दो तटवेदियां हैं । ये वेदियां दो कोस ऊंची और पांचसौ धनुषप्रमाण विस्तारसे युक्त हैं ॥ १६२९ ॥

उत्सेध कोस २ । विस्तार दण्ड ५०० ।

पर्वतके दोनों पार्श्वभागोंमें अर्ध योजनप्रमाण विस्तारसे युक्त वनखण्ड है, तथा पूर्वोक्त वेदियोंके समान बहुत तोरणद्वारोंसे संयुक्त वेदी है ॥ १६३० ॥ यो० $\frac{1}{2}$ ।

क्षुद्र हिमवान् पर्वतके शिखरपर चारों तरफ पद्मरागमणिमय दिव्य वेदिका है । वन, भवन और वेदी आदि सबका, पहिलेके समान यहांपर भी कथन करना चाहिये ॥ १६३१ ॥

१ द चवकल. २ द ब तदवेदी. ३ द भूमियलं. ४ द ब समो.

सिद्धहिमवंतकूडा भरहइलागंगकूडसिरिणामा[1] । रोहीदासा सिंधू सुरहेमवदं च वेसमणं ॥ १६३२

उदयं भूमुहवासं मज्झं पणुवीस तत्तियं दलिदं । मुहभूमिजुदस्सद्धं पत्तेक्कं जोयणाणि कूडाणं ॥ १६३३

२५ । २५ । $\frac{२५}{२}$ । १८ । को ३ ।

एक्कारस पुव्वादी समवट्टा वेदिएहिं रमणिज्जा । वेंतरपासादजुदा पुव्वे कूडम्मि जिणभवणं ॥ १६३४

आयामो पण्णासं विन्थारो तद्दलं च जोयणया । पणहत्तरिदलमुदओ तिद्दारजुदस्स जिणणिकेदस्स ॥ १६३५

५० । २५ । $\frac{७५}{२}$ । ३ ।

पुव्वमुहद्दारउदओ जोयणया अट्ठ तद्दलं रुंदं । रुंदसमं तु पवेसं ताणद्धं दक्खिणुत्तरदुवारे ॥ १६३६

८ । ४ । ४ । ४ । २ । २ ।

अट्ठेव य दीहत्तं दीहच्चउभाग तत्थ विन्थारं । चउजोयणउच्छेहो देवच्छंदो[2] जिणणिवासे ॥ १६३७

सिद्ध, हिमवान्, भरत, इला, गंगा, श्री, रोहितास्या, सिन्धु, सुरा, हैमवत और वैश्रवण, इसप्रकार ये ग्यारह उस पर्वतके ऊपर कूट हैं ॥ १६३२ ॥

इनमेंसे प्रत्येक कूटकी उंचाई पच्चीस योजन, भूविस्तार भी इतना अर्थात् पच्चीस योजन, मुखविस्तार पच्चीसका आधा अर्थात् साढ़े बारह योजन और मध्यविस्तार भूमि एवं मुखके जोड़का अर्धभागमात्र है ॥ १६३३ ॥

उत्सेध यो. २५ । भूव्यास २५ । मुखव्यास $\frac{२५}{२}$ । मध्यव्यास $\frac{५०}{२} + \frac{२५}{२} \div २ =$ यो. १८, को. ३ ।

पूर्वादिक्रमसे ये ग्यारह कूट समान गोल, वेदियोंसे रमणीय और व्यन्तरोंके भवनोंसे संयुक्त हैं । इनमेंसे पूर्व कूटपर जिनभवन है ॥ १६३४ ॥

तीन द्वारोंसे संयुक्त इस जिनभवनकी लम्बाई पचास योजन, विस्तार इसका आधा अर्थात् पच्चीस योजन और उंचाई पचत्तर योजनके अर्धभागप्रमाण अर्थात् साढ़े सैंतीस योजन है ॥ १६३५ ॥ आयाम ५० । विस्तार २५ । उत्सेध $\frac{७५}{२}$ । द्वार ३ ।

उपर्युक्त तीन द्वारोंमेंसे पूर्वमुख द्वारकी उंचाई आठ योजन, विस्तार इससे आधा अर्थात् चार योजन, और विस्तारके समान प्रवेश भी चार योजनमात्र है । शेष दक्षिण और उत्तर द्वारकी लम्बाई आदि पूर्वद्वारसे आधी है ॥ १६३६ ॥

पूर्वमुखद्वार-उत्सेध ८ । विस्तार ४ । प्रवेश ४ । द. उ. द्वार-उत्सेध ४ । विस्तार २ । प्रवेश २ ।

जिनभवनमें आठ योजन लंबा तथा लंबाईके चतुर्थभागमात्र विस्तारसे संयुक्त और चार योजन ऊंचा ऐसा देवच्छंद है ॥ १६३७ ॥

....

१ ब सिरिणामाणा. २ द ब देवच्छंदा.

सिंहासणादिसहिया चामरकरणागजक्खमिहुणजुदा । पुरुजिणपडिमा तुंगा अट्ठुत्तरसयधणुप्पमाणाओ ॥ १६३८

सिरिदेवी सुददेवी सव्वाणसणक्कुमारजक्खाणं । रूवाणि अट्ठमंगल देवच्छंदम्मि चेट्ठंति ॥ १६३९

लंबंतकुसुमदामा पारावयमोरकंठणिहवण्णा । मरगयपवालवण्णा विदाणणिवहा विरायंति ॥ १६४०

भंभा[1]मुयंगमद्दलजयघंटाकंसतालतिवलिजुदा । पडुपडहसंखकाहलसुरदुंदभिसद्दगंभीरा ॥ १६४१

जिणपुरदुवारपुरदो पत्तेक्कं वदणमंडवा दिव्वा । पणवीसजोयणाइं वासो विउणाइ आयामो ॥ १६४२

२५ । ५० ।

अट्ठ च्चिय जोयणया अदिरित्ता होंदि ताण उच्छेहो । अभिसेयगीदअवलोयणाण वरमंडवा य तप्पुरदो॥१६४३

चउगोउराणि सालत्तिदयं वीहीसु माणथंभा य । णवथूवा[2] तह वणधयचित्तक्खोणीओ जिणणिवासेसुं ॥ १६४४

सव्वे गोउरदारा रमणिज्जा पंचवण्णरयणमया । वाउलतोरणजुत्ता णाणाविहमत्तवारणया ॥ १६४५

बहुसालभंजियाहिं सुरकोकिलबरहिणादिपक्खीहिं । महुररवेहिं सहिदा णच्चंतणेयधयवडायाहिं[3] ॥ १६४६

वहांपर सिंहासनादिसे सहित, हाथमें चमरोंको लिये हुए नागयक्षयुगलसे संयुक्त और एकसौ आठ धनुषप्रमाण ऊंची उत्तम जिनप्रतिमायें विराजमान हैं ॥ १६३८ ॥

देवच्छंदके भीतर श्रीदेवी, श्रुतदेवी, तथा सर्वाह्ण और सनत्कुमार यक्षोंकी मूर्तियां एवं आठ मंगलद्रव्य स्थित हैं ॥ १६३९ ॥

वहांपर लटकती हुई पुष्पमालाओंसे संयुक्त और कबूतर व मयूरके कंठसदृश तथा मरकत एवं मूंगा जैसे वर्णवाले चँदोवोंके समूह शोभायमान हैं ॥ १६४० ॥

प्रत्येक जिनपुरद्वारके आगे भंभा (भेरी), मृदंग, मर्दल, जयघंटा, कांस्यताल और तिवलीसे संयुक्त तथा पटुपटह, शंख, काहल और सुरदुन्दुभि बाजोंके शब्दोंसे गम्भीर ऐसे दिव्य मुखमण्डप हैं । इन मण्डपोंका विस्तार पच्चीस योजन और लंबाई इससे दूनी अर्थात् पचास योजनमात्र है ॥ १६४१–१६४२ ॥ २५ । ५० ।

इन मण्डपोंकी उंचाई आठ योजनसे अधिक है । इनके आगे अभिषेक, गीत और अवलोकनके उत्तम मण्डप हैं ॥ १६४३ ॥

जिनभवनोंमें चार गोपुर, तीन प्राकार, वीथियोंमें मानस्तम्भ, नौ स्तूप, वनभूमि, ध्वजभूमि और चैत्यभूमि होती है ॥ १६४४ ॥

पांच वर्णके रत्नोंसे निर्मित सब गोपुरद्वार पूतलीयुक्त, तोरणोंसे सहित और नाना प्रकारके मत्तवारणोंसे रमणीय हैं ॥ १६४५ ॥

इसके अतिरिक्त ये गोपुरद्वार बहुतसी शालभंजिकाओं (पुतलियों) एवं मधुर शब्द करनेवाले सुरकोकिल और मयूर आदिक पक्षियोंसे सहित तथा नाचती हुई अनेक ध्वजा-पताकाओंसे संयुक्त हैं ॥ १६४६ ॥

---

१ द ब भंभा°. २ द ब णव. ३ द ब °चयवदाणाइं.

एलातमालवल्लीलवंगकंकोलकंदलि[1]पहुदीहिं । णाणातरुरयणेहिं उज्जाणवणा विरायंति ॥ १६४७
कल्हारकमलकंदलणीलुप्पलकुमुदकुसुमसंछण्णा । जिणउज्जाणवणेसुं पोक्खरणीवाविवरकूवा[2] ॥ १६४८
णंदादीअ तिमेहल तिपीढपुव्वाणि धम्मचक्काणिं । चउवणमज्झगयाणिं चेदियरुक्खाणि सोहंति ॥ १६४९
सेसेसुं कूडेसुं वेंतरदेवाण होंति पासादा । चउतोरणवेदिजुदा णाणाविहरयणणिम्मविदा ॥ १६५०
हेमवदभरहहिमवंतवेसमणणामधेयकूडेसुं । णियकूडणामदेवा सेसे णियकूडणामदेवीओ ॥ १६५१
बहुपरिवारेहिं जुदा चेट्ठंते तेसु देवदेवीओ । दसधणुउच्छेहतणू सोहम्मिंदस्स ते य परिवारा ॥ १६५२
ताणं वरपासादा सकोसइगितीसजोयणारुंदा[3] । दोकोससट्ठिजोयणउदया सोहंति रयणमया ॥ १६५३
पायारवलहिगोउरधवलामलवेदियाहिं परियरिया । देवाण होंति णयरा दसप्पमाणेसु कूडसिहरेसुं ॥ १६५४
धुव्वंतधयवडाया गोउरदारेहिं सोहिदा विउला । वरवज्जकवाडजुदा उववणपोक्खरणिवाविरमणिज्जा ॥ १६५५
कमलोदरवण्णणिहा तुहारससिकिरणहारसंकासा । वियसियचंपयवण्णा णीलु[4]प्पलरत्तकमलवण्णा य ॥ १६५६

वहांके उद्यानवन इलायची, तमालवल्ली (शाल), लोंग, कंकोल (शीतल चीनीका वृक्ष) और केला, इत्यादि नाना वृक्ष-रत्नोंसे शोभायमान है ॥ १६४७ ॥

जिनगृहके उद्यानवनोमें कल्हार, कमल, कन्दल, नीलकमल और कुमुदके फूलोंसे व्याप्त पुष्करिणी, वापी और उत्तम कूप है ॥ १६४८ ॥

चारों वनोंके मध्यमें स्थित तीन मेखलायुक्त नन्दादिक वापिकायें, तीन पीठोंसे सहित धर्मचक्र, और चैत्यवृक्ष शोभायमान हैं ॥ १६४९ ॥

शेष कूटोंपर चार तोरण-वेदियोंसे सहित और नाना प्रकारके रत्नोंसे निर्मित व्यन्तर देवोंके भवन है ॥ १६५० ॥

हैमवत, भरत, हिमवान् और वैश्रवण नामक कूटोंपर अपने अपने कूटोंके नामके देव, तथा शेष कूटोंपर अपने अपने कूटोंके नामकी देवियां रहती है ॥ १६५१ ॥

इन कूटोंपर बहुत परिवार और दश धनुषप्रमाण ऊंचे शरीरसे युक्त जो देव-देवियां स्थित हैं, वे सौधर्म इन्द्रके परिवाररूप है ॥ १६५२ ॥

इन व्यन्तर देव-देवियोंके रत्नमय भवन विस्तारमें इकतीस योजन एक कोस और उंचाईमें बासठ योजन दो कोसप्रमाण होते हुए शोभायमान है ॥ १६५३ ॥

दश कूटोंके शिखरोंपर प्राकार, वलभी (छज्जा) गोपुर और धवल निर्मल वेदिकाओंसे व्याप्त देवोंके नगर हैं ॥ १६५४ ॥

ये देवोंके नगर उड़ती हुई ध्वजा-पताकाओंसे सहित, गोपुरद्वारोंसे शोभित, विशाल, उत्तम वज्रमय कपाटोंसे युक्त और उपवन, पुष्करिणी एवं वापिकाओंसे रमणीय है ॥ १६५५ ॥

इन नगरोंमेंसे कितने ही कमलोदरवर्णके सदृश वर्णवाले, कितने ही तुषार, चन्द्रकिरण एवं हारके सदृश, कितने ही विकसित चम्पक जैसे वर्णवाले, और कितने हो नील व रक्त कमलके सदृश वर्णवाले हैं ॥ १६५६ ॥

१ द कयलि°. २ द ब °वरकूडा. ३ द ब °रुंदो. ४ द ब णीलुप्पलगच°.

वज्जिंदणीलमरगयकक्केयणपउमरायसंपुण्णा । जिणभवणेहि सणाहा को सक्कइ वण्णिदुं सयलं ॥ १६५७

हिमवंतयस्स मज्झे पुव्वावरमायदो य पउमदहो । पणसयजोयणरुंदो[1] तद्दुगुणायामसोहिल्लो ॥ १६५८

५०० । १००० ।

दसजोयणाणि गहिरो चउतोरणवेदिणंदणवणेहिं । सहिदो वियसिअकुसुमेहिं सुहसंचयरयणरचिदेहिं ॥ १६५९

वेसमणणामकूडो ईसाणे होदि पंकयदहस्स[2] । सिरिणिचयणामकूडो सिहिदिसभागम्हि णिद्दिट्ठो ॥ १६६०

खुल्लहिमवंतकूडो णइरिदिभागम्मि तस्स णिद्दिट्ठो । पच्छिमउत्तरभागे कूडो एरावदो णाम ॥ १६६१

सिरिसंचयकूडो तह भाए पउमद्दहस्स उत्तरए । एदेहिं कूडेहिं हिमवंतो पंचसिहरिणामजुदो ॥ १६६२

उववणवेदीजुत्ता वेंतरणयरेहिं होंति रमणिज्जा । सव्वे कूडा एदे णाणाविहरयणणिम्मविदा ॥ १६६३

उत्तरदिसाविभागे जलम्मि पउमद्दहस्स जिणकूडो। सिरिणिचयं वेरुलियं अंकमयं अच्छरीय रुचगं च ॥ १६६४

सिहरीउप्पलकूडा पदाहिणा होंति तस्स सलिलम्मि । तडवणवेदीहिं[3] जुदा वेंतरणयरेहिं[4] सोहिल्ला ॥ १६६५

उपर्युक्त नगर वज्रमणि, इन्द्रनीलमणि, मरकतमणि, कर्केतन (रत्नविशेष) और पद्मराग-मणियोंसे परिपूर्ण तथा जिनभवनोंसे सनाथ हैं। इनका पूरा वर्णन करनेके लिये कौन समर्थ हो सकता है ? ॥ १६५७ ॥

हिमवान् पर्वतके मध्यमें पूर्व-पश्चिम लंबा, पांचसौ योजन विस्तारसे सहित और इससे दुगुणी अर्थात् एक हजार योजनप्रमाण लंबाईसे शोभायमान पद्म नामक द्रह है ॥ १६५८ ॥

विष्कंभ ५०० । आयाम १००० ।

यह पद्मद्रह दश योजन गहरा तथा चार तोरण, वेदियों नन्दनवनों, और शुभसंचय युक्त रत्नोंसे रचे गये विकसित फूलोंसे सहित है ॥ १६५९ ॥

इस पंकजद्रहके ईशानकोणमें वैश्रमण नामक कूट, और आग्नेय दिशामें श्रीनिचय नामक कूट निर्दिष्ट किया गया है ॥ १६६० ॥

उसके नैऋत्य भागमें क्षुद्रहिमवान् कूट और पश्चिमोत्तरभागमें ऐरावत नामक कूट कहा गया है ॥ १६६१ ॥

पद्मद्रहके उत्तर भागमें श्रीसंचयनामक कूट स्थित है। इन पांच कूटोंसे हिमवान् पर्वत 'पंचशिखरी' इस नामसे संयुक्त है ॥ १६६२ ॥

नाना प्रकारके रत्नोंसे निर्मित ये सब कूट उपवन-वेदियोंसे सहित और व्यन्तरोंके नगरोंसे रमणीय हैं ॥ १६६३ ॥

पद्मद्रहके जलमें उत्तरदिशाकी ओरसे प्रदक्षिणरूपमें जिनकूट, श्रीनिचय, वैडूर्य, अंकमय, आश्चर्य, रुचक, शिखरी और उत्पलकूट, ये कूट उसके जलमें तटवेदियों और वन-वेदियोंसे सहित होते हुए व्यन्तर-नगरोंसे शोभायमान हैं ॥ १६६४-१६६५ ॥

१ द ब °रुंदा. २ द ब कप्पयदहस्स. ३ द ब तद°. ४ द ब °णयरेसु.

उदयं भूमुहवासं मज्झं पणवीस तत्तियं दलिदं । मुहभूमिजुदस्सद्धं पत्तेक्कं जोयणाणि कूडाणं ॥ १६६६

२५ । २५ । २५/२ । ७५/४ ।

दहमज्झे अरविंदयणालं बादालकोसमुव्विद्धं । इगिकोसं बाहल्लं तस्स मुणालं ति रजदमयं ॥ १६६७

को ४२, बा को १ ।

कंदो[1] यरिट्ठरयणं णालो वेरुलियरयणणिम्मविदो । तस्सुवरिं दरवियसियपउमं चउकोसमुव्विद्धं ॥ १६६८

को ४ ।

चउकोसरुंदमज्झं अंते दोकोसमहव चउकोसा । पत्तेक्कं इगिकोसं उस्सेहायामकण्णिया तस्स ॥ १६६९

को ४ । २ । को ४ । को १ ।

अहवा दोद्दो कोसा एक्कारसहस्सपत्तसंजुत्ता । तक्कण्णिकाय[2] उवरिं वेरुलियकवाडसंजुत्तो ॥ १६७०

को २ को २ ।

कूडागारमहारिहं[3] भवणो वरफलिहरयणणिम्मविदो । आयामवासतुंगा कोसं कोसद्धतिचरणा कमसो ॥ १६७१

को १ । १/२ । ३/४ ।

तस्सिं सिरियादेवी[4] भवणे पलिदोवमप्पमाणाऊ । दस[5] चावाणिं तुंगा सोहम्मिंदस्स सहदेवी ॥ १६७२

उन कूटोंमेंसे प्रत्येक कूटकी उंचाई पच्चीस योजन, भूविस्तार भी इतना अर्थात् पच्चीस योजन, मुखविस्तार पच्चीस योजनके अर्धभागप्रमाण और मध्यविस्तार भूमि तथा मुखके जोड़का अर्धभागमात्र है ॥ १६६६ ॥ २५ । २५ । २५/२ । ७५/४ ।

तालाबके मध्यमें ब्यालीस कोस ऊंचा और एक कोस मोटा कमलका नाल है । इसका मृणाल रजतमय है ॥ १६६७ ॥ उत्सेध को. ४२, बा. को. १ ।

उस कमलका कन्द अरिष्टरत्नमय और नाल वैडूर्यमणिसे निर्मित है । इसके ऊपर चार कोस ऊंचा किंचित् विकसित पद्म है ॥ १६६८ ॥

उसके मध्यमें चार कोस और अन्तमें दो अथवा चार कोस विस्तार है । उसकी कर्णिकाकी ऊंचाई और आयाममेंसे प्रत्येक एक कोसमात्र है ॥ १६६९ ॥ को. ४ । २ । ४ । को. १ ।

अथवा, कर्णिकाकी उंचाई और लंबाई दो दो कोसमात्र है । यह कमलकर्णिका ग्यारह हजार पत्तोंसे संयुक्त है । इस कर्णिकाके ऊपर वैडूर्यमणिमय कपाटोंसे संयुक्त और उत्तम स्फटिकमणिसे निर्मित कूटागारोंमें श्रेष्ठ भवन है । इसकी लम्बाई एक कोस, विस्तार अर्ध कोसप्रमाण और उंचाई एक कोसके चार भागोंमेंसे तीन भागमात्र है ॥ १६७०-१६७१ ॥

को. १ । १/२ । ३/४ ।

इस भवनमें एक पल्योपमप्रमाण आयुकी धारक और दश धनुष ऊंची श्री नामक सौधर्म इन्द्रकी सहदेवी निवास करती है ॥ १६७२ ॥

....

१ द ब कंदा. २ द ब तकण्णिकया. ३ द ब कूडागारामहरिह. ४ द ब तस्सिरिया सिरिदेवी. ५ द ब जस हेवाणिं.

सिरिदेवीए होंति हु देवा सामाणिया य तणुरक्खा[1]। परिसत्तिदयाणीया पइण्णअभियोगकिब्बिसिया ॥ १६७३

ते सामाणियदेवा विविहंजण[2]भूसणेहिं कयसोहा। सुपसत्थविउलकाया चउस्सहस्सयपमाणा य[3] ॥ १६७४

४००० ।

ईसाण[4]सोममारुददिसाण भागेसु पउमउवरिम्मि। सामाणियाण भवणा होंति सहस्साणि चत्तारि ॥ १६७५

४००० ।

सिरिदेवीतणुरक्खा देवा सोलससहस्सया ताणं। पुव्वादिसु पत्तेक्कं चत्तारिसहस्सभवणाणि ॥ १६७६

१६००० ।

अब्भंतरपरिसाए आइच्चो णाम सुरवरो होदि। बत्तीससहस्साणं देवाणं अहिवई धीरो ॥ १६७७

पउमद्दहपउमोवरि अग्गिदिसाए भवंति भवणाइं। बत्तीससहस्साइं[5] ताणं वररयणरइदाइं ॥ १६७८

३२००० ।

पउमम्मि चंदणामो मज्झिमपरिसाए अहिवई देओ। चालीससहस्साणं[6] सुराण बहुयाणसत्थाणं[7] ॥ १६७९

४०००० ।

अडदालसहस्साणं[7] सुराण सामी समुग्गयपयाओ। बाहिरपरिसाए जदुणामो[8] सेवेदि सिरिदेविं ॥ १६८०

४८००० ।

श्रीदेवीके सामानिक, तनुरक्ष, तीनों प्रकारके पारिषद, अनीक, प्रकीर्णक, आभियोग्य और किल्बिषिक जातिके देव हैं ॥ १६७३ ॥

विविध प्रकारके अंजन और भूषणोंसे शोभायमान तथा सुप्रशस्त एवं विशाल कायवाले वे सामानिक देव चार हजारप्रमाण हैं ॥ १६७४ ॥ ४००० ।

ईशान, सोम (उत्तर) और वायव्य दिशाओंके भागोंमें पद्मोंके ऊपर उन सामानिक देवोंके चार हजार भवन हैं ॥ १६७५ ॥ ४००० ।

श्रीदेवीके तनुरक्षक देव सोलह हजार हैं। इनके पूर्वादिक दिशाओंमेंसे प्रत्येक दिशामें चार हजार भवन हैं ॥ १६७६ ॥ ४ × ४००० = १६००० ।

अभ्यन्तर परिषद्में बत्तीस हजार देवोंका अधिपति धीर आदित्य नामक उत्तम देव है ॥ १६७७ ॥

पद्मद्रहके कमलोंके ऊपर आग्नेय दिशामें उन देवोंके उत्तम रत्नोंसे रचित बत्तीस हजार भवन हैं ॥ १६७८ ॥ ३२००० ।

पद्मद्रहपर मध्यम परिषद्के बहुत यान और शस्त्रयुक्त (?) चालीस हजार देवोंका अधिपति चन्द्र नामक देव है ॥ १६७९ ॥ ३२००० । (यहां भवनोंकी दिशा और संख्यासूचक गाथा त्रुटित प्रतीत होती है)

बाह्य परिषद्के अड़तालीस हजार देवोंका स्वामी प्रतापशाली जतु नामक देव श्रीदेवीकी सेवा करता है ॥ १६८० ॥ ४८००० ।

१ द सामाणियतणुरक्खा. २ द ब विहंजण°. ३ द ब चउस्सद वि या पमाणाय. ४ द ब दहण°. ५ द ब °सहस्साइं. ६ द बहुसत्थाणं. ७ द ब सहस्साणिं. ८ द ब जहदुणाणो.

णइरिदिसाए ताणं अडदालसहस्ससंखपासादा । पउमद्दहमज्झम्मि य सुतुंगतोरणदुवाररमणिज्जा ॥ १६८१
४८००० ।

कुंजरतुरयमहारहगोवइगंधव्वणट्टदासाणं । सत्त यणीया सत्तहि कच्छाहिं तत्थ संजुत्ता ॥ १६८२

पढमाणीयपमाणं सरिसं सामाणियाण सेसेसुं । विउणा विउणा संखा छस्सु वणीएसु पत्तेयं ॥ १६८३

कुंजरपहुदितणूहिं देवा विकिरंति विमलसत्तिजुदा । मायालोहविहीणा णिच्चं सेवंति सिरिदेविं ॥१६८४

सत्ताणीयाण घरा पउमद्दहपच्छिमप्पएसम्मि । कमलकुसुमाण उवरिं सत्त च्चिय कणयणिम्मविदा ॥ १६८५

अट्ठुत्तरसयमेत्तं पडिहारा मंतिणो य दूदा य । बहुविहवरपरिवारा उत्तमरूवाइं विणयजुत्ताइं ॥ १६८६

अट्ठुत्तरसयसंखा पासादा ताण पउमगब्भेसुं । दिसविदिसविभागठिदा दहमज्झे अधियरमणिज्जा ॥ १६८७

होंति पइण्णयपहुदी ताणं चउणं वि[4] पउमपुप्फेसुं[5] । उच्छिण्णो[6] कालवसा तेसुं परिमाणउवएसो ॥ १६८८

कमला अकिट्टिमा ते पुढविमया सुंदरा य इगिलक्खं । चालीससहस्साणिं एक्कसयं सोलसेहिं जुदं ॥ १६८९
१४०११६ ।

नैर्ऋत्यदिशामें उन देवोंके उन्नत तोरणद्वारोंसे रमणीय अड़तालीस हजार भवन पद्मद्रहके मध्यमें स्थित हैं ॥ १६८१ ॥ ४८००० ।

कुंजर, तुरंग, महारथ, बैल, गन्धर्व, नर्तक और दास, इनकी सात सेनायें हैं । इनमेंसे प्रत्येक सात कक्षाओंसे सहित है ॥ १६८२ ॥

प्रथम अनीकका प्रमाण सामानिकदेवोंके सदृश है । शेष छह सेनाओंमेंसे प्रत्येकका प्रमाण उत्तरोत्तर दूना दूना है ॥ १६८३ ॥

निर्मल शक्तिसे संयुक्त देव हाथी आदिके शरीरोंकी विक्रिया करते और माया एवं लोभसे रहित होकर नित्य ही श्रीदेवीकी सेवा करते हैं ॥ १६८४ ॥

सात अनीक देवोंके सात घर पद्मद्रहके पश्चिम प्रदेशमें कमलकुसुमोंके ऊपर सुवर्णसे निर्मित हैं ॥ १६८५ ॥

उत्तम रूप व विनयसे संयुक्त और बहुत प्रकारके उत्तम परिवारसे सहित ऐसे एकसौ आठ प्रतीहार, मंत्री एवं दूत हैं ॥ १६८६ ॥

उनके अतिशय रमणीय एकसौ आठ भवन द्रहके मध्यमें कमलोंपर दिशा और विदिशाके विभागोंमें स्थित हैं ॥ १६८७ ॥

पद्मपुष्पोंपर स्थित जो प्रकीर्णक आदिक देव हैं, उन चारोंके प्रमाणका उपदेश काल-वश नष्ट हो गया है ॥ १६८८ ॥

वे सब अकृत्रिम पृथिवीमय सुन्दर कमल एक लाख चालीस हजार एकसौ सोलह हैं ॥ १६८९ ॥ १४०११६ ।

---

१ द ब मुहा. २ द ब सुरा. ३ द ब °पच्छिमंपएसंति. ४ द चउवणावि, ब चउणावि. ५ द ब पउमपुव्वेसु. ६ द उच्छणणो.

एवं महापुराणं परिमाणं ताण होदि कमलेसुं । खुल्लयपुरसंखाणं को सक्कइ कादुमखिलेणं ॥ १६९०

पउमद्दहे पुव्वमुहा उत्तरगेहा हवंति सव्वे वि । ताणभिमुहा वि सेसा[1] खुल्लयगेहा जहाजोग्गं ॥ १६९१

कमलकुसुमेसु तेसुं पासादा जेत्तिया समुद्दिट्ठा । तेत्तियमेत्ता होंति हु जिणगेहा विविहरयणमया ॥ १६९२

भिंगारकलसदप्पणबुब्बुदघंटाधयादिसंपुण्णा । जिणवरपासादा[2] ते णाणाविहतोरणदुवारा ॥ १६९३

वरचामरभामंडलछत्तत्तयकुसुमवरिसपहुदीहिं । संजुत्ताओ तेसुं जिणवरपडिमाओ राजंति ॥ १६९४

पउमद्दहादु[3] उत्तरभागेणं रोहिणामवरसरिया । उग्गच्छइ छावत्तरि जोयणदुसयाइं अदिरित्ता ॥ १६९५

२७६ । ६/१९ ।

रुंदावगाढतोरणअंतरकूडप्पणालियाठाणा । धारारुंदं कुंड[4]द्दीवाचलकूड[5]रुंदपहुदीओ ॥ १६९६

तत्थ य तोरणदारे तोरणथंभा अ तीए सरिदाए । गंगाणइए सरिसा णवरिं वासादिएहि ते विगुणा ॥ १६९७

। हिमवंतं गयं ।

इसप्रकार कमलोंके ऊपर स्थित उन महानगरोंका प्रमाण (एक लाख चालीस हजार एकसौ सोलह) है। इनके अतिरिक्त क्षुद्रपुरोंकी पूर्णरूपसे गिनती करनेके लिये कौन समर्थ हो सकता है ? ॥ १६९० ॥

पद्मद्रहमें सब ही उत्तम गृह पूर्वाभिमुख हैं, और शेष क्षुद्रगृह यथायोग्य उनके सन्मुख स्थित हैं ॥ १६९१ ॥

उन कमलपुष्पोंपर जितने भवन कहे गये हैं, उतने ही वहां विविध प्रकारके रत्नोंसे निर्मित जिनगृह भी हैं ॥ १६९२ ॥

वे जिनेन्द्रप्रासाद नाना प्रकारके तोरणद्वारोंसे सहित और झारी, कलश, दर्पण, बुद्‌बुद्, घंटा एवं ध्वजा आदिसे परिपूर्ण हैं ॥ १६९३ ॥

उन जिनभवनोंमें उत्तम चमर, भामण्डल, तीन छत्र और पुष्पवृष्टि आदिसे संयुक्त जिनेन्द्र-प्रतिमायें विराजमान हैं ॥ १६९४ ॥

पद्मद्रहके उत्तरभागसे रोहितास्या नामक उत्तम नदी निकलकर दोसौ छयत्तर योजनसे कुछ अधिक दूर तक [पर्वतके ऊपर] जाती है ॥ १६९५ ॥ २७६ ६/१९ ।

इस नदीका विस्तार, गहराई, तोरणोंका अन्तर, कूट, प्रणालिकास्थान, धाराका विस्तार, कुण्ड, द्वीप, अचल और कूटका विस्तार इत्यादि तथा वहांपर तोरणद्वारमें तोरणस्तम्भ इन सबका वर्णन गंगानदीके सदृश ही जानना चाहिये। विशेष यह है कि यहांपर इन सबका विस्तार गंगा-नदीकी अपेक्षा दूना है ॥ १६९६-१६९७ ॥

हिमवान्पर्वतका कथन समाप्त हुआ।

---

१ द ब ताणभिमहाभिसेसा. २ द, ब पासादे. ३ द ब पउमदहाउ दुत्तर. ४ द ब दारारुंदा कूडं. ५ द ब कुंद.

हेमवदस्स य रुंदा चालसहस्सा य ऊणवीसहिदा । तस्स य उत्तरबाणो[1] भरहसलागादु सत्तगुणा ॥ १६९८

४०००० ।
१९

सत्तत्तीससहस्सा छच्च सया सत्तरी य चउअधिया । किंचूणसोलसकला हेमवदे उत्तरे जीवा ॥ १६९९

३७६७४ । १६ ।
१९

अट्ठत्तीससहस्सा[2] सत्तसया जोयणाणि चालीसं । दसयकला णिद्दिट्ठं हेमवदस्सुत्तरं चावं[3] ॥ १७००

३८७४० । १० ।
१९

इगिहत्तरिजुत्ताइं तेसट्ठिसयाइं जोयणाणं पि । सत्तकला दलअधियाँ[4] णिद्दिट्ठा चूलिया तस्स ॥ १७०१

यो. ६३७१ । क १५ ।
३८

पस्सभुजा तस्स हवे छच्च सहस्साइं जोयणाणं पि । सत्तसया पणवण्णब्भहिया तिण्णि च्चिय कलाओ ॥ १७०२

६७५५ । क ३ ।
१९

अवसेसवण्णणाओ सरिसाओ सुसमदुस्समेणं पि । णवरि यवट्ठिदरूवं[5] परिहीणं हाणिवड्ढीहिं ॥ १७०३

तक्खित्ते बहुमज्झे चेट्ठदि सद्दावणि त्ति णाभिगिरी । जोयणसहस्सउदओ तेत्तियवासो सरिसवट्टो ॥ १७०४

१००० । १००० ।

हैमवत क्षेत्रका विस्तार उन्नीससे भाजित चालीस हजार योजन और उसका उत्तरबाण भरतक्षेत्रकी शलाकासे सातगुणा है ॥ १६९८ ॥ $\frac{४००००}{१९}$ । ३६८४$\frac{४}{१९}$ ।

हैमवत क्षेत्रमें उत्तरभागमें जीवा सैंतीस हजार छहसौ चौहत्तर योजन और कुछ कम सोलह कलाप्रमाण है ॥ १६९९ ॥ ३७६७४$\frac{१६}{१९}$ ।

हैमवतक्षेत्रका उत्तरधनुष अड़तीस हजार सातसौ चालीस योजन और दश कलामात्र निर्दिष्ट किया गया है ॥ १७०० ॥ ३८७४०$\frac{१०}{१९}$ ।

उसकी चूलिकाका प्रमाण तिरेसठसौ इकहत्तर योजन और साढ़े सात कला निर्दिष्ट किया गया है ॥ १७०१ ॥ ६३७१$\frac{१५}{३८}$ ।

उसकी पार्श्वभुजा छह हजार सातसौ पचवन योजन और तीन कलाप्रमाण है ॥ १७०२ ॥

६७५५$\frac{३}{१९}$ ।

इसका शेष वर्णन सुषमदुषमा कालके सदृश है। विशेषता केवल यह है कि वह क्षेत्र हानि-वृद्धिसे रहित होता हुआ अवस्थितरूप अर्थात् एकसा है ॥ १७०३ ॥

इस क्षेत्रके बहुमध्यभागमें एक हजार योजन ऊंचा और इतने ही विस्तारवाला सदृशगोल शब्दावनि (शब्दवान्) नामक नाभिगिरि स्थित है ॥ १७०४ ॥ १००० । १००० ।

---

१ द उत्तरहीणो. २ द ब अडतीससहस्सा. ३ द ब ॱतरा चावा. ४ द ब दस अधिया. ५ ब यवड्ढिदरूवं.

सव्वस्स तस्स परिही इगितीससयाइं तह य बासट्ठी । सो पल्लसरिसठाणो कणयमओ[1] वट्टविजयड्ढो[2] ॥ १७०५

एक्कसहस्सं पणसयमेक्कसहस्सं च सगसया पण्णा । उदओ मुहभूमज्झिमवित्थारा[3] तस्स धवलस्स ॥ १७०६

१००० । ५०० । १००० । ७५० । पाठान्तरम् ।

मूलोवरिभाएसुं सो सेलो वेदिउववणेहिं जुदो । वेदीवणाण रुंदा हिमवंतणग व्व णादव्वा ॥ १७०७

बहुतोरणदारजुदा तव्वणवेदी विचित्तरयणमई । चरियट्टालियविउला णच्चंताणेयधयवडालोया[4][5] ॥ १७०८

तग्गिरिउवरिमभागे बहुमज्झे होदि दिव्वजिणभवणं । बहुतोरणवेदिजुदं पडिमाहिं सुंदराहि संजुत्तं ॥ १७०९

उच्छेहप्पहुदीसुं संपहि अम्हाण णत्थि उवदेसो । तस्स य चउदिसासुं पासादा होंति रयणमया ॥ १७१०

सत्तट्ठप्पहुदीहिं भूमीहिं भूसिदा विचित्ताहिं । धुव्वंतधयवडायो णाणाविहरयणकयसोहा ॥ १७११

बहुपरिवारेहिं जुदो[6] सालीणामेण वेंतरो[7] देओ । दसधणुतुंगो चेट्ठदि पल्लमिदाऊ महादेहो[8] ॥ १७१२

पउमद्दहाओ[9] उत्तरभागेसुं रोहिदास णाम णदी । बेकोसेहिं अपाविय णाभिगिरिं पच्छिमे वलइ ॥ १७१३

उस सब पर्वतकी परिधि इकतीससौ बासठ योजनप्रमाण है । यह पर्वत पल्य (कुशूल) के सदृश आकारवाला कनकमय वृत्त विजयार्द्ध है ॥ १७०५ ॥

उस धवल पर्वतकी उंचाई, मुखविस्तार, भूविस्तार और मध्यविस्तार क्रमसे एक हजार, पांचसौ, एक हजार और सातसौ पचास योजनप्रमाण है ॥ १७०६ ॥ पाठान्तर ।

उत्सेध १००० । मुखवि. ५०० । भूवि. १००० । मध्यवि. ७५० ।

वह पर्वत मूल और उपरिम भागोंमें वेदी एवं उपवनोंसे संयुक्त है । वेदी और वनोंका विस्तार हिमवान् पर्वतके समान ही जनना चाहिये ॥ १७०७ ॥

उस पर्वतकी वनवेदी बहुत तोरणद्वारोंसे संयुक्त, विचित्र रत्नमयी, मार्ग व अट्टालिकाओंसे विपुल और नाचती हुई अनेक ध्वजा-पताकाओंसे आलोकित है ॥ १७०८ ॥

उस पर्वतके ऊपर बहुमध्यभागमें अनेक तोरण व वेदियोंसे युक्त और सुन्दर प्रतिमाओंसे सहित दिव्य जिनभवन है ॥ १७०९ ॥

इस जिनभवनकी उंचाईआदिके विषयमें इस समय हमारे पास उपदेश नहीं है । जिनभवनके चारों ओर रत्नमय प्रासाद हैं ॥ १७१० ॥

ये प्रासाद सात-आठ इत्यादि विचित्र भूमियोंसे भूषित, फहराती हुई ध्वजा-पताकाओंसे संयुक्त और नाना प्रकारके रत्नोंसे शोभायमान हैं ॥ १७११ ॥

वहांपर दश धनुष ऊंचा, एक पल्यप्रमाण आयुसे सहित और महान् शरीरका धारक शाली नामक व्यन्तरदेव बहुत परिवारसे युक्त होकर रहता है ॥ १७१२ ॥

रोहितास्या नामक नदी पद्मद्रहके उत्तरभागसे निकलकर नाभिगिरि पहुंचनेसे दो कोस पूर्व ही पश्चिमकी ओर मुड़ जाती है ॥ १७१३ ॥

१ द ब कणयमदी. २ ब वड्ढ°. ३ द ब भूमुह° ४ द ब णच्चंताणेरयवडालोया. ५ द ब °धयवलोया. ६ द ब जुदा. ७ द ब वेंतरा. ८ द महादेवो. ९ ब पउमदहाउत्तर°.

बे कोसे वि यपाविय अचलं तं वलियं पच्छिमाहिमुहा। उत्तरमुहेण तत्तो कुडिलसरूवेण एसि सा सरिया॥ १७१४

गिरिबहुमज्झपदेसं णियमज्झपदेसयं च कादूणं । पच्छिममुहेण गच्छइ परिवारणदीहिं परियरिया ॥ १७१५

अट्ठावीससहस्सा परिवारणदीण होदि परिमाणं। दीवस्स य जगदिविलं पविसिय पविसेदि लवणवारिणिहिं॥ १७१६

२८००० ।

। हेमवदो गदो ।

भरहावणिरुंदादो अडगुणरुंदो य दुसय उच्छेहो । होदि महाहिमवंतो हिमवंतवियं वणेहिं[1] कयसोहो ॥ १७१७

रुं ८०००० । उ २०० ।
  १९

पण्णसयसहस्साणिं उणवीसहिदाणि[4] जोयणाणिं पि । भरहाउ उत्तरंतं तग्गिरिबाणस्स परिमाणं ॥ १७१८

[१५०००० ।]
  १९

तेवण्णसहस्साणिं णवसया एक्कतीससंजुत्ता । छ च्चिय कलाओ जीवा उत्तरभागम्मि तग्गिरिणो ॥ १७१९

५३९३१ । ६ ।
  १९

सत्तावण्णसहस्सा दुसया तेणउदि दस कलाओ य । तत्थ महाहिमवंते जीवाए होदि धणुपट्ठं ॥ १७२०

५७२९३ । १० ।
  १९

वह नदी दो कोससे पर्वतको न पाकर अर्थात् पर्वतसे दो कोस पूर्व ही रहकर पश्चिमाभिमुख हो जाती है। इसके पश्चात् फिर उत्तराभिमुख होकर कुटिलरूपसे आगे जाती है, और पर्वतके बहुमध्य प्रदेशको अपना मध्यप्रदेश करके परिवारनदियोंसे युक्त होती हुई पश्चिमकी ओर चली जाती है ॥ १७१४-१७१५ ॥

इसकी परिवारनदियोंका प्रमाण अट्ठाईस हजार है। इसप्रकार यह नदी जम्बूद्वीपकी जगतीके बिलमें होकर लवणसमुद्रमें प्रवेश करती है ॥ १७१६ ॥ २८००० ।

हैमवतक्षेत्रका वर्णन समाप्त हुआ।

महाहिमवान् पर्वतका विस्तार भरतक्षेत्रसे अठगुणा और उंचाई दोसौ योजनप्रमाण है व हिमवन्तके समान ही वनोंसे शोभायमान है ॥ १७१७ ॥ वि. $\frac{८००००}{१९}$ । उं. २०० ।

भरतक्षेत्रसे उत्तर तक इस पर्वतके बाणका प्रमाण उन्नीससे भाजित एकसौ पचास सहस्र (एक लाख पचास हजार) योजन है ॥ १७१८ ॥ [$\frac{१५००००}{१९}$ = ७८९४$\frac{१४}{१९}$]

उस पर्वतके उत्तरभागमें जीवाका प्रमाण तिरेपन हजार नौसौ इकतीस योजन और छह कला है ॥ १७१९ ॥ ५३९३१$\frac{६}{१९}$ ।

महाहिमवान् पर्वतकी जीवाका धनुपृष्ठ सत्तावन हजार दोसौ तेरानबै योजन और दश कलामात्र है ॥ १७२० ॥ ५७२९३$\frac{१०}{१९}$ ।

---

१ द ब अवयं दं वलय. २ द तत्थि तरिया, ब तत्ति स तरिया. ३ द ब स्सणेहिं°. ४ द ब पण्णरस°. ५ द ब वदाणि.

णव य सहस्सा दुसया छाहत्तरि जोयणाणि भागा य । अडतीसहिदुणवीसा महहिमवंतम्मि पस्सभुजा ॥ १७२१

९२७६ । १९ ।
३८

जोयण अट्ठसहस्सा एक्कसयं अट्ठवीससंजुत्तं । पंचकलाओ एदं[2] तग्गिरिणो चूलियामाणो ॥ १७२२

८१२८ । ५ ।
१९

महहिमवंते दोसुं पासेसुं वेदिवणाणि रम्माणिं । गिरिसमदीहत्ताणिं वासादीणं च हिमवगिरिं ॥ १७२३
सिद्धमहाहिमवंता[3] हेमवदो रोहिदो य हरिणामो । हरिकंता हरिवरिसो[4] वेरुलिओ अड इमे कूडा ॥ १७२४
हिमवंतपव्वदस्स य कूडादो उदयवासपहुदीणिं । एदाणं कूडाणं दुगुणसरूवाणि सव्वाणिं ॥ १७२५
जंणामा ते कूडा तंणामा वेंतरा सुरा होंति । अणुवमरूवसरीरा बहुविहपरिवारसंजुत्ता ॥ १७२६
पउमद्दहाउ दुगुणो वासायामेहि[5] गहिरभावेणं । होदि महाहिमवंते[6] महपउमो णाम दिव्वदहो ॥ १७२७

वा १००० । आ २००० । गा २० ।

तद्दहपउमस्सोवरि पासादे चेट्ठदे य हिरिदेवी । बहुपरिवारेहिं जुदा सिरियादेवि व्व वण्णिजगुणोहा ॥ १७२८

....

महाहिमवान् पर्वतकी पार्श्वभुजा नौ हजार दोसौ छ्यत्तर योजन और अड़तीससे भाजित उन्नीसभागमात्र है ॥ १७२१ ॥ ९२७६$\frac{१९}{३८}$ ।

उस पर्वतकी चूलिकाका प्रमाण आठ हजार एकसौ अट्ठाईस योजन और पांच कला है ॥ १७२२ ॥ ८१२८$\frac{५}{१९}$ ।

महाहिमवान् पर्वतके दोनों पार्श्वभागोंमें रमणीय वेदी और वन हैं । इनकी लंबाई इसी पर्वतके बराबर और विस्तारादिक हिमवान् पर्वतके समान है ॥ १७२३ ॥

इस पर्वतके ऊपर सिद्ध, महाहिमवान्, हैमवत, रोहित्, हरि, हरिकान्त, हरिवर्ष और वैडूर्य, इसप्रकार ये आठ कूट हैं ॥ १७२४ ॥

हिमवान् पर्वतके कूटोंसे इन कूटोंकी उंचाई और विस्तारप्रभृति सब दुगुणा दुगुणा है ॥ १७२५ ॥

जिन नामोंके वे कूट हैं, उन्हीं नामवाले व्यन्तरदेव उन कूटोंपर रहते हैं । ये देव अनुपम रूपयुक्त शरीरके धारक और बहुत प्रकारके परिवारसे संयुक्त हैं ॥ १७२६ ॥

महाहिमवान् पर्वतपर स्थित महापद्म नामक द्रह पद्मद्रहकी अपेक्षा दुगुणे विस्तार, लंबाई व गहराईसे सहित है ॥ १७२७ ॥ विस्तार १००० । आयाम २००० । गहराई २० ।

उस तालाबमें कमलके ऊपर स्थित प्रासादमें बहुतसे परिवारसे संयुक्त तथा श्रीदेवीके सदृश वर्णनीय गुणसमूहसे परिपूर्ण ह्री देवी रहती है ॥ १७२८ ॥

....

१ द अट्ठतीस. २ द ब एदं. ३ द सव्वमहा°. ४ द हरवरिसो. ५ द ब °यामोहि. ६ द ब महाहिमवंतो.

णवरि विसेसो एसो दुगुणा परिवारपउमपरिसंखा । जेत्तियमेत्तपमादा[1] जिणभवणा तत्तिया[2] रम्मा ॥ १७२९
ईसाणदिसाभाए वेसमणो णाम सुंदरो कूडो । दक्खिणदिसाविभागे कूडो सिरिणिचयणामो य ॥ १७३०
णइरिदिभागे कूडं महहिमवंतो विचित्तरयणमओ । पच्छिमउत्तरभागे कूडो एरावदो णाम ॥ १७३१
सिरिसंचयं[3] ति कूडो उत्तरभागे दहस्स चेट्ठेदि । एदेहिं कूडेहिं महहिमवंतो य पंचसिहरो त्ति ॥ १७३२
एदे सव्वे कूडा वेंतरणयरेहिं परमरमणिज्जा । उववणवेदीजुत्ता उत्तरपासे जलम्मि जिणकूडो ॥ १७३३
सिरिणिचयं वेरुलियं अंकमयं अच्छरीयरुजग.इं । उप्पलसिहरी कूडा सलिलम्मि पदाहिणा होंति ॥ १७३४
तद्दहदक्खिणदारे रोहिणदी णिस्सरेदि विउलजला। दक्खिणमुहेण वच्चदि पणहदइगितीससतिसयमदिरित्तं॥ १७३५

१६०५ । ५ ।
१९

रोहीए रुंदादी सारिच्छा होंति रोहिदासाए । णाभिगिपदाहिणेणं हेमवदे जादि पुव्वमुहा ॥ १७३६
तक्खिदिबहुमज्झेणं गच्छिय[4] दीवस्स जगदिबिलदारे ।
पविसेदि लवणजलधिं अडवीससहस्सवाहिणीसहिदा ॥ १७३७

२८००० ।

। महहिमवंतो गदो ।

यहां विशेषता केवल यह है कि ह्री देवीके परिवार और पद्मोंकी संख्या श्री देवीकी अपेक्षा दूनी है । इस तालाबमें जितने प्रासाद हैं उतने ही रमणीय जिनभवन भी हैं ॥१७२९॥

इस तालाबके ईशानदिशाभागमें सुन्दर वैश्रवण नामक कूट, दक्षिणादिशाभागमें श्रीनिचय नामक कूट, नैऋत्यदिशाभागमें विचित्र रत्नोंसे निर्मित महाहिमवान् कूट, पश्चिमोत्तरभागमें ऐरावत नामक कूट और उत्तरभागमें श्रीसंचय नामक कूट स्थित हैं । इन कूटोंसे महाहिमवान् पर्वत पंचशिखर कहलाता है ॥ १७३०-१७३२ ॥

ये सब कूट व्यन्तरनगरोंसे परमरमणीय और उपवनवेदियोंसे संयुक्त हैं । तालाबके उत्तरपार्श्वभागमें जलमें जिनकूट है ॥ १७३३ ॥

श्रीनिचय, वैडूर्य, अंकमय, आश्चर्य, रुचक, उत्पल और शिखरी, ये कूट जलमें प्रदक्षिणरूपसे स्थित हैं ॥ १७३४ ॥

इस तालाबके दक्षिणद्वारसे प्रचुरजलसंयुक्त रोहित् नदी निकलती है और पर्वतपर पांचसे गुणित तीनसौ इक्कीस योजनसे अधिक दक्षिणकी ओर जाती है ॥ १७३५ ॥

$३२१ \times ५ = १६०५\frac{५}{१९}$ ।

रोहित् नदीका विस्तार आदि रोहितास्याके समान है । यह नदी हैमवतक्षेत्रमें नाभिगिरिकी प्रदक्षिणा करती हुई पूर्वाभिमुख होकर आगे जाती है ॥ १७३६ ॥

इसप्रकार यह नदी उस हैमवतक्षेत्रके बहुमध्यभागसे द्वीपकी वेदीके बिलद्वारमें जाकर अट्ठाईस हजार नदियों सहित लवणसमुद्रमें प्रवेश करती है ॥ १७३७ ॥ २८००० ।

महाहिमवान् पर्वतका वर्णन समाप्त हुआ ।

१ द ब पदेसा. २ द ब तत्ति भू. ३ द ब सिरिसवदं. ४ द ब गच्छय. ५ द ब महहिमवंत.

भरहावणीय बाणे इगितीसहदम्मि होदि जं लद्धं । हरिवरिसस्स य बाणं तं उवहितडादु णादव्वं ॥ १७३८

३१०००० । / १९

एक्कं[3] जोयणलक्खं सट्ठिसहस्साणि भागहारो य । उणवीसेहिं एसो हरिवरिसखिदीए वित्थारो ॥ १७३९

१६०००० । / १९

तेहत्तरीसहस्सा एक्कोत्तरणवसयाणि जोयणया । सत्तारस य कलाओ हरिवरिसासुत्तरे जीवा ॥ १७४०

७३९०१ । १७ । / १९

चुलसीदिसहस्साणिं तह सोलसजोयणाइं चउरंसा । एदरिसिं[4] जीवाए धणुपट्टं होदि हरिवरिसे ॥ १७४१

८४०१६ । ४ । / १९

जोयण णवणउदिसया पणसीदी होंति अट्ठतीसहिदा । एक्कारसकलअधिया हरिवरिसे चूलियामाणं ॥ १७४२

९९८५ । ११ । / ३८

तेरस सहस्सयाणिं तिण्णि सया जोयणाइ इगिसट्ठी । अडतीसहरियतेरसकलाओ हरिविरिसपस्सभुजा ॥ १७४३

१३३६१ । १३ । / ३८

भरतक्षेत्रके बाणको इकतीससे गुणा करनेपर जो गुणनफल प्राप्त हो उतना समुद्रके तटसे हरिवर्षक्षेत्रका बाण जानना चाहिये ॥ १७३८ ॥ $\frac{१००००}{१९} \times ३१ = \frac{३१००००}{१९}$ ।

उन्नीससे भाजित एक लाख साठ हजार योजनप्रमाण यह हरिवर्षक्षेत्रका विस्तार है ॥ १७३९ ॥ $\frac{१६००००}{१९}$ ।

हरिवर्षक्षेत्रकी उत्तरजीवा तिहत्तर हजार नौसौ एक योजन और सत्तरह कलाप्रमाण है ॥ १७४० ॥ ७३९०१ $\frac{१७}{१९}$ ।

हरिवर्षक्षेत्रमें इस जीवाका धनुपृष्ठ चौरासी हजार सोलह योजन और चार भागमात्र है ॥ १७४१ ॥ ८४०१६ $\frac{४}{१९}$ ।

हरिवर्षक्षेत्रकी चूलिकाका प्रमाण निन्यानबैसौ पचासी योजन और अड़तीससे भाजित ग्यारह कलाओंसे अधिक है ॥ १७४२ ॥ ९९८५ $\frac{११}{३८}$ ।

हरिवर्षक्षेत्रकी पार्श्वभुजा तेरह हजार तीनसौ इकसठ योजन और अड़तीससे भाजित तेरह कलाप्रमाण है ॥ १७४३ ॥ १३३६१ $\frac{१३}{३८}$ ।

---

१ द ब बाणो. २ द ब °तडादो. ३ द ब एक्किं. ४ द ब एदंसं.

अवसेसवण्णणाओ सुसमस्स व होंति तस्स[1] खेत्तस्स । णवरि य संठिदरूवं परिहीणं हाणिवड्डीहिं ॥ १७४४

तक्खेत्ते बहुमज्झे चेट्ठदि विजयावदित्ति णाभिगिरी । सव्वदिव्ववण्णणजुत्ता इह किर चारणा देवा ॥ १७४५

महपउमदहाउ णदी उत्तरभागेण तोरणद्दारे । णिस्सरिदूणं वच्चदि पव्वदउवरिम्मि हरिकंता ॥ १७४६

सा गिरिउवरिं गच्छइ एक्कसहस्सं पणुत्तरा छसया । जोयणया पंच कला पणालिए पडदि कुंडम्मि[2] ॥ १७४७

१६०५ । $\frac{५}{१९}$ ।

बेकोसेहिमपाविय णाभिगिरिंदं पदाहिणं कादुं । पच्छिममुहेण वच्चदि रोहीदो बिगुणवासादी ॥ १७४८

छप्पण्णसहस्सेहिं परिवारतरंगिणीहिं परियरिया । दीवस्स य जगदिबिलं पविसिय पविसेइ लवणणिहिं ॥ १७४९

५६००० ।

। हरिवरसो गदो ।

सोलससहस्सअडसयबादाला दो कला णिसहरुंदं । उणवीसहिदा सूई तीस[3]सहस्साणि छल्लक्खं ॥ १७५०

१६८४२ । $\frac{२}{१९}$ । $\frac{६३००००}{१९}$ ।

उस क्षेत्रका अवशेष वर्णन सुषमाकालके समान है । विशेष यह है कि वह क्षेत्र हानि-वृद्धिसे रहित होता हुआ संस्थितरूप अर्थात् एकसा ही रहता है ॥ १७४४ ॥

इस क्षेत्रके बहुमध्यभागमें विजयवान् नामक नाभिगिरि स्थित है । यहांपर सर्व दिव्य वर्णणसे संयुक्त चारण देव रहते हैं ॥ १७४५ ॥

महापद्मद्रहके उत्तरभागसम्बन्धी तोरणद्वारसे हरिकान्ता नदी निकलकर पर्वतके ऊपरसे जाती है ॥ १७४६ ॥

वह नदी एक हजार छहसौ पांच योजन और पांच कलाप्रमाण पर्वतके ऊपर जाकर नालीके द्वारा कुण्डमें गिरती है ॥ १७४७ ॥ १६०५$\frac{५}{१९}$ ।

पश्चात् वह नदी दो कोससे नाभिगिरिको न पाकर अर्थात् नाभिगिरिसे दो कोस इधर ही रहकर उसकी प्रदक्षिणा करके रोहित् नदीकी अपेक्षा दुगुणे विस्तारादिसे सहित होती हुई पश्चिमकी ओर जाती है ॥ १७४८ ॥

इसप्रकार वह नदी छप्पन हजार परिवारनदियोंसे सहित होती हुई द्वीपके जगती-बिलमें प्रवेश करके लवणसमुद्रमें प्रवेश करती है ॥ १७४९ ॥ ५६००० ।

हरिवर्षक्षेत्रका वर्णन समाप्त हुआ ।

निषधपर्वतका विस्तार सोलह हजार आठसौ ब्यालीस योजन और दो कला तथा सूची उन्नीससे भाजित छह लाख तीस हजार योजनप्रमाण है ॥ १७५० ॥ १६८४२ । $\frac{६३००००}{१९}$ ।

---

१ द ब तस्सु. २ द ब कूडम्मि. ३ द वीससहस्साणि.

अथवा गिरिविरिसाणं विगुणियवासम्मि भरहइसुमाणे । अवणीदे जं सेसं णियणियबाणाण तं माणं ॥ १७५१

चउणउदिसहस्साणिं जोयण छप्पण्णअधियएक्कसया। दोण्णि कलाओ अधिया णिसहगिरिस्सुत्तरे जीवा ॥ १७५२

९४१५६ । २ ।
१९

एक्कं जोयणलक्खं चउवीससहस्सतिसयछादाला । णवभागा अदिरित्ता णिसहे जीवाए धणुपट्ठं ॥ १७५३

१२४३४६ । ९ ।
१९

सयवग्गं एक्कसयं सत्तावीसं च जोयणाणं पि । दोण्णि कला णिसहस्स य चूलियमाणं च णादव्वं ॥ १७५४

जो १०१२७ । २ ।
१९

जोयण वीससहस्सं एक्कसयं पंचसमधियं छट्ठी । अड्ढाइज्जकलाओ पस्सभुजा णिसहसेलस्स ॥ १७५५

२०१६५ । ५ ।
३८

तग्गिरिदोपासेसुं उववणसंडाणि होंति रमणिज्जा । बहुविहवररुक्खाणिं सुककोकिलमोरजुत्ताणिं ॥ १७५६

उववणसंडा सव्वे पव्वददीहत्तसरिसदीहत्ता । वरवावीकूवजुदा पुव्वं विय वण्णणा सव्वा ॥ १७५७

अथवा, पर्वत और क्षेत्रके दूने विस्तारमेंसे भरतक्षेत्रसम्बन्धी बाणप्रमाणके कम करदेनेपर जितना शेष रहे उतना अपने अपने बाणोंका प्रमाण होता है ॥ १७५१ ॥

$\frac{३२००००}{१९} \times २ - \frac{१००००}{१९} = \frac{६३००००}{१९}$ निषधका बाणप्रमाण ।

निषधपर्वतकी उत्तरजीवाका प्रमाण चौरानबै हजार एकसौ छप्पन योजन और दो कला अधिक है ॥ १७५२ ॥ ९४१५६ $\frac{२}{१९}$ ।

निषधपर्वतकी जीवाके धनुपृष्ठका प्रमाण एक लाख चौबीस हजार तीनसौ छयालीस योजन और नौ भाग अधिक है ॥ १७५३ ॥ १२४३४६ $\frac{९}{१९}$ ।

निषधपर्वतकी चूलिकाका प्रमाण सौका वर्ग अर्थात् दश हजार, तथा एकसौ सत्ताईस योजन और दो कलाप्रमाण जानना चाहिये ॥ १७५४ ॥ १०१२७ $\frac{२}{१९}$ ।

निषधपर्वतकी पार्श्वभुजा बीस हजार एकसौ पैंसठ योजन और अढ़ाई कलाप्रमाण है ॥ १७५५ ॥ २०१६५ $\frac{५}{३८}$ ।

इस पर्वतके दोनों पार्श्वभागोंमें बहुत प्रकारके उत्तम वृक्षोंसे सहित और तोता, कोयल एवं मयूर पक्षियोंसे युक्त रमणीय उपवनखंड हैं ॥ १७५६ ॥

वे सब उपवनखंड पर्वतकी लम्बाईके समान लम्बे और उत्तम वापी एवं कूपोंसे संयुक्त हैं । इनका सब वर्णन पहिलेके समान ही है ॥ १७५७ ॥

१ द सत्तावीसब्भहियं.

कूडो सिद्धो [1]णिसहो हरिवरसो तह विदेहहरिविजया । सीदोदपरविदेहा रुजगो य हवेदि णिसहउवरिम्मि ॥ १७५८
ताणं उदयप्पहुदी सव्वे हिमवंतसेलकूडादो । चउगुणिया णवरि इमे कूडोवरि जिणपुरा[2] सरिसा ॥ १७५९
जंणामा ते कूडा तंणामा वेंतरा सुरा तेसुं । बहुपरिवारेहिं जुदा पल्लाऊ दसधणुत्तुंगा ॥ १७६०
पउमद्दहाउ चउगुणरुंदप्पहुदी भवेदि दिव्वदहो । तीगिच्छो[3] विक्खादो बहुमज्झे णिसहसेलस्स ॥ १७६१
वा २०००, आ ४०००, गा ४०, पउ ४२, संखा ५६०४६४, बा[4] १, मु ३, प ४, मज्झि ४, अं ४ वा २ ।
तद्दहपउमस्सोवरि पासादे[5] चेट्ठदे य धिदिदेवी । बहुपरिवारेहिं जुदा णिरुवमलावण्णसंपुण्णा ॥ १७६२
इगिपल्लपमाणाऊ णाणाविहरयणभूसियसरीरा । अइरम्मा वेंतरिया सोहम्मिंदस्स सा देवी ॥ १७६३
जेत्तियमेत्ता तस्सिं पउमगिहा तेत्तिया जिणिंदपुरा । भव्वाणाणंदयरा[6] सुरकिण्णरमिहुणसंकिण्णा ॥ १७६४
ईसाणदिसाभाए वेसमणो णाम मणहरो कूडो । दक्खिणदिसाविभागे कूडो सिरिणिचयणामो य ॥ १७६५
णइरदिदिसाविभागे णिसहो णामेण सुंदरो कूडो । अइरावदो[7] त्ति कूडो तीगिच्छीपच्छिमुत्तर[8]विभागे ॥ १७६६
उत्तरदिसाविभागे कूडो सिरिसंचयो त्ति णामेण । एदेहिं कूडेहिं णिसहगिरी पंचसिहरि त्ति ॥ १७६७

निषधपर्वतके ऊपर सिद्ध, निषध, हरिवर्ष, विदेह, हरि, विजय, सीतोदा, अपरविदेह और रुचक, ये नौ कूट स्थित हैं ॥ १७५८ ॥

इन कूटोंकी उंचाई आदि सब हिमवान्पर्वतके कूटोंसे चौगुणी है । विशेषता केवल यह है कि कूटोंपर स्थित ये जिनपुर हिमवान्पर्वतसंबंधी जिनपुरोंके सदृश हैं ॥ १७५९ ॥

जिस नामके धारक ये कूट हैं, उसी नामके धारक व्यन्तरदेव उन कूटोंपर निवास करते हैं । ये देव बहुत परिवारोंसे युक्त, एक पल्यप्रमाण आयुवाले और दश धनुष ऊंचे हैं ॥ १७६० ॥

निषधपर्वतके बहुमध्यभागमें पद्मद्रहकी अपेक्षा चौगुणे विस्तारादिसे सहित और तिगिंछनामसे प्रसिद्ध एक दिव्य तालाब है ॥ १७६१ ॥

व्यास २०००, आयाम ४०००, अवगाह ४०, नालकी उंचाई ४२, संख्या ५६०४-६४, बाहल्य १, मृणाल ३, पद्म ४, मध्यव्यास ४, अंतव्यास २ वा ४ योजन ।

उस द्रहसम्बन्धी पद्मके ऊपर स्थित भवनमें बहुत परिवारसे संयुक्त और अनुपम लावण्यसे परिपूर्ण धृति देवी निवास करती है ॥ १७६२ ॥

एक पल्यप्रमाण आयुकी धारक और नाना प्रकारके रत्नोंसे भूषित शरीरवाली अतिरमणीय वह व्यन्तरिणी सौधर्मइन्द्रकी देवी है ॥ १७६३ ॥

उस तालाबमें जितने पद्मगृह हैं, उतने ही भव्य जनोंको आनन्दित करनेवाले किन्नर-देवोंके युगलोंसे संकीर्ण जिनेन्द्रपुर हैं ॥ १७६४ ॥

तिगिंछ तालाबके ईशानदिशाभागमें मनोहर वैश्रवण नामक कूट, दक्षिणदिशाभागमें श्रीनिचय नामक कूट, नैऋत्यदिशाभागमें सुन्दर निषध नामक कूट, पश्चिमोत्तरकोणमें ऐरावतकूट और उत्तरदिशाभागमें श्रीसंचय नामक कूट है । इन कूटोंसे निषधपर्वत ' पंचाशिखरी ' इसप्रकार प्रसिद्ध है ॥ १७६५-१७६७ ॥

....

१ द णिसहे. २ द जिणवरा. ३ द तीगिच्छे, ब तिंगिच्छे. ४ द ब वा २, अंबु वा २, उ ३, प ४, मज्झि ४. ५ द ब पासादा. ६ द ब भवणाणंदयरा. ७ द ब अइरावदा. ८ द ब तिगिच्छीपुत्तर°.

वरवेदियाहिं जुत्ता वेंतरणयरेहिं परमरमणिज्जा । एदे कूडा उत्तरपासे सलिलम्मि जिणकूडो[1] ॥ १७६८
सिरिणिचयं वेरुलियं अंकमयं अंबरीयरुजगाइं । सिहिरी उप्पलकूडो तिंगिच्छिदहस्स सलिलम्मि[2] ॥ १७६९
तिंगिच्छादो दक्खिणदारेणं हरिणदी विणिकंता[3]। सत्तसहस्सं चउसयइगिवीसा इगिकला य गिरिउवरिं॥ १७७०

७४२१ । १ ।
१९

आगच्छिय हरिकुंडे[4] पडिऊणं हरिणदी विणिस्सरइं[5] । णाभिप्पदाहिणेणं हरिवरिसे जादि पुव्वमुही[6] ॥ १७७१
छप्पण्णसहस्सेहिं परिवारसमुद्दगाहि संजुत्ता। दीवस्स य जगदिबिलं पविसिय पविसेदि लवणणिहिं ॥ १७७२

५६००० ।

हरिकंतासारिच्छा हरिणामावासगाँहपहुदीओ[7] । भोगवणीण णदीओ सरपहुदी जलयरविहीणा ॥ १७७३

। णिसहो[8] गदो ।

णिसहस्सुत्तरभागे दक्खिणभागम्मि णीलवंतस्स । वरिसो महाविदेहो मंदरसेलेण पविहत्तो ॥ १७७४
तेत्तीससहस्साइं छसया चउसीदिभा य चउअंसा। ता महविदेहरुंदं जोयणलक्खं च मज्झगदजीवा ॥ १७७५

३३६८४ । ४ । १००००० ।
१९

ये कूट उत्तम वेदिकाओंसे सहित और व्यन्तरनगरोंसे अतिशय रमणीय हैं। उत्तरपार्श्वभागमें जलमें जिनकूट है ॥ १७६८ ॥

तिगिंछ तालाबके जलमें श्रीनिचय, वैडूर्य, अंकमय, अंबरीक (अच्छरीय = आश्चर्य), रुचक, शिखरी और उत्पल कूट स्थित हैं ॥ १७६९ ॥

तिगिंछ द्रहके दक्षिणद्वारसे निकलकर हरित् नदी सात हजार चारसौ इक्कीस योजन व एक कलाप्रमाण गिरिके ऊपर आकर और हरित् कुण्डमें गिरकर वहांसे निकलती है तथा हरिवर्ष क्षेत्रमें नाभिगिरिके प्रदक्षिणरूपसे पूर्वकी ओर जाती है ॥ १७७०–१७७१ ॥

वह नदी छप्पन हजार परिवारनदियोंसे संयुक्त होकर द्वीपकी जगतीके बिलमें प्रवेश करती हुई लवणसमुद्रमें प्रवेश करती है ॥ १७७२ ॥ ५६००० ।

हरित् नदीका विस्तार व गहराई आदि हरिकान्ता नदीके सदृश है। भोगभूमियोंकी नदियां और तालाब आदिक जलचर जीवोंसे रहित होते हैं ॥ १७७३ ॥

निषधपर्वतका वर्णन समाप्त हुआ।

निषधपर्वतके उत्तरभागमें और नीलपर्वतके दक्षिणभागमें मन्दरपर्वतसे विभक्त महाविदेहक्षेत्र है ॥ १७७४ ॥

उस महाविदेहक्षेत्रका विस्तार तेतीस हजार छहसौ चौरासी योजन और चार भागप्रमाण, तथा मध्यगत जीवा एक लाख योजनप्रमाण है ॥ १७७५ ॥ ३३६८४ $\frac{४}{१९}$ । १००००० ।

१ द ब जिणकूडा. २ द ब दहसलिलम्मि. ३ द विदिकंता. ४ द ब हरिकुडे. ५ द ब विणिस्सरओ. ६ द ब पुव्वमुहे. ७ द वासगाहि. ८ द ब णिसह.

भरहस्स इसुपमाणे[1] पंचाणउदीहिं ताडिदम्मि पुढं । रयणायरतीरादो[2] विदेहअद्धो त्ति सो बाणो ॥ १७७६

अट्ठावण्णसहस्सा इगिलक्खा तेरसुत्तरं च सयं । सगकोसाणं अद्धं महाविदेहस्स धणुपट्टं ॥ १७७७

१५८११३ । ७ ।
२

जोयण उणंतीससया[3] इगिवीसं अट्ठरस तहा भागा । एदं महाविदेहे णिद्दिट्ठं चूलियामाणं ॥ १७७८

२९२१ । १८ ।
१९

सोलससहस्सयाणिं अट्ठसया जोयणाणि तेसीदी । अद्धाधियअट्ठकला महाविदेहस्स पस्सभुजा ॥ १७७९

१६८८३ । १७ ।
३८

वरिसे महाविदेहे बहुमज्झे मंदरो महासेलो । जम्माभिसेयपीढो सव्वाणं तित्थकत्ताणं ॥ १७८०

जोयणसहस्सगाढो णवणवदिसहस्समेत्तउच्छेहो । बहुविहवणसंडजुदो णाणावररयणरमणिज्जो ॥ १७८१

१००० । ९९००० ।

दस य सहस्सा णउदी जोयणया दसकलेक्करसभागा । पायालतले रुंदं समवट्टतणुस्स मेरुस्स ॥ १७८२

१००९० । १० ।
११

भरतक्षेत्रके बाणप्रमाणको पंचानबैसे गुणा करनेपर जो गुणनफल प्राप्त हो उतना समुद्रके तीरसे आधे विदेहक्षेत्रका बाणप्रमाण होता है ॥ १७७६ ॥

$$\frac{१००००}{१९} \times ९५ = \frac{९५००००}{१९} = ५०००० \text{ योजन ।}$$

महाविदेहका धनुपृष्ठ एक लाख अट्ठावन हजार एकसौ तेरह योजन और सात कोसोंका आधा अर्थात् साढ़े तीन कोसप्रमाण है ॥ १७७७ ॥ यो. १५८११३, को. $\frac{७}{२}$ ।

महाविदेहक्षेत्रकी चूलिकाका प्रमाण उनतीससौ इक्कीस योजन तथा अठारह भागमात्र है ॥ १७७८ ॥ २९२१ $\frac{१८}{१९}$ ।

महाविदेहकी पार्श्वभुजा सोलह हजार आठसौ तेरासी योजन और साढ़े आठ कलाप्रमाण है ॥ १७७९ ॥ १६८८३ $\frac{१७}{३८}$ ।

महाविदेहक्षेत्रके बहुमध्यभागमें सब तीर्थंकरोंके जन्माभिषेकका आसनरूप मन्दर नामक महापर्वत है ॥ १७८० ॥

यह महापर्वत एक हजार योजन गहरा, निन्यानबै हजार योजन ऊंचा, बहुत प्रकारके वनखंडोंसे युक्त और अनेक उत्तम रत्नोंसे रमणीय है ॥ १७८१ ॥ १००० । ९९००० ।

इस समानगोल शरीरवाले मेरुपर्वतका विस्तार पातालतलमें दश हजार नब्बै योजन और एक योजनके ग्यारह भागोंमेंसे दश भागप्रमाण है ॥ १७८२ ॥ १००९० $\frac{१०}{११}$ ।

---

१ द ब इसुपमाणो. २ द ब °तीरूढो. ३ द ब उणवीस.

कमहाणीए उवरिं धरपट्ठम्मि दससहस्साणिं । जोयणसहस्समेक्कं वित्थारो सिहरभूमीए ॥ १७८३

१०००० । १००० ।

सरसमयजलदणिग्गयदिणयरबिंबं व सोहए मेरू । विविहवररयणमंडियवसुमइमउडो व्व उत्तुंगो ॥ १७८४

जम्माभिसेयसुरइद्ददुंदुहीभेरितूरणिग्घोसो[1] । जिणमहिमजणिदविक्कमसुरिंदसंदोहरमणिज्जो ॥ १७८५

ससिहारहंसधवलुच्छलंतखीरंबुरासिसलिलोघो । सुरकिण्णरमिहुणाणं णाणाविहकीडणेहिं जुदो ॥ १७८६

घणयरकम्ममहासिलसंचूरणजिणवरिंदभवणोघो । विविहतरुकुसुमपल्लवफलणिवहसुयंधभूभागो ॥ १७८७

भूमीदो पंचसया कमहाणीए तदुवरि गंतूणं । तट्ठाणे संकुलिदो पंचसया सो गिरी जुगवं ॥ १७८८

समवित्थारो उवरिं एक्कारसहस्सजोयणपमाणं । तत्तो कमहाणीए इगिवण्णसहस्सपणसया गंतुं ॥ १७८९

११००० । ५१५०० ।

जुगवं समंतदो सो संकुलिदो जोयणाणि पंचसया । समरुंदं उवरितले[7] एक्कारसहस्सपरिमाणं ॥ १७९०

५०० । ११००० ।

फिर क्रमसे हानिरूप होनेसे उसका विस्तार ऊपर धरापृष्ठपर अर्थात् पृथिवीके ऊपर दश हजार योजन और शिखरभूमिपर एक हजार योजनमात्र है ॥ १७८३ ॥ १०००० । १००० ।

यह उन्नत मेरुपर्वत शरत्कालके बादलोंमेंसे निकले हुए सूर्यमण्डलके समान और विविध प्रकारके उत्तम रत्नोंसे मण्डित पृथिवीके मुकुटके समान शोभायमान होता है ॥ १७८४ ॥

वह मेरुपर्वत जन्माभिषेकके समय देवोंसे रचे गये दुंदुभी, भेरी एवं तूर्यके निर्घोषसे सहित और जिनमाहात्म्यसे उत्पन्न हुए पराक्रमवाले सुरेन्द्रसमूहोंसे रमणीय होता है ॥ १७८५ ॥

चन्द्रमा, हार अथवा हंसके समान धवल एवं उछलते हुए क्षीरसागरके जलसमूहसे युक्त वह मेरुपर्वत किन्नर जातिके देवयुगलोंकी नाना प्रकारकी क्रीड़ाओंसे सुशोभित होता है ॥ १७८६ ॥

अतिसघन कर्मरूपी महा शिलाओंको चूर्ण करनेवाले जिनेन्द्रभवनसमूहसे युक्त वह मेरुपर्वत अनेक प्रकारके वृक्ष, फूल, पल्लव और फलोंके समूहसे पृथिवीमण्डलको सुगंधित करनेवाला है ॥ १७८७ ॥

यह मेरुपर्वत क्रमसे हानिरूप होता हुआ पृथिवीसे पांचसौ योजन ऊपर जाकर उस स्थानमें युगपत् पांचसौ योजनप्रमाण संकुचित हो गया है ॥ १७८८ ॥

पश्चात् इससे ऊपर ग्यारह हजार योजन तक समान विस्तार है। वहांसे पुनः क्रमसे हानिरूप होकर इक्यावन हजार पांचसौ योजनप्रमाण ऊपर जानेपर वह पर्वत सब ओरसे युगपत् पांचसौ योजन फिर संकुचित होगया है। इसके आगे ऊपर ग्यारह हजार योजन तक उसका समान विस्तार है ॥ १७८९-१७९० ॥

समविस्तार ११००० । क्रमहानि ५१५०० । संकोच ५०० । समविस्तार ११००० ।

---

१ द ब 'णिग्गह. २ ब सुरइदुंदुहि°. ३ द ब दुंदुहिभेरीतूरणादणिग्घोसो. ४ द ब धवलुच्छंदंखीरं°. ५ द ब घणहर°. ६ द ब समंतदे. ७ द ब °तलो.

उड्ढं कमहाणीए पणवीससहस्सजोयणा गंतुं । जुगवं संकुलिदो सो चत्तारि सयाणि चउणउदी ॥ १७९१

२५००० । ४९४ ।

एवं जोयणलक्खं उच्छेहो सयलपव्वदपहुस्स । णिलयस्स सुरवराणं अणाइणिहणस्स मेरुस्स ॥ १७९२

मुहभूविसेसमद्धिय वग्गेदं[1] उदयवग्गसंजुत्तं । जं तस्स वग्गमूलं[2] पव्वदरायस्स[3] तस्स पस्सभुजा ॥ १७९३

णवणउदिसहस्साणिं एक्कसयं दोण्णि जोयणाणि तहा । सविसेसाइं[4] एसा मंदरसेलस्स पस्सभुजा ॥ १७९४

९९१०२ ।

चालीसजोयणाइं मेरुगिरिंदस्स चूलियामाणं । बारह तब्भूवासं चत्तारि हवेदि मुहवासं ॥ १७९५

४० । १२ । ४ ।

मुहभूमीण विसेसे उच्छेहहिदम्मि भूमुहाहिंतो । हाणिचयं णिद्दिट्ठं तस्स पमाणं हु पंचंसो[5] ॥ १७९६

$\frac{१}{५}$ ।

फिर ऊपर क्रमसे हानिरूप होकर पच्चीस हजार योजन जानेपर वह पर्वत युगपत् चारसौ चौरानबै योजनप्रमाण संकुचित होगया है ॥ १७९१ ॥

क्रमहानि २५००० । संकोच ४९४ ।

इसप्रकार सम्पूर्ण पर्वतोंके प्रभु और उत्तम देवोंके आलयस्वरूप उस अनादिनिधन मेरु-पर्वतकी ऊंचाई एक लाख योजनप्रमाण है ॥ १७९२ ॥

१००० + ५०० + ११००० + ५१५०० + ११००० + २५००० = १००००० यो.

भूमिमेंसे मुखको कम करके उसका आधा करनेपर जो संख्या प्राप्त हो उसके वर्गमें उंचाईके वर्गको मिलानेपर जो उसका वर्गमूल हो उतना उस पर्वतराजकी पार्श्वभुजाका प्रमाण है ॥ १७९३ ॥

$$\sqrt{\left(\frac{१०००० - १०००}{२}\right)^2 + ९९०००^2} = \sqrt{२०२५०००० + ९८०१००००००}$$
$$= ९९१०२ \text{ योजन ।}$$

निन्यानबै हजार एकसौ दो योजन तथा कुछ अधिक ($\frac{१}{५}$), यह मन्दरपर्वतकी पार्श्वभुजाका प्रमाण है ॥ १७९४ ॥ ९९१०२ ।

मेरुपर्वतकी चूलिकाका प्रमाण चालीस योजन, भूविस्तार बारह योजन और मुखविस्तार चार योजन है ॥ १७९५ ॥ ४० । १२ । ४ ।

भूमिमेंसे मुखको कम करके उत्सेधका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना भूमिकी अपेक्षा हानि और मुखकी अपेक्षा वृद्धिका प्रमाण बतलाया गया है । वह हानि-वृद्धिका प्रमाण यहां योजनका पांचवां भाग होता है ॥ १७९६ ॥

$$(१२ - ४) \div ४० = \frac{८}{४०} = \frac{१}{५} \text{ हानि-वृद्धिका प्रमाण ।}$$

---

१ द मंगगदं. २ द मंगमूलं. ३ द ब पदहत्थसमस्स. ४ द ब सविसेसेइं. ५ द ब पंचंसा.

जत्थिच्छसि विक्खंभं चूलियसिहराउ समवदिण्णाणं । तं पंचेहि विहत्तं[1] चउजुत्तं तत्थ तव्वासं ॥ १७९७
तं मूले सगतीसं मज्झे पणुवीस जोयणाणं पि । उड्ढे बारस अधिया परिही वेरुलियमइयाए ॥ १७९८

३७ । २५ । १२ ।

जत्थिच्छसि विक्खंभं मंदरसिहराउ समवदिण्णाणं । तं एक्कारसभजिदं सहस्ससहिदं च तत्थ वित्थारं ॥ १७९९
जस्सिं इच्छसि वासं उवरिं मूलाउ तेत्तियपदेसं । एक्कारसेहिं भजिदं भूवासे सोधिदम्मि तव्वासं ॥ १८००
एक्कारसे पदेसे एक्कपदेसा दु मूलदो[2] हाणी । एदं पादकरंगुलकोसप्पहुदीहिं णादव्वं ॥ १८०१
हरिदालमई[3] परिही वेरुलियाण रयणवज्जमई । उड्ढम्मि य पउममई तत्तो उवरिम्मि पउमरायमई ॥ १८०२
सोलससहस्सयाणिं पंचसया जोयणाणि पत्तेक्कं । ताणं छप्परिहीणं मंदरसेलस्स परिमाणं ॥ १८०३

१६५०० ।

चूलिकाके शिखरसे नीचे उतरते हुए जितने योजनपर विष्कंभको जाननेकी इच्छा हो उतने योजनोंको पांचसे विभक्त करनेपर जो लब्ध आवे उसमें चार अंक और जोड़ देनेपर वहांका विस्तार निकलता है ॥ १७९७ ॥

उदाहरण—चूलिकाशिखरसे नीचे २० योजनपर विष्कंभका प्रमाण—

२० ÷ ५ + ४ = ८ योजन।

वैडूर्यमणिमय उस शिखरकी परिधि मूलमें सैंतीस योजन, मध्यमें पच्चीस योजन और ऊपर बारह योजनसे अधिक है ॥ १७९८ ॥ ३७ । २५ । १२ ।

सुमेरुपर्वतके शिखरसे नीचे उतरते हुए जितने योजनपर उसके विष्कंभको जाननेकी इच्छा हो, उतने योजनोंमें ग्यारहका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसमें एक हजार योजन और मिला देनेपर वहांका विस्तार आजाता है ॥ १७९९ ॥

उदाहरण—शिखरसे नीचे ३३००० योजनपर विष्कंभका प्रमाण—

३३००० ÷ ११ + १००० = ४००० योजन ।

मूलसे ऊपर जिस जगह मेरुके विस्तारको जाननेकी इच्छा हो, उतने प्रदेशमें ग्यारहका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसे भूविस्तारमेंसे घटा देनेपर शेष वहांका विस्तार होता है ॥१८००॥

उदाहरण—६६००० योजनकी उंचाईपर विष्कंभका प्रमाण—

१०००० – (६६००० ÷ ११) = ४००० योजन ।

मेरुके विस्तारमें मूलसे ऊपर ग्यारह प्रदेशोंपर एक प्रदेशकी हानि हुई है । इसीप्रकार पाद, हस्त, अंगुल और कोसादिककी उंचाईपर भी स्वयं जानना चाहिये ॥ १८०१ ॥

इस पर्वतकी परिधि क्रमशः नीचेसे हरितालमयी, वैडूर्यमणिमयी, रत्न–(सर्वरत्न–) मयी, वज्रमयी, इसके ऊपर पद्ममयी, और इससे भी ऊपर पद्मरागमयी है ॥ १८०२ ॥

मन्दरपर्वतकी इन छह परिधियोंमेंसे प्रत्येक परिधिका प्रमाण सोलह हजार पांचसौ योजन मात्र है ॥ १८०३ ॥ १६५०० ।

---

१ द ब तप्पंचे विविहत्थं. २ द ब मूलदा. ३ द ब हरिदालमही.

सत्तमया[1] तप्परिही णाणाविहतरुगणेहिं परियरिया । एक्कारसभेदजुदा बाहिरदो भणमि तब्भेदे[2] ॥ १८०४
णामेण भद्दसालं मणुसुत्तरदेवणागरमणाइं । भूदारमणं पंचमभेदाइं भद्दसालवणे ॥ १८०५
णंदणपहुदीएसुं णंदणमुवणंदणं[3] च सोमणसं । उवसोमणसं पंडू उवपंडूवणाणि[4] दोद्दो दु ॥ १८०६
सो मूले वज्जमओ एक्कसहस्सं च जोयणपमाणो । मज्झे वररयणमओ इगिसट्ठिसहस्सपरिमाणं ॥ १८०७

१००० । ६१००० ।

उवरिम्मि कंचणमओ अडतीससहस्सजोयणाणं पि । मंदरसेलस्सीसे[5] पंडुवणं णाम रमणिज्जं ॥ १८०८

३८००० ।

सोमणसं णाम वणं साणुपदेसेसु णंदणं तह य । तत्थ चउत्थं चेट्ठदि भूमीए भद्दसालवणं ॥ १८०९
जोयणसहस्समेक्कं मेरुगिरिंदस्स सिहरविन्थारं । एक्कत्तीससयाणिं बासट्ठी समधिया य तप्परिही ॥ १८१०

१००० । ३१६२ ।

पंडुवणे अइरम्मा समंतदो होदि दिव्वतडवेदी । चरिअट्टालयविउला[6] णाणाविहधयवडेहिं[7] संजुत्ता ॥ १८११
धुव्वंतधयवदाया रयणमया गोउराण पासादा । सुरकिण्णरमिहुणजुदा बरिहिणपहुदीहिं[8] वीहि वरसद्दा ॥ १८१२

उस पर्वतकी सातवीं परिधि नाना प्रकारके वृक्षसमूहोंसे व्याप्त और बाहरसे ग्यारह प्रकार है । मैं उन भेदोंको कहता हूं ॥ १८०४ ॥

भद्रशालवनमें नामसे भद्रशाल, मानुषोत्तर, देवरमण, नागरमण और भूतरमण, ये पांच वन हैं ॥ १८०५ ॥

नन्दनादिक वनोंमें नन्दन और उपनन्दन, सौमनस और उपसौमनस, तथा पाण्डुक और उपपाण्डुक, इसप्रकार दो दो वन हैं ॥ १८०६ ॥

वह सुमेरुपर्वत मूलमें एक हजार योजनप्रमाण वज्रमय, मध्यमें इकसठ हजार योजनप्रमाण उत्तम रत्नमय, और ऊपर अड़तीस हजार योजनप्रमाण सुवर्णमय है । इस मन्दरपर्वतके शीशपर रमणीय पाण्डु नामक वन है ॥ १८०७-१८०८ ॥

सौमनस तथा नन्दन वन मेरुपर्वतके सानुप्रदेशोंमें और चौथा भद्रशालवन भूमिपर स्थित है ॥ १८०९ ॥

मेरु महापर्वतके शिखरका विस्तार एक हजार योजन और उसकी परिधि इकतीससौ बासठ योजनसे कुछ अधिक है ॥ १८१० ॥ १००० । ३१६२ ।

पाण्डुवनमें चारों ओर मार्ग व अट्टालिकाओंसे विशाल और नाना प्रकारकी ध्वजापताकाओंसे संयुक्त ऐसी अतिरमणीय दिव्य तटवेदी है ॥ १८११ ॥

फहराती हुई ध्वजा-पताकाओंसे युक्त, सुर-किन्नर-युगलोंसे संयुक्त और मयूरप्रभृति पक्षियोंके शब्दोंसे मुखरित ऐसे गोपुरोंके रत्नमय प्रासाद हैं ॥ १८१२ ॥

....

१ द ब तत्तमया. २ द ब तब्भेदो. ३ द ब णंदणपुहणंदणं. ४ ब उवसंपड्ड°. ५ द ब °सेलरस सीसं. ६ द ब वरिअट्टालय. ७ द धयवदेहिं. ८ द पिरिहिण.

उच्छेहो बे कोसा वेदीए पणसयाणि दंडाणं । वित्थारो भुवणत्तयविम्हयसंतावजणणीए ॥ १८१३

को २ । दं ५०० ।

तीए मज्झिमभागे पंडू णामेण दिव्ववणसंडा । सेलस्स चूलियाए समंतदो दिण्णपरिवेढा ॥ १८१४

कप्पूररुक्खपउरा तमालहिंतालतालकयलिजुदा । लवलीलवंगवलिदा दाडिमपणसेहिं संछण्णा ॥ १८१५

सयवत्तिमल्लिसालाचंपयणारंगमाहुलिंगेहिं । पुण्णायणायकुज्जयअसोयपहुदीहिं कमणिज्जा ॥ १८१६

कोइलकलयलभरिदा मोराणं विविहकीडणेहिं जुदा । सुरकरिसद्दाइण्णा खेचरसुरमिहुणकीडयरा ॥ १८१७

पंडुवणे उत्तरए एदाण दिसाए होदि पंडुसिला । तह वणवेदीजुत्ता अद्धेंदुसरिच्छसंठाणा ॥ १८१८

पुव्वावरेसु जोयणसददीहा दक्खिणुत्तरस्सेसुं । पण्णासा बहुमज्झे कमहाणी तीए उभयपासेसुं ॥ १८१९

जोयणअट्ठुच्छेहो सव्वत्थं होदि कणयमइया सा । समवट्टा उवरिम्मि य वणवेदीपहुदिसंजुत्ता ॥ १८२०

चउजोयणउच्छेहं पणसयदीहं तदद्धवित्थारं । सग्गायणिआइरिया एवं भासंति पंडुसिलं ॥ १८२१

४ । ५०० । २५० ।

....

भुवनत्रयको विस्मय और संताप (?) उत्पन्न करनेवाली इस वेदीकी उंचाई दो कोस और विस्तार पांचसौ धनुषप्रमाण है ॥ १८१३ ॥ को. २ । दं. ५०० ।

उस वेदीके मध्यभागमें पर्वतकी चूलिकाको चारों ओरसे वेष्टित किये हुए पाण्डु नामक वनखंड हैं ॥ १८१४ ॥

ये वनखंड प्रचुर कर्पूर वृक्षोंसे संयुक्त, तमाल, हिंताल, ताल, और कदली वृक्षोंसे युक्त, लवली और लवंगसे वलित, दाडिम और पनस वृक्षोंसे आच्छादित, सप्तपत्री (सप्तच्छद), मल्लि, शाल, चम्पक, नारंग, मातुलिंग, पुन्नाग, नाग, कुब्जक और अशोक इत्यादि वृक्षोंसे रमणीय, कोयलोंके कल-कल शब्दसे भरे हुए, मयूरोंकी विविध क्रीड़ाओंसे युक्त, सुरकरि अर्थात् ऐरावत हाथीके उत्तम शब्दसे व्याप्त, और विद्याधर व देवयुगलोंकी क्रीड़ाके स्थल हैं ॥ १८१५-१८१७ ॥

पाण्डुवनमें इन वनखंडोंकी उत्तरदिशामें तटवनवेदीसे युक्त और अर्ध चन्द्रमाके समान आकारवाली पाण्डुकशिला है ॥ १८१८ ॥

यह पाण्डुकशिला पूर्व-पश्चिममें सौ योजन लम्बी और दक्षिण-उत्तरभागमें पचास योजन विस्तारसे सहित है। इसके बहुमध्यभागमें दोनों ओरसे क्रमशः हानि होती गई है ॥ १८१९ ॥

सर्वत्र सुवर्णमयी वह पाण्डुकशिला आठ योजन ऊंची, ऊपर समवृत्ताकार और वनवेदी आदिसे संयुक्त है ॥ १८२० ॥

यह पाण्डुकशिला चार योजन ऊंची, पांचसौ योजन लंबी और इससे आधे अर्थात् अढ़ाईसौ योजनप्रमाण विस्तारसे सहित है। इसप्रकार सग्गायणी आचार्य निरूपण करते हैं ॥ १८२१ ॥

४ । ५०० । २५० ।

....

१ द ब अवली. २ द ब पलसेहिं. ३ द ब सुरकरिवरसद्दइण्णो. ४ द ब पंडुवणं. ५ द ब होदे. ६ द ब अट्ठुच्छेहो. ७ द ब होहि.

तीए[1] बहुमज्झदेसे[2] तुंगं[3] सीहासणं विविहसोहं । सरसमयतरणिमंडलसंकासफुरंतकिरणोघं ॥ १८२२
सिंहासणस्स दोसुं पासेसुं दिव्वरयणरइदाइं । भद्दासणाइं णिब्भरफुरंतवरकिरणणिवहाणिं ॥ १८२३
पुह पुह पीढतयस्स य उच्छेहो पणसयाणि कोदंडा । तेत्तियमेत्तो मूले वासो सिहरे अ तस्सद्धं ॥ १८२४

५०० । ५०० । २५० ।

धवलादवत्तजुत्ता ते पीढा पायपीढसोहिल्ला । मंगलदव्वेहि जुदा चामरघंटापयारेहिं ॥ १८२५
सव्वे पुव्वाहिमुहा पीढवरा तिहुवणस्स विम्हयरा । एक्कमुहएक्कजीहो को सक्कइ वण्णिदुं ताणिं ॥ १८२६
भरहे खेत्ते जादं तित्थयरकुमारकं गहेदूणं । सक्कप्पहुदी इदा णिंति विभूदीए विविहाए ॥ १८२७
मेरुप्पदाहिणेणं गच्छिय सव्विंद पंडुयसिलाए[4] । उवरिं मज्झिमसिंहासणए वासंति[5] जिणणाहं ॥ १८२८
दक्खिणपीढे सक्को ईसाणिंदो वि उत्तरापीढे । बइसिय अभिसेयाइं कुव्वंति महाविसोहीए ॥ १८२९
पंडूकंबलणामा रजदमई सिहिदिसामुहम्मि सिला । उत्तरदक्खिणदीहा पुव्वावरभायवित्थिण्णा ॥ १८३०

इस पाण्डुकशिलाके बहुमध्यदेशमें विविध प्रकारकी शोभासे सहित और शरत्कालीन सूर्यमण्डलके सदृश प्रकाशमान किरणसमूहसे संयुक्त उन्नत सिंहासन स्थित है ॥ १८२२ ॥

सिंहासनके दोनों पार्श्वभागोंमें अत्यन्त प्रकाशमान उत्तम किरणसमूहसे संयुक्त एवं दिव्य रत्नोंसे रचे गये भद्रासन विद्यमान हैं ॥ १८२३ ॥

तीनों पीठोंकी उंचाई पृथक् पृथक् पांचसौ धनुष, मूलमें विस्तार भी इतना अर्थात् पांचसौ धनुष, तथा शिखरपर इससे आधा विस्तार है ॥ १८२४ ॥ ५०० । ५०० । २५० ।

पादपीठोंसे शोभायमान वे पीठ धवल छत्र व चामर-घंटादिरूप मंगलद्रव्योंसे संयुक्त हैं ॥ १८२५ ॥

वे सब पूर्वाभिमुख उत्तम पीठ तीनों लोकोंको विस्मित करनेवाले हैं । इन पीठोंका वर्णन करनेके लिये एक मुख और एक ही जिह्वासे सहित कौन समर्थ हो सकता है ? ॥ १८२६ ॥

सौधर्मादिक इन्द्र भरतक्षेत्रमें उत्पन्न हुए तीर्थंकरकुमारको ग्रहण करके विविध प्रकारकी विभूतिके साथ ले जाते हैं ॥ १८२७ ॥

सब इन्द्र मेरुकी प्रदक्षिणा करते हुए जाकर पाण्डुक शिलाके ऊपर मध्यम सिंहासनपर जिनेन्द्र भगवान्‌को विराजमान करते हैं ॥ १८२८ ॥

सौधर्मेन्द्र दक्षिण पीठपर और ईशानेन्द्र उत्तर पीठपर स्थित होकर महती विशुद्धिसे अभिषेक करते हैं ॥ १८२९ ॥

अग्निदिशामें उत्तर-दक्षिणदीर्घ और पूर्व-पश्चिमभागमें विस्तीर्ण रजतमयी पाण्डुकम्बला नामक शिला स्थित है ॥ १८३० ॥

---

१ द तीर. २ ब बहुमज्झे. ३ द ब तुंगा. ४ द ब गच्छे सव्विंद पंडुसिलाए. ५ द ब वसंति.

उच्छेहवासपहुदी पंडुसिलाए जहा तहा तीए । अवरविदेहजिणाणं अभिसेयं तत्थ कुव्वंति ॥ १८३१
णइरिदिदिसाविभागे रत्तसिला णाम होदि कणयमई । पुव्वावरेसु दीहं वित्थारो दक्खिणुत्तरे तीए ॥ १८३२
पंडुसिलासारिच्छा तीए वित्थारउदयपहुदीओ । एरावदयजिणाणं[1] अभिसेयं तत्थ कुव्वंति ॥ १८३३
पवणदिसाए होदि हु रुहिरमई रत्तकंबला णाम । उत्तरदक्खिणदीहा पुव्वावरभागवित्थिण्णा ॥ १८३४
पंडुसिलाय समाणा वित्थारुच्छेहपहुदिया तीए । पुव्वविदेहजिणाणं अभिसेयं तत्थ कुव्वंति ॥ १८३५
पुव्वदिसाए चूलियपासे पंडुगवणम्मि पासादो । लोहिदणामो वट्टो वासजुदो[2] तीसकोसाणिं[3] ॥ १८३६

३० ।

पुव्वासे[4] कोसुदओ तप्परिही णउदिकोसपरिमाणा । विविहवररयणखचिदो णाणाविहधूवगंधड्ढो ॥ १८३७
सयणाणि आसणाणिं अमिदाणिं णीरजाणि मउगाणिं[5] । वरपाससंजुदाणिं पउराणिं तत्थ चेट्ठंति ॥ १८३८
तम्मंदिरबहुमज्झे कीडणसेलो[6] विचित्तरयणमओ । सक्कस्स लोयपालो सोमो कीडेदि पुव्वदिसणाहो ॥ १८३९

उंचाई व विस्तारादिक जिसप्रकार पाण्डुकशिलाका है, उसीप्रकार उस शिलाका भी है । इस शिलाके ऊपर इन्द्र अपरविदेहके तीर्थंकरोंका अभिषेक करते हैं ॥ १८३१ ॥

नैऋत्य दिशाभागमें रक्तशिला नामक सुवर्णमयी शिला है, जो पूर्व-पश्चिममें दीर्घ और दक्षिण-उत्तरमें विस्तृत है ॥ १८३२ ॥

इसका विस्तार व उंचाई आदि पाण्डुकशिलाके सदृश हैं । यहांपर इन्द्र ऐरावतक्षेत्रमें उत्पन्न हुए तीर्थंकरोंका अभिषेक करते हैं ॥ १८३३ ॥

वायव्यदिशामें उत्तर-दक्षिणदीर्घ और पूर्व-पश्चिमभागमें विस्तीर्ण रक्तकंबला नामक रुधिरमयी शिला है ॥ १८३४ ॥

इसका विस्तार और उंचाई आदिक पाण्डुकशिलाके सदृश हैं । यहांपर इन्द्र पूर्वविदेहमें उत्पन्न हुए तीर्थंकरोंका अभिषेक करते हैं ॥ १८३५ ॥

पाण्डुकवनमें चूलिकाके पास पूर्वदिशामें तीस कोसप्रमाण विस्तारसे सहित लोहित नामक वृत्ताकार प्रासाद है ॥ १८३६ ॥ ३० ।

विविध प्रकारके उत्तम रत्नोंसे खचित और नाना प्रकारके धूपोंके गन्धसे व्याप्त यह पूर्वमुख प्रासाद एक कोस ऊंचा है, तथा इसकी परिधि नब्बै कोसप्रमाण है ॥ १८३७ ॥

उस भवनमें नीरज (निर्मल), मृदुल, उत्तम पार्श्वभागसंयुक्त एवं उत्कृष्ट अपरिमित शय्यायें व आसन स्थित हैं ॥ १८३८ ॥

इस भवनके बहुमध्यभागमें विचित्र रत्नोंसे निर्मित एक क्रीडाशैल है । इस पर्वतके ऊपर पूर्वदिशाका स्वामी, सौधर्म इन्द्रका सोम नामक लोकपाल, क्रीड़ा करता है ॥ १८३९ ॥

१ ब एराउदय. २ द ब वासजुदा. ३ द ब °कासोणं. ४ द पुण्णासे. ५ ब मउणाणि. ६ द ब °सेला.

आउट्ठकोडिआहिं[1] कप्पजइत्थीहिं परिउदो सोमो । अड्डियपणपल्लाऊ रमदि सयंपहविमाणपहू ॥ १८४०

३५०००००० । पल्ल ५/२ ।

छल्लक्खा छासट्ठी सहस्सया छस्सयाइं छासट्ठी । सोमस्स विमाणाणं सयंपहे होंति परिवारा ॥ १८४१

६६६६६६ ।

वाहणवत्थाभरणा कुसुमा गंधा विमाणसयणाइं । सोमस्स समग्गाइं होंति अदिरत्तवण्णाणिं[2] ॥ १८४२

पंडुगवणस्स मज्झे चूलियपासम्मि दक्खिणविभागे । अंजणणामो भवणो वारूप्पहुदीहिं पुव्वं व ॥ १८४३

जमणामलोयपालो[3] अंजणभवणस्स चेट्ठदे मज्झे । किण्णंबरपहुदिजुदो[4] अरिट्ठणामे पहू विमाणम्मि ॥ १८४४

छल्लक्खा छासट्ठी सहस्सया छस्सयाइ छासट्ठी । तत्थारिट्ठविमाणे होंति विमाणाणि परिवारा ॥ १८४५

६६६६६६ ।

आउट्ठकोडिसंखा कप्पजइत्थीओ णिरुवमायारा । होंति जमस्स पियाओ अड्डियपणपल्लआऊ सो[5] ॥ १८४६

३५०००००० । प ५/२ ।

अढ़ाई पल्यप्रमाण आयुसे सहित और स्वयंप्रभ विमानका प्रभु व सोम नामक लोकपाल साढ़े तीन करोड़प्रमाण कल्पवासिनी स्त्रियोंसे परिवृत होता हुआ रमण करता है ॥ १८४० ॥

कल्पज स्त्री ३५०००००० । आयु पल्य ५/२ ।

स्वयंप्रभ विमानमें सोम लोकपालके विमानोंका परिवार छह लाख छ्यासठ हजार छहसौ छ्यासठ संख्याप्रमाण है ॥ १८४१ ॥ ६६६६६६ ।

सोम लोकपालके वाहन, वस्त्र, आभरण, कुसुम, गन्धचूर्ण, विमान और शयनादिक सब अत्यन्त रक्तवर्ण होते हैं ॥ १८४२ ॥

पाण्डुकवनके मध्यमें चूलिकाके पास दक्षिणदिशाकी ओर अंजन नामक भवन है। इसका विस्तारादिक पूर्वोक्त भवनके ही समान है ॥ १८४३ ॥

अंजनभवनके मध्यमें अरिष्ट नामक विमानका प्रभु यम नामक लोकपाल कृष्ण वस्त्रादिकसे सहित होकर रहता है ॥ १८४४ ॥

वहां अरिष्टविमानके परिवारविमान छह लाख छ्यासठ हजार छहसौ छ्यासठ हैं ॥ १८४५ ॥ ६६६६६६ ।

साढ़े तीन करोड़ संख्याप्रमाण अनुपम आकारवाली कल्पवासिनी स्त्रियां यम लोकपालकी प्रियायें हैं। इस लोकपालकी आयु अर्धित पांच अर्थात् अढ़ाई पल्यप्रमाण होती है ॥ १८४६ ॥

३५०००००० । प. ५/२ ।

१ द 'कोडिलाहिं, ब 'कोडिताहिं. २ द ब हति अदिरित्त'. ३ द ब 'लोयपाला. ४ द ब पहुदिजुदा. ५ द ब सा.

पंडुगवणस्स मज्झे चूलियपासम्मि पच्छिमदिसाए । हारिद्दो पासादो वासप्पहुदीहिं पुव्वं व ॥ १८४७
वरुणो त्ति लोयपालो पासादे तत्थ चेट्ठदे णिच्चं । किंचूणतिपल्लाऊ जलपहणामे पहू विमाणम्मि ॥ १८४८
छल्लक्खा छावट्टी सहस्सया छस्सयाणि छासट्टी । परिवारविमाणाइं होंति जलप्पहविमाणस्स ॥ १८४९
६६६६६६ ।
वाहणवत्थविभूसणकुसुमप्पहुदीणि हेमवण्णाणिं । वरुणस्स होंति कप्पजपियाउ आउट्ठकोडीओ ॥ १८५०
तव्वणमज्झे चूलियपासम्मि य उत्तरे विभायम्मि । पंडुकणामो णिलओ वासप्पहुदीहिं पुव्वं व ॥ १८५१
तस्सिं कुबेरणामा पासादवरम्मि[1] चेट्ठदे देवो । किंचूणतिपल्लाऊ सामी वग्गुप्पहे विमाणम्मि ॥ १८५२
छलक्खा छावट्टी सहस्सया छस्सयाइं छासट्टी । परिवारविमाणाइं वग्गुपहे वरविमाणम्मि ॥ १८५३
६६६६६६ ।
वाहणवत्थप्पहुदी धवलो[2] उत्तरदिसाहिणाहस्स । कप्पजइत्थिपियाओ रमणी आउट्ठकोडीओ ॥ १८५४
तव्वणमज्झे चूलियपुव्वदिसाए जिणिंदपासादो । उत्तरदक्खिणदीहो कोससयं पंचहत्तरी उदओ ॥ १८५५
कोस १०० । ७५ ।

पाण्डुकवनके मध्यमें चूलिकाके पास पश्चिमदिशामें पूर्वभवनके समान व्यासादिसे सहित हारिद्र नामक प्रासाद है ॥ १८४७ ॥

उस प्रासादमें कुछ कम तीन पल्यप्रमाण आयुका धारक और जलप्रभ नामक विमानका प्रभु वरुण नामक लोकपाल नित्य ही रहता है ॥ १८४८ ॥

जलप्रभ विमानके परिवारविमान छह लाख छ्यासठ हजार छहसौ छ्यासठ संख्याप्रमाण हैं ॥ १८४९ ॥ ६६६६६६ ।

वरुण लोकपालके वाहन, वस्त्र, भूषण और कुसुमादिक सुवर्णके जैसे वर्णवाले होते हैं। तथा इसके कल्पवासिनी प्रियायें साढ़े तीन करोड़ होती हैं ॥ १८५० ॥

उस पाण्डुकवनके मध्यमें चूलिकाके पास उत्तरविभागमें पूर्वोक्त भवनके समान विस्तारादिसे सहित पाण्डुक नामक प्रासाद है ॥ १८५१ ॥

उस उत्तम प्रासादमें कुछ कम तीन पल्यप्रमाण आयुका धारक और वल्गुप्रभ विमानका प्रभु कुबेर नामक देव रहता है ॥ १८५२ ॥

वल्गुप्रभ नामक उत्तम विमानके परिवारविमान छह लाख छ्यासठ हजार छहसौ छ्यासठ संख्याप्रमाण हैं ॥ १८५३ ॥ ६६६६६६ ।

उत्तरदिशाके स्वामी उस कुबेरके वाहन-वस्त्रादिक धवल और साढ़े तीन करोड़ कल्पज स्त्रियां प्रियायें होती हैं ॥ १८५४ ॥

उस वनके मध्यमें चूलिकासे पूर्वकी ओर सौ कोसप्रमाण उत्तर-दक्षिणदीर्घ और पचत्तर कोसप्रमाण ऊंचा जिनेन्द्रप्रासाद है ॥ १८५५ ॥ कोस १०० । ७५ ।

१ द ब पासादवणम्मि. २ द ब धवलं.

पुव्वावरभाएसुं कोसा पण्णास तत्थ वित्थारो । कोसद्धं अवगाढो अकट्टिमणिहणपरिहीणो ॥ १८५६

को ५० । गा १/२ ।

एसो पुव्वाहिमुहो चउजोयण जेट्टदारउच्छेहो । दोजोयण तव्वासो वाससमाणो पवेसो य ॥ १८५७

४ । २ । २ ।

उत्तरदक्खिणभाए खुल्लयदाराणि दोण्णि चेट्ठंति । तद्दलपरिमाणाणिं वरतोरणथंभजुत्ताणिं ॥ १८५८

२ । १ । १ ।

संखेंदुकुंदधवलो मणिकिरणकलप्पणासियतमोघो । जिणवइपासादवरो तिहुवणतिलओ त्ति णामेणं ॥ १८५९

दारसरिच्छुस्सेहा वज्जकवाडा विचित्तवित्थिण्णा । जमला तेसुं सव्वे जलमरगयकक्केयणादिजुदा ॥ १८६०

विम्हयकररूवाहिं[1] णाणाविहसालभंजियाहिं जुदा । पणवण्णरयणरइदा थंभा तस्सिं[2] विरायंति ॥ १८६१

भित्तीओ विविहाओ णिम्मलवरफलिहरयणरइदाओ । चित्तेहिं[3] विचित्तेहिं विम्हयजणणेहिं जुत्ताओ ॥ १८६२

थंभाण मज्झभूमी समंतदो पंचवण्णरयणमई । तणुमणणयणाणंदणसंजणणी णिम्मला विरजा ॥ १८६३

बहुविहविदाणएहिं मुत्ताहलदामचामरजुदेहिं । वररयणभूसणेहिं संजुत्तो सो जिणिंदपासादो ॥ १८६४

यह अकृत्रिम एवं अविनाशी (अनादिनिधन) जिनेन्द्रप्रासाद पूर्व-पश्चिम भागोंमें विस्तारमें पचास योजन और अवगाहमें अर्ध कोसमात्र है ॥ १८५६ ॥ को. ५० । अवगाह १/२ ।

यह जिनभवन पूर्वाभिमुख है । इसके ज्येष्ठ द्वारकी उंचाई चार योजन, विस्तार दो योजन और प्रवेश भी विस्तारके समान दो योजनमात्र है ॥ १८५७ ॥ ४ । २ । २ ।

उत्तर-दक्षिण भागमें दो क्षुद्र द्वार स्थित हैं, जो ज्येष्ठ द्वारकी अपेक्षा अर्धभागप्रमाण उंचाई आदिसे सहित और उत्तम तोरणस्तम्भोंसे युक्त हैं ॥ १८५८ ॥ २ । १ । १ ।

शंख, चन्द्रमा अथवा कुंदपुष्पके समान धवल और मणियोंके किरणकलापसे अंधकार-समूहको नष्ट करनेवाला यह उत्तम जिनेन्द्रप्रासाद 'त्रिभुवनतिलक' नामसे विख्यात है ॥ १८५९ ॥

इन द्वारोंमें द्वारोंके समान उंचाईसे सहित और विचित्र एवं विस्तीर्ण सब युगल वज्रकपाट जलकान्त, मरकत और कर्केतनादि मणिविशेषोंसे संयुक्त हैं ॥ १८६० ॥

उस जिनेन्द्रप्रासादमें विस्मयजनक रूपवाली नाना प्रकारकी शालभंजिकाओंसे युक्त और पांच वर्णके रत्नोंसे रचे गये स्तम्भ विराजमान हैं ॥ १८६१ ॥

निर्मल एवं उत्तम स्फटिक रत्नोंसे रची गई विविध प्रकारकी भित्तियां विचित्र और विस्मय-जनक चित्रोंसे युक्त हैं ॥ १८६२ ॥

खम्भोंकी मध्यभूमि चारों ओर पांच वर्णके रत्नोंसे निर्मित, शरीर, मन एवं नेत्रोंको आनन्ददायक, निर्मल और धूलिसे रहित है ॥ १८६३ ॥

वह जिनेन्द्रप्रासाद मोतियोंकी माला तथा चामरोंसे युक्त एवं उत्तम रत्नोंसे विभूषित बहुत प्रकारके वितानोंसे संयुक्त है ॥ १८६४ ॥

---

१ द ब रूवाइं. २ द तस्सिं, ब तस्सि. ३ द ब चेत्तेहिं.

वसहीए गब्भगिहे[1] देवच्छंदो दुजोयणुच्छेहो । इगिजोयणवित्थारो चउजोयणदीहसंजुत्तो ॥ १८६५

जो २ । १ । ४ ।

सोलसकोसुच्छेहं समचउरस्सं तदद्धवित्थारं । लोयविणिच्छयकत्ता देवच्छंदं परूवेइ[2] ॥ १८६६

को १६ । ८ । पाठान्तरम् ।

लंबंतकुसुमदामो पारावयमोरकंठवण्णणिहो । मरगयपवालवण्णो कक्केयणइंदणीलमओ ॥ १८६७

चोसट्ठकमलमालो चामरघंटापयाररमणिज्जो । गोसीरमलयचंदणकालागरुधूवगंधड्ढो ॥ १८६८

भिंगारकलसदप्पणणाणाविहधयवडेहिं[3] सोहिल्लो । देवच्छंदो रम्मो जलंतवररयणदीवजुदो ॥ १८६९

अट्ठुत्तरसयसंखा जिणवरपासादमज्झभायम्मि । सिंहासणाणि तुंगा[4] सपायपीढा य फलिहमया ॥ १८७०

सिंहासणाणं[5] उवरिं जिणपडिमाओ अणाइणिहणाओ । अट्ठुत्तरसयसंखा पणसयचावाणि तुंगाओ ॥ १८७१

भिण्णिंदणीलमरगयकुंतलभूवग्गदिण्णसोहाओ । फलिहिंदणीलणिम्मिदधवलासिदणेत्तजुयलाओ ॥ १८७२

वज्जमयदंतपंतीपहाओ पल्लवसरिच्छअधराओ । हीरमयवरणहाओ पउमारुणपाणिचरणाओ ॥ १८७३

अट्ठब्भहियसहस्सप्पमाणवंजणसमूहसहिदाओ । बत्तीसलक्खणेहिं जुत्ताओ जिणेसपडिमाओ ॥ १८७४

वसतिकामें गर्भगृहके भीतर दो योजन ऊंचा, एक योजन विस्तारवाला और चार योजन-प्रमाण लम्बाईसे संयुक्त देवच्छंद है ॥ १८६५ ॥ योजन २ । १ । ४ ।

लोकविनिश्चयके कर्ता देवच्छंदको समचतुष्कोण सोलह कोस ऊंचा और इससे आधे विस्तारसे संयुक्त बतलाते हैं ॥ १८६६ ॥ को. १६ । ८ । पाठान्तर ।

यह रमणीय देवच्छंद लटकती हुई पुष्पमालाओंसे सहित, कबूतर व मोरके कण्ठगत वर्णके सदृश, मरकत व प्रवाल जैसे वर्णसे संयुक्त, कर्केतन एवं इन्द्रनील मणियोंसे निर्मित, चौसठ कमलमालाओंसे शोभायमान, नाना प्रकारके चँवर व घंटाओंसे रमणीय, गोशीर, मलयचन्दन एवं कालागरु धूपके गन्धसे व्याप्त, झारी, कलश, दर्पण व नाना प्रकारकी ध्वजा-पताकाओंसे सुशोभित और देदीप्यमान उत्तम रत्नदीपकोंसे युक्त है ॥ १८६७-१८६९ ॥

जिनेन्द्रप्रासादके मध्यभागमें पादपीठोंसे सहित स्फटिकमणिमय एकसौ आठ उन्नत सिंहासन है ॥ १८७० ॥

सिंहासनोंके ऊपर पांचसौ धनुषप्रमाण ऊंची एकसौ आठ अनादिनिधन जिनप्रतिमायें विराजमान हैं ॥ १८७१ ॥

ये जिनेन्द्रप्रतिमायें भिन्न इन्द्रनीलमणि व मरकतमणिमय कुंतल तथा भ्रुकुटियोंके अग्रभागसे शोभाको प्रदान करनेवाली, स्फटिकमणि और इन्द्रनीलमणिसे निर्मित धवल व कृष्ण नेत्रयुगलसे सहित, वज्रमय दन्तपंक्तिकी प्रभासे संयुक्त, पल्लवके सदृश अधरोष्ठसे सुशोभित, हीरेसे निर्मित उत्तम नखोंसे विभूषित, कमलके समान लाल हाथ-पैरोंसे विशिष्ट, एक हजार आठ व्यंजनसमूहसे सहित और बत्तीस लक्षणोंसे युक्त हैं ॥ १८७२-१८७४ ॥

१ द ब गब्भगिहो. २ द ब परूवेउ. ३ द ब धयवलेहिं. ४ द ब तुंगो. ५ द ब सिंहासणाणि.

जीहासहस्सजुगजुदधरणिंदसहस्सकोडिकोडीओ । ताणं ण वण्णणेसुं सक्काओ माणुसाण का सत्ती ॥ १८७५
पत्तेक्कं सव्वाणं चउसट्ठी देवमिहुणपडिमाओ । वरचामरहत्थाओ सोहंति जिणिंदपडिमाणं ॥ १८७६
छत्तत्तयादिजुत्ता पडियंकासणसमण्णिदा णिच्चं । समचउरस्सायारा जयंति जिणणाहपडिमाओ ॥ १८७७
खेयरसुररायेहिं भत्तीए णमियचलणजुगलाओ । बहुविहविभूसिदाओ जिणपडिमाओ णमंसामि ॥ १८७८
ते सव्वे उवयरणा घंटापहुदीओ तह य दिव्वाणिं । मंगलदव्वाणि पुढं जिणिंदपासेसु रेहंति ॥ १८७९
भिंगारकलसदप्पणचामरधयवियणछत्तसुपयट्ठा । अट्ठुत्तरसयसंखा पत्तेक्कं मंगला तेसुं ॥ १८८०
सिरिसुदेवीण तहा[1] सव्वाण्हसणक्कुमारजक्खाणं[2] । रूवाणि पत्तेक्कं पडि वररयणाइरइदाणिं[3] ॥ १८८१
देवच्छंदस्स पुरो णाणाविहरयणकुसुममालाओ । फुरिदंकिरणकलाओ[4] लंबंताओ[5] विरायंते ॥ १८८२
बत्तीससहस्साणिं कंचणरजदेहिं[6] णिम्मिदा विउला । सोहंति पुण्णकलसा खचिदा वररयणणियरेहिं ॥ १८८३
चउवीससहस्साणिं धूवघडा कणयरजदणिम्मविदा[7] । कप्पूरागुरुचंदणपहुदिसमुब्भूतधूवगंधड्ढा ॥ १८८४

जब सहस्रों युगलजिह्वाओंसे युक्त धरणेन्द्रोंकी सहस्रों हजार कोड़ाकोड़ियां भी उन प्रतिमाओंके वर्णन करनेमें समर्थ नहीं हो सकतीं, तब मनुष्योंकी तो शक्ति ही क्या है ॥ १८७५ ॥

सब जिनेन्द्रप्रतिमाओंमेंसे प्रत्येक प्रतिमाके समीप हाथमें उत्तम चँवरोंको लिये हुए चौंसठ देवयुगलोंकी प्रतिमायें शोभायमान हैं ॥ १८७६ ॥

तीन छत्रादिसे सहित, पल्यंकासनसे समन्वित और समचतुरस्र आकारवाली वे जिननाथ-प्रतिमायें नित्य जयवन्त हैं ॥ १८७७ ॥

जिनके चरणयुगलोंको विद्याधर और देवेन्द्र भक्तिसे नमस्कार करते हैं, उन बहुत प्रकारसे विभूषित जिनप्रतिमाओंको मैं नमस्कार करता हूं ॥ १८७८ ॥

घंटाप्रभृति वे सब उपकरण तथा दिव्य मंगलद्रव्य पृथक् पृथक् जिनेन्द्रप्रतिमाओंके पासमें सुशोभित होते हैं ॥ १८७९ ॥

भृंगार, कलश, दर्पण, चँवर, ध्वजा, बीजना, छत्र और सुप्रतिष्ठ, ये आठ मंगलद्रव्य हैं। इनमेंसे प्रत्येक वहां एकसौ आठ होते हैं ॥ १८८० ॥

प्रत्येक प्रतिमाके प्रति उत्तम रत्नादिकोंसे रचित श्रीदेवी, श्रुतदेवी तथा सर्वाह्ण व सनत्कुमार यक्षोंकी मूर्तियां रहती हैं ॥ १८८१ ॥

देवच्छंदके सन्मुख नाना प्रकारके रत्न और पुष्पोंकी मालायें प्रकाशमान किरणसमूहसे सहित लटकती हुई विराजमान हैं ॥ १८८२ ॥

सुवर्ण एवं रजतसे निर्मित और उत्तम रत्नसमूहोंसे खचित बत्तीस हजारप्रमाण विशाल पूर्ण कलश सुशोभित हैं ॥ १८८३ ॥

कर्पूर, अगुरु और चन्दनादिकसे उत्पन्न हुई धूपके गन्धसे व्याप्त और सुवर्ण एवं चांदीसे निर्मित चौबीस हजार धूपघट हैं ॥ १८८४ ॥

१ द ब सहा. २ द ब सव्वाण°. ३ ब रयदाणि. ४ द पुरिदकिरणवलीओ. ५ द ब अभंताओ. ६ द °रउदेहिं, ब रइदेहिं. ७ द कणयरजविणि°.

भिंगाररयणदप्पणबुब्बुदवरचमरचक्कयसोहं[1] ।[3] घंटापडायपउरं जिणिंदभवणं णिरूवमाणं तं[5] ॥ १८८५

जिणपासादस्स पुरो जेट्ठद्दारस्स दोसु पासेसुं । पुह चत्तारिसहस्सा लंबंते[6] रयणमालाओ ॥ १८८६

४००० ।

ताणं पि अंतरेसुं अकट्टिमाओ फुरंतकिरणादी । बारससहस्ससंखा लंबंते[7] कणयमालाओ ॥ १८८७

१२००० ।

अट्ठट्ठसहस्साणिं धूवघडा दारअग्गभूमीसुं । अट्ठट्ठसहस्साओ ताण पुरे कणयमालाओ ॥ १८८८

८००० ।

पुह खुल्लयदारेसुं ताणद्धं होंति रयणमालाओ । कंचणमालाओ तह धूवघडा कणयमालाओ ॥ १८८९

चउवीससहस्साणिं जिणपुरपुट्ठीए कणयमालाओ । ताणं च अंतरेसुं अट्ठसहस्साणि रयणमालाओ ॥ १८९०

मुहमंडवो[8] हि रम्मो जिणवरभवणस्स अग्गभागम्मि । सोलसकोसुच्छेहो सयं च पण्णासदीहवासाणिं ॥ १८९१

कोसद्धो ओगाढो[9] णाणावररयणणियरणिम्मविदो । धुव्वंतधयवडाओ किं बहुणा सो णिरुवमाणो ॥ १८९२

मुहमंडवस्स पुरदो अवलोयणमंडओ परमरम्मो । अधिया सोलसकोसा उदओ रुंदो[10] सयं सयं दीहं[11] ॥ १८९३

१६ । १०० ।

झारी, रत्नदर्पण, बुद्बुद, उत्तम चमर और चक्रसे शोभायमान तथा प्रचुर घंटा और पताकाओंसे युक्त वह जिनेन्द्रभवन अनुपम है ॥ १८८५ ॥

जिनप्रासादके सन्मुख ज्येष्ठ द्वारके दोनों पार्श्वभागोंमें पृथक् पृथक् चार हजार रत्नमालायें लटकती हैं ॥ १८८६ ॥ ४००० ।

इनके भी बीचमें प्रकाशमान किरणादिसे सहित बारह हजार अकृत्रिम सुवर्णमालायें लटकती हैं ॥ १८८७ ॥ १२००० ।

द्वारकी अग्रभूमियोंमें आठ आठ हजार धूपघट और उन धूपघटोंके आगे आठ आठ हजार सुवर्णमालायें हैं ॥ १८८८ ॥ ८००० ।

क्षुद्रद्वारोंमें पृथक् पृथक् इससे आधी रत्नमालायें, कंचनमालायें, धूपघट तथा सुवर्णमालायें हैं ॥ १८८९ ॥

जिनपुरके पृष्ठ भागमें चौबीस हजार कनकमालायें और इनके बीचमें आठ हजार रत्नमालायें हैं ॥ १८९० ॥

जिनेन्द्रभवनके अग्रभागमें सोलह कोस ऊंचा, सौ कोस लंबा और पचास कोसप्रमाण विस्तारसे युक्त रमणीय मुखमण्डप है ॥ १८९१ ॥

वह मुखमण्डप आध कोस अवगाहसे युक्त, नाना प्रकारके उत्तम रत्नसमूहोंसे निर्मित और फहराती हुई ध्वजा-पताकाओंसे सहित है। बहुत वर्णनसे क्या, वह मण्डप निरुपम है ॥ १८९२ ॥

मुखमण्डपके आगे परमरमणीय अवलोकनमंडप है, जो सोलह कोससे अधिक ऊंचा, सौ कोस विस्तृत और सौ कोस लंबा है ॥ १८९३ ॥ १६ । १०० ।

---

१ द ब ववुद॰. २ द ब कयसोहो. ३ प्रथमा पंक्तिः ब-पुस्तके नास्ति. ४ द ब घंटापिदाय॰. ५ द ब निरूवमाणाओ. ६ द ब अब्भंते. ७ द ब अब्भंते. ८ द ब मुहमंडणेहिं. ९ द ब अंगाढो. १० द ब रुंदा. ११ ब दीहिं.

णियजोगुच्छेहजुदो तप्पुरदो चेट्ठदे अधिट्ठाणो[1] । कोसासीदी वासो तेत्तियमेदस्स दीहत्तं ॥ १८९४

८० ।

तस्स बहुमज्झदेसे सभापुरं दिव्वरयणवररइदं । अधिया सोलस उदओ कोसा चउसट्ठि दीहवासाणिं ॥ १८९५

१६ । ६४ । ६४ ।

सीहासणभद्दासणवेत्तासणपहुदिविविहपीढाणिं । वररयणणिम्मिदाणिं सभापुरे परमरम्माणिं ॥ १८९६

होदि सभापुरपुरदो पीढो चालीसकोसउच्छेहो । णाणाविहरयणमओ उच्छण्णो तस्स वासउवएसो ॥ १८९७

४० को ।

पीढस्स चउदिसासुं बारस वेदीओ होंति भूमियले । वरगोउराओ तेत्तियमेत्ताओ पीढउड्ढम्मि ॥ १८९८

पीढोवरि बहुमज्झे समवट्टो चेट्ठदे रयणथूहो । वित्थारुच्छेहेहिं कमसो कोसाणि दोहिं[2] चउसट्ठी ॥ १८९९

को ६४ । ६४ ।

तत्तो वि छत्तमहिओ कणयमओ पज्जलंतमणिकिरणो । थूहो अणाइणिहणो जिणसिद्धपडिमपडिपुण्णो ॥ १९००

तस्स य पुरदो पुरदो अट्ठत्थूहा[3] सरिच्छवासादी । ताणं अग्गे दिव्वं पीढं चेट्ठेदि कणयमयं ॥ १९०१

तं रुंदायामेहिं[4] दोण्णि सया जोयणाणि पण्णासा । पीढस्स उदयमाणे[5] उवएसो अम्ह उच्छण्णो ॥ १९०२

२५० । २५० । ० ।

उसके आगे अपने योग्य उंचाईसे युक्त अधिष्ठान स्थित है। इसका विस्तार अस्सी कोस और लंबाई भी इतनी ही है ॥ १८९४ ॥ ८० ।

उसके बहुमध्यभागमें उत्तम दिव्य रत्नोंसे रचा गया सभापुर है, जिसकी उंचाई सोलह कोससे अधिक और लंबाई व विस्तार चौंसठ कोसप्रमाण है ॥ १८९५ ॥ १६ । ६४ । ६४ ।

सभापुरमें सिंहासन, भद्रासन और वेत्रासनप्रभृति विविध पीठ उत्तम रत्नोंसे निर्मित परम-रमणीय हैं ॥ १८९६ ॥

सभापुरके आगे चालीस कोस ऊंचा और नाना प्रकारके रत्नोंसे निर्मित पीठ है। इसके विस्तारका उपदेश नष्ट हो गया है ॥ १८९७ ॥ ४० ।

पीठके चारों ओर उत्तम गोपुरोंसे युक्त बारह वेदियां पृथिवीतलपर और इतनी ही पीठके ऊपर हैं ॥ १८९८ ॥

पीठके ऊपर बहुमध्यभागमें समवृत्त रत्नस्तूप स्थित है, जो क्रमसे चौंसठ कोसप्रमाण विस्तार व उंचाईसे सहित है ॥ १८९९ ॥ को. ६४ । ६४ ।

इसके भी आगे छत्रसे सहित, देदीप्यमान मणिकिरणोंसे विभूषित और जिन व सिद्ध-प्रतिमाओंसे परिपूर्ण अनादिनिधन सुवर्णमय स्तूप है ॥ १९०० ॥

इसके भी आगे समान विस्तारादिसे सहित आठ स्तूप हैं। इन स्तूपोंके आगे सुवर्णमय दिव्य पीठ स्थित है ॥ १९०१ ॥

इस पीठका विस्तार व लंबाई दोसौ पचास योजनप्रमाण है। इसकी उंचाईके प्रमाणका उपदेश हमारे लिये नष्ट हो गया है ॥ १९०२ ॥ २५० । २५० । ० ।

---

१ द ब अदिट्ठाणो. २ द ब हाणि. ३ द ब त्थूहो तस्सरिच्छ. ४ द रुंदा आयामेहिं. ५ द ब उदयमाणो.

पीढस्स चउदिसासुं बारसवेदीओ होंति भूमियले । वरगोउराओ तेत्तियमेत्ताओ पीढउडुम्मि ॥ १९०३

पीढस्सुवरिमभागे[1] सोलसगव्वूदिमेत्तउच्छेहो[2] । सिद्धत्थो णामेणं चेत्तदुमो दिव्ववरतेओ ॥ १९०४

को १६ ।

खंधुच्छेहो[3] कोसा चत्तारो बहलमेक्कगव्वूदी[4] । बारसकोसा साहादीहत्तं चेय विश्वालं ॥ १९०५

को ४ । १ । १२ । १२ ।

इगिलक्खं चालीसं सहस्सया इगिसयं च वीसजुदं । तस्स परिवाररुक्खा पीढोवरि तप्पमाणधरा[5] ॥ १९०६

१४०१२० ।

विविहवररयणसाहा[6] मरगयपत्ता य पउमरायफला । चामीयररजदमयाकुसुमजुदा सयलकालं ते ॥ १९०७

सव्वे अणाइणिहणा पुढविमया दिव्वचेत्तवररुक्खा । जीवुप्पत्तिलयाणं[7] कारणभूदा सइं भवंति ॥ १९०८

रुक्खाण चउदिसासुं पत्तेक्कं विविहरयणरइदाओ । जिणसिद्धप्पडिमाओ जयंतु चत्तारि चत्तारि ॥ १९०९

चेत्ततरूणं पुरदो दिव्वं पीढं हवेदि कणयमयं । उच्छेहदीहवासा तस्स य उच्छण्णउवएसा ॥ १९१०

पीढस्स चउदिसासुं बारस वेदी य होंति भूमियले । चरिअट्टालयगोउरदुवारतोरणविचित्ताओ ॥ १९११

पीठके चारों ओर उत्तम गोपुरोंसे युक्त बारह वेदियां भूमितलपर और इतनी ही पीठके ऊपर हैं ॥ १९०३ ॥

पीठके उपरिम भागपर सोलह कोसप्रमाण ऊंचा दिव्य व उत्तम तेजको धारण करनेवाला सिद्धार्थ नामक चैत्यवृक्ष है ॥ १९०४ ॥ को. १६ ।

चैत्यवृक्षके स्कन्धकी उंचाई चार कोस, बाहल्य एक कोस, और शाखाओंकी लंबाई व अन्तराल बारह कोसप्रमाण है ॥ १९०५ ॥ को. ४ । १ । १२ । १२ ।

पीठके ऊपर इसी प्रमाणको धारण करनेवाले एक लाख चालीस हजार एकसौ बीस इसके परिवारवृक्ष हैं ॥ १९०६ ॥ १४०१२० ।

ये वृक्ष विविध प्रकारके उत्तम रत्नोंसे निर्मित शाखाओं, मरकतमणिमय पत्तों, पद्मरागमणिमय फलों और सुवर्ण एवं चांदीसे निर्मित पुष्पोंसे सदैव संयुक्त रहते हैं ॥ १९०७ ॥

ये सब उत्तम दिव्य चैत्यवृक्ष अनादिनिधन और पृथिवीरूप होते हुए जीवोंकी उत्पत्ति और विनाशके स्वयं कारण होते हैं ॥ १९०८ ॥

इन वृक्षोंमें प्रत्येक वृक्षके चारों ओर विविध प्रकारके रत्नोंसे रचित चार चार जिन और सिद्धोंकी प्रतिमायें विराजमान हैं । ये प्रतिमायें जयवन्त होवें ॥ १९०९ ॥

चैत्यवृक्षोंके आगे सुवर्णमय दिव्य पीठ है । इसकी उंचाई, लंबाई और विस्तारादिकका उपदेश नष्ट हो गया है ॥ १९१० ॥

पीठके चारों ओर भूमितलपर मार्ग व अट्टालिकाओं, गोपुरद्वारों और तोरणोंसे विचित्र बारह वेदियां हैं ॥ १९११ ॥

---

१ द ब पीढोवरिम°. २ द ब सोलसगम्मादि°. ३ द ब खंडुच्छेहो. ४ द ब गम्मादी. ५ द ब धरो. ६ द ब सोहा. ७ द जे रुप्पंति पयाणं, ब जे रुप्पंति य भयाणं.

चउजोयणउच्छेहा उवरिं पीढस्स कणयवरखंभा । विविहमणिणियरखचिदा चामरघंटापयारजुदा ॥ १९१२
सव्वेसुं थंभेसुं महाधया विविहवण्णरमणिज्जा । णामेण महिंदधया छत्तत्तयसिहरसोहिल्ला ॥ १९१३
पुरदो महाधयाणं[2] मकरप्पमुहेहिं मुक्कसलिलाओ । चत्तारो वावीओ कमलुप्पलकुमुदछण्णाओ ॥ १९१४
पण्णासकोसवासा पत्तेयं होंति दुगुणदीहत्ता । दस कोसा अवगाढा वावीओ वेदियादिजुत्ताओ ॥ १९१५
को ५० । १०० । गा १० ।
वावीणं बहुमज्झे चेट्ठदि एक्को जिणिंदपासादो । विप्फुरिदरयणकिरणो किं बहुसो सो णिरुवमाणो ॥ १९१६
तत्तो दहाउ पुरदो पुव्वुत्तरदक्खिणेसु भागेसुं । पासादा रयणमया देवाणं कीडणा होंति ॥ १९१७
पण्णासकोसउदया कमसो पणुवीस रुंददीहत्ता । धूवघडेहिं जुत्ता ते णिलया विविहवण्णधरा ॥ १९१८
को ५० । २५ । २५ ।
वरवेदियाहिं रम्मा वरकंचणतोरणेहिं परियरिया । वरवज्जणीलमरगयणिम्मिदभित्तीहिं सोहंते ॥ १९१९
ताण भवणाण पुरदो तेत्तियमाणेण दोण्णि पासादा । धुव्वंतधयवडाया फुरंतवररयणकिरणोहा ॥ १९२०
५० । २५ । २५ ।

पीठके ऊपर विविध प्रकारके मणिसमूहसे खचित और अनेक प्रकारके चमर व घंटाओंसे युक्त चार योजन ऊंचे सुवर्णमय खम्भे हैं ॥ १९१२ ॥

सब खम्भोंके ऊपर अनेक प्रकारके वर्णोंसे रमणीय और शिखररूप तीन छत्रोंसे सुशोभित महेन्द्र नामक महाध्वजायें हैं ॥ १९१३ ॥

महाध्वजाओंके आगे मगर आदि जलजन्तुओंसे रहित जलवाली और कमल, उत्पल व कुमुदोंसे व्याप्त चार वापिकायें हैं ॥ १९१४ ॥

वेदिकादिसे सहित वापिकायें प्रत्येक पचास कोसप्रमाण विस्तारसे युक्त, इससे दुगुणी अर्थात् सौ कोस लम्बी और दश कोस गहरी हैं ॥ १९१५ ॥ को. ५० । १०० । ग. १० ।

वापियोंके बहुमध्यभागमें प्रकाशमान रत्नकिरणोंसे सहित एक जिनेन्द्रप्रासाद स्थित है। बहुत कथनसे क्या, वह जिनेन्द्रप्रासाद निरुपम है ॥ १९१६ ॥

अनन्तर वापियोंके आगे पूर्व, उत्तर और दक्षिण भागोंमें देवोंके रत्नमय क्रीड़ाभवन हैं ॥ १९१७ ॥

विविध वर्णोंको धारण करनेवाले वे भवन पचास कोस ऊंचे, क्रमसे पच्चीस कोस विस्तृत और पच्चीस ही कोस लम्बे तथा धूपघटोंसे संयुक्त हैं ॥ १९१८ ॥ को. ५० । २५ । २५ ।

उत्तम वेदिकाओंसे रमणीय और उत्तम सुवर्णमय तोरणोंसे युक्त वे भवन उत्कृष्ट वज्र, नीलमणि और मरकत मणियोंसे निर्मित भित्तियोंसे शोभायमान हैं ॥ १९१९ ॥

उन भवनोंके आगे इतने ही प्रमाणसे संयुक्त, फहराती हुई ध्वजा-पताकाओंसे सहित और प्रकाशमान उत्तम रत्नोंके किरणसमूहसे सुशोभित दो प्रासाद हैं ॥ १९२० ॥ ५०।२५।२५।

---

१ द ब °उच्छेहो. २ द ब महादहाणं.

तत्तो विचित्तरूवा पासादा दिव्वरयणणिम्मविदा । कोससयमेत्तउदया कमेण पण्णासदीहविस्थिण्णा ॥ १९२१
जे जेट्ठदारपुरदो दिव्वमुहमंडवादि कहिदा य[1] । ते खुल्लयदारेसुं हवंति अद्धप्पमाणेहिं ॥ १९२२
तत्तो परदो वेदी एदाणिं वेढिदूण[2] सव्वाणिं । चेट्ठदि चरिअट्टालयगोउरदारेहिं कणयमई ॥ १९२३
तीए परदो वरिया तुंगेहिं कणयरयणथंभेहिं । चेट्ठंति चउदिसासुं दसप्पयारा धयणिबंधा ॥ १९२४
हरिकरिवसहखगाहिवसिहिससिरविहंसकमलचक्कधया । अट्ठुत्तरसयसंखा पत्तेक्कं तेत्तिया खुल्ला ॥ १९२५
चामीयरवरवेदी एदाणिं वेढिदूणं चेट्ठेदि । विप्फुरिदरयणकिरणा चउगोउरदाररमणिज्जा ॥ १९२६
बे कोसाणिं तुंगा[3] वित्थारेणं धणूणि पंचसया । विप्फुरिदधयवदाया[4] फडिहमयाणेयवरभित्ती ॥ १९२७

को २ । दं ५०० ।

तीए परदो दसविहकप्पतरू ते समंतदो होंति । जिणभवणेसुं तिहुवणविम्हयजणणेहिं रूवेहिं ॥ १९२८
गोमेदयमयखंधा कंचणमयकुसुमणियररमणिज्जा । मरगयमयपत्तधरा विद्दुमवेरुलियपउमरायफला ॥ १९२९
सव्वे अणाइणिहणा अकट्टिमा कप्पपायवपयारा । मूलेसु चउदिसासुं चत्तारि जिणिंदपडिमाओ ॥ १९३०

इसके आगे सौ कोस ऊंचे और क्रमसे पचास कोस लंबे-चौड़े, दिव्य रत्नोंसे निर्मित विचित्र रूपवाले प्रासाद हैं ॥ १९२१ ॥

ज्येष्ठ द्वारके आगे जो दिव्य मुखमण्डपादिक कहे जा चुके हैं, वे आधे प्रमाणसे सहित क्षुद्रद्वारोंमें भी हैं ॥ १९२२ ॥

इसके आगे मार्ग, अट्टालिकाओं और गोपुरद्वारोंसे सहित सुवर्णमयी वेदी इन सबको वेष्टित करके स्थित है ॥ १९२३ ॥

इस वेदीके आगे चारों दिशाओंमें सुवर्ण एवं रत्नमय उन्नत खम्भोंसे सहित दश प्रकारकी श्रेष्ठ ध्वजपंक्तियां स्थित हैं ॥ १९२४ ॥

सिंह, हाथी, बैल, गरुड़, मोर, चन्द्र, सूर्य, हंस, कमल और चक्र, इन चिह्नोंसे युक्त ध्वजाओंमेंसे प्रत्येक एकसौ आठ और इतनी ही क्षुद्रध्वजायें हैं ॥ १९२५ ॥

प्रकाशमान रत्नकिरणोंसे संयुक्त और चार गोपुरद्वारोंसे रमणीय सुवर्णमय उत्तम वेदी इनको वेष्टित करके स्थित है ॥ १९२६ ॥

यह वेदी दो कोस ऊंची, पांचसौ धनुष चौड़ी, फहराती हुई ध्वजा-पताकाओंसे सहित और स्फटिक मणिमय अनेक उत्तम भित्तियोंसे संयुक्त है ॥ १९२७ ॥ को. २ । दं. ५०० ।

इसके आगे जिनभवनोंमें चारों ओर तीनों लोकोंको आश्चर्य उत्पन्न करनेवाले स्वरूपसे संयुक्त वे दश प्रकारके कल्पवृक्ष हैं ॥ १९२८ ॥

सब प्रकारके कल्पवृक्ष गोमेदमणिमय स्कन्धसे सहित, सुवर्णमय कुसुमसमूहसे रमणीय, मरकतमणिमय पत्तोंको धारण करनेवाले, मूंगा, नीलमणि एवं पद्मरागमणिमय फलोंसे संयुक्त, अकृत्रिम और अनादिनिधन हैं । इनके मूलमें चारों ओर चार जिनेन्द्रप्रतिमायें विराजमान हैं ॥ १९२९-१९३० ॥

---

१ ब मुहसंदवादिकहिदा ये. २ द ब वेदिदूण. ३ द ब तुंगो. ४ ब धयवदेहा.

तप्फलिहवीहिमज्झे वेरुलियमयाणि माणथंभाणिं । वीहिं पडि पत्तेयं विचित्तरूवाणि रेहंति ॥ १९३१
चामरघंटाकिंकिणिकेतणपहुदीहिं उवरि संजुत्ता । सोहंति माणथंभा चउवेदीदारतोरणेहिं जुदा ॥ १९३२
ताणं मूले उवरिं जिणिंदपडिमाओ चउदिसंतेसुं । वररयणणिम्मिदाओ जयंतु जयथुणिदचरिदाओ ॥ १९३३
कप्पमहिं परिवेढिय साला वररयणणियरणिम्मविदो । चेट्ठदि चरियट्टालयणाणाविहधयवडाडोवा ॥ १९३४
चूलियदक्खिणभाए पच्छिमभायम्मि उत्तरविभागे । एक्केक्कं जिणभवणं पुव्वम्हि व वण्णणेहिं जुदं ॥ १९३५
एवं संखेवेणं पंडुगवणवण्णणाओ भणिदाओ । वित्थारवण्णणेसुं सक्को वि ण सक्कदे तस्स ॥ १९३६
पंडुगवणस्स हेट्ठे छत्तीससहस्सजोयणा गंतुं । सोमणसं णाम वणं मेरुं परिवेढिदूण चेट्ठेदे ॥ १९३७

३६००० ।

पणसयजोयणरुंदं चामीयरवेदियाहिं परियरियं । चउगोउरसंजुत्तं खुल्लयदारेहिं रमणिज्जं ॥ १९३८
चत्तारि सहस्साणिं बाहत्तरिजुत्तदुसयजोयणया । एक्करसहिदट्ठकला विक्खंभो बाहिरो तस्स ॥ १९३९

४२७२ । ८ ।
११

उन स्फटिकमणिमय वीथियोंके मध्यमेंसे प्रत्येक वीथीके प्रति विचित्र रूपवाले वैडूर्यमणिमय मानस्तम्भ सुशोभित हैं ॥ १९३१ ॥

चार वेदीद्वार और तोरणोंसे युक्त ये मानस्तम्भ ऊपर चँवर, घंटा, किंकिणी और ध्वजा इत्यादिसे संयुक्त होते हुए शोभायमान होते हैं ॥ १९३२ ॥

इन मानस्तम्भोंके नीचे और ऊपर चारों दिशाओंमें विराजमान, उत्तम रत्नोंसे निर्मित और जगसे कीर्तित चरित्रसे संयुक्त जिनेन्द्रप्रतिमायें जयवन्त होवें ॥ १९३३ ॥

मार्ग व अट्टालिकाओंसे युक्त, नाना प्रकारकी ध्वजा-पताकाओंके आटोपसे सुशोभित, और श्रेष्ठ रत्नसमूहसे निर्मित कोट इस कल्पमहीको वेष्टित करके स्थित है ॥ १९३४ ॥

चूलिकाके दक्षिण, पश्चिम, और उत्तरभागमें भी पूर्वदिशावर्ती जिनभवनके समान वर्णनोंसे संयुक्त एक एक जिनभवन है ॥ १९३५ ॥

इसप्रकार यहां संक्षेपसे पाण्डुकवनका वर्णन किया गया है। उसका विस्तारसे वर्णन करनेके लिये तो इन्द्र भी समर्थ नहीं होसकता है ॥ १९३६ ॥

पाण्डुकवनके नीचे छत्तीस हजार योजन जाकर सौमनस नामक वन मेरुको वेष्टित करके स्थित है ॥ १९३७ ॥ ३६००० ।

यह सौमनस वन पांचसौ योजनप्रमाण विस्तारसे सहित, सुवर्णमय वेदिकाओंसे वेष्टित, चार गोपुरोंसे संयुक्त और क्षुद्रद्वारोंसे रमणीय है ॥ १९३८ ॥

उसका बाह्यविस्तार चार हजार दोसौ बहत्तर योजन और ग्यारहसे भाजित आठ कलाप्रमाण है ॥ १९३९ ॥ ४२७२ $\frac{8}{11}$ ।

१ द तप्पलिहि°. २ द ब णिम्मविदो. ३ द ब वण्णणाणि. ४ ब °हिद अट्ठ°.

तेरससहस्सजुत्ता पंच सया जोयणाणि एक्करसं । एक्करसहि हिदछंसा सोमणसे परिरयपमाणं ॥ १९४०

१३५११ । ६/११ ।

सोमणसं करिकेसरितमालहिंतालकदलिबकुलेहिं । लवलीलवंगचंपयपणसप्पहुदीहिं तं छण्णं ॥ १९४१

सुरकोकिलमहुररवं मोरादिविहंगमेहिं रमणिज्जं । खेयरसुरमिहुणेहिं संकिण्णं विविहवाविजुदं ॥ १९४२

तम्मि वणे पुव्वादिसु मंदरपासे पुराइ चत्तारिं । वज्जं वज्जपहक्खं सुवण्णणामं सुवण्णपहं ॥ १९४३

पंडुवणपुराहिंतो एदाणिं वासपहुदिदुगुणाणिं । वररयणविरइदाइं कालागरुधूवसुरहीणिं ॥ १९४४

तं चेव लोयपाला तेत्तियमेत्ताहिं सुंदरीहिं जुदा । एदाणं मज्झेसुं विविहविणोदेण कीडंति ॥ १९४५

उप्पलगुम्मा णलिणा उप्पलणामा य उप्पलुज्जलया । तव्वणअग्गिदिसाए पोक्खरणीओ हवंति चत्तारि ॥१९४६

पणवीसद्धियरुंदा रुंदादो दुगुणजोयणायामा । पणजोयणावगाढा पत्तेक्कं ताओ सोहंति ॥ १९४७

२५/२ । २५ । ५ ।

जलयरचत्तजलोहा वरवेदीतोरणेहिं परियरिया । कद्दमरहिदा ताओ हीणाओ हाणिवड्डीहिं ॥ १९४८

सौमनसवनकी परिधिका प्रमाण तेरह हजार पांचसौ ग्यारह योजन और ग्यारहसे भाजित छह अंशप्रमाण है ॥ १९४० ॥ १३५११ $\frac{6}{11}$ ।

यह सौमनस वन नागकेशर, तमाल, हिंताल, कदली, बकुल, लवली, लवंग, चम्पक और कटहलप्रभृति वृक्षोंसे व्याप्त, सुरकोयलोंके मधुर शब्दोंसे मुखरित, मोर आदि पक्षियोंसे रमणीय, विद्याधर व देवयुगलोंसे संकीर्ण और विविध प्रकारकी वापियोंसे युक्त है ॥ १९४१-१९४२ ॥

इस वनके भीतर मन्दरके पास पूर्वादिक दिशाओंमें वज्र, वज्रप्रभ, सुवर्ण और सुवर्णप्रभ नामक चार पुर हैं ॥ १९४३ ॥

ये पुर पाण्डुकवनके पुरोंकी अपेक्षा दुगुणे विस्तारादिसे सहित, उत्तम रत्नोंसे विरचित और कालागरु धूपकी सुगन्धसे व्याप्त हैं ॥ १९४४ ॥

इन पुरोंके मध्यमें वे ही (पूर्वोक्त) लोकपाल उतनी ही सुन्दरियोंसे युक्त होकर नाना प्रकारके विनोदसे क्रीड़ा करते है ॥ १९४५ ॥

उस वनकी आग्नेयदिशामें उत्पलगुल्मा, नलिना, उत्पला नामक और उत्पलोज्वला, ये चार पुष्करिणी हैं ॥ १९४६ ॥

वे प्रत्येक पुष्करिणी पचीसके आधे (साढ़े बारह) योजनप्रमाण विस्तारसे सहित, विस्तारकी अपेक्षा दूनी लंबी और पांच योजनमात्र गहराईसे संयुक्त होती हुई शोभायमान होती हैं ॥ १९४७ ॥ विस्तार $\frac{25}{2}$ । आयाम २५ । अवगाह ५ ।

वे पुष्करिणी जलचर जीवोंसे रहित जलसमूहको धारण करनेवाली, उत्तम वेदी व तोरणोंसे वेष्टित, कीचड़से रहित और हानि-वृद्धिसे हीन हैं ॥ १९४८ ॥

१ द एकरसहिदो छंसा, ब एकरसहिं छंसा. २ द वज्जपहक्खं जमहक्खं सुव्वणं णाम सुव्वणपहं, ब वज्जपहक्ख जमहक्खं णाम सुव्वणपहं. ३ द ब लोयपालो. ४ द ब जोयणावगाढो.

पोक्खरणीणं मज्झे सक्कस्स हवे विहारपासादो । पणघणकोसुत्तुंगो तद्दलरुंदो[1] णिरुवमाणो ॥ १९४९
एक्कं कोसं गाढो सो णिलओ विविहकेदुकमणिज्जो । तस्सायामपमाणे[2] उवएसो णत्थि अम्हाणं ॥ १९५०
सीहासणमइरम्मं सोहम्मिंदस्स भवणमज्झम्मि । तस्स य चउसु दिसासुं चउपीढा लोयपालाणं ॥ १९५१
सोहम्मिंदासणदो दक्खिणभायम्मि कणयणिम्मविदं । सिंहासणं विरायदि मणिगणखचिदं पडिंदस्स ॥१९५२
सिंहासणस्स पुरदो अट्ठाणं होंति अग्गमहिसीणं । बत्तीससहस्साणि वियाण पवराइं पीढाइं ॥ १९५३

३२००० ।

पवणीसाणदिसासुं पासे सीहासणस्स चुलसीदी । लक्खाणिं वरपीढा भवंति सामाणियसुराणं ॥ १९५४

८४००००० ।

तस्सग्गिदिसाभाए बारसलक्खाणि पढमपरिसाए । पीढाणि होंति कंचणरइदाणिं रयणखचिदाणिं ॥ १९५५

१२००००० ।

दक्खिणदिसाविभागे मज्झिमपरिसामराण पीढाणिं । कंचणरयणमयाणिं चोद्दसलक्खप्पमाणाणिं ॥ १९५६

१४००००० ।

णइरिदिदिसाविभागे बाहिरपरिसामराण पीढाणिं । कंचणरयणमयाणिं सोलसलक्खाणि चेट्ठंति ॥ १९५७

१६००००० ।

पुष्करिणियोंके बीचमें पांचके घन अर्थात् एकसौ पच्चीस कोस ऊंचा और इससे आधे विस्तारवाला सौधर्म इन्द्रका अनुपम विहारप्रासाद है ॥ १९४९ ॥

वह प्रासाद एक कोस गहरा और विविध प्रकारकी ध्वजाओंसे रमणीय है। उसकी लंबाईके प्रमाणका उपदेश हमारे पास नहीं है ॥ १९५० ॥

भवनके मध्यमें अतिरमणीय सौधर्म इन्द्रका सिंहासन और इसके चारों ओर चार सिंहासन लोकपालोंके है ॥ १९५१ ॥

सौधर्म इन्द्रके आसनसे दक्षिणभागमें सुवर्णसे निर्मित और मणिसमूहसे खचित प्रतीन्द्रका सिंहासन विराजमान है ॥ १९५२ ॥

सिंहासनके आगे आठ अग्रमहिषियोंके सिंहासन होते है। इसके अतिरिक्त बत्तीस हजार प्रवर पीठ जानना चाहिये ॥ १९५३ ॥ ३२००० ।

सिंहासनके पास वायव्य और ईशान दिशामें चौरासी लाख सामानिक देवोंके उत्तम आसन है ॥ १९५४ ॥ ८४००००० ।

उस सिंहासनके अग्निदिशाभागमें सुवर्णसे रचित और रत्नोंसे खचित बारह लाख प्रथम पारिषद देवोंके आसन है ॥ १९५५ ॥ १२००००० ।

दक्षिणदिशाभागमें मध्यम पारिषद देवोंके सुवर्ण एवं रत्नमय चौदह लाखप्रमाण आसन है ॥ १९५६ ॥ १४००००० ।

नैऋत्यदिशाविभागमें बाह्य पारिषद देवोंके सुवर्ण एवं रत्नमय सोलह लाखप्रमाण आसन स्थित हैं ॥ १९५७ ॥ १६००००० ।

१ द ब 'कोसुत्तुंगा तद्दलरुंदा. २ द ब 'पमाणं.

तत्थ य दिसाविभागे तेत्तीससुराण होंति तेत्तीसा । वरपीढाणि णिरंतरफुरंतमणिकिरणणियराणिं ॥ १९५८

३३ ।

सिंहासणस्स पच्छिमभागे चेट्ठंति सत्त पीढाणिं । छक्कं महत्तराणं महत्तरीए हवे एक्कं ॥ १९५९

७ ।

सिंहासणस्स चउसु वि दिसासु चेट्ठंति अंगरक्खाणं । चउरासीदिसहस्सा पीढाणि विचित्तरूवाणिं ॥ १९६०

८४००० ।

सिंहासणम्मि तस्सिं पुव्वमुहे पइसिदूण सोहम्मो । विविहविणोदेण जुदो पेच्छइ सेवागदे देवे[1] ॥ १९६१

भिंगा भिंगणिहक्खा[2] कज्जलया कज्जलप्पहा तत्थ । णइरिदिदिसाविभागे पुव्वपमाणादिवावीओ ॥ १९६२

चउवावीमज्झपुरे[3] सोहम्मो भत्तिउवगदे देवे । पेच्छइ अत्थाणिरदे[4] चामरछत्तादिपरियरिदो ॥ १९६३

सिरिभद्दा सिरिकंता सिरिमहिदा मरुदिसाए सिरिणिलया । पुक्खरणीओ होंति हु तेसिं मज्झम्मि पासादो[5] ॥ १९६४

तस्सिं पासादवरे ईसाणिंदो सुहाणि भुंजेदि । बहुछत्तचमरजुत्तो विविहविणोदेण कीडंतो ॥ १९६५

णलिणा य णलिणगुम्मा[6] कुमुदा कुमुदप्पह त्ति वावीओ । ईसाणदिसाभाए तेसुं मज्झम्मि पासादो ॥ १९६६

उसी दिशाविभागमें त्रायस्त्रिंशदेवोंके निरंतर प्रकाशमान मणिकिरणसमूहसे सहित तेतीस उत्तम आसन हैं ॥ १९५८ ॥ ३३ ।

सिंहासनके पश्चिमभागमें महत्तरोंके छह और महत्तरीका एक, इसप्रकार सात आसन स्थित हैं ॥ १९५९ ॥ ७ ।

सिंहासनके चारो तरफ अंगरक्षक देवोंके विचित्र रूपवाले चौरासी हजार आसन स्थित हैं ॥ १९६० ॥ ८४००० ।

सौधर्मइन्द्र उस पूर्वाभिमुख सिंहासनपर प्रवेश करके (आरूढ़ होकर) विविध प्रकारके विनोदसे युक्त होता हुआ सेवार्थ आये हुए देवोंकी ओर देखता है ॥ १९६१ ॥

सौमनसवनके भीतर नैऋत्यदिशाविभागमें भृंगा, भृंगनिभा, कज्जला और कज्जलप्रभा, ये चार वापिकायें पूर्व वापिकाओंके समान प्रमाणादिसे संयुक्त हैं ॥ १९६२ ॥

इन चार वापिकाओंके मध्यमें स्थित पुरमें (भवनमें) चँवर-छत्रादिसे वेष्टित सौधर्मइन्द्र भक्तिसे समीप आये हुए व आस्था अर्थात् आदरमें निरत देवोंको देखता है ॥ १९६३ ॥

वायव्यदिशामें श्रीभद्रा, श्रीकान्ता, श्रीमहिता और श्रीनिलया, ये चार पुष्करिणी तथा उनके मध्यमें प्रासाद है ॥ १९६४ ॥

उस उत्कृष्ट भवनमें बहुत छत्र एवं चँवरोंसे युक्त ईशानेन्द्र विविध प्रकारके विनोदसे क्रीड़ा करता हुआ सुखोंको भोगता है ॥ १९६५ ॥

ईशानदिशाभागमें नलिना, नलिनगुल्मा, कुमुदा और कुमुदप्रभा, ये चार वापियां हैं और उनके मध्यमें प्रासाद है ॥ १९६६ ॥

१ द ब देवइ. २ द ब भिंगारभिगणिहिक्खा. ३ द ब °पुरी. ४ द ब अत्थाणिरिदा. ५ द ब पासादा. ६ द ब णलिणगुव्वं.

तस्सिं पासादवरे ईसाणिंदो सुहेण कीडेदि । सव्वा विवण्णणा[1] वि हु सोहम्मस्सेव वत्तव्वा ॥ १९६७

सोमणसब्भंतरए पुव्वादिचउदिसासु चत्तारो । पुव्वं व सयलवण्णणवित्थारो तेसु णादव्वो ॥ १९६८

पत्तेक्कं जिणमंदिरसालाणं बाहिरम्मि चेट्ठंति । दोपासेसुं दोद्दो कूडा णामा वि ताण इमे ॥ १९६९

णदणणामा मंदरणिसहहिमा रजदरुजगणामा य । सायरचित्ता वज्जो पुव्वादिकमेण अक्खादा[2] ॥ १९७०

पणवीसब्भहियसयं वासो[3] सिहरम्मि दुगुणिदो[4] मूले । मूलसमो उच्छेहो पत्तेक्कं ताण कूडाणं ॥ १९७१

१२५ । २५० । २५० ।

कूडाणं मूलोवरिभागेसुं वेदियाओ दिव्वाओ । वररयणविरइदाओ पुव्वं पिव वण्णणजुदाओ ॥ १९७२

कूडाण उवरिभागे चउवेदीतोरणेहिं रमणिज्जा । णाणाविहपासादा चेट्ठंते णिरुवमायारा ॥ १९७३

पण्णरससया दंडा उदओ रुंदं पि कोसचउभागो । तद्दुगुणं दीहत्तं पुह पुह सव्वाण भवणाणं ॥ १९७४

१५०० । को $\frac{1}{4}$ । $\frac{1}{2}$ ।

इस उत्तम भवनमें ईशानेन्द्र सुखसे क्रीड़ा करता है। यहां सब विवर्णन सौधर्मइन्द्रके समान ही कहना चाहिये ॥ १९६७ ॥

सौमनसवनके भीतर पूर्वादिक चारों दिशाओंमें चार [जिनमन्दिर] हैं। इनका सम्पूर्ण वर्णनविस्तार पूर्वके ही समान जानना चाहिये ॥ १९६८ ॥

प्रत्येक जिनमदिरसम्बन्धी कोटोंके बाहिर दोनों पार्श्वभागोंमें जो दो दो कूट स्थित हैं उनके नाम ये हैं— नन्दन, मन्दर, निषध, हिमवान्, रजत, रुचक, सागरचित्र और वज्र। ये कूट पूर्वादिक्रमसे कहे गये हैं ॥ १९६९-१९७० ॥

उन प्रत्येक कूटोंका विस्तार शिखरपर एकसौ पच्चीस योजन और मूलमें इससे दुगुणा है। मूलविस्तारके समान ही उंचाई भी दोसौ पचास योजनप्रमाण है ॥ १९७१ ॥

शिखरव्यास १२५ । मूलव्यास २५० । उत्सेध २५० ।

कूटोंके मूल व उपरिम भागोंमें उत्तम रत्नोंसे रचित और पूर्वके समान वर्णनसे सहित दिव्य वेदिया हैं ॥ १९७२ ॥

कूटोंके ऊपरीभागमें चार वेदीतोरणोंसे रमणीय अनुपम आकारवाले नाना प्रकारके प्रासाद स्थित हैं ॥ १९७३ ॥

सब भवनोंकी उंचाई पृथक् पृथक् पन्द्रहसौ धनुष, विस्तार एक कोसका चतुर्थ भाग और दीर्घता इससे दुगुणी अर्थात् आध कोसप्रमाण है ॥ १९७४ ॥

उत्सेध ध. १५०० । विस्तार को. $\frac{1}{4}$ । दीर्घता $\frac{1}{2}$ ।

१ ब सव्वाणि वण्णणा. २ द अक्खदा. ३ द ब वासा. ४ द ब दुगुणिदे

वासो पणघणकोसा तद्दुगुणा मंदिराणं[1] उच्छेहो । लोयविणिच्छयकत्ता एवं माणे णिरूवेदि ॥ १९७५

१२५ । २५० । [पाठान्तरम् ।]

कूडेसुं देवीओ कण्णकुमारीओ दिव्वरूवाओ । मेघंकरमेघवदी सुमेघया मेघमालिणी तुरिमा ॥ १९७६

तोअंधरा विचित्ता पुप्फयमाला[2] यणिंदिदा चरिमा । पुव्वादिसु कूडेसुं कमेण चेट्ठंति एदाओ ॥ १९७७

बलभद्दणामकूडो ईसाणदिसाए तव्वणे होदि । जोयणसयमुत्तुंगो मूलम्मि य तत्तिओ वासो ॥ १९७८

१०० । १०० ।

पण्णासजोयणाइं सिहरे कूडस्स वासवित्थारो । मुहभूमीमिलिदद्धं मज्झिमवित्थार[3]परिमाणं ॥ १९७९

एस बलभद्दकूडो सहस्सजोयणपमाणउच्छेहो । तेत्तियरुंदपमाणो दिणयरबिंबं व समवट्टो ॥ १९८०

१००० । १००० ।

सोमणसस्स य वासं णिस्सेसं रुंभिदूण सो सेलो । पंचसयजोयणाइं तत्तो रुंभेदि याकासं ॥ १९८१

दसविंदं भूवासो पंचसया जोयणाणि मुहवासो । एवं लोयविणिच्छयमग्गायणिए[मु]द्दिरिदि ॥ १९८२

१००० । ५०० । पाठान्तरम् ।

मन्दिरोंका विस्तार पांचके घन अर्थात् एकसौ पच्चीस कोसप्रमाण और उंचाई इससे दुगुणी है । इसप्रकार लोकविनिश्चयके कर्ता इनके प्रमाणका निरूपण करते हैं ॥ १९७५ ॥

व्यास १२५ । उत्सेध २५० । [पाठान्तर]

पूर्वादिक कूटोंपर क्रमसे मेघंकरा, मेघवती, सुमेघा, चतुर्थ मेघमालिनी, तोयंधरा, विचित्रा, पुष्पमाला और अन्तिम अनिन्दिता, इसप्रकार ये दिव्य रूपवाली कन्याकुमारी देवियां स्थित हैं ॥ १९७६-१९७७ ॥

सौमनसवनके भीतर ईशानदिशामें एकसौ योजनप्रमाण ऊंचा और मूलमें इतने ही विस्तारवाला बलभद्र नामक कूट है ॥ १९७८ ॥ उत्सेध १०० । व्यास १०० ।

उस कूटका विस्तार शिखरपर पचास योजन और मध्यमें मुख एवं भूमिके सम्मिलित विस्तारप्रमाणसे आधा है ॥ १९७९ ॥

यह बलभद्रकूट हजार योजनप्रमाण ऊंचा और इतने ही विस्तारप्रमाणसे सहित होता हुआ सूर्यमण्डलके समान समवृत्त है ॥ १९८० ॥ उत्सेध १००० । विस्तार १००० ।

वह शैल सौमनसवनके सम्पूर्ण विस्तारको रोककर पुनः पांचसौ योजनप्रमाण आकाशको रोकता है ॥ १९८१ ॥

उसका भूविस्तार दशके घनरूप अर्थात् एक हजार योजन और मुखविस्तार पांचसौ योजनप्रमाण है । इसप्रकार लोकविनिश्चय व मग्गायणीमें कहते हैं ॥ १९८२ ॥

१००० । ५०० । पाठान्तर ।

१ द ब मंदराण. २ द ब पुप्फयमाली. ३ द ब वित्थारस्स.

मूलोवरि सो कूडो चउवेदीतोरणेहि संजुत्तो । उवरिमभाए तस्स य पासादा विविहरयणमया ॥ १९८३
मंदिरसेलाहिवई[1] बलभद्दो णाम वेंतरो देवो । अच्छदि[2] तेसु पुरेसुं बहुपरिवारेहि संजुत्तो ॥ १९८४
तिण्णि सहस्सा दुसया बाहत्तरि जोयणाणि अट्ठकला । एक्करसहिदा वासो[3] सोमणसब्भंतरे होदि ॥ १९८५

३२७२ । ८ ।
११

दस य सहस्सा तिसया उणवण्णा जोयणाणि बेयंसा । एक्करसहिदा[4] परिही सोमणसब्भंतरे भागे ॥ १९८६

१०३४९ । २ ।
११

एवं संखेवेणं सोमणसं वरवणं मए भणिदं । वित्थारवण्णणासुं तस्स ण सक्केदि सक्को[5] वि ॥ १९८७
पचसएहि जुत्ता बासट्ठिसहस्सजोयणा गंतुं । सोमणसादो हेट्ठे होदि वणं णंदणं णाम ॥ १९८८

६२५०० ।

पणसयजोयणरुंदं चामीयरवेदियाहिं परियरियं[6] । चउतोरणदारजुदं खुल्लयदारेहि णंदणं णाम ॥ १९८९

५०० ।

णव य सहस्सा णवसयचउवण्णा जोयणाइं छब्भागा । एक्करसेहि हिदा[7] णं णंदणबाहिरए होदि विक्खंभो ॥ १९९०

९९५४ । ६ ।
११

वह कूट मूलमें व ऊपर चार वेदीतोरणोंसे संयुक्त है । उसके उपरिम भागपर विविध रत्नमय प्रासाद हैं ॥ १९८३ ॥

मन्दिर और शैलका अधिपति बलभद्र नामक व्यन्तरदेव उन पुरोंमें बहुत परिवारसे संयुक्त होकर रहता है ॥ १९८४ ॥

सौमनसवनके अभ्यन्तर भागमें तीन हजार दोसौ बहत्तर योजन और ग्यारहसे भाजित आठ कलामात्र विस्तार है ॥ १९८५ ॥ ३२७२$\frac{8}{11}$ ।

सौमनसवनके अभ्यन्तर भागमें परिधिका प्रमाण दश हजार तीनसौ उनचास योजन और ग्यारहसे भाजित दो भागमात्र है ॥ १९८६ ॥ १०३४९$\frac{2}{11}$ ।

इसप्रकार मैंने संक्षेपमें सौमनस नामक उत्तम वनका वर्णन किया है । उसका विस्तार-पूर्वक वर्णन करनेके लिये तो इन्द्र भी समर्थ नहीं है ॥ १९८७ ॥

बासठ हजार पांचसौ योजनप्रमाण सौमनसवनके नीचे जाकर नन्दन नामक वन है ॥ १९८८ ॥ ६२५०० ।

यह नन्दनवन पांचसौ योजनप्रमाण विस्तारसे सहित, सुवर्णमय वेदिकाओंसे वेष्टित तथा क्षुद्रद्वारोंके साथ चार तोरणद्वारोंसे संयुक्त है ॥ १९८९ ॥ ५०० ।

नन्दनवनके बाह्य भागमें नौ हजार नौसौ चौवन योजन और ग्यारहसे भाजित छह भाग-मात्र विस्तार है ॥ १९९० ॥ ९९५४$\frac{6}{11}$ ।

१ द ब हिवही. २ द ब अच्छहि. ३ द ब वासा. ४ द ब एक्कारसहिद. ५ द सक्काओ, ब सक्काऊ. ६ द ब परियरिया ७ द ब एक्करसेहिदा.

एक्कत्तीससहस्सा चउस्सया जोयणाउ उणसीदी । णंदणवणस्स परिही बाहिरभागम्मि अदिरित्ता ॥ १९९१

३१४७९ ।

अट्ठसहस्सा णवसयचउवण्णा जोयणाणि छब्भागा । एक्करसहिदा[1] वासो णंदणवणविरहिदो होदि ॥ १९९२

८९५४ । $\frac{६}{११}$ ।

अट्ठावीससहस्सा तिसया सोलसजुदा य अट्ठकला । एक्करसहिदा परिही णंदणवणविरहिदो अधिया ॥ १९९३

२८३१६ । $\frac{८}{११}$ ।

माणं मि चारणक्खो[2] णिलया गंधव्वचेत्तणामा य । णंदणवणम्मि मंदरपासे चत्तारि पुव्वादी ॥ १९९४

विक्खंभायामेहिं णंदणभवणाणि होंति दुगुणाणिं । सोमणसपुराहिंतो पुव्वं पि वण्णणजुदाणिं ॥ १९९५

सक्कस्स लोयपाला[3] सोमप्पहुदी वसंति एदेसुं । तेत्तियदेवीहिं[4] जुदा बहुविहकीडाउ कुणमाणा[5] ॥ १९९६

बलभद्दणामकूडो ईसाणदिसाए णंदणवणम्मि । तस्सुच्छेहप्पहुदी सरिसा सोमणसकूडेणं ॥ १९९७

जिणमंदिरकूडाणं वावीपासाददेवदाणं च । णामाइं विण्णासो सोहम्मीसाणदिसविभागो य ॥ १९९८

इयपहुदि णंदणवणे सोमणसवणं व होदि णिस्सेसं । णवरि विसेसो एक्को वासप्पमुहाणि दुगुणाणिं ॥ १९९९

नन्दनवनके बाह्य भागमें परिधिका प्रमाण इकतीस हजार चारसौ उन्यासी योजनसे अधिक है ॥ १९९१ ॥ ३१४७९ ।

नन्दनवनसे रहित मेरुका विस्तार आठ हजार नौसौ चौवन योजन और ग्यारहसे भाजित छह भागप्रमाण है ॥ १९९२ ॥ ८९५४ $\frac{६}{११}$ ।

नन्दनवनसे रहित मेरुकी परिधि अट्ठाईस हजार तीनसौ सोलह योजन और ग्यारहसे भाजित आठ कला अधिक है ॥ १९९३ ॥

नन्दनवनके भीतर सुमेरुके पासमें क्रमसे पूर्वादिक दिशाओंमें मान, चारण, गन्धर्व और चित्र नामक चार भवन हैं ॥ १९९४ ॥

पूर्वके समान वर्णनसे संयुक्त ये नन्दनभवन विस्तार व लंबाईमें सौमनसवनके भवनोंसे दुगुणे हैं ॥ १९९५ ॥

इन भवनोंमें उतनी देवियोंसे संयुक्त होकर विविध प्रकारकी क्रीड़ाओंको करनेवाले सौधर्म इन्द्रके सोमादिक लोकपाल निवास करते हैं ॥ १९९६ ॥

नन्दनवनके भीतर ईशानदिशामें बलभद्र नामक कूट है। इस कूटकी उंचाई आदि सौमनससम्बंधी कूटके सदृश है ॥ १९९७ ॥

जिनमन्दिर, कूट, वापी, प्रासाद व देवताओंके नाम, विन्यास और सौधर्म व ईशानेन्द्रकी दिशाओंका विभाग, इत्यादिक सब नन्दनवनमें सौमनस वनके ही समान है। विशेषता केवल एक यह है कि उनके विस्तारादिक दुगुणे हैं ॥ १९९८-१९९९ ॥

१ द ब एक्कारसहिदं. २ द ब चारणक्खा. ३ द ब लोयपालो. ४ द ब देवेहि. ५ द ब कुणमाणो.

एवं संखेवेणं णंदणणामं वणं मए भणिदं । एक्कमुहएक्कजीहो को सक्कइ वित्थरं भणिदुं ॥ २०००
णंदणवणाउ हेट्ठे पंचसया जोयणाणि गंतूणं । अट्ठासीदिवियप्पं चेट्ठदि सिरिभद्दसालवणं ॥ २००१
५०० ।
बावीससहस्साणिं कमसो पुव्वावरेसु वित्थारो । तह दक्खिणुत्तरेसुं दुसया पण्णास तम्मि वणे ॥ २००२
२२००० । २२००० । २५० । २५० ।
मेरुमहीधरपासे पुव्वदिसे दक्खिणवरउत्तरए । एक्केक्कं जिणभवणं होदि वरं भद्दसालवणे ॥ २००३
पंडुवणपुराहिंतो चउग्गुणा वासउदयपहुदीओ । जिणवरपासादाणं पुव्वं पिव वण्णणं सव्वं ॥ २००४
तम्मि वणे वरतोरणसोहिदवरदारणिवहरमणिज्जा । अट्टालयादिसहिया समंतदो कणयमयवेदी ॥ २००५
वेदीए उच्छेहो जोयणमेक्कं समंतदो होदि । कोदंडाण सहस्सं वित्थारो भद्दसालम्मि ॥ २००६
जो १ । दं १००० ।
सिरिखंड-अगरु-केसर असोय-कप्पूर-तिलय-कदलीहिं । अइमुत्तमालईयाहालिद्दपहुदीहिं संछण्णं ॥ २००७
पोक्खरणीरमणिज्जं सरवरपासादणिवहसोहिल्लं । कूडेहिं जिणपुरेहिं विराजदे भद्दसालवणं ॥ २००८

इसप्रकार संक्षेपसे मैंने नन्दन नामक वनका वर्णन किया है । एक मुख और एक ही जिह्वासे सहित कौनसा मनुष्य उसका विस्तारसे वर्णन करनेके लिये समर्थ है ? ॥ २००० ॥

नन्दनवनके नीचे पांचसौ योजनप्रमाण जाकर अठासी विकल्पोंसे सहित श्रीभद्रशालवन स्थित है ॥ २००१ ॥ ५०० ।

उस वनका विस्तार क्रमसे पूर्व व पश्चिममें बाईस हजार योजन तथा दक्षिण व उत्तरमें दोसौ पचास योजनप्रमाण है ॥ २००२ ॥

विस्तार पूर्व २२०००, पश्चिम २२०००, दक्षिण २५०, उत्तर २५० ।

भद्रशालवनमें मेरुपर्वतके पास पूर्व, दक्षिण, पश्चिम और उत्तर दिशामें एक एक उत्तम जिनभवन है ॥ २००३ ॥

इन जिनभवनोंका विस्तार व उंचाई आदि पाण्डुकवनके जिनभवनोंकी अपेक्षा चौगुणे है । शेष सब वर्णन पूर्वके ही समान है ॥ २००४ ॥

उस वनके चारों ओर उत्तम तोरणोंसे शोभित श्रेष्ठ द्वारसमूहसे रमणीय और अट्टालिकादिसे सहित सुवर्णमय वेदी है ॥ २००५ ॥

भद्रशालवनमें वेदीकी उंचाई चारों तरफ एक योजन और विस्तार एक हजार धनुषप्रमाण है ॥ २००६ ॥ उत्सेध यो. १ । विस्तार दं. १००० ।

श्रीखण्ड, अगरु, केशर, अशोक, कर्पूर, तिलक, कदली, अतिमुक्त, मालती और हारिद्रप्रभृति वृक्षोंसे व्याप्त; पुष्करिणियोंसे रमणीय तथा उत्तम सरोवर व भवनोंके समूहसे शोभायमान यह भद्रशालवन कूटों और जिनपुरोंसे विराजमान है ॥ २००७-२००८ ॥

१ द ब णिरुव°.

मोरसुककोकिलाणं सारसहंसाण महुरसहड्डं । विविहफलकुसुमभरिदं सुरम्मियं भद्दसालवणं ॥ २००९

बावीससहस्साणिं अडसीदिहिदाणि वासमेक्केक्के । पुव्वावरभाएसुं वणम्मि[1] गिरिभद्दसालस्स ॥ २०१०

दोण्णि सया पण्णासा अट्ठासीदीविहत्तया रुंदा । दक्खिणउत्तरभागे एक्केक्के वणम्स भद्दसालम्मि ॥ २०११

वारणदंतसरिच्छा सेला चत्तारि मेरुविदिसासुं । वक्खार त्ति पसिद्धा अणाइणिहणा महारम्मा ॥ २०१२

णीलद्दिणिसहपव्वदमंदरसेलाण होंति संलग्गा । वंकसरूवायामा ते चत्तारो महासेला[2] ॥ २०१३

उत्तरदक्खिणभाए मंदरसेलस्स मज्झदेसम्मि । एक्केण पदेसेणं एक्केक्कं तेण लग्गंति ॥ २०१४

मंदरअणिलदिसादो सोमणसो णाम विज्जुपहणामा । कमसो महागिरी णं गंधमादणो मालवंतो य ॥ २०१५

ताणं रुप्पयतवणियकणयंवेरुलियसरिसवण्णाणं । उववणवेदिप्पहुदी सव्वं पुव्वोदिदं होदि ॥ २०१६

पंचसयजोयणाणिं वित्थारो ताण दंतसेलाणं । सव्वत्थ होदि सुंदरकप्पतरुप्पण्णसोहाणं ॥ २०१७

णीलणिसहद्दिपासे चत्तारि सयाणि जोयणा होदि । तत्तो पदेसवड्ढी पत्तेक्कं मेरुसंलंतं ॥ २०१८

मोर, शुक, कोयल, सारस और हंस, इन पक्षियोंके मधुर शब्दोंसे व्याप्त तथा विविध प्रकारके फल-फूलोंसे भरित वह भद्रशालवन सुरम्य है ॥ २००९ ॥

पूर्व-पश्चिम भागोंमेंसे प्रत्येक भागमें श्रीभद्रशालवनका विस्तार अठासीसे भाजित बाईस हजार योजनप्रमाण है ॥ २०१० ॥

दक्षिण-उत्तर भागोंमेंसे प्रत्येक भागमे भद्रशालवनका विस्तार अठासीसे विभक्त दोसौ पचास योजनप्रमाण है ॥ २०११ ॥

मेरुकी विदिशाओंमें हाथीदांतके सदृश, अनादिनिधन और महारमणीय 'वक्षार' नामसे प्रसिद्ध चार पर्वत हैं ॥ २०१२ ॥

तिरछेरूपसे आयत वे चारों महाशैल नीलाद्रि, निषधपर्वत और मंदरशैलसे संलग्न हैं ॥ २०१३ ॥

उनमेंसे प्रत्येक पर्वत उत्तर-दक्षिणभागमें मन्दरपर्वतके मध्यदेशमें एक एक प्रदेशसे उससे संलग्न हैं ॥ २०१४ ॥

क्रमसे मन्दरपर्वतकी वायव्यदिशासे लेकर सौमनस, विद्युत्प्रभ, गन्धमादन और माल्यवान् नामक चार महापर्वत हैं ॥ २०१५ ॥

क्रमशः चांदी, तपनीय, कनक और वैडूर्यमणिके सदृश वर्णवाले उन पर्वतोंकी उपवनवेदी आदिक सब पूर्वोक्त ही हैं ॥ २०१६ ॥

सुन्दर कल्पवृक्षोंसे उत्पन्न हुई शोभासे संयुक्त उन दन्तशैलोंका विस्तार सर्वत्र पांचसौ योजनप्रमाण है ॥ २०१७ ॥

नील और निषध पर्वतके पासमें इनकी उंचाई चारसौ योजनप्रमाण है । इसके आगे मेरुपर्वतपर्यन्त प्रत्येकके प्रदेशवृद्धि होती गई है । इसप्रकार प्रदेशवृद्धिके होनेपर अनुपम रूपको

१ द ब वणामि. २ द ब महासेलो.

पासम्मि मेरुगिरिणो पंचसया जोयणाणि उच्छेहो । णिरुवमरूवधराणं ताणं वक्खारसेलाणं ॥ २०१९
दुगुणम्मि भद्दसाले मेरुगिरिंदस्स खिवसु[1] विक्खंभं । दोसेलमज्झजीवा तेवण्णसहस्सजोयणा होंति ॥२०२०
५३००० ।
अद्धिय विदेहरुंदं पंचसहस्साणि तत्थ अवणिज्जं । दोवक्खारगिरीणं जीवाबाणस्स परिमाणं ॥ २०२१
पणवीससहस्सेहिं अब्भहिया जोयणाणि दो लक्खा । उणवीसेहिं विहत्ता बाणम्स पमाणमुद्दिट्ठं ॥ २०२२
२२५००० ।
१९
जोयणसट्ठिसहस्सं चत्तारि सया य अट्ठरसजुत्ता । उणवीसहरिदबारसकलाओ वक्खारधणुपट्ठं ॥ २०२३
६०४१८ । १२ ।
१९
जोयण तीससहस्सा णवउत्तरं[2] दो सया य छब्भाया । उणवीसेहि विहत्ता ताणं सरिसायदाणं[3] दीहत्तं ॥२०२४
३०२०९ । ६ ।
१९
जीवाए जं वग्गं चउगुणबाणप्पमाणपविहत्तं । इसुसंजुत्तं ताणं अंतरवट्टस्स विक्खंभं ॥ २०२५

धारण करनेवाले उन वक्षारपर्वतोंकी उंचाई मेरुपर्वतके पासमें पांचसौ योजनप्रमाण हो गई है ॥ २०१८-२०१९ ॥

[वक्षारके विस्तारसे रहित] भद्रशालवनके विस्तारको दुगुणा करके उसमें मेरुपर्वतके विस्तारको मिला देनेपर दोनों पर्वतोंके मध्यमें जीवाका प्रमाण तिरेपन हजार योजन आता है ॥२०२०॥

$$(२२००० - ५००) \times २ + १०००० = ५३०००$$

विदेहके विस्तारको आधा करके उसमेंसे पांच हजार कम कर देनेपर दो वक्षारपर्वतोंकी जीवाके बाणका प्रमाण निकलता है ॥ २०२१ ॥ $\frac{६४००००}{१९} \div २ - ५००० = \frac{२२५०००}{१९}$ ।

उपर्युक्त बाणका प्रमाण उन्नीससे भाजित दो लाख पच्चीस हजार योजन कहा गया है ॥ २०२२ ॥ $\frac{२२५०००}{१९}$

साठ हजार चारसौ अठारह योजन और उन्नीससे भाजित बारह कलाप्रमाण वक्षारपर्वतोंका धनुपृष्ठ है ॥ २०२३ ॥ $६०४१८\frac{१२}{१९}$ ।

तीस हजार दोसौ नौ योजन और उन्नीससे विभक्त छह भागप्रमाण उन सदृश आयत वक्षारपर्वतोंकी लंबाई है ॥ २०२४ ॥ $३०२०९\frac{६}{१९}$ ।

जीवाका जो वर्ग हो उसमें चौगुणे बाणप्रमाणका भाग देकर लब्धराशिमें बाणप्रमाणको मिला देनेपर उनके अन्तर्वृत्त क्षेत्रका विष्कम्भ निकलता है ॥ २०२५ ॥

१ द ब चिरसु. २ द ब णउत्ता. ३ द ब सुविसायदाण.

एक्कत्तरिं सहस्सा इगिसयतेदालजोयणा य कला । णवहणिदुणवीसहिदा सगतीसा वट्टविक्खंभा ॥ २०२६

७११४३ । ३७ ।
१७१

णीलणिसहद्दिपासे पण्णासब्भहियदुसयजोयणया । तत्तो पदेसवड्ढी पत्तेक्कं मेरुसेलंतं ॥ २०२७

२५० ।

ताणं च मेरुपासे पंचसया जोयणाणि वित्थारो । लोयविणिच्छयकत्ता एवं णियमा णिरूवेदि ॥ २०२८

५०० । पाठान्तरम् ।

सिरिभद्दसालवेदीवक्खारगिरीण अंतरपमाणं । पंचसयजोयणाणिं सग्गायणियम्मि णिद्दिट्टं ॥ २०२९

५०० । पाठान्तरम् ।

गयदंताणं गाढा णियणियउदयप्पमाणचउभागा । सोमणसगिरिंदोवरि चेट्ठंते सत्त कूडाणिं ॥ २०३०

सिद्धो सोमणसक्खो देवकुरू मंगलो विमलणामो । कंचणवसिट्ठकूडा णिसहंता मंदरप्पहुदी ॥ २०३१

सोमणससेलउदए[1] चउभजिदे होंति कूडउदयाणिं । वित्थारायामेसुं कूडाणं णत्थि उवएसो ॥ २०३२

भूमिय मुहं विसोधिय[3] उदयहिदं भूमुहादिखयवड्ढी । मुहसय पणघण भूमी उदओ इगिहीणकूडपरिसंखा[4]॥२०३३

१०० । १२५ । ६ ।

....

यह वृत्तविष्कंभ इकहत्तर हजार एकसौ तेतालीस योजन और नौगुणित उन्नीससे भाजित सैंतीस कलाप्रमाण है ॥ २०२६ ॥

$$५३०००^२ \div \left(\frac{२२५००० \times ४}{१९} \right) + \frac{२२५०००}{१९} = ७११४३\frac{३७}{१७१}$$ ।

नील और निषधपर्वतके पासमें इन पर्वतोंका विस्तार दोसौ पचास योजन है । इसके आगे मेरुपर्वततक प्रत्येकमें प्रदेशवृद्धिके होनेसे मेरुके पासमें उनका विस्तार पांचसौ योजनप्रमाण हो गया है । इसप्रकार लोकविनिश्चयके कर्ता नियमसे निरूपण करते हैं ॥ २०२७–२०२८ ॥ २५० । ५०० ।
पाठान्तर ।

श्रीभद्रशालवेदी और वक्षारगिरियोंके अन्तरका प्रमाण पांचसौ योजन सग्गायणीमें बतलाया गया है ॥ २०२९ ॥ ५०० । पाठान्तर ।

इन गजदन्तोंकी गहराई अपनी अपनी उंचाईप्रमाणके चतुर्थांशमात्र है । सौमनसपर्वतके ऊपर सिद्ध, सौमनस, देवकुरु, मंगल, विमल, कंचन और वशिष्ट, ये सात कूट मेरुसे लेकर निषध-पर्वतपर्यन्त स्थित हैं ॥ २०३०–२०३१ ॥

सौमनसपर्वतकी उंचाईमें चारका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतनी इन कूटोंकी उंचाई है । इन कूटोंके विस्तार और लंबाईके विषयमें उपदेश नहीं है ॥ २०३२ ॥

भूमिमेंसे मुखको कम करके उदयका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना भूमिकी अपेक्षा हानि और मुखकी अपेक्षा वृद्धिका प्रमाण होता है । यहां मुखका प्रमाण सौ योजन, भूमिका पांचके घनप्रमाण अर्थात् एकसौ पच्चीस योजन और उदय एक कम कूटसंख्याप्रमाण है ॥ २०३३ ॥

१०० । १२५ । ६ ।

---

१ द ब °समाणं. २ द ब °उदओ. ३ द ब मुहम्मि सोधिय. ४ द ब कम्माण°.

खयवड्ढीण पमाणं पणुवीसं जोयणाणि छब्भजिदं । भूमिमुहेसुं हीणाधियम्मि कूडाण उच्छेहो ॥ २०३४

२५ ।
६

अथवा इच्छागुणिदक्खयवड्ढी खिदिविसुद्धमुहजुत्ता । कूडाण होइ उदओ तेसुं पढमस्स पणविंदं । २०३५

१२५ ।

बिदियस्स वीसजुत्तं सयमेक्कं¹ छव्विहत्तपंचकला । सोलससहिदं च सयं दोण्णि कला तियहिदा तइज्जस्स ॥ २०३६

१२० । ५ । ११६ । २ ।
६ ३

बारसअब्भहियसयं जोयणमद्धं च तुरिमकूडस्स । जोयणतिभागजुत्तं पंचमकूडस्स अट्ठसहिदसयं ॥ २०३७

११२ । १ । १०८ । १ ।
२ ३

चउजुत्तजोयणसयं छव्विहत्ता इगिकला य छट्ठस्स । एक्कसयजोयणाइं सत्तमकूडस्स उच्छेहो ॥ २०३८

१०४ । १ । १०० ।
६

सोमणसणामगिरिणो आयामे सगहिदम्मि जं लद्धं । कूडाणमंतरालं तं चिय जाणुदि पत्तेक्कं ॥ २०३९

चत्तारि सहस्साइं तिण्णि सया जोयणाणि पण्णरसा । तेत्तीसब्भियसएणं भाजिदबासीदिकलसंखा ॥ २०४०

४३१५ । ८२ ।
१३३

यह क्षय-वृद्धिका प्रमाण छहसे भाजित पच्चीस योजन है। इसको भूमिमेंसे कम करने और मुखमें जोड़नेपर कूटोंकी उंचाईका प्रमाण आता है ॥ २०३४ ॥ २५/६ ।

अथवा, इच्छासे गुणित क्षय-वृद्धिको भूमिमेंसे कम करने और मुखमें मिला देनेपर कूटोंकी उंचाई होती है। इनमेंसे प्रथम कूटकी उंचाई पांचके घनप्रमाण अर्थात् एकसौ पच्चीस योजन है ॥ २०३५ ॥ १२५ ।

द्वितीय कूटकी उंचाई एकसौ बीस योजन और छहसे विभक्त पांच कलाप्रमाण, तथा तृतीयकी उंचाई एकसौ सोलह योजन और तीनसे भाजित दो कलाप्रमाण है ॥ २०३६ ॥

१२० ५/६ । ११६ २/३ ।

चतुर्थ कूटकी उंचाई एकसौ साढ़े बारह योजन और पांचवें कूटकी उंचाई एकसौ आठ योजन तथा एक योजनके तीसरे भागसे अधिक है ॥ २०३७ ॥ ११२ १/२ । १०८ १/३ ।

छठे कूटकी उंचाई एकसौ चार योजन और छहसे भाजित एक कलाप्रमाण तथा सातवें कूटकी उंचाई एकसौ योजनमात्र है ॥ २०३८ ॥ १०४ १/६ । १०० ।

सौमनस नामक पर्वतकी लंबाईमें सातका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना प्रत्येक कूटोंके अन्तरालका प्रमाण होता है ॥ २०३९ ॥

यह अन्तरालप्रमाण चार हजार तीनसौ पन्द्रह योजन और एकसौ तेतीससे भाजित ब्यासी कला है ॥ २०४० ॥ ४३१५ ८२/१३३ ।

---

१ ब सयमेत्तं.

आदिमकूडोवरिमे जिणभवणं तस्स वासउच्छेहो । दीहं च वण्णणाओ पंडुगवणजिणपुरस्स सारिच्छा ॥२०४१
सेसेसुं कूडेसुं वेंतरदेवाण होंति पासादा । वेदीतोरणजुत्ता कणयमया रयणवरखचिदा ॥ २०४२
कंचणकूडे णिवसइ सुवच्छदेवि[1] त्ति एक्कपल्लाऊ । सिरिवच्छमित्तदेवी कूडवरे विमलणामम्मि ॥ २०४३
अवमेसेसुं चउसुं कूडेसुं वाणवेंतरा देवा[2] । णियकूडसरिसणामा विविहविणोदेण कीडंति ॥ २०४४
विज्जुपहस्स य उवरिं णव कूडा होंति णिरुवमायारा । सिद्धो विज्जुपहक्खो देवकुरूपउमतवणसत्थिकया ॥२०४५
सयउज्जलसीदोदा हरि त्ति णामेहिं भुवणविक्खादा । एदाण च उच्छेहो णियसेलुच्छेहचउभागो ॥ २०४६
दीहत्ते वि वियासे[3] उवएसो ताण संपइ पणट्ठो । आदिमकूडस्सुदयो[4] पणवीसजुदं च जोयणाण सयं ॥ २०४७
एक्कं चिय होदि सयं अंतिमकूडस्स उदयपरिमाणं । उभयविसेसे अडहिदपंचकदी हाणिवड्ढीओ[5] ॥ २०४८
इच्छाए गुणिदाओ हाणिवड्ढीओ खिदिविसुद्धाओ[6] । मुहजुत्ताओ कमसो कूडाणं होंदि उच्छेहो ॥ २०४९
पणवीसब्भहियसयं वियाणमुदओ पहिल्लए सेसे । उप्पण्णुप्पणेसुं पणवीसं समवणेज्ज अट्ठहिदं ॥ २०५०

प्रथम कूटके ऊपर एक जिनभवन है। इसके विस्तार, उंचाई और लंबाई आदिका वर्णन पाण्डुकवनसम्बन्धी जिनपुरके सदृश है ॥ २०४१ ॥

शेष कूटोंपर वेदी एवं तोरणसे सहित और उत्तम रत्नोंसे खचित ऐसे व्यन्तर देवोंके सुवर्णमय प्रासाद हैं ॥ २०४२ ॥

कंचनकूटपर एक पल्यप्रमाण आयुसे युक्त सुवत्सा देवी (सुमित्रा देवी) और विमल-नामक श्रेष्ठ कूटपर श्रीवत्समित्रा देवी निवास करती है ॥ २०४३ ॥

शेष चार कूटोंपर अपने कूटके सदृश नामवाले व्यन्तरदेव विविध प्रकारके विनोदसे क्रीड़ा करते हैं ॥ २०४४ ॥

विद्युत्प्रभ पर्वतके ऊपर सिद्ध, विद्युत्प्रभ नामक, देवकुरु, पद्म, तपन, स्वस्तिक, शत-उज्वल (शतज्वाल), सीतोदा और हरि, इन नामोंसे भुवनमें विख्यात और अनुपम आकारवाले नौ कूट हैं। इन कूटोंकी उंचाई अपने पर्वतकी उंचाईके चतुर्थ भागप्रमाण है ॥ २०४५-२०४६ ॥

उन कूटोंकी लंबाई और विस्तारविषयक उपदेश इस समय नष्ट होचुका है। इनमेंसे प्रथम कूटकी उंचाई एकसौ पच्चीस योजन और अन्तिम कूटकी उंचाईका प्रमाण एकसौ योजन है। प्रथम कूटकी उंचाईमेंसे अन्तिम कूटकी उंचाईको घटाकर शेष पांचके वर्गमें आठका भाग देनेसे हानि-वृद्धिका प्रमाण निकलता है ॥ २०४७-२०४८ ॥

इच्छासे गुणित हानि-वृद्धिके प्रमाणको भूमिमेंसे कम करने अथवा मुखमें जोड़ देनेपर क्रमसे कूटोंकी उंचाई होती है ॥ २०४९ ॥

प्रथम कूटकी उंचाई एकसौ पच्चीस योजनप्रमाण जानना चाहिये। तथा शेष कूटोंकी उंचाई जाननेके लिये उत्तरोत्तर उत्पन्न प्रमाणमेंसे आठसे भाजित पच्चीस योजन कम करते जाना चाहिये ॥ २०५० ॥

१ द ब °देवो. २ द ब देवी. ३ द ब वि वियादे. ४ द आदिमकूडाणिवहो, ब आदिमकूडाणुदयो. ५ ब अट्ठहिद°. ६ द गुणिदादियवड्ढीओ खिदिमहाविसुद्धाओ, ब गुणेदाहियवड्ढीओ खिदिमहाविसुद्धाओ.

१२५ । १२१ $\frac{७}{८}$ । ११८ $\frac{३}{४}$ । ११५ $\frac{५}{८}$ । ११२ $\frac{४}{८}$ । १०९ $\frac{३}{८}$ । १०६ $\frac{१}{४}$ । १०३ $\frac{१}{८}$ । १०० ।

विज्जुपहणामगिरिणो आयामे णवहिदम्मि जं लद्धं । कूडाणमंतरालं तं चिय जाएदि पत्तेक्कं ॥ २०५१

तिण्णि सहस्सा तिसया छप्पण्णा जोयणा कलाणं । एक्कत्तरिअधियसए अवहिदएक्कोत्तरसयाइं ॥ २०५२

३३५६ । $\frac{१०१}{१७१}$ ।

जिणभवणप्पहुदीणं सोमणस्से पव्वयं व एदस्सिं । णवरि विसेसो एसो देवीणं अण्णणामाणिं ॥ २०५३

सोत्तिककूडे चेट्ठदि वेंतरदेवी बल त्ति णामेणं । कूडम्मि कणयणामे देवी वरवारिसेण त्ति ॥ २०५४

मंदरगिरिंदो गच्छिय जोयणमद्धं गिरिम्मि विज्जुपहे । चेट्ठेदि गुहा रम्मा[2] पव्वदवासो व आयामा ॥ २०५५

तीए दोपासेसुं दारा णियजोग्गउदयवित्थारा[3] । होंति अकिट्टिमरूवा णाणावररयणरमणिज्जा ॥ २०५६

कूडाणि गंधमादणगिरिस्स उवरिम्मि सत्त चेट्ठंति । सिद्धक्खगंधमादणदेवकुरूगंधवासलोहिदया ॥ २०५७

फलिहाणंदा ताणं[4] सत्ताणि इमाणिं होंति णामाणिं । एदाणं उदयादी सोमणसणगं व णादव्वा ॥ २०५८

प्र. १२५ । द्वि. १२१ $\frac{७}{८}$ । तृ. ११८ $\frac{३}{४}$ । च. ११५ $\frac{५}{८}$ । पं. ११२ $\frac{४}{८}$ । ष. १०९ $\frac{३}{८}$ । स. १०६ $\frac{१}{४}$ । अ. १०३ $\frac{१}{८}$ । न. १०० ।

विद्युत्प्रभ नामक पर्वतकी लंबाईमें नौका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना प्रत्येक कूटोंका अन्तरालप्रमाण होता है ॥ २०५१ ॥

यह अन्तरालप्रमाण तीन हजार तीनसौ छप्पन योजन और एकसौ इकहत्तरसे भाजित एकसौ एक कलामात्र है ॥ २०५२ ॥ ३३५६ $\frac{१०१}{१७१}$ ।

इस पर्वतपर जिनभवनादिक सौमनसपर्वतके ही समान हैं। विशेष केवल यह है कि यहां देवियोंके नाम अन्य हैं ॥ २०५३ ॥

स्वस्तिककूटपर बला नामक व्यन्तरदेवी और कनककूटपर वारिषेणा नामक उत्तम देवी रहती है ॥ २०५४ ॥

मन्दरपर्वतसे आधा योजन जाकर विद्युत्प्रभपर्वतमें पर्वतके विस्तारसमान लंबी रमणीय गुफा स्थित है ॥ २०५५ ॥

इसके दोनों पार्श्वभागोंमें अपने योग्य उंचाई व विस्तारसे सहित तथा नाना उत्तम रत्नोंसे रमणीय अकृत्रिमरूप द्वार हैं ॥ २०५६ ॥

गन्धमादनपर्वतके ऊपर सात कूट स्थित हैं । सिद्ध नामक, गन्धमादन, देवकुरु, गन्धव्यास (गन्धमालिनी ?), लोहित, स्फटिक और आनन्द, ये उन कूटोंके सात नाम हैं । इन कूटोंकी उंचाई आदिक सौमनसपर्वतके समान ही जानना चाहिये ॥ २०५७-२०५८ ॥

---

१ द एक्कत्तर°. २ द ब गुणा रम्मे. ३ द ब वित्थारो. ४ द ब राणं.

णवरि विसेसो एसो लोहिदकूडे वसेदि भोगवदी । भोगंकदृ[1] भो देवी कूडे फलिहाभिधाणम्मि ॥ २०५९
णव कूडा चेट्ठंते उवरिम्मि गिरिस्स मालवंतस्स । सिद्धक्खमालमुत्तरकुरुकच्छो सागरं हि[2] रजदक्खं ॥ २०६०
तह पुण्णभद्दसीदा हरिसहणामो इमाण कूडाणं । वित्थारोदयपहुदी विज्जुप्पभकूडसारिच्छा ॥ २०६१
एक्को णवरि विसेसो सागरकूडेसु भोगवदिणामा । णिवसेदि रजदकूडे णामेणं भोगमालिणी देवी ॥ २०६२
मंदरगिरिदो गच्छिय जोयणमद्धं गिरिम्मि एदस्सिं । सोहदि गुँहा पव्वयवित्थारसरिच्छदीहत्ता ॥ २०६३
तीए दोपासेसुं दारा णियजोग्गउदयवित्थारा । फुरिदवररयणकिरणा अकिट्टिमा ते णिरुवमाणा ॥ २०६४
णिसहधराहरउवरिमतिगिंछदहस्स उत्तरदुवारे । णिगच्छेदि उव्वणदी सीदोदा भुवणविक्खादा ॥ २०६५
जोयण सत्तसहस्से चउस्सदे एक्कवीस अदिरित्तं । णिसहस्सोवरि वच्चदि सीदोदा उत्तरमुहेणं ॥ २०६६
आगंतूण तदो सा पडिसीदोदणामकुंडम्मि । पडिदूणं णिग्गच्छदि तस्सुत्तरतोरणदुवारे ॥ २०६७
णिग्गच्छिय सा गच्छदि उत्तरमग्गेण जाव मेरुगिरिं । दोकोसेहिमपाविय णिवत्तदे पच्छिममुहेणं ॥ २०६८

विशेष यह है कि लोहित कूटपर भोगवती और स्फटिक नामक कूटपर भोगंकृति या भोगंकरा नामक देवी निवास करती है ॥ २०५९ ॥

माल्यवान्पर्वतके ऊपर नौ कूट स्थित हैं । सिद्ध नामक, माल्यवान्, उत्तरकुरु, कच्छ, सागर, रजत नामक, पूर्णभद्र, सीता और हरिसह, ये इन कूटोंके नाम हैं । इनका विस्तार व उंचाई आदिक विद्युत्प्रभपर्वतके कूटोंके सदृश समझना चाहिये ॥ २०६०–२०६१ ॥

विशेषता केवल यह है कि सागरकूटपर भोगवती और रजतकूटपर भोगमालिनी नामक देवी निवास करती है ॥ २०६२ ॥

मन्दरपर्वतसे आधा योजन आगे जाकर इस पर्वतके ऊपर पर्वतीय विस्तारके सदृश लंबी गुफा कही जाती है ॥ २०६३ ॥

उसके दोनों पार्श्वभागोंमें अपने योग्य उदय व विस्तारसे सहित तथा प्रकाशमान उत्तम रत्नकिरणोंसे संयुक्त वे अकृत्रिम एवं अनुपम द्वार हैं ॥ २०६४ ॥

निषधपर्वतके ऊपर तिगिंछद्रहके उत्तरद्वारसे भुवनविख्यात सीतोदा महानदी निकलती है ॥ २०६५ ॥

यह सीतोदा नदी उत्तरमुख होकर सात हजार चारसौ इक्कीस योजनसे कुछ अधिक निषधपर्वतके ऊपर जाती है ॥ २०६६ ॥

पश्चात् वह नदी पर्वतपरसे आकर और प्रतिसीतोद नामक कुण्डमें गिरकर उसके उत्तर-तोरणद्वारसे निकलती हुई उत्तर मार्गसे मेरुपर्वतपर्यन्त जाती है। पुनः दो कोसोंसे मेरु पर्वतको न पाकर अर्थात् मेरुपर्वतसे दो कोस इधर ही रहकर उक्त नदी पश्चिमकी ओर मुड़ जाती है ॥ २०६७–२०६८ ॥

१ द ब भोगंकहि. २ द ब मंतर. ३ द ब सागरंमि. ४ द ब साहेदि गुणा.

विज्जुप्पहस्स गिरिणो गुहयाए उत्तरमुहेणं । पविसेदि[1] भद्दसाले[2] वंकसरूवेण तेत्तिअंतरिदा ॥ २०६९
मेरुबहुमज्झभागं णियमज्झप्पणिधियं पि कादूणं[3] । पच्छिममुहेण वच्चदि विदेहविजयस्स बहुमज्झे ॥ २०७०
देवकुरुखेत्तजादा णदी सहस्सा हवंति चुलसीदी । सीदोदापडितीरं पविसंति सहस्स बादालं ॥ २०७१

८४००० ।

अपरविदेहसमुब्भवणदी समग्गा हवंति चउलक्खा । अडदालं च सहस्सा अडतीसा पविसंति सीदोदं ॥२०७२

४४८०३८ ।

जंबूदीवस्स तदो जगदीबिलदारएण संचरियं । पविसइ लवणंबुणिहिं परिवारणईहिं जुत्ता सा ॥ २०७३
रुंदावगाढपहुदी हरिकंतादो भवंति दोगुणिदा । तीए बेतडवेदीउववणसंडाहिरामाए ॥ २०७४
जोयणसहस्समेक्कं णिसहगिरिंदस्स उत्तरे गंतुं । चेट्ठंति जमकसेला सीदोदाउभयपुलिणेसुं ॥ २०७५
णामेण य जमकूडो पुव्वम्मि तह णदीए चेट्ठेदि । अवरे मेघंकूडो फुरंतवररयणकिरणोहो ॥ २०७६
दोण्णं[4] पि अंतरालं पंचसया जोयणाणि सेलाणं[5] । दोण्णि सहस्सा जोयण तुंगा मूले सहस्सवित्थारो ॥ २०७७

५०० । २००० । १००० ।

अनन्तर वह नदी उतनेमात्र (दो कोस) अंतरसे सहित हो कुटिलरूपसे विद्युत्प्रभपर्वतकी गुफाके उत्तरमुखसे भद्रशालवनमें प्रवेश करती है ॥ २०६९ ॥

मेरुके बहुमध्यभागको अपना मध्यप्राणिधि करके वह नदी पश्चिममुखसे विदेहक्षेत्रके बहुमध्यमें होकर जाती है ॥ २०७० ॥

देवकुरुक्षेत्रमें उत्पन्न हुई नदियां चौरासी हजार हैं। इनमेंसे ब्यालीस हजार नदियां सीतोदाके दोनों तीरोंमेंसे प्रत्येक तीरमें प्रवेश करती हैं ॥ २०७१ ॥ ८४००० ।

अपरविदेहक्षेत्रमें उत्पन्न हुई सम्पूर्ण नदियां चार लाख अड़तालीस हजार अड़तीस हैं, जो सीतोदामें प्रवेश करती हैं ॥ २०७२ ॥ ४४८०३८ ।

पश्चात् जम्बूद्वीपकी जगतीके बिलद्वारमेंसे जाकर वह नदी परिवारनदियोंसे युक्त होती हुई लवणसमुद्रमें प्रवेश करती है ॥ २०७३ ॥

दो तटवेदियों और उपवनखण्डोंसे अभिराम उस सीतोदानदीका विस्तार व गहराई आदि हरिकान्तानदीसे दूनी है ॥ २०७४ ॥

निषधपर्वतके उत्तरमें एक हजार योजन जाकर सीतोदानदीके दोनों किनारोंपर यमकशैल स्थित हैं ॥ २०७५ ॥

नदीके पूर्वमें प्रकाशमान उत्तम रत्नोंके किरणसमूहसे सहित यमकूट और पश्चिममें मेघकूट है ॥ २०७६ ॥

इन दोनों पर्वतोंका अन्तराल पांचसौ योजनमात्र है। प्रत्येक पर्वतकी उंचाई दो हजार योजन और विस्तार मूलमें एक हजार योजनप्रमाण है ॥ २०७७ ॥

५०० । २००० । १००० ।

१ द पविसेवि. २ द ब भद्दसालो. ३ द ब कूडाण. ४ [दोण्हं]. ५ द ब सेलाणिं.

सत्तसया पण्णासा पत्तेक्कं ताण मज्झवित्थारो । पंचसयजोयणाणिं सिहरतले रुंदपरिमाणं ॥ २०७८

७५० । ५०० ।

एदाणं परिहीओ वित्थारे तिगुणिदम्मि अदिरित्तो । अवगाढो जमगाणं णियणियउच्छेहचउभागो ॥ २०७९

जमकोवरि बहुमज्झे पत्तेक्कं होंति दिव्वपासादा । पणघणकोसा रुंदा तद्दुगुणुच्छेहसंपण्णा ॥ २०८०

१२५ । २५० ।

उच्छेहअद्धवासा सव्वे तवणिज्जरजदरयणमया । धुव्वंतधयवडाया वरतोरणदाररमणिज्जा ॥ २०८१

१२५ ।

जमकगिरीणं उवरिं अवरे वि हवंति दिव्वपासादा । उच्छेहवासपहुदिसु उवएसो ताण उवणट्ठो ॥ २०८२

उववणसंडेहिं जुदा पोक्खरणीकूववाविआरम्मा । फुरिदवररयणदीवा ते पासादा विरायंते ॥ २०८३

पव्वदसरिच्छणामा वितरदेवा वसंति एदेसुं । दसकोदंडुत्तुंगा पत्तेक्कं एक्कपल्लाऊ ॥ २०८४

सामाणियतणुरक्खा सत्ताणीयाणि परिसतिदयं च । किब्बिसियआभियोगा पइण्णया ताण होंति पत्तेक्कं ॥ २०८५

सामाणियपहुदीणं पासादा कणयरजदरयणमया । तद्देवीणं भवणा सोहंति हु णिरुवमायारा ॥ २०८६

उन प्रत्येक पर्वतोंका मध्यविस्तार सातसौ पचास योजन और शिखरतलमें विस्तारका प्रमाण पांचसौ योजन है ॥ २०७८ ॥ ७५० । ५०० ।

इनकी परिधियां तिगुणे विस्तारसे अधिक है । यमकपर्वतोंकी गहराई अपनी उंचाईके चतुर्थ भागप्रमाण है ॥ २०७९ ॥

प्रत्येक यमकपर्वतके ऊपर बहुमध्यभागमें पांचके घन अर्थात् एकसौ पच्चीस कोस विस्तारसे सहित और इससे दूनी उंचाईसे संपन्न दिव्य प्रासाद हैं ॥ २०८० ॥ १२५ । २५० ।

सुवर्ण, चांदी एवं रत्नोंसे निर्मित, फहराती हुई ध्वजा-पताकाओंसे संयुक्त और उत्तम तोरण-द्वारोंसे रमणीय ये सब प्रासाद अपनी उंचाईके अर्धभागप्रमाण विस्तारसे सहित हैं ॥ २०८१ ॥

१२५ ।

यमकपर्वतोंके ऊपर और भी दिव्य प्रासाद हैं । उनकी उंचाई व विस्तारादिका उपदेश नष्ट हो गया है ॥ २०८२ ॥

उपवनखण्डोंसे सहित, पुष्करिणी, कूप व वापिकाओंसे रमणीय, और प्रकाशमान उत्तम रत्नदीपकोंसे संयुक्त वे प्रासाद विराजमान हैं ॥ २०८३ ॥

इन प्रासादोंमें पर्वतोंके सदृश नामवाले व्यन्तरदेव निवास करते हैं । इनमेंसे प्रत्येक दश धनुष ऊंचे और एक पल्यप्रमाण आयुसे सहित हैं ॥ २०८४ ॥

उनमेंसे प्रत्येकके सामानिक, तनुरक्ष, सप्तानीक, तीनों पारिषद, किल्विषिक, आभियोग्य और प्रकीर्णक देव होते हैं ॥ २०८५ ॥

सुवर्ण, चांदी एवं रत्नोंसे निर्मित सामानिकप्रभृति देवोंके प्रासाद और अनुपम आकारवाले उनकी देवियोंके भवन शोभायमान हैं ॥ २०८६ ॥

१ द ब दव्व.

जमकंमेघसुराणं भवणेहिंतो[1] दिसाए पुव्वाए[2] । एक्केक्कं जिणगेहा पंडुगजिणगेहसारिच्छा ॥ २०८७

पंडुगजिणगेहाणं मुहमंडवपहुदिवण्णणा सव्वा । जा पुव्वम्हिं भणिदा सा जिणभवणाण एदाणं ॥ २०८८

जमकंमेघगिरीदो पंचसया जोयणाणि गंतूणं । पंचदहा[3] पत्तेक्कं सहस्सदलजोयणंतरिदा ॥ २०८९

५०० ।

उत्तरदक्खिणदीहा सहस्समेक्कं हवंति पत्तेक्कं । पंचसयजोयणाइं रुंदा[4] दसजोयणवगाढा ॥ २०९०

१००० । ५०० । १० ।

णिसहकुरुसूरसुलसा विज्जूणामेहि होंति ते पंच । पंचाणं बहुमज्झे सीदोदा सा णदी सारिया ॥ २०९१

होंति दहाणं मज्झे अंबुजकुसुमाण दिव्वभवणेसुं । णियणियदहणामाणं[6] णागकुमाराण वासा[7] वि ॥ २०९२

अवसेसवण्णणाओ जाओ पउमद्दहम्मि[8] भणिदाओ । ताओ चिय एदेसुं णादव्वाओ वरदहेसुं ॥ २०९३

एक्केक्कस्स दहस्स य पुव्वदिसाए य अवरदिब्भाए । दह दह कंचणसेला जोयणसयमेत्तउच्छेहा[9] ॥ २०९४

१०० ।

रुंदं मूलम्मि सदं पण्णत्तरि जोयणाणि मज्झम्मि । पण्णासा सिहरतले पत्तेक्कं कणयसेलाणं[10] ॥ २०९५

१०० । ७५ । ५० ।

यमक और मेघ सुरोंके भवनोंसे पूर्वदिशामें पाण्डुकवनके जिनमन्दिरसदृश एक एक जिनभवन हैं ॥ २०८७ ॥

पहिले पाण्डुकवनमें स्थित जिनभवनोंके मुखमण्डपादिकका जो सब वर्णन किया गया है, वही वर्णन इन जिनभवनोंका भी समझना चाहिये ॥ २०८८ ॥

यमक और मेघगिरिसे आगे पांचसौ योजन जाकर पांच द्रह हैं, जिनमें प्रत्येकके बीच अर्ध सहस्र अर्थात् पांचसौ योजनका अन्तराल है ॥ २०८९ ॥ ५०० ।

प्रत्येक द्रह एक हजार योजनप्रमाण उत्तर-दक्षिण लंबे, पांचसौ योजन चौड़े और दश योजन गहरे हैं ॥ २०९० ॥ १००० । ५०० । १० ।

निषध, कुरु (देवकुरु), सूर, सुलस और विद्युत्, ये उन पांच द्रहोंके नाम हैं । इन पांचों द्रहोंके बहुमध्यभागमेंसे सीतोदा नदी गई है ॥ २०९१ ॥

द्रहोंके मध्यमें कमलपुष्पोंके दिव्य भवनोंमें अपने अपने द्रहके नामवाले नागकुमारदेवोंके निवास हैं ॥ २०९२ ॥

अवशेष वर्णनायें जो पद्मद्रहके विषयमें कही गई हैं, वे ही इन उत्तम द्रहोंके विषयमें भी जानना चाहिये ॥ २०९३ ॥

प्रत्येक द्रहके पूर्व और पश्चिम दिग्भागमें एकसौ योजन ऊंचे दश दश कांचनशैल हैं ॥ २०९४ ॥ १०० ।

इन प्रत्येक कनकपर्वतोंका विस्तार मूलमें सौ, मध्यमें पचत्तर और शिखरतलमें पचास योजनप्रमाण है ॥ २०९५ ॥ १०० । ७५ । ५० ।

१ ब भवणेहिंते. २ द पुव्वाय. ३ द ब पंचदहो. ४ द ब रुंदं. ५ द ब रदा. ६ द ब °णामाओ. ७ द णामा, ब णासा. ८ द ब जादी पउद्दहम्मि. ९ द ब °उच्छेहो. १० द जणय, ब जाणय.

पणवीसजोयणाइं अवगाढा ते फुरंतमणिकिरणा । तिगुणिदणियवित्थारा अदिरित्ता ताण परिहीओ ॥ २०९६
२५ ।
चउतोरणवेदीहिं मूले उवरिम्मि उववणवणेहिं । पोक्खरणीहिं रम्मा कणयगिरी मणहरा सव्वे ॥ २०९७
कणयगिरीणं[1] उवरिं पासादा कणयरजदरयणमया । णच्चंतधयवडाया कालागरुधूवगंधड्ढा ॥ २०९८
यमकंमेघगिरि व्व कंचणसेलाण वण्णणं सेसं । णवरि विसेसो कंचणणामवेंतराणं[2] वासेदे ॥ २०९९
दुसहस्सजोयणाणिं बाणउदी दो कलाउ पविहत्ता । उणवीसेहिं गच्छिय विज्जुदहादो[3] य उत्तरे भागे ॥२१००
२०९२ । क २ ।
१९
चेट्ठेदि दिव्ववेदी जोयणकोसद्धउदयवित्थारा । पुव्वावरभाएसुं संलग्गा गयदंतसेलाणं ॥ २१०१
जो १ । को १ ।
२
चरियट्टालयविउला[4] बहुतोरणदारसंजुदा रम्मा । दारोपरिमतलेसुं सा जिणभवणेहिं संपुण्णा ॥ २१०२
पुव्वावरभाएसुं सीदोदणदीए भद्दसालवणे । सिद्धिकयंजणसेला णामेणं दिग्गइंदित्ति[5] ॥ २१०३
जोयणसयमुत्तुंगा तेत्तियपरिमाणमूलवित्थारा । उस्सेहतुरिमगाढा पण्णासा सिहरविक्खंभो ॥ २१०४
१०० । १०० । २५ । ५० ।

प्रकाशमान मणिकिरणोंसे सहित वे पर्वत पच्चीस योजन गहरे हैं । इनकी परिधियां अपने तिगुणे विस्तारसे अधिक हैं ॥ २०९६ ॥ २५ ।

ये सब मनोहर कनकगिरि मूलमें व ऊपर चार तोरणवेदियों, वन-उपवनों और पुष्करिणियोंसे रमणीय हैं ॥ २०९७ ॥

कनकगिरियोंके ऊपर सुवर्ण, चांदी एवं रत्नोंसे निर्मित, नाचती हुई ध्वजापताकाओंसे सहित और कालागरु धूपकी गन्धसे व्याप्त प्रासाद हैं ॥ २०९८ ॥

कांचनशैलोंका शेष वर्णन यमक और मेघगिरिके समान है । विशेषता केवल इतनी है कि ये पर्वत कांचन नामक व्यन्तर देवोंके निवास हैं ॥ २०९९ ॥

विद्युत्द्रहसे उत्तरकी ओर दो हजार बानबै योजन और उन्नीससे विभक्त दो कलाप्रमाण (२०९२ $\frac{२}{१९}$) जाकर एक योजन ऊंची, अर्ध कोसप्रमाण विस्तारसे सहित और पूर्व-पश्चिम भागोंमें गजदन्तपर्वतोंसे संलग्न दिव्य वेदी स्थित है ॥ २१००-२१०१ ॥ यो. १ । को. $\frac{१}{२}$ ।

वह वेदी विपुल मार्ग और अट्टालयोंसे सहित, बहुत तोरणद्वारोंसे संयुक्त और द्वारोंके उपरिम भागोंमें स्थित जिनभवनोंसे परिपूर्ण है ॥ २१०२ ॥

भद्रशालवनके भीतर सीतोदानदीके पूर्व-पश्चिम भागोंमें सिद्धिक (स्वस्तिक) और अंजन नामक दिग्गजेन्द्र पर्वत हैं ॥ २१०३ ॥

ये पर्वत एकसौ योजन ऊंचे, इतने ही प्रमाण मूलविस्तारसे सहित और उंचाईके चतुर्थ भागप्रमाण पृथिवीमें गहरे हैं । तथा इनका शिखरविस्तार पचास योजनमात्र है ॥ २१०४ ॥

१०० । १०० । ५० । २५ ।

१ द ब कणयमईणं. २ द ब णामा वेंतरं पि. ३ द ब उज्जुदहादो. ४ द ब विरदा. ५ द ब दिग्गिंदिदि.

पुव्वं पिव वणसंडा मूले उवरिम्मि दिग्गयाणं[1] पि । वरवेदीदारजुदा समंतदो सुंदरा होंति ॥ २१०५
एदाणं परिहीओ वासेणं तिगुणिदेण अधियाओ । ताण उवरिम्मि दिव्वा पासादा कणयरयणमया ॥ २१०६
पणघणकोसायामा तद्दलवासा हवंति पत्तेक्कं । सव्वे सरिसुच्छेहा वासेण दिवड्ढगुणिदेणं ॥ २१०७

१२५ । $\frac{१२५}{२}$ । $\frac{३७५}{४}$ ।

एदेसुं भवणेसुं कीडेदि जमो त्ति वाहणो देवो । सक्कस्स विकुव्वंतो एरावदहत्थिरूवेणं ॥ २१०८
तत्तो सीदोदाए पच्छिमतीरे जिणिंदपासादो[2] । मंदरदक्खिणभागे तिहुवणचूडामणीणामो ॥ २१०९
उच्छेहवासपहुदिं पंडुगजिणणाहे[3]मंदिराहिंतो । मुहमंडवमधिठाणप्पहुदिं[4] च चउग्गुणं तस्स ॥ २११०
मंदरपच्छिमभागे सीदोदणदीए उत्तरे तीरे । चेट्ठदि जिणिंदभवणं[5] पुव्वं पिव वण्णेहिं जुदं ॥ २१११
सीदोदवाहिणीए दक्खिणतीरम्मि भद्दसालवणे । चेट्ठेदि कुमुदसेलं[6] उत्तरतीरे पलासगिरी ॥ २११२
एदाओ वण्णणाओ सयलाओ दिग्गइंदसरिसाओ । णवरि विसेसो एसो वासो वरुणस्स[7] उत्तरिंदस्स ॥२११३

इन दिग्गजपर्वतोंके ऊपर व मूलमें पहिलेके ही समान उत्तम वन-वेदीद्वारोंसे संयुक्त और सब ओर सुन्दर वनखण्ड हैं ॥ २१०५ ॥

इनकी परिधियां तिगुणे विस्तारसे अधिक हैं । उन पर्वतोंके ऊपर सुवर्ण और रत्नमय दिव्य प्रासाद हैं ॥ २१०६ ॥

इन सबमें प्रत्येक प्रासाद पांचके घन अर्थात् एकसौ पच्चीस कोसप्रमाण लंबे, इससे आधे विस्तारसे सहित और डेढ़गुणे विस्तारके सदृश ऊंचे हैं ॥ २१०७ ॥ १२५ । $\frac{१२५}{२}$ । $\frac{३७५}{४}$ ।

इन भवनोंमें सौधर्म इन्द्रका यम नामक वाहनदेव क्रीड़ा किया करता है । यह देव ऐरावतहाथीके रूपसे विक्रिया करता है ॥ २१०८ ॥

इसके आगे मन्दरपर्वतके दक्षिण भागमें सीतोदानदीके पश्चिम किनारेपर त्रिभुवनचूडामणि नामक जिनेन्द्रप्रासाद है ॥ २१०९ ॥

उस जिनेन्द्रप्रासादकी उंचाई व विस्तारप्रभृति तथा मुखमण्डप व अधिष्ठानप्रभृति पाण्डुकवनके जिनेन्द्रमन्दिरोंसे चौगुणे हैं ॥ २११० ॥

मन्दरपर्वतके पश्चिम भागमें सीतोदानदीके उत्तर किनारेपर पूर्वके ही समान वर्णनोंसे युक्त जिनेन्द्रभवन स्थित है ॥ २१११ ॥

भद्रशालवनमें सीतोदानदीके दक्षिण किनारेपर कुमुदशैल और उत्तर किनारेपर पलाशगिरि स्थित है ॥ २११२ ॥

ये सम्पूर्ण वर्णनायें दिग्गजेन्द्रपर्वतोंके सदृश हैं । विशेष केवल यह है कि यहां उत्तरेन्द्रके लोकपाल वरुणका निवास है ॥ २११३ ॥

१ द ब दिग्गदाणं. २ द ब °पासादा. ३ द ब °जिणणाम°. ४ द ब मुहमंडलमदिवासं पहुदि. ५ द जिणंदभवणं. ६ द ब कुणदिसेलं. ७ द ब एसो वरुणेसुं.

तत्तो पच्छिमभागे कणयमया भद्दसालवणवेदी । णीलणिसहाचलाणं उववणवेदीए[1] संलग्गा ॥ २११४
तेत्तीससहस्साइं जोयणया छस्सयाइं चुलसीदी । उणवीसहिदाओ चउक्कलाओ वेदीए दीहत्तं ॥ २११५
उवरिम्मि णीलगिरिणो दिव्वदहो केसरि त्ति विक्खादो । तस्स य दक्खिणदारेणं गच्छदि वरणई सीदा ॥ २११६
सीदोदाय सरिच्छा पडिऊणं सीदकुंडउवरिम्मि[2] । तद्दक्खिणदारेणं णिक्कामदि दक्खिणमुहेणं ॥ २११७
णिक्कमिदूणं वच्चदि दक्खिणभागेण जाव मेरुगिरिं । दोकोसेहिमपाविय पुव्वमुही वलदि तत्तिअंतरिदा ॥ २११८
सेलम्मि[3] मालवंते गुहाए दक्खिणमुहाए पविसेदि । णिस्सरिदूणं गच्छदि कुटिला[4] य मेरुमज्झंतं ॥ २११९
तग्गिरिमज्झपदेसं णियमज्झपदेसपणिधियं कट्टु[5] । पुव्वमुहेणं गच्छदि पुव्वविदेहस्स बहुमज्झे ॥ २१२०
जंबूदीवस्स तदो जगदीबिलदारएण संचरियं । परिवारणदीहि जुदा पविसदि लवणण्णवं सीदा ॥ २१२१
रुंदावगाढपहुदिं तह वेदीउववणादिकं सव्वं । सीदोदासारिच्छं सीदणदीए वि णादव्वं[6] ॥ २१२२
णीलाचलदक्खिणदो एक्कं गंतूण जोयणसहस्सं । सीदादोपासेसुं चेट्ठंते दोण्णि जमकगिरी ॥ २१२३

१००० ।

इसके आगे पश्चिम भागमें नील व निषध पर्वतकी उपवनवेदीसे संलग्न सुवर्णमय भद्रशालवनवेदी है ॥ २११४ ॥

वेदीकी लंबाई तेतीस हजार छहसौ चौरासी योजन और उन्नीससे भाजित चार कला-प्रमाण है ॥ २११५ ॥

नीलपर्वतके ऊपर केसरी नामसे प्रसिद्ध दिव्य द्रह है । उसके दक्षिणद्वारसे सीता नामक उत्तम नदी निकलती है ॥ २११६ ॥

सीतानदी सीतोदाके समान हो सीताकुंडमें गिरकर दक्षिणमुख होती हुई उसके दक्षिणद्वारसे निकलती है ॥ २११७ ॥

कुंडसे निकलकर वह नदी मेरुपर्वत तक दक्षिणकी ओरसे जाती हुई दो कोसोंसे उस मेरुपर्वतको न पाकर उतनेमात्र अन्तरसहित पूर्वकी ओर मुड़ जाती है ॥ २११८ ॥

उक्त नदी माल्यवंतपर्वतकी दक्षिणमुखवाली गुफामें प्रवेश करती है । पश्चात् उस गुफामेंसे निकलकर कुटिलरूपसे मेरुपर्वतके मध्यभाग तक जाती है ॥ २११९ ॥

उस पर्वतके मध्यभागको अपना मध्यप्रदेशप्रणिधि करके वह सीतानदी पूर्वविदेहके ठीक बीचमेंसे पूर्वकी ओर जाती है ॥ २१२० ॥

अनन्तर जम्बूद्वीपकी जगतीके बिलद्वारमेंसे जाकर वह सीतानदी परिवारनदियोंसे युक्त होती हुई लवणसमुद्रमें प्रवेश करती है ॥ २१२१ ॥

सीतानदीका विस्तार व गहराई आदि तथा उसकी वेदी और उपवनादिक सब सीतोदाके सदृश ही जानना चाहिये ॥ २१२२ ॥

नीलपर्वतके दक्षिणमें एक हजार योजन जाकर सीताके दोनों पार्श्वभागोंमें दो यमकगिरि स्थित हैं ॥ २१२३ ॥ १००० ।

---

१ ब वेदीओ. २ द ब सीदकुंड. ३ द ब सीलम्मि. ४ ब कुटिलाया. ५ द ब कूडो. ६ द ब णादव्वा.

पुव्वस्सिं चित्तणगो[1] पच्छिमभाए विचित्तकूडो[2] य । जमकंमेघगिरि व्व सव्वं चिय वण्णणं ताणं ॥ २१२४
जमकगिरिंदाहिंतो पंचसया जोयणाणि गंतूणं । पंच दहा पत्तेक्कं सहस्सदलजोयणंतरिदा ॥ २१२५
५०० ।
णीलकुरुइंदुएरावदा[3] य णामेहिं मालवंतो य । ते[4] दिव्वदहा णिसहद्दहादिवरवण्णणेहिं जुदा ॥ २१२६
दुसहस्सा बाणउदी जोयण दोभाग ऊणवीसहिदा । चरिमदहादो दक्खिणभागे[5] गंतूण होदि वरवेदी ॥२१२७
पुव्वावरभाएसुं सा गयदंताचलाण संलग्गा । इगिजोयणमुत्तुंगा जोयणअट्ठंस[6]वित्थारा ॥ २१२८
जो १ । दं १००० ।[7]
चरियट्टालयपउरा[8] सा वेदी विविहधयवडेहि जुदा । दारोवरिमठिदेहिं[9] जिणिंदभवणेहिं रमणिज्जा ॥ २१२९
वरभद्दसालमज्झे सीदादुतडेसु दिग्गइंदगिरी । रोचणवतंसकूडे सत्थियगिरिवण्णणेहिं[10] जुदा ॥ २१३०
णवरि विसेसो एक्को ईसाणिंदस्स वाहणो[11] देवो । णामेणं वइसमणो तेसुं लीलाए चेट्ठेदि ॥ २१३१
सीदातरंगिणीए पुव्वम्मि तदो जिणिंदपासादो । मंदरउत्तरपासे गयदंतब्भंतरे होदि ॥ २१३२

सीताके पूर्वमें चित्रनग और पश्चिम भागमें विचित्रकूट है । इनका सब वर्णन यमक और मेघगिरिके सदृश ही समझना चाहिये ॥ २१२४ ॥

यमकपर्वतोंके आगे पांचसौ योजन जाकर पांच द्रह हैं, जिनमेंसे प्रत्येक अर्ध सहस्र अर्थात् पांचसौ योजनप्रमाण दूरीपर है ॥ २१२५ ॥ ५०० ।

नील, कुरु (उत्तरकुरु), चन्द्र, ऐरावत और माल्यवन्त, ये उन दिव्य द्रहोंके नाम हैं । ये दिव्य द्रह निषधद्रहादिकके उत्तम वर्णनोंसे युक्त हैं ॥ २१२६ ॥

अन्तिम द्रहसे दो हजार बानबै योजन और उन्नीससे भाजित दो भागप्रमाण जाकर दक्षिणभागमें उत्तम वेदी है ॥ २१२७ ॥

वह वेदी पूर्व-पश्चिम भागोंमें गजदन्तपर्वतोंसे संलग्न, एक योजन ऊंची और योजनके आठवें भागप्रमाण विस्तारसे सहित है ॥ २१२८ ॥ यो. १ । दं. १००० ।

प्रचुर मार्ग व अट्टालिकाओंसे सहित और नाना प्रकारकी ध्वजा-पताकाओंसे संयुक्त वह वेदी द्वारोंके उपरिम भागोंमें स्थित जिनेन्द्रभवनोंसे रमणीय है ॥ २१२९ ॥

उत्तम भद्रशालवनके मध्यमें सीतानदीके दोनों किनारोंपर स्वस्तिक [व अंजन] गिरिके समान वर्णनोंसे युक्त रोचन व अवतंसकूट नामक दिग्गजेन्द्रगिरि हैं ॥ २१३० ॥

विशेषता केवल एक यही है कि उन भवनोंमें ईशानेन्द्रका वैश्रवण नामक वाहनदेव लीलासे निवास करता है ॥ २१३१ ॥

गजदन्तके अभ्यन्तर भागमें सीतानदीके पूर्व और मन्दरपर्वतके उत्तरपार्श्वभागमें जिनेन्द्रप्रासाद स्थित है ॥ २१३२ ॥

१ द ब चेत्तणगो. २ द ब विचित्तकूडा. ३ द ब °कुरुदहएवावदा. ४ ब ते दिव्व°. ५ द ब भागा. ६ द ब अद्धंस°. ७ द ब दं ४०००१. ८ ब वरियट्टालय°. ९ द दारोवरिमरिदेहिं, ब दारोपरमतलेहिं. १० द ब रावणतवस्स कूडेसट्ठिगिरि°. ११ द ब वाहणा.

सीदाए दक्खिणए जिणभवणं भद्दसालवणमज्झे । मंदरपुव्वदिसाए पुव्वोदिदवण्णणाजुत्तं[1] ॥ २१३३

सीदाणदिए तत्तो उत्तरतीरम्मि दक्खिणे तीरे । पुव्वोदिदकमजुत्ता पउमोत्तरणीलदिग्गइंदाओ ॥ २१३४

णवरि विसेसो एक्को सोमो णामेण चेट्ठदे तेसुं । सोहम्मिंदस्स तहा वाहणदेओ जमो णाम ॥ २१३५

मेरुगिरिपुव्वदक्खिणपच्छिमए उत्तरम्मि पत्तेक्कं । सीदासीदोदाए पंच दहा केइ इच्छंति ॥ २१३६

ताणं उवदेसेण य एक्केक्कदहस्स दोसु तीरेसुं । पण पण कंचणसेला पत्तेक्कं होंति णियमेणं ॥ २१३७

[पाठान्तरम् ।]

मंदरगिरिंददक्खिणविभागगदभद्दसालवेदीदो । दक्खिणभायम्मि पुढं णिसहस्स य उत्तरे भागे ॥ २१३८

विज्जुप्पहपुव्वदिसा सोमणसादो य पच्छिमे भागे । पुव्वावरतीरेसुं सीदोदे होदि देवकुरू ॥ २१३९

णिसहवणवेदिपासे तस्स य पुव्वावरेसु दीहत्तं । तेवण्णसहस्साणिं जोयणमाणं विणिद्दिट्ठं ॥ २१४०

अट्ठसहस्सा चउसयचउतीसा मेरुदक्खिणदिसाए । सिरिभद्दसालवेदियपासे तक्खेत्तदीहत्तं ॥ २१४१

८४३४ ।

एक्करससहस्साणिं पंचसया जोयणाणि बाणउदी । उणवीसहिदा दुकला तस्सुत्तरदक्खिणे रुंदो ॥ २१४२

११५९२ । $\frac{2}{19}$ ।

भद्रशालवनके मध्यमें सीताके दक्षिण और मन्दरकी पूर्वदिशामें पूर्वोक्त वर्णनासे सहित जिनभवन है ॥ २१३३ ॥

इसके आगे सीतानदीके उत्तर और दक्षिण किनारोंपर पूर्वोक्त क्रमसे युक्त पद्मोत्तर और नील नामक दिग्गजेन्द्र पर्वत स्थित हैं ॥ २१३४ ॥

यहां विशेषता एक यह हैं कि उन पर्वतोंपर सौधर्म इन्द्रके सोम और यम नामक वाहन-देव रहते हैं ॥ २१३५ ॥

कितने ही आचार्य मेरुपर्वतके पूर्व, दक्षिण, पश्चिम और उत्तर, इनमेंसे प्रत्येक दिशामें सीता तथा सीतोदानदीके पांच द्रहोंको स्वीकार करते हैं ॥ २१३६ ॥

उनके उपदेशसे एक एक द्रहके दोनों किनारोंमेंसे प्रत्येक किनारेपर नियमसे पांच पांच कांचनशैल हैं ॥ २१३७ ॥ [पाठान्तर ।]

मन्दरपर्वतके दक्षिणभागमें स्थित भद्रशालवेदीसे दक्षिण, निषधसे उत्तर, विद्युत्प्रभके पूर्व और सौमनसके पश्चिम भागमें सीतोदाके पूर्व-पश्चिम किनारोंपर देवकुरु है ॥ २१३८-२१३९ ॥

निषधपर्वतकी वनवेदीके पासमें उसकी पूर्व-पश्चिम लंबाई तिरेपन हजार योजनप्रमाण बतलाई गई है ॥ २१४० ॥

मेरुकी दक्षिणदिशामें श्रीभद्रशालवेदीके पास उस क्षेत्रकी लंबाई आठ हजार चारसौ चौंतीस योजनमात्र है ॥ २१४१ ॥ ८४३४ ।

उसका विस्तार उत्तर-दक्षिणमें ग्यारह हजार पांचसौ बानबै योजन और उन्नीससे भाजित दो कलामात्र है ॥ २१४२ ॥ ११५९२ $\frac{2}{19}$ ।

---

१ ब ब जुत्ता.

पणुवीससहस्साइं णवसयइगिसीदिजोयणा रुंदो । दोगयदंतसमीवे वंकसरूवेण णिद्दिट्ठं ॥ २१४३

२५९८१ ।

णिसहवरवेदिवारणदंताचलपासकुंडणिस्सरिदा । चउसीदिसहस्साणिं णदीउ पविसंति[1] सीदोदं ॥ २१४४

८४००० ।

सुसमसुसमम्मि काले जा भणिदा वण्णणा विचित्तयरा । सा हाणीए विहीणा एदस्सिं[2] णिसहसेले य ॥ २१४५

णिसहस्सुत्तरपासे पुव्वाए दिसाए विज्जुपहगिरिणो । सीदोदवाहिणीए पच्छिल्लदिसाए भागम्मि ॥ २१४६

मंदरगिरिंदणइरिदिभागे खेत्तम्मि देवकुरुणामे । सम्मलिरुक्खाण[3] थलं रजदमयं चेट्ठदे रम्मं ॥ २१४७

पंचसयजोयणाणिं हेट्ठतले तस्स होदि वित्थारो । पण्णारस परिहीए एक्कसीदिजुदा य तस्सधिया ॥ २१४८

५०० । १५८१ ।

मज्झिमउदयपमाणं अट्ठं चिय जोयणाणि एदस्स । सव्वंतेसुं उदओ दो दो[4] कोसं पुढं होदि ॥ २१४९

८ । २ ।

सम्मलिरुक्खाण थलं तिण्णि वणा वेढिदूण चेट्ठंति । विविहवररुक्खछण्णा देवासुरमिहुणसंकिण्णा ॥ २१५०

उवरिं थलस्स चेट्ठदि समंतदो वेदिया सुवण्णमई । दारोवरिमतलेसुं जिणिंदभवणेहिं संपुण्णा ॥ २१५१

....

दोनों गजदन्तोंके समीपमें उसका विस्तार वक्ररूपसे पच्चीस हजार नौसौ इक्यासी योजनप्रमाण निर्दिष्ट किया गया है ॥ २१४३ ॥ २५९८१ ।

निषधपर्वतकी उत्तम वेदी और गजदन्तपर्वतोंके पासमें स्थित कुण्डोंसे निकली हुई चौरासी हजार नदियां सीतोदानदीमें प्रवेश करती हैं ॥ २१४४ ॥ ८४००० ।

सुषमसुषमाकालके विषयमें जो विचित्रतर वर्णन किया गया है, वही वर्णन हानिसे रहित इस निषधशैलसे परे देवकुरुक्षेत्रमें समझना चाहिये ॥ २१४५ ॥

देवकुरुक्षेत्रके भीतर निषधपर्वतके उत्तरपार्श्वभागमें, विद्युत्प्रभपर्वतसे पूर्वदिशामें, सीतोदानदीकी पश्चिमदिशामें और मन्दरागिरिके नैऋत्यभागमें रमणीय रजतमय शाल्मलीवृक्षोंका स्थल स्थित है ॥ २१४६–२१४७ ॥

उसका विस्तार नीचे पांचसौ योजन और परिधि पन्द्रहसौ इक्यासी योजनसे अधिक है ॥ २१४८ ॥ ५०० । १५८१ ।

इसकी मध्यम उंचाईका प्रमाण आठ योजन और सबके अन्तमें पृथक् पृथक् दो दो कोसमात्र है ॥ २१४९ ॥ यो० ८ । को० २ ।

विविध प्रकारके उत्तम वृक्षोंसे व्याप्त और सुरासुरयुगलोंसे संकीर्ण तीन वन शाल्मलीवृक्षोंके स्थलको वेष्टित करके स्थित हैं ॥ २१५० ॥

स्थलके ऊपर चारों ओर द्वारोंके उपरिम भागमें स्थित जिनेन्द्रभवनोंसे परिपूर्ण सुवर्णमय वेदिका स्थित है ॥ २१५१ ॥

---

१ द ब पविसत्त. २ द ब एदासिं. ३ द संबलि°. ४ द दोहो.

अडजोयणउत्तुंगो बारसचउमूलउड्डुवित्थारो । समवट्टो रजदमओ पीढो वेदीए मज्झम्मि ॥ २१५२

८ । १२ । ४ ।

तस्स बहुमज्झदेसे सपादपीढो य सम्मलीरुक्खो । सुप्पहणामो बहुविहवररयणुज्जोयसोहिल्लो ॥ २१५३

उच्छेहजोयणेणं अट्ठं चिय जोयणाणि उत्तुंगो । तस्सावगाढभागो वज्जमओ दोण्णि कोसाणिं ॥ २१५४

८ । २ ।

सोहेदि तस्स खंधो[1] फुरंतवरकिरणपुस्सरागमओ । इगिकोसबहलजुत्तो जोयणजुगमेत्तउत्तुंगो ॥ २१५५

को १ । २ ।

जेट्ठाओ साहाओ चत्तारि हवंति चउदिसाभाए । छज्जोयणदीहाओ तेत्तियमेत्तंतराउ पत्तेक्कं ॥ २१५६

६ । ६ ।

साहासुं पत्ताणिं मरगयवेरुलियणीलइंदाणिं । विविहाइं कक्केयणचामीयरविद्दुममयाणिं ॥ २१५७

सम्मलितरुणो अंकुरकुसुमफलाणिं विचित्तरयणाणिं । पणवण्णसोहिदाणिं णिरुवमरूवाणि रेहंति ॥ २१५८

जीउप्पत्तिलयाणं कारणभूदो अणाइणिहणो[2] सो । सम्मलिरुक्खो[3] चामरकिंकिणिघंटादिकयसोहो[4] ॥ २१५९

इस वेदीके मध्यभागमें आठ योजन ऊंचा और मूलमें बारह तथा ऊपर चार योजन-प्रमाण विस्तारसे सहित समवृत्त रजतमय पीठ है ॥ २१५२ ॥ ८ । १२ । ४ ।

उस पीठके बहुमध्यभागमें पादपीठसहित और बहुत प्रकारके उत्कृष्ट रत्नोंके उद्योतसे सुशोभित सुप्रभ नामक शाल्मलीवृक्ष स्थित है ॥ २१५३ ॥

वह वृक्ष उत्सेधयोजनसे आठ योजन ऊंचा है । उसका वज्रमय अवगाढ़भाग दो कोस-मात्र है ॥ २१५४ ॥ यो. ८ । को. २ ।

उस वृक्षका एक कोस बाहल्यसे सहित, दो योजनमात्र ऊंचा और प्रकाशमान उत्तम किरणोंसे संयुक्त पुष्यरागमय (पुखराजमय) स्कन्ध शोभायमान है ॥ २१५५ ॥

को. १ । यो. २ ।

इस वृक्षकी चारों दिशाओंमें चार महाशाखायें हैं । इनमेंसे प्रत्येक शाखा छह योजन लंबी और इतनेमात्र अन्तरसे सहित है ॥ २१५६ ॥ ६ । ६ ।

शाखाओंमें मरकत, वैडूर्य, इन्द्रनील, कर्केतन, सुवर्ण और मूंगेसे निर्मित विविध प्रकारके पत्ते हैं ॥ २१५७ ॥

शाल्मलीवृक्षके विचित्र रत्नस्वरूप और पांच वर्णोंसे शोभित अनुपम रूपवाले अंकुर, फूल एवं फल शोभायमान हैं ॥ २१५८ ॥

वह शाल्मलीवृक्ष स्वयं अनादिनिधन होकर भी जीवोंकी उत्पत्ति एवं नाशका कारण होता हुआ चामर, किंकिणी और घंटादिसे शोभायमान है ॥ २१५९ ॥

१ द ब खंदा. २ द ब °णिहणा. ३ द ब °रुक्खा. ४ द ब °किंकिणिपारादिकयसोहा.

तद्दक्खिणसाहाए जिणिंदभवणं विचित्तरयणमयं । चउहिदतिकोसउदयं कोसायामं तदद्धवित्थारं ॥ २१६०

३/४ । को १ । १/२ ।

जं पंडुगजिणभवणे भणियं णिस्सेसवण्णणं किं पि । एदस्सिं[1] णादव्वं सुरदुंदुभिसद्दगहिरयरे[2] ॥ २१६१

सेसासुं साहासुं कोसायामा तदद्धविक्खंभा[3] । पादोणकोसतुंगा हवंति एक्केक्कपासादा ॥ २१६२

को १ । १/२ । ३/४ ।

चउतोरणवेदिजुदा रयणमया विविहदिव्वधूवघडा । पजलंतरयणदीवा ते सव्वे धयवदाइण्णा ॥ २१६३

सयणासणपमुहाणिं भवणेसुं णिम्मलाणि विरजाणिं । पकिदिमउवाणि तणुमणणयणाणंदणसरूवाणिं ॥ २१६४

चेट्ठदि तेसु पुरेसुं वेणू णामेण वेंतरो देओ । बहुविहपरिवारजुदो दुइज्जओ वेणुधारि त्ति ॥ २१६५

सम्मद्दंसणसुद्धा सम्माइट्ठीण वच्छला दोण्णि । ते दसचाउत्तुंगा पत्तेक्कं पल्लएक्काऊ ॥ २१६६

सम्मलिदुमस्स बारस समंतदो होंति दिव्ववेदीओ । चउगोउरजुत्ताओ फुरंतवररयणसोहाओ ॥ २१६७

उस्सेधगाउदेणं[4] बेगाउदमेत्तउस्सिदा ताओ । पंचसया चावाणिं रुंदेणं होंति वेदीओ ॥ २१६८

उसकी दक्षिण शाखापर चारसे भाजित तीन कोसप्रमाण ऊंचा, एक कोस लंबा और लंबाईसे आधे विस्तारवाला विचित्र रत्नमय जिनभवन है ॥ २१६० ॥ को. ३/४ । १ । १/२ ।

पाण्डुकवनमें स्थित जिनभवनके विषयमें जो कुछ भी वर्णन किया गया है वही सम्पूर्ण वर्णन देवदुंदुभी बाजोंके शब्दोंसे अतिशय गम्भीर इस जिनेन्द्रभवनके विषयमें भी जानना चाहिये ॥ २१६१ ॥

अवशिष्ट शाखाओंपर एक कोस लंबे, इससे आधे विस्तारवाले और पौन कोस ऊंचे एक एक प्रासाद हैं ॥ २१६२ ॥ को. १ । १/२ । ३/४ ।

वे सब रत्नमय प्रासाद चार तोरणवेदियोंसे सहित, विविध प्रकारके दिव्य धूपघटोंसे संयुक्त, जलते हुए रत्नदीपकोंसे प्रकाशमान और ध्वजा-पताकाओंसे व्याप्त हैं ॥ २१६३ ॥

इन भवनोंमें निर्मल, धूलिसे रहित, शरीर, मन एवं नयनोंको आनन्ददायक और स्वभावसे मृदुल शय्यायें व आसनादिक स्थित हैं ॥ २१६४ ॥

उन पुरोंमें बहुत प्रकारके परिवारसे सहित वेणु नामक व्यन्तर देव और द्वितीय वेणुधारी देव रहता है ॥ २१६५ ॥

सम्यग्दर्शनसे शुद्ध और सम्यग्दृष्टियोंसे प्रेम करनेवाले उन दोनों देवोंमेंसे प्रत्येक दश धनुष ऊंचे व एक पल्यप्रमाण आयुसे सहित हैं ॥ २१६६ ॥

शाल्मलीवृक्षके चारों तरफ चार गोपुरोंसे युक्त और प्रकाशमान उत्तम रत्नोंसे सुशोभित बारह दिव्य वेदियां हैं ॥ २१६७ ॥

वे वेदियां उत्सेधकोससे दो कोसमात्र ऊंची और पांचसौ धनुषप्रमाण विस्तारसे सहित हैं ॥ २१६८ ॥

१ द ब एदेसिं. २ द ब गहिरयरो. ३ द ब °विक्खंभो. ४ द उस्सेण गाउदेणं, ब उस्सेण गाउदोणं.

कुलगिरिसरिया सुप्पहणामस्स य सम्मलिदुमस्स । चेट्ठदि उववणसंडाइण्णो स[1] खु सम्मलीरुक्खो ॥ २१६९
तत्तो बिदिया भूमी उववणसंडेहिं विविहकुसुमेहिं । पोक्खरणीवावीहिं सारसपहुदीहिं रमणिज्जा ॥ २१७०
बिदियं व तदियभूमी णवरि विसेसो विचित्तरयणमया । अट्ठुत्तरसयसम्मलिरुक्खा तीए समंतेणं ॥ २१७१
अद्धेण पमाणेणं ते सव्वे होंति सुप्पहाहिंतो । एदेसुं चेट्ठंते वेणुदुगाणं महामण्णा[2] ॥ २१७२
तदियं व तुरिमभूमी चउतोरणउवरिसम्मलीरुक्खा । पुव्वदिसाए तेसुं चउदेवीओ य वेणुजुगलस्स ॥ २१७३

४ । २ । २ ।

तुरिमं व पंचमंमही[3] णवरि विसेसो ण सम्मलीरुक्खो[4] । तत्थ भवंति विचित्ता वावीओ विविहरूवाओ[5] ॥ २१७४
छट्ठीए वणसंडो सत्तमभूमीए चउदिसाभागे । सोलससहस्सरुक्खा वेणुजुगसंगरक्खाणं ॥ २१७५

८००० । ८००० ।

सामाणियदेवाणं चत्तारो होंति सम्मलिसहस्सा । पवणेसाणदिसासुं उत्तरभागम्मि वेणुजुगलस्स ॥ २१७६

२००० । २००० ।

बत्तीससहस्साणिं सम्मलिरुक्खाणि अणलदिब्भाए । भूमीए णवमीए अब्भंतरदेवपरिसाणं ॥ २१७७

१६००० । १६००० ।

इसप्रकार कुलगिरिवेदिकासदृश ही ये सुप्रभ नामक शाल्मलीवृक्षकी वेदिकायें हैं । वह शाल्मलीवृक्ष (प्रथम वेदिकाके भीतर) उपवनखंडोंसे आकीर्ण स्थित है ॥ २१६९ ॥

इसके आगे द्वितीय भूमि विविध प्रकारके फूलोंवाले उपवनखण्डों, पुष्करिणियों, वापियों और सारसादिकोंसे रमणीय है ॥ २१७० ॥

द्वितीय भूमिके समान तृतीय भूमि भी है । परन्तु विशेषता केवल यह है कि तृतीय भूमिमें चारों ओर विचित्र रत्नोंसे निर्मित एकसौ आठ शाल्मलीवृक्ष हैं ॥ २१७१ ॥

वे सब वृक्ष सुप्रभवृक्षकी अपेक्षा आधे प्रमाणसे सहित हैं। इनके ऊपर वेणु और वेणुधारी इन दोनोंके महामान्य देव निवास करते हैं ॥ २१७२ ॥

तृतीय भूमिके समान चतुर्थ भूमि भी है । इसकी पूर्वदिशामें चार तोरणोंपर शाल्मलीवृक्ष हैं, जिनपर वेणुयुगलकी चार देवियां रहती हैं ॥ २१७३ ॥ ४ । २ । २ ।

चतुर्थ भूमिके समान पांचवीं भूमि भी है। विशेष केवल यह है कि इस भूमिमें शाल्मली-वृक्ष तो नहीं है, परन्तु विविध रूपवाली विचित्र वापियां हैं ॥ २१७४ ॥

छठी भूमिमें वनखण्ड और सातवीं भूमिके भीतर चारों दिशाओंमें वेणुयुगलके अंगरक्षक देवोंके सोलह हजार वृक्ष हैं ॥ २१७५ ॥ ८००० । ८००० ।

[आठवीं भूमिमें] वायव्य, ईशान और उत्तरदिशाभागमें वेणुयुगलके सामानिक देवोंके चार हजार शाल्मलीवृक्ष हैं ॥ २१७६ ॥ २००० । २००० ।

नववीं भूमिके भीतर अग्निदिशामें अभ्यन्तर पारिषद देवोंके बत्तीस हजार शाल्मलीवृक्ष हैं ॥ २१७७ ॥ १६००० । १६००० ।

---

१ द ब संडा अण्णेण. २ द ब महारण्णा. ३ द ब पंचमंहिव. ४ द ब रुक्खं. ५ द विविहरूवाणि.

पुह पुह वीससहस्सा सम्मलिरुक्खाण दक्खिणे भागे। दसमखिदीए मज्झिमपरिससुराणं च वेणुजुगे ॥२१७८

२०००० । २०००० ।

पुह चउवीससहस्सा सम्मलिरुक्खाण णइरिदिविभागे। एक्कारसममहीए बाहिरपरिसामराण दोण्णं पि ॥२१७९

२४००० । २४००० ।

सत्तेसु य अणिएसुं अधिवइदेवाण सम्मलीरुक्खा । बारसमाए महीए सत्त च्चिय पच्छिमदिसाए ॥ २१८०

७ ।

लक्खं चालसहस्सा वीसुत्तरसयजुदा य ते सव्वे । रम्मा अणाइणिहणा संमिलिदा[1] सम्मलीरुक्खा ॥ २१८१

१४०१२० ।

तोरणवेदीजुत्ता सपादपीढा अकिट्टिमायारा । वररयणखचिदसाहा सम्मलिरुक्खा विरायंति ॥ २१८२

वज्जिंदणीलमरगयरविकंतमयंककंतपहुदीहिं । णिण्णासिअंधयारं सुप्पहरुक्खस्स भादि थलं[2] ॥ २१८३

सुप्पहथलस्स[3] विउला समंतदो तिण्णि होंति वणसंडा । विविहफलकुसुमपल्लवसोहिल्लविचित्ततरुछण्णा ॥२१८४

तेसुं पढमम्मि वणे चत्तारो चउदिसासु पासादा । चउहिदतिकोसउदया कोसायामा तदद्धवित्थारा ॥२१८५

$\frac{3}{4}$ । १ । $\frac{1}{2}$ ।

दशवीं पृथिवीके दक्षिणभागमें वेणुयुगलसम्बन्धी मध्यम पारिषद देवोंके पृथक् पृथक् बीस हजार शाल्मलीवृक्ष हैं ॥ २१७८ ॥ २०००० । २०००० ।

ग्यारहवीं भूमिके नैऋत्यदिग्विभागमें उक्त दोनों देवोंके बाह्य पारिषद देवोंके पृथक् पृथक् चौबीस हजार शाल्मलीवृक्ष हैं ॥ २१७९ ॥ २४००० । २४००० ।

बारहवीं भूमिमें पश्चिमदिशाकी ओर सात अनीकोंके अधिपति देवोंके सात ही शाल्मली-वृक्ष हैं ॥ २१८० ॥ ७ ।

रमणीय और अनादिनिधन वे सब शाल्मलीवृक्ष मिलकर एक लाख चालीस हजार एकसौ बीस हैं ॥ २१८१ ॥ १४०१२० ।

तोरणवेदियोंसे युक्त, पादपीठोंसे सहित, अकृत्रिम आकारके धारक और उत्तम रत्नोंसे खचित शाखाओंसे संयुक्त वे सब शाल्मलीवृक्ष विराजमान हैं ॥ २१८२ ॥

सुप्रभवृक्षका स्थल वज्र, इन्द्रनील, मरकत, सूर्यकान्त और चन्द्रकान्तप्रभृति मणिविशेषोंसे अन्धकारको नष्ट करता हुआ सुशोभित होता है ॥ २१८३ ॥

सुप्रभस्थलके चारों ओर विविध प्रकारके फल, फूल और पत्तोंसे शोभित ऐसे नाना प्रकारके वृक्षोंसे व्याप्त तीन विस्तृत वनखण्ड हैं ॥ २१८४ ॥

उनमेंसे प्रथम वनके भीतर चारों दिशाओंमें चारसे भाजित तीन कोसप्रमाण ऊंचे, एक कोस लंबे और इससे आधे विस्तारवाले चार प्रासाद हैं ॥ २१८५ ॥ को. $\frac{3}{4}$ । १ । $\frac{1}{2}$ ।

---

१ द ब संमेलिदा. २ द ब तदं. ३ द सुप्पहच्छलस्स, ब सुप्पहवलस्स.

भवणाणं विदिसासुं पत्तेक्कं होंति दिव्वरूवाणं । चउ चउ पोक्खरणीओ दसजोयणमेत्तगाढाओ ॥ २१८६
पणवीसजोयणाइं रुंदं पण्णास ताण दीहत्तं । विविहजलणिवहमंडिदकमलुप्पलकुमुदसंछण्णं [1] ॥ २१८७
मणिमयसोवाणाओ [2] जलयरचत्ताओ [3] ताओ सोहंति । अमरमिहुणाण कुंकुमपंकेणं पिंजरजलाओ ॥ २१८८
पुह पुह पोक्खरणीणं समंतदो होंति अट्ठ कूडाणिं । एदाण उदयपहुदिसु उवएसो संपइ पणट्ठो ॥ २१८९
वणपासादसमाणा पासादा होंति ताण उवरिम्मि । एदेसुं चेट्ठंते परिवारा वेणुजुगलस्स ॥ २१९०
मंदरउत्तरभागे दक्खिणभागम्मि णीलसेलस्स । सीदाय दोतडेसुं पच्छिमभागम्मि मालवंतस्स ॥ २१९१
पुव्वाए गंधमादणसेलाए दिसाय होदि रमणिज्जो [4] । णामेण उत्तरकुरू विक्खादो भोगभूमि त्ति ॥ २१९२
देवकुरुवण्णणाहिं सरिसाओ वण्णणाओ एदस्स । णवरि विसेसो सम्मलितरुवणप्फदी तत्थ ण हवंति ॥ २१९३
मंदरईसाणदिसाभाए णीलस्स दक्खिणे पासे । सीदाए पुव्वतडे पच्छिमभायम्मि माल्लवंतस्स ॥ २१९४
जंबूरुक्खस्स थलं [5] कणयमयं होदि पीढवरजुत्तं । विविहवररयणखचिदा जंबूरुक्खा भवंति एदस्सिं ॥ २१९५
सामलिरुक्खसरिच्छं जंबूरुक्खाण वण्णणं सयलं । णवरि विसेसा वेंतरदेवा चेट्ठंति अण्णण्णा [6] ॥ २१९६

दिव्य स्वरूपके धारक इन प्रत्येक भवनोंकी विदिशाओंमें दश योजनमात्र गहरी चार चार पुष्करिणी हैं ॥ २१८६ ॥

जलसमूहसे मंडित विविध प्रकारके कमल, उत्पल और कुमुदोंसे व्याप्त उन पुष्करिणियोंका विस्तार पच्चीस योजन व लंबाई पचास योजनमात्र है ॥ २१८७ ॥

वे पुष्करिणियां मणिमय सोपानोंसे सुन्दर, जलचर जीवोंसे परित्यक्त और देवयुगलोंके कुंकुमपंकसे पीतजलवाली हैं ॥ २१८८ ॥

पुष्करिणियोंके चारों ओर पृथक् पृथक् आठ कूट हैं। इन कूटोंकी उंचाई आदिका उपदेश इस समय नष्ट हो चुका है ॥ २१८९ ॥

उन कूटोंके ऊपर वनप्रासादोंके समान प्रासाद हैं। इनमें वेणुयुगलके परिवार रहते हैं ॥ २१९० ॥

मन्दरपर्वतके उत्तर, नीलशैलके दक्षिण, माल्यवन्तके पश्चिम और गन्धमादनशैलके पूर्व दिग्विभागमें सीतानदीके दोनों किनारोंपर 'भोगभूमि' इसप्रकारसे विख्यात रमणीय उत्तरकुरु नामक क्षेत्र है ॥ २१९१-२१९२ ॥

इसका सम्पूर्ण वर्णन देवकुरुके वर्णनके ही समान है। विशेषता केवल यह है कि वहांपर शाल्मलीवृक्षके परिवार नहीं हैं ॥ २१९३ ॥

मन्दरपर्वतके ईशानदिशाभागमें, नीलगिरिके दक्षिणपार्श्वभागमें और माल्यवंतके पश्चिम-भागमें सीतानदीके पूर्व तटपर उत्तम पीठसे सहित सुवर्णमय जम्बूवृक्षका स्थल है। इस स्थलपर विविध प्रकारके उत्कृष्ट रत्नोंसे खचित जम्बूवृक्ष हैं ॥ २१९४-२१९५ ॥

जम्बूवृक्षोंका सम्पूर्ण वर्णन शाल्मलीवृक्षोंके ही समान है। विशेषता केवल इतनी है कि यहां व्यन्तर देव अन्य-अन्य रहते हैं ॥ २१९६ ॥

---

१ द ब जलविविह°. २ द ब सोहाणाओ. ३ द ब °चत्तारि. ४ द ब रमणिज्जा. ५ द ब तलं. ६ द अण्णाणा.

तेसुं पहाणरुक्खे जिणिंदपासादभूसिदे रम्मे । आदरअणादरक्खा णिवसंते वेंतरा देवा ॥ २१९७
सम्मद्दंसणसुद्धा सम्माइट्ठीण वच्छला दोण्णि । सयलं जंबूदीवं भुंजंति एक्कछत्ती णं ॥ २१९८
पुव्वावरभागेसुं मंदरसेलस्स सोलसंखाइं[1] । विजयाणिं[2] पुव्वावरविदेहणामाणि चेट्ठंति ॥ २१९९
१६ ।
सीदाए उभएसुं पासेसुं अट्ठ अट्ठ कयसीमा । चउचउवक्खारेहिं विजया तिहिं तिहिं विभंगसरियाहिं ॥२२००
पुव्वविदेहस्संते जंबूदीवस्स जगदिपासम्मि । सीदाए दोतडेसुं देवारण्णं ठिदं रम्मं ॥ २२०१[3]
सीदोदाए दोसुं पासेसुं अट्ठ अट्ठ कयसीमा । चउचउवक्खारेहिं विजया तिहिं तिहिं विभंगसरियाहिं॥२२०२[4]
अवरविदेहस्संते जंबूदीवस्स जगदिपासम्मि । सीदोदादुतडेसुं भूदारण्णं पि चेट्ठेदि ॥ २२०३
दोसुं पि विदेहेसुं वक्खारगिरी विभंगसिंधूओ । चेट्ठंते एक्केक्कं अंतरिदूणं सहावेणं ॥ २२०४
सीदाउत्तरतडओ पुव्वस्सिं भद्दसालवेदीदो । णीलस्स दक्खिणंते पदाहिणेणं हवंति ते विजया ॥ २२०५
कच्छा सुकच्छा महाकच्छा तुरिमा कच्छकावती । आवत्ता लंगलावत्ता पोक्खला पोक्खलावदी ॥ २२०६

उनमें जिनेन्द्रप्रासादसे भूषित और रमणीय प्रधान जम्बूवृक्षके ऊपर आदर एवं अनादर नामक व्यन्तरदेव निवास करते हैं ॥ २१९७ ॥

सम्यग्दर्शनसे शुद्ध और सम्यग्दृष्टियोंके प्रेमी वे दोनों देव सम्पूर्ण जम्बूद्वीपको एकछत्री सम्राट्के समान भोगते हैं ॥ २१९८ ॥

मन्दरपर्वतके पूर्व-पश्चिम भागोंमें पूर्व-अपरविदेह नामक सोलह क्षेत्र स्थित हैं ॥ २१९९ ॥ १६ ।

सीतानदीके दोनों पार्श्वभागोंमें चार चार वक्षारपर्वत और तीन तीन विभंगनादियोंसे सीमित आठ आठ क्षेत्र हैं ॥ २२०० ॥

पूर्वविदेहके अन्तमें जम्बूद्वीपकी जगतीके पास सीताके दोनों किनारोंपर रमणीय देवारण्य स्थित है ॥ २२०१ ॥

सीतोदाके दोनों पार्श्वभागोंमें, चार चार वक्षारपर्वत और तीन तीन विभंगनदियोंसे सीमित आठ आठ क्षेत्र हैं ॥ २२०२ ॥

अपरविदेहके अन्तमें जम्बूद्वीपकी जगतीके पास सीतोदानदीके दोनों किनारोंपर भूतारण्य भी स्थित है ॥ २२०३ ॥

दोनों ही विदेहोंमें स्वभावसे एक एकको व्यवहित करके वक्षारगिरि और विभंगनदियां स्थित हैं ॥ २२०४ ॥

वे क्षेत्र सीतानदीके उत्तरकिनारेसे भद्रशालवेदीके पूर्व और नीलपर्वतके दक्षिणान्तमें प्रदक्षिणरूपसे स्थित हैं ॥ २२०५ ॥

कच्छा[1], सुकच्छा[2], महाकच्छा[3], चतुर्थ कच्छकावती[4], आवर्ता[5], लांगलावर्ता[6], पुष्कला[7], पुष्क-

---

१ द ब सोलसंखेय. २ द विजयाणं. ३ एषा गाथा ब-पुस्तके नास्ति. ४ एषा गाथा ब-पुस्तके नास्ति.

वच्छा सुवच्छा महावच्छा तुरिमा वच्छगावदी । रम्मा सुरम्मगा वि य रमणिज्जा मंगलावदी ॥ २२०७
पम्मा सुपम्मा महापम्मा तुरिमा पम्मगावदी । संखा णलिणा णामा कुमुदा सरिदा तहा ॥ २२०८
वप्पा सुवप्पा महावप्पा तुरिमा वप्पगावदी । गंधा सुगंधणामा गंधिला गंधमालिणी ॥ २२०९
णामेण चित्तकूडो पढमो बिदिओ हवे णलिणकूडो । तदिओ वि पउमकूडो चउत्थओ एक्कसेलो य ॥ २२१०
पंचमओ वि तिकूडो छट्ठो वेसमणकूडणामो य । सत्तमओ तह अंजणसेलो आदंजण[१] त्ति अट्ठमओ ॥ २२११
एदे गयदंतगिरी पुव्वविदेहम्मि अट्ठ चेट्ठंते । सव्वे पदाहिणेणं उववणपोक्खरणिरमणिज्जा ॥ २२१२
सद्धावदिविजडावदि[२]आसीविसया सुहावहो तुरिमो । चंदगिरिसूरपव्वदणागगिरी देवमालो त्ति ॥ २२१३
एदे अवरविदेहे वारणदंताचला ठिदा अट्ठ । सव्वे पदाहिणेणं उववणवेदीपहुदिजुत्ता ॥ २२१४
दहगहपंकवदीओ तत्तजला पंचमी य मत्तजला । उम्मत्तजला छट्ठी पुव्वविदेहे विभंगणई ॥ २२१५
खीरोदा सीदोदा ओसहवाहिणिगभीरमालिणिया । फेणुम्मिमालिणीओ अवरविदेहे विभंगसरियाओ ॥ २२१६
दोण्णि सहस्सा दुसया बारसजुत्ता सगंस अट्ठहिदा । पुव्वावरेण रुंदो एक्केक्के[३] होदि विजयम्मि ॥ २२१७

२२१२ । ७ ।
८

....

ल[८]वती; वत्सा[१], सुवत्सा[२], महावत्सा[३], चतुर्थ वत्सकावती[४], रम्या[५], सुरम्यका[६], रमणीया[७], मंगलावती[८]; पद्मा[१], सुपद्मा[२], महापद्मा[३], चतुर्थ पद्मकावती[४], शंखा[५], नलिनी[६], कुमुदा[७], सरित्[८]; वप्रा[१], सुवप्रा[२], महावप्रा[३], चतुर्थ वप्रकावती[४], गंधा[५], सुगंधा[६] नामक, गन्धिला[७] और गन्धमालिनी[८]; इसप्रकार क्रमसे ये उन आठ आठ क्षेत्रोंके नाम हैं ॥ २२०६–२२०९ ॥

नामसे प्रथम चित्रकूट, द्वितीय नलिनकूट, तृतीय पद्मकूट, चतुर्थ एकशैल, पांचवां भी त्रिकूट, छठा वैश्रवणकूट नामक, सातवां अंजनशैल तथा आठवां आत्मांजन, इसप्रकार उपवन और वापिकाओंसे रमणीय ये सब आठ गजदन्तपर्वत पूर्वविदेहमें प्रदक्षिणरूपसे स्थित हैं ॥ २२१० –२२१२ ॥

श्रद्धावान्, विजटावान्, आशीविपक, चतुर्थ सुखावह, चन्द्रगिरि, सूर्यपर्वत, नागगिरि और देवमाल, इसप्रकार उपवनवेदीआदिसे संयुक्त ये सब आठ गजदन्तपर्वत प्रदक्षिणरूपसे अपरविदेहमें स्थित हैं ॥ २२१३–२२१४ ॥

द्रहवती, ग्राहवती, पंकवती, तप्तजला, पांचवीं मत्तजला और छठी उन्मत्तजला, ये छह विभंगनदियां पूर्वविदेहमें हैं ॥ २२१५ ॥

क्षीरोदा, सीतोदा, औषधवाहिनी (स्रोतोवाहिनी), गभीरमालिनी, फेनमालिनी और ऊर्मिमालिनी, ये छह विभंगनदियां अपरविदेहमें स्थित हैं ॥ २२१६ ॥

प्रत्येक क्षेत्रका पूर्वापरविस्तार दो हजार दोसौ बारह योजन और आठसे भाजित सात अंशमात्र है ॥ २२१७ ॥ २२१२$\frac{७}{८}$ ।

....

१ द ब आदस्सण त्ति. २ द ब संडावदि विजडावदि. ३ द ब एक्केको.

पंचसयजोयणाणिं पुह पुह वक्खारसेलविक्खंभो । णियणियकुंडुप्पत्तिट्ठाणे कोसाणि पण्णासा ॥ २२१८

वासो विभंगकत्तीणदीण[1] सव्वाण होदि पत्तेक्कं । सीदासीदोदणईपवेसदेसम्मि पंचसयकोसा ॥ २२१९

पुव्वावरेण जोयण उणतीससयाणि तह य बावीसं । रुंदो देवारण्णे भूदारण्णे य पत्तेक्कं ॥ २२२०

२९२२ ।

विजयगयदंतसरिया देवारण्णाणि भद्दसालवणं । णियणियफलेहिं गुणिदा कादव्वा मेरुफलजुत्ता ॥ २२२१

एदाणं रचिदूणं पिंडफलं जोयणेक्कलक्खम्मि । सोधिय णियंकभजिदे जं लब्भइ तस्स सो वासो ॥ २२२२

चउणवपणचउछक्का सोधिय अंकक्कमेण वासादो । सेसं सोलसभजिदं विजयाणं जाण विक्खंभं ॥ २२२३

६४५९४ । २२१२ । ७ ।
८

छण्णउदिसहस्साणिं वासादो जोयणाणि अवणिज्जं । सेसं अट्ठविहत्तं वक्खारगिरीण विक्खंभो ॥ २२२४

९६००० । ५०० ।

णवणउदिसहस्साणिं विक्खंभादो[2] य दुसयपण्णासा । सोधिय विभंगसरियावासो सेसस्स छब्भागे ॥२२२५

९९२५० । १२५ ।

पृथक् पृथक् वक्षारशैलोंका विस्तार पांचसौ योजन और सब विभंगनदियोंमेंसे प्रत्येकका विस्तार अपने अपने कुण्डके पास उत्पत्तिस्थानमें पचास कोस तथा सीता-सीतोदा नदियोंके पास प्रवेशस्थानमें पांचसौ कोसप्रमाण है ॥ २२१८–२२१९ ॥

देवारण्य और भूतारण्यमेंसे प्रत्येकका पूर्वापरविस्तार उनतीससौ बाईस योजनप्रमाण है ॥ २२२० ॥ २९२२ ।

विजय, गजदन्त, नदी, देवारण्य और भद्रशाल, इनको अपने अपने फलोंसे (क्रमशः १६, ८, ६, २, २) गुणा करके मेरुफलसे सहित करे। पश्चात् इनको जोड़नेपर जो प्रमाण प्राप्त हो उसको एक लाख योजनोंमेंसे घटा कर अपने अंकोंका भाग देनेपर जो लब्ध आवे, उतना उसका विस्तारप्रमाण होता है ॥ २२२१–२२२२ ॥

चार, नौ, पांच, चार और छह, इन अंकोंके क्रमसे उत्पन्न हुई संख्याको जम्बूद्वीपके विस्तारमेंसे कम करके जो शेष रहे उसमें सोलहका भाग देनेपर क्षेत्रोंके विस्तारका प्रमाण जानना चाहिये ॥ २२२३ ॥ (जं. वि. १००००० – ६४५९४) ÷ १६ = २२१२$\frac{७}{८}$ ।

छ्यानबै हजार योजनोंको जम्बूद्वीपके विस्तारमेंसे कम करके शेषको आठसे विभक्त करनेपर वक्षारगिरियोंका विस्तार निकलता है ॥ २२२४ ॥

(१००००० – ९६०००) ÷ ८ = ५०० ।

निन्यानबै हजार दोसौ पचासको जम्बूद्वीपके विस्तारमेंसे कम करके शेषके छह भाग करनेपर विभंगनदियोंका विस्तारप्रमाण जाना जाता है ॥ २२२५ ॥

(१००००० – ९९२५०) ÷ ६ = १२५ ।

---

१ द विभंगकत्तो णिलीण, ब विभंगतत्तो णदीण. २ द विक्खंभोदये.

चउणउदिसहस्साणिं सोधिय वासा छप्पण्णएक्कसयं । सेसस्स अद्धमेत्तं देवारण्णाण विक्खंभो ॥ २२२६

९४१५६ । २९२२ ।

छप्पण्णसहस्साणिं सोधिय वासाओ जोयणाणं च । सेसं दोहि विहत्तं विक्खंभो भद्दसालस्स ॥ २२२७

५६००० । २२००० ।

विक्खंभादो सोधिय णउदिसहस्साणि जोयणाणं च । अवसेसं जं लद्धं सो मंदरमूलविक्खंभो ॥ २२२८

९०००० । १०००० ।

चउवण्णसहस्साणिं सोधिय दीवस्स[1] वासमज्झम्मि । सेसद्धं पुव्वावरविदेहमाणं खु पत्तेक्कं ॥ २२२९

५४००० । २३००० ।

सीदारुंदं सोधिय विदेहरुंदम्मि सेसदलमेत्तो । आयामो विजयाणं वक्खारविभंगसरियाणं ॥ २२३०

सोलससहस्सयाणिं बाणउदी समधिया य पंचसया । दो भागा पत्तेक्कं विजयप्पहुदीण दीहत्तं ॥ २२३१

१६५९२ । क $\frac{२}{१९}$ ।

अट्ठावीससहस्सा एक्केक्काए विभंगसिंधूए । परिवारवाहिणीओ विचित्तरूवाओ रेहंति ॥ २२३२

२८००० ।

सीदाय उत्तरतडे पुव्वंसे भद्दसालवेदीदो । णीलाचलदक्खिणदो पच्छिमदो चित्तकूडस्स ॥ २२३३

चौरानबै हजार एकसौ छप्पनको जम्बूद्वीपके विस्तारमेंसे घटाकर शेषके अर्धभागप्रमाण देवारण्योंका विस्तार है ॥ २२२६ ॥ (१००००० − ९४१५६) ÷ २ = २९२२ ।

छप्पन हजार योजनोंको जम्बूद्वीपके विस्तारमेंसे कम करके शेषको दोसे विभक्त करनेपर भद्रशालवनके विस्तारका प्रमाण जानना चाहिये ॥ २२२७ ॥

(१००००० − ५६०००) ÷ २ = २२००० ।

नब्बै हजार योजनोंको जम्बूद्वीपके विस्तारमेंसे कम करदेनेपर जो शेष रहे उतना मन्दर-पर्वतका मूलमें विस्तार समझना चाहिये ॥ २२२८ ॥ १००००० − ९०००० = १०००० ।

जम्बूद्वीपके विस्तारमेंसे चौवन हजार घटाकर शेषको आधा करनेपर पूर्वापरविदेहमेंसे प्रत्येकका प्रमाण निकलता है ॥ २२२९ ॥ (१००००० − ५४०००) ÷ २ = २३००० ।

विदेहके विस्तारमेंसे सीतानदीके विस्तारको घटा देनेपर शेषके अर्धभागप्रमाण क्षेत्र, वक्षारपर्वत और विभंगनदियोंकी लंबाईका प्रमाण होता है ॥ २२३० ॥

उपर्युक्त क्षेत्रादिकमेंसे प्रत्येककी लंबाई सोलह हजार पांचसौ बानबै योजन और एक योजनके उन्नीस भागोंमेंसे दो भाग अधिक है ॥ २२३१ ॥ १६५९२ $\frac{२}{१९}$ ।

एक एक विभंगनदीकी विचित्ररूप अट्ठाईस हजार परिवारनदियां शोभायमान होती हैं ॥ २२३२ ॥ २८००० ।

भद्रशालवेदीके पूर्व, नीलपर्वतके दक्षिण और चित्रकूटके पश्चिममें सीतानदीके उत्तर-

---

१ द ब दिव्वस.

चेट्ठेदि कच्छणामो विजयो[1] वणगामणयरखेडेहिं । कव्वडमडंबपट्टणदोणामुहपहुदिएहिं जुदो[2] ॥ २२३४
दुग्गाडवीहि[3] जुत्तो अंतरदीवेहि कुक्खिवासेहिं । सेसासमंतरम्मो सो रयणायरमंडिदो विजओ ॥ २२३५
गामाणं छण्णउदीकोडीओ रयणभवणभरिदाणं । परिदो कुक्कोडुयणप्पमाणविच्चालभूमीणं[4] ॥ २२३६

९६००००००० ।

णयराणि पंचहत्तरिसहस्समेत्ताणि विविहभवणाणिं । खेडाणि सहस्साणिं सोलस रमणिज्जणिलयाणिं ॥ २२३७

७५००० । १६००० ।

चउतीससहस्साणिं कव्वडया होंति तह मडंबाणं । चत्तारि सहस्साणिं अडदालसहस्स पट्टणया ॥ २२३८

३४००० । ४००० । ४८००० ।

णवणउदिसहस्साणिं हवंति दोणामुहा सुहावासा । चउद्दससहस्समेत्ता[5] संवाहणया परमरम्मा ॥ २२३९

९९००० । १४००० ।

अट्ठावीससहस्सा हवंति दुग्गाडवीओ छप्पण्णं । अंतरदीवा सत्त य सयाणि कुक्खीणिवासाणं ॥ २२४०

२८००० । ५६ । ७०० ।

छव्वीससहस्साणिं हवंति रयणायरा विचित्तेहिं । परिपुण्णा रयणेहिं फुरंतवरकिरणजालेहिं ॥ २२४१

२६००० ।

तटपर कच्छा नामक देश स्थित है। यह रमणीय कच्छादेश वन, ग्राम, नगर, खेट, कर्वट, मटंब, पत्तन एवं द्रोणमुखादिसे युक्त, दुर्गाटवियो, अन्तरद्वीपो व कुक्षिवासोंसे सहित, समंततः रमणीय और रत्नाकरोंसे अलंकृत है ॥ २२३३–२२३५ ॥

उसके चारों ओर रत्नमय भवनोंसे परिपूर्ण और कुक्कुटके उड़नेप्रमाण अन्तरालभूमियोंसे युक्त छ्यानबै करोड़ ग्राम हैं ॥ २२३६ ॥ ९६००००००० ।

प्रत्येक क्षेत्रमें विविध प्रकारके भवनोंसे युक्त पचत्तर हजार नगर और रमणीय आलयोंसे विभूपित सोलह हजार खेट होते है ॥ २२३७ ॥ ७५००० । १६००० ।

इसके अतिरिक्त चौंतीस हजार कर्वट, चार हजार मटंब और अड़तालीस हजार पत्तन होते हैं ॥ २२३८ ॥ ३४००० । ४००० । ४८००० ।

सुखके स्थानभूत निन्यानबै हजार द्रोणमुख और चौदह हजारप्रमाण परमरमणीय संवाहन होते हैं ॥ २२३९ ॥ ९९००० । १४००० ।

अट्ठाईस हजार दुर्गाटवियां, छप्पन अन्तरद्वीप और सातसौ कुक्षिनिवास होते हैं ॥ २२४० ॥ २८००० । ५६ । ७०० ।

देदीप्यमान उत्तम किरणोंके समूहसे संयुक्त ऐसे विचित्र रत्नोंसे परिपूर्ण छब्बीस हजार रत्नाकर होते हैं ॥ २२४१ ॥ २६००० ।

....

१ द ब विजया. २ द ब जुदा. ३ ब दुग्गडवीहिं. ४ द ब कुंकोडलं पुण. ५ द चोद्दस°.

सीदातरंगिणीजलसंभवखुल्लंबुरासितीरम्मि । दिप्पंतकणयरयणा पट्टणदोणामुहा होंति ॥ २२४२
सीदातरंगिणीए उत्तरतीरम्मि उवसमुद्दम्मि । छप्पण्णंतरदीवा समंतवेदीपहुदिजुत्ता ॥ २२४३
णाणारयणविणिम्मिदजिणिंदपासादभूसिदा रम्मा । मिच्छत्तभवणहीणा[1] गामप्पहुदी विरायंते ॥ २२४४
गोधूमकलमतिलजवउच्छुप्पहुदीहिं धण्णसंपुण्णा । दुब्भिक्खमारिमुक्का णिच्चुच्छवतूरगीदरवा ॥ २२४५
कच्छविजयम्मि विविहा वणसंडा मंडिदा विचित्तेहिं । रुक्खेहिं कुसुमपल्लवफलभरसोहंतसाहेहिं ॥ २२४६
पोक्खरणीवावीहिं विचित्तसोवाणरइददाराहिं । सोहदि कच्छाविजओ कमलुप्पलवणसुगंधाहिं ॥ २२४७
कच्छम्मि महामेघा भमरंजणसामला महाकाया । सत्त वरिसंति वासारत्तेसुं सत्त सत्त दिवसाइं ॥ २२४८
वरिसंति दोणमेघा बारस कुंदेंदुसुंदरायारा । वीसुत्तरमेक्कसयं सरिवडणा[3] तत्थ जायंति ॥ २२४९
बहुविहवियप्पजुत्ता खत्तियवइसाण तह य सुद्दाणं। वंसा हवंति कच्छे तिण्णि च्चिय तत्थ ण हु अण्णे॥२२५०

सीतानदीके जलसे उत्पन्न हुए क्षुद्र समुद्रके किनारेपर देदीप्यमान सुवर्ण व रत्नोंसे सहित पत्तन और द्रोणमुख होते हैं ॥ २२४२ ॥

सीतानदीके उत्तरतटपर उपसमुद्रमें चारों ओर वेदीआदिसे सहित छप्पन अन्तरद्वीप होते हैं ॥ २२४३ ॥

नाना प्रकारके रत्नोंसे निर्मित जिनेन्द्रप्रासादोंसे विभूषित रमणीय वे ग्रामादिक मिथ्यादृष्टियोंके भवनोंसे रहित होते हुए शोभायमान होते हैं ॥ २२४४ ॥

ये ग्रामादिक गेहूं, चावल, तिल, जौ और ईख इत्यादि धान्योंसे परिपूर्ण, दुर्भिक्ष व मारीआदि रोगोंसे रहित तथा नित्य उत्सवमें होनेवाले तूर्य और गीतोंके शब्दोंसे सहित होते हैं ॥ २२४५ ॥

कच्छाक्षेत्रमें फूल, पत्र व फलोंके भारसे शोभायमान शाखाओंवाले विचित्र वृक्षोंसे सुशोभित विविध प्रकारके वनखण्ड हैं ॥ २२४६ ॥

यह कच्छादेश विचित्र सोपानोंसे रचित द्वारोंवाली और कमल व उत्पलवनोंकी सुगन्धसे सहित ऐसी पुष्करिणी व वापिकाओंसे शोभायमान है ॥ २२४७ ॥

कच्छादेशमें भ्रमर व अंजनके समान काले सात महाकाय महामेघ सात सात दिन तक रात वर्षाकालीन रात्रियोंमें दिन बरसते हैं ॥ २२४८ ॥

कुन्दपुष्प और चन्द्रमाके समान सुन्दर आकारवाले बारह द्रोणमेघ भी बरसते हैं। वहां एकसौ बीस नदियोंके प्रपात उत्पन्न होते हैं ॥ २२४९ ॥

कच्छादेशमें बहुत प्रकारके भेदोंसे युक्त क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्रोंके तीन ही वंश हैं, अन्य वंश वहां नहीं हैं ॥ २२५० ॥

१ द ब मिच्छभवणाणहीणा. २ द ब वण्ण°. ३ द ब सरिवलणा.

परचक्कभीदिरहिदो अण्णायपयट्टणेहिं परिहीणो । अइवट्ठिअणावट्ठीपरिचत्तो सव्वकालेसुं ॥ २२५१

अवदुंबरफलसरिसा धम्माभासा ण तत्थ सुव्वंति[1] । सिववम्मविण्हुचंडीरविससिबुद्धाण ण पुराणिं ॥ २२५२

पासंडसमयचत्तो सम्माइट्ठीजणोघसंछण्णो । णवरि विसेसो केसिं पयट्टदे भावमिच्छत्तं ॥ २२५३

मागधवरतणुवेहि य पभासदीवेहिं कच्छविजयस्स । सोहेदि उवसमुद्दो वेदीचउतोरणेहिं जुदो ॥ २२५४

अंतोमुहुत्तमवरं कोडी पुव्वाण होदि उक्कस्सं । आउस्स य परिमाणं णराण णारीण कच्छम्मि ॥ २२५५

पुव्व १०००००००।

उच्छेहो दंडाणिं पंचसया विविहवण्णमावण्णं । चउसट्ठी पुट्ठट्ठी अंगेसु णराण णारीणं ॥ २२५६

५०० । ६४ ।

कच्छस्स य बहुमज्झे सेलो णामेण दीहविजयड्ढो । जोयणसयद्धवासो समदीहो देसवासेणं ॥ २२५७

५० । २२१२ । ७ ।
　　　　 ८

सव्वाओ वण्णणाओ भणिदा वरभरहखेत्तविजयड्ढे[2] । एदस्सिं णादव्वं णवरि विसेसं णिरूवेमो ॥ २२५८

यह देश सदा परचक्रकी भीतिसे रहित, अन्यायप्रवृत्तियोंसे विहीन और अतिवृष्टि-अनावृष्टिसे परित्यक्त है ॥ २२५१ ॥

उदुम्बरफलोंके सदृश धर्माभास वहां सुने नहीं जाते। शिव, ब्रह्मा, विष्णु, चण्डी, रवि, शशि व बुद्धके मंदिर वहां नहीं है ॥ २२५२ ॥

वह देश पाषण्ड सम्प्रदायोंसे रहित और सम्यग्दृष्टि जनोंके समूहसे व्याप्त है। विशेष इतना है कि यहां किन्हीं जीवोंके भावमिथ्यात्व विद्यमान रहता है ॥ २२५३ ॥

वेदी और चार तोरणोंसे युक्त कक्षादेशका उपसमुद्र मागध, वरतनु एवं प्रभास द्वीपोंसे शोभायमान है ॥ २२५४ ॥

कच्छादेशमें नर-नारियोंकी आयुका प्रमाण जघन्यरूपसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्टरूपसे पूर्वकोटिमात्र है ॥ २२५५ ॥ पूर्व १०००००००।

वहांपर विविध वर्णोंसे युक्त नर-नारियोंके शरीरकी उंचाई पांचसौ धनुष और पृष्ठभागकी हड्डियां चौंसठ होती हैं ॥ २२५६ ॥ ५०० । ६४ ।

कच्छादेशके बहुमध्यभागमें पचास योजन विस्तारवाला और देशविस्तारसमान लंबा दीर्घविजयार्द्ध नामक पर्वत है ॥ २२५७ ॥ ५० । २२१२ $\frac{७}{८}$ ।

उत्तम भरतक्षेत्रसम्बन्धी विजयार्द्धके विषयमें जिसप्रकार सम्पूर्ण वर्णन किया गया है, उसी प्रकार इस विजयार्द्धका भी वर्णन समझना चाहिये। उक्त पर्वतकी अपेक्षा यहां जो कुछ विशेषता है उसका निरूपण किया जाता है ॥ २२५८ ॥

१ द ब सुव्वंति. २ द ब विजयड्ढो.

विज्जाहराण तस्सिं पत्तेक्कं दोतडेसु णयराणिं । पंचावण्णा होंति हु कूडाण य अण्णणामाणिं ॥ २२५९

सिद्धक्खकच्छखंडा पुण्णाविजयड्ढमाणितिमिसगुहा । कच्छो वेसमणो णव णामा एदस्स कूडाणं ॥ २२६०

सव्वेसुं कूडेसुं मणिमयपासादसोहमाणेसुं । चेट्ठंति अट्ठकूडे ईसाणिंदस्स वाहणा देवा ॥ २२६१

णीलाचलदक्खिणदो उववणवेदीए[1] दक्खिणे पासे । कुंडाणि[2] दोण्णि वेदीतोरणजुत्ताणि चेट्ठंति ॥ २२६२

ताणं दक्खिणतोरणदारेणं णिग्गदा दुवे सरिया । रत्तारत्तोदक्खा पुह पुह गंगाय सारिच्छा ॥ २२६३

रत्तारत्तोदाहिं वेयड्ढणगेण कच्छविजयम्मि । सव्वत्थ समाणाओ छक्खंडा णिम्मिदा एदे ॥ २२६४

रत्तारत्तोदाओ जुदाओ चोद्दससहस्समेत्ताहिं । परिवारवाहिणीहिं णिच्चं पविसंति सीदोदं ॥ २२६५

१४००० ।

सीदाए उत्तरदो विजयड्ढगिरिस्स दक्खिणे भागे । रत्तारत्तोदाणं अज्जाखंडं भवेदि विच्चाले ॥ २२६६

णाणाजणवदणिहिदो अट्ठारसदेसभाससंजुत्तो । कुंजरतुरगादिजुदो णरणारीमंडिदो रम्मो ॥ २२६७

इस पर्वतके ऊपर दोनों तटोंमेंसे प्रत्येक तटपर विद्याधरोंके पचवन नगर हैं, और कूटोंके नाम भिन्न भिन्न हैं ॥ २२५९ ॥

सिद्ध, कच्छा, खण्डप्रपात, पूर्णभद्र, विजयार्द्ध, माणिभद्र, तिमिश्रगुह, कच्छा और वैश्रवण, ये क्रमशः इस विजयार्द्धके ऊपर स्थित नौ कूटोंके नाम हैं ॥ २२६० ॥

मणिमय प्रासादोंसे शोभायमान इन सब कूटोंमेंसे आठ कूटोंपर ईशानेन्द्रके वाहनदेव रहते हैं ॥ २२६१ ॥

नीलपर्वतसे दक्षिणकी ओर उपवनवेदीके दक्षिणपार्श्वभागमें वेदीतोरणयुक्त दो कुण्ड स्थित हैं ॥ २२६२ ॥

इन कुण्डोंके दक्षिण तोरणद्वारसे गंगानदीके सदृश पृथक् पृथक् रक्ता और रक्तोदा नामक दो नदियां निकली हैं ॥ २२६३ ॥

रक्त-रक्तोदा और विजयार्द्धपर्वतसे कच्छादेशमें सर्वत्र समान ये छह खण्ड निर्मित हुए हैं ॥ २२६४ ॥

चौदह हजारप्रमाण परिवारनदियोंसे युक्त ये रक्ता-रक्तोदा नदियां नित्य सीतानदीमें प्रवेश करती हैं ॥ २२६५ ॥ १४००० ।

सीतानदीके उत्तर और विजयार्द्धगिरिके दक्षिणभागमें रक्ता-रक्तोदाके मध्य आर्यखण्ड है ॥ २२६६ ॥

यह आर्यखण्ड अनेक देशोंसे सहित, अठारह देशभाषाओंसे संयुक्त, हाथी व अश्वादिकोंसे युक्त और नर-नारियोंसे मण्डित होता हुआ रमणीय है ॥ २२६७ ॥

---

१ द ब वेदीए. २ द ब कुण्डाण.

खेमाणामा णयरी अज्जाखंडस्स होदि मज्झम्मि । एसा अणाइणिहणा वररयणखचिदरमणिज्जा ॥ २२६८
कणयमओ पायारो समंतदो तीए होदि रमणिज्जो[1] । चरियट्टालयचारू विविहपदायाए कलप्पजुदो[2] ॥ २२६९
कमलवणमंडिदाए संजुत्तो खादियाहि विउलाए । कुसुमफलसोहिदेहिं सोहिल्लो बहुविहवणेहिं ॥ २२७०
तीए पमाणजोयण णवमेत्ते वरपुरीय वित्थारो । बारसजोयणमेत्तं दीहत्तं दक्खिणुत्तरदिसासुं ॥ २२७१
एक्केक्कदिसाभागे वणसंडा विविहकुसुमफलपुण्णा । सट्ठिजुदतिसयसंखा[3] पुरीए कीडंतवरमिहुणा ॥ २२७२

३६० ।

एक्कसहस्सं गोउरदाराणं चक्कवट्टिणयरीए । वररयणणिम्मिदाणं खुल्लयदाराण पंचसया ॥ २२७३

१००० । ५०० ।

बारससहस्समेत्ता वीहीओ वरपुरीए रेहंति । एक्कसहस्सपमाणा चउघट्टा सुहदसंचारा ॥ २२७४

१२००० । १००० ।

फलिहप्पवालमरगयचामीयरपउमरायपहुदिमया । वरतोरणेहिं रम्मा पासादा तत्थ वित्थिण्णा ॥ २२७५
पोक्खरणीवावीहिं कमलुप्पलकुमुदगंधसुरही सा । संपुण्णा णयरी णं णच्चंतविचित्तधयमाला ॥ २२७६

आर्यखण्डके मध्यमें क्षेमा नामक नगरी है। यह अनादिनिधन और उत्तम रत्नोंसे खचित [भवनोंसे] रमणीय है ॥ २२६८ ॥

इसके चारों ओर मार्ग व अट्टालयोंसे सुन्दर और विविध प्रकारकी पताकाओंके समूहसे संयुक्त रमणीय सुवर्णमय प्राकार है ॥ २२६९ ॥

यह प्राकार कमलवनोंसे मण्डित ऐसी विस्तृत खाईसे संयुक्त और फूल व फलोंसे शोभित बहुत प्रकारके वनोंसे शोभायमान है ॥ २२७० ॥

उस उत्तम पुरीका विस्तार नौ प्रमाणयोजनमात्र और दक्षिण-उत्तर दिशाओंमें लम्बाई बारह योजनमात्र है ॥ २२७१ ॥

इस नगरीके प्रत्येक दिशाभागमें विविध प्रकारके फल-फूलोंसे परिपूर्ण और क्रीड़ा करते हुए उत्तम [स्त्री-पुरुषोंके] युगलोंसे सहित तीनसौ साठ संख्याप्रमाण वनसमूह स्थित हैं ॥२२७२॥

३६० ।

चक्रवर्तीकी नगरीमें उत्कृष्ट रत्नोंसे निर्मित एक हजार गोपुरद्वार और पांचसौ क्षुद्र द्वार हैं ॥ २२७३ ॥ १००० । ५०० ।

उस उत्कृष्ट पुरीमें बारह हजारप्रमाण वीथियां और एक हजारप्रमाण सुखप्रद गमनसे संयुक्त चतुष्पथ हैं ॥ २२७४ ॥ १२००० । १००० ।

वहांपर स्फटिक, प्रवाल, मरकत, सुवर्ण एवं पद्मरागादिसे निर्मित और उत्तम तोरणोंसे रमणीय विस्तीर्ण प्रासाद हैं ॥ २२७५ ॥

नृत्य करती हुई विचित्र ध्वजाओंके समूहसे सहित वह नगरी निश्चय ही कमल, उत्पल और कुमुदोंकी गंधसे सुगंधित ऐसी पुष्करिणी तथा वापिकाओंसे परिपूर्ण है ॥ २२७६ ॥

---

१ द ब रमणिज्जा. २ द ब °जुदा. ३ द °जुदतीससंखा, ब °जुदतीयसंखा.

णरणारीणिवहेहिं वियक्खणेहिं विचित्तरूवेहिं । वररयणभूसणेहिं विविहेहिं सोहिदा णयरी ॥ २२७७

णयरीए चक्कवट्टी तीए चेट्ठेदि विविहगुणखाणी । आदिमसंहडणजुदो समचउरस्संगसंठाणो[1] ॥ २२७८

कुंजरकरथोरभुवो[2] रविंदुवरतेयपसरसंपुण्णो[3] । इंदो विव आणाए सोहग्गेणं च मयणो व्व[4] ॥ २२७९

धणदो विव[5] दाणेणं धीरेणं मंदरो व्व सो होदि । जलही विव अक्खोभो पुहपुहविक्किरियसत्तिजुदो[6] ॥ २२८०

पंचसयचावतुंगो सो चक्की पुव्वकोडिसंखाऊ । दसविहभोगेहिं जुदो सम्माइट्ठी विसालमई ॥ २२८१

अज्जाखंडम्मि ठिदा तित्थयरा पाडिहेरसंजुत्ता । पंचमहाकल्लाणा चोत्तीसातिसयसंपण्णा ॥ २२८२

सयलसुरासुरमहिया णाणाविहलक्खणेहि संपुण्णा । चक्कहरणमिदचलणा तिलोयणाहा पसीदंतु ॥ २२८३

अमरणरणमिदचलणा भव्वजणाणंदणा पसण्णमणा । अट्ठविहरिद्धिजुत्ता गणहरदेवा ठिदा तस्सिं ॥ २२८४

अणगारकेवलिमुणीवँरड्ढिसुदकेवली[7] तधा तस्सिं । चेट्ठदि चाउव्वण्णो तस्सिं संघो गुणगणड्ढो ॥ २२८५

बलदेववासुदेवा पडिसत्तू तत्थ होंति ते सव्वे । अण्णोण्णबद्धमच्छरपयट्टघोरयरसंगामा ॥ २२८६

वह नगरी बुद्धिमान् विचित्ररूप और उत्तम रत्नोंके भूषणोंसे भूषित ऐसे अनेक प्रकारके नर-नारियोंके समूहोंसे शोभित है ॥ २२७७ ॥

उस नगरीमें अनेक गुणोंकी खानिस्वरूप चक्रवर्ती निवास करता है । यह चक्रवर्ती आदिके वज्रर्षभनाराचसंहननसे सहित, समचतुरस्रस्वरूप शरीरसंस्थानसे संयुक्त, हाथीके शुंडादण्ड-समान स्थूल भुजाओंसे शोभित, सूर्य व चन्द्रमाके समान उत्कृष्ट तेजके विस्तारसे परिपूर्ण, आज्ञामें इन्द्र जैसा, सुभगतासे मानों कामदेव, दानसे कुबेरके समान, धैर्यगुणसे सुमेरुपर्वतके सदृश, समुद्रके समान अक्षोभ्य और पृथक् पृथक् विक्रियाशक्तिसे युक्त होता है ॥ २२७८–२२८० ॥

वह चक्रवर्ती पांचसौ धनुष ऊंचा, पूर्वकोटिप्रमाण आयुसे सहित, दश प्रकारके भोगोंसे युक्त, सम्यग्दृष्टि और विशाल बुद्धिका धारक होता है ॥ २२८१ ॥

आर्यखण्डमें स्थित, प्रातिहार्योंसे संयुक्त, पांच महाकल्याणकोंसे सहित, चौंतीस अतिशयोंसे सम्पन्न, सम्पूर्ण सुरासुरोंसे पूजित, नाना प्रकारके लक्षणोंसे परिपूर्ण, चक्रवर्तियोंसे नमस्कृत चरणवाले और तीनों लोकोंके अधिपति तीर्थंकर परमदेव प्रसन्न होवें ॥ २२८२–२२८३ ॥

जिनके चरणोंमें देव व मनुष्य नमस्कार करते हैं, तथा जो भव्य जनोंको आनन्ददायक, प्रसन्नचित्त, और आठ प्रकारकी ऋद्धियोंसे युक्त हैं, ऐसे गणधरदेव उस आर्यखण्डमें स्थित रहते हैं ॥ २२८४ ॥

उस आर्यखण्डमें अनगार, केवलीमुनि, परमर्द्धिप्राप्तऋषि और श्रुतकेवली, इसप्रकार गुण-समूहसे युक्त चातुर्वर्ण्य संघ स्थित रहता है ॥ २२८५ ॥

वहांपर बलदेव, वासुदेव और प्रतिशत्रु (प्रतिवासुदेव) होते हैं । ये सब परस्परमें बांधे हुए मत्सरभावसे घोरतर संग्राममें प्रवृत्त रहते हैं ॥ २२८६ ॥

(संदृष्टि मूलमें देखिये)

१ द ब संठाणं. २ द ब °भुवा. ३ द ब रविंदवर... ...संपुण्णा. ४ द ब मयणव्व. ५ द ब धणद पिव. ६ द ब °जुदा. ७ द ब °मुणिवरा°.

रायाधिरायवसहा तत्थ विरायंति ते महाराया । छत्तचमरेहिं जुत्ता अद्धमहासयलमंडलिया ॥ २२८७

। अज्जखंडपरूवणा सम्मत्ता ।

णामेण मेच्छखंडा अवसेसा होंति पंच खंडा ते । बहुविहभावकलंका जीवा मिच्छागुणा तेसुं ॥ २२८८

णाहलपुलिंदबब्बरकिरायपहुदीण सिंघलादीणं । मेच्छाण कुलेहिं जुदा भणिदा ते मेच्छखंडाओ ॥ २२८९

णीलाचलदक्खिणदो वक्खगिरिंदस्स[2] पुव्वदिब्भागे । रत्तारत्तोदाणं मज्झम्मि य मेच्छखंडबहुमज्झे ॥२२९०

चक्कहरमाणमलणो णाणाचक्कीण णामसंछण्णो । अत्थि वसह त्ति सेलो भरहक्खिदिवसहसारिच्छो ॥ २२९१

एवं कच्छाविजओ वाससमासेहि वण्णिदो[3] एत्थ । सेसाणं विजयाणं वण्णणमेवंविहं जाण ॥ २२९२

णवरि विसेसो एक्को ताणं णयरीण अण्णणामा य । खेमपुरी रिट्ठक्खा रिट्ठपुरी खग्गमंजुसा दोण्णि ॥ २२९३

ओसहणयरी तह पुंडरीकिणी एवमेत्थ णामाणिं । सत्ताणं णयरीणं सुकच्छपमुहाण विजयाणं ॥ २२९४

अट्ठाणं एक्कसमो वच्छप्पमुहाण होदि विजयाणं । णवरि विसेसो सरियाणयरीणं अण्णणामाणिं ॥ २२९५

वहां श्रेष्ठ राजा, अधिराज, महाराज, छत्र-चमरोंसे युक्त अर्धमण्डलीक, महामण्डलीक और सकलमण्डलीक विराजमान रहते हैं ॥ २२८७ ॥

आर्यखण्डकी प्ररूपणा समाप्त हुई ।

शेष पांच खण्ड नामसे म्लेच्छखण्ड हैं। उनमें स्थित जीव मिथ्यागुणोंसे युक्त और बहुत प्रकारके भावकलंकसे सहित होते हैं ॥ २२८८ ॥

ये म्लेच्छखण्ड नाहल, पुलिंद, बर्बर और किरातप्रभृति तथा सिंहलादिक म्लेच्छोंके कुलोंसे युक्त कहे गये हैं ॥ २२८९ ॥

नीलाचलके दक्षिण और वक्षार पर्वतके पूर्वदिग्भागमें रक्ता-रक्तोदाके मध्य म्लेच्छ-खण्डके बहुमध्यभागमें चक्रधरोंके मानका मर्दन करनेवाला और नाना चक्रवर्तियोंके नामोंसे व्याप्त भरतक्षेत्रसम्बन्धी वृषभगिरिके सदृश वृषभ नामक पर्वत है ॥ २२९०-२२९१ ॥

इसप्रकार यहां संक्षेपमें कच्छादेशके विस्तारादिका वर्णन किया गया है। शेष क्षेत्रोंका वर्णन भी इसी प्रकार जानना चाहिये ॥ २२९२ ॥

यहां विशेषता केवल एक यही है कि उन क्षेत्रोंकी नगरियोंके नाम भिन्न हैं—क्षेमपुरी, रिष्टा नामक, अरिष्टपुरी, खड्गा, मंजूषा, औषधनगरी और पुण्डरीकिणी, इसप्रकार ये यहां सुकच्छा आदि सात देशोंकी सात नगरियोंके नाम हैं ॥ २२९३-२२९४ ॥

वत्सा आदि आठ देशोंमें समानता है। परन्तु विशेष यही है कि यहां नदी और नगरि-योंके नाम भिन्न हैं ॥ २२९५ ॥

---

१ द ब अट्ठ. २ द ब अद्धगिरिंदस्स. ३ द ब वण्णिदा.

गंगासिंधूणामा पडिविजयं वाहिणीओ[1] तिट्ठंति । भरहक्खेत्तपवण्णिदगंगासिंधूहिं सरिसाओ ॥ २२९६
णयरी सुसीमकुंडलअवराजिदपहंकरा य णामाणिं। अंका पउमवदीया ताण सुभा रयणसंचया कमसो ॥२२९७
पुव्वविदेहं व कमो अवरविदेहे वि सेस दट्टव्वं[2] । णवरि विसेसो एक्को णयरीणं अण्णणामाणिं ॥ २२९८
अस्सपुरी सीहपुरी महापुरी तह य होदि विजयपुरी। अरजा विरजासोकाउ[3] वीदसोक त्ति पउमपहुदीणं ॥२२९९
विजया य वइजयंता जयंतावराजिदाओ तह चेव । चक्कपुरी खग्गपुरी अउज्झणामा यवज्झ[4] त्ति ॥ २३००
कमसो वप्पादीणं विजयाणं अडपुरीण[5] णामाणिं । एक्कत्तीसपुरीणं खेमासरिसा पसंसाओ ॥ २३०१
इगिगिविजयमज्झत्थदीहाविजयड्ढ[6]णवसुकूडेसुं । दक्खिणपुव्वं बिदिओ णियणियविजयक्खमुव्वहइ ॥ २३०२
उत्तरपुव्वं दुचरिमकूडो तं चेय धरइ सेसा य । सगकूडा णामेहिं भवंति कच्छम्मि भणिदेहिं ॥ २३०३
रत्तारत्तोदाओ सीदासीदोदयाण दक्खिणए । भागे तह उत्तरए गंगासिंधू व केवि भासंति ॥ २३०४

पाठान्तरम् ।

यहां प्रत्येक क्षेत्रमें भरतक्षेत्रमें कही गई गंगा-सिन्धुके सदृश गंगा और सिंधु नामक नदियां स्थित हैं ॥ २२९६ ॥

सुसीमा, कुण्डला, अपराजिता, प्रभंकरा, अंका, पद्मवती, शुभा और रत्नसंचया, ये क्रमशः उन देशोंकी नगरियोंके नाम हैं ॥ २२९७ ॥

पूर्वविदेहके समान ही अपर-विदेहमें भी वही क्रम जानना चाहिये। विशेष एक यह है कि यहां नगरियोंके नाम भिन्न ही हैं ॥ २२९८ ॥

अश्वपुरी, सिंहपुरी, महापुरी, विजयपुरी, अरजा, विरजा, अशोका और वीतशोका, इसप्रकार ये पद्मादिक देशोंकी प्रधान नगरियोंके नाम हैं ॥ २२९९ ॥

विजया, वैजयन्ता, जयन्ता, अपराजिता, चक्रपुरी, खड्गपुरी, अयोध्या और अवध्या, इसप्रकार ये क्रमसे वप्रादिक देशोंकी आठ नगरियोंके नाम हैं। उक्त इकतीस नगरियोंकी प्रशंसा क्षेमापुरीके समान ही जानना चाहिये ॥ २३००–२३०१ ॥

प्रत्येक देशके मध्यमें स्थित लंबे विजयार्द्ध पर्वतके ऊपर जो नौ नौ कूट हैं, उनमेंसे दक्षिण-पूर्वका द्वितीय कूट अपने देशके नामको और उत्तर-पूर्वका द्विचरम कूट भी उसी देशके नामको धारण करता है। शेष सात कूट कच्छादेशमें कहे गये नामोंसे युक्त हैं ॥२३०२–२३०३॥

कितने ही आचार्य सीता-सीतोदाके दक्षिण भागमें रक्ता-रक्तोदा और उसीप्रकार उत्तर भागमें गंगा सिन्धुनदियोंका भी निरूपण करते हैं ॥ २३०४ ॥ पाठान्तर।

---

१ द ब वाहिणीए. २ द ब दट्ठाओ. ३ द ब विरजासोकोउ. ४ द ब यउज्झ. ५ द ब अदिपुरीण. ६ द ब इगिविजयमज्झत्थं दीहाविजयड्ढ°.

पत्तेक्कं पुव्वावरविदेहविजएसु अज्जखंडम्मि । सीदासीदोदाणं दुतडेसुं जिणिंदपडिमाओ ॥ २३०५
चेट्ठंति तिण्णि तिण्णि य पणमियचलणा तियंसणिवहेहिं । सव्वाओ छण्णउदी तित्थट्टाणाणि मिलिदाओ ॥ २३०६
गयदंतगिरी सोलस सीदासीदोदयाण तीरेसुं । पणसयजोयणउदया कुलगिरिपासेसु एक्कसयहीणा ॥ २३०७
५०० । ४०० ।
वक्खाराणं दोसुं पासेसुं होंति दिव्ववणसंडा । पुह पुह गिरिसमदीहा जोयणदलमेत्तवित्थारा ॥ २३०८
सव्वे वक्खारगिरी तुरंगखंधेण होंति सारिच्छा । उवरिम्मि ताण कूडा चत्तारि हवंति पत्तेक्कं ॥ २३०९
सिद्धो वक्खारुड्ढाधोगदविजयणामकूडा य[1] । ते सव्वे रयणमया पव्वयचउभागउच्छेहा[2] ॥ २३१०
सीदासीदोदाणं पासे एक्को जिणिंदभवणजुदो । सेसा य तिण्णि कूडा वेंतरणयरेहिं रमणिज्जा ॥ २३११
रोहीए समा बारसविभंगसरियाओ वासपहुदीहिं । परिवारणईओ तह दोसु विदेहेसु पत्तेक्कं ॥ २३१२
२८००० ।
कंचणसोवाणाओ सुगंधविमलेहिं सलिलभरिदाओ । उववणवेदीतोरणजुदाओ णच्चंतउम्मीओ ॥ २३१३
तोरणदाराणुवरिमठाणट्ठिदजिणणिकेदणिचिदाओ[3] । सोहंति णिरुवमाणा सयलाओ विभंगसरियाओ ॥ २३१४

पूर्वापर विदेह क्षेत्रोंमेंसे प्रत्येक क्षेत्रके आर्यखण्डमें सीता-सीतोदाके दोनों किनारोंपर, जिनके चरणोंमें देवोंके समूह नमस्कार करते हैं ऐसी तीन तीन जिनेन्द्रप्रतिमायें स्थित हैं। ये सर्व तीर्थस्थान मिलकर छ्यानबे हैं ॥ २३०५-२३०६ ॥

सोलह गजदन्तपर्वत सीता-सीतोदाके किनारोंपर पांचसौ योजन और कुलाचलोंके पार्श्वभागोंमें एकसौ कम अर्थात् चारसौ योजन ऊंचे हैं ॥ २३०७ ॥

वक्षार पर्वतोंके दोनों पार्श्वभागोंमें पृथक् पृथक् पर्वतसमान लंबे और अर्द्धयोजनमात्र विस्तारवाले दिव्य वनखण्ड हैं ॥ २३०८ ॥

सब वक्षार पर्वत घोड़ेके स्कंधके सदृश होते हैं। इनमेंसे प्रत्येक पर्वतके ऊपर चार कूट हैं ॥ २३०९ ॥

इनमेंसे प्रथम सिद्धकूट, द्वितीय वक्षारके समान नामवाला, और शेष दो कूट वक्षारोंके अधस्तन और उपरिम क्षेत्रोंके नामोंसे युक्त हैं। वे सब रत्नमय कूट अपने पर्वतकी उंचाईके चतुर्थ-भाग प्रमाण ऊंचे हैं ॥ २३१० ॥

सीता-सीतोदाके पार्श्वभागमें एक कूट जिनेन्द्रभवनसे युक्त, और शेष तीन कूट व्यन्तर नगरोंसे रमणीय हैं ॥ २३११ ॥

दोनों विदेहोंमें रोहित्के समान विस्तारादिसे सहित बारह विभंगनदियां हैं। इनमेंसे प्रत्येक नदीकी परिवार नदियां रोहित्के ही समान अट्ठाईस हजार प्रमाण हैं ॥ २३१२ ॥

सम्पूर्ण विभंगनदियां सुवर्णमय सोपानोंसे सहित, सुगंधित निर्मल जलसे परिपूर्ण, उपवन, वेदी एवं तोरणोंसे संयुक्त, नृत्य करती हुई लहरोंसे सहित, तोरणद्वारोंके उपरिम प्रदेशमें स्थित जिन-भवनोंसे युक्त और उपमासे रहित होती हुई शोभायमान होती हैं ॥ २३१३-२३१४ ॥

---

१ द ब सिद्धा वक्खारभोगदविजओ णागणाम कूडा. २ द ब उच्छेहो. ३ द ब तोरणदाराउवरिम°.

सीदाए उत्तरदो दीवोववणस्स[1] वेदिपच्छिमदो । णीलाचलदक्खिणदो पुव्वंते पोक्खलावदीविसए ॥ २३१५
चेट्ठदि देवारण्णं णाणातरुसंडमंडिदं रम्मं । पोक्खरणीवावीहिं कमलुप्पलपरिमलिल्लाहिं ॥ २३१६
तस्सिं देवारण्णे पासादा कणयरयणरजदमया । वेदीतोरणधयवडपहुदीहिं मंडिदा विउला ॥ २३१७
उप्पत्तिमंचियाइं[2] अहिसेयपुरा य मेहुणगिहाइं[3] । कीडणसालाओ सभासालाओ जिणणिकेदेसुं ॥ २३१८
चउविदिसासुं गेहा ईसाणिंदस्स अंगरक्खाणं । दिप्पंतरयणदीवा बहुविहधुव्वंतधयमाला ॥ २३१९
दक्खिणदिसाविभागे तिप्परिसाणं पुराणि विविहाणिं[4] । सत्ताणमणीयाणं[5] पासादा पच्छिमदिसाए ॥ २३२०
किब्बिसअभियोगाणं सम्मोहसुराण तत्थ दिब्भागे । कंदप्पाण सुराणं होंति विचित्ताणि भवणाणि ॥ २३२१
एदे सव्वे देवा तेसुं कीडंति बहुविणोदेहिं । रम्मेसु मंदिरेसुं ईसाणिंदस्स परिवारा ॥ २३२२
सीदाय दक्खिणतडे दीवोववणस्स वेदिपच्छिमदो । णिसहाचलउत्तरदो पुव्वाय दिसाए वच्छस्स ॥ २३२३
देवारण्णं अण्णं चेट्ठदि पुव्वस्स सरिसवण्णणयं । णवरि विसेसो देवा सोहम्मिंदस्स परिवारा ॥ २३२४

सीतानदीके उत्तर द्वीपोपवन सम्बन्धी वेदीके पश्चिम, नीलपर्वतके दक्षिण और पुष्कलावती देशके पूर्वान्तमें नाना वृक्षोंके समूहोंसे मण्डित तथा कमल व उत्पलोंकी सुगन्धसे संयुक्त ऐसी पुष्करिणी एवं वापिकाओंसे रमणीय देवारण्य नामक वन स्थित है ॥ २३१५-२३१६ ॥

उस देवारण्यमें सुवर्ण, रत्न व चांदीसे निर्मित तथा वेदी, तोरण और ध्वजपटादिकोंसे मण्डित विशाल प्रासाद हैं ॥ २३१७ ॥

इन प्रासादोंमें उत्पत्तिमंचिका (उपपाद शय्या), अभिषेकपुर, मैथुनगृह, क्रीडनशाला, सभाशाला और जिननिकेत स्थित हैं ॥ २३१८ ॥

चारों विदिशाओंमें प्रदीप्त रत्नदीपकोंसे सहित और बहुत प्रकारकी फहराती हुई ध्वजाओंके समूहोंसे सुशोभित ईशानेन्द्रके अंगरक्षक देवोंके गृह हैं ॥ २३१९ ॥

दक्षिणदिशाभागमें तीनों पारिषद देवोंके विविध भवन और पश्चिम दिशामें सात अनीकदेवोंके प्रासाद हैं ॥ २३२० ॥

उसी दिशामें किल्विष, आभियोग्य, संमोहसुर और कन्दर्पदेवोंके विचित्र भवन हैं ॥ २३२१ ॥

ईशानेन्द्रके परिवारस्वरूप ये सब देव उन रमणीय भवनोंमें बहुत प्रकारके विनोदोंसे क्रीड़ा करते हैं ॥ २३२२ ॥

द्वीपोपवनसम्बन्धी वेदीके पश्चिम, निषधाचलके उत्तर और वत्सादेशकी पूर्वदिशामें सीतानदीके दक्षिण तटपर पूर्वोक्त देवारण्यके सदृश वर्णनवाला दूसरा देवारण्य भी स्थित है । विशेष केवल इतना है कि इस वनमें सौधर्मइन्द्रके परिवार देव क्रीड़ा करते हैं ॥ २३२३-२३२४ ॥

१ द दीवावलणस्स. २ द ब उप्पत्तिमंडिदाइं. ३ द ब मिहुणगिहाहिं. ४ द ब पुराण विविहाणं. ५ द ब सत्ताणं आणीयाणं.

सीदोदादुतडेसुं दीओवणस्स वेदिपुव्वाए । णीलणिसहद्दिमज्झे अवरविदेहस्स अवरदिब्भाए ॥ २३२५
बहुतरुरमणीयाइं भूदारण्णाइं दोण्णि सोहंति । देवारण्णसमाणं सव्वं चिय वण्णणं ताणं ॥ २३२६

। एवं विदेहवण्णणा समत्ता ।

णीलगिरी णिसहो पिव उत्तरपासम्मि दोविदेहाणं । णवरि विसेसो अण्णे[1] कूडाणं देवदेविदहणामा ॥ २३२७
सिद्धक्खो णीलक्खो पुव्वविदेहो त्ति सीदकित्तीओ । णारी अवरविदेहो रम्मकणामावदंसणो कूडो ॥ २३२८
एदेसु पढमकूडे जिणिंदभवणं विचित्तरयणमयं । उच्छेहप्पहुदीहिं सोमणसि जिणालयसमाणं ॥ २३२९
सेसेसुं कूडेसुं वेंतरदेवाण होंति णयरीओ । णयरीसुं पासादा विचित्तरूवा णिरुवमाणा ॥ २३३०
वेंतरदेवा सव्वे णियणियकूडाभिधाणसंजुत्ता । बहुपरिवारा दसधणुतुंगा पल्लप्पमाणाऊ ॥ २३३१
उवरिम्मि णीलगिरिणो केसरिणामद्दहम्मि दिव्वम्मि । चेट्ठेदि कमलभवणे देवी किति त्ति विक्खादा ॥ २३३२
धिदिदेवीय समाणो तीए सोहेदि सव्वपरिवारो । दसचावाणिं तुंगा णिरुवमलावण्णसंपुण्णा ॥ २३३३

द्वीपोपवनसम्बन्धी वेदीके पूर्व और अपरविदेहके पश्चिम दिग्भागमें नील-निषधपर्वतके मध्य सीतोदाके दोनों तटोंपर बहुतसे वृक्षोंसे रमणीय भूतारण्यनामक दो वन शोभित हैं । इनका समस्त वर्णन देवारण्योंके ही समान है ॥ २३२५-२३२६ ॥

इसप्रकार विदेहक्षेत्रका कथन समाप्त हुआ ।

दोनों विदेहोंके उत्तर पार्श्वभागमें निषधके ही समान नीलगिरि भी स्थित है । विशेष इतना है कि इस पर्वतपर स्थित कूटों, देव-देवियों और द्रहोंके नाम अन्य ही हैं ॥ २३२७ ॥

सिद्धाख्य, नीलाख्य, पूर्वविदेह, सीता, कीर्ति, नारी, अपरविदेह, रम्यक और अपदर्शन, इसप्रकार इस पर्वतपर ये नौ कूट स्थित हैं ॥ २३२८ ॥

इनमेंसे प्रथम कूटके ऊपर सौमनसस्थ जिनालयके समान उंचाई आदिसे सहित विचित्र-रत्नमय जिनेन्द्रभवन स्थित है ॥ २३२९ ॥

शेष कूटोंपर व्यन्तरदेवोंकी नगरियां और उन नगरियोंमें विचित्ररूपवाले अनुपम प्रासाद हैं ॥ २३३० ॥

सब व्यन्तर देव अपने अपने कूटोंके नामोंसे संयुक्त, बहुत परिवारोंसे सहित, दश धनुष ऊंचे और एक पल्य-प्रमाण आयुवाले हैं ॥ २३३१ ॥

नीलगिरिके ऊपर स्थित केसरीनामक दिव्य द्रहके मध्यमें रहनेवाले कमल-भवनपर कीर्ति नामसे विख्यात देवी स्थित है ॥ २३३२ ॥

उस देवीका सब परिवार धृतिदेवीके समान ही शोभित है । यह देवी दश धनुष ऊंची और अनुपम लावण्यसे परिपूर्ण है ॥ २३३३ ॥

---

१ द ब विसेसो एसो अण्णे.

आदिमसंठाणजुदा वररयणविभूसणेहिं विविहेहिं । सोहिदसुंदरमुत्ती[1] ईसाणिंदस्स सा देवी ॥ २३३४

। णीलगिरिवण्णणा समत्ता ।

रम्मकविजओ[2] रम्मो हरिवरिसो वं[3] वरवण्णणाजुत्तो । णवरि विसेसो एक्को णाभिणगे अण्णणामाणि ॥ २३३५

रम्मकभोगखिदीए बहुमज्झे होदि पउमणामेणं । णाभिगिरी रमणिज्जो णियणामजुदेहिं देवेहिं ॥ २३३६

केसरिदहस्स उत्तरतोरणदारेण णिग्गदा दिव्वा । णरकंता णाम णदी सा गच्छिय उत्तरमुहेणं ॥ २३३७

णरकंतकुंडमज्झे णिवडिय[4] णिस्सरदि उत्तरदिसाए । तत्तो णाभिगिरिंदं कादूण पदाहिणं पि पुव्वं व ॥ २३३८

गंतूणं सा मज्झं रम्मकविजयस्स पच्छिममुहेहिं । पविसेदि लवणजलहिं परिवारणदीहिं संजुत्ता ॥ २३३९

। रम्मकविजयस्स परूवणा समत्ता ।

रम्मकभोगखिदीए उत्तरभागम्मि होदि रुम्मिगिरी । महहिमवंतसरिच्छं सयलं चिय वण्णणं तस्स ॥ २३४०

णवरि य ताणं[5] कूडदहपुरदेवीण अण्णणामाणि । सिद्धो रुम्मीरम्मकणरकंताबुद्धिरुप्पो त्ति ॥ २३४१

हेरण्णवदो मणिकंचणकूडो रुम्मियाण तहा[6] । कूडाण इमा णामा तेसुं जिणमंदिरं पढमकूडे ॥ २३४२

सेसेसुं कूडेसुं वेंतरदेवाण होंति णयरीओ । विक्खादा ते देवा णियणियकूडाण णामेहिं ॥ २३४३

आदिम संस्थान अर्थात् समचतुरस्र संस्थानसे सहित, विविध प्रकारके उत्तम रत्नोंके भूषणोंसे सुशोभित सुन्दरमूर्ति वह ईशानेन्द्रकी देवी है ॥ २३३४ ॥

इसप्रकार नीलगिरिका वर्णन समाप्त हुआ ।

रमणीय रम्यकविजय भी हरिवर्षके समान उत्तम वर्णनासे युक्त है । विशेषता केवल एक यही है कि यहां नाभिपर्वतका नाम दूसरा है ॥ २३३५ ॥

रम्यकभोगभूमिके बहुमध्यभागमें अपने नामवाले देवोंसे युक्त रमणीय पद्म नामक नाभिगिरि स्थित है ॥ २३३६ ॥

केसरी द्रहके उत्तर तोरणद्वारसे निकली हुई दिव्य नरकान्ता नामक प्रसिद्ध नदी उत्तरकी ओर गमन करती हुई नरकान्तकुण्डके मध्यमें पड़कर उत्तरकी ओरसे निकलती है । पश्चात् वह नदी पहिलेके ही समान नाभिपर्वतको प्रदक्षिण करके रम्यकक्षेत्रके मध्यसे जाती हुई पश्चिममुख होकर परिवारनदियोंके साथ लवणसमुद्रमें प्रवेश करती है ॥ २३३७–२३३९ ॥

रम्यकक्षेत्रका वर्णन समाप्त हुआ ।

रम्यकभोगभूमिके उत्तरभागमें रुक्मिपर्वत है । उसका सम्पूर्णवर्णन महाहिमवान्के सदृश समझना चाहिये ॥ २३४० ॥

विशेष इतना है कि यहां उन कूट, द्रह, पुर और देवियोंके नाम भिन्न हैं । सिद्ध, रुक्मि, रम्यक, नरकान्ता, बुद्धि, रूप्यकूला, हैरण्यवत और मणिकांचन, ये रुक्मिपर्वतपर स्थित उन आठ कूटोंके नाम हैं । इनमेंसे प्रथम कूटपर जिनमन्दिर और शेष कूटोंपर व्यन्तरदेवोंकी नगरियां है । वे देव अपने अपने कूटोंके नामोंसे विख्यात हैं ॥ २३४१–२३४३ ॥

१ द °मूही, ब °मुही. २ द ब °विजट्ठी. ३ द ब वि. ४ द णिवलिय. ५ द ब णवरि य णाम. ६ द ब °कूडा रुप्पिया तहा णवधू.

रुम्मिगिरिंदस्सोवरि बहुमज्झे होदि पुंडरीयदहो । फुल्लंतकमलपउरो तिगिंछदहस्स परिमाणो ॥ २३४४
तद्दहकमलणिकेदे देवी णिवसेदि बुद्धिणामेणं । तीए हवेदि अद्धो परिवारो कित्तिदेवीदो ॥ २३४५
णिरुवमलावण्णतणू वररयणविभूसणेहिं रमणिज्जा । विविहविणोदाकीडण ईसाणिंदस्स सा देवी ॥ २३४६
तद्दहदक्खिणतोरणदारेणं णिग्गदा णई णारी । णारीणामे कुंडे णिवददि गंतूण थोवमुही[1] ॥ २३४७
तद्दक्खिणदारेणं णिस्सरिदूणं च दक्खिणमुही सा । पत्ता णाभिगिरिंदं कादूण पदाहिणं हरिणई वा ॥ २३४८
रम्मकभोगखिदीए बहुमज्झेणं पयादि पुव्वमुही । पविसेदि लवणजलहिं परिवारतरंगिणीहिं जुदा ॥ २३४९

। रुम्मिगिरिवण्णणा समत्ता ।

विजओ हेरण्णवदो हेमवदो व प्पवण्णणाजुत्तो[2] । णवरि विसेसो एक्को दहणाभिणईण[3] अण्णणामाणि ॥ २३५०
तस्स बहुमज्झभागे विजयड्ढो होदि गंधवंतो त्ति । तस्सोवरिमणिकेदे पभासणामो ठिदो देवो ॥ २३५१
पुंडरियदहाहिंतो उत्तरदारेण रुप्पकूलणई । णिस्सरिदूणं णिवददि कुंडे सा रुप्पकूलम्मि ॥ २३५२
तस्सुत्तरदारेणं णिस्सरिदूणं च उत्तरमुही सा । णाभिगिरिं कादूणं पदाहिणं रोहिसरिय व्व ॥ २३५३

रुक्मिपर्वतके ऊपर बहुमध्यभागमें फूले हुए प्रचुर कमलोंसे संयुक्त तिगिंछद्रहके समान प्रमाणवाला पुण्डरीक द्रह है ॥ २३४४ ॥

उस द्रहसम्बन्धी कमल-भवनमें बुद्धि नामक देवी निवास करती है । इसका परिवार कीर्तिदेवीकी अपेक्षा आधा है ॥ २३४५ ॥

अनुपम लावण्यमय शरीरसे संयुक्त, उत्तम रत्नोंके भूषणोंसे रमणीय और विविधप्रकारके विनोदसे क्रीड़ा करनेवाली वह ईशानेन्द्रकी देवी है ॥ २३४६ ॥

उस द्रहके दक्षिणतोरणद्वारसे निर्गत नारी नदी स्तोकमुखी (अल्प-विस्तार) होकर नारी-नामक कुण्डमें गिरती है ॥ २३४७ ॥

पश्चात् वह कुण्डके दक्षिणतोरणद्वारसे निकलकर दक्षिणमुख होती हुई नाभिगिरिको पाकर और उसे हरित् नदीके समान ही प्रदक्षिण करके रम्यकभोगभूमिके बहुमध्यभागमेंसे पूर्वकी ओर जाती हुई परिवारनदियोंसे युक्त होकर लवणसमुद्रमें प्रवेश करती है ॥ २३४८-२३४९ ॥

रुक्मिपर्वतका वर्णन समाप्त हुआ ।

हैरण्यवतक्षेत्र हैमवतक्षेत्रके समान वर्णनसे युक्त है । विशेषता केवल एक यही है कि यहां द्रह, नाभिगिरि और नदियोंके नाम भिन्न हैं ॥ २३५० ॥

इस क्षेत्रके बहुमध्यभागमें गन्धवान् नामक विजयार्द्ध (नाभिगिरि) है । इसके ऊपर स्थित भवनमें प्रभास नामक देव रहता है ॥ २३५१ ॥

पुण्डरीक द्रहके उत्तरद्वारसे वह रूप्यकूलानदी निकलकर रूप्यकूल नामक कुंडमें गिरती है ॥ २३५२ ॥

तत्पश्चात् वह इस कुण्डके उत्तरद्वारसे निकलकर उत्तरकी ओर गमन करती हुई रोहित्

१ द ब थोवमुही. २ द ब °जुत्ता. ३ द वेणभीण, ब देवणाभीण.

पच्छिममुहेण गच्छिय परिवारतरंगिणीहिं संजुत्ता । दीवजगदीबिलेणं पविसदि कल्लोलिणीणाहं[1] ॥ २३५४

। हेरण्णवदविजयवण्णणा समत्ता ।

तव्विजउत्तरभागे सिहरीणामेण चरमकुलसेलो । हिमवंतस्स सरिच्छं सयलं चिय वण्णणं तस्स ॥ २३५५
णवरि विसेसो कूडद्दहाण देवाण देविसरियाणं । अण्णाइं णामाइं तस्सिं सिद्धो पढमकूडो ॥ २३५६
सिहरी हेरण्णवदो रसदेवीरत्तलच्छिकंचणया । रत्तवदी गंधवदी रेवदमणिकंचणं कूडं ॥ २३५७
एक्कारसकूडाणं पुह पुह पणुवीस जोयणा उदओ । तेसुं पढमे कूडे[3] जिणिंदभवणं परमरम्मं ॥ २३५८
सेसेसुं कूडेसुं णियणियकूडाण णामसंजुत्ता । वेंतरदेवा मणिमयपासादेसुं विरायंति ॥ २३५९
महपुंडरीयणामा दिव्वद्दहो सिहरिसेलसिहरम्मि । पउमद्दहसारिच्छा वेदीपहुदेहिं कयसोहा ॥ २३६०
तस्स सयवत्तभवणे[4] लच्छियणामेण णिवसदे देवी । सिरिदेवीए सरिसा ईसाणिंदस्स सा देवी ॥ २३६१
तद्दहदक्खिणतोरणदारेण सुवण्णकूलणामणदी । णिस्सरिय दक्खिणमुही णिवडेदि सुवण्णकूलकुंडम्मि ॥ २३६२
तद्दक्खिणदारेणं णिस्सरिदूणं च दक्खिणमुही सा । णाभिगिरिं कादूणं पदाहिणं रोहिसरिय व्व ॥ २३६३

नदीके समान नाभिगिरिको प्रदक्षिण करके पश्चिमकी ओर जाती है । पुनः परिवारनदियोंसे संयुक्त होकर वह नदी जम्बूद्वीपकी जगतीके बिलमें होकर लवणसमुद्रमें प्रवेश करती है ॥ २३५३–२३५४ ॥

हैरण्यवत्क्षेत्रका वर्णन समाप्त हुआ ।

इस क्षेत्रके उत्तरभागमें शिखरीनामक अन्तिम कुलपर्वत स्थित है । इस पर्वतका सम्पूर्ण वर्णन हिमवान् पर्वतके सदृश है ॥ २३५५ ॥

विशेष यह है कि यहां कूट, द्रह, देव, देवी और नदियोंके नाम भिन्न हैं । उस पर्वतपर प्रथम सिद्ध कूट, शिखरी, हैरण्यवत, रसदेवी, रक्ता, लक्ष्मी, कांचन, रक्तवती, गन्धवती, रैवत (ऐरावत) और मणिकांचनकूट, इसप्रकार ये ग्यारह कूट स्थित हैं । इन ग्यारह कूटोंकी ऊंचाई पृथक् पृथक् पच्चीस योजन प्रमाण है । इनमेंसे प्रथम कूटपर परमरमणीय जिनेन्द्रभवन और शेष कूटोंपर स्थित मणिमय प्रासादोंमें अपने अपने कूटोंके नामोंसे संयुक्त व्यन्तर देव विराजमान हैं ॥ २३५६–२३५९ ॥

इस शिखरीशैलके शिखरपर पद्मद्रहके सदृश वेदी आदिसे शोभायमान महापुण्डरीक नामक दिव्य द्रह है ॥ २३६० ॥

इस तालाबके कमलभवनमें श्रीदेवीके सदृश जो लक्ष्मी नामक देवी निवास करती है, वह ईशानेन्द्रकी देवी है ॥ २३६१ ॥

उस द्रहके दक्षिणतोरणद्वारसे निकलकर सुवर्णकूलानामक नदी दक्षिणमुखी होकर सुवर्णकूलकुण्डमें गिरती है ॥ २३६२ ॥

तत्पश्चात् उस कुण्डके दक्षिणद्वारसे निकलकर वह नदी दक्षिणमुखी होकर रोहित् नदीके

१ द ब कल्लोलिणिं णाम. २ द ब कूडद्दहावि. ३ द ब कूडो. ४ द ब पवत्तसुभवणे.

हेरण्णवदब्भंतरभागे गच्छिय दिसाए पुव्वाए । दीवजगदीबिलेणं पविसेदि तरंगिणीणाहं ॥ २३६४

। एवं सिहरिगिरिवण्णणा समत्ता[1] ।

सिहरिस्सुत्तरभागे जंबूदीवस्स जगदिदक्खिणदो । एरावदो त्ति वरिसो चेट्ठदि भरहस्स सारिच्छो ॥ २३६५

णवरि विसेसो तस्सिं सलागपुरिसा भवंति जे केई । ताणं णामप्पहुदिसु उवदेसो संपइ पणट्ठो ॥ २३६६

अण्णण्णा एदस्सिं[2] णामा विजयड्ढकूडसरियाणं[4] । सिद्धो[5] रेवदखंडा माणी विजयड्ढपुण्णा य ॥ २३६७

तिमिसगुहो रेवदवेसमणं णामाणि होंति कूडाणं । सिहरिगिरिंदोवरि महपुंडरियद्दहस्स पुव्वदारेणं ॥ २३६८

रत्ता[6] णामेण णदी णिस्सरिय पडेदि रत्तकुंडम्मि । गंगाणइसारिच्छा पविसइ लवणंबुरासिम्मि ॥ २३६९

तद्दहपच्छिमतोरणदारेणं णिस्सरेदि रत्तोदा । सिंधुणईए सरिसा णिवडइ रत्तोदकुंडम्मि ॥ २३७०

पच्छिममुहेण तत्तो णिस्सरिदूणं अणेयसरिसहिदा । दीवजगदीबिलेणं लवणसमुद्दम्मि पविसेदि ॥ २३७१

गंगारोहिंहरिओ सीदाणारीसुवण्णकूलाओ । रत्त त्ति सत्त सरिया पुव्वाए दिसाए वच्चंति ॥ २३७२

समान नाभिगिरिकी प्रदक्षिणा करती हुई हैरण्यवतक्षेत्रके अभ्यन्तर भागमेंसे पूर्वदिशाकी ओर जाकर जम्बूद्वीपसम्बन्धी जगतीके बिलमेंसे समुद्रमें प्रवेश करती है ॥ २३६३-२३६४ ॥

इसप्रकार शिखरीपर्वतका वर्णन समाप्त हुआ ।

शिखरीपर्वतके उत्तर और जम्बूद्वीपकी जगती के दक्षिणभागमें भरतक्षेत्रके सदृश ऐरावत-क्षेत्र स्थित है ॥ २३६५ ॥

विशेष यह कि उस क्षेत्रमें जो कोई शलाकापुरुष होते हैं, उनके नामादिविषयक उपदेश इस समय नष्ट हो चुका है ॥ २३६६ ॥

इस क्षेत्रमें विजयार्द्धपर्वतके ऊपर स्थित कूटों और नदियोंके नाम भिन्न हैं। सिद्ध, ऐरावत, खण्डप्रपात, माणिभद्र, विजयार्द्ध, पूर्णभद्र, तिमिश्रगुह, ऐरावत और वैश्रवण नामक ये नौ कूट यहां विजयार्द्धपर्वतके ऊपर हैं। शिखरीपर्वतके ऊपर स्थित महापुण्डरीक द्रहके पूर्वद्वारसे निकलकर रक्ता नामक नदी रक्तकुण्डमें गिरती है। पुनः वह गंगानदीके सदृश लवणसमुद्रमें प्रवेश करती है ॥ २३६७-२३६९ ॥

उसी द्रहके पश्चिम तोरणद्वारसे रक्तोदानदी निकलती है और सिन्धुनदीके सदृश रक्तोद-कुण्डमें गिरती है ॥ २३७० ॥

पश्चात् वह उस कुण्डसे निकलकर पश्चिममुख होती हुई अनेक नदियोंसे सहित होकर द्वीपकी जगतीके बिलसे लवणसमुद्रमें प्रवेश करती है ॥ २३७१ ॥

गंगा, रोहित्, हरित्, सीता, नारी, सुवर्णकूला और रक्ता, ये सात नदियां पूर्वदिशामें जाती हैं ॥ २३७२ ॥

---

१ ब सम्मत्ता. २ द ब तेस्सिं. ३ द ब एदेसिं. ४ द ब सरिसाणं. ५ द ब सिद्धा. ६ द ब रत्तो.

पच्छिमदिसाए गच्छदि सिंधुणई रोहियासहरिकंता । सीदोदा णरकंता रुप्पतडा सत्तमी य रत्तोदा ॥ २३७३

। एवं एरावदखेत्तस्स वण्णणा समत्ता ।

इसुपादगुणिदजीवा गुणिदव्वा दसपदेण जं वग्गं । मूलं चावायारे खेत्तेत्थं होदि सुहुमफलं ॥ २३७४

पंचतितिएक्कदुगणभछक्का अंकक्कमेण जोयणया । एक्कछतिहरिदचउणवदुगभागो भरहखेत्तफलं ॥ २३७५[1]

$६०२१३३५ \mid \frac{२९४}{३६१} \mid$

तियएक्कंबरणवदुगणवचउइगिपंचएक्क यंसा य । तिण्णिसयबारसायं खेत्तफलं णिसहसेलस्स ॥ २३७६

$१५१४९२९०१३ \mid \frac{३१२}{३६१} \mid$

दुखणवणवचउतियणवछण्णवदुगजोयणेक्कपंतीए । भागा तिण्णि सया इगिछत्तियहरिदा विदेहखेत्तफलं॥२३७७

$२९६९३४९९०२ \mid \frac{३००}{३६१} \mid$

भरहादी णिसहंता जेत्तियमेत्ता हवंति खेत्तफलं । तं सव्वं वत्तव्वं एरावदपहुदिणीलंतं ॥ २३७८

सिन्धुनदी, रोहितास्या, हरिकान्ता, सीतोदा, नरकान्ता, रूप्यकूला और सातवीं रक्तोदा, ये सात नदियां पश्चिमदिशामें जाती हैं ॥ २३७३ ॥

इसप्रकार ऐरावतक्षेत्रका वर्णन समाप्त हुआ ।

बाणके चतुर्थ भागसे गुणित जीवाका जो वर्ग हो उसको दशसे गुणा कर प्राप्त गुणनफलका वर्गमूल निकालनेपर धनुषके आकार क्षेत्रका सूक्ष्म क्षेत्रफल जाना जाता है ॥ २३७४ ॥

बाण $५२६\frac{६}{१९} = \frac{१००००}{१९}$ । जीवा $१४४७१\frac{५}{१९} = \frac{२७४९५४}{१९}$ । अतएव भरतक्षेत्रका क्षेत्रफल हुआ $\sqrt{\left(\frac{१००००}{१९} \times \frac{१}{४} \times \frac{२७४९५४}{१९}\right)^२ \times १०} = \sqrt{\left(\frac{६८७३८५०००}{३६१}\right)^२ \times १०}$

$= \sqrt{\frac{४७२४९८१३८२२५००००००००}{३६१ \times ३६१}} = ६०२१३३५\frac{२९४}{३६१}$ ।

पांच, तीन, तीन, एक, दो, शून्य और छह, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या निर्मित हो उतने योजन और तीनसौ इकसठसे भाजित दोसौ चौरानबै भागप्रमाण भरतक्षेत्रका सूक्ष्म क्षेत्रफल है ॥ २३७५ ॥ $६०२१३३५\frac{२९४}{३६१}$ ।

तीन, एक, शून्य, नौ, दो, नौ, चार, एक, पांच और एक, इन अंकोंसे जो संख्या निर्मित हो उतने योजन और एक योजनके तीनसौ इकसठ भागोंमेंसे तीनसौ बारह भागप्रमाण निषधपर्वतका क्षेत्रफल है ॥ २३७६ ॥ $१५१४९२९०१३\frac{३१२}{३६१}$ ।

दो, शून्य, नौ, नौ, चार, तीन, नौ, छह, नौ और दो, इन अंकोंको एक पंक्तिमें रखनेसे जो संख्या निर्मित हो उतने योजन और तीनसौ इकसठसे भाजित तीनसौ भागप्रमाण विदेहका क्षेत्रफल है ॥ २३७७ ॥ $२९६९३४९९०२\frac{३००}{३६१}$ ।

भरतक्षेत्रसे लेकर निषधपर्वत तक जितना क्षेत्रफल है, वह सब ऐरावतक्षेत्रसे लेकर नील-पर्वत तक भी कहना चाहिये ॥ २३७८ ॥

---

१ अतः परं हिमवद्-हैमवतादिपर्वत-क्षेत्राणां क्षेत्रफलसूचकगाथास्त्रुटिता इति भाति ।

अंबरपणएक्कचउणवछप्पण्णसुण्णणवयसत्तं च । अंकक्कमे परिमाणं जंबूदीवस्स खेत्तफलं ॥ २३७९

७९०५६९४१५० ।

अट्ठावीससहस्सं भरहस्स तरंगिणीओ दुगसहिदा । दुगुणा दुगेण रहिदा[1] हेमवदक्खेत्तसरिया णं ॥ २३८०

२८००२ । ५६००२ ।

हेमवदवाहिणीणं दुगुणियसंखा य दुगविहीणा य । हरिवरिसम्मि पमाणं तरंगिणीणं च णादव्वं[2] ॥ २३८१

११२००२ ।

एदाण तिखेत्ताणं सरियाओ मेलिदूण दुगुणकदा । .... ॥ २३८२

[३९२०१२ ।]

अट्ठासट्ठिसहस्सब्भहियं[3] एक्कं तरंगिणीलक्खं । देवकुरुम्मि य खेत्ते णादव्वं उत्तरकुरुम्मि ॥ २३८३

१६८००० ।

अट्ठत्तरिसंजुत्ता चोद्दसलक्खाणि होंति दिव्वाओ । सव्वाओ पुव्वावरविदेहविजयाण सरियाओ ॥ २३८४

१४०००७८ ।

सत्तरससयसहस्सा बाणउदिसहस्सया य णउदिजुदा । सव्वाओ वाहिणीओ जंबूदीवम्मि मिलिदाओ ॥ २३८५

१७९२०९० ।

[4]णदीसंखा— विदे० सीतासीतोदा २, क्षेत्रनदी ६४, विभंगा १२, सीतासीतोदापरिवार १६८०००, क्षे. न. प. ८९६०००, वि. परि ३३६०००, एकत्र १४०००७८ । भरतादि ३९२०१२ । १७९२०९० ।[5]

शून्य, पांच, एक, चार, नौ, छह, पांच, शून्य, नौ और सात, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या हो, उतने योजनप्रमाण जम्बूद्वीपका क्षेत्रफल है ॥ २३७९ ॥ ७९०५६९४१५० ।

भरतक्षेत्रकी नदियां अट्ठाईस हजार दो और हैमवतक्षेत्रकी नदियां दो कम इससे दूनी अर्थात् छप्पन हजार दो हैं ॥ २३८० ॥ २८००२ । ५६००२ ।

हरिवर्षक्षेत्रमें भी नदियोंका प्रमाण हैमवतक्षेत्रकी नदियोंसे दो कम दुगुणित संख्यारूप अर्थात् एक लाख बारह हजार दो जानना चाहिये ॥ २३८१ ॥ ११२००२ ।

इन तीन क्षेत्रोंकी नदियोंको मिलाकर दूना करनेसे [तीन लाख बानबै हजार बारह होता है] । देवकुरु और उत्तरकुरुमें इन नदियोंकी संख्या एक लाख अड़सठ हजारप्रमाण है ॥ २३८२-२३८३ ॥

पूर्वापर विदेहक्षेत्रोंकी सब दिव्य नदियां चौदह लाख अठत्तर हैं ॥ २३८४ ॥

१४०००७८ ।

इसप्रकार सब मिलकर जम्बूद्वीपमें सत्तरह लाख बानबै हजार नब्बै नदियां हैं ॥ २३८५ ॥ १७९२०९० ।

नदीसंख्या — विदेहमें सीता-सीतोदा २, क्षेत्रनदी ६४, विभंगा १२, सीता-सीतोदा-परिवार १६८०००, क्षे. न. परिवार ८९६०००, विभंगापरिवार ३३६०००, एकत्र १४०००७८ । भरतादिक शेष छह क्षेत्र ३९२०१२ । समस्त- १७९२०९० ।

---

१ द दुगणारहिदा, ब दुगरहिदा. २ द ब णादव्वा. ३ द ब सहस्सं बहियं. ४ प्रत्योः पाठोऽयं २३७५ तमाया गाथायाः पश्चादुपलभ्यते । ५ अत्र पुस्तकयोः ' णवछच्चउणभगयणं ' इति लिखितम् ।

सरियाओ जेत्तियाओ चेट्ठंते तेत्तियाणि कुंडाणिं । विक्खादाओ ताओ णियणियकुंडाणं णामेहिं ॥ २३८६
वेंतरदेवा बहुओ णियणियकुंडाण णामविदिदाओ । पल्लाउपमाणाओ णियणिवसंतो ताण दिव्वगिरिभवणे॥२३८७
जेत्तिय कुंडा जेत्तिय सरियाओ जेत्तियाओ वणसंडा । जेत्तिय सुरणयरीओ जेत्तिय जिणणाहभवणाणिं ॥२३८८
जेत्तिय विज्जाहरसेढियाओ[3] जेत्तियाओ पुरियाओ । अज्जाखंडे जेत्तिय णयरीओ जेत्तियद्दिदहा ॥ २३८९
वेदीओ तेत्तियाओ णियणियजोग्गाओ ताण पत्तेक्कं । जोयणदलमुच्छेहो रुंदा चावाणि पंचसया ॥ २३९०

$\frac{1}{2}$ । दंड ५०० ।

णवरि विसेसो एसो देवारण्णस्स भूदरण्णस्स । जोयणमेक्कं उदओ[4] दंडसहस्सं च वित्थारो ॥ २३९१
कुंडवणसंडसरियासुरणयरीसेलतोरणद्दारा । विज्जाहरवरसेढीणयरज्जाखंडणयरीओ ॥ २३९२
दहपंचयपुव्वावरविदेहगामादिसम्मलीरुक्खा । जेत्तियमेत्ता जंबूरुक्खाइ य तेत्तिया जिणणिकेदा ॥ २३९३
छक्कुलसेला सव्वे विजयड्ढा होंति तीस चउजुत्ता । सोलस वक्खारगिरी वारणदंताइ चत्तारो ॥ २३९४

६ । ३४ । १६ । ४ ।

तह अट्ठ दिग्गइंदा णाभिगिरिंदा हवंति चत्तारि । चोत्तीस वसहसेला कंचणसेला सयाण दुवे[5] ॥ २३९५

८ । ४ । ३४ । २०० ।

जितनी नदियां हैं उतने ही कुण्ड भी स्थित हैं । वे नदियां अपने अपने कुण्डोंके नामोंसे विख्यात हैं ॥ २३८६ ॥

अपने कुण्डोंके नामोंसे विदित बहुतसे व्यन्तरदेव एक पल्यप्रमाण आयुसे सहित होते हुए उन कुण्डोंके दिव्य गिरिभवनमें निवास करते हैं ॥ २३८७ ॥

जितने कुण्ड, जितनी नदियां, जितने वनसमूह, जितनी देवनगरियां, जितने जिनेन्द्रभवन, जितनी विद्याधरश्रेणियां, जितने नगर, आर्यखण्डोंकी जितनी नगरियां, जितने पर्वत और जितने द्रह हैं, उनमेंसे प्रत्येकके अपने अपने योग्य उतनी ही वेदियां हैं । इन वेदियोंकी उंचाई आधा योजन और विस्तार पांचसौ धनुषप्रमाण है ॥ २३८८–२३९० ॥

वेदियोंकी उंचाई $\frac{1}{2}$ यो. । विस्तार ५०० धनुष ।

विशेष यह है कि देवारण्य और भूतारण्यकी जो वेदियां हैं, उनकी उंचाई एक योजन व विस्तार एक हजार धनुषप्रमाण है ॥ २३९१ ॥

कुण्ड, वनसमूह, नदियां, देवनगरियां, पर्वत, तोरणद्वार, विद्याधरश्रेणियोंके नगर, आर्यखण्डोंकी नगरियां, द्रहपंचक (पांच पांच द्रह), पूर्वापरविदेहोंके ग्रामादिक, शाल्मलीवृक्ष और जम्बूवृक्ष जितने हैं उतने ही जिनभवन भी हैं ॥ २३९२–२३९३ ॥

जम्बूद्वीपमें सब कुलपर्वत छह, विजयार्द्ध चौंतीस, वक्षारगिरि सोलह और गजदन्त चार हैं ॥ २३९४ ॥ कुलशैल ६ । विजयार्ध ३४ । वक्षारगिरि १६ । गजदंत पर्वत ४ ।

दिग्गजेन्द्रपर्वत आठ, नाभिगिरीन्द्र चार, वृषभशैल चौंतीस तथा कांचनशैल दोसौ हैं ॥ २३९५ ॥ दिग्गजेन्द्र ८ । नाभिगिरि ४ । वृषभशैल ३४ । कांचनशैल २०० ।

---

१ द ब कुंडाणि. २ द ब णिवसंताण. ३ द ब सेढियाओ ताणं च. ४ ब उदयो. ५ द ब दुवी.

एक्को य मेरु कूडो पंचसया अट्ठसट्ठिअब्भहियो। सत्त च्चिय महविजया चोत्तीसं हवंति कम्मभूमीओ ॥ २३९६

१ । ५६८ । ७ । ३४ ।

सत्तरि अब्भहियसयं मेच्छखिदी छच्च भोगभूमीओ । चत्तारि जमलसेला जंबूदीवे समुद्दिट्ठा ॥ २३९७

। एवं जंबूदीववण्णणा समत्ता ।

अत्थि लवणंबुरासी जंबूदीवस्स खाइयायारो । समवट्टो सो जोयणबेलक्खपमाणवित्थारो ॥ २३९८

२००००० ।

णावाए उवरि णावा अहोमुही जह ठिदा तह समुद्दो । गयणे समंतदो सो चेट्ठेदि हु चक्कवालेणं ॥ २३९९

चित्तोवरिमतलादो कूडायारेण उवरि वारिणिही । सत्तसयजोयणाइं उदएण णहम्मि चेट्ठेदि ॥ २४००

७०० ।

उड्ढे[1] भवेदि रुंदं जलणिहिणो जोयणा दससहस्सा । चित्तावणिपणिहीए विक्खंभो दोण्णि लक्खाइं ॥ २४०१

१०००० । २००००० ।

पत्तेक्कं दुतडादो पविसिय पणणउदिजोयणसहस्सा। गाढे दोण्णि सहस्सा तलवासो दस सहस्साणिं ॥ २४०२

९५००० । ९५००० ।

एक मेरु, पांचसौ अड़सठ कूट, सात महाक्षेत्र और चौंतीस कर्मभूमियां हैं ॥ २३९६ ॥

मेरु १ । कूट ५६८ । महाक्षेत्र ७ । कर्मभूमियां ३४ ।

जम्बूद्वीपमें एकसौ सत्तर म्लेच्छखण्ड, छह भोगभूमियां और चार यमकशैल बतलाये गये हैं ॥ २३९७ ॥

इसप्रकार जम्बूद्वीपका वर्णन समाप्त हुआ ।

लवणसमुद्र जम्बूद्वीपकी खाईके आकार गोल है । इसका विस्तार दो लाख योजनप्रमाण है ॥ २३९८ ॥ २००००० ।

एक नावके ऊपर अधोमुखी दूसरी नावके रखनेसे जैसा आकार होता है, उसीप्रकार वह समुद्र चारों ओर आकाशमें मण्डलाकारसे स्थित है ॥ २३९९ ॥

वह समुद्र चित्रापृथिवीके उपरिम तलसे ऊपर कूटके आकारसे आकाशमें सातसौ योजन ऊंचा स्थित है ॥ २४०० ॥ ७०० ।

उस समुद्रका विस्तार ऊपर दश हजार योजन और चित्रापृथिवीकी प्रणिधिमें दो लाख योजनप्रमाण है ॥ २४०१ ॥ १०००० । २००००० ।

दोनों तटोंमेंसे प्रत्येक तटसे पंचानबै हजार योजन प्रवेश करनेपर दोनों ओरसे एक हजार योजन गहराईमें तलविस्तार दश हजार योजनमात्र है ॥ २४०२ ॥ ९५००० । ९५००० ।

१ द ब कूणो. २ द ब अमआऊ. ३ ब उड्ढे. ४ द ब 'सहस्सो.

भूमीए मुहं सोहिय उदयहिदं भूमुहाणिचया । मुहमजुदं बे लक्खा भूमी जोयणसहस्समुस्सेहो ॥ २४०३

१०००० । २००००० । १००० ।

खयवड्ढीण पमाणं एक्कसयं जोयणाणि णउदिजुदं । इच्छाहदहाणिचया खिदिहीणा मुहजुदा रुंदं ॥ २४०४

१९० ।

उवरिमजलस्स जोयण उणवीससयाणि सत्तहरिदाणिं । खयवड्ढीण पमाणं णादव्वं लवणजलणिहिम्मि ॥ २४०५

$\frac{१९००}{७}$ ।

पत्तेक्कं दुतडादो पविसिय पणणउदिजोयणसहस्सा । गाढा तस्स सहस्सं एवं सोधिज्ज अंगुलादीणं ॥ २४०६

९५००० । १००० । $\frac{१}{९५}$ ।[1]

दुतडादो जलमज्झे पविसिय पणणउदिजोयणसहस्सा । सत्तसयाइं उदओ एवं सोहेज्ज[2] अंगुलादीणं ॥ २४०७

९५००० । ७०० । $\frac{७}{९५०}$ ।[3]

भूमिमेंसे मुखको कम करके उंचाईका भाग देनेपर भूमिकी ओरसे हानि और मुखकी ओरसे वृद्धिका प्रमाण आता है । यहां मुखका प्रमाण अयुत अर्थात् दश हजार योजन, भूमिका प्रमाण दो लाख योजन और उंचाईका प्रमाण एक हजार योजनमात्र है ॥ २४०३ ॥

मुख १०००० । भूमि २००००० । उत्सेध १००० ।

उस क्षय-वृद्धिका प्रमाण एकसौ नव्वै योजनमात्र है । इच्छासे गुणित हानि-वृद्धिके प्रमाणको भूमिमेंसे कम अथवा मुखमें मिला देनेपर विवक्षित स्थानपर विस्तारका प्रमाण जाना जाता है ॥ २४०४ ॥ (२००००० − १००००) ÷ १००० = १९० हानि-वृद्धिका प्रमाण ।

लवणसमुद्रमें उपरिम (समतल भूमिके ऊपर स्थित) जलकी क्षय-वृद्धिका प्रमाण सातसे भाजित उन्नीससौ योजनमात्र है ॥ २४०५ ॥ (२००००० − १००००) ÷ ७०० = $\frac{१९००}{७}$ ।

दोनोंमेंसे प्रत्येक किनारेसे पंचानबै हजार योजन प्रवेश करनेपर उसकी गहराई एक हजार योजनमात्र है । इसीप्रकार अंगुलादिकको शोध लेना चाहिये ॥ २४०६ ॥

९५००० । १००० । $\frac{१}{९५} = \frac{१०००}{९५०००}$ ।

दोनों तटोंसे जलके मध्यमें पंचानबै हजार योजनप्रमाण प्रवेश करनेपर सातसौ योजनमात्र उंचाई है । इसीप्रकार अंगुलादिकोंको शोध लेना चाहिये ॥ २४०७ ॥

९५००० । ७०० । $\frac{७}{९५०} = \frac{७००}{९५०००}$ ।

---

१ द ब $\frac{१}{५}$. २ ब सोहअ. ३ द ब $\frac{८५०}{७}$.

लवणोवहिबहुमज्झे पादाला ते समंतदो होंति । अट्ठुत्तरं सहस्सं जेट्ठा मज्झा जहण्णा यं ॥ २४०८

१००८ ।

चत्तारो पायाला जेट्ठा मज्झिलआ वि चत्तारो । होदि जहण्ण सहस्सं ते सव्वे रंजणायारा ॥ २४०९

४ । ४ । १००० ।

उक्किट्ठा पायाला पुव्वादिदिसासु जलहिमज्झम्मि । पायालकदंबक्खा वडवामुहजोवकेसरिणो ॥ २४१०

पुह पुह दुतडाहिंतो पविसिय पणणउदि जोयणसहस्सा । लवणजले चत्तारो जेट्ठा चेट्ठंति पायाला ॥ २४११

९५००० । ९५००० ।

पुह पुह मूलम्मि मुहे वित्थारो जोयणा दससहस्सा । उदओ वि एक्कलक्खं मज्झिमरुंदो वि तम्मेत्तं ॥ २४१२

१०००० । १०००० । १००००० । १००००० ।

जेट्ठा ते संलग्गा सीमंतबिलस्स उवरिमे भागे । पणसयजोयणबहला कुड्डा एदाण वज्जमया ॥ २४१३

५०० ।

जेट्ठाणं विच्चाले विदिसासुं मज्झिमा दु पादाला । ताणं रुंदप्पहुदी उक्किट्ठाणं दसंसेणं ॥ २४१४

१००० । १००० । १०००० । १०००० । ५० ।

लवणोदाधिके बहुमध्यभागमें चारों ओर उत्कृष्ट, मध्यम व जघन्य एक हजार आठ पाताल है ॥ २४०८ ॥ १००८ ।

ज्येष्ठ पाताल चार, मध्यम चार और जघन्य एक हजार है । ये सब पाताल रांजन अर्थात् घड़ेके आकार है ॥ २४०९ ॥ ४ । ४ । १००० ।

पूर्वादिक दिशाओंमें समुद्रके मध्यमें पाताल, कदम्बक, बड़वामुख और यूपकेशरी नामक चार उत्कृष्ट पाताल है ॥ २४१० ॥

दोनों किनारोंसे लवणसमुद्रके जलमें पंचानबै हजार योजनप्रमाण प्रवेश करनेपर पृथक् पृथक् चार ज्येष्ठ पाताल स्थित है ॥ २४११ ॥ ९५००० । ९५००० ।

इन पातालोंका विस्तार पृथक् पृथक् मूलमें व मुखमें दश हजार योजन, उंचाई एक लाख योजन और मध्यमविस्तार भी एक लाख योजनप्रमाण ही है ॥ २४१२ ॥

मूलविस्तार १०००० । मुख १०००० । उदय १००००० । मध्यविस्तार १००००० ।

वे ज्येष्ठ पाताल सीमन्त बिलके उपरिम भागसे संलग्न हैं । इनकी वज्रमय भित्तियां पांचसौ योजनप्रमाण मोटी हैं ॥ २४१३ ॥ ५०० ।

इन ज्येष्ठ पातालोंके बीचमें विदिशाओंमें मध्यम पाताल स्थित हैं । इनका विस्तारादिक उत्कृष्ट पातालोंकी अपेक्षा दशवें भागमात्र है ॥ २४१४ ॥

१००० । १००० । १०००० । १०००० । ५० ।

१ द ब जहण्णया या य. २ कडंबक्खा.

णवणउदिसहस्साणिं पंचसया जोयणाणि दुतडेसुं । पुह पुह पविसिय सलिले पायाला मज्झिमा होंति ॥ २४१५

९९५०० । [२४१६-२४२५][1]

जेट्ठंतरसंखादो एक्कसहस्सम्मि समवणीदम्मि । अद्धकदे जेट्ठाणं मज्झिमयाणं च विच्चालं ॥ २४२६

जोयणलक्खं तेरससहस्सया पंचसीदिसंजुत्ता । तं विच्चालपमाणं दिवड्ढकोसेण अदिरित्तं ॥ २४२७

११३०८५ । को ३/२ ।

जेट्ठाण मज्झिमाणं विच्चम्मि[2] जहण्णयाण मुहवासं । फेडिय[3] सेसं विगुणियतेसट्ठीए कयविभागे ॥ २४२८

जं लद्धं अवराणं पायालाणं तमंतरं होदि । तं माणं सय सत्तय अट्ठाणउदी य सविसेसा ॥ २४२९

७९८ । ३७/१२६ । १/३३६ ।

पत्तेक्कं पायाला तिवियप्पा ते भवंति कमहीणं । हेट्ठाहिंतो वादं जलवादं सलिलमासेज्ज ॥ २४३०

तेत्तीससहस्साणिं तिसया तेत्तीस जोयणतिभागो । पत्तेक्कं जेट्ठाणं पमाणमेदं तियंसस्स ॥ २४३१

३३३३३ । १/३ ।

पृथक् पृथक् दोनों किनारोंसे निन्यानबै हजार पांचसौ योजनप्रमाण जलमें प्रवेश करनेपर मध्यम पाताल हैं ॥ २४१५ ॥ ९९५०० । [२४१६-२४२५]

ज्येष्ठ पातालोंके अन्तरालप्रमाणमेंसे एक हजार कम करके आधा करनेपर ज्येष्ठ और मध्यम पातालोंका अन्तरालप्रमाण निकलता है ॥ २४२६ ॥

वह अन्तरालप्रमाण एक लाख तेरह हजार पचासी योजन और डेढ़ कोस अधिक है ॥ २४२७ ॥ (२२७१७० $\frac{३}{४}$ – १०००) ÷ २ = यो. ११३०८५, को. $\frac{३}{२}$ ।

ज्येष्ठ और मध्यम पातालोंके अन्तरालप्रमाणमेंसे जघन्य पातालोंके मुखविस्तारको कम करके शेषमें द्विगुणित तिरेसठ अर्थात् एकसौ छब्बीसका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना जघन्य पातालोंका अन्तराल होता है । उसका प्रमाण सातसौ अट्ठानबै योजनोंसे अधिक है ॥ २४२८ –२४२९ ॥ ७९८ $\frac{३७}{१२६}$ + $\frac{१}{३३६}$ यो. ।

वे पाताल क्रमसे हीन होते हुए नीचेसे वायु, जल-वायु और जलके आश्रयसे तीन प्रकार हैं अर्थात् प्रत्येक पातालके तीन भागोंमेंसे पहिले भागमें वायु, दूसरे भागमें जल-वायु और तीसरे भागमें केवल जल ही स्थित है ॥ २४३० ॥

ज्येष्ठ पातालोंमेंसे प्रत्येक पातालके तीसरे भागका प्रमाण तेतीस हजार तीनसौ तेतीस योजन और एक योजनका तीसरा भाग है ॥ २४३१ ॥ ३३३३३ $\frac{१}{३}$ ।

१ अत्र दश गाथा नष्टा इत्यनुमीयते । द–पुस्तके ' इ दस गाहा नथी ' इति लिखितम् । ब–पुस्तके ' यहाँ दस गाथाएं नहीं हैं ' इति लिखितम् । २ ब विच्चम्मिद. ३ द ब पेलिय.

तिण्णि सहस्सा तिसया तेत्तीसजुदाणि जोयणतिभागो। पत्तेक्कं णादव्वं मज्झिमयाणं[1] तियंसपरिमाणं ॥ २४३२

३३३३ । १ ।
३

तेत्तीसब्भहियाइं तिण्णि सयाणं च जोयणतिभागो । पत्तेक्कं दट्ठव्वं तियंसमाणं[2] जहण्णाणं ॥ २४३३

३३३ । १ ।
३

हेट्ठिल्लम्मि तिभागे वसुमइविवराण केवलो वादो । मज्झिल्ले जलवादो उवरिल्ले सलिलपब्भारो ॥ २४३४

पवणेण पुण्णियं तं चलाचलं मज्झिमं सलिलवादं । उवरिं चेट्ठदि सलिलं पवणाभावेण केवलं तेसुं ॥ २४३५

पादालाणं मरुदा[3] पक्खे सीदम्मि वड्ढंति । हीयंति किण्णपक्खे सहावदो सव्वकालेसुं ॥ २४३६

वड्ढी बावीससया बावीसा जोयणाणि अदिरेगा[4] । पवणे[5] सिदपक्खे य प्पडिवासं पुण्णिमं जाव ॥ २४३७

२२२२ । २ ।
९

पुण्णिमए हेट्ठादो णियणियदुतिभागमेत्तपायाले । चेट्ठदि वाऊ उवरिमतियभागे केवलं सलिलं ॥ २४३८

अमवस्से उवरीदो णियणियदुतिभागमेत्तपरिमाणे । कमसो सलिलं हेट्ठिमतियभागे केवलं वादं ॥ २४३९

मध्यम पातालोंमेंसे प्रत्येकके तीसरे भागका प्रमाण तीन हजार तीनसौ तेतीस योजन और एक योजनका तीसरा भागमात्र समझना चाहिये ॥ २४३२ ॥ $3333\frac{1}{3}$ ।

जघन्य पातालोंमेंसे प्रत्येकके तीसरे भागका प्रमाण तीनसौ तेतीस योजन और एक योजनका तृतीय भागमात्र जानना चाहिये ॥ २४३३ ॥ $333\frac{1}{3}$ ।

नीचेके त्रिभागमें केवल वायु, मध्यम भागमें जल-वायु और ऊपरके भागमें जलसमूह स्थित है ॥ २४३४ ॥

उनमेंसे पहिला भाग वायुसे युक्त, मध्यम भाग जल व वायुसे युक्त होता हुआ चलाचल अर्थात् जल और वायुकी हानि-वृद्धिसे युक्त, और ऊपर वायुके न होनेसे केवल जल ही स्थित है ॥ २४३५ ॥

पातालोंके पवन सर्वकाल शुक्ल पक्षमें स्वभावसे बढ़ते हैं और कृष्ण पक्षमें घटते हैं ॥ २४३६ ॥

शुक्ल पक्षमें पूर्णिमा तक प्रतिदिन बाईससौ बाईस योजनोंसे अधिक पवनकी वृद्धि हुआ करती है ॥ २४३७ ॥ $2222\frac{2}{9}$ ।

पूर्णिमाके दिन पातालोंके अपने अपने तीन भागोंमेंसे नीचेके दो भागोंमें वायु और ऊपरके तृतीय भागमें केवल जल स्थित रहता है ॥ २४३८ ॥

अमावस्याके दिन अपने अपने तीन भागोंमेंसे क्रमशः ऊपरके दो भागोंमें जल और नीचेके तीसरे भागमें केवल वायु स्थित रहता है ॥ २४३९ ॥

१ द ब मज्झिमयं. २ द ब तियंसमाणाणं. ३ द ब परिदा. ४ द ब अदिरेगो. ५ द ब पवणो.

पेलिज्जंते उवही पवणेण तहेउ सीमंते[1] । हिंडदि पायदि गयणे दंडसहस्साणि चत्तारि ॥ २४४०
दं ४००० ।

दिवसं पडि अट्ठसयं तिहिदा दंडाणि सुक्ककिण्हे[2] य । खयवड्ढी पुव्वुत्तयवट्ठिदवेलाए उवरि जलहिजलं ॥२४४१

८०० ।
३

पुह पुह दुतडाहिंतो पविसिय पणणउदिजोयणसहस्सा । लवणजले बे कोसा उदओ सेसेसु हाणिचयं ॥२४४२

अमवस्साए उवही सरिसो[3] भूमीए होदि सिदपक्खे। कमेण वड्ढेदि णहे कोसाणिं दोण्णि पुण्णिमए[4] ॥ २४४३

हाएदि किण्हपक्खे तेण कमेणं च जाव वड्ढिगदं । एवं लोग्गाइणिए गंथप्पवरम्मि णिद्दिट्ठं ॥ २४४४

एक्करससहस्साणिं जलणिहिणो जोयणाणि गयणम्मि । भूमीदो उच्छेहो होदि अवट्ठिदसरूवेणं ॥ २४४५
११००० ।

तस्सोवरि सिदपक्खे पंचसहस्साणि जोयणा कमसो । वड्ढेदि जलणिहिजलं बहुले हाएदि[6] तम्मेत्तं ॥ २४४६
५००० ।

पायालंते णियणियमुहविक्खंभे हदम्मि पंचेहिं । णियणियपणिधीसु णहे सलिलकणा जंति तम्मेत्ता ॥२४४७
५०००० । ५००० । ५०० ।

समुद्र वायुसे प्रेरित होकर सीमान्तमें फैलता है और आकाशमें चार हजार धनुष पहुंचता है ॥ २४४० ॥ दं. ४००० ।

प्रतिदिन शुक्ल पक्षमें तीनसे भाजित आठसौ धनुषप्रमाण पूर्वोक्त अवस्थित वेलामें वृद्धि और कृष्ण पक्षमें प्रतिदिन उतनी ही हानि हुआ करती है ॥ २४४१ ॥ $\frac{४०००}{१५} = \frac{८००}{३}$ ।

पृथक् पृथक् दोनों किनारोंसे पंचानबै हजार योजनप्रमाण प्रवेश करके लवणसमुद्रके जलमें दो कोस उंचाई व शेषमें हानि-वृद्धि है ॥ २४४२ ॥

अमावस्याके दिन समुद्र भूमिके सदृश (समतल) होता है । पुनः शुक्ल पक्षमें आकाशकी ओर क्रमसे बढ़ता हुआ पूर्णिमाको दो कोसप्रमाण बढ़ जाता है ॥ २४४३ ॥

वही समुद्र जितनी वृद्धि हुई थी उतना कृष्ण पक्षमें उसी क्रमसे घट जाता है । इसप्रकार श्रेष्ठ ग्रंथ लोगाइणीमें बतलाया गया है ॥ २४४४ ॥

भूमिसे आकाशमें समुद्रकी उंचाई अवस्थितरूपसे ग्यारह हजार योजनप्रमाण है ॥ २४४५ ॥ ११००० ।

शुक्ल पक्षमें इसके ऊपर समुद्रका जल क्रमसे पांच हजार योजनप्रमाण बढ़ता है और कृष्ण पक्षमें इतना ही हानिको प्राप्त होता है ॥ २४४६ ॥ ५००० ।

पातालोंके अन्तमें अपने अपने मुखविस्तारको पांचसे गुणा करनेपर जो प्राप्त हो, तत्प्रमाण आकाशमें अपने अपने पार्श्वभागोंमें जलकण जाते हैं ॥ २४४७ ॥

ज्ये. पा. ५०००० । म. प. ५००० । ज. पा. ५०० ।

---

१ द ब सम्मंते. २ द किण्णे. ३ द ब सरिसे. ४ द कमवड्ढेदि णहे, ब कमवड्ढेदि णहेणं. ५ द ब पुण्णमिए. ६ द ब बहुवे लाएदि.

जलसिहरे विक्खंभो जलणिहिणो जोयणा दससहस्सा । एवं संगाइणिए लोयविभाए विणिद्दिट्ठं ॥ २४४८
१०००० ।　　　　पाठान्तरम् ।

दुतडाए सिहरम्मि य वलयायारेण दिव्वणयरीओ । जलणिहिणो चेट्ठंते बादालसहस्सएक्कलक्खाणिं ॥ २४४९
१४२००० ।

अब्भंतरवेदीदो सत्तसयं जोयणाणि उवहिम्मि । पविसिय आयासेसुं[1] बादालसहस्सणयरीओ ॥ २४५०
७०० खे[2] । ४२००० ।

लवणोवहिबहुमज्झे सत्तसया जोयणाणि दो कोसा । गंतूण होंति गयणे अडवीस[3]सहस्सणयरीओ ॥ २४५१
७०० । २ । २८००० ।

णयरीण तडा[4] बहुविहवररयणमया हवंति समवट्टा । एदाणं पत्तेक्कं विक्खंभो जोयणदससहस्सा ॥ २४५२
१०००० ।

पत्तेक्कं णयरीणं तडवेदीओ[5] हवंति दिव्वाओ[6] । धुव्वंतधयवडाओ वरतोरणपहुदिजुत्ताओ ॥ २४५३

ताणं वरपासादा[7] पुरीण वररयणणियररमणिज्जा । चेट्ठंति हु देवाणं वेलंधरभुजगणामाणं ॥ २४५४

जिणमंदिररम्माओ पोक्खरणीउववणेहिं जुत्ताओ । को वण्णिदुं समत्थो अणाइणिहणाओ णयरीओ ॥ २४५५

जलशिखरपर समुद्रका विस्तार दश हजार योजन है इसप्रकार संगाइर्णामें लोकविभागमें बतलाया गया है ॥ २४४८ ॥ १०००० ।　　　　पाठान्तर ।

समुद्रके दोनों किनारों तथा शिखरपर वलयके आकारसे एक लाख व्यालीस हजार दिव्य नगरियां स्थित हैं ॥ २४४९ ॥ १४२००० ।

[उनमेंसे बाह्य वेदीसे ऊपर सातसौ योजन जाकर आकाशमें समुद्रपर बहत्तर हजार नगरियां हैं ॥ २४४९*१ ॥ ७०० । ७२०००]

अभ्यन्तर वेदीसे ऊपर सातसौ योजन जाकर आकाशमें समुद्रपर व्यालीस हजार नगरियां हैं ॥ २४५० ॥ ७०० यो. आकाशमें । ४२००० ।

लवणसमुद्रके बहुमध्यभागमें सातसौ योजन और दो कोसप्रमाण ऊपर जाकर आकाशमें अट्ठाईस हजार नगरियां हैं ॥ २४५१ ॥ यो. ७०० को. २ । २८००० ।

नगरियोंके तट बहुत प्रकारके उत्तम रत्नोंसे निर्मित समानगोल हैं । इनमेंसे प्रत्येकका विस्तार दश हजार योजनप्रमाण है ॥ २४५२ ॥ १०००० ।

प्रत्येक नगरियोंके फहराती हुई ध्वजा-पताकाओंसे सहित और उत्तम तोरणादिकसे संयुक्त दिव्य तटवेदियां हैं ॥ २४५३ ॥

उन नगरियोंमें उत्कृष्ट रत्नोंके समूहोंसे रमणीय वेलंधर और भुजग नामक देवोंके प्रासाद स्थित हैं ॥ २४५४ ॥

जिनमन्दिरोंसे रमणीय और वापिकाओं व उपवनोंसे संयुक्त इन अनादिनिधन नगरियोंका वर्णन करनेके लिये कौन समर्थ हो सकता है ? ॥ २४५५ ॥

१ द ब तीयासेसुं. २ द ब से. ३ द अट्ठवीस. ४ द ब तदा. ५ द ब तदवेदीओ. ६ द ब दिव्वाए. ७ द ब °पासादो.

वण्णिदसुराण णयरीपणिधीए जलहिदुतडसिहरेसुं । वज्जपुढवीए उवरिं तेत्तियणयराणि के वि भासंति ॥ २४५६

पाठान्तरम् ।

बादालसहस्साणिं जोयणया जलहिदोतडाहिंतो । पविसिय खिदिविवराणं[1] पासेसुं होंति अट्ठगिरी ॥ २४५७

४२००० ।

सोलससहस्सअधियं जोयणलक्खं च तिरियविक्खंभो । पत्तेक्काणं जगदीगिरीणि मिलिदूण दोलक्खा[2] ॥ २४५८

११६००० । ८४००० । २००००० ।

ते कुंभद्धसरिच्छा सेला जोयणसहस्समुत्तुंगा । एदाणं णामाइं[3] ठाणविभागं च भासेमि ॥ २४५९

१००० ।

पादालस्स दिसाए पच्छिमए कोत्थुभो असदि[4] सेलो । पुव्वाए कोत्थुभासो[5] दोण्णि वि ते वज्जमयमूला ॥ २४६०

मज्झिमरजदंरजिदा अग्गेसुं विविहदिव्वरयणमया । चरिअट्टालयचारू तडवेदीतोरणेहिं जुदा ॥ २४६१

ताणं हेट्ठिममज्झिमउवरिमवासाणि संपइ पणट्ठा[6] । तेसुं वरपासादा[7] विचित्तरूवा विरायंति ॥ २४६२

....

समुद्रके दोनों किनारों और शिखरपर बतलाई गई देवोंकी नगरियोंके पार्श्वभागमें वज्रमय पृथिवीके ऊपर भी इतनी ही नगरियां हैं, ऐसा कितने ही आचार्य वर्णन करते हैं ॥ २४५६ ॥

पाठान्तर ।

समुद्रके दोनों किनारोंसे ब्यालीस हजार योजनप्रमाण प्रवेश करके पातालोंके पार्श्वभागोंमें आठ पर्वत हैं ॥ २४५७ ॥ ४२००० ।

प्रत्येक पर्वतका तिरछा विस्तार एक लाख सोलह हजार योजनप्रमाण है । इसप्रकार जगतीसे पर्वतों तक तथा पर्वतोंका विस्तार मिलकर दो लाख योजन होता है ॥ २४५८ ॥

पर्वतविस्तार ११६००० । जगतीसे पर्वतका अंतराल ४२००० + ४२००० = ८४००० ।
११६००० + ८४००० = २००००० ।

अर्धघटके सदृश वे पर्वत एक हजार योजन ऊंचे हैं । इनके नाम और स्थानविभागको कहते हैं ॥ २४५९ ॥ १००० ।

पातालकी पश्चिमदिशामें कौस्तुभ और पूर्वदिशामें कौस्तुभास पर्वत स्थित है । वे दोनों पर्वत वज्रमय मूलभागसे संयुक्त हैं ॥ २४६० ॥

ये पर्वत मध्यमें रजतसे रचित, अग्रभागोंमें विविध प्रकारके दिव्य रत्नोंसे निर्मित, मार्ग व अट्टालयोंसे सुन्दर, तथा तटवेदी एवं तोरणोंसे युक्त हैं ॥ २४६१ ॥

इन पर्वतोंका नीचे, मध्यमें और ऊपर जो कुछ विस्तार है, उसका प्रमाण इस समय नष्ट हो गया है । इनके ऊपर विचित्र रूपवाले उत्तम प्रासाद विराजमान हैं ॥ २४६२ ॥

....

१ द खिदिवराणं. २ द मिलिदोण दोलक्खा, ब मिलिदोलक्खा. ३ द ब णामाए. ४ द ब मसदि. ५ द ब कुत्थभासो. ६ द ब पणट्ठो. ७ द ब °पासादो.

वेलंधरवेंतरया पव्वदणामेहिं संजुदा तेसुं । कीडंति मंदिरेसुं विजयो व्व णिआउपहुदिजुदा ॥ २४६३

उदको णामेण गिरी होदि कदंबस्स उत्तरदिसाए । उदकाभासो दक्खिणदिसाए ते णीलमणिवण्णा ॥ २४६४

सिवणामा सिवदेओ कमेण उवरिम्मि ताण सेलाणं । कोत्थुभदेवसरिच्छा आउप्पहुदीहिं चेट्ठंति ॥ २४६५

वडवामुहपुव्वाए दिसाए संख त्ति पव्वदो होदि । पच्छिमए महसंखो[1] दिसाए ते[2] संखसमवण्णा ॥ २४६६

उदगो उदगावासो कमसो उवरिम्मि ताण चेट्ठंति । देवा आउप्पहुदिसु उदगाचलदेवसारिच्छा ॥ २४६७

दकणामो होदि गिरी दक्खिणभागम्मि जूवकेसरिणो। दकवासो उत्तरए भाए वेरुलियमणिमया दोण्णि॥२४६८

उवरिम्मि ताण कमसो लोहिदणामो य लोहिदंकक्खो। उदयगिरिस्स सरिच्छा आउप्पहुदीसु होंति सुरा॥२४६९

एदाणं देवाणं णयरीओ अवरजंबुदीवम्मि । [3]होंति णियणियदिसाए अवराजिदणयरसारिच्छा ॥ २४७०

बादालसहस्साइं जोयणया जंबुदीवजगदीदो । गंतूण अट्ठ दीवा णामेणं सूरदीउ त्ति[4] ॥ २४७१

४२००० ।

पुव्वपवण्णिदकोत्थुहपहुदीणं हवंति दोसु पासेसुं । एदे दीवा मणिमयणिग्गच्छियदीआ पभासंति ॥२४७२

इन प्रासादोंमें, विजयदेवके समान अपनी आयु-आदिकसे सहित और पर्वतोंके नामोंसे संयुक्त वेलंधर व्यन्तरदेव क्रीड़ा करते हैं ॥ २४६३ ॥

कदंबपातालकी उत्तरदिशामें उदक नामक पर्वत और दक्षिणदिशामें उदकाभास नामक पर्वत स्थित है । ये दोनों पर्वत नीलमणि जैसे वर्णवाले हैं ॥ २४६४ ॥

उन पर्वतोंके ऊपर क्रमसे शिव और शिवदेव नामक देव निवास करते हैं । इनकी आयु-प्रभृति कौस्तुभदेवके समान है ॥ २४६५ ॥

वड़वामुख पातालकी पूर्वदिशामें शंख और पश्चिमदिशामें महाशंख नामक पर्वत है । ये दोनों ही शंखके समान वर्णवाले हैं ॥ २४६६ ॥

इनके ऊपर क्रमसे उदक और उदकावास नामक देव स्थित हैं । ये दोनों देव आयु-आदिकोंमें उदकपर्वतपर स्थित देवके सदृश हैं ॥ २४६७ ॥

यूपकेशरीके दक्षिणभागमें दक नामक पर्वत और उत्तरभागमें दकवास नामक पर्वत स्थित है । ये दोनों ही पर्वत वैडूर्यमणिमय हैं ॥ २४६८ ॥

उनके ऊपर क्रमसे लोहित और लोहितांक नामक देव निवास करते हैं । ये देव आयु-आदिकोंमें उदकपर्वतपर रहनेवाले देवके समान हैं ॥ २४६९ ॥

इन देवोंकी नगरियां अपर जम्बूद्वीपमें अपनी अपनी दिशामें अपराजित नगरके समान हैं ॥ २४७० ॥

जम्बूद्वीपकी जगतीसे ब्यालीस हजार योजन जाकर ' सूर्यद्वीप ' नामसे प्रसिद्ध आठ द्वीप हैं ॥ २४७१ ॥ ४२००० ।

ये द्वीप पूर्वमें बतलाये हुए कौस्तुभादिक पर्वतोंके दोनों पार्श्वभागोंमें स्थित होकर निकले हुए मणिमय दीपकोंसे युक्त प्रकाशमान हैं ॥ २४७२ ॥

१ द महसंखे. २ ब दिसु एते. ३ द ब दोण्णि य णिय°. ४ द सूरदेओ त्ति, ब सुरदीउ त्ति.

एरावदविजओदिदरत्तोदावाहिणीए पणिधीए । मागधदीवसरिच्छो होदि समुद्दम्मि मागधो दीओ ॥ २४७३
अवराजिददारस्सप्पणिधीए होदि लवणजलहिम्मि । वरतणुणामो दीओ वरतणुदीवोवमो अण्णो ॥ २४७४
एरावदखिदिणिग्गदरत्तापणिधीए लवणजलहिम्मि । अण्णो पभासदीओ पभासदीओ व चेट्ठेदि ॥ २४७५
मागधदीवसमाणं सव्वं चिय वण्णणं पभासस्स । चेट्ठदि परिवारजुदो पभासणामो सुरो तस्सिं ॥ २४७६[1]
जे अब्भंतरभागे लवणसमुद्दस्स पव्वदा दीवा । ते सव्वे चेट्ठंते णियमेणं बाहिरे भागे ॥ २४७७
दीवा लवणसमुद्दे अडदाल कुमाणुसाण चउवीसं । अब्भंतरम्मि भागे तेत्तियमेत्ताए बाहिरए ॥ २४७८

४८ । २४ । २४ ।

चत्तारि चउदिसासुं चउविदिसासुं हवंति चत्तारि । अंतरदिसासु अट्ठ य अट्ठ य गिरिपणिधिठाणेसुं ॥ २४७९

४ । ४ । ८ । ८ ।

पंचसयजोयणाणिं गंतूणं जंबुदीवजगदीदो । चत्तारि होंति दीवा दिसासु विदिसासु तम्मेत्तं ॥ २४८०

५०० । ५०० ।

पण्णाधियपंचसया गंतूणं होंति अंतरा दीवा । छस्सयजोयणमेत्तं गच्छिय गिरिपणिधिगददीवा ॥ २४८१

५५० । ६०० ।

ऐरावतक्षेत्रमें कही हुई रक्तोदानदीके पार्श्वभागमें मागधद्वीपके सदृश समुद्रमें मागधद्वीप है ॥ २४७३ ॥

अपराजितद्वारके पार्श्वभागमें वरतनुद्वीपके सदृश अन्य वरतनु नामक द्वीप लवणसमुद्रमें स्थित है ॥ २४७४ ॥

लवणसमुद्रमें ऐरावतक्षेत्रमेंसे निकली हुई रक्तानदीके पार्श्वभागमें प्रभासद्वीपके सदृश अन्य प्रभासद्वीप स्थित है ॥ २४७५ ॥

प्रभासद्वीपका सम्पूर्ण वर्णन मागधद्वीपके समान है । इस द्वीपमें परिवारसे युक्त होकर प्रभास नामक देव रहता है ॥ २४७६ ॥

लवणसमुद्रके अभ्यन्तर भागमें जो पर्वत और द्वीप हैं, वे सब नियमसे उसके बाह्य भागमें भी स्थित हैं ॥ २४७७ ॥

लवणसमुद्रमें अड़तालीस कुमानुषोंके द्वीप हैं । इनमेंसे चौबीस द्वीप तो अभ्यन्तर भागमें और इतने ही बाह्य भागमें भी हैं ॥ २४७८ ॥ २४ + २४ = ४८ ।

उपर्युक्त चौबीस द्वीपोंमेंसे चारों दिशाओंमें चार, चारों विदिशाओंमें चार, अन्तरदिशाओंमें आठ और पर्वतोंके प्रणिधिभागोंमें आठ हैं ॥ २४७९ ॥ ४ + ४ + ८ + ८ = २४ ।

जम्बूद्वीपकी जगतीसे पांचसौ योजन जाकर चार द्वीप चारों दिशाओंमें और इतने ही योजन जाकर चार द्वीप चारों विदिशाओंमें भी हैं ॥ २४८० ॥ ५०० । ५०० ।

अन्तरदिशाओंमें स्थित द्वीप जम्बूद्वीपकी जगतीसे पांचसौ पचास योजन और पर्वतोंके प्रणिधिभागोंमें स्थित द्वीप छहसौ योजनमात्र जाकर हैं ॥ २४८१ ॥ ५५० । ६०० ।

१ गाथेयं प्रत्योः २४७२-२४७३ गाथयोर्मध्ये लभ्यते ।

एक्कसयं पणवण्णा पण्णा पणुवीस जोयणा कमसो । वित्थारजुदा ताणं एक्केक्कं होदि तडवेदी ॥ २४८२

१०० । ५५ । ५० । २५ ।

ते सव्वे वरदीवा वणसंडेहिं दहेहिं रमणिज्जा । फलकुसुमभारभरिदा रसेहिं महुरेहिं सलिलेहिं ॥ २४८३

एक्कोरुकलंगुलिका[1] वेसणकाभासका य णामेहिं । पुव्वादिसुं दिसासुं चउदीवाणं कुमाणुसा होंति ॥ २४८४

सक्कुलिकण्णा कण्णप्पावरणा लंबकण्णससकण्णा । अग्गिदिसादिसु कमसो चउदीवकुमाणुसा एदे ॥२४८५

सिंहस्ससाणमहिसवराहसद्दूलघूककपिवदणा[3] । सक्कुलिकण्णेकोरुगपहुदीणं अंतरेसु ते कमसो ॥ २४८६

मच्छमुहा कालमुहा हिमगिरिपणिधीए पुव्वपच्छिमदो । मेसमुहगोमुहक्खा दक्खिणवेयड्ढपणिधीए ॥ २४८७

पुव्वावरेण सिहरिप्पणिधीए मेघविज्जुमुहणामा । आदंसणहत्थिमुहा उत्तरवेयड्ढपणिधीए ॥ २४८८

एक्कोरुगा गुहासुं वसंति भुंजंति मट्टियं मिट्ठं । सेसा तरुतलवासा पुप्फेहिं फलेहिं जीवंति ॥ २४८९

धादइसंडदिसासुं तेत्तियमेत्ता वि अंतरा दीवा । तेसुं तेत्तियमेत्ता कुमाणुसा होंति तण्णामा ॥ २४९०

ये द्वीप क्रमसे एकसौ, पचवन, पचास और पच्चीस योजनप्रमाण विस्तारसे सहित हैं उनमेंसे एक एकके तटवेदी है ॥ २४८२ ॥

दिशागत १०० । विदिशागत ५५ । अन्तरद्वीपस्थ ५० । पर्वतप्रणिधिस्थ २५ ।

वे सब उत्तम द्वीप वनखण्ड व तालाबोंसे रमणीय, फल-फूलोंके भारसे संयुक्त, तथा मधुर रस एवं जलसे परिपूर्ण हैं ॥ २४८३ ॥

पूर्वादिक दिशाओंमें स्थित चार द्वीपोंके कुमानुष क्रमसे एक जंघावाले, पूंछवाले, सींगवाले और अभाषक अर्थात् गूंगे होते हुए इन्हीं नामोंसे युक्त हैं ॥ २४८४ ॥

अग्नि-आदिक विदिशाओंमें स्थित ये चार द्वीपोंके कुमानुष क्रमसे शाष्कुलीकर्ण, कर्णप्रावरण, लंबकर्ण और शशकर्ण होते हैं ॥ २४८५ ॥

शाष्कुलीकर्ण और एकोरुक आदिकोंके बीचमें अर्थात् अन्तरदिशाओंमें स्थित आठ द्वीपोंके वे कुमानुष क्रमसे सिंह, अश्व, श्वान, महिष, वराह, शार्दूल, घूक और बन्दरके समान मुखवाले होते हैं ॥ २४८६ ॥

हिमवान्पर्वतके प्रणिधिभागमें पूर्व-पश्चिम दिशाओंमें क्रमसे मत्स्यमुख व कालमुख तथा दक्षिणविजयार्द्धके प्रणिधिभागमें मेषमुख व गोमुख कुमानुष होते हैं ॥ २४८७ ॥

शिखरीपर्वतके पूर्व-पश्चिम प्रणिधिभागमें क्रमसे मेघमुख व विद्युन्मुख तथा उत्तरविजयार्द्धके प्रणिधिभागमें आदर्शमुख व हस्तिमुख कुमानुष होते हैं ॥ २४८८ ॥

इन सबमेंसे एकोरुक कुमानुष गुफाओंमें रहते हैं और मीठी मिट्टीको खाते हैं। शेष सब वृक्षोंके नीचे रहकर फल-फूलोंसे जीवन व्यतीत करते हैं ॥ २४८९ ॥

धातकीखण्डद्वीपकी दिशाओंमें भी इतने ही अन्तरद्वीप और उनमें रहनेवाले पूर्वोक्त नामोंसे युक्त उतने ही कुमानुष भी हैं ॥ २४९० ॥

---

१ द ब °भजिदा. २ ब रंगुलिका. ३ द ब °साणपहयरिओवरहा°.

लोयविभायाइरिया दीवाण कुमाणुसेहिं जुत्ताणं । अण्णसरूवेण ठिदिं भासंते तं परूवेमो ॥ २४९१

पण्णाधियपंचसया गंतूणं जोयणाणि विदिसासुं । दीवा दिसासु अंतरदिसासु पण्णासपरिहीणा ॥ २४९२

५५० । ५०० । ५०० ।

जोयणसयविक्खंभा अंतरदीवा तहा दिसादीवा । पण्णा रुंदा विदिसादीवा पणुवीस सेलपणिधिगया ॥ २४९३

१०० । १०० । ५० । २५ ।

पुव्वं व गिरिपणिधिगदा छस्सयजोयणाणिं चेट्ठंति[1] ।

एक्कोरुकवेसणिका लंगुलिका तह यभासगा तुरिमा । पुव्वादिसु वि दिसासुं चउदीवाणं कुमाणुसा कमसो ॥ २४९४

अणलादिसु विदिसासुं ससकण्णा ताण उभयपासेसुं । अट्ठंतरा य दीवा पुव्वग्गिदिसादिगणणिज्जा ॥ २४९५

पुव्वदिसट्ठियएक्कोरुकाण अग्गिदिसट्ठियससकण्णाणं विच्चालादिसु कमेण अट्ठंतरदीवट्ठिदकुमाणुसणामाणि गणिदव्वा—

केसरिमुहा मणुस्सा चक्कुलिकण्णा अ चक्कुलीकण्णा ।
साणमुहा कपिवदणा चक्कुलिकण्णा अ चक्कुलीकण्णा ॥ २४९६

हयकण्णाइं कमसो कुमाणुसा तेसु होंति दीवेसुं । घूकमुहा कालमुहा हिमवंतगिरिस्स पुव्वपच्छिमदो ॥ २४९७

लोकविभागाचार्य कुमानुषोंसे युक्त उन द्वीपोंकी स्थिति भिन्नरूपसे बतलाते हैं । उसका निरूपण करते हैं ॥ २४९१ ॥

ये द्वीप जम्बूद्वीपकी जगतीसे पांचसौ पचास योजन जाकर विदिशाओंमें और इससे पचास योजन कम अर्थात् केवल पांचसौ योजनमात्र जाकर दिशाओं व अन्तरदिशाओंमें स्थित हैं ॥ २४९२ ॥ ५५० । ५०० । ५०० ।

अन्तरदिशा तथा दिशागत द्वीपोंका विस्तार एकसौ योजन, विदिशाओंमें स्थित द्वीपोंका विस्तार पचास योजन और पर्वतोंके प्रणिधिभागोंमें रहनेवाले द्वीपोंका विस्तार पच्चीस योजनमात्र है ॥ २४९३ ॥ १०० । १०० । ५० । २५ ।

गिरिप्रणिधिगत द्वीप पूर्वके समान ही जम्बूद्वीपकी जगतीसे छहसौ योजन जाकर स्थित हैं ।

पूर्वादिक दिशाओंमें स्थित चार द्वीपोंके कुमानुष क्रमसे एक जंघावाले, सींगवाले, पूंछवाले और गूंगे होते हैं ॥ २४९४ ॥

आग्नेय आदिक विदिशाओंके चार द्वीपोंमें शशकर्ण कुमानुष होते हैं । उनके दोनों पार्श्वभागोंमें आठ अन्तरदीप हैं जो पूर्व-आग्नेयदिशादिके क्रमसे जानना चाहिये ॥ २४९५ ॥

पूर्वदिशामें स्थित एकोरुक और अग्निदिशामें स्थित शशकर्ण कुमानुषोंके अंतराल आदिक अन्तरालोंमें क्रमसे आठ अन्तरद्वीपोंमें स्थित कुमानुषोंके नामोंको गिनना चाहिये—

इन अन्तरद्वीपोंमें क्रमसे केशरीमुख, शष्कुलिकर्ण, शष्कुलिकर्ण, श्वानमुख बानरमुख, शष्कुलिकर्ण, शष्कुलिकर्ण और हयकर्ण कुमानुष होते हैं । हिमवान्पर्वतके पूर्व-पश्चिम-भागोंमें क्रमसे वे कुमानुष घूकमुख और कालमुख होते हैं ॥ २४९६–२४९७ ॥

१ द ब 'पुव्वं व गिरिपणिधिगदा' इत्येव पाठः । २ द ब छस्सयजोयणाणिं चरंति अणिलादिसासु विदिसासु । ससकण्णा तणुभयपासेसु (ब तणुभयसेसुं) अट्ठ अंतरा दीवा ॥ पुव्वग्गिदिसादिगणणीज्जा ।

गोमुहमेसमुहक्खा दक्खिणवेयड्ढपणिधिदीवेसुं[1] । मेघमुहा विज्जुमुहा सिहरिगिरिंदस्स पुव्वपच्छिमदो ॥ २४९८
दप्पणगयसरिसमुहा उत्तरवेयड्ढपणिधिभागगदा । अब्भंतरम्मि भागे बाहिरए होंति तम्मेत्ता ॥ २४९९
मिच्छत्तम्मि रता[2] णं मंदकसाया पियंवदा कुडिला । धम्मफलं मग्गंता मिच्छादेवेसु भत्तिपरा ॥ २५००
सुद्धोदणसलिलोदणकंजियअसणादिकट्ठसुकिलिट्ठा । पंचग्गितवं विसमं कायकिलेसं च कुव्वंता ॥ २५०१
सम्मत्तरयणहीणा कुमाणुसा लवणजलधिदीवेसुं । उप्पज्जंति अधण्णा[3] अण्णाणजलम्मि मज्जंता ॥ २५०२
अदिमाणगव्विदा जे साहूण कुणंति किंचि अवमाणं[4] । सम्मत्ततवजुदाणं[5] जे णिग्गंथाण दूसणा देंति ॥ २५०३
जे मायाचाररदा संजमतवजोगवज्जिदा पावा । इड्ढिरससादगारवगरुवा जे मोहमावण्णा ॥ २५०४
थूलसुहमादिचारं जे णालोचंति गुरुजणसमीवे । सज्झायवंदणाओ जे गुरुसहिदा ण कुव्वंति ॥ २५०५
जे छंडिय मुणिसंघं वसंति एकाकिणो दुराचारा । जे कोहेण य कलहं सव्वेसिंतो[6] पकुव्वंति ॥ २५०६
आहारसण्णसत्ता लोहकसाएण जणिदमोहा जे । धरिऊणं जिणलिंगं पावं कुव्वंति जे घोरं ॥ २५०७
जे कुव्वंति ण भत्तिं अरहंताणं तहेव साहूणं । जे वच्छल्लविहीणा चाउव्वण्णम्मि संघम्मि ॥ २५०८
जे गेण्हंति सुवण्णप्पहुदिं जिणलिंगधारिणो हिट्ठा[7] । कण्णाविवाहपहुदिं संजदरूवेण जे पकुव्वंति ॥ २५०९

दक्षिणविजयार्द्धके प्रणिधिभागस्थ द्वीपोंमें रहनेवाले कुमानुष गोमुख और मेषमुख, तथा शिखरीपर्वतके पूर्व-पश्चिम द्वीपोंमें रहनेवाले वे कुमानुष मेघमुख और विद्युन्मुख होते हैं ॥ २४९८ ॥

उत्तरविजयार्द्धके प्रणिधिभागोंमें स्थित वे कुमानुष क्रमसे दर्पण और हाथीके सदृश मुखवाले हैं । जितने द्वीप व उनमें रहनेवाले कुमानुष अभ्यन्तर भागमें हैं, उतने ही वे बाह्य भागमें भी विद्यमान हैं ॥ २४९९ ॥

मिथ्यात्वमें रत, मन्दकषायी, प्रिय बोलनेवाले, कुटिल, धर्म-फलको खोजनेवाले, मिथ्यादेवोंकी भक्तिमें तत्पर; शुद्ध ओदन, सलिलोदन व काँजी खानेके कष्टसे संक्लेशको प्राप्त, विषम पंचाग्नितप व कायक्लेशको करनेवाले, और सम्यक्त्वरूपी रत्नसे रहित अधन्य जीव अज्ञानरूपी जलमें डूबते हुए लवणसमुद्रके द्वीपोंमें कुमानुष उत्पन्न होते हैं ॥ २५००–२५०२ ॥

इसके अतिरिक्त जो लोग तीव्र अभिमानसे गर्वित होकर सम्यक्त्व और तपसे युक्त साधुओंका किंचित् भी अपमान करते हैं, जो दिगम्बर साधुओंकी निन्दा करते हैं, जो पापी संयम, तप व प्रतिमायोगसे रहित होकर मायाचारमें रत रहते हैं, जो ऋद्धि, रस और सात इन तीन गारवोंसे महान् होते हुए मोहको प्राप्त हैं, जो स्थूल व सूक्ष्म दोषोंकी गुरुजनोंके समीपमें आलोचना नहीं करते हैं, जो गुरुके साथ स्वाध्याय व वंदनाकर्मको नहीं करते हैं, जो दुराचारी मुनिसंघको छोड़कर एकाकी रहते हैं, जो क्रोधसे सबसे कलह करते हैं, जो आहारसंज्ञामें आसक्त व लोभकषायसे मोहको प्राप्त होते हैं, जो जिनलिंगको धारणकर घोर पापको करते हैं, जो अरहन्त तथा साधुओंकी भक्ति नहीं करते हैं, जो चातुर्वर्ण्य संघके विषयमें वात्सल्यभावसे विहीन होते हैं, जो जिनलिंगके धारी

१ द ब 'वेदीसु. २ द ब °तिमिरता. ३ ब अधण्णम्मा. ४ द ब अवमाणा. ५ द ब सम्मत्ततवजुत्ताण. ६ द ब सव्वेसिंते. ७ द ब दिट्ठा.

जे भुंजंति विहीणा मोणेणं घोरपावसंलग्गा । अणअण्णदरुदयादो सम्मत्तं जे विणासंति ॥ २५१०

ते कालवसं पत्ता फलेण पावाण विसमपाकाणं । उप्पज्जंति कुरूवा कुमाणुसा जलहिदीवेसुं ॥ २५११

गब्भादो ते मणुवा जुगलंजुगला सुहेण णिस्सरिया । तिरिया समुचिदेहिं दिणेहिं धारंति तारुण्णं ॥ २५१२

बेधणुसहस्सतुंगा[1] मंदकसाया पियंगुसामलया । सव्वे ते पल्लाऊ कुभोगभूमीए चेट्ठंति ॥ २५१३

तब्भूमिजोग्गभोगं भोत्तूणं आउसस्स अवसाणे । कालवसं संपत्ता जायंते भवणतिदयम्मि ॥ २५१४

सम्मद्दंसणरयणं गहियं जेहिं णरेहिं तिरिएहिं । दीवेसु चउविहेसुं सोहम्मदुगम्मि जायंते ॥ २५१५

णवजोयणदीहत्ता तदद्धवासा तदद्धबहलत्ता । तेसु णईमुहमच्छा पत्तेक्कं होंति पउरयरा[2] ॥ २५१६

९ । ९/२ | ९/४ |

लवणोवहिबहुमज्झे मच्छाणं दीहवासबहलाणिं । सरिमुहमच्छाहिंतो हवंति दुगुणप्पमाणाणिं ॥ २५१७

सेसेसुं ठाणेसुं बहुविहउग्गाहणण्णिदा[3] मच्छा । मयरसिसुमार[4]कच्छवमंडूकप्पहुदिणो अण्णे[5] ॥ २५१८

होकर सुवर्णादिकको हर्षसे ग्रहण करते हैं, जो संयमीके वेषसे कन्याविवाहादिक करते हैं, जो मौनके बिना भोजन करते हैं, जो घोर पापमें संलग्न रहते हैं, और जो अनन्तानुबंधिचतुष्टयमेंसे किसी एकके उदित होनेसे सम्यक्त्वको नष्ट करते हैं, वे मृत्युको प्राप्त होकर विषम परिपाकवाले पापकर्मोंके फलसे समुद्रके इन द्वीपोंमें कुत्सित रूपसे युक्त कुमानुष उत्पन्न होते हैं ॥२५०३–२५११॥

वे मनुष्य व तिर्यंच युगल-युगलरूपमें गर्भसे सुखपूर्वक निकलकर, अर्थात् जन्म लेकर, समुचित दिनोंमें यौवन अवस्थाको धारण करते हैं ॥ २५१२ ॥

वे सब कुमानुष दो हजार धनुष ऊंचे, मन्दकषायी, प्रियंगुके समान श्यामल और एक पल्यप्रमाण आयुसे युक्त होकर कुभोगभूमिमें स्थित रहते हैं ॥ २५१३ ॥

पश्चात् वे उस भूमिके योग्य भोगोंको भोगकर आयुके अन्तमें मरणको प्राप्त हो भवनत्रिक देवोंमें उत्पन्न होते हैं ॥ २५१४ ॥

जिन मनुष्य व तिर्यंचोंने इन चार प्रकारके द्वीपोंमें सम्यग्दर्शनरूप रत्नको ग्रहण करलिया है वे सौधर्मयुगलमें उत्पन्न होते हैं ॥ २५१५ ॥

लवणसमुद्रमें अधिकतर नदीमुखमत्स्य प्रत्येक नौ योजन लंबे, इससे आधे अर्थात् साढ़े चार योजन विस्तारवाले, और इससे आधे अर्थात् सवा दो योजन मोटे होते हैं ॥ २५१६ ॥

दीर्घता ९, व्यास ४$\frac{१}{२}$, बाहल्य २$\frac{१}{४}$ यो. ।

लवणसमुद्रके बहुमध्यभागमें मत्स्योंकी लंबाई, विस्तार और बाहल्य नदीमुखमत्स्योंकी अपेक्षा दुगुणे प्रमाणसे संयुक्त है ॥ २५१७ ॥

शेष स्थानोंमें बहुत प्रकारकी अवगाहनासे अन्वित मत्स्य, मकर, शिशुमार, कछवा और मेंढक आदि अन्य जलजन्तु होते हैं ॥ २५१८ ॥

१ द ब जं धणुसहस्स°. २ द ब पउरधरा. ३ द ब उग्गणंणिदा. ४ द ब मंसिसुमार. ५ द ब अण्णो.

लवणजलधिस्स जगदी सारिच्छा जंबुदीवजगदीए । अब्भंतर सिलवट्टं बाहिरभागम्मि होदि वणं ॥ २५१९

भू १२ । म ८ । मु ४ । उ ८ ।

पण्णारसलक्खाइं इगिसीदिसहस्सजोयणाणि तहा । उणदालजुदेक्कसयं बाहिरपरिधी समुद्दजगदीए ॥ २५२०

१५८११३९ ।

दुगुणिच्चिय सूजीए इच्छियवलयाणं दुगुणवासाणिं । सोधिय अवसेसकदिं वासद्धकदीहि गुणिदूणं ॥ २५२१

गुणिदूण दसेहिं तदो मूलेणंकं हवेदि जं लद्धं । इच्छियवलयायारे खेत्ते तं जाण सुहुमफलं ॥ २५२२

गयणेक्कछणवपंचछछतियसत्तणवयअट्ठेक्का । जोयणया अंककमे खेत्तफलं लवणजलहिस्स ॥ २५२३

१८९७३६६५९६१० ।[3]

अंबरछस्सत्तत्तियपणतिदुचउछस्सत्तणवयएक्काइं । खेत्तफलं मिलिदाणं जंबूदीवस्स लवणजलधिस्स ॥ २५२४

१९७६४२३५३७६० ।

....

लवणसमुद्रकी जगती जम्बूद्वीपकी जगतीके सदृश है । इस जगतीके अभ्यन्तर भागमें शिलापट्ट और बाह्य भागमें वन है ॥ २५१९ ॥ भूमि १२ । मध्य ८ । मुख ४ । उदय ८ यो. ।

इस समुद्रजगतीकी बाह्य परिधिका प्रमाण पन्द्रह लाख इक्यासी हजार एकसौ उनतालीस योजन है ॥ २५२० ॥ १५८११३९ ।

दुगुणी सूचीमेंसे इच्छित गोल क्षेत्रोंके दुगुणे विस्तारको घटाकर जो शेष रहे उसके वर्गको अर्ध विस्तारके वर्गसे गुणा करनेपर जो प्राप्त हो उसे पुनः दशसे गुणा करके प्राप्त राशिका वर्गमूल निकालनेपर जो अंक लब्ध हों तत्प्रमाण इच्छित वलयाकार क्षेत्रका सूक्ष्म क्षेत्रफल जानना चाहिये ॥ २५२१–२५२२ ॥

उदाहरण— लवणसमुद्रकी सूची ५ लाख और व्यास २ लाख योजन है । उसका सूक्ष्म क्षेत्रफल इसप्रकार होगा—

$$\sqrt{\left\{(५००००० \times २) - (२००००० \times २)\right\}^{२} \times \frac{२०००००}{२}^{२} \times १०} =$$

१८९७३६६५९६१० योजन ।

शून्य, एक, छह, नौ, पांच, छह, छह, तीन, सात, नौ, आठ और एक, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या निर्मित हो उतने योजनमात्र लवणसमुद्रका क्षेत्रफल है ॥ २५२३ ॥

१८९७३६६५९६१० ।

शून्य, छह, सात, तीन, पांच, तीन, दो, चार, छह, सात, नौ और एक, इन अंकोंसे जो संख्या निर्मित हो उतने योजनप्रमाण जम्बूद्वीप व लवणसमुद्रका सम्मिलित क्षेत्रफल है ॥ २५२४ ॥

जं. द्वी. का क्षेत्रफल ७९०५६९४१५० + ल. स. का क्षे. फ. १८९७३६६५९६१० = १९७६४२३५३७६० ।

....

१ द ब °वलयाणि. २ द ब छण्णवपंचछतिय°. ३ द ब १८९७३६६५९१६१०.

बाहिरसूईवग्गो अब्भंतरसूइवग्गपरिहीणो । लक्खस्स कदीहि[1] हिदो जंबूदीवप्पमाणया खंडा ॥ २५२५
चउवीस जलहिखंडा जंबूदीवप्पमाणदो होंति । एवं लवणसमुद्दो वाससमासेण णिद्दिट्ठो ॥ २५२६

। एवं लवणसमुद्दं गदं ।

धादइसंडो दीओ परिवेढदि[2] लवणजलणिहिं सयलं । चउलक्खजोयणाइं वित्थिण्णो चक्कवालेणं ॥ २५२७

४०००००।

जगदीविण्णासाइं भरहखिदी तम्मि कालभेदं च । हिमगिरिहेमवदा महहिमवं हरिवरिसणिसहद्दी ॥ २५२८
विजओ विदेहणामो णीलगिरी रम्मवरिसरुम्मिगिरी । हेरण्णवदो विजओ सिहरी एरावदो त्ति वरिसो य ॥ २५२९
एवं सोलसभेदा धादइसंडस्स अंतरहियारा । एण्हिं[3] ताण सरूवं वोच्छामो आणुपुव्वीए ॥ २५३०
तद्दीवं परिवेढदि समंतदो दिव्व[4]रयणमयजगदी । जंबूदीवपवण्णिदजगदीए सरिसवण्णणया ॥ २५३१

। जगदी समत्ता ।

दक्खिणउत्तरभाए उसुगारा दक्खिणुत्तरया । एक्केक्को होदि गिरी धादइसंडं पविभजंतो[5] ॥ २५३२

....

बाह्य सूचीके वर्गमेंसे अभ्यन्तर सूचीके वर्गको कम करनेपर जो शेष रहे, उसमें एक लाखके वर्गका भाग देनेपर लब्ध संख्याप्रमाण जम्बूद्वीपके समान खण्ड होते हैं ॥ २५२५ ॥

उदाहरण— लवणसमुद्रकी बाह्य सूची ५ लाख और अभ्यन्तर सूची १ लाख यो. है। अतः उसके जम्बूद्वीपप्रमाण खण्ड इसप्रकार होंगे—

$$(५०००००^{२} - १०००००^{२}) \div १०००००^{२} = २४ \text{ खण्ड} ।$$

जम्बूद्वीपके प्रमाण लवणसमुद्रके चौबीस खण्ड होते हैं। इसप्रकार संक्षेपमें लवणसमुद्रका विस्तार यहां बतलाया गया है ॥ २५२६ ॥

इसप्रकार लवणसमुद्रका वर्णन समाप्त हुआ।

धातकीखंडद्वीप इस सम्पूर्ण लवणसमुद्रको वेष्टित करता है। मण्डलाकारसे स्थित यह द्वीप चार लाख योजनप्रमाण विस्तारसे संयुक्त है ॥ २५२७ ॥ ४०००००।

जगती[1], विन्यास[2], भरतक्षेत्र[3], उसमें कालभेद[4], हिमवान्पर्वत[5], हैमवतक्षेत्र[6], महाहिमवान्पर्वत[7], हरिवर्षक्षेत्र[8], निषधपर्वत[9], विदेहक्षेत्र[10], नीलपर्वत[11], रम्यकक्षेत्र[12], रुक्मिपर्वत[13], हैरण्यवतक्षेत्र[14], शिखरीपर्वत[15] और ऐरावतक्षेत्र[16], इसप्रकार धातकीखण्डद्वीपके वर्णनमें ये सोलह भेदरूप अन्तराधिकार हैं। अब अनुक्रमसे इनके स्वरूपका कथन करते हैं ॥ २५२८–२५३० ॥

उस धातकीखण्डद्वीपको चारों तरफसे दिव्य रत्नमय जगती वेष्टित करती है। इस जगतीका वर्णन जम्बूद्वीपमें वर्णित जगतीके ही समान है ॥ २५३१ ॥

जगतीका कथन समाप्त हुआ।

धातकीखण्डद्वीपके दक्षिण और उत्तरभागमें इस द्वीपको विभाजित करनेवाला व दक्षिण-उत्तर लंबा एक एक इष्वाकार पर्वत है ॥ २५३२ ॥

....

१ द ब कदिम्हि. २ द ब परिवेददि. ३ द ब एण्हं. ४ द ब दीव॰. ५ द ब पविभमंतं.

णिसहसमाणुच्छेहा[1] संलग्गा लवणकालजलहीणं । अब्भंतरम्मि बाहिं अंकमुहा[2] ते खुरप्पसंठाणा ॥ २५३३
जोयणसहस्समेक्कं रुंदा सव्वत्थ ताण पत्तेक्कं । जोयणसयमवगाढा कणयमया ते विराजंति ॥ २५३४
एक्केक्का तडवेदी तेसिं चेट्ठेदि दोसु पासेसुं । पंचसयदंडवासा धुव्वंतधया दुकोसं[3] उच्छेहा ॥ २५३५
ताणं दोपासेसुं वणसंडा वेदितोरणेहि जुदा । पोक्खरणीवावीहिं जिणिंदपासादरमणिज्जा ॥ २५३६
वणसंडेसुं दिव्वा पासादा विविहरयणणियरमया । सुरणरमिहुणसणाहा तडवेदीतोरणेहिं जुदा ॥ २५३७
उवरिं उसुगाराणं समंतदो हवदि दिव्वतडवेदी । वण-वणवेदी पुव्वप्पवारवित्थारपरिपुण्णा[4] ॥ २५३८
चत्तारो चत्तारो पत्तेक्कं होंति ताण वरकूडा । जिणभवणमादिकूडे सेसेसुं वेंतरपुराणि ॥ २५३९
तद्दीवे[5] जिणभवणं वेंतरदेवाण दिव्वपासादा । णिसहपवण्णिदजिणभवणवेंतरावाससारिच्छा ॥ २५४०
दोसुं इसुगाराणं विच्चाले होंति ते दुवे विजया । जे होंति जंबुदीवे तेत्तियदुगुणकदा धादईसंडे[6] ॥ २५४१
सेलसरोवरसरिया विजया कुंडा य जेत्तिया होंति । णाणाविण्णासजुदा[7] ते सलीणा[8] य धादईसंडे ॥ २५४२

....

लवण और कालोद समुद्रसे संलग्न वे दोनों पर्वत निषधपर्वतके समान ऊंचे, तथा अभ्यन्तर भागमें अंकमुख व बाह्य भागमें क्षुरप्रके आकार हैं ॥ २५३३ ॥

उन दोनों पर्वतोंमेंसे प्रत्येकका विस्तार सर्वत्र एक हजार योजनप्रमाण है । एकसौ योजनप्रमाण अवगाहसे सहित वे सुवर्णमय पर्वत विराजमान हैं ॥ २५३४ ॥

उन पर्वतोंके दोनों पार्श्वभागोंमें पांचसौ धनुषप्रमाण विस्तारसे सहित, दो कोस ऊंची और फहराती हुई ध्वजाओंसे संयुक्त एक एक तटवेदी है ॥ २५३५ ॥

उन वेदियोंके दोनों पार्श्वभागोंमें वेदी, तोरण, पुष्करिणी एवं वापिकाओंसे युक्त और जिनेन्द्रप्रासादोंसे रमणीय वनखंड हैं ॥ २५३६ ॥

इन वनखण्डोंमें देव व मनुष्योंके युगलोंसे सहित, तटवेदी व तोरणोंसे युक्त और विविध प्रकारके रत्नोंके समूहोंसे निर्मित दिव्य प्रासाद हैं ॥ २५३७ ॥

इष्वाकार पर्वतोंके ऊपर चारों ओर पूर्वोक्तप्रकार विस्तारसे परिपूर्ण दिव्य तटवेदी, वन और वनवेदी स्थित है ॥ २५३८ ॥

उन प्रत्येक पर्वतोंपर चार चार उत्तम कूट हैं । इनमेंसे प्रथम कूटके ऊपर जिनभवन और शेष कूटोंके ऊपर व्यन्तरोंके पुर हैं ॥ २५३९ ॥

उस द्वीपमें जिनभवन और व्यन्तरदेवोंके दिव्य प्रासाद निषधपर्वतके वर्णनमें निर्दिष्ट जिनभवन और व्यन्तरावासोंके सदृश हैं ॥ २५४० ॥

दोनों इष्वाकारोंके मध्यमें वे क्षेत्र दो दो हैं । जो क्षेत्र जम्बूद्वीपमें हैं उनसे दुगुणे धातकीखण्डमें हैं ॥ २५४१ ॥

नाना प्रकारके विन्यासससे युक्त जितने पर्वत, तालाब, नदियां, क्षेत्र और कुण्ड हैं, वे धातकीखण्डमें भी शोभायमान है ॥ २५४२ ॥

....

१ द णिसहमाणुच्छेदा°. २ द अंमुपुहा, ब अंकुपुहा. ३ ब दुकोस°. ४ द ब पुव्वापयार°. ५ द ब तदीवं. ६ द ब तेत्तिय दुगुणकदो धादईसंडो. ७ द णाणाविण्णाससालिण. ८ द ब सालिण धादइ°.

इसुगारगिरिंदाणं विच्चालेसुं भवंति सव्वे णं । णाणाविचित्तवण्णा सहलीणा धादईसंडे ॥ २५४३

विजया विजयाण तहा विजयड्ढाणं भवंति विजयड्ढा । मेरुगिरीणं मेरू कुलगिरिणो कुलगिरीणं च ॥ २५४४

णाभिगिरिण णाभिगिरी सरिया सरियाण दोसु दीवेसुं[1] । पणिधिगदा अवगाढुच्छेहसरिच्छा[2] विणा मेरुं ॥२५४५

जंबूदीवपवण्णिदरुंदाहिंतो य दुगुणरुंदा ते । पत्तेक्कं वेयड्ढप्पहुदिणगाणं विणा मेरुं ॥ २५४६

मोत्तूणं मेरुगिरिं सव्वणगा कुंडपहुदि दीवदुगे । अवगाढवासपहुदी केई इच्छंति सारिच्छा ॥ २५४७

पाठान्तरम् ।

मूलम्मि उवरिभागे बारसकुलपव्वया सरिसरुंदा । उभयंतेहिं लग्गा लवणोवहिकालजलहीणं ॥ २५४८

दो दो भरहेरावदवसुमइबहुमज्झदीहविजयड्ढा[3] । दोपासेसुं लग्गा लवणोवहिकालजलहीणं ॥ २५४९

ते बारस कुलसेला चत्तारो ते च दीहविजयड्ढा । अब्भंतरम्मि बाहिं अंकमुहा खुरप्पसंठाणा ॥ २५५०

विजयादीणं णामा जंबूदीवम्मि वण्णिदा विविहा । वज्जियं[4] जंबूसम्मलिणामाइं एत्थ वत्तव्वा ॥ २५५१

इष्वाकार पर्वतोंके अन्तरालमें नाना प्रकारके विचित्रवर्णवाले वे सब पर्वतादि धातकीखंडमें स्थित हैं ॥ २५४३ ॥

दोनों द्वीपोंमें प्रणिधिगत क्षेत्र क्षेत्रोंके सदृश, विजयार्द्ध विजयार्द्धोंके सदृश, मेरु मेरुके सदृश, कुलपर्वत कुलपर्वतोंके सदृश, नाभिगिरि नाभिगिरियोंके सदृश, और नदियां नदियोंके सदृश हैं। इनमेंसे मेरुके विना शेष सबोंका अवगाह व उंचाई सदृश है ॥ २५४४–२५४५ ॥

मेरुको छोड़कर विजयार्द्धप्रभृति पर्वतोंमेंसे वे प्रत्येक जम्बूद्वीपमें बतलाये हुए विस्तारकी अपेक्षा दुगुणे विस्तारसे सहित हैं ॥ २५४६ ॥

मेरुपर्वतको छोड़कर सब पर्वत और कुण्ड आदि तथा अवगाह एवं विस्तारादि दोनों द्वीपोंमें समान हैं, ऐसा कितने ही आचार्योंका अभिप्राय है ॥ २५४७ ॥ पाठान्तर ।

बारह कुलपर्वत मूल व उपरिम भागमें समान विस्तारसे सहित होते हुए दोनों अन्तिम भागोंसे लवणोदधि और कालोदधिसे संलग्न हैं ॥ २५४८ ॥

भरत व ऐरावत क्षेत्रोंके बहुमध्यभागमें स्थित दो दो दीर्घ विजयार्द्ध दोनों पार्श्वभागोंमें लवणोदधि और कालोदधिसे संलग्न हैं ॥ २५४९ ॥

वे बारह कुलपर्वत और चारों ही दीर्घ विजयार्द्ध अभ्यन्तर व बाह्य भागमें क्रमसे अंकमुख और क्षुरप्र जैसे आकारवाले हैं ॥ २५५० ॥

जम्बू और शाल्मलीवृक्षोंके नामोंको छोड़कर शेष जो क्षेत्रादिकोंके विविध प्रकारके नाम जम्बूद्वीपमें बतलाये गये हैं, उनको ही यहांपर भी कहना चाहिये ॥ २५५१ ॥

---

१ द ब णाभिगिरी णाभिगिरी सरिसरियासयाण दोद्ध दीवेसुं. २ द ब सारिच्छा. ३ द ब °मज्झदीवविजयड्ढा. ४ ब वज्जिहावज्जिय.

दोपासेसुं दक्खिणइसुगारगिरिस्स दो भरहखेत्ता । उत्तरइसुगारस्स य भवंति एरावदा[1] दोण्णि ॥ २५५२

दोण्णं इसुगाराणं बारसकुलपव्वयाण विच्चाले । [2]अरविवरेहिं सरिच्छा विजया सव्वे वि धादईसंडे ॥ २५५३

अंकायारा विजया भागे अब्भंतरम्मि ते सव्वे । सत्तिमुहं पिव बाहिं सयडुद्धिसमा य पस्सभुजा ॥ २५५४

अब्भंतरम्मि भागे मज्झिमभागम्मि बाहिरे भागे । विजयाणं विक्खंभं धादइसंडे परूवेमो ॥ २५५५

दुसहस्सजोयणाणिं पंचुत्तरसयजुदाणि पंचंसा । उणवीसहिदा रुंदा हिमवंतगिरिस्स णादव्वं ॥ २५५६

२१०५ । ५/१९ ।

महहिमवंतं रुंदं [3]चउहददहिमवंतरुंदपरिमाणं । णिसहस्स होदि वासो महहिमवंतस्स चउगुणो वासो ॥ २५५७

८४२१ । १/१९ । ३३६८४ । ४/१९ ।

एदाणं सेलाणं विक्खंभो मेलिऊण चउगुणिदो । सव्वाण कुलगिरीणं रुंदसमासो पुढो होदि ॥ २५५८

दोण्णं इसुगाराणं विक्खंभो होदि दो सहस्साणिं । तस्सिं मिलिदे[4] धादइसंडे गिरिरुद्धखिदिमाणं ॥ २५५९

२००० ।

दक्षिण इष्वाकार पर्वतके दोनों पार्श्वभागोंमें दो भरतक्षेत्र और उत्तर इष्वाकार पर्वतके दोनों पार्श्वभागोंमें दो ऐरावतक्षेत्र हैं ॥ २५५२ ॥

धातकीखण्डद्वीपमें दोनों इष्वाकार और बारह कुलपर्वतोंके अन्तरालमें स्थित सब क्षेत्र अरविवर अर्थात् चक्केके अरोंके मध्यमें रहनेवाले छेदोंके समान हैं ॥ २५५३ ॥

वे सब क्षेत्र अभ्यन्तर भागमें अंकाकार और बाह्यमें शक्तिमुख हैं। इनकी पार्श्वभुजायें गाड़ीकी उद्धिके समान हैं ॥ २५५४ ॥

अब धातकीखण्डद्वीपके क्षेत्रोंका अभ्यन्तर, मध्य और बाह्य भागमें जितना विस्तार है उसे कहते हैं ॥ २५५५ ॥

दो हजार एकसौ पांच योजन और उन्नीससे भाजित पांच भागप्रमाण हिमवान्पर्वतका विस्तार समझना चाहिये ॥ २५५६ ॥ २१०५ $\frac{५}{१९}$ ।

महाहिमवान्पर्वतका विस्तारप्रमाण हिमवान्पर्वतके विस्तारसे चौगुणा और निषधपर्वतका विस्तार महाहिमवान्पर्वतके विस्तारसे चौगुणा है ॥ २५५७ ॥ ८४२१ $\frac{१}{१९}$ । ३३६८४ $\frac{४}{१९}$ ।

इन तीनों पर्वतोंके विस्तारको मिलाकर चौगुणा करनेपर सब कुलपर्वतोंके विस्तारका संकलन होता है ॥ २५५८ ॥

$$२१०५\frac{५}{१९} + ८४२१\frac{१}{१९} + ३३६८४\frac{४}{१९} \times ४ = १७६८४२\frac{२}{१९}$$ ।

दोनों इष्वाकार पर्वतोंका विस्तार दो हजार योजनप्रमाण है। उपर्युक्त कुलपर्वतोंके विस्तारप्रमाणमें इसको भी मिला देनेपर धातकीखण्डद्वीपमें सम्पूर्ण पर्वतरुद्ध क्षेत्रका प्रमाण होता है ॥ २५५९ ॥ २००० ।

१ द ब एरावदो. २ द अरविववेहि, ब अवरविवरेहि. ३ ब चउदह°. ४ द ब मेलिदे.

दुगचउअट्ठट्ठाइं सत्तेक्कं जोयणाणि अंककमे । उणवीसहिदा दुकला माणं गिरिरुद्धवसुहाए ॥ २५६०

१७८८४२ । $\frac{२}{१९}$

लवणादीणं रुंदं दुगतिगचउसंगुणं तिलक्खूणं । कमसो आदिममज्झिमबाहिरसूई हवे ताणं ॥ २५६१

आदिममज्झिमबाहिरसूईवग्गा दसेहिं संगुणिदा । तस्स य मूला इच्छियसूईए होदि सा परिही ॥ २५६२

पण्णारसलक्खाइं इगिसीदिसहस्स जोयणेक्कसयं । उणदालजुदा धादइसंडे अब्भंतरे परिही ॥ २५६३

१५८११३९ ।

अट्ठावीसं लक्खा छादालसहस्स जोयणा पण्णा[1] । किंचूणा णादव्वा मज्झिमपरिही य धादईसंडे ॥ २५६४

२८४६०५० ।

एक्कछणवणभएक्का एक्कचउक्का कमेण अंकाणिं । जोयणया किंचूणा तद्दीवे बाहिरो परिही ॥ २५६५

४११०९६१ ।

दो, चार, आठ, आठ, सात और एक, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या निर्मित हो उतने योजन और उन्नीससे भाजित दो भाग धातकीखण्डमें पर्वतरुद्ध क्षेत्रका प्रमाण है ॥ २५६० ॥

$$१७६८४२\frac{२}{१९} - २००० = १७८८४२\frac{२}{१९} ।$$

लवणसमुद्रादिकके विस्तारको दो, तीन और चारसे गुणा करके प्राप्त गुणनफलमेंसे तीन लाख कम करनेपर क्रमसे उनकी आदि, मध्य और अन्तिम सूचीका प्रमाण होता है ॥ २५६१ ॥

४ ला. × २ – ३ ला. = ५ लाख यो. धा. खं. की आदिमसूची। ४ × ३ – ३ = ९ लाख योजन धा. खं. की मध्यसूची। ४ × ४ – ३ = १३ लाख योजन धा. खं. की बाह्यसूची।

आदि, मध्य और बाह्य सूचीके वर्गको दशसे गुणा करके उसका वर्गमूल निकालनेपर इच्छित सूचीकी परिधिका प्रमाण आता है ॥ २५६२ ॥

पन्द्रह लाख इक्यासी हजार एकसौ उनतालीस योजनमात्र धातकीखण्डकी अभ्यन्तर परिधिका प्रमाण है ॥ २५६३ ॥

$\sqrt{५००००० ^२ \times १०}$ = १५८११३९ यो. धा. खं. की अभ्यन्तर परिधि।

अट्ठाईस लाख छ्यालीस हजार पचास योजनसे कुछ कम धातकीखंडद्वीपकी मध्यमें परिधिका प्रमाण जानना चाहिये ॥ २५६४ ॥

$\sqrt{९००००० ^२ \times १०}$ = २८४६०५० यो. से कुछ कम धा. खं. की मध्य परिधि।

एक, छह, नौ, शून्य, एक, एक और चार, इन अंकोंको क्रमसे रखनेपर जो संख्या हो उतने योजनोंसे कुछ कम धातकीखण्डद्वीपकी बाह्य परिधिका प्रमाण है ॥ २५६५ ॥

$\sqrt{१३००००० ^२ \times १०}$ = ४११०९६१ यो. धा. खं. की बाह्य परिधि।

---

१ द छण्णासं.

आदिममज्झिमबाहिरपरिहिपमाणेसु सेलरुद्धखिदिं । सोधिय सेसट्ठाणं सव्वाणं होदि विजयाणं ॥ २५६६

१४०२२९६ । १७/१९	२६६७२०७ । १७/१९	३९३२११८ । १७/१९

एक्कचउसोलसंखा चउगुणिदा अट्ठवीसजुत्तसया। मेलिय तिविहसमासं हरिदे तिट्ठाणभरहविक्खंभा ॥ २५६७

२१२ ।

भरहादीविजयाणं बाहिररुंदम्मि आदिमं रुंदं । सोहिय चउलक्खहिदे खयवड्ढी इच्छिदपदेसे ॥ २५६८

छावट्ठिं च सयाणिं चोद्दसजुत्ताणि जोयणाणि कला । उणतीस उत्तरसयं भरहस्सब्भंतरे वासो ॥ २५६९

६६१४ । १२९/२१२

हेमवदप्पहुदीणं पत्तेक्कं चउगुणो हवे वासो । जाव य विदेहवस्सो तप्परदो चउगुणा हाणी ॥ २५७०

आदि, मध्य और बाह्य परिधिके प्रमाणमेंसे पर्वतरुद्ध क्षेत्रको कम करनेपर शेष स्थान सब क्षेत्रोंका होता है ॥ २५६६ ॥

१५८११३९ − १७८८४२$\frac{२}{१९}$ = १४०२२९६$\frac{१७}{१९}$ आदि। २८४६०५० − १७८८४२$\frac{२}{१९}$ = २६६७२०७$\frac{१७}{१९}$ मध्य। ४११०९६१ − १७८८४२$\frac{२}{१९}$ = ३९३२११८$\frac{१७}{१९}$ बाह्य।

एक, चार और सोलह, इनकी चौगुणी संख्याके जोड़में एकसौ अट्ठाईसको मिलानेपर जो संख्या उत्पन्न हो उसका पर्वतरुद्ध क्षेत्रसे रहित उक्त तीन प्रकारके परिधिप्रमाणमें भाग देनेपर क्रमसे तीनों स्थानोंमें भरतक्षेत्रका विस्तारप्रमाण निकलता है ॥ २५६७ ॥

१४०२२९६$\frac{१७}{१९}$ ÷ (४ + १६ + ६४ + १२८) = ६६१४$\frac{१२९}{२१२}$ अभ्यंतरविस्तार।
२६६७२०७$\frac{१७}{१९}$ ÷ २१२ = १२५८१$\frac{३६}{२१२}$ मध्यविस्तार।
३९३२११८$\frac{१७}{१९}$ ÷ २१२ = १८५४७$\frac{१५५}{२१२}$ बाह्यविस्तार।

भरतादिक क्षेत्रोंके बाह्यविस्तारमेंसे आदिके विस्तारको कम करके शेषमें चार लाखका भाग देनेपर इच्छित स्थानमें हानि-वृद्धिका प्रमाण आता है ॥ २५६८ ॥

(१८५४७$\frac{१५५}{२१२}$ − ६६१४$\frac{१२९}{२१२}$) ÷ ४००००० = $\frac{२५२९८२२}{८४८००००००}$ ।

छ्यासठसौ चौदह योजन और एक योजनके दोसौ बारह भागोंमेंसे एकसौ उनतीस भागमात्र भरतक्षेत्रका अभ्यन्तरविस्तार है ॥ २५६९ ॥ ६६१४$\frac{१२९}{२१२}$ ।

विदेहक्षेत्र तक क्रमसे हैमवतादिक क्षेत्रोंमेंसे प्रत्येकका विस्तार उत्तरोत्तर इससे चौगुणा है । इससे आगे क्रमसे चौगुणी हानि होती गई है ॥ २५७० ॥

१ द °कुंडम्मि, ब वाहिकुंदम्मि. २ द ब °लक्खावहिदे.

२६४५८ । $\frac{९२}{२१२}$ | १०५८३३ । $\frac{१५६}{२१२}$ | ४२३३३४ । $\frac{२००}{२१२}$ | १०५८३३ । $\frac{१५६}{२१२}$ | २६४५८ । $\frac{९२}{२१२}$ | ६६१४ । $\frac{१२९}{२१२}$ |

बारससहस्सपणसयइगिसीदी जोयणा य छत्तीसा । भागा भरहखिदिस्स य मज्झिमवित्थारपरिमाणं ॥ २५७१

१२५८१ । $\frac{३६}{२१२}$ | ५०३२४ । $\frac{१४४}{२१२}$ | २०१२९८ । $\frac{१५२}{२१२}$ | ८०५१९४ । $\frac{१८४}{२१२}$ | २०१२९८ । $\frac{१५२}{२१२}$ | ५०३२४ । $\frac{१४४}{२१२}$ | १२५८१ । $\frac{३६}{२१२}$ |

अट्ठारसा सहस्सा पंचसया जोयणा य सगदाला । भागा पणवण्ण सयं वासो भरहस्स बाहिरए ॥ २५७२

१८५४७ । $\frac{१५५}{२१२}$ | ७४१९० । $\frac{१९६}{२१२}$ | २९६७६३ । $\frac{१४८}{२१२}$ | ११८७०५४ । $\frac{१६८}{२१२}$ | २९६७६३ । $\frac{१४८}{२१२}$ | ७४१९० । $\frac{१९६}{२१२}$ | १८५४७ । $\frac{१५५}{२१२}$ |

धादइसंडे दीवे खुल्लयहिमवंतसिहरि[1]मज्झगया । पउमदहपुंडरीए पुव्ववरदिसाए[2] एक्क एक्क णई ॥ २५७३

उणवीससहस्साणिं तिण्णि सया णवयसहियजोयणया । गंतूण गिरिंदुवरिं दक्खिणउत्तरदिसे वलइ ॥ २५७४

१९३०९ ।

हैमवत २६४५८ $\frac{९२}{२१२}$ । हरि १०५८३३ $\frac{१५६}{२१२}$ । विदेह ४२३३३४ $\frac{२००}{२१२}$ । रम्यक १०५८३३ $\frac{१५६}{२१२}$ । हैरण्यवत २६४५८ $\frac{९२}{२१२}$ । ऐरावत ६६१४ $\frac{१२९}{२१२}$ ।

भरतक्षेत्रके मध्यम विस्तारका प्रमाण बारह हजार पांचसौ इक्यासी योजन और छत्तीस भाग अधिक है ॥ २५७१ ॥

मध्यविस्तार— भरत १२५८१ $\frac{३६}{२१२}$ । हैमवत ५०३२४ $\frac{१४४}{२१२}$ । हरि २०१२९८ $\frac{१५२}{२१२}$ । विदेह ८०५१९४ $\frac{१८४}{२१२}$ । रम्यक २०१२९८ $\frac{१५२}{२१२}$ । हैरण्यवत ५०३२४ $\frac{१४४}{२१२}$ । ऐरावत १२५८१ $\frac{३६}{२१२}$ ।

अठारह हजार पांचसौ सैंतालीस योजन और एकसौ पचवन भागप्रमाण भरतक्षेत्रका बाह्यविस्तार है ॥ २५७२ ॥

बाह्यविस्तार— भरत १८५४७ $\frac{१५५}{२१२}$ । हैमवत ७४१९० $\frac{१९६}{२१२}$ । हरि २९६७६३ $\frac{१४८}{२१२}$ । विदेह ११८७०५४ $\frac{१६८}{२१२}$ । रम्यक २९६७६३ $\frac{१४८}{२१२}$ । हैरण्यवत ७४१९० $\frac{१९६}{२१२}$ । ऐरावत १८५४७ $\frac{१५५}{२१२}$ ।

धातकीखण्डद्वीपमें क्षुद्रहिमवान् और शिखरीपर्वतके मध्यगत पद्मद्रह और पुण्डरीकद्रहकी पूर्व व पश्चिम दिशासे एक एक नदी निकली है ॥ २५७३ ॥

प्रत्येक नदी उन्नीस हजार तीनसौ नौ योजन पर्वतके ऊपर जाकर यथायोग्य दक्षिण व उत्तर दिशाकी ओर मुड़ जाती है ॥ २५७४ ॥ १९३०९ ।

---

१ द ब सिहर. २ द ब पुव्वव्व दिसा.

मंदरणामो सेलो हवेदि तस्सिं विदेहवरिसम्मि । किंचि विसेसो चेट्ठदि तस्स सरूवं परूवेमो ॥ २५७५

तद्दीवे पुव्वावरविदेहवस्साण होदि बहुमज्झे । पुव्वपवण्णिदरूवो एक्केको मंदिरो[2] सेलो ॥ २५७६

जोयणसहस्सगाढा चुलसीदिसहस्सजोयणुच्छेहा । ते सेला पत्तेक्कं वररयणवियप्पपरिणामा ॥ २५७७

१००० । ८४००० ।

मेरुतलस्स य रुंदं दस य सहस्साणि जोयणा होंति । चउणउदिसयाइं पि य धरणीपट्टम्मिए रुंदा ॥ २५७८

१०००० । ९४०० ।

जोयणसहस्समेक्कं विक्खंभो होदि तस्स सिहरम्मि। भूमीय मुहं सोहिय उदयहिदे भूमुहादु हाणिचयं॥ २५७९

तक्खयवड्ढिपमाणं छद्दसभागं सहस्सगाढम्मि । भूमीदो उवरिं पिय एक्कं दसरूवमवहरिदं ॥ २५८०

$\frac{६}{१०}$ | $\frac{१}{१०}$ |

मेरुतलस्स य रुंदं पंचसया णवसहस्स जोयणया । सव्वत्थं खयवड्ढी दसमंसं केइ इच्छंति ॥ २५८१

$\frac{१}{१०}$ | पाठान्तरम् ।

उस द्वीपके भीतर विदेहक्षेत्रमें किञ्चत् विशेषताको लिये हुए जो मन्दर नामक पर्वत स्थित है उसके स्वरूपको कहते हैं ॥ २५७५ ॥

उस द्वीपमें पूर्व और अपर विदेहक्षेत्रोंके बहुमध्यभागमें पूर्वोक्त स्वरूपसे संयुक्त एक एक मन्दरपर्वत स्थित है ॥ २५७६ ॥

उत्तम एवं नाना प्रकारके रत्नोंके परिणामस्वरूप वे प्रत्येक पर्वत एक हजार योजन प्रमाण अवगाहसे सहित और चौरासी हजार योजन ऊंचे हैं ॥ २५७७ ॥

अवगाह १००० । उत्सेध ८४००० ।

मेरुका विस्तार तलभागमें दश हजार योजन और पृथिवीपृष्ठपर चौरानवैसौ योजनप्रमाण है ॥ २५७८ ॥ १०००० । ९४०० ।

उस मेरुका विस्तार शिखरपर एक हजार योजनमात्र है। भूमिमेंसे मुखको कम करके शेषमें उंचाईका भाग देनेपर भूमिकी अपेक्षा हानि और मुखकी अपेक्षा वृद्धिका प्रमाण आता है ॥ २५७९ ॥ अवगाहमें – (१०००० – ९४००) ÷ १००० = $\frac{६}{१०}$ । भूमिसे ऊपर (९४०० – १०००) ÷ ८४००० = $\frac{१}{१०}$ हा. वृ. ।

वह क्षय-वृद्धिका प्रमाण एक हजार योजनमात्र अवगाहमें योजनके दश भागोंमेंसे छह भाग अर्थात् छह बटे दस भाग और पृथिवीके ऊपर दश रूपोंसे भाजित एक भागमात्र है ॥ २५८० ॥ $\frac{६}{१०}$ । $\frac{१}{१०}$ ।

कितने ही आचार्य मेरुके तलविस्तारको नौ हजार पांचसौ योजनमात्र मानकर सर्वत्र क्षय-वृद्धिका प्रमाण दशवां भाग मानते हैं ॥ २५८१ ॥ ९५०० – १००० ÷ ८५००० = $\frac{१}{१०}$।

पाठान्तर ।

१ द ब पुव्वं वण्णिद. २ द ब मंदिरा.

जत्थिच्छसि विक्खंभं खुल्लयमेरूण समवदिण्णाणं[1] । दसभजिदे जं लद्धं एक्कसहस्सेण संमिलिदं ॥ २५८२

जंबूदीवपवण्णिदमंदरगिरिचूलियाए[2] सरिसाओ । दोण्णं पि[3] चूलियाओ मंदरसेलाण एदरिंसे[4] ॥ २५८३

पंडुगसोमणसाणिं वणाणि णंदणयभद्दसालाणिं । जंबूदीवपवण्णिदमेरुसमाणाणि मेरूणं ॥ २५८४

णवरि विसेसो पंडुगवणाउ गंतूण जोयणे हेट्ठा । अडवीससहस्साणिं सोमणसं णाम वणमेत्थं[5] ॥ २५८५

२८००० ।

सोमणसादो हेट्ठं पणवण्णसहस्सपणसयाणिं पि । गंतूण जोयणाइं होदि वणं णंदणं एत्थ ॥ २५८६

५५५०० ।

पंचसयजोयणाणिं गंतूणं णंदणाओ हेट्ठम्मि । धादइसंडे दीवे होदि वणं भद्दसालं ति ॥ २५८७

५०० ।

एक्कं जोयणलक्खं सत्तसहस्साणि अडसयाणिं पि । उणसीदी पत्तेक्कं पुव्वावरदीहमेदाणं ॥ २५८८

१०७८७९ ।

मंदरगिरिंदउत्तरदक्खिणभागेसु भद्दसालाणं । जं विक्खंभपमाणं उवएसो तत्थ उच्छिण्णो ॥ २५८९

जितने योजन नीचे जाकर क्षुद्रमेरुओंके विस्तारको जानना हो, उतने योजनोंमें दशका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसमें एक हजारके मिला देनेपर अभीष्ट स्थानमें मेरुओंके विस्तारका प्रमाण जाना जाता है ॥ २५८२ ॥

उदाहरण– शिखरसे २१००० यो. नीचे मेरुका विष्कम्भ २१००० ÷ १० + १००० = ३१०० यो. ।

इस द्वीपमें दोनों मन्दरपर्वतोंकी चूलिकायें जम्बूद्वीपके वर्णनमें कही हुई मन्दरपर्वतकी चूलिकाके सदृश हैं ॥ २५८३ ॥

जम्बूद्वीपमें कहे हुए मेरुपर्वतके समान इन मेरुओंके भी पाण्डुक, सौमनस, नन्दन और भद्रशाल नामक चार वन हैं ॥ २५८४ ॥

यहां विशेषता यह है कि पाण्डुकवनसे अट्ठाईस हजार योजनमात्र ही नीचे जाकर सौमनस नामक वन स्थित है ॥ २५८५ ॥ २८००० ।

इसीप्रकार यहां सौमनसवनके नीचे पचवन हजार पांचसौ योजनमात्र जाकर नन्दन वन है ॥ २५८६ ॥ ५५५०० ।

धातकीखण्डद्वीपमें नन्दनवनसे पांचसौ योजनमात्र नीचे जानेपर भद्रशाल नामक वन है ॥ २५८७ ॥ ५०० ।

इनमेंसे प्रत्येक भद्रशालवनकी पूर्वापर लंबाई एक लाख सात हजार आठसौ उन्यासी योजनमात्र है ॥ २५८८ ॥ १०७८७९ ।

मन्दरपर्वतोंके उत्तर-दक्षिण भागोंमें भद्रशालवनोंका जितना विस्तार है, उसके प्रमाणका उपदेश नष्ट हो गया है ॥ २५८९ ॥

---

१ द ब सममदिण्णाणं. २ द ब °चूलिय. ३ ब दोण्णि पि. ४ द ब एदंपि. ५ द ब वणमेत्तं.

बारससयपणुवीसं अट्ठासीदीविहत्तउणसीदी । जोयणया विक्खंभा एक्केक्के भद्दसालवणे ॥ २५९०
१२२५ । ७९ ।
८८
सत्तदुदुछक्कपंचतिअंकाण कमेण होइ जोयणया । अब्भंतरभागट्ठियगयदंताणं चउण्हाणं ॥ २५९१
३५६२२७ ।
णवपणवीसंणवछप्पणजोयणया उभयमेरुबाहिरए । चउगयदंतणगाणं दीहत्तं होदि पत्तेक्कं ॥ २५९२
५६९२५९ ।
णवजोयणलक्खाणिं पणुवीससहस्सचउसयाणिं पि । छासीदी धणुपट्ठं दोकुरवे धादईसंडे ॥ २५९३
९२५४८६ ।
दो जोयणलक्खाणिं तेवीससहस्सयाणि एक्कसयं । अट्ठावण्णा जीवा कुरवे तह धादईसंडे ॥ २५९४
२२३१५८ ।
तियलक्खा छासट्ठी सहस्सया छस्सयाणि सीदी य । जोयणया रिजुबाणो णादव्वो तम्मि दीवम्मि ॥ २५९५
३६६६८० ।
चउजोयणलक्खाणिं छस्सयजुत्ताणि होंति तेत्तीसं । दोमंदरकुरवाणं पत्तेक्कं वट्टविक्खंभो ॥ २५९६
४००६३३ ।

प्रत्येक भद्रशालवनका विस्तार बारहसौ पच्चीस योजन और अठासीसे विभक्त उन्यासी भागमात्र है ॥ २५९० ॥ १२२५ $\frac{७९}{८८}$ ।

अभ्यन्तरभागमें स्थित चारों गजदन्तोंकी लंबाई सात, दो, दो, छह, पांच और तीन, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजनप्रमाण है ॥ २५९१ ॥ ३५६२२७ ।

नौ, पच्चीस, नौ, छह और पांच, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या निर्मित हो उतने योजनप्रमाण उभय मेरुओंके बाह्यभागमें चारों गजदन्त पर्वतोंमेंसे प्रत्येककी लंबाई है ॥ २५९२ ॥ ५६९२५९ ।

धातकीखण्डद्वीपमें दोनों कुरुओंका धनुःपृष्ठ नौ लाख पच्चीस हजार चारसौ छ्यासी योजनमात्र है ॥ २५९३ ॥ ९२५४८६ ।

धातकीखण्डद्वीपमें दोनों कुरुओंकी जीवा दो लाख तेईस हजार एकसौ अट्ठावन योजनप्रमाण है ॥ २५९४ ॥ २२३१५८ ।

उस द्वीपमें तीन लाख छ्यासठ हजार छहसौ अस्सी योजनप्रमाण कुरुक्षेत्रोंका ऋजुबाण जानना चाहिये ॥ २५९५ ॥ ३६६६८० ।

दोनों मन्दरपर्वतोंके कुरुक्षेत्रोंमेंसे प्रत्येकका वृत्तविस्तार चार लाख छहसौ तेतीस योजनप्रमाण है ॥ २५९६ ॥ ४००६३३ ।

१ द चउण्णाणं.

जीवाविक्खंभाणं वग्गविसेसस्स होदि जं मूलं । विक्खंभजुदं अद्धियं[1] रिजुबाणो धादईसंडे ॥ २५९७

इसुवग्गं चउगुणिदं जीवावग्गम्मि पक्खिवेज्ज तदो । चउगुणिदइसुविहत्तं[2] जं लद्धं वट्टवासो सो ॥ २५९८

सत्तणवअट्ठसगणवतियाणि अंसाणि होंति बाणवदी । बंकेणेसु[3]पमाणं धादगिसंडम्मि दीवम्मि ॥ २५९९

३९७८९७ । ९२ ।
२१२

उत्तरदेवकुरूसुं[4] खेत्तेसुं तत्थ धादईरुक्खा । चेट्ठंति य गुणणामो तेण पुढं धादईसंडो[5] ॥ २६००

धादइतरूण ताणं परिवारदुमा भवंति एदस्सिं । दीवम्मि पंचलक्खा सट्ठिसहस्साणि चउसयासीदी ॥ २६०१

५६०४८० ।

पियदंसणो पभासो[6] अहिवइदेवा वसंति तेसु दुवे । सम्मत्तरयणजुत्ता वरभूसणभूसिदायारा ॥ २६०२

जीवा और विष्कंभके वर्गोंके विशेषका, अर्थात् जीवाके वर्गको वृत्तविस्तारके वर्गमेंसे घटाकर जो शेष रहे उसका वर्गमूल निकाले, पश्चात् उसमें विस्तारप्रमाणको मिलाकर आधा करनेपर धातकीखण्डद्वीपमें ऋजुबाणका प्रमाण आता है ॥ २५९७ ॥

$$\frac{\sqrt{४००६३३^२ - २२३१५८^२} + ४००६३३}{२} = ३६६६८०$$ कुरुक्षेत्रका ऋजुबाण।

बाणके वर्गको चौगुणा करके जीवाके वर्गमें मिला दे। फिर उसमें चौगुणे बाणका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना वृत्त क्षेत्रका विस्तार होता है ॥ २५९८ ॥

$(३६६६८०^२ \times ४ + २२३१५८^२) \div (३६६६८० \times ४) = ४००६३२\frac{३५३८८१}{३६६६८०}$ अर्थात् कुछ कम ४००६३३ यो. ।

सात, नौ, आठ, सात, नौ और तीन, इन अंकोंसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और बानबै भाग अधिक धातकीखण्डद्वीपमें कुरुक्षेत्रके वक्र बाणका प्रमाण है ॥ २५९९ ॥

विदेहका मध्यविस्तार $८०५१९४\frac{१८४}{२१२}$; मेरुविस्तार ९४००; $८०५१९४\frac{१८४}{२१२} - ९४००) \div २ = ३९७८९७\frac{९२}{२१२}$ प्रत्येक कुरुक्षेत्रका विस्तार।

धातकीखण्डद्वीपके भीतर उत्तरकुरु और देवकुरु क्षेत्रोंमें धातकीवृक्ष स्थित हैं, इसी कारण इस द्वीपका 'धातकीखण्ड' यह सार्थक नाम है ॥ २६०० ॥

इस द्वीपमें उन धातकीवृक्षोंके परिवारवृक्ष पांच लाख साठ हजार चारसौ अस्सी हैं ॥ २६०१ ॥ ५६०४८० ।

उन वृक्षोंपर सम्यक्त्वरूपी रत्नसे संयुक्त और उत्तम भूषणोंसे भूषित आकृतिको धारण करनेवाले प्रियदर्शन और प्रभास नामक दो अधिपति देव निवास करते हैं ॥ २६०२ ॥

१ द अधिय. २ द ब विहिदं. ३ द ब चक्केणोपमाणं. ४ ब कुरूसुं तत्थ. ५ द ब °संडे. ६ द पमासे.

आदरअणादराणं परिवारादो भवंति एदाणं । दुगुणा परिवारसुरा पुव्वोदिदवण्णणेहिं जुदा ॥ २६०३

गिरिभद्दसालविजया वक्खारविभंगसरिसुरारण्णा । पुव्वावरवित्थारा वत्तव्वा धादईसंडे ॥ २६०४

एदेसुं पत्तेक्कं मंदरसेलाण धरणिपट्ठम्मि । चउणउदिसयपमाणा जोयणया होदि विक्खंभो ॥ २६०५

९४०० ।

एक्कं जोयणलक्खं सत्तसहस्सा य अट्ठसयजुत्ता । णवहत्तरिया भणिदा विक्खंभो भद्दसालस्स ॥ २६०६

१०७८७९ ।

छण्णवदिजोयणसया तीउत्तरट्ठहिदा य तिकलाओ । सव्वाणं पत्तेक्कं विजयाणं होदि विक्खंभो ॥ २६०७

९६०३ । ३ ।
८

जोयणसहस्समेक्कं वक्खारगिरीण होदि वित्थारो । अड्ढाइज्जसयाणिं विभंगसरियाणं विक्खंभो ॥ २६०८

१००० । २५० ।

अट्ठावण्णसयाणिं चउदालजुदाणि जोयणा रुंदं । कहिदं देवारण्णे भूदारण्णे वि पत्तेक्कं ॥ २६०९

५८४४ ।

विजयावक्खाराणं विभंगणईदेवरण्णभद्दसालवणं । णियणियफलेण गुणिदा कादव्वा मेरुफलजुत्ता ॥ २६१०

इन दोनों देवोंके परिवारदेव आदर और अनादर देवोंके परिवारदेवोंकी अपेक्षा दुगुणे हैं जो पूर्वोक्त वर्णनसे संयुक्त हैं ॥ २६०३ ॥

अब धातकीखण्डमें गिरि (मेरु), भद्रशाल, विजय, वक्षार, विभंगनदी और देवारण्य, इनका पूर्वापरविस्तार कहना चाहिये ॥ २६०४ ॥

इनमेंसे प्रत्येक मेरुका विस्तार पृथिवीके पृष्ठभागपर चौरानबैसौ योजनप्रमाण है ॥ २६०५ ॥

९४०० ।

भद्रशालका विस्तार एक लाख सात हजार आठसौ उन्यासी योजनमात्र कहा गया है ॥ २६०६ ॥ १०७८७९ ।

छ्यानबैसौ तीन योजन और आठसे भाजित तीन भागमात्र सब विजयोंमेंसे प्रत्येकका विस्तार है ॥ २६०७ ॥ ९६०३ $\frac{३}{८}$ ।

एक हजार योजनप्रमाण वक्षारपर्वतोंका और अढ़ाईसौ योजनप्रमाण विभंगनदियोंका विस्तार है ॥ २६०८ ॥ वक्षार १००० । विभंगनदी २५० ।

देवारण्य और भूतारण्यमेंसे प्रत्येकका विस्तार अट्ठावनसौ चवालीस योजनप्रमाण कहा गया है ॥ २६०९ ॥ ५८४४ ।

विजय, वक्षार, विभंगनदी, देवारण्य और भद्रशालवनको [इष्टसे हीन] अपने अपने फलसे गुणा करके मेरुके फलसे युक्त करनेपर जो संख्या उत्पन्न हो उसे इस द्वीपके विस्तारमेंसे कम

१ द सरिसरोरण्णा, ब सरिसुरोरण्णा. २ द तिउत्तरायाहिदा. ३ द ब समवाओ. ४ द ब °सरियाइ.

तं चिय दीवव्वासे सोधिय एदम्मि होदि जं सेसं । णियणियसंखाहरिदं णियणियवासाणि जायंते ॥ २६११

सोधसु वित्थारादो छचउतियछक्कचउदुयंककमे । सेसं सोलसभजिदं विजयं पडि होदि वित्थारं ॥ २६१२

२४६३४६ ।

वित्थारादो सोधसु अंबरणभगयणदोण्णिणवयतियं । अवसेसं अट्ठहिदे वक्खारणगाण वित्थारो ॥ २६१३

३९२००० ।

चउलक्खादो सोधसु अंबरणभछक्कगयणणवयतियं[1] । अंककमे अवसेसं मेरुगिरिंदस्स परिमाणं ॥ २६१४

३९०६००[2] ।

दुगुणम्मि भद्दसाले मंदरसेलस्स खिवसु विक्खंभं । मज्झिमसूईसहिदं सस्सूई कच्छगंधमालिणिए ॥ २६१५

एक्कारसलक्खाणिं पणुवीससहस्स इगिसयाणिं पि । अडवण्ण जोयणाणिं कच्छाए[3] सा हवे सूई ॥ २६१६

११२५१५८ ।

करके शेषमें अपनी अपनी संख्याका भाग देनेपर अपना अपना विस्तारप्रमाण होता है ॥ २६१०-२६११ ॥

छह, चार, तीन, छह, चार और दो, इन अंकोंके क्रमसे उत्पन्न हुई संख्याको धातकीखण्डके विस्तारमेंसे कम करके शेषमें सोलहका भाग देनेपर प्रत्येक विजयका विस्तार होता है ॥२६१२॥ वक्षार यो. ८००० + विभंग १५०० + देवारण्य ११६८८ + भद्रशाल २१५७५८ + मेरु ९४०० = २४६३४६; (४००००० − २४६३४६) ÷ १६ = ९६०३$\frac{३}{८}$ यो. ।

शून्य, शून्य, शन्य, दो, नौ और तीन, इन अंकोंके क्रमसे उत्पन्न हुई संख्याको धातकीखण्डके विस्तारमेंसे कम करके शेषमें आठका भाग देनेपर वक्षारपर्वतोंका विस्तार होत है ॥ २६१३ ॥ ३९२००० ।

४००००० − (१५३६५४ + १५०० + ११६८८ + २१५७५८ + ९४००) ÷ ८ = १००० यो. ।

शून्य, शून्य, छह, शून्य, नौ और तीन, इन अंकोंके क्रमसे उत्पन्न हुई संख्याको चार लाखमेंसे कम करनेपर जो शेप रहे उतने योजनप्रमाण मेरुका विस्तार है ॥ २६१४ ॥ ३९०६०० ।

४००००० − (१५३६५४ + ८००० + १५०० + ११६८८ + २१५७५८) = ९४०० यो. ।

दुगुणे भद्रशालवनके विस्तारमें मन्दरपर्वतके विस्तारको मिलाकर उसमें मध्यम सूचीको मिला देनेपर कच्छा और गन्धमालिनीदेशकी सूचीका प्रमाण आता है ॥ २६१५ ॥

ग्यारह लाख पच्चीस हजार एकसौ अट्ठावन योजनप्रमाण कच्छादेशकी सूची होती है ॥ २६१६ ॥ १०७८७९ × २ + ९४०० + ९००००० = ११२५१५८ ।

१ द ब अंबरणभगयणदोण्णिणवयतियं. २ ब ३९२०००. ३ द ब कच्छाइं.

विक्खंभस्स य वग्गो दसगुणिदो करणि वट्टए परिही । दुछणभअडपणपणतियअंककमे तीए परिमाणं ॥ २६१७

३५५८०६२ ।

अट्ठत्तरिं सहस्सा बादालजुदा य जोयणट्ठसया । एक्कं लक्खं चोद्दसगिरिरुद्धक्खेत्तपरिमाणं ॥ २६१८

१७८८४२ ।

सेलविसुद्धा परिही चउसट्ठीए गुणिज्जै अवसेसं । दोसयबारसभजिदे जं लद्धं तं विदेहदीहत्तं ॥ २६१९

दसजोयणलक्खाणिं विंससहस्सं सयं पि इगिदालं । अडसीदिजुदसयंसा विदेहदीहत्तपरिमाणं ॥ २६२०

१०२०१४१ । $\frac{१८८}{२१२}$

सीदाणईए वासं सहस्समेक्कं च तम्मि अवणेज्जे । अवसेसद्धपमाणं दीहत्तं कच्छविजयस्स ॥ २६२१

१००० ।

पणजोयणलक्खाणिं पणणउदिसयाणि सत्तरिं चादो[५] । दुसयकलाओ रुंदा वंकसरूवेण कच्छस्स ॥ २६२२

५०९५७० । $\frac{२००}{२१२}$

विजयादिवासवग्गो वक्खारविभंगदेवरण्णाणं । दसगुणिदो जं मूलं सो[६] पुह बत्तीसगुणिदस्स ॥ २६२३

विस्तारके वर्गको दशसे गुणा करके उसका वर्गमूल निकालनेपर परिधिका प्रमाण होता है। यहां कच्छादेशसम्बन्धी सूचीकी परिधिका प्रमाण अंकक्रमसे दो, छह, शून्य, आठ, पांच, पांच, और तीन अंकरूप है ॥ २६१७ ॥ $\sqrt{११२५१५८^२ \times १०} = ३५५८०६२$ ।

चौदह पर्वतोंसे रोके गये क्षेत्रका प्रमाण एक लाख अठत्तर हजार आठसौ व्यालीस योजनमात्र है ॥ २६१८ ॥ १७८८४२ ।

उपर्युक्त परिधिप्रमाणमेंसे पर्वतरुद्ध क्षेत्रको कम करदेनेपर जो शेष रहे उसको चौंसठसे गुणा करके प्राप्त गुणनफलमें दोसौ बारहका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतनी विदेहक्षेत्रकी लंबाई है ॥ २६१९ ॥

वह विदेहक्षेत्रकी लंबाई दश लाख बीस हजार एकसौ इकतालीस योजन और एक योजनके दोसौ बारह भागोंमेंसे एकसौ अठासी भागप्रमाण है ॥ २६२० ॥

$(३५५८०६२ - १७८८४२) \times ६४ \div २१२ = १०२०१४१\frac{१८८}{२१२}$ ।

उसमेंसे एक हजार योजनप्रमाण सीतानदीके विस्तारको कम करदेनेपर जो शेष रहे उसके अर्धभागप्रमाण कच्छादेशकी लंबाई है ॥ २६२१ ॥ १००० ।

पांच लाख पंचानबैसौ सत्तर योजन और दोसौ भाग अधिक कच्छादेशका तिर्यग्विस्तार है ॥ २६२२ ॥ $(१०२०१४१\frac{१८८}{२१२} - १०००) \div २ = ५०९५७०\frac{२००}{२१२}$ ।

कच्छादिक विजय, वक्षार, विभंगनदी और देवारण्य, इनके विस्तारके वर्गको दशसे गुणा करके उसका जो वर्गमूल हो, उसको पृथक् बत्तीससे गुणा करके प्राप्त गुणनफलमें दोसौ बारहका

---

१ द ब गुणिज्जु. २ द ब विंससहस्ससयं पि होदि इगिदालं. ३ द ब वासं मेक्कं च तम्मि. ४ द ब अवणेज्ज. ५ द ब सत्तरिस्सादो. ६ द मूलं वपुसा, ब मूलं सा.

बारसजुददुसएहिं भजिदूणं कच्छरुंदमेलिविदं । तत्थं णियणियट्ठाणे विदेहअद्धस्स विक्खंभो ॥ २६२४
चत्तारि सहस्साणिं पणसयचउसीदि जोयणाणं पि । परिवड्ढी विजयाणं णादव्वा धादईसंडे ॥ २६२५

४५८४ ।

चत्तारि जोयणाणं सयाणि सत्तत्तरीय जुत्ताणिं । सट्ठि कलाओ तस्सिं वक्खारगिरीण परिवड्ढी ॥ २६२६

४७७ । ६० / २१२

एक्कोणवीससहिदं एक्कसयं जोयणाणि भागा य । बावण्णा ठाणेसुं विभंगसरियाण परिवड्ढी ॥ २६२७

११९ । ५२ / २१२

दुसहस्सं सत्तसयं उणणवदी जोयणाणि अंसा य । बाणवदी ठाणेसुं देवारण्णस्स संवड्ढी ॥ २६२८[3]

२७८९ । ९२ / २१२

खेत्तादिवड्ढिमाणं आदीदो वाढिऊणं मज्झिल्ले । तम्हा अंतिमदीहे वड्ढिपमाणं च जाणिज्जं[5] ॥ २६२९

वि ४५८४ । व ४७७ । ६० / २१२ | विभं ११९ । ५२ / २१२ | दे २७८९ । ९२ / २१२

खेत्तादीणं अंतिमदीहपमाणं च होदि जं जत्थ । तं जि पमाणं अग्गिमवक्खारादीसु आदिल्लं ॥ २६३०

भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसे कच्छादेशके विस्तारमें मिला देनेपर उत्पन्न राशिप्रमाण अपने अपने स्थानमें अर्धविदेहका विस्तार होता है ॥ २६२३-२६२४ ॥

धातकीखण्डमें चार हजार पांचसौ चौरासी योजनप्रमाण क्षेत्रोंकी वृद्धि जानना चाहिये ॥ २६२५ ॥ $\sqrt{(९६०३\frac{३}{८})^२ \times १०} \times ३२ \div २१२ = ४५८४$ ।

इस द्वीपमें वक्षारपर्वतोंकी वृद्धिका प्रमाण चारसौ सतत्तर योजन और साठ कला अधिक है ॥ २६२६ ॥ $\sqrt{१०००^२ \times १०} \times ३२ \div २१२ = ४७७\frac{६०}{२१२}$ ।

एकसौ उन्नीस योजन और बावन भागमात्र विभंगनदियोंके स्थानोंमें वृद्धि होती है ॥ २६२७ ॥ $\sqrt{२५०^२ \times १०} \times ३२ \div २१२ = ११९\frac{५२}{२१२}$ ।

देवारण्यके स्थानोंमें वृद्धिका प्रमाण दो हजार सातसौ नवासी योजन और बानबै भाग अधिक है ॥ २६२८ ॥ $\sqrt{५८४४^२ \times १०} \times ३२ \div २१२ = २७८९\frac{९२}{२१२}$ ।

क्षेत्रादिकोंकी आदिम लंबाईमें मिलाकर मध्यम लंबाईका प्रमाण लानेके लिये तथा मध्यम लंम्बाईमें मिलाकर अन्तिम लंबाईको लानेके लिये यह वृद्धिप्रमाण जानना चाहिये ॥ २६२९ ॥

विजय ४५८४ । वक्षार $४७७\frac{६०}{२१२}$ । विभंग $११९\frac{५२}{२१२}$ । देवारण्य $२७८९\frac{९२}{२१२}$ ।

क्षेत्रादिकोंकी अन्तिम लंबाईका प्रमाण जहां जो हो, वही उससे आगेके वक्षारादिककी आदिम लंबाईका प्रमाण होता है ॥ २६३० ॥

१ द तद्ध, ब तट्ठा. २ द ब परिवाड्ढिय. ३ द-प्रतौ इतो षोडश गाथा अन्यत्र लिखिताः. ४ द ब वाढिऊण. ५ द ब चाढिजं.

चउवणइगिचउइगिपण जोयण भागा तहेव दोण्णि सया। कच्छाए गंधमालिणिखेत्तस्स य मज्झिमं दीहं॥२६३१

$$५१४१५४ \frac{२००}{२१२}$$

अडतियसगट्ठइगिपण भागा सय दोण्णि विजयचरिमं च। दोण्हं गिरीण आदी दीहत्तं ताण णिद्दिट्ठं ॥२६३२

$$५१८७३८ \frac{२००}{२१२}$$

छक्केक्कदुणवइगिपण भागा अडदाल मज्झदीहत्तं। चित्तसुरादियकूडंमालंताणं गिरीणं च ॥ २६३३

$$५१९२१६ \frac{४८}{२१२}$$

तियणवछक्कं णवइगिपण अंसा अडअहियएक्कसयं। दोण्हं गिरीण अंतिमदीहत्तं विजयआदीए ॥ २६३४

$$५१९६९३ \frac{१०८}{२१२}$$

सगसत्तदुचउदुगपण अंसा ता एव मज्झिमं दीहं। दोण्हं सुकच्छगंधिलविजयाणं ताण होदि त्ति ॥ २६३५

$$५२४२७७ \frac{१०८}{२१२}$$

चार, पांच, एक, चार, एक और पांच, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और दोसौ भाग अधिक कच्छा और गन्धमालिनी देशकी मध्यम लंबाईका प्रमाण है ॥ २६३१ ॥ $५०९५७० \frac{२००}{२१२} + ४५८४ = ५१४१५४ \frac{२००}{२१२}$ ।

आठ, तीन, सात, आठ, एक और पांच, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और दोसौ भाग अधिक कच्छाविजयकी अन्तिम तथा उन दोनों पर्वतोंकी आदिम लंबाई कही गई है ॥ २६३२ ॥ $५१४१५४ \frac{२००}{२१२} + ४५८४ = ५१८७३८ \frac{२००}{२१२}$ ।

छह, एक, दो, नौ, एक और पांच, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और अड़तालीस भाग अधिक चित्रकूट और सुरमाल पर्वतोंकी मध्यम लंबाई है ॥ २६३३ ॥

$$५१८७३८ \frac{२००}{२१२} + ४७७ \frac{६०}{२१२} = ५१९२१६ \frac{४८}{२१२} ।$$

तीन, नौ, छह, नौ, एक और पांच, इन अंकोंसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और एकसौ आठ भाग अधिक उक्त दोनों पर्वतोंकी अन्तिम तथा सुकच्छा और गंधिला देशकी आदिम लंबाई है ॥ २६३४ ॥ $५१९२१६ \frac{४८}{२१२} + ४७७ \frac{६०}{२१२} = ५१९६९३ \frac{१०८}{२१२}$ ।

सात, सात, दो, चार, दो और पांच, इन अंकोंसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और एकसौ आठ भाग अधिक सुकच्छा और गन्धिला नामक उन दोनों क्षेत्रोंकी मध्यम लंबाई है ॥ २६३५ ॥ $५१९६९३ \frac{१०८}{२१२} + ४५८४ = ५२४२७७ \frac{१०८}{२१२}$ ।

इगिछट्टअट्टदुगपणसंखा भागा अट्ठुत्तरं च सयं । विजएसु दोसु अंतिमदीहत्तं दोविभंगादी ॥ २६३६

५२८८६१ । १०८/२१२

णभअट्ठणवदुगपण अंसा सट्ठीइ इक्कसयमेत्ता । द्दहवदीउम्मिमालिणिणईण मज्झिल्लआयामं ॥ २६३७

५२८९८० । १६०/२१२

सुण्णणभइक्कणवदुगपणसंखा जोयणाइं सरिदाणं । दोण्हं अंतिमदीहं आदिल्लं अग्गविजयाणं ॥ २६३८

५२९१०० । ०० ।

चउअट्ठछक्कतितिपण भागट्ठाणेसु सुण्णयं जाण । महकच्छसुगंधाणं विजयाणं मज्झिमायामं ॥ २६३९

५३३६८४ । ०० ।

अट्ठछदुअट्ठतियपणजोयणया सव्वदंसिणा भणिया । दोसु वि विजयाणंतिमदीहं वक्खारआदिल्लं ॥ २६४०

५३८२६८ । ०० ।

....

एक, छह, आठ, आठ, दो और पांच, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और एकसौ आठ भागप्रमाण उक्त दोनों क्षेत्रोंकी अन्तिम तथा द्रहवती और ऊर्मिमालिनी इन दो विभंगनदियोंकी आदिम लंबाई है ॥ २६३६ ॥

$$५२४२७७\frac{१०८}{२१२} + ४५८४ = ५२८८६१\frac{१०८}{२१२} ।$$

शून्य, आठ, नौ, आठ, दो और पांच, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और एकसौ साठ भागप्रमाण द्रहवती और ऊर्मिमालिनी नामक विभंगनदियोंकी मध्यम लंबाई है ॥ २६३७ ॥ $५२८८६१\frac{१०८}{२१२} + ११९\frac{५२}{२१२} = ५२८९८०\frac{१६०}{२१२}$ ।

शून्य, शून्य, एक, नौ, दो और पांच, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजनप्रमाण उक्त दोनों नदियोंकी अन्तिम तथा महाकच्छा और सुगन्धा नामक अग्रिम दोनों देशोंकी आदिम लम्बाई है ॥ २६३८ ॥ $५२८९८०\frac{१६०}{२१२} + ११९\frac{५२}{२१२} = ५२९१००$ ।

चार, आठ, छह, तीन, तीन और पांच, इन अंकोंसे जो संख्या निर्मित हो उतने योजनप्रमाण महाकच्छा ओर सुगन्धा देशोंकी मध्यम लंबाई है। यहां भागस्थानोंमें शून्य समझना चाहिये ॥ २६३९ ॥ ५२९१०० + ४५८४ = ५३३६८४ ।

उपर्युक्त दोनों देशोंकी अन्तिम और नलिनकूट व नागपर्वतकी आदिम लंबाई सर्वज्ञदेवने आठ, छह, दो, आठ, तीन, और पांच, इन अंकोंसे निर्मित संख्यारूप योजनप्रमाण बतलाई है ॥ २६४० ॥ ५३३६८४ + ४५८४ = ५३८२६८ ।

....

१ ब अट्ठुत्तरं. २ ब आदिल्लं आयाम वि°.

पणचउसगट्ठतियपणजोयणया हांति सट्ठि भागा य । णलिणादिकूडणागगिरीण मज्झेसु दीहत्तं ॥ २६४१

५३८७४५ । ६० / २१२

दुगदुगदुगणवतियपण भागा वीसुत्तरं च इक्कसयं । दोवक्खाराणंतिमदीहं विजयाण आदिल्लं' ॥ २६४२

५३९२२२ । १२० / २१२

छक्कणभअट्ठतियचउपण अंसा पुव्वभासिदा णेया । कच्छकवदिगंधासुं विजयेसुं मज्झिमायामं ॥ २६४३

५४३८०६ । १२० / २१२

णभणवतियअडचउपणं पुव्वुत्तंसाणि दोसु विजएसुं । गहवदिए फेणमालिणि अंतिमआदिल्लदीहत्तं ॥ २६४४

५४८३९० । १२० / २१२

णवणभपणअडचउपण भागा बावत्तरीसदं दीहं । मज्झिल्लं गहवदिए तह चेव य फेणमालिणिए ॥ २६४५

५४८५०९ । १७२ / २१२

पांच, चार, सात, आठ, तीन और पांच, इन अंकोंसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और साठ भागप्रमाण नलिनकूट और नागपर्वतकी मध्यम लंबाई है ॥ २६४१ ॥

$$५३८२६८ + ४७७\frac{६०}{२१२} = ५३८७४५\frac{६०}{२१२} ।$$

दो, दो, दो, नौ, तीन और पांच, इन अंकोंसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और एकसौ बीस भागप्रमाण उक्त दोनों वक्षारपर्वतोंकी अन्तिम तथा कच्छकावती और गंधा देशोंकी आदिम लंबाई है ॥ २६४२ ॥ $५३८७४५ + ४७७\frac{६०}{२१२} = ५३९२२२\frac{१२०}{२१२}$ ।

छह, शून्य, आठ, तीन, चार और पांच, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या निर्मित हो उतने योजन और पूर्वमें कहे हुए एकसौ बीस भाग अधिक कच्छकावती और गंधा देशकी मध्यम लंबाई है ॥ २६४३ ॥ $५३९२२२\frac{१२०}{२१२} + ४५८४ = ५४३८०६\frac{१२०}{२१२}$ ।

शून्य, नौ, तीन, आठ, चार और पांच, इन अंकोंसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और पूर्वोक्त एकसौ बीस भाग अधिक उक्त दोनों देशोंकी अन्तिम तथा ग्रहवती और फेनमालिनी नामक विभंगनदियोंकी आदिम लंबाई है ॥ २६४४ ॥

$$५४३८०६ + ४५८४ = ५४८३९०\frac{१२०}{२१२} ।$$

नौ, शून्य, पांच, आठ, चार और पांच, इन अंकोंसे जो संख्या निर्मित हो उतने योजन और एकसौ बहत्तर भाग अधिक ग्रहवती और फेनमालिनी नदियोंकी मध्यम लंबाई है ॥ २६४५ ॥

$$५४८३९०\frac{१२०}{२१२} + ११९\frac{५२}{२१२} = ५४८५०९\frac{१७२}{२१२} ।$$

---

१ द ब आदिल्ल. २ द ब °तियअट्ठचउपण.

णवदोछअट्ठचउपण अंसा बारस विभंगसरियाणं । अंतिल्लयदीहत्तं आदी आवत्तवप्पकावदिए ॥ २६४६

५४८६२९ । $\frac{१२}{२१२}$

तियइगिदुतिपणपणयं अंककमे जोयणाणि अंसा य । बारसमेत्तं मज्झिमदीहं आवत्तवप्पकावदिए ॥ २६४७

५५३२१३ । $\frac{१२}{२१२}$

सगणवसगसगपणपण अंसा ता एव्वं दोसु विजयाणं । अंतिल्लयदीहत्तं आदीअं पउमसूरवेरे[1] ॥ २६४८

५५७७९७ । $\frac{१२}{२१२}$

चउसत्तदोण्णिअट्ठयपणपणअंकक्कमेण अंसाइं । बावत्तरि दीहत्तं मज्झिल्लं पउमसूरवेरे[2] ॥ २६४९

५५८२७४ । $\frac{७२}{२१२}$

इगिपणसगअडपणपण भागा बत्तीसअधियसय दीहं । दोसु गिरीसुं अंतिल्लादिल्लं दोसु विजयाणं ॥ २६५०

५५८७५१ । $\frac{१३२}{२१२}$

....

नौ, दो, छह, आठ, चार और पांच, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और बारह भागमात्र उक्त दोनों विभंगनदियोंकी अन्तिम तथा आवर्ता और वप्रकावती देशोंकी आदिम लंबाई है ॥ २६४६ ॥ ५४८५०९ $\frac{१७२}{२१२}$ + ११९ $\frac{५२}{२१२}$ = ५४८६२९ $\frac{१२}{२१२}$ ।

तीन, एक, दो, तीन, पांच और पांच, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और बारह भागमात्र अधिक आवर्ता और वप्रकावती देशोंकी मध्यम लंबाई है ॥ २६४७ ॥

५४८६२९ $\frac{१२}{२१२}$ + ४५८४ = ५५३२१३ $\frac{१२}{२१२}$ ।

सात, नौ, सात, सात, पांच और पांच, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या निर्मित हो उतने योजन और बारह भाग अधिक उक्त दोनों देशोंकी अन्तिम लंबाई तथा यही पद्मकूट और सूर्य-पर्वतकी आदिम लंबाई है ॥ २६४८ ॥ ५५३२१३ $\frac{१२}{२१२}$ + ४५८४ = ५५७७९७ $\frac{१२}{२१२}$ ।

चार, सात, दो, आठ, पांच और पांच, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और बहत्तर भाग अधिक पद्मकूट और सूर्यपर्वतकी मध्यम लंबाई है ॥ २६४९ ॥

५५७७९७ $\frac{१२}{२१२}$ + ४७७ $\frac{६०}{२१२}$ = ५५८२७४ $\frac{७२}{२१२}$ ।

एक, पांच, सात, आठ, पांच और पांच, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और एकसौ बत्तीस भाग अधिक उक्त दोनों वक्षारपर्वतोंकी अन्तिम तथा लांगलावर्ता और महावप्रा देशोंकी आदिम लम्बाई है ॥ २६५० ॥

५५८२७४ $\frac{७२}{२१२}$ + ४७७ $\frac{६०}{२१२}$ = ५५८७५१ $\frac{१३२}{२१२}$ ।

....

१ द ब एवं. २ द ब णलिणणागवरे. ३ द ब मज्झंअण्णलिणकूडणागवरे.

पणतितितियछप्पणयं अंसा ता एव लंगलावत्ते । महवप्पे[1] विजयाए पत्तेक्कं मज्झिमं दीहं[2] ॥ २६५१

५६३३३५ । $\frac{१३२}{२१२}$

णवइगिणवसगछप्पण भागा ता एव दोसु विजयाणं । अंतिल्लयदीहत्तं आदिल्लं दोविभंगसरियाणं[3] ॥ २६५२

५६७९१९ । $\frac{१३२}{२१२}$

अडतियणभअडछप्पण अंसा चउसीदिअधियसयमेत्तं । गंभीरमालिणीए मज्झिल्लं पंकगावदिए ॥ २६५३

५६८०३८ । $\frac{१८४}{२१२}$

अडपणइगिअडछप्पण अंसा चउवीसमेत्तदीहत्तं । दोण्णं णदीण अंतं आदिल्लं दोसु बिजयाणं ॥ २६५४

५६८१५८ । $\frac{२४}{२१२}$

दुचउसगदोण्णिसगपण अंककमे अंसमेव पुव्वुत्तं[4] । मज्झिल्लयदीहत्तं पोक्खलविजए सुवप्पाए ॥ २६५५

५७२७४२ । $\frac{२४}{२१२}$

पांच, तीन, तीन, तीन, छह और पांच, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या निर्मित हो उतने योजन और पूर्वोक्त एकसौ बत्तीस भाग अधिक लांगलावर्ता व महावप्रा देशोंमेंसे प्रत्येककी मध्यम लंबाई है ॥ २६५१ ॥ ५५८७५१ $\frac{१३२}{२१२}$ + ४५८४ = ५६३३३५ $\frac{१३२}{२१२}$ ।

नौ, एक, नौ, सात, छह, और पांच, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और पूर्वोक्त एकसौ बत्तीस भाग अधिक उक्त दोनों देशोंकी अन्तिम तथा गंभीरमालिनी और पंकवती नामक दो विभंगनदियोंकी आदिम लंबाई है ॥ २६५२ ॥

५६३३३५ $\frac{१३२}{२१२}$ + ४५८४ = ५६७९१९ $\frac{१३२}{२१२}$ ।

आठ, तीन, शून्य, आठ, छह और पांच, इन अंकोंसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और एकसौ चौरासी भाग अधिक गंभीरमालिनी व पंकवती नदियोंकी मध्यम लंबाई है ॥२६५३॥

५६७९१९ $\frac{१३२}{२१२}$ + ११९ $\frac{५२}{२१२}$ = ५६८०३८ $\frac{१८४}{२१२}$ ।

आठ, पांच, एक, आठ, छह और पांच, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और चौबीस भागमात्र अधिक उक्त दोनों नदियोंकी अन्तिम तथा पुष्कला एवं सुवप्रा विजयकी आदिम लंबाई है ॥ २६५४ ॥ ५६८०३८ $\frac{१८४}{२१२}$ + ११९ $\frac{५२}{२१२}$ = ५६८१५८ $\frac{२४}{२१२}$ ।

दो, चार, सात, दो, सात और पांच, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और पूर्वोक्त चौबीस भाग अधिक पुष्कला व सुवप्रा विजयकी मध्यम लंबाई है ॥ २६५५ ॥

५६८१५८ $\frac{२४}{२१२}$ + ४५८४ = ५७२७४२ $\frac{२४}{२१२}$ ।

---

१ द तहवप्पे. २ द ब संपत्तेक्कं मज्झिमदीहत्तं. ३ द सरीणं, ब सरीरं. ४ द पुव्वंता, ब पुव्वुत्ता.

छद्दोतियसगसगपण अंसा ता एव अंतदीहत्तं । कमसो दोविजयाणं आदिल्लं एक्कसेलचंदणगे ॥ २६५६

५७७३२६ । २४/२१२

तियणभअडसगसगपण भागा चउसीदिमेत्त पत्तेक्कं । मज्झिल्लयदीहत्तं होदि पुढं एक्कसेलचंदणगे ॥२६५७

५७७८०३ । ८४/२१२

णभअडदुअट्ठसगपण अंसा बारसकदी हु अवसाणे। दीहं दोसु गिरीणं[1] आदी वप्पाए पोक्खलावदिए ॥२६५८

५७८२८० । १४४/२१२

चउछक्कअडदुअडपण कमसो अंका ता एव भागा य । मज्झिल्लयदीहत्तं विजयाणं दोसु णादव्वं ॥ २६५९[2]

५८२८६४ । १४४/२१२

अडचउचउसगअडपण अंसा ते चेव पोक्खलावदिए । वप्पाए अंतदीहं आदिल्लं भूददेवरण्णाणं ॥ २६६०

५८७४४८ । १४४/२१२

छह, दो, तीन, सात, सात, और पांच, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और चौबीस भाग ही अधिक क्रमसे दोनों क्षेत्रोंकी अन्तिम तथा एकशैल व चन्द्रनग नामक वक्षार-पर्वतोंकी आदिम लंबाई है ॥ २६५६ ॥ ५७२७४२ $\frac{२४}{२१२}$ + ४५८४ = ५७७३२६ $\frac{२४}{२१२}$ ।

तीन, शून्य, आठ, सात, सात और पांच, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या निर्मित हो उतने योजन और चौरासी भागमात्र अधिक एकशैल व चन्द्रनग नामक वक्षारपर्वतोंमेंसे प्रत्येककी मध्यम लंबाई है ॥ २६५७ ॥ ५७७३२६ $\frac{२४}{२१२}$ + ४७७ $\frac{६०}{२१२}$ = ५७७८०३ $\frac{८४}{२१२}$ ।

शून्य, आठ, दो, आठ, सात और पांच, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और बारहके वर्गप्रमाण अर्थात् एकसौ चवालीस भाग अधिक दोनों पर्वतोंकी अन्तिम तथा वप्रा एवं पुष्कलावती क्षेत्रकी आदिम लंबाई है ॥ २६५८ ॥

५७७८०३ $\frac{८४}{२१२}$ + ४७७ $\frac{६०}{२१२}$ = ५७८२८० $\frac{१४४}{२१२}$ ।

चार, छह, आठ, दो, आठ और पांच, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और एकसौ चवालीस भाग ही अधिक उक्त दोनों देशोंकी मध्यम लंबाई जानना चाहिये ॥ २६५९ ॥ ५७८२८० $\frac{१४४}{२१२}$ + ४५८४ = ५८२८६४ $\frac{१४४}{२१२}$ ।

आठ, चार, चार, सात, आठ और पांच, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और एकसौ चवालीस भाग अधिक पुष्कलावती व वप्रा विजयकी अन्तिम तथा भूतारण्य व देवारण्यकी आदिम लंबाई है ॥ २६६० ॥ ५८२८६४ $\frac{१४४}{२१२}$ + ४५८४ = ५८७४४८ $\frac{१४४}{२१२}$ ।

१ द ब दीहत्थोसुं गिरीणं. २ एषा गाथा द-प्रतौ नास्ति.

अट्ठतियदोण्णिअंबरणवपणअंकक्कमेण चउवीसा । भागा मज्झिमदीहं पत्तेक्कं देवभूदरण्णाणं ॥ २६६१

५९०२३८ । $\frac{२४}{२१२}$

सगदोणभतियणवपणकमसो अंका तहेव भागा य । सोलुत्तरसय अंतिमदीहं सुरभूदरण्णाणं[1] ॥ २६६२[2]

५९३०२७ । $\frac{११६}{२१२}$

कच्छादिप्पमुहाणं तिवियप्पं सण्णिरूविदं सव्वं । विजयाण मंगलावदिपमुहाण कमेण वत्तव्वं ॥ २६६३

कच्छादिसु विजयाणं आदिममज्झिल्लचरिमदीहत्ते । विजयड्ढरुंदमवणिय अद्धकदे तस्स तस्स दीहत्तं ॥ २६६४

सोहसु मज्झिमसूई मेरुगिरिं दुगुणभद्दसालवणं । सो[3] सूई पम्मादीपरियंतं मंगलावदिए ॥ २६६५

दोचउअडचउसगछज्जोयणआणिं कमेण तं वग्गं । दसगुणमूलं परिही अडतियणभचउतिएक्कदुगं ॥ २६६६

सूई ६७४८४२ । परि २१३४०३८ ।

आठ, तीन, दो, शून्य, नौ और पांच, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या निर्मित हो उतने योजन और चौबीस भाग अधिक देवारण्य व भूतारण्यमेंसे प्रत्येककी मध्यम लंबाई है ॥ २६६१ ॥

$$५८७४४८\frac{१४४}{२१२} + २७८९\frac{९२}{२१२} = ५९०२३८\frac{२४}{२१२} ।$$

सात, दो, शून्य, तीन, नौ और पांच, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और एकसौ सोलह भाग अधिक देवारण्य व भूतारण्यकी अन्तिम लंबाई है ॥ २६६२ ॥

$$५९०२३८\frac{२४}{२१२} + २७८९\frac{९२}{२१२} = ५९३०२७\frac{११६}{२१२} ।$$

यह सब कच्छादिक देशोंकी तीन प्रकारसे लंबाई कही गई है। अब क्रमसे वह मंगलावती आदि देशोंकी कही जाती है ॥ २६६३ ॥

कच्छादिक विजयोंकी आदिम, मध्यम और अन्तिम लंबाईमेंसे विजयार्द्धके विस्तारको कम करके शेषको आधा करनेपर उस उसकी लंबाईका प्रमाण होता है ॥ २६६४ ॥

धातकीखण्डकी मध्यसूचीमेंसे मेरुपर्वत और दुगुणे भद्रशालवनके विस्तारको घटा दो, तब वह शेष पद्मासे मंगलावतीदेश तककी सूची होती है ॥ २६६५ ॥

$$९००००० — (९४०० + २१५७५८) = ६७४८४२ \text{ सूची ।}$$

दो, चार, आठ, चार, सात और छह, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजनरूप उपर्युक्त सूचीका प्रमाण है । इस सूचीप्रमाणका वर्ग करके उसको दशसे गुणा करनेपर जो प्राप्त हो उसका वर्गमूल निकालनेपर उक्त सूचीकी परिधिका प्रमाण होता है, जो क्रमसे आठ, तीन, शून्य, चार, तीन, एक और दो अंकरूप है ॥ २६६६ ॥

$$\sqrt{६७४८४२^२ \times १०} = २१३४०३८ \text{ परिधि ।}$$

१ ब °दीहसुरभूदरण्णा. २ एषा गाथा द-प्रतौ नास्ति. ३ द सो.

सेलविसुद्धो परिही चउसट्ठीहिं गुणेज्ज अवसेसं । बारसदोसयभजिदे जं लद्धं तं विदेहदीहत्तं ॥ २६६७

सगचउदोणभणवपण भागा दोगुणिदणउदि दीहत्तं । पुव्ववरविदेहाणं सामीवे भद्दसालवणं ॥ २६६८

५९०२४७ । $\frac{१८०}{२१२}$

तम्मि सहस्सं सोधिय अद्धकदेणं विहीणदीहत्तं । उक्कस्सं पम्माए तह चेव य मंगलावदिए ॥ २६६९

तियदोछच्चउणवदुगअंककमे[1] जोयणाणि भागाणिं । चउहीणदुसयदीहं आदिल्लं पउममंगलावदिए ॥ २६७०

२९४६२३ । $\frac{१९६}{२१२}$

णवतियणभखंणवदोअंककमे भाय दुसद चउरहिदं । मज्झिल्लयदीहत्तं पम्माए मंगलावदिए ॥ २६७१

२९००३९ । $\frac{१९६}{२१२}$

पणपणचउपणअडदुग अंसा ता एव दोसु विजयासुं । अंतिल्लयदीहत्तं वक्खारदुगम्मि आदिल्लं ॥ २६७२

२८५४५५ । $\frac{१९६}{२१२}$

इस परिधिप्रमाणमेंसे पर्वतरुद्ध क्षेत्रको कम करनेपर जो शेष रहे उसे चौंसठसे गुणा करके दोसौ बारहका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतनी विदेहक्षेत्रकी लंबाई है ॥ २६६७ ॥

सात, चार, दो, शून्य, नौ और पांच, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और नब्बैके दूने अर्थात् एकसौ अस्सी भागमात्र अधिक भद्रशालवनके समीपमें पूर्वापर विदेहोंकी लंबाई है ॥ २६६८ ॥ (२१३४०३८–१७८८४२ $\frac{२}{१९}$) × ६४ ÷ २१२ = ५९०२४७ $\frac{१८०}{२१२}$ ।

उस विदेहकी लंबाईमेंसे एक हजार योजन (सीतोदाका विस्तार) कम करके शेषको आधा करनेपर पद्मा तथा मंगलावती देशकी उत्कृष्ट लंबाईका प्रमाण होता है ॥ २६६९ ॥

५९०२४७ $\frac{१८०}{२१२}$ – १००० ÷ २ = २९४६२३ $\frac{१९६}{२१२}$ ।

तीन, दो, छह, चार, नौ और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और चार कम दोसौ अर्थात् एकसौ छ्यानबै भाग अधिक पद्मा और मंगलावती देशकी आदिम लंबाई है ॥ २६७० ॥ २९४६२३ $\frac{१९६}{२१२}$ ।

नौ, तीन, शून्य, शून्य, नौ और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और एकसौ छ्यानबै भाग अधिक पद्मा और मंगलावती देशकी मध्यम लंबाई है ॥ २६७१ ॥

२९४६२३ $\frac{१९६}{२१२}$ – ४५८४ = २९००३९ $\frac{१९६}{२१२}$ ।

पांच, पांच, चार, पांच, आठ और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और पूर्वोक्त एकसौ छ्यानबै भाग अधिक उक्त दोनों देशोंकी अन्तिम तथा श्रद्धावान् व आत्मांजन नामक दो वक्षारपर्वतोंकी आदिम लंबाई है ॥ २६७२ ॥

२९००३९ $\frac{१९६}{२१२}$ – ४५८४ = २८५४५५ $\frac{१९६}{२१२}$ ।

---

१ द ब अंककमेण.

अडसगणवचउअडदुग भागा छत्तीसअधियसयमेक्कं । सड्ढावणमायंजणगिरिम्मि मज्झिल्लदीहत्तं ॥ २६७३

२८४९७८ । $\frac{१३६}{२१२}$

इगिणभपणचउअडदुग भागा छाहत्तरी य अंतिल्लं । दीहं दोसु गिरीसुं आदीओ दोण्णिविजयाणं ॥ २६७४

२८४५०१ । $\frac{७६}{२१२}$

सगइगिणवणवसगदुग भागा ता एव मज्झदीहत्तं । पत्तेक्कं सुपम्माए रमणिज्जाणामविजयाए ॥ २६७५

२७९९१७ । $\frac{७६}{२१२}$

तियतिण्णितिण्णिपणसगदोण्णि य अंसा तहेव दीहत्तं । दोविजयाणं अंतं आदिल्लं दोविभंगसरियाणं ॥ २६७६

२७५३३३ । $\frac{७६}{२१२}$

चउइगिदुगपणसगदुग भागा चउवीसमेत्त दीहत्तं । मज्झिल्लं खीरोदे[1] उम्मत्तणदिम्मि पत्तेक्कं ॥ २६७७

२७५२१४ । $\frac{२४}{२१२}$

आठ, सात, नौ, चार, आठ और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या निर्मित हो उतने योजन और एकसौ छत्तीस भाग अधिक श्रद्धावान् व आत्मांजन पर्वतकी मध्यम लंबाई है ॥२६७३॥

$$२८५४५५\frac{१९६}{२१२} - ४७७\frac{६०}{२१२} = २८४९७८\frac{१३६}{२१२} ।$$

एक, शून्य, पांच, चार, आठ और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और छ्यत्तर भाग अधिक उक्त दोनों वक्षारपर्वतोंकी अन्तिम तथा सुपद्मा व रमणीया नामक दो देशोंकी आदिम लंबाई है ॥२६७४॥ $२८४९७८\frac{१३६}{२१२} - ४७७\frac{६०}{२१२} = २८४५०१\frac{७६}{२१२}$ ।

सात, एक, नौ, नौ, सात और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और पूर्वोक्त छ्यत्तर भागमात्र अधिक सुपद्मा और रमणीया नामक क्षेत्रोंमेंसे प्रत्येककी मध्यम लंबाई है ॥ २६७५ ॥ $२८४५०१\frac{७६}{२१२} - ४५८४ = २७९९१७\frac{७६}{२१२}$ ।

तीन, तीन, तीन, पांच, सात और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और पूर्वोक्त छ्यत्तर भाग अधिक उक्त दोनों क्षेत्रोंकी अन्तिम तथा क्षीरोदा व उन्मत्तजला नामक दो विभंगनदियोंकी आदिम लंबाई है ॥ २६७६ ॥

$$२७९९१७\frac{७६}{२१२} - ४५८४ = २७५३३३\frac{७६}{२१२} ।$$

चार, एक, दो, पांच, सात और दो, इन अंकोंसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और चौबीस भागमात्र अधिक क्षीरोदा व उन्मत्तजलामेंसे प्रत्येक नदीकी मध्यम लंबाई है ॥२६७७॥

$$२७५३३३\frac{७६}{२१२} - ११९\frac{५२}{२१२} = २७५२१४\frac{२४}{२१२} ।$$

---

१ ब खारोदे.

चउणवअंबरपणसगदो भागा चउरसीदिअधियसयं ।
दोण्णं णईण अंतिमदीहं आदिल्लं[1] दोसु विजएसुं[2] ॥ २६७८

२७५०९४ । १८४/२१२

णभइगिपणणभसगदुगअंककमे भागमेव पुव्विल्लं । मज्झिल्लयवित्थारं महपम्मसुरम्म[3]विजयाणं ॥ २६७९

२७०५१० । १८४/२१२

छद्दोणवपणछद्दुग भाया ता एव अंतदीहत्तं । दोविजयाणं अंजणवियडावदियाए आदिल्लं ॥ २६८०

२६५९२६ । १८४/२१२

णवचउचउपणछद्दोअंककमे जोयणाणि भागा य । बासट्ठि दुहद दीहं[4] मज्झिल्लं दोसु वक्खारे ॥ २६८१

२६५४४९ । १२४/२१२

दोसगणवचउछद्दो भागा चउसट्ठि अंतदीहत्तं । दोवक्खारगिरीणं आदीयं दोसु विजएसुं ॥ २६८२

२६४९७२ । ६४/२१२

चार, नौ, शून्य, पांच, सात और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और एकसौ चौरासी भाग अधिक उक्त दोनों नदियोंकी अन्तिम तथा महापद्मा व सुरम्या नामक दो देशोंकी आदिम लंबाई है ॥ २६७८ ॥

२७५२१४ २४/२१२ − ११९ ५२/२१२ = २७५०९४ १८४/२१२ ।

शून्य, एक, पांच, शून्य, सात और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और पूर्वोक्त एकसौ चौरासी भाग अधिक महापद्मा व सुरम्या नामक देशोंकी मध्यम लंबाई है ॥ २६७९ ॥ २७५०९४ १८४/२१२ − ४५८४ = २७०५१० १८४/२१२ ।

छह, दो, नौ, पांच, छह और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और पूर्वोक्त एकसौ चौरासी भाग अधिक उक्त दोनों देशोंकी अन्तिम तथा अंजन व विजटावान् पर्वतकी आदिम लंबाई है ॥ २६८० ॥

२७०५१० १८४/२१२ − ४५८४ = २६५९२६ १८४/२१२ ।

नौ, चार, चार, पांच, छह और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और बासठके दुगुणे अर्थात् एकसौ चौबीस भाग अधिक दोनों वक्षारोंकी मध्यम लंबाई है ॥ २६८१ ॥

२६५९२६ १८४/२१२ − ४७७ ६०/२१२ = २६५४४९ १२४/२१२ ।

दो, सात, नौ, चार, छह और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और चौंसठ भाग अधिक दोनों वक्षारपर्वतोंकी अंतिम तथा पद्मकावती व रम्या देशकी आदिम लंबाई है ॥ २६८२ ॥ २६५४४९ १२४/२१२ − ४७७ ६०/२१२ = २६४९७२ ६४/२१२ ।

---

१ द ब 'दीहिं आदीओ. २ द विजयसु, ब विजयासु. ३ द ब सुपम्म. ४ द ब दीहा.

अट्ठट्ठतियणभछद्दो भागा चउसट्ठि मज्झदीहत्तं । रम्माए पम्मकावदिविजयाए होदि पत्तेक्कं ॥ २६८३

२६०३८८ । ६४ | २१२ |

चउणभअडपणपणदुग भागा ता एव दोण्णि विजयाणं । अंतिल्लयदीहत्तं आदिल्लं दोविभंगसरियाणं ॥ २६८४

२५५८०४ । ६४ | २१२ |

पणअडछप्पणपणदुग अंककमे बारसाणि अंसा य । मत्तजले सीदोदे पत्तेक्कं मज्झदीहत्तं ॥ २६८५

२५५६८५ । १२ | २१२ |

पणछप्पणपणपंचयदो बिय बाहत्तरीहिं अधियसयं । भागा दुणइदुविजए अंतिल्लादिल्लदीहत्तं ॥ २६८६

२५५५६५ । १७२ | २१२ |

इगिअडणवणभपणदुग भागा ता एव मज्झदीहत्तं । संखाए वच्छकावदिविजए पत्तेक्क परिमाणं ॥ २६८७

२५०९८१ । १७२ | २१२ |

आठ, आठ, तीन, शून्य, छह और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और चौंसठ भाग अधिक रम्या व पद्मकावती देशोंमेंसे प्रत्येककी मध्यम लंबाई है ॥ २६८३ ॥ २६४९७२$\frac{६४}{२१२}$ − ४५८४ = २६०३८८$\frac{६४}{२१२}$ ।

चार, शून्य, आठ, पांच, पांच और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और पूर्वोक्त चौंसठ भाग अधिक उक्त दोनों क्षेत्रोंकी अन्तिम तथा मत्तजला व सीतोदा नामक दो विभंगनदियोंकी आदिम लंबाई है ॥ २६८४ ॥

२६०३८८$\frac{६४}{२१२}$ − ४५८४ = २५५८०४$\frac{६४}{२१२}$ ।

पांच, आठ, छह, पांच, पांच और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और बारह भाग अधिक मत्तजला व सीतोदामेंसे प्रत्येककी मध्यम लंबाई है ॥ २६८५ ॥ २५५८०४$\frac{६४}{२१२}$ − ११९$\frac{५२}{२१२}$ = २५५६८५$\frac{१२}{२१२}$ ।

पांच, छह, पांच, पांच, पांच और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या निर्मित हो उतने योजन और एकसौ बहत्तर भाग अधिक दोनों नदियोंकी अन्तिम तथा शंखा व वत्सकावती नामक दो विजयोंकी आदिम लंबाई है ॥ २६८६ ॥ २५५६८५$\frac{१२}{२१२}$ ११९$\frac{५२}{२१२}$ = २५५५६५$\frac{१७२}{२१२}$ ।

एक, आठ, नौ, शून्य, पांच और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और पूर्वोक्त एकसौ बहत्तर भाग अधिक शंखा व वत्सकावती क्षेत्रोंमेंसे प्रत्येककी मध्यम लंबाईका प्रमाण है ॥ २६८७ ॥ २५५५६५$\frac{१७२}{२१२}$ − ४५८४ = २५०९८१$\frac{१७२}{२१२}$ ।

---

१ द पव्वकावदि, ब बपाकावदि.

सगणवतियछचउदुग भागा ते चेव दोण्णिविजयाणं । दोवक्खारगिरीणं अंतिमआदिल्लदीहत्तं ॥ २६८८

२४६३९७ । १७२ / २१२

णभदोणवपणचउदुग अंसा बारसअधियमेक्कसयं । मज्झम्मि होदि दीहं आसीविसवेसमणकूडे ॥ २६८९

२४५९२० । ११२ / २१२

तियचउचउपणचउदुग अंसा बावण्ण दोण्णिवक्खारे । दोविजए अंतिल्लं कमसो आदिल्लदीहत्तं ॥ २६९०

२४५४४३ । ५२ / २१२

णवपणअडणभचउदुगअंककमे अंसमेव बावण्णं । मज्झिमए दीहत्तं महवच्छाणलिणविजयम्मि[2] ॥ २६९१

२४०८५९ । ५२ / २१२

पणसगदोछत्तियदुग भागा बावण्ण दोण्णिविजयाणं । बेवेभंगणदीणं[3] अंतिमआदिल्लदीहत्तं ॥ २६९२

२३६२७५ । ५२ / २१२

सात, नौ, तीन, छह, चार और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या[1] उत्पन्न हो उतने योजन और पूर्वोक्त एकसौ बहत्तर भाग अधिक दोनों देशोंकी अन्तिम तथा आशीविष व वैश्रवण-कूट नामक दो वक्षारपर्वतोंकी आदिम लंबाईका प्रमाण है ॥ २६८८ ॥

$$२५०९८१\frac{१७२}{२१२} - ४५८४ = २४६३९७\frac{१७२}{२१२} ।$$

शून्य, दो, नौ, पांच, चार और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और एकसौ बारह भाग अधिक आशीविष व वैश्रवणकूटकी मध्यम लंबाई है ॥ २६८९ ॥

$$२४६३९७\frac{१७२}{२१२} - ४७७\frac{६०}{२१२} = २४५९२०\frac{११२}{२१२} ।$$

तीन, चार, चार, पांच, चार और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और बावन भाग अधिक दो वक्षार तथा नलिना व महावत्सा नामक दो देशोंकी क्रमशः अन्तिम एवं आदिम लंबाईका प्रमाण है ॥ २६९० ॥

$$२४५९२०\frac{११२}{२१२} - ४७७\frac{६०}{२१२} = २४५४४३\frac{५२}{२१२} ।$$

नौ, पांच, आठ, शून्य, चार और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या निर्मित हो उतने योजन और बावन भाग अधिक नलिना व महावत्सा देशकी मध्यम लंबाईका प्रमाण है ॥ २६९१ ॥

$$२४५४४३\frac{५२}{२१२} - ४५८४ = २४०८५९\frac{५२}{२१२} ।$$

पांच, सात, दो, छह, तीन और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या निर्मित हो उतने योजन और बावन भाग अधिक दोनों देशों तथा तप्तजला व औषधवाहिनी नामक दो विभंग-नदियोंकी क्रमसे अन्तिम एवं आदिम लंबाईका प्रमाण है ॥ २६९२ ॥

$$२४०८५९\frac{५२}{२१२} - ४५८४ = २३६२७५\frac{५२}{२१२} ।$$

---

१ ब संखा. २ द ब दीहत्तं महवप्पाण विजयम्मि. ३ ब विभंग°.

छप्पणइगिछत्तियदुगअंककमे जोयणाणि मज्झिमए । दीहत्तं तत्तजले ओसहवाहीएं[1] पत्तेक्कं ॥ २६९३

२३६१५६ ।

छत्तियणभछत्तियदुग भागा सट्ठीहिं अधियसय दीहं । दो वेभंगणदीणं अंतं आदी हु दोसु विजएसुं ॥२६९४

$२३६०३६ \mid \frac{१६०}{२१२}$

दोपणचउइगितियदुग भागा सट्ठीहिं अधियसयमेत्तं। मज्झिमपएसदीहं कुमुदाए सुवच्छविजयम्मि ॥ २६९५

$२३१४५२ \mid \frac{१६०}{२१२}$

अट्ठछअट्ठयछद्दोदो च्चिय सट्ठीहिं अधियसयभागं । विजयाणं वक्खारे अंतिल्लादिल्लदीहत्तं ॥ २६९६[2]

$२२६८६८ \mid \frac{१६०}{२१२}$

इगिणवतियछद्दुगं एक्कसयं होंति तह य अंसा य । सुहवहतिकूटपव्वदमज्झिल्लं होदि दीहत्तं ॥ २६९७[3]

$२२६३९१ \mid \frac{१००}{२१२}$

छह, पांच, एक, छह, तीन और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजनमात्र तप्तजला व औषधवाहिनीमेंसे प्रत्येककी मध्यम लंबाई है ॥ २६९३ ॥

$$२३६२७५\tfrac{५२}{२१२} - ११९\tfrac{५२}{२१२} = २३६१५६ ।$$

छह, तीन, शून्य, छह, तीन और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और एकसौ साठ भाग अधिक दोनों विभंगनदियोंकी अन्तिम तथा कुमुदा व सुवत्सा नामक दो देशोंकी आदिम लंबाईका प्रमाण है ॥ २६९४ ॥

$$२३६१५६ - ११९\tfrac{५२}{२१२} = २३६०३६\tfrac{१६०}{२१२} ।$$

दो, पांच, चार, एक, तीन और दो, इन अंकोंसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और एकसौ साठ भाग अधिक कुमुदा व सुवत्सा देशकी मध्यम लंबाई है ॥ २६९५ ॥

$$२३६०३६\tfrac{१६०}{२१२} - ४५८४ = २३१४५२\tfrac{१६०}{२१२} ।$$

आठ, छह, आठ, छह, दो और दो, इन अंकोंसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और एकसौ साठ भाग अधिक दोनों देशोंकी अन्तिम तथा सुखावह व त्रिकूट नामक दो वक्षारपर्वतोंकी आदिम लंबाई है ॥२६९६॥ $२३१४५२\tfrac{१६०}{२१२} - ४५८४ = २२६८६८\tfrac{१६०}{२१२}$ ।

एक, नौ, तीन, छह, दो और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और एकसौ भाग अधिक सुखावह व त्रिकूट पर्वतकी मध्यम लंबाईका प्रमाण है ॥ २६९७ ॥

$$२२६८६८\tfrac{१६०}{२१२} - ४७७\tfrac{६०}{२१२} = २२६३९१\tfrac{१००}{२१२} ।$$

---

१ द ब णंतरवाहीए. २ अत्र उपरिलिखिता दश गाथा ब-प्रतौ पुनरपि लिखिताः। ३ एषा गाथा द-ब प्रत्योर्नास्ति, सोलापुर-प्रतितोऽत्र लिखिता.

चउइगिणवपणदोदो अंसा चालीसमेवं[2] पत्तेक्कं । दोवक्खारदुविजए अंतिल्लादिल्लदीहत्तं ॥ २६९८

२२५९१४ । $\frac{४०}{२१२}$

णभतियतियइगिदोदोअंककमे दुहदवीसभागा य । सरिदाए वच्छविजए पत्तेक्कं मज्झदीहत्तं ॥ २६९९

२२१३३० । $\frac{४०}{२१२}$

छचउसगछक्केक्कदु अंसा चालीसमेत्त दीहत्तं । दोविजए आदिमए देवारण्णम्मि भूदरण्णाए ॥ २७००

२१६७४६ । $\frac{४०}{२१२}$

छप्पणणवतियइगिदुग भागा सट्ठीहिं अधियसयमेत्तं । भूदादेवारण्णे हवेदि मज्झिल्लदीहत्तं ॥ २७०१

२१३९५६ । $\frac{१६०}{२१२}$

सगछक्केक्केगिगिदुग[4] भागा अडसट्ठि देवरण्णम्मि । तह चेव भूदरण्णे पत्तेक्कं अंतदीहत्तं ॥ २७०२

२१११६७ । $\frac{६८}{२१२}$

चार, एक, नौ, पांच, दो और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और चालीस भाग अधिक दो वक्षार तथा सरिता व वत्सा देशोंमेंसे प्रत्येककी क्रमशः अन्तिम एवं आदिम लंबाईका प्रमाण है ॥ २६९८ ॥

$$२२६३९१\frac{१००}{२१२} - ४७७\frac{६०}{२१२} = २२५९१४\frac{४०}{२१२} ।$$

शून्य, तीन, तीन, एक, दो और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और बीसके दुगुणे अर्थात् चालीस भाग अधिक सरिता व वत्सा देशमेंसे प्रत्येककी मध्यम लंबाई है ॥ २६९९ ॥ $२२५९१४\frac{४०}{२१२} - ४५८४ = २२१३३०\frac{४०}{२१२}$ ।

छह, चार, सात, छह, एक और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और चालीस भागमात्र अधिक दोनों देशोंकी [अन्तिम] तथा देवारण्य व भूतारण्यकी आदिम लंबाईका प्रमाण है ॥ २७०० ॥ $२२१३३०\frac{४०}{२१२} - ४५८४ = २१६७४६\frac{४०}{२१२}$ ।

छह, पांच, नौ, तीन, एक और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और एकसौ साठ भागमात्र अधिक भूतारण्य व देवारण्यकी मध्यम लंबाईका प्रमाण है ॥ २७०१ ॥ $२१६७४६\frac{४०}{२१२} - २७८९\frac{९२}{२१२} = २१३९५६\frac{१६०}{२१२}$ ।

सात, छह, एक, एक, एक और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और अड़सठ भाग अधिक देवारण्य व भूतारण्यमेंसे प्रत्येककी अन्तिम लंबाई है ॥ २७०२ ॥

$$२१३९५६\frac{१६०}{२१२} - २७८९\frac{९२}{२१२} = २१११६७\frac{६८}{२१२} ।$$

१ द इगिणवतियछदोदो. २ द चालीसमेत्त. ३ द ब सलिलाए वप्पाविजए. ४ द ब °छक्केकइगि°.

कच्छादीविजयाणं आदिममज्झिल्लचरमदीहम्मि। [विजयड्ढरुंदमवणिय अद्धकदे तस्स तस्स दीहत्तं] ॥ २७०३

[वित्थारेणं खुल्लयहिमवंतणगस्स दीहम्मि ।] संगुणिदे जं लद्धं तं तस्स हवेदि खेत्तफलं ॥ २७०४

चउसीदीकोडीओ लक्खाणिं जोयणाणि इगिवीसं । बावण्णसय तिसट्ठी तिकलाओ तस्स परिमाणं ॥ २७०५

हिमवन्तस्य क्षेत्रफलम्[1]— ८४२१०५२६३ । ३/१९

एदं चिय चउगुणिदं महहिमवंतस्स होदि खेत्तफलं । णिसहस्स तच्चउग्गुण चउगुणहाणी परं तत्तो ॥ २७०६

महाहिमवंत ३३६८४२१०५२ । १२/१९ | णिसह १३४७३६८४२१० । १०/१९ | णील १३४७३६८४-२१० । १०/१९ | रुम्मि ३३६८४२१०५२ । १२/१९ | सिखरी ८४२१०५२६३ । ३/१९ | एदाणि मेलिदूणं दुगुणं कादव्वं तच्चेदं[2]— ७०७३६८४२१०५ । ५/१९

दोण्णं उसुगाराणं असीदिकोडीओ होंति खेत्तफलं । एदं पुव्वविमिस्सं चोद्दससेलाण पिंडफलं ॥ २७०७

८००००००००।

कच्छादि देशोंकी आदिम, मध्यम और अन्तिम लम्बाईमेंसे [विजयार्धके विस्तारको घटाकर आधा करनेपर शेष उस उसकी लम्बाई होती है] ॥ २७०३ ॥

[क्षुद्रहिमवान्पर्वतकी लम्बाईको उसके विस्तारसे] गुणा करनेपर जो संख्या प्राप्त हो उतना उसका क्षेत्रफल होता है ॥ २७०४ ॥

उस क्षेत्रफलका प्रमाण चौरासी करोड़ इक्कीस लाख बावनसौ तिरेसठ योजन और तीन कलामात्र है ॥ २७०५ ॥

हिमवान्‌का क्षेत्रफल—४०००००× २१०५ ५/१९ = ८४२१०५२६३ ३/१९ ।

इसको चारसे गुणा करनेपर महाहिमवान्‌का क्षेत्रफल और महाहिमवान्‌के क्षेत्रफलको भी चारसे गुणा करनेपर निषधपर्वतका क्षेत्रफल होता है। इसके आगे फिर चौगुणी हानि है ॥ २७०६ ॥

क्षेत्रफल—महाहिमवान् ३३६८४२१०५२ १२/१९ । निषध १३४७३६८४२१० १०/१९ । नील १३४७३६८४२१० १०/१९ । रुक्मि ३३६८४२१०५२ १२/१९ । शिखरी ८४२१०-५२६३ ३/१९ । इन छह पर्वतोंके क्षेत्रफलको मिलाकर दुगुणा करना चाहिये—३५३६८४२१०५२ १३/१९ × २ = ७०७३६८४२१०५ ५/१९ ।

दोनों इष्वाकार पर्वतोंका क्षेत्रफल अस्सी करोड़ योजन है। इसको पूर्वोक्त क्षेत्रफलमें मिला देनेपर चौदह पर्वतोंका समस्त क्षेत्रफल होता है ॥ २७०७ ॥ ८००००००००।

१ ब-प्रतौ एष निर्देशः. २ द ब मेलिदूणं कादव्वं छच्चेदं.

पंचगयणेक्कदुगचउअट्ठछतियपंचएक्कसत्ताणं । अंकक्कमे पंचंसा चोद्दसगिरिगणिदफलमाणं ॥ २७०८

७१५३६८४२१०५ । $\frac{५}{१९}$ ।

एक्कछछसत्त[1]पणणवणवे[2]क्कचउअट्ठतिदयएक्केक्का । अंकक्कमे जोयणया धादइसंडस्स पिंडफलं ॥ २७०९

११३८४१९९५७६६१ ।

चोद्दसगिरीण रुद्धक्खेत्तफलं[3] सोह सव्वखेत्तफले । बारसजुददुसएहिं भजिदे तं भरहखेत्तफलं ॥ २७१०

छक्कदुगपंचसत्त[4]यछहचउदुगतिण्णिसुण्णपंचाणं । अंकक्कमे जोयणया चउदाल कलाओ भरहखेत्तफलं ॥ २७११

भरह ५०३२४६७५२६ । $\frac{४४}{२१२}$ ।

एदं चिय चउगुणिदे खेत्तफलं होदि हेमवदखेत्ते । तं चेय चउग्गुणिदं हरिवरिसखिदीय गणिदफलं ॥ २७१२

हरिवरिसक्खेत्तफलं चउक्कगुणिदं विदेहखेत्तफलं । सेसवरिसेसु कमसो चउगुणहाणीय गणिदफलं ॥ २७१३

....

चौदह पर्वतोंके क्षेत्रफलका प्रमाण अंकक्रमसे, पांच, शून्य, एक, दो, चार, आठ, छह, तीन, पांच, एक और सात, इन अंकोंसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और पांच भागमात्र है ॥२७०८॥ ७०७३६८४२१०५ $\frac{५}{१९}$ + ८००००००० = ७१५३६८४२१०५ $\frac{५}{१९}$ यो. ।

एक, छह, छह, सात, पांच, नौ, नौ, एक, चार, आठ, तीन, एक और एक, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजनप्रमाण सम्पूर्ण धातकीखण्डका क्षेत्रफल है ॥ २७०९ ॥ ११३८४१९९५७६६१ ।

सब क्षेत्रफलमेंसे चौदह पर्वतोंसे रुद्ध क्षेत्रफलको घटाओ । जो शेष रहे उसमें दोसौ बारहका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना भरतक्षेत्रका क्षेत्रफल होता है ॥ २७१० ॥

छह, दो, पांच, सात, छह, चार, दो, तीन, शून्य और पांच, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और चवालीस कला अधिक भरतक्षेत्रका क्षेत्रफल है ॥ २७११ ॥

११३८४१९९५७६६१ – ७१५३६८४२१०५ $\frac{५}{१९}$ ÷ २१२ = ५०३२४६७५२६ $\frac{४४}{२१२}$ भरतका क्षेत्रफल ।

इस भरतक्षेत्रके क्षेत्रफलको चौगुणा करनेपर हैमवतक्षेत्रका क्षेत्रफल और इसको भी चौगुणा करनेपर हरिवर्षक्षेत्रका क्षेत्रफल होता है ॥ २७१२ ॥

हैमवत २०१२९८७०१०४ $\frac{१७६}{२१२}$ । हरिवर्ष ८०५१९४८०४१९ $\frac{६८}{२१२}$ ।

हरिवर्षके क्षेत्रफलको चारसे गुणा करनेपर विदेहका क्षेत्रफल होता है । इसके आगे फिर क्रमसे शेष क्षेत्रोंके क्षेत्रफलमें चौगुणी हानि होती गई है ॥ २७१३ ॥

....

१ द ब °छक्कहसत्तएपण°. २ द °पणणववेक्क°. ३ द ब चोद्दसइगिरिणरुंदं खेत्तफलं. ४ द ब °सत्तछह

हे २०१२९८७०१०४ $\frac{१७६}{२१२}$	हरि ८०५१९४८०४१९ $\frac{६८}{२१२}$	वि ३२२०७७९२१६७७ $\frac{६०}{२१२}$
रं ८०५१९४८०४१९ $\frac{६८}{२१२}$	हइ २०१२९८७०१०४ $\frac{१७६}{२१२}$	अइरावद ५०३२४६७५२६ $\frac{४४}{२१२}$

जंबूदीवखिदीए फलप्पमाणेण धादईसंडे । खेत्तफलं किज्जंतं बारसकदिसमसलाकाओ ॥ २७१४

अवसेसवण्णणाओ सव्वाणं विजयसेलसरियाणं । कुंडदहादीणं पिय जंबूदीवस्स सारिच्छा ॥ २७१५

एवं विण्णासो[1] समत्तो ।

भरहवसुंधरपहुदिं जाव य एरावदो त्ति अहियारा । जंबूदीवे उत्तं तं सव्वं एत्थ वत्तव्वं ॥ २७१६

एवं संखेवेणं धादइसंडो पवण्णिदो दिव्वो । वित्थारवण्णणासुं का सत्ती म्हारिसमईणं ॥ २७१७

एवं धादइसंडस्स वण्णणा सम्मत्ता ।

परिवेढेदि समुद्दो कालोदो णाम धादईसंडं । अडलक्खजोयणाणिं वित्थिण्णो चक्कवालेणं ॥ २७१८

टंकुक्किण्णायारो[2] सव्वत्थ सहस्सजोयणवगाढो । चित्तोवरितलसरिसो पायालविवज्जिदो एसो ॥ २७१९

१००० ।

विदेह ३२२०७७९२१६७७ $\frac{६०}{२१२}$ । रम्यक ८०५१९४८०४१९ $\frac{६८}{२१२}$ । हैरण्यवत २०१२९८७०१०४ $\frac{१७६}{२१२}$ । ऐरावत ५०३२४६७५२६ $\frac{४४}{२१२}$ ।

जम्बूद्वीपके फलप्रमाणसे धातकीखंडका क्षेत्रफल करनेपर वह बारहके वर्गरूप अर्थात् एकसौ चवालीस शलाकाप्रमाण होता है । तात्पर्य यह कि जम्बूद्वीपके बराबर धातकीखण्डके एकसौ चवालीस खण्ड होते हैं ॥२७१४॥ $(१३००००० ^{२} - ५००००० ^{२}) \div १००००० ^{२} = १४४$ ।

सम्पूर्ण क्षेत्र, पर्वत, नदी, कुण्ड और द्रहादिकोंका शेष वर्णन जम्बूद्वीपके समान ही समझना चाहिये ॥ २७१५ ॥

इसप्रकार विन्यास समाप्त हुआ ।

भरतक्षेत्रसे लेकर ऐरावतक्षेत्रपर्यन्त जितने अधिकार- जम्बूद्वीपके वर्णनमें कहे गये हैं, वे सब यहांपर भी कहने चाहिये ॥ २७१६ ॥

इसप्रकार संक्षेपमें यहां दिव्य धातकीखण्डका वर्णन किया गया है । हमारी जैसी बुद्धिवाले मनुष्योंकी भला विस्तारसे वर्णन करनमें शक्ति ही क्या है ? ॥ २७१७ ॥

इसप्रकार धातकीखण्डद्वीपका वर्णन समाप्त हुआ ।

इस धातकीखण्डद्वीपको आठ लाख योजनप्रमाण विस्तारवाला कालोद नामक समुद्र मण्डलाकारसे वेष्टित किये हुए है ॥ २७१८ ॥

टांकीसे उकेरे हुएके समान आकारवाला यह समुद्र सर्वत्र एक हजार योजन गहरा, चित्रापृथिवीके उपरिम तलभागके सदृश अर्थात् समतल और पातालोंसे रहित है ॥ २७१९ ॥

१००० ।

---

१ द ब सण्णियाहि. २ द कुक्किणायारो.

अट्ठत्ताला दीवा दिसासु विदिसासु अंतरेसुं च । चउवीसब्भंतरए बाहिरए तेत्तिया तस्स ॥ २७२०

अब्भंतरम्मि दीवा चत्तारि दिसासु तह य विदिसासुं। अंतरदिसासु अट्ठ य अट्ठ य गिरिपणिधिभागेसुं॥ २७२१

४ । ४ । ८ । ८ ।

जोयणपंचसयाणिं पण्णब्भहियाणि दोतडाहिंतो । पविसिय दिसासु[1] दीवा पत्तेक्कं दुसयविक्खंभो ॥ २७२२

५५० । २०० ।

जोयणयछस्सयाणिं पण्णब्भहियाणि दोतडाहिंतो । पविसिय विदिसादीवा पत्तेक्कं एक्कसयरुंदं ॥ २७२३

६५० । १०० ।

जोयणपंचसयाइं पण्णब्भहियाणि बेतडाहिंतो । पविसिय अंतरदीवा पण्णारुंदा य[2] पत्तेक्कं ॥ २७२४

५५० । ५० ।

छच्चिय सयाणि पण्णाजुत्ताणिं जोयणाणि दुतडादो । पविसिय गिरिपणिधीसुं दीवा पण्णासविक्खंभा[3] ॥२७२५

६५० । ५० ।

पत्तेक्कं ते दीवा तडवेदीतोरणेहिं रमणिज्जा । पोक्खरणीवावीहिं[4] कप्पदुमेहिं पि संपुण्णा ॥ २७२६

इस समुद्रके भीतर दिशाओं, विदिशाओं और अन्तरदिशाओंमें अड़तालीस द्वीप हैं। इनमेंसे चौबीस उसके अभ्यन्तरभागमें और चौबीस ही बाह्यभागमें भी हैं ॥ २७२० ॥

उसके अभ्यन्तरभागमें दिशाओंमें चार, विदिशाओंमें चार, अन्तरदिशाओंमें आठ और पर्वतोंके पार्श्वभागोंमें भी आठ ही द्वीप हैं ॥ २७२१ ॥ ४ + ४ + ८ + ८ = २४ ।

इनमेंसे दिशाओंके द्वीप दोनों तटोंसे पांचसौ पचास योजनप्रमाण समुद्रमें प्रवेश करके स्थित हैं। इन द्वीपोंमेंसे प्रत्येकका विस्तार दोसौ योजनप्रमाण है ॥ २७२२ ॥

समुद्रतटसे दूर ५५० । विष्कम्भ २०० यो. ।

दोनों तटोंसे छहसौ पचास योजनप्रमाण समुद्रमें प्रवेश करनेपर विदिशाओंमें द्वीप स्थित हैं। इनमेंसे प्रत्येक द्वीपका विस्तार एकसौ योजनमात्र है ॥ २७२३ ॥

समुद्रतटसे दूर ६५० । विष्कम्भ १०० यो. ।

दोनों तटोंसे पांचसौ पचास योजन प्रवेश करके अन्तरद्वीप स्थित हैं। इनमेंसे प्रत्येकका विस्तार पचास योजनमात्र है ॥ २७२४ ॥ समुद्रतटसे दूर ५५० । विष्कम्भ ५० यो. ।

दोनों तटोंसे छहसौ पचास योजन प्रवेश करके पर्वतोंके प्रणिधिभागोंमें अन्तरद्वीप स्थित हैं। उनमेंसे प्रत्येकका विस्तार पचास योजनप्रमाण है ॥ २७२५ ॥

समुद्रतटसे दूर ६५० । विष्कम्भ ५० यो. ।

वे प्रत्येक द्वीप तटवेदी व तोरणोंसे रमणीय और पुष्करिणी वापिकाओं एवं कल्पवृक्षोंसे परिपूर्ण हैं ॥ २७२६ ॥

---

१ ब विदिसासु. २ द ब पण्णारुंदा य. ३ द ब विक्खंभो. ४ द ब °वावीओ.

मच्छमुहा[1] अभिकण्णा पक्खिमुहा तेसु हत्थिकण्णा य । पुव्वादिसु दीवेसु वि चिट्ठंति[2] कुमाणुसा कमसो ॥ २७२७
अणिलादियासुं सूवरकण्णा दीवेसु ताण विदिसासुं[4] । अट्ठंतरदीवेसुं पुव्वग्गिदिसादिगणणिज्जा ॥ २७२८
चेट्ठंति उट्टकण्णा[5] मज्जारमुहा पुणो वि तच्चेय । कण्णप्पावरणा गजवयणा[6] य मज्जारवयणा य ॥ २७२९
मज्जारमुहा य तहा गोकण्णा एवमट्ठ पत्तेक्कं । पुव्वपवण्णिदबहुविहपावफलेहि कुमणुसाणि[7] जायंति ॥ २७३०
पुव्वावरपणिधीए सिसुमारमुहा तह य मयरमुहा । चेट्ठंति रुप्पगिरिणो कुमाणुसा कालजलहिम्मि ॥ २७३१
वयमुहवग्घमुहक्खा[8] हिमवंतणगस्स पुव्वपच्छिमदो । पणिधीए चेट्ठंते कुमाणुसा पावपाकेहिं ॥ २७३२
सिहरिस्स तरच्छ[9]मुहा सिगालवयणा कुमाणुसा होंति । पुव्वावरपणिधीए जम्मंतरदुरियकम्मेहिं ॥ २७३३
दीपिकभिंगारमुहा कुमाणुसा होंति रुप्पसेलस्स । पुव्वावरपणिधीए कालोदयजलहिदीवम्मि ॥ २७३४
तस्सिं बाहिरभागे तेत्तियमेत्ता कुमाणुसा दीवा । पोक्खरणीवावीहिं कप्पदुमेहिं पि संपुण्णा ॥ २७३५
एदाओ वण्णणाओ लवणसमुद्दं व एत्थ वत्तव्वा । कालोदयलवणाणं छण्णउदिकुभोगभूमीओ ॥ २७३६

उनमेंसे पूर्वादिक दिशाओंमें स्थित द्वीपोंमें क्रमसे मत्स्यमुख, अभिकर्ण (अश्वकर्ण), पक्षिमुख और हस्तिकर्ण कुमानुष स्थित हैं ॥ २७२७ ॥

उनकी वायव्यप्रभृति विदिशाओंमें स्थित द्वीपोंमें रहनेवाले कुमानुष शूकरकर्ण होते हैं। इसके अतिरिक्त पूर्वाग्निदिशादिकक्रमसे गणनीय आठ अन्तरद्वीपोंमें कुमानुष निम्नप्रकार स्थित हैं ॥ २७२८ ॥

उष्ट्रकर्ण, मार्जारमुख, पुनः मार्जारमुख, कर्णप्रावरण, गजमुख, मार्जारमुख, पुनः मार्जारमुख और गोकर्ण, इन आठमेंसे प्रत्येक पूर्वमें बतलाये हुए बहुत प्रकारके पापोंके फलसे कुमानुष जीव उत्पन्न होते हैं ॥ २७२९–२७३० ॥

कालसमुद्रके भीतर विजयार्द्धके पूर्वापर पार्श्वभागोंमें जो कुमानुष रहते हैं, वे क्रमसे शिशुमारमुख और मकरमुख होते हैं ॥ २७३१ ॥

हिमवान्पर्वतके पूर्व-पश्चिम पार्श्वभागोंमें रहनेवाले कुमानुष क्रमसे पापकर्मोंके उदयसे वृकमुख और व्याघ्रमुख होते हैं ॥ २७३२ ॥

शिखरीपर्वतके पूर्व-पश्चिम पार्श्वभागोंमें रहनेवाले कुमानुष पूर्व जन्ममें किये हुए पापकर्मोंसे तरक्षमुख (अक्षमुख) और शृगालमुख होते हैं ॥ २७३३ ॥

विजयार्धपर्वतके पूर्वापर प्रणिधिभागमें कालोदकसमुद्रस्थ द्वीपोंमें क्रमसे द्वीपिकमुख और भृंगारमुख कुमानुष होते हैं ॥ २७३४ ॥

पुष्करिणी, वापियों और कल्पवृक्षोंसे परिपूर्ण उतने ही कुमानुषद्वीप उस कालोदसमुद्रके बाह्यभागमें भी स्थित हैं ॥ २७३५ ॥

यह सब वर्णन लवणसमुद्रके समान यहांपर भी कहना चाहिये। इसप्रकार कालोदक और लवणसमुद्रसम्बन्धी कुभोगभूमियां छयानवे हैं ॥ २७३६ ॥

---

१ ब मण्णमुहा. २ ब चेट्ठंति. ३ द ब अणिलदिसासुं. ४ द ब दुदिसासुं. ५ ब उद्धकण्णा. ६ द °वरणा कागला, ब °कागणा. ७ द ब कुमणुसजीवाणि. ८ द ब वंहमुहवग्घमुहक्खो. ९ द ब वरच्छ°.

दुगअट्ठगयणणवयं छक्कउछदुछक्कदुगिगितियपंच । अंककमे जोयणया कालोदे होदि गणिदफलं ॥ २७३७

५३१२६२६४६९०८२ ।

जंबूदीवमहीए फलप्पमाणेण कालउवहिम्मि । खेत्तफलं किज्जंतं छस्सयबाहत्तरी होदि ॥ २७३८

६७२ ।

इगिणउदिं लक्खाणिं सदरिसहस्साणि छस्सयाणिं पि । पंचुत्तरो य परिही बाहिरया तस्स किंचूणा ॥ २७३९

९१७०६०५ ।

अट्ठरसजोयणाइं दीहा दीहद्धवासलंपुण्णा । वासद्धबहलसहिदा णईमुहे जलचरा होंति ॥ २७४०

१८ । ९ । $\frac{9}{2}$

कालोवहिबहुमज्झे मच्छाणं दीहवासबहलाणिं । छत्तीसट्ठारसणवजोयणमेत्ताणि कमसो य ॥ २७४१

३६ । १८ । ९ ।

अवसेसठाणमज्झे बहुविहओगाहणेण संजुत्ता । मयरसिसुमारकच्छवमंडूकप्पहुदिया होंति ॥ २७४२

एवं कालसमुद्दो संखेवेणं पवण्णिदो एत्थ । तस्स[3] हरि ऽसंखजीहो वित्थारं वण्णिदुं[4] तरइ ॥ २७४३

। एवं कालोदगवण्णणा समत्ता ।

दो, आठ, शून्य, नौ, छह, चार, छह, दो, छह, दो, एक, तीन और पांच, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजनप्रमाण कालोदसमुद्रका क्षेत्रफल है ॥ २७३७ ॥

५३१२६२६४६९०८२ ।

जम्बूद्वीपसम्बन्धी क्षेत्रफलके प्रमाणसे कालसमुद्रका क्षेत्रफल करनेपर वह उससे छहसौ बहत्तरगुणा होता है ॥ २७३८ ॥

$$(२९००००० ^{२} - १३००००० ^{२}) \div १००००० ^{२} = ६७२ ।$$

उस कालोदसमुद्रकी बाह्य परिधि इक्यानबै लाख सत्तर हजार छहसौ पांच योजनसे किंचित् कम है ॥ २७३९ ॥ ९१७०६०५ ।

इस समुद्रके भीतर नदीप्रवेशस्थानमें रहनेवाले जलचर जीव अठारह योजन लंबे, लंबाईके आधे अर्थात् नौ योजनप्रमाण विस्तारसे सहित और विस्तारके अर्धभागप्रमाण (साढ़े चार योजन) बाहल्यसे संयुक्त होते हैं ॥ २७४० ॥ दीर्घता १८ । व्यास ९ । बाहल्य $\frac{9}{2}$ ।

कालोदसमुद्रके बहुमध्यमें स्थित मत्स्योंकी लंबाई, विस्तार और बाहल्य क्रमसे छत्तीस, अठारह और नौ योजनमात्र है ॥ २७४१ ॥ दीर्घता ३६ । व्यास १८ । बाहल्य ९ ।

शेष स्थानोंमें मगर, शिशुमार, कछुआ और मेंढक आदि जलचर जीव बहुत प्रकारकी अवगाहनासे संयुक्त होते हैं ॥ २७४२ ॥

इसप्रकार यहां संक्षेपसे कालसमुद्रका वर्णन किया गया है। उसके विस्तारका वर्णन असंख्य जिह्वावाला हरि ही कर सकता है ॥ २७४३ ॥

इसप्रकार कालोदसमुद्रका वर्णन समाप्त हुआ ।

---

१ द ब कालउहिम्मि. २ द ब छ्वात्तरी. ३ द ब तह. ४ द ब वण्णिदो.

पोक्खरवरो त्ति दीवो परिवेढदि कालजलणिहिं सयलं । जोयणलक्खा सोलस रुंदजुदो चक्कवालेणं ॥ २७४४

१६०००००।

मणुसुत्तरधरणिधरं विण्णासभरहवसुमही तम्मि । कालविभागं हिमगिरि हेमवदो तह महाहिमवं ॥ २७४५

हरिवरिसो णिसहद्दी विदेहणीलगिरिरम्मवरिसाइं । रुम्मिगिरी[1] हेरण्णवसिहरी एरावदो त्ति वरिसो य ॥२७४६

एवं सोलससंखा पोक्खरदीवम्मि अंतरहियारा । एण्हिं ताण सरूवं वोच्छामो[2] आणुपुव्वीए ॥ २७४७

कालोदयजगदीदो[3] समंतदो अट्ठलक्खजोयणया । गंतूणं तं परिदो परिवेढदि माणुसुत्तरो[4] सेलो ॥ २७४८

८०००००।

तग्गिरिणो उच्छेहो सत्तरससयाणि एक्कवीसं च[5] । तीसब्भहिया जोयणचउस्सया गाढमिगिकोसं ॥ २७४९

१७२१[6] । ४३० को १ ।

जोयणसहस्समेक्कं बावीसं सगसयाणि तेवीसं । चउसयचउवीसाइं कमरुंदा मूलमज्झसिहरेसुं[7] ॥ २७५०

१०२२ । ७२३ । ४२४ ।

अब्भंतरम्मि भागे टंकुक्किण्णो बहिम्मि कमहीणो । सुरखेयरमणहरणो अणाइणिहणो सुवण्णणिहो ॥ २७५१

चोद्दस गुहाओ तस्सिं समंतदो होंति दिव्वरयणाओ[8] । विजयाणं बहुमज्झे पणिधीसु फुरंतकिरणाओ ॥ २७५२

इस सम्पूर्ण कालसमुद्रको, सोलह लाख योजनप्रमाण विस्तारसे संयुक्त पुष्करवरद्वीप मण्डलाकारसे वेष्टित किये हुए है ॥ २७४४ ॥ १६००००० ।

इस पुष्करद्वीपके कथनमें मानुषोत्तरपर्वत[1], विन्यास[2], भरतक्षेत्र[3], उसमें कालविभाग[4], हिमवान्[5]-पर्वत, हैमवतक्षेत्र[6], महाहिमवान्[7]पर्वत, हरिवर्ष[8], निषध[9]पर्वत, विदेह[10], नीलगिरि[11], रम्यकवर्ष[12], रुक्मि[13]पर्वत, हैरण्यवत[14]क्षेत्र, शिखरी[15]पर्वत और ऐरावत[16]क्षेत्र, इसप्रकार ये सोलह अन्तराधिकार हैं । अब अनुक्रमसे यहां उनका स्वरूप कहा जाता है ॥ २७४५–२७४७ ॥

कालोदकसमुद्रकी जगतीसे चारों ओर आठ लाख योजन जाकर मानुषोत्तर नामक पर्वत उस द्वीपको सब तरफसे वेष्टित किये हुए है ॥ २७४८ ॥ ८००००० ।

इस पर्वतकी उंचाई सत्तरहसौ इक्कीस योजन और अवगाह चारसौ तीस योजन व एक कोसप्रमाण है ॥ २७४९ ॥ उत्सेध १७२१ यो. । अवगाह ४३० यो. १ को. ।

इस पर्वतका विस्तार मूल, मध्य व शिखरपर क्रमसे एक हजार बाईस, सातसौ तेईस और चारसौ चौबीस योजनमात्र है ॥ २७५० ॥

मूलविस्तार १०२२ । मध्यविस्तार ७२३ । शिखरविस्तार ४२४ यो. ।

देव व विद्याधरोंके मनको हरनेवाला, अनादिनिधन और सुवर्णके सदृश यह मानुषोत्तर पर्वत अभ्यन्तरभागमें टंकोत्कीर्ण और बाह्यभागमें क्रमसे हीन है ॥ २७५१ ॥

उस पर्वतमें चारों ओर क्षेत्रोंके बहुमध्यभागमें उनके पार्श्वभागोंमें प्रकाशमान किरणोंसे संयुक्त दिव्यरत्नमय चौदह गुफायें हैं ॥ २७५२ ॥

१ द ब रुम्म°. २ द ब वोच्छामि. ३ द ब °णगरीदो. ४ द माणुसुत्तरा, ब माणुसुत्तर°. ५ द एक्कतीसं च. ६ द १७३१. ७ ब °मूलमज्झि°. ८ द ब रयणमओ.

ताणं गुहाण रुंदे उदए बहलम्मि अम्ह उवएसो । कालवसेण पणट्ठो सरिकूले जादविडओ व्व [1] ॥ २७५३

अब्भंतरबाहिरए समंतदो होदि दिव्वतडवेदी । जोयणदलमुस्सेहो पणसयचावाणि वित्थारो ॥ २७५४

१ । दं ५०० ।
२

जोयणदलवासजुदो अब्भंतरबाहिरम्मि वणसंडो । पुव्विल्लवेदिएहिं समाणवेदीहि परियरिओ ॥ २७५५

१ ।
२

उवरिं वि माणुसुत्तर [2] समंतदो दोण्णि होंति तडवेदी । अब्भंतरम्मि भागे वणसंडो वेदितोरणेहिं जुदो ॥ २७५६

विउणम्मि सेलवासे जोयणलक्खाणि खिवसु पणदालं । तप्परिमाणं सूई बाहिरभागे गिरिंदस्स ॥ २७५७

४५०२०४४ ।

एक्को जोयणकोडी लक्खा बादाल तीसछसहस्सा । तेरसजुदसत्तसया परिधीए [3] बाहिरम्मि अदिरेओ [4] ॥२७५८

१४२३६७१३ ।

अदिरेयस्स [5] पमाणं सहस्समेक्कं तिसयब्भहियं [6] । तीस धणू इगिहत्थो दहंगुलाइं जवा पंच ॥ २७५९

दं १३३० । ह १ । अं १० । ज ५ ।

उन गुफाओंके विस्तार उंचाई और बाहल्यका उपदेश कालवश हमारे लिये नदीतटपर उत्पन्न हुए वृक्षके समान नष्ट हो गया है ॥ २७५३ ॥

इस पर्वतके अभ्यन्तर व बाह्य भागमें चारों ओर दिव्य तटवेदी है जिसका उत्सेध आध योजन और विस्तार पांचसौ धनुषप्रमाण है ॥ २७५४ ॥ उत्सेध यो. $\frac{1}{2}$ । विस्तार दं. ५०० ।

उसके अभ्यन्तर व बाह्य भागमें पूर्वोक्त वेदियोंके समान वेदियोंसे व्याप्त और आध योजन-मात्र विस्तारसे सहित वनखण्ड है ॥ २७५५ ॥ $\frac{1}{2}$ ।

मानुषोत्तरपर्वतके ऊपर भी चारों ओर दो तटवेदियां हैं । इनके अभ्यन्तरभागमें वेदी व तोरणोंसे संयुक्त वनखण्ड स्थित है ॥ २७५६ ॥

इस पर्वतके दुगुणे विस्तारमें पैंतालीस लाख योजनोंको मिला देनेपर उसकी बाह्य सूचीका प्रमाण होता है ॥ २७५७ ॥ १०२२ × २ + ४५००००० = ४५०२०४४ यो. ।

इस पर्वतकी बाह्य परिधि एक करोड़ ब्यालीस लाख छत्तीस हजार सातसौ तेरह योजनसे अधिक है ॥ २७५८ ॥ १४२३६७१३ ।

यह बाह्य परिधि उपर्युक्त प्रमाणसे जितनी अधिक है, उस अधिकताका प्रमाण एक हजार तीनसौ तीस धनुष एक हाथ दश अंगुल और पांच जौ है ॥ २७५९ ॥

दं. १३३०, ह. १, अं. १०, जौ ५ ।

१ द ब सरिकूडे जादत्रिदलोव्व. २ द ब माणेसुत्तरं. ३ द परिहीए. ४ द ब अधिरेओ. ५ द ब अधिरेयस्स. ६ द सहस्समेक्कं च तीस अभहिय.

पणदालक्खसंखा सूई अब्भंतरम्मि भागम्मि । णवचउदुखतिदुचउइगिअंककमेणेव[1] परिहिजोयणया ॥२७६०

४५००००० । १४२३०२४९ ।

सूजीए कदिए कदि दहगुणमूलं च लद्ध चउभजिदं । समवट्टवसुमईए हवेदि तं सुहमखेत्तफलं ॥ २७६१

णभएक्कपंचदुगसगदुगसगसगपंचतिदुखछक्केक्का । अंककमे खेत्तफलं मणुसजगे सेलफलजुत्तं[2] ॥ २७६२

१६०२३५७७२७२५१० ।

दुगुणाए सूजीए दोसुं वासो विसोधिदस्स कदी । सोज्झस्स[3] चउब्भागं वग्गिय गुणियं च दसगुणं मूलं ॥२७६३

सत्तखणवसत्तेक्का छच्छक्कचउक्कपंचचउएक्कं । अंकक्कमे जोयणया गणियफलं माणुसुत्तरगिरिस्स ॥ २७६४

१४५४६६१७९०७ ।

उवरिम्मि माणुसुत्तरगिरिणो[4] बावीस दिव्वकूडाणिं । पुव्वादिचउदिसासुं पत्तेक्कं तिण्णि तिण्णि चेट्ठंति ॥ २७६५

वेरुलियअसुमगब्भा सउगंधी[5] तिण्णि पुव्वदिब्भाए । रुजगो लोहियअंजणणामा दक्खिणविभागम्मि ॥ २७६६

अभ्यन्तरभागमें इस पर्वतकी सूची पैंतालीस लाख योजन और परिधि अंकक्रमसे नौ, चार, दो शून्य, तीन, दो, चार और एक, इन अंकोंसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन है ॥ २७६० ॥ अभ्यन्तरसूची ४५००००० । परिधि १४२३०२४९ यो. ।

सूचीके वर्गके वर्गको दशसे गुणा करके उसके वर्गमूलमें चारका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना समानगोल क्षेत्रका सूक्ष्म क्षेत्रफल होता है ॥ २७६१ ॥

शून्य, एक, पांच दो, सात, दो, सात, सात, पांच, तीन, दो, शून्य, छह और एक, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजनप्रमाण मानुषोत्तरपर्वतके क्षेत्रफलसहित मनुष्यलोकका क्षेत्रफल है ॥ २७६२ ॥ $\sqrt{(\text{४५०२०४४}^{\text{२}})^{\text{२}} \times \text{१०}} \div \text{४} = \text{१६०२३५७७२७२५१०}$ ।

दुगुणित बाह्यसूचीमेंसे दोनों ओरके व्यास को घटाकर जो शेष रहे उसके वर्गको शोध्य राशिके चतुर्थ भागके वर्गसे गुणित करके पुनः दशगुणा कर वर्गमूल निकालनेपर [वलयाकार क्षेत्रका] क्षेत्रफल आता है ॥ २७६३ ॥

सात, शून्य, नौ, सात, एक, छह, छह, चार, पांच, चार और एक, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजनप्रमाण मानुषोत्तरपर्वतका क्षेत्रफल है ॥ २७६४ ॥

$$\sqrt{\{(\text{४५०२०४४} \times \text{२}) - (\text{१०२२} \times \text{२})\}^{\text{२}} \times \frac{\text{२०४४}^{\text{२}}}{\text{४}} \times \text{१०}} = \text{१४५४६६१७९०७}$$ ।

इस मानुषोत्तर पर्वतके ऊपर बाईस दिव्य कूट स्थित हैं। इनमें पूर्वादिक चारों दिशाओंमेंसे प्रत्येकमें तीन तीन कूट हैं ॥ २७६५ ॥

इनमेंसे वैडूर्य, अश्मगर्भ और सौगन्धी, ये तीन कूट पूर्वदिशामें तथा रुचक, लोहित और अंजन नामक तीन कूट दक्षिणदिशाभागमें स्थित हैं ॥ २७६६ ॥

---

१ द ब कमेणेण. २ द ब सेलपणजुत्तं. ३ द ब सोऊस. ४ द गिरिणा. ५ द बेलुरिव.

अंजणमूलं कणयं[1] रजदं णामेहि पच्छिमदिसाए । फडिहंकपवालाइं कूडाइं उत्तरादिसाए ॥ २७६७
तवणिज्जरयणणामा कूडाइं[3] दोण्णि वि हुदासणदिसाए । ईसाणदिसाभाए पहंजणो वज्जणामो त्ति ॥ २७६८
एक्को च्चिय वेलंबो कूडो चेट्ठेदि मारुददिसाए । णइरिदिदिसाविभागे णामेणं सव्वरयणो त्ति ॥ २७६९
पुव्वादिचउदिसासुं वण्णिदकूडाण अग्गभूमीसुं । एक्केक्कसिद्धकूडा होंति वि मणुसुत्तरे सेले ॥ २७७०
गिरिउदयचउब्भागो उदयो कूडाण होदि पत्तेक्कं । तेत्तियमेत्तो रुंदो[4] मूले सिहरे तदद्धं च ॥ २७७१

४३० को १ । ४३० को १ । २१५ । $\frac{1}{2}$

मूलसिहराण रुंदं मेलिय दलिदम्मि होदि जं लद्धं । पत्तेक्कं कूडाणं मज्झिमविक्खंभपरिमाणं ॥ २७७२

३२२ । को २ । $\frac{3}{4}$

मूलम्मि य सिहरम्मि य कूडाणं होंति दिव्ववणसंडा । मणिमयमंदिररम्मा वेदीपहुदीहिं सोहिल्ला ॥ २७७३
चेट्ठंति माणुसुत्तरसेलस्स य चउसु सिद्धकूडेसुं । चत्तारि जिणणिकेदा णिसहजिणभवणसारिच्छा ॥ २७७४

....

अंजनमूल, कनक और रजत नामक तीन कूट पश्चिम, तथा स्फटिक, अंक और प्रवाल नामक तीन कूट उत्तरदिशामें स्थित हैं ॥ २७६७ ॥

तपनीय और रत्न नामक दो कूट अग्निदिशामें तथा प्रभंजन और वज्र नामक दो कूट ईशानदिशाभागमें स्थित हैं ॥ २७६८ ॥

वायव्यदिशामें केवल एक वेलंबकूट और नैऋत्यदिशाभागमें सर्वरत्न नामक कूट स्थित है ॥ २७६९ ॥

मानुषोत्तरपर्वतके ऊपर पूर्वादिक चार दिशाओंमें बतलाये हुए कूटोंकी अग्रभूमियोंमें एक एक सिद्धकूट भी हैं ॥ २७७० ॥

इन कूटोंमेंसे प्रत्येक कूटकी उंचाई पर्वतकी उंचाईके चतुर्थ भागप्रमाण, तथा इतना ही उनका मूलमें विस्तार भी है। शिखरपर इससे आधा विस्तार है ॥ २७७१ ॥

उत्सेध यो. ४३०, को. १ । मूलविस्तार यो. ४३०, को. १ । शिखरविस्तार यो. २१५, को. $\frac{1}{2}$ ।

मूल और शिखरके विस्तारको मिलाकर आधा करनेपर जो प्राप्त हो उतना प्रत्येक कूटके मध्यम विस्तारका प्रमाण है ॥ २७७२ ॥

$$४३०\frac{1}{4} + २१५\frac{1}{8} \div २ = ३२२\frac{11}{16} = \text{यो. } ३२२, \text{ को. } २\frac{3}{4}$$ ।

कूटोंके मूलमें व शिखरपर मणिमय मन्दिरोंसे रमणीय और वेदीआदिकोंसे सुशोभित दिव्य वनखण्ड स्थित हैं ॥ २७७३ ॥

मानुषोत्तरपर्वतके चारों सिद्धकूटोंपर निषधपर्वतपर स्थित जिनभवनोंके सदृश चार जिन-मन्दिर स्थित हैं ॥ २७७४ ॥

....

१ ब कहो रजवणामेहि, ब कण्णेय रजदणामेहि. २ द ब पडिहंक°. ३ द ब कूडाए. ४ द ब तेत्तियमेत्ता रुंदे.

सेसेसुं कूडेसुं वेंतरदेवाण दिव्वपासादा । वररयणकंचणमया पुव्वोदिदवण्णणेहिं जुदा ॥ २७७५

पुव्वदिसाए जसस्सदिजसकंतजसोधरा तिकूडेसुं । कमसो अहिवइदेवा बहुपरिवारेहिं चेट्ठंति ॥ २७७६

दक्खिणदिसाए णंदो णंदुत्तरअसणिघोसणामा य । कूडतिदयम्मि वेंतरदेवा णिवसंति लीलाहिं ॥ २७७७

सिद्धत्थो वेसमणो माणसदेओ त्ति पच्छिमदिसाए । णिवसंति तिकूडेसुं तग्गिरिणो वेंतराहिवई ॥ २७७८

उत्तरदिसाए देओ सुदंसणो मेघसुप्पबुद्धक्खा । कूडतिदयम्मि कमसो होंति हु मणुसुत्तरगिरिस्स ॥ २७७९

अग्गिदिसाए सादीदेओ तवणिज्जणामकूडम्मि । चेट्ठंति रयणकूडे भवणिंदो वेणुणामेणं ॥ २७८०

ईसाणदिसाए सुरो हणुमाणो[1] वज्जणाभिकूडम्मि । वसदि पभंजणकूडे भवणिंदो वेणुधारि त्ति ॥ २७८१

वेलंबणामकूडे वेलंबो णाम मारुददिसाए । सव्वरयणम्मि णइरिदिदिसाए सो वेणुधारि त्ति ॥ २७८२

णइरिदिपवणदिसाओ वज्जिय अट्ठसु दिसासु पत्तेक्कं । तिय तिय कूडा सेसं[3] पुव्वं वा केइ इच्छंति ॥ २७८३

धादइसंडपवण्णिदइसुगारगिरिंदसरिसवण्णणया । आयामेणं दुगुणं दीवम्मि य पोक्खरद्धम्मि ॥ २७८४

शेष कूटोंपर पूर्वोक्त वर्णनाओंसे संयुक्त उत्तम रत्न एवं सुवर्णमय व्यन्तरदेवोंके दिव्य प्रासाद हैं ॥ २७७५ ॥

मानुषोत्तरशैलके पूर्वदिशासम्बन्धी तीन कूटोंपर क्रमसे यशस्वान्, यशस्कान्त और यशोधर नामक तीन अधिपति देव बहुत परिवारके साथ निवास करते हैं ॥ २७७६ ॥

इसीप्रकार दक्षिणदिशाके तीन कूटोंपर नन्द (नन्दन), नन्दोत्तर और अशनिघोष नामक तीन व्यन्तरदेव लीलापूर्वक निवास करते हैं ॥ २७७७ ॥

उस पर्वतके पश्चिमदिशासम्बन्धी तीन कूटोंपर सिद्धार्थ, वैश्रवण (क्रमण) और मानसदेव (मानुष), ये तीन व्यन्तराधिपति निवास करते हैं ॥ २७७८ ॥

मानुषोत्तरपर्वतके उत्तरदिशासम्बन्धी तीन कूटोंपर क्रमशः सुदर्शन, मेघ (अमोघ) और सुप्रबुद्ध नामक तीन देव स्थित हैं ॥ २७७९ ॥

अग्निदिशाके तपनीय नामक कूटपर स्वातिदेव और रत्नकूटपर वेणु नामक भवनेन्द्र स्थित है ॥ २७८० ॥

ईशानदिशाके वज्रनाभिकूटपर हनुमान नामक देव और प्रभंजनकूटपर वेणुधारी (प्रभंजन) भवनेन्द्र रहता है ॥ २७८१ ॥

वायव्यदिशाके वेलम्ब नामक कूटपर वेलम्ब नामक और नैऋत्यदिशाके सर्वरत्नकूटपर वेणुधारी (वेणुनीत) भवनेन्द्र रहता है ॥ २७८२ ॥

आठ दिशाओंमेंसे नैऋत्य और वायव्य दिशाओंको छोड़कर शेष दिशाओंमेंसे प्रत्येकमें तीन तीन कूट हैं। शेष वर्णन पूर्वके ही समान है, ऐसा कितने ही आचार्य स्वीकार करते हैं ॥ २७८३ ॥

पुष्करार्द्धद्वीपमें भी धातकीखण्डमें वर्णित इष्वाकार पर्वतोंके सदृश वर्णनवाले और आयामसे दुगुणे [दो इष्वाकार पर्वत स्थित] हैं ॥ २७८४ ॥

---

१ द ब हणुणामो. २ द ब सभंजण. ३ द ब सेसुं.

दोण्णि वि इसुगाराणं विचाले होंति दोण्णि विजयवरा । चंदद्धसमायारा[1] एक्केका तासु मेरुगिरी ॥ २७८५
धादइसंडे दीवे जेत्तियकुंडाणि जेत्तिया विजया । जेत्तियसरोवर जेत्तियसेलवरा जेत्तियणईओ ॥ २७८६
पोक्खरदीवद्धेसुं तेत्तियमेत्ताणि ताणि चेट्ठंति । दोण्णं इसुगाराणं गिरीण विच्चालभाएसुं ॥ २७८७
विजया विजयाण तहा वेयड्डाणं हवंति वेयड्डा । मेरुगिरीणं मेरू कुलसेला कुलगिरीणं च ॥ २७८८
सरियाणं सरियाओ णाभिगिरिंदाण णाभिसेलाणिं । पणिधिगदा तियदीवे[3] च उस्सेहसमं विणा मेरुं[4] ॥२७८९
एदाणं रुंदाणिं जंबूदीवम्मि भणिदरुंदादो । एत्थ चउग्गुणिदाइं णेयाइं जेण पढमविणा[5] ॥ २७९०
मुक्का मेरुगिरिंदं कुलगिरिपहुदीणि दीवतिदयम्मि । वित्थारुच्छेहसमो केई एवं परूवेंति ॥ २७९१
छविदूण माणुसुत्तरसेलं कालोदगं च चेट्ठंति । चत्तारो विजयड्ढा दीवद्धे बारस कुलद्दी ॥ २७९२
दीवम्मि पोक्खरद्धे कुलसेलादी तह य दीहविजयड्ढा । अब्भंतरम्मि बाहिं अंकमुहा ते खुरुप्पसंठाणा ॥ २७९३
वज्जिय जंबूसामलिणामाइं विजयसरगिरिप्पहुदिं । जंबूदीवसमाणं णामाणिं एत्थ वत्तव्वा[7] ॥ २७९४

इन दोनों इष्वाकार पर्वतोंके बीचमें अर्धचन्द्रके समान (चक्ररंध्रके समान ?) आकारवाले दो उत्तम क्षेत्र और उनमें (दोनों विदेहोंमें) एक एक मेरु पर्वत है ॥ २७८५ ॥

धातकीखण्डद्वीपमें जितने कुंड, जितने विजय, जितने सरोवर, जितने श्रेष्ठ पर्वत और जितनी नदियां हैं, उतने ही वे सब पुष्करार्द्धद्वीपमें भी दोनों इष्वाकार पर्वतोंके अन्तरालभागोंमें स्थित हैं ॥ २७८६-२७८७ ॥

तीनों द्वीपोंमें प्रणिधिगत विजयोंके सदृश विजय, विजयार्द्धोंके सदृश विजयार्द्ध, मेरुपर्वतोंके सदृश मेरुपर्वत, कुलगिरियोंके सदृश कुलगिरि , नदियोंके सदृश नदियां, तथा नाभिगिरियोंके सदृश नाभिपर्वत हैं । इनमेंसे मेरुको छोड़कर शेष सबकी उंचाई समान है ॥ २७८८-२७८९ ॥

सर्व प्रथम कहे हुए विजयोंको छोड़ इनका विस्तार यहां जम्बूद्वीपमें बतलाये हुए विस्तारसे चौगुणा जानना चाहिये ॥ २७९० ॥

मेरुपर्वतको छोड़कर शेष कुलाचल आदिकोंका विस्तार व उंचाई तीनों द्वीपोंमें समान है ऐसा कितने ही आचार्य निरूपण करते हैं ॥ २७९१ ॥

पुष्करार्द्धद्वीपमें चार विजयार्द्ध व बारह कुलपर्वत मानुषोत्तरशैल और कालोदकसमुद्रको छूकर स्थित हैं ॥ २७९२ ॥

पुष्करार्द्धद्वीपमें स्थित वे कुलपर्वतादिक तथा दीर्घविजयार्द्ध अभ्यन्तर व बाह्य भागमें क्रमसे अंकमुख और क्षुरप्रके सदृश आकारवाले हैं ॥ २७९३ ॥

यहां जम्बू और शाल्मली वृक्षोंके नामोंको छोड़कर शेष क्षेत्र, तालाब और पर्वतादिकके नाम जम्बूद्वीपके समान ही कहने चाहिये ॥ २७९४ ॥

---

१ [अररंधसमायारा]. २ द ब सरोवण. ३ द ब पणिधिसदातियवेदी. ४ द ब अणा मेरु. ५ द ब पढणविणा. ६ ब खुरप्प°. ७ द ब वत्तंओ.

दोपासेसु य दक्खिणइसुगारगिरिस्स दो भरहखेत्ता । उत्तरइसुगारस्स य हवंति एरावदा दोण्णि ॥ २७९५
दोण्णं इसुगाराणं बारसकुलपव्वयाण विच्चाले । चेट्ठंति सयलविजया अरविवरसरिच्छसंठाणा ॥ २७९६
अंकायारा विजया हवंति अब्भंतरम्मि भागम्मि । सत्तिमुहं पिव बाहिं सयडुद्धिसमा वि पस्सभुजा ॥ २७९७
चत्तारि सहस्साणिं दुसया दसजोयणाणि दसभागा । विक्खंभो हिमवंते णिसहंत चउग्गुणो कमसो ॥२७९८

४२१० । १० / १९ | १६८४२ । २ / १९ | ६७३६८ । ८ / १९ |

एदाणं तिणगाणं विक्खंभं मेलिदूण चउगुणिदं । सव्वाणं णादव्वं रुंदसमासं कुलगिरीणं ॥ २७९९
दोण्णं इसुगाराणं विक्खंभं बेसहस्सजोयणया । तं पुव्वम्मि विमिस्सं दीवद्धे सेलरुद्धखिदी ॥ २८००

२००० ।

जोयणलक्खत्तिदयं पणवण्णसहस्स छस्सयाणिं पि । चउसीदि चउब्भागा गिरिरुद्धखिदीए परिमाणं ॥२८०१

३५५६८४ । ४ / १९ |

आदिमपरिहिप्पहुदीचरिमंतं इच्छिदाण परिहीसुं । गिरिरुद्धखिदिं सोधिय बारसजुदबेसएहिं भजिदूणं ॥२८०२

दक्षिण इष्वाकार पर्वतके दोनों पार्श्वभागोंमें दो भरतक्षेत्र, और उत्तर इष्वाकार पर्वतके दोनों पार्श्वभागोंमें दो ऐरावतक्षेत्र हैं ॥ २७९५ ॥

दोनों इष्वाकार और बारह कुलपर्वतोंके अन्तरालमें चक्रके अरोंके छेदोंके सदृश आकारवाले सब विजय स्थित हैं ॥ २७९६ ॥

सब क्षेत्र अभ्यन्तरभागमें अंकाकार और बाह्यभागमें शक्तिमुख हैं । इनकी पार्श्वभुजायें गाड़ीकी उद्धिके समान हैं ॥ २७९७ ॥

हिमवान्पर्वतका विस्तार चार हजार दोसौ दश योजन और एक योजनके उन्नीस भागोंमेंसे दश भाग अधिक है । इसके आगे निषधपर्वतपर्यंत क्रमसे उत्तरोत्तर चौगुणा विस्तार है ॥ २७९८ ॥ हिमवान् ४२१०$\frac{१०}{१९}$ । महाहिमवान् १६८४२$\frac{२}{१९}$ । निषध ६७३६८$\frac{८}{१९}$ ।

इन तीनों पर्वतोंके विस्तारको मिलाकर चौगुणा करनेपर जो प्राप्त हो उतने योजनप्रमाण सब कुलपर्वतोंका समस्त विस्तार जानना चाहिये ॥ २७९९ ॥

$$४२१०\frac{१०}{१९} + १६८४२\frac{२}{१९} + ६७३६८\frac{८}{१९} \times ४ = ३५३६८४\frac{४}{१९} ।$$

दोनों इष्वाकार पर्वतोंका विस्तार दो हजार योजनप्रमाण है । इसको पूर्वोक्त कुलपर्वतोंके समस्त विस्तारमें मिला देनेपर पुष्करार्द्धद्वीपमें पर्वतरुद्धक्षेत्रका प्रमाण होता है ॥ २८०० ॥

$$२००० + ३५३६८४\frac{४}{१९} = ३५५६८४\frac{४}{१९} ।$$

पर्वतरुद्ध क्षेत्रका प्रमाण तीन लाख पचवन हजार छहसौ चौरासी योजन और चार भाग अधिक है ॥ २८०१ ॥ ३५५६८४$\frac{४}{१९}$ ।

पुष्करार्द्धद्वीपकी आदिम परिधिसे लेकर अन्तिमान्त इच्छित परिधियोंमेंसे पर्वतरुद्ध क्षेत्रको कम करके शेषमें दोसौ बारहका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसको अपनी अपनी शलाकाओंसे

१ द सत्तमुहं. २ द ब सयदुद्धिसमो.

सगसगसलायगुणिदं होदि पुढं भरहपहुदिविजयाणं । इच्छिदपदेसरुंदा तहिं तहिं तिण्णि णियमेणं ॥ २८०३

अहवा—

भरहादिसु विजयाणं बाहिररुंदम्मि आदिमं रुंदं । सोहिय अडलक्खहिदे खयवड्ढी इच्छिदपदेसे ॥ २८०४

एक्कत्तालसहस्सा पंचसया जोयणाणि उणसीदी । तेहत्तरिउत्तरसदकलाओ अब्भंतरे भरहरुंदं ॥ २८०५

४१५७९ । $\frac{१७३}{२१२}$

भरहस्स मूलरुंदं चउगुणिदे होदि हेमवदभूए[1] । अब्भंतरम्मि रुंदं तह हरिवरिसस्स चउगुणिदं ॥ २८०६

१६६३१९ । $\frac{५६}{२१२}$ | ६६५२७७ । $\frac{१२}{२१२}$

हरिवरिसो चउगुणिदो रुंदो अब्भंतरे विदेहस्स । सेसवरिसाण रुंदं पत्तेक्कं चउगुणा हाणी ॥ २८०७

२६६११०८ । $\frac{४८}{२१२}$ | ६६५२७७ । $\frac{१२}{२१२}$ | १६६३१९ । $\frac{५६}{२१२}$ | ४१५७९ । $\frac{१७३}{२१२}$

एवं सगसगविजयाणं आदिमरुंदपहुदीओ । बाहिरचरिमपदेसे रुंदंतिमं ति[2] वत्तव्वं ॥ २८०८

गुणा करनेपर नियमसे भरतादिक क्षेत्रोंका वहां वहां इच्छित स्थानमें (आदि, मध्य और अन्तमें) तीनों प्रकारका विस्तारप्रमाण होता है ॥ २८०२–२८०३ ॥

९१७०६०५—३५५६८४ ÷ २१२ × १ = ४१५७९$\frac{१७३}{२१२}$ भ. क्षे. का आदिविष्कम्भ ।

अथवा—

भरतादिक क्षेत्रोंके बाह्य विस्तारमेंसे आदिम विस्तारको घटाकर जो शेष रहे उसमें आठ लाखका भाग देनेपर इच्छित स्थानमें क्षय-वृद्धिका प्रमाण आता है ॥ २८०४ ॥

६५४४६$\frac{१३}{२१२}$ – ४१५७९$\frac{१७३}{२१२}$ ÷ ८००००० = $\frac{१२६४९११}{४२४०००००}$ हा. वृ. ।

इकतालीस हजार पांचसौ उन्यासी योजन और एकसौ तिहत्तर भाग अधिक भरतक्षेत्रका अभ्यन्तरविस्तार है ॥ २८०५ ॥ ४१५७९ $\frac{१७३}{२१२}$ ।

भरतक्षेत्रके मूलविस्तारको चारसे गुणा करनेपर हैमवतक्षेत्रका अभ्यन्तरविस्तार और इसको भी चारसे गुणा करनेपर हरिवर्षका अभ्यन्तरविस्तार होता है ॥ २८०६ ॥

हैमवत १६६३१९$\frac{५६}{२१२}$ । हरि ६६५२७७$\frac{१२}{२१२}$ ।

हरिवर्षक्षेत्रके विस्तारको चारसे गुणा करनेपर विदेहक्षेत्रका अभ्यन्तरविस्तार होता है। फिर इसके आगे शेष क्षेत्रोंके विस्तारमें क्रमशः चतुर्गुणी हानि होती गई है ॥ २८०७ ॥

विदेह २६६११०८$\frac{४८}{२१२}$ । रम्यक ६६५२७७$\frac{१२}{२१२}$ । हैरण्यवत १६६३१९$\frac{५६}{२१२}$ ।
ऐरावत ४१५७९$\frac{१७३}{२१२}$ ।

इसप्रकार अपने अपने क्षेत्रोंका आदिम विस्तार आदि है। अब बाह्य चरम प्रदेशपर इनका अन्तिम विस्तार कहा जाता है ॥ २८०८ ॥

१ द ब हेमवभूये. २ द ब बाहिरदुचरिमपदेसे रुंदंतिवचि.

पणसट्ठिसहस्साणिं चउस्सया जोयणाणि छादालं । तेरस कलाओ भणिदं भरहक्खिदिबाहिरे रुंदं ॥ २८०९

६५४४६ । १३/२१२ |

एत्थ वि पुव्वं व णेदव्वं ।

पुक्खरवरद्धदीवे खुल्लयहिमवंतसिहरिमज्झिल्ले । पउमद्दहपुंडरीए पुव्ववरदिसम्मि णिग्गदणदीओ ॥ २८१०

अट्ठेक्कछअट्ठतियं अंककमे जोयणाणि गिरिउवरिं । गंतूणं पत्तेक्कं दक्खिणउत्तरदिसम्मि जंति कमे ॥ २८११

३८६१८ ।

धादइसंडपवण्णिददोण्णं मेरूण सव्ववण्णणयं । एत्थेव य वत्तव्वं गयदंतब्भद्दसालकुरुरहिदं ॥ २८१२

छक्केक्कएक्कछदुगछक्केक्कं जोयणाणि मेरूणं । अब्भंतरभागट्ठियगयदंताणं चउण्हाणं ॥ २८१३

१६२६११६ ।

णवइगिदोदोचउणभदो अंककमेण जोयणा दीहं । दोमेरूणं बाहिरगयदंताणं चउण्हाणं ॥ २८१४

२०४२२१९ ।

छत्तीसं लक्खाणिं अडसट्ठिसहस्सतिसयपणतीसा । जोयणयाणिं पोक्खरदीवद्धे होदि कुरुचावं ॥ २८१५

३६६८३३५ ।

पैंसठ हजार चारसौ छ्यालीस योजन और तेरह कला अधिक भरतक्षेत्रका बाह्य भागमें विस्तार कहा गया है ॥ २८०९ ॥ $१४२३०२४९ - ३५५६८४\frac{४}{१९} \div २१२ \times १ = ६५४४६\frac{१३}{२१२}$ ।

पहिलेके समान यहांपर भी हैमवतादिक क्षेत्रोंका विस्तार चतुर्गुणी वृद्धि व हानिरूप जानना चाहिये ।

पुष्करार्धद्वीपमें क्षुद्रहिमवान् और शिखरी पर्वतपर स्थित पद्मद्रह व पुण्डरीकद्रहके पूर्व और पश्चिमदिशासे निकली हुई नदियां अंकक्रमसे आठ, एक, छह, आठ और तीन अंकप्रमाण अर्थात् अड़तीस हजार छहसौ अठारह योजनमात्र पर्वतके ऊपर जाकर क्रमसे प्रत्येक दक्षिण व उत्तरदिशाकी ओर जाती हैं ॥ २८१०-२८११ ॥ ३८६१८ ।

धातकीखण्डमें वर्णित दोनों मेरुओंका समस्त वर्णन गजदन्त, भद्रशाल और कुरुक्षेत्रोंको छोड़कर यहांपर भी कहना चाहिये ॥ २८१२ ॥

छह, एक, एक, छह, दो, छह और एक, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजनप्रमाण मेरुओंके अभ्यन्तरभागमें स्थित चारों गजदन्तोंकी लंबाई है ॥ २८१३ ॥

१६२६११६ ।

नौ, एक, दो, दो, चार, शून्य और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या प्राप्त हो उतने योजनप्रमाण दोनों मेरुओंके बाह्यभागमें स्थित चारों गजदन्तपर्वतोंकी लंबाई है ॥ २८१४ ॥

२०४२२१९ ।

पुष्करार्द्धद्वीपमें कुरुक्षेत्रका धनुष छत्तीस लाख अड़सठ हजार तीनसौ पैंतीस योजनमात्र है ॥ २८१५ ॥ ३६६८३३५ ।

१ द पण्णट्ठ. २ द ब पुव्वं णेदव्वं. ३ द ब 'सिहर. ४ द पउद्दसह°, ब पउमद्दसह°. ५ ब गयदंतभद्दसालकुरुरहिदा. ६ द ब अंककमेणाणि.

चोद्दसजोयणलक्खा छासीदिसहस्सणवसयाइं इगितीसा । उत्तरदेवकुरूए पत्तेक्कं होदि रजुबाणो ॥ २८१६

१४८६९३१ ।

चउजोयणलक्खाणिं छत्तीससहस्स णवसयाइं पि । सोलसजुदाणि कुरवे[1] जीवाए होदि परिमाणं ॥ २८१७

४३६९१६ ।

इसुवग्गं चउगुणिदं जीवावग्गम्मि खिवत तम्मि तदो । चउगुणबाणविहत्ते लद्धं वट्टस्स विक्खंभो ॥ २८१८

पण्णारसलक्खाणिं उणवीससहस्सयाइं छव्वीसा । इगिवीसजुदसदंसा पोक्खरकुरुमंडले[3] खेत्तं ॥ २८१९

१५११९०२६ । $\frac{१२१}{२१२}$

सत्तारसलक्खाणिं चोद्दसजुदसत्तहत्तरिसयाणिं । अट्ठकलाओ पोक्खरकुरुवंसए होदि वंकइसू ॥ २८२०

१७०७७१४ । $\frac{८}{२१२}$

बे लक्खा पण्णारससहस्ससत्तसयअट्ठवण्णाओ । पुव्वावरेण रुंदं दीवद्धे भद्दसालवणं ॥ २८२१

२१५७५८ ।

एक्केक्कभद्दसालरुंदा—२४५१ । $\frac{७०}{८८}$[4]

उत्तरदक्खिणभागट्ठिदाणं[5] जो होदि भद्दसालाणं[6] । विक्खंभो कालवसा उच्छिण्णो तस्स उवदेसो ॥ २८२२

....

उत्तर और देवकुरुमेंसे प्रत्येकका ऋजुबाण चौदह लाख छयासी हजार नौसौ इकतीस योजनप्रमाण है ॥ २८१६ ॥ १४८६९३१ ।

कुरुक्षेत्रकी जीवाका प्रमाण चार लाख छत्तीस हजार नौसौ सोलह योजनमात्र है ॥२८१७॥

४३६९१६ ।

बाणके वर्गको चौगुणाकर उसे जीवाके वर्गमें मिला दो पुनः चौगुणे बाणका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना गोलक्षेत्रका विस्तार होता है ॥ २८१८ ॥

पुष्करद्वीपसम्बधी कुरुओंका मण्डलाकार क्षेत्र पन्द्रह लाख उन्नीस हजार छब्बीस योजन और एकसौ इक्कीस भाग अधिक है ॥ २८१९ ॥ १५११९०२६$\frac{१२१}{२१२}$ ।

पुष्करद्वीपसम्बन्धी कुरुक्षेत्रका वक्रबाण सत्तरह लाख सतहत्तरसौ चौदह योजन और आठ कलाप्रमाण है ॥ २८२० ॥ १७०७७१४$\frac{८}{२१२}$ ।

पुष्करार्द्धद्वीपमें भद्रशालवनका पूर्वापर विस्तार दो लाख पन्द्रह हजार सातसौ अट्ठावन योजनमात्र है ॥ २८२१ ॥ २१५७५८ ।

एक एक भद्रशालका विस्तार २४५१$\frac{७०}{८८}$ ।

उत्तर-दक्षिण भागमें स्थित भद्रशालवनोंका जो कुछ विस्तार है, उसका उपदेश कालवश नष्ट हो गया है ॥ २८२२ ॥

....

१ द कक्खे. २ द चउवीस. ३ द मंगले. ४ द $\frac{५६८}{२११२}$, ब $\frac{५१}{२१२}$ । ५ द ब 'ठिदाणि. ६ द ब भद्दसालवणं.

गिरिभद्दसालविजया वक्खारविभंगसरिसुरारण्णा । पुव्वावरवित्थारा[1] पोक्खरदीवे विदेहाणं ॥ २८२३
एदाणं पत्तेक्कं मंदरसेलाण धरणिपट्टम्मि । जोयणचउणवदिसया विक्खंभो पोक्खरद्धम्मि ॥ २८२४

९४०० ।

दो लक्खा पण्णारससहस्ससत्तसयसदट्ठवण्णाओ । जोयणया पुव्वावररुंदो एक्केक्कभद्दसालाणं ॥ २८२५

२१५७५८ ।

उणवीससहस्साणिं सत्तसया जोयणाणि चउणउदी । चउभागो पत्तेक्कं रुंदा चउसट्ठिविजयाणं ॥ २८२६

१९७९४ । १/४

दुसहस्सजोयणाणिं वासा वक्खारयाण पत्तेक्कं । पंचसयजोयणाणिं विभंगसरियाण विक्खंभो ॥ २८२७

२००० । ५००

एक्करससहस्साणिं जोयणया छस्सयाणि अडसीदी । पत्तेक्कं वित्थारो देवारण्णाण दोण्णं पि ॥ २८२८

११६८८ ।

मंदरगिरिपहुदीणं णियणियसंखाए ताडिदं[2] तदिदं । णियणियरुद्धा वासा वासाणं होदि पिंडफलं ॥ २८२९
तं पिंडमट्ठलक्खेसु सोधिदे जं हवे सेसं[3] । णियसंखाए भजिदे णियणियवासा हवंति पत्तेक्कं ॥ २८३०

पुष्करद्वीपमें विदेहोंके गिरि, भद्रशाल, विजय, वक्षार, विभंगनदियां और देवारण्य, ये पूर्व-पश्चिम विस्तृत हैं ॥ २८२३ ॥

पुष्करार्द्धद्वीपमें इन मन्दरपर्वतोंमेंसे प्रत्येकका विस्तार पृथिवीपृष्ठपर चौरानबैसो योजन-प्रमाण है ॥ २८२४ ॥ ९४०० ।

प्रत्येक भद्रशालका पूर्वापरविस्तार दो लाख पन्द्रह हजार सातसौ अट्ठावन योजनप्रमाण है ॥ २८२५ ॥ २१५७५८ ।

चौंसठ विजयोंमेंसे प्रत्येकका विस्तार उन्नीस हजार सातसौ चौरानबै योजन और चतुर्थ भागसे अधिक है ॥ २८२६ ॥ १९७९४ $\frac{1}{4}$ ।

प्रत्येक वक्षारोंका विस्तार दो हजार योजन और प्रत्येक विभंगनदियोंका विस्तार पांचसौ योजनमात्र है ॥ २८२७ ॥ २००० । ५०० ।

दोनों देवारण्योंमेंसे प्रत्येकका विस्तार ग्यारह हजार छहसौ अठासी योजनप्रमाण है ॥ २८२८ ॥ ११६८८ ।

[इष्टसे रहित] मन्दरपर्वतादिकोंके अपने अपने विस्तारको अपनी अपनी संख्यासे गुणित करनेपर जो प्राप्त हो वह अपने अपने द्वारा रुद्ध विस्तार होता है । इन विस्तारोंका जो पिण्डफल हो उस पिण्डफलको आठ लाखमेंसे घटाकर शेषको अपनी संख्यासे भाजित करनेपर प्रत्येकके अपने अपने विस्तार होते हैं ॥ २८२९–२८३० ॥

---

१ द ब 'वित्थारो. २ द ब तादिसं. ३ द ब स पिंड अट्ठसु लक्खेसु सोधिदे सव्वदेसेसं.

दुगुणम्मि भद्दसाले मंदरसेलस्स खिवसु विक्खंभं । मज्झिमसूईजुत्तं सा सूजी कच्छगंधमालिणिए ॥२८३१
एकत्तालं लक्खा चालीससहस्स णवसया सोलं । दोमेरूणं बाहिर दुभद्दसालाण अंतो त्ति ॥ २८३२

४१४०९१६ ।

तस्सूजीए परिही एक्कं कोडी य तीसलक्खाणिं । चउणउदिसहस्साणिं सत्तसया जोयणाणि छव्वीसं ॥२८३३

१३०९४७२६ ।

पव्वदविसुद्धपरिहीसेसं चउसट्ठिरूपसंगुणिदं । बारसजुददुसएहिं भजिदम्हि विदेहदीहत्तं ॥ २८३४
अट्ठचउसत्तपणचउअट्ठतिअंकक्कमेण जोयणया । बारसअधियसयंसा तट्ठाणविदेहदीहत्तं ॥ २८३५

३८४५७४८ । $\frac{११२}{२१२}$

सीदासीदोदाणं वासं दुसहस्स तम्मि अवणिज्जं । अवसेसद्धं दीहं कणिट्ठयं कच्छगंधमालिणिए ॥ २८३६
चउसत्तट्ठेक्कदुगं[1] णवएक्कंकक्कमेण जोयणया । छावण्णकला दीहं कणिट्ठयं कच्छगंधमालिणिए ॥ २८३७

१९२१८७४ । $\frac{५६}{२१२}$

भद्रशालके दुगुणे विस्तारमें मन्दरपर्वतके विस्तारको मिलाकर जो प्राप्त हो उसे मध्यम सूचीमें मिला देनेपर वह कच्छा और गन्धमालिनीकी सूची होती है ॥ २८३१ ॥

उक्त सूची दोनों मेरुओंके बाहिर दोनों भद्रशालोंके अन्त तक इकतालीस लाख चालीस हजार नौसौ सोलह योजनप्रमाण है ॥ २८३२ ॥

(२१५७५८ × २) + ९४०० + ३७००००० = ४१४०९१६ । ४१४०९१६ ।

इस सूचीकी परिधि एक करोड़ तीस लाख चौरानबै हजार सातसौ छब्बीस योजनप्रमाण है ॥ २८३३ ॥ १३०९४७२६ ।

इस परिधिमेंसे पर्वतरुद्ध क्षेत्रको घटाकर शेषको चौंसठसे गुणा करके दोसौ बारहका भाग देनेपर विदेहकी लंबाईका प्रमाण आता है ॥ २८३४ ॥

आठ, चार, सात, पांच, चार, आठ और तीन, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और एकसौ बारह भाग अधिक कच्छा और गन्धमालिनीके पास विदेहकी लंबाई है ॥ २८३५ ॥

(१३०९४७२६ – ३५५६८४ $\frac{४}{०}$) × ६४ ÷ २१२ = ३८४५७४८ $\frac{११२}{२१२}$ ।

इसमेंसे सीता-सीतोदा नदियोंके दो हजार योजनप्रमाण विस्तारको घटा देनेपर जो शेष रहे उसके अर्धभागप्रमाण कच्छा और गन्धमालिनी देशकी कनिष्ठ अर्थात् आदिम लंबाई है ॥ २८३६ ॥

चार, सात, आठ, एक, दो, नौ और एक, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और छप्पन कला अधिक कच्छा और गन्धमालिनीकी आदिम लंबाई है ॥ २८३७ ॥ ३८४५७४८ $\frac{११२}{२१२}$ – २००० ÷ २ = १९२१८७४ $\frac{५६}{२१२}$ ।

---

१ द चउसत्तेकदु.

विजयादीणं वासं तव्वग्गं दसगुणिज्ज तम्मूलं । गिण्हह[1] तत्तो पुह पुह बत्तीसगुणं च करेमाणं ॥ २८३८

बारसजुददुसएहिं भजिदूणं कच्छरुंदमेलविदं[2] । णियणियठाणे वासो अद्धसरूवं[3] विदेहस्स ॥ २८३९

णवजोयणयसहस्सा चत्तारि सयाणि अट्ठताले पि । छप्पण्णकलाओ तह विजयाणं होदि परिवड्ढी ॥ २८४०

९४४८ । $\frac{५६}{२१२}$

चउवण्णब्भहियाणि[4] सयाणि णव जोयणाणि तह भागा । वीसुत्तरसदमेत्ता वक्खारगिरीण परिवड्ढी ॥ २८४१

९५४ । $\frac{१२०}{२१२}$

जोयणसयाणि दोण्णि अट्ठत्तीसाधियाणि तह भागा । छत्तीसउत्तरसयं विभंगसरियाण परिवड्ढी ॥ २८४२

२३८ । $\frac{१३६}{२१२}$

पंचसहस्सा जोयण पंचसया अट्ठहत्तरीजुत्ता । चउसीदिजुदसदंसा देवारण्णाण परिवड्ढी ॥ २८४३

५५७८ । $\frac{१८४}{२१२}$

विजयादीणं आदिमदीहे वड्ढिं खिवेज्ज तं होदि । मज्झिमदीहं मज्झिमदीहे तं[5] खिवसु अंतदीहत्तं ॥ २८४४

विजयादिकोंका जो विस्तार हो, उसके वर्गको दशसे गुणा करके उसका वर्गमूल ग्रहण करे। पश्चात् उसे पृथक् पृथक् बत्तीससे गुणा करके प्राप्त गुणनफलमें दोसौ बारहका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसे कच्छादेशके विस्तारमें मिलानेसे अपने अपने स्थानपर अर्ध विदेहका विस्तार होता है ॥ २८३८–२८३९ ॥

विजयोंकी वृद्धिका प्रमाण नौ हजार चारसौ अड़तालीस योजन और छप्पन कला अधिक है ॥ २८४० ॥ $\sqrt{(१९७०९४\frac{१}{३})^2 \times १० } \times ३२ \div २१२ = ९४४८\frac{५६}{२१२}$ ।

नौसौ चौवन योजन और एकसौ बीस भागमात्र वक्षारपर्वतोंकी वृद्धिका प्रमाण है ॥ २८४१ ॥ $\sqrt{२०००^2 \times १०} \times ३२ \div २१२ = ९५४\frac{१२०}{२१२}$ ।

दोसौ अड़तीस योजन और एकसौ छत्तीस भाग अधिक विभंगनदियोंकी वृद्धिका प्रमाण है ॥ २८४२ ॥ $\sqrt{५००^2 \times १०} \times ३२ \div २१२ = २३८\frac{१३६}{२१२}$ ।

पांच हजार पांचसौ अठत्तर योजन और एकसौ चौरासी भागमात्र देवारण्योंकी वृद्धिका प्रमाण है ॥ २८४३ ॥ $\sqrt{११६८८^2 \times १०} \times ३२ \div २१२ = ५५७८\frac{१८४}{२१२}$ ।

विजयादिकोंकी आदिम लंबाईमें उक्त वृद्धिप्रमाणको मिला देनेपर उनकी मध्यम लंबाईका प्रमाण, और मध्यम लंबाईमें भी उस वृद्धिप्रमाणको मिला देनेसे उनकी अन्तिम लंबाईका प्रमाण होता है ॥ २८४४ ॥

१ द ब गिण्हेह. २ द ब कच्छूणमेलविदं. ३ द ब चकसरुवं. ४ द ब ब्भहियाणं. ५ द °दीहत्तं.

दोदोतियइगितियणवएक्कं अंकक्कमेण अंसा य । बारुत्तरएक्कसयं मज्झिल्लं कच्छगंधमालिणिए ॥ २८४५

१९३१३२२ । $\frac{११२}{२१२}$

णभसत्तसत्तणभचउणवेक्कअंकक्कमेण अंसा य । अडसट्ठिसयं विजयदुवक्खारणगाणमंतमादिल्लं ॥ २८४६

१९४०७७० । $\frac{१६८}{२१२}$

पणदोसगइगिचउरो णवेक्क जोयण छहत्तरी अंसा । मज्झिल्लं चित्तकूडे होदि तहा देवपव्वए दीहं ॥ २८४७

१९४१७२५ । $\frac{७६}{२१२}$

णवसगछद्दोचउणवइगि कल छण्णउदिअधियसयमेक्कं । दोवक्खारगिरीणं अंतिम आदी सुकच्छगंधिलए ॥२८४८

१९४२६७९ । $\frac{१९६}{२१२}$

अट्ठदुगेक्कं दोपणणवइगि[2] अंसा य तालमेत्ताणि । मज्झिल्लयदीहत्तं विजयाए सुकच्छगंधिलए ॥ २८४९

१९५२१२८ । $\frac{४०}{२१२}$

दो, दो, तीन, एक, तीन, नौ और एक, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और एकसौ बारह भाग अधिक कच्छा और गन्धमालिनीदेशकी मध्यम लंबाई है ॥ २८४५ ॥ १९२१८७४ $\frac{५६}{२१२}$ + ९४४८ $\frac{५६}{२१२}$ = १९३१३२२ $\frac{११२}{२१२}$ ।

शून्य, सात, सात, शून्य, चार, नौ और एक, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और एकसौ अड़सठ भाग अधिक उक्त दोनों क्षेत्रों तथा चित्रकूट व देवमाल नामक दो वक्षारपर्वतोंकी क्रमसे अन्तिम और आदिम लंबाई है ॥ २८४६ ॥

१९३१३२२ $\frac{११२}{२१२}$ + ९४४८ $\frac{५६}{२१२}$ = १९४०७७० $\frac{१६८}{२१२}$ ।

पांच, दो, सात, एक, चार, नौ और एक, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और छयत्तर भागमात्र अधिक चित्रकूट व देवमाल पर्वतकी मध्यम लंबाई है ॥ २८४७ ॥ १९४०७७० $\frac{१६८}{२१२}$ + ९५४ $\frac{१२०}{२१२}$ = १९४१७२५ $\frac{७६}{२१२}$ ।

नौ, सात, छह, दो, चार, नौ और एक, इन अंकोंसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और एकसौ छ्यानबै भाग अधिक दोनों वक्षारपर्वतोंकी अन्तिम तथा सुकच्छा और गन्धिला देशकी आदिम लंबाई है ॥२८४८॥ १९४१७२५ $\frac{७६}{२१२}$ + ९५४ $\frac{१२०}{२१२}$ = १९४२६७९ $\frac{१९६}{२१२}$ ।

आठ, दो, एक, दो, पांच, नौ और एक, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने योजन और चालीस भागमात्र अधिक सुकच्छा और गंधिला देशकी मध्यम लंबाई है ॥ २८४९ ॥ १९४२६७९ $\frac{१९६}{२१२}$ + ९४४८ $\frac{५६}{२१२}$ = १९५२१२८ $\frac{४०}{२१२}$ ।

---

१ द अड्डहि, ब अट्ठसट्ठि. २ द ब °एक्क.

छस्सगपणइगिछण्णवएक्कं अंसा य होंति छण्णउदी । दोविजयाणं अंतं आदिल्लं दोण्णिसरियाणं ॥ २८५०

$१९६१५७६ \mid \frac{९६}{२१२}$

पणइगिअट्ठिगिछण्णवएक्कं अंसा य वीसमेत्ताणिं । दहवदीउम्मिमालिणिमज्झिमयं होदि दीहत्तं[1] ॥२८५१

$१९६१८१५ \mid \frac{२०}{२१२}$

तियपणखंदुगछण्णवएक्कं छप्पण्णअधियसयमंसा । दोण्णिणईणं अंतं महकच्छसुवग्गुए आदी ॥ २८५२

$१९६२०५३ \mid \frac{१५६}{२१२}$

दुखपंचएक्कसगणवएक्कं अंकक्कमेण जोयणया । महकच्छसुवग्गूए[2] दीहत्तं मज्झिमपएसे ॥ २८५३

१९७१५०२ ।

णभपणणवणभअडणवएक्कं अंसा य होंति छप्पण्णं । विजयाणंतं[3] दोण्णं दोण्णं पि गिरीणमादिल्लं ॥ २८५४

$१९८०९५० \mid \frac{५६}{२१२}$

